

षट्खण्डागम परिशीलन

पं. बालचन्द्र शास्त्री

Www.jinagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinagamsaar

षट्खण्डागम-परिशीलन

'षट्खण्डागम' जैन दर्शन और सिद्धान्त का सर्वाधिक प्रामाणिक एवं महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसकी टीकाओं का इतना विपुल विश्लेषणात्मक साहित्य है कि आचार्यों के ज्ञान की विशदता और शब्दार्थ-साधना की तन्मयता को देखकर बुद्धि हतप्रभ हो जाती है। परम्परा से आचार्य-कुलों में, साधु-श्रावकों में पीढ़ियों के बाद पीढ़ियाँ इनके अध्ययन की निपुणता को ज्ञान की गरिमा का निकष मानती रही हैं। आधुनिक युग में विश्वविद्यालय स्तर पर इनका अध्ययन-परिशीलन होता आ रहा है। इसी दिशा में प्रस्तुत कृति 'षट्खण्डागम-परिशीलन' एक ऐसे विद्वान् के दशाब्दियों के चिन्तन-मनन का सुफल है जिसने मूल ग्रन्थ और उसकी टीकाओं का आलोडन किया है और आधुनिक शैली में सम्पादन की भूमि गोड़ी है।

'षट्खण्डागम-परिशीलन' का प्रकाशन एक प्रकार से ऐतिहासिक घटना है, क्योंकि लगभग बारह हजार पृष्ठों में संग्रथित एवं प्रकाशित सामग्री के सार-संचय को विद्वान् लेखक ने सुबोध बनाकर प्रस्तुत किया है। शास्त्रीय भाषा में जिसे 'हस्तामलकवत्' कहते हैं उसका एक प्रकार से यह निदर्शन है, नमूना है।

'षट्खण्डागम' का अध्ययन उच्चतम एवं विशद स्तर पर जिन-जिन पहलुओं से किया जाना चाहिए वह सब प्रस्तुत परिशीलन में समाविष्ट है; यथा—आगम साहित्य की पृष्ठभूमि, ग्रन्थकारों और टीकाकारों की विवेचनापद्धति, मूलग्रन्थ का विषय-परिचय, अन्य ग्रन्थों से तुलनात्मक अध्ययन, प्रमुख टीकाकार और टीकाएँ, इन सबका व्यापक परिप्रेक्ष्य में मूल्यांकन और इतिहास आदि। अनेक उपयोगी टीकाओं तथा सोलह जिल्दों में प्रकाशित षट्खण्डागम और उसकी टीकाओं में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दों की वर्णक्रम से विस्तृत सूची भी ग्रन्थ में नियोजित की गयी है।

जैन दर्शन एवं सिद्धान्त के अध्येताओं और शोधकर्ताओं के लिए यह अद्वितीय सामग्री अनेक दृष्टिकोणों से उपादेय और लाभदायक सिद्ध होगी।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

षट्खण्डागम-परिशीलन


Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

षट्खण्डागम-परिशीलन

[SHATKHANDAGAMA-PARISHEELANA]

पं. बालचन्द्र शास्त्री



भारतीय ज्ञानपीठ

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला : हिन्दी ग्रन्थांक २१

प्रकाशक :
भारतीय ज्ञानपीठ
१८, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, लोदी रोड
नयी दिल्ली-११० ०३२

मुद्रक :
नागरी प्रिंटर्स
दिल्ली-११० ०३२

आवरण-चित्र :
आगम-परिशीलन में संलग्न आचार्य-द्वय
(खजुराहो, ग्यारहवीं शती)

द्वितीय संस्करण : १९९९
मूल्य : २००.०० रुपये

© भारतीय ज्ञानपीठ

SHATKHANDAGAMA-PARISHEELANA
Pt. Balchandra Shastri

Published by
Bharatiya Jnanpith
18, Institutional Area, Lodi Road
New Delhi-110 003

Second Edition : 1999
Price : Rs. 200.00

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

समर्पण

जो गम्भीर अध्येता, संशोधक, साहित्यसाधना में अविश्रान्त निरत, अपभ्रंश भाषा के उद्धारकों में प्रमुख और कुशल सम्पादक रहे हैं तथा जो जसहरचरिउ, करकंडचरिउ, णायकुमारचरिउ, सावयधम्मदोहा व पाहुडदोहा जैसे अपभ्रंश भाषा से सम्बन्धित ग्रन्थों को आधुनिक पद्धति से सम्पादित कर उस (अपभ्रंश) भाषा को प्रकाश में लाये हैं; जिन्होंने अपनी योग्यता व व्यवस्थाकुशलता से दान में प्राप्त स्वल्पद्रव्य के बल पर षट्खण्डागम परमागम के सम्पादन-प्रकाशन के स्तुत्य कार्य को सम्पन्न कराया है, और लम्बे समय तक सम्पर्क में रहते हुए जिनका मुझे सौहार्दपूर्ण स्नेह मिला है व सीखा भी जिनसे मैंने बहुत कुछ है उन स्व० डॉ० हीरालाल जैन एम० ए०, डी० लिट्० के लिए मैं उनकी उस सदिच्छा की, जिसे वे बीच में ही कालकवलित हो जाने से पूर्ण नहीं कर सके, आंशिक पूर्तिस्वरूप इस कृति को उन्हीं की कृति मान कर सादर समर्पित करता हूँ।

—बालचन्द्र शास्त्री

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

प्रधान सम्पादकीय

आचार्य पुष्पदन्त और भूतबली कृत षट्खण्डागम सूत्र और उसकी आचार्य वीरसेन कृत धवला टीका की ताड़पत्रीय प्रतियाँ एक मात्र स्थान मूडबिद्री के जैन भण्डार में सुरक्षित थी, और वे प्रतियाँ अध्ययन की नहीं, किन्तु दर्शन-पूजन की वस्तु बन गयी थीं। इसकी प्रतिलिपियाँ किस प्रकार उक्त भण्डार से बाहर निकलीं यह भी एक रोचक घटना है। जब सन् १९३८ में विदिशा निवासी श्रीमन्त सेठ सितावराय लक्ष्मीचन्दजी के दान के निमित्त से इस परमागम के अध्ययन व संशोधन कार्य में हाथ लगाया गया तब समाज में इसकी भिन्न-भिन्न प्रतिक्रियाएं हुईं। नयी पीढ़ी के समझदार विद्वानों ने इसका हार्दिक स्वागत किया और कुछ पुराने पण्डितों और शास्त्रियों ने, जैसे स्व० पं० देवकीनन्दन जी शास्त्री, पं० हीरालाल जी शास्त्री, पं० फूलचन्द्र जी शास्त्री और पं० बालचन्द्र जी शास्त्री का क्रियात्मक सहयोग प्राप्त हुआ। किन्तु विद्वानों के एक वर्ग ने इसका बड़ा विरोध किया। कुछ का अभिमत था कि षट्खण्डागम जैसे परमागम का मुद्रण कराना श्रुत की अविनय है। यह मत भी व्यक्त किया गया कि ऐसे सिद्धान्त-ग्रन्थों को पढ़ने का भी अधिकार गृहस्थों को नहीं है। यह केवल त्यागी-मुनियों के ही अधिकार की बात है। किन्तु जब इस विरोध के होते हुए भी हमारे सहयोगी विद्वान ग्रन्थ के संशोधन में दृढ़ता से प्रवृत्त हो गये और एक वर्ष के भीतर ही उसका प्रथम भाग सत्प्ररूपणा प्रकाशित हो गया तब सभी को आश्चर्य हुआ। कुछ काल पश्चात् जैन शास्त्रार्थ संघ मथुरा की ओर से 'कषायप्राभृत' का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ तथा भारतीय ज्ञानपीठ की ओर से 'महाबन्ध' का प्रकाशन होने लगा। इस प्रकार जो धवल, जयधवल और महाधवल नाम से प्रसिद्ध ग्रन्थ पूजा की वस्तु बने हुए थे वे समस्त जिज्ञासुओं के स्वाध्याय हेतु सुलभ हो गये। श्रीमन्त सेठ लक्ष्मीचन्द जी द्वारा स्थापित जैन साहित्योद्धारक फण्ड से समस्त षट्खण्डागम और उसकी टीका का अनुवाद आदि सहित संशोधन-प्रकाशन १६ भागों में १९३६ से १९५६ ई० तक बीस वर्षों में पूर्ण हो गया।

समूचा ग्रन्थ प्रकाशित होने से पूर्व ही एक और विवाद उठ खड़ा हुआ। प्रथम भाग के सूत्र ९३ में जो पाठ हमें उपलब्ध था, उसमें अर्थ-संगति की दृष्टि से 'संजदासंजद' के आगे 'संजद' पद जोड़ने की आवश्यकता प्रतीत हुई। किन्तु इससे फलित होने वाली सैद्धान्तिक व्यवस्थाओं से कुछ विद्वानों के मन आलोडित हुए और वे 'संजद' पद को वहाँ जोड़ना एक अनधिकार चेष्टा कहने लगे। इस पर बहुत बार मौखिक शास्त्रार्थ भी हुए और उत्तर-प्रत्युत्तर रूप लेखों की शृंखलाएँ भी चल पड़ीं जिनका संग्रह कुछ स्वतन्त्र ग्रन्थों में प्रकाशित भी हुआ है। इसके मौखिक समाधान हेतु जब सम्पादकों ने ताड़पत्रीय प्रतियों के पाठ की सूक्ष्मता से जाँच करायी

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

तब पता चला कि वहाँ की दोनों भिन्न प्रतियों में हमारा सुझाया गया संजद पद विद्यमान है। इससे दो बातें स्पष्ट हुईं। एक तो यह कि सम्पादकों ने जो पाठ-संशोधन किया है वह गम्भीर चिन्तन और समझदारी पर आधारित है। और दूसरी यह कि मूल प्रतियों में पाठ मिलान की आवश्यकता अब भी बनी हुई है; क्योंकि जो पाठान्तर मूडबिद्री से प्राप्त हुए थे और तृतीय भाग के अन्त में समाविष्ट किये गये थे उनमें यह संशोधन नहीं मिला।

जीवस्थान षट्खण्डागम का प्रथम खण्ड है। उसका प्रथम अनुयोगद्वार सत्प्ररूपणा है। उसमें टीकाकार ने सत्कर्म-प्राभृत और कषाय-प्राभृत के नामोल्लेख तथा उनके विविध अधिकारों के उल्लेख एवं अवतरण आदि दिये हैं। इनके अतिरिक्त सिद्धसेन दिवाकर कृत 'सन्मतितर्क' का 'सम्मईसुत्त' नाम से उल्लेख किया है तथा उसकी सात गाथाओं को उद्धृत किया है और एक स्थल पर उनके कथन से विरोध बताकर उसका समाधान किया है। उन्होंने अकलंकदेव कृत तत्त्वार्थराजवार्तिक का तत्त्वार्थभाष्य नाम से उल्लेख किया है और उसके अनेक अवतरण कहीं शब्दशः और कहीं कुछ परिवर्तन के साथ दिये हैं। इसके सिवाय उन्होंने जो २१६ संस्कृत व प्राकृत पद्य बहुधा 'उक्तं च' कहकर और कहीं-कहीं बिना ऐसी सूचना के उद्धृत किये हैं। उनमें से हमें कुछेक आचार्य कुन्दकुन्द कृत 'प्रवचनसार', 'पंचास्तिकाय' व उसकी जयसेन कृत टीका में, 'तिलोयपण्णत्ती' में, वट्टकेर कृत मूलाचार में, अकलंकदेव कृत लघीयस्त्रय में, मूलाराधना में, वसुनन्दि-श्रावकाचार में, प्रभाचन्द्र कृत शाकटायनन्यास में, देवसेन कृत नयचक्र में तथा आचार्य विद्यानन्द की आप्तपरीक्षा में मिले हैं। गोम्मटसार जीवकाण्ड, कर्मकाण्ड की जीवप्रबोधिनी टीका में इसकी ११० गाथाएँ भी पायी जाती हैं जो स्पष्टतः वहाँ पर यहीं से ली गयी हैं। कई जगह तिलोयपण्णत्ती की गाथाओं के विषय का उन्हीं शब्दों में संस्कृत पद्य अथवा गद्य द्वारा वर्णन किया गया है। पं० बालचन्द्र शास्त्री ने अपनी इस पुस्तक में इन सभी बातों की विस्तार एवं विशद रूप से समीक्षा की है।

षट्खण्डागम के छह खण्डों में प्रथम खण्ड का नाम जीवट्ठाण है। उसके अन्तर्गत सत्, संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव और अल्पबहुत्व—ये आठ अनुयोगद्वार तथा प्रकृति-समुत्कीर्तन, स्थान-समुत्कीर्तन, तीन महादण्डक, जघन्य स्थिति, उत्कृष्ठ-स्थिति, सम्यक्त्वोत्पत्ति और गति-आगति ये नौ चूलिकाएँ हैं। इस खण्ड का परिमाण धवलाकार में अठारह हजार पद कहा है। पूर्वोक्त आठ अनुयोगद्वार और नौ चूलिकाओं में गुणस्थान और मार्गणाओं का आश्रय लेकर विस्तार से वर्णन किया गया है। इसमें जो शंका-समाधान हैं उन्हें हम यहाँ उद्धृत कर देना उपयुक्त समझते हैं—

शंका—पुण्य के फल क्या हैं ?

समाधान—तीर्थंकर, गणधर, ऋषि, चक्रवर्ती, बलदेव, वासुदेव, देव और विद्याधरों की ऋद्धियाँ पुण्य के फल हैं।

शंका—पाप के फल क्या हैं ?

समाधान—नरक, तिर्यंच और कुमानुष की योनियों में जन्म, जरा, मरण, व्याधि, वेदना और दारिद्र्य आदि की उत्पत्ति पाप के फल हैं।

शंका—अयोगी गुणस्थान में कर्मप्रकृतियों का बन्ध नहीं होता इसलिए उनकी द्रव्य-प्रमाणानुगम में द्रव्य-संख्या कैसे कही जायेगी ?

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

समाधान—यह कोई दोष नहीं, क्योंकि भूतपूर्व न्याय का आश्रय लेकर अयोगी गुणस्थान की द्रव्य-संख्या का कथन सम्भव है। अर्थात् जो जीव पहले मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानों में प्रकृतिस्थानों के बन्धक थे वे ही अयोगी हैं। इस प्रकार अयोगी गुणस्थान की द्रव्यसंख्या का प्रतिपादन किया जा सकता है।

शंका—मार्गणा किसे कहते हैं?

समाधान—सत् संख्या आदि अनुयोगद्वारों से युक्त चौदह जीवसमास जिसमें या जिसके द्वारा खोजे जाते हैं उसे मार्गणा कहते हैं।

शंका—मार्गणाएँ कितनी हैं?

समाधान—गति, इन्द्रिय, काय, योग, वेद, कषाय, ज्ञान, संयम, दर्शन, लेश्या, भव्यत्व, सम्यक्त्व, संज्ञी और आहार—ये चौदह मार्गणाएँ हैं। इनमें जीव खोजे जाते हैं।

शंका—जीवसमास किसे कहते हैं?

समाधान—जिसमें जीव भली प्रकार से रहते हैं।

शंका—जीव कहाँ रहते हैं?

समाधान—जीव गुणों में रहते हैं।

शंका—वे गुण कौन-से हैं?

समाधान—औदयिक, औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक और पारिणामिक—ये पाँच प्रकार के गुण अर्थात् भाव हैं। इनका खुलासा इस प्रकार है—जो कर्मों के उदय से उत्पन्न होता है उसे औदायिक भाव कहते हैं। जो कर्मों के उपशम से होता है उसे औपशमिक भाव कहते हैं। जो कर्मों के क्षय से उत्पन्न होता है उसे क्षायिक भाव कहते हैं। जो वर्तमान समय में सर्वघाती स्पर्धकों के उदयाभावी क्षय से और अनागत काल में उदय में आने वाले सर्वघाती के स्पर्धकों के सदवस्था रूप उपशम से उत्पन्न होता है उसे क्षायोपशमिक भाव कहते हैं। जो कर्मों के ऐसे उपशम, क्षय और क्षयोपशम की अपेक्षा के बिना जीव के स्वभावमात्र से उत्पन्न होता है उसे पारिणामिक भाव कहते हैं। इन गुणों के साहचर्य से आत्मा भी गुण संज्ञा को प्राप्त होता है।

शंका—सासादन गुणस्थान वाला जीव मिथ्यात्व कर्म का उदय नहीं होने से मिथ्यादृष्टि नहीं है। समीचीन रुचि का अभाव होने से सम्यग्दृष्टि भी नहीं है। तथा इन दोनों को विषय करने वाली सम्यग्मिथ्यात्व रूप रुचि का अभाव होने से सम्यग्मिथ्यादृष्टि भी नहीं है। इनके अतिरिक्त और कोई चौथी दृष्टि नहीं है। अर्थात् सासादन नाम का कोई स्वतन्त्र गुणस्थान नहीं मानना चाहिए।

समाधान—ऐसा नहीं है, क्योंकि सासादन गुणस्थान में विपरीत अभिप्राय रहता है इसलिए उसे असद्-दृष्टि ही जानना।

शंका—यदि ऐसा है तो उसे मिथ्यादृष्टि ही कहना चाहिए?

समाधान—नहीं, क्योंकि सम्यग्दर्शन और स्वरूपाचरणचरित्र का प्रतिबन्ध करने वाले अनन्तानुबन्धि-कषाय के उदय से उत्पन्न हुआ विपरीत अभिनिवेश दूसरे गुणस्थान में पाया जाता है। किन्तु मिथ्यात्वकर्म के उदय से उत्पन्न हुआ विपरीत अभि-

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

निवेश वहाँ नहीं है इसलिए उसे मिथ्यादृष्टि नहीं कहते, अपितु सासादन सम्यग्दृष्टि ही कहते हैं।

शंका—एक जीव में एक साथ सम्यक् और मिथ्यादृष्टि सम्भव नहीं हैं इसलिए सम्यग्मिथ्यादृष्टि नाम का तीसरा गुणस्थान नहीं बनता ?

समाधान—युगपत् समीचीन और असमीचीन श्रद्धावाला जीव सम्यग्मिथ्यादृष्टि है, ऐसा मानते हैं और ऐसा मानने में विरोध नहीं आता।

शंका—पाँच प्रकार के भावों में से तीसरे गुणस्थान में कौन-सा भाव है ?

समाधान—तीसरे गुणस्थान में क्षायोपशमिक भाव है।

शंका—मिथ्यादृष्टि गुणस्थान से सम्यङ्मिथ्यात्व गुणस्थान को प्राप्त होने वाले जीव के क्षायोपशमिक भाव कैसे सम्भव है ?

समाधान—वह इस प्रकार है कि वर्तमान समय में मिथ्यात्व-कर्म के सर्वघाती स्पर्धकों का उदयाभावी क्षय होने से सत्ता में रहने वाले उसी मिथ्यात्व कर्म के सर्वघाती स्पर्धकों का उदयाभाव-लक्षण उपशम होने से और सम्यङ्मिथ्यात्व कर्म के सर्वघाती स्पर्धकों का उदय होने से सम्यङ्मिथ्यात्व गुणस्थान पैदा होता है, इसलिए वह क्षायोपशमिक है।

शंका—औदयिक आदि पाँच भावों में से किस भाव के आश्रय से संयमासंयम भाव पैदा होता है ?

समाधान—संयमासंयम भाव क्षायोपशमिक है, क्योंकि अप्रत्याख्यानावरणीय कषाय के वर्तमानकालीन सर्वघाती स्पर्धकों के उदयाभावी क्षय होने से और आगामी काल में उदय में आने योग्य उन्हीं के सदवस्था रूप उपशम होने से तथा प्रत्याख्यानावरणीय कषाय के उदय से संयमासंयम रूप अप्रत्याख्यान-चारित्र उत्पन्न होता है।

शंका—संयमासंयम रूप देशचारित्र के आधार से सम्बन्ध रखने वाले कितने सम्यग्दर्शन होते हैं।

समाधान—क्षायिक, क्षायोपशमिक और औपशमिक। इनमें से कोई एक—सम्यग्दर्शन—विकल्प से होता है क्योंकि उनमें से किसी एक के बिना अप्रत्याख्यान-चारित्र का प्रादुर्भाव नहीं हो सकता।

शंका—सम्यग्दर्शन के बिना भी देशसंयमी देखने में आते हैं।

समाधान—नहीं। जो जीव मोक्ष की आकांक्षा से रहित है और जिसकी विषय-पिपासा दूर नहीं हुई है उसके अप्रत्याख्यान-संयम की उत्पत्ति नहीं हो सकती।

शंका—यदि छठे गुणस्थानवर्ती जीव प्रमत्त हैं तो वे संयत नहीं हो सकते।

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि हिंसा, असत्य, स्तेय, अब्रह्म और परिग्रह इन पाँच पापों से विरतिभाव को संयम कहते हैं जो कि तीन गुप्ति और पाँच समितियों से रक्षित है।

शंका—पाँच प्रकार के भावों में से किस भाव से क्षीणकषाय गुणस्थान की उत्पत्ति होती है ?

समाधान—मोहनीय कर्म के दो भेद हैं—द्रव्यमोहनीय और भावमोहनीय। इस गुणस्थान के

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

पहले दोनों प्रकार के मोहनीय कर्म का सर्वथा नाश हो जाता है। अतएव इस गुणस्थान की उत्पत्ति क्षायिक गुण से है।

शंका—उपशम किसे कहते हैं ?

समाधान—उदय, उदीरणा, उत्कर्षण-अपकर्षण, परप्रकृति-संक्रमण, स्थितिकाण्डक-घात और अनुभाग-काण्डक-घात के बिना ही कर्मों के सत्ता में रहने को उपशम कहते हैं।

शंका—क्षपक का अलग गुणस्थान और उपशम का अलग गुणस्थान क्यों नहीं कहा गया ?

समाधान—नहीं, क्योंकि उपशमक और क्षपक इन दोनों में अनिवृत्तिरूप परिणामों की अपेक्षा समानता है।

शंका—क्षय किसे कहते हैं ?

समाधान—जिनके मूलप्रकृति और उत्तरप्रकृतियों के भेद से प्रकृतिबन्ध, स्थितिबन्ध, अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्ध अनेक प्रकार के हो जाते हैं ऐसे आठ कर्मों का जीव से जो अत्यन्त विनाश हो जाता है उसे क्षय कहते हैं। अनन्तानुबन्धी क्रोध-मान-माया-लोभ तथा मिथ्यात्व, सम्यङ्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वप्रकृति इन सात प्रकृतियों का असंयतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत, प्रमत्तसंयत अथवा अप्रमत्तसंयत जीव नाश करता है।

शंका—इन सात प्रकृतियों का युगपत् नाश करता है या क्रम से ?

समाधान—तीन करण करके अनिवृत्तिकरण के चरम समय के पहले अनन्तानुबन्धि चार का एक साथ क्षय करता है। पश्चात्, फिर से तीनों ही करण करके, उनमें से अधः-करण और अपूर्वकरण इन दोनों को उल्लंघन करके, अनिवृत्तिकरण के संख्यात बहुभाग व्यतीत हो जाने पर मिथ्यात्व का क्षय करता है। इसके अनन्तर अन्तर्मुहूर्त व्यतीत कर सम्यङ्मिथ्यात्व का क्षय करता है। तत्पश्चात् अन्तर्मुहूर्त व्यतीत कर सम्यक् प्रकृति का क्षय करता है।

शंका—हुण्डावसर्पिणी काल के दोष से स्त्रियों में सम्यग्दृष्टि जीव क्यों नहीं उत्पन्न होता।

समाधान—उपर्युक्त दोष के ही कारण उनमें सम्यग्दृष्टि जीव नहीं उत्पन्न होते हैं।

शंका—यह किस प्रमाण से जाना जाता है ?

समाधान—इसी आर्षवचन से।

शंका—तो इसी आर्षवचन से द्रव्य-स्त्रियों का मुक्ति जाना भी सिद्ध होगा ?

समाधान—नहीं। क्योंकि वस्त्र सहित होने से उनके संयमासंयम गुणस्थान होता है, अतएव उनके संयम की उत्पत्ति नहीं होती।

शंका—वस्त्ररहित होते हुए भी उन द्रव्य-स्त्रियों के भावसंयम होने में कोई विरोध नहीं है ?

समाधान—उनके भावसंयम नहीं हैं। अन्यथा, अर्थात् भावसंयम के होने पर उनके भाव-असंयम के अविनाभावी वस्त्रादि का ग्रहण नहीं बन सकता।

शंका—तो फिर स्त्रियों के चौदह गुणस्थान होते हैं यह कथन कैसे बन सकेगा ?

समाधान—भावस्त्री अर्थात् स्त्रीवेद युक्त मनुष्यगति में चौदह गुणस्थानों का सद्भाव मान लेने पर कोई विरोध नहीं आता।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

शंका—बादरकषाय गुणस्थान के ऊपर भाववेद पाया जाता है इसलिए भाववेद में चौदह गुणस्थानों का सद्भाव नहीं होता ?

समाधान—नहीं, क्योंकि यहाँ पर अर्थात् गतिमार्गणा में वेद की प्रधानता नहीं है किन्तु गति प्रधान है और वह पहले नष्ट नहीं होती।

शंका यद्यपि मनुष्य गति में चौदह गुणस्थान सम्भव हैं फिर भी उसे वेद विशेषण से युक्त कर देने पर उसमें चौदह गुणस्थान सम्भव नहीं ?

समाधान—नहीं, क्योंकि विशेषण के नष्ट हो जाने पर भी उपचार से विशेषणयुक्त संज्ञा को धारण करने वाली मनुष्य गति में चौदह गुणस्थानों का सद्भाव होने में विरोध नहीं।

शंका—यह बात किस प्रमाण से जानी जाये कि नौवें गुणस्थान तक तीनों वेद होते हैं ?

समाधान—असंज्ञी पंचेन्द्रिय से लेकर संयमासंयम गुणस्थान तक तिर्यंच तीनों वेद वाले होते हैं और मिथ्यादृष्टि गुणस्थान से लेकर अनिवृत्तिकरण गुणस्थान तक मनुष्य तीनों वेद से युक्त होते हैं—इस आगम-वचन से यह बात मानी जाती है।

इस प्रकार प्रथम खण्ड जीवट्ठाण में गुणस्थान और मार्गणाओं का आश्रय लेकर विस्तार से वर्णन किया गया है।

दूसरा खण्ड खुद्दाबन्ध है। इसके ग्यारह अधिकार हैं—(१) स्वामित्व, (२) काल, (३) अन्तर, (४) भंगविचय, (५) द्रव्यप्रमाणानुगम, (६) क्षेत्रानुगम, (७) स्पर्शनानुगम, (८) नाना-जीव काल, (९) नानाजीव अन्तर, (१०) भागाभागानुगम और (११) अल्पबहुत्वानुगम। इस खण्ड में इन ग्यारह प्ररूपणाओं द्वारा कर्मबन्ध करने वाले जीव का कर्मबन्ध के भेदों सहित वर्णन किया गया है।

तीसरे खण्ड का नाम बन्धस्वामित्व-विचय है। कितनी प्रकृतियों का किस जीव के कहाँ तक बन्ध होता है, किसके नहीं होता है, कितनी प्रकृतियों की किस गुणस्थान में व्युच्छित्ति होती है, स्वोदयबन्ध रूप प्रकृतियाँ कितनी हैं और परोदयबन्ध रूप कितनी हैं इत्यादि कर्म-बन्ध सम्बन्धी विषयों का बन्धक जीव की अपेक्षा से इस खण्ड में वर्णन है।

चौथे, वेदना खण्ड में कृति और वेदना अनुयोगद्वार हैं। कृति में औदारिक आदि पाँच शरीरों की संघातन और परिशातन रूप कृति का तथा भव के प्रथम और अप्रथम समय में स्थित जीवों के कृति, नो-कृति और अवक्तव्यरूप संख्याओं का वर्णन है। वेदना में सोलह अधिकारों द्वारा वेदना का वर्णन है।

पाँचवें खण्ड का नाम वर्गणा है। इसी खण्ड में बन्धनीय के अन्तर्गत वर्गणाअधिकार के अतिरिक्त स्पर्श, कर्मप्रकृति और बन्धन का पहला भेद बन्ध—इन अनुयोगद्वारों का भी अन्तर्भाव कर लिया गया है। इसमें गुणस्थानों का अन्तरकाल कहा गया है।

शंका—ओघ से मिथ्यादृष्टि जीवों का अन्तरकाल कितना है ?

समाधान—नाना जीवों की अपेक्षा अन्तर नहीं है, निरन्तर है। एक जीव की अपेक्षा जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। एक मिथ्यादृष्टि जीव सम्यङ्मिथ्यात्व, अविरत-सम्यक्त्व, संयमासंयम और संयम से बहुत बार परिवर्तित होता हुआ परिणामों के निमित्त से सम्यक्त्व को प्राप्त हुआ और वहाँ पर सर्वलघु अन्तर्मुहूर्त काल तक सम्यक्त्व के

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

साथ रह कर मिथ्यात्व को प्राप्त हुआ। इस प्रकार से सर्वजघन्य अन्तर्मुहूर्त प्रमाण मिथ्यात्व गुणस्थान का अन्तर प्राप्त हो गया।

शंका—सासादन सम्यग्दृष्टि और सम्यङ्मिथ्यादृष्टि जीवों का अन्तर कितने काल होता है?

समाधान—नाना जीवों की अपेक्षा जघन्य से एक समय होता है। उक्त दोनों गुणस्थानों का अन्तरकाल पल्योपम के असंख्यातवें भाग है।

शंका—पल्योपम के असंख्यातवें भाग काल में अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहने पर सासादन गुणस्थान क्यों नहीं प्राप्त हो जाता?

समाधान—नहीं, क्योंकि उपशमसम्यक्त्व के बिना सासादन गुणस्थान के ग्रहण करने का अभाव है।

शंका—वही जीव उपशमसम्यक्त्व को भी अन्तर्मुहूर्त काल के पश्चात् क्यों नहीं प्राप्त होता है?

समाधान—नहीं, क्योंकि उपशमसम्यग्दृष्टि जीव मिथ्यात्व को प्राप्त होकर सम्यक्त्व-प्रकृति और सम्यङ्मिथ्यात्व की उद्वेलना करता हुआ उनकी अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थिति का घात करके सागरोपम से अथवा सागरोपम पृथक्त्व से जब तक नीचे नहीं करता है तब तक उपशमसम्यक्त्व ग्रहण करना ही सम्भव नहीं है।

शंका—असंयत सम्यग्दृष्टि गुणस्थान से लेकर अप्रमत्तसंयत गुणस्थान तक के प्रत्येक गुणस्थानवाले जीवों का अन्तर कितने काल होता है?

समाधान—नाना जीवों की अपेक्षा अन्तर नहीं है, निरन्तर है। क्योंकि सर्वकाल ही उक्त गुणस्थानवर्ती जीव पाये जाते हैं।

शंका—उपशमश्रेणी के चारों उपशमकों का अन्तर कितना है?

समाधान—नाना जीवों की अपेक्षा जघन्य से एक समय अन्तर है।

शंका—चारों क्षपक और अयोगकेवली का अन्तरकाल कितना है?

समाधान—नाना जीवों की अपेक्षा जघन्य से एक समय होता है।

शंका—सयोगकेवलियों का अन्तर काल कितना है?

समाधान—नाना जीवों की अपेक्षा अन्तर नहीं होता, निरन्तर है।

शंका—चारों उपशमकों का अन्तरकाल कितना है?

समाधान—नाना जीवों की अपेक्षा जघन्य से एक समय अन्तर है। चारों उपशमकों का उत्कृष्ट वर्ष पृथक्त्व अन्तर है।

शंका—चारों क्षपक और अयोगकेवलियों का अन्तर कितना है?

समाधान—नाना जीवों की अपेक्षा जघन्य से एक समय है।

षट्खण्डागम : पुस्तक-६

शंका—आप्त, आगम और पदार्थों में सन्देह किस कर्म के उदय से होता है?

समाधान—सम्यग्दर्शन का घात नहीं करनेवाला सन्देह सम्यक्त्व प्रकृति के उदय से उत्पन्न होता है किन्तु सर्वसन्देह अर्थात् सम्यग्दर्शन का पूर्णरूप से घात करनेवाला सन्देह और मूढ़ता मिथ्यात्वकर्म के उदय से उत्पन्न होता है।

शंका—दर्शनमोहनीय कर्म सत्त्व की अपेक्षा तीन प्रकार का है, यह कैसे जाना जाता है?

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

समाधान—आगम और अनुमान से जाना जाता है कि दर्शनमोहनीय कर्म सत्त्व की अपेक्षा तीन प्रकार का है। विपरीत अभिनिवेश मूढ़ता और सन्देह ये मिथ्यात्व के चिह्न हैं। आगम और अनागमों में समभाव होना सम्यङ्मिथ्यात्व का चिह्न है। आप्त, आगम और पदार्थों की श्रद्धा में शिथिलता और श्रद्धा की हीनता होना सम्यक्त्व प्रकृति का चिह्न है।

शंका—अनन्तानुबन्धी कषायों की शक्ति दो प्रकार की है, इस विषय में क्या युक्ति है ?

समाधान—सम्यक्त्व और चारित्र इन दोनों का घात करनेवाले अनन्तानुबन्धी क्रोधादिक दर्शनमोहनीय स्वरूप नहीं माने जा सकते हैं, क्योंकि सम्यक्त्व प्रकृति मिथ्यात्व और सम्यङ्मिथ्यात्व के द्वारा ही आवरण किये जानेवाले सम्यग्दर्शन के आवरण करने में फल का अभाव है।

शंका—पूर्व शरीर को छोड़कर दूसरे शरीर को नहीं ग्रहण करके स्थित जीव का इच्छित गति में गमन किस कर्म से होता है ?

समाधान—आनुपूर्वी नाम कर्म से इच्छित गति में गमन होता है।

शंका—विहायोगति नाम कर्म से इच्छित गति में गमन क्यों नहीं होता ?

समाधान—नहीं, क्योंकि विहायोगति नाम कर्म का औदारिक आदि तीनों शरीरों के उदय के बिना उदय नहीं होता है।

शंका—आकार विशेष को बनाये रखने में व्यापार करनेवाली आनुपूर्वी इच्छित गति में गमन का कारण कैसे होती है ?

समाधान—क्योंकि आनुपूर्वी का दोनों ही कार्यों के व्यापार में विरोध का अभाव है अर्थात् विग्रहगति में आकार विशेष को बनाये रखने में और इच्छितगति में गमन कराना ये दोनों ही नामकर्म के कार्य हैं।

शंका—अगुरुलघुत्व तो जीव का स्वाभाविक गुण है उसे यहां कर्मप्रकृतियों में क्यों गिनाया ?

समाधान—क्योंकि संसार अवस्था में कर्मपरतन्त्र जीव में उस स्वाभाविक अगुरुलघुत्व गुण का अभाव है।

शंका—अगुरुलघुत्व नाम का गुण सब जीवों के पारिणामिक है, क्योंकि सब कर्मों से रहित सिद्धों में भी उसका सद्भाव पाया जाता है। इसलिए अगुरुलघुत्व नामकर्म का कोई फल न होने से उसका अभाव मानना चाहिए।

समाधान—उपर्युक्त दोष प्राप्त होता यदि अगुरुलघुत्व नामकर्म जीवविपाकी होता। किन्तु यह कर्म पुद्गलविपाकी है। क्योंकि गुरुस्पर्शवाली अनन्तानन्त पुद्गल वर्गणाओं के द्वारा आरब्ध शरीर के अगुरुलघुत्व की उत्पत्ति होती है। यदि ऐसा न माना जाये तो गुरुभारवाले शरीर से संयुक्त यह जीव उठने के लिए भी नहीं समर्थ होता, जबकि ऐसा नहीं है।

शंका—संक्लेश नाम किसका है ?

समाधान—असाता के बन्धयोग्य परिणाम को संक्लेश कहते हैं।

शंका—विशुद्धि नाम किसका है ?

समाधान—साता के बन्धयोग्य परिणाम को विशुद्धि कहते हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

शंका—परिणामों की करण संज्ञा कैसे हुई ?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है। साधकतम भाव की विवक्षा से, परिणामों में करणपना पाया जाता है।

शंका—मिथ्यादृष्टि आदि जीवों के परिणामों की अधःप्रवृत्त संज्ञा क्यों नहीं की ?

समाधान—क्योंकि यह बात इष्ट है अर्थात् मिथ्यादृष्टि आदि के अधस्तन और उपरितन समयवर्ती परिणामों की पायी जानेवाली समानता में अधःप्रवृत्तकरण का व्यवहार स्वीकार किया जाता है।

शंका—यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान—क्योंकि अधःप्रवृत्त नाम अन्तदीपक है इसलिए प्रथमोपशमसम्यक्त्व होने के पूर्व तक मिथ्यादृष्टि आदि के पूर्वोत्तरसमयवर्ती परिणामों में जो समानता पायी जाती है वह उसकी अधःप्रवृत्तसंज्ञा का सूचक है।

शंका—प्रथमोपशमसम्यक्त्व के अभिमुख जीव किसका अन्तर करता है ?

समाधान—मिथ्यात्व कर्म का अन्तर करता है, क्योंकि यहाँ पर अनादि मिथ्यादृष्टि जीव का अधिकार है। अन्यथा पुनः जो तीन भेदरूप दर्शनमोहनीय कर्म है उस सबका अन्तर करता है।

शंका—वहाँ पर किस करण के काल में अन्तर करता है ?

समाधान—अनिवृत्तिकरण के काल में संख्यात भाग जाकर अन्तर करता है।

षट्खण्डागम : पुस्तक-१०

शंका—बन्ध के कारण कौन-से हैं ?

समाधान—मिथ्यात्व, असंयम, कषाय और योग—ये चार बन्ध के कारण हैं और सम्यग्दर्शन, संयम, अकषाय और अयोग मोक्ष के कारण हैं।

शंका—जीव ही उत्कृष्ट द्रव्य का स्वामी होता है यह कैसे जाना जाता है ?

समाधान—क्योंकि मिथ्यात्व, असंयम, कषाय और योगरूप कर्मों के आस्रव अन्यत्र नहीं पाये जाते; इसीलिए जो जीव—इस प्रकार जीव को विशेष रूप किया है और आगे कहे जानेवाले सब इसके विशेषण हैं।

शंका—नारकी मिथ्यादृष्टि और सासादन सम्यग्दृष्टि जीव नरक से निकलकर किन-किन गतियों में जाते हैं ?

समाधान—तिर्यंच गति में भी और मनुष्य गति में भी।

शंका—सम्यग्दृष्टि नारकी नरक से निकलकर किन-किन गतियों में जाते है ?

समाधान—एक मात्र मनुष्य गति में ही जाते है।

शंका—नीचे सातवीं पृथ्वी के नारकी जीव किन गतियों में जाते हैं ?

समाधान—केवल एक, तिर्यंच गति, में ही जाते हैं। उनके शेष तीन आयुओं के बन्ध का अभाव है।

शंका—संख्यात वर्ष की आयुवाले मनुष्य व मनुष्यपर्याप्तकों में सम्यक्त्व सहित प्रवेश करनेवाले देव और नारकी जीवों का वहाँ से सासादन-सम्यक्त्व के साथ कैसे निकलना होता है ?

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

समाधान—देव और नारकी सम्यग्दृष्टि जीवों का मनुष्यों में उत्पन्न होकर उपशम श्रेणी पर आरोहण करके और फिर नीचे उतरकर सासादन गुणस्थान में जाकर मरने पर सासादन गुणस्थान सहित निकलना होता है।

पं० बालचन्द्र शास्त्री के षट्खण्डागम-परिशीलन में हमें जो कमी प्रतीत हुई उसे हमने पूर्ण करने का प्रयत्न किया है। इसे पढ़कर पाठक बहुत कुछ जान सकेंगे। पं० बालचन्द्र जी शास्त्री का यह कृतित्व महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने इसमें अपने अनुभव का पूरा उपयोग किया है, और इस प्रकार यह एक विद्वत्तापूर्ण रचना बन गयी है।

— कैलाशचन्द्र शास्त्री

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

General Editorial

Jainism, being one of the oldest, very comprehensive and culturally rich religious systems of civilized humanity, is emphatically a positive religion which seeks to bring true happiness to its votaries by elevating them morally and enabling them to attain the highest spiritual perfection they are capable of. The ultimate aim is the attainment of liberation (*moksha* or *nirvana*) from the unceasing cycle of birth and death, which characterises the soul's mundane existence and is full of misery, pain and suffering. The main cause of this *samsari* state or mundane existence is the *karmic* bondage in which the soul is being held. Hence, the doctrine of *karma*, a unique feature and peculiarity of the Jaina system of thought, is the keystone of its metaphysics, ontology, epistemology, ethics and philosophy. The entire sacred literature of the Jains is imbued with the interplay of the *karma* which is of two kinds, subjective and objective. The former represents the aberrations and perversions in the qualities natural of the pure soul, perversions such as delusion, attachment, aversion, hatred, anger, conceit, deceit, greed, lust, etc. The objective *karma* is a form of extremely subtle matter which is attracted by or flows into the soul and holds it in bondage when that soul happens to be afflicted by the said aberrations or perversions. Every such bondage has its own duration with a certain intensity. On fruition the *karma* drops out. These material *karmas* are divided into eight principal kinds and one hundred and forty-eight subkinds. The restless mundane soul goes on indulging incessantly in mental, vocal and bodily activities that are actuated by one or more of those spiritual aberrations and perversions, and consequently it goes on binding itself with fresh *karma* every moment. The process goes on *ad infinitum*. It is only when a soul wakes up, becomes conscious of the divinity inherent in itself, and makes effort to free itself from the enthraldom of the *karma* that it launches upon the path of spiritual regeneration. Gradually by taking steps to stop the influx of fresh *karmas* and to annihilate the already bound ones, it finally becomes free of bondage and attains liberation or *moksha*, the state of purest and highest spiritual

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

perfection and unmixed eternal bliss, whence there is no return to *samsara* or the mundane existence.

In the current cycle of time, this truth was realised, practised and preached, one after the other, by twenty-four Jinas or Shramana Nirgrantha Tirthankaras, from Adinatha Rishabhadeva of the hoary antiquity down to Vardhamana Mahavira (599-527 B.C.), the last of them. Born in B.C. 599, he renounced worldly life at the age of 30, and practised the most austere ascetic discipline to purify his spiritual self for the next 12 years, consequently attaining *kevala-jnana* (enlightenment) in B.C. 557, when he started delivering His sermons for the good of all the living beings. His chief disciple or Ganadhara, Indrabhuti Gautama, listened to and grasped the import of His divine sermons, which he compiled and codified in substance, in the form of the *Dvadashanga-shruta* (twelve-limbed canon). The twelfth Anga, *Drishti-pravada*, and more especially its *Purvagata* section comprising fourteen *Purvas*, dealt in detail with the doctrinal aspects of the Jina's Teachings, including the Doctrine of *karma*.

After Mahavira's Nirvana, in B.C. 527, this original canonical knowledge started flowing, by word of mouth, through a succession of authoritative and competent gurus. But, it could remain intact only upto B.C. 365, when with the demise of the last Shruta-kevalin, Bhadrabahu I, it began to dwindle gradually in volume as well as substance. Notwithstanding a continuous and alarming decline in the canonical knowledge, Jaina gurus being possessionless forest recluses, conservative in their attitude and averse to writing, continued to resist, for the next three centuries or so, all attempts at redaction of the surviving *shrutagama*. About B.C. 150, Kharavela, the celebrated Jaina monarch of Kalinga (Orissa), convened at the Kumari Parvat a big religious conference which was attended by Jaina monks from all over India. The question of canonical redaction was naturally posed at this holy gathering. Although, this attempt bore no immediate fruit, the monks from Mathura, on their return from Kalinga, started the Sarasvati Movement in order to prepare the ground for the redaction, and, by the latter half of the first century B.C., the Jaina saints of the Dakshinapatha (southern India) came forward to take up the challenge. Bhadrabahu II (B.C. 37-14), Lohacharya (B.C.14—A.D.38), Kundakunda (B.C.8—A.D.44), Vattakera and several others did not wait for the redaction proper and started writing treatises on more relevant topics, based on the extant surviving portions of the *shruta-agama*. In this genial atmosphere Gunadhara, Dharasena, probably Vattakera also, agreed readily to redact or get redacted the more important portions of the original canon, of which they happened to be the authentic repositories at the time.

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

Dharasenacharya (*circa* 40—75 A.D.), who practised austerities residing in the Chandra-guha (Moon-cave) of Girinagar (Mt. Urjayant) in Saurashtra, had inherited frangmentary knowledge of the *Angas* and *Purvas*, including the full text of the *Maha-kamma-payadi-pahuda* (*Mahakarmaprakriti-prabhrata*) contained mainly in the fourth *Prabhrata* of the fifth *Vastu* of the *Agrayini Purva* of the *Drishtipravada Anga*, supplemented by relevant portions of other Purvas and Angas. He sent word to Arhadbali, the presiding Acharya of the congregation being held at the time at Mahimanagari on the banks of the river Venya, to send to him two capable scholarly saints. Consequently, Pushpadanta and Bhutabali presented themselves to Dharasenacharya who imported to them in full the canonical text mentioned above and bade them to redact it in the form of *Sutras*. The result was the redacted text of the aforesaid MKP, known as the *Shata-khandagama* since it was divided into six *khandas* or parts. The very high place, value and importance of this text in the sacred literature of the Jains cannot be exaggerated, simply because it is directly related to and derived or extracted from the original Jaina canon, the *Dvadashanga-shruta*, as compiled by Gautama the Ganadhara in the life-time and presence of the Tirthankara Mahavira Himself and incorporated the latter's own teachings.

The main theme of this *Agama* is, apart from many other connected topics, the very detailed and complete exposition of Mahavira's doctrine of *karma*, the first three parts dealing mainly with the soul which is the subject and agent of *karmic* bondage, and the last three with the objective or material *karma*, its nature, kinds and classes and its operation, interaction or interplay with respect to a particular or individual soul.

About half a dozen commentaries of this text were written by different authors at different times. Of these the latest, most exhaustive and the only available one is the *Dhavala*, written in mixed Prakrit and Sanskrit, running into 72000 Shloka-size, and completed, in Vikrama Samvat 838 (A.D. 780), at Vatagrama (near Nasik in Maharashtra), during the reign of the Rashtrakuta monarch Dhruva Dharavarsha Nirupama 'Vallabharaya' (779-793 A.D.), by Swami Virasena of the Panchastupa-nikaya, who was one of the most learned saints and greatest authors of Jaina literary history. The only extant manuscripts of this voluminous commentary were on palm-leaves and transcribed in the Kannada script, which were preserved in the Siddhanta Basadi at Moodbidre in South Canara (Karnataka). No light has yet been shed on the number, date, place, donor, scribe, etc., of these Mss. There is reason to believe that there are more than one set complete or incomplete, and that the earliest of them is the one prepared, about 1400 A.D., at the instance of Devamati, a princess probably of the Alupa family of the Tuluva region

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

in which Moodbidre lay, as also that the Guru-basadi, in which this set was installed, thereafter came to be known as the Siddhanta-basadi. The story how a complete paper-copy of the *Dhavala*, transcribed in the Nagari script, was, in the twenties of the present century, secretly smuggled out of the Siddhanta Basadi of Moodbidre and reached northern India, is quite interesting. From this copy, several other copies were soon made. It was with the help of these copies that the late Prof. Hiralal Jain of Amraoti prepared a standard edition of the *Shatakhanda-agama* alongwith its *Dhavala* commentray, with critical notes, Hindi translation, learned introductions, useful appendices, etc., which was published in sixteen volumes, between 1938 and 1959 A.D., by the Jain Sahityoddharaka Fund endowed by Seth Lakshmi Chand of Vidisha (M.P.).

This momentous publication aroused keen interest in many a Jaina and non-Jaina scholar who, as soon as the volumes began to apear one after the other, started delving into this ocean of Agamic knowledge. In fact, for a proper understanding of the Jaina doctrines prevailing prior to the schism of 79 A.D. which divided Mahavira's Order into the Digambara and Shvetambara sections, study of the *Shatakhandagama* is indispensable. It is equally valuable for a study of the early forms of the Prakrit language. Moreover, whereas the Shvetambara section claims to have preserved surviving portions and versions of the first eleven Angas as redacted by Devarddhi Gani in 466 A.D. and declares that the *Twelfth Anga* had already been entirely lost long before that time, the Digambaras disown the Shvetambara version of the *Eleven Angas* and claim to have scrupulously preserved specific portions of the Twelfth Anga, the *Shatakhandagama* being one of such portions that had been saved from oblivion. Thus, in a way, the two traditions would seem to complement each other. This fact also accounts for the agreement between the two sections on docrinal fundamentals and for the presence, in their respective canonical literatures, of many common *gathas*, which had been prevailing as common heritage before the schismatic division.

In the foregoing several decades much useful light has been thrown on various aspects of this *Agama* and its *Dhavala* commentary, in the learned introductions to the published editions and in the critical discussions of reputed scholars like Pt. Nathuram Premi, Pt. Jugal Kishore Mukhtar, Prof. Hiralal Jain, Dr. A. N. Upadhye, Prof. S.M. Katre, Pt. Kailash Chandra Shastri, Pt. Phool Chandra Shastri, Pt. S.C. Divakar, Dr. J. P. Jain, and several others. Yet, the need of a more comprehensive and exhaustive study in one volume was being felt, which has happily been fulfilled by Pandit Balchandraji Shastri.

Shastriji, having been closely associated with Dr. Hiralal Jain in the stupendous task of editing, translating and publishing this voluminous

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

work, naturally got an opportunity to study deeply the *Shatakhandagama Sutras* and their *Dhavala* commentary. Even after the last volume had been published, his interest, study and researches in the subject continued and ultimately fructified in the form of the present '*Shatakhandagama Parishilana*'. It is, no doubt, a detailed and critical study, touching the different aspects of this esteemed canonical work. The discussion is divided into eleven chapters, of which the first two deal with the name of the work, its author, source, authenticity, language, style, method of exposition, classification of topics and certain other allied things; Ch. III describes in detail the subject matter of each of the six parts (or Khandas); Ch. IV provides a comparative study of *Shatkhandagama* with more than a dozen other works on the same subject; Ch. V deals with the known exegetical literature relating to this text is general, and its *Dhavala* commentary in particular; Ch. VI gives information about *Santa-kamma-panjiya* (*Satkarma-panjika*), a short commentary of unknown authorship, on a portion of the text; Chs. VII to IX discuss works and authors quoted or alluded to, directly or indirectly in the Dhavala; Ch. X discusses the style and method of exposition employed in Virasena's *Dhawala* ; and Ch. XI contains an index of the numerous quotations which Virasena had gleaned from different earlier works and used in the *Dhavala*. The study also contains useful appendices at the end, and the author's elaborate introduction as well as Pt. Kailash Chandra Shastri's General Editorial in Hindi at the beginning, all of which go to enhance the usefulness of this publication. It would not be out of place to point out that on certain points, such as the date and place of the completion of the *Dhavala* and the tentative dates, etc., of early authors including the redactors of this canonical text, the undersigned begs to differ, on good grounds, from the views of Pt. Balchandraji as well as Dr. Hiralalji whom the former seems to have naturally followed in such cases. There is, however, no doubt that Pt. Balchandraji has devoted much time and energy in writing out this comprehensive critical study of one of the surviving original Jaina Agamas, for which the authorities of the Bharatiya Jnanpith and myself, are grateful to him.

Shri Sahu Shriyans Prasadji, President and Sahu Ashoka Kumarji Managing Trustee, and staff of the Bharatiya Jnanpith deserve thanks for bringing out Shastriji's this learned and specialised canonical study. It is hoped that its publication will inspire readers to study for themselves the original work, and that this 'Parishilana' will also be found useful to serious students and research workers in the field of Jaina metaphysics and ontology, particularly the Jaina Doctrine of *karma*.

Jyoti Nikunj,
Charbagh, Lucknow – 19
15th Oct., 1986

—Jyoti Prasad Jain

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

प्रस्तावना

आगम का महत्त्व

मनुष्य पर्याय की प्राप्ति का प्रमुख प्रयोजन संयम को प्राप्त कर कर्मबन्धन से मुक्ति पाना होना चाहिए। इसके लिए जीवादि पदार्थों के विषय में यथार्थ श्रद्धापूर्वक उनका ज्ञान और तदनुरूप आचरण आवश्यक है। पदार्थविषयक वह ज्ञान आगमाभ्यास के बिना सम्भव नहीं है। यही कारण है कि आचार्य कुन्दकुन्द ने आगमविषयक अध्ययन पर विशेष जोर दिया है। वे कहते हैं कि आगमपरिशीलन के बिना पदार्थों के विषय में निश्चय नहीं होता है और जब तक निश्चय नहीं होता तब तक श्रमण एकाग्रचित्त नहीं हो सकता है। एकाग्रचित्त वह तब ही हो सकता है जब उसे आत्म-पर का विवेक हो जाय। कारण यह कि भेदविज्ञान के बिना कर्मों का क्षय करना शक्य नहीं है। इस प्रकार यह सब उस आगमज्ञान पर ही निर्भर है। इसी-लिए साधु को आगमचक्षु कहा गया है, जो सर्वथा उचित है। कारण यह है कि चर्मचक्षु से तो प्राणी सीमित स्थूल पदार्थों को ही देख सकता है, सूक्ष्म व देश-कालान्तरित असीमित पदार्थों के देखने में वह असमर्थ ही रहता है। किन्तु आगम के द्वारा परोक्ष रूप में उन सभी पदार्थों का ज्ञान सम्भव है जिन्हें केवलज्ञानी प्रत्यक्ष रूप में जानते देखते हैं। इसलिए आचार्य कुन्दकुन्द ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जिसकी दृष्टि आगमपूर्व नहीं है—आगमज्ञान से सुसंस्कृत नहीं होती है - उसके संयम नहीं होता है, यह सूत्रवचन है। और जो संयम से रहित होता है वह श्रमण नहीं हो सकता। अभिप्राय यह कि आगमज्ञान के बिना तत्त्व-श्रद्धापूर्वक ज्ञान, उसके बिना संयम और उस संयम के बिना निर्वाण का प्राप्त करना सम्भव नहीं है।[1]

आगम की यथार्थता

यह अवश्य विचारणीय है कि आगम रूप से प्रसिद्ध विविध ग्रन्थों में वह यथार्थ आगम क्या हो सकता है, जिसके आश्रय से मुमुक्षु भव्य जीव उक्त आत्मप्रयोजन को सिद्ध कर सके। आचार्य कुन्दकुन्द के वचनानुसार यथार्थ आगम उसे समझना चाहिए जो वीतराग सर्वज्ञ के द्वारा कहा गया हो तथा पूर्वापरविरोधादि दोषों से रहित हो।[2]

इसी अभिप्राय को परीक्षाप्रधानी आचार्य समन्तभद्र ने भी अभिव्यक्त किया है कि जो

---

१. प्रवचनसार ३,३२-३७

२. नियमसार ७-८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

आप्त—सर्वज्ञ व वीतराग—के द्वारा प्रणीत हो तथा जो प्रत्यक्ष व अनुमानादि प्रमाण से अविरुद्ध होने के कारण वस्तुस्वरूप का यथार्थ प्ररूपक हो उसे ही यथार्थ आगम जानना चाहिए। ऐसा आगम ही प्राणियों को कुमार्ग से बचाकर उन सबका हित कर सकता है।[1]

षट्खण्डागम की यथार्थता

ऐसे यथार्थ माने जाने वाले आगमों में प्रस्तुत षट्खण्डागम अन्यतम है। कारण यह कि उसका महावीर-वाणी से सीधा सम्बन्ध रहा है। उसे दिखलाते हुए धवलाकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इस प्रकार से यह षट्खण्डागम केवलज्ञान के प्रभाव से प्रमाणीभूत आचार्य-परम्परा से अविश्रान्त चला आया है और इसीलिए वह प्रत्यक्ष एवं अनुमानादि प्रमाण से अविरुद्ध होने के कारण प्रमाणीभूत है। इस कारण मोक्षाभिलाषी भव्य जनों को उसका अभ्यास करना चाहिए।[2]

सिद्धों के पूर्व अरहन्तों को नमस्कार क्यों ?

धवला में पंचपरमेष्ठिनमस्कारात्मक मंगलगाथा की व्याख्या के प्रसंग में यह एक शंका उठायी गई है कि समस्त कर्मलेप से रहित सिद्धों के रहने पर सलेप—चार अघातिया कर्मों के लेप से सहित—अरहन्तों को प्रथमतः नमस्कार क्यों किया जाता है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि सिद्ध, जो गुणों से अधिक हैं, उनकी उस गुणाधिकता विषयक श्रद्धा के कारण वे अरहन्त ही तो हैं, इसीलिए उन्हें सिद्धों के पूर्व नमस्कार किया जा रहा है। अथवा यदि अरहन्त न होते तो हम जैसे छद्मस्थ जनों को आप्त, आगम और पदार्थों का बोध ही नहीं हो सकता था। यह महान् उपकार उन अरहन्तों का ही तो है। इसीलिए उन्हें आदि में नमस्कार किया जाता है।[3]

इससे निश्चित है कि अरहन्त (आप्त) व उनके द्वारा प्ररूपित आगम ही एक ऐसा साधन है जिससे प्राप्त तत्त्वज्ञान के बल पर जीव सिद्धि को प्राप्त कर सकता है।

आगम को महत्त्व देते हुए आ० गुणभद्र ने भी 'आत्मानुशासन' में यही अभिप्राय प्रकट किया है कि सभी प्राणी जिस समीचीन सुख को चाहते हैं, वह यथार्थ सुख कर्मों के क्षय से प्रादुर्भूत होता है। यह कर्मक्षय व्रत-संयम से सम्भव है जो सम्यग्ज्ञान पर निर्भर है। उस सम्यग्ज्ञान का कारण वह आगम है जो वीतराग सर्वज्ञ के द्वारा कहा गया हो। इस प्रकार यथार्थ (निर्बाध) सुख का साधन वह आप्त और उसके द्वारा प्रणीत आगम ही है। अतः युक्ति से विचार कर मुमुक्षु भव्य को उसी का आश्रय लेना चाहिए।[4]

इसी 'आत्मानुशासन' में आगे मन को उपद्रवी चपल बन्दर के समान बतलाते हुए यह अभिप्राय प्रकट किया गया है कि जिस प्रकार बन्दर फल-पुष्पादि से व्याप्त किसी हरे-भरे वृक्ष

---

१. रत्नकरण्डक ९

२. धवला पु० ९, पृ० १३३-३४

३. धवला पु० १, पृ० ५३-५४

४. आत्मानुशासन ९ (विपरीत क्रम से इसी अभिप्राय का प्ररूपक एक पद्य 'तत्त्वार्थश्लोक-वार्तिक' में भी उद्धृत किया गया है।)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

को पाकर उपद्रव छोड़ देता है और उस पर रम जाता है उसी प्रकार स्वच्छन्दता से इन्द्रिय-विषयों की ओर दौड़ने वाले चंचल मन को अनेकान्तात्मक पदार्थों के प्ररूपक, अनेक नयरूप शाखाओं से सुशोभित श्रुतस्कन्धरूप वृक्ष पर रमाना चाहिए—उसके अभ्यास में संलग्न करना चाहिए, जिसके आश्रय से वह कल्याण के मार्ग में प्रवृत्त हो सके।[1]

अधिक क्या कहा जाय, त्रिलोकपूज्य उस तीर्थंकर पद की प्राप्ति का कारण भी अभीक्ष्ण-ज्ञानोपयोगयुक्तता[2] या अभीक्ष्णज्ञानोपयोग[3] ही है।

षट्खण्डागम की महत्ता

जैसा कि ऊपर के विवेचन से स्पष्ट हो चुका है, प्रस्तुत षट्खण्डागम एक प्रमाणभूत परमागमग्रन्थ है। आचार्य अकलंकदेव के द्वारा स्थान स्थान पर जिस ढंग से उसके महत्त्व को प्रतिष्ठापित किया गया है उससे भी उसकी परमागमरूपता व उपादेयता सिद्ध होती है। उन्होंने अपने तत्त्वार्थवार्तिक में यथाप्रसंग उसके अन्तर्गत खण्ड व अनुयोगद्वार आदि का उल्लेख इस प्रकार किया है—

(१) कुतः? आगमे प्रसिद्धे। **आगमे हि जीवस्थानादिसदादिष्वनुयोगद्वारेणाऽऽदेशवचने**···। —त०वा० १,२१,६ तथा ष०ख० सूत्र १,१,२४ व २५,२८ आदि।

(२) एवं ह्यार्षे उक्तं **सासादनसम्यग्दृष्टिरिति को भावः? पारिणामिको भाव** इति।

—त०वा० २,७,११ व ष०ख० सूत्र १,७,३

(३) एवं हि समयोऽवस्थितः **सत्प्ररूपणायां कायानुवादे त्रसानां द्वीन्द्रियादारभ्य आ-अयोगिकेवलिन**[4] इति।—त० वा० २,१२,५ और ष०ख० सूत्र १,१,४४

(४) आह चोदकः—**जीवस्थाने योगभंगे**·····? न विरोधः, आभिप्रायकत्वाज्**जीवस्थाने सर्वदेव-नारकाणां**·····।—त०वा० २,४९,८ व ष०ख० सूत्र १,१,५७

(५) एवं ह्युक्तमार्षे **वर्गणायां बन्धविधाने नोआगमद्रव्यबन्धविकल्पे सादिवैस्रसिकबन्ध-निर्देशः** प्रोक्तः।—त०वा० ५,३६,४ और ष०ख० सूत्र ५,६,३३-३४

आचार्य पूज्यपाद ने 'तत्त्वार्थसूत्र' के अन्तर्गत सूत्र १-८ की व्याख्या में षट्खण्डागम परमागम के अन्तर्गत सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों के प्रायः सभी सूत्रों को छायानुवाद के रूप में आत्मसात् किया है। आ० पूज्यपाद भट्टाकलंकदेव के पूर्ववर्ती हैं। उनके तत्त्वार्थवृत्ति (सर्वार्थसिद्धि) गत वाक्यों को अकलंकदेव ने अपने 'तत्त्वार्थवार्तिक' में समाविष्ट कर उन्हें विशद किया है। आ० पूज्यपाद ने षट्खण्डागम जैसे परमागम को प्रमाण मानकर यह भी कहा है—

"स्वनिमित्तस्तावदनन्तानामगुरुलघुगुणानामागमप्रामाण्यादभ्युपगम्यमानानां षट्स्थानपतितया वृद्ध्या हान्या च प्रवर्तमानानां स्वभावादेतेषामुत्पादो व्ययश्च।"—स०सि० ५-७

इस प्रकार आचार्य पूज्यपाद और भट्टाकलंकदेव ने प्रकृत षट्खण्डागम को विशेष महत्त्व

---

१. आत्मानुशासन १७०

२. ष०ख० सूत्र ४१ (पु० ८)

३. तत्त्वार्थसूत्र ६-२४

४. षट्खण्डागम के इस सूत्र (१,१,४४) का संकेत सर्वार्थसिद्धि (२-१२) में भी 'आगम' के नाम से ही किया गया है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

देकर उसकी उपादेयता और अभ्यसनीयता को प्रकट किया है।

धवलाकार आ० वीरसेन ने प्रसंगप्राप्त सत्कर्मप्राभृत (षट्खण्डागम) और कषायप्राभृत की असूत्ररूपता का निराकरण करते हुए उन्हें सूत्र सिद्ध किया है व द्वादशांगश्रुत जैसा महत्त्व दिया है (पु० १, पृ० २१७-२२)।

सम्यग्दर्शन और सम्यक्चारित्र

जैसा कि ऊपर 'आगम का महत्त्व' शीर्षक में स्पष्ट किया जा चुका है, परमागमरूपता को प्राप्त प्रस्तुत षट्खण्डागम मुमुक्षु भव्य जनों को मोक्षमार्ग में प्रवृत्त कराने का एक अपूर्व साधन है। कारण यह कि मोक्षमार्ग रत्नत्रय के रूप में प्रसिद्ध सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र इन तीनों का समुदयात्मक है। इनमें सम्यग्दर्शन को सर्वाधिक महत्त्व प्राप्त है। वह सम्यग्दर्शन अनादि मिथ्यादृष्टि जीव को कब और किस प्रकार से प्राप्त होता है, इसे स्पष्ट करने के लिए षट्खण्डागम के प्रथम खण्डस्वरूप जीवस्थान में सर्वप्रथम मोक्ष-महल के सोपानभूत चौदह गुणस्थानों का विचार किया गया है। इन गुणस्थानों में वर्तमान जीव उत्तरोत्तर उत्कर्ष को प्राप्त होते हुए किस प्रकार से उस रत्नत्रय को वृद्धिगत करते हैं, यह दिखलाया गया है। आगे वहाँ गत्यादि चौदह मार्गणाओं के आश्रय से विभिन्न जीवों की विशेषता को भी प्रकट किया गया है।

इस जीवस्थान खण्ड से सम्बद्ध जो नौ चूलिकाएं हैं उनमें आठवीं 'सम्यक्त्वोत्पत्ति' चूलिका है। उसमें प्रथमतः छठी और सातवीं इन पूर्व की दो चूलिकाओं की संगति को स्पष्ट करते हुए यह कहा गया है कि इन दो चूलिकाओं में यथाक्रम से निर्दिष्ट कर्मों की उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति के रहते हुए जीव उक्त सम्यग्दर्शन को नहीं प्राप्त करता है। किन्तु जब वह उन कर्मों की अन्तःकोड़ाकोड़ि प्रमाण स्थिति को बाँधता है तब वह प्रथम सम्यक्त्व को प्राप्त करने योग्य होता है। यहाँ यह स्मरणीय है कि अनादि मिथ्यादृष्टि जीव सर्वप्रथम अनन्तानुबन्धी क्रोधादि चार और मिथ्यात्व दर्शनमोहनीय को उपशमाकर उस प्रथम सम्यक्त्व को प्राप्त करता है। इसलिए यहाँ प्रथमतः दर्शनमोहनीय की उपशामन विधि का विवेचन किया गया है। इस प्रसंग में वहाँ कौन जीव उसके उपशमाने के योग्य होता है तथा वह किन अवस्थाओं में उसे उपशमाता है, इत्यादि का जो मूल ग्रन्थ में सूत्र रूप से विचार किया गया है इसका स्पष्टीकरण धवलाकार ने विशेष रूप से कर दिया है। यह उपशमसम्यक्त्व चिरस्थायी नहीं है, अन्तर्मुहूर्त में वह विनष्ट होने वाला है।[1]

आगे वहाँ मुक्ति के साक्षात् साधनभूत क्षायिकसम्यक्त्व का विचार करते हुए उसके रोधक दर्शनमोहनीय का क्षय कहाँ, कब और किसके पादमूल में किया जाता है, का विचार किया गया है। धवलाकार ने इसका विशदीकरण भी विशेष रूप से किया है।[2]

इस प्रकार सम्यक्त्व की प्ररूपणा करके, तत्पश्चात् इसी 'सम्यक्त्वोत्पत्ति' चूलिका में जीव सम्यक्त्वपूर्वक चारित्र और सम्पूर्ण चारित्र को किस प्रकार से प्राप्त करता है, इसका मूल ग्रन्थकार द्वारा संक्षेप में दिशाबोध कराया गया है। उसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने

---

१. सूत्र १,९-८,१-१० (पु० ६, पृ० २०३-४३)

२. सूत्र १,९-८,११-१३ (पु० ६, पृ० २४३-६६)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उस प्रसंग में संयमासंयम तथा औपशमिक, क्षायोपशमिक और क्षायिक—सकलचारित्र के इन तीन भेदों के निर्देशपूर्वक उनमें से प्रत्येक की प्राप्ति के विधान की पृथक्-पृथक् विस्तार से प्ररूपणा की है।[1]

इसी प्रसंग में उन्होंने जीव किस क्रम से उपशमश्रेणि और क्षपकश्रेणि पर आरूढ होता है तथा वहाँ किस क्रम से वह विविध कर्मप्रकृतियों को उपशमाता व क्षय करता है, इसका विचार भी बहुत विस्तार से किया है। इसी सिलसिले में वहाँ उपशमश्रेणि पर आरूढ हुआ संयत कालक्षय अथवा भवक्षय से उस उपशमश्रेणि से पतित होकर किस क्रम से नीचे आता है, इसका भी विस्तार से विवेचन किया गया है।

वही संयत मुक्ति की अनन्य साधनभूत दूसरी क्षपकश्रेणि पर आरूढ होकर जीव के सम्यग्दर्शनादि गुणों के विघातक कर्मों का किस क्रम से क्षय करता हुआ क्षीणकषाय गुणस्थान को प्राप्त होता है और फिर सयोगकेवली होकर वहाँ जीवन्मुक्त अवस्था में जघन्य से अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्ष से कुछ कम पूर्वकोटि प्रमाण रहता हुआ अयोगकेवली हो जाता है और अन्त में शेष अघातिया कर्मों को भी निर्मूल करके मुक्ति को प्राप्त कर लेता है—इस सबका विशद विवेचन धवलाकार ने किया है।[2]

यह जो सम्यक्त्व व चारित्र की प्ररूपणा प्रथमतः षट्खण्डागम के जीवस्थान खण्डगत सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार[3] में तथा विशेषकर इस चूलिका में की गयी है वह आत्महितैषी जनों के लिए मननीय है। उनके विषय में जिस प्रकार का स्पष्टीकरण यहाँ किया गया है वह अन्यत्र द्रव्यानुयोगप्रधान ग्रन्थों में प्रायः दुर्लभ रहेगा।

सम्यग्ज्ञान

इस प्रकार सम्यक्त्व व चारित्र की प्ररूपणा कर देने पर पूर्वोल्लिखित रत्नत्रय में सम्यग्ज्ञान शेष रह जाता है, जिसकी प्ररूपणा भी यथाप्रसंग प्रकृत षट्खण्डागम में विस्तार से की गयी है। यह ध्यातव्य है कि सम्यग्दर्शन के प्रादुर्भूत हो जाने पर उसका ज्ञान, पूर्व में जो मिथ्या था, उसी समय सम्यग्रूपता को प्राप्त कर लेता है।[4] वह यदि अल्प मात्रा में भी हो तो भी वह केवलज्ञानपूर्वक प्राप्त होनेवाली मुक्ति की प्राप्ति में बाधक नहीं होता—जैसे तुषमास के घोषक शिवभूति का ज्ञान।[5]

इसके विपरीत भव्यसेन मुनि बारह अंग और चौदह पूर्वस्वरूप समस्त श्रुत का पारंगत होकर भी भावश्रमणरूपता को प्राप्त नहीं हुआ—मोक्षमार्ग से बहिर्भूत द्रव्यलिंगी मुनि ही रहा।[6]

---

१. सूत्र १,९-८,१३-१४ (पु० ६, पृ० २६६-३४२)
२. सूत्र १,९-८,१५-१६ (पु० ६, पृ० ३४२-४१८)
३. धवला पु० १, पृ० २१०-१४ (उपशामनविधि) तथा पृ० २१५-२५ (क्षपणविधि)
४. पुरुषार्थसिद्ध्युपाय ३२-३४
५. तुस-मासं घोसंतो भावविसुद्धो महाणुभावो य।
णामेण य सिवभूई केवलणाणी फुडं जाओ।—भावप्राभृत ५३
६. अंगाइं दस य दुण्णि य चउदसपुव्वाइं सयलसुदणाणं।
पढिओ अ भव्वसेणो ण भावसमणत्तणं पत्तो॥—भावप्राभृत ५२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

प्रकृत सम्यग्ज्ञान की प्ररूपणा प्रथमतः जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत 'सत्प्ररूपणा' अनुयोगद्वार में ज्ञानमार्गणा के प्रसंग में की जा चुकी है (सूत्र १,१,११५-२२; पु० १ पृ० ३५३-६८)।

तत्पश्चात् 'वर्गणा' खण्ड के अन्तर्गत 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में नोआगमकर्मद्रव्यप्रकृति के प्रसंग में उसकी विस्तार से प्ररूपणा की गयी है। इस प्रकृतिअनुयोगद्वार में ज्ञानावरणीय आदि कर्मप्रकृतियों के भेद-प्रभेदों को प्रकट किया गया है। सर्वप्रथम वहाँ ज्ञानावरणीय के पाँच भेदों का निर्देश करते हुए उनमें आभिनिबोधिकज्ञानावरणीय के ४,२४,२८,३२,४८,१४४,१६८, १९२,२८८,३३६ और ३८४ भेदों का निर्देश किया गया है (सूत्र ५,५,१५-३५)।

इस प्रसंग में धवलाकार ने ज्ञानावरणीय प्रकृतियों के द्वारा आवृत किये जानेवाले आभिनिबोधिकज्ञान के सभी भेद-प्रभेदों की प्ररूपणा की है। तत्पश्चात् वहाँ इसी पद्धति से श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान और मनःपर्ययज्ञान इन ज्ञानभेदों की भी प्ररूपणा की गई है।[1]

अन्त में क्रमप्राप्त केवलज्ञान व उसके विषय के सम्बन्ध में विशदतापूर्वक विचार किया गया है।[2]

इसके पूर्व 'वेदना' खण्ड के अन्तर्गत 'कृति' अनुयोगद्वार को प्रारम्भ करते हुए जो वहाँ विस्तृत मंगल किया गया है (सूत्र १-४४), उसमें अनेक विशिष्ट ऋद्धिधरों को नमस्कार किया है। उस प्रसंग में धवलाकार द्वारा अवधिज्ञान, परमावधि, सर्वावधि, ऋजुमतिमनःपर्यय और विपुलमतिमनःपर्यय की प्ररूपणा की गयी है।[3]

इस प्रकार मोक्ष के मार्गभूत उक्त सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र के विषय में विशद प्रकाश डालनेवाले प्रस्तुत षट्खण्डागम को मोक्षशास्त्र ही समझना चाहिए।[4]

अन्य प्रासंगिक विषय

१. मोक्ष का अर्थ कर्म के बन्धन से छूटना है। इसके लिए कर्म की बन्धव्यवस्था को भी समझ लेना आवश्यक हो जाता है। इसे हृदयंगम करते हुए इसके तीसरे खण्डस्वरूप **बन्धस्वामित्वविचय** में ज्ञानावरणीय आदि कर्मप्रकृतियों में कौन प्रकृति किस गुणस्थान से लेकर आगे किस गुणस्थान तक बँधती है, इसका मूल ग्रन्थ में ही विशद विचार किया गया है, जिसका स्पष्टीकरण धवला में भी यथावसर विशेष रूप से किया गया है (पु० ८)।

इसके पूर्व दूसरे **क्षुद्रकबन्ध** खण्ड के प्रारम्भ में बन्धक-सत्प्ररूपणा में भी मूल ग्रन्थकार द्वारा बन्धक-अबन्धक जीवों का विवेचन किया गया है (पु० ७)।

इसी खण्ड के अन्तर्गत ग्यारह अनुयोगद्वारों में जो प्रथम 'एक जीव की अपेक्षा स्वामित्व' अनुयोगद्वार है उसमें गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं के आश्रय से जीवों को नर-नारक आदि

---

१. धवला पु० १३, पृ० २१६-४४ आभिनिबोधिकज्ञान; पृ० २४५-८९ श्रुतज्ञान; पृ० २८९-३२८ अवधिज्ञान; पृ० ३२८-४४ मनःपर्ययज्ञान।

२. सूत्र ७९-८२; धवला पु० १३, पृ० ३४५-५३

३. यथा—अवधिज्ञान पु० ९, पृ० १२-४१, परमावधि पृ० ४१-४७, सर्वावधि पृ० ४७-५१ व ऋजु-विपुलमतिमनःपर्यय पृ० ६२-६९

४. धवलाकार ने मंगल, निमित्त व हेतु आदि छह की प्ररूपणा करते हुए प्रस्तुत ग्रन्थ की रचना का हेतु मोक्ष ही निर्दिष्ट किया है—**हेतुर्मोक्षः**।—धवला पु० १, पृ० ६०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अवस्थाएँ किस कर्म के उदय, उपशम, क्षय व क्षयोपशम से प्राप्त होती हैं; इसका विशद विवेचन किया गया है (पु० ७)।

पूर्वोक्त तीसरे खण्ड में प्रसंग पाकर धवलाकार ने कर्म के बन्धक मिथ्यात्व, असंयम (अविरति), कषाय और योग इन चार मूल प्रत्ययों व उनके सत्तावन (५+१२+२५+१५) उत्तरभेदों की प्ररूपणा विस्तार से की है (पु० ८, पृ० १३-३०)।

मूल ग्रन्थकर्ता ने भी कर्मबन्धक प्रत्ययों का विचार दूसरे 'वेदना' खण्ड के अन्तर्गत आठवें **वेयणपच्चयविहाण** अनुयोद्वार में नयविवक्षा के अनुसार कुछ विशेषता से किया है (पु० १२)।

२. 'वर्गणा' खण्ड के अन्तर्गत जो 'कर्म' अनुयोगद्वार है उसमें दस प्रकार के कर्म का निरूपण किया गया है। उनमें छठा अधःकर्म है। अधःकर्म का अर्थ है जीव को अधोगति स्वरूप नरकादि दुर्गति में ले जाने वाला घृणित आचरण। जैसे—प्राणियों के अंगों का छेदन करना, उनके प्राणों का वियोग करना, विविध उपद्रव द्वारा उन्हें सन्तप्त करना एवं असत्य-भाषण आदि। इस प्रकार आत्मघातक अधःकर्म का निर्देश करके ठीक उसके आगे ईर्यापथ, तपःकर्म और क्रियाकर्म—रत्नत्रय के संवर्धक इन प्रशस्त कर्मों (क्रियाओं) को भी प्रकट किया गया है। इनमें ईर्यापथ कर्म के स्वरूप को धवलाकार ने प्राचीन तीन गाथाओं को उद्धृत कर उनके आश्रय से अनेक विशेषताओं के साथ स्पष्ट किया है। इसी प्रकार तपःकर्म के प्रसंग में छह प्रकार के बाह्य और छह प्रकार के अभ्यन्तर तप के स्वरूप आदि को स्पष्ट किया गया है। यहीं पर इस अभ्यन्तर तप के अन्तर्गत ध्यान का विवेचन ध्याता, ध्यान, ध्येय और ध्यानफल इन चार अधिकारों में विस्तार से किया गया है। यहाँ धर्म और शुक्ल इन दो प्रशस्त ध्यानों को ही प्रमुखता दी गयी है। इनमें अन्तिम दो शुक्लध्यानों का फल योगनिरोधकपूर्वक शेष रहे चार अघातिया कर्मों को भी निर्मूल करके शाश्वतिक निर्बाध सुख को प्राप्त कराना रहा है। इस प्रकार ध्यान मुक्ति का साक्षात् साधनभूत है। यह सब मुमुक्षुजनों के लिए मननीय है (पु० १३)।

३. दूसरे 'वेदना' खण्ड के अन्तर्गत वेदना नामक दूसरे अनुयोगद्वार में ज्ञानावरणीय आदि वेदनाओं की प्ररूपणा द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव व स्वामित्व आदि अनेक अवान्तर अनुयोगद्वारों में की गयी है। यह सब संवेग और निर्वेद का कारण है (पु० १०-१२)।

४. पूर्वनिर्दिष्ट 'वर्गणा' खण्ड में जो 'बन्धन' नाम का अनुयोगद्वार है उसमें बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्धविधान इन चार अधिकारों का निर्देश करके बन्ध-बन्धक आदि का विवेचन पूर्व खण्डों में कर दिये जाने के कारण उनकी पुनः प्ररूपणा नहीं की गयी है। वहाँ प्रमुखता से बन्धनीय—बन्ध के योग्य तेईस प्रकार की पुद्गलवर्गणाओं—का विचार किया गया है। उनमें शरीर-रचना की कारणभूत आहारवर्गणा, तैजसवर्गणा, भाषावर्गणा, मनोवर्गणा, कर्मरूपता को प्राप्त होनेवाली कार्मणवर्गणा एवं बादर-सूक्ष्मनिगोदवर्गणा आदि का स्वरूप जानने योग्य है (पु० १४)।

५. कौन जीव किस गति से किस गति में आते-जाते हैं और वहाँ वे ज्ञान एवं सम्यक्त्व आदि किन गुणों को प्राप्त कर सकते हैं व किन को नहीं प्राप्त कर सकते हैं, इसका विशद विवेचन जीवस्थान खण्ड से सम्बन्धित नौ चूलिकाओं में से अन्तिम 'गति-आगति' चूलिका में किया गया है (पु० ६)।

ये सब विषय ऐसे हैं जिनके मनन-चिन्तन से तत्त्वज्ञान तो वृद्धिगत होता ही है, साथ ही

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

वस्तुस्थिति का बोध होने से संवेग और निर्वेद भी उत्पन्न होता है। इसके अतिरिक्त चित्त की एकाग्रता से अशुभ उपयोग से बचकर जीव की शुभ उपयोग में प्रवृत्ति होती है जो शुद्धोपयोग की भी साधक हो सकती है।

इस प्रकार प्रस्तुत षट्खण्डागम में चर्चित इन कुछ अध्यात्ममार्ग में प्रवृत करानेवाले विषयों का यहाँ परिचय कराया गया है। उनका और उनसे सम्बन्धित अन्य अनेक विषयों का कुछ परिचय प्रकृत 'षट्खण्डागम-परिशीलन' से भी प्राप्त किया जा सकता है। सर्वाधिक जानकारी तो ग्रन्थ के अध्ययन से ही प्राप्त होनेवाली है।

उपयोग की स्थिरता

जैसा कि ऊपर स्पष्ट किया जा चुका है, उपर्युक्त विषयों के अध्ययन व मनन-चिन्तन से तत्त्वज्ञान की वृद्धि के साथ संवेग और निर्वेद भी उत्पन्न होता है। इसके अतिरिक्त उनमें उपयुक्त रहने से उपयोग की स्थिरता से मन भी एकाग्रता को प्राप्त होता है। वह उपयोग शुद्ध, शुभ और अशुभ के भेद से तीन प्रकार का है। उनमें सब प्रकार के आस्रव से रहित होने के कारण मोक्ष-सुख का अनन्य साधनभूत शुद्ध उपयोग ही सर्वथा उपादेय है। अरहन्त आदि तथा प्रवचन में अभियुक्त अन्य ऋषि-महर्षि आदि के विषय में जो गुणानुरागात्मक भक्ति होती है व उन्हें देखकर खड़े होते हुए जो उनकी वन्दना एवं नमस्कार आदि किया जाता है; यह सब शुभ उपयोग का लक्षण है, जिसे सरागचर्या या सरागचारित्र कहा जाता है। इसकी भी श्रमणधर्म में निन्दा नहीं की गयी है—वह शुद्धोपयोग के अभाव में गृहस्थ की तो बात क्या, मुनियों को भी ग्राह्य है। ऐसे शुभ उपयोग से युक्त मुनिजन दर्शन-ज्ञान के उपदेश के साथ शिष्यों का ग्रहण एवं संयम आदि से उनका पोषण भी कर सकते हैं। यहाँ तक कि वे जिनेन्द्र-पूजा आदि का उपदेश भी कर सकते हैं। उसके कारण उनका सरागचारित्ररूप श्रमणधर्म कलुषित नहीं होता। कारण यह कि मुनियों के शुद्ध और शुभ दोनों उपयोग कहे गये हैं। ऐसे मुनिजन अन्य ग्लान, गुरु, बाल व वृद्ध श्रमणों की वैयावृत्ति के लिए लौकिक जनों के साथ सम्भाषण करके उन्हें प्रेरित भी कर सकते हैं। इस प्रकार की प्रवृत्ति मुनियों और गृहस्थों दोनों के लिए प्रशस्त व उत्तम कही गयी है (५४)। उससे सुख की प्राप्ति भी होती है। जो षट्काय जीवों की विराधना से रहित चातुर्वर्ण्य श्रमणसंघ का उपकार करता है वह भी सरागचारित्र से युक्त साधु है—उसे भी शुभ उपयोग से युक्त श्रमण ही समझना चाहिए (४९)। यह अध्यात्मप्रधानी आचार्य कुन्दकुन्द के कथन का अभिप्राय है, जिसे उन्होंने अपने 'प्रवचनसार' में अभिव्यक्त किया है।[1]

इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि आत्महितैषी जीव को, यदि वह शुद्ध उपयोग से परिणित नहीं हो सकता है तो उसे, हजारों दुःखों से व्याप्त कुमानुष, तिर्यंच और नारक आदि दुर्गति के कारणभूत अशुभ उपयोग से दूर रहकर स्वर्गसुख के कारणभूत शुभ उपयोग में तत्पर रहना उचित है।[2]

आचार्य पूज्यपाद ने इस अभिप्राय को इन शब्दों में व्यक्त किया गया है—

---

१. प्रवचनसार ३,४५-६०

२. प्रवचनसार १,११-१२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

वरं व्रतैः पदं देवं नाव्रतैर्वत नारकम् ।
छायातपस्थयोर्भेदः प्रतिपालयतोर्महान् ।।—इष्टोपदेश

आचार्य गुणभद्र ने भी इसी अभिप्राय को प्रकारान्तर से इस प्रकार व्यक्त किया है—

शुभाशुभे पुण्य-पापे सुखदुःखे च षट्त्रयम् ।
हितमाद्यमनुष्ठेयं शेषत्रयमथाहितम् ।।
तत्राप्याद्यं परित्याज्यं शेषौ न स्तः स्वतः स्वयम् ।
शुभं च शुद्धे त्यक्त्वान्ते प्राप्नोति परमं पदम् ।।

—आत्मानुशासन ३३९-४०

सिद्धान्त के मर्मज्ञ पं० टोडरमल ने भी शुद्धोपयोग को उपादेय तथा शुभोपयोग और अशुभोपयोग दोनों को हेय बतलाते हुए भी यह अभिप्राय प्रकट किया है कि जहाँ शुद्धोपयोग नहीं हो सकता है वहाँ अशुभपयोग को छोड़कर शुभोपयोग में प्रवृत्त होना हितकर है । कारण यह कि शुभोपयोग मे जहाँ बाह्य व्रत-संयम आदि में प्रवृत्ति होती है वहाँ अशुभोपयोग के रहने पर हिंसादिरूप बाह्य असंयम में प्रवृत्ति होती है जो जीव को मोक्षमार्ग से बहुत दूर ले जानेवाला है । **पहले अशुभोपयोग छूटकर शुभोपयोग हो और फिर शुभोपयोग छूटकर शुद्धोपयोग हो, यही क्रमपरिपाटी है ।**[1]

इसके पूर्व एक शंका का समाधान करते हुए उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि **जो व्रत-संयमादि को संसार का कारण मानकर उन्हें छोड़ना चाहता है वह निश्चित ही हिंसादि पापाचरण में प्रवृत्त होनेवाला है, जो नारकादि दुर्गति का कारण है ।** इसलिए इसे अविवेक ही कहा जायेगा । इसके अतिरिक्त यदि व्रतादि रूप परिणति से हटकर वीतराग उदासीन भावरूप शुद्धोपयोग होता है तो यह उत्कृष्ट ही रहेगा, किन्तु वह नीचे की दशा में सम्भव नहीं है, इसलिए व्रतादि को छोड़कर स्वेच्छाचारी होना योग्य नहीं है ।[2]

इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि जो उपर्युक्त वस्तुस्थिति को न समझकर या बुद्धिपुरःसर उसकी उपेक्षा कर यह कहते हैं कि आत्मोत्कर्ष के साधनभूत जो समयसार आदि अध्यात्म ग्रन्थ हैं वे ही पठनीय हैं; इनके अतिरिक्त अन्य कर्मग्रन्थ आदि के अध्ययन से कुछ आत्महित होनेवाला नहीं है, उनका यह कथन आत्महितैषी जनों को दिग्भ्रान्त करनेवाला है । कारण यह कि ऊपर के विवेचन से यह स्पष्ट हो चुका है कि सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्रस्वरूप जो मोक्षमार्ग है उसमें क्रमिक उत्कर्ष प्रायः इन्हीं ग्रन्थों के अध्ययन और मनन-चिन्तन से सम्भव है । जीव का स्वरूप कैसा है, वह कर्म से सम्बद्ध किस प्रकार से हो रहा है, तथा वह कर्मबन्धन से छुटकारा कैसे पा सकता है; इसका परिचय ऐसे ही ग्रन्थों से प्राप्त होनेवाला है । इस प्रकार क्रमिक विकास को प्राप्त होकर आत्महितेच्छुक भव्य जीव प्रयोजनीभूत तत्त्वज्ञान को प्राप्त करके जब आत्म-पर-विवेक से विभूषित हो जाता है तब यदि वह उक्त समयसार आदि अध्यात्म ग्रन्थों का अध्ययन व मनन-चिन्तन करता है तो यह उसके लिए सर्वोत्कृष्ट प्रमाणित होनेवाला है । विधेय मार्ग तो यही है, इसे कोई भी विवेकी अस्वीकार नहीं कर

---

१. मोक्षमार्गप्रकाशक (दि० जैन स्वाध्यायमन्दिर ट्रस्ट, सोनगढ़) पृ० २५५-५६
२. मोक्षमार्गप्रकाशक (दि० जैन स्वाध्यायमन्दिर ट्रस्ट, सोनगढ़) पृ० २५३-५४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

सकता है। यह स्मरणीय है कि आत्मोत्कर्ष वाक्पटुता पर निर्भर नहीं है, वह तो अन्तःकरण की प्रेरणा पर निर्भर है। जितने अंश में उसके अन्तःकरण से राग-द्वेष हटते जायेंगे उतने अंश में वह आत्मोत्कर्ष में अग्रसर होता जायेगा। यही शुद्धोपयोग के उन्मुख होने का मार्ग है। व्रत-संयमादिरूप शुभोपयोग तो तब निश्चित ही छूटेगा, वह कभी साक्षात् मुक्ति का साधन नहीं हो सकता है। इस प्रकार से यह निश्चित होता है कि शुद्धोपयोग जहाँ सर्वथा उपादेय और अशुभोपयोग सर्वथा हेय है वहाँ शुभोपयोग कथंचित् उपादेय और कथंचित् हेय है।

अमृतचन्द्र सूरि आ० कुन्दकुन्द के समयसार आदि आध्यात्मिक ग्रन्थों के रहस्य के उद्घाटक हैं। उनकी एक मौलिक कृति 'पुरुषार्थसिद्ध्युपाय' है, जिसे अपूर्वश्रावकाचार ग्रन्थ कहना चाहिए। इसमें उन्होंने सल्लेखना के साथ श्रावक के बारह व्रतों का वर्णन करते हुए उस प्रसंग में यह स्पष्ट कर दिया है कि जो व्रत-संरक्षण के लिए निरन्तर इन समस्त शीलों का पालन करता है उसका मुक्ति-लक्ष्मी पतिवरा के समान उत्सुक होकर स्वयं वरण करती है—उसे मुक्ति प्राप्त होती है।[1]

इसका अभिप्राय यही है कि शुभोपयोगस्वरूप व्रत-संयमादि संसार के ही कारण नहीं हैं, परम्परया वे मोक्ष के भी प्रापक हैं।

समन्वयात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता

यह सुविदित है कि जैन सिद्धान्त में अनेकान्त को महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। यदि उसका अनुसरण किया जाये तो विरोध के लिए कोई स्थान नहीं रहता। जिन अमृतचन्द्र सूरि और उनके पुरुषार्थसिद्ध्युपाय का ऊपर उल्लेख किया गया है उन्होंने इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ को प्रारम्भ करते हुए मंगलस्वरूप केवलज्ञानरूप परंज्योति के जयकारपूर्वक उस अनेकान्त को नमस्कार किया है जो परमागम का बीज होकर समस्त द्रव्यार्थिक-पर्यायार्थिक नयों के विलास रूप नित्य-अनित्य व शुद्ध-अशुद्ध आदि परस्पर विरुद्ध प्रतीत होनेवाले धर्मों के विरोध को इस प्रकार से दूर करता है जिस प्रकार कि कोई निर्दोष आखोंवाला सूझता पुरुष हाथी के कान, सूँढ़ व पाँव आदि किसी एक-एक अंग को टटोलकर उसे ही पूरा हाथी माननेवाले किन्हीं जन्मान्धों के पारस्परिक विवाद को दूर कर देता है। यह भी ध्यातव्य है कि अमृतचन्द्र सूरि ने परमागम को तीनों लोकों का अद्वितीय नेत्र घोषित किया है।[2]

इन्हीं अमृतचन्द्र सूरि का जो दूसरा 'तत्त्वार्थसार' ग्रन्थ है उसमें उन्होंने जीवाजीवादि सात तत्त्वों का विवेचन किया है। अन्त में उन्होंने वहाँ उस सब का उपसंहार करते हुए मुमुक्षु भव्यजनों को प्रेरणा दी है कि इस प्रकार से प्रमाण, नय, निक्षेप, निर्देश-स्वामित्व आदि और सत्संख्या आदि के आश्रय से सात तत्त्वों को जानकर उन्हें उस मोक्षमार्ग का आश्रय लेना चाहिए जो निश्चय और व्यवहार की अपेक्षा दो प्रकार से स्थित है। उनमें निश्चय मोक्ष-मार्ग साध्य और व्यवहार मोक्षमार्ग उसका साधन है। शुद्ध आत्मा का जो श्रद्धान, ज्ञान और उपेक्षा—राग-द्वेष के परित्यागपूर्वक मध्यस्थता—है; यह सम्यक्त्व, ज्ञान और चारित्ररूप

---

१. इति यो व्रतरक्षार्थं सततं पालयति सकलशीलानि।
वरयति पतिवरेव स्वयमेव समुत्सुका शिवपद-श्रीः ॥१८०॥

२. पु० सि० १-३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

निश्चय मोक्षमार्ग है। तथा परस्वरूप से जो श्रद्धान, ज्ञान और उपेक्षा है वह उक्त रत्नत्रय-स्वरूप व्यवहार मोक्षमार्ग है, इत्यादि। इस प्रकार से उन्होंने एक मात्र निश्चय का आलम्बन लेकर न तो व्यवहार मोक्षमार्ग को अस्वीकार किया है और न उसे हेय ही कहा है, बल्कि उन्होंने उसे निश्चय मोक्षमार्ग का साधक ही निर्दिष्ट किया है।

इससे निश्चित है कि वस्तुस्वरूप का यथार्थ विचार व निर्णय राग-द्वेष को छोड़ मध्यस्थ रहते हुए अनेकान्तात्मक दृष्टिकोण से ही किया जा सकता है, जो स्व-पर के लिए हितकर होगा। जो आत्महितैषी व्यवहार और निश्चय को यथार्थ रूप से जानकर दुराग्रह से रहित होता हुआ मध्यस्थ रहता है वही देशना के परिपूर्ण फल को प्राप्त करता है।

—(पु० सि० ८)

अमृतचन्द्र सूरि ने अपने 'समयसार-कलश' में यह भी स्पष्ट किया है कि जिनागम द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक अथवा शुद्धनय और अशुद्धनय इन दोनों के विरोध को नष्ट करनेवाला है, वह विवक्षाभेद से वस्तुस्वरूप का निरूपण करता है। वहाँ उसका द्योतक चिह्न (हेतु) 'स्यात्' पद है, उसे स्याद्वाद[1] या कथंचिद्वाद कहा जाता है। उदाहरणस्वरूप उसे शुभोपयोग की उपादेयता और हेयता के रूप में पीछे स्पष्ट भी किया जा चुका है। जो भव्य दर्शनमोहस्वरूप मिथ्यादर्शन से रहित होकर उस जिनागम में रमते हैं—सुरुचिपूर्वक उसका अभ्यास करते हैं—वे ही यथार्थ में नयपक्ष से रहित होते हुए परंज्योतिस्वरूप निर्बाध समयसार को देखते हैं, अर्थात् उसके रहस्य को समझते हैं। आगे व्यवहारनय की कहाँ कितनी उपयोगिता है, इसे भी स्पष्ट करते हुए वहाँ यह कहा गया है कि जो विशेष तत्त्वावबोध से रहित नीचे की अवस्था में स्थित हैं उनके लिए व्यवहारनय हाथ का सहारा देता है—वस्तुस्वरूप के समझने में सहायक होता है। किन्तु जो पर के सम्पर्क से रहित शुद्ध ज्ञान-दर्शनस्वरूप चेतन आत्मा का अभ्यन्तर में अवलोकन करने लगे हैं उनके लिए वह व्यवहार नय निरर्थक हो जाता है।

—(स० कलश ४-५)

इस प्रकार अध्यात्म के मर्मज्ञ होते हुए अमृतचन्द्र सूरि ने जो अनेकान्त को महत्त्व दिया है और तदनुसार ही प्रसंगप्राप्त तत्त्व का विवेचन किया है—उसमें कहीं किसी प्रकार का कदाग्रह नहीं है—उनका वह आदर्श मुमुक्षुओं के लिए ग्राह्य होना चाहिए। आत्मा का हित वीतरागपूर्ण दृष्टि में है, किसी प्रकार की प्रतिष्ठा व प्रलोभन में वह सम्भव नहीं है।

कुन्दकुन्द को व्यवहार का प्रतिषेधक नहीं कहा जा सकता

ऊपर के विवेचन से यह स्पष्ट हो चुका है कि आ० कुन्दकुन्द अध्यात्म प्रधान होकर भी व्यवहार के विरोधी नहीं रहे हैं। यह उनके समयसार के साथ अन्य ग्रन्थों—जैसे पंचास्तिकाय, प्रवचनसार, नियमसार, दर्शनप्राभृत, चारित्रप्राभृत, द्वादशानुप्रेक्षा आदि—के अध्ययन

---

१. स्वयं आचार्य कुन्दकुन्द ने स्याद्वाद के महत्त्व को इस प्रकार से प्रतिष्ठापित किया है—

सिय अत्थि णत्थि उहयं अव्वत्तव्वं पुणो य तत्तिदयं।
दव्वं खु सत्तभंगं आदेसवसेण संभवदि॥ —पंचास्तिकाय, १४

अत्थि त्ति य णत्थि त्ति य हवदि अवत्तव्वमिदि दव्वं।
पज्जएण दु केण वि तदुभयमादिट्ठमण्णं वा॥ —प्र०सा० २-२३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

से सुस्पष्ट है। वे जिन व जिनागम के भक्त रहते हुए पुण्यवर्धक क्रियाओं के विरोधी नहीं रहे हैं। यदि वे पुण्यवर्धक क्रियाओं के विरोधी होते तो प्रायः अपने सभी ग्रन्थों के आदि व अन्त में गुणानुराग से प्रेरित होकर अरहन्त, सिद्ध और नामनिर्देशपूर्वक, विविध तीर्थंकरों को नमस्कार आदि क्यों करते ? पर उन्होंने उनकी भक्तिपूर्वक वन्दना व नमस्कार आदि किया है। प्रवचनसार को प्रारम्भ करते हुए तो उन्होंने वर्धमान, शेष (२३) तीर्थंकर, अरहंत, सिद्ध, गणधर, अध्यापकवर्य (उपाध्याय) और सर्वसाधुओं को नमस्कार किया है। यह उनकी गुणानुरागपूर्ण भक्ति पुण्यवर्धक ही तो है, जो स्वर्गसुख का कारण मानी जाती है।[1]

उन्होंने राग-द्वेष एवं कर्म-फल से अनिलिप्त शुद्ध आत्मा के स्वरूप के अतिरिक्त अन्य पुद्गल आदि द्रव्यों की भी प्ररूपणा की है।[2] उनका पंचास्तिकाय ग्रन्थ तो पूर्णतया द्रव्यों और पदार्थों का ही प्ररूपक है। इसमें उन्होंने उन द्रव्यों और पदार्थों का निरूपण करके अन्त में उस सबका उपसंहार करते हुए यह हार्दिक भावना व्यक्त की है कि **मैंने प्रवचन-भक्ति से प्रेरित होकर मार्गप्रभावना के लिए प्रवचन के सारभूत—द्वादशांगस्वरूप परमागम के रहस्य के प्ररूपक—इस पंचास्तिकायसूत्र को कहा है।**[3]

यहाँ यह ज्ञातव्य है कि आचार्य कुन्दकुन्द के समक्ष कौन-सा प्रवचन रहा है, जिसका गम्भीर अध्ययन करके उन्होंने मार्गप्रभावना के लिए उसके सारभूत प्रकृत पंचास्तिकाय ग्रन्थ को रचा है। षट्खण्डागम में निर्दिष्ट श्रुतज्ञान के ४१ पर्यायनामों में एक प्रवचन भी है (सूत्र ५,५,५०)। धवलाकार ने इस 'प्रवचन' शब्द के अर्थ को स्पष्ट करते हुए पूर्वापर विरोधादि दोषों से रहित निरवद्य अर्थ के प्रतिपादक प्रकृष्ट शब्द-कलाप को प्रवचन कहा है। आगे उन्होंने यहीं पर वर्ण-पंक्तिस्वरूप द्वादशांग श्रुत को व प्रकारान्तर से द्वादशांग भावश्रुत को भी प्रवचन कहा है। इसके पूर्व प्रसंगप्राप्त उसी का अर्थ उन्होंने द्वादशांग और उसमें होनेवाले देशव्रती, महाव्रती और सम्यग्दृष्टि भी किया है।[4] इससे इतना तो स्पष्ट है कि उनके समक्ष द्रव्य-पदार्थों का प्ररूपक कोई महत्त्वपूर्ण आगम ग्रन्थ रहा है, जिसके आधार से उन्होंने भव्य जीवों के हितार्थ पंचास्तिकाय परमागम को रचा है। यह भी सम्भव है कि आचार्यपरम्परा से प्राप्त उक्त द्रव्य-पदार्थ विषयक व्याख्यान के आश्रय से ही उन्होंने उसकी रचना की हो। इससे यह तो स्पष्ट है कि वे आगम-ग्रन्थों के अध्ययन-अध्यापन के विरोधी नहीं रहे हैं।

आचार्य कुन्दकुन्द लोकहितैषी श्रमण रहे हैं। उनकी संसारपरिभ्रमण से पीड़ित प्राणियों को उस दुख से मुक्त कराने की आन्तरिक भावना प्रबल रही है। इसी से उन्होंने अपने समयसार आदि ग्रन्थों में परिग्रह-पाप का प्रबल विरोध किया है। परिग्रह यद्यपि मूर्च्छा या ममत्व भाव को माना गया है, फिर भी जब तक बाह्य परिग्रह का परित्याग नहीं किया जाता है तब तक 'मम इदं' इस प्रकार की ममत्व बुद्धि का छूटना सम्भव नहीं है।[5] सम्भवतः

---

१. अरहंत-सिद्ध-चेदिय-पवयणभत्तो परेण णियमेण।
जो कुणदि तवोकम्मं सो सुरलोगं समादियदि ॥—पंचास्तिकाय १७१

२. जैसे प्रवचनसार २,३५-५२, नियमसार २०-३७ इत्यादि।

३. पंचास्तिकाय १७३ (इसके पूर्व की गाथा १०३ भी देखी जा सकती है)।

४. धवला पु० १३, पृ० २८० व २८३ तथा पु० ८, पृ० ९०

५. प्रवचनसार ३,१९-२०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

भगवान् पार्श्व प्रभु के निर्वाण के पश्चात् श्रमणों में भी परिग्रह के प्रति मोह दिखने लगा था। इससे आ० कुन्दकुन्द ने वस्त्रादि बाह्य परिग्रह के परित्याग पर अत्यधिक जोर दिया है। ऐसा उन्होंने किसी प्रकार के राग-द्वेष के वशीभूत होकर अथवा किसी पक्ष या व्यामोह में पड़कर नहीं किया, बल्कि उस बाह्य परिग्रह को मोक्षमार्ग में बाधक जानकर ही उन्होंने उसका प्रबल विरोध किया है।

'दर्शनप्राभृत' में उन्होंने यह स्पष्ट कहा है कि सम्यक्त्व से ज्ञान (सम्यग्ज्ञान), ज्ञान से पदार्थों की उपलब्धि और उससे सेव्य-असेव्य का परिज्ञान होता है तथा जो सेव्य-असेव्य को जानता है वह दुःशीलता—असेव्य के सेवनरूप दुराचरण को—छोड़कर व्रत-संयमादि के संरक्षणरूप शील से विभूषित हो जाता है, जिस के फल से उसे अभ्युदय—परलोक में स्वर्गादि सुख—और तत्पश्चात् निर्वाण (शाश्वतिक मोक्षसुख) प्राप्त हो जाता है।[1]

आगे उन्होंने यहीं पर यह भी स्पष्ट किया है कि जो छह द्रव्यों, नौ पदार्थों, पाँच अस्तिकायों और सात तत्त्वों के स्वरूप का श्रद्धान करता है उसे सम्यग्दृष्टि जानना चाहिए। जिनेन्द्रदेव ने जीवादि के श्रद्धान को व्यवहार सम्यक्त्व और आत्मश्रद्धान को निश्चय सम्यक्त्व कहा है। इस प्रकार जिनोपदिष्ट सम्यग्दर्शनरूप रत्नत्रय को जो भाव से धारण करता है वह मोक्ष के सोपानस्वरूप उस रत्नत्रय में सारभूत सम्यक्त्वरूप प्रथम सोपान पर आरूढ़ हो जाता है। जो शक्य है उसका आचरण करना चाहिए, पर जो शक्य नहीं है उसका श्रद्धान करना चाहिए। इस प्रकार से श्रद्धान करने वाले जीव के केवली जिनदेव ने सम्यक्त्व कहा है।[2]

चरित्रप्राभृत में उन्होंने सागार अथवा गृहस्थ के दर्शनिक, व्रतिक आदि ग्यारह स्थानों (प्रतिमाओं) का निर्देश करते हुए बारह भेदस्वरूप संयमाचरण का—श्रावक के व्रतों का निरूपण किया है।[3]

द्वादशानुप्रेक्षा में भी उन्होंने धर्मानुप्रेक्षा के प्रसंग में सागारधर्म और अनगारधर्म दोनों का प्रतिपादन किया है।[4]

इस सारी स्थिति को देखते हुए क्या यह कल्पना की जा सकती है कि आ. कुन्दकुन्द व्यवहार मार्ग के विरोधी रहे हैं? कदापि नहीं। उन्होंने समयसार में जो व्यवहार मार्ग का विरोध किया है वहाँ परिग्रह में उत्तरोत्तर बढ़ती हुई प्राणियों की आसक्ति को देखकर ही वैसा विवेचन किया है, अन्यथा वे अपने अन्य ग्रन्थों में व्यवहार सम्यक्त्व-चारित्र आदि की चर्चा नहीं कर सकते थे। वे अरहन्त आदि के स्वयं भी कितने भक्त रहे हैं, यह भी उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है।

उपसंहार

उपर्युक्त विवेचन वस्तुस्थिति का परिचायक है। उसे समझकर जो महानुभाव यथार्थ में

---

१. दर्शनप्राभृत १५-१६.
२. दर्शनप्राभृत १९-२२
३. चारित्रप्राभृत २१-३७
४. द्वादशानुप्रेक्षा ६८-८२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

स्व-पर कल्याण के इच्छुक हैं उन्हें किसी प्रकार की प्रतिष्ठा या प्रलोभन में न पड़कर एक मात्र समयसार के अध्ययन से आत्मकल्याण होने वाला है, इस कदाग्रह को छोड़कर आ० कुन्दकुन्द के पंचास्तिकाय व प्रवचनसार आदि अन्य ग्रन्थों के भी अध्ययन की प्रेरणा करना चाहिए। इसके अतिरिक्त तत्त्वार्थसूत्र, मूलाचार, इष्टोपदेश, समाधिशतक और पुरुषार्थ-सिद्ध्युपाय आदि ग्रन्थों का स्वाध्याय करना भी हितकर होगा। समयसार उच्चकोटि का अध्यात्म ग्रन्थ है, इसका कोई भी बुद्धिमान् विषेध नहीं कर सकता है। पर उसमें किस दृष्टि से तत्त्व का विवेचन किया गया है, इसे समझ लेना आवश्यक है, अन्यथा दिग्भ्रम हो सकता है। इसके लिए यथायोग्य अन्य ग्रन्थों का स्वाध्याय भी अपेक्षित है। जीव का अन्तिम लक्ष्य कर्म बन्धन से मुक्ति पाना ही होना चाहिए। बाह्य व्रत-संयमादि का विधान उसी की पूर्ति के लिए किया गया है।

अन्तिम निवेदन

जिस षट्खण्डागम से सम्बद्ध यह परिशीलन लिखा गया है उसका सम्पादन-प्रकाशन कार्य स्व० डॉ० हीरालाल जी के तत्त्वावधान में सन् १९३८ में प्रारम्भ होकर १९५८ तक लगभग बीस वर्ष चला। उसके अन्तिम अर्थात् छठे खण्ड महाबन्ध को छोड़ पूर्व के पाँच खण्ड धवला टीका और हिन्दी अनुवाद के साथ 'सेठ शिताबराय लक्ष्मीचन्द जैन साहित्योद्धारक फण्ड कार्यालय' से प्रकाशित हुए हैं। उनमें प्रारम्भ के तीन भाग पं० फूलचन्द्र जी सिद्धान्तशास्त्री और पं० हीरालाल जी सिद्धान्तशास्त्री के सहयोग से सम्पादित होकर प्रकाशित हुए हैं। आगे के चौथा और पाँचवाँ ये दो भाग पं० हीरालाल जी शास्त्री के सहयोग से सम्पादित हुए हैं। छठा भाग चल ही रहा था कि पं० हीरालाल जी का सहयोग नहीं रहा। तब डॉ० हीरालाल जी ने उसके आगे के कार्य को चालू रखने के लिए मुझसे अनुरोध किया। उस समय की परिस्थिति को देखकर मैंने उसके सम्बन्ध में अपेक्षित कुछ विशेष ऊहापोह न करते हुए उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया। यह स्मरणीय है कि उस समय मैं अमरावती में रहता हुआ धवला कार्यालय में बैठकर डॉ० हीरालाल जी के तत्त्वावधान में जैन संस्कृति-संरक्षक संघ, सोलापुर की ओर से तिलोयपण्णत्ती का कार्य कर रहा था। इस प्रकार डॉ० सा० के अनुरोध को स्वीकार कर मैं षट्खण्डागम के आगे के कार्य को सम्पन्न कराने में लग गया। तदनुसार मेरा सम्बन्ध षट्खण्डागम के अधूरे छठे भाग से जुड़कर उसके अन्तिम सोलहवें भाग तक बना रहा। बीच में यथासम्भव पं० फूलचन्द जी सिद्धान्तशास्त्री का भी सहयोग उपलब्ध होता रहा है।

अन्तिम भाग प्रकाशित करते हुए डॉ० हीरालाल जी की तब यह इच्छा रही आयी कि वर्तमान ग्रन्थ की ताड़पत्रीय प्रतियों के जो फोटो उपलब्ध हैं उनसे सम्पूर्ण ग्रन्थ का मिलान कर पाठभेदों को अंकित कर दिया जाय। पूर्व के प्रत्येक भाग की प्रस्तावना में जो कुछ विचार किया गया है तथा परिशिष्टों में जो सामग्री दी गई है उस सबको अपेक्षित संशोधन के साथ संकलित कर इस भाग में दे दिया जाय। दिगम्बर, श्वेताम्बर एवं अन्य बौद्धादि सम्प्रदायगत कर्म से सम्बद्ध साहित्य के साथ तुलनात्मक दृष्टि से विचार कर उसे भी इस भाग में समाविष्ट कर दिया जाय। पर उनका स्वास्थ्य उस समय गिर रहा था व इस प्रकार के कठोर परिश्रम योग्य वह नहीं था। इससे उन्होंने उस अन्तिम भाग को अधिक समय तक रोक रखना उचित

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

न समझ उसे प्रकाशित करा दिया। फिर भी उनकी वह सदिच्छा बनी रही। तब उन्होंने यह भी विचार किया कि उपर्युक्त अपेक्षित सारी सामग्री को यथावकाश तैयार कर उसे एक स्वतन्त्र जिल्द में समाविष्ट करके प्रकाशित करा दिया जाय। अपनी इस मनोगत भावना को उन्होंने अन्तिम भाग के 'सम्पादकीय' में व्यक्त भी किया है।

किन्तु उनके स्वास्थ्य में यथेष्ठ सुधार नहीं हुआ। इसके अतिरिक्त जिन अन्य कार्यों का उत्तरदायित्व उनके ऊपर रहा उन्हें भी पूरा करना आवश्यक था। ऐसी परिस्थिति में वे अपनी उस मनोगत भावना को चरितार्थ नहीं कर सके। अन्ततः सन् १९७३ में उनका दुखद स्वर्ग-वास हो गया।

इधर मैं भी हस्तगत कुछ अन्य कार्यों में, विशेषकर 'जैन लक्षणावली' के कार्य में, व्यस्त था। इच्छा रखते हुए भी तब मैं उस कार्य को हाथ में नहीं ले सका। पश्चात् 'जैन लक्षणावली' के कार्य से अवकाश मिलने पर, मैंने सोचा कि अपनी योग्यता के अनुसार यदि मैं स्व० डॉ० सा० की उस सदिच्छा को कुछ अंश में पूर्ण कर सकता हूँ तो क्यों न उसके लिए कुछ प्रयत्न किया जाय। तदनुसार मैंने उसके लिए एक योजना बनाई व स्वास्थ्य की जितनी कुछ अनुकूलता रही, उस कार्य को प्रारम्भ कर दिया। इस प्रकार यथासम्भव उस कार्य को करते हुए उसे इस रूप में सम्पन्न किया है।

स्व० डॉ० सा० की जो एक यह इच्छा रही है कि ग्रन्थ की ताड़पत्रीय प्रतियों से मिलान कर पाठभेदों को अंकित कर दिया जाय, उस सम्बन्ध में यह स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि 'जैन संस्कृति संरक्षक संघ, सोलापुर' में रहते हुए मैंने उपलब्ध एक प्रति के फोटो पर से, स्व० चन्द्रराजय्या शास्त्री के साथ, मिलान करके लगभग प्रकाशित दस भागों के पाठ-भेदों को संकलित कर लिया था, जिनका उपयोग अलभ्य भागों की द्वितीय आवृत्ति में हो रहा है। चन्द्रराजय्या शास्त्री पुरानी कानडी लिपि से अच्छे परिचित थे। उनको ग्रन्थ के वाचन में कुछ भी कठिनाई नहीं हुई।

ख्यातिप्राप्त विद्वान् स्व० डॉ० हीरालाल जी पाश्चात्य प्रणाली आदि से अधिक परिचित रहे हैं। इससे वे उसे जिस रूप में प्रस्तुत करना चाहते थे उस रूप में उसे प्रस्तुत करना मेरे लिए शक्य नहीं रहा। कारण स्पष्ट है कि मेरी उस प्रकार की योग्यता नहीं रही है। फिर भी उस ओर मेरी रुचि और लगन रही है तथा ग्रन्थ से भी कुछ परिचित था। इससे मेरा उसके लिए कुछ प्रयत्न रहा है। इस प्रकार डॉ० सा० के द्वारा निर्धारित विषयों में से जिन्हें मैं प्रस्तुत कर सकता था उन्हें इसमें समाविष्ट किया है। इस दुष्कर कार्य में मैं कहाँ तक सफल हो सका हूँ तथा वह कुछ उपयोगी भी हो सका है या नहीं, इसका निर्णय तो विज्ञ पाठक ही कर सकेंगे। मेरी तो ग्रन्थ से कुछ संलग्नता रहने तथा स्व० डॉ० सा० की उपर्युक्त सद्भावना की ओर ध्यान बना रहने से मैंने यथासम्भव उसे सम्पन्न करने का प्रयत्न किया है। मेरा तो सहृदय पाठकों से यही अनुरोध है कि अपने उत्तरोत्तर गिरते हुए स्वास्थ्य और स्मृतिभ्रंश की स्थिति में मुझसे इसमें अनेक भूलें हो सकती हैं तथा उसके लिए अपेक्षित कितने ही ग्रन्थ मुझे यहाँ सुलभ नहीं हुए हैं, इससे विद्वान् पाठक उन्हें सुधार लेने का अनुग्रह करें।

आभार

प्रस्तुत 'षट्खण्डागम-परिशीलन' को प्रारम्भ करते हुए मैंने जो उसकी योजना बनायी

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

थी उसे सम्मत्यर्थ सिद्धान्ताचार्य पं० कैलाशचन्द्र जी शास्त्री के पास भेजी थी। पण्डित जी ने उसे उत्तम बताकर कुछ सुझावों के साथ अपनी सम्मति देते हुए इस कार्य के लिए मुझे प्रोत्साहित किया है। इस ग्रन्थ के लिए उनके प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूँ। विद्यावारिधि डॉ० ज्योतिप्रसाद जी से मैंने इसके विषय में अँग्रेजी में अपना वक्तव्य लिख देने का अनुरोध किया था, जिसे स्वीकार कर उन्होंने उसे 'प्रधान सम्पादकीय' के रूप में दे दिया है। इस अनुग्रह के लिए मैं उनका विशेष आभार मानता हूँ। पं० गोपीलाल जी 'अमर' ने ग्रन्थ के सम्पादन प्रकाशन से सम्बन्धित कुछ सुझाव दिये थे। इसके लिए मैं उन्हें साधुवाद देता हूँ। मेरी कनिष्ठ पुत्रवधू सौ० अंजना एम०ए० ग्रन्थ की पाण्डुलिपि आदि के करने में सहायता करती रही है इसके लिए मैं उसके भावी उज्ज्वल उत्कर्ष की ही अपेक्षा करता हूँ।

भारतीय ज्ञानपीठ के अध्यक्ष श्रीमान् साहू श्रेयांसप्रसाद जी और मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीमान् साहू अशोककुमार जी ने बहुव्ययसाध्य प्रस्तुत ग्रन्थ को ज्ञानपीठ के अन्तर्गत 'मूर्ति-देवी जैन ग्रन्थमाला' के प्रकाशन कार्यक्रम में स्वीकार कर उसे प्रकाशित करा दिया है। इस अनुग्रह के लिए मैं उनका अतिशय कृतज्ञ हूँ। इसमें पूरा सहकार ज्ञानपीठ के भूतपूर्व निदेशक व वर्तमान में सलाहकार बाबू लक्ष्मीचन्द्र जी जैन तथा वर्तमान निदेशक श्री बिशन टंडन जी का रहा है। इसके लिए मैं आप दोनों महानुभावों का हृदय से आभार मानता हूँ।

स्व० साहू शान्ति प्रसाद जी और उनकी सुयोग्य पत्नी धर्मवत्सला स्व० रमारानी द्वारा देश-विदेश में प्रतिष्ठाप्राप्त 'भारतीय ज्ञानपीठ' जैसी जिस लोकोपकारक संस्था को स्थापित किया गया है उसके द्वारा चालू अपूर्व कार्य, विशेषकर साहित्यिक, चिरस्मरणीय रहने वाला है। उत्तम साहित्यसृजेताओं को तो उससे पर्याप्त प्रोत्साहन मिला है।

डॉ० गुलाबचन्द्र जी ने प्रस्तुत प्रकाशन को सुरुचिपूर्ण एवं सुन्दर बनाने के लिए जो तन्मय होकर उसके मुद्रण आदि का कार्य कराया है वह सराहनीय है। मैं इसके लिए उन्हें अतिशय धन्यवाद देता हूँ।

इस प्रकार उपर्युक्त सभी महानुभावों की सद्भावना और सहयोग से ही यह गुरुतर कार्य सम्पन्न हुआ है, जिसे सम्पन्न होता हुआ देख मैं अतिशय प्रसन्नता का अनुभव कर रहा हूँ।

हैदराबाद
दीपावली—वीरनिर्वाण सं० २५१३
२ नवम्बर १९८६

—बालचन्द्र शास्त्री

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

विषयानुक्रमणिका

विषय	पृष्ठांक
षट्खण्डागम-पीठिका	१
ग्रन्थनाम और खण्डव्यवस्था	,,
ग्रन्थकार	३
श्रुतपंचमी की प्रसिद्धि	६
अर्थकर्ता	७
ग्रन्थकर्ता	८
उत्तरोत्तर-तन्त्रकर्ता	९
सिद्धान्त का अध्ययन	१०
इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार की विशेषता	१२
अन्यत्र माघनन्दी का उल्लेख	१४
प्राकृत पट्टावली	१५
प्राकृत पट्टावली की विशेषाएँ	१७
अर्हद्बली का शिष्यत्व	१८
धरसेनाचार्य व योनिप्राभृत	१९
ग्रन्थ की भाषा	२१
विवेचन-पद्धति	३४
प्रश्नोत्तर शैली	,,
अनुयोगद्वारों का विभाग	३५
ओघ-आदेश	,,
चूलिका	,,
निक्षेप व नय	३६
सूत्ररचना	३७
चूर्णिसूत्र	३८
विभाषा	३९
कुछ निश्चित शब्दों का प्रयोग	४०
अनेक शब्दों का उपयोग	४२
शब्दों की पुनरावृत्ति	,,

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

मूलग्रन्थगत विषय का परिचय

प्रथम खण्ड : जीवस्थान	४१
१. सत्प्ररूपणा	,,
२. द्रव्यप्रमाणानुगम	४८
३. क्षेत्रानुगम	५०
४. स्पर्शनानुगम	५१
५. कालानुगम	५२
६. अन्तरानुगम	५३
७. भावानुगम	५४
८. अल्पबहुत्वानुगम	५५
जीवस्थान-चूलिका	५५
१. प्रकृतिसमुत्कीर्तन	५६
२. स्थानसमुत्कीर्तन	,,
३. प्रथम दण्डक	५७
४. द्वितीय दण्डक	,,
५. तृतीय दण्डक	,,
६. उत्कृष्ट स्थिति	,,
७. जघन्य स्थिति	५८
८. सम्यक्त्वोत्पत्ति	,,
९. गति-आगति	६०
द्वितीय खण्ड : क्षुद्रकबन्ध	६१
बन्धकसत्त्व	,,
१. एक जीव की अपेक्षा स्वामित्व	६४
२. एक जीव की अपेक्षा कालानुगम	,,
३. एक जीव की अपेक्षा अन्तरानुगम	६५
४. नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय	,,
५. द्रव्यप्रमाणानुम	६६
६. क्षेत्रानुगम	,,
७. स्पर्शनानुगम	६७
८. नाना जीवों की अपेक्षा कालानुगम	६८
९. नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय	,,
१०. भागाभागानुगम	६९
११. अल्पबहुत्वानुगम	७०
महादण्डक (चूलिका)	७१
तृतीय खण्ड : बन्धस्वामित्वविचय	७१
ओघ प्ररूपणा	,,

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

आदेशप्ररूपणा ७२

चतुर्थ खण्ड : वेदना **७२-१०३**

१. कृति अनुयोगद्वार ७३
२. वेदना अनुयोगद्वार ७८
१. वेदना-निक्षेप ७९
२. वेदना-नयविभाषणता ,,
३. वेदनानामविधान ,,
४. वेदनाद्रव्यविधान ८०
चूलिका ८४
५. वेदनाक्षेत्रविधान ८५
६. वेदनाकालविधान ८७
चूलिका १ ८९
चूलिका २ ९०
७. वेदनाभावविधान ९२
चूलिका १ ९४
चूलिका २ ,,
चूलिका ३ ९५
८. वेदनाप्रत्ययविधान ,,
९. वेदनास्वामित्वविधान ९६
१०. वेदनावेदनाविधान ९७
११. वेदनागतिविधान ९९
१२. वेदना-अनन्तरविधान ९८
१३. वेदनासंनिकर्षविधान ९९
१४. वेदनापरिमाणविधान १०१
१५. वेदनाभागविधान १०२
१६. वेदनाअल्पबहुत्व ,,

पंचम खण्ड : वर्गणा **१०३-३५**

१. स्पर्श (३) १०३
२. कर्म (४) १०७
३. प्रकृति (५) १०९
४. बन्धन (६) ११६
१. बन्ध ११७
२. बन्धक १२१
३. बन्धनीय (वर्गणा आदि १-८ अनुयोगद्वार) १२१
वर्गणा अनुयोगद्वार में वर्गणानिक्षेप आदि १६ अनु० १२१

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

वर्गणा के भेद-प्रभेद १२१
(१) वर्गणानिक्षेप १२२
(२) वर्गणानयविभाषणता ११२
वर्गणादि ८ अनुयोगद्वारगत दूसरे वर्गणाद्रव्यसमुदाहार में
वर्गणाप्ररूपणा व वर्गणानिरूपणादि १४ अनुयोगद्वार १२२
वर्गणाप्ररूपणा में एकप्रदेशिक परमाणुपुद्गल-वर्गणादि
२३ वर्गणाओं का निर्देश १२२
दूसरे वर्गणानिरूपणा में भेद व भेदसंघात आदि से उत्पन्न
होने का विचार १२३
वर्गणाध्रुवाध्रुवानुगम आदि शेष १२ अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा
न किये जाने विषयक शंका-समाधान १२३
बाह्य वर्गणा में शरीरिशरीरप्ररूपणा आदि ४ अनुयोगद्वार १२४
(१) शरीरिशरीरप्ररूपणा ,,
(२) शरीरप्ररूपणा १२८
(३) शरीरविस्रसोपचयप्ररूपणा १३१
(४) विस्रसोपचयप्ररूपणा १३२
चूलिका में निगोद जीवों की उत्पत्ति व मरण आदि का विचार १३३

षष्ठ खण्ड : महाबन्ध १३५-४२

१. प्रकृतिबन्ध १३६
२. स्थितिबन्ध १३८
३. अनुभागबन्ध १३९
४. प्रदेशबन्ध १४०

षट्खण्डागम की अन्य ग्रन्थों से तुलना

१. षट्खण्डागम व कषायप्राभृत १४३
दोनों ग्रन्थों में समानता १४४
दोनों ग्रन्थ में विशेषता १४८
२. षट्खण्डागम व मूलाचार १५०
दोनों ग्रन्थगत समानता १५१
उपसंहार १५९
मूलाचार का कर्तृत्व १६०
३. षट्खण्डागम और तत्त्वार्थसूत्र १६१
दोनों में विषयविवेचन की समानता १६२
उपसंहार १८१
४. षट्खण्डागम और कर्मप्रकृति १८३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

विषयप्ररूपणा में शब्दार्थगत समानता १८३
दोनों ग्रन्थगत विशेषता १९४
५. षट्खण्डागम और सर्वार्थसिद्धि १९७
स०सि० में की गयी 'सत्संख्या' आदि सूत्र (१-८) की व्याख्या षट्खण्डागम पर आधारित १९८
अन्य कुछ उदाहरण २०४
उपसंहार २०७
६. षट्खण्डागम और तत्त्वार्थवार्तिक २०८
धवलाकार द्वारा त०वा० का 'तत्त्वार्थभाष्य' के नाम से उल्लेख २०९
त०वा० के कर्ता द्वारा ष०ख० के अन्तर्गत खण्ड व अनुयोगद्वार आदि का उल्लेख ,,
दोनों ग्रन्थगत समानता के कुछ उदाहरण ,,
७. षट्खण्डागम और आचारांग २२०
प्रास्ताविक ,,
दोनों ग्रन्थगत मनःपर्यय और केवलज्ञान विषयक सन्दर्भों की समानता २२१
८. षट्खण्डागम और जीवसमास २२२
प्रास्ताविक ,,
दोनों ग्रन्थगत समानता व विशेषता २२३
उपसंहार २२७
९. षट्खण्डागम और पण्णवणा (प्रज्ञापना) २२८
पण्णवणा का संक्षिप्त परिचय ,,
दोनों ग्रन्थगत समानता २३०
दोनों ग्रन्थगत महादण्डक विषयक समानता और विशेषता २३७
दोनों ग्रन्थगत विशेषता २४१
दोनों ग्रन्थगत प्रश्नोत्तरशैली में विशेषता २४६
षट्खण्डागम और प्रज्ञापना में प्राचीन कौन २४८
उपसंहार २५७
१०. षट्खण्डागम और अनुयोगद्वारसूत्र २६२
अनुयोगद्वार के रचियता व रचनाकाल ,,
अनुयोगद्वार में चर्चित विषय का दिग्दर्शन और उसकी ष०ख० से समानता ,,
दोनों ग्रन्थों की विशेषता २६६
ष०ख० मूल में जिसका स्पष्टीकरण नहीं है अनुयोगद्वार में उसका स्पष्टीकरण किया गया है २६९
ष०ख० की टीका धवला व अनुयोगद्वार २७०
धवला में प्ररूपित विषयों की अनुयोगद्वार के साथ समानता ,,
उपसंहार २७५

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

११. षट्खण्डागम और नन्दिसूत्र २७७
नन्दिसूत्र में मंगलपूर्वक स्थविरावली का क्रमनिर्देश ,,
दोनों ग्रन्थों में प्ररूपित ज्ञानावरणीय और ज्ञानविषयक समानता ,,
अन्य ज्ञातव्य २८३
१२. षट्खण्डागम (धवला) और दि० पंचसंग्रह २८४
पं०सं० का प्रथम प्रकरण जीवसमास व ष०ख० का जीवस्थान खण्ड २८५
धवला में उद्धृत गाथाएँ प्रचुर संख्या में पंचसंग्रह में उपलब्ध ,,
क्या प्रस्तुत पंचसंग्रह धवलाकार के समक्ष रहा है ? २९०
पंचसंग्रह के अन्य प्रकरणों में भी धवला की समानता २९४
विशेषता २९५
विशेष प्ररूपणा २९९
१३. षट्खण्डागम और गोम्मटसार ३००
(१) जीवकाण्ड ३०१
मूलाचार ३१२
तत्त्वार्थवार्तिक ३१३
ग्रन्थान्तर ३१८
बीस प्ररूपणाओं का अन्तर्भाव ३१९
अन्यत्र से ग्रन्थ में आत्मसात् की गयी गाथाओं की अनुक्रमणिका ३२०
(२) कर्मकाण्ड ३२४
उपसंहार ३३६

षट्खण्डागम पर टीकाएँ

१. पद्मनन्दी विरचित परिकर्म ३३७
२. श्यामकुण्डकृत पद्धति ३४०
३. तुम्बुलूराचार्य कृत चूडामणि ,,
४. समन्तभद्र विरचित टीका ३४१
५. बप्पदेव विरचित व्याख्या ३४२
६. आ० वीरसेन विरचित धवला टीका ३४४
विचारणीय समस्या ३४५
आचार्य वीरसेन और उनकी धवला टीका ३४८-६३
गुरु आदि का उल्लेख तथा रचनाकाल ३४८
वीरसेन का व्यक्तित्व ३५०
सिद्धान्तपारिगामिता ,,
ज्योतिर्विदत्व ३५१
गणिज्ञता ३५२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

व्याकरणपटुता ३५४
न्यायनिपुणता ३५८
काव्यप्रतिभा ३६३

धवलागत विषय का परिचय

प्रथम खण्ड : जीवस्थान सत्प्ररूपणा ३६४
मंगल आदि छह अधिकार ३६५
मंगल, मंगलकर्ता आदि अन्य छह अधिकार ३६७
निमित्त का प्रकारान्तर से भी निर्देश ३६७
कर्ता—अर्थकर्ता व ग्रन्थकर्ता ,,
षट्खण्डागम की रचना कैसे हुई ? ३६८
जीवस्थान का अवतार
(आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता व अर्थाधिकार) ३६९
निक्षेप, नय व अनुगम ३७०
भावप्रमाण के ५ भेदों में श्रुतभेद ३७२
जीवस्थानगत चूलिकाओं का उद्गम ३७४
दर्शनविषयक विचार ३७६
उपशामन-क्षपणविधि ३८१
आलाप (बीस प्ररूपणाएँ) ३८५
द्रव्यप्रमाणानुगम (द्रव्यप्रमाण के साथ लोक आदि की प्रासंगिक चर्चा) ३८८
क्षेत्रानुगम में लोकस्थिति का विचार ४०१
स्पर्शनानुगम (आ० वीरसेन द्वारा स्वयम्भूरमण समुद्र के आगे भी
राजु के अर्धच्छेदों के अस्तित्व की सिद्धि) ४०८
कालानुगम (दिन व रात्रि के १५-१५ मुहूर्तों का उल्लेख) ४१२
अन्तरानुगम ४१९
भावानुगम ४२१
अल्पबहुत्वानुगम ४२७
जीवस्थान-चूलिका (प्रकृतिसमुत्कीर्तन आदि नौ चूलिकाएँ) ४२८
(१) प्रकृतिसमुत्कीर्तन ४२९
(२) स्थानसमुत्कीर्तन ४३०
(३-५) तीन दण्डक ,,
(६) उत्कृष्ट स्थिति ४३१
(७) जघन्य स्थिति ४३२
(८) सम्यक्त्वोत्पत्ति ४३३
(९) गति-आगति ४४७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

द्वितीयखण्ड : क्षुद्रकबन्ध ४४७
'बन्धकसत्व' व अन्तिम 'महादण्डक' के साथ 'एक जीव की अपेक्षा स्वामित्व' आदि ११ अनुयोगद्वारों का स्पष्टीकरण ४४७
चूलिका—महादण्डक ४५२

तृतीय खण्ड : बन्धस्वामित्वविचय ,,
बन्धस्वामित्व का उद्गम व उसका स्पष्टीकरण ,,
स्वोदय-परोदयबन्ध आदि विषयक २३ प्रश्न ४५३
तीर्थंकर प्रकृति के बन्धक-अबन्धक ४५५
तीर्थंकर प्रकृति के बन्धक कारण ४५६

चतुर्थ खण्ड : वेदना

१. कृति अनुयोगद्वार ४५८
विस्तृत मंगल के प्रसंग में 'जिन' आदि का विचार ४५९
अर्थकर्ता महावीर के प्रसंग में उनकी द्रव्य-क्षेत्र आदि से प्ररूपणा ४६१
आयुविषयक मतभेद ४६३
ग्रन्थकर्ता गणधर ४६४
दिव्यध्वनि विषयक विचार ४६५
गौतम गणधर
उत्तरोत्तर तन्त्रकर्ता व पूर्वश्रुत से सम्बन्ध ४६७
कृतिविषयक प्ररूपणा के प्रसंग में स्वाध्यायविधि का विशेष विचार ४७१
गणनाकृति के प्रसंग में गणितभेद आदि ४७२
करणकृति का विचार ४७५

२. वेदना अनुयोगद्वार ४७७
(१) वेदना-निक्षेप ,,
(२) वेदनानयविभाषणता ४७८
(३) वेदनानामविधान ,,
(४) वेदनाद्रव्यविधान ,,
पदमीमांसा आदि तीन अनुयोगद्वार ,,
उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट ज्ञानावरण द्रव्यवेदना का स्वामी ४८०
आयु के बिना अन्य छह कर्मों की द्रव्यवेदना ४८१
आयु की उत्कृष्ट द्रव्यवेदना ४८३
ज्ञानावरण आदि की जघन्य-अजघन्य द्रव्यवेदना ४८४
वेदनाद्रव्यविधान से सम्बद्ध चूलिका ,,
योगप्ररूपणा ४८५

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

(५) वेदनाक्षेत्रविधान
पदमीमांसादि तीन अनुयोगद्वार ४८६
क्षेत्र की अपेक्षा ज्ञानावरण की उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट वेदना ,,
वेदनीय की अनुत्कृष्ट एवं ज्ञानावरणीय की जघन्य क्षेत्रवेदना ४८८
(६) वेदनाकालविधान
ज्ञानावरण की उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट कालवेदना ४९०
वेदनाकालविधान से सम्बद्ध चूलिका—१ ,,
स्थितिबन्धस्थान प्ररूपणादि ४ अनुयोगद्वार ,,
वेदनाकालविधान से सम्बद्ध चूलिका—२ ,,
(७) वेदनाभावविधान ४९२
,, ,, चूलिका—१ ४९३
,, ,, चूलिका—२ ४९५
(८) वेदनाप्रत्ययविधान ,,
(९) वेदनास्वामित्वविधान ,,
(१०) वेदनावेदनाविधान ४९६
(११) वेदनागतिविधान ४९७
(१२) वेदनाअन्तरविधान ४९९
(१३) वेदनासंनिकर्षविधान ५००
(१४) वेदनापरिमाणविधान ५०१
(१५) वेदनाभागाभागविधान ५०४
(१६) वेदनाअल्पबहुत्वविधान ५०५

पंचम खण्ड : वर्गणा

१. स्पर्शअनुयोगद्वार (१३ प्रकार के स्पर्श का विवेचन) ५०५
२. कर्मअनुयोगद्वार (१० प्रकार के कर्म का विचार) ५०८
तपःकर्म के प्रसंग में दस प्रकार का प्रायश्चित्त ५०९
तपःकर्म के प्रसंग में चार अधिकारों में ध्यानविषयक विचार ५११
क्रियाकर्म (कृतिकर्म या वन्दना) ५१९
कर्मअनुयोगद्वार में प्रसंगप्राप्त एक शंका का समाधान ५२१
३. प्रकृतिअनुयोगद्वार
मूल-उत्तर प्रकृतियों के प्रसंग में पाँच ज्ञान आदि का विवेचन ५२२
४. बन्धन अनुयोगद्वार
तेईस वर्गणाओं में प्रत्येकशरीर-द्रव्यवर्गणा पर विशेष प्रकाश ५२४
बादरनिगोदवर्गणा ५२६
सूक्ष्मनिगोदवर्गणा ५२७
बाह्यवर्गणा के प्रसंग में चार अनुयोगद्वार—(१) शरीरिशरीर-प्ररूपणा, (२) शरीरप्ररूपणा, (३) शरीरविस्रसोपचय प्ररूपणा और (४) विस्रसोपचयप्ररूपणा ५२९

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

आहारक व तैजस शरीर ५३०

मूल ग्रन्थकार द्वारा अप्ररूपित शेष १८ अनुयोगद्वार ५३२

७. निबन्धन अनुयोगद्वार ५३३
८. प्रक्रम अनुयोगद्वार (प्रसंगप्राप्त चर्चा के साथ प्रक्रमभेद) ५३५
९. उपक्रम अनुयोगद्वार ५३८
उपशामनोपक्रम के प्रसंग में उपशामना के भेद-प्रभेद ५४१
१०. उदयअनुयोगद्वार ५४४
११. मोक्ष अनुयोगद्वार ५४६
१२. संक्रम अनुयोगद्वार ५४६
१३. लेश्याअनुयोगद्वार ५४९
१४. लेश्याकर्म अनुयोगद्वार ५५१
१५. लेश्यापरिणाम अनुयोगद्वार ,,
१६. सात-असात अनुयोगद्वार ५५२
१७. दीर्घ-ह्रस्व अनुयोगद्वार ५५३
१८. भवधारणीय अनुयोगद्वार ,,
२०. निधत्त-अनिधत्त अनुयोगद्वार ५५४
२१. निकाचित-अनिकाचित अनुयोगद्वार ,,
२२. कर्मस्थिति अनुयोगद्वार ५५५
२३. पश्चिमस्कन्ध अनुयोगद्वार ,,
२४. अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार ५५७

संतकम्मपंजिया (सत्कर्मपंजिका)

परिचय ५६१
उत्थानिका ५६२
अर्थविवरण पद्धति ,,
संतकम्मपाहुड ५६३
सैद्धान्तिक ज्ञान ५६५

ग्रन्थोल्लेख

१. आचारांग ५७२
२. उच्चारणा ,,
३. कर्मप्रवाद ५७३
४. करणाणिओगसुत्त ५७४
५. कसायपाहुड ,,
उपसंहार ५८२
मूलकषायप्राभृत ५८३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

६. छेदसुत्त ५८५
७. जीवसमास ५८५
८. जोणिपाहुड ,,
९. णिरयाउबन्धसुत्त ,,
१०. तत्त्वार्थसूत्र ५८६
११. तत्त्वार्थभाष्य ५८७
१२. तिलोयपण्णत्तिसुत्त ,,
१३. परियम्म ५८९
१४. पंचत्थिपाहुड ५९५
१५. पिंडिया ५९६
१६. पेज्जदोसपाहुड ५९६
१७. महाकम्मपयडिपाहुड ,,
१८. मूलतन्त्र ५९८
१९. वियाहपण्णत्तिसुत्त ५९९
२०. सम्मइसुत्त ६००
२१. संतकम्मपयडिपाहुड ६०३
२२. संतकम्मपाहुड ६०५
२३. सारसंग्रह ,,
२४. सिद्धिविनिश्चय ६०६
२५. सुत्तपोत्थय ,,

षट्खण्डागम के अन्तर्गत खण्ड व अनुयोगद्वार आदि अनिर्दिष्टनाम ग्रन्थ

१. अनुयोगद्वार ६०९
२. आचारांगनिर्युक्ति ६१०
३. आप्तमीमांसा ६१२
४. आवश्यकनिर्युक्ति ६१३
५. उत्तराध्ययन ६१४
६. कसायपाहुड ,,
७. गोम्मटसार ,,
८. चारित्रप्राभृत ,,
९. जंबूदीवपण्णत्तिसंगहो ,,
१०. जीवसमास ६१५
११. तत्त्वार्थवार्तिक ,,
१२. तत्त्वार्थसूत्र ६१६
१३. तिलोयपण्णत्त ,,
१४. दशवैकालिकी ६२६
१५. धनंजयनाममाला ६२९

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

१६. ध्यानशतक ६२६
१७. नन्दिसूत्र ६३४
१८. पंचास्तिकाय ,,
१९. प्रज्ञापना ,,
२०. प्रमाणवार्तिक ,,
२१. प्रवचनसार ,,
२२. भगवतीआराधना ६३५
२३. भावप्राभृत ६३७
२४. मूलाचार ,,
२५. युक्त्यनुशासन ६३९
२६. लघीयस्त्रय ६३९
२७. लोकविभाग ,,
२८. विशेषावश्यकभाष्य ६४१
२९. सन्मतिसूत्र ६४२
३०. सर्वार्थसिद्धि ,,
३१. सौन्दरानन्दमहाकाव्य ६४३
३२. स्थानांग ,,
३३. स्वयम्भूस्तोत्र ,,
३४. हरिवंशपुराण ६४४

ग्रन्थकारोल्लेख

१. आर्यनन्दी ६४६
२. आर्यमंक्षु और नागहस्ती ६४७
३. उच्चारणाचार्य ६५५
४. एलाचार्य ६५६
५. गिद्धपिच्छाइरिय (गृद्धपिच्छाचार्य) ,,
६. गुणधरभट्टारक ६६८
७. गौतमस्वामी ६७४
८. धरसेनाचार्य ६७६
९. नागहस्ती क्षमाश्रमण ,,
१०. निक्षेपाचार्य ,,
११. पुष्पदन्त ,,
१२. पूज्यपाद ६८१
१३. प्रभाचन्द्र ६८५
१४. भूतबलि ,,
१५. महावचक क्षमाश्रमण ,,
१६. यतिवृषभ ६८६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

१७. व्याख्यानाचार्य ६८७
१८. आचार्य समन्तभद्र ६८८
१९. सूत्राचार्य ६९६
२०. सेचीय व्याख्यानाचार्य ६९७

वीरसेनाचार्य की व्याख्यान-पद्धति

वीरसेनाचार्य की प्रामाणिकता ६९८
सूत्र-प्रतिष्ठा (पुनरुक्ति दोष का निराकरण) ७००
सूत्र-सूचित विषय की अप्ररूपणा ७०३
सूत्र-विरुद्ध व्याख्यान का निषेध ७०७
परस्पर-विरुद्ध सूत्रों के सद्भाव में धवलाकार का दृष्टिकोण ७०९
सूत्र के अभाव में आचार्य-परम्परागत उपदेश व गुरु के उपदेश को महत्त्व ७१७
आचार्य-परम्परागत उपदेश और गुरूपदेश (तालिका) ७२२
सूत्राभाव ७२३
दक्षिण-उत्तर प्रतिपत्ति व पवाइज्जंत-अपवाइज्जंत उपदेश ७२४
स्वतन्त्र अभिप्राय ७२७
देशामर्शकसूत्र आदि ७३४
सूत्र-असूत्र-विचार ७३७
उपदेश के अभाव में प्रसंगप्राप्त विषय की अप्ररूपणा ७४०
उपदेश प्राप्त कर जान लेने की प्रेरणा ७४१

अवतरण-वाक्य

अनुक्रमणिका ७४३-७७०

परिशिष्ट

परिशिष्ट १
(विषयपरिचायक तालिका)
(१) कर्मप्रकृतियां और उनकी उत्कृष्ट-जघन्य स्थिति आदि ७७१
(२) नरकादि गतियों में सम्यक्त्वोत्पत्ति के बाह्य कारण ७७६
(३) चारों गतियों में गुणस्थान विशेष से सम्बन्धित प्रवेश और निर्गमन ७७७
(४) कौन जीव किस गति से किस गति में जाता-आता है ७७८
(५) ज्ञानादिगुणोत्पादन तालिका ७८०
(६) बन्धोदय तालिका ७८१
(७) कर्मबन्धकप्रत्यय तालिका ७८४

परिशिष्ट-२
मूल षट्खण्डागम के अन्तर्गत गाथासूत्र ७८५

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

परिशिष्ट-३
षट्खण्डागम मूलगत पारिभाषिक शब्दानुक्रमणिका ७८८
परिशिष्ट-४
ज्ञानावरणादि के बन्धक प्रत्यय ८३९
परिशिष्ट-५
धवलान्तर्गत ऐतिहासिक नाम ८४०
परिशिष्ट-६
भौगोलिक शब्द ८४५
परिशिष्ट-७
षट्खण्डागम सूत्र व धवला टीका के सोलहों भागों की सम्मिलित पारिभाषिक शब्द-सूची ८४७
षट्खण्डागम-परिशीलन में प्रयुक्त ग्रन्थों की सूची ९०९
शुद्धि-पत्र ९१३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

षट्खण्डागम : पीठिका

ग्रन्थ-नाम और खण्ड-व्यवस्था

आचार्य पुष्पदन्त व भूतबलि विरचित प्रस्तुत पसगम का क्या नाम रहा है, इसका संकेत कहीं मूलसूत्रों में दृष्टिगोचर नहीं होता। आचार्य वीरसेन ने अपनी महत्त्वपूर्ण धवला टीका में उसे खण्ड-सिद्धान्त कहकर उसके छह खण्डों में प्रथम खण्ड का उल्लेख 'जीवट्ठाण' (जीवस्थान) के नाम से किया है। पर वे छह खण्ड कौन-से हैं, इसकी सूचना वहां उन्होंने कहीं नहीं की है।[1] यहीं पर आगे चलकर पुनः यह कहा गया है कि आचार्य भूतबलि ने धरसेनाचार्य भट्टारक के द्वारा समस्त **महाकर्मप्रकृतिप्राभृत** का उपसंहार कर श्रुत-नदी प्रवाह के विच्छेद के भय से उसके छह खण्ड किये।[2] वे छह खण्ड कौन हैं, इसका कुछ संकेत उन्होंने यहाँ भी नहीं किया है।

'खण्डसिद्धान्त' कहने का अभिप्राय उनका यह दिखता है कि जीवस्थानादि छह खण्डों में विभक्त प्रस्तुत ग्रन्थ पूर्ण ग्रन्थ तो नहीं है, वह 'महाकर्मप्रकृतिप्राभृत' के उपसंहार स्वरूप उसका कुछ ही अंश है।[3] इस परिस्थिति में उसे खण्डसिद्धान्त ही कहा जा सकता है। इस 'खण्ड-सिद्धान्त' का उल्लेख उन्होंने तीन स्थानों पर किया है—प्रथम 'जीवस्थान' के प्रसंग में, दूसरा शंका के रूप में 'वेदना'खण्ड में,[4] और तीसरा 'वर्गणा'खण्ड में।[5]

यहाँ यह भी स्मरणीय है कि प्रस्तुत षट्खण्डागम में उक्त महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के २४ अनुयोगद्वारों में केवल कृति, वेदना, स्पर्श, कर्म, प्रकृति और बन्धन इन प्रारम्भ के छह अनु-

---

१. णामं जीवट्ठाणमिदि।—धवला, पु० १, पृ० ६०।
इदं पुण 'जीवट्ठाणं' खंडसिद्धंतं पडु च पुव्वाणुपुव्वीए ट्ठिदं छण्हं खंडाणं पढमखंडं जीव-ट्ठाणमिदि।—धवला पु० १, पृ० ७४

२. ...तेण वि गिरिणयर-चंदगुहाए भूतबलि-पुप्फदंताणं महाकम्मपयडिपाहुडं सयलं समप्पिदं। तदो भूतबलिभडारएण सुद-णईपवाह-वोच्छेदभीएण भवियलोगाणुग्गहट्ठं महाकम्मपयडिपाहुडमुवसंहरिऊण छखंडाणि कयाणि।—धवला पु० ९, पृ० १३३

३. धवला पु० १, पृ० ६० एवं ७४

४. कदि-पास-कम्म-पयडिअणियोगद्दाराणि वि एत्थ परूविदाणि, तेसिं खंडगंथसण्णमकाऊण तिण्णि चेव खंडाणि त्ति किमट्ठं उच्चदे? ण, तेसिं पहाणाभावादो।—धवला पु० ९, पृ० १०५-६

५. एदं खंडगंथमज्झप्पविसयं पडुच्च कम्मफासेण पयदमिदि भणिदं। महाकम्मपयडिपाहुडे पुण दव्वफासेण सव्वफासेण कम्मफासेण पयदमिदि।—धवला पु० १३, पृ० ३६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

योगद्वारों की ही प्ररूपणा की गई है। शेष अठारह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा धवला में स्वयं वीरसेनाचार्य ने की है। उन छह अनुयोगद्वारों में भी कृति और वेदना इन दो अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा 'वेदना' खण्ड में, तथा स्पर्श, कर्म, प्रकृति और बन्धन इन चार अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा 'वर्गणा' खण्ड में की गयी है।[1]

विशेष इतना है कि उक्त छह अनुयोगद्वारों में छठा 'बन्धन' अनुयोगद्वार बन्ध, बन्धनीय, बन्धक और बन्धविधान के भेद से चार प्रकार का है। उनमें बन्ध और बन्धनीय (वर्गणा) इन दो की प्ररूपणा पूर्वोक्त स्पर्शादि के साथ वर्गणा खण्ड (पु० १३ व १४) में की गयी है, तथा बन्धक की प्ररूपणा दूसरे खण्ड 'क्षुद्रकबन्ध' (खुद्दाबंध) में की गयी है। अब जो शेष बन्धविधान रह जाता है उसके विषय में धवलाकार ने 'वर्गणा' खण्ड के अन्त में यह संकेत कर दिया है कि बन्धविधान प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशबन्ध के भेद से चार प्रकार का है। उन चारों की प्ररूपणा भूतबलि भट्टारक ने 'महाबन्ध' (छठा खण्ड) में विस्तार से की है इसलिए उसे हम यहाँ नहीं लिखते हैं। इससे समस्त महाबन्ध की यहाँ प्ररूपणा करने पर बन्धविधान समाप्त होता है।[2]

वेदनाखण्ड के प्रारम्भ में (पु० ९) **णमोजिणाणं** आदि ४४ सूत्रों के द्वारा जो विस्तृत मंगल किया गया है, उसके विषय में धवला में यह शंका उठाई गयी है कि आगे कहे जाने वाले तीन खण्डों में यह किस खण्ड-का मंगल है? इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि वह उन तीनों खण्डों का मंगल है। इसका कारण यह है कि आगे वर्गणा और महाबन्ध खण्डों के प्रारम्भ मे कोई मंगल नहीं किया गया और मंगल के बिना भूतबलि भट्टारक ग्रन्थ को प्रारम्भ करते नहीं हैं, क्योंकि वैसा करने से उनके अनाचार्यत्व का प्रसंग प्राप्त होता है।[3]

धवलाकार के इस शंका-समाधान से **महाकर्मप्रकृतिप्राभृत** के, जिसका दूसरा नाम **वेदना-कृत्स्नप्राभृत** भी है,[4] उपसंहार स्वरूप प्रस्तुत परमागम के अन्तर्गत वेदना, वर्गणा और महा-बन्ध इन तीन खण्डों की सूचना मिलती है। फिर भी क्षुद्रकबन्ध और बन्धस्वामित्वविचय इन दो खण्डों का नाम ज्ञातव्य ही रह जाता है। जीवस्थान का नाम सत्प्ररूपणा में पहले ही निर्दिष्ट किया जा चुका है—**जीवाणं ट्ठाणवण्णणादो जीवट्ठाणमिदि गोण्णपदं** (पु० १, पृ० ७९)।

---

१. धवला पु० ९ (कृति), पु० १०-१२ (वेदना), पु० १३ (स्पर्शादि ३) व पु० १४ (बन्ध, बन्धक, बन्धनीय)

२. जं तं बंधविहाणं तं चउव्विहं—पयडिबंधो, ट्ठिदिबंधो, अणुभागबंधो, पदेसबंधो चेदि (सूत्र ७९७)। एदेसि चदुण्हं बंधाणं विहाणं भूदबलिभडारएण महाबंधे सप्पवंचेण लिहिदं ति अम्हेहि एत्थ ण लिहिदं। तदो सयले महाबंधे एत्थ परूविदे बंधविहाणं समप्पदि। धवला पु० १४, पृ० ५६४

३. उवरि उच्चमाणेसु तिसु खंडेसु कस्सेदं मंगलं? तिण्णं खण्डाणं। कुदो? वग्गणा-महाबंधाणमादीए मंगलाकरणादो। ण च मंगलेण विणा भूदबलिभडारओ गंथस्स पारंभदि, तस्स अणा इरियत्तप्प संगादो।—धवला पु० ९, पृ १०५

४. वेयणकसिणपाहुडे त्ति वि तस्स विदियं णाममत्थि। वेयणा कम्माणमुदयो, तं कसिणं णिरवसेसं वण्णेदि, अदो वेयण कसिणपाहुडमिदि एदमवि गुणणाममेव। धवला पु० १, पृ० १२४-२५; पीछे पृ० ७४ भी द्रष्टव्य है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

जैसा कि आप आगे 'ग्रन्थोल्लेख' के प्रसंग में देखेंगे, यद्यपि उक्त क्षुद्रकबन्ध और बन्धस्वामित्वविचय का उल्लेख धवला में अनेक बार किया गया है, पर वह कहीं भी खण्ड के रूप में नहीं किया गया है।

इस प्रकार यद्यपि मूलग्रन्थ और उसकी धवला टीका में स्पष्ट रूप से पूरे छह खण्डों के नामों का उल्लेख नहीं देखा जाता है, फिर भी उसके अन्तर्गत उन छह खण्डों के नाम इन्द्रनन्दिश्रुतावतार में इस प्रकार उपलब्ध होते हैं—प्रथम जीवस्थान, दूसरा क्षुल्लकबन्ध, तीसरा बन्धस्वामित्व, चौथा वेदना, पाँचवाँ वर्गणाखण्ड[1] और छठा महाबन्ध।[2]

इस सबको दृष्टि में रखते हुए 'सेठ शिताबराय लक्ष्मीचन्द जैन साहित्योद्धारक फण्ड कार्यालय' से प्रस्तुत परमागम के 'महाबन्ध' खण्ड को छोड़कर शेष पाँच खण्डों को १६ भागों में धवला टीका के साथ 'षट्खण्डागम' के नाम से प्रकाशित किया गया है। छठा खण्ड महाबन्ध ७ भागों में 'भारतीय ज्ञानपीठ' द्वारा प्रकाशित हुआ है।

इसके अतिरिक्त मूल ग्रन्थ भी हिन्दी अनुवाद के साथ 'आ० शा० जि० जीर्णोद्धार संस्था' फलटण से प्रकाशित हो चुका है।

४. असंयतसम्यग्दृष्टि	,,
५. संयतासंयत	,,
६. प्रमत्तसंयत	५९३९८२०६
७. अप्रमत्तसंयत	२९६९९१०३
८. अपूर्वकरण	८९७
९. अनिवृत्तिकरण	८९७
१०. सूक्ष्मसाम्पराय	८९७
११. उपशान्तमोह	२९९
१२. क्षीणमोह	५९८
१३. सयोगिकेवली	८९८५०२
१४. अयोगिकेवली	५९८

ओघप्ररूपणा के पश्चात् आदेशप्ररूपणा में क्रम से गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं में जहाँ जो गुणस्थान सम्भव हैं उनमें वर्तमान मिथ्यादृष्टि आदि जीवों के द्रव्यप्रमाण की प्ररूपणा इसी पद्धति से की गई है (१५-१९२)। इस प्रकार यह अनुयोगद्वार १९२ सूत्रों में समाप्त हुआ है। वह उक्त १६ जिल्दों में से तीसरी जिल्द में प्रकाशित हुआ है।

३. क्षेत्रानुगम

उपर्युक्त आठ अनुयोगद्वारों में यह तीसरा है। इसमें समस्त सूत्र ९२ हैं। क्षेत्र से यहाँ आकाश अभिप्रेत है। वह दो प्रकार का है—लोकाकाश और अलोकाकाश। जहाँ तक जीवादि पाँच द्रव्य अवस्थित हैं उतने आकाश का नाम लोकाकाश है। इस लोकाकाश के सब और उन जीवादि द्रव्यों से रहित शुद्ध अनन्त अलोकाकाश है। प्रकृत में लोकाकाश विवक्षित है।

कौन जीव कितने लोकाकाश में रहते हैं, इसका बोध कराना इस अनुयोगद्वार का प्रयोजन है। पूर्वोक्त द्रव्य-प्रमाणानुगम के समान इस क्षेत्रानुगम में प्रकृत क्षेत्र की प्ररूपणा भी प्रथमतः ओघ अर्थात् मार्गणानिरपेक्ष के गुणस्थान के आधार से की गई है और तत्पश्चात् गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं के आश्रय से उन में यथासम्भव गुणस्थानों को लक्ष्य करके उस क्षेत्र की प्ररूपणा की गई है।

उनमें ओघ की अपेक्षा क्षेत्र की प्ररूपणा करते हुए मिथ्यादृष्टि जीवों का क्षेत्र समस्त लोक तथा आगे के सासादनसम्यग्दृष्टि आदि अयोगिकेवली पर्यन्त प्रत्येक गुणस्थानवर्ती जीवों का क्षेत्र लोक का असंख्यातवाँ भाग कहा गया है (सूत्र २-३)। लोक से यहाँ ३४३ घनराजु प्रमाण लोक की विवक्षा रही है। यहाँ सूत्र (३) में जो सामान्य से सासादनसम्यग्दृष्टि आदि अयोगिकेवली पर्यन्त ऐसा कहा गया है उसमें यद्यपि सयोगिकेवली भी आ जाते हैं, पर उनके क्षेत्र में 'लोक के असंख्यातवें भाग से' विशेषता है, अतएव उसे स्पष्ट करने के लिए अपवाद

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

रूप से रचित अगले सूत्र (४) में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि सयोगिकेवली लोक के असंख्यातवें भाग में, लोक के असंख्यात बहुभागों में, अथवा सब ही लोक में रहते हैं। इसमें जो उनका लोक का असंख्यातवाँ भाग क्षेत्र कहा गया है वह दण्ड और कपाट समुद्घातगत केवलियों की अपेक्षा कहा गया है। प्रतरसमुद्घातगत केवलियों का क्षेत्र जो लोक के असंख्यात बहुभाग प्रमाण कहा गया है उसका अभिप्राय यह है कि वे वातवलय से रोके गये लोक के असंख्यातवें भाग को छोड़कर शेष बहुभागों में रहते हैं। लोकपूरणसमुद्घातगत केवली ३४३ घनराजु प्रमाण सब ही लोक मे रहते है, क्योंकि इस समुद्घात में उनके आत्मप्रदेश समस्त लोकाकाश को ही व्याप्त कर लेते हैं। इस प्रकार यहाँ ओघप्ररूपणा २-४ सूत्र में समाप्त हो जाती है।

आदेशप्ररूपणा मे पूर्व पद्धति के अनुसार प्रस्तुत क्षेत्रप्ररूपणा भी गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं, जहाँ जो गुणस्थान सम्भव हैं उनमें वर्तमान जीवों की, की गई है (५-९२)। इस प्रकार यह क्षेत्रानुगम ९२ सूत्रों में समाप्त हुआ।

४. स्पर्शनानुगम

इस चौथे स्पर्शनानुगम अनुयोगद्वार में सब सूत्र १८५ हैं। स्पर्शन से अभिप्राय जीवों के द्वारा स्पृष्ट क्षेत्र का है। पूर्व क्षेत्रानुगम में जहाँ जीवों के क्षेत्र की प्ररूपणा वर्तमानकाल के आश्रय से की गई है वहाँ इस स्पर्शनानुगम अनुयोगद्वार में विभिन्न जीवों के द्वारा तीनों कालों में स्पर्श किए जानेवाले क्षेत्र की प्ररूपणा की गई है। यह क्षेत्रानुगम की अपेक्षा इस स्पर्शनानुगम की विशेषता है।

यहाँ ओघ की अपेक्षा स्पर्शन की प्ररूपणा में सर्वप्रथम मिथ्यादृष्टि जीवों के द्वारा कितना क्षेत्र स्पर्श किया गया है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि उनके द्वारा सब ही लोक का स्पर्श किया गया है (सूत्र २)। इसका अभिप्राय यह है कि समस्त लोक में ऐसा कोई प्रदेश नहीं है, जो मिथ्यादृष्टि जीवों से अछूता रहा हो।

आगे सासादनसम्यग्दृष्टियों के स्पर्शनक्षेत्र का निर्देश करते हुए कहा गया है कि उनके द्वारा लोक का असंख्यातवाँ भाग स्पर्श किया गया है। यह उनका क्षेत्रप्रमाण वर्तमान काल की अपेक्षा निर्दिष्ट किया गया है, जो पूर्व क्षेत्रानुगम में भी कहा जा चुका है।

अतीत काल की अपेक्षा उनके स्पर्शनप्रमाण को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि अथवा उनके द्वारा लोकनाली के चौदह भागों मे से कुछ कम आठ भाग (८/१४) और कुछ कम बारह भाग स्पर्श किए गए हैं (३-४)।

सूत्र निर्दिष्ट उनका वह आठ बटे चौदह भाग स्पर्शनक्षेत्र विहार अथवा वेदनासमुद्घातादि में परिणत सासादनसम्यग्दृष्टियों के सम्भव है। कारण यह है कि भवनवासी देव मेरुतल से नीचे तीसरी पृथिवी तक दो घनराजु क्षेत्र में जाते हैं तथा ऊपर वे उपरिम देवों के प्रयोग से सोलहवें कल्प तक छह घनराजु क्षेत्र में जा सकते हैं। इस प्रकार चौदह घनराजु प्रमाण त्रसनाली में आठ (२ + ६) राजु प्रमाण क्षेत्र में उनका गमन सम्भव है। कुछ कम में उसे तीसरी पृथिवी के नीचे के एक हजार योजनों से कम समझना चाहिए।

उनका बारह बटे चौदह भाग स्पर्शनक्षेत्र मारणान्तिक समुद्घातगत सासादनसम्यग्दृष्टियों की अपेक्षा कहा गया है। इसका कारण यह है कि मेरुतल से ऊपर ईषत्प्राग्भार पृथिवी तक

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

सात राजु और नीचे छठी पृथिवी तक पाँच राजु, इतने क्षेत्र में उनका मारणान्तिकसमुद्घात सम्भव है। इस प्रकार मारणान्तिकसमुद्घात की अपेक्षा उनका बारह (७ + ५) राजु प्रमाण स्पर्शनक्षेत्र घटित होता है। कुछ कम में उसे छठी पृथिवी के नीचे के एक हजार योजन से कम समझना चाहिए।

इसी प्रकार से आगे इस ओघ प्ररूपणा में सम्यग्मिथ्यादृष्टि व असंयतसम्यग्दृष्टि (५-६), संयतासंयत (७-८) और प्रमत्तसंयतादि अयोगिकेवली पर्यन्त (९) गुणस्थानवर्ती जीवों के विषय में उस स्पर्शन के प्रमाण की प्ररूपणा की गई है। सयोगिकेवलियों के द्वारा स्पृष्ट क्षेत्र के प्रमाण में विशेषता होने से उसकी प्ररूपणा पृथक् से अगले सूत्र (१०) में की गई है।

आगे आदेश की अपेक्षा गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं में जहाँ जो-जो गुणस्थान सम्भव हैं उनमें वर्तमान जीवों के विषय में भी वह स्पर्शनप्ररूपणा इस पद्धति से की गई है।

५. कालानुगम

इस पाँचवें अनुयोगद्वार में समस्त सूत्र संख्या ३४२ है। यहाँ पूर्व पद्धति के अनुसार प्रथमतः ओघ की अपेक्षा और तत्पश्चात् आदेश की अपेक्षा काल की प्ररूपणा की गई है। काल से यहाँ द्रव्यकाल से उत्पन्न परिणामस्वरूप नोआगम भावकाल विवक्षित रहा है, जो कल्पकाल पर्यन्त क्रम से समय व आवली आदि स्वरूप है। काल की यह प्ररूपणा यहाँ एक जीव की अपेक्षा और नाना जीवों की अपेक्षा पृथक्-पृथक् की गई है।

ओघप्ररूपणा को प्रारम्भ करते हुए यहाँ सर्वप्रथम मिथ्यादृष्टियों के काल का उल्लेख किया गया है व कहा गया है कि मिथ्यादृष्टि जीव नाना जीवों की अपेक्षा सर्व काल रहते हैं। पर एक जीव की अपेक्षा उनका वह काल अनादि-अपर्यवसित, अनादि-सपर्यवसित और सादि-सपर्यवसित है। आगे सूत्र में सादि-सपर्यवसित काल को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि जिनमें सादि-सपर्यवसित काल है उसका प्रमाण जघन्य से अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्ष से कुछ कम अर्ध-पुद्गलपरिवर्तन है (२-४)।

यहाँ जो मिथ्यात्व का काल अनादि-अपर्यवसित कहा गया है वह अभव्य जीव की अपेक्षा कहा गया है, क्योंकि उसके मिथ्यात्व का न आदि है, न अन्त और न मध्य है—वह सदा बना रहने वाला है। दूसरा अनादि-सपर्यवसित काल उस भव्य के मिथ्यात्व को लक्ष्य में रखकर निर्दिष्ट किया गया है जो अनादि काल से मिथ्यादृष्टि रहकर अन्त में उससे रहित होता हुआ सम्यग्दृष्टि हो जाता है और पुनः मिथ्यात्व को न प्राप्त होकर मुक्ति को प्राप्त कर लेता है। धवला में उसके लिए वर्धनकुमार का उदाहरण दिया गया है।

सादि-सपर्यवसित मिथ्यात्व का काल जघन्य और उत्कृष्ट के रूप में दो प्रकार का है। इनसे जघन्य से उसका प्रमाण अन्तर्मुहूर्त है। जैसे—कोई सम्यग्मिथ्यादृष्टि, असंयतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत अथवा प्रमत्तसंयत परिणाम के वश मिथ्यात्व को प्राप्त हुआ। वह उस सादि मिथ्यात्व के साथ सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्तकाल रहकर फिर से भी सम्यग्मिथ्यात्व, असंयम के साथ सम्यक्त्व, संयमासंयम अथवा अप्रमत्तस्वरूप से संयम को प्राप्त हुआ। इस प्रकार उसके उस सादि मिथ्यात्व का सबसे जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त होता है।

उसका उत्कृष्ट काल कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तन है। कारण यह है कि उक्त प्रकार से मिथ्यात्व को प्राप्त जीव उस मिथ्यात्व के साथ अधिक-से-अधिक कुछ (चौदह अन्तर्मुहूर्त)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

कम अर्धपुद्गल परिवर्तनकाल तक ही संसार में परिभ्रमण करता है, इसके बाद वह सम्यक्त्व ग्रहणकर नियम से मुक्ति को प्राप्त कर लेता है।

इस ओघप्ररूपणा में आगे इसी प्रकार से सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि, असंयत सम्यग्दृष्टि, संयतासंयत, प्रमत्त-अप्रमत्तसंयत, चार उपशमक, चार क्षपक और सयोगिकेवली इनके काल की प्ररूपणा की गई है (५-३२)।

ओघप्ररूपणा के पश्चात् आदेशप्ररूपणा में क्रम से गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं में जहाँ जितने गुणस्थान सम्भव हैं उनमें वर्तमान जीवों के काल की प्ररूपणा उसी पद्धति से की गई है (३३-३४२)।

क्षेत्रानुगम, स्पर्शनानुगम और कालानुगम ये तीन अनुयोगद्वार धवला टीका के साथ चौथी जिल्द में प्रकाशित हुए हैं।

६. अन्तरानुगम

अन्तरानुगम में ओघ और आदेश की अपेक्षा क्रम से अन्तर की प्ररूपणा की गई है। अन्तर, उच्छेद, विरह और परिणामान्तर की प्राप्ति ये समानार्थक शब्द हैं। अभिप्राय यह है कि किसी गुणस्थान से दूसरे गुणस्थान में जाकर पुनः उस गुणस्थान की प्राप्ति में जितना काल लगता है उसका नाम अन्तर है।

ओघ की अपेक्षा उस अन्तर की प्ररूपणा करते हुए सर्वप्रथम मिथ्यादृष्टियों का अन्तर कितने काल होता है इसके स्पष्टीकरण में कहा गया है कि नाना जीवों की अपेक्षा उनका कभी अन्तर नहीं होता—वे सदा ही विद्यमान रहते हैं।

एक जीव की अपेक्षा उनका अन्तर सम्भव है। वह जघन्य से अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्ष से कुछ कम दो छयासठ (६६ × २ = १३२) सागरोपम प्रमाण होता है (२-४)।[1]

धवला में इसे इस प्रकार से स्पष्ट किया गया है—कोई एक तिर्यंच या मनुष्य चौदह सागरोपम प्रमाण आयु स्थिति वाले लान्तव कापिष्ट कल्पवासी देवों में उत्पन्न हुआ। वहाँ उसने एक सागरोपम बिताकर दूसरे सागरोपम के प्रथम समय में सम्यक्त्व को ग्रहण कर लिया। इस प्रकार से वह वहाँ सम्यक्त्व के साथ तेरह सागरोपम काल तक रहकर वहाँ से च्युत हुआ और मनुष्य हो गया। वहाँ वह संयम अथवा संयमासंयम का परिपालन कर मनुष्य आयु से कम बाईस सागरोपम स्थिति वाले आरण-अच्युत कल्प के देवों में उत्पन्न हुआ। वहाँ से च्युत होकर वह पुनः मनुष्य हुआ। वहाँ संयम का परिपालन करके वह मनुष्यायु से कम इकतीस सागरोपम की स्थितिवाले देवों में उत्पन्न हुआ। इस प्रकार से वह अन्तर्मुहूर्त से कम छ्यासठ (१३ + २२ + ३१) सागरोपम के अन्तिम समय में परिणाम के वश सम्यग्मिथ्यात्व को प्राप्त हुआ और उसके साथ अन्तर्मुहूर्त रहकर पुनः सम्यक्त्व को प्राप्त हो गया। तत्पश्चात् वहाँ से च्युत होकर वह मनुष्य हो गया। वहाँ संयम अथवा संयमासंयम का परिपालन करके वह मनुष्यायु से कम बीस सागरोपम आयुवाले देवों में उत्पन्न हुआ। और तत्पश्चात् वह मनुष्यायु से कम क्रमशः बाईस और चौबीस सागरोपम की स्थितिवाले देवों में उत्पन्न हुआ। इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त कम दो छ्यासठ (१३ + २२ + ३१ = ६६; २० + २२

---

१. इस सबका स्पष्टीकरण आगे 'धवलागत-विषय-परिचय' में किया जाने वाला है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

+२४=६६) सागरोपम के अन्तिम समय में मिथ्यात्व को प्राप्त हो गया। इस प्रकार से मिथ्यात्व का वह उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कम दो छ्यासठ सागरोपम उपलब्ध हो जाता है।

यह अव्युत्पन्न जनों के अवबोधनार्थ दिशावबोध कराया गया है। वस्तुतः उस अन्तर की पूर्ति जिस किसी भी प्रकार से कराई जा सकती है।

इसी प्रकार से आगे सासादनसम्यग्दृष्टि आदि शेष गुणस्थानवर्ती जीवों के अन्तर की प्ररूपणा नाना जीवों व एक जीव की अपेक्षा की गई है (५-२०)।

इस प्रकार ओघप्ररूपणा को समाप्त कर आगे आदेश की अपेक्षा उस अन्तर की प्ररूपणा करते हुए क्रम से गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं में यथासम्भव गुणस्थानों के आश्रय से उस अन्तर की प्ररूपणा उसी पद्धति से एक और नाना जीवों की अपेक्षा की गई है (२१-३९७)। इस प्रकार यह अनुयोगद्वार ३९७ सूत्रों में समाप्त हुआ है।

७. भावानुगम

भाव से यहाँ जीवपरिणाम की विवक्षा रही है। वह पाँच प्रकार का है - औदयिक, औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक और पारिणामिक। प्रकृत में इन जीवभावों की प्ररूपणा यहाँ पूर्व पद्धति के अनुसार प्रथमतः ओघ की अपेक्षा और तत्पश्चात् आदेश की अपेक्षा की गई है। यहाँ सब सूत्र ९३ हैं।

ओघप्ररूपणा में सर्वप्रथम 'मिथ्यादृष्टि' यह कौन-सा भाव है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि यह औदयिक भाव है। कारण यह है कि वह तत्त्वार्थ के अश्रद्धानरूप मिथ्यात्व परिणाम मिथ्यात्व कर्म के उदय से उत्पन्न होता है (२)।

आगे क्रमप्राप्त दूसरे 'सासादन' परिणाम को पारिणामिक कहा गया है। जो भाव कर्मों के उदय, उपशम, क्षय और क्षयोपशम के बिना अन्य कारणों से उत्पन्न हुआ करता है उसे पारिणामिक भाव कहा जाता है। प्रकृत सासादन परिणाम चूंकि दर्शनमोहनीय के उदय, उपशम और क्षय की अपेक्षा न करके अन्य कारणों से उत्पन्न होता है, इसीलिए उसे पारिणामिक भाव कहा गया है। यद्यपि वह सासादन भाव अन्यतर अनन्तानुबन्धी के उदय से होता है, इसलिए उसे इस अपेक्षा से औदयिक कहा जा सकता था; किन्तु इस भाव प्ररूपणा के प्रसंग में प्रथम चार गुणस्थानों में दर्शनमोहनीय के उदयादि से उत्पन्न होने वाले भावों की ही विवक्षा रही है, अन्य कारणों से उत्पन्न होने वाले भावों की वहाँ विवक्षा नहीं रही। यही कारण है जो सासादन परिणाम को सूत्र में पारिणामिक कहा गया है (३)।

इसी प्रकार से प्ररूपणा करते हुए आगे सम्यग्मिथ्यादृष्टि को क्षायोपशमिक भाव कहा गया है। असंयतसम्यग्दृष्टि भाव औपशमिक भी है, क्षायिक भी है और क्षायोपशमिक भी है। विशेषता यह है कि असंयतसम्यग्दृष्टि का असंयतत्व भाव औदयिक है, क्योंकि वह संयमघाती कर्मों के उदय से उत्पन्न होता है। संयतासंयत, प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत ये तीन भाव क्षायोपशमिक हैं। कारण यह कि ये तीनों भाव चारित्रमोहनीय के क्षयोपशम से उत्पन्न होते हैं। यह कथन चारित्रमोहनीय की प्रधानता से किया गया है, यहाँ दर्शनमोहनीय की विवक्षा नहीं रही है। आगे चार उपशामक भावों को औपशमिक तथा चार क्षपक, सयोगिकेवली और अयोगिकेवली इन भावों को क्षायिक भाव कहा गया है (४-९)।

इस प्रकार ओघप्ररूपणा को समाप्त कर आदेश की अपेक्षा भावों की प्ररूपणा करते हुए

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

क्रम से गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं में जो-जो गुणस्थान सम्भव हैं उनके आश्रय से प्रकृत भावप्ररूपणा की गई है (१०-९३)।

८. अल्पबहुत्वानुगम

जीवस्थान के उपर्युक्त आठ अनुयोगद्वारों में यह अन्तिम है। इसकी सूत्रसंख्या ३८२ है। अल्पबहुत्व का अर्थ हीनाधिकता है। विवक्षित गुणस्थानवर्ती जीव अन्य गुणस्थानवर्ती जीवों से अल्प हैं या अधिक हैं, इत्यादि का विचार इस अनुयोगद्वार में किया गया है। पूर्व पद्धति के अनुसार उस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा भी प्रथमतः ओघ की अपेक्षा और तत्पश्चात् आदेश की अपेक्षा की गई है। जैसे--

अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्पराय इन तीन गुणस्थानवर्ती उपशामक प्रवेश की अपेक्षा परस्पर समान तथा अन्य गुणस्थानवर्ती जीवों की अपेक्षा अल्प हैं। उपशान्तकषाय-वीतराग-छद्मस्थ भी उतने ही हैं। क्षपक उनसे संख्यातगुणे (दुगुने) हैं। क्षीणकषाय-वीतराग-छद्मस्थ पूर्वोक्त क्षपकों के समान उतने ही हैं। सयोगिकेवली और अयोगिकेवली दोनों प्रवेश की अपेक्षा परस्पर में समान व उतने ही हैं। किन्तु सयोगिकेवली संचय की अपेक्षा उनसे संख्यातगुणे हैं। इन सयोगिकेवलियों से अक्षपक व अनुपशामक अप्रमत्तसंयत संख्यातगुणे, उनसे प्रमत्तसंयत संख्यातगुणे, उनसे संयतासंयत असंख्यातगुणे, उनसे सासादनसम्यग्दृष्टि असंख्यातगुणे, उनसे सम्यग्मिथ्यादृष्टि संख्यातगुणे, उनसे असंयतसम्यग्दृष्टि असंख्यातगुणे और उनसे मिथ्यादृष्टि अनन्तगुणे हैं (२-१४)।

आगे यहाँ असंयतसम्यग्दृष्टि व संयतासंयत आदि उक्त गुणस्थानों में पृथक्-पृथक् उपशमसम्यग्दृष्टि, क्षायिक सम्यग्दृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि इन तीनों में भी परस्पर अल्पबहुत्व को प्रकट किया गया है (१५-२६)। जैसे--

असंयतसम्यग्दृष्टि स्थान में उपशमसम्यग्दृष्टि सबसे कम हैं, उनसे क्षायिकसम्यग्दृष्टि असंख्यातगुणे हैं, उनसे वेदकसम्यग्दृष्टि असंख्यातगुणे हैं; इत्यादि।

इस प्रकार ओघप्ररूपणा को समाप्त कर तत्पश्चात् आदेश प्ररूपणा में गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं में जहाँ जो गुणस्थान सम्भव है उनमें वर्तमान जीवों के अल्प-बहुत्व को प्रकट किया गया है (२७-३८२)।

अन्तरानुगम, भावानुगम और अल्पबहुत्वानुगम ये तीन अनुयोगद्वार षट्खण्डागम की १६ जिल्दों में से ५वीं जिल्द में प्रकाशित हुए हैं।

जीवस्थान-चूलिका

जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत उपर्युक्त सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों के समाप्त हो जाने पर आगे का जो गति-आगति पर्यन्त ग्रन्थभाग है धवलाकार ने उसे जीवस्थान की चूलिका कहा है।[1] धवलाकार के अनुसार उक्त आठ अनुयोद्वारों के विषम स्थलों का विवरण देना,

१. तिहुवणसिरसेहरए भवभयगब्भादु णिग्गदे पणउं।
सिद्धे जीवट्ठाणस्सम्मलिणगुणचूलियं वोच्छं ॥—धवला पु० ६, पृ १

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इस चूलिका का प्रयोजन रहा है।[1]

इसमें ये नौ चूलिकायें है—१. प्रकृतिसमुत्कीर्तन, २. स्थानसमुत्कीर्तन, ३. प्रथम महादण्डक, ४. द्वितीय महादण्डक, ५. तृतीय महादण्डक, ६. उत्कृष्ट स्थिति, ७. जघन्य स्थिति, ८. सम्यक्त्वोत्पत्ति, और ९. गति-आगति। यहाँ उनका यथाक्रम से संक्षेप में परिचय कराया जाता है—

सर्वप्रथम यहाँ ग्रन्थ के प्रारम्भ में जो प्रथम सूत्र प्राप्त हुआ है उसमें ये प्रश्न उठाये गये हैं—प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जीव कितनी व किन प्रकृतियों को बाँधता है, कितने काल की स्थितिवाले कर्मों के आश्रय से सम्यक्त्व को प्राप्त करता है, अथवा नहीं प्राप्त करता है, कितने काल के द्वारा मिथ्यात्व के कितने भागों को करता है, उपशामना अथवा क्षपणा किन क्षेत्रों में व किसके समीप में, कितने दर्शनमोहनीय के क्षय के करनेवाले व सम्पूर्ण चारित्र को प्राप्त करनेवाले के होती है।

ये प्रश्न उन नौ चूलिकाओं की भूमिका स्वरूप हैं, जिनकी कि प्ररूपणा क्रम से आगे की जानेवाली है, इन्हीं के स्पष्टीकरण में वे नौ चूलिकायें रची गई हैं। इनके अन्तर्गत विषय का परिचय यहाँ सूत्रानुसार संक्षेप में कराया जाता है। उसका विशेष परिचय आगे धवला के आधार से कराया जाने वाला है।

१. **प्रकृतिसमुत्कीर्तन**—यहाँ प्रथमतः ज्ञानावरणीयादि आठ मूल कर्मप्रकृतियों का और तत्पश्चात् पृथक्-पृथक् उनकी उत्तर प्रकृतियों का निर्देश किया गया है। यहाँ सब सूत्र ४६ हैं।

२. **स्थानसमुत्कीर्तन**—प्रथम चूलिका में जिन कर्म-प्रकृतियों का उल्लेख किया गया है वे एक साथ बँधती हैं या क्रम से बँधती हैं, इसे इस दूसरी चूलिका में स्पष्ट किया गया है। जिस संख्या अथवा अवस्था विशेष में प्रकृतियाँ रहती हैं उसका नाम स्थान है। वह मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि, असंयतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत और संयत-स्वरूप है (१-३)। संयत शब्द से यहाँ प्रमत्तसंयत आदि सयोगिकेवली पर्यन्त आठ गुणस्थान अभिप्रेत हैं। अयोगिकेवली गुणस्थान कर्मबन्ध से रहित है, अतः उसका ग्रहण नहीं किया गया है। इन स्थानों की प्ररूपणा यहाँ क्रम से इस प्रकार की गई है—

ज्ञानावरण की आभिनिबोधिक आदि पाँच प्रकृतियाँ हैं। ये पाँचों साथ-साथ ही बँधती हैं। इस प्रकार इन पाँचों को बाँधनेवाले जीव का पाँच संख्यारूप एक ही अवस्था विशेष में अवस्थान है। वह मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि, असंयतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत और संयत के होता है। 'संयत' से यहाँ सूक्ष्मसाम्पराय पर्यन्त संयतों को ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि आगे के उपशान्तकषायादि संयतों से उनका बन्धन सम्भव नहीं है (४-६)।

आगे दर्शनावरणीय के प्रसंग में कहा गया है कि दर्शनावरणीय कर्म के नौ, छह और चार के तीन स्थान हैं। उनमें निद्रानिद्रा आदि नौ ही दर्शनावरणीय प्रकृतियों के बाँधनेवाले जीव का सम्यक्त्व के अभाव रूप एक अवस्था विशेष में अवस्थान है। वह मिथ्यादृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि के होता है। कारण यह कि आगे नौ की संख्या में उनका बन्ध सम्भव नहीं

---

१. सम्मत्तेसु अट्ठसु अणियोगद्दारेसु चूलिया किमट्ठमागदा? पुव्वुत्ताणमट्ठण्णमणिओगद्दाराण विसमपएसविवरणट्ठमागदा।—धवला पु० ६, पृ० २

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

है। उन नौ प्रकृतियों में निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धि इन तीन को छोड़कर शेष छह का दूसरा स्थान है, जो सम्यग्मिथ्यादृष्टि से लेकर अपूर्वकरण के सात भागों में से प्रथम भाग तक अवस्थित संयतों के ही सम्भव है, आगे छह की संख्या में उनका बन्ध सम्भव नहीं रहता। चक्षुदर्शनावरण, अचक्षुदर्शनावरण, अवधिदर्शनावरण और केवलदर्शनावरण इन चार दर्शनावरण प्रकृतियों का तीसरा स्थान है जो अपूर्वकरण के दूसरे भाग से लेकर सूक्ष्मसाम्परायिक संयत तक सम्भव है। इसके आगे उस दर्शनावरणीय का बन्ध नहीं होता (७-१६)।

इसी पद्धति से आगे क्रमशः वेदनीय आदि शेष कर्मों के भी यथासम्भव स्थानों की प्ररूपणा की गई है (१७-११७)।

इस प्रकार यह दूसरी स्थानसमुत्कीर्तन चूलिका ११७ सूत्रों में समाप्त हुई है।

३. **प्रथममहादण्डक**—इस तीसरी चूलिका में दो ही सूत्र हैं। इनमें से प्रथम सूत्र में 'अब प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जीव जिन प्रकृतियों को नहीं बाँधता है उनका निरूपण करते हैं' ऐसी प्रतिज्ञा की गई है। दूसरे सूत्र में कृत प्रतिज्ञा के अनुसार उन प्रकृतियों का उल्लेख कर दिया गया है जिन्हें प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच और मनुष्य बाँधता है।

इस सूत्र के मध्यगत '**आउगं च ण बंधदि**' इस वचन द्वारा आयु कर्म के बन्ध का निषेध किया गया है। साथ ही उसके अन्तर्गत 'च' शब्द से उन अन्य प्रकृतियों की भी सूचना की गई है जिन्हें वह आयु के साथ नहीं बाँधता है। उन प्रकृतियों का निर्देश यद्यपि सूत्र में नहीं किया गया है, फिर भी उनका उल्लेख धवला में कर दिया गया है।

४. **द्वितीय महादण्डक**—इस चौथी चूलिका में भी २ ही सूत्र हैं। यहाँ पहले सूत्र में दूसरे दण्डक के करने की प्रतिज्ञा की गई है और तदनुसार अगले सूत्र में उन प्रकृतियों का उल्लेख कर दिया गया है जिन्हें प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ देव व सातवीं पृथिवी के नारकी को छोड़कर अन्य नारकी बाँधता है। पूर्व के समान यहाँ भी 'आउगं च ण बंधदि' इस सूत्रांश के द्वारा आयु के बाँधने का निषेध किया गया है। साथ ही 'च' शब्द से सूचित उन अन्य प्रकृतियों के बन्ध का भी निषेध किया गया है जिन्हें वह नहीं बाँधता है। सूत्र में अनिर्दिष्ट उन न बँधने वाली अन्य प्रकृतियों का उल्लेख धवला में कर दिया गया है।

५. **तृतीय महादण्डक**—इस पाँचवीं चूलिका में भी २ ही सूत्र हैं। उनमें प्रथम सूत्र के द्वारा तीसरे महादण्डक के करने की प्रतिज्ञा करते हुए अगले सूत्र में उन प्रकृतियों का नाम निर्देश किया गया है जिन्हें प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ सातवीं पृथिवी का नारकी बाँधता है। यहाँ भी 'आउगं च ण बंधदि' इस सूत्रांश के द्वारा आयु के बन्ध का तथा 'च' शब्द से सूचित अन्य कुछ प्रकृतियों के बन्ध का भी निषेध कर दिया गया है।

६. **उत्कृष्ट स्थिति**—इस छठी चूलिका में ४४ सूत्र हैं। चूलिका को प्रारम्भ करते हुए सर्वप्रथम जो प्रश्न उठाये गये थे उनमें एक प्रश्न यह भी था कि कितने काल की स्थितिवाले कर्मों के आश्रय से सम्यक्त्व को प्राप्त करता है, अथवा नहीं करता है। उसकी यहाँ प्रथमसूत्र में पुनरावृत्ति करते हुए यह कहा गया है कि 'कितने काल की स्थितिवाले कर्मों के आश्रय से सम्यक्त्व को नहीं प्राप्त करता है?' इस प्रश्न को इस चूलिका में स्पष्ट किया जाता है। अभिप्राय यह है कि कर्मों की जिस उत्कृष्ट स्थिति के रहते हुए वह सम्यग्दर्शन प्राप्त नहीं होता है उस उत्कृष्ट स्थिति की प्ररूपणा इस छठी चूलिका में की गई है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

आगे उस स्थिति के वर्णन की प्रतिज्ञा करते हुए यहाँ प्रथमतः पाँच ज्ञानावरणीय, नौ दर्शनावरणीय, असातावेदनीय और पाँच अन्तराय इन कर्मों की समान रूप से बँधनेवाली तीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण उत्कृष्ट स्थिति का उल्लेख किया गया है। साथ ही उनके आबाधाकाल और निषेकरचना के क्रम का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि उनका आबाधाकाल तीन हजार वर्ष है। इस आबाधाकाल से हीन उनका कर्मनिषेक होता है (२-६)।

बाँधे गये कर्मस्कन्ध जब तक उदय या उदीरणा को प्राप्त नहीं होते तब तक का काल आबाधाकाल कहलाता है। बाँधी गई स्थिति के प्रमाण में से इस आबाधाकाल के कम कर देने पर शेष स्थितिप्रमाण के जितने समय होते हैं उतने कर्मनिषेक होते हैं जो आबाधाकाल के अनन्तर नियमित क्रम से प्रत्येक समय में निर्जरा को प्राप्त होते हैं। उदाहरणार्थ, ऊपर जो ज्ञानावरणादि की तीन हजार वर्ष प्रमाण आबाधा बतलाई गई है उसे उस तीस सागरोपम स्थिति में से कम कर देने पर शेष स्थितिप्रमाण के जितने समय रहते हैं उतने निषेक होंगे। उनमें एक-एक निषेक क्रम से तीन हजार वर्ष के अनन्तर एक-एक समय में निर्जीर्ण होनेवाला है। इस प्रकार स्थिति के अन्तिम समय में अन्तिम निषेक निर्जरा को प्राप्त होगा।

इसी पद्धति से आगे क्रम से समान स्थिति वाले अन्य साता वेदनीय आदि कर्मों की उत्कृष्ट स्थिति, आबाधा और कर्मनिषेक की प्ररूपणा की गई है (७-२१)।

आयु कर्म को छोड़ शेष सात कर्मों की आबाधा के विषय में साधारणतः यह नियम है कि एक कोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण स्थिति की आबाधा सौ वर्ष होती है। इसी नियम के अनुसार विवक्षित कर्म की स्थिति की आबाधा के प्रमाण को प्राप्त किया जा सकता है। अन्तः कोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थिति की आबाधा अन्तर्मुहूर्त होती है।

यह आबाधा का नियम आयु कर्म के विषय में लागू नहीं होता। आयु कर्म की आबाधा उसके बाँधने के समय जितनी भुज्यमान आयु शेष रहती है उतनी होती है। वह पूर्वकोटि के तृतीय भाग से लेकर असंक्षेपाद्धा (क्षुद्रभव के संख्यातवें भाग) पर्यन्त होती है।

प्रस्तुत चूलिका में आयुकर्म के प्रसंग में नारकायु और देवायु की उत्कृष्ट स्थिति तेतीस सागरोपम प्रमाण व उसकी आबाधा पूर्वकोटि के तृतीय भाग प्रमाण निर्दिष्ट की गई है। उसका कर्मनिषेक अन्य कर्मों के समान आबाधाकाल से हीन न होकर सम्पूर्ण कर्मस्थिति प्रमाण कहा गया है। तिर्यंच आयु और मनुष्य आयु की उत्कृष्ट स्थिति तीन पल्योपम प्रमाण तथा उसका आबाधाकाल पूर्वकोटि का तृतीय भाग निर्दिष्ट किया गया है। कर्मनिषेक उसका सम्पूर्ण कर्मस्थिति प्रमाण ही होता है (२२-२६)।

इसी पद्धति से आगे द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रियादि अन्य के कर्मों की भी यथासम्भव उत्कृष्ट स्थिति, आबाधा और कर्मनिषेक की प्ररूपणा की गई है (३०-४४)।

७. **जघन्यस्थिति**—जिस प्रकार इससे पूर्व छठी चूलिका में सब कर्मों की उत्कृष्ट स्थिति आदि की प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार इस चूलिका में सब कर्मों की जघन्य स्थिति, आबाधा और कर्मनिषेक की प्ररूपणा की गई है। इसमें सब सूत्र ४३ हैं।

८. **सम्यक्त्वोत्पत्ति**—इस आठवीं चूलिका में सर्वप्रथम यह सूचना की गई है कि जीव इतने काल की स्थितिवाले, पूर्व दो चूलिकाओं में निर्दिष्ट उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति से युक्त, कर्मों के रहते सम्यक्त्व को नहीं प्राप्त करता है। उस सम्यक्त्व की प्राप्ति कब सम्भव है इसे

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

स्पष्ट करते हुए आगे कहा गया है कि जब जीव इन सब कर्मों की अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण स्थिति को बाँधता है तब वह प्रथम सम्यक्त्व को प्राप्त करता है (१-३)।

इसका अभिप्राय यह है कि कर्मों के उत्कृष्ट व जघन्य स्थितिबन्ध, उत्कृष्ट व जघन्य स्थितिसत्त्व, उत्कृष्ट व जघन्य अनुभागसत्त्व तथा उत्कृष्ट व जघन्य प्रदेशसत्त्व के होने पर जीव सम्यक्त्व को नहीं प्राप्त करता है। किन्तु जब वह उन कर्मों की अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थिति को बाँधता है तब प्रथम सम्यक्त्व को प्राप्त करता है। यह भी सामान्य से कहा गया है। वस्तुतः उस सम्यक्त्व की प्राप्ति अधःकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण इन तीन परिणामों के अन्तिम समय में ही सम्भव है।

आगे प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुए जीव के स्वरूप को प्रकट करते हुए कहा गया है कि उसे पंचेन्द्रिय, संज्ञी, मिथ्यादृष्टि, पर्याप्त और सर्वविशुद्ध होना चाहिए। वह जब इन सभी कर्मों की संख्यात हजार सागरोपमों से हीन अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थिति को स्थापित करता है तब प्रथम सम्यक्त्व को उत्पन्न करता है। प्रथम सम्यक्त्व को उत्पन्न करता हुआ वह अन्तर्मुहूर्त अन्तरकरण करके मिथ्यात्व के तीन भाग करता है—सम्यक्त्व, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व। इस प्रकार से वह दर्शनमोहनीय को उपशमाता है (४-८)।

विवक्षित कर्मों की नीचे व ऊपर की स्थितियों को छोड़कर मध्यवर्ती अन्तर्मुहूर्त मात्र स्थितियों के निषेकों का परिणामविशेष के द्वारा अभाव करना, यह अन्तरकरण का लक्षण है।

इस सब का उपसंहार करते हुए आगे के सूत्र में कहा गया है कि इस प्रकार दर्शनमोहनीय को उपशमाता हुआ वह उसे चारों ही गतियों में उपशमाता है, चारों गतियों में उपशमाता हुआ पंचेन्द्रियों में उपशमाता है, एकेन्द्रिय व विकलेन्द्रियों में नहीं; पंचेन्द्रियों में उपशमाता हुआ संज्ञियों में उपशमाता है, असंज्ञियों में नहीं; संज्ञियों में उपशमाता हुआ गर्भजों में उपशमाता है, संमूर्च्छिनों में नहीं; गर्भजों में भी पर्याप्तकों में उपशमाता है, अपर्याप्तकों में नहीं; पर्याप्तकों में भी संख्यात वर्षायुष्कों (कर्मभूमिजों) में भी उपशमाता है और असंख्यात वर्षायुष्कों (भोगभूमिजों) में भी उपशमाता है। वह दर्शनमोहनीय की उपशामना किसी भी क्षेत्र में व किसी के भी समीप में की जा सकती है, इसके लिए क्षेत्र विशेष का कुछ नियम नहीं है। इसी प्रकार किसके समीप में वह की जाती है, इसके लिए भी कोई विशेष नियम नहीं है—किसी के भी समीप में वह की जा सकती है (९-१०)।

इस प्रकार दर्शनमोहनीय की उपशामना विधि की प्ररूपणा कर देने पर यह पूछा गया है कि दर्शनमोहनीय के क्षय को प्रारम्भ करनेवाला जीव कहाँ उसे प्रारम्भ करता है। इसके उत्तर में कहा गया है कि वह उसे अढ़ाई द्वीप-समुद्रों के अन्तर्गत पन्द्रह कर्मभूमियों में प्रारम्भ करता है, जहाँ व जिस काल में वहाँ जिन, केवली व तीर्थंकर हों। वह उसका समापन चारों गतियों में कहीं भी कर सकता है (११-१२)।

यहाँ (सूत्र ११ में) सामान्य से उपर्युक्त जिन, केवली और तीर्थंकर शब्दों के विषय में स्पष्टीकरण करते हुए धवलाकार ने प्रथम तो देशजिन और सामान्य केवली का निषेध करके तीर्थंकर केवली को ग्रहण किया है। तत्पश्चात् विकल्प रूप में 'अथवा' कहकर यह भी अभिप्राय प्रकट किया है कि 'जिन' शब्द से चौदह पूर्वों के धारकों, 'केवली' शब्द से तीर्थंकर प्रकृति के उदय से रहित केवलज्ञानियों को, और 'तीर्थंकर' शब्द से तीर्थंकर प्रकृति के उदय से उत्पन्न होनेवाले आठ प्रतिहार्यों और चौंतीस अतिशयों से सम्पन्न अरहन्तों को ग्रहण

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

करना चाहिए। इन तीनों में से किसी के भी पादमूल में उस दर्शनमोहनीय के क्षय को प्रारम्भ किया जा सकता है।[1]

पूर्व में प्रथम सम्यक्त्व की उत्पत्ति के प्रसंग में यह कहा जा चुका है कि प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जीव आयु को छोड़कर शेष सात कर्मों की स्थिति को हजार सागरोपमों से हीन अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थापित करता है (५)। उसका स्मरण कराते हुए यहाँ पुनः यह कहा गया है कि सम्यक्त्व को प्राप्त करनेवाला जीव आयु को छोड़ शेष ज्ञानावरणीयादि सात कर्मों की स्थिति को सर्वविशुद्ध मिथ्यादृष्टि की अपेक्षा संख्यातगुणी हीन अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थापित करता है (१३)।

आगे चारित्र की उत्पत्ति के प्रसंग में कहा गया है कि चारित्र को प्राप्त करने वाला जीव आयु को छोड़ शेष ज्ञानावरणीयादि सात कर्मों की स्थिति को सम्यक्त्व के अभिमुख हुए उस मिथ्यादृष्टि के द्वारा स्थापित स्थिति की अपेक्षा संख्यातगुणी हीन अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थापित करता है (१४)।

सम्पूर्ण चारित्र[2] को प्राप्त करने वाला जीव ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय और अन्तराय इन चार कर्मों की स्थिति को अन्तर्मुहूर्तमात्र स्थापित करता है। वेदनीय की स्थिति को वह बारह मुहूर्त, नाम व गोत्र की स्थिति को आठ मुहूर्त और शेष कर्मों की स्थिति को भिन्न मुहूर्त मात्र स्थापित करता है (१५-१६)।

यहाँ धवला में संयमासंयम तथा क्षायोपशमिक, औपशमिक और क्षायिक इन तीन भेद-स्वरूप सकलचारित्र की प्राप्ति के विधान की विस्तार से प्ररूपणा की गई है।[3] इसी प्रकार आगे सम्पूर्ण चारित्र की प्राप्ति के विधान की भी वहाँ विस्तारपूर्वक प्ररूपणा की गई है।[4]

इस सब का स्पष्टीकरण आगे 'धवला' के प्रसंग में किया जाएगा।

९. गति-आगति —उपर्युक्त नौ चूलिकाओं में यह अन्तिम है। इसमें गति-आगति के आश्रय से इन चार विषयों का क्रम से विचार किया गया है—

१. नारक मिथ्यादृष्टि आदि प्रथम सम्यक्त्व को उत्पन्न करते हुए उसे वे किस अवस्था में व किन कारणों से उत्पन्न करते हैं, इसका विचार किया गया है (सूत्र १-४३)।

२. नारक मिथ्यादृष्टि आदि विवक्षित गति में किस गुणस्थान के साथ प्रविष्ट होते हैं और वहाँ से वे किस गुणस्थान के साथ निकलते हैं, इसका स्पष्टीकरण किया गया है (४४-७५)।

३. नारक मिथ्यादृष्टि व सासादनसम्यग्दृष्टि आदि विवक्षित पर्याय में अपनी आयु को समाप्त करके अगले भव में अन्यत्र किन गतियों में आते-जाते हैं तथा वहाँ वे किन अवस्थाओं को प्राप्त करते हैं व किन अवस्थाओं को नहीं प्राप्त करते हैं, इसकी चर्चा की गई है (७६-२०२)।

---

१. धवला पु० ६, पृ० २४६

२. 'सम्पूर्ण चारित्र' से यह अभिप्राय समझना चाहिए कि योग का अभाव हो जाने पर जब अयोगिकेवली के शैलेश्य अवस्था प्राप्त होती है तभी चारित्र की पूर्णता होती है।

३. धवला पु० ६, पृ० २६८-३४२

४. धवला पु० ६, पृ० ३४२-४१८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

४. नारक आदि विवक्षित पर्याय को छोड़कर किन गतियों में आते-जाते हैं व वहाँ उत्पन्न होकर किन-किन ज्ञानादि गुणों को उत्पन्न करते और किन गुणों को वे नहीं उत्पन्न करते हैं, इसे स्पष्ट किया गया है (२०३-४३)।

इनमें से प्रत्येक को यहाँ उदाहरण के रूप में उसके प्रारम्भिक अंश को लेकर स्पष्ट किया जाता है—

१. नारकी मिथ्यादृष्टि प्रथम सम्यक्त्व को उत्पन्न करते हुए उसे पर्याप्तकों में उत्पन्न करते हैं, अपर्याप्तकों में नहीं। पर्याप्तकों में भी वे पर्याप्त होने के प्रथम समय से लेकर तत्प्रायोग्य अन्तर्मुहूर्त के पश्चात् उत्पन्न करते हैं, उसके पूर्व में नहीं। प्रथम तीन पृथिवियों में वर्तमान नारकियों में कोई उस सम्यक्त्व को जातिस्मरण से, कोई धर्मश्रवण से और कोई वेदना के अनुभव से इस प्रकार तीन कारणों से उत्पन्न करते हैं। नीचे चार पृथिवियों के नारकी धर्मश्रवण के बिना उपर्युक्त दो ही कारणों से उसे उत्पन्न करते हैं (१-१२)।

इसी प्रकार से शेष तिर्यंचों आदि में भी उक्त सम्यक्त्व की उत्पत्ति को स्पष्ट किया गया है।

२. नारकियों में कितने ही मिथ्यात्व के साथ नरकगति में प्रविष्ट होकर व वहाँ मिथ्यात्व अथवा सम्यक्त्व के साथ रहकर अन्त में वहाँ से मिथ्यात्व के साथ निकलते हैं। कोई मिथ्यात्व के साथ वहाँ प्रविष्ट होकर अन्त में सासादनसम्यक्त्व के साथ वहाँ से निकलते हैं। कोई मिथ्यात्व के साथ प्रविष्ट होकर सम्यक्त्व के साथ वहाँ से निकलते हैं। कोई सम्यक्त्व के साथ नरकगति में प्रविष्ट होकर सम्यक्त्व के साथ ही वहाँ से निकलते हैं। पर यह प्रथम पृथिवी में प्रविष्ट होने वाले नारकियों के ही सम्भव है। इसका कारण यह है कि जिन्होंने सम्यक्त्व के प्राप्त करने के पूर्व नारकायु को बाँध लिया है व तत्पश्चात् सम्यक्त्व को प्राप्त किया है वे बद्धायुष्क जीव नरकगति में तो जाते हैं, पर प्रथम पृथिवी में ही जाकर उत्पन्न होते हैं; आगे की पृथिवियों में उनकी उत्पत्ति सम्भव नहीं है।

दूसरी से छठी पृथिवी के नारकियों में कोई मिथ्यात्व के साथ वहाँ जाकर मिथ्यात्व के साथ ही वहाँ से निकलते हैं, कोई मिथ्यात्व के साथ वहाँ जाकर सासादनसम्यक्त्व के साथ वहाँ से निकलते हैं, और कोई मिथ्यात्व के साथ जाकर सम्यक्त्व के साथ वहाँ से निकलते हैं।

सातवीं पृथिवी के नारकियों में सभी मिथ्यात्व के साथ ही वहाँ से निकलते हैं। जो नारकी वहाँ सम्यक्त्व, सासादनसम्यक्त्व व सम्यग्मिथ्यात्व को भी प्राप्त होते हैं वे मरण के समय उससे च्युत होकर नियम से मिथ्यात्व को प्राप्त होते हैं (४४-५२)।

इसी प्रकार से आगे क्रम से तिर्यंच, मनुष्य और देवों के विषय में भी प्रकृत प्ररूपणा की गई है (५३-७५)।

३. नारकी मिथ्यादृष्टि व सासादनसम्यग्दृष्टि नरक से निकलकर कितनी गतियों में आते हैं, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि वे तिर्यंच गति और मनुष्य गति इन दो गतियों में आते हैं। तिर्यंचों में आते हुए वे पंचेन्द्रियों में आते हैं, एकेन्द्रियों व विकलेन्द्रियों में नहीं आते। पंचेन्द्रियों में आते हुए वे संज्ञियों में आते हैं, असंज्ञियों में नहीं। संज्ञियों में आते हुए वे गर्भजन्मवालों में आते हैं, सम्मूर्छन जन्मवालों में नहीं। गर्भजों में आते हुए वे पर्याप्तकों में आते हैं, अपर्याप्तकों में नहीं। पर्याप्तकों में आते हुए वे संख्यातवर्षायुष्कों में आते हैं, असंख्यात-वर्षायुष्कों में नहीं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

मनुष्यों में आते हुए वे गर्भजों में आते हैं, सम्मूर्छनों में नहीं। गर्भजों में आते हुए वे पर्याप्तकों में आते हैं, अपर्याप्तकों में नहीं। पर्याप्तकों में आते हुए वे संख्यातवर्षायुष्कों में आते हैं, असंख्यात वर्षायुष्कों में नहीं (७६-८५)।

यह प्ररूपणा यहाँ नारकी मिथ्यादृष्टि और सासादनसम्यग्मिथ्यादृष्टियों के आश्रय से की गई है। इसी पद्धति से आगे वह सम्यग्मिथ्यादृष्टि आदि नारकियों (८६-१००), विभिन्न तिर्यंचों (१०१-४०), मनुष्यों (१४१-७२) और देवों (१७३-२०२) के आश्रय से भी की गई है। विशेष इतना है कि सम्यग्मिथ्यात्व के साथ कहीं से भी निकलना सम्भव नहीं है, क्योंकि इस गुणस्थान में मरण नहीं होता।

४. नीचे सातवीं पृथिवी के नारकी नारक पर्याय को छोड़कर कितनी गतियों में आते हैं, इस प्रश्न को स्पष्ट करते हुए आगे कहा गया है कि वे एक मात्र तिर्यंचगति में आते हैं। तिर्यंचों में उत्पन्न होकर वे तिर्यंच आभिनिबोधिकज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और संयमासंयम इन छह को नहीं उत्पन्न करते हैं। छठी पृथिवी के नारकी नरक से निकलते हुए तिर्यंच गति और मनुष्य गति इन दो गतियों में आते है। तिर्यंचों और मनुष्यों में उत्पन्न हुए उनमें से कितने ही इन छह को उत्पन्न करते हैं—आभिनिबोधिकज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और संयमासंयम।

पाँचवीं पृथिवी के नारकी नरक से निकल कर तिर्यंच गति और मनुष्य गति इन दो गतियों में आते हैं। तिर्यंचों में उत्पन्न हुए उनमें से कितने ही इन छह को उत्पन्न करते हैं—आभिनिबोधिकज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और संयमासंयम। मनुष्यों में उत्पन्न हुए उनमें से कुछ इन आठ को उत्पन्न करते हैं—आभिनिबोधिकज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, संयमासंयम और संयम।

चौथी पृथिवी के नारकी नरक से निकलकर तिर्यंच और मनुष्य इन दो गतियों में आते हैं। तिर्यंचों में उत्पन्न हुए उनमें से कितने ही पूर्वोक्त आभिनिबोधिकज्ञान आदि छह को उत्पन्न करते हैं। मनुष्यों में उत्पन्न हुए उनमें से कितने ही इन दस को उत्पन्न करते हैं—आभिनिबोधिकज्ञान आदि पाँच ज्ञान, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, संयमासंयम, संयम और मुक्ति। पर वे बलदेव, वासुदेव, चक्रवर्ती और तीर्थंकर नहीं होते। मुक्ति के प्रसंग में यहाँ कहा गया है कि उनमें कितने ही अन्तकृत् होकर सिद्ध होते हैं, बुद्ध होते हैं, मुक्त होते हैं, परिनिर्वाण को प्राप्त होते हैं, और सब दुःखों के अन्त होने का अनुभव करते हैं।

ऊपर की तीन पृथिवियों के नारकियों की प्ररूपणा पूर्वोक्त चतुर्थ पृथिवी से निकलते हुए नारकियों के ही समान है। विशेषता इतनी है कि उन तीन पृथिवियों से निकलकर मनुष्यों में उत्पन्न हुए उनमें कुछ पूर्वोक्त दस के साथ तीर्थंकरत्व को भी उत्पन्न करते हैं, इस प्रकार वे ग्यारह को उत्पन्न करते हैं।

यह प्ररूपणा यथासम्भव सातवीं-छठी आदि पृथिवियों से निकलते हुए नारकियों के विषय में की गई है (२०३-२०)।

इसी पद्धति से आगे प्रकृत प्ररूपणा तिर्यंच-मनुष्यों (२२१-२५) और देवों (२२६-४३) के विषय में भी की गई है।

इस प्रकार उपर्युक्त नौ चूलिकाओं में विभक्त यह जीवस्थान खण्ड से सम्बद्ध चूलिका प्रकरण ५१५ सूत्रों (४६+११७+२+२+२+४४+४३+१६+२४३) में समाप्त हुआ

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

है। वह १६ जिल्दों में से छठी जिल्द में प्रकाशित हुआ है।

द्वितीय खण्ड : क्षुद्रकबन्ध (खुद्दाबन्ध)

'क्षुद्रकबन्ध' यह प्रस्तुत षट्खण्डगम का दूसरा खण्ड माना जाता है। जैसा कि पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है, मूलग्रन्थकार ने इन खण्डों की न कहीं कोई व्यवस्था की है और न इन खण्डों में प्रस्तुत 'खुद्दाबंध'[1] के अतिरिक्त अन्य किसी खण्ड का उन्होंने नामनिर्देश भी किया है। धवलाकार ने भी प्रस्तुत खण्ड की 'धवला' टीका को प्रारम्भ करते हुए महादण्डक के प्रारम्भ में (पृ० ५७५) ग्यारह अनुयोगद्वारों में निबद्ध 'खुद्दाबंध' का नाम निर्देश किया है। पर वह षट्खण्डागम का दूसरा खण्ड है ऐसा संकेत उन्होंने कहीं भी नहीं किया। इसी प्रकार उन्होंने अन्यत्र यथाप्रसंग इसके सूत्रों को उद्धृत करते हुए प्रायः 'खुद्दाबंध' इस नाम निर्देश के साथ ही उन्हें उद्धृत किया है। पर वह प्रस्तुत षट्खण्डागम का दूसरा खण्ड है, ऐसा उन्होंने कहीं संकेत भी नहीं किया।

इसमें बन्धक जीवों की प्ररूपणा संक्षेप से की गई है, इसीलिए इसे नाम से 'क्षुद्रकबन्ध' कहा गया है। यह अपेक्षाकृत नाम निर्देश है। कारण यह कि आचार्य भूतबलि के द्वारा जो प्रस्तुत षट्खण्डागम का छठा खण्ड 'महाबन्ध' रचा गया है वह ग्रन्थप्रमाण में तीस हजार (३०,०००) है, जब कि यह क्षुद्रकबन्ध उनके द्वारा १५८९ सूत्रों में ही रचा गया है।

बन्धकसत्त्व

यहाँ सर्वप्रथम "जे ते बन्धगा णाम तेसिमिमो णिद्देसो" इस प्रथम सूत्र के द्वारा बन्धक जीवों की प्ररूपणा करने की सूचना करते हुए आगे के सूत्र में गति व इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं का निर्देश किया गया है।[2] तत्पश्चात् यथाक्रम से उन गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं में बन्धक-अबन्धक जीवों के अस्तित्व को प्रकट किया गया है। यथा—

गतिमार्गणा के अनुसार नरकगति में नारकी जीव बन्धक हैं। तिर्यंच बन्धक हैं। देव बन्धक हैं। मनुष्य बन्धक भी हैं और अबन्धक भी हैं। सिद्ध अबन्धक हैं (सूत्र ३-७)।

इस पद्धति से आगे इन्द्रिय आदि शेष तेरह मार्गणाओं के आश्रय से यथासम्भव उन बन्धक-अबन्धक जीवों के अस्तित्व की प्ररूपणा की गई है। इसमें सब सूत्र ४३ हैं। इसका उल्लेख अनुयोगद्वार के रूप में नहीं किया गया है।

इस प्रकार बन्धक-अबन्धकों के अस्तित्व को दिखलाकर आगे उन बन्धक जीवों की प्ररूपणा में प्रयोजनीभूत इन ग्यारह अनुयोगद्वारों को ज्ञातव्य कहा गया है—१. एक जीव की अपेक्षा स्वामित्व, २. एक जीव की अपेक्षा काल, ३. एक जीव की अपेक्षा अन्तर, ४. नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय, ५. द्रव्यप्रमाणानुगम, ६. क्षेत्रानुगम, ७. स्पर्शनानुगम,

---

१. गदियाणुवादेण णिरयगदीए णेरइया बन्धा तिरिक्खा बंधा·····सिद्धा अबंधा। एवं खुद्दाबंध एक्कारस अणियोगद्दारं णेयव्वं।

२. यह सूत्र इसी रूप में जीवस्थान के सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में भी आ चुका है। पृ० १, पृ० १३२, सूत्र ४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

८. नानाजीवों की अपेक्षा काल, ९. नाना जीवों की अपेक्षा अन्तर, १०. भागाभागानुगम और ११. अल्पबहुत्वानुगम।

१. एक जीव की अपेक्षा स्वामित्व

उक्त क्रम से इन ग्यारह अनुयोगद्वार के आश्रय से उन बन्धकों की प्ररूपणा करते हुए क्रमप्राप्त इस 'एक जीव की अपेक्षा स्वामित्वानुगम' के प्रसंग में सर्वप्रथम सूत्रकार द्वारा 'एक जीव की अपेक्षा स्वामित्व' की प्ररूपणा करने की प्रतिज्ञा की गई है। तत्पश्चात् गतिमार्गणा के अनुसार नरक गति में 'नारकी' कैसे होता है, ऐसा प्रश्न उठाते हुए उसके स्पष्टीकरण में कहा गया है कि नरकगति नामकर्म के उदय से नारकी होता है। इसी पद्धति से आगे तिर्यंच-गति नामकर्म के उदय से तिर्यंच, मनुष्य गति नामकर्म के उदय से मनुष्य और देवगति नामकर्म के उदय से देव होता है, यह स्पष्ट किया गया है। इसी प्रसंग में आगे सिद्धगति में सिद्ध कैसे होता है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि सिद्ध क्षायिकलब्धि से होता है (३-१३)।

इसी पद्धति से आगे क्रम से इन्द्रिय आदि शेष मार्गणाओं के आश्रय से भी यथायोग्य उन बन्धकों के स्वामित्व की प्ररूपणा की गई है (१४-९१)।

यहाँ सब सूत्र ९१ हैं।

२. एक जीव की अपेक्षा कालानुगम

इस दूसरे अनुयोगद्वार में एक जीव की अपेक्षा उन बन्धकों के काल की प्ररूपणा करते हुए प्रथमतः नरक गति में नारकी कितने काल रहते हैं, यह पृच्छा की गई है। पश्चात् उसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि वे वहाँ जघन्य से दस हजार वर्ष और उत्कर्ष से तेंतीस सागरोपम काल तक रहते हैं। (१-३)। यह उनके काल का निर्देश सामान्य से किया गया है। आगे विशेष रूप में पृथिवियों के आश्रय से उनके काल की प्ररूपणा करते हुए कहा गया है कि प्रथम पृथिवी के नारकियों का काल जघन्य दस हजार वर्ष और उत्कृष्ट एक सागरोपम है। अनन्तर द्वितीय पृथिवी से लेकर सातवीं पृथिवी तक के नारकियों का जघन्य काल क्रम से एक, तीन, सात, दस, सत्रह और बाईस सागरोपम तथा वही उत्कृष्ट क्रम से तीन, सात, दस, सत्रह, बाईस और तेंतीस सागरोपम कहा गया है (४-९)।

आगे इसी पद्धति से तिर्यंच गति में तिर्यंचों (१०-१८), मनुष्य गति में मनुष्यों (१९-२४) और देवगति में देवों (२५-३८) के काल की प्ररूपणा की गई है।

तत्पश्चात् उसी पद्धति से आगे क्रम से इन्द्रिय आदि अन्य मार्गणाओं के आश्रय से प्रकृत काल की प्ररूपणा की गई है। इस अनुयोगद्वार की सूत्र संख्या २१६ है।

यहाँ यह स्मरणीय है कि प्रस्तुत काल की प्ररूपणा इसके पूर्व जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत पाँचवें कालानुगम अनुयोगद्वार में की जा चुकी है। पर वहाँ जो उसकी प्ररूपणा की गई है वह क्रमसे गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं में यथासम्भव गुणस्थानों के आश्रय से की गई है। किन्तु यहाँ उसकी प्ररूपणा गुणस्थान निरपेक्ष केवल मार्गणाओं में ही की गई है। यह उन दोनों में विशेषता है।

यही विशेषता आगे एक जीव की अपेक्षा अन्तरानुगम आदि अन्य अनुयोगद्वारों में भी रही है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

३. एकजीव की अपेक्षा अन्तरानुगम

यहाँ गति-इन्द्रिय आदि उन्हीं चौदह मार्गणाओं में अपने-अपने अवान्तर भेदों के साथ एक जीव की अपेक्षा अन्तर की प्ररूपणा की गई है। यथा—

नरकगति में नारकियों का अन्तर कितने काल होता है, इस प्रश्न को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि वह उनका अन्तर जघन्य से अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्ष से असंख्यात पुद्गल परिवर्तन रूप अनन्त काल तक होता है। यह जो सामान्य से अन्तर कहा गया है वही अन्तर पृथक्-पृथक् सातों पृथिवियों के नारकियों का भी है (१-४)।

अभिप्राय यह है कि कोई एक नारकी नरक से निकलकर यदि गर्भज तिर्यंच या मनुष्यों में उत्पन्न होता है और वहाँ सबसे जघन्य आयु के काल में नारक आयु को बाँधकर मरण को प्राप्त होता हुआ पुनः नारकियों में उत्पन्न होता है तो इस प्रकार से वह सूत्रोक्त अन्तर्मुहूर्तमात्र जघन्य अन्तर प्राप्त हो जाता है।

सूत्रनिर्दिष्ट असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण वह उत्कृष्ट अन्तर उसे नारकी की अपेक्षा उपलब्ध होता है जो नरक से निकलकर, नरक गति को छोड़ अन्य गतियों में आवली के असंख्यातवें भाग मात्र पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण परिभ्रमण करता हुआ पीछे फिर से नारकियों में उत्पन्न होता है।

जिस प्रकार यह अन्तर की प्ररूपणा नरक गति के आश्रय से नारकियों के विषय में की गई है इसी प्रकार से वह आगे सामान्य तिर्यंचों व उनके अवान्तर भेदों में, सामान्य मनुष्यों व उनके अवान्तर भेदों में (५-१०) तथा सामान्य देवों व उनके अन्तर्गत भेदों में (११-३४) की गई है।

इसी प्रकार से आगे प्रकृत अन्तर की प्ररूपणा यथाक्रम से इन्द्रिय आदि अन्य मार्गणाओं के आश्रय से की गई है (३५-१५१)। इस अनुयोगद्वार में समस्त सूत्रों की संख्या १५१ है।

४. नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय

इस अनुयोगद्वार की समस्त सूत्र संख्या २३ है। गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं में जीव नियम से कहाँ सदाकाल विद्यमान रहते हैं और कहाँ वे कदाचित् रहते हैं व कदाचित् नहीं भी रहते हैं, इस प्रकार इस अनुयोगद्वार में विवक्षित जीवों के अस्तित्व व नास्तित्व रूप भंगों का विचार किया गया है। यथा—

गतिमार्गणा के प्रसंग में कहा गया है कि सामान्य नारकी तथा पृथक्-पृथक् सातों पृथिवियों के नारकी नियम से रहते हैं, उनका वहाँ कभी अभाव नहीं होता (१-२)।

तिर्यंचगति में सामान्य तिर्यंच व पंचेंद्रिय तिर्यंच आदि विशेष तिर्यंच तथा मनुष्यगति में मनुष्य, मनुष्य पर्याप्त व मनुष्यिणी ये सब जीव नियम से सदा ही रहते हैं (३)।

मनुष्य अपर्याप्त कदाचित् रहते हैं और कदाचित् नहीं भी रहते हैं (४)।

देवगति में सामान्य से देव व विशेष रूप से भवनवासी आदि सभी देव नियम से सदा काल रहते हैं (५-६)।

इसी पद्धति से आगे अन्य इन्द्रिय आदि मार्गणाओं में भी जीवों के अस्तित्व-नास्तित्व का विचार किया गया है (७-२३)।

यहाँ विशेष ज्ञातव्य यह है कि ऊपर जिस प्रकार मनुष्य अपर्याप्तों के कदाचित् रहने और

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

कदाचित् न रहने का उल्लेख किया गया है (४) उसी प्रकार आगे वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी (१५), सूक्ष्मसाम्परायिकशुद्धिसंयत (१६), उपशमसम्यग्दृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि (२१) जीवों के भी कदाचित् रहने और कदाचित् न रहने का उल्लेख किया गया है।

पूर्वोक्त मनुष्य अपर्याप्त और वैक्रियिकमिश्रकाययोगी आदि सात, इस प्रकार ये आठ सान्तरमार्गणायें निर्दिष्ट की गई हैं।[1]

५. द्रव्यप्रमाणानुगम

इस अनुयोगद्वार में गति-इन्द्रिय आदि उन चौदह मार्गणाओं में यथाक्रम से जीवों की संख्या का विचार किया गया है। यथा—

द्रव्यप्रमाणानुगम से गतिमार्गणा के अनुसार नरक गति में नारकीजीव द्रव्यप्रमाण से कितने हैं, ऐसा प्रश्न उठाते हुए उसके स्पष्टीकरण में कहा गया है कि वे द्रव्यप्रमाण से असंख्यात हैं। काल की अपेक्षा वे असंख्यातासंख्यात अवसर्पिणी-उत्सर्पिणियों से अपहृत होते हैं। क्षेत्र की अपेक्षा वे जगप्रतर के असंख्यातवें भाग मात्र असंख्यात जगश्रेणि प्रमाण हैं। उन जगश्रेणियों की विष्कम्भसूची सूच्यंगुल के द्वितीय वर्गमूल से गुणित उसी के प्रथम वर्गमूल प्रमाण हैं (१-६)। इस प्रकार सामान्य नारकियों की संख्या का उल्लेख करके आगे प्रथमादि पृथिवियों में वर्तमान नारकियों की संख्या का भी पृथक्-पृथक् उल्लेख किया गया है (७-१३)।

इसी प्रकार से आगे तिर्यंच आदि शेष तीन गतियों और इन्द्रिय-काय आदि शेष मार्गणाओं में भी जीवों की संख्या की प्ररूपणा की गई है। यहाँ सब सूत्र १९१ हैं।

६. क्षेत्रानुगम

इस अनुयोगद्वार में गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं में वर्तमान जीवों के वर्तमान निवास स्वरूप क्षेत्र की प्ररूपणा स्वस्थान, समुद्घात और उपपाद इन पदों के आश्रय से की गई है। यथा—

गति मार्गणा के अनुसार नरक गति में नारकी स्वस्थान, समुद्घात और उपपाद की अपेक्षा कितने क्षेत्र में रहते हैं, इस प्रश्न के साथ यह स्पष्ट किया गया है कि वे इन तीन पदों की अपेक्षा लोक के असंख्यातवें भाग में रहते हैं। यही क्षेत्र पृथक्-पृथक् प्रथमादि सातों पृथिवियों में वर्तमान नारकियों का भी है (१-३)।

स्वस्थान दो प्रकार का है—स्वस्थान-स्वस्थान और विहारवत्स्वस्थान। जीव जिस ग्राम-नगरादि में उत्पन्न हुआ है उसी में सोना, बैठना व गमन आदि करना, इसका नाम स्वस्थान-स्वस्थान है। अपने उत्पन्न होने के ग्रामनगरादि को छोड़कर अन्यत्र सोने, बैठने एवं गमन आदि करने का नाम विहारवत्स्वस्थान है।

वेदना व कषाय आदि के वश आत्मप्रदेशों का बाहर निकलकर जाना, इसका नाम समुद्घात है। वह वेदना, कषाय, वैक्रियिक, मारणान्तिक, तैजस, आहारक और केवलि-समुद्घात के भेद से सात प्रकार का है। इनमें से प्रकृत में वेदना, कषाय वैक्रियिक और मारणान्तिक इन चार समुद्घातों की विवक्षा रही है। कारण यह कि आहारकसमुद्घात नारकियों के सम्भव नहीं है, क्योंकि वह ऋद्धि प्राप्त महर्षियों के ही होता है। केवलिसमुद्-

१. गो० जीवकाण्ड, १४२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

घात केवलियों के होता है, अतः वह भी नारकियों के सम्भव नहीं है। तैजस समुद्घात महाव्रतों के बिना नहीं होता, इससे उसकी भी सम्भावना नारकियों के नहीं है।

पूर्व भव को छोड़कर अगले भव के प्रथम समय में जो प्रवृत्ति होती है, इसे उपपाद कहा जाता है।

इस प्रकार नरकगति में नारकियों के क्षेत्रप्रमाण को दिखाकर आगे तिर्यंचगति में उस क्षेत्र की प्ररूपणा करते हुए कहा गया है कि तिर्यंचगति में सामान्य तिर्यंच उक्त तीन पदों की अपेक्षा सब लोक में रहते हैं। पंचेन्द्रिय तिर्यंच, पंचेन्द्रिय तिर्यंच पर्याप्त, पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनिमती और पंचेन्द्रिय तिर्यंच अपर्याप्त ये उन तीनों पदों की अपेक्षा लोक के असंख्यातवें भाग में रहते हैं। (४-७)।

मनुष्यगति में सामान्य मनुष्य, मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यणी स्वस्थान और उपपाद पद से लोक के असंख्यातवें भाग में रहते हैं। समुद्घात की अपेक्षा वे लोक के असंख्यातवें भाग में, असंख्यात बहुभागों में और समस्त लोक में रहते हैं। मनुष्य अपर्याप्त उन तीनों पदों से लोक के असंख्यातवें भाग में रहते हैं। (८-१४)।

यहाँ समुद्घात की अपेक्षा जो मनुष्यों का क्षेत्र असंख्यात बहुभाग और समस्त लोक कहा गया है वह क्रम से प्रतरसमुद्घात और लोकपूरण समुद्घातगत केवलियों की अपेक्षा से कहा गया है।

देवगति में सामान्य देवों का तथा विशेषरूप में भवनवासी आदि सर्वार्थसिद्धि विमानवासी देवों तक का क्षेत्र सामान्य से देवगति के समान लोक का असंख्यातवाँ भाग निर्दिष्ट किया गया है (१५-१७)।

इसी पद्धति से आगे इन्द्रिय व काय आदि अन्य मार्गणाओं के आश्रय से भी क्रमशः प्रकृत क्षेत्र की प्ररूपणा की गई है। यहाँ सब सूत्र १२४ हैं।

७. स्पर्शनानुगम

पूर्वक्षेत्रानुगम अनुयोगद्वार में जहाँ जीवों के वर्तमान निवासभूत क्षेत्र का विचार किया गया है वहाँ इस स्पर्शनानुगम में उक्त तीन पदों की अपेक्षा उन चौदह मार्गणाओं में यथाक्रम से वर्तमान क्षेत्र के साथ अतीत व अनागत काल का भी आश्रय लेकर इस स्पर्शनक्षेत्र की प्ररूपणा की गई है यथा—

नरकगति में नारकियों ने स्वस्थान पद से कितने क्षेत्र का स्पर्श किया है, इस प्रश्न को उठाते हुए उसके स्पष्टीकरण में यह कहा गया है कि उन्होंने स्वस्थान की अपेक्षा लोक के असंख्यातवें भाग का स्पर्श किया है तथा समुद्घात और उपपाद इन दो पदों की अपेक्षा लोक के असंख्यातवें भाग का अथवा कुछ कम छह बटे चौदह भागों का स्पर्श किया है (१-५)।

यह कुछ कम छह बटे चौदह भाग प्रमाण क्षेत्र अतीत काल के आश्रय से सातवीं पृथिवी के नारकी द्वारा किए जानेवाले मारणान्तिक समुद्घात और उपपाद पदों की अपेक्षा कहा गया है। इसमें जो कुछ कम किया गया है वह धवलाकार के अभिप्रायानुसार संख्यात हजार योजनों से कम समझना चाहिए। प्रकारान्तर से धवलाकार ने यह भी कहा है कि अथवा 'कम का प्रमाण इतना है', यह जाना नहीं जाता, क्योंकि पार्श्व भागों के मध्य में इतना क्षेत्र कम है, इस विषय में विशिष्ट उपदेश प्राप्त नहीं है। आगे उन्होंने कहा है कि उपपाद पद के प्रसंग में भी इस

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

कमी के प्रमाण को पूर्व के समान जानकर कहना चाहिए।[1]

प्रथम पृथिवी के नारकियों ने उक्त तीनों पदों से लोक के असंख्यातवें भाग का स्पर्श किया है (६-७)।

दूसरी से लेकर सातवीं पृथिवी तक के नारकियों ने स्वस्थान की अपेक्षा लोक के असंख्यातवें भाग तथा समुद्घात और उपपाद की अपेक्षा लोक के असंख्यातवें भाग अथवा चौदह भागों में यथाक्रम से कुछ कम एक, दो, तीन, चार, पाँच और छह भागों का स्पर्श किया है (८-११)।

इसी पद्धति से आगे तिर्यंचगति आदि तीन गतियों और इन्द्रिय-काय आदि शेष मार्गणाओं के आश्रय से प्रकृत स्पर्शन की प्ररूपणा की गई है। यहाँ सब सूत्र २७६ हैं।

८. नाना जीवों की अपेक्षा कालानुगम

इस अनुयोगद्वार में गति-इन्द्रिय आदि मार्गणाओं में वर्तमान जीव वहाँ नाना जीवों की अपेक्षा कितने काल रहते हैं, इसका विचार किया गया है। यथा—

नाना जीवों की अपेक्षा कालानुगम से गतिमार्गणा के अनुसार नरकगति में नारकी जीव कितने काल रहते हैं, यह पूछे जाने पर उत्तर में कहा गया है कि वे वहाँ सर्वकाल रहते है, उनका वहाँ कभी अभाव नहीं होता। यह जो सामान्य से नारकियों के काल का निर्देश किया गया है। वही पृथक्-पृथक् सातों पृथिवियों के नारकियों को भी निर्दिष्ट किया गया है (१-३)।

तिर्यंचगति में नाना जीवों की अपेक्षा पाँचों प्रकार के तिर्यंचों और मनुष्यगति में मनुष्य अपर्याप्तकों को छोड़कर सभी मनुष्यों का भी सर्वकाल (अनादि-अनन्त) ही कहा गया है। मनुष्य अपर्याप्त जघन्य से क्षुद्रभवग्रहण मात्र और उत्कर्ष से वे पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्रकाल तक अपनी उस पर्याय में रहते हैं (४-८)।

देवगति में सामान्य से देवों का व विशेष रूप से भवनवासियों को आदि लेकर सर्वार्थसिद्धि विमानवासी तक पृथक्-पृथक् सभी देव सदाकाल रहते हैं, उनमें से किन्हीं का भी कभी अभाव नहीं होता (६-११)।

इसी पद्धति से आगे इन्द्रिय आदि अन्य मार्गणाओं में भी प्रस्तुत काल की प्ररूपणा की गई है। सब सूत्र यहाँ ५५ हैं।

६. नाना जीवों की अपेक्षा अन्तरानुगम

यहाँ गति-इन्द्रिय आदि मार्गणाओं में नाना जीवों की अपेक्षा यथाक्रम से अन्तर की प्ररूपणा की गई है। यथा—

गतिमार्गणा के अनुसार नाना जीवों की अपेक्षा अन्तरानुगम से नरकगति में नारकियों का अन्तर कितने काल होता है, इस प्रश्न को उठाते हुए उसके उत्तर में कहा गया है कि उनका अन्तर नहीं होता, वे निरन्तर हैं—सदाकाल विद्यमान रहते है। इसी प्रकार सातों पृथिवियों में नारकी जीवों का अन्तर नहीं होता—वे सदा विद्यमान रहते हैं (१-४)।

तिर्यंचगति में पाँचों प्रकार के तिर्यंच और मनुष्यगति में सामान्य मनुष्य, मनुष्य पर्याप्त

---

१. धवला पु०७, पृ० ३६६-७०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

और मनुष्यणी ये जीवराशियाँ भी निरन्तर हैं, उनका कभी अभाव नहीं होता। मनुष्य अपर्याप्तों का अन्तर जघन्य से एक समय और उत्कर्ष से पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्रकाल तक होता है (५-१०)।

देवगति में सामान्य देवों का और उन्हीं के समान भवनवासियों से लेकर सर्वार्थसिद्धि विमानवासी तक किन्हीं देवविशेषों का भी अन्तर नहीं होता, वे सब ही निरन्तर हैं (११-१४)।

इसी पद्धति से आगे इन्द्रिय व काय आदि अन्य मार्गणाओं में भी यथाक्रम से उस अन्तर की प्ररूपणा की गई है। यहाँ सब सूत्र ६८ हैं।

यहाँ यह ज्ञातव्य है कि उत्कृष्ट देवायु को मनुष्य ही बाँधते हैं, पर उत्कृष्ट नारकायु को मनुष्य भी बाँधते हैं और संज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यंच भी बाँधते हैं, इसी अभिप्राय को हृदयंगम करते हुए सूत्र में मनुष्य और तिर्यंच इन दोनों शब्दों को ग्रहण किया गया है। इसी प्रकार देवों की उत्कृष्ट आयु को सम्यग्दृष्टि और नारकियों की उत्कृष्ट आयु को मिथ्यादृष्टि ही बाँधते हैं; इसके ज्ञापनार्थ सूत्र में 'सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि' इन दोनों को ग्रहण किया गया है।

देवों की उत्कृष्ट आयु पन्द्रह कर्मभूमियों में ही बाँधी जाती है, किन्तु नारकियों की उत्कृष्ट आयु पन्द्रह कर्मभूमियों और कर्मभूमि प्रतिभागों में भी बाँधी जाती है, इस अभिप्राय से सूत्र में कर्मभूमिज और कर्मभूमि-प्रतिभागज इन दोनों का निर्देश किया गया है। देव-नारकियों की उत्कृष्ट आयु को असंख्यात वर्षायुष्क तिर्यंच और मनुष्य नहीं बाँधते हैं, संख्यात वर्ष की आयुवाले ही उनकी उत्कृष्ट आयु को बाँधते हैं।

सूत्र में काल की अपेक्षा उत्कृष्ट आयुवेदना में तीनों वेदों के साथ अविरोध प्रकट किया गया है। इसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि 'वेद' से यहाँ भाववेद को ग्रहण किया गया है, क्योंकि द्रव्य स्त्रीवेद के साथ नारकियों की उत्कृष्ट आयु का बन्ध नहीं होता। ऐसा न मानने पर "**आ पंचमी त्ति सिंहा इत्थीओ जंति छट्ठिपुढवि त्ति**" इस सूत्र (मूलाचार १२, ११३) के साथ विरोध का प्रसंग अनिवार्य होगा। इसी प्रकार देवों की उत्कृष्ट आयु भी द्रव्य स्त्रीवेद के साथ नहीं बाँधी जाती, अन्यथा "**णियमा णिग्गंथलिंगेण**" इस सूत्र (मूलाचार १२-१३४) के साथ विरोध अवश्यंभावी है। यदि कहा जाय कि द्रव्य स्त्रियों के निर्ग्रन्थता सम्भव है तो यह कहना संगत नहीं होगा, क्योंकि वस्त्र आदि के परित्याग बिना उनके भावनिर्ग्रन्थता असम्भव है। द्रव्यस्त्री और नपुंसक वेदवालों के वस्त्र का त्याग नहीं होता, अन्यथा छेदसूत्र के

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

साथ विरोध का प्रसंग प्राप्त होता है।[1]

देवों व नारकियों की उत्कृष्ट आयु को नभचर नहीं बांधते, इस अभिप्राय को व्यक्त करने के लिए सूत्र में जलचर और थलचर इन दो को ही ग्रहण किया गया है।

काल की अपेक्षा इस उत्कृष्ट आयुवेदना से भिन्न अनुत्कृष्ट आयुवेदना है (१३)।

जघन्य पद में काल की अपेक्षा जघन्य ज्ञानावरणीय वेदना के स्वामी का निर्देश करते हुए कहा गया है कि वह अन्यतर अन्तिम समयवर्ती छद्मस्थ के होती है। इससे भिन्नकाल की अपेक्षा अजघन्य ज्ञानावरणीय-वेदना है (१५-१६)।

जिस प्रकार काल की अपेक्षा जघन्य-अजघन्य ज्ञानावरणीय-वेदना की प्ररूपणा गई है उसी प्रकार काल की अपेक्षा जघन्य-अजघन्य दर्शनावरणीय और अन्तराय वेदनाओं की भी प्ररूपणा करना चाहिए, क्योंकि उससे इनकी प्ररूपणा में कुछ विशेषता नहीं है (१७)।

स्वामित्व के अनुसार जघन्य पद में काल की अपेक्षा वेदनीयवेदना जघन्य किसके होती है, इसे स्पष्ट करते हुए आगे कहा गया है कि वह अन्तिम समयवर्ती भव्यसिद्धिक (अयोगिकेवली) के होती है। इससे भिन्न काल की अपेक्षा वेदनीयवेदना अजघन्य है (१८-२०)।

जिस प्रकार वेदनीयवेदना के जघन्य-अजघन्य स्वामित्व की प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार आयु, नाम और गोत्र कर्मों के भी जघन्य-अजघन्य स्वामित्व की भी प्ररूपणा करना चाहिए (१२१)।

मोहनीयवेदना काल की अपेक्षा जघन्य अन्तिम समयवर्ती अन्यतर सकषाय (सूक्ष्म-साम्परायिक) क्षपक के होती है। इससे भिन्न काल की अपेक्षा अजघन्य मोहनीयवेदना है (२२-२४)।

अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार में ये तीन अवान्तर अनुयोगद्वार हैं—जघन्य पदविषयक, उत्कृष्ट पदविषयक और जघन्य-उत्कृष्ट पदविषयक। इन तीन के आश्रय से क्रमशः काल की अपेक्षा उन ज्ञानावरणीय आदि कर्मवेदनाओं के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है (२५-३५)।

इस प्रकार पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व इन तीन अनुयोगद्वारों के समाप्त हो जाने पर यह वेदनाकालविधान अनुयोगद्वार समाप्त हुआ है।

चूलिका १

उपर्युक्त वेदनाकालविधान के समाप्त हो जाने पर आगे उसकी चूलिका प्राप्त हुई है। धवलाकार ने कालविधान के द्वारा सूचित अर्थों के विवरण को चूलिका कहा है। जिस अर्थ की प्ररूपणा करने पर शिष्यों को पूर्वप्ररूपित अर्थ के विषय में निश्चय उत्पन्न होता है उसे चूलिका समझना चाहिए।

यहाँ सर्वप्रथम सूत्र में कहा गया है कि यहाँ जो मूलप्रकृतिस्थितिबन्ध पूर्व में ज्ञातव्य है उसमें ये चार अनुयोगद्वार हैं—स्थितिबन्धस्थान प्ररूपणा, निषेक प्ररूपणा, आबाधाकाण्डक प्ररूपणा और अल्पबहुत्व (३६)।

स्थितिबन्धस्थानप्ररूपणा में जीवसमासों के आश्रय से स्थितिबन्धस्थानों की प्ररूपणा की

---

१. धवला पु० ११, पृ० ११४-१५

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

गई है। यथा—

सूक्ष्म एकेन्द्रिय अपर्याप्त के स्थितिबन्धस्थान सबसे स्तोक हैं, बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्त के स्थितिबन्धस्थान उनसे संख्यातगुणे हैं, सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्त के स्थितिबन्धस्थान उनसे संख्यातगुणे हैं इत्यादि (३७-५०)।

धवलाकार ने इस अब्बोगाढ अल्पबहुत्वदण्डक को देशामर्शक बतलाकर यहाँ उसके अन्तर्गत स्वस्थान अब्बोगाढ अल्पबहुत्व, परस्थान अब्बोगाढ अल्पबहुत्व, स्वस्थान मूलप्रकृति अल्पबहुत्व और परस्थान मूलप्रकृति अल्पबहुत्व आदि विविध अल्पबहुत्वों की प्ररूपणा की है।[1]

इसी प्रसंग में आगे सूत्रकार द्वारा संक्लेश-शुद्धिस्थानों (५१-६४) और स्थितिबन्ध (६५-१००) के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है।

निषेकप्ररूपणा अनुयोगद्वार में अनन्तरोपनिधा और परम्परोपनिधा इन दो अनुयोग-द्वारों का निर्देश करते हुए प्रथमतः अनन्तरोपनिधा के अनुसार पंचेन्द्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि आदि के द्वारा ज्ञानावरणीय आदि कर्मों के प्रथम-द्वितीयादि समयों में निषिक्त प्रदेशाग्र सम्बन्धी प्रमाण को प्रकट किया गया है (१०१-१०)।

परम्परोपनिधा के अनुसार पंचेन्द्रिय संज्ञी-असंज्ञी आदि जीवों के द्वारा प्रथम समय में निषिक्त आठों कर्मों का प्रदेशाग्र कितना अछ्वान जाकर उत्तरोत्तर दुगुना-दुगुना हीन हुआ है, इत्यादि का विवेचन किया गया है (१११-२०)।

आबाधाकाण्डकप्ररूपणा से यह अभिप्राय प्रकट किया गया है कि पंचेन्द्रिय संज्ञी-असंज्ञी व चतुरिन्द्रिय आदि जीवों के द्वारा आयु को छोड़कर शेष सात कर्मों की जो उत्कृष्ट आबाधा के अन्तिम समय में उत्कृष्ट स्थिति बाँधी जाती है उसमें क्रम से एक-एक समय के हीन होने पर पल्योपम के असंख्यातवें भाग नीचे जाकर एक आबाधाकाण्डक किया जाता है। यह क्रम जघन्य स्थिति तक चलता है (१२१-२२)।

आयुकर्म की अमुक स्थिति अमुक आबाधा में ही बँधती है, ऐसा कुछ नियम न होने से उसे यहाँ छोड़ दिया गया है।

अल्पबहुत्व—यहाँ पंचेन्द्रिय संज्ञी व असंज्ञी आदि जीवों की सात कर्मों सम्बन्धी आबाधा, आबाधास्थान, आबाधाकाण्डक, नानाप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर, एक प्रदेशगुणहानिस्थानान्तर, स्थितिबन्ध और स्थितिबन्धस्थान इनमें हीनाधिकता को प्रकट किया गया है (१२३-६४)।

यहाँ धवला में इस अल्पबहुत्व से सूचित अन्य कितने ही अल्पबहुत्वों की प्ररूपणा विस्तार से की गई है।[2]

इस प्रकार इस अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार के समाप्त हो जाने पर यह चूलिका समाप्त हुई है।

चूलिका २

यह प्रस्तुत कालविधान की दूसरी चूलिका है। इसमें ये तीन अनुयोगद्वार हैं—जीव-

---

१. धवला पु० ११, पृ० १४७-२०५

२. वही, पु० ११, पृ० २७६-३०८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

समुदाहार, प्रकृतिसमुदाहार और स्थितिसमुदाहार।

जीवसमुदाहार में साता वा असातावेदनीय की एक-एक स्थिति में इतने-इतने जीव हैं, इत्यादि का विचार किया गया है। यथा—

ज्ञानावरणीय के बन्धक जीव दो प्रकार के हैं—सातबन्धक और असातबन्धक। इनमें सातबन्धक जीव तीन प्रकार के हैं—चतुःस्थानबन्धक, त्रिस्थानबन्धक और द्विस्थानबन्धक। असातबन्धक जीव भी तीन प्रकार के हैं—द्विस्थानबन्धक, त्रिस्थानबन्धक और चतुःस्थानबन्धक। साता के चतुःस्थानबन्धक जीव से विशुद्ध, त्रिस्थानबन्धक संक्लिष्टतर और द्विस्थानबन्धक उनसे संक्लिष्टतर होते हैं। असाता के द्विस्थानबन्धक जीव सबसे विशुद्ध, त्रिस्थानबन्धक संक्लिष्टतर और चतुःस्थानबन्धक उनसे संक्लिष्टतर होते हैं (१६५-७४)।

सातावेदनीय का अनुभाग चार प्रकार का है—गुड़, खांड, शक्कर और अमृत। इनमें चारों के बन्धक चतुःस्थानबन्धक, अमृत को छोड़ शेष तीन बन्धक त्रिस्थानबन्धक और अमृत व शक्कर को छोड़ शेष दो के बन्धक द्विस्थानबन्धक कहलाते हैं।

'सर्वविशुद्ध' का अर्थ है साता के द्विस्थानबन्धक और त्रिस्थानबन्धकों से विशुद्ध। यहाँ विशुद्धता से अतिशय तीव्रकषाय का अभाव अथवा मन्दकषाय अभिप्रेत है। अथवा जघन्य स्थितिबन्ध के कारणभूत परिणाम को विशुद्धि समझना चाहिए।

असातावेदनीयका अनुभाग भी चार प्रकार का है—नीम, कांजीर, विष और हालाहल। इनमें चारों के बन्धक जीव असाता के चतुःस्थानबन्धक, हालाहल को छोड़ त्रिस्थानबन्धक और हालाहल व विष को छोड़ द्विस्थानबन्धक कहलाते हैं।

आगे साता-असाता के चतुःस्थानबन्धक आदि जीव ज्ञानावरणीय की जघन्य आदि किस प्रकार की स्थिति को बाँधते हैं, इत्यादि का विचार किया गया है (१७५-२३८)।

प्रकृतिसमुदाहार में दो अनुयोगद्वार हैं—प्रमाणानुगम और अल्पबहुत्व। इनमें से प्रमाणानुगम में ज्ञानावरणीय आदि कर्मों के स्थितिबन्धाध्यवसानों का प्रमाण प्रकट किया गया है (२३९-४१)।

अल्पबहुत्व में उन स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानों की हीनाधिकता को दिखलाया गया है (२४२-४५)।

स्थितिसमुदाहार में ये तीन अनुयोगद्वार हैं—प्रगणना, अनुकृष्टि और तीव्र-मन्दता। इनमें से प्रगणना में इस स्थिति के बन्ध के कारणभूत इतने-इतने स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान होते हैं, इसे स्पष्ट किया गया है (२४६-६८)।

अनुकृष्टि में उन स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानों की समानता व असमानता को व्यक्त किया गया है (२६९-७१)।

तीव्र-मन्दता के आश्रय से ज्ञानावरणीय आदि के जघन्य आदि स्थिति सम्बन्धी स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान के अनुभाग की तीव्रता व मन्दता का विचार किया गया है (२७२-७९)।

इस स्थितिसमुदाहार के समाप्त होने पर प्रस्तुत वेदनाकालविधान अनुयोगद्वार की दूसरी चूलिका समाप्त होती है। इस प्रकार यहाँ वेदनाकालविधान समाप्त हुआ है।

वेदनाक्षेत्रविधान और वेदनाकालविधान ये दो (५,६) अनुयोगद्वार ११वीं जिल्द में प्रकाशित हुए हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

७. **वेदनाभावविधान**—इसमें भी वे ही तीन अनुयोगद्वार हैं—पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व।

पदमीमांसा में भाव की अपेक्षा ज्ञानावरणीय आदि वेदनाएँ क्या उत्कृष्ट हैं, क्या अनुत्कृष्ट हैं, क्या जघन्य हैं, और क्या अजघन्य हैं, इन पदों का विचार किया गया है (१-५)।

स्वामित्व में उन्हीं ज्ञानावरणीय आदि कर्मों की भाववेदनाविषयक उपर्युक्त उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट आदि पदों के स्वामियों की प्ररूपणा की गई है। यथा—

स्वामित्व दो प्रकार का है—उत्कृष्ट पदविषयक और जघन्य पदविषयक। इनमें उत्कृष्ट पद के अनुसार ज्ञानावरणीयवेदना भाव की अपेक्षा उत्कृष्ट किसके होती है, इसका विचार करते हुए कहा गया है कि नियम से अन्यतर पंचेन्द्रिय, संज्ञी, मिथ्यादृष्टि, सभी पर्याप्तियों से पर्याप्त, जागृत और उत्कृष्ट संक्लेश से सहित ऐसे जीव के द्वारा बाँधे गये उत्कृष्ट अनुभाग का जिसके सत्त्व होता है उसके भाव की अपेक्षा वह ज्ञानावरणीयवेदना उत्कृष्ट होती है। वह एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय इनमें कोई भी हो सकता है; वह संज्ञी भी हो सकता है और असंज्ञी भी; अथवा बादर भी हो सकता है और सूक्ष्म भी; पर्याप्त भी हो सकता है व अपर्याप्त भी हो सकता है; इसी प्रकार वह चारों गतियों में से किसी भी गति में वर्तमान हो सकता है—इन अवस्थाओं में उसके लिए कोई विशेष नियम नहीं है। इस से भिन्न भाव की अपेक्षा ज्ञानवरणीयवेदना अनुत्कृष्ट होती है (६-१०)।

आगे दर्शनावरणीय, मोहनीय और अन्तरायवेदनाओं के विषय में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि जिस प्रकार ज्ञानावरणीय के उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट अनुभाग की प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार इन तीन घातिया कर्मों के भी उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट अनुभाग की प्ररूपणा करना चाहिए—उससे इनमें कोई विशेषता नहीं हैं (११)।

वेदनीयवेदना भाव की अपेक्षा उत्कृष्ट किसके होती है, इसका विचार करते हुए आगे कहा गया है कि जिस अन्यतर सूक्ष्मसाम्परायिकशुद्धिसंयत क्षपक ने अन्तिम समय में उसके उत्कृष्ट अनुभाग को बाँधा है उसके भाव की अपेक्षा वेदनीयवेदना उत्कृष्ट होती है, साथ ही जिसके उसका उत्कृष्ट सत्त्व है। वह उसका-उसका सत्त्व क्षीणकषाय-वीतराग-छद्मस्थ व सयोगिकेवली के होता है। अतः उनके भी भाव की अपेक्षा उत्कृष्ट वेदनीयवेदना होती है। इससे भिन्न भाव की अपेक्षा वेदनीयवेदना अनुत्कृष्ट होती है (१२-१५)।

अभिप्राय यह है कि सातावेदनीय के उत्कृष्ट अनुभाग को बाँधकर क्षीणकषाय, सयोगी और अयोगी गुणस्थानों को प्राप्त हुए जीव के इन गुणस्थानों में भी वेदनीय का उत्कृष्ट अनुभाग होता है। सूत्र में यद्यपि 'अयोगी' शब्द नहीं है, फिर भी धवलाकार के अभिप्रायानुसार सूत्र में उपयुक्त दो 'वा' शब्दों में से दूसरे 'वा' शब्द से उसकी सूचना की गई है।

भाव की अपेक्षा उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट नाम और गोत्र वेदनाओं की प्ररूपणा उपर्युक्त वेदनीय-वेदना के समान है (१६)।

आगे भाव की अपेक्षा उत्कृष्ट आयुवेदना के स्वामी की प्ररूपणा करते हुए कहा गया है कि साकार उपयोग से युक्त, जागृत और तत्प्रायोग्य विशुद्धि से सहित अन्यतर अप्रमत्तसंयत के द्वारा बाँधे गए उसके उत्कृष्ट अनुभाग का सत्त्व जिसके होता है उसके भाव की अपेक्षा उत्कृष्ट आयुवेदना होती है। उसका सत्त्व संयत अथवा अनुत्तर विमानवासी देव के होता है, अतएव उसके वह भाव की अपेक्षा उत्कृष्ट आयुवेदना जानना चाहिए। साथ ही जिस

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अप्रमत्तसंयत ने उसके उत्कृष्ट अनुभाग को बाँधा है वह भी आयु की उत्कृष्ट भाववेदना का स्वामी होता है। इससे भिन्न उसकी अनुत्कृष्ट वेदना होती है (१७-२०)।

भाव की अपेक्षा ज्ञानावरणीय की जघन्य वेदना अन्तिम समयवर्ती छद्मस्थ क्षपक के होती है। इससे भिन्न उसकी जघन्य भाववेदना निर्दिष्ट की गई है। दर्शनावरणीय और अन्तराय इन दो कर्मों की भी भाव की अपेक्षा जघन्य-अजघन्य वेदनाओं की प्ररूपणा ज्ञानावरणीय के ही समान है (२१-२४)।

इसी प्रकार से आगे वेदनीय आदि शेष कर्मों की भाव की अपेक्षा जघन्य-अजघन्य वेदनाओं की प्ररूपणा की गई है (२५-३६)। इस प्रकार स्वामित्व अनुयोगद्वार समाप्त हुआ है।

अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार में जघन्य पदविषयक, उत्कृष्ट पदविषयक और जघन्य-उत्कृष्ट पदविषयक इन तीन अनुयोगद्वारों के आश्रय से भाववेदना सम्बन्धी अल्पबहुत्व की प्ररूपणा करते हुए प्रथमतः ज्ञानावरणीय आदि मूल प्रकृतियों की भाववेदना के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है। यथा—

मोहनीयवेदना भाव की अपेक्षा जघन्य सबसे स्तोक है, अन्तरायवेदना भाव से जघन्य उससे अनन्तगुणी है, ज्ञानावरणीय और दर्शनावरणीय वेदनाएँ भाव की अपेक्षा जघन्य परस्पर समान होती हुई अन्तरायवेदना से अनन्तगुणी हैं, आयुवेदना भाव से जघन्य अनन्तगुणी है, इत्यादि (४०-६४)।

आगे यहाँ तीन गाथासूत्रों के द्वारा उत्तर प्रकृतियों के आश्रय से उत्कृष्ट अनुभागविषयक अल्पबहुत्व की प्ररूपणा संक्षेप में की गई है[1]।

इसके अनन्तर '**यहाँ चौसठ पदवाला उत्कृष्ट महादण्डक किया जाता है**' इस सूचना के साथ आगे उन तीन गाथाओं द्वारा संक्षेप में निर्दिष्ट उसी अल्पबहुत्व का स्पष्टीकरण गद्यात्मक सूत्रों द्वारा पुनः विस्तार से किया गया है[2]। यथा—

लोभसंज्वलन सबसे मन्द अनुभागवाला है। मायासंज्वलन उससे अनन्तगुणा है। मानसंज्वलन उससे अनन्तगुणा है। क्रोधसंज्वलन उससे अनन्तगुणा है। मनःपर्ययज्ञानावरणीय और दानान्तराय ये दोनों परस्पर तुल्य होकर उस क्रोधसंज्वलन से अनन्तगुणे हैं, इत्यादि।

इन गद्यात्मक सूत्रों को धवलाकार ने उन गाथासूत्रों के गूढ़ अर्थ को स्पष्ट करनेवाले चूर्णिसूत्र कहा है।[3]

आगे अन्य तीन गाथासूत्रों द्वारा उत्तरप्रकृतियों के आश्रय से जघन्य अनुभागविषयक अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है।[4]

ठीक इसके पश्चात् '**यहाँ चौंसठ पदवाला जघन्य महादण्डक किया जाता है**' इस सूचना के साथ आगे उन गाथासूत्रों द्वारा निर्दिष्ट उसी संक्षिप्त अल्पबहुत्व का स्पष्टीकरण पुनः

---

१. धवला पु० १२, पृ० ४०-४४
२. वही, पृ० ४४-५६, सूत्र ६५-११७
३. वही, पु० १२, पृ० ४१,४२-४३ व ४३
४. वही, पु० १२, पृ० ६२-६४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

गद्यात्मक सूत्रों में किया गया है।[1] जैसे—

उक्त तीन गाथाओं में से प्रथम गाथा के प्रारम्भ में यह कहा गया है—**संज-मण-णाणमोहीलाभं**। इसमें 'संज' से चार संज्वलन, 'मण' से मनःपर्ययज्ञानावरणीय, 'णाण' से दानान्तराय और 'ओही' से अवधिज्ञानावरण व अवधिदर्शनावरण अभिप्रेत रहे हैं। तदनुसार गद्यसूत्रों में उसे इस प्रकार स्पष्ट किया गया है—

संज्वलनलोभ सबसे मन्द अनुभागवाला है, संज्वलनमाया उससे अनन्तगुणी है, संज्वलनमान उससे अनन्तगुणा है, संज्वलनक्रोध उससे अनन्तगुणा है, मनःपर्ययज्ञानावरण और दानान्तराय ये दोनों परस्पर तुल्य होकर उससे अनन्तगुणे हैं, अवधिज्ञानावरणीय, अवधिदर्शनावरणीय और लाभान्तराय तीनों परस्पर तुल्य होकर उनसे अनन्तगुणे हैं (सूत्र ११६-२४), इत्यादि।

इस प्रकार पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व इन तीन अनुयोगद्वारों के समाप्त होने पर आगे प्रस्तुत वेदनाभावविधान से सम्बन्धित तीन चूलिकाएँ हैं।

चूलिका १

यहाँ सर्वप्रथम '**सम्मत्तुप्पत्ती वि य**' इत्यादि दो गाथाएँ प्राप्त होती हैं। इन गाथाओं द्वारा सम्यक्त्व की उत्पत्ति, देशविरति, संयत, अनन्तानुबन्धी का विसंयोजन, दर्शनमोह का क्षपक, कषाय का उपशामक, उपशान्तकषाय, क्षपक, क्षीणमोह और जिन अधःप्रवृत्तकेवली व योगनिरोध के इन स्थानों में नियम से उत्तरोत्तर होनेवाली असंख्यातगुणी निर्जरा और विपरीत क्रम से उस निर्जरा के संख्यातगुणे काल की प्ररूपणा की गई है।[2]

आगे इन दोनों गाथाओं के अभिप्राय को गद्यसूत्रों में स्वयं ग्रन्थकार द्वारा इस प्रकार अभिव्यक्त किया गया है—

दर्शनमोह के उपशामक की गुणश्रेणिनिर्जरा का गुणकार सबसे स्तोक है। उससे संयतासंयत की गुणश्रेणिनिर्जरा का गुणकार असंख्यातगुणा है। उससे अधःप्रवृत्तसंयत की गुणश्रेणिनिर्जरा का गुणकार असंख्यातगुणा है। उससे अनन्तानुबन्धी के विसंयोजक की गुणश्रेणिनिर्जरा का गुणकार असंख्यातगुणा है, इत्यादि (सूत्र १७५-८५)।

इस गुणश्रेणिनिर्जरा का विपरीत कालक्रम-योगनिरोधकेवली की गुणश्रेणि का काल सबसे स्तोक है। अधःप्रवृत्तकेवली की गुणश्रेणि का काल उससे संख्यातगुणा है। क्षीणकषाय-वीतराग-छद्मस्थ की गुणश्रेणि का काल उससे संख्यातगुणा है, इत्यादि (सूत्र १८६-९६)।

चूलिका २

पूर्व में वेदनाद्रव्यविधान, वेदनाक्षेत्रविधान और वेदनाकालविधान इन तीन अनुयोगद्वारों में अजघन्य और अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धस्थानों की सूचना मात्र की गई है, उनकी प्ररूपणा वहाँ नहीं की गई है। अब इस दूसरी चूलिका में अविभागप्रतिच्छेदप्ररूपणा, स्थानप्ररूपणा, अन्तरप्ररूपणा, काण्डकप्ररूपणा, ओज-युग्मप्ररूपणा, षट्स्थानप्ररूपणा, अधस्तनस्थानप्ररूपणा, समयप्ररूपणा,

---

१. धवला सूत्र, ११८-७४, पृ० ६५-७५
२. वही, पु० १२, पृ० ७८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

वृद्धिप्ररूपणा, यवमध्यप्ररूपणा, पर्यवसानप्ररूपणा और अल्पबहुत्व इन बारह अनुयोगद्वारों के आश्रय से उन्हीं अनुभागबन्धाध्यवसानस्थानों (अनुभागबन्धस्थानों) की प्ररूपणा की गई है। धवलाकार ने 'अनुभागबन्धाध्यवसानस्थान' से 'अनुभागबन्धस्थान' का अभिप्राय व्यक्त किया है (सूत्र १६७)। यह दूसरी चूलिका १६७ वें सूत्र से प्रारम्भ होकर २६७वें सूत्रपर समाप्त हुई है[1]।

चूलिका ३

प्रस्तुत भावविधान से सम्बद्ध इस तीसरी चूलिका में जीवसमुदाहार के अन्तर्गत ये आठ अनुयोगद्वार निर्दिष्ट किए गए हैं—एकस्थानजीवप्रमाणानुगम, निरन्तरस्थानजीवप्रमाणानुगम, सान्तरस्थानजीवप्रमाणानुगम, नानाजीवकालप्रमाणानुगम, वृद्धिप्ररूपणा, यवमध्यप्ररूपणा, स्पर्शनप्ररूपणा और अल्पबहुत्व।

१. एकस्थानजीवप्रमाणानुगम में एक-एक अनुभागबन्धस्थान में जघन्य से इतने और उत्कर्ष से इतने जीव होते हैं, इसे स्पष्ट किया गया है (२६६)।

२. निरन्तरस्थानजीवप्रमाणानुगम के आश्रय से निरन्तर जीवों से सहगत अनुभाग-स्थान इतने और उत्कर्ष से इतने होते हैं, यह स्पष्ट किया गया है (२७०)।

३. निरन्तर जीवों से विरहित वे स्थान जघन्य से इतने और उत्कर्ष से इतने होते हैं, इसे सान्तरस्थानजीवप्रमाणानुगम में स्पष्ट किया गया है (२७१)।

४. नानाजीवकालप्रमाणानुगम में एक-एक स्थान में जघन्य से इतने और उत्कर्ष से इतने जीव होते हैं, इसे स्पष्ट किया गया है (२७२-७४)।

५. वृद्धिप्ररूपणा में अनन्तरोपनिधा और परम्परोपनिधा के आश्रय से जीवों की वृद्धि को प्रकट किया गया है (२७५-८६)।

६. क्रम से बढ़ते हुए जीवों के स्थानों के असंख्यातवें भाग में यवमध्य होता है। उससे ऊपर के सब स्थान जीवों से विशेष हीन होते गये हैं। इसका स्पष्टीकरण यवमध्यप्ररूपणा में किया गया है (२६०-६२)।

७. स्पर्शन अनुयोगद्वार में अतीत काल में एक जीव के द्वारा एक अनुभाग-स्थान इतने काल स्पर्श किया गया है, इसका विचार किया गया है (२६३-३०३)।

८. अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार में पूर्वोक्त तीनों अनुभाग स्थानों के अल्पबहुत्व का विवेचन किया गया है (३०४-१४)।

इस प्रकार यह तीसरी भावविधान-चूलिका २६८ वें सूत्र से प्रारम्भ होकर ३१४ वें सूत्र पर समाप्त हुई है। इन तीनों चूलिकाओं के समाप्त हो जाने पर प्रस्तुत वेदनाभावविधान अनुयोगद्वार समाप्त हुआ है।

८. **वेदनाप्रत्ययविधान**—इस अनुयोगद्वार में ज्ञानावरणीय आदि आठ कर्मवेदनाओं के प्रत्ययों (कारणों) का विचार किया गया है। यथा—

नैगम, व्यवहार और संग्रह इन तीन नयों की अपेक्षा ज्ञानावरणीय आदि आठ कर्म-वेदनाओं में प्रत्येक के ये प्रत्यय निर्दिष्ट किये गये हैं—प्राणातिपात, मृषावाद, अदत्तादान,

---

१. पु० १२, पृ० ८७-२४०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

मैथुन, परिग्रह व रात्रि भोजन; इसी प्रकार क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष, मोह, प्रेम निदान, अभ्याख्यान, कलह, पैशून्य, रति, अरति, उपधि, निकृति, मान, माय (मेष), मोष, (स्तेय), मिथ्याज्ञान, मिथ्यादर्शन और प्रयोग (सूत्र १-११)।

तत्त्वार्थसूत्र (८-१) में मिथ्यादर्शन, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग इनको बन्ध का कारण कहा गया है। धवलाकार ने उपर्युक्त वेदनाप्रत्ययविधान में निर्दिष्ट उन सब प्रत्ययों को इन्हीं मिथ्यादर्शन आदि के अन्तर्गत किया है। उन्होंने उपर्युक्त प्रत्ययों में प्राणातिपात मृषावाद, अदत्तादान, मैथुन, परिग्रह और रात्रिभोजन इन प्रारम्भ के छह प्रत्ययों को असंयम प्रत्यय कहा है।[1]

क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष, मोह, प्रेम, निदान, अभ्याख्यान, कलह, पैशून्य, रति, अरति, उपधि, निकृति, मान (प्रस्थ आदि), माय (मेय—गेंहूँ आदि), और मोष (स्तेय), इन सबको धवला में कषाय प्रत्यय कहा गया है। इनके अतिरिक्त वहाँ मिथ्याज्ञान और मिथ्यादर्शन को मिथ्यात्व प्रत्यय तथा प्रयोग को योग प्रत्यय निर्दिष्ट किया गया है।

प्रमाद के विषय में धवला में वहाँ यह शंका उठायी गई है कि इन प्रत्ययों में यहाँ प्रमाद प्रत्यय का निर्देश क्यों नहीं किया गया। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि इन प्रत्ययों के बाहर प्रमाद प्रत्यय नहीं पाया जाता—उसे इन्हीं प्रत्ययों के अन्तर्गत समझना चाहिए।[2]

आगे ऋजुसूत्र नय की अपेक्षा ज्ञानावरणीय आदि वेदनाओं के प्रत्यय की प्ररूपणा करते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि इस नय की अपेक्षा प्रकृति और प्रदेश पिण्ड स्वरूप वह कर्मवेदना योग प्रत्यय से तथा स्थिति और अनुभाग स्वरूप वह वेदना कषाय प्रत्यय से होती है (१२-१४)।

अन्त में शब्दनय की अपेक्षा उक्त कर्मवेदनाओं के प्रत्यय को प्रकट करते हुए उसे 'अवक्तव्य' कहा गया है (१५-१६)।

धवलाकार ने इसका कारण शब्दनय की दृष्टि में समास का अभाव बतलाया है। उदाहरण के रूप में वहाँ यह कहा गया है कि 'योगप्रत्यय' में 'योग' शब्द योगरूप अर्थ को तथा 'प्रत्यय' शब्द प्रत्ययरूप अर्थ को कहता है, इस प्रकार समास के अभाव में दो पदों के द्वारा एक अर्थ की प्ररूपणा नहीं की जाती है। अतएव तीनों शब्दनयों की अपेक्षा वेदना का प्रत्यय अवक्तव्य है।

इस प्रकार यह वेदना प्रत्यय विधान अनुयोगद्वार १६ सूत्रों में समाप्त हुआ है।

९. **वेदना-स्वामित्व-विधान**—इस अनुयोगद्वार में ज्ञानावरणीय आदि कर्मवेदनाओं के स्वामी के विषय में विचार किया गया है। यथा—

सर्वप्रथम यहाँ वेदनास्वामित्वविधान अधिकार का स्मरण कराते हुए कहा गया है कि

---

१. एवमसंयमप्रत्ययो परूविदो।—धवला पु० १२, पृ० २८३

२. कोध-माण-माया-लोभ-राग-दोस-मोह-पेम्म-णिदाण-अब्भक्खाण-कलह-पेसुण-रदि-अरदि-उवहि-माण-माय-मोसेहि कसायपच्चओ परूविदो। मिच्छणाण-मिच्छदंसणेहि मिच्छत्त पच्चओ णिद्दिट्ठो। पओएण जोगपच्चओ परूविदो। पमादपच्चओ एत्थ किण्ण वुत्तो? ण, एदेहिंतो बज्झपमादाणुवलंभादो।—धवला पु० १२, पृ० २८६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

नैगम और व्यवहार इन दो नयों की अपेक्षा ज्ञानावरणीय आदि आठों कर्मवेदनाएँ कथंचित् एक जीव के, कथंचित् नो-जीव के, कथंचित् अनेक जीवों के, कथंचित् अनेक नो-जीवों के, कथंचित् एक जीव व एक नो-जीव के, कथंचित् एक जीव व अनेक नो-जीवों के, कथंचित् अनेक जीव व एक नो-जीव के, और कथंचित् अनेक जीवों व अनेक नो-जीवों के होती हैं (९-१०)।

वह वेदना संग्रहनय की अपेक्षा जीव के अथवा जीवों के होती है (११-१३)।

शब्द और ऋजुसूत्र इन दो नयों की अपेक्षा वह कर्मवेदना जीव के होती है (१४-१५)।

कारण यह कि इन दोनों नयों की दृष्टि में बहुत्व सम्भव नहीं है।

इस प्रकार यह अनुयोगद्वार १५ सूत्रों में समाप्त हुआ है।

१०. **वेदनावेदनाविधान**—'वेदनावेदनाविधान' में प्रथम 'वेदना' शब्द का अर्थ 'वेद्यते वेदिष्यते इति वेदना' इस निरुक्ति के अनुसार वह आठ प्रकार का कर्मपुद्गलस्कन्ध है, जिसका वर्तमान में वेदन किया जाता है व भविष्य में वेदन किया जाएगा। दूसरे 'वेदना' शब्द का अर्थ अनुभवन है। 'विधान' शब्द का अर्थ प्ररूपणा है। इस प्रकार इस अनुयोगद्वार में बध्यमान, उदीर्ण और उपशान्त कर्मवेदनाओं की प्ररूपणा नैगमादि नयों के आश्रय से की गई है। यथा—

यहाँ प्रथम सूत्र में प्रस्तुत अनुयोगद्वार का स्मरण कराते हुए आगे कहा गया है कि बध्यमान, उदीर्ण और उपशान्त-इस तीन प्रकार के कर्म का नाम नैगम नय की अपेक्षा प्रकृति है, ऐसा मानकर यहाँ उस सबकी प्ररूपणा की जा रही है (१-२)।

अभिप्राय यह है कि नैगमनय बध्यमान, उदीर्ण और उपशान्त इन तीनों कर्मों के 'वेदना' नाम को स्वीकार करता है। तदनुसार आगे यहाँ उस नैगम नय की अपेक्षा ज्ञानावरणीय वेदना के आश्रय से इन बध्यमानादि तीनों की प्ररूपणा एक-एक रूप में और द्विसंयोगी-त्रिसंयोगी भंगों के रूप में भी की गई है।

ज्ञानावरणीय वेदना कथंचित् बध्यमान वेदना है। कथंचित् उदीर्ण वेदना है। कथंचित् उपशान्त वेदना है। कथंचित् बध्यमान व उदीर्ण वेदना (द्विसंयोगी भंग) है (३-९)।

इसी प्रकार से आगे एकवचन, द्विवचन और बहुवचन के संयोग से द्विसंयोगी व त्रिसंयोगी भंगों के रूप में उस ज्ञानावरणीय वेदना की प्ररूपणा की गई है (१०-२८)।

आगे यह सूचना कर दी गई है कि जिस प्रकार नैगमनय के अभिप्रायानुसार ज्ञानावरणीय के वेदनावेदनविधान की प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार दर्शनावरणीय आदि अन्य सातों कर्मों के वेदनावेदनविधान की प्ररूपणा इस नयके आश्रय से करना चाहिए, उसमें कुछ विशेषता नहीं है (२९)।

व्यवहार नयके आश्रय से ज्ञानावरणीय व उसी के समान अन्य सातों कर्मों की वेदना कथंचित् बध्यमान वेदना, कथंचित् उदीर्ण वेदना व कथंचित् उपशान्त वेदना है। कथंचित् उदीर्ण वेदनाएँ व उपशान्त वेदनाएँ हैं। इसी प्रकार आगे भी इस नय की अपेक्षा उस वेदना की प्ररूपणा की गई है (३०-४७)।

यहाँ सूत्र (३३) में बध्यमान वेदना का बहुवचन के रूप में उल्लेख नहीं किया गया है। उसके स्पष्टीकरण में धवलाकार ने कहा है कि व्यवहार नय की दृष्टि में बध्यमान वेदना का बहुत्व सम्भव नहीं है। कारण यह है कि बन्धक जीवों के बहुत होने से तो बध्यमान वेदना का बहुत्व सम्भव नहीं है, क्योंकि जीवों के भेद से बध्यमान वेदना में भेद का व्यवहार नहीं होता।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

प्रकृति के भेद से उसका भेद सम्भव नहीं है, क्योंकि एक ज्ञानावरणीय प्रकृति में भेद का व्यवहार नहीं देखा जाता। समयभेद से भी उसका भेद सम्भव नहीं है, क्योंकि बध्यमान वेदना वर्तमान काल को विषय करती है, अतः उसमें काल का बहुत्व नहीं हो सकता।

इसी पद्धति से आगे यथासम्भव संग्रहनय की अपेक्षा प्रकृत कर्मवेदना की प्ररूपणा की गई (४७-५५) है।

ऋजुसूत्र नय की अपेक्षा उदीर्ण—जिसका विपाक फल को प्राप्त है—ही वेदना है। यही अभिप्राय अन्य दर्शनावरणीय आदि सात कर्मों के विषय में समझना चाहिए (५६-५७)।

इसके स्पष्टीकरण में धवलाकार ने कहा है कि जो कर्मस्कन्ध जिस समय में अज्ञान को उत्पन्न करता है उसी समय में वह ज्ञानावरणीय वेदना रूप होता है, आगे के समय में वह उस रूप नहीं होता; क्योंकि उस समय उसकी कर्मपर्याय नष्ट हो जाती है। पूर्व समय में भी वह उक्त वेदना स्वरूप नहीं हो सकता, क्योंकि उस समय वह अज्ञान के उत्पन्न करने में समर्थ नहीं रहता। इसलिए इस नयकी दृष्टि में एक उदीर्ण वेदना ही वेदना हो सकती है।

शब्द नयकी अपेक्षा उसे अवक्तव्य कहा गया है, क्योंकि उसका विषय द्रव्य नहीं है (५८)। इस प्रकार यह वेदनावेदनाविधान ५८ सूत्रों में समाप्त हुआ है।

११. **वेदनागतिविधान**—वेदना का अर्थ कर्मस्कन्ध और गति का अर्थ गमन या संचार है। तदनुसार अभिप्राय यह हुआ कि राग-द्वेषादि के वश जीवप्रदेशों का संचार होने पर उनसे सम्बद्ध कर्मस्कन्धों का भी उनके साथ संचार होता है। प्रस्तुत अनुयोगद्वार में नय-विवक्षा के अनुसार ज्ञानावरणीयादि रूप कर्मस्कन्धों की उसी गति का विचार किया गया है। यथा—नैगम, व्यवहार और संग्रह इन तीन नयों की अपेक्षा ज्ञानावरणीय वेदना कथंचित् अस्थित (संचारित) है। कथंचित् वह स्थित-अस्थित है (१-३)।

इसका अभिप्राय यह है कि व्याधिवेदनादि के अभाव में जिन जीव प्रदेशों का संचार नहीं होता उनमें समवेत कर्मस्कन्धों का भी संचार नहीं होता तथा उन्हीं जीवप्रदेशों में कुछ का संचार होने पर उनमें स्थित कर्मस्कन्धों का भी संचार होता है। इसी अपेक्षा से उस ज्ञानावरणीय वेदना को कथंचित् स्थित-अस्थित कहा गया है।

आगे यह सूचना कर दी गई है कि जिस ज्ञानावरणीय की दो प्रकार गतिविधान की प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार दर्शनावरणीय, मोहनीय और अन्तराय इन तीन कर्मों के गतिविधान की प्ररूपणा करना चाहिए (४)।

वेदनीयवेदना कथंचित्—अयोगिकेवली की अपेक्षा—स्थित, कथंचित् अस्थित और कथंचित् स्थित-अस्थित है। इसी प्रकार आयु, नाम और गोत्र कर्मों के गतिविधान की प्ररूपणा जानना चाहिए (५-८)।

ऋजुसूत्र नय की अपेक्षा ज्ञानावरणीय वेदना कथंचित् स्थित और कथंचित् अस्थित है। इस नय की अपेक्षा अन्य सात कर्मों के भी गतिविधान की प्ररूपणा इसी प्रकार करना चाहिए (८-११)।

शब्दनय की अपेक्षा वह अवक्तव्य कही गई है (१२)।

इस प्रकार यह वेदनागतिविधान अनुयोगद्वार १२ सूत्रों में समाप्त हुआ है।

१२. **वेदना-अनन्तर-विधान**—पूर्व वेदना-वेदना-विधान अनुयोगद्वार में बध्यमान, उदीर्ण और उपशान्त इन तीनों अवस्थाओं को वेदना कहा जा चुका है। उनमें बध्यमान कर्म बँधने

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

के समय में ही विपाक को प्राप्त होकर फल देता है अथवा द्वितीय आदि समयों में वह फल देता है, इसका स्पष्टीकरण इस वेदना-अनन्तर-विधान में किया गया है। बन्ध अनन्तर-बन्ध और परम्परा-बन्ध के भेद से दो प्रकार का है। इनमें कार्मण वर्गणास्वरूप से स्थित पुद्गल स्कन्धों का मिथ्यात्व आदि के द्वारा कर्मस्वरूप से परिणत होने के प्रथम समय में जो बन्ध होता है वह अनन्तर-बन्ध कहलाता है। बन्ध के द्वितीय समय से लेकर कर्मपुद्गल-स्कन्धों और जीवप्रदेशों का जो बन्ध होता है उसे परम्परा-बन्ध कहा जाता है। इस प्रकार उत्तरोत्तर समयों में होने वाले बन्ध की निरन्तरता को परम्परा-बन्ध समझना चाहिए। इसका विवेचन यहाँ संक्षेप में नयविवक्षा के अनुसार किया गया है। यथा—

पूर्व पद्धति के अनुसार प्रस्तुत वेदना-अनन्तर-विधान का स्मरण कराते हुए आगे कहा गया है कि नैगम, व्यवहार और संग्रह इन तीन नयों की अपेक्षा ज्ञानावरणीय वेदना-अनन्तर-बन्ध रूप, परम्परा-बन्धरूप और उभय-बन्ध रूप हैं। इसी प्रकार इस नय की अपेक्षा अन्य सात कर्मों की प्ररूपणा करना चाहिए (१-५)।

इसका स्पष्टीकरण धवला में प्रकारान्तर से इस प्रकार किया गया है—ज्ञानावरणादिरूप अनन्तानन्त कर्मस्कन्ध जो निरन्तर स्वरूप से परस्पर में सम्बद्ध होकर स्थित होते हैं उनका नाम अनन्तर-बन्ध है। ये ही अनन्तर-बन्ध रूप कर्मस्कन्ध जब ज्ञानावरणादि कर्मरूपता को प्राप्त होते हैं तब उन्हें परम्परा-ज्ञानावरणादि-वेदना कहा जाता है। अनन्तानन्त कर्मपुद्गल स्कन्ध परस्पर में सम्बद्ध होकर शेष कर्मस्कन्धों से असम्बद्ध रहते हुए जब जीव के द्वारा सम्बन्ध को प्राप्त होते हैं तब वे परम्परा-बन्ध कहलाते हैं। ये भी ज्ञानावरणादि वेदना स्वरूप होते हैं।[1]

संग्रह नय की अपेक्षा उन ज्ञानावरणादि वेदनाओं को अनन्तर-बन्ध व परम्परा बन्ध भी कहा गया है (६-८)।

आगे ऋजुसूत्र नय की अपेक्षा आठों ज्ञानावरणादि वेदनाओं को परम्परा-बन्ध और शब्द नय की अपेक्षा उन्हें अवक्तव्य कहा गया है (९-११)।

इस अनुयोगद्वार में ११ ही सूत्र हैं।

१३. **वेदना-संनिकर्ष-विधान**—जघन्य व उत्कृष्ट भेदों में विभक्त द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव इनमें किसी एक की विवक्षा में शेष पद क्या उत्कृष्ट हैं, अनुत्कृष्ट हैं, जघन्य हैं या अजघन्य हैं; इसकी जो परीक्षा की जाती है, इसका नाम संनिकर्ष है। वह स्वस्थान संनिकर्ष और परस्थान संनिकर्ष के भेद से दो प्रकार का है। इनमें विवक्षित कर्मविषयक द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव को विषय करनेवाले संनिकर्ष का नाम स्वस्थान संनिकर्ष तथा आठों कर्मों सम्बन्धी द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव को विषय करनेवाले संनिकर्ष का नाम परस्थान संनिकर्ष है। प्रस्तुत अनुयोगद्वार में इसी संनिकर्ष की प्ररूपणा की गई है। यथा—

यहाँ सर्वप्रथम 'वेदना संनिकर्ष-विधान' का स्मरण कराते हुए संनिकर्ष के पूर्वोक्त इन दो भेदों का निर्देश किया गया है—स्वस्थान-वेदना-संनिकर्ष और परस्थान-वेदना-संनिकर्ष। इनमें स्वस्थान-वेदना-संनिकर्ष को जघन्य और उत्कृष्ट के भेद से दो प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। उत्कृष्ट स्वस्थानवेदनासंनिकर्ष द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा चार प्रकार का है (१-५)।

---

१. धवला, पु० १२, पृ० ३७१-७२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इस प्रकार संनिकर्ष के भेद-प्रभेदों को प्रकट करके आगे जिसके ज्ञानावरणीय वेदना द्रव्य से उत्कृष्ट होती है उसके क्षेत्र की अपेक्षा वह क्या उत्कृष्ट होती है या अनुत्कृष्ट, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि उसके क्षेत्र की अपेक्षा वह नियम से अनुत्कृष्ट होकर असंख्यात-गुणी हीन होती है (६-७)।

इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि पाँच सौ धनुष प्रमाण उत्सेधवाले सातवीं पृथिवी के नारकी के अन्तिम समय में ज्ञानावरण का उत्कृष्ट द्रव्य पाया जाता है। उत्कृष्ट द्रव्य के स्वामी इस नारकी का क्षेत्र संख्यात घनांगुल प्रमाण है, क्योंकि पाँच सौ धनुष ऊँचे और उसके आठवें भाग प्रमाण-विष्कम्भवाले इस क्षेत्र का समीकरण करने पर संख्यात प्रमाण घनांगुल प्राप्त होते हैं। उधर समुद्घात को प्राप्त महामत्स्य का उत्कृष्ट क्षेत्र असंख्यात जगश्रेणि प्रमाण है। इस प्रकार इस महामत्स्य के उत्कृष्ट श्रेत्र की अपेक्षा उत्कृष्ट द्रव्य के स्वामी उस नारकी का क्षेत्र कम है। इसलिए सूत्र में द्रव्य की अपेक्षा उस क्षेत्र-वेदना को नियम से अनुत्कृष्ट कहा गया है। इस प्रकार वह नियम से अनुत्कृष्ट होकर भी उससे असंख्यातगुणी हीन है, क्योंकि उत्कृष्ट द्रव्य के स्वामी उस नारकी के उत्कृष्ट क्षेत्र का महामत्स्य के उत्कृष्ट क्षेत्र में भाग देने पर जगश्रेणि का असंख्यातवाँ भाग प्राप्त होता है।[1]

काल की अपेक्षा वह उत्कृष्ट भी होती है और अनुत्कृष्ट भी (८-९)।

यदि उत्कृष्ट द्रव्य के स्वामी उस नारकी के अंतिम समय में उत्कृष्ट स्थिति संक्लेश होता है तो काल की अपेक्षा भी उसके ज्ञानावरणीय वेदना उत्कृष्ट हो सकती है, क्योंकि उत्कृष्ट संक्लेश से उत्कृष्ट स्थिति को छोड़कर अन्य स्थितियों का बन्ध सम्भव नहीं है।

किन्तु यदि उसके अन्तिम समय में उत्कृष्ट स्थितिसंक्लेश नहीं होता है तो वह ज्ञानावरण वेदना काल की अपेक्षा उसके नियम से अनुत्कृष्ट होती है, क्योंकि अंतिम समय में उत्कृष्ट स्थितिसंक्लेश के न होने से उसके उत्कृष्ट स्थिति का बन्ध सम्भव नहीं है।

उत्कृष्ट की अपेक्षा यह अनुत्कृष्ट वेदना कितनी हीन होती है, इसे स्पष्ट करते हुए आगे कहा गया कि वह उत्कृष्ट की अपेक्षा एक समय कम होती है (९-१०)।

भाव की अपेक्षा वह उत्कृष्ट भी होती है और अनुत्कृष्ट भी होती है। उत्कृष्ट की अपेक्षा अनुत्कृष्ट इन छह स्थानों में पतित होती है—अनन्तभाग हीन, असंख्यातभाग हीन, संख्यात-भाग हीन, संख्यातगुण हीन, असंख्यातगुण हीन और अनन्तगुण हीन (११-१४)।

इसी पद्धति से आगे क्रम से ज्ञानावरण वेदना को क्षेत्र (१५-२३), काल (२४-३२) और भाव (३३-४१) की अपेक्षा प्रमुख करके उसके आश्रय से यथा सम्भव अन्य उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट पदों की प्ररूपणा की गई है।

आगे यह सूचना कर दी गई है कि जिस प्रकार ऊपर ज्ञानावरण वेदना के किसी एक पद की विवक्षा में अन्य पदों की उत्कृष्टता-अनुत्कृष्टता की प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार से दर्शनावरणीय, मोहनीय और अन्तराय वेदनाओं में प्रस्तुत पदों की प्ररूपणा करना चाहिए, क्योंकि उससे इन तीन कर्मवेदनाओं के पदों की प्ररूपणा में कुछ विशेषता नहीं है (४२)।

इसी पद्धति से आगे वेदनीय वेदना (४३-६९), नाम-गोत्र (७०) और आयु (७१-९४) वेदनाओं के प्रस्तुत संनिकर्ष की प्ररूपणा की गई है।

---

१. धवला पु० १२, पृ० ३७७-७८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

तत्पश्चात् पूर्व (सूत्र ४) में जिस जघन्य स्वस्थान-वेदना-संनिकर्ष को स्थगित किया गया था उसके आश्रय से आगे ज्ञानावरणीय वेदना के विषय में द्रव्य, क्षेत्र, काल अथवा भाव से जघन्य किसी एक की विवक्षा में अन्य पदों की जघन्य-अजघन्यता की प्ररूपणा की गई है (६५-२१६)।

इस प्रकार स्वस्थान-वेदना-संनिकर्ष को समाप्त कर आगे परस्थान-वेदना-संनिकर्ष की प्ररूपणा करते हुए उसे जघन्य परस्थान-संनिकर्ष और उत्कृष्ट परस्थान-संनिकर्ष के भेद से दो प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। यहाँ भी जघन्य परस्थान-संनिकर्ष को स्थगित करके प्रथमतः उत्कृष्ट परस्थान-संनिकर्ष की प्ररूपणा की गई है। उत्कृष्ट स्वस्थान-वेदना के समान यह परस्थान वेदना-संनिकर्ष भी द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा चार प्रकार का है। इनमें द्रव्य की अपेक्षा जिसके उत्कृष्ट ज्ञानावरणीय वेदना होती है उसके आयु को छोड़कर शेष छह कर्मवेदनाएँ द्रव्य से उत्कृष्ट होती या अनुत्कृष्ट, इसका विचार किया गया है। यथा—जिसके ज्ञानावरणीय वेदना द्रव्य से उत्कृष्ट होती है उसके आयु को छोड़ शेष कर्मों की वेदना द्रव्य से उत्कृष्ट भी होती है और अनुत्कृष्ट भी। उत्कृष्ट से अनुत्कृष्ट अनन्तभाग हीन और असंख्यातभाग हीन इन दो स्थानों में पतित होती है। उसके आयुवेदना द्रव्य की अपेक्षा नियम से अनुत्कृष्ट होकर असंख्यातगुणी हीन होती है। इसी प्रकार से आगे आयु को छोड़कर अन्य छह कर्मों के आश्रय से प्रस्तुत संनिकर्ष की प्ररूपणा करने की सूचना कर दी गई है (२१६-२५)।

आगे आयु कर्म की प्रमुखता से प्रस्तुत संनिकर्ष का विचार करते हुए कहा गया है कि जिसके आयुवेदना द्रव्य से उत्कृष्ट होती है उसके शेष सात कर्मों की वेदना द्रव्य की अपेक्षा नियम से अनुत्कृष्ट होकर असंख्यातभाग हीन, संख्यातभाग हीन, संख्यातगुण हीन और असंख्यातगुण हीन इन चार स्थानों में पतित होती है (२२६-२८)।

इसी प्रकार से आगे क्षेत्र (२२६-३७), काल (२३८-४५), और भाव (२४६-६१) की प्रमुखता से इन कर्मवेदनाओं के विषय में प्रस्तुत संनिकर्ष का विचार उसी पद्धति से किया गया है। इस प्रकार से यहाँ उत्कृष्ट परस्थानवेदना-संनिकर्ष समाप्त हो जाता है।

पूर्व (सूत्र २१८) में जिस जिस जघन्य परस्थानवेदना को स्थगित किया गया था यहाँ आगे उसकी प्ररूपणा भी पूर्व पद्धति के अनुसार की गई है (२६२-३२०)।

इस वेदना संनिकर्ष अनुयोगद्वार में ३२० सूत्र हैं।

१४. **वेदनापरिमाणविधान**—इसमें प्रकृतियों के प्रमाण की प्ररूपणा की गई है। यहाँ प्रारम्भ में 'वेदनापरिमाणविधान' अनुयोगद्वार का स्मरण कराते हुए उसमें इन तीन अनुयोग द्वारों का उल्लेख किया गया है—प्रकृत्यर्थता, समयप्रबद्धार्थता और क्षेत्रप्रत्यास (१-२)।

प्रकृत्यर्थता में प्रकृति के भेद से प्रकृतियों के प्रमाण की प्ररूपणा की गई है। यथा—

प्रकृत्यर्थता के आश्रय से ज्ञानावरणीय और दर्शनावरणीय कर्म की कितनी प्रकृतियाँ हैं, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि उनकी असंख्यात लोक प्रमाण प्रकृतियाँ हैं (३-५)।

प्रकृतिका अर्थ स्वभाव या शक्ति है। ज्ञानावरण का स्वभाव ज्ञान को आच्छादित करने का और दर्शनावरण का स्वभाव दर्शन को आच्छादित करने का है। क्रमशः उनसे आवियमाण ज्ञान और दर्शन इन दोनों के असंख्यात लोकप्रमाण भेद हैं। अतः उनको क्रम से आच्छादित करनेवाले ज्ञानावरणीय और दर्शनावरणीय कर्म भी असंख्यात लोक प्रमाण हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इसी प्रकार से आगे वेदनीय आदि अन्य कर्मों की प्रकृतियों के भेदों की प्ररूपणा की गई है (६-२३)।

समयप्रबद्धार्थता में समयप्रबद्ध के भेद से प्रकृतियों के भेदों का निर्देश किया गया है। यथा—समय प्रबद्धार्थता की अपेक्षा ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय और अन्तराय इनकी कितनी प्रकृतियाँ हैं, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि इनमें प्रत्येक प्रकृति तीस कोड़ाकोड़ी सागरोपमों को समयप्रबद्धार्थता से गुणित करने पर जो प्राप्त होता है उतने प्रमाण है। इसी प्रकार से आगे अपनी-अपनी स्थिति के अनुसार वेदनीय आदि अन्य कर्मप्रकृतियों के भी प्रमाण को प्रकट किया गया है (२४-४२)।

क्षेत्रप्रत्यास में क्षेत्र के भेद से प्रकृतियों के भेदों की प्ररूपणा की गई है। यथा—

क्षेत्रप्रत्यास के अनुसार ज्ञानावरणीय की कितनी प्रकृतियाँ हैं, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि स्वयम्भूरमण समुद्र के बाह्य तट पर स्थित जो एक हजार योजन अवगाहनावाला मत्स्य वेदनासमुद्घात से समुद्घात को प्राप्त होकर काकवर्णवाले तनुवातबलय से संलग्न हुआ है, फिर भी जो मारणान्तिक समुद्घात से समुद्घात को प्राप्त होता हुआ तीन विग्रह-काण्डकों को करके, अर्थात् तीन बार ऋजुगति से जाकर दो मोड़ लेता हुआ, अनन्तर समय में नीचे सातवीं पृथिवी के नारकियों में उत्पन्न होनेवाला है उसके इस क्षेत्रप्रत्यास से पूर्वोक्त समय-प्रबद्धार्थता प्रकृतियों को गुणित करने पर जो प्राप्त हो उतनी ज्ञानावरण प्रकृतियाँ हैं[1] (४४-४७)।

अभिप्राय यह है कि प्रकृत्यर्थता में जिन ज्ञानावरणीय प्रकृतियों की प्ररूपणा की गई है उनको अपने अपने समय-प्रबद्धार्थता से गुणित करने पर समय-प्रबद्धार्थता प्रकृतियाँ होती हैं। उनको जगप्रतर के असंख्यातवें भाग मात्र क्षेत्रप्रत्यास से गुणित करने पर यहाँ की प्रकृतियों का प्रमाण होता है।

इसी पद्धति से आगे यहाँ दर्शनावरणीय आदि अन्य कर्मप्रकृतियों के प्रमाण की प्ररूपणा की गई है (४८-५३)।

१५. **वेदनाभागाभागविधान**—पूर्वोक्त वेदना-परिमाण-विधान के समान यहाँ भी प्रकृत्यर्थता, समय-प्रबद्धार्थता और क्षेत्रप्रत्यास नाम के वे ही तीन अनुयोगद्वार हैं। यहाँ क्रमशः इन तीनों के आश्रय से विवक्षित कर्मप्रकृतियाँ सब प्रकृतियों के कितनेवें भाग प्रमाण हैं, इसे स्पष्ट किया गया है। इस अनुयोगद्वार में सब सूत्र २१ हैं।

१६. **वेदनाअल्पबहुत्व**—यह वेदना खण्ड के अन्तर्गत दूसरे 'वेदना' अनुयोगद्वार के पूर्वोक्त १६ अनुयोगद्वारों में अन्तिम है। यहाँ भी प्रकृत्यर्थता, समय-प्रबद्धार्थता और क्षेत्र-प्रत्यास ये वे ही तीन अनुयोगद्वार हैं। यहाँ क्रम से इन तीनों अनुयोगद्वारों के आश्रय से प्रकृतियों के अल्पबहुत्व को प्रकट किया गया है। यथा—

प्रकृत्यर्थता के आश्रय से गोत्रकर्म की प्रकृतियाँ सबसे स्तोक, उतनी ही वेदनीय की प्रकृतियाँ, उनसे आयुकर्मकी प्रकृतियाँ संख्यातगुणी, उनसे अन्तराय की विशेष अधिक, मोहनीय की संख्यातगुणी, नामकर्मकी असंख्यातगुणी, दर्शनमोहनीय की असंख्यातगुणी और उनसे ज्ञानावरणीय की प्रकृतियाँ असंख्यातगुणी निर्दिष्ट की गई हैं (१-१०)।

---

१. इसके लिए सूत्र ४,२,५,७-१२ व उनकी धवला टीका द्रष्टव्य है। पु० ११, पृ० १४-२३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

समयप्रबद्धार्थता के आश्रय से आयुकर्म की प्रकृतियाँ सबसे स्तोक, गोत्र की असंख्यातगुणी, वेदनीय की विशेष अधिक, अन्तराय की संख्यातगुणी, मोहनीय की संख्यातगुणी, नामकर्म की असंख्यातगुणी, दर्शनावरणीय की असंख्यातगुणी और उनसे ज्ञानावरणीय की प्रकृतियाँ विशेष अधिक कही गई हैं (११-१८)।

क्षेत्र-प्रत्यास के आश्रय से अन्तराय की प्रकृतियाँ सबसे स्तोक, मोहनीय की संख्यातगुणी, आयु की असंख्यातगुणी, गोत्र की असंख्यातगुणी, वेदनीय की विशेष अधिक, नामकर्म की असंख्यातगुणी, दर्शनावरणीय की असंख्यातगुणी और ज्ञानावरणीय की प्रकृतियाँ उनसे विशेष अधिक कही गई हैं (१९-२६)। यहाँ सब सूत्र २६ हैं।

इस प्रकार इस वेदना अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार के समाप्त होने पर चतुर्थ वेदनाखण्ड समाप्त हुआ है। पूर्वोक्त वेदनाभावविधान आदि अल्पबहुत्व पर्यन्त दस (७-१६) अनुयोगद्वार १२वीं जिल्द में प्रकाशित हुए हैं।

पंचम खण्ड : वर्गणा

इस खण्ड में स्पर्श, कर्म व प्रकृति इन तीन अनुयोगद्वारों के साथ बन्धन अनुयोगद्वार के अन्तर्गत बन्ध, बन्धक, बन्धनीय व बन्धविधान इन चार अधिकारों में बन्ध और बन्धनीय ये दो अधिकार समाविष्ट हैं। इनमें यहाँ बन्धनीय—वर्गणाओं—की प्ररूपणा के विस्तृत होने से इस खण्ड का नाम 'वर्गणा' प्रसिद्ध हुआ है।

१. स्पर्श

इसमें ये १६ अनुयोगद्वार ज्ञातव्य कहे गये हैं—स्पर्शनिक्षेप, स्पर्शनय- विभाषणता, स्पर्शनामविधान, स्पर्शद्रव्यविधान, स्पर्शक्षेत्रविधान, स्पर्शकालविधान, स्पर्श-भावविधान, स्पर्शप्रत्ययविधान, स्पर्शस्वामित्वविधान, स्पर्शस्पर्शविधान, स्पर्शगतिविधान, स्पर्शअनन्तर-विधान, स्पर्शसंनिकर्षविधान, स्पर्शपरिमाणविधान, स्पर्शभागाभागविधान और स्पर्शअल्पबहुत्व (सूत्र १-२)।

ये अनुयोगद्वार नाम से वे ही हैं, जिनका उल्लेख वेदना अनुयोगद्वार के प्रारम्भ (सूत्र ४,२,१,१) में किया गया है, पर प्रतिपाद्य विषय भिन्न है। वेदना अनुयोगद्वार में जहाँ उनके आश्रय से वेदना की प्ररूपणा की गई है वहाँ इस अनुयोगद्वार में उनके आश्रय से स्पर्श की प्ररूपणा की गई है। इसी से उन सबके आदि में वहाँ 'वेदना' शब्द रहा है—जैसे वेदनानिक्षेप व वेदनानयविभाषणता आदि, और यहाँ 'स्पर्श' शब्द योजित किया गया है—जैसे स्पर्श-निक्षेप व स्पर्शनयविभाषणता आदि। यही प्रक्रिया आगे कर्मअनुयोगद्वार (५,४,२) में भी अपनाई गई है।

१. **स्पर्शनिक्षेप**—उक्त १६ अनुयोगद्वारों में प्रथम स्पर्शनिक्षेप है। इसमें यहाँ स्पर्श के इन १३ भेदों का निर्देश किया गया है—नामस्पर्श, स्थापनास्पर्श, द्रव्यस्पर्श, एकक्षेत्रस्पर्श, अनन्तर क्षेत्र स्पर्श, देशस्पर्श, त्वक्स्पर्श, सर्वस्पर्श, स्पर्शस्पर्श, कर्मस्पर्श, बन्धस्पर्श, भव्यस्पर्श और भावस्पर्श (३-४)।

२. **स्पर्शनयविभाषणता**—यहाँ अधिकार प्राप्त उपर्युक्त तेरह प्रकार के स्पर्श के स्वरूप

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

को न प्रकट करके प्रथमतः नयविभाषणता के आश्रय से उन स्पर्शों में कौन नय किन स्पर्शों को स्वीकार करता है, इसे स्पष्ट करते हुए आगे कहा गया है कि नैगमनय उन सभी स्पर्शों को स्वीकार करता है। व्यवहार और संग्रह ये दो नय बन्धस्पर्श और भव्यस्पर्श को स्वीकार नहीं करते, शेष ग्यारह स्पर्शों को वे स्वीकार करते हैं। ऋजुसूत्र नय एकक्षेत्रस्पर्श, अनन्तरस्पर्श, बन्धस्पर्श और भव्यस्पर्श को स्वीकार नहीं करता है। शब्दनय नामस्पर्श, स्पर्शस्पर्श और भाव-स्पर्श को स्वीकार करता है (५-८)।

यहाँ अवसरप्राप्त सूत्रोक्त तेरह स्पर्शों के अर्थ को स्पष्ट न करके नयविभाषणता के अनुसार कौन नय किन स्पर्शों को विषय करता है, यह प्ररूपणा उसके पूर्व क्यों की गई, इसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि 'निश्चये क्षिपतीति निक्षेपो नाम' इस निरुक्ति के अनुसार जो निश्चय में स्थापित करता है उसका नाम निक्षेप है। नयविभाषणता के बिना निक्षेप संशय, विपर्यय और अनध्यवसाय में अवस्थित जीवों को उन संशयादि से हटाकर निश्चय में स्थापित नहीं कर सकता है, इसीलिए पूर्व में नयविभाषणता की जा रही है।

विवक्षित नय अमुक स्पर्शों को क्यों विषय करते हैं, अन्य स्पर्शों को वे क्यों नहीं करते, इसका स्पष्टीकरण आगे 'धवला' के प्रसंग में किया जाएगा।

नामस्पर्श—इस प्रकार पूर्व में नयविभाषणता को कहके तत्पश्चात् पूर्वोक्त स्पर्शों के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए प्रथमतः अवसर प्राप्त नामस्पर्श के विषय में कहा गया है कि एक जीव, एक अजीव, बहुत जीव, बहुत अजीव, एक जीव व एक अजीव, एक जीव व बहुत अजीव, बहुत जीव व एक अजीव और बहुत जीव व बहुत अजीव, इन आठ में जिसका 'स्पर्श' ऐसा नाम किया जाता है वह नामस्पर्श कहलाता है (९)।

स्थापनास्पर्श—काष्ठकर्म, चित्रकर्म, पोत्तकर्म, लेप्यकर्म, लयनकर्म, शैलकर्म, गृहकर्म, भित्तिकर्म, दन्तकर्म और भेंडकर्म इनमें तथा अक्ष व वराटक आदि अन्य भी जो इस प्रकार के हैं उनमें स्थापना के द्वारा 'यह स्पर्श है' इस प्रकार का जो अध्यारोप किया जाता है उसका नाम स्थापनास्पर्श है (१०)।

द्रव्यस्पर्श—एक द्रव्य जो दूसरे द्रव्य के द्वारा स्पर्श किया जाता है, इस सबको द्रव्यस्पर्श कहा गया है। अभिप्राय यह है कि एक पुद्गलद्रव्य का जो दूसरे पुद्गलद्रव्य के साथ संयोग अथवा समवाय होता है उसका नाम द्रव्यस्पर्श है। अथवा जीवद्रव्य और पुद्गलद्रव्य इन दोनों का जो एकता के रूप में सम्बन्ध होता है उसे द्रव्यस्पर्श समझना चाहिए (११-१२)।

जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल के भेद से द्रव्य छह प्रकार का है। इनमें सत्त्व व प्रमेयत्व आदि की अपेक्षा द्रव्य के रूप में परस्पर समानता है। अतः इनमें एक, दो, तीन आदि के संयोग या समवाय के रूप में जो स्पर्श होता है उस सब को नैगमनय की अपेक्षा द्रव्यस्पर्श कहा गया है। यहाँ दो संयोगी आदि जो समस्त तिरेसठ (६ + १५ + २० + १५ + ६ + १ = ६३) भंग होते हैं उनका स्पष्टीकरण धवला में किया गया है। उस सबको आगे धवला के प्रसंग में स्पष्ट किया जाएगा।

एकक्षेत्रस्पर्श—एक आकाश प्रदेश में स्थित अनन्तानन्त पुद्गलस्कन्धों का जो समवाय या संयोग के रूप में स्पर्श होता है उसे एक क्षेत्रस्पर्श कहते हैं (१३-१४)।

अनन्तरक्षेत्रस्पर्श—जो द्रव्य अनन्तर क्षेत्र से स्पर्श करता है उसे अनन्तरक्षेत्रस्पर्श कहा जाता है (१५-१६)।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

एक आकाशप्रदेश की अपेक्षा अनेक आकाशप्रदेशों का क्षेत्र अनन्तर क्षेत्र होता है। इस प्रकार दो आकाशप्रदेशों में स्थित द्रव्यों का जो अन्य दो आकाशप्रदेशों में स्थित द्रव्यों के साथ स्पर्श होता है, वह अनन्तरक्षेत्रस्पर्श कहलाता है। इसी प्रकार दो आकाशप्रदेश स्थित द्रव्यों का जो तीन प्रदेशों में स्थित, चार प्रदेशों में स्थित, पाँच प्रदेशों में स्थित, इत्यादि क्रम से महास्कन्ध पर्यन्त आकाशप्रदेशों में स्थित अन्य द्रव्यों के साथ जो स्पर्श होता है उस सबको अनन्तरक्षेत्रस्पर्श कहा जाता है। यह द्विसंयोगी भंगों की प्ररूपणा हुई। इसी प्रकार त्रिसंयोगी, चतुःसंयोगी आदि अन्य भंगों को भी समझना चाहिए।

यहाँ एकक्षेत्रस्पर्शन और अनन्तरक्षेत्रस्पर्शन में यह विशेषता प्रकट की गई है कि समान अवगाहनावाले स्कन्धों का जो स्पर्श होता है उसे एकक्षेत्रस्पर्श और असमान अवगाहनावाले स्कन्धों का जो स्पर्श होता है उसे अनन्तरक्षेत्रस्पर्श कहा जाता है।

देश-स्पर्श—जो द्रव्य का एक देश (अवयव) अन्य द्रव्य के देश के साथ स्पर्श को प्राप्त होता है, उसका नाम देशस्पर्श है (१७-१८)।

यह देश-स्पर्श स्कन्ध के अवयवों का ही होता है, परमाणु पुद्गलों का नहीं; इस अभिप्राय का निराकरण करते हुए धवलाकार ने कहा है कि ऐसा मानना ठीक नहीं है। कारण यह कि वैसा कहना तब संगत हो सकता है जब कि परमाणु निरवयव हों। परन्तु परमाणुओं की निरवयवता सिद्ध नहीं है। परिकर्म में जो परमाणु को 'अप्रदेश' कहा गया है उसके अभिप्रायानुसार प्रदेश का अर्थ परमाणु है, वह जिस परमाणु में समवेतस्वरूप से नहीं रहता है वह परमाणु अप्रदेशी है। इससे उसकी निरवयवता सिद्ध नहीं होती। इसके विपरीत परमाणु की सावयवता के बिना चूंकि स्कन्ध की उत्पत्ति बनती नहीं है, इससे उसकी सावयवता ही सिद्ध होती है।

त्वक्स्पर्श—जो द्रव्य त्वक् और नोत्वक् को स्पर्श करता है उस सबको त्वक्स्पर्श कहा जाता है। त्वक् से अभिप्राय वृक्षों आदि के छाल का और नोत्वक् से अभिप्राय अदरख, प्याज व हल्दी आदि के छिलके का रहा है (१९-२०)।

सर्वस्पर्श—जो द्रव्य सबको सर्वात्मस्वरूप से स्पर्श करता है उसका नाम सर्वस्पर्श है। जैसे—परमाणु द्रव्य। इसका अभिप्राय यह है कि जिस प्रकार परमाणु द्रव्य सब ही अन्य परमाणु को स्पर्श करता हुआ उसे सर्वात्मस्वरूप से स्पर्श करता है उसी प्रकार का अन्य भी जो स्पर्श होता है उसे सर्वस्पर्श जानना चाहिए (२१-२२)।

इसका विशेष स्पष्टीकरण प्रासंगिक शंका-समाधानपूर्वक धवला में किया गया है। तदनुसार आगे इस पर विचार किया जायगा।

स्पर्श-स्पर्श—कर्कश, मृदु, गुरु, लघु, स्निग्ध, रूक्ष, शीत और उष्ण के भेद से स्पर्श आठ प्रकार का है। उस सबको सूत्रकार ने स्पर्श-स्पर्श कहा है (२३-२४)।

इसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने यह स्पष्ट किया है कि 'स्पृश्यत इति स्पर्शः' इस निरुक्ति के अनुसार 'स्पर्श-स्पर्श' में एक स्पर्श शब्द का अर्थ कर्कशादि रूप आठ प्रकार का स्पर्श है तथा दूसरे स्पर्श का अर्थ 'स्पृश्यति अनेन इति स्पर्शः' इस निरुक्ति के अनुसार त्वक् (स्पर्शन) इन्द्रिय है, क्योंकि उसके द्वारा कर्कशादि का स्पर्श किया जाता है। इस प्रकार स्पर्शन इन्द्रिय के द्वारा जो कर्कश आदि आठ प्रकार के स्पर्श का स्पर्श किया जाता है उसे स्पर्श-स्पर्श जानना चाहिए। स्पर्श के आठ भेद होने से स्पर्श-स्पर्श भी आठ प्रकार का है। प्रकारान्तर से वहाँ यह भी कहा गया है कि कर्कशादि आठ प्रकार के स्पर्श

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

का जो परस्पर में स्पर्श होता है उसे स्पर्श-स्पर्श समझना चाहिए। उसके एक दो तीन आदि के संयोग से २५५ भंग होते हैं।

कर्मस्पर्श—कर्मों का कर्मों के साथ जो स्पर्श होता है उसका नाम कर्मस्पर्श है। वह ज्ञानावरणीयस्पर्श व दर्शनावरणीयस्पर्श आदि के भेद से आठ प्रकार का है (२५-२६)।

बन्धस्पर्श—बन्धस्वरूप औदारिक आदि शरीरों के बन्ध का नाम बन्धस्पर्श है। वह औदारिक शरीर बन्धस्पर्श आदि के भेद से पाँच प्रकार का है (२७-२८)।

यहाँ धवलाकार ने 'बध्नातीति बन्धः, औदारिकशरीरमेव बन्धः औदारिकशरीरबन्धः' ऐसी निरुक्ति करते हुए यह अभिप्राय प्रकट किया है कि बाँधने वाले औदारिक शरीर आदि ही बन्ध हैं, अतः उनके स्पर्श को बन्धस्पर्श समझना चाहिए। इस प्रकार शरीर के भेद से बन्धस्पर्श भी पाँच प्रकार का है। आगे उन्होंने इस बन्धस्पर्श के भंगों को भी स्पष्ट किया है। यथा—

१. औदारिकनोकर्मप्रदेश तिर्यंचों व मनुष्यों में औदारिक शरीरनोकर्मप्रदेशों से स्पृष्ट होते हैं। २. औदारिक नोकर्मप्रदेश तिर्यंचों व मनुष्यों में वैक्रियिक नोकर्मप्रदेशों के साथ स्पर्श को प्राप्त हैं। ३. औदारिक शरीर नोकर्मप्रदेश प्रमत्तसंयत गुणस्थान में आहारक-शरीर-नोकर्म-प्रदेशों के साथ स्पर्श को प्राप्त होते हैं। इस पद्धति से औदारिक बन्धस्पर्श के ५, वैक्रियिक शरीरबन्धस्पर्श के ४, आहारकशरीरबन्ध के ४, तैजसशरीरबन्ध के ५, और कार्मणशरीर बन्ध के ५ भंगों का उल्लेख किया गया है।

भव्यस्पर्श—विष, कूट व यंत्र आदि, उनके निर्माता तथा उनको इच्छित स्थान में स्थापित करनेवाले; ये सब भव्यस्पर्श के अन्तर्गत हैं। कारण यह कि वे वर्तमान में तो घात आदि के लिए इच्छित वस्तु का स्पर्श नहीं करते हैं, किन्तु भविष्य में उनमें उसकी योग्यता है, अतः कारण में कार्य का उपचार करके इन सबको भव्यस्पर्श कहा गया है (२९-३०)।

भावस्पर्श—जो जीव स्पर्शप्राभृत का ज्ञाता होकर वर्तमान में तद्विषयक उपयोग से भी सहित है उसका नाम भावस्पर्श है (३१-३२)।

इन सब स्पर्शों में यहाँ किस स्पर्श का प्रसंग है, यह पूछे जाने पर उत्तर में कहा गया है कि यहाँ कर्मस्पर्श प्रसंग-प्राप्त है (३३)।

इस अनुयोगद्वार में सब सूत्र ३३ हैं।

यहाँ सूत्र में 'कर्मस्पर्श' को प्रसंग-प्राप्त कहा गया है। पर धवलाकार ने इस सूत्र की व्याख्या करते हुए यह स्पष्ट किया है कि यह **खण्डग्रन्थ** अध्यात्मविषयक है, इसी अपेक्षा से सूत्रकार द्वारा यहाँ कर्मस्पर्श को प्रकृत कहा गया है। किन्तु **महाकर्मप्रकृतिप्राभृत** में द्रव्यस्पर्श, सर्वस्पर्श और कर्मस्पर्श प्रकृत हैं, क्योंकि दिगन्तरशुद्धि में द्रव्यस्पर्श की प्ररूपणा के बिना वहाँ स्पर्श अनुयोगद्वार का महत्त्व घटित नहीं होता।

प्रस्तुत अनुयोगद्वार को प्रारम्भ करते हुए सूत्रकार द्वारा उसकी प्ररूपणा में १६ अनुयोग-द्वारों का निर्देश किया गया है। यहाँ धवला में यह शंका उठायी गई है कि यदि यहाँ कर्म-स्पर्श प्रकृत है तो ग्रन्थकर्ता भूतबलि भगवान् ने उस कर्मस्पर्श की प्ररूपणा यहाँ कर्मस्पर्श-नय विभाषणता आदि शेष पन्द्रह अनुयोगद्वारों के आश्रय से क्यों नहीं की है। इसका समाधान करते हुए धवलाकार ने कहा है कि कर्मस्कन्ध का नाम स्पर्श है, अतः उसकी प्ररूपणा करने पर वेदना अनुयोगद्वार में प्ररूपित अर्थ (कर्मस्कन्ध) से कुछ विशेषता नहीं रहती, इसी से

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उसकी प्ररूपणा यहाँ सूत्रकार द्वारा नहीं की गई है।

कर्म—प्रसंग प्राप्त इस कर्म अनुयोगद्वार को प्रारम्भ करते हुए कर्मनिक्षेप व कर्मनय विभाषणता आदि उन्हीं १६ अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है, जिनका कि निर्देश पूर्व स्पर्श-अनुयोगद्वार में स्पर्शनिक्षेप व स्पर्शनयविभाषणता आदि के रूप में किया गया है (सूत्र १-२)।

१. **कर्मनिक्षेप**—उक्त १६ अनुयोगद्वारों में प्रथम कर्मनिक्षेप है। इसमें कर्म की प्ररूपणा करते हुए यहाँ उसके इन दस भेदों का निर्देश किया गया है—नामकर्म, स्थापनाकर्म, द्रव्यकर्म, प्रयोगकर्म, समवदानकर्म, अधःकर्म, ईर्यापथकर्म, तपःकर्म, क्रियाकर्म और भावकर्म (३-४)।

२. **कर्मनयविभाषणता**—पूर्व स्पर्श अनुयोगद्वार के समान यहाँ भी प्रथमतः प्रसंगप्राप्त उन कर्मों की प्ररूपणा न करके उसके पूर्व कर्मनयविभाषणता के आश्रय से इन कर्मों में कौन नय किन कर्मों को विषय करता है, इसका विचार किया गया है। यथा—

नैगम, व्यवहार और संग्रह ये तीन नय उन कर्मों में सभी कर्मों को विषय करते हैं। ऋजुसूत्रनय स्थापनाकर्म को विषय नहीं करता, क्योंकि इस नय की दृष्टि में संकल्प के वश अन्य का अन्यस्वरूप से परिणमन सम्भव नहीं है, इसके अतिरिक्त सब द्रव्यों में सदृशता भी नहीं रहती। शब्दनय नामकर्म और भावकर्म को विषय करता है (५-८)।

नामकर्म—आगे यथाक्रम से उन दस कर्मों का निरूपण करते हुए पूर्व पद्धति के अनुसार नामकर्म के विषय में कहा गया है कि एक जीव, एक अजीव, बहुत जीव, बहुत अजीव, एक जीव व एक अजीव, एक जीव व बहुत अजीव, बहुत जीव व एक अजीव तथा बहुत जीव व बहुत अजीव इन आठ में जिसका 'कर्म' ऐसा नाम किया जाता है वह नामकर्म कहलाता है (९-१०)।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

के आगे निगोदजीव किससे अधिक हो सकते हैं।

इसके समाधान में धवलाकार ने यह स्पष्ट किया है कि 'वनस्पतिकायिक' यह कहने पर बादरनिगोद जीवों से प्रतिष्ठित-अप्रतिष्ठित जीवों को नहीं ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि आधेय से आधार में भेद देखा जाता है।

इस स्थिति में 'वनस्पतिकायिकों से निगोद जीव विशेष अधिक हैं' ऐसा कहने पर बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर जीवों से और बादर निगोदप्रतिष्ठित जीवों से वे विशेष अधिक हैं, यह अभिप्राय ग्रहण करना चाहिए।[1]

धवलाकार आ० वीरसेन के द्वारा जो उपर्युक्त शंका-समाधान किया गया है वह सूत्र की आसादना के भय से ही किया गया है, अन्यथा जैसा कि उस शंका-समाधान से स्पष्ट है, उन्हें स्वयं भी वनस्पतिकायिकों से निगोदजीवों की भिन्नता अभीष्ट नहीं रही है।

वे 'वनस्पतिकायिक विशेष अधिक हैं' इस सूत्र (७४) की व्याख्या में भी यह स्पष्ट कहते हैं कि सब आचार्यों से सम्मत अन्य सूत्रों में यहीं पर यह अल्पबहुत्व समाप्त हो जाता है व आगे अन्य अल्पबहुत्व प्रारम्भ होता है, परन्तु इन सूत्रों में वह अल्पबहुत्व यहाँ समाप्त नहीं हुआ है[2]।

प्रकृत विचार— इस प्रकार वनस्पतिकायिकों से निगोदजीवों के भेद-अभेद का प्रासंगिक विचार करके आगे उन निगोदजीवों के लक्षण आदि का विचार किया जाता है। मूल सूत्र में साधारण जीवों का सामान्य लक्षण साधारण आहार और साधारण उच्छ्वास-निःश्वास कहा गया है। शरीर के योग्य पुद्गलस्कन्धों के ग्रहण का नाम आहार है। एक जीव के आहार ग्रहण करने पर उस शरीर में अवस्थित अन्य सब ही जीव आहार को ग्रहण करते हैं। इसी प्रकार एक जीव के उच्छ्वास-निःश्वास को ग्रहण करने पर वे सब ही जीव उच्छ्वास-निःश्वास को ग्रहण करते हैं। यही उनका साधारण या सामान्य लक्षण है। अभिप्राय यह है कि जिस शरीर में पूर्व में उत्पन्न हुए निगोद जीव सबसे जघन्य पर्याप्ति-काल में शरीर, इन्द्रिय, आहार और आन-पान इन चार पर्याप्तियों से पर्याप्त होते हैं उस शरीर में उनके साथ उत्पन्न हुए मन्द योगवाले निगोदजीव भी उसी काल में उन पर्याप्तियों को पूरा करते हैं। यदि प्रथम उत्पन्न हुए जीव दीर्घ काल में उन पर्याप्तियों को पूरा करते हैं तो उस शरीर में पीछे उत्पन्न जीव उसी काल में उन पर्याप्तियों को पूर्ण करते हैं। उस आहार से जो शक्ति उत्पन्न होती है वह पीछे उत्पन्न हुए जीवों के प्रथम समय में ही पायी जाती है। इसी से वह सब जीवों का सामान्य आहार होता है। जिस कारण सब जीवों के परमाणु पुद्गलों का ग्रहण एक साथ होता है, इसी कारण उनके आहार, शरीर, इन्द्रिय और उच्छ्वास-निःश्वास की उत्पत्ति एक साथ होती।

जिस शरीर में एक जीव मरता है उसमें अवस्थित अनन्त जीव मरते हैं। इसी प्रकार जिस निगोदशरीर में एक जीव उत्पन्न होता है उस शरीर में अनन्त ही जीव उत्पन्न होते हैं। इसका अभिप्राय यह है कि एक निगोदशरीर में एक, संख्यात व असंख्यात जीव नहीं उत्पन्न

---

१. धवला पु० ७, पृ० ५३९-४१ (शंका-समाधान का यह प्रसंग आगे द्रष्टव्य है)।

२. पु० ७, पृ० ५४९

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

होते हैं; किन्तु अनन्त ही उत्पन्न होते हैं।

निगोदजीव बादर और सूक्ष्म के भेद से दो प्रकार के हैं। एक शरीर में स्थित बादर निगोदजीव उस शरीर में स्थित अन्य बादर-निगोद जीवों के साथ परस्पर में समवेत व एक दूसरे के सब अवयवों से स्पृष्ट होकर रहते हैं। ये बादर-निगोदजीव मूली व थूहर आदि प्रत्येकशरीर जीवों के रूप में रहते हैं। इन मूली आदि के शरीर उन बादर निगोदजीवों के योनिभूत हैं।

इसी प्रकार एक शरीर में स्थित सूक्ष्म-निगोदजीव परस्पर में समवेत व एक दूसरे के सभी अवयवों से स्पष्ट होकर रहते हैं। इन सूक्ष्म-निगोदजीवों की योनि नियत नहीं है; उनकी योनि जल, स्थल व आकाश में सर्वत्र उपलब्ध होती है।

इन निगोद जीवों में ऐसे अनन्तजीव हैं जिन्हें मिथ्यात्व आदिरूप संक्लिष्ट परिणाम से कलुषित रहने के कारण कभी त्रसपर्याय नहीं प्राप्त हुई। इसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि यदि ऐसे कलुषित परिणामवाले अनन्त जीव न होते तो संसार में भव्य जीवों के अभाव का प्रसंग अनिवार्य प्राप्त होता। और जब भव्य जीव न रहते तब उनके प्रतिपक्षभूत अभव्य जीवों के भी अभाव का प्रसंग प्राप्त होनेवाला था। इस प्रकार से संसारी जीवों का ही अभाव हो सकता था। इससे सिद्ध है कि ऐसे संक्लिष्ट परिणामवाले अनन्त जीव हैं, जिन्होंने अतीत काल में कभी त्रसपर्याय को प्राप्त नहीं किया। इसे आगे और भी स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा है कि जिनेन्द्रदेव द्वारा देखे गये अथवा प्ररूपित एक ही निगोदशरीर में जो अनन्त जीव रहते हैं वे समस्त अतीत काल में सिद्ध हुए जीवों से अनन्तगुणे हैं। इससे सिद्ध है कि सब अतीत काल के द्वारा एक निगोदशरीर में स्थित जीव ही सिद्ध नहीं हो सकते हैं। आगे वे कहते हैं कि आय से रहित जिन संख्याओं की व्यय के होने पर समाप्ति होती है उनका नाम संख्यात व असंख्यात है। किन्तु आय से रहित जिन संख्याओं का संख्यात व असंख्यातवें रूप में व्यय के होने पर भी कभी व्युच्छेद नहीं होता उनका नाम अनन्त है। इसके अतिरिक्त सब जीवराशि अनन्त है, इसलिए उसका व्युच्छेद नहीं हो सकता; अन्यथा अनन्तता के विरोध का प्रसंग प्राप्त होता है।

इन निगोदों में स्थित जीव दो प्रकार के होते हैं—चतुर्गतिनिगोद और नित्यनिगोद। जो निगोद जीव देव, नारकी, तिर्यंच और मनुष्यों में उत्पन्न होकर फिर से निगोदों में प्रविष्ट हुए हैं व वहाँ रह रहे हैं उनका नाम चतुर्गतिनिगोद है तथा जो सदा काल निगोदों में ही रहते हैं वे नित्यनिगोद कहलाते हैं। अतीत काल में त्रसपर्याय को प्राप्त हुए जीव यदि अधिक से अधिक हों तो वे अतीत काल से असंख्यातगुणे ही होते हैं, जबकि एक ही निगोद शरीर में स्थित जीव अतीत काल में सिद्ध होने वाले जीवों से अनन्तगुणे होते हैं। इससे सिद्ध है कि ऐसे अनन्त निगोद जीव हैं जिन्होंने कभी त्रसपर्याय को प्राप्त नहीं किया।

प्रकृत शरीरीशरीर प्ररूपणा में इन आठ अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है— सत् प्ररूपणा, द्रव्यप्रमाणानुगम, क्षेत्रानुगम, स्पर्शनानुगम, कालानुगम, अन्तरानुगम, भावानुगम, और अल्पबहुत्वानुगम। इनमें सत्प्ररूपणा के आश्रय से ओघ और आदेश का निर्देश करते हुए कहा गया है कि ओघ की अपेक्षा जीव दो शरीरवाले, तीन शरीरवाले, चार शरीरवाले और शरीर से रहित हुए हैं (१२६-३१)।

विग्रह गति में वर्तमान चारों गतियों के जीव तैजस और कार्मण इन दो शरीरों से युक्त

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

होते हैं। तीन शरीरवाले औदारिक, तैजस और कार्मण इन तीन शरीरों से अथवा वैक्रियिक तैजस और कार्मण इन तीन शरीरों से सहित होते हैं। चार शरीर वाले औदारिक, वैक्रियिक, तैजस और कार्मण इन चार शरीरों से अथवा औदारिक, आहारक, तैजस और कार्मण इन चार शरीरों से युक्त होते हैं। जिनके शरीर नहीं है वे मुक्ति को प्राप्त जीव अशरीर हैं।

इसी पद्धति से आगे आदेश की अपेक्षा क्रम से गति, इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं में भी दो, तीन और चार शरीरवाले तथा शरीर से रहित जीवों का विचार किया गया है (१३२-६७)। इस प्रकार से सत्प्ररूपणा समाप्त हुई है।

इस प्रकार सूत्र-निर्दिष्ट उपर्युक्त आठ अनुयोगद्वारों में से सूत्रकार ने एक सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार की प्ररूपणा की है। आगे द्रव्यप्रमाणानुगम, क्षेत्रानुगम, स्पर्शनानुगम, कालानुगम, अन्तरानुगम और भावानुगम इन छह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा न करके उन्होंने अन्तिम अनुयोगद्वार अल्पबहुत्वानुगम की प्ररूपणा प्रारम्भ कर दी है।

इस विषय में धवलाकार ने कहा है कि यह अनुयोगद्वार (सत्प्ररूपणा) शेष छह अनुयोगद्वारों का आश्रयभूत है, इसलिए उन अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा यहाँ की जाती है। यह कहते हुए उन्होंने धवला में उन द्रव्यप्रमाणानुगम आदि छह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा स्वयं ही है।[1]

उस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा करते हुए ओघ और आदेश की अपेक्षा उसकी प्ररूपणा दो प्रकार से है, यह कहकर सूत्रकार द्वारा प्रथमतः ओघ की अपेक्षा उसकी प्ररूपणा की गई है। यथा—ओघ की अपेक्षा चार शरीरवाले सबसे स्तोक, शरीररहित उनसे अनन्तगुणे, दो शरीर वाले उनसे अनन्तगुणे और तीन शरीरवाले जीव उनसे अनन्तगुणे हैं (१६८-७२)।

आगे इसी पद्धति से आदेश की अपेक्षा भी गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं में उस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है (१७२-२३५)।

इस प्रकार इस अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार की प्ररूपणा करके प्रकृत शरीरीशरीर प्ररूपणा अनुयोगद्वार को समाप्त किया गया है।

२. शरीरप्ररूपणा

इसमें छह अनुयोगद्वार हैं—नामनिरुक्ति, प्रदेशप्रमाणानुगम, निषेकप्ररूपणा, गुणकार, पदमीमांसा और अल्पबहुत्व (२३६)।

१. नामनिरुक्ति के आश्रय से औदारिक आदि पाँच शरीरों के वाचक शब्दों के निरुक्तयर्थ को प्रकट किया गया है (२३७-४१)। जैसे—

'उरालमिदि ओरालियं' यह ओरालिय (औदारिक) शब्द की निरुक्ति है। उराल या उदार शब्द का अर्थ स्थूल होता है। 'इति' शब्द के हेतु या विवक्षा में घटित होने से 'उराल' को ही 'ओराल (औदारिक)' कहा गया है। अभिप्राय यह है कि उदार या स्थूल शरीर का नाम औदारिक है। यह स्थूलता अवगाहना की अपेक्षा है। अन्य शरीरों की अपेक्षा औदारिक शरीर की अवगाहना अधिक है, जो महामत्स्य के पाँच सौ योजन विस्तार और एक हजार योजन आयाम के रूप में उपलब्ध होती है।

---

१. धवला पु० १४, पृ० २४८-३०१

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

सर्वार्थसिद्धि (२-३६) में उक्त औदारिक शरीर की निरुक्ति इस प्रकार की गई है—'उदारे भवमौदारिकम्, उदारं प्रयोजनमस्येति वा औदारिकम्'। अभिप्राय यही है कि जो शरीर स्थूल होता है अथवा जिसका प्रयोजन स्थूल होता है उसका नाम औदारिक शरीर है। आगे इसी प्रकार से वैक्रियिक आदि अन्य चार शब्दों की भी निरुक्ति की गई है।

२. **प्रदेशप्रमाणानुगम** में औदारिक आदि शरीरों के प्रदेशप्रमाण को स्पष्ट करते हुए पाँचों शरीरों में से प्रत्येक के प्रदेशाग्र का प्रमाण अभव्यों से अनन्तगुणा और सिद्धों के अनन्तवें भाग मात्र कहा गया है (२४२-४४)।

३. **निषेक प्ररूपणा** में ज्ञातव्य के रूप में इन छह अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है—समुत्कीर्तना, प्रदेश प्रमाणानुगम, अनन्तरोपनिधा, परम्परोपनिधा, प्रदेशविरच और अल्पबहुत्व (२४५)।

समुत्कीर्तना—यहाँ यह स्पष्ट किया गया है कि यथासम्भव औदारिक आदि शरीरों में विवक्षित शरीरवाले जीव ने जिस प्रदेशाग्र को ग्रहण किया है वह कितने काल रहता है। यथा—औदारिक शरीरवाले जीव ने प्रथम समयवर्ती आहारक और प्रथम समयवर्ती तद्भवस्थ होकर औदारिक शरीर के रूप में जिस प्रदेशाग्रको बाँधा है उसमें से कुछ एक समय जीव के साथ रहता है, कुछ दो समय रहता है, कुछ तीन समय रहता है, इस क्रम से वह औदारिक शरीर की उत्कृष्ट स्थिति प्रमाण तीन पल्योपम काल तक रहता है। यही अवस्था वैक्रियिक व आहारक शरीर की भी है। विशेष इतना है कि वैक्रियिक शरीर के रूप में ग्रहण किया गया वह प्रदेशाग्र, उसी क्रम से उसकी उत्कृष्ट स्थिति प्रमाण तेतीस सागरोपम तक और आहारक के रूप में ग्रहण किया गया वह प्रदेशाग्र उसकी स्थिति प्रमाण अन्तर्मुहूर्त काल रहता है (२४६)।

तैजस शरीर के रूप में ग्रहण किया गया प्रदेशाग्र उसी क्रम से रहता हुआ उत्कृष्ट रूप में छयासठ सागरोपम काल तक रहता है। कार्मणशरीर के रूप में बाँधे गये प्रदेशाग्र में से कुछ एक समय अधिक आवलिकाल तक, कुछ दो समय अधिक आवलि काल तक, कुछ तीन समय अधिक आवलि काल तक, इस क्रम से वह उत्कृष्ट रूप में कर्मस्थिति काल तक रहता है (२४७-४८)।

यहाँ इतना विशेष समझना चाहिए कि तैजस और कार्मण शरीरों में प्रथम समयवर्ती आहारक और प्रथम समयवर्ती तद्भवस्थ होने का नियम नहीं है। कारण यह कि इन दोनों शरीरों का सम्बन्ध जीव के साथ अनादि काल से है, अतएव जहाँ कहीं भी स्थापित करके उनकी प्रदेशरचना उपलब्ध होती है।

प्रदेशप्रमाणानुगम—यहाँ प्रथम समयवर्ती आहारक और प्रथम समयवर्ती तद्भवस्थ औदारिक शरीरवाले, वैक्रियिक शरीरवाले व आहारक शरीरवाले जीव के द्वारा प्रथमादि समयों में बाँधा गया प्रदेशाग्र कितना होता है; इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि वह अभव्यजीवों से अनन्तगुणा और सिद्धों के अनन्तवें भाग प्रमाण होता है। यह प्रथमादि समयों का क्रम यथाक्रम से अपने-अपने शरीर की उत्कृष्ट स्थिति प्रमाण तीन पल्य, तेतीस सागरोपम, अन्तर्मुहूर्त तक समझना चाहिए (२४९-५५)।

यही क्रम तैजस और कार्मण शरीरों का है। विशेष इतना है कि उनके प्रदेशाग्र के बाँधे जाने का काल प्रथमादि समय से लेकर उत्कृष्ट रूप में क्रम से छयासठ सागरोपम और कर्मस्थिति

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

काल है (२५६-६२)।

अनन्तरोपनिधा—उक्त पाँच शरीरों में से विवक्षित शरीरवाले जीव के द्वारा पूर्वोक्त क्रम से अपनी-अपनी उत्कृष्ट स्थिति तक बाँधा गया प्रदेशाग्र अभव्यजीवों से अनन्तगुणा और सिद्धों के अनन्तवें भाग प्रमाण होकर भी उत्तरोत्तर प्रथम-द्वितीयादि समयों में अपेक्षाकृत हीनाधिक कैसा होता है, इसका स्पष्टीकरण इस अनुयोगद्वार में किया गया है (२६३-७१)।

परम्परोपनिधा—पूर्वोक्त क्रम से अपनी-अपनी उत्कृष्ट स्थिति तक बाँधा गया वह प्रदेशाग्र उत्तरोत्तर अन्तर्मुहूर्त-अन्तर्मुहूर्त जाकर दुगुणा-दुगुणा हीन होता जाता है, इत्यादि का स्पष्टीकरण इस परम्परोपनिधा अनुयोगद्वार में किया गया है (२७२-८६)।

प्रदेशविरच—यहाँ सर्वप्रथम सोलह पदवाले दण्डक के आश्रय से एकेन्द्रिय व सम्मूर्च्छिम आदि जीवों को लक्ष्य करके स्वस्थान व परस्थान में जघन्य और उत्कृष्ट पर्याप्तनिवृत्ति व निर्वृत्ति-स्थानों में उत्तरोत्तर होनेवाली अधिकता के क्रम का विचार किया गया है (२८७-३१६)।

इसी प्रसंग में आगे जघन्य अग्रस्थिति, अग्रस्थिति विशेष, अग्रस्थितिस्थान, उत्कृष्ट अग्रस्थिति, भागाभागानुगम और अल्पबहुत्व इन छह अनुयोगद्वारों के आश्रय से प्रकृत औदारिकादि शरीरों से सम्बन्धित अग्रस्थिति और अग्रस्थिति विशेष आदि के प्रमाण का विचार किया गया है (३२०-८६)।

जघन्य निर्वृत्ति के अन्तिम निषेक का नाम अग्र और उसकी जघन्य स्थिति का नाम अग्रस्थिति है।

तीन पल्योपमों के अन्तिम निषेक का नाम उत्कृष्ट अग्र और उसकी तीन पल्योपम प्रमाण स्थिति का नाम उत्कृष्ट अग्रस्थिति है।

उत्कृष्ट अग्रस्थिति में से जघन्य अग्रस्थिति के कम कर देने पर अग्रस्थिति-विशेष का प्रमाण होता है।

यहाँ प्रदेशविरच अनुयोगद्वार समाप्त हो गया है।

निषेकअल्पबहुत्व में जघन्य, उत्कृष्ट और जघन्य-उत्कृष्ट पदविषयक तीन अनुयोगद्वारों के आश्रय से औदारिकादि शरीर सम्बन्धी एकप्रदेश गुणहानिस्थानान्तर और नाना गुणहानिस्थानान्तरों के अल्पबहुत्व को प्रकट किया गया है (३६०-४०६)।

इस प्रकार समुत्कीर्तनादि छह अनुयोगद्वारों के समाप्त हो जाने पर निषेकप्ररूपणा समाप्त हुई है।

४. **गुणकार**—यह शरीरप्ररूपणा के अन्तर्गत छह अनुयोगद्वारों में चौथा है। इसमें जघन्य, उत्कृष्ट और जघन्य-उत्कृष्ट इन तीन पदों के आश्रय से औदारिकादि पाँच शरीरों सम्बन्धी जघन्य, उत्कृष्ट और जघन्य-उत्कृष्ट गुणकार की प्ररूपणा की गई है (४०७-१५)।

५. **पदमीमांसा**—यह उस शरीरप्ररूपणा का पाँचवाँ अनुयोगद्वार है। यहाँ जघन्यपद और उत्कृष्ट पद के आश्रय से औदारिकादि शरीर सम्बन्धी जघन्य और उत्कृष्ट प्रदेशाग्र के स्वामी का विचार किया गया है (४१६-६६)। यथा—

यद्यपि सूत्र में प्रथमतः जघन्य पद का निर्देश किया गया है, पर प्ररूपणा पहले उत्कृष्ट पद के आश्रय से की गई है। उसे प्रारम्भ करते हुए प्रथमतः औदारिक शरीर का उत्कृष्ट प्रदेशाग्र किसके होता है, इसके स्पष्टीकरण में कहा गया है कि वह तीन पल्योपम की स्थिति

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

वाले अन्यतर उत्तरकुरु और देवकुरु के मनुष्य के होता है (४१७-१८), इतना सामान्य से कहकर आगे ग्यारह (४१९-२९) सूत्रों में उसके लक्षणों को प्रकट किया गया है।

वैक्रियिक शरीर का उत्कृष्ट प्रदेशाग्र किसके होता है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया कि वह बाईस सागरोपम प्रमाण स्थितिवाले अन्यतर आरण-अच्युत कल्पवासी देव के होता है (४३७-३२), यह कहते हुए आगे ग्यारह (४३३-४६) सूत्रों में उसकी कुछ विशेषताओं को प्रकट किया गया है।

जघन्य पद की अपेक्षा औदारिक शरीर का जघन्य प्रदेशाग्र किसके होता है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि वह अन्यतर सूक्ष्म निगोद जीव अपर्याप्त के होता है (४७९-८०)।

वैक्रियिकशरीर का जघन्य प्रदेशाग्र किसके होता है, इसके स्पष्टीकरण में कहा गया है कि वह असंज्ञी पंचेन्द्रियों में से आये हुए अन्यतर देव-नारकी के होता है, जो प्रथम समयवर्ती य प्रथम समयवर्ती तद्भवस्थ होकर जघन्य योग से युक्त होता है (४८३-८५)।

ऊपर औदारिक और वैक्रियिक शरीर का उदाहरण दिया गया है। इसी पद्धति से अन्य शरीरों के उत्कृष्ट व जघन्य प्रदेशाग्र के स्वामी की प्ररूपणा की गई है।

६. **अल्पबहुत्व** अनुयोगद्वार में पाँचों शरीरों के प्रदेशाग्र विषयक अल्पबहुत्व को प्रकट करते हुए औदारिक शरीर के प्रदेशाग्र को सबसे स्तोक, वैक्रियिक शरीर के प्रदेशाग्र को असंख्यातगुणा, आहारक शरीर के प्रदेशाग्र को असंख्यातगुणा, तैजस शरीर के प्रदेशाग्र को अनन्तगुणा और कार्मणशरीर के प्रदेशाग्र को अनन्तगुणा निर्दिष्ट किया गया है (४९७-५०१)।

इस प्रकार छह अनुयोगद्वारों के समाप्त होने पर बाह्य वर्गणा के अन्तर्गत उन चार अनुयोग द्वारों में यह शरीरप्ररूपणा नाम का दूसरा अनुयोगद्वार समाप्त हुआ।

३. शरीरविस्रसोपचय प्ररूपणा

यह बाह्य वर्गणाविषयक तीसरा अनुयोगद्वार है। इसमें ये छह अनुयोगद्वार हैं—अविभाग प्रतिच्छेदप्ररूपणा, वर्गणाप्ररूपणा, स्पर्धकप्ररूपणा, अन्तरप्ररूपणा, शरीरप्ररूपणा और अल्पबहुत्व (५०२)।

पाँच शरीरों सम्बन्धी परमाणुपुद्गलों के स्निग्ध आदि गुणों के द्वारा उन पाँच शरीरगत पुद्गलों में जो पुद्गल संलग्न होते हैं उनका नाम विस्रसोपचय है। उन विस्रसोपचयों के सम्बन्ध का कारण जो पाँच शरीरों से सम्बन्धित परमाणु पुद्गलगत स्निग्ध आदि गुण है उसे भी कारण में कार्य के उपचार से विस्रसोपचय कहा जाता है। इसी स्निग्धादि गुण की यहाँ विवक्षा है।

अविभागप्रतिच्छेदप्ररूपणा के अनुसार एक-एक औदारिक प्रदेश में सब जीवों से अनन्तगुणे अनन्त अविभागप्रतिच्छेद होते हैं (५०३-५)।

वर्गणाप्ररूपणा के अनुसार सब जीवों से अनन्तगुणे अनन्त अविभागप्रतिच्छेदों की एक वर्गणा होती है। इस प्रकार की वर्गणाएँ अभव्यों से अनन्तगुणी और सिद्धों के अनन्तवें भाग मात्र होती हैं (५०६-७)।

स्पर्धकप्ररूपणा के अनुसार अभव्यों से अनन्तगुणी और सिद्धों के अनन्तवें भाग प्रमाण उन वर्गणाओं का एक स्पर्धक होता है। इस प्रकार के स्पर्धक अभव्यों से अनन्तगुणे और सिद्धों

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

के अनन्तवें भाग अनन्त होते हैं (५०८-९)।

अनन्तरप्ररूपणा के अनुसार एक-एक स्पर्धक का अन्तर सब जीवों से अनन्तगुणे अविभाग-प्रतिच्छेदों से होता है (५१०-११)।

शरीरप्ररूपणा के अनुसार शरीरबन्धन के कारणभूत गुणों का बुद्धि से छेद करने पर अनन्त अविभाग प्रतिच्छेद उत्पन्न होते हैं। प्रसंगवश यहाँ उस छेदना के दस भेद निर्दिष्ट किये गये हैं — नामछेदना, स्थापनाछेदना, द्रव्यछेदना, शरीरबन्धनगुणछेदना, प्रदेशछेदना, वल्लरि-छेदना, अणुछेदना, तटछेदना, उत्पातछेदना और प्रज्ञाभावछेदना (५१२-१४)।

शरीर अनन्तानन्त पुद्गलों के समवायस्वरूप है। जिस गुण के निमित्त से उन पुद्गलों का परस्परबन्ध होता है उसका नाम बन्धनगुण है। उस गुण का बुद्धि से छेद करने पर अनन्त अविभागप्रतिच्छेद उत्पन्न होते हैं। गुण का छेद बुद्धि से ही किया जा सकता है। इसी से यहाँ उपर्युक्त दस छेदनाओं में अन्तिम प्रज्ञाछेद विवक्षित है।

अल्पबहुत्वप्ररूपणा में औदारिक शरीर के अविभागप्रतिच्छेद सबसे कम, वैक्रियिकशरीर के अनन्तगुणे, आहारकशरीर के अनन्तगुणे, तैजसशरीर के अनन्तगुणे और कार्मणशरीर के अनन्तगुणे निर्दिष्ट किये गये हैं (५१५-१९)।

इस प्रकार शरीरविस्रसोपचय प्ररूपणा समाप्त हुई है।

४. विस्रसोपचय प्ररूपणा

यह बाह्य वर्गणा के अन्तर्गत पूर्वोक्त चार अनुयोगद्वारों में अन्तिम है। यहाँ इस विस्र-सोपचय प्ररूपणा के अनुसार एक-एक जीवप्रदेश पर कितने विस्रसोपचय उपचित हैं, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि एक-एक जीवप्रदेश पर सब जीवों से अनन्तगुणे अनन्त विस्र-सोपचय उपचित हैं। वे सब लोक में आकर उपचित होते हैं (५२०-२२)।

'जीवप्रदेश' से यहाँ आधेय में आधार का उपचार करके परमाणु अभिप्रेत है। अभिप्राय यह है कि जीव के द्वारा छोड़े गए पाँच शरीरगत पुद्गल सब आकाशप्रदेशों से सम्बद्ध होकर रहते हैं।

आगे जीव से पृथक् होकर सब लोक में व्याप्त हुए उन पुद्गलों में जो द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा चार प्रकार की हानि होती है उसकी यहाँ प्ररूपणा की गई है (५२३-४३)।

इसी प्रसंग में आगे जघन्य व उत्कृष्ट औदारिक आदि पाँच शरीरों के जघन्य व उत्कृष्ट पद में जघन्य व उत्कृष्ट विस्रसोपचयक अल्पबहुत्व को प्रकट करते हुए उन विस्रसोपचयों की प्ररूपणा में प्रयोजनीभूत जीवप्रमाणानुगम, प्रदेशप्रमाणानुगम और अल्पबहुत्व इन तीन अनु-योगद्वारों का आश्रय लिया गया है (५४४-५५)।

उनमें जीवप्रमाणानुगम के अनुसार पृथिवीकायिक आदि जीवों के प्रमाण को और प्रदेश-प्रमाणानुगम के अनुसार उन पृथिवीकायिकादि जीवों के जीवप्रदेशों के प्रमाण को प्रकट किया गया है (५५६-६७)।

अल्पबहुत्व के आश्रय से क्रमशः जीवों के व प्रदेशों के प्रमाण को प्रकट किया गया है (५६८-८०)।

इस प्रकार इस विस्रसोपचय प्ररूपणा के समाप्त होने पर बाह्य वर्गणा समाप्त हुई है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

चूलिका—

आगे का ग्रन्थ चूलिका है। जिन अर्थों की पूर्व में सूचना-मात्र की गई है, स्पष्टीकरण उनका नहीं किया गया है, उनकी प्ररूपणा करना चूलिका का प्रयोजन होता है। तदनुसार पूर्व में जो यहाँ 'जत्थेउ मरइ जीवो' इत्यादि गाथा (सूत्र १२५) के द्वारा निगोदजीवों के मरने व उत्पन्न होने की सूचना की गई है उसे स्पष्ट करते हुए यहाँ प्रथमतः उनके उत्पत्ति के क्रम की प्ररूपणा की गई है, जिसमें आवलि के असंख्यातवें भाग काल तक एक, दो, तीन आदि समयों में निरन्तर उत्पन्न होनेवाले तथा एक, दो, तीन आदि समयों को आदि लेकर आवलि के असंख्यातवें भाग तक का अन्तर करके उत्पन्न होनेवाले निगोद जीवों के प्रमाण को प्रकट किया गया है व उनके उत्पन्न होने के काल और उन उत्पन्न होनेवाले जीवों के अल्पबहुत्व को भी स्पष्ट किया गया है (५८१-६२८)। यथा—

सर्वप्रथम यह स्पष्ट किया गया है कि प्रथम समय में जो निगोद जीव उत्पन्न होता है उसके साथ अनन्त जीव उत्पन्न होते हैं। एक समय में अनन्तानन्त साधारण जीवों को ग्रहणकर एक शरीर होता है और असंख्यात लोकप्रमाण शरीरों को ग्रहणकर एक निगोद होता है। निगोद और पुलवि ये समानार्थक शब्द हैं। एक पुलवि में जो शरीर और उन शरीरों के भीतर अनन्तानन्त जीव रहते हैं, आधार में आधेय के उपचार से उन दोनों को ही निगोद कहा जाता है। आगे इस उत्पत्ति के क्रम को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि द्वितीय समय में असंख्यातगुणे हीन जीव उत्पन्न होते हैं। इसी क्रम से आगे आवलि के असंख्यातवें तक उत्तरोत्तर असंख्यातगुणे जीव उत्पन्न होते हैं। तत्पश्चात् एक, दो, तीन समय से लेकर अधिक-से-अधिक आवलि प्रमाणकाल के अन्तर से पुनः उसी क्रम से आवलि के असंख्यातवें भाग तक वे निरन्तर उत्पन्न होते हैं।

अल्पबहुत्व अद्धाअल्पबहुत्व और जीवअल्पबहुत्व के भेद से दो प्रकार का है। उनमें से अद्धाअल्पबहुत्व में सान्तर और निरन्तर समय में उत्पन्न होनेवाले जीवों के और इन कालों के अल्पबहुत्व को प्रकट किया गया है। जीवअल्पबहुत्व में काल के आश्रय से जीवों के अल्पबहुत्व को दिखलाया गया है।

आगे स्कन्ध, अण्डर, आवास और पुलवियों में जो बादर और सूक्ष्म जीव उत्पन्न होते हैं वे पर्याप्त, अपर्याप्त या मिश्र होते हैं, इसे स्पष्ट किया गया है (६२९-३०)।

निगोदों का मरण-क्रम

इस प्रकार निगोदों के उत्पत्तिक्रम को दिखलाकर आगे पूर्वनिर्दिष्ट गाथा के पूर्वार्ध में सूचित मरण के क्रम का विवेचन करते हुए कहा गया है कि जो निगोद जघन्य उत्पत्तिकाल से उत्पन्न होते हुए जघन्य प्रबन्धनकाल से प्रबद्ध एकरूपता को प्राप्त हुए हैं उन बादर निगोदों का तथा प्रबद्धों का निर्गमन मरणक्रम के अनुसार होता है।

आगे इस मरणक्रम के प्रसंग में कहा गया है कि सर्वोत्कृष्ट गुणश्रेणीमरण से मरण को प्राप्त हुए तथा सबसे दीर्घ काल में निर्लेप्यमान उन जीवों के अन्तिम समय में मरने से शेष रहे निगोदों का प्रमाण आवलि के असंख्यातवें भाग मात्र रहता है। इसे स्पष्ट करते हुए आयुओं के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है (६३१-३९)।

ऊपर जिस मरणक्रम का उल्लेख किया गया है वह यवमध्यमरणक्रम और अयवमध्य-

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

मरणक्रम के भेद से दो प्रकार का है। यह जो सर्वोत्कृष्ट गुणश्रेणि से मरण को प्राप्त हुए व सबसे दीर्घकाल में निर्लेप्यमान जीवों के अन्तिम समय में मरने से शेष रहे निगोदों का प्रमाण प्रकट किया गया है वह अयवमध्यक्रम के अनुसार है। 'निर्लेप्यमान' से अभिप्राय आहार, शरीर, इन्द्रिय और आन-प्राण अपर्याप्तियों की निर्वृत्ति स्वरूप निर्लेपन को प्राप्त होनेवाले जीवों से है। उनके अन्तिम समय में मरने से शेष रहे निगोदों का प्रमाण जो आवलि के असंख्यातवें भागमात्र कहा गया है उसका अभिप्राय यह है कि क्षीणकषाय के अन्तिम समय में मरने से शेष रहे जीवों के निगोद आवलि के असंख्यातवें भाग शेष रहते हैं। निगोद और पुलवि ये समानार्थक शब्द हैं। क्षीणकषाय के अन्तिम समय में असंख्यात लोकमात्र निगोदशरीर होते हैं। उनमें से प्रत्येक शरीर में मरने से शेष रहे जीव अनन्त होते हैं। उनकी आधारभूत पुलवियाँ आवलि के असंख्यातवें भागमात्र होती हैं यही जघन्य बादरनिगोदवर्गणा का प्रमाण है।

इस प्रसंग में धवलाकार ने क्षीणकषायकाल के भीतर व थूवर आदि में मरनेवाले जीवों की प्ररूपणा—प्ररूपणा, प्रमाण, श्रेणि और अल्पबहुत्व—इन चार अनुयोगद्वारों के आश्रय से की है।[1]

क्षीणकषायकाल में जघन्य आयुमात्र काल के शेष रह जाने पर बादर निगोदजीव क्षीणकषाय शरीर में उत्पन्न नहीं होते, क्योंकि उनके जीवनयोग्य काल शेष नहीं रहा है। इसी अभिप्राय के ज्ञापनार्थ उक्त आयुओं के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है।

निगोदवर्गणाओं के कारणों की प्ररूपणा के प्रसंग में आगे कहा गया है कि इन्हीं सब निगोदों (बादर निगोदों) के मूल कारण ये महास्कन्धस्थान (महास्कन्ध के अवयव) हैं—आठ पृथिवियाँ, टंक, कूट, भवन, विमान, विमानेन्द्रक, विमानप्रस्तार, नरक, नरकेन्द्रक, नरकप्रस्तार, गच्छ, गुल्म, वल्ली, लता और तृणवनस्पति आदि (६४०-४१)।

शिलामय पर्वतों पर जो वापी, कुआँ, तालाब व जिनगृह आदि उकेरे जाते हैं उनका नाम टंक है। मेरू, कुलाचल, विन्ध्य व सह्य आदि पर्वतों को कूट कहा जाता है।

आगे महास्कन्धवर्गणा के जघन्य-उत्कृष्ट भाव कैसे होते हैं, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि जब महास्कन्धस्थानों का जघन्य पद होता है तब बादर त्रस पर्याप्तों का उत्कृष्ट पद होता है और जब बादर त्रस पर्याप्तों का जघन्य पद होता है तब मूल महास्कन्ध स्थानों का उत्कृष्ट पद होता है (६४०-४३)।

पश्चात् 'अब यहाँ महादण्डक किया जाता है' ऐसा निर्देश करते हुए अपर्याप्तनिर्वृत्ति, आवश्यक, यवमध्य, शर्मिलामध्य, निर्लेपनस्थान, आयुबन्धयवमध्य, मरणयवमध्य, औदारिकादि शरीरों के निर्वृत्तिस्थान, इन्द्रियनिर्वृत्तिस्थान, आनपान-भाषा-मननिर्वृत्तिस्थान इत्यादि प्रसंगप्राप्त विषयों की चर्चा विविध अल्पबहुत्वों के आश्रय से की गई है (६४३-७०५)।

इस प्रकार से 'जत्थेउ मरइ जीवो' आदि गाथा के अर्थ की प्ररूपणा समाप्त हुई है।

पूर्व में २३ वर्गणाओं की प्ररूपणा के प्रसंग में सामान्य से ग्रहण प्रायोग्य और अग्रहणप्रायोग्य वर्गणाओं का निर्देश किया गया था। अब यहाँ ये वर्गणाएँ पाँच शरीरों के ग्रहण योग्य हैं और ये उनके ग्रहण योग्य नहीं हैं, इसके परिज्ञापनार्थ इन चार अनुयोगद्वारों को ज्ञातव्य कहा गया है—वर्गणाप्ररूपणा, वर्गणानिरूपणा, प्रदेशार्थता और अल्पबहुत्व (७०६)।

---

१. धवला पु० १४, पृ०४८७-९१

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

वर्गणाप्ररूपणा में एक प्रदेशी पुद्गलवर्गणा से लेकर कार्मणद्रव्यवर्गणा पर्यन्त वर्गणाओं का उल्लेख किया गया है (७०७-१८)।

वर्गणानिरूपणा में उपर्युक्त वर्गणाओं में कौन ग्रहणप्रायोग्य हैं और कौन अग्रहणप्रायोग्य हैं, इसे स्पष्ट करते हुए पृथक्-पृथक् उनके स्वरूप को भी दिखलाया गया है (७१९-५८)।

प्रदेशार्थता—यहाँ औदारिकादि शरीरद्रव्यवर्गणाओं में प्रत्येक के प्रदेशों और वर्ण-रसादि को स्पष्ट किया गया है (७५९-९३)।

अल्पबहुत्व—यहाँ औदारिकादि शरीरद्रव्यवर्गणाओं में प्रत्येक के प्रदेशों की अपेक्षा और अवगाहना की अपेक्षा दो प्रकार से अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है (७८४-९६)।

इस प्रकार अनेक अनुयोगद्वारों व अवान्तर अनुयोगद्वारों के आश्रय से वर्गणाओं की सविस्तार प्ररूपणा के समाप्त होने पर बन्धनीय अनुयोगद्वार समाप्त हुआ है।

बन्धविधान

यह प्रस्तुत बन्धन अनुयोगद्वार के अन्तर्गत चार अधिकारों में अन्तिम है। वह बन्ध-विधान प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश के भेद से चार प्रकार का है (१९७)।

इसके प्रसंग में धवलाकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इन चारों बन्धों के विधान की प्ररूपणा भूतबलि भट्टारक ने महाबन्ध में बहुत विस्तार से की है, इसलिए वहाँ हमने उसकी प्ररूपणा नहीं की है। अतएव यहाँ समस्त महाबन्ध की प्ररूपणा करने पर बन्धविधान समाप्त होता है।

इस प्रकार बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्धविधान इन चारों अधिकारों के समाप्त होने पर यह बन्धन अनुयोगद्वार समाप्त हुआ है। यह षट्खण्डागम की १६ जिल्दों में से १४वीं जिल्द में प्रकाशित हुआ है।

इस बन्धन अनुयोगद्वार के साथ षट्खण्डागम का पाँचवाँ वर्गणाखण्ड समाप्त होता है।

षष्ठ खण्ड : महाबन्ध

महाबन्ध षट्खण्डागम का छठा खण्ड है। जैसाकि पूर्व में कहा जा चुका है, इसके दूसरे खण्ड क्षुद्रकबन्ध में बन्धक जीवों की प्ररूपणा स्वामित्व आदि ११ अनुयोगद्वारों के आश्रय से की गई है। परन्तु इस महाबन्ध खण्ड में उस बन्ध की प्ररूपणा प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशबन्ध के क्रम से अनेक अनुयोगद्वारों के आश्रय से बहुत विस्तार के साथ की गई है। इसी दृष्टि से उस दूसरे खण्ड का नाम क्षुद्रकबन्ध या खुद्दाबंध पड़ा है। उसमें समस्त सूत्र संख्या १५७९ है, जब कि महाबन्ध का ग्रन्थ-प्रमाण ३०००० श्लोक है। इसीलिए इस छठे खण्ड का नाम महाबन्ध पड़ा है, जो अपेक्षाकृत है।

इस महाबन्ध की कानडी लिपि में लिखी गई एक ही प्रति उपलब्ध हुई है, जिसके आधार से उसका प्रकाशन हुआ है। उसमें भी कुछ पत्र त्रुटित रहे हैं। प्रारम्भ का अंश कुछ त्रुटित हो जाने से उसकी प्रारम्भिक रचना किस प्रकार की रही है, यह ज्ञात नहीं हो सका।

बन्ध प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश के भेद से चार प्रकार का है। इसी चार प्रकार के बन्ध की वहाँ क्रमशः बहुत विस्तार से प्ररूपणा की गई है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

१. प्रकृतिबन्ध

वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत बन्धनीय अर्थाधिकार में २३ पुद्गल वर्गणाओं की प्ररूपणा की गई है। उनमें एक कार्मण वर्गणा भी है, जो समस्त लोक में व्याप्त है। मिथ्यादर्शनादिरूप परिणामविशेष से इस कार्मण वर्गणा के परमाणु जो कर्म रूप से परिणत होकर जीवप्रदेशों के साथ सम्बद्ध होते हैं, प्रकृतिबन्ध कहलाता है। इस प्रकार जीव प्रदेशों से सम्बद्ध होने पर जो उनमें ज्ञान-दर्शन आदि आत्मीय गुणों के आच्छादित करने का जो स्वभाव पड़ता है उसे प्रकृतिबन्ध कहा जाता है।

प्रारम्भिक अंश के त्रुटित हो जाने से यद्यपि यह ज्ञात नहीं हो सका कि इस प्रकृतिबन्ध की प्ररूपणा में वहाँ कितने व किन अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है, फिर भी आगे स्थिति बन्ध आदि की प्ररूपणा पद्धति के देखने से वह निश्चित ज्ञात हो जाता है कि इस प्रकृतिबन्ध की प्ररूपणा में वहाँ इन २४ अनुयोगद्वारों का निर्देश रहा है—

१. प्रकृतिसमुत्कीर्तन, २. सर्वबन्ध, ३. नोसर्वबन्ध, ४. उत्कृष्टबन्ध, ५. अनुत्कृष्टबन्ध, ६. जघन्य बन्ध, ७. अजघन्य बन्ध, ८. सादिबन्ध, ९. अनादिबन्ध, १०. ध्रुवबन्ध, ११. अध्रुवबन्ध, १२. बन्धस्वामित्वविचय, १३. एक जीव की अपेक्षा काल, १४. एक जीव की अपेक्षा अन्तर, १५. संनिकर्ष, १६. भंगविचय, १७. भागाभागानुगम १८. परिमाणानुगम, १९. क्षेत्रानुगम, २०. स्पर्शनानुगम, २१. नाना जीवों की अपेक्षा कालानुगम, २२. नाना जीवों की अपेक्षा अन्तरानुगम, २३. भावानुगम और २४. अल्पबहुत्वानुगम।

१. **प्रकृतिसमुत्कीर्तन** – इस अनुयोगद्वार में कर्म की मूल और उत्तर प्रकृतियों की प्ररूपणा प्रायः उसी प्रकार से की गई है, जिस प्रकार कि उनकी प्ररूपणा उसके पूर्व जीवस्थान खण्ड में सम्बद्ध नौ चूलिकाओं में से प्रथम प्रकृतिसमुत्कीर्तन[1] चूलिका में तथा आगे वर्गणाखण्ड (५) के अन्तर्गत प्रकृति अनुयोगद्वार में की गई है।[2] विशेषता यह रही है कि प्रकृतिसमुत्कीर्तन चूलिका में ज्ञानावरणीय कर्म की पाँच उत्तरप्रकृतियों का ही उल्लेख किया गया है (सूत्र १३-१४)। पर आगे प्रकृति अनुयोगद्वार में उन ज्ञानावरणीय की पाँच उत्तरप्रकृतियों की भी कितनी ही अवान्तर प्रकृतियों का उल्लेख किया गया है (सूत्र २१-९९)।

प्रकृत महाबन्ध में उस ज्ञानावरणीय की उत्तर-प्रकृतियों और उत्तरोत्तर-प्रकृतियों की प्ररूपणा उपर्युक्त प्रकृति अनुयोगद्वार के समान की गई है, यह पूर्व में कहा जा चुका है। साथ ही उन ज्ञानावरणीय प्रकृतियों के प्रसंग से जिस प्रकार प्रकृति अनुयोगद्वार में ज्ञानभेदों की भी प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार इस महाबन्ध में भी उन सब की प्ररूपणा की गई है। इसके अतिरिक्त ज्ञान के प्रसंग में प्रकृति अनुयोगद्वार में जिन गाथासूत्रों (३-१७) का उपयोग किया गया है वे ही गाथासूत्र प्रायः उसी रूप में आगे-पीछे इस महाबन्ध में भी उपयुक्त हुए हैं।[3]

---

१. ष० ख०, पु० ६, पृ० १-७८ में प्रथम प्रकृतिसमुत्कीर्तन चूलिका। ('प्रकृतिसमुत्कीर्तन' इस नाम का भी उपयोग दोनों स्थानों में समान रूप में किया गया है)।

२. ष० ख०, पु० १३, पृ० १९७-३९२ में प्रकृति अनुयोगद्वार।

३. महाबन्ध १, पृ० २१-२३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

वेदना खण्ड के अन्तर्गत कृतिअनुयोगद्वार में मंगल के प्रसंग में देशावधि-परमावधि की प्ररूपणा करते हुए धवलाकार ने भी इन गाथाओं को उद्धृत किया है और कहा है कि इन गाथाओं द्वारा कहे गये समस्त अवधिज्ञान के क्षेत्रों के इस अर्थ प्ररूपणा करना चाहिए।[1]

आगे प्रकृति अनुयोगद्वार में दर्शनावरणीय आदि अन्य मूल प्रकृतियों की उत्तर-प्रकृतियों के नामों का उल्लेख पृथक्-पृथक् किया गया है, पर महाबन्ध में उनके नामों का पृथक्-पृथक् निर्देश न करके उनकी संख्या मात्र की सूचना की गई है व अन्त में यह कह दिया है कि 'यथा पगदिभंगो तथा कादव्वो'। यह सूचना करते हुए आचार्य भूतबलि ने सम्भवतः इसी प्रकृति अनुयोगद्वार की ओर संकेत किया है।

२-३. **सर्वबन्ध-नोसर्वबन्ध**—इन दो अनुयोगद्वारों में ज्ञानावरणादि कर्मप्रकृतियों के विषय में सर्वबन्ध व नोसर्वबन्ध का विचार किया गया है। विवक्षित कर्म की जब अधिक से अधिक प्रकृतियाँ एक साथ बँधती हैं तब उनके बन्ध को सर्वबन्ध कहा जाता है। जैसे—ज्ञानावरण की पाँच प्रकृतियाँ और अन्तराय की पाँच प्रकृतियाँ ये अपनी बन्धव्युच्छित्ति होने तक सूक्ष्मसाम्परायसंयत गुणस्थान तक साथ-साथ बँधती हैं, अतएव वह इन दोनों कर्मों का सर्वबन्ध है।

दर्शनावरण की नौ प्रकृतियाँ दूसरे गुणस्थान तक साथ-साथ बँधती हैं, अतएव उसका दूसरे गुणस्थान तक सर्वबन्ध है। दूसरे गुणस्थान में निद्रानिद्रा, प्रचला-प्रचलाऔर स्त्यानगृद्धि इन तीन की बन्धव्युच्छित्ति हो जाने से आगे अपूर्वकरण के प्रथम भाग तक छह प्रकृतियाँ बँधती हैं, अतः उसका यह नोसर्वबन्ध है। इसी प्रकरण के प्रथम भाग में निद्रा और प्रचला इन दो के व्युच्छिन्न हो जाने से आगे सूक्ष्मसाम्पराय तक उसकी चार प्रकृतियाँ बँधती हैं, यह भी उसका नोसर्वबन्ध है। इस प्रकार दर्शनावरण का सर्वबन्ध भी होता और नोसर्वबन्ध भी होता है।

वेदनीय, आयु और गोत्र इन तीन कर्मों का नोसर्वबन्ध ही होता है, क्योंकि उनकी एक समय में किसी एक प्रकृति का ही बन्ध सम्भव है।

मोहनीय और नामकर्म इन दो का सर्वबन्ध और नोसर्वबन्ध दोनों होते हैं।

४-७. **उत्कृष्टबन्ध, अनुत्कृष्टबन्ध, जघन्यबन्ध और अजघन्यबन्ध** ये प्रकृतिबन्ध में सम्भव नहीं है।

८-९. **सादि-अनादिबन्ध**—विवक्षित कर्मप्रकृति के बन्ध का अभाव हो जाने पर पुनः उसका बन्ध होना सादिबन्ध कहलाता है। जैसे—ज्ञानावरण की पाँच प्रकृतियों का बन्ध सूक्ष्मसाम्पराय तक होता है। जो जीव सूक्ष्मसाम्पराय में इनकी बन्धव्युच्छित्ति को करके आगे उपशान्तकषाय हुआ है उसके वहाँ उनके बन्ध का अभाव हो गया। पर वह जब उपशान्तकषाय से पतित होकर सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान में आता है तब उसके उनका बन्ध फिर होने लगता है। यही सादिबन्ध का लक्षण है।

जीव जब तक श्रेणि पर आरूढ़ नहीं होता तब तक उसके अनादिबन्ध है। जैसे—उक्त

---

१. ष० ख० पु० ९, पृ० २४-२६,२९,३८ व ४२। एदाहि गाहादि उत्तासेसोहि खेत्ताणमेसो अत्थो जहासंभवं परूवेदव्वो (पृ० २६)। इच्चादिगाहावग्गणसुत्तेहि सह विरोहादो (पृ० ४०)।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

ज्ञानावरण की पाँच प्रकृतियों का श्रेणि पर आरूढ़ न होने पर सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान तक अनादिबन्ध होता है; क्योंकि तब तक उसके अनादि काल से उनका बन्ध होता रहा है।

इस प्रकार सभी कर्मों के विषय में वहाँ विस्तार से इस सादि-अनादि बन्ध का विचार किया गया है।

१०-११. **ध्रुव-अध्रुवबन्ध**—अभव्य जीव के जो बन्ध होता है वह ध्रुव बन्ध है, क्योंकि उसके अनादिकाल से हो रहे उस कर्मबन्ध का कभी अभाव होनेवाला नहीं है।

भव्य जीवों का कर्मबन्ध अध्रुवबन्ध है, क्योंकि उनके उस कर्मबन्ध का अभाव होने वाला है।

इस प्रकार से वहाँ इन दो अनुयोगद्वारों में अन्य सभी कर्मों के विषय में ध्रुव-अध्रुवबन्ध की विस्तार से प्ररूपणा की गई है।

१२. **बन्धस्वामित्वविचय**—इस अनुयोगद्वार में नाम के अनुसार बन्धक-अबन्धक जीवों की प्ररूपणा ठीक उसी प्रकार से की गई है, जिस प्रकार कि प्रस्तुत षट्खण्डागम के तीसरे खण्ड बन्धस्वामित्वविचय में उनकी प्ररूपणा की गई है। विशेषता वहाँ यह रही है कि विवक्षित मार्गणा में उन बन्धक-अबन्धकों की प्ररूपणा करते हुए यदि वह पूर्व प्ररूपित किसी मार्गणा के उस विषय से समानता रखती है तो वहाँ विवक्षित प्रकृतियों का नामनिर्देश न करके 'ओघभंग' आदि के रूप में पूर्व में की गई उस प्ररूपणा के समान प्ररूपणा करने का संकेत कर दिया गया है। किन्तु उस तीसरे खण्ड में ओघ और आदेश की अपेक्षा उन बन्धक-अबन्धकों की प्ररूपणा करते हुए प्रायः सर्वत्र ही विवक्षित प्रकृतियों के नामोल्लेखपूर्वक प्रकृत प्ररूपणा की गई है।[1]

यह उस महाबन्ध में प्रकृतिबन्ध के अन्तर्गत जिन प्रकृतिसमुत्कीर्तन आदि २४ अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है उनमें प्रारम्भ के कुछ अनुयोगद्वारों में प्ररूपित विषय का दिशाबोधमात्र कराया गया है। इसी प्रकार शेष अनुयोगद्वारों में प्ररूपित विषय की प्ररूपणा विवक्षित अनुयोगद्वार के नाम के अनुसार समझना चाहिए।

२. स्थितिबन्ध

ज्ञानावरणादि कर्म बँधने के पश्चात् जितने काल तक जीव के साथ सम्बद्ध होकर रहते हैं उसका नाम स्थितिबन्ध है। जिन २४ अनुयोगद्वारों का उल्लेख पूर्व में प्रकृतिबन्ध के प्रसंग में किया गया है, नाम से वे ही २४ अनुयोगद्वार इस स्थितिबन्ध के प्रसंग में भी निर्दिष्ट किये गये हैं। विशेषता केवल इतनी है कि प्रथम अनुयोगद्वार का नाम जहाँ प्रकृतिबन्ध के प्रसंग में 'प्रकृति समुत्कीर्तन' निर्दिष्ट किया गया है वहाँ इस स्थितिबन्ध के प्रसंग में वह 'अद्धाच्छेद' के नाम से निर्दिष्ट किया गया है।

सर्वप्रथम यहाँ मूल प्रकृति स्थितिबन्ध के प्रसंग में इन चार अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है—स्थितिबन्धस्थान प्ररूपणा, निषेक प्ररूपणा, आबाधाकाण्डक प्ररूपणा और अल्पबहुत्व। इन अनुयोगद्वारों के आश्रय से वहाँ स्थितिबन्धस्थान आदि की यथाक्रम से

---

१. अपवाद के रूप में कुछ ही प्रसंग वैसे होंगे। जैसे—माणुसअपज्जत्ताणं पंचिंदियतिरिक्ख-अपज्जत्तभंगो। सूत्र ७६ (इसके पूर्व का सूत्र ७५ भी इसी प्रकार का है)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

प्ररूपणा की गई है।

इसके पूर्व वेदना-खण्ड के अन्तर्गत दूसरे वेदना-अनुयोगद्वार में निर्दिष्ट १६ अनुयोगद्वारों में से छठे वेदनाकालविधान अनुयोगद्वार की प्रथम चूलिका में उन्हीं चार अनुयोगद्वारों के आश्रय से क्रमशः उन बन्धस्थान आदि की प्ररूपणा की गई है जो सर्वथा समान है। सूत्र भी प्रायः समान हैं[1]। उसका परिचय पूर्व में कराया जा चुका है।

१. **अद्धाच्छेद**—अद्धा नाम काल का है। किस कर्म का उत्कृष्ट और जघन्य बन्ध कितना होता है, उसकी इस उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति में आबाधाकाल कितना पड़ता है, तथा निषेक रचना किस प्रकार होती है इत्यादि की प्ररूपणा यहाँ विस्तारपूर्वक की गई है।[2]

२-३. **सर्वबन्ध-नोसर्वबन्ध**—विवक्षित कर्मप्रकृति की जितनी उत्कृष्ट स्थिति नियमित है उसके बन्ध को सर्वबन्ध और उससे कम के बन्ध को नोसर्वबन्ध कहा जाता है। इन दो अनुयोग द्वारों में वहाँ स्थितिबन्ध के प्रसंग में उस सर्वबन्ध और नोसर्वबन्ध की प्ररूपणा विभिन्न कर्मप्रकृतियों के आश्रय से विस्तारपूर्वक की गई है।

इसी प्रकार अन्य अनुयोगद्वारों के आश्रय से भी वहाँ अपने-अपने नाम के अनुसार प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा की गई है।

३. अनुभागबन्ध

ज्ञानावरणादि मूल व उनकी उत्तरप्रकृतियों का बन्ध होने पर जो उनमें यथा योग्य फल देने की शक्ति उत्पन्न होती है उसे अनुभागबन्ध कहते हैं। इस अनुभाग की प्ररूपणा यहाँ क्रम से मूल व उत्तर प्रकृतियों के आश्रय से विस्तार के साथ की गई है। इस प्रसंग में यहाँ प्रथमतः निषेक प्ररूपणा और स्पर्धक प्ररूपणा इन दो अनुयोगद्वारों का निर्देश करते हुए क्रमशः उनके आश्रय से निषेकों और स्पर्धकों की प्ररूपणा की गई है।

इसके पूर्व प्रस्तुत षट्खण्डागम के चौथे वेदना खण्ड के अन्तर्गत वेदना-अनुयोगद्वार में जिन १६ अवान्तर अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है उनमें ७ वाँ अनुयोगद्वार भावविधान है। उसके अन्त में जो तीन चूलिकाएँ हैं उनमें से दूसरी चूलिका में अनुभागबन्धाध्यवसानस्थानों की प्ररूपणा इन १२ अनुयोगद्वारों के आश्रय से विस्तारपूर्वक की गई है—१. अविभाग प्रतिच्छेदप्ररूपणा २. स्थानप्ररूपणा, ३. अन्तरप्ररूपणा, ४. काण्डकप्ररूपणा, ५. ओज-युग्मप्ररूपणा, ६. षट्स्थानप्ररूपणा, ७. अधस्तनस्थानप्ररूपणा, ८. समयप्ररूपणा, ९. वृद्धिप्ररूपणा, १०. यवमध्यप्ररूपणा, ११. पर्यवसान प्ररूपणा और १२. अल्पबहुत्व[3] (सूत्र १९७-९८)।

---

१. स्थितिबन्धस्थान प्ररूपणा सूत्र ३६-१००. निषेक प्ररूपणा सूत्र १०१-२०, आबाधाकाण्डक १२१-२२, अल्पबहुत्व १२३-६४ (पु० ११, पृ० १४०-३०८)।

२. कर्म की मूल व उत्तर प्रकृतियों की उत्कृष्ट व जघन्य स्थितियों, आबाधाकाल और निषेकरचना क्रम की प्ररूपणा जीवस्थान की चूलिका ६ व ७ में यथाक्रम से पृथक्-पृथक् विस्तारपूर्वक की गई है (पु० ६, पृ० १४५-२०२)। यहाँ 'उत्कृष्ट स्थिति' हेतु सूत्र ६ की धवला टीका भी द्रष्टव्य है (पृ० १५०-५८)।

३. इन्हीं १२ अनुयोगद्वारों के आश्रय से आगे महाबन्ध में स्वामित्व के प्रसंग में अनुभागबन्धाध्यवसानस्थानों की प्ररूपणा की गई है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इनमें से अविभागप्रतिच्छेद प्ररूपणा के प्रसंग में धवलाकार ने सूत्र १९९ की व्याख्या में अविभागप्रतिच्छेद, वर्ग, वर्गणा और स्पर्धक इनके स्वरूप आदि का स्पष्टीकरण संदृष्टि के साथ विस्तारपूर्वक किया है।[1]

इस प्रकार अनुभाग के प्रसंग में उन दो अनुयोगद्वारों के आश्रय से निषेकों और स्पर्धकों की प्ररूपणा करके आगे महाबन्ध में उन्हीं २४ अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है, जिनका उल्लेख इसके पूर्व प्रकृति और स्थितिबन्ध में किया जा चुका है। विशेषता इतनी है कि प्रथम अनुयोगद्वार का उल्लेख जहाँ प्रकृतिबन्ध के प्रसंग में 'प्रकृतिसमुत्कीर्तन' और स्थितिबन्ध के प्रसंग में 'अद्धाच्छेद' के नाम से किया गया है वहाँ अनुभाग के प्रसंग में उसका उल्लेख 'संज्ञा' के नाम से किया गया है। शेष २३ अनुयोगद्वार नाम से वे ही हैं।

संज्ञा अनुयोगद्वार—घाति संज्ञा और स्थान संज्ञा के भेद से संज्ञा दो प्रकार की है। जो जीव के ज्ञान, दर्शन, सम्यक्त्व और वीर्य गुणों का विघात किया करते हैं उन ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय कर्मों की 'घाति' संज्ञा है। शेष वेदनीय आदि चार कर्म अघाति हैं, क्योंकि वे जीवगुणों का घात नहीं करते।

इन घाति-अघाति कर्मों के अनुभाग की तर-तमता जिनसे प्रकट होती है उनका नाम स्थान है। घाति कर्मों के अनुभागविषय व स्थान चार हैं—एकस्थानीय, द्विस्थानीय, त्रिस्थानीय और चतुःस्थानीय। इनमें लता के समान अनुभाग एकस्थानीय, उससे कुछ कठोर दारु (लकड़ी) के समान अनुभाग द्विस्थानीय, दारु से भी कुछ कठोर हड्डी के समान अनुभाग त्रिस्थानीय और उससे भी अधिक कठोर पत्थर के समान अनुभाग चतुःस्थानीय कहलाता है।

अघातिकर्म प्रशस्त व अप्रशस्त के भेद से दो प्रकार के हैं। इनमें प्रशस्त घाति कर्मों का अनुभाग तर-तमता से गुड़, खाँड, शक्कर और अमृत के समान तथा अप्रशस्त घाति कर्मों का अनुभाग नीम, कांजीर, विष और हालाहल के समान होता है।

इस प्रकार कर्मों के अनुभाग की प्ररूपणा इस संज्ञा अनुयोगद्वार में विस्तारपूर्वक की गई है।

आगे सर्व-नोसर्वबन्ध आदि अन्य अनुयोगद्वारों के आश्रय से अपने-अपने नाम के अनुसार प्रकृत अनुभाग विषयक प्ररूपणा की गई है।

४. प्रदेशबन्ध

योग के निमित्त से कार्मण वर्गणाओं के परमाणु कर्म रूप परिणत होकर जो जीवप्रदेशों में एक क्षेत्रावगाह रूप में अवस्थित होते हैं, इसका नाम प्रदेशबन्ध है। इस प्रदेशबन्ध की प्ररूपणा में वे ही २४ अनुयोगद्वार हैं। उनमें प्रथम अनुयोगद्वार का नाम स्थान-प्ररूपणा है, शेष २३ अनुयोगद्वार नाम से पूर्व के समान वे ही हैं।

स्थानप्ररूपणा में दो अनुयोगद्वार हैं—योगस्थानप्ररूपणा और प्रदेशबन्धप्ररूपणा। मन, वचन व काय के निमित्त से जो आत्मप्रदेशों में परिस्पन्दन होता है उसका नाम योग है। एक काल में होनेवाले इस प्रदेश परिस्पन्दनरूप योग को योगस्थान कहते हैं। इन योगस्थानों की प्ररूपणा यहाँ इन दस अनुयोगद्वारों के द्वारा की गई है—अविभाग-प्रतिच्छेदप्ररूपणा,

---

१. ष० ख०, पु० १२, पृ० ९१-१११

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

वर्गणा-प्ररूपणा, स्पर्धकप्ररूपणा, अन्तरप्ररूपणा, स्थानप्ररूपणा, अनन्तरोपनिधा, परम्परोपनिधा, समयप्ररूपणा, वृद्धिप्ररूपणा और अल्पबहुत्व ।

इन योगस्थानों की प्ररूपणा इसके पूर्व वेदनाद्रव्य विधान की चूलिका में उन्हीं दस अनुयोगद्वारों के आश्रय से पूर्व में भी की जा चुकी है ।[1]

इसी प्रसंग में महाबन्ध में चौदह जीवसमासों के आश्रय से जघन्य व उत्कृष्ट योग विषयक अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है ।

इस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा भी उपर्युक्त वेदनाद्रव्य विधान की चूलिका में उसी प्रकार से की गई है ।[2]

प्रदेशबन्धस्थान---जितने योगस्थान होते हैं, उतने ही प्रदेशबन्धस्थान होते हैं । विशेष रूप में इन प्रदेशबन्धस्थानों को प्रकृतिविशेष की अपेक्षा उन योगस्थानों से विशेष अधिक कहा गया है ।

उदाहरणस्वरूप जो जीव जघन्य योग से आठ कर्मों को बाँधता है उससे ज्ञानावरण का एक प्रदेशबन्धस्थान होता है । तत्पश्चात् प्रक्षेप अधिक दूसरे योगस्थान से आठ कर्मों के बाँधने वाले के दूसरा प्रदेशबन्धस्थान होता है । इसी क्रम से उत्कृष्ट योगस्थान तक जानना चाहिए । इस प्रकार से योगस्थान प्रमाण ही ज्ञानावरण के प्रदेशबन्धस्थान होते हैं । यही नियम आयु-कर्म को छोड़कर अन्य सब कर्मों के विषय में है । आयु के प्रदेशबन्धस्थान परिणामयोगस्थान प्रमाण ही होते हैं, क्योंकि उसका बन्ध उपपाद और एकान्तानुवृद्धि योगस्थानों के समय में नहीं होता ।

यही अभिप्राय इसके पूर्व उस वेदनाद्रव्य विधान की चूलिका में भी प्रकट किया गया है । वहाँ भी यही कहा गया है—

"जाणि चेव जोगट्ठाणाणि ताणि चेव पदेसबन्धट्ठाणाणि । णवरि पदेसबंधट्ठाणाणि पयडिविसेसेण विसेसाहियाणि ।" सूत्र ४,२,४,२१३

यहाँ जो प्रदेशबन्ध स्थानों को प्रकृतिविशेष से विशेष अधिक कहा गया है उसका स्पष्टीकरण धवलाकार ने विस्तार से किया है ।[3]

आगे इसी प्रकार सर्व-नोसर्वबन्ध आदि अन्य अनुयोगद्वारों के आश्रय से इस प्रदेशबन्ध की प्ररूपणा उनके नामानुसार वहाँ विस्तार से की गई है ।

यहाँ महाबन्ध के विषय का दिग्दर्शन मात्र कराया गया है । विशेष परिचय ग्रन्थ के परिशीलन से ही प्राप्त हो सकता है ।

यह महाबन्ध पृथग्रूप में हिन्दी अनुवाद के साथ भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा ७ जिल्दों में प्रकाशित किया गया है जो मूल मात्र है । प्रस्तुत षट्खण्डागम के पूर्व पाँच खण्डों पर जिस प्रकार आचार्य वीरसेन द्वारा संस्कृत-प्राकृतमय धवला टीका लिखी गई है, उस प्रकार किसी आचार्य के द्वारा इस छठे खण्ड पर कोई टीका नहीं लिखी गई । मूल रूप में ही वह तीस हजार श्लोक प्रमाण है, यह पूर्व में कहा ही जा चुका है ।

---

१. ष० ख०, पु० १०, पृ० ४३२-५०५, सूत्र १७५-२१३

२. ष० ख०, पु० १०, पृ० ३९५-४०३, सूत्र १४४-७३

३. धवला, पु० १०, पृ० ५०५-१२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उपसंहार

निष्कर्ष यह है कि प्रस्तुत षट्खण्डागम के पूर्व कुछ खण्डों में-जैसे (१) क्षुद्रकबन्ध (२), बन्धस्वामित्वविचय (३) वेदना, (४) खण्ड के अन्तर्गत क्षेत्र, काल व भाव आदि अवान्तर अनुयोगद्वारों में तथा वर्गणा (५) खण्ड के अन्तर्गत 'प्रकृति' व 'बन्धन' (बन्धनीय) अनुयोग-द्वारों में—प्रकृति-स्थिति आदि बन्धभेदों व उनकी विविध अवस्थाओं की प्ररूपणा प्रकीर्णक रूप में जहाँ तहाँ प्रसंगवश संक्षेप में की गई है। प्रकृति-स्थिति आदि रूप उसी चार प्रकार के बन्ध की अतिशय व्यवस्थित प्रक्रियाबद्ध प्ररूपणा प्रस्तुत षट्खण्डागम के इस छठे खण्ड में अनेक अनुयोगद्वारों और उनके अन्तर्गत अनेक अवान्तर अनुयोगद्वारों में बहुत विस्तार से की गई है। इसी से यह छठा खण्ड पूर्व पाँच खण्डों से छह गुणा (६००० × ५ = ३००००) विस्तृत है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

षटखण्डागम की अन्य ग्रन्थों से तुलना

विषयविवेचन आदि की अपेक्षा प्रस्तुत षट्खण्डागम की अन्य ग्रन्थों से कहाँ कितनी समानता है, इसका कुछ परिचय यहाँ कराया जाता है।

१. षट्खण्डागम व कषायप्राभृत

षट्खण्डागम और कषायप्राभृत ये दोनों ही महत्त्वपूर्ण प्राचीन आगम ग्रन्थ हैं। इन्हें परमागम माना जाता है। इनमें प्रथम का सीधा सम्बन्ध जहाँ दृष्टिवाद अंग के अन्तर्गत १४ पूर्वों में दूसरे अग्रायणीय पूर्वश्रुत से रहा है वहाँ दूसरे का सीधा सम्बन्ध उन १४ पूर्वों में पाँचवें ज्ञानप्रवाद पूर्वश्रुत से रहा है, यह पूर्व में स्पष्ट किया ही जा चुका है।

षट्खण्डागम की अवतारविषयक प्ररूपणा करते हुए उसकी टीका धवला में कहा गया है कि भगवान् महावीर के निर्वाण के पश्चात् केवली व श्रुतकेवलियों आदि के अनुक्रम से द्वादशांग श्रुत उत्तरोत्तर क्षीण होता गया। इस प्रकार उसके क्रमशः क्षय को प्राप्त होने पर सब अंग-पूर्वों का एकदेश आचार्यपरम्परा से आकर धरसेनाचार्य को प्राप्त हुआ। वे उन अंग-पूर्वों के एकदेशभूत महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के ज्ञाता थे।[1]

उन्होंने उस समस्त महाकर्मप्रकृतिप्राभृत को भूतबलि और पुष्पदन्त के लिए समर्पित कर दिया। तब भूतबलि भट्टारक ने श्रुत के व्युच्छेद के भय से उस महाकर्मप्रकृति का उपसंहार कर छह खण्ड किये।[2]

वह महाकर्मप्रकृतिप्राभृत दूसरे अग्रायणी पूर्व के अन्तर्गत चौदह वस्तु नामक अधिकारों में चयनलब्धि नामक पाँचवें अधिकार के बीस प्राभृतों में चौथा है।

यही स्थिति कषायप्राभृत की भी है। पूर्वोक्त क्रम से उत्तरोत्तरश्रुत के क्षीण होने पर शेष रहे सब अंग-पूर्वों के एकदेशभूत प्रेयोद्वेषप्राभृत के धारक गुणधर भट्टारक हुए। प्रेयोद्वेषप्राभृत यह कषायप्राभृत का दूसरा नाम है।[3] प्रेयस् नाम राग का है, ये राग और द्वेष कषायस्वरूप

---

१. ...तदो सव्वेसिमंग-पुव्वाणमेगदेसो आइरियपरंपराए आगच्छमाणो धरसेणाइरियं संपत्तो। धवला पु० १, पृ० ६५-६७; लोहाइरिये सग्गलोगं गदे आयार-दिवायरो अत्थमिओ। एवं बारससु दिणयरेसु भरहलेत्तम्मि अत्थमिएसु सेसाइरिया सव्वेसिमंग-पुव्वाणमेगदेसभूद-पेज्जदोस-महाकम्मपयडिपाहुडादीणं धारया जादा।—धवला, पु० ९, पृ० १३३

२. धवला पु० ९, पृ० १३३

३. पुव्वम्मि पंचमम्मि दु दसमे वत्थुम्मि पाहुडे तदिए।
पेज्जं ति पाहुडम्मि दु हवदि कसायाण पाहुडं णाम ॥—क० प्रा० १
तस्स पाहुडस्स दुवे णामधेज्जाणि। तं जहा—पेज्ज-दोसपाहुडे त्ति वि कसायपाहुडे त्ति वि।
क० प्रा० चूर्णि २१ (क० पा० सुत्त, पृ० १६)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

हैं। वह प्रेयोद्वेषप्राभृत पाँचवें ज्ञानप्रवादपूर्व के अन्तर्गत जो वस्तु नामक बारह अधिकार हैं उनमें दसवें वस्तु अधिकार के बीस प्राभृतों में तीसरा प्राभृत है। गुणधर भट्टारक ने सोलह हजार पद प्रमाण इस प्रेयोद्वेषप्राभृत का उपसंहार कर १८० गाथाओं में प्रकृत कषायप्राभृत की रचना की है। ये गाथासूत्र आचार्यपरम्परा से आते हुए आर्यमंक्षु और नागहस्ती को प्राप्त हुए। उनके पादमूल में इन गाथा-सूत्रों को सुनकर यतिवृषभ भट्टारक ने उनपर चूर्णिसूत्र रचे। इस प्रकार प्रकृत कषायप्राभृत के रचयिता गुणधर भट्टारक हैं।[1]

पूर्वापरवर्तित्व

इन दोनों ग्रन्थों में पूर्ववर्ती कौन है, यह निश्चित नहीं कहा जा सकता। फिर भी कषाय-प्राभृत के गाथासूत्रों की संक्षिप्तता व गम्भीरता को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि कषाय-प्राभृत षट्खण्डागम के पूर्व रचा जा चुका था।

आचार्य इन्द्रनन्दी ने अपने श्रुतावतार में आचार्य गुणधर और धरसेन के पूर्वापरवर्ति के विषय में अपनी अनाजकारी व्यक्त की है। यथा—

गुणधर-धरसेनन्वयगुर्वोः पूर्वापरक्रमोऽस्माभिः।
न ज्ञायते तदन्वयकथकागम-मुनिजनाभावात् ॥१५१॥

समानता

इन दोनों ग्रन्थों में रचनापद्धति व विषयविवेचन की दृष्टि से जो कुछ समानता दिखती है, उसका यहाँ विचार किया जाता है—

१. षट्खण्डागम में जीवस्थान-चूलिका के प्रारम्भ में यह सूत्र आया है—

"कदि काओ पयडीओ बंधदि, केवडि कालट्ठिदिएहि कम्मेहि सम्मत्तं लभदि वा ण लभदि वा, केवचिरेण कालेण वा, कदि भाए वा करेदि मिच्छत्तं उवसामणा वा खवणा वा केसु व खेत्तेसु कस्स मूले केवडियं वा दंसणमोहणीयं कम्मं खवेंतस्स चारित्तं वा संपुण्णं पडिवज्जंतस्स ॥१॥"

यह पृच्छासूत्र है। इसमें निर्दिष्ट पृच्छाओं के अन्तर्गत अर्थ के स्पष्टीकरण में स्वयं ग्रन्थ-कार द्वारा नौ चूलिकाएँ रची गई हैं।

ग्रन्थरचना की यह पद्धति कषायप्राभृत में देखी जाती है। वहाँ प्रथमतः पृच्छा के रूप में मूल सूत्रगाथाएँ रची गई हैं और तत्पश्चात् उन पृच्छाओं में निहित अर्थ के स्पष्टीकरणार्थ भाष्यगाथाएँ रची गई हैं। उदाहरणस्वरूप सम्यक्त्व अर्थाधिकार की ये चार सूत्रगाथाएँ

---

१. जयधवला भा० १, पृ० ८७-८८ व भा० ५, पृ० ३८७-८८ तथा धवला पु० १२, पृ० २३१-३२

२. ऐसी गाथाओं को चूर्णिकार ने *मूलगाथा व भाष्यगाथा ही कहा है। जैसे—गाथा १२४* की उत्थानिका में 'तत्थ सत्त **मूलगाहाओ**'; गाथा १३० की उत्थानिका में 'एत्तो विदिया **मूलगाहा**'; गा० १४२ की उत्थानिका में 'एत्तो तदिय**मूलगाहा**' इत्यादि। गाथा १३६-४१ की उत्थानिका में 'तदिये अत्थे **छब्भासगाहाओ**' इत्यादि। क०पा० सुत्त, पृ० ७५६-६७। जयधवला में इन मूलगाथाओं को सूत्रगाथाएँ कहा गया है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

द्रष्टव्य हैं—

दंसणमोहउवसामगस्स परिणामो केरिसो भवे ।
जोगे कसाय उवजोगे लेस्सा वेदो य को भवे ॥९१॥
काणि वा पुव्वबद्धाणि के वा अंसे णिबंधदि ।
कदि आवलियं पविसंति कदिण्हं वा पवेसगो ॥९२॥
के अंसे झीयदे पुव्वं बंधेण उदएण वा ॥
अंतरं वा कहिं किच्चा के के उवसामगो कहिं ॥९३॥
किट्टिदियाणि कम्माणि अणुभागेसु केसु वा ।
ओवट्टे दूण सेसाणि कं ठाणं पडिवज्जदि ॥९४॥

इन गाथाओं की व्याख्या करते हुए चूर्णिकार ने उन्हें सूत्रगाथाएँ कहा है तथा उनमें निर्दिष्ट पृच्छाओं का स्पष्टीकरण **'विभाषा'**[1] कहकर यथाक्रम से किया है। यथा—

एदाओ **चत्तारि सुत्तगाहाओ** अधापवत्तकरणस्स पढमसमए परुविदव्वाओ। तं जहा। **दंसणमोहउवसामगस्स केरिसो परिणामो भवे' त्ति विहासा**। तं जहा। परिणामो विसुद्धो। पुव्वं पि अंतोमुहुत्तप्पहुडि अणंतगुणाए विसोहीए विसुज्झमाणो आगदो।[2]

इसी प्रकार से उन्होंने आगे पूर्वनिर्दिष्ट उन सभी पृच्छाओं को स्पष्ट किया है।[3]

षट्खण्डागम में पूर्वोक्त जीवस्थान-चूलिका गत पृच्छासूत्र के अन्तर्गत उन पृच्छाओं में प्रथम पृच्छा के स्पष्टीकरण में सूत्रकार ने 'प्रकृतिसमुत्कीर्तन' आदि पाँच चूलिकाओं को रचा है। इस स्पष्टीकरण का उल्लेख उन्होंने **'विभाषा'** के नाम से इस प्रकार किया है—**कदि काओ पयडीओ बंधदि त्ति जं पदं तस्स विहासा**।[4] सूत्र २ (पु० ६, पृ० ४)।

धवलाकार ने भी ५वीं चूलिका के अन्त में यह सूचना की है—**एवं 'कदिकाओ पयडीओ बंधदि' त्ति जं पदंतस्स वक्खाणं समत्तं**। (पु० ६, पृ० १४४)

इस प्रकार पृच्छापूर्वक विवक्षित अर्थ के स्पष्टीकरण की यह पद्धति दोनों ग्रन्थों में समान रूप से देखी जाती है।

२. उपर्युक्त जीवस्थान-चूलिका के अन्तर्गत नौ चूलिकाओं में आठवीं सम्यक्त्वोत्पत्ति चूलिका है। वहाँ प्रारम्भ में यह कहा गया है कि प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जीव जब ज्ञानावरणीय आदि सब कर्मों की स्थिति को अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण बाँधता है तब वह प्रथम सम्यक्त्व को प्राप्त करता है। आगे उसकी योग्यता को प्रकट करते हुए कहा गया है कि वह पंचेन्द्रिय, संज्ञी, मिथ्यादृष्टि और सर्वविशुद्ध होता है। इस प्रकार से दर्शनमोहनीय को उपशमाता हुआ वह चारों गतियों में पंचेंद्रियों, संज्ञियों, गर्भोपक्रान्तिकों, पर्याप्तों तथा

---

१. 'विभाषा' का अर्थ धवला और जयधवला में इस प्रकार अभिव्यक्त किया गया है—
'विविहा भासा विहासा, परूवणा, णिरूवणा, वक्खाणमिदि एगट्ठो।' धवला पु० ६, पृ० ५
'सुत्तेण सूचिदत्थस्स विसेसियूण भासा विहासा विवरणं त्ति वुत्तं होदि।' जयध० (क०पा० प्रस्तावना पृ २२ का टिप्पण)।

२. क० पा० सुत्त, पृ० ६१५

३. वही, पृ० ६१५-३०

४. सूत्र १, ९-६, १ (पृ० १४५) व १, ९-८, १-२ (पृ० २०३) भी द्रष्टव्य हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

संख्यातवर्षायुष्कों व असंख्यातवर्षायुष्कों में भी उसे उपशमाता है; इनके विपरीत एकेन्द्रिय-विकलेन्द्रियों व असंज्ञियों आदि में नहीं उपशमाता।[1]

कषायप्राभृत में भी लगभग इसी अभिप्राय को व्यक्त किया गया है। इस प्रसंग में इन दोनों का मिलान किया जा सकता है—

उपसामेंतो कम्हि उपसामेदि ? चदुसु वि गदीसु उवसामेदि। चदुसु वि गदीसु उवसामेंतो पंचिंदिएसु उवसामेदि, णो एइंदिय-विगलिंदिएसु। पंचिंदिएसु उवसामेंतो सण्णीसु उवसामेदि, णो असण्णीसु। सण्णीसु उवसामेंतो गब्भोवक्कंतिएसु उवसामेदि, णो सम्मुच्छिमेसु। गब्भोवक्कंतिएसु उवसामेंतो पज्जत्तएसु उवसामेदि, णो अपज्जत्तएसु। पज्जत्तएसु उवसामेंतो संखेज्जवस्साउगेसु वि उवसामेदि असंखेज्जवस्साउगेसु वि।—ष०ख० सूत्र ६ (पु० ६, पृ० २३८)।

कषायप्राभृत का भी यह उल्लेख देखिए—

दंसणमोहस्सुवसामगो दु चदुसु वि गदीसु बोद्धव्वो।
पंचिंदिओ य सण्णी णियमा सो होइ पज्जत्तो ॥९५॥

—क० पा० सुत्त, पृ० ६३०

षट्खण्डागम के सूत्र में जहाँ शब्दों की पुनरुक्ति अधिक हुई है वहाँ कषायप्राभृत की इस गाथा में प्रसंग प्राप्त उन शब्दों की पुनरावृत्ति न करके लगभग उसी अभिप्राय को संक्षेप में प्रकट कर दिया गया है, जो उसकी सूत्र रूपता का परिचायक है।

षट्खण्डागम के उस सूत्र में उपयुक्त केवल गर्भज और संख्यात-असंख्यातवर्षायुष्क इन दो विशेषणों का उल्लेख यहाँ नहीं किया गया है। इनमें संख्यात-असंख्यात वर्ष का उल्लेख न करने पर भी उसका बोध 'चतुर्गति' के निर्देश से हो जाता है, क्योंकि चतुर्गति के अन्तर्गत मनुष्यगति व तिर्यंचगति सामान्य में वे दोनों आ जाते हैं।

यह भी यहाँ स्मरणीय है कि पूर्व में कषायप्राभृत की जिन चार मूलगाथाओं का उल्लेख किया गया है उनके अन्तर्हित अर्थ के विशदीकरण में जिन १५ (९५-१०९) गाथाओं का उपयोग किया गया है उनमें यह प्रथम गाथा है।

इन गाथाओं के प्रारम्भ में उनकी उत्थानिका में चूर्णिकारने इतना मात्र कहा है कि आगे इन मूल गाथासूत्रों का स्पर्श करना योग्य है—उनका विवरण दिया जाता है।

कषायप्राभृत की वे ९५-१०९ गाथाएँ 'एत्थुवउज्जंतीओ गाहाओ' इस सूचना के साथ षट्खण्डागम की उस जीवस्थान-चूलिका में उसी क्रम से उद्धृत की गई हैं। केवल गाथा १०२ व १०३ में क्रमव्यत्यय हुआ है।[2]

दर्शनमोह की उपशामना के प्रसंग में ऊपर कषायप्राभृत की जिन चार मूल गाथाओं को उद्धृत किया गया है उनमें सर्वविशुद्ध 'परिणाम' के विषय में पृच्छा की गई है। चूर्णिकार ने परिणाम को विशुद्ध कहा है। षट्खण्डागम में उसे सर्वविशुद्ध कहा गया है (सूत्र १,९-८,४)।

इसके अतिरिक्त उपर्युक्त मूल गाथाओं में योग, कषाय, उपयोग, लेश्या, वेद और पूर्वबद्ध कर्मों आदि के विषय में जो पृच्छा की उद्भावित किया गया है उस सबका स्पष्टीकरण षट्-

---

१. सूत्र १, ९-८, ३-९ (पु० ६)

२. क० पा० सुत्त पृ० ६३०-३८ व धवला पु० ६, पृ० २३८-४३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

खण्डागम में कुछ क्रमव्यत्यय के साथ धवलाकार द्वारा किया गया है।[1]

३. षट्खण्डागम में इसी चूलिका में आगे दर्शनमोहनीय के क्षय के प्रारम्भ करने व उसकी समाप्ति के विषय में विचार करते हुए कहा गया है कि उस दर्शनमोहनीय के क्षय को प्रारम्भ करनेवाला उसके क्षय को अढाई द्वीप-समुद्रों के भीतर पन्द्रह कर्मभूमियों में, जहाँ जिन केवली तीर्थंकर होते हैं, प्रारम्भ करता है। पर उसका निष्ठापक वह चारों ही गतियों में उस दर्शनमोहनीय के क्षयका निष्ठापन करता है (सूत्र १, ९-८, ११-१२)।

इसी अभिप्राय को व्यक्त करनेवाली गाथा कषायप्राभृत में इस प्रकार उपलब्ध होती है—

दंसणमोहक्खवणापट्ठवगो कम्मभूमिजादो दु।
णियमा मणुसगदीए णिट्ठवगो चावि सव्वत्थ ॥११०॥

दोनों ग्रन्थगत इन उल्लेखों में बहुत कुछ समानता है। साथ ही विशेषता भी कुछ उनमें है। वह यह कि षट्खण्डागम में जहाँ मनुष्यगति का कोई उल्लेख नहीं किया गया कहाँ कषाय-प्राभृत में 'जिन केवली तीर्थंकर' का कुछ भी उल्लेख नहीं किया गया है।

हाँ, धवला में वहाँ इस प्रसंग में यह शंका उठाई गई है कि 'पन्द्रह कर्मभूमियों में' इतना मात्र कहने से वहाँ अवस्थित देव, मनुष्य और तिर्यंच इन सबका ग्रहण क्यों नहीं प्राप्त होगा। इसके समाधान में वहाँ यह कहा गया है कि सूत्र में निर्दिष्ट 'कर्मभूमि' यह संज्ञा उपचार से उन मनुष्यों की है जो उन कर्मभूमियों में उत्पन्न हुए हैं, इससे उनमें अवस्थित देवों व तिर्यंचों के ग्रहण का प्रसंग प्राप्त नहीं होता। इस पर पुनः यह शंका की गई है कि फिर भी तिर्यंचों के ग्रहण का प्रसंग तो प्राप्त होता ही है, क्योंकि मनुष्यों के समान तिर्यंचों की उत्पत्ति भी वहाँ सम्भव है। इसके समाधान में यह स्पष्ट किया है कि जिनकी उत्पत्ति कर्मभूमियों के सिवाय अन्यत्र सम्भव नहीं है उन मनुष्यों का नाम ही पन्द्रह कर्मभूमि है। तिर्यंच चूंकि कर्म-भूमियों के अतिरिक्त स्वयंप्रभ पर्वत के परभाग में भी उत्पन्न होते हैं, इससे तिर्यंचों का भी प्रसंग नहीं प्राप्त होता। इस प्रसंग के स्पष्टीकरण में धवलाकार ने कषायप्राभृत की उसी उपर्युक्त गाथा 'उक्तं च' निर्देश के साथ उद्धृत की है।[2]

कषायप्राभृत में दर्शनमोह की इस क्षपणा के प्रसंग में, जहाँ तक मैं देख सका हूँ, यह कहीं नहीं कहा गया कि उसकी क्षपणा का प्रारम्भ जिन, केवली व तीर्थंकर के पादमूल में किया जाता है। पर जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, षट्खण्डागम में उसका स्पष्ट उल्लेख किया गया है।[3]

षट्खण्डागम के प्रसंगप्राप्त उस सूत्र में उपयुक्त जिन, केवली और तीर्थंकर इन पदों की सार्थकता को प्रकट करते हुए धवलाकार ने प्रथम तो यह कहा है कि देशजिनों का प्रति-षेध करने के लिए सूत्र में 'केवली' को ग्रहण किया है तथा तीर्थंकर कर्म से रहित केवलियों का प्रतिषेध करने के लिए 'तीर्थंकर' को ग्रहण किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर

---

१. धवला पु० ६, पृ० २०६-२२२; उनका स्पष्टीकरण चूर्णिकार ने कषायप्राभृत में गाथोक्त क्रम से ही किया है।—क० पा० सुत्त पृ० ६१५-३०

२. धवला पु० ६, पृ० २४६

३. सूत्र १, ९-८, १०-११ (पु० ६, पृ० २४३)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

दिया है कि तीर्थंकरके पादमूल में दर्शनमोह की क्षपणा को प्रारम्भ करते हैं, अन्यत्र नहीं।

विकल्प के रूप में उन्होंने वहाँ आगे यह भी कहा है कि अथवा 'जिन' ऐसा कहने पर चौदह पूर्वों के धारकों को ग्रहण करना चाहिए, 'केवली' ऐसा कहने पर तीर्थंकर कर्म के उदय से रहित केवलियों को ग्रहण करना चाहिए, तथा 'तीर्थंकर' ऐसा करने पर तीर्थंकर नामकर्म के उदय से उत्पन्न आठ प्रतिहार्यों और चौंतीस अतिशयों से सहित केवलियों को ग्रहण करना चाहिए। इन तीनों के भी पादमूल में दर्शनमोह की क्षपणा को प्रारम्भ करते हैं।[1]

विशेषता

इन दोनों ग्रन्थों में जो विशेषता दृष्टिगोचर होती वह इस प्रकार है—

१. समस्त षट्खण्डागम जहाँ, कुछ अपवाद को छोड़कर[2], गद्यात्मक सूत्रों में रचा गया है वहाँ कषायप्राभृत गाथाओं में ही रचा गया है।

२. षट्खण्डागम के सूत्र अर्थ की दृष्टि से उतने गम्भीर व दुरूह नहीं है, जितने कषाय-प्राभृत के गाथासूत्र अर्थ की दृष्टि से गम्भीर व दूरूह हैं। यही कारण है कि षट्खण्डागम का ग्रन्थप्रमाण छत्तीस हजार (प्रथम ५ खण्डों का ६०००+छठे खण्ड का ३००००) श्लोक है, पर समस्त कषायप्राभृत केवल १८० अथवा २३३ गाथाओं में रचा गया है। ग्रन्थप्रमाण में वह इतना अल्प होकर भी प्रतिपाद्य विषय का सर्वांगपूर्ण विवेचन करनेवाला है।

३. षट्खण्डागम के छह खण्डों में प्रथम खण्ड जीवस्थान और चतुर्थ वेदनाखण्ड के प्रारम्भ में मंगल किया गया है, किन्तु कषायप्राभृत के प्रारम्भ में व अन्यत्र भी कहीं मंगल नहीं किया गया।

४. षट्खण्डागम में खण्डों व उनके अन्तर्गत अधिकारों आदि का कुछ उल्लेख नहीं है। बीच-बीच में वहाँ अनियत क्रम से विविध अनुयोगद्वारों का निर्देश अवश्य किया गया है। धवलाकार ने भी वहाँ खण्डों का व्यवस्थित निर्देश नहीं किया।

किन्तु क० प्रा० में ग्रन्थ को प्रारम्भ करते हुए सर्वप्रथम यह निर्देश कर दिया गया है कि पाँचवें पूर्व के अन्तर्गत दसवें वस्तु नामक अधिकार में तीसरा पेज्जपाहुड (प्रेयःप्राभृत) है, उसमें कषायों का प्राभृत है—कषायों की प्ररूपणा की गई है (गा० १)। आगे कहा गया है कि एक सौ अस्सी गाथा रूप इस ग्रन्थ में पन्द्रह अर्थाधिकार हैं। उनमें जिस अर्थाधिकार में जितनी सूत्रगाथाएँ हैं उन्हें मैं (गुणधर) कहूँगा। ऐसी प्रतिज्ञा करते हुए ग्रन्थकार ने आगे उन अर्थाधिकारों में यथा क्रम से सूत्र गाथाएँ व भाष्यगाथाओं की संख्या का उल्लेख भी कर दिया है (२-१२)।

इस प्रकार कषायप्राभृत के कर्ता आचार्य गुणधर ने ग्रन्थ के प्रारम्भ में उसके अन्तर्गत नामनिर्देश के साथ अर्थाधिकारों व उनमें रची जानेवाली सूत्रगाथाओं और भाष्यगाथाओं की संख्या का भी निर्देश कर दिया है तथा उसी क्रम से प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा भी की है।

---

१. धवला पु० ६, पृ० २४६

२. अपवाद के रूप में वहाँ ३६ गाथा सूत्र (वेदनाखण्ड में ८, और वर्गणा खण्ड में २८)भी हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

४. ष०ख० में जीवस्थान खण्ड से सम्बद्ध नौ तथा वेदना व वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत कुछ अनुयोगद्वारों से सम्बद्ध सात, इस प्रकार सोलह चूलिका नामक प्रकरण भी हैं। दूसरे क्षुद्रक-बन्ध खण्ड के अन्तर्गत ११ वें अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार के अन्त में 'महादण्डक' है। इसे भी धवलाकार ने चूलिका कहा है।

क० प्रा० में इस प्रकार की किसी चूलिका की योजना नहीं की गई है।

५. ष० ख० में ज्ञानावरणादि आठों कर्मों से सम्बद्ध बन्ध, उदय (वेदना) व बन्धनीय (वर्गणा) आदि की प्ररूपणा कुछ अनियत क्रम से की गई है।

क० प्रा० में प्रेयोद्वेषविभक्ति, स्थितिविभक्ति व अनुभागविभक्ति आदि पन्द्रह अर्थाधिकारों के आश्रय से राग-द्वेषस्वरूप एक मात्र मोहनीय कर्म की व्यवस्थित व क्रमबद्ध प्ररूपणा की गई है।

६. ष० ख० के प्रथम खण्ड जीवस्थान में ओघ और आदेश से चौदह गुणस्थानों व चौदह मार्गणाओं से विशेषित उन्हीं गुणस्थानों की सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों के आश्रय से क्रमशः सुव्यवस्थित प्ररूपणा की गई है।

क० प्रा० में गुणस्थान और मार्गणाओं से सम्बन्धित इस प्रकार की प्ररूपणा उपलब्ध नहीं होती।

अभिप्रायभेद

दोनों ग्रन्थों में कहीं-कहीं प्रतिपाद्य विषय के व्याख्यान में कुछ मतभेद भी रहा दिखता है। जैसे—

७. ष० ख० में प्रथम सम्यक्त्व की उत्पत्ति के प्रसंग में यह कहा गया है कि ज्ञानावरणादि सभी कर्मों की स्थिति को जीव जब अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण बाँधता है तब वह प्रथम सम्यक्त्व को प्राप्त करता है (सूत्र १, ९-१, ३)।

क० प्रा० में सम्यक्त्व की उत्पत्ति —दर्शनमोह की उपशामना—के प्रसंग में इस प्रकार के स्थितिबन्ध का प्रमाण मूल व चूर्णि में कहीं दृष्टिगोचर नहीं हुआ।

८. ष० ख० में क्षायिक सम्यक्त्व की उत्पत्ति के प्रसंग में यह कहा गया है कि पन्द्रह कर्मभूमियों में जहाँ—जिन क्षेत्र व काल विशेषों में—जिन, केवली व तीर्थंकर सम्भव हैं वहाँ उनके पादमूल में जीव दर्शनमोहनीय की क्षपणा प्रारम्भ करता है (१, ९-८, १०-११)।

क० प्रा० में मात्र 'कर्मभूमिज' का उल्लेख किया गया है। परन्तु जिन, केवली तीर्थंकर का उल्लेख वहाँ देखने में नहीं आया।

९. ष० ख० में इसी प्रसंग में मनुष्यगति का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया, जबकि क० प्रा० (गा० ११०) में उसका स्पष्ट उल्लेख देखा जाता है।

यह अवश्य है कि धवलाकार ने सूत्र में निर्दिष्ट 'कर्मभूमि' को उपचार से कर्मभूमिजात मनुष्य की संज्ञा मानी है, यह पूर्व में स्पष्ट ही किया जा चुका है।

ऊपर जो षट्खण्डागम से कषायप्राभृत के पूर्ववर्ती होने की सम्भावना व्यक्त की गई है वह ऐसी ही कुछ विशेषताओं को देखते हुए की है।

यह भी ध्यातव्य है कि पेज्जदोसपाहुड (कषायप्राभृत) अविच्छिन्न परम्परा से आता हुआ गुणधर भट्टारक को प्राप्त हुआ व उन्होंने १६००० पद प्रमाण उस कषायप्राभृत का १८०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

गाथासूत्रों में उपसंहार किया।

उसी आचार्यपरम्परा से आता हुआ महाकर्मप्रकृतिप्राभृत धरसेनाचार्य को प्राप्त हुआ। पर उन्होंने उसका स्वयं उपसंहार न करके उसका व्याख्यान भूतबलि और पुष्पदन्त के लिए किया।[1] आचार्य भूतबलि ने उसका उपसंहार कर छह खण्ड किये।[2]

उन छह खण्डों में सबका ग्रन्थप्रमाण ज्ञात नहीं होता, धवला के अनुसार जीवस्थान १८००० पद प्रमाण[3] और खण्डग्रन्थ की अपेक्षा वेदना का प्रमाण १६००० पद रहा है।[4]

ये दोनों ग्रन्थ आचार्य परम्परा से आकर उन दोनों आचार्यों को गाथासूत्रों के रूप में या गद्यात्मक सूत्रों के रूप में प्राप्त हुए, यह ज्ञात नहीं होता। जिस किसी भी रूप में वे उन्हें प्राप्त हुए हों, पर सम्भवतः परम्परा से मौखिक रूप में ही वे उन्हें प्राप्त हुए होंगे।

२. षट्खण्डागम व मूलाचार

वट्टकेराचार्य (सम्भवतः ई० द्वितीय शताब्दी) विरचित 'मूलाचार' एक साध्वाचार-विषयक महत्त्वपूर्ण प्राचीन ग्रन्थ है। इसमें मुनियों के आचार की विस्तार से प्ररूपणा की गई है। वह इन बारह अधिकारों में विभक्त है—१ मूलगुणाधिकार, २. बृहत्प्रत्याख्यानसंस्तरस्तव, ३. संक्षेपप्रत्याख्यानसंस्तरस्तव, ४. समाचार, ५. पंचाचार, ६. पिण्डशुद्धि, ७. षडावश्यक, ८. द्वादशानुप्रेक्षा, ९. अनगारभावना, १०. समयसार, ११. शीलगुणाधिकार और १२. पर्याप्ति अधिकार।

इसकी यह विशेषा रही है कि उन बारह अधिकारों में से विवक्षित अधिकार में जिन विषयों का विवेचन किया जानेवाला है उसकी सूचना उस अधिकार के प्रारम्भ में करके तदनुसार ही क्रम से उनकी प्ररूपणा वहाँ की गई है।

उक्त बारह अधिकारों में अन्तिम पर्याप्ति अधिकार है। प्रारम्भ में यहाँ कर्मचक्र से निर्मुक्त सिद्धों को नमस्कार करके आनुपूर्वी के अनुसार पर्याप्तिसंग्रहणियों के कथन की प्रतिज्ञा की गई है। तत्पश्चात् इस अधिकार में जिन विषयों का विवेचन किया जानेवाला है उनका निर्देश इस प्रकार कर दिया गया है—पर्याप्ति, देह, काय व इन्द्रियों का संस्थान, योनि, आयु, प्रमाण, योग, वेद, लेश्या, प्रवीचार, उपपाद, उद्वर्तन, स्थान, कुल, अल्पबहुत्व तथा प्रकृति, स्थिति, अनुभाग व प्रदेश रूप चार प्रकार का बन्ध।

इन सब सैद्धान्तिक विषयों की प्ररूपणा यहाँ व्यवस्थित रूप में जिस क्रम व पद्धति से की गई है उसे देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि उसके रचयिता को उन विषयों का ज्ञान

---

१. पुणो कमेण वक्खाणंतेण आसाढमाससुक्कपक्खएक्कारसीए पुव्वण्हे गंथो समाणिदो। (धवला पु० १, ७०); तेण वि गिरिणयरचंदगुहाए भूदबलि-पुप्फदंताणं महाकम्मपहुडि-पाहुडं सयलं समप्पिदं। (पु० ९, पृ० १३३)

२. तदो भूदबलिभडारएण सुदणंईपवाहवोच्छेदभीएण भवियलोगाणुग्गहट्ठं महाकम्मपयडि-पाहुडमुवसंहरिऊण छखंडाणि कयाणि।---धवला पु० ९, पृ० १३३

३. पदं पडुच्च अट्ठारहपदसहस्सं।- धवला पु० १, पृ० ६०

४. अधवा खंडगंथं पडुच्च वेयणाए सोलसपदसहस्साणि। ताणि च जाणिदूण वत्तव्वाणि। —धवला पु० ९, पृ० १०६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अविच्छिन्न आचार्य परम्परा से प्राप्त था।

उपर्युक्त विषयों में से बहुतों की प्ररूपणा प्रस्तुत षट्खण्डागम में भी की गई है जिसकी समानता विवेचन पद्धति के कुछ भिन्न होते हुए भी दोनों ग्रन्थों में देखी जाती है। उदाहरण के रूप में यहाँ उनमें से कुछ के विषय में प्रकाश डाला जाता है। जैसे—

१. पूर्वनिर्दिष्ट क्रम के अनुसार मूलाचार में सर्वप्रथम पर्याप्तियों की प्ररूपणा की गई है। उसमें यहाँ प्रथमतः आहार-शरीरादि छह पर्याप्तियों के नामों का निर्देश करते हुए उनमें से एकेन्द्रियों के चार, असंज्ञी पंचेन्द्रिय पर्यन्त द्वीन्द्रियादिकों के पाँच और संज्ञियों के छहों पर्याप्तियों का सद्भाव प्रकट किया गया है।[1]

षट्खण्डागम में जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में योगमार्गणा के प्रसंग में उन छह पर्याप्तियों की संख्या का निर्देश करते हुए वे किन जीवों के कितनी सम्भव हैं, इसे भी स्पष्ट किया गया है।[2]

विशेषता इतनी है कि यहाँ उन आहार-शरीरादि छह पर्याप्तियों के नामों का उल्लेख नहीं किया गया, जो मूलाचार में किया गया है। उनके नामों का उल्लेख वहाँ धवला में कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त मूलाचार में जहाँ एकेन्द्रियों के चार, द्वीन्द्रियादिकों के पाँच और संज्ञियों के छह; इस क्रम से उनका उल्लेख किया गया है वहाँ षट्खण्डागम में विपरीत क्रम से संज्ञियों के छह, द्वीन्द्रियादिकों के पाँच और एकेन्द्रियों के चार, इस प्रकार से उनका उल्लेख है। इस प्रकार क्रम भेद होने पर भी अभिप्राय में भिन्नता नहीं है।

मूलाचार में उक्त रीति से पर्याप्तियों के अस्तित्व को दिखलाते हुए यह कहा गया है कि इन पर्याप्तियों से जो जीव अनिवृत्त (अपूर्ण) होते हैं उन्हें अपर्याप्त जानना चाहिए।[3]

यह अभिप्राय षट्खण्डागम में पृथक्-पृथक् उनकी संख्या के निर्देश के साथ ही प्रकट किया गया है। यथा—**छ पज्जत्तीओ छ अपज्जत्तीओ** (७०) आदि।

मूलाचार में आगे उन पर्याप्तियों के निष्पन्न होने के काल का भी निर्देश किया गया है,[4] जो ष०ख० में नहीं है।

२. मूलाचार में शुद्ध पृथिवीकायिक, खरपृथिवी कायिक एवं अप्कायिक आदि विभिन्न जातियों के जीवों की आयु के प्रमाण की प्ररूपणा की गई है। पर वहाँ इस प्ररूपणा में गुणस्थान और मार्गणा की अपेक्षा नहीं की गई।[5]

ष० ख० में इस आयु (काल) की प्ररूपणा जीवस्थान के अन्तर्गत कालानुगम अनुयोगद्वार में और दूसरे खण्ड क्षुद्रकबन्ध के अन्तर्गत ग्यारह अनुयोगद्वारों में से दूसरे 'एक जीव की अपेक्षा काल' अनुयोगद्वार में भी की गई है। पर जीवस्थान में जहाँ गुणस्थान और मार्गणा दोनों की

---

१. मूलाचार १२, ४-६

२. ष० ख० सूत्र १, १, ७०-७५ (पु० १, पृ० ३११-१४)।

३. मूलाचार १२-६

४. पज्जत्तीपज्जत्ता भिण्णमुहुत्तेण होंति णायव्वा।
अणुसमयं पज्जत्ती सव्वेसिं चोववादीणं ॥१२-७

५. मूलाचार १२, ६४-८३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अपेक्षा रखी गई है वहाँ क्षुद्रकबन्ध में गुणस्थाननिरपेक्ष केवल मार्गणा के क्रम से उस काल की प्ररूपणा की गई है।

इसके अतिरिक्त विवक्षित पर्याय में जीव उत्कृष्ट व जघन्य रूप में कितने काल रहता है इसकी विवक्षा ष० ख० में रही है। पर मूलाचार में एक ही भव की अपेक्षा रखकर उस आयु की प्ररूपणा की गई है।

इस प्रकार इन दोनों ग्रन्थों में इस काल प्ररूपणा की सर्वथा तो समानता नहीं रही, फिर भी जिन जीवों की विवक्षित पर्याय उसी भव में समाप्त हो जाती है, भवान्तर में संक्रान्त नहीं होती, उन की आयु के विषय में दोनों ग्रन्थों में कुछ समानता देखी जाती है, यदि गुणस्थान की विवक्षा न की जाय। यथा—

मूलाचार में देवों व नारकियों की उत्कृष्ट आयु तेतीस सागरोपम और जघन्य आयु दस हजार वर्ष निर्दिष्ट की गई है। आगे वहाँ पृथिवीक्रम से नारकियों की उत्कृष्ट आयु १, ३, ७, १०, १७, २२ और ३३ सागरोपम कही गई है। तत्पश्चात् वहाँ संक्षेप में यह निर्देश कर दिया गया है कि प्रथमादि पृथिवियों में जो उत्कृष्ट आयु है वही साधिक (समयाधिक) द्वितीय आदि पृथिवियों में यथाक्रम से जघन्य आयु है। यहीं पर यह भी सूचना कर दी गई है कि घर्मा (प्रथम) पृथिवी के नारकियों, भवनवासियों और व्यन्तर देवों की जघन्य आयु दस हजार वर्ष प्रमाण है।[1]

इन जीवों की आयु का यही प्रमाण ष० ख० में भी यथा प्रसंग निर्दिष्ट किया गया है।[2]

इसी प्रकार दोनों ग्रन्थों में देवों के आयुप्रमाण में भी समानता है, भले ही उसका उल्लेख आगे पीछे किया गया हो।[3]

विशेषता यह रही है कि मूलाचार में पृथक्-प्रथक् असुरकुमार-नागकुमारादि भवनवासियों और किंनरकिंपुरुषादि व्यन्तरों, ज्योतिषियों एवं वैमानिकों की आयु का उल्लेख किया गया है,[4] जिसका कि उल्लेख ष० ख० में नहीं किया गया।

इसी प्रकार मूलाचार में सौधर्मादि कल्पों की देवियों के भी आयुप्रमाण को प्रकट किया गया है, जिसका उल्लेख ष० ख० में नहीं किया गया।

यहाँ यह ज्ञातव्य है कि मूलाचार में देवियों की इस आयु के प्रमाण को दो भिन्न मतों के अनुसार प्रकट किया गया है। उनमें प्रथम मत के अनुसार सोलह कल्पों में से प्रत्येक में उन *देवियों के आयुप्रमाण को यथा क्रम से ५,७,९,११,१३,१५,१७,१९,२१,२३,२५,२७,३४,४१, ४८ और ५५ पल्योपम निर्दिष्ट किया गया है। यही आयुप्रमाण उनका दूसरे मत के अनुसार* यथाक्रम से प्रत्येक कल्पयुगल में ५,१७,२५,३०,३५,४०,४५, और ५५ पल्योपम कहा गया है।[5]

वृत्तिकार आ० वसुनन्दी ने द्वितीय उपदेश को न्याय्य बतलाते हुए विकल्प के रूप में दोनों

---

१. मूलाचार १२, ७३-७५

२. ष० ख० सूत्र २, २, १-९ और २, २, २५-२९ (पु० ७)।

३. मूलाचार १२, ७६-७८ व ष० ख० सूत्र २, २, २८-३८

४. वही, १२, ७६-७८

५. वही १२, ८९-९०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उपदेशों को ग्राह्य कहा है।[1]

विरुद्ध मतों के सद्भाव में धवलाकार आ० वीरसेन की प्रायः इसी प्रकार की पद्धति रही है। उसी का अनुसरण सम्भवतः आ० वसुनन्दी ने किया है।[2]

देवियों के आयुप्रमाणविषयक ये दोनों मत **तिलोयपण्णत्ती** में भी उपलब्ध होते हैं। उनमें प्रथम मत का उल्लेख वहाँ '**लोगायणिये**' इस निर्देश के साथ और दूसरे मत का उल्लेख '**मूलायारे इरिया एवं णिउणं णिरूवेंति**' इस सूचना के साथ किया गया है।[3]

३. मूलाचार में वेदविषयक प्ररूपणा के प्रसंग में यह कहा गया है कि एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय, नारकी और सम्मूर्च्छन ये सब जीव वेद से नियमतः नपुंसक होते हैं। देव, भोगभूमिज और असंख्यात वर्ष की आयुवाले—भोगभूमिप्रतिभाग में उत्पन्न हुए व म्लेच्छखण्डों में उत्पन्न हुए—मनुष्य और तिर्यंच ये स्त्री और पुरुष इन दो वेदों से युक्त होते हैं, उनके तीसरा (नपुंसक) वेद नहीं होता। शेष पंचेन्द्रिय संज्ञी व असंज्ञी तिर्यंच एवं मनुष्य ये तीनों वेदवाले होते हैं।[4]

ष० ख० में इस वेद की प्ररूपणा सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार के अन्तर्गत वेदमार्गणा में की गई है। दोनों ग्रन्थों का वेदविषयक यह अभिप्राय प्रायः समान ही है। प्ररूपणा के क्रम में भेद अवश्य रहा है, पर आगे पीछे उसका निरूपण उसी रूप में किया गया है। विशेष इतना है कि ष० ख० में जो वेद की प्ररूपणा की गई है उसमें गुणस्थान और मार्गणा की विवक्षा रही है, जो मूलाचार में नहीं रही।[5]

४. मूलाचार में अवधिज्ञान के विषय की प्ररूपणा करते हुए जिन गाथाओं के द्वारा देव-नारकियों के अवधिज्ञान के विषय को प्रकट किया गया है उनमें गाथा १०७ व १०९-१० ष०ख० में सूत्र के रूप में उपलब्ध होती हैं। विशेष इतना है कि मूलाचारगत गाथा ११० के उत्तरार्ध में जहाँ 'संखातीदा य खलु' ऐसा पाठ है वहाँ ष० ख० में 'संखातीदसहस्सा' ऐसा पाठ है।[6]

मूलाचार की गाथा १०८ और ष० ख० की गाथा १३ व १४ के पूर्वार्ध में कुछ पाठ-भेद है, इससे अभिप्राय में भी कुछ भेद दिखने लगा है। परन्तु धवलाकार ने उसका समन्वय करते हुए प्रसंगप्राप्त उस गाथा की व्याख्या में कहा है कि आनत-प्राणतकल्पवासी देव पाँचवीं पृथिवी के अधस्तन तलभाग तक साढ़े नौ राजु आयत और एक राजु विस्तृत लोकनाली को

१. देवायुषः प्रतिपादनन्यायेनायमेवोपदेशो न्याय्योऽत्रैवकारकरणादथवा द्वावप्युपदेशौ ग्राह्यौ, सूत्र द्वयोपदेशात्। द्वयोर्मध्य एकेन सत्येन भवितव्यम्। नात्र सन्देहमिथ्यात्वम्, यदर्हत्प्रणीतं तत्सत्यमिति सन्देहाभावात्। छद्मस्थैस्तु विवेकः कर्तुं न शक्यतेऽतो मिथ्यात्वभयादेव द्वयोर्ग्रहणमिति।—वृत्ति १२-८०

२. धवला पु० १, पृ० २१७-२१, पु० ७, पृ० ५३९-४० और पु० ९, पृ० १२६ इत्यादि।

३. ति० प० गाथा ८,५३०-३२ 'मूलायारेइरिया' ऐसा कहकर सम्भवतः इस मूलाचार के रचयिता आचार्य की ओर ही संकेत किया गया है।

४. मूलाचार १२,८७-८९

५. ष० ख० सूत्र १०५-१० (पु० १, पृ० ३४५-४७)।

६. गाथा सूत्र १२ व १०-११ (पु० १३, पृ० ३१६ व ३१४-१५)।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

देखते हैं तथा आरण-अच्युत कल्पवासी देव पाँचवीं पृथिवी के अधस्तन तलभाग तक दस राजु आयत और एक राजु विस्तृत लोकनाली को देखते हैं। नौग्रैवेयकवासी देव छठी पृथिवी के अधस्तन तलभाग तक साधिक ग्यारह राजु आयत और एक राजु विस्तृत लोकनाली को देखते हैं।[1]

विशेषता यहाँ यह रही है कि मूलाचार में आगे गाथा १११ में पृथिवी क्रम से नारकियों के भी अवधिज्ञान के विषयभूत क्षेत्र को स्पष्ट किया गया है, जिसका स्पष्टीकरण ष० ख० में नहीं किया गया है।

५. मूलाचार में गुणस्थान और मार्गणा की विवक्षा न करके सामान्य से गति-आगति की प्ररूपणा विस्तार से की गई है। वहाँ संक्षेप में विवक्षित गति में जहाँ जिन जीवों की उत्पत्ति सम्भव है उनकी उत्पत्ति को जातिभेद के बिना एक साथ प्रकट किया गया है। जैसे—

असंज्ञी जीव प्रथम पृथिवी में, सरीसृप द्वितीय पृथिवी तक, पक्षी तीसरी पृथिवी तक, उरःसर्प (अजगर आदि) चौथी पृथिवी तक, सिंह पाँचवीं पृथिवी तक, स्त्रियाँ छठी पृथिवी तक और मत्स्य सातवीं पृथिवी तक जाते हैं।[2]

इस प्रकार मूलाचार में यथाक्रम से नरकों में उत्पन्न होनेवाले जीवविशेषों का निर्देश करके आगे नारक पृथिवियों से निकलते हुए नारकी कहाँ किन अवस्थाओं को प्राप्त करते हैं और किन अवस्थाओं को नहीं प्राप्त करते हैं, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि सातवीं पृथिवी से निकले हुए नारकी मनुष्य पर्याय को प्राप्त नहीं करते, वहाँ से निकलकर वे तिर्यंच गति में संख्यात वर्ष की आयुवाले (कर्मभूमिज व कर्मभूमिप्रतिभागज), व्यालों, दंष्ट्रावाले सिंहादिकों में, पक्षियों में और जलचरों में उत्पन्न होते हैं तथा फिर से भी वे नारक अवस्था को प्राप्त होते हैं।[3]

छठी पृथिवी से निकले हुए नारकी अनन्तर जन्म में मनुष्यभव को कदाचित् प्राप्त करते हैं। पर मनुष्यभव को प्राप्त करके वे संयम को प्राप्त नहीं कर सकते। पाँचवीं पृथिवी से निकला हुआ जीव संयम को तो प्राप्त कर सकता है, किन्तु वह भवसंक्लेश के कारण नियम से मुक्ति को नहीं प्राप्त कर सकता है। चौथी पृथिवी से निकला हुआ जीव मुक्ति को तो प्राप्त कर सकता है, पर निश्चित ही वह तीर्थंकर नहीं हो सकता। प्रथम तीन पृथिवियों से निकले हुए नारकी अनन्तर भव में कदाचित् तीर्थंकर तो हो सकते हैं, पर वे नियम से बलदेव, वासुदेव और चक्रवर्ती पदों को नहीं प्राप्त कर सकते हैं।[4]

ष० ख० में जीवस्थान खण्ड से सम्बद्ध नौ चूलिकाओं में अन्तिम गति-आगति चूलिका है। उसमें गति-इन्द्रिय आदि मार्गणाओं के क्रम से गुणस्थान निर्देशपूर्वक प्रकृत गति-आगति

---

१. धवला पु० १३, पृ० ३१६

२. मूलाचार १२, ११२-१३

३. प्रसंगप्राप्त यह मूलाचार की गाथा (१२-११५) तिलोयपण्णत्ती की गाथा २-२६० से प्रायः शब्दशः समान है। यहाँ यह स्मरणीय है कि मूलाचार और तिलोयपण्णत्ती में प्ररूपित अनेक विषयों में पर्याप्त समानता है। देखिए ति० प० भाग २ की प्रस्तावना पृ० ४२-४४ में 'मूलाचार' शीर्षक।

४. मूलाचार १२, ११४-२०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

विषयक प्ररूपणा विस्तार से की गई है, जो अभिप्राय में मूलाचार की उस प्ररूपणा से बहुत कुछ समान है।[1]

उदाहरण के रूप में दोनों का कुछ मिलान इस प्रकार किया जा सकता है—

उव्वट्टिदा य संता णेरइया तमतमादु पुढवीदो ।
ण लहंति माणुसत्तं तिरिक्खजोणीभुवणमंति ।।—मूलाचार १२, ११४
छट्ठीदो पुढवीदो उव्वट्टिदा अणंतरभवम्हि ।
भज्जा माणुसलंभे संजमलंभेण दु विहीणा ।।—मूलाचार १२,११६

ष० ख० में भी इसी अभिप्राय को देखिए—

"अधो सत्तमाए पुढवीए णेरइया णिरयादो णेरइया उव्वट्टिद-समाणा कदि गदीओ आगच्छंति ? एकम्हि तिरिक्खगदिमागच्छंति । तिरिक्खेसु उववण्णल्लया छण्णो उप्पाएंति आभिणिबोहियणाणं णो उप्पाएंति, सुदणाणं णो उप्पाएंति, ओहिणाणं णो उप्पाएंति, सम्मामिच्छत्तंणो उप्पाएंति, सम्मत्तं णो उप्पाएंति, संजमासंजमं णो उप्पाएंति ।

छट्ठीए पुढवीए णेरइया णिरयादो णेरइया उव्वट्टिदसमाणा कदि गदीओ आगच्छंति ? दुवे गदीओ आगच्छंति—तिरिक्खगदिं मणुस्सगदिं चेव । तिरिक्ख-मणुस्सेसु उववण्णल्लया तिरिक्खा मणुस्सा केइं छ उप्पाएंति—केइं आभिणिबोहियणाणमुप्पाएंति, केइं सुदणाणमुप्पाएंति, केइं ओहिणाणमुप्पाएंति, केइं सम्मामिच्छत्तमुप्पाएंति, केइं सम्मत्तमुप्पाएंति केइं संजमासंजममुप्पाएंति ।" ष० ख० सूत्र १, ९-९, २०३-८ (पु० ६, पृ० ४८४-८६)

मूलाचार में यह प्ररूपणा संक्षेप में की गई है, पर है वह सर्वांगपूर्ण। कौन जीव कहाँ से आते हैं और कहाँ जाते हैं, इत्यादि का विचार यहाँ बहुत स्पष्टता से किया गया है। जैसे—

सब अपर्याप्त, सूक्ष्मकाय, सब तेजकाय व वायुकाय तथा असंज्ञी ये सब जीव मनुष्य और तिर्यंचों में से ही आते हैं—उनमें नारकी, देव, भोगभूमिज और भोगभूमिप्रतिभागज जीव आकर उत्पन्न नहीं होते। पृथिवीकायिक, जलकायिक, वनस्पतिकायिक और सब विकलेन्द्रिय ये सब मनुष्य और तिर्यंचों में जाकर उत्पन्न होते हैं। सभी तेजकाय और सभी वायुकाय जीव अनन्तर भव में नियम से मनुष्य पर्याय को नहीं प्राप्त करते हैं। प्रत्येकशरीर वनस्पति तथा बादर व पर्याप्त पृथिवीकायिक एवं जलकायिक जीव मनुष्य, तिर्यंच और देवों में से ही आते हैं। असंज्ञी पर्याप्त तिर्यंच जीव मनुष्य, तिर्यंच, देव और नारकी इनमें उत्पन्न तो होते हैं, पर उन सभी में वे उत्पन्न नही होते—यदि नारकियों में वे उत्पन्न होते हैं तो केवल प्रथम पृथिवी के नारकियों में उत्पन्न होते हैं; यदि देवों में उत्पन्न होते हैं तो भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवों में ही उत्पन्न होते हैं; यदि मनुष्यों और तिर्यंचों में उत्पन्न होते हैं तो भोगभूमिज, भोगभूमिप्रतिभागज तथा अन्य भी पुण्यशाली मनुष्य-तिर्यंचों में उत्पन्न न होकर शेष मनुष्य-तिर्यंचों में ही उत्पन्न होते हैं।[2]

---

१. सातवीं व छठी आदि पृथिवियों से निकले हुए नारकी कहाँ जाते हैं, तथा वहाँ जाकर वे क्या प्राप्त करते हैं व क्या नहीं प्राप्त करते हैं, इसके लिए देखिए सूत्र १, ९-९, २०३-२० (पु० ६)।

२. मूलाचार १२,१२३-२६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इत्यादि क्रम से मूलाचार में जो विविध जीवों की गति-आगतिविषयक प्ररूपणा की गई है वह सरल व सुबोध है। किन्तु ष०ख० में जो इस गति-आगति की प्ररूपणा की गई है वह प्रायः चारों गतियों के अन्तर्गत भेद-प्रभेदों का आश्रय लेकर गुणस्थान क्रम के अनुसार की गई है। इससे विवक्षित जीव की गति-आगति के क्रम को वहाँ तदनुसार ही खोजना पड़ता है।[1]

इसके अतिरिक्त मूलाचार में तापस, परिव्राजक और आजीवक आदि अन्य लिंगियों, निर्ग्रन्थ श्रावकों व आर्यिकाओं, निर्ग्रन्थ लिंग के साथ उत्कृष्ट तप करनेवाले अभव्यों और रत्नत्रय से विभूषित दिगम्बर मुनियों आदि के भी उत्पत्ति क्रम को प्रकट किया गया है।[2]

ष० ख० में इनकी वह प्ररूपणा उपलब्ध नहीं होती। यद्यपि वहाँ उन तापस आदि के उत्पत्ति के क्रम की प्ररूपणा मनुष्यगति के प्रसंग में मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टि गुणस्थानों की विवक्षा में की जा सकती थी, पर सम्भवतः सूत्रकार को इस विस्तार में जाना अभिप्रेत नहीं रहा।

मूलाचार में इस गति-आगति के प्रसंग को समाप्त करते हुए अन्त में यह सूचना की गई है कि इस प्रकार से मैंने **सारसमय**—व्याख्याप्रज्ञप्ति—में जिस गति-आगति का कथन किया गया है उसकी प्ररूपणा तदनुसार ही यहाँ कुछ की है। मुक्तिगमन नियम से मनुष्य गति में ही अनुज्ञात है।[3]

गाथा में निर्दिष्ट यह **सारसमय** कौन-सा आगमग्रन्थ मूलाचार के कर्ता के समक्ष रहा है, यह अन्वेषणीय है। वृत्तिकार आचार्य वसुनन्दी ने उसका अर्थ **व्याख्याप्रज्ञप्ति** किया है।[4] इसका आधार उनके सामने सम्भवतः धवला टीका रही है। धवला में उस गति-आगति चूलिका का उद्गम उस व्याख्याप्रज्ञप्ति से निर्दिष्ट किया गया है।[5]

आ० वसुनन्दी ने मूलाचार की उस वृत्ति में जहाँ-तहाँ धवला का अनुसरण किया है। इसका परिचय आगे धवला से सम्बद्ध ग्रन्थोल्लेख में कराया जानेवाला है।

व्याख्याप्रज्ञप्ति नाम का पाँचवाँ अंग है। उसमें गति-आगति की भी प्ररूपणा की गई है।[6]

१. उदाहरणस्वरूप पूर्वोक्त मूलाचार में जिन अपर्याप्त, सूक्ष्मकाय व तेज-वायुकाय आदि जीवों की गति-आगति की प्ररूपणा की गई है उसके लिए ष० ख० में सूत्र १,९-९,११२-४० द्रष्टव्य हैं—(पु० ६, पृ० ४५७-६८)

२. मूलाचार १२,१३१-३५ आदि।

३. एवं तु **सारसमए** भणिदा दु गदीगदी मया किंचि।
णियमा दु मणुसगदिए णिव्वुदिगमणं अणुण्णादं ॥१४३॥

४. एवं तु अनेन प्रकारेण **सारसमये व्याख्याप्रज्ञप्त्यां** सिद्धान्ते तस्माद् वा भणिते गति-आगती ···। मूला०वृत्ति १२-१४३। (यहाँ पाठ कुछ भ्रष्ट हुआ है, क्योंकि इस गाथा की संस्कृत-छाया के स्थान में किसी अन्य गाथा की छाया आ गई दिखती है)।

५. वियाहपण्णत्तीदो गदिरागदी णिग्गदा।—धवला पु० १, पृ० १३०

६. व्याख्याप्रज्ञप्तौ सद्विलक्षाष्टाविंशतिपदसहस्रायां षष्ठिव्याकरणसहस्राणि किमस्ति जीवो नास्ति जीवः क्वोत्पद्यते कुत आगच्छतीत्यादयो निरूप्यन्ते।

—धवला पु० ९, पृ० २००

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अमृतचन्द्र सूरि ने भी इस गति-आगति की प्ररूपणा अपने तत्त्वार्थसार में की है।[1] उसका आधार सम्भवतः मूलाचार का यही प्रकरण रहा है। कारण यह कि इन दोनों ही ग्रन्थों में इस प्ररूपणा का क्रम व पद्धति सर्वथा समान है।[2] इतना ही नहीं, कहीं-कहीं तो तत्त्वार्थसार में मूलाचार की गाथाओं का छायानुवाद-सा दिखता है।[3]

इसी प्रकार तत्त्वार्थसार में जो योनि,[4] कुल,[5] आयु[6] और उत्सेध[7] आदि की प्ररूपणा की गई है उसका आधार भी यही मूलाचार का पर्याप्ति अधिकार हो सकता है।

६. मूलाचार के इस अधिकार में जीवस्थान (जीवसमास), गुणस्थान और मार्गणास्थानों आदि की भी जो संक्षेप में प्ररूपणा की गई है[8] उनकी वह प्ररूपणा ष० ख० के उस सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में यथाप्रसंग की गई है। इस प्रसंग में यहाँ मार्गणाओं के नामों का निर्देश करनेवाली जो गाथा (१२-१५६) आयी है वह थोड़े-से शब्द परिवर्तन के साथ ष० ख० में सूत्र के रूप में उपलब्ध होती है।[9]

इसी प्रकार जिन अनन्त निगोदजीवों ने कभी त्रस पर्याय नहीं प्राप्त की है उनका उल्लेख करनेवाली **'अत्थि अणंता जीवा'** आदि गाथा (१६२) तथा आगे एक-निगोदशरीर में अवस्थित जीवों के द्रव्यप्रमाण की प्ररूपक **'एगणिगोदसरीरे'** आदि गाथा (१६३), ये दोनों गाथाएँ ष०ख० में सूत्र के रूप में उपलब्ध होती हैं।[10]

७. मूलाचार में निगोदों में वर्तमान एकेन्द्रिय वनस्पतिकायिकों का प्रमाण अनन्त तथा एकेन्द्रिय पृथिवीकायिक, जलकायिक, तेजकायिक और वायुकायिक जीवों का प्रमाण असंख्यात लोकमात्र निर्दिष्ट किया गया है (१६४)।

ष०ख० में उनका यही प्रमाण कहा गया है।[11]

८. मूलाचार में त्रसकायिकों का प्रमाण प्रतरच्छेद से निष्पन्न असंख्यात श्रेणियाँ निर्दिष्ट

---

१. तत्त्वार्थसार २,१४६-७५

२. विशेष जानकारी के लिए 'आ० शान्तिसागर स्मृतिग्रन्थ' में 'तत्त्वार्थसार' शीर्षक द्रष्टव्य है—(पृ० २१५-२२)।

३. संखातीदाऊणं संकमणं नियमदो दु देवेसु।
पयडीए तणुकसाया सव्वेसिं तेण बोधव्वा ॥—मूलाचार १२,१२८
संख्यातीतायुषां नूनं देवेष्वेवास्तु संक्रमः।
निसर्गेण भवेत् तेषां यतो मन्दकषायता ॥—त० सा० २,१६०

४. मूलाचार १२,५८-६३ व त०सा० २,१०५-११

५. मूलाचार १२,१६६-६९ व त०सा० २,११२-१६

६. मूलाचार १२,६४-८३ व त०स० २,११७-३५

७. मूलाचार १२,१४-३० व त०सा० २,१३६-४५

८. जीवसमास १५२-५३, गुणस्थान १५४-५५, मार्गणास्थान १५६ व इन मार्गणास्थानों में जीवसमास आदि १५७-५९

९. ष० ख०, पु० १, पृ० १३२ तथा पु० ७, पृ० ६

१०. वही, १४, पृ० २३३ व २३४

११. सूत्र १,२,९५ व ८७ (पु० ३)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

किया गया है (गा० १६२)।

ष०ख० में उनके द्रव्यप्रमाण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि क्षेत्र की अपेक्षा त्रसकायिकों के द्वारा अंगुल के असंख्यातवें भाग रूप वर्ग के प्रतिभाग से जगप्रतर अपहृत होता है।[1]

निष्कर्ष के रूप में धवलाकार ने स्पष्ट किया है कि प्रतरांगुल के असंख्यातवें भाग का जगप्रतर में भाग देने पर जो लब्ध हो उतने त्रसकायिक जीव हैं।

९. मूलाचार में गतियों के आश्रय से अल्पबहुत्व की प्ररूपणा करते हुए कहा गया है कि मनुष्यगति में मनुष्य स्तोक हैं, उनसे नरकगति में वर्तमान जीव असंख्यातगुणे, देवगति में वर्तमान जीव उनसे असंख्यातगुणे, सिद्धगति में वर्तमान मुक्त जीव उनसे अनन्तगुणे और तिर्यंचगति में वर्तमान जीव उनसे अनन्तगुणे हैं।[2]

ष०ख० के दूसरे खण्ड क्षुद्रकबन्ध के अन्तर्गत ग्यारह अनुयोगद्वारों में अन्तिम अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार है। उसमें अनेक प्रकार से अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है। सर्वप्रथम वहाँ मूलाचारगत जिस अल्पबहुत्व का ऊपर उल्लेख किया गया है वह उसी रूप में उपलब्ध होता है।[3]

आगे मूलाचार में नरकादि गतियों में से प्रत्येक में भी पृथक्-पृथक् उस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है।[4]

षट्खण्डागम में आदेश की अपेक्षा चारों गतियों में पृथक्-पृथक् उस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा तो की गई है, पर उसका आधार गुणस्थान रहे हैं, इसलिए दोनों में समानता नहीं रही। यथा—

नरकगति में नारकियों में सासादन सम्यग्दृष्टि सबसे स्तोक हैं, सम्यग्मिथ्यादृष्टि संख्यातगुणे हैं, असंयतसम्यग्दृष्टि असंख्यातगुणे हैं, मिथ्यादृष्टि असंख्यातगुणे हैं।[5]

इसी क्रम से आगे प्रथम-द्वितीय आदि पृथिवियों में भी पृथक्-पृथक् उस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है।

किन्तु मूलाचार में गुणस्थानों की अपेक्षा न करके भिन्न रूप में उस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है। जैसे—

सातवीं पृथिवी में नारकी सबसे स्तोक हैं, आगे पाँचवीं व छठी आदि पृथिवियों में वे उत्तरोत्तर क्रम से असंख्यातगुणे हैं, इत्यादि।

१०. आगे मूलाचार के इस अधिकार में बन्ध के मिथ्यात्वादि कारणों का निर्देश करते हुए बन्ध के स्वरूप को दिखलाकर उसके प्रकृति-स्थिति आदि चार भेदों का उल्लेख किया गया है। तत्पश्चात् प्रकृति-बन्ध के प्रसंग में ज्ञानावरणादि आठ-आठ मूल प्रकृतियों और उनकी उत्तर प्रकृतियों का उल्लेख किया गया है। आगे उनमें से मिथ्यादृष्टि आदि कितनी प्रकृतियों को

---

१. सूत्र १,२,१०० (पु० ३)
२. मूलाचार १२,१७०-७१
३. सूत्र २,११,१-६ (पु० ७)
४. मूलाचार १२,१७२-८१
५. सूत्र १,८,२७-३० (पु० ५)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

बाँधते हैं, इसे भी स्पष्ट किया गया है। स्थितिबन्ध के प्रसंग में मूल कर्मप्रकृतियों की उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति को प्रकट किया गया है।[1]

षट्खण्डागम में जीवस्थान-चूलिका के अन्तर्गत प्रथम प्रकृतिसमुत्कीर्तन चूलिका में मूल-उत्तर प्रकृतियों का उल्लेख किया गया है। छठी 'उत्कृष्ट स्थिति' चूलिका में विस्तार से मूल-उत्तर प्रकृतियों की उत्कृष्ट स्थिति और सातवीं 'जघन्यस्थिति' चूलिका में उन्हीं की जघन्य स्थिति की प्ररूपणा की गई है।

मूलाचार में आगे क्रमप्राप्त अनुभागबन्ध व प्रदेशबन्ध का विचार करते हुए अन्त में केवल-ज्ञान की उत्पत्ति और मुक्ति की प्राप्ति को स्पष्ट किया गया है और इस अधिकार को समाप्त किया गया है।[2]

उपसंहार

इस प्रकार मूलाचार के इस पर्याप्ति अधिकार में जो अनेक महत्त्वपूर्ण सैद्धान्तिक विषयों की व्यवस्थित प्ररूपणा की गई है उसकी कुछ समानता यद्यपि प्रसंग के अनुसार प्रस्तुत षट्खण्डागम से देखी जाती है, फिर भी यह नहीं कहा जा सकता है कि उसका आधार षट्खण्डागम रहा है। कारण यह है कि इन दोनों ग्रन्थों की वर्णनशैली भिन्न है। यथा—

१. षट्खण्डागम में विवक्षित विषय की प्ररूपणा प्रायः प्रश्नोत्तर शैली में गद्यात्मक सूत्रों द्वारा की गई है। पर मूलाचार में प्रश्नोत्तर शैली को महत्त्व न देकर गाथासूत्रों में विवक्षित विषय की संक्षेप में विशद प्ररूपणा की गई है।

२. षट्खण्डागम में विवक्षित विषय की प्ररूपणा में यथावश्यक कुछ अनुयोगद्वारों का निर्देश तो किया गया है, पर विवक्षित विषय की स्पष्टतया सूचना नहीं की गई है। किन्तु मूलाचार में प्रत्येक अधिकार के प्रारम्भ में मंगलपूर्वक वहाँ विवक्षित विषयों के कथन की प्रतिज्ञा करते हुए तदनुसार ही उन विषयों की प्ररूपणा की गई है।

३. षट्खण्डागम में विषय की प्ररूपणा प्रायः गुणस्थान और मार्गणाओं के आधार से की गई है। किन्तु मूलाचार में गुणस्थान और मार्गणा की विवक्षा न करके सामान्य से ही प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा की गई है जो सरल व सुबोध रही है।

४. षट्खण्डागम का प्रमुख वर्णनीय विषय कर्म सिद्धान्त रहा है। उससे सम्बद्ध होने के कारण उसके प्रथम जीवस्थान खण्ड में ओघ और आदेश के अनुसार जो जीवस्थानों की प्ररूपणा की गई है वह अन्य खण्डों की अपेक्षा अतिशय व्यवस्थित और क्रमबद्ध है।

मूलाचार का प्रमुख वर्णनीय विषय साधुओं का आचार रहा है। यही कारण है कि धवलाकार वीरसेन स्वामी ने उसका उल्लेख 'आचारांग' के नाम से किया है।[3] यद्यपि उपर्युक्त पर्याप्ति अधिकार में प्ररूपित विषय साधु का आचार नहीं है, पर उससे सम्बद्ध सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान का वह विषयभूत है, अतः ज्ञातव्य है। वृत्तिकार आचार्य वसुनन्दी ने उस पर्याप्ति

---

१. मूलाचार १२,१८५-९७ व आगे २००-२०२

२. वही, १२,२०३-५ (मूलाचारगत यह चार प्रकार के कर्मबन्ध की प्ररूपणा तत्त्वार्थसूत्र के ८वें अध्याय में की गई उस कर्मबन्ध की क्रमबद्ध प्ररूपणा के सर्वथा समान है।)

३. धवला पु० ४, पृ० ३१६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अधिकार को 'सर्वसिद्धान्तकरणचरणस्वरूप' कहा है।[1]

इस परिस्थिति को देखते हुए अधिक सम्भावना तो यही है कि मूलाचार के कर्ता को आचार्य परम्परा से उन विषयों का ज्ञान प्राप्त था, जिसके आश्रय से उन्होंने इस ग्रन्थ की, विशेषकर उस पर्याप्ति अधिकार की रचना की है, तदनुसार ही उन्होंने आनुपूर्वी के अनुसार उसके कथन की प्रतिज्ञा भी है।[2]

दोनों ग्रन्थगत सैद्धान्तिक विषयों के विवेचन की इस पद्धति को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि अंग-पूर्वधरों की शृंखला के लुप्त हो जाने पर पीछे जो सैद्धान्तिक विषयों का विवेचन होता रहा है वह दो धाराओं में प्रवाहित हुआ है, जिनमें एक धारा का प्रवाह षट्-खण्डागम में और दूसरी धारा का प्रवाह मूलाचार व तत्त्वार्थसूत्र आदि में दृष्टिगोचर होता है।

यह भी सम्भव है मूलाचार के रचियता को जो श्रुत का उपदेश प्राप्त था वह षट्खण्डागम की अपेक्षा भिन्न आचार्यपरम्परा से प्राप्त रहा है। कारण यह है कि इतना तो निश्चित है कि श्रुतकेवलियों के पश्चात् आचार्यपरम्परा में भी सम्प्रदाय भेद हो चुका था, यह षट्खण्डागम की टीका धवला में निर्दिष्ट अनेक मतभेदों से स्पष्ट है। यह भी नहीं कहा जा सकता कि मूलाचार के कर्ता के समक्ष प्रस्तुत षट्खण्डागम रहा है या नहीं।

यह भी यहाँ ध्यातव्य है कि मूलाचार, विशेषकर उसके उपर्युक्त पर्याप्ति अधिकार में, जिन विषयों की प्ररूपणा की गई है उनमें से अधिकांश की प्ररूपणा उसी पद्धति से यथाप्रसंग तिलोयपण्णत्ती में भी की गई है। इतना ही नहीं, इन दोनों ग्रन्थों के अन्तर्गत कुछ गाथाएँ भी प्रायः शब्दशः समान उपलब्ध होती हैं।[3]

इन दोनों ग्रन्थों में से यदि कोई एक ग्रन्थ दूसरे ग्रन्थ के रचयिता के समक्ष रहा हो व उसने अपने ग्रन्थ की रचना में उसका उपयोग भी किया हो तो इसे असम्भव नहीं कहा जा सकता है।[4]

मूलाचार का कर्तृत्व

मूलाचार के कर्ता के विषय में विद्वान् प्रायः एकमत नहीं हैं। मा० दि० जैन ग्रन्थमाला से प्रकाशित उसके संस्करण में उसे वट्टकेराचार्य विरचित सूचित किया गया है। पर यह नाम कुछ अद्भुत-सा है और वह भी एकरूप में नहीं उल्लिखित हुआ है। इससे कुछ विद्वान उसके

---

१. "शीलगुणाधिकारं व्याख्याय **सर्वसिद्धान्तकरणचरणस्वरूपं** द्वादशाधिकारं पर्याप्त्याख्यं प्रतिपादयन् मंगलपूर्विकां प्रतिज्ञां आह"—मूलाचार वृत्ति १२-१ की उत्थानिका।

२. काऊण णमोक्कारं सिद्धाणं कम्मचक्कमुक्काणं।
पज्जत्तीसंगहणी वोच्छामि जहाणुपुव्वीयं॥—मुलाचार १२-१०

३. ति० प० भाग २ की प्रस्तावना पृ० ४२-४४ में 'मूलाचार' शीर्षक।

४. तिलोयपण्णत्ती का वर्तमान रूप कुछ सन्देहास्पद है, उसमें पीछे प्रक्षेप हुआ प्रतीत होता है। किन्तु उसकी रचनापद्धति, वर्णनीय विषय की क्रमबद्ध व अतिशय व्यवस्थित प्ररूपणा तथा उसमें उल्लिखित अनेक प्राचीन ग्रन्थों के नामों को देखते हुए उसकी प्राचीनता में सन्देह नहीं रहता। विशेष जानकारी के लिए भाग २ की प्रस्तावना पृ० ६-२० में 'ग्रन्थकार यतिवृषभ' और ग्रन्थ का रचनाकाल शीर्षक द्रष्टव्य हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

विषय में सन्देह करते हैं। इसके अतिरिक्त उसकी कुछ हस्तलिखित प्रतियों में उसके कुन्द-कुन्दाचार्य विरचित होने का भी उल्लेख देखा जाता है।

स्व० पं० जुगलकिशोर मुख्तार ने उसके आचार्य कुन्दकुन्द विरचित होने की सम्भावना भी व्यक्त की है।[1]

उधर स्व० पं० नाथूरामजी प्रेमी उसे प्रायः आचार्य वट्टकेरि विरचित मानते रहे हैं।[2]

मूलाचार के अन्तर्गत विषय की प्ररूपणा पद्धति को, विशेषकर इस 'पर्याप्तिसंग्रहणी' अधिकार की विषयवस्तु और उसके विवेचन की पद्धति को देखते हुए वह आ० कुन्दकुन्द के द्वारा रचा गया है, ऐसा प्रतीत नहीं होता। कुन्दकुन्दाचार्य के उपलब्ध अध्यात्म ग्रन्थों में कहीं भी इस प्रकार का विषय और उसके विवेचन की पद्धति नहीं देखी जाती है।

जैसा कुछ भी हो, ग्रन्थ के प्रतिपाद्य विषय और उसके विवेचन की पद्धति को देखते हुए उसकी प्राचीनता में सन्देह नहीं रहता।

३. षट्खण्डागम और तत्त्वार्थसूत्र

तत्त्वार्थसूत्र यह आचार्य उमास्वाति अपरनाम गृद्धपिच्छाचार्य विरचित एक महत्त्वपूर्ण आध्यात्मिक ग्रन्थ है। इसका रचना काल सम्भवतः विक्रम की दूसरी-तीसरी शताब्दी है। ग्रन्थ के प्रारम्भ में यहाँ मंगलस्वरूप से जो मोक्षमार्ग के नेता, वीतराग और सर्वज्ञ को इन्हीं तीन गुणों की प्राप्ति के लिए नमस्कार किया गया है उससे उसकी आध्यात्मिकता स्पष्ट है। वह शब्दसन्दर्भ में संक्षिप्त होने पर भी अर्थ से विशाल व गम्भीर है। यही कारण है कि उस-पर सर्वार्थसिद्धि, तत्त्वार्थवार्तिक और तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक जैसे विस्तारपूर्ण टीकाग्रन्थ रचे गये हैं। उसका दूसरा नाम 'मोक्षशास्त्र' भी प्रसिद्ध है, जो सार्थक ही है। कारण यह कि उसकी रचना मोक्षप्राप्ति के उद्देश्य से की गई है, यह सर्वार्थसिद्धि की उत्थानिका से प्रकट है।[3]

मोक्ष का अर्थ कर्मबन्धन से छूटना है। वह जन्ममरण स्वरूप संसारपूर्वक होता है। उस संसार के कारण आस्रव और बन्ध तथा मोक्ष के कारण संवर और निर्जरा हैं। उक्त आस्रव आदि जीव और अजीव—पौद्गलिक कर्म—से सम्बद्ध हैं। इस प्रकार इस ग्रन्थ में आत्मो-त्थान में प्रयोजनीभूत इन्हीं जीव-अजीवादि सात तत्त्वों का विचार किया गया है।[4] इसीलिए

---

१. 'पुरातन-जैनवाक्य-सूची' की प्रस्तावना पृ० १८-१९

२. 'जैन साहित्य और इतिहास' द्वितीय संस्करण पृ० ५४८-५३

३. कश्चिद् भव्यः प्रत्यासन्ननिष्ठः प्रज्ञावान्·····निर्ग्रन्थाचार्यवर्यमुपसद्य सविनयं परिपृच्छति स्म—भगवन् किं नु खलु आत्मने हितं स्यादिति। स आह मोक्ष इति। स एव पुनः प्रत्याह किंस्वरूपोऽसौ मोक्षः कश्चास्य प्राप्त्युपाय इति। आचार्य प्राह—···। स० सि० १-१ (उत्थानिका)।

४. प्रथम अध्याय भूमिकास्वरूप है। २, ३ व ४ इन तीन अध्यायों में जीव के स्वरूप व उसके भेद-प्रभेदों के निर्देशपूर्वक निवासस्थानों को प्रकट किया गया है। ५ वें में अजीव, ६-७ वें में आस्रव, ८ वें में बन्ध, ९वें में संवर और निर्जरा तथा १० वें अध्याय में मोक्ष इस प्रकार से वहाँ इन सात तत्त्वों की प्ररूपणा की गई है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उसका 'तत्त्वार्थसूत्र' यह भी सार्थक नाम है। सम्भवतः यह जैन सम्प्रदाय में सूत्ररूप से संस्कृत में रची गई आद्य कृति है।

तत्त्वार्थसूत्र के कर्ता आचार्य उमास्वाति के समक्ष सम्भवतः प्रस्तुत षट्खण्डागम रहा है और उन्होंने उसका उपयोग भी तत्त्वार्थसूत्र की रचना में किया है।

यहाँ यह स्मरणीय है कि षट्खण्डागम यह एक कर्मप्रधान आगमग्रन्थ है, जो अविच्छिन्न आचार्य परम्परा से प्रवाहित श्रुत के आधार पर आगमिक पद्धति से रचा गया है। उसमें विविध अनुयोगद्वारों के आश्रय से कर्म की विभिन्न अवस्थाओं की प्ररूपणा की गई है।

किन्तु तत्त्वार्थसूत्र, जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, मुमुक्षु जीवों को लक्ष्य करके मोक्ष की प्राप्ति के उद्देश्य से रचा गया है। इसलिए उसमें उन्हीं तत्त्वों की चर्चा की गई है जो उस मोक्ष की प्राप्ति में प्रयोजनीभूत हैं। इसी से इन दोनों ग्रन्थों की रचनाशैली में भेद होना स्वाभाविक है। फिर भी प्रसंगानुरूप कुछ प्रतिपाद्य विषयों की प्ररूपणा दोनों ग्रन्थों में समान देखी जाती है। यथा—

१. तत्त्वार्थसूत्र में सर्वप्रथम मोक्ष के मार्गस्वरूप सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र का निर्देश करते हुए सम्यग्दर्शन के विषयभूत सात तत्त्वों का उल्लेख किया गया है (१,१-४)। तत्पश्चात् उन तत्त्वविषयक संव्यवहार में प्रयोजनीभूत नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव इन चार निक्षेपों का निर्देश किया गया है (१-५)।

षट्खण्डागम में प्रायः सर्वत्र ही प्रकृत विषय का प्रसंगानुरूप बोध कराने के लिए इन चार निक्षेपों की योजना की गई है।[1]

२. तत्त्वार्थसूत्र में आगे उक्त सात तत्त्वों विषयक समीचीन बोध के कारणभूत प्रमाण, नय व निर्देश-स्वामित्व आदि के साथ सत्, संख्या, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव और अल्प-बहुत्व इन आठ अधिकारों का उल्लेख किया गया है (१, ६-८)।

ष० ख० में मंगल के पश्चात् सर्वप्रथम जीवसमासों—जीवों का जहाँ संक्षेप किया जाता है उन गुणस्थानों—की प्ररूपणा में प्रयोजनीभूत गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं का ज्ञातव्य स्वरूप से नामोल्लेख करते हुए उन्हीं जीवसमासों की प्ररूपणा में उपयोगी उपर्युक्त सत् (सत्प्ररूपणा), संख्या (द्रव्यप्रमाणानुगम) व क्षेत्र आदि आठ अनुयोगद्वारों को ज्ञातव्य कहा गया है (१, २-७) तथा आगे जीवस्थान नामक प्रथम खण्ड में यथाक्रम से उन्हीं आठ अनुयोग द्वारों के आश्रय से जीवस्थानों की विस्तारपूर्वक प्ररूपणा की गई है।[2]

विशेष इतना है कि ष० ख० में जहाँ आगम परम्परा के अनुसार उक्त आठ अनुयोगद्वारों का उल्लेख सत्प्ररूपणा व द्रव्यप्रमाणानुगम आदि जैसे शब्दों के द्वारा किया गया है वहाँ संस्कृत भाषा में विरचित तत्त्वार्थसूत्र में उनका उल्लेख सत्, संख्या, क्षेत्र आदि नामों से किया गया है।

यह भी यहाँ विशेष स्मरणीय है कि तत्त्वार्थसूत्र यह एक अतिशय संक्षिप्त सूत्रग्रन्थ है,

---

१. सूत्र ४,१,४६-६५ व ७३-७४ (पु० ६) तथा सूत्र ४,२,१, २-३ (पु० १०); ५,३,३-४; ५,४,३-४ व ५,५, ३-४ (पु० १३); ५,६,२-१४ आदि (पु० १४)।

२. सत्प्ररूपणा पु० १-२, द्रव्यप्रमाणानुगम पु० ३, क्षेत्रानुगमादि पु० ३ अनुयोगद्वार पु० ४, अन्तर, भाव व अल्पबहुत्व पु० ५।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इसलिए उसमें उन्हीं तत्त्वों का प्रमुखता से विचार किया गया है जो मोक्षमार्ग से विशेष सम्बद्ध रहे हैं। यही कारण है कि वहाँ षट्खण्डागम के समान उन आठ अनुयोगद्वारों के आश्रय से पृथक्-पृथक् जीवस्थानों की प्ररूपणा नहीं की गई है, वहाँ केवल उन आठ अनुयोग-द्वारों के नामों का उल्लेख मात्र किया गया है। उसकी वृत्तिस्वरूप **सर्वार्थसिद्धि** में उनके आश्रय से ठीक उसी प्रकार से विस्तारपूर्वक उन जीवस्थानों की प्ररूपणा की गई है, जिस प्रकार कि प्रस्तुत षट्खण्डागम में है।[1]

३. तत्त्वार्थसूत्र में सम्यग्ज्ञान के प्रसंग में मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय और केवल इन पाँच सम्यग्ज्ञानों का उल्लेख किया गया है (१-९)।

ष० ख० में सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार के अन्तर्गत ज्ञानमार्गणा के प्रसंग में उन पाँच सम्यग्ज्ञानों के आश्रयभूत पाँच सम्यग्ज्ञानियों का उल्लेख उसी प्रकार से किया गया है (१,१,११५)।

विशेष इतना है कि तत्त्वार्थसूत्र में जिसका उल्लेख मतिज्ञान के नाम से किया गया है ष० ख० में उसका उल्लेख आगमिक पद्धति से आभिनिबोधिक के नाम से किया गया है। तत्त्वार्थ-सूत्र में मतिज्ञान के पर्याय नामों में जहाँ 'अभिनिबोध' का भी निर्देश किया गया है[2] वहाँ ष० ख० में आगे 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में ज्ञानावरणीय के प्रसंग में निर्दिष्ट आभिनिबोधिकज्ञान के पर्याय नामों में 'मतिज्ञान' का भी निर्देश किया गया है।[3]

४. तत्त्वार्थसूत्र में मतिज्ञान के इन्द्रिय-अनिन्द्रियरूप कारणों, अवग्रहादि भेद-प्रभेदों व उनके विषयभूत बहु-आदि बारह प्रकार के पदार्थों का उल्लेख किया गया है; जिनके आश्रय से उसके ३३६ भेद उत्पन्न होते हैं।[4]

ष० ख० में पूर्वनिर्दिष्ट 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में उस मतिज्ञान अपरनाम आभिनिबोधिक-ज्ञान के आवारक आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय के चार, चौबीस, अट्ठाईस और बत्तीस भेदों का निर्देश करते हुए उनमें चार भेद अवग्रहावरणीय आदि के भेद से निर्दिष्ट किये गये हैं। आगे अवग्रहावरणीय के अर्थावग्रहावरणीय और व्यंजनावग्रहावरणीय इन दो भेदों का निर्देश करते हुए उनमें व्यंजनावग्रहावरणीय के श्रोत्र, घ्राण, जिह्वा और स्पर्शन इन चार इन्द्रियों के भेद से चार भेदों का तथा अर्थावग्रहावरणीय के पाँचों इन्द्रियों और छठे अनिन्द्रिय (मन) इन छह के आश्रय से छह भेदों का उल्लेख किया गया है।[5]

आगे यहीं पर उक्त पाँच इन्द्रियों और छठे अनिन्द्रिय के आश्रय से ईहावरणीय, अवाया-वरणीय और धारणावरणीय इनमें से प्रत्येक के छह-छह भेदों का निर्देश किया गया है। अन्त में उपसंहार के रूप में उक्त आभिनिबोधिकज्ञानावरणीय के ४, २४, २८, ३२, ४८, १४४,

---

१. स० सि० १-८ (पृ० १३-५५)।
२. मतिः स्मृतिः संज्ञा चिन्ताऽभिनिबोध इत्यनर्थान्तरम्। त० सू० १-१३
३. सण्णा सदी मदी चिंता चेदि। सूत्र ५,५,४१ (पु० १३)। (मननं मतिः—स० सि० १-१३ व धवला पु० १३, पृ० २४४)
४. त० सू० १,१४-१९
५. सूत्र ५,५,२२-२८ (पु० १३, पृ० २१६-२७)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

१६८, १९२, २८८, ३३६ और ३८४ भेदों को ज्ञातव्य कह दिया गया है।[1]

ये सब भेद यथासम्भव उसके भेदों, कारणों और विषयभूत बहु-बहुविध आदि १२ पदार्थों के आश्रय से निष्पन्न होते हैं।

विशेष इतना है कि मूल ग्रन्थ में उस आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय के उन भेदों को ज्ञातव्य कहकर वहाँ बहु-बहुविध आदि उन बारह प्रकार के पदार्थों का निर्देश नहीं किया गया है। पर धवलाकार ने तत्त्वार्थसूत्र के 'बहु-बहुविध-क्षिप्रानिःसृतानुक्त-ध्रुवाणां सेतराणाम्' इस सूत्र (१-१६) को उद्धृत करते हुए आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय के उन सूत्रोक्त भेदों को विस्तार से उच्चारणपूर्वक स्पष्ट किया है।[2]

५. तत्त्वार्थसूत्र में अवधिज्ञान के भवप्रत्यय और क्षयोपशमनिमित्त इन दो भेदों का निर्देश करके उनके स्वामियों के विषय में कहा गया है कि भवप्रत्यय अवधिज्ञान देवों और नारकियों के तथा क्षयोपशमनिमित्त अवधिज्ञान शेष— मनुष्य और तिर्यंचों—के होता है।[3]

ष० ख० में अवधिज्ञान के ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—भवप्रत्यय और गुणप्रत्यय। इनके स्वामियों का उल्लेख तत्त्वार्थसूत्र के ही समान किया गया है।[4]

तत्त्वार्थसूत्र में जहाँ उसके दूसरे भेद का उल्लेख 'क्षयोपशमनिमित्त' के रूप में किया है वहाँ ष० ख० में उसका उल्लेख 'गुणप्रत्यय' के नाम से किया गया है। स्वामियों का उल्लेख दोनों ग्रन्थों में समान है। 'गुण' से यहाँ सम्यक्त्व से अधिष्ठित अणुव्रत और महाव्रत विवक्षित हैं, तदनुसार अणुव्रत या महाव्रत के आश्रय से होनेवाले अवधिज्ञान को गुणप्रत्यय समझना चाहिए।[5] वह मनुष्य और तिर्यंचों के ही सम्भव है। कारण यह कि तिर्यंच और मनुष्य-भवों को छोड़कर अन्यत्र अणुव्रत और महाव्रत सम्भव नहीं हैं।

तत्त्वार्थसूत्र में 'गुणप्रत्यय' के स्थान में जो 'क्षयोपशमनिमित्तक' के रूप में उसका उल्लेख किया है वह सामान्य कथन है। उससे मिथ्यादृष्टि तिर्यंच व मनुष्यों के अवधिज्ञानावरण के क्षयोपशम से उत्पन्न होनेवाले अवधिज्ञान (विभंगावधि) का भी ग्रहण हो जाता है। ष० ख० में निर्दिष्ट 'गुणप्रत्यय' से उसका ग्रहण सम्भव नहीं है। यह इन दोनों ग्रन्थों में किये गये उक्त प्रकार के उल्लेख की विशेषता है। अभिप्राय दोनों का यही है कि तिर्यंच और मनुष्यों के जो अवधिज्ञान उत्पन्न होता है वह अवधिज्ञानावरण के क्षयोपशम की प्रमुखता से होता है। उनमें जिसके सम्यक्त्व है उसका वह अवधिज्ञान गुणप्रत्यय अवधिज्ञान कहा जायगा। किन्तु जिसके सम्यक्त्व नहीं है उसके मिथ्यात्व से सहचरित उस ज्ञान को अवधिज्ञान न कहकर विभंगावधि कहा जाता है। देव-नारकियों के उस अवधिज्ञान में क्षयोपशम के रहने पर भी उसकी प्रमुखता नहीं है, प्रमुखता वहाँ देव-नारक भव की है।

६. तत्त्वार्थसूत्र में क्षयोपशमनिमित्तक उस अवधिज्ञान के छह भेदों का भी निर्देश मात्र

---

१. सूत्र ५,५, २९-३५ (पु० १३, पृ० २३०-३४)
२. धवला पु० १३, पृ० २३४-४१
३. तत्त्वार्थसूत्र १,२१-२२
४. सूत्र ५,५, ५३-५५ (पु० १३)।
५. अणुव्रत-गुणव्रतानि सम्यक्त्वाधिष्ठानानि गुणः कारणं यस्यावधिज्ञानस्य तद् गुणप्रत्ययकम्।
—धवला पु० १३, पृ० २९१-९२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

किया गया है। सर्वार्थसिद्धि के अनुसार उसके वे छह भेद इस प्रकार हैं—अनुगामी, अननुगामी, वर्धमान, हीयमान, अवस्थित और अनवस्थित।[1]

ष० ख० में भवप्रत्यय और गुणप्रत्यय की विवक्षा न करके सामान्य से अवधिज्ञान को अनेक प्रकार का बतलाते हुए उनमें कुछ का उल्लेख इस प्रकार किया गया है—देशावधि, परमावधि, सर्वावधि, हीयमान, वर्धमान, अवस्थित, अनवस्थित, अनुगामी, अननुगामी, सप्रतिपाती, अप्रतिपाती, एकक्षेत्र और अनेकक्षेत्र।[2]

इस सूत्र (५६) की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सूत्र में 'वह अवधिज्ञान अनेक प्रकार का है' ऐसा कहने पर सामान्य से अवधिज्ञान अनेक प्रकार का है, ऐसा अभिप्राय ग्रहण करना चाहिए।

इस पर वहाँ यह शंका उठायी गयी है कि इसके पूर्व में जिस गुणप्रत्यय अवधिज्ञान का उल्लेख किया गया है उसे ही अनेक प्रकार का क्यों न कहा जाय। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि वैसा सम्भव नहीं है, क्योंकि भवप्रत्यय अवधिज्ञान में भी अवस्थित, अनवस्थित, अनुगामी और अननुगामी ये भेद पाये जाते हैं।[3]

सर्वार्थसिद्धि में क्षयोपशमप्रत्यय अवधिज्ञान के जिन छह भेदों का उल्लेख किया गया है वे ष० ख० में निर्दिष्ट उन अनेक भेदों के अन्तर्गत हैं।

तत्त्वार्थसूत्र के भाष्यरूप तत्त्वार्थवार्तिक में अवधिज्ञान के देशावधि, परमावधि और सर्वावधि इन भेदों का भी ष० ख० के समान उल्लेख किया गया है।[4] आगे वहाँ उस अवधिज्ञानोपयोग को एकक्षेत्र व अनेकक्षेत्र के भेद से दो प्रकार का भी निर्दिष्ट किया गया है।[5]

यह यहाँ विशेष स्मरणीय है कि सर्वार्थसिद्धिकार और तत्त्वार्थवार्तिककार के समक्ष प्रस्तुत षट्खण्डागम रहा है और उन्होंने अपनी-अपनी ग्रन्थरचना में उसका उपयोग भी किया है। इसका विशेष स्पष्टीकरण इन ग्रन्थों के प्रसंग में आगे किया जानेवाला है।

७. तत्त्वार्थसूत्र में आगे जहाँ मनःपर्ययज्ञान के ऋजुमतिमनःपर्यय और विपुलमतिमनःपर्यय इन दो भेदों का निर्देश किया गया है वहाँ ष० ख० में इन दोनों ज्ञानों की आवरक ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय और विपुलमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय इन दो प्रकृतियों का निर्देश किया गया है।[6]

विशेष इतना है कि ष० ख० में ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय को ऋजुमनोगत आदि के भेद से तीन प्रकार का और विपुलमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय को ऋजु-अनृजुमनोगत आदि के भेद से छह प्रकार का कहा गया है। इसके अतिरिक्त वहाँ इन दोनों ज्ञानों के विषयभेद

---

१. स० सि० १-२२

२. सूत्र ५,५, ५६ (पु० १३, पृ० २९२)

३. धवला पु० १३, पृ० २९३

४. त० वा० १, २२,५

५ स एषोऽवधिज्ञानोपयोगो द्विधा भवति एकक्षेत्रोऽनेकक्षेत्रश्च। श्री-वृषभ-स्वस्तिक-नंद्यावर्ताद्यन्यतमोपयोगोपकरण एकक्षेत्रः। तदनेकोपकरणोपयोगोऽनेकक्षेत्रः। त० वा० १, २२, ५ (पृ० ५७)।

६. त० सूत्र १-२३ और षट्खण्डागम सूत्र ५,५,६०-६१ (पु० १३, पृ० ३१८)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

को भी प्रकट किया है।[1]

तत्त्वार्थसूत्र के भाष्यभूत तत्त्वार्थवार्तिक में उपर्युक्त तीन प्रकार के ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय के द्वारा आव्रियमाण तीन प्रकार के ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञान को और छह प्रकार के विपुलमतिमनःपर्ययज्ञानावरणीय के द्वारा आव्रियमाण छह प्रकार के विपुलमतिमनःपर्ययज्ञान को स्पष्ट किया है। साथ ही वहाँ इन दोनों मनःपर्ययज्ञानों के विषयभेद को भी प्रकट किया है।[2]

८. तत्त्वार्थसूत्र में पूर्वोक्त क्रम से उन मति आदि पाँच सम्यग्ज्ञानों का निर्देश करके आगे मति, श्रुत और अवधि ये तीन ज्ञान विपर्यय भी होते हैं, यह स्पष्ट कर दिया गया है।[3]

षट्खण्डागम में इन तीन मिथ्याज्ञानों का उल्लेख पूर्वोक्त पाँच सम्यग्ज्ञानों के साथ ही किया गया है।[4]

यहाँ तत्त्वार्थसूत्र में जहाँ 'ज्ञान' शब्द व्यवहृत हुआ है वहाँ षट्खण्डागम में 'ज्ञानी' शब्द का व्यवहार हुआ है। इस विषय में धवलाकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पर्याय और पर्यायी में कथंचित् अभेद होने से पर्यायी (ज्ञानी) का ग्रहण करने पर भी पर्यायस्वरूप ज्ञान का ही ग्रहण होता है।[5]

९. तत्त्वार्थसूत्र में जीवादि तत्त्वों के अधिगम के कारणभूत प्रमाण और नय में प्रथमतः प्रत्यक्ष-परोक्षस्वरूप प्रमाण का विचार करके तत्पश्चात् नय का निरूपण करते हुए उसके ये सात भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ और एवंभूत (१-३३)।

इस प्रकार षट्खण्डागम में सामान्य से प्रश्न करके उसी सूत्र में उसका उत्तर भी दे दिया गया है। यह अवश्य है कि वहाँ 'अनन्त' के रूप में जो उत्तर दिया गया है उसे स्पष्ट करने के लिए आगे तीन सूत्र (१,२,३-५) और रचे गए हैं। यही पद्धति प्रायः षट्खण्डागम में सर्वत्र रही है। कहीं एक ही प्रश्न के समाधान में वहाँ आवश्यकतानुसार अनेक सूत्र भी रचे गये हैं जैसे—

"सामित्तेण उक्कस्सपदे णाणावरणीयवेयणा दव्वदो उक्कस्सिया कस्स ?"

—सूत्र ४,२,४,६ (पु० १०)

ज्ञानावरणीय के उत्कृष्ट द्रव्यवेदनाविषयक इस प्रश्न के उत्तर में वहाँ उस ज्ञानावरणीय की उत्कृष्ट द्रव्यवेदना के स्वामी गुणितकर्मांशिक के विविध लक्षणों से गर्भित छब्बीस सूत्र (४,२,४,७-३२) रचे गये हैं। यही स्थिति ज्ञानावरणीय के जघन्य द्रव्यवेदनाविषयक प्रश्न के उत्तर की भी रही है। वहाँ पृच्छासूत्र (४,२,४,४८) के समाधान में क्षपित कर्मांशिक के लक्षणों से गर्भित २७ सूत्र (४,२,४,४९-७५) रचे गये हैं। विशेष इतना है कि कहीं-कहीं षट्खण्डागम में प्रश्नोत्तर के बिना भी विवक्षित विषय का विवेचन किया गया है। जैसे— उसके प्रथम खण्ड के अन्तर्गत आठ अनुयोगद्वारों में से प्रथम सत्प्ररूपणा नामक अनुयोग-द्वार में (पु० १)।

यह सब होते हुए भी वहाँ प्रश्नोत्तर पद्धति के स्वरूप में भेद नहीं हुआ है। प्रस्तुत ग्रन्थ की रचना के पूर्व व उस समय भी साधु-संघ में जो तत्त्व का व्याख्यान हुआ करता था उसमें यथावसर शिष्यों के द्वारा प्रश्न और आचार्य अथवा उपाध्याय के द्वारा उनका उत्तर दिया जाता था। इसी पद्धति पर आ० भूतबलि के द्वारा प्रस्तुत षट्खण्डागम की रचना की गई है। इसमें उन्होंने आचार्य धरसेन से प्राप्त महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के ज्ञान को पूर्णतया सुरक्षित रखा है।

परन्तु प्रज्ञापना में उस प्रश्नोत्तर की पद्धति में एकरूपता नहीं रही है। जैसे—

(१) उसके प्रथम 'प्रज्ञापना' पद को ही ले लें। वहाँ सूत्र ३-८१ तक "से किं तं पण्णवणा, से किं तं अजीवपण्णवणा" इत्यादि प्रकार से सामान्यरूप में प्रश्न उठाया गया है और तदनुसार ही उत्तर दिया गया है, वहाँ विशेषरूप में गौतम के द्वारा प्रश्न और भगवान् महावीर के द्वारा उत्तर की अपेक्षा नहीं की गई है।

(२) आगे वहीं पर सूत्र ८२ में सामान्य से प्रश्न इस प्रकार किया गया है—"से किं तं आसालिया ? कहिं णं भंते ! आसालिया सम्मुच्छति ?"

इसका उत्तर 'गोयमा !' इस प्रकार से गौतम को सम्बोधित करते हुए दिया गया है व अन्त में उसे समाप्त करते हुए यह कह दिया गया है—"से तं आसालिया।"

इस प्रकार से यहाँ प्रथमतः भगवान् महावीर को सम्बोधित न करके सामान्य से ही

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

आसालिया का स्वरूपविषयक प्रश्न किया गया है और तत्पश्चात् वहीं श्रमण महावीर को 'भंते' इस रूप में सम्बोधित करते हुए आसालिया के विषय में यह पूछा गया है कि वह सम्मूर्च्छनजन्म से कहाँ उत्पन्न होती है। उत्तर 'गोयमा' इस प्रकार के सम्बोधन के साथ दिया गया है।

इस प्रकार यहाँ प्रश्न के दो रूप हो गये हैं—एक किसी व्यक्ति विशेष को लक्ष्य न करके सामान्य रूप से और दूसरा महावीर को लक्ष्य करके विशेष रूप से।

(३) पश्चात् सूत्र ८३-९२ में पूर्ववत् सामान्य रूप में ही प्रश्नोत्तर की स्थिति रही है, पर आगे सूत्र ९३ में पुनः ८२ वें सूत्र के समान प्रश्न के दो रूप हो गये हैं—

"से किं तं सम्मुच्छिममणुस्सा ? कहिं णं भंते ! सम्मुच्छिममणुस्सा सम्मुच्छंति ? गोयमा ! ·····से तं सम्मुच्छिममणुस्सा।"

आगे प्रकृत प्रथम 'प्रज्ञापना' पद के अन्त (१४७) तक तथा दूसरे 'स्थान' पद में भी पूर्ववत् सामान्यरूप में ही प्रश्नोत्तर की अवस्था रही है।

(४) तीसरे 'बहुवक्तव्य' पद के अन्तर्गत २६ द्वारों से प्रथम 'दिशा' द्वार में (सूत्र २१३-२४) में प्रश्नोत्तर की पद्धति नहीं रही है। वहाँ "**दिसाणुवाएणं** सव्वत्थोवा जीवा पच्चत्थिमेणं·····"इत्यादि रूप से सामान्य जीवों, पृथिवीकायिकादिकों, नारक-देवादिकों और अन्त में सिद्धों के अल्पबहुत्व को दिशाविभाग के अनुसार दिखलाया गया है।

यहाँ यह स्मरणीय है कि जिस प्रकार षट्खण्डागम में '**गदियाणुवादेण**' (सूत्र १,१,२४), '**इंदियाणुवादेण**' (सूत्र १,१,३३) इत्यादि प्रकार से प्रकरण का निर्देश करते हुए तदनुसार वहाँ प्रतिपाद्य विषय का निरूपण किया गया है उसी प्रकार से प्रज्ञापना के इस द्वार में भी सर्वत्र (सूत्र २१३-२४) '**दिसाणुवाएणं**' या '**दिसाणुवादेण**' इस प्रकार से प्रकरण का स्मरण कराते हुए उपर्युक्त जीवों में उस अल्पबहुत्व का विचार किया गया है।

(५) आगे इसी तीसरे पद में 'गति' द्वार से लेकर २३वें 'जीव' द्वार (सूत्र २२५-७५) तक गति आदि प्रकरणविशेष का प्रारम्भ में स्मरण न कराकर गौतम-महावीर कृत प्रश्नोत्तर के रूप में प्रकृत अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है।

(६) यहीं पर आगे २४वें 'क्षेत्र' द्वार में पुनः '**खेत्ताणुवाएणं**' इस प्रकार से प्रकरण का स्मरण कराते हुए क्षेत्र के आश्रय से प्रकृत अल्पबहुत्व का विचार किया गया है व प्रश्नोत्तर-पद्धति का अनुसरण नहीं किया गया है (सूत्र २७६-३२४)।

(७) तत्पश्चात् २५वें 'बन्ध' द्वार (सूत्र ३२५) में गौतम के प्रश्न और भगवान् महावीर के उत्तर के रूप में 'बन्ध' प्रकरण का स्मरण न कराकर बन्धक-अबन्धक के साथ पर्याप्त-अपर्याप्त एवं सुप्त-जागृत आदि जीवों में अल्पबहुत्व का विचार किया गया है।

(८) अनन्तर २६ वें 'पुद्गल' द्वार में '**खेत्ताणुवाएणं**' व '**दिसाणुवाएणं**' ऐसा निर्देश करते हुए पुद्गलों (सूत्र ३२६-२७) और द्रव्यों (सूत्र ३२८-२९) के अल्पबहुत्व को प्रकट किया गया है।

(९) आगे सूत्र ३३०-३३ में गौतमकृत प्रश्न और महावीर द्वारा दिये गए उत्तर के रूप में विविध पुद्गलों के अल्पबहुत्व को दिखलाया गया है।

(१०) प्रकृत 'बहुवक्तव्य' द्वार के अन्तिम 'महादण्डक' द्वार को प्रारम्भ करते हुए यह सूचना की गई है—"**अह भंते ! सव्वजीवप्पबहुं महादंडयं वत्तइस्सामि।**"

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

यहाँ 'भंते' यह संबोधन किसके लिए व किसके द्वारा किया गया है तथा 'वत्तइस्सामि' क्रिया का कर्ता कौन है, यह विचारणीय है। क्या गौतम गणधर भगवान् महावीर को सम्बोधित कर उस महादण्डक के कहने की प्रतिज्ञा कर रहे हैं अथवा प्रज्ञापनाकार ही अपने बहुमान्य गुरु आदि को सम्बोधित कर उक्त महादण्डक के कहने की प्रतिज्ञा कर रहे हैं? वाक्य विन्यास कुछ असंगत-सा दिखता है।

(११) शेष पदों में प्रायः प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा गौतम के प्रश्न और भगवान् महावीर के उत्तर के रूप में ही की गई है है। अपवाद के रूप में एक सूत्र और (१०८६वाँ) भी देखा जाता है। वहाँ सामान्य से प्रश्न इस प्रकार किया गया है—

"से किं तं पओगगती? पओगगती पण्णरसविहा पण्णत्ता। तं जहा···।"

इस विवेचन से स्पष्ट है कि प्रज्ञापना में प्रश्नोत्तर की पद्धति समान रूप में नहीं रही है।

षट्खण्डागम और प्रज्ञापना में प्राचीन कौन?

महावीर जैन विद्यालय, बम्बई से प्रकाशित प्रज्ञापना के संस्करण की प्रस्तावना में प्रज्ञापना को षट्खण्डागम की अपेक्षा प्राचीन ठहराया गया है।[1] इसके लिए वहाँ जो कारण दिए गए हैं उनके विषय में यद्यपि स्व० डॉ० हीरालाल जी जैन और डॉ० आ० ने० उपाध्ये के द्वारा षट्खण्डागम पु० १ की प्रस्तावना मे विचार किया जा चुका है,[2] फिर भी प्रसंग पाकर यहाँ भी उसके विषय में कुछ विचार कर लिया जाए—

१. उक्त प्रज्ञापना की प्रस्तावना में यह कहा गया है कि षट्खण्डागम में अनुयोगद्वार और निर्युक्ति की पद्धति से प्रतिपाद्य विषय को अनुयोगद्वारों में विभाजित कर निक्षेप आदि के आश्रय से उसकी व्याख्या की गई है। वहाँ अनुगम, संतपरूवणा, णिद्देस और विहासा जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया है। किन्तु प्रज्ञापना में ऐसा नहीं किया गया, वह मौलिक सूत्र के रूप में देखा जाता है। इससे सिद्ध है कि षट्खण्डागम प्रज्ञापना से पीछे रचा गया या संकलित किया गया है।

यहाँ हम यह देखना चाहेंगे कि भगवान् महावीर के द्वारा अर्थरूप से उपदिष्ट और गौतम गणधर के द्वारा ग्रन्थ रूप से ग्रथित जिस मौलिक श्रुत की परम्परा पर ये दोनों ग्रन्थ आधारित हैं उस मौलिक श्रुत का क्या स्वरूप रहा है। यहाँ हम आचारादि प्रत्येक अंगग्रन्थ को न लेकर उस चौथे समवायांग के स्वरूप पर विचार करेंगे जिसका उपांग उस प्रज्ञापनासूत्र को माना जाता है। नन्दिसूत्र में समवायांग का स्वरूप इस प्रकार कहा गया है—

समवायांग में जीव, अजीव, जीव-अजीव; लोक, अलोक, लोकालोक; स्वसमय, परसमय और स्वसमय-परसमय; इनका संक्षेप किया जाता है। उसमें एक को आदि लेकर उत्तरोत्तर एक-एक अधिक के क्रम से वृद्धिगत सौ भावों की प्ररूपणा की जाती है। द्वादशांगरूप गणिपिटक के पल्लवाग्रों को संक्षिप्त किया जाता है। उसमें परीत वाचनाएँ, संख्यात अनुयोगद्वार, संख्यात वेढा, संख्यातश्लोक, संख्यात निर्युक्तियाँ, संख्यात प्रतिपत्तियाँ और संख्यात संग्रहणियाँ

---

१. गुजराती प्रस्तावना में 'प्रज्ञापना और षट्खण्डागम' शीर्षक। पृ० १६-२२

२. ष० ख० पु० १ (द्वि० आवृत्ति) के 'सम्पादकीय' में 'षट्खण्डागम और प्रज्ञापनासूत्र' शीर्षक। पृ० ६-१३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

हैं। आगे जाकर उसके पदों का प्रमाण एक लाख चवालीस हजार बतलाया गया है (नन्दि-सूत्र ९०)। धवला में उसके पदों का प्रमाण एक लाख चौंसठ हजार बतलाया गया है। (पु०१, पृ० १०१)

धवला में आगे मध्यम पद के रूप में प्रसिद्ध उन पदों में प्रत्येक पद के अक्षरों का प्रमाण एक प्राचीन गाथा को उद्धृत कर उसके आश्रय से सोलह सौ चौंतीस करोड़ तेरासी लाख सात हजार आठ सौ अठासी (१६३४,८३,०७,८८८) निर्दिष्ट है। (पु० १३, पृ० २६६)

उपर्युक्त समवायांग के लक्षण से यह स्पष्ट है कि भगवान् महावीर के द्वारा अर्थरूप से प्ररूपित और गौतमादि गणधरों के द्वारा सूत्र रूप में ग्रथित प्रकृत समवायांग में परीत वाचनाएँ और **संख्यात अनुयोगद्वार** आदि रहे हैं। उसके पदों का प्रमाण एक लाख चवालीस हजार (१४४०००) रहा है।[1]

अब विचार करने की बात है कि जब मूल अंगग्रन्थों में अनुयोगद्वार रहे हैं तब षट्खण्डागम में अनुयोगद्वारों का निर्देश करके प्रतिपाद्य विषय का वर्गीकरण करते हुए यदि कृति व वेदना आदि शब्दों की व्याख्या निक्षेप व नयों के आधार से की गई है तो इससे उसकी प्राचीनता कैसे समाप्त हो जाती है?

प्रज्ञापना में यदि वैसे अनुयोगद्वार नहीं हैं तथा वहाँ यदि नय व निक्षेप आदि के आश्रय से विशिष्ट शब्दों की व्याख्या नहीं की गई है तो यह उसकी प्राचीनता का साधक नहीं हो सकता। किन्तु वहाँ अनुयोगद्वार आदि न होने के अन्य कारण हो सकते हैं, जिन्हें आगे स्पष्ट किया जाएगा।

भगवान् महावीर के द्वारा उपदिष्ट और गौतमादि गणधरों द्वारा ग्रथित उसी मौलिक श्रुत की परम्परा के आश्रय से षट्खण्डागम और प्रज्ञापना दोनों ग्रन्थों की रचना हुई है। इसका उल्लेख दोनों ग्रन्थों में किया गया है। यथा—

बारहवें दृष्टिवाद अंग का चौथा अर्थाधिकार 'पूर्वगत' है। वह उत्पादादि के भेद से चौदह प्रकार का है। उनमें दूसरा **अग्रायणीय** पूर्व है। उसके अन्तर्गत चौदह 'वस्तु' अधिकारों में पाँचवाँ **चयनलब्धि** अधिकार है। उसके अन्तर्गत बीस प्राभृतों में चौथा **'कर्मप्रकृतिप्राभृत'** है। वह अविच्छिन्न परम्परा से आता हुआ धरसेनाचार्य को प्राप्त हुआ, जिसे उन्होंने गिरिनगर की चन्द्रगुफा में आचार्य पुष्पदन्त और भूतबलि को पूर्णतया समर्पित कर दिया। आचार्य भूतबलि ने श्रुत-नदी के प्रवाह के व्युच्छिन्न हो जाने के भय से उस महाकर्मप्रकृतिप्राभृत का उपसंहार कर छह खण्ड किये—षट्खण्ड स्वरूप प्रस्तुत षट्खण्डागम की रचना की। यह षट्खण्डागम की रचना का इतिहास है।[2]

उधर प्रज्ञापना में इस सम्बन्ध में इतना मात्र कहा गया है कि भगवान् जिनेन्द्र ने समस्त भावों की प्रज्ञापना दिखलायी है। भगवान् ने **दृष्टिवाद** से निकले हुए श्रुत-रत्नस्वरूप इस

---

१. यह केवल समवायांग के ही स्वरूप के प्रसंग में नहीं कहा गया है, अन्य आचारादि अंगों में भी इसी प्रकार परीत वाचनाओं और संख्यात अनुयोगद्वारों आदि के रहने का उल्लेख है। देखिए नन्दिसूत्र ८७-९८

२. ष० ख० सूत्र ४,१,४५ (पु० ९, पृ० १३४) तथा धवला पु० ९, पृ० १२६-३४ में ग्रन्थ-कर्त्ता की प्ररूपणा। धवला पु० १, पृ० ६०-७६ व आगे पृ० १२३-३० भी द्रष्टव्य हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

चित्र अध्ययन का जिस प्रकार से वर्णन किया है मैं भी उसी प्रकार से वर्णन करूँगा।[1] दृष्टिवाद के पाँच भेदों में से किस भेद से उक्त प्रज्ञापना अध्ययन निकला है[2], इसकी कुछ विशेष सूचना वहाँ नहीं की गई है, जैसी कि उसकी स्पष्ट सूचना षट्खण्डागम में की गई है।

षट्खण्डागम के समान नन्दिसूत्र में भी दृष्टिवाद के ये पाँच भेद निर्दिष्ट किये गये हैं— (१) परिकर्म, (२) सूत्र, (३) पूर्वगत, (४) अनुयोग और (५) चूलिका। विशेषता इतनी रही है कि ष०ख० में जहाँ तीसरा भेद 'प्रथमानुयोग' निर्दिष्ट किया गया है वहाँ नन्दिसूत्र में चौथा भेद 'अनुयोग' कहा गया है।[3] तीसरे चौथे भेद में क्रम-व्यत्यय है।

इस प्रकार नन्दिसूत्र में निर्दिष्ट समवायांग के स्वरूप को देखते हुए वर्तमान में उपलब्ध 'समवायांग' ग्रन्थ को मौलिक ग्रन्थ नहीं कहा जा सकता है। कारण यह कि उसमें न तो परीत वाचनाएँ हैं और न संख्यात अनुयोगद्वार आदि भी हैं। उसके पदों का प्रमाण भी उतना (१४४०००) सम्भव नहीं है। वह तो वर्तमान में उपलब्ध आचारांग ग्रन्थ से भी, जिसके पदों का प्रमाण नन्दिसूत्र (८७) में केवल १८००० हजार ही निर्दिष्ट किया गया है, ग्रन्थ-प्रमाण में हीन है। उसका संकलन देवर्द्धि गणि क्षमाश्रमण (विक्रम सं० ५१०-५२३ के लगभग) के तत्त्वावधान में सम्पन्न हुई वलभी वाचना के पश्चात् किया गया है। उसके उपांगभूत प्रज्ञापना की रचना उसके बाद ही सम्भव है।

मौलिक श्रुत का वह प्रवाह भगवान् महावीर और गौतम गणधर से प्रवाहित होकर अविच्छिन्न धारा के रूप में आचार्य भद्रबाहु तक चला आया। आ० भद्रबाहु ही ऐसे एक श्रुत-केवली हैं जिन्हें दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों ही परम्पराओं में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है। वे द्वादशांग श्रुत के पारंगत रहे हैं। उनके समय में ही वह अखण्ड श्रुत का प्रवाह दो धाराओं में संकुचित हो गया था। जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, दिगम्बर मुनिजन उस श्रुत को उत्तरोत्तर लुप्त होता मानते रहे हैं। इस प्रकार क्रमशः उत्तरोत्तर श्रुत के हीन होते जाने पर जो उसके एक देशरूप महाकर्मप्रकृतिप्राभृत आचार्य भूतबलि को प्राप्त हुआ उसका उपसंहार कर उन्होंने अपने बुद्धिबल से गुणस्थान और मार्गणाओं के आश्रय से प्रतिपाद्य विषय-को यथासम्भव अनुयोगद्वारों में विभक्त किया और नय-निक्षेप के अनुसार उसका योजनाबद्ध सुव्यवस्थित व्याख्यान किया है। इससे आ० पुष्पदन्त के साथ उनके द्वारा विरचित षट्खण्डागम में व्याख्येय विषय के विवेचन में कहीं कुछ अव्यवस्था नहीं हुई है।

इसके विपरीत श्वेताम्बर मुनिजन वर्तमान में उपलब्ध अंगश्रुत में बँधकर उसी के संरक्षण व संवर्धन में लगे रहे, अपने बुद्धिबल से उन्होंने उसका क्रमबद्ध व्यवस्थित व्याख्यान नहीं किया।

---

१. सुय-रयणनिहाणं जिणवरेण भवियजणणिव्वुइकरेण।
उवदंसिया भगवया पण्णवणा सव्वभावाणं॥
अज्झयणमिणं चित्तं सुय-रयणं दिट्ठिवायणीसंदं।
जह वण्णियं भगवया अहमवि तह वण्णइस्सामि॥ —प्रज्ञापना गा० २-३

२. प्रस्तावना के लेखक भी इस विषय में कुछ निर्णय नहीं कर सके हैं। गुजराती प्रस्तावना पृ० ६

३. ष० ख० (धवला) पु० १, पृ० १०६ तथा पु० ६, पृ० २०५ और नन्दिसूत्र ६८; नन्दि-सूत्र (११०) में अनुयोग के दो भेद निर्दिष्ट हैं— मूलप्रथमानुयोग और गण्डिकानुयोग।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इससे प्रतिपाद्य विषय के विवेचन में क्रमबद्धता नहीं रही व अव्यवस्था भी हुई है। प्रज्ञापना को इसी कोटि का ग्रन्थ समझना चाहिए। यही कारण है कि प्रज्ञापना में प्रतिपाद्य विषय का ठीक से वर्गीकरण न करके उसका व्याख्यान अथवा संकलन किया गया है। उसमें विवक्षित विषय का विवेचन क्रमबद्ध व व्यवस्थित नहीं हो सका है।

जिन ग्रन्थकारों ने उपलब्ध श्रुत की सीमा में न बँधकर अपनी प्रतिभा के बल पर नवीन शैली में प्रतिपाद्य विषय का व्याख्यान किया है उनके द्वारा रचे गये ग्रन्थों में कहीं कोई अव्यवस्था नहीं हुई है। इसके लिए 'जीवसमास' का उदाहरण है। उसमें समस्त गाथाओं की संख्या केवल २८६ है। वहाँ जो विवक्षित विषय का व्याख्यान किया गया है वह क्रमबद्ध व अतिशय व्यवस्थित रहा है। वहाँ प्रारम्भ में ही विवक्षित जीवसमासों को निक्षेप, नय, निरुक्ति तथा छह अथवा आठ अनुयोगद्वारों से अनुगन्तव्य कहा गया है और तत्पश्चात् चौदह गुण-स्थानों और मार्गणाओं के नामनिर्देशपूर्वक सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों में क्रम से गति-इन्द्रियादि मार्गणाओं[1] के आश्रय से उन जीवसमासों की प्ररूपणा की गई है। उसकी बहु-अर्थ-गर्भित उस संक्षिप्त प्ररूपणा को देखकर आश्चर्य उत्पन्न होता है।

जीवसमास के अन्तर्गत २७-२८, २९ का पूर्वार्ध और उसी २९ का उत्तरार्ध ये गाथाएँ प्रज्ञापना में क्रम से ८-९, १० का पूर्वार्ध और ११ का उत्तरार्ध इन गाथांकों में उपलब्ध होती हैं। दोनों ग्रन्थों में इन गाथाओं के द्वारा पृथिवीभेदों का उल्लेख किया गया है। यह यहाँ स्मरणीय है कि जीवसमास ग्रन्थ में जहाँ पृथिवी के ३६ भेदों का उल्लेख है वहाँ प्रज्ञापना में उसके ४० भेदों का उल्लेख किया गया है। इससे दोनों ग्रन्थगत इस प्रसंग की अन्य गाथाओं में कुछ भेद हो गया है। आगे प्रज्ञापना में जीवसमास की अपेक्षा अप्कायिकादिकों के भेदों को भी विकसित कर उनका उल्लेख वहाँ अधिक संख्या में किया गया है।[2]

आगे जीवसमास की गाथा ३५ का भी प्रज्ञापनागत गाथा १२ से मिलान किया जा सकता है, दोनों में पर्याप्त शब्दसाम्य है। विशेषता यह है कि प्रज्ञापना में वनस्पतिकायिकभेदों को अधिक विकसित किया गया है।

जीवसमासगत विषय-विवेचन की शैली, रचनापद्धति और संक्षेप में अधिक अर्थ की प्ररूपणाविषयक पटुता को देखते हुए यह निश्चित प्रतीत होता है कि वह किसी अनिर्ज्ञात बहुश्रुतशाली प्राचीन आचार्य के द्वारा रचा गया है व सम्भवतः प्रज्ञापना से प्राचीन है।

तत्त्वार्थाधिगमसूत्र में प्रथम अध्याय के अन्तर्गत सूत्र ७ और ८ की आधारभूत कदाचित् जीवसमास की ये गाथाएँ हो सकती हैं—

किं कस्स केण कत्थ व केवचिरं कइविहो उ भावो त्ति।
छह अणुयोगद्दारेहिं सव्वे भावाऽणुगंतव्वा ॥४॥
संतपयपरूवणया दव्वपमाणं च खित्त-फुसणा य।
कालंतरं च भावो अप्पाबहुअं च दाराइं ॥५॥

प्रज्ञापना की रचना तो सम्भवतः सर्वार्थसिद्धि और तत्त्वार्थाधिगमभाष्य के पश्चात् हुई है। कारण यह है कि सर्वार्थसिद्धि में अंगबाह्य श्रुत के प्रसंग में दशवैकालिक और

---

१. जीवसमास, गाथा २-६

२. जीवसमास गाथा ३१, ३२,३३ और प्रज्ञापनासूत्र २८ (१), ३१ (१) व ३४ (१)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उत्तराध्ययन का तो उल्लेख किया गया है, पर प्रज्ञापना का कहीं उल्लेख नहीं किया गया।[1] इसी प्रकार त० भाष्य में भी उसी अंगबाह्य श्रुत के प्रसंग में सामायिकादि छह आवश्यकों, दशवैकालिक, उत्तराध्याय, दशाश्रुत, कल्प, व्यवहार, निशीथ और ऋषिभाषित का तो उल्लेख है, पर प्रज्ञापना का वहाँ भी उल्लेख नहीं किया गया।[2]

यह भी ध्यातव्य है कि इसी प्रसंग में आगे त० भाष्य में 'उपांग'[3] का भी निर्देश किया गया है। यह पूर्व में कहा जा चुका है कि प्रज्ञापना को चौथा उपांग माना जाता है। ऐसी स्थिति में यदि 'प्रज्ञापना' ग्रन्थ तत्त्वार्थाधिगमभाष्यकार के समक्ष रहा होता तो कोई कारण नहीं कि वे दशवैकालिकादि के साथ प्रज्ञापना का भी उल्लेख न करते।

२. षट्खण्डागम में यदि प्रत्येक मार्गणा के प्रारम्भ में '**गदियाणुवादेण**', '**इंदियाणुवादेण**, '**कायाणुवादेण** इत्यादि शब्दों का निर्देश करते हुए प्रकरण के प्रारम्भ करने की सूचना की गई है तो प्रज्ञापना में भी '**दिसाणुवाएण**' और '**खेत्ताणुवाएण**'[4] इन शब्दों के द्वारा दिशा और क्षेत्र के आश्रय से अल्पबहुत्व के कथन की सूचना की गई है। 'बहुवक्तव्य' पद के अन्तर्गत २७ द्वारों में दिशा (१) और क्षेत्र (२४) द्वारों को छोड़कर यदि अन्य गति आदि द्वारों में वहाँ इस 'गइअणुवाएणं' आदि की प्रक्रिया का आश्रय नहीं लिया गया है तो यह षट्खण्डागम की अपेक्षा उस प्रज्ञापना की प्राचीनता का साधक तो नहीं हो सकता, बल्कि इससे तो प्रज्ञापना में विषय विवेचन की पद्धति में विरूपता ही सिद्ध होती है। समरूपता तो उसमें तभी सम्भव थी, जब उन सब द्वारों में से किसी भी द्वार में वैसे शब्दों का उपयोग न किया जाता या फिर 'दिशा' और 'क्षेत्र' द्वारों के समान अन्य द्वारों में भी प्रसंग के अनुरूप वैसे शब्दों का उपयोग किया जाता।

यहाँ एक विशेषता और भी देखी गई है। वह यह कि सूत्र २१६ (१-८) में दिशाक्रम से सामान्य नारकों और फिर क्रम से सातों पृथिवियों के नारकों के अल्पबहुत्व को दिखलाकर आगे सूत्र २१७ (१-६) में 'दिसाणुवाएणं' शब्द का निर्देश न करके क्रम से दक्षिणदिशागत सातवीं आदि पृथिवियों के नारकों से छठी आदि पृथिवियों के नारकों के अल्पबहुत्व को प्रकट किया गया है, किन्तु वहाँ पूर्वादि दिशागत सातवीं आदि पृथिवियों के नारकों से छठी आदि पृथिवियों के नारकों के अल्पबहुत्व को नहीं प्रकट किया गया है। इस प्रकार से यहाँ प्रकृत अल्पबहुत्व की प्ररूपणा अधूरी रह गई है।

इसके अतिरिक्त यहाँ जीवभेदों में जिन जीवों का उल्लेख किया गया है उन सब में यदि

---

१. "अङ्गबाह्यमनेकविधं **दशवैकालिकोत्तराध्ययनादि**। × ×आरातीयैः पुनराचार्यैः काल-दोषात् संक्षिप्तायुर्मतिबलशिष्यानुग्रहाय **दशवैकालिकाद्युपनिबद्धम्**, तत्प्रमाणमर्थतस्तदेवेद-मिति क्षीरार्णवजलं घटगृहीतमिव।" —स०सि० १-२०

२. "अङ्गबाह्यमनेकविधम्। तद्यथा—सामायिकं चतुर्विंशतिस्तवो वन्दनं प्रतिक्रमणं काय-व्युत्सर्गः प्रत्याख्यानं दशवैकालिकं उत्तराध्यायाः दशाः कल्प-व्यवहारौ निशीथमृषिभाषि-तान्येवमादि।" —त० भाष्य १-२०

३. "तस्य च महाविषयत्वात् तांस्तानर्थानधिकृत्य प्रकरणसमाप्त्यपेक्षमङ्गोपाङ्गनानात्वम्।" —त० भाष्य १-२०

४. प्रज्ञापनासूत्र २१३-२४, २७६-३२४ व ३२६-२६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई होती तो उसे परिपूर्ण कहा जाता। किन्तु वहाँ वैसा नहीं हुआ। उदाहरणार्थ, मनुष्यों को ले लीजिए। सूत्र २१६ में मनुष्यों के अल्पबहुत्व दिखलाते हुए वहाँ इतना मात्र कहा गया है—

'दिशा के अनुवाद से मनुष्य दक्षिण-उत्तर की ओर सबसे स्तोक हैं, उनसे पूर्व की ओर संख्यातगुणे हैं, उनसे पश्चिम की ओर विशेष अधिक हैं।'

यह स्मरणीय है कि वहाँ मनुष्यजीवप्रज्ञापना में मनुष्यों के अनेक भेदों का उल्लेख किया गया है (सूत्र ९२-१३८)। उन सब में विशेष रूप से उस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा क्यों नहीं की गई?

इसी प्रकार से आगे सूत्र २२० आदि में सामान्य से ही भवनवासी व वानव्यन्तर देवादि के अल्पबहुत्व दिखलाया गया है, जब कि पीछे प्रज्ञापना (सूत्र १४० आदि) में उनके-अनेक भेदों का उल्लेख हुआ है। स्थान भी उनके पृथक्-पृथक् दिखलाये गये हैं (सूत्र १७७-८७) आदि।

इस प्रकार इस **'बहुवक्तव्य'** पद में केवल जीवों के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गई है, वह भी कुछ अपूर्ण ही रही है।

३. षट्खण्डागम (पु० १४) में शरीरिशरीर प्ररूपणा के प्रसंग में **"तत्थ इमं साहारण-लक्खणं भणिदं"** (सूत्र १२१) ऐसी सूचना करते हुए आगे तीन (१२२-२४) गाथाओं को उद्धृत किया गया है। ये तीनों गाथाएँ विपरीत क्रम (९९,१००,१०१) से प्रज्ञापना में भी उपलब्ध होती हैं। उपर्युक्त सूत्र में 'यह साधारण जीवों का लक्षण कहा गया है' ऐसी सूचना करते हुए षट्खण्डागमकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ये परम्परागत गाथाएँ हैं।

यदि प्रज्ञापना में वैसी कुछ सूचना न करके उन गाथाओं को ग्रन्थ में आत्मसात् किया गया है तो वे गाथाएँ प्रज्ञापनाकार के द्वारा रची गई हैं, यह तो सिद्ध नहीं होता। वे गाथाएँ निश्चित ही प्राचीन व परम्परागत हैं। ऐसी परम्परागत बहुत-सी गाथाएँ प्रज्ञापना के अन्तर्गत हैं जो उत्तराध्ययन एवं आचारांग व दशवैकालिक आदि निर्युक्तियों में उपलब्ध होती हैं।

षट्खण्डागम गत उन गाथाओं में गाथा १२३ (प्रज्ञापना १००) का पाठ अवश्य कुछ दुरूह है, जबकि प्रज्ञापना में उसी का पाठ सुबोध है। इससे इतना तो स्पष्ट है कि वह परम्परागत गाथा षट्खण्डागमकार को उसी रूप में प्राप्त हुई है, भले ही उसका पाठ कुछ अव्यवस्थित या अशुद्ध रहा हो। इससे यह भी स्पष्ट हो जाता है कि षट्खण्डागमकार के समक्ष प्रकृत प्रज्ञापना ग्रन्थ नहीं रहा, अन्यथा वे उसे वहाँ देखकर उसका पाठ तदनुसार ही प्रस्तुत कर सकते थे।

यह भी सम्भव है कि षट्खण्डागमकार को तो उक्त गाथा का पाठ कुछ भिन्न रूप में उपलब्ध हुआ हो और तत्पश्चात् धवलाकार के पास तक आते आते वह कुछ भ्रष्ट होकर उन्हें उस रूप में प्राप्त हुआ हो। इस प्रकार जिस रूप में उन्हें वह प्राप्त हुआ, उसी की संगति धवला में बैठाने का उन्होंने प्रयत्न किया हो। इससे यह भी निश्चित प्रतीत होता है कि धवलाकार के समक्ष भी वह प्रज्ञापना ग्रन्थ नहीं रहा, अन्यथा वे उससे उक्त गाथा के उस सुबोध पाठ को ले लेते और तब वैसी कष्टप्रद संगति को बैठाने का परिश्रम नहीं करते।[1]

---

१. धवला पु० १४, पृ० २२८-२९

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

धवलाकार के समक्ष प्रज्ञापना के न रहने का दूसरा भी एक कारण है। वह यह कि श्रुतावतार के प्रसंग में अंगबाह्य या अनंगश्रुत के चौदह भेदों का उल्लेख करते हुए धवला में जहाँ दशवैकालिक, उत्तराध्ययन और निशीथ जैसे ग्रन्थों का उल्लेख किया गया है वहाँ प्रज्ञापना के समक्ष रहते हुए भी उसका उल्लेख न किया जाय; यह कैसे सम्भव है? यदि धवलाकार प्रज्ञापना से परिचित रहे होते वे वहाँ दशवैकालिक आदि के साथ उसका भी उल्लेख अवश्य करते।[1]

उन तीन गाथाओं में षट्खण्डागमगत गाथा १२४ और प्रज्ञापनागत गाथा ६६, दोनों एक ही हैं। उसमें जो 'समगं च अणुग्गहणं' और 'समयं आणुग्गहणं' यह पाठभेद है उसका कुछ विशेष महत्त्व नहीं है। ष० ख० में उसके पाठभेद में जो 'च' है वह समुच्चय का बोधक होने से सार्थक ही दिखता है। प्रज्ञापनागत पाठभेद में यदि 'च' नहीं रहा तो वहाँ छन्द की दृष्टि से 'अ' के स्थान में 'आ' का उपयोग करना पड़ा है।

४. ष० ख० में 'महादण्डक' शब्द का उपयोग सात स्थलों में किया गया है[2], जबकि प्रज्ञापना में 'महादण्डक' शब्द का उपयोग एक ही स्थान में किया गया है। उसकी सूचना ष० ख० में प्रायः सर्वत्र 'कादव्वो भवदि' या 'कायव्वो भवदि' के रूप में की गई है। पर प्रज्ञापना (सूत्र ३३४) में उसका निर्देश 'वत्तइस्सामि' इस भविष्यत्कालीन क्रियापद के साथ किया गया है।

ष० ख० में वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत 'बन्धन' अनुयोगद्वार में बन्धक जीवों की प्ररूपणा करते हुए "गति के अनुवाद से नरकगति में नारक बन्धक हैं, तिर्यंच बन्धक हैं, देव बन्धक हैं, मनुष्य बन्धक भी हैं और अबन्धक भी हैं, तथा सिद्ध अबन्धक हैं, इस प्रकार क्षुद्रकबन्ध (द्वि० खण्ड) के ग्यारह अनुयोगद्वारों की यहाँ प्ररूपणा करना चाहिए" ऐसी सूचना करते हुए आगे यह भी कह दिया गया है कि "इस प्रकार से महादण्डक की भी प्ररूपणा करना चाहिए"[3]। (पु० १४, सूत्र ६६-६७)

यह संकेत उसी महादण्डक की ओर किया गया है, जिसका उल्लेख प्रज्ञापना की प्रस्तावना (पृ० १८) में किया गया है।

५. ष० ख० में द्वि० खण्ड क्षुद्रकबन्ध के अन्तर्गत ग्यारह अनुयोगद्वारों में जो छठा क्षेत्रानुगम और सातवाँ स्पर्शनानुगम अनुयोगद्वार हैं उनमें क्रम से जीवों के वर्तमान निवास रूप क्षेत्र

---

१. अंगबाहिरस्स चोद्दस अत्थाहियारा। तं जहा—सामाइयं चउवीसत्थओ वंदणापडिकमणं वेणइयं किदियम्मं दसवेयालियं उत्तरज्झयणं कप्पववहारो कप्पाकप्पियं महाकप्पियं पुंडरीयं महापुंडरीयं णिसिहियं चेदि।" —धवला पु० १, पृ० ९६ तथा पु० ९, पृ० १८७-८८ (त०भाष्य में निर्दिष्ट अंगबाह्य के अनेक भेदों में जिनका उल्लेख किया गया है उनमें प्रारम्भ के चार तथा दशवैकालिक, उत्तराध्ययन और निशीथ ये सात दोनों में समान हैं। धवला में जहाँ 'कप्पववहारो' पाठ है वहाँ त० भाष्य में 'कल्प-व्यवहारौ' पाठ है। श्वे० सम्प्रदाय में कल्पसूत्र और व्यवहारसूत्र ये दो पृथक् ग्रन्थ उपलब्ध हैं)।

२. पु० ६, पृ० १४० व १४२; पु० ७, पृ० ५७५; पु० ११, पृ० ५६; पु० १२, पृ० ४४ व ६५; पु० १४, पृ० ४७ व ५०१

३. महादण्डक के विषय में पीछे तुलनात्मक दृष्टि से पर्याप्त विचार किया जा चुका है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

और कालत्रय सम्बन्धी अवस्थानरूप स्पर्शन की प्ररूपणा की गई है। (पु० ७)

प्रज्ञापना में ३६ पदों के अन्तर्गत जो दूसरा 'स्थान' पद है उसमें एकेन्द्रियों (पृथिवीकायिक आदि), द्वीन्द्रियों, त्रीन्द्रियों, चतुरिन्द्रियों, पंचेन्द्रियों (नारक व तिर्यंच आदि) और सिद्ध जीवों के स्थानों की प्ररूपणा की गई है। यह बहुत विस्तृत है। विस्तार का कारण यह है कि वहाँ स्थानों के प्रसंग में ऐसे अनेक स्थानों को गिनाया गया है जो पर्याप्त नहीं हैं—उनसे भी वे अधिक सम्भव हैं। जैसे—बादर पृथिवीकायिक पर्याप्तकों के स्थानों का निर्देश करते हुए रत्न-शर्करादि आठ पृथिवियों का नामोल्लेख, अधोलोक, पातालों, भवनों, भवनप्रस्तारों, नरकों और नारकश्रेणियों आदि का उल्लेख (सूत्र १४८)। पर इतने स्थानों से भी उनके वे अधिक सम्भव हैं, ऐसी अवस्था में उनकी सीमा का निर्धारण करना संगत नहीं प्रतीत होता। इसके अतिरिक्त यह सूत्रग्रन्थ है और सूत्र का लक्षण है--

अप्पग्गंथमहत्थं बत्तीसादोसविरहियं जं च।
लक्खणजुत्तं सुत्तं अट्ठेहि गुणेहि उववेयं॥ —आव० नि० ८८०

इस सूत्रलक्षण के अनुसार सूत्रग्रन्थ को ग्रन्थप्रमाण से हीन होकर विस्तीर्ण अर्थ से गर्भित होना चाहिए। वह बत्तीस दोषों से रहित होकर लक्षण से युक्त और आठ गुण से सम्पन्न होता है।

इस सूत्र के लक्षण को देखते हुए यहाँ इतना विस्तार अपेक्षित नहीं था, फिर जो विस्तार किया भी गया है वह अपने आप में अपूर्ण भी रह गया है।

आगे सामान्य नारकियों के और फिर विशेष रूप में क्रम से रत्नप्रभादि सातो पृथिवियों के नारकियों के स्थानों की पृथक्-पृथक् चर्चा है जिसमें उनकी बीभत्सता के प्रकट करने में पुनरुक्ति अधिक हुई है। (सूत्र १६८-७४)

इसी प्रकार का विस्तार वहाँ आगे भवनवासी और वानव्यन्तर देवों के स्थानों की भी प्ररूपणा में हुआ है। (सूत्र १७७-९४)

अब तुलनात्मक दृष्टि से ष० ख० में की गई इस स्थानप्ररूपणा पर विचार कीजिये—

(१) वहाँ प्रश्नोत्तरपूर्वक यह कहा गया है कि बादर पृथिवीकायिकों, अप्कायिकों, तेजस्कायिकों, वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीरियों और उन सब अपर्याप्तों का स्थान स्वस्थान की अपेक्षा लोक का असंख्यातवाँ भाग तथा समुद्घात और उपपाद की अपेक्षा सर्वलोक है। (सूत्र २,६,३४-३७ पु० ७)

बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त, बादर अप्कायिक पर्याप्त, बादर तेजस्कायिक पर्याप्त और बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर पर्याप्त जीवों का क्षेत्र स्वस्थान, समुद्घात और उपपाद की अपेक्षा लोक का असंख्यातवाँ भाग है।[1] (सूत्र २,६,३८-३९)

इस प्रकार ष० ख० में उपर्युक्त जीवों के क्षेत्र की प्ररूपणा छह (३४-३९) सूत्रों में ही कर दी गई है। इसमें प्रज्ञापना में निर्दिष्ट वे सब स्थान तो गर्भित हैं ही, साथ ही प्रज्ञापना में अनिर्दिष्ट जो अन्यत्र उनके स्थान सम्भव हैं वे भी उसमें आ जाते हैं।

इस प्रकार विभिन्न मार्गणाओं में जिन जीवों का क्षेत्र समान है उन सबके क्षेत्र की प्ररूपणा ष० ख० में एक साथ कर दी गई है।

---

१. आगे सूत्र २,७,७२-८१ भी द्रष्टव्य हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

(२) इसके पूर्व गतिमार्गणा में सामान्य से देवों के क्षेत्र की प्ररूपणा करते हुए उनका क्षेत्र स्वस्थान, समुद्घात और उपपाद की अपेक्षा लोक का असंख्यातवाँ भाग कहा गया है। (सूत्र २,६,१५-१६)

आगे भवनवासियों से लेकर सर्वार्थसिद्धि विमानवासी देवों तक देवों के क्षेत्रप्रमाण को सामान्य से देवगति (सूत्र २,६,१५-१६) के समान कह दिया गया है। (सूत्र २,६,१७)

इस प्रकार ष० ख० में मार्गणाक्रम से जो उस क्षेत्र की प्ररूपणा की गई है वह प्रज्ञापना की अपेक्षा कितनी क्रमबद्ध, सुगठित, संक्षिप्त और विषय विवेचन की दृष्टि से परिपूर्ण है; यह उपर्युक्त दो उदाहरणों से भलीभाँति समझा जा सकता है।

६. प्रज्ञापना में मंगल के पश्चात् जो दो गाथाएँ उपलब्ध होती हैं वे प्रक्षिप्त हैं। उनकी व्याख्या हरिभद्र सूरि और मलयगिरि सूरि ने की तो है, पर उन्हें प्रक्षिप्त मानकर ही वह व्याख्या उनके द्वारा की गई है। इन गाथाओं में भगवान् आर्यश्याम को नमस्कार किया गया है जिन्होंने श्रुत-सागर से चुनकर शिष्यगण के लिए उत्तम श्रुत-रत्न दिया है। उनमें से पूर्व की गाथा में उन मुनि आर्यश्याम को वाचक वंश से तेईसवीं पीढ़ी का धीर पुरुष निर्दिष्ट किया गया है।[1]

इन प्रक्षिप्त गाथाओं के आधार पर श्यामार्य को प्रज्ञापना का कर्ता माना जाता है। पर मूल ग्रन्थ में कर्ता के रूप में कहीं श्यामार्य का उल्लेख नहीं किया गया है। उन गाथाओं में भी उनके द्वारा उत्तम श्रुत-रत्न के दिये जाने मात्र की सूचना की गई है। पर वह श्रुत-रत्न प्रस्तुत प्रज्ञापना उपांग था, इसे तो वहाँ स्पष्ट नहीं किया गया है—सम्भव है वह दूसरा ही कोई उत्तम ग्रन्थ रहा हो। इस परिस्थिति में प्रक्षिप्त गाथाओं के आधार से भी श्यामार्य को प्रज्ञापना का कर्ता कैसे माना जाय, यह विचारणीय है। हरिभद्र सूरि के द्वारा यदि उन गाथाओं की व्याख्या की गई है तो उससे इतना मात्र सिद्ध होता है कि श्यामार्य हरिभद्र सूरि के समय (८वीं शती) में प्रसिद्ध हो चुके थे, पर वे प्रज्ञापना के कर्ता के रूप में प्रसिद्ध थे, यह सिद्ध नहीं होता।

उन गाथाओं में श्यामार्य को वाचकवंश की तेईसवीं पीढ़ी का जो कहा गया है उसके विषय में यह भी ज्ञातव्य है कि वाचकवंश कब से प्रारम्भ हुआ और उसकी तेईसवीं पीढ़ी कब पड़ी।

इसके विपरीत नन्दिसूत्र की स्थविरावली में श्यामार्य को हारितगोत्रीय कहा गया है।[2] यह परस्पर विरोध क्यों ?

७. प्रज्ञापना की प्राचीनता को सिद्ध करते हुए कहा गया है कि पट्टावलियों में तीन कालकाचार्यों का उल्लेख है। उनमें धर्मसागरीय पट्टावलि के अनुसार एक कालक की मृत्यु वीरनिर्वाण सं० ३७६ में हुई। खरतरगच्छीय पट्टावलि के अनुसार वीरनिर्वाण सं० ३७६ में

---

१. वायगवरवंसाओ तेवीसइएण धीरपुरिसेण।
दुद्धरधरेण मुणिणा पुव्वसुयसमिद्धबुद्धीण ॥
सुय-सागरा विणेऊण सुय-रयणमुत्तमं दिन्नं।
सीसगणस्स भगवओ तस्स नमो अज्जसामस्स ॥ —पक्खित्तं गाहाजुयलं।

२. हारियगोत्तं साइं च वंदिमो हारियं च सामज्जं। —नन्दिसूत्र गाथा २६ पू०।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उनका जन्म हुआ। उनका दूसरा नाम श्यामाचार्य था। दूसरा गर्दभिल्ल का उच्छेदक कालक वीरनिर्वाण सं० ४५३ (विक्रम पूर्व १७) में हुआ और तीसरा वीरनि० सं० ९९३ (वि० सं० ५२३) में हुआ। इनमें प्रथम कालक ही श्यामाचार्य हैं, जिन्होंने प्रज्ञापना की रचना की है।[1]

उनमें 'कालक' और 'श्याम' इन समानार्थक शब्दों के आश्रय से जो कालकाचार्य और श्यामाचार्य को अभिन्न दिखलाया गया है वह काल्पनिक ही है, इसके लिए ठोस प्रमाण कुछ भी नहीं दिया गया है।

दूसरे, इन पट्टावलियों का लेखनकाल भी अनिश्चित है। इसके अतिरिक्त उनमें परस्पर विरोध भी है। इस प्रकार परम्परा के आधार से निगोदव्याख्याता कालकाचार्य को ही श्यामाचार्य मानकर[2] उनके द्वारा विरचित प्रज्ञापना का रचनाकाल वीरनिर्वाण सं० ३३५-७६ (विक्रमपूर्व १३५-९४ व ईसवी पूर्व ७९-३८) मानना संगत नहीं माना जा सकता।

उपसंहार

षट्खण्डागम और प्रज्ञापना ये दोनों सैद्धान्तिक ग्रन्थ हैं, जो समान मौलिक श्रुत की परम्परा के आधार से रचे गये हैं। दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदाय यह स्वीकार करते हैं कि भगवान् महावीर अर्थश्रुत के प्रणेता और गौतमादि गणधर ग्रन्थश्रुत के प्रणेता रहे हैं।[3]

इस प्रकार समान मौलिक परम्परा पर आधारित होने से प्रस्तुत दोनों ग्रन्थों में रचना-शैली, विषयविवेचन की पद्धति और पारिभाषिक शब्दों आदि की समानता का रहना अनिवार्य है। इतना ही नहीं, परम्परागत उस मौलिक श्रुत के आधार से मौखिक रूप में आनेवाली कितनी ही ऐसी गाथाएँ हैं जो दोनों ही ग्रन्थों में यथाप्रसंग समान रूप में देखी जाती हैं। इतना विशेष है कि षट्खण्डागम की अपेक्षा प्रज्ञापना में वे अधिक हैं। उनमें कुछ भाष्यात्मक गाथाएँ भी हैं, जो सम्भवतः ग्रन्थ में पीछे जोड़ी गई हैं। इस प्रकार दोनों ग्रन्थों में अनेक समानताओं के होने पर भी उनकी कुछ अपनी अलग विशेषताएँ भी हैं जैसे—

(१) प्रज्ञापना के प्रारम्भ में मंगल के पश्चात् यह स्पष्ट कहा गया है कि भगवान् जिनेन्द्र ने मुमुक्षुजनों को मोक्षप्राप्ति के निमित्त प्रज्ञापना का उपदेश किया था। परन्तु वर्तमान प्रज्ञापना ग्रन्थ में उस मोक्ष की प्राप्ति को लक्ष्य में नहीं रखा गया दिखता। कारण यह है कि मोक्षप्राप्ति के उपायभूत जो सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र हैं उनका उत्कर्ष गुणस्थानक्रम के अनुसार होता है। परन्तु प्रज्ञापना में उन गुणस्थानों का कहीं कोई विचार नहीं किया गया। इतना ही नहीं, गुणस्थान का तो वहाँ नाम भी दृष्टिगोचर नहीं होता।

इसके विपरीत षट्खण्डागम में, विशेषकर उसके प्रथम खण्ड जीवस्थान में, मिथ्यात्वादि चौदह गुणस्थानों का यथायोग्य गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं के आश्रय से पर्याप्त विचार

---

१. गुजराती प्रस्तावना पृ० २२-२३

२. परम्परा के अनुसार कालकाचार्य को निगोद का व्याख्याता माना जाता है। प्रकृत प्रज्ञापना (सूत्र ५४-५५, गाथा ४७-१०९) में निगोद (साधारणकाय) की विस्तृत प्ररूपणा की गई है। इसी आधार से समानार्थक नामों के कारण सम्भवतः प्रथम कालक और श्यामाचार्य को अभिन्न मान लिया गया है, जिसके लिए अन्य कोई प्रमाण नहीं है।

३. धवला पु० १, पृ० ६०-६१ व ६४-६५ तथा आव० नि० ९२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

किया गया है।

(२) दोनों ग्रन्थों का उद्गम बारहवें दृष्टिवाद अंग से हुआ है, इतना तो दोनों ग्रन्थों से स्पष्ट है। परन्तु आगे जिस प्रकार उस दृष्टिवाद के अन्तर्गत दूसरे अग्रायणीयपूर्व तथा उसके पाँचवें 'वस्तु' अधिकार के अन्तर्गत चौथे कर्मप्रकृतिप्राभृत के साथ षट्खण्डागम में उस परम्परा को प्रकट किया गया है और तदनुसार ही आचार्य पुष्पदन्त और भूतबलि का उसके कर्ता के रूप में उल्लेख हुआ है उस प्रकार प्रज्ञापना में वह आगे की परम्परा दृष्टिगोचर नहीं होती। वहाँ दृष्टिवाद के अन्तर्गत उसके भेद-प्रभेदों में किस भेद व किस क्रम से आकर वह प्रज्ञापना के कर्ता श्यामार्य तक आयी, इसे स्पष्ट नहीं किया गया। वहाँ तो कर्ता के रूप में श्यामार्य के नाम का उल्लेख भी नहीं है।

श्यामार्य के कर्ता होने की कल्पना तो उन दो प्रक्षिप्त गाथाओं के आधार से की गई है जिनमें श्यामार्य के द्वारा श्रुत-सागर से निकालकर शिष्यगण के लिए श्रुत-रत्न के दिये जाने का उल्लेख है। इस प्रकार से श्यामार्य को प्रज्ञापना का कर्ता मानना काल्पनिक है। कारण यह है कि प्रथम तो वे दोनों गाथाएँ प्रक्षिप्त हैं, मूल ग्रन्थ की नहीं हैं। दूसरे, उन गाथाओं में भी उनके द्वारा किसी श्रुत-रत्न के देने का ही तो उल्लेख किया गया है। पर वह श्रुत-रत्न प्रज्ञापना है, यह कैसे समझा जाए ? वह दूसरा भी कोई ग्रन्थ हो सकता है। इसके अतिरिक्त वे गाथाएँ टीकाकार हरिभद्रसूरि के पूर्व कब और किसके द्वारा ग्रन्थ में योजित की गई हैं, यह भी अन्वेषणीय है।

(३) प्रज्ञापना को षट्खण्डागम से पूर्ववर्ती ठहराते हुए जिन धर्मसागरीय और खरतर-गच्छीय पट्टावलियों के आधार से तीन कालकाचार्यों में प्रथम कालकाचार्य को पर्यायवाची 'कालक' शब्द के आश्रय से श्यामाचार्य मान लिया गया है तथा उसका रचनाकाल वीरनिर्वाण ३३५-३७६ (ईसवी पूर्व ७९-३८) बतलाया गया है उन पट्टावलियों में प्रामाणिकता नहीं है। कारण यह है कि उनका लेखनकाल निश्चित नहीं है तथा उनमें परस्पर विरोध भी है। जब तक कोई ठोस प्रमाण न हो, 'कालक' का पर्यायवाची होने से कालकाचार्य को श्यामाचार्य मान लेना प्रामाणिक नहीं कहा जा सकता है।

(४) उत्तराध्ययन के आधार से भी प्रज्ञापना का रचनाकाल निश्चित नहीं किया जा सकता है, क्योंकि विद्वान् उत्तराध्ययन को किसी एक आचार्य की कृति नहीं मानते हैं, इसे उस प्रस्तावना के लेखक भी स्वीकार करते हैं।[1]

(५) प्रज्ञापना की अपेक्षा षट्खण्डागम में विषय का विवेचन क्रमबद्ध व अतिशय व्यवस्थित है, प्रज्ञापना में वह अव्यवस्थित, असम्बद्ध व क्रमविहीन है। इसके अतिरिक्त षट्खण्डागम में विषय का वर्गीकरण कर उसे अनुयोगद्वारों में विभक्त किया गया है और निक्षेप आदि के आश्रय से प्रतिपाद्य विषय का विशद विवेचन किया गया है। इन कारणों से षट्खण्डागम को जो प्रज्ञापना से पश्चात्कालवर्ती ठहराया गया है[2] उचित नहीं है। ऐसा क्यों हुआ, इसे हम पीछे स्पष्ट कर चुके हैं।

उस प्रस्तावना के लेखकों ने स्वयं भी अपना यह अभिप्राय प्रकट किया है कि केवल

---

१. प्रज्ञापना की गुजराती प्रस्तावना पृ० २२-२५ व नन्दिसूत्र की प्रस्तावना पृ० २१
२. वही, प्रस्तावना पृ० २५

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

विषय के निरूपण की सरल या जटिल प्रक्रिया अथवा विषय की सूक्ष्म या गम्भीर चर्चा के आधार से किसी ग्रन्थ के पौर्वापर्य का निर्णय नहीं किया जा सकता है; क्योंकि इस प्रकार की रचना का आधार लेखक के प्रयोजन पर निर्भर होता है, न कि उसमें की गई चर्चा की सूक्ष्मता या स्थूलता पर। इसलिए इन दोनों ग्रन्थों में चर्चित विषय की सूक्ष्मता या स्थूलता के आधार से उनके पौर्वापर्य के निर्णय में गम्भीर भूल होना सम्भव है।[1]

(६) प्रज्ञापना को चौथा उपांग माना जाता है। उपांग यह नाम प्राचीन नहीं है, उसका प्रचार बहुत पीछे हुआ है। नन्दिसूत्र (विक्रम ५२३ के लगभग) में, जहाँ श्रुत का विस्तार से वर्णन किया गया है, उपांग नाम दृष्टिगोचर नहीं होता। वहाँ श्रुत के अंगप्रविष्ट और अंगबाह्य ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। इनमें अंगबाह्य को आवश्यक और आवश्यकव्यतिरिक्त के भेद से दो प्रकार का कहा गया है। इनमें भी आवश्यक को सामायिक आदि के भेद से छह प्रकार का और आवश्यकव्यतिरिक्त को कालिक और उत्कालिक के भेद स दो प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। आगे उत्कालिक को अनेक प्रकार का बतलाते हुए प्रकृत में उसके जिन २९ भेदों का उल्लेख है उनमें **८वां प्रज्ञापना** है। (नन्दिसूत्र ७९-८३)

इस प्रकार नन्दिसूत्र में प्रज्ञापना को उत्कालिक श्रुत में सम्मिलित किया गया है, न कि उपांगश्रुत में। नन्दिसूत्र में उसका उल्लेख होने से इतना निश्चित है कि उसकी रचना नन्दिसूत्र के पूर्व हो चुकी थी। किन्तु उससे कितने समय पूर्व वह रचा गया है, यह निर्णेय है। उसका रचनाकाल जो प्रस्तावना लेखकों द्वारा वीरनिर्वाण सं० ३३५-७६ निर्दिष्ट किया गया है वह प्रामाणिक नहीं है, यह पीछे स्पष्ट किया जा चुका है।

साथ ही षट्खण्डागम का रचना-काल जो वीरनिर्वाण ६८३ वर्ष के पश्चात् विक्रम सं० की दूसरी शती के लगभग निर्धारित किया गया है उसे प्रज्ञापना की उस प्रस्तावना के लेखक भी स्वीकार करते हैं।

प्रस्तावना में यह भी कहा गया है कि आचार्य मलयगिरि के मतानुसार समवायांग में जो विषय वर्णित हैं उन्हीं का वर्णन प्रज्ञापना में है। इसलिए वह प्रज्ञापना का उपांग है।[2] पर इस मत से स्वयं प्रस्तावना के लेखक भी सहमत नहीं दिखते। इसलिए आगे उसे स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा है—

परन्तु ग्रन्थकर्ता ने स्वयं वैसी कुछ सूचना नहीं की है, उन्होंने तो स्पष्टतया उसका सम्बन्ध दृष्टिवाद अंग के साथ बतलाया है। और वह उचित भी है, क्योंकि दृष्टिवाद में प्रमुखता से दृष्टि (दर्शन) का वर्णन है। इसलिए जैन दर्शन द्वारा मान्य पदार्थों का निरूपण करनेवाले ग्रन्थ प्रज्ञापना का सम्बन्ध यदि दृष्टिवाद से हो तो वह अधिक उचित है।[3]

---

१. प्रज्ञापना की गुजराती प्रस्तावना, पृ० २१

२. उसका सम्बन्ध समवायांग से घटित नहीं होता, इसे भी पीछे स्पष्ट किया जा चुका है।

३. प्रस्तावना में इसके पूर्व उसका सम्बन्ध दृष्टिवाद के अन्तर्गत १४ पूर्वों में ज्ञानप्रवाद, आत्मप्रवाद और कर्मप्रवाद के साथ जोड़ा जा सकता है, यह भी अभिप्राय प्रकट किया गया है। अन्त मे, जिस प्रकार धवला में षट्खण्डागम का सम्बन्ध अग्रायणीय पूर्व से जोड़ा गया है, उसी प्रकार दोनों ग्रन्थों में चर्चित विषय की समानता से प्रज्ञापना का सम्बन्ध अग्रायणीय-पूर्व के साथ रहना सम्भव है, यह अभिप्राय प्रकट किया गया है। (गु० प्रस्तावना पृ० ९-१०)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

(७) षट्खण्डागम में मूल ग्रन्थकर्ता के समक्ष कुछ मतभेद नहीं रहा। पर प्रज्ञापना में भगवान् महावीर के समक्ष भी मतभेद रहा है, ऐसा अभिप्राय प्रकट किया गया है। यथा—

प्रज्ञापना में १८वाँ 'कायस्थिति' पद है। उसमें निर्दिष्ट २२ अर्थाधिकार में छठा अर्थाधिकार 'वेद' है। **वहाँ वेद के प्रसंग में गौतम प्रश्न करते हैं कि "भगवन्! स्त्रीवेद का कितना काल है?" उत्तर में महावीर कहते हैं, "हे गौतम! एक आदेश से उसका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट पूर्वकोटिपृथक्त्व से अधिक एक सौ दस (११०) पल्योपम है।**

एक आदेश से वह जघन्य से एक समय और उत्कर्ष से पूर्वकोटिपृथक्त्व से अधिक अठारह पल्योपम है।

एक आदेश से वह जघन्य से एक समय और उत्कर्ष से पूर्वकोटिपृथक्त्व से अधिक चौवह पल्योपम है।

एक आदेश से वह जघन्य से एक समय और उत्कर्ष से पूर्वकोटिपृथक्त्व से अधिक सौ पल्योपम है।

एक आदेश से वह जघन्य से एक समय और उत्कर्ष से पूर्वकोटि पृथक्त्व से अधिक पल्योपमपृथक्त्व है।" (सूत्र १३२७)

यहाँ यह विशेष विचारणीय है कि क्या भगवान् महावीर के समक्ष भी स्त्रीवेद के काल-विषयक उपर्युक्त पाँच मतभेद सम्भव हैं, जब कि वे सर्वज्ञ व वीतराग थे। यदि उस विषय में उस समय कुछ मतभेद भी रहा हो तो सर्वज्ञ महावीर उनमें से किसी एक मत को यथार्थ बतलाकर शेष चार को असमीचीन व अग्राह्य घोषित कर सकते थे।

इस प्रकार का यह प्रसंग गौतम और भगवान् महावीर के संवादस्वरूप प्रज्ञापना में कैसे निबद्ध हुआ? इसके विषय में उस प्रस्तावना के लेखक भी टीका की ओर संकेत मात्र करके अपना कुछ भी अभिप्राय व्यक्त नहीं कर सके।[1]

षट्खण्डागम में स्त्री-वेद का काल बिना किसी मतभेद के जघन्य से एक समय और उत्कर्ष से पल्योपमशतपृथक्त्व कहा गया है।[2]

क्या इससे यह समझा जाय कि षट्खण्डागमकार के समय तक स्त्रीवेद विषयक किसी प्रकार का मतभेद नहीं रहा, वे मतभेद पीछे उत्पन्न हुए हैं जिन्हें प्रज्ञापना में निबद्ध किया गया है?

(८) प्रज्ञापना के अन्तर्गत २३-२७ और ३५ इन छह पदों में जो कर्म की प्ररूपणा की गई है वह षट्खण्डागम की अपेक्षा स्थूल व अतिशय संक्षेप में की गई है। उदाहरणस्वरूप वहाँ २३वें पदगत ५ अर्थाधिकारों में जीव कितने स्थानों के द्वारा कर्म को बाँधता है, इस तीसरे अर्थाधिकार में इतना मात्र अभिप्राय व्यक्त किया गया है कि वह माया व लोभस्वरूप

---

१. गुजराती प्रस्तावना, पृ० ११०

२. वेदाणुवादेण इत्थिवेदा। केवचिरं कालादो होंति? जहण्णेण एगसमओ। उक्कस्सेण पलिदोवम सदपुधत्तं। सूत्र २,२,११४-१६ (पु० ७)। यही काल इसके पूर्व जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत कालानुगम अनुयोगद्वार में भी मिथ्यात्व गुणस्थान के आश्रय से निर्दिष्ट किया गया है। सूत्र १,५,२२७-२९ (पु० ५)। यहाँ उसका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त रहा है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

राग तथा क्रोध व मानस्वरूप द्वेष इन दो या चार स्थानों के द्वारा ज्ञानावरणीय कर्म को बाँधता है ।

यही प्रक्रिया वहाँ नारक व नारकों से लेकर वैमानिक देव व देवों तक तथा अन्य दर्शनावरणीय आदि कर्मों के विषय में भी अपनाई गई है । (सूत्र १६७०-७४)

षट्खण्डागम में जो कर्मबन्ध के कारणों का विचार किया गया है उसकी अपनी अलग विशेषता है । वहाँ 'वेदनाप्रत्ययविधान' नाम का एक स्वतंत्र अनुयोगद्वार है । उसमें नैगम, व्यवहार और संग्रह इन तीन नयों के आश्रय से प्राणातिपात आदि अनेक कारणों के द्वारा ज्ञानावरणीय आदि का बन्ध निर्दिष्ट किया गया है । ऋजुसूत्र नय की अपेक्षा उक्त ज्ञानावरणीय आदि की प्रकृति व प्रदेशपिण्डरूप वेदना योग के निमित्त से कही गई है । शब्दनय की अपेक्षा उसे अवक्तव्य कहा गया है । सूत्र ४,२,८,१-१६ (पु० १२)

इस प्रसंग में प्रज्ञापना की प्रस्तावना में यह अभिप्राय व्यक्त किया गया है कि प्रज्ञापना में उक्त प्रकार से जो राग व द्वेष को बन्ध का कारण निर्दिष्ट किया गया है वह प्राचीन स्तर का है । कर्मबन्ध के कारणविषयक इस सर्वमान्य सिद्धान्त को हृदयंगम कर पीछे उन कर्मबन्ध के कारणों का विचार श्वेताम्बर और दिगम्बर साहित्य में पृथक् भूमिका में किया गया है । उसके दर्शन प्रज्ञापना में नहीं होते । इससे प्रज्ञापना की विचारणा का स्तर प्राचीन है । (गुजराती प्रस्तावना पृ० १२५)

इस सम्बन्ध में यह भी कहा जा सकता है कि पीछे श्वेताम्बर व दिगम्बर साहित्य में जिस पद्धति से उन कर्मबन्ध के कारणों का विचार किया गया है उनका दर्शन षट्खण्डागम में नहीं होता, अतः षट्खण्डागम की उस कर्मबन्धविषयक विचारणा का स्तर प्राचीन है ।

वस्तुतः इस आधार से किसी ग्रन्थगत विवक्षित विषय की विचारणा के स्तर को प्राचीन या अर्वाचीन ठहराना उचित नहीं प्रतीत होता ।

इसके पूर्व प्रज्ञापना के उपर्युक्त ५ अर्थाधिकारों में जो 'जीव कैसे उन्हें बाँधता है' यह दूसरा अर्थाधिकार है उसमें 'जीव आठ कर्मप्रकृतियों को कैसे बाँधता है' गौतम के इस प्रश्न के उत्तर में इतना मात्र कहा गया है कि ज्ञानावरणीय के उदय से दर्शनावरणीय, दर्शनावरणीय के उदय से दर्शनमोहनीय, दर्शनमोहनीय के उदय से मिथ्यात्व आता है (णियच्छति[1]) । उदय प्राप्त मिथ्यात्व से (?) हे गौतम ! इस प्रकार जीव आठ कर्मप्रकृतियों को बाँधता है (१६६८) ।

प्रज्ञापना की प्रस्तावना में पाँच अर्थाधिकार युक्त इस २३वें पदगत प्रथम उद्देश को प्राचीन स्तर का तथा उसी के दूसरे उद्देश के साथ आगे के कर्म से सम्बद्ध अन्य (२४-२७ व ३५) पदों को प्रज्ञापना में पीछे प्रक्षिप्त किया गया कहा गया है । प्रथम उद्देश प्राचीन स्तर का है, इसकी पुष्टि में वहाँ ये कारण दिये गये हैं[2]—

१. बन्ध के प्रकृति आदि चार भेदों का निर्देश करके उनका क्रम के बिना निरूपण करना ।

---

१. मूल में जो "णाणावरणिज्जस्स कम्मस्स उदएणं दरिसणावरणिज्जं कम्मं **णियच्छति**" यह कहा गया है उसमें 'णियच्छति' का टीका में आगमन अर्थ अभिप्रेत रहा दिखता है । इस विवेचन का क्या आधार रहा है, यह ज्ञातव्य है ।

२. गुजराती प्रस्तावना, पृ० १२५-२६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

२. प्रदेशबन्ध की चर्चा न करना।

३. योग के कर्मबन्ध का कारण होने का निर्देश न करना।

४. कर्मप्रदेश की चर्चा का अभाव।

इस विषय में यह पूछा जा सकता है कि प्रज्ञापना में प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा में जो यह अव्यवस्था हुई है वह किस कारण से हुई। वहाँ प्रारम्भ में ही दृष्टिवाद से प्रज्ञापना के उद्गम को बतलाते हुए यह प्रतिज्ञा की गई है कि जिनेन्द्रदेव ने यथा दृष्टभावों की प्रज्ञापना का जैसा वर्णन किया है वैसा ही मैं उसका वर्णन करूँगा। तदनुसार प्रज्ञापनाकार के समक्ष साक्षात् दृष्टिवाद के न रहते हुए भी कुछ तो पूर्वपरम्परागत श्रुत उनके पास रहना ही चाहिए, जिसके आधार से उन्होंने उसकी रचना या संकलन किया है। ऐसी अवस्था में वहाँ प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा में असम्बद्धता, क्रमविहीनता और शिथिलता नहीं रहनी चाहिए थी। मौलिक श्रुत में तो वैसी कुछ कल्पना नहीं की जा सकती है। इसका विचार करते हुए प्रज्ञापना में जो विषय के प्रतिपादन में शिथिलता, क्रमविहीनता व अनावश्यक विस्तार हुआ है वह उसके प्राचीन स्तर के ग्रन्थ होने का अनुमापक नहीं हो सकता।

उसका कारण तो यही सम्भव है कि वर्तमान में जो अंगश्रुत उपलब्ध है, प्रज्ञापनाकार उसी की सीमा में बँधे रहे। इससे उन्होंने अपनी स्वतंत्र प्रतिभा के बल पर प्रतिपाद्य विषय का वर्गीकरण न कर नय-निक्षेप आदि के आश्रय से उसका प्रतिपादन नहीं किया। यही कारण है कि वहाँ जहाँ-तहाँ अक्रमबद्धता व अनावश्यक विस्तार देखा जाता है।

इसके विपरीत षट्खण्डागम के रचयिताओं ने मौलिक श्रुत का लोप होते देख परम्परागत महाकर्मप्रकृतिप्राभृत का छह खण्डों में उपसंहार कर अपने बुद्धि वैभव से प्रतिपाद्य विषय का वर्गीकरण किया व उसे यथाप्रसंग अनुयोगद्वारों आदि में विभक्त करते हुए गति-इन्द्रियादि मार्गणाओं के क्रम से उसका प्रतिपादन किया है। इससे वह योजनाबद्ध सुगठित रहा है व उसमें क्रमविहीनता व असंगति नहीं हुई है इसे हम इसके पूर्व भी स्पष्ट कर चुके हैं।

इस सब विवेचन से हम इस निष्कर्ष पर पहुचते हैं कि प्रज्ञापना की रचना तत्त्वार्थाधिगम-भाष्य के पश्चात् और नन्दिसूत्र के पूर्व किसी समय में हुई है।

१०. षट्खण्डागम और अनुयोगद्वारसूत्र

श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई से 'नन्दिसूत्र' के साथ प्रकाशित 'अनुयोगद्वारसूत्र' के संस्करण में उसे आर्यरक्षित स्थविर द्वारा विरचित सूचित किया गया है। उसकी प्रस्तावना में कहा गया है कि प्रस्तुत प्रकाशन में जो हमने 'सिरिअज्जरक्खियविरइयाइं' यह उल्लेख किया है वह केवल प्रवाद के आधार से किया है। आगे उस प्रवाद को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि इस प्रवाद में कितना तथ्य है यह जानने के लिए हमारे पास कोई साधन नहीं है। ऐसा कोई प्राचीन उल्लेख भी नहीं है कि जिससे आर्यरक्षित स्थविर को अनुयोगद्वार सूत्र का कर्ता माना जाय। यदि कदाचित् आर्यरक्षित के द्वारा अनुयोगद्वार सूत्र की रचना नहीं की गई है तो यह तो सम्भावना है ही कि उनकी परम्परा के किसी शिष्य-प्रशिष्य ने उसकी रचना की होगी। यह तो निश्चित है कि अनुयोगप्रक्रिया का विशेष ज्ञान आर्यरक्षित को रहा है। यदि अनुयोगद्वार आर्यरक्षित की रचना है तो वि० सं० ११४ से १२७ के मध्य किसी समय वह

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

रचा गया है।[1]

आगे प्रकारान्तर से उसकी रचना के विषय में ऊहापोह करते हुए कहा गया है कि ईसवी सन् की दूसरी शती में किसी समय उसके रचे जाने में बाधा आती नहीं दिखती है। किसी भी हालत में पूर्व में बतलाये गये प्रमाण के अनुसार विक्रम सं० ३५७ के पीछे की तो वह रचना अथवा संकलन हो ही नहीं सकता।[2]

इस प्रकार यहाँ संक्षेप में प्रकृत अनुयोगद्वार के रचयिता और उसके रचनाकाल के विषय में सम्पादकों का क्या अभिप्राय रहा है, इसे स्पष्ट करके आगे उसमें चर्चित विषय का दिग्दर्शन कराया जाता है—

प्रस्तुत अनुयोगद्वारसूत्र गद्यात्मक सूत्रों में रचा गया है; बीच-बीच में कुछ गाथाएँ भी उसमें हैं। समस्त सूत्र संख्या ६०६ और गाथा संख्या १४३ है। सर्वप्रथम यहाँ पाँच ज्ञानों का उल्लेख करके उनमें स्थापनीय चार ज्ञानों को स्थगित कर श्रुतज्ञान के उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोगविषयक प्रवर्तन की प्रतिज्ञा की गई है। पश्चात् अंगप्रविष्ट और अंगबाह्य के भी उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोगविषयक कथन की सूचना करते हुए प्रथमतः उत्कालिक अंगबाह्य स्वरूप आवश्यक के अनुयोगों का विचार किया गया है। तदनुसार आवश्यक, श्रुत, स्कन्ध और अध्ययन इनका निक्षेप करूँगा, ऐसी प्रतिज्ञा करते हुए उन चारों में से प्रथम तीन के विषय में निक्षेप की योजना की गई है। (सूत्र १-७२)

आगे चलकर आवश्यक के अन्तर्गत सामायिक आदि छह अध्ययनों का उल्लेख करते हुए प्रथम 'सामायिक' अध्ययन के विषय में उपक्रम, निक्षेप, अनुगम और नय इन चार अनुयोग-द्वारों का निर्देश किया गया है और तत्पश्चात् यथाक्रम से उनके भेद-प्रभेदों की चर्चा इन सूत्रों में की गई है—

१. उपक्रम—सूत्र ७६-९१, प्रकारान्तर से भी सूत्र ९२-५३३
२. निक्षेप - सूत्र ५३४-६००
३. अनुगम—सूत्र ६०१-६०५
४. नय—सूत्र ६०६ (गाथा १३६-४१)

इस प्रकार संक्षेप में अनुयोगद्वार के विषय का परिचय कराया। आगे यहाँ यह विचार किया जाता है कि विषयविवेचन की दृष्टि से षट्खण्डागम के साथ उसकी कहाँ कितनी समानता है तथा कहाँ कितनी उसमें विशेषता भी है—

१. षट्खण्डागम के चौथे वेदना खण्ड के अन्तर्गत दो अनुयोगद्वारों में प्रथम 'कृति' अनुयोगद्वार है। उसमें कृति के नामकृति, स्थापनाकृति आदि सात भेदों का निर्देश है। उनमें प्रथम नामकृति का स्वरूप इस प्रकार प्रकट किया गया है—

"जा सा णामकदी णाम सा जीवस्स वा, अजीवस्स वा, जीवाणं वा, अजीवाणं वा, जीवस्स च अजीवस्स च, जीवस्स च, अजीवाणं च, जीवाणं च अजीवस्स च, जीवाणं च अजीवाणं च जस्स णामं कीरदि कदि त्ति सा सव्वा णामकदी णाम।" —पु०, ९, सूत्र ५१

अनुयोगद्वार में इसी प्रकार का सूत्र नाम-अवश्य के प्रसंग में इस प्रकार कहा गया है—

---

१. गुजराती प्रस्तावना, पृ० ४९-५०
२. वही, ५०-५१

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

"से किं तं नामावस्सयं ? जस्स णं जीवस्स वा अजीवस्स वा जीवाण वा अजीवाण वा तदुभयस्स वा तदुभयाण वा आवस्सये त्ति नामं कीरए । से तं नामावस्सयं ।" —अनु० सूत्र १०

इन दोनों सूत्रों में शब्द और अर्थ दोनों से समानता है। विशेष इतना है कि ष० ख० में जहाँ जीव-अजीव विषयक आठ भंगों का उल्लेख है वहाँ अनुयोगद्वार सूत्र में जीव-अजीव से सम्बन्धित एक वचन व बहुवचन सम्बन्धी दो संयोगी भंगों को छोड़कर शेष छह का उल्लेख किया गया है।

२. इसी प्रकार स्थापना के सम्बन्ध में भी उपर्युक्त दोनों ग्रन्थों के इन सूत्रों को देखिए—

"जा सा ठवणकदी णाम सा कट्ठकम्मेसु वा चित्तकम्मेसु वा पोत्तकम्मेसु वा लेप्पकम्मेसु वा लेण्णकम्मेसु वा सेलकम्मेसु वा गिहकम्मेसु वा भित्तिकम्मेसु वा दंतकम्मेसु वा भेंडकम्मेसु वा अक्खो वा वराडओ वा जे चामण्णे एवमादिया ठवणाए ठविज्जंति कदि त्ति सा सव्वा ठवणकदी णाम ।" —ष०ख० सूत्र ५२०

"से किं ठवणावस्सयं ? जण्णं कट्ठकम्मे वा चित्तकम्मे वा पोत्थकम्मे वा लेप्पकम्मे वा गंथिमे वा वेढिमे वा पूरिमे वा संघाइमे वा अक्खे वा वराडए वा एगो वा अणेगा वा सब्भावठवणाए वा असब्भावठवणाए वा आवस्सए त्ति ठवणा ठविज्जति । से तं ठवणावस्सयं ।"

—अनु० सूत्र ११

इन दोनों में भी अर्थ की अपेक्षा तो समानता है ही, शब्द भी वे ही हैं। विशेष इतना है कि ष० ख० में जहाँ 'कट्ठकम्म' आदि के साथ बहुवचन प्रयुक्त हुआ है वहाँ अनुयोगद्वार में एक वचन प्रयुक्त हुआ है। इसके अतिरिक्त ष० ख० में 'लेण्ण' कर्म आदि कुछ अन्य कर्मों का भी निर्देश है। उधर अनुयोगद्वार में 'गंथिम-वेढिम'[1] आदि का उल्लेख ष०ख० की अपेक्षा अधिक हुआ है।

३. ष० ख० में आगमद्रव्यकृति का स्वरूप इस प्रकार कहा गया है—

"जा सा आगमदो दव्वकदी णाम तिस्से इमे अट्ठाहियारा भवंति—**ट्ठिदं जिदं परिजिदं वायणोवगदं सुत्तसमं अत्थसमं गंथसमं णामसमं घोससमं ।** जा तत्थ **वायणा** वा **पुच्छणा** वा **पडिच्छणा** वा **परियट्टणा** वा अणुपेक्खणा वा थय-थुदि-**धम्मकहा** वा जे चामण्णे एवमादिया ।"

—ष० ख० सूत्र ४, १, ५४-५५

लगभग इन्हीं शब्दों में आगम-द्रव्य-आवश्यक का स्वरूप अनुयोगद्वार में इस प्रकार कहा गया है —

"से किं तं आगमतो दव्वावस्सयं ? जस्स णं आवस्सये त्ति पदं सिक्खितं **ठितं जितं** मितं **परिजितं णामसमं घोससमं** अहीणक्खरं अणच्चक्खरं अव्वाइद्धक्खरं अक्खलियं अमिलियं अवच्चामेलियं पडिपुण्णं पडिपुण्णघोसं कंठोट्ठविप्पमुक्कं **गुरुवायणोवगयं ।** से णं तत्थ **वायणाए पुच्छणाए परियट्टणाए धम्मकहाए** णो अणुप्पेहाए । कम्हा ? अणुओगो दव्वमिदि कट्टु ।"— सूत्र १४

दोनों ग्रन्थगत इन सूत्रों में उपयुक्त अनेक शब्द प्रायः उसी रूप में आगे पीछे व्यवहृत हुए हैं। अभिप्राय समान ही है। इस प्रकार शब्द व अर्थ की समानता के साथ यह एक विशेषता

---

१. गंथिम, वेढि (दि) म, पूरिम और संघादिम ये शब्द ष० ख० सूत्र ४,१,६५ (पु० ९) में प्रयुक्त हुए हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

रही है कि ष०ख० में जहाँ उन आगम विषयक उपयोगों में 'अनुप्रेक्षा' को ग्रहण किया गया है वहाँ अनुयोगद्वार में अनुपयोग को द्रव्य मानकर उसका निषेध किया है।

१. पंचांक, ऊर्वंक व अष्टांक संज्ञाओं का उल्लेख धवला में 'वृद्धिप्ररूपणा' के प्रसंग में देखा जाता है। पु० १२, पृ० २१७, २१८ व २२० आदि।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

लेकर ञ तक क्रम से १,२,३ आदि नौ अंक, ट से ध तक नौ अंक; प से म तक क्रम से १,२, ३,४,५ अंक और य से ह तक आठ अंक ग्रहण किये जाते हैं। अकारादि स्वर, ञ और न से शून्य (०) को ग्रहण किया जाता है। छन्द आदि की दृष्टि से उपयुक्त मात्राओं से किसी अंक को नहीं ग्रहण किया जाता है। इसी नियम के अनुसार ऊपर संकेताक्षरों में ग्यारह अंगों के पदों का प्रमाण प्रकट किया गया है।

यह पद्धति धवला में नहीं देखी जाती है। वहाँ उन सबके पदों का प्रमाण संख्यावाचक शब्दों के आश्रय से ही प्रकट किया गया है। (पु० १, १०७ व १०९ आदि तथा पु० ९, पृ० २०३ व २०५ आदि।)

१५. जीवकाण्ड में संयममार्गणा के प्रसंग में जिस गाथा (४५६) के द्वारा संयम के स्वरूप को प्रकट करते हुए यह कहा गया है कि व्रतों के धारण, समितियों के पालन, कषायों के निग्रह, दण्डों के त्याग और इन्द्रियों के जय का नाम संयम है[1] वह गाथा धवला में संयम-मार्गणा के ही प्रसंग में 'उक्तं च' इस निर्देश के साथ उदधृत की गई है।[2] वहीं से सम्भवतः उसे जीवकाण्ड में ग्रहण किया गया है।

१६. जीवकाण्ड के आगे इसी संयममार्गणा के प्रसंग में सामान्य से परिहारविशुद्धिसंयत का स्वरूप स्पष्ट करते हुए यह अभिप्राय प्रकट किया गया है कि जो जन्म से ३० वर्ष तक यथेष्ट भोगों का अनुभव करता हुआ सुखी रहा है, जिसने तीर्थंकर के पादमूल में पृथक्त्ववर्ष तक रहकर प्रत्याख्यान पूर्व को पढ़ा है, और जो संध्याकाल को छोड़कर दो गव्यूति विहार करता है उसके परिहारविशुद्धिसंयम होता है। वहाँ जिस गाथा के द्वारा यह विशेषता प्रकट की गई, वह इस प्रकार है—

तीसं वासो जम्मे वासपुधत्तं खु तित्थयरमूले।
पच्चक्खाणं पढिदो संझूणदुगाउअविहारो ॥४७२॥

यहाँ गाथा में स्पष्टतया सुखी रहने का उल्लेख नहीं किया गया है, वहाँ 'तीसं वासो जम्मे' इतना मात्र कहा गया है। पर धवला में उसके स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसका उल्लेख स्पष्ट रूप से हुआ है। साथ ही, वहाँ यह विशेष रूप से कहा गया है कि परिहारविशुद्धि-संयत सामान्य रूप से या विशेषरूप से—सामायिकछेदोपस्थापनादि के भेदपूर्वक—संयम को ग्रहण करके द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव से सम्बन्धित परिमित-अपरिमित प्रत्याख्यान के प्ररूपक प्रत्याख्यानपूर्व को समीचीनतया पढ़ता हुआ सब प्रकार के संशय से रहित हो जाता है, उसके विशिष्ट तप के आश्रय से परिहारविशुद्धि ऋद्धि उत्पन्न हो जाती है व वह तीर्थंकर के पादमूल में परिहारविशुद्धिसंयम को ग्रहण करता है। यहाँ 'पृथक्त्ववर्ष' का उल्लेख नहीं किया गया है, जिसका उल्लेख जीवकाण्ड की उपर्युक्त गाथा में है।[3] इस प्रकार से वह गमना-गमनादि रूप सब प्रकार की प्रवृत्ति में प्राणिहिंसा के परिहार में कुशल होता है।[3]

यहाँ यह विशेष स्मरणीय है कि धवला में संयममार्गणा के प्रसंग में जिन आठ गाथाओं

---

१. संयम का यही स्वरूप तत्त्वार्थवार्तिक में भी निर्दिष्ट किया गया है।
—९,७,१२, पृ० ३३०

२. धवला पु० १, पृ० १४५

३. धवला पु० १, पृ० ३७०-७१

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

(१८७-९४) को 'उक्तं च' कहकर उद्धृत किया है वे उसी रूप में व उसी क्रम से जीवकाण्ड में ४६९-७७ गाथांकों में भी उपलब्ध होती हैं।[1]

विशेषता यह रही है कि ऊपर जीवकाण्ड की जिस **'तीसं वासो जम्मे'** (४७२) गाथा का उल्लेख है वह धवला में उद्धृत गाथाओं में नहीं है।

इस प्रकार अधिक सम्भावना तो यही है कि जीवकाण्ड में संयम की प्ररूपणा धवला के ही आधार से की गई है। 'तीसं वासो जम्मे' आदि गाथा आचार्य नेमिचन्द्र द्वारा ही रची गई दिखती है, वह पूर्ववर्ती किसी अन्य प्राचीन ग्रन्थ में नहीं पायी जाती।

१७. जीवकाण्ड में लेश्यामार्गणा के प्रसंग में इन १६ अधिकारों के द्वारा लेश्या से सम्बन्धित कुछ प्रासंगिक चर्चा भी है[2]—(१) निर्देश, (२) वर्ण, (३) परिणाम, (४) संक्रम, (५) कर्म, (६) लक्षण, (७) गति, (८) स्वामी, (९) साधन, (१०) संख्या, (११) क्षेत्र, (१२) स्पर्श, (१३) काल, (१४) अन्तर, (१५) भाव और (१६) अल्पबहुत्व।

ष० ख० में इस प्रकार से कहीं एक स्थान पर लेश्या से सम्बन्धित उन सब विषयों की चर्चा नहीं की गई है, वहाँ यथाप्रसंग विभिन्न स्थानों पर उसका विचार किया गया है। जैसे—

यह पूर्व में कहा जा चुका है कि वहाँ जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में लेश्यामार्गणा के प्रसंग में लेश्या के छह भेदों का निर्देश करते हुए उनके स्वामियों का भी उल्लेख किया गया है (सूत्र १३६-४०)। वहाँ छह लेश्यावाले जीवों के प्ररूपक सूत्र (१३२) की व्याख्या करते हुए धवला में 'उक्तं च' ऐसा निर्देश करके क्रम से उन छह लेश्याओं के लक्षणों की प्ररूपक नौ गाथाओं को तथा आगे अलेश्य जीवों की प्ररूपक एक अन्य गाथा को उद्धृत किया गया है।[3]

जीवकाण्ड में उन गाथाओं को उसी रूप में व उसी क्रम से ग्रन्थ का अंग बना लिया गया है। विशेषता केवल यह रही है कि उन गाथाओं में अलेश्य जीवों की प्ररूपक गाथा को जीवकाण्ड में लेश्यामार्गणा को समाप्त पर लिया गया है।[4]

१८. ष० ख० में महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के अन्तर्गत कृति-वेदनादि २४ अनुयोगद्वारों में जिन निबन्धन आदि अठारह (७-२४) अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा ग्रन्थकर्ता द्वारा नहीं की गई है उनकी प्ररूपणा वीरसेनाचार्य ने धवला टीका में कर दी है।

उन २४ अनुयोगद्वारों में १३वाँ लेश्या-अनुयोगद्वार, १४वाँ लेश्याकर्म और १५वाँ लेश्यापरिणाम अनुयोगद्वार है। इनमें से लेश्या-अनुयोगद्वार में शरीराश्रित द्रव्यलेश्या (शरीर-गत वर्ण) की प्ररूपणा करते हुए किन जीवों के कौन-सा वर्ण होता है, इसे स्पष्ट किया गया

---

१. धवला पु० १, पृ० ३७२-७३

२. जैसा कि पीछे 'ष० ख० व पंचसंग्रह' शीर्षक में संकेत किया गया है, जी० का० में इस लेश्याविषयक विशेष प्ररूपणा का आधार सम्भवतः **'तत्त्वार्थवार्तिक'** का वह प्रसंग रहा है।

३. धवला पु० १, पृ० ३८८-९०; इन गाथाओं को आगे धवला में १४वें 'लेश्याकर्म' अनुयोग द्वार में भी उद्धृत किया गया है। पु० १६, पृ० ४९०-९२ (यहाँ मार्गणा का अधिकार न होने से 'अलेश्य' जीवों से सम्बन्धित गाथा उद्धृत नहीं है)

४. गा० ५०८-१६ व आगे गा० ५५५

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

है। साथ ही, एक ही शरीर में प्रमुख वर्ण के साथ जो अन्य वर्ण रहते हैं उनके अल्पबहुत्व को भी दिखलाया गया है।[1]

जीवकाण्ड में पूर्वोक्त निर्देशादि १६ अनुयोगद्वारों में दूसरा 'वर्ण' अनुयोगद्वार है। उस में लगभग ष० ख० के लेश्या अनुयोगद्वार के ही समान द्रव्यलेश्या की प्ररूपणा की गई है (४९३-९७)।

१९. उपर्युक्त कृति-वेदनादि २४ अनुयोगद्वारों में १४वाँ 'लेश्याकर्म' अनुयोगद्वार है। इसमें क्रम से कृष्णादि लेश्यावाले जीवों की प्रवृत्ति (कर्म या कार्य) को दिखलाते हुए 'उक्तं च' इस सूचना के साथ ९ गाथाओं को उद्धृत किया गया है।[2] ये वे ही गाथाएँ हैं जिनका उल्लेख पीछे सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार के अन्तर्गत लेश्यामार्गणा के प्रसंग में किया जा चुका है तथा जो जीवकाण्ड के छठे 'लक्षण' अधिकार में ५०८-१६ गाथांकों में उपलब्ध होती हैं।

२०. लेश्यापरिणाम नामक १५वें अनुयोगद्वार में कौन-सी लेश्या षट्स्थानपतित संक्लेश अथवा विशुद्धि के वश किस प्रकार से स्वस्थान और परस्थान में परिणत होती है, इसे धवला में स्पष्ट किया गया है।[3]

जीवकाण्ड में तीसरे 'परिणाम' अधिकार के द्वारा लेश्या के परिणमन की जो व्याख्या हुई है वह धवला की उपर्युक्त प्ररूपणा के ही समान है।[4]

२१. ष० ख० के दूसरे क्षुद्रकबन्ध खण्ड के अन्तर्गत ११ अनुयोगद्वारों में ५वाँ द्रव्य-प्रमाणानुगम है। उसमें यथा क्रम से गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं में जीवों की संख्या दिखलायी गयी है। वहाँ लेश्यामार्गणा के प्रसंग में कृष्णादि छह लेश्यावाले जीवों की संख्या की विवेचना की गई है।[5]

जीवकाण्ड में पूर्वनिर्दिष्ट १६ अधिकारों में १०वाँ संख्या अधिकार है। उसमें प्रायः धवला के ही समान कृष्णादि छह लेश्यावाले जीवों की संख्या को दिखलाया गया है।[6]

२२. षट्खण्डागम के उसी दूसरे खण्ड में जो छठा क्षेत्रानुगम अनुयोगद्वार है उसमें लेश्या-मार्गणा के प्रसंग में उक्त छहों लेश्यावाले जीवों के वर्तमान निवासरूप क्षेत्र की प्ररूपणा हुई है।[7]

जीवकाण्ड के पूर्वनिर्दिष्ट 'क्षेत्र' अधिकार में उन छह लेश्यावाले जीवों के क्षेत्र की प्ररूपणा धवला के ही समान है। (गा० ५४२-४४)

२३. षट्खण्डागम में इसी खण्ड के ७वें स्पर्शनानुगम, दूसरे 'एक जीव की अपेक्षा कालानुगम' और तीसरे 'एक जीव की अपेक्षा अन्तरानुगम' इन तीन अनुयोगद्वारों में जिस प्रकार से छह लेश्यायुक्त जीवों के क्रम से स्पर्श, काल और अन्तर की प्ररूपणा की गई है उसी प्रकार

---

१. पु० १६, पृ० ४८४-८९
२. पु० १६, पृ० ४९०-९२
३. वही, ४९३-९७
४. गा० ४९८-५०२
५. सूत्र २,५,१४७-५४ (पु० ७, पृ० २९२-९४)
६. गाथा ५३६-४१
७. सूत्र २,६,१०१-६ (पु० ७)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

से जीवकाण्ड में स्पर्श (१२), काल (१३) और अन्तर (१४) इन तीन अधिकारों में उन कृष्णादि छह लेश्यावाले जीवों के क्रम से स्पर्श, काल और अन्तर की प्ररूपणा है।[1]

२४. भाव की प्ररूपणा के प्रसंग में जिस प्रकार षट्खण्डागम में छहों लेश्याओं को भाव से औदयिक कहा गया है उसी प्रकार जीवकाण्ड में भी भाव की अपेक्षा उन्हें औदयिक कहा गया है।[2]

२५. षट्खण्डागम के इसी क्षुद्रकबन्ध खण्ड के अन्तर्गत ११वें अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार में उक्त कृष्णादि लेश्या युक्त जीवों के अल्पबहुत्व की विवेचना है। जीवकाण्ड में अल्पबहुत्व अधिकार के प्रसंग में इतना मात्र कहा गया है कि उनका अल्पबहुत्व द्रव्यप्रमाण से सिद्ध है।[3]

मूलाचार

ऊपर के विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि जी० का० में पूर्वोक्त १६ अधिकारों के आश्रय से जो लेश्या की प्ररूपणा की गई है उसका बहुत-सा विषय यथाप्रसंग षट्खण्डागम में चर्चित है। जो कुछ विषय षट्खण्डागम में नहीं उपलब्ध होता है वह अन्यत्र मूलाचार और तत्त्वार्थवार्तिक आदि में उपलब्ध होता है जैसे—

जीवकाण्ड के अन्तर्गत सोलह अधिकारों में से ८वें 'स्वामी' अधिकार में चारों गतियों के विभिन्न जीवों में किनके कौन-सी लेश्या होती है, इसका विचार किया गया है (५२८-३४)।

मूलाचार के अन्तिम 'पर्याप्ति' अधिकार में उक्त कृष्णादि लेश्याओं के स्वामियों का विचार किया गया है। जीवकाण्ड में जो लेश्याओं का स्वामीविषयक विचार किया गया है वह मूलाचार की उस स्वामीविषयक प्ररूपणा से प्रभावित रहा दिखता है। इतना ही नहीं, उस प्रसंग में प्रयुक्त मूलाचार की कुछ गाथाएँ भी जीवकाण्ड में उसी रूप में उपलब्ध होती हैं। जैसे—

गाथांश	मूलाचार	जीवकाण्ड
काऊ काऊ तह काउ-	१२-९३	५२८
तेऊ तेऊ तह तेऊ	१२-९४	५३४
तिण्हं दोण्हं दोण्हं	१२-९५	५३३

ये तीन गाथाएँ दोनों ग्रन्थों में शब्दशः समान हैं। विशेष इतना है कि मूलाचार गाथा ९३ के चतुर्थ चरण में जहाँ 'रयणादिपुढवीसु' पाठ है वहाँ जीवकाण्ड में उसके स्थान में 'पढमादि-पुढवीणं' पाठ है। यह शब्दभेद ही हुआ है, अभिप्राय में भेद नहीं है। आगे की गाथा के चतुर्थ चरण में जहाँ मूलाचार में 'लेस्साभेदो मुणेयव्वो' पाठ है वहाँ जीवकाण्ड में उसके स्थान में 'भवणतियापुण्णगे असुहा' पाठभेद है।

१. सूत्र २,७,१९३-२१६ (स्पर्श), सूत्र २,२,१७७-८२ (काल) और सूत्र २,३,१२५-३० तथा जी० का० गा० ५४४-४९ (स्पर्श), ५५०-५५१ (काल) और गाथा ५५२-५३ (अन्तर)।
२. ष०ख०, सूत्र २,१,६०-६३ और जी०का० गाथा ५५४ (पूर्वार्ध)।
३. ष०ख०, सूत्र २,११,१७९-८५ तथा जी०का० गाथा० ५५४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

यहाँ यह स्मरणीय है कि उपर्युक्त तीन गाथाओं में पूर्व की दो गाथाएँ श्वे० 'जीवसमास' ग्रन्थ में भी प्रायः उसी रूप में उपलब्ध होती हैं (गाथा ७२-७३)। यहाँ विशेषता यह है कि दूसरी गाथा के चतुर्थ चरण में जहाँ मूलाचार में 'लेस्साभेदो मुणेयव्वो' पाठ है व जीवकाण्ड में 'भवणतियापुण्णगे' पाठ है वहाँ जीवसमास में उसके स्थान में 'सक्कादिविमाणवासीणं' पाठभेद है।

यह पाठभेद व तदनुसार जो कुछ अभिप्रायभेद भी हुआ है उसका कारण सम्भवतः १२ और १६ कल्पों की मान्यता रही है।

तत्त्वार्थसूत्र में देवों में लेश्याविषयक स्वामित्व का प्ररूपक यह सूत्र है—"**पीत-पद्म-शुक्ललेश्या द्वि-त्रि-शेषेषु**"। वह सर्वार्थसिद्धिसम्मत (४-२२) और त० भाष्यसम्मत (४-२३) दोनों ही सूत्रपाठों में समान है। पर १६ और १२ कल्पों की मान्यता के अनुसार उसका अर्थ भिन्न रूप में किया गया है।

यहाँ तत्त्वार्थवार्तिक में यह शंका की गई है कि सूत्र में जो 'द्वि-त्रि-शेषेषु' पाठ है तदनुसार पूर्वोक्त लेश्या की वह व्यवस्था नहीं बनती है। उसके समाधान में प्रथम तो वहाँ यह कहा गया है कि इच्छा के अनुसार सम्बन्ध बैठाया जाता है, इससे उस व्यवस्था में कुछ दोष नहीं है। तत्पश्चात् प्रकारान्तर से यह भी कहा गया है—अथवा सूत्र में 'पीत-मिश्र-पद्म-मिश्र-शुक्ल-लेश्या' ऐसे पाठान्तर का आश्रय लेने से आगमविरोध सम्भव नहीं है।

जीवकाण्ड में गाथा ५२९-३२ के द्वारा लेश्याविषयक कुछ और भी विशेष प्ररूपणा की गई है। उनमें गाथा ५२९-३० का अभिप्राय प्रायः मूलाचारगत गाथा ९६ के समान है।

जीवकाण्ड में अन्य भी ऐसी कितनी ही गाथाएँ हो सकती हैं, जो यथास्थान मूलाचार में उपलब्ध होती हैं। जैसे—

गाथांश	जीवकाण्ड	मूलाचार
संखावत्तयजोणी	८१	१२-६१
कुम्मुण्णयजोणीये	८२	१२-६२
णिच्चिदरधातु सत्त य	८९	५-२९ व १२-६३
बावीस सत्त तिण्णि य	११३	५-२४ व १२-१६६
अद्धत्तेरस बारस	११४	५-२६ व १२-१६८
छप्पंचाधियवीसं	११५	५-२७ व १२-१६९
एया य कोडिकोडी	११६	५-२८
(गाथा ११५-१६ में कुछ शब्दभेद व अभिप्रायभेद भी हुआ है)		
पंच वि इंदियपाणा		१२-१५०

तत्त्वार्थवार्तिक

जीवकाण्ड में पूर्वोक्त १६ अधिकारों के आश्रय से जो लेश्या की प्ररूपणा की गई है उसके साथ यदि पूर्णतया मेल बैठता है तो तत्त्वार्थवार्तिक में प्ररूपित लेश्या की प्ररूपणा के साथ बैठता है। वहाँ उसी क्रम से उन निर्देशादि १६ अनुयोगद्वारों के आश्रय से लेश्या की प्ररूपणा है जो इन दोनों ग्रन्थों में सर्वथा समानरूपता को प्राप्त है। उदाहरणस्वरूप 'लेश्याकर्म' को ले लीजिए। तत्त्वार्थवार्तिक में उस के विषय में कहा गया है—

"लेश्याकर्म उच्यते—जम्बूफलभक्षणं निदर्शनं कृत्वा स्कन्ध-विटप-शाखानुशाखा-पिण्डिका-

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

छेदनपूर्वकं फलभक्षणं स्वयं पतितफलभक्षणं चोद्दिश्य कृष्णलेश्यादयः प्रवर्तन्ते।"

—तत्त्वार्थवार्तिक ४,२२,१०, पृ० १७१

इसी अभिप्राय को जीवकाण्ड में इस प्रकार प्रकट किया गया है—

पढिया जे छप्पुरिसा परिभट्टारण्णमज्झदेसम्हि।
फलभरियरुक्खमेगं पेक्खित्ता विचिंतंति ॥५०६॥
णिम्मूल-खंध-साहुवसाहं छित्तुं चिणुत्तु पडिदाइं।
खाउं फलाइं इदि जं मणेण वयणं हवे कम्मं ॥५०७॥

इस प्रकार दोनों ही ग्रन्थों में कृष्णादि छह लेश्यावाले जीवों की जैसी कुछ मानसिक प्रवृत्ति हुआ करती है उसका चित्रण यहाँ उदाहरण द्वारा प्रकट किया गया है। इसी प्रकार की समानता दोनों ग्रन्थों में अन्य अधिकारों में भी रही है।

'गति' अधिकार के प्रसंग में समान रूप से दोनों ग्रन्थों में यह कहा गया है कि लेश्या के २६ अंशों में ८ मध्यम अंश आयुबन्ध के कारण तथा शेष १८ अंश तदनुरूप गति के कारण हैं।[1] यह कहते हुए आगे किस लेश्यांश से जीव देव व नरकगति में कहाँ-कहाँ जाता है, इसे स्पष्ट किया गया है।

इस प्रकार देवों व नारकियों में जानेवालों के क्रम को दिखा करके भी जीवकाण्ड में मनुष्यों व तिर्यंचों में जानेवाले देव-नारकियों के विषय में विशेष कुछ स्पष्टीकरण नहीं किया गया है। उनके विषय में तत्त्वार्थवार्तिक में यह सूचना की गई है—

"देव-नारकाः स्वलेश्याभिः तिर्यङ्मनुष्यानुयोग्यानां यान्ति।"

—त०वा० ४,२२,१०, पृ० १७२

इसी प्रकार की सूचना जीवकाण्ड में भी इस प्रकार की गई है—

"सुर-णिरया सगलेस्सहिं णर-तिरियं जंति सगजोग्गं ॥" —गाथा ५२७ उत्त०

इस प्रकार की उल्लेखनीय समानता को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि जीवकाण्ड में जो लेश्या की प्ररूपणा की गई है वह सम्भवतः तत्त्वार्थवार्तिक में प्ररूपित लेश्या के आधार पर की गई है।

२६. जीवकाण्ड में आगे सम्यक्त्व मार्गणा के प्रसंग में सम्यक्त्व का स्वरूप प्रकट करते हुए कहा गया है कि जिनेन्द्र द्वारा उपदिष्ट छह (द्रव्य), पाँच (अस्तिकाय) और नौ प्रकार के पदार्थों का जो आज्ञा अथवा अधिगम से श्रद्धान होता है उसका नाम सम्यक्त्व है। इस प्रकार छह द्रव्यों के विषय में इन सात अधिकारों का निर्देश किया गया है—नाम, उपलक्षणानुवाद, अच्छनकाल (स्थिति), क्षेत्र, संख्या, स्थानस्वरूप और फल। आगे इन सात अधिकारों के आश्रय से क्रमशः छह द्रव्यों की प्ररूपणा करके तत्पश्चात् पाँच अस्तिकाय और नौ पदार्थों का विवेचन किया गया है। इस प्रकार वहाँ यह सम्यक्त्वमार्गणा ९९ (५६०-६५८) गाथाओं में समाप्त हुई है।

यहाँ स्थानस्वरूप अधिकार के प्रसंग में तेईस परमाणुपुद्गलद्रव्यवर्गणाओं का नामनिर्देश करते हुए उनमें अपने जघन्य व उत्कृष्ट भेदों के गुणकार व प्रतिभाग को भी प्रकट किया गया है (५९३-६००)।

---

१. तत्त्वार्थवार्तिक २,२२,१० पृ० १७१ तथा जीवकाण्ड गाथा ५१७-१८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

ष० ख० में पाँचवें वर्गणाखण्ड के अन्तर्गत 'बन्धन' अनुयोगद्वार में बन्धनीय (वर्गणा) के प्रसंग में उन वर्गणाओं की प्ररूपणा की गई है।[1]

दोनों ग्रन्थों में उन २३ पुद्गलवर्गणाओं के नामों का निर्देश समान रूप में ही किया गया है। विशेषता यह रही है ष० ख० में जहाँ उनका उल्लेख क्रम से पृथक्-पृथक् सूत्र के द्वारा किया गया है वहाँ जीवकाण्ड में उनका उल्लेख दो गाथाओं (५९३-९४) में ही संक्षेप से कर दिया गया है। उदाहरणस्वरूप आहार, तैजस, भाषा, मन और कार्मण ये पाँच वर्गणाएँ अग्रहणद्रव्यवर्गणाओं से अन्तरित हैं। इनका उल्लेख ष० ख० में जहाँ पृथक्-पृथक् ९ सूत्रों (८०-८८) में हुआ है वहाँ जी० का० में **'अगेज्जगेहि अंतरिया। आहार-तेज-भासा-मण-कम्मइया'** (५९३) इतने मात्र में कर दिया गया है। वहाँ पृथक्-पृथक् 'आहार-द्रव्यवर्गणा के आगे अग्रहणवर्गणा, उसके आगे तैजसवर्गणा, फिर अग्रहणवर्गणा' इत्यादि-क्रम से निर्देश नहीं किया गया। यह जी० का० में संक्षेपीकरण का उदाहरण है।

ष० ख० में यद्यपि मूल में जघन्य से उत्कृष्ट भेद के गुणकार और भागहार के प्रमाण का उल्लेख नहीं है, पर धवला में प्रत्येक वर्गणा के प्रसंग में उसे पृथक्-पृथक् स्पष्ट कर दिया गया है। उदाहरणस्वरूप जघन्य आहार द्रव्यवर्गणा से उत्कृष्ट कितनी है, इसे स्पष्ट करते हुए धवला में यह कहा गया है—

"जहण्णादो उक्कस्सिया विसेसाहिया। विसेसो पुण अभवसिद्धिएहि अणंतगुणो सिद्धाणमणंतभागमेत्तो होंतो वि आहारउक्कस्स दव्ववग्गणाए अणंतिमभागो।"[2]

जीवकाण्ड में संक्षेप से ग्राह्य आहारादि वर्गणाओं के प्रतिभाग का और उनके मध्यगत चार अग्राह्य वर्गणाओं के गुणकार का निर्देश इस प्रकार एक साथ कर दिया गया है—

सिद्धाणंतिमभागो पडिभागो गेज्झगाण जेट्ठट्ठं।—गा० ५९६ पू०

चत्तारि अगेज्जेसु वि सिद्धाणमणंतिमो भागो॥—गा० ५९७ उत्त०

इस प्रकार यह गुणकार व भागहार की प्ररूपणा धवला के उक्त विवरण से प्रभावित है।

२७. जीवकाण्ड में आगे इसी प्रसंग में फलाधिकार की प्ररूपणा करते हुए छह द्रव्यों के उपकार को दिखलाया गया है। उस प्रसंग में आहारादि पाँच ग्राह्य वर्गणाओं के कार्य को प्रकट किया गया है।

ष० ख० में उसका स्पष्टीकरण यथाप्रसंग धवलाकार के द्वारा किया गया है।

उदाहरण के रूप में दोनों ग्रन्थों में निर्दिष्ट आहार वर्गणा के कार्य को देखिये—

'ओरालिय-वेउव्विय-आहारसरीरपाओग्गपोग्गलक्खंधाणं आहारदव्ववग्गणा त्ति सण्णा।"

—पु० १४, पृ० ५९

आहारवग्गणादो तिण्णि सरीराणि होंति उस्सासो।
णिस्सासो वि य × ×॥ —जी० का० गाथा ६०६

जी० का० में इसी प्रसंग में स्निग्धता और रूक्षता के आश्रय से परस्पर परमाणुओं में

---

१. सूत्र ५,६,७६-९७ (पु० १४)

२. पु० १४, पृ० ५९; इसी प्रकार आगे अग्रहणवर्गणा और तैजस वर्गणा आदि के विषय में पृथक्-पृथक् गुणकार व भागहार का निर्देश किया गया है। इसके लिए सूत्र १०-८१ आदि की धवला टीका द्रष्टव्य है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

होने वाला बन्ध किस प्रकार से होता है, इसे स्पष्ट किया गया है (६०८-१८)।

ष० ख० में परमाणुओं में होने वाले इस बन्ध का विचार पूर्वोक्त बन्धनअनुयोगद्वार के अन्तर्गत सादिविस्रसाबन्ध के प्रसंग में किया गया है (सूत्र ३२-३६)।

जीवकाण्ड में बन्ध की वह प्ररूपणा ष० ख० में की गई परमाणुविषयक बन्ध की प्ररूपणा के ही समान है। यही नहीं, जीवकाण्ड में ष० ख० के प्रसंगप्राप्त दो गाथासूत्रों को ग्रन्थ का अंग भी बना लिया गया है। वे गाथासूत्र हैं—

गाथांश	ष०ख० (पु० १४)	जी०का० गाथा
णिद्धणिद्धा ण बज्झंति	सूत्र ३४	६११
णिद्धस्स णिद्धेण दुराहिएण	,, ३६	६१४

प्रथम गाथासूत्र के अनुसार स्निग्ध-स्निग्ध परमाणुओं में और रूक्ष-रूक्ष परमाणुओं में बन्ध के अभाव को प्रकट करते हुए विजातीय (स्निग्ध-रूक्ष) परमाणुओं में बन्ध का सद्भाव प्रकट किया गया है। इस प्रसंग में गाथा में प्रयुक्त 'रूपारूपी' का अर्थ प्रकट करते हुए धवला में कहा गया है कि जो स्निग्ध और रूक्ष पुद्गल गुणाविभागप्रतिच्छेदों से समान हैं उनका नाम रूपी है तथा जो पुद्गल गुणाविभागप्रतिच्छेदों से समान नहीं हैं उनका नाम अरूपी है। इन दोनों ही अवस्थाओं में उनमें बन्ध सम्भव है।[1]

इसी अभिप्राय को जीवकाण्ड में आगे गाथा ३१२ व ६१३ के द्वारा प्रकट किया गया है।

परमाणुविषयक बन्ध की यह प्ररूपणा तत्त्वार्थसूत्र (५, ३२-३६) में भी उपलब्ध होती है। पर ष० ख० से उसमें कुछ अभिप्रायभेद रहा है, यह ष० ख० की टीका धवला और तत्त्वार्थ की व्याख्या सर्वार्थसिद्धि और विशेषकर तत्त्वार्थवार्तिक से स्पष्ट है।

पूर्वोक्त दो गाथासूत्रों में दूसरा 'णिद्धस्स णिद्धेण दुराहिएण' आदि गाथासूत्र 'उक्तं च' कहकर सर्वार्थसिद्धि (५-३५) और तत्त्वार्थवार्तिक (५, ३५,१) में उद्धृत भी किया गया है, पर उसके चतुर्थचरण में प्रयुक्त 'विसमे समे' पदों के अभिप्राय में परस्पर मतभेद रहा है।

२८. जीवकाण्ड में आगे इसी सम्यक्त्वमार्गणा के प्रसंग में पाँच अस्तिकायों और नौ पदार्थों का निर्देश करते हुए प्रसंगप्राप्त पुण्य-पाप के आश्रय से प्रथमतः पापी मिथ्यादृष्टियों व सासादनसम्यग्दृष्टियों की संख्या प्रकट की गयी है और तत्पश्चात् अन्य मिश्र आदि गुणस्थानवर्ती जीवों की संख्या का उल्लेख किया गया है (६१९-२८)। आगे क्षपकों में बोधितबुद्ध आदि की संख्या दिखलाते हुए चारों गतियों में भागहार का क्रम प्रकट किया गया है तथा अन्त में यह सूचना कर दी गई है कि अपने-अपने अवहार से पल्य के भाजित करने पर अपनी अपनी राशि का प्रमाण प्राप्त होता है (६२९-४१)।

ष० ख० में जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत आठ अनुयोगद्वारों में दूसरा द्रव्यप्रमाणानुगम अनुयोगद्वार है। उसमें प्रथमतः ओघ की अपेक्षा चौदह गुणस्थानवर्ती जीवों की संख्या की और तत्पश्चात् आदेश की अपेक्षा क्रम से गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं में यथासम्भव उन-उन गुणस्थानवर्ती जीवों की संख्या की प्ररूपणा हुई है। इसके लिए पु० ३ द्रष्टव्य है।

इसके अतिरिक्त षट्खण्डागम के दूसरे क्षुद्रकबन्ध खण्ड के अन्तर्गत पाँचवें द्रव्यप्रमाणा-

---

१. धवला पु० १४, पृ० ३१-३२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

नुगम अनुयोगद्वार में गुणस्थान निरपेक्ष सामान्य से गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं में यथाक्रम से जीवों की संख्या की प्ररूपणा हुई है। (पु० ७, पृ० २४४-९८)

जीवकाण्ड में जो उस संख्या की प्ररूपणा हुई है वह सम्भवतः ष० ख० के उक्त द्रव्य-प्रमाणानुगम अनुयोगद्वार के आधार से ही की गई है। वहाँ उपशामकों और क्षपकों की संख्या के विषय में जो मतभेद प्रकट किया गया है (गाथा ६२५) वह धवला टीका के अनुसार है। इन मतभेदों को धवलाकार ने उत्तरप्रतिपत्ति और दक्षिणप्रतिपत्ति के रूप में दिखलाया है। (देखिये पु० ३, पृ० ९३-९४ व ९७-१००)

जीवकाण्ड में समस्त संयतों, अप्रमत्तसंयतों (६२४ पू०) और प्रमत्तसंयतों (६२४ उत्तरार्ध) की जो संख्या निर्दिष्ट की गई है वह दक्षिणप्रतिपत्ति के अनुसार है। उत्तर प्रतिपत्ति के अनुसार वहाँ उनकी संख्या का कुछ उल्लेख नहीं किया गया है, जबकि धवला में स्पष्टतया उसका उल्लेख हुआ है (पु० ३, पृ० ९९)। इस सम्बन्ध में धवला में यह गाथा उद्धृत की गई है—

सत्तादी अट्ठंता छण्णवमज्झा य संजदा सव्वे।
तिगभजिदा विगगुणिदापमत्तरासी पमत्ता दु॥ पु० ३, पृ० ९८

इसके उत्तरार्ध में परिवर्तन कर उसे जी० का० में इस प्रकार आत्मसात् किया गया है—

सत्तादी अट्ठंता छण्णवमज्झा य संजदा सव्वे।
अंजलिमौलियहत्थो तियणसुद्धे णमंसामि ॥६३५॥

उत्तरप्रतिपत्ति के अनुसार उनकी संख्या का निर्देश करते हुए धवला में जो गाथा उद्धृत की गई है वह इस प्रकार है—

छक्कादी छक्कंता छण्णवमज्झा य संजदा सव्वे।
तिगभजिदा विगगुणिदापमत्तरासी पमत्ता दु॥

—धवला पु० ३, पृ० १०१

धवला में वहाँ प्रसंगवश जो गाथाएँ उद्धृत की गई हैं वे कुछ पाठभेद के साथ जीवकाण्ड में आत्मसात् कर ली गई हैं।[1]

जीवकाण्ड में यह संख्या की प्ररूपणा इसके पूर्व प्रथम 'गुणस्थान' अधिकार में की जा सकती थी, जैसी कि प्रत्येक मार्गणा में उसकी प्ररूपणा की गई है। पर उसकी प्ररूपणा वहाँ न करके पुण्य-पाप के प्रसंग से सम्यक्त्व मार्गणा में की गई है।

यह भी स्मरणीय है कि गोम्मटसार में पूर्ववर्ती ग्रन्थों से कितनी ही गाथाओं को लेकर उन्हें ग्रन्थ का अंग बनाया गया है और वहाँ ग्रन्थकार अथवा 'उक्तं च' आदि के रूप में किसी प्रकार की सूचना नहीं की गई है।

इसके विपरीत सर्वार्थसिद्धि, तत्त्वार्थवार्तिक और धवला आदि प्रमाण के रूप में अथवा विषय के विशदीकरण के लिए ग्रन्थान्तरों से गाथा व श्लोक आदि को उद्धृत करते हुए प्रायः ग्रन्थ आदि का कुछ न कुछ संकेत अवश्य किया गया है।

---

१. धवला पु० ३, पृ० ९०-९८ (गा० ४१-४३, ४५, ४८ व ५१) और जीवकाण्ड गाथा ६२४-२८ और ६३२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

जी० का० में इस सम्यक्त्वमार्गणा के प्रसंग में अन्य भी जो जीव-अजीव आदि के विषय में विवेचन किया गया है उसका आधार **कषायप्राभृत**,[1] **पंचास्तिकाय** तथा **तत्त्वार्थसूत्र** और उसकी व्याख्यास्वरूप सर्वार्थसिद्धि एवं तत्त्वार्थवार्तिक आदि हो सकते हैं। जैसे—

कषायप्राभृत में दर्शनमोह की क्षपणा के प्रसंग में यह गाथासूत्र आया है—

दंसणमोहक्खवणापट्ठवगो कम्मभूमिजादो दु ।
णियमा मणुसगदीए णिट्ठवगो चावि सव्वत्थ ॥११०॥

यह गाथासूत्र जीवकाण्ड में ६४७ गाथांक में उपलब्ध होता है। विशेषता वहाँ यह रही है कि '**णियमा मणुसगदीए**' के स्थान में 'मणुसो **केवलिमूले**' ऐसा पाठ परिवर्तित कर दिया गया है। ष० ख० में '**जम्हि जिणा केवली तित्थयरा**' (सूत्र १,९-८, ११) ऐसा उल्लेख है। तदनुसार ही पाठ में वह परिवर्तन किया गया है। यद्यपि उसे धवला (पु० ६, पृ० २४५) में भी उद्धृत किया गया है, पर वहाँ पाठ में कुछ परिवर्तन नहीं किया गया।

(१) **पंचास्तिकाय** में सामान्य से पुद्गल के स्कन्ध, स्कन्धदेश, स्कन्धप्रदेश और परमाणु इन चार भेदों का निर्देश करते हुए उनका स्वरूप इस गाथा द्वारा प्रकट किया गया है—

खंधं सयलसमत्थं तस्स दु अद्धं भणंति देसो त्ति ।
अद्धद्धं च पदेसो परमाणू चेव अविभागी[2] ॥७५॥

यह गाथा जी० का० में इसी रूप में उपलब्ध होती है (६०३)।

(२) पंचास्तिकाय में बादर और सूक्ष्मरूपता को प्राप्त स्कन्धों को पुद्गल बतलाते हुए उनके छह भेदों का उल्लेख मात्र किया गया है (७६)।

यद्यपि उस गाथा में उन छह भेदों के नामों का निर्देश नहीं किया गया, फिर भी उसकी व्याख्या में अमृतचन्द्र सूरि और जयसेनाचार्य ने उन भेदों को इसप्रकार स्पष्ट कर दिया है— (१) बादर-बादर, (२) बादर, (३) बादरसूक्ष्म, (४) सूक्ष्मबादर, (५) सूक्ष्म और (६) सूक्ष्म-सूक्ष्म।

जी०का० में इन भेदों की प्ररूपक गाथा इस प्रकार उपलब्ध होती है—

बादरबादर बादर बादरसुहुमं च सुहुमथूलं च ।
सुहुमं च सुहुमसुहुमं धरादियं होदि छब्भेयं ॥६०२॥

(३) पंचास्तिकाय में आगे इसी प्रसंग में जिस प्रकार से धर्मास्तिकायआदिकों के स्वरूप (मूर्तामूर्तत्व और सक्रिय-अक्रियत्व) आदि का विचार किया गया है लगभग उसी प्रकार से जी० का० में भी उस सबका विचार हुआ है।[3]

(४) पंचास्तिकाय में काल द्रव्य का स्वरूप स्पष्ट करते हुए यह गाथा कही गई है—

---

१. कषायप्राभृत के १०८ व ११० ये दो गाथासूत्र जी० का० में यहाँ क्रम से ६५५ (इसके पूर्व गा० १८ भी) और ६४७ गाथांकों में उपलब्ध होते हैं।

२. यह गाथा मूलाचार (५-३४) और ति० प० (१-९५) में भी उसी रूप में उपलब्ध होती है। जीवसमास में उसका पूर्वार्ध (९४) मात्र उपलब्ध होता है।

३. पं० का० गाथा ८३-९९ और जी० का० गाथा ५६२-६६ और ६०४ आदि।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

कालो त्ति य ववएसो सब्भावपरूवगो हवदि णिच्चो ।
उप्पण्णप्पद्धंसी अवरो दीहंतरट्ठाई ।। १०१ ।।

यह गाथा जी० का० में उसी रूप में ग्रन्थ का अंग बन गई है (५७९) ।

जीवकाण्ड में 'कालो त्ति' के स्थान में 'कालो वि य' पाठ है, जो सम्भवतः लिपि के दोष से हुआ है।

इस प्रकार पंचास्तिकाय और तत्त्वार्थ सूत्र (५वां अध्याय) आदि में जिस प्रकार से छह द्रव्यों के विषय में चर्चा है उसी प्रकार से आगे पीछे जी० का० में भी सम्यक्त्वमार्गणा के प्रसंग में उनके विषय में विचार किया गया है।

२९. जी० का० के आलापाधिकार में जो गुणस्थान और मार्गणाओं से सम्बन्धित आलापों की प्ररूपणा की गई है उसके बीज ष० ख० में सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार के अन्तर्गत पृथक्-पृथक् प्रत्येक मार्गणा में पाये जाते हैं। पर्याप्त-अपर्याप्त गुणस्थानों का विचार वहाँ योगमार्गणा के प्रसंग में विशेष रूप से किया गया है।

इसके अतिरिक्त जैसा कि पूर्व में संकेत किया जा चुका है, आचार्य वीरसेन ने धवला में उक्त सत्प्ररुपणा सूत्रों की 'प्ररूपणा' के रूप में पूर्वोक्त बीस प्ररूपणाओं का विचार बहुत विस्तार से किया है, जो एक स्वतंत्र पुस्तक के रूप में ष०ख० की दूसरी पुस्तक में निबद्ध है।

बीस प्ररूपणाओं का अन्तर्भाव

षट्खण्डागम के प्रथम खण्ड जीवस्थान में प्रमुखता से गुणस्थान (ओघ) और मार्गणा (आदेश) इन दो की ही प्ररूपणा की गई है। ष० ख० के अन्तर्गत सत्प्ररूणासूत्रों से सूचित बीस प्ररूपणाओं की जो व्याख्या धवलाकार के द्वारा की गई है उसमें एक शंका के समाधान में धवलाकार ने जीवसमास व पर्याप्तियों आदि का अन्तर्भाव मार्गणाओं में कहाँ-कहाँ किस प्रकार होता है, इसे स्पष्ट कर दिया है।

जीवकाण्ड में भी वस्तुतः ओघ और आदेश की प्रमुखता से (गाथा ३) ही बीस प्ररूपणाओं का विवेचन किया गया है। वहाँ भी धवला के समान जीवसमास व पर्याप्तियों आदि का अन्तर्भाव मार्गणाओं में व्यक्त किया है, जो धवला से पूर्णतया प्रभावित है।[1]

इसके लिए उदाहरण के रूप में दोनों ग्रन्थों का थोड़ा-सा प्रसंग यहाँ प्रस्तुत किया जाता है—

"पर्याप्ति-जीवसमासाः कायेन्द्रियमार्गणयोर्निलीनाः, एक-द्वि-त्रि-चतुःपंचेन्द्रिय-सूक्ष्म-बादर-पर्याप्तापर्याप्तभेदानां तत्र प्रतिपादितत्वात्। उच्छ्वास-भाषा-मनोबल प्राणाश्च तत्रैव निलीनाः, तेषां पर्याप्तिकार्यत्वात्। कायबल-प्राणोऽपि योगमार्गणातो निर्गतः, बललक्षणत्वाद्योगस्य" (पु० २, पृ० ४१४)। इत्यादि।

इसका जी० का० की इस गाथा से मिलान कीजिये—

इंदिय-काये लीणा जीवा पज्जत्ति-आण-भास-मणो ।
जोगे काओ णाणे अक्खा गदि मग्गणे आऊ ।।—गाथा ५

उपसंहार

गोम्मटसार के रचयिता आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती सिद्धान्त के मर्मज्ञ रहे हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उन्होंने अपने समक्ष उपस्थित समस्त आगमसाहित्य—जैसे षट्खण्डागम व कषायप्राभृत आदि का गम्भीरतापूर्वक अध्ययन किया था। उसका उपयोग उन्होंने प्रकृत गोम्मटसार की रचना में पर्याप्त रूप में किया है। इससे उनकी यह कृति निःसन्देह अतिशय लोकप्रिय हुई है।

जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, कषायप्राभृत व षट्खण्डागम आदि में जो गाथा-सूत्र रहे हैं तथा ष० ख० की टीका धवला आदि में यथा प्रसंग विवक्षित विषय की पुष्टि के लिए अथवा उसे विशद व विकसित करने के लिए जो ग्रन्थान्तरों से ग्रन्थनामोल्लेखपूर्वक अथवा 'उक्तं च' आदि का निर्देश करते हुए गाथाएँ ली गई हैं, जीवकाण्ड में उन्हें बड़ी कुशलता से उसी रूप में ग्रन्थका अंग बना लिया गया है। ऐसी गाथाओं को ग्रन्थ में समाविष्ट करते हुए ग्रन्थ के नाम आदि का कोई संकेत नहीं किया गया है। ऐसी गाथाओं की यहाँ सूची दी जा रही है। जैसा कि पीछे स्पष्ट किया जा चुका है उनमें अधिकांश गाथाएँ दि० पचसंग्रह में भी उपलब्ध होती हैं।

क्रम संख्या	गाथांश	धवला		जीवकाण्ड	पंचसंग्रह
		पु०	पृ०	गाथा	गाथा
१.	अट्ठत्तीसद्धलवा	३	६६	५७४	
२.	अट्ठविहकम्मविजुदा	१	२००	६८	१-३१
३.	अट्ठेव सयसहस्सा	३	९६	६२८	
४.	अणुलोहं वेदंतो	१	३७३	४७३	
५.	अत्थादो अत्थंतर	,,	३५९	३१४	१-१२२
६.	अत्थि अणंता जीवा	,,	२७१	१९६	१-८५
	,, ,,	१४	२३३	,,	,,
७.	अप्प-परोभयबाधण	१	३५१	२८८	१-११६
८.	अभिमुहणियमियबोहण	,,	३५९	३०५	१-१२१
९.	अवहीयदि त्ति ओही	,,	,,	३६९	१-१२३
१०.	असहायणाण-दंसण	,,	१९२	६४	१-२९
११.	आभीयमासुरक्खा	,,	३९८	३०३	१-११९
१२.	आवलि असंखसमया	३	६५	५७३	
१३.	आहरदि अणेण मुणी	१	२९४	२३८	१-९७
१४.	आहारयमुत्तत्थं	,,	,,	२३९	१-९८
१५.	उवसंते खीणे वा	,,	३७३	४७४	१-१३३
१६.	एइंदियस्स फुसणं	,,	२५८	१६६	
१७.	एक्कम्हि काल-समए	,,	१८६	५६	१-२०
१८.	एदम्हि गुणट्ठाणे	,,	१८३	५१	१-१८
१९.	एयणिगोदसरीरे	१	२७०	१९४	१-८४
२०.	एयणिगोदसरीरे	,,	३९४	,,	,,
	,,	१४	२३४	,,	,,
२१.	एयदवियम्मि जे	१	३९६	५८१	

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

क्र०सं०	गाथांश	धवला पु०	धवला पृष्ठ	जीवकाण्ड गाथा	पंचसंग्रह गाथा
२२.	ओरालियमुत्तत्थं	१	२९१	२३०	
२३.	कम्मेव च कम्मभवं	,,	२९५	२४०	१-९९
२४.	कारिस-तणिट्ठिवागग्गि	,,	३४२	२७५	१-१०८
२५.	किण्हादिलेस्सरहिदा	,,	३९०	५५५	१-१५३
२६.	किमिराय-चक्क-तणुमल	,,	३५०	२८६	
२७.	केवलणाण-दिवायर	,,	१९१	६३	१-२७
२८.	खवए य खीणमोहे	५	१८६	६७	
	,, ,,	१२	७८	,,	
२९.	खीणे दंसणमोहे	१	३९५	६४५	१-१६०
३०.	गुण-जीवा-पज्जत्ती	२	४११	२	१-२
३१.	चक्खूण जं पयासदि	१	३८२	४८३	१-१३९
	,, ,,	७	१००	,,	,,
३२.	चत्तारि वि छेत्ताइं	१	३२६	६५२	१-२०१
३३.	चंडो ण मुयदि वेरं	,,	३८८	५०८	१-१४४
	,, ,,	१६	४९०	,,	,,
३४.	चागी भद्दो चोक्खो	१	३९०	५१५	१-१५१
	,, ,,	१६	४९०	,,	,,
३५.	चिंतियमचिंतियं वा	,,	३६०	४३७	१-१२५
३६.	छप्पंच-णवविहाणं	,,	३९५	५६०	१-१५९
	,, ,,	४	३१५	,,	,,
३७.	छादेदि सयं दोसेण	१	३४१	२७३	१-१०५
३८.	छेत्तूण य परियायं	,,	३७२	४७०	१-१३०
३९.	जत्थेक्कु मरइ जीवो	,,	२७०	१९२	१-८३
	,, ,,	१४	२३०	,,	,,
४०.	जह कंचणमग्गिगयं	१	२६६	२०२	१-८७
४१.	जह भारवहो पुरिसो	,,	१३९	२०१	१-७६
४२.	जं सामण्णं गहणं	,,	१४९	४८२	१-१३८
	,, ,,	७	१००	,,	,,
४३.	जाइ-जरा-मरण-भया	१	२०४	१५१	१-६४
४४.	जाणइ कज्जमकज्जं	,,	३८४	५१४	१-१५०
४५.	जाणइ तिकालसहिए	,,	१४४	२९८	१-११७
४६.	जीवा चोदस भेया	१६	३७३	४७७	१-१३३
४७.	जेसिं ण संति जोगा	,,	२८०	२४२	१-१००
४८.	जेहिं दु लक्खिज्जंते	,,	१६१	८	१-३
४९.	जो णेव सच्चमोसो	,,	२८६	२२०	१-९२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

क्रम संख्या	गाथांश	धवला पु०	धवला पृ०	जीवकाण्ड गाथा	पंचसंग्रह गाथा
५०.	जो तसवहाउ विरओ	१	१७५	३१	१-१३
५१.	ण उ कुणइ पक्खवायं	"	३९०	५१६	१-१५२
	"	१६	४९२	"	"
५२.	णट्ठाससेपमाओ	१	१७९	४६	१-१६
५३.	ण य पत्तियइ परं सो	"	३८९	५१२	१-१४८
	"	१६	४९१	"	"
५४.	ण य परिणमइ सयं सो	४	३१५	५६९	
५५.	ण य सच्चमोसजुत्तो	१	२८२	२१८	१-९०
५६.	ण रमंति जदो णिच्चं	"	२०२	१४६	१-६०
५७.	ण वि इंदियकरणजुदा	"	२४८	१७३	
५८.	णिद्दा-वंचण बहुलो	"	३८९	५१०	१-१४६
	"	६	४९१	"	"
५९.	णिस्सेसखीणमोहो	१	१९०	६२	१-२५
६०.	णेवित्थी णेव पुमं	"	३४२	२७४	१-१०७
६१.	णो इंदिएसु विरदो	"	१७३	२९	१-११
६२.	तारिसपरिणामट्ठिय	"	१८३	५४	१-१९
६३.	तिगहिय-सद-णवणउदी	३	९०	६२४	
६४.	तिण्णिसया छत्तीसा	४	३९०	१२२	
६५.	तिरियंति कुडिलभावं	१	२०२	१४७	१-६१
६६.	तिसदिं वदंति केई	३	९४	६२५	
६७.	तेरस कोडी देसे	"	२४४	६४१	
६८.	दसविहसच्चे वयणे	१	२८६	२१९	१-९१
६९.	दहि-गुडमिव वामिस्सं	"	१७०	२२	१-१०
७०.	दंसणमोहुदयादो	"	३९६	६४८	
७१.	दंसणमोहुवसमदो	"	"	६४९	
७२.	दंसण-वय-सामाइय	"	१०२	४७६	
	"	"	३७३	"	
७३.	दिव्वंति जदो णिच्चं	"	२०३	१५०	१-६३
७४.	परमाणु आदियाइं	७	३८२	४८४	१-१४०
	"	"	१००	"	"
७५.	पंच-ति-चउव्विहेहि	१	३७३	४७५	१-१३२
७६.	पंचसमिदो तिगुत्तो	"	३७२	४७१	१-१३१
७७.	पुढवी जलं च छाया	३	३	६०१	
७८.	पुरु-गुणभोगे सेदे	१	३४१	२७२	१-१०६
७९.	पुरु-महमुदारुरालं	"	२९१	२२९	१-९३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

क्रम संख्या	गाथांश	धवला पु०	धवला पृ०	जीवकाण्ड गाथा	पंचसंग्रह गाथा
८०.	बत्तीसमट्ठदालं	३	९३	६२७	
८१.	बहुविह-बहुप्पयारा	१	३८२	४८५	१-१४१
८२.	बाहिरपाणेहि जहा	"	२५६	१२८	१-४५
८३.	बीजे जोणीभूदे	४	२५१	१८९	
	"	१४	२३२	"	
८४.	भविया सिद्धी जेसिं	१	३९४	५५६	१-१५६
८५.	भिण्णसमयट्ठिएहि	"	१८३	५२	१-१७
८६.	मण्णंति जदो णिच्चं	"	२०३	१४८	१-६२
८७.	मरणं पत्थेइ रणे	"	३८९	५१३	१-१४९
	"	१६	४९१	"	"
८८.	मंदो बुद्धिविहीणो	१	३८८	५०९	१-१४५
	"	१६	४९०	"	"
८९.	मिच्छत्तं वेयंतो	१	१६२	१७	१-६
९०.	मिच्छाइट्ठी णियमा	६	२४२	१८	१-७
९१.	मूलग्ग-पोरबीया	१	२७३	१८५	१-८१
९२.	रुसदि णिंददि अण्णे	"	३८९	५११	१-१४७
	"	१६	४९१	"	"
९३.	लोयायासपदेसे	४	३१५	५८८	
९४.	वत्तावत्तपमाए	१	१७८	३३	१-१४
९५.	वयणेहि वि हेउहि वि	"	३९५	६४६	१-१६१
९६.	विकहा तहा कसाया	"	१७८	३४	१-१५
९७.	विवरीयमोहिणाणं	"	३५९	३०४	१-१२०
९८.	विविहगुणइड्ढिजुत्तं	"	२९१	२३१	१-९५
९९.	विस-जंत-कूड-पंजर	"	३५८	३०२	१-११८
१००.	विहि तीहि चउहि पंचहि	"	२७४	१९७	१-८६
१०१.	वेगुव्वियमुत्तत्थं[1]	"	२९२	२३३	१-९६
१०२.	वेदण-कसाय-वेउव्विय	४	२९	६६६	१-१९६
१०३.	वेलुवमूलोरब्भय	१	३५०	२८५	
१०४.	सकयाहलं जलं वा	"	१८९	६१	१-२४
१०५.	सत्तादी अट्ठंता[2]	३	९८	६३२	
१०६.	सब्भावो सच्चमणो	"	२८१	२१७	१-८९
१०७.	सम्मत्त-रयणपव्वय	"	१६६	२०	१-९

१. पंचसं० प्रथम चरण—अंतोमुहुत्तमज्झं ।

२. उत्तरार्ध भिन्न—अंजलिमौलियहत्थो तियरणसुद्धे णमंसामि ।।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

क्रम संख्या	गाथांश	धवला पु०	धवला पृ०	जीवकाण्ड गाथा	पंचसंग्रह गाथा
१०८.	सम्मत्तुपत्तीय वि	५	१८६	६६	
	"	१२	७८	"	
१०९.	सम्माइट्ठी जीवो	१	१७३	२७	१-१२
	"	६	२४२	"	"
११०.	संगहियसयलसंजम	१	३७२	४६९	१-१२९
१११.	संपुण्णं तु समग्गं	"	३६०	४५९	१-१२६
११२.	साहारणमाहारो	"	२७०	१९१	१-८२
	"	१४	२२६	"	"
	"	"	४८७	"	"
११३.	सिल-पुढविभेद-धूली	१	३५०	२८३	
११४.	सुत्तादो तं सम्मं	"	२६२	२८	
११५.	सेलट्ठि-कट्ठ-वेत्तं	"	३५०	२८४	
११६.	सेलेसिं संपत्तो	"	१९९	६५	१-३०
११७.	सोलसयं चउवीसं	३	९१	६२६	
११८.	होंति अणियट्टिणो ते	१	१८६	५७	१-२१

षट्खण्डागम के प्रथम खण्डस्वरूप जीवस्थान में प्रतिपाद्य विषय का विवेचन यथाक्रम से सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों में ओघ और आदेश की अपेक्षा अतिशय व्यवस्थित रूप में किया गया है। जिस विषय का विवेचन मूल ग्रन्थ में नहीं किया गया है उसका विवेचन उसकी महत्त्वपूर्ण टीका में यथाप्रसंग विस्तार से कर दिया गया है। धवलाकार आचार्य वीरसेन ने पचासों सूत्रों को 'देशामर्शक' घोषित करके उनसे सूचित अर्थ की प्ररूपणा परम्परागत व्याख्यान के आधार से धवला में विस्तार से की है। इसका विशेष स्पष्टीकरण आगे 'धवला टीका' के प्रसंग में किया जायेगा।

जीवकाण्ड में गुणस्थानों और मार्गणास्थानों को महत्त्व देखकर भी आचार्य नेमिचन्द्र ने प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा गुणस्थान, जीवसमास व पर्याप्ति आदि बीस प्ररूपणाओं के क्रम से की है। इससे दोनों ग्रन्थों में यद्यपि विषयविवेचन का क्रम समान नहीं रहा है, फिर भी जीवस्थान में प्ररूपित प्रायः सभी विषयों की प्ररूपणा आगे-पीछे यथाप्रसंग जीवकाण्ड में की गई है। इस प्रकार जीवस्थान में चर्चित सभी विषयों के समाविष्ट होने से को यदि उसे षट्खण्डागम के जीवस्थान खण्ड का संक्षिप्त रूप कहा जाये तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

कर्मकाण्ड

कर्मकाण्ड यह गोम्मटसार का उत्तर भाग है। इसकी समस्त गाथासंख्या ९७२ है। यह इन नौ अधिकारों में विभक्त है—प्रकृतिसमुत्कीर्तन, बन्धोदय-सत्त्व, सत्त्वस्थानभंग, त्रिचूलिका, स्थानसमुत्कीर्तन, प्रत्यय, भावचूलिका, त्रिकरणचूलिका और कर्मस्थितिरचना। इन अधिकारों के द्वारा उसमें कर्म की बन्ध, उत्कर्षण, अपकर्षण, संक्रमण, उदीरणा, सत्त्व, उदय और उपशम आदि विविध अवस्थाओं की अतिशय व्यवस्थित प्ररूपणा की गई है। उसका भी

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

प्रमुख आधार प्रस्तुत षट्खण्डागम और उसकी धवला टीका रही है। तुलनात्मक दृष्टि से विचार करने के लिए यहाँ कुछ उदाहरण दिये जाते हैं—

१. षट्खण्डागम के प्रथम खण्ड जीवस्थान से सम्बद्ध नौ चूलिकाओं में प्रथम 'प्रकृति-समुत्कीर्तन' चूलिका है। उसमें यथाक्रम से कर्म की ज्ञानवरणीयादि आठ मूलप्रकृतियों और उनमें प्रत्येक की उत्तरप्रकृतियों का निर्देश किया गया है। मूल में यद्यपि केवल उनके नामों का ही निर्देश है, पर उसकी धवला टीका में उनके स्वरूप आदि के विषय में विस्तार से विचार किया गया है।[1]

कर्मकाण्ड के पूर्वोक्त नौ अधिकारों में भी प्रथम अधिकार 'प्रकृतिसमुत्कीर्तन' ही है। उसमें मंगलपूर्वक प्रकृतिसमुत्कीर्तन के कथन की प्रतिज्ञा करते हुए[2] प्रकृति के स्वरूप, कर्म-नोकर्म के ग्रहण और निर्जरा के क्रम को प्रकट किया गया है। यहाँ प्रकृति के स्वरूप का निर्देश करते हुए उसके प्रकृति, शील और स्वभाव इन समानार्थक नामों का उल्लेख किया गया है (गाथा २)।

२. षट्खण्डागम के पाँचवें वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत जो 'प्रकृति' अनुयोगद्वार है उसके प्रारम्भ में उसकी सार्थकता को दिखलाते हुए धवला में भी उसके इन्हीं समानार्थक नामों का निर्देश इस प्रकार किया गया है—

"प्रकृतिः स्वभावः शीलमित्यनर्थान्तरम्, तं परुवेदि त्ति अणियोगद्दारं पि 'पयडी'णाम उवयारेण।" —पु० १३, पृ० १६७

३. कर्मकाण्ड में आगे इस अधिकार में मूल व उत्तरप्रकृतियों की प्ररूपणा करते हुए उनके घाती-अघाती व पुद्गलविपाकी-जीवविपाकी आदि भेदों का उल्लेख किया गया है। इस प्रसंग में वहाँ कर्म के आठ, एक सौ अड़तालीस और असंख्यात लोकप्रमाण भेदों का निर्देश भी किया गया है (गाथा ७)।

षट्खण्डागम के पूर्वनिर्दिष्ट 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में एक आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय के ही ४,२४,२८,३२,४८,१४४,१६८,१९२,२२८,३३६ और ३८४ भेदों का निर्देश किया गया है (सूत्र ५,५,३५)। आगे वहाँ श्रुतज्ञानावरणीय के संख्यात भेदों का निर्देश है (सूत्र ५,५,४५)। अनन्तर आनुपूर्वी के प्रसंग में अवगाहनाभेदों के आश्रय से गणितप्रक्रिया के अनुसार नरकगति-प्रायोग्यानुपूर्वी आदि के असंख्यात भेदों को प्रकट करते हुए उनमें परस्पर अल्पबहुत्व को भी दिखलाया गया है (सूत्र ५,५,११४-३२)।

कर्मकाण्ड में कर्मभेदों का जो निर्देश है उसका षट्खण्डागम के प्रकृतिअनुयोगद्वार में निर्दिष्ट उन भेदों की प्ररूपणा से प्रभावित होना सम्भव है।

४. कर्मकाण्ड में गोत्रकर्म के स्वरूप का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि सन्तानक्रम से आये हुए जीव के आचरण का नाम गोत्र है (गाथा १३)।

यह धवला के इस कथन पर आधारित होना चाहिए—

---

१. धवला पु० ६ में 'प्रकृतिसमुत्कीर्तन' चूलिका पृ० ५-७८

२. यह प्रकृतिसमुत्कीर्तन की प्रतिज्ञा समान रूप से इन दोनों ग्रन्थों में की गई है। यथा—
इदाणिं **पयडिसमुक्कित्तणं** कस्सामो।—(ष०ख०, सूत्र १,९-१,३ पु० ६, पृ० ५)
पणमिय सिरसा णेमि····· **पयडिसमुक्कित्तणं वोच्छं**॥—गाथा १

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

"दीक्षायोग्यसाध्वाचाराणां साध्वाचारैः कृतसम्बन्धानां आर्यप्रत्ययाभिधान-व्यवहारनिबन्धनानां पुरुषाणां सन्तानः उच्चैर्गोत्रम्, तत्रोत्पत्तिहेतुकर्माप्युच्चैर्गोत्रम् ।" —पु० १३, पृ० १८२

५. स्त्यानगृद्धि के उदय से जीव की कैसी प्रवृत्ति होती है, इसका उल्लेख दोनों ग्रन्थों में समान रूप से इस प्रकार किया गया है—

"थीणगिद्धीए तिव्वोदएण उट्ठाविदो वि पुणो सोवदि सुत्तो वि कम्मं कुणदि, सुत्तो वि झंखइ, दंते, कडकडावेइ ।" धवला पु० ६, पृ० ३२; पु० १३, पृ० ३५४ पर भी उसका स्वरूप द्रष्टव्य है ।

"थीणुदयेणुट्ठिदे सोवदि कम्मं करेदि जप्पदि य ।" —कर्मकाण्ड गाथा २३ पू०

६. जीवस्थान की नौ चूलिकाओं में दूसरी 'स्थानसमुत्कीर्तन' चूलिका है । उसमें एक जीव के यथासम्भव एक समय में बाँधनेवाली प्रकृतियों के समूहरूप स्थान का विचार किया गया है ।

उदाहरणस्वरूप दर्शनावरणीय के नौ, छह और चार प्रकृतियोंरूप तीन स्थान हैं । इनमें नौ प्रकृतिरूप प्रथम बन्धस्थान मिथ्यादृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि के सम्भव है । उनमें से निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धि को छोड़कर शेष छह प्रकृतियोंरूप दूसरा स्थान सम्यग्मिथ्यादृष्टि से लेकर अपूर्वकरण के सात भागों में प्रथम भाग तक सम्भव है । चक्षुदर्शनावरणीय आदि चार प्रकृतियोंरूप तीसरा स्थान अपूर्वकरण के द्वितीय भाग से लेकर सूक्ष्मसाम्परायिकसंयत तक सम्भव है (सूत्र १,९-२,७-१६) ।

कर्मकाण्ड में उपर्युक्त नौ अधिकारों में पाँचवाँ 'स्थानसमुत्कीर्तन' अधिकार भी है । उसमें भी बन्धस्थानों आदि की प्ररूपणा की गई है । उदाहरणस्वरूप, जिस प्रकार उपर्युक्त षट्खण्डागम की दूसरी चूलिका में दर्शनावरणीय के तीन स्थानों का उल्लेख किया गया है ठीक उसी प्रकार क० का० में भी संक्षेप से दर्शनावरणीय के उन तीन स्थानों की प्ररूपणा की गई है (गाथा ४५९-६०) । विशेषता वहाँ यह रही है कि संक्षेप में उनकी प्ररूपणा करते हुए भी उसके साथ भुजकार, अल्पतर और अवस्थित बन्ध का भी निर्देश कर दिया गया है ।

७. जीवस्थान की उन नौ चूलिकाओं में छठी 'उत्कृष्टस्थिति' और सातवीं 'जघन्यस्थिति' चूलिका है । इनमें यथाक्रम से कर्मप्रकृतियों की उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति की प्ररूपणा की गई है ।

कर्मकाण्ड में कर्मप्रकृतियों की उत्कृष्ट-जघन्य स्थिति की प्ररूपणा दूसरे 'बन्धोदयसत्त्व' अधिकार के अन्तर्गत स्थितिबन्ध के प्रसंग में कुछ विशेषता के साथ की गई है ।

(गाथा १२७-६२)

विशेषता यह रही है कि षट्खण्डागम में जहाँ शाब्दिक दृष्टि से विस्तार हुआ है वहाँ कर्मकाण्ड में संक्षेप से थोड़े ही शब्दों में उसका व्याख्यान दिया है । यथा—

"पंचण्णं णाणावरणीयाणं णवण्हं दंसणावरणीयाणं असादावेदणीयं पंचण्हमंतराइयाणमुक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो तीसं सागरोवमकोडाकोडीओ । तिण्णिसहस्साणि आबाधा । आबाधूणिया कम्मट्ठिदी कम्मणिसेओ । सादावेदणीय-इत्थिवेद-मणुसगति-मणुसगदिपाओग्गाणुपुव्विणामाणमुक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो पण्णारस सागरोवमकोडाकोडीओ पण्णारस वाससदाणि आबाधा । आबाधूणिया कम्मट्ठिदी कम्मणिसेओ । मिच्छत्तस्स उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो सत्तरि सागरोवमकोडाकोडीओ ।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

सत्तवाससहस्साणि आबाधा । आबाधूणिया कम्मट्ठिदी कम्मणिसेओ ।"

—ष०ख०, सूत्र १,९-७,४-१२ (पु० ६)

कर्मकाण्ड में इस सम्पूर्ण अभिप्राय को तथा आगे के सूत्र १३-१५ के भी अभिप्राय को संक्षेप से इन गाथाओं में व्यक्त कर दिया गया है—

दुक्ख-तिघादीणोधं सादिच्छी-मणुदुगे तदद्धं तु ।
सत्तरि दंसणमोहे चरित्तमोहे य चत्तालं ॥१२८॥

उदयं पडि सत्तण्हं आबाहा कोडिकोडिउवहीणं ।
वाससयं तप्पडिभागेण य सेसट्ठिदीणं च ॥१५६॥

आबाहूणियकम्मट्ठिदि णिसेगो दु सत्तकम्माणं ।
आउस्स णिसेगो पुण सगट्ठिदी होदि णियमेण ॥१६०॥

इस प्रसंग से सम्बद्ध दोनों ग्रन्थों में अर्थसाम्य तो है ही, साथ ही शब्दसाम्य भी बहुत कुछ है।

आयुकर्म की आबाधा से सम्बन्धित धवलागत इस प्रसंग का भी कर्मकाण्ड के प्रसंग से मिलान कीजिए—

"जधा णाणावरणादीणमाबाधा णिसेयट्ठिदिपरतंता, एवमाउअस्स आबाधा णिसेयट्ठिदी अण्णोण्णा यत्ताओ ण होंति त्ति जाणावणट्ठं णिसेयट्ठिदी चेव परूविदा । **पुव्वकोडितिभागमादिं कादूण जाव असंखेपद्धा त्ति** एदेसु आबाधावियप्पेसु देव-णेरइयाणं आउअस्स उक्कस्स णिसेयट्ठिदी संभवदि त्ति उक्तं होदि ।" —धवला पु० ६, पृ० १६६-६७

पुव्वाणं कोडितिभागादासंखेयअद्धवोत्ति हवे ।
आउस्स य आबाधा ण ट्ठिदिपडिभागमाउस्स ॥—कर्मकाण्ड, १५८

उपर्युक्त धवलागत सभी अभिप्राय इस गाथा में समाविष्ट हो गया है ।

जैसा कि ऊपर कहा गया है, कर्मकाण्ड (गा० १५६) में किस कर्मस्थिति की कितनी आबाधा होती है, इसके लिए इस साधारण नियम का निर्देश किया गया है कि एक कोड़ाकोडि प्रमाण स्थिति की आबाधा सौ वर्ष होती है । तदनुसार शेष कर्मस्थितियों की आबाधा को त्रैराशिक क्रम से ले आना चाहिए । जैसे—

मोहनीय कर्म की उत्कृष्ट स्थिति ७० कोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण है । उसकी आबाधा त्रैराशिक विधि से इस प्रकार प्राप्त होती है—यदि एक कोड़ाकोड़ि प्रमाण स्थिति की आबाधा सौ वर्ष होती है तो सत्तर कोड़ाकोड़ि प्रमाण स्थिति की कितनी आबाधा होगी, इस त्रैराशिक क्रम के अनुसार फलराशि (१०० वर्ष) को इच्छाराशि (७० कोड़ाकोड़ि सागरोपम) से गुणित करके प्रमाणराशि (१ कोड़ाकोड़ि सागरोपम) का भाग देने पर ७००० वर्ष प्राप्त होते हैं। यही उस मोहनीय की उत्कृष्ट स्थिति की आबाधा जानना चाहिए ।

धवला में भी विवक्षित कर्मस्थिति की आबाधा को जानने के लिए उसी त्रैराशिक नियम का निर्देश इस प्रकार किया गया है—

"तेरासियकमेण पण्णारसवाससदमेत्तआबाधाए आगमणं उच्चदे—तीसं सागरोवम कोडाकोडिमेत्तकम्मट्ठिदीए जदि आबाधा तिण्णि वाससहस्साणि मेत्ताणि लब्भदि तो पण्णारस-सागरोवमकोडाकोडिमेत्तट्ठिदीए किं लभामो त्ति फलेण इच्छं गुणिय पमाणेणोवट्टिदे पण्णारस-

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

वाससदमेत्ता आबाधा होदि।" —पु० १, पृ० १५१

विशेष इतना है कि क० का० में जहां प्रमाणराशि एक कोड़ाकोड़ि रही है वहाँ धवला में वह तीस कोड़ाकोड़ी रही है।

अन्तःकोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण स्थिति के आबाधाकाल का निर्देश समान रूप से दोनों ग्रन्थों में अन्तर्मुहूर्त मात्र किया गया है।[1]

आबाधा का उपर्युक्त नियम आयुकर्म के लिये नहीं है, इसका संकेत पूर्व में किया जा चुका है। उसका आबाधाकाल दोनों ही ग्रन्थों में पूर्वकोटि के त्रिभाग से लेकर असंक्षेपाद्धा काल तक निर्देश किया गया है।[2]

८. षट्खण्डागम के तीसरे खण्ड बन्धस्वामित्वविचय में क्रम से ओघ और आदेश की अपेक्षा विवक्षित प्रकृतियों का बन्ध किस गुणस्थान से कहाँ तक होता है, इसका विचार किया गया है। जैसे—

पाँच ज्ञानावरणीय, चार दर्शनावरणीय, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इन सोलह प्रकृतियों का कौन बन्धक है और कौन अबन्धक है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि मिथ्यादृष्टि से लेकर सूक्ष्म साम्परायिक संयत उपशमक और क्षपक तक उनके बन्धक हैं, सूक्ष्मसाम्परायिककाल के अन्तिम समय में उनके बन्ध का व्युच्छेद होता है। ये बन्धक हैं, शेष जीव उनके अबन्धक हैं (सूत्र ३, ५-६ पु० ८)।

कर्मकाण्ड में भी उस बन्धव्युच्छित्ति का विचार प्रथमतः क्रम से गुणस्थानों में और तत्पश्चात् गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं में किया गया है तथा बन्ध से व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियों का भी उल्लेख किया गया है। (गाथा ९४-१२१)

ष० ख० में ऊपर जिन पाँच ज्ञानावरणीय आदि १६ प्रकृतियों के बन्ध और उनकी व्युच्छित्ति का निर्देश दसवें सूक्ष्मसाम्परायिक गुणस्थान तक किया गया है कर्मकाण्ड में उनका उल्लेख दसवें गुणस्थान के प्रसंग में इस प्रकार किया है—

"पढमं विग्घं दंसणचउ जस उच्चं च सुहुमंते ॥"—गाथा १०१ उत्तरार्ध

इस विषय में दोनों ग्रन्थों का अभिप्राय समान रहा है, पर प्ररूपणा की पद्धति दोनों ग्रन्थों में भिन्न रही है। ष० ख० में जहाँ ओघ और आदेश के अनुसार बन्ध और उसकी व्युच्छित्ति की प्ररूपणा ज्ञान-दर्शनावरणीयादि प्रकृतियों के क्रम से गई है वहाँ कर्मकाण्ड में उसकी प्ररूपणा ज्ञानावरणादि कर्मों के क्रम से न करके गुणस्थानक्रम से की गई है। यह अवश्य है कि ष० ख० में ज्ञानावरणादि के क्रम से उसकी प्ररूपणा करते हुए भी क्रमप्राप्त विवक्षित ज्ञानावरणादि प्रकृतियों के साथ विवक्षित गुणस्थान तक बंधनेवाली अन्य प्रकृतियों का भी उल्लेख एक साथ कर दिया गया है। जैसे—ऊपर ज्ञानावरणीय को प्रमुख करके उसके साथ दसवें गुणस्थान तक बंधनेवाली अन्य दर्शनावरण आदि का भी उल्लेख कर दिया गया है।

इस प्रकार ष० ख० में जहाँ ज्ञानावरण की प्रमुखता से प्रथमतः दसवें गुणस्थान तक बँधने वाली प्रकृतियों का सर्वप्रथम निर्देश किया गया है वहाँ क० का० में प्रथमतः प्रथम गुणस्थान में बन्ध से व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियों का उल्लेख किया गया है और तत्पश्चात्

---

१. ष०ख०, सूत्र १,९-६,३३ व ३४ (पु० ६, पृ० १७४ व १७७) तथा क०का० गाथा १५७
२. वही सूत्र १,९-६,२२-२७ व धवला पृ० १६६-६७ (पु० ६) तथा क०का० गाथा १५८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

यथाक्रम से सासादनादि अन्य गुणस्थानों में बन्ध से व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियों का उल्लेख किया गया है (गाथा ९४-१०१)।

इसी प्रकार आगे भी दोनों ग्रन्थों में अपनी अपनी पद्धति के अनुसार बन्ध व उसकी व्युच्छित्ति की प्ररूपणा की गई है।

उदाहरण के रूप में, ज्ञानावरणीय के बाद दर्शनावरणीय क्रमप्राप्त है। अत एव आगे ष० ख० में दर्शनावरणीय की निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धि इन तीन प्रकृतियों की प्रमुखता से उनके साथ सासादन गुणस्थान तक बँधनेवाली अनन्तानुबन्धी क्रोध आदि अन्य प्रकृतियों को भी लेकर पच्चीस प्रकृतियों के बन्ध को मिथ्यादृष्टि और सासादन सम्यग्दृष्टि इन दो गुणस्थानों में दिखलाकर आगे उनके बन्ध का निषेध कर दिया गया है। सूत्र ३,७-८

क० का० में उन पच्चीस प्रकृतियों की बन्धव्युच्छित्ति क्रमप्राप्त आगे के दूसरे गुणस्थान में निर्दिष्ट की गई है। इससे प्रथम दोनों गुणस्थानवर्ती जीव उन पच्चीस प्रकृतियों के बन्धक हैं, यह स्वयंसिद्ध हो जाता है (गाथा ९६)।

९. ष० ख० के इसी बन्धस्वामित्वविचय खण्ड में पूर्वोक्त पाँचवें पृच्छासूत्र की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने उसे देशामर्शकसूत्र बतलाकर उससे सूचित इन अन्य २३ पृच्छाओं को उसके अन्तर्गत निर्दिष्ट किया है— (१) क्या बन्ध पूर्व में व्युच्छिन्न होता है, (२) क्या उदय पूर्व में व्युच्छिन्न होता है, (३) क्या दोनों साथ ही व्युच्छिन्न होते हैं, (४) क्या उनका बन्ध अपने उदय के साथ होता है, (५) क्या पर के उदय के साथ होता है, (६) क्या अपने और पर के उदय के साथ वह होता है, (७) क्या बन्ध सान्तर होता है, (८) क्या निरन्तर होता है, (९) क्या सान्तर-निरन्तर होता है, (१०) क्या बन्ध सनिमित्तक होता है, (११) क्या अनिमित्तक होता है, (१२) क्या गतिसंयुक्त बन्ध होता है, (१३) क्या गतिसंयोग से रहित होता है, (१४) कितनी गतियों के जीव उनके बन्ध के स्वामी हैं, (१५) कितनी गतियों के जीव उनके बन्ध के स्वामी नहीं हैं, (१६) बन्धाध्वान कितना है, (१७) क्या बन्ध चरम समय में व्युच्छिन्न होता है, (१८) क्या वह प्रथम समय में व्युच्छिन्न होता है, (१९) क्या अप्रथम-अचरम समय में व्युच्छिन्न होता है (२०) क्या उनका बन्ध सादि है, (२१) क्या अनादि है, (२२) क्या उनका बन्ध ध्रुव है, (२३) और क्या वह अध्रुव होता है। इस प्रकार धवला में यथा प्रसंग इन २३ प्रश्नों का समाधान भी किया गया है।[1]

क० का० में चौथा 'त्रिचूलिका' अधिकार है। ऊपर ष० ख० की धवला टीका में जिन २३ प्रश्नों को उठाया गया है उनमें प्रारम्भ के नौ प्रश्नों को क० का० के इस अधिकार में उठाया है तथा उनका उसी क्रम से समाधान भी किया गया है (गाथा ३९८-४०७)।

क० का० का यह विवेचन उपर्युक्त धवला के उस प्रसंग से प्रभावित होना चाहिए। विशेषता यह रही है कि धवला में जहाँ सूत्रनिर्दिष्ट ज्ञानावरणादि प्रकृतियों के क्रमानुसार उन नौ प्रश्नों का समाधान किया गया है वहाँ क०का० में एक साथ बन्धयोग्य समस्त १२० प्रकृतियों को लेकर उन नौ प्रश्नों का समाधान कर दिया गया है। तद्विषयक अभिप्राय में दोनों ग्रन्थों में कुछ भिन्नता नहीं रही है।

१०. धवला में उठाये गये उपर्युक्त २३ प्रश्नों में से १०वाँ व ११वाँ ये दो बन्धप्रत्यय

---

१. धवला पु० ८, पृ० ७-८ व १३-३०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

से सम्बन्धित हैं। वहाँ सूक्ष्मसाम्परायिकसंयत गुणस्थान में व्युच्छिन्न होनेवाली पूर्वोक्त सोलह प्रकृतियों के आश्रय से विस्तार पूर्वक मूल (४) और उत्तर (५७) प्रत्ययों का गुणस्थानादि के क्रम से विचार किया गया है।[1] इसी प्रकार आगे प्रसंग के अनुसार विवक्षित अन्य प्रकृतियों के भी प्रत्ययों का विचार किया गया है।

क० का० में छठा स्वतंत्र 'प्रत्यय' अधिकार है। वहाँ धवला के समान ही गुणस्थानादि के क्रम से मूल और उत्तर प्रत्ययों का विचार किया गया है (गाथा ७८५-९०)।

दोनों ग्रन्थों में प्रत्ययों की यह प्ररूपणा समान रूप में ही की गई है। उदाहरणस्वरूप ५७ उत्तरप्रत्ययों में से मिथ्यात्व आदि गुणस्थानों में कहाँ कितने प्रत्ययों के आश्रय से बन्ध होता है, इसे धवला में यथाक्रम से गुणस्थानों में स्पष्ट करते हुए उपसंहार के रूप में यह गाथा उद्धृत की है[2]—

पणवण्णा इर वण्णा तिदाल छादाल सत्ततीसा य।
चदुवीस दुबावीसा सोलस एगूण जाव णव सत्त ॥

क० का० में उन प्रत्ययों की यह प्ररूपणा जिन दो गाथाओं के द्वारा की गई है उनमें प्रथम गाथा प्रायः धवला में उद्धृत इस गाथा से शब्दशः समान है। यथा—

पणवण्णा पण्णासा तिदाल छादाल सत्ततीसा य।
चदुवीसा बावीसा बावीसमपुव्वकरणो त्ति ॥
थूले सोलस पहुदी एगूणं जाव होदि दसठाणं।
सुहुमादिसु दस णवयं णवयं जोगिम्हि सत्तेव ॥७९०॥

विशेष इतना है कि धवला में उद्धृत उस गाथा का उत्तरार्ध कुछ दुरूह है। उसके अभिप्राय को क० का० में दूसरी गाथा के द्वारा स्पष्ट कर दिया गया है। यथा—उक्त गाथा में 'दुबावीसा' कहकर दो बार 'बाईस' संख्या का संकेत किया गया है। वह क० का० की दूसरी गाथा में स्पष्ट हो गया है, साथ ही वहाँ अपूर्वकरण गुणस्थान का भी निर्देश कर दिया गया है। आगे स्थूल अर्थात् बादरसाम्पराय (अनिवृत्तिकरण) में १६ प्रत्ययों की सूचना करके १० तक १-१ कम करने (१५,१४,१३,१२,११,१०) की ओर संकेत कर दिया गया है। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि अनिवृत्तिकरण के सात भागों में नपुंसकवेद आदि एक-एक प्रत्यय के कम होते जाने से १६,१५,१४,१३,१२,११ और १० प्रत्यय रहते हैं। पश्चात् 'सुहुमादिसु' से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि सूक्ष्मसाम्पराय में १०, उपशान्त कषाय में ९, क्षीणकषाय में ९ और सयोगकेवली गुणस्थान में ७ प्रत्यय रहते हैं।

आगे धवला में यह भी स्पष्ट किया गया है कि मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानों में इन ५७ प्रत्ययों में से एक समय में जघन्य से कितने और उत्कर्ष से कितने प्रत्यय सम्भव हैं। इसे बतलाते हुए वहाँ अन्त में 'एत्थ उवसंहारगाहा' ऐसी सूचना करते हुए एक गाथा उद्धृतकी गई है[3]—

---

१. धवला पु० ८, पृ० १९-२८
२. वही ,, पृ० २२-२४
३. धवला पु० ८, २४-२८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

दस अट्ठारस दसयं सत्तरह णव सोलसं च दोण्णं तु ।
अट्ठ य चोद्दस पणयं सत्त तिए दु ति दु एगमेयं च ॥

यह गाथा प्रायः इसी रूप में क० का० में गाथा संख्या ७६२ में उपलब्ध होती है। विशेषता यही है कि धवला में उसे 'एत्थ उवसंहारगाहा' कहकर उद्धृत किया गया है, पर क० का० में वैसी कुछ सूचना न करके उसे ग्रन्थ का अंग बना लिया है।

यहाँ यह ध्यातव्य है कि धवलाकार ने उक्त 'बन्ध स्वामित्वविचय' के सूत्र ६ की व्याख्या के प्रसंग में पूर्वोक्त २३ प्रश्नों में 'क्या बन्ध सप्रत्यय है या अप्रत्यय' इसके स्पष्टीकरण में मूल और उत्तर प्रत्ययों की प्ररूपणा की है। जैसा कि तत्त्वार्थसूत्र (८-१) में निर्देश किया गया है, उन्होंने मिथ्यात्व, असंयम, कषाय और योग को मूलप्रत्यय कहा है। प्रमाद को उन्होंने कषाय के अन्तर्गत ले लिया है। इन मूल प्रत्ययों के उत्तर प्रत्यय सत्तावन (५+१२ +२५+१५ =५७) हैं। इन बन्धप्रत्ययों में मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानों में कहाँ कितने सम्भव हैं, इत्यादि का विचार यथाक्रम से धवला में किया गया है।[1]

मूल षट्खण्डागम में कहीं भी इस प्रकार से इन बन्धप्रत्ययों का उल्लेख नहीं किया गया है। वहाँ वेदना खण्ड में दूसरे 'वेदना' अनुयोगद्वार के अन्तर्गत जो ८वाँ 'वेदना प्रत्ययविधान' अनुयोगद्वार है उसमें नैगम-व्यवहार आदि नयों के आश्रय से प्राणातिपातादि अनेक प्रत्ययों को बन्ध का कारण कहा गया है। धवलाकार ने इन सब बन्धप्रत्ययों का अन्तर्भाव पूर्वोक्त मिथ्यात्वादि चार बन्धप्रत्ययों में किया है।[2]

दि० पंचसंग्रह के चौथे 'शतक' प्रकरण में इन मूल और उत्तर बन्ध प्रत्ययों की प्ररूपणा १४० (७७-२१६) गाथाओं में बहुत विस्तार से की गई है।[3]

एक विशेषता यह भी है कि जिस प्रकार तत्त्वार्थसूत्र (६,१०-२३) में पृथक्-पृथक् ज्ञानावरणादि के प्रत्ययों की प्ररूपणा की गई है उस प्रकार से वह षट्खण्डागम और उसकी टीका धवला में नहीं की गई है, पर क० का० में उनकी प्ररूपणा तत्त्वार्थसूत्र के समान की गई है (गाथा ८००-१०)।

यहाँ यह स्मरणीय है कि षट्खण्डागम के पूर्वोक्त 'बन्धस्वामित्वविचय' खण्ड में विशेष रूप से तीर्थंकर प्रकृति के बन्धक सोलह कारणों का उल्लेख किया गया है तथा उसके उदय से होनेवाले केवली के माहात्म्य को भी प्रकट किया गया है। सूत्र ३६-४२ (पु० ८)

इन तीर्थंकर प्रकृति के बन्धक कारणों का निर्देश तत्त्वार्थसूत्र (६-२४) में भी किया गया है, पर कर्मकाण्ड में उनका उल्लेख नहीं किया गया है।

११. धवला में पूर्वोक्त २३ प्रश्नों के विषय में विचार करते हुए 'क्या बन्ध पूर्व में व्युच्छिन्न होता है' इसे स्पष्ट करने के पूर्व वहाँ गुणस्थानों में यथाक्रम से उदयव्युच्छित्ति की की प्ररूपणा की गयी है (पु० ८, पृ० ६-११)।

इस प्रसंग में वहाँ प्रथमतः महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के अनुसार मिथ्यादृष्टि गुणस्थान में इन दस प्रकृतियों की उदयव्युच्छित्ति दिखलाई गई है—मिथ्यात्व, एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय,

१. धवला पु० ८, पृ० १६-२८
२. वही, पु० १२, पृ० २७५-६३
३. पंचसंग्रह पृ० १०५-७४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

चतुरिन्द्रिय, आताप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण। तत्पश्चात् विकल्प के रूप में चूर्णि-सूत्रों के कर्त्ता (यतिवृषभाचार्य) के उपदेशानुसार उसी मिथ्यादृष्टि गुणस्थान में उदयव्युच्छित्ति को प्रकट करते हुए मिथ्यात्व, आताप, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इन पाँच प्रकृतियों की ही उदयव्युच्छित्ति दिखलायी गयी है। इसके कारणों का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि चूर्णिसूत्रों के कर्ता के मतानुसार एकेन्द्रियादि चार जातियों और स्थावर इन पाँच प्रकृतियों की उदयव्युच्छित्ति सासादनसम्यग्दृष्टि गुणस्थान में होती है।[1]

क० का० में भी उसी प्रकार से उस उदयव्युच्छित्ति दिखलाई की गई है। सर्वप्रथम वहाँ क्रम से मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानों में उदय से व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियों की संख्या इस प्रकार से निर्दिष्ट है—दस, चार, एक, सत्तरह, आठ, पाँच, चार, छह, छह, एक, दो, दो व चौदह (१६), उनतीस और तेरह। तत्पश्चात् विकल्प रूप में उन्हीं की संख्या इस प्रकार निर्दिष्ट की गयी है—पाँच, नौ, एक, सत्तरह, आठ, पाँच, छह, छह, एक, दो, सोलह, तीस और बारह (गा० २६३-६४)।

कर्मकाण्ड में यद्यपि उदयव्युच्छित्ति के संख्याविषयक मतभेद को गाथा में स्पष्ट नहीं किया गया है, फिर भी जैसी कि धवला में स्पष्ट सूचना की गई है, पूर्व दस संख्या का निर्देश **महाकर्मप्रकृतिप्राभृत** (आ० भूतबलि) के उपदेशानुसार और उत्तर पाँच संख्या का उल्लेख **यतिवृषभाचार्य** के उपदेशानुसार समझना चाहिए।

सत्प्ररूपणासूत्रों के रचयिता स्वयं आचार्य पुष्पदन्त ने भी एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और असंज्ञी पंचेन्द्रिय जीवों का अवस्थान एक मिथ्यादृष्टि गुणस्थान में ही निर्दिष्ट किया है। यदि एकेन्द्रियादि चार जातियों का उदय सासादनसम्यग्दृष्टियों के सम्भव था तो यहाँ उनके मिथ्यादृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि इन दो गुणस्थानों का सद्भाव प्रगट करना चाहिए था, पर वैसा वहाँ निर्देश नहीं किया गया है।[2]

इन दोनों मतों का उल्लेख करते हुए धवलाकारने सम्यक्त्वोत्पत्ति चूलिका के प्रसंग में भी यह स्पष्ट कहा है कि प्राभृतचूर्णि के कर्ता के अभिमतानुसार उपशमसम्यक्त्व के काल में छह आवलियों के शेष रहनेपर जीव सासादन गुणस्थान को भी प्राप्त हो सकता है। पर भूतबलि भगवान् के उपदेशानुसार, उपशमश्रेणि से उतरता हुआ जीव सासादन गुणस्थान को नहीं प्राप्त होता है।[3]

इस प्रकार कर्मकाण्ड में प्रथमतः उक्त दोनों मतों के अनुसार उदय से व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियों की संख्या का निर्देश है। आगे यथाक्रम से मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानों में व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियों का उल्लेख दूसरे मत के अनुसार भी कर दिया है (२६५-७२)।

दोनों ग्रन्थगत इस उदयव्युच्छित्ति की प्ररूपणा में विशेषता यह रही है कि धवलाकार ने जहाँ उन दोनों मतों का उल्लेख करके भी गुणस्थान क्रम से उदयव्युच्छित्ति को प्राप्त होनेवाली प्रकृतियों का निर्देश प्रथम मत के अनुसार किया है वहाँ कर्मकाण्ड में उनका उल्लेख दूसरे (यतिवृषभाचार्य के) मत के अनुसार किया गया है।

---

१. धवला पु० ८, पृ० ६
२. सूत्र १, १, ३६ (पु० १, पृ० २६१)
३. धवला पु० ६, पृ० ३३१ तथा क० प्रा० चूर्णि ५४२-४५ (क० पा० सुत्त, पृ० ७२६-२७)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

दि० पंचसंग्रह में मतभेद का उल्लेख न करके उदय से व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियों का निर्देश है, जो यतिवृषभाचार्य के मत का अनुसरण करनेवाला है (गा०३-२७)। यह गाथा कर्मकाण्ड में भी उसी रूप में उपलब्ध होती है (२६४)।

धवला में इस उदयव्युच्छित्ति के प्रसंग को समाप्त करते हुए 'एत्थ उवसंहारगाहा' ऐसी सूचना करते हुए इस गाथा को उद्धृत किया गया है—

दस चदुरिगि सत्तारस अट्ठ य तह पंच चेव चउरो य।
छ-छक्क एग दुग दुग चोद्दस उगुतीस तेरसुदयविही॥

—धवला पु० ८, पृ० ६-१०

यह गाथा कर्मकाण्ड में इसी रूप में ग्रन्थ का अंग बना ली गयी है (गा० २६३)।

१२. धवला में उठाये गये उन २३ प्रश्नों में चार (२०-२३) प्रश्न सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुव बन्ध से सम्बन्धित हैं। धवलाकार ने यथाप्रसंग सूत्रनिर्दिष्ट विभिन्न प्रकृतियों के विषय में इन चारों बन्धों को स्पष्ट किया है। जैसे—

सूक्ष्मसाम्परायसंयत के बन्ध से व्युच्छिन्न होनेवाली पूर्वोक्त १६ प्रकृतियों में पाँच ज्ञानावरणीय, चार दर्शनावरणीय और पाँच अन्तराय इन १४ प्रकृतियों का बन्ध मिथ्यादृष्टि के आदि हैं, क्योंकि उपशमश्रेणि में उनका बन्ध व्युच्छेद करके नीचे उतरते हुए मिथ्यात्व को प्राप्त होने पर उनका सादिबन्ध देखा जाता है। वह अनादि भी हैं, जो मिथ्यादृष्टि जीव उपशम श्रेणि पर कभी आरूढ़ नहीं हुए हैं उनके उस बन्ध का आदि नहीं है। अभव्य मिथ्यादृष्टियों के उनका ध्रुवबन्ध है, क्योंकि उनके उस बन्ध की व्युच्छित्ति कभी होनेवाली नहीं है। वह अध्रुव भी है, क्योंकि उपशम अथवा क्षपक श्रेणि पर चढ़ने योग्य मिथ्यादृष्टियों के उस बन्ध की ध्रुवता (शाश्वतिकता) रहनेवाली नहीं है। यही स्थिति यशःकीर्ति और उच्च गोत्र की है। इतना विशेष है कि उनका अनादि और ध्रुवबन्ध सम्भव नहीं है, क्योंकि उनके प्रतिपक्षभूत अयशःकीर्ति और नीचगोत्र के बन्ध का होना सम्भव है। शेष सासादन आदि गुणस्थानों में उन १४ प्रकृतियों का सादि, अनादि और अध्रुव तीन प्रकार का बन्ध सम्भव है। उनका ध्रुवबन्ध सम्भव नहीं है, क्योंकि भव्य जीवों के बन्ध की व्युच्छित्ति नियम से होने वाली है। यशःकीर्ति और उच्च गोत्र इन दो प्रकृतियों का बन्ध सभी गुणस्थानों में सादि और अध्रुव दो प्रकार का होता है।[1]

कर्मकाण्ड में इस प्रसंग में प्रथमतः मूल प्रकृतियों में इस चार प्रकार के बन्ध को स्पष्ट करते हुए वेदनीय और आयु को छोड़ शेष ज्ञानावरणादि छह कर्मों के बन्ध को चारों प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। वेदनीय कर्म का सादि के बिना तीन प्रकार का और आयु का अनादि व ध्रुव से रहित दो प्रकार का बन्ध कहा गया है। आगे इस चार प्रकार के बन्ध का स्वरूप इस प्रकार निर्दिष्ट किया है—

बन्ध का अभाव होकर जो पुनः बन्ध होता है वह सादि बन्ध कहलाता है। श्रेणि पर न चढ़नेवालों के जो विवक्षित प्रकृति का बन्ध होता है उसे अनादि बन्ध कहा जाता है, क्योंकि तब तक कभी उस बन्ध का अभाव नहीं हुआ है। जो बन्ध अविश्रान्त चालू रहता है उसका नाम ध्रुवबन्ध है, जैसे अभव्य का कर्मबन्ध। भव्य जीव के जो कर्मबन्ध होता है उसे अध्रुवबन्ध

---

१. धवला पु० ८, पृ० २६-३०.

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

जानना चाहिए, क्योंकि उसके उस बन्ध का अन्त होने वाला है (गा० १२२-२३)।

आगे इसी प्रकार से उत्तर प्रकृतियों में भी इस चार प्रकार के बन्ध का उल्लेख किया गया है (१२४-२६)।

इस प्रकार दोनों ग्रन्थों में समान रूप से इस चार प्रकार के बन्ध की प्ररूपणा की गयी है। केवल पद्धति में भेद रहा है।

१३. षट्खण्डागम की टीका धवला में उपपादादि योगों के अल्पबहुत्व की जिस प्रकार से प्ररूपणा है ठीक उसी प्रकार से उसकी प्ररूपणा कर्मकाण्ड में भी की गई है जैसे—

सूक्ष्म एकेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्त का जघन्य उपपादयोग सबसे स्तोक है। उससे सूक्ष्म एकेन्द्रिय निर्वृत्यपर्याप्त का जघन्य उपपादयोग असंख्यातगुणा है। उससे सूक्ष्म एकेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्त का उत्कृष्ट उपपादयोग असंख्यातगुणा है। उससे बादर एकेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्त का जघन्य उपपाद-योग असंख्यातगुणा है। (पु० १०,पृ० ४१४)

इसी अल्पबहुत्व को कर्मकाण्ड की इस गाथा में प्रकट किया गया है—

सुहुमगलद्धिजहण्णं तण्णिवत्तीजहण्णयं तत्तो।
लद्धिअपुण्णुक्कस्सं बादरलद्धिस्स अवरमदो ॥२३३॥

उसकी यह समानता आगे भी दोनों ग्रन्थों में द्रष्टव्य है।[1]

१४. धवला में प्रसंगप्राप्त एक शंका के समाधान में यह स्पष्ट किया गया है कि एक योग से आये हुए एक समान प्रबद्ध में आयु का भाग सबसे स्तोक होता है। नाम और गोत्र दोनों का भाग समान होकर आयु से विशेष अधिक होता है। ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय इन तीन कर्मों का भाग परस्पर समान होकर उससे विशेष अधिक होता है। उससे मोहनीय का भाग विशेष अधिक होता है। वेदनीय का भाग उससे अधिक होता है। इस स्पष्टीकरण के साथ वहाँ 'वुत्तं च' ऐसा निर्देश करते हुए इन दो गाथाओं को उद्धृत किया गया है—

आउगभागो थोवो णामागोदे समो तदो अहियो।
आवरणमंतराए भागो अहिओ दु मोहे वि॥
सव्वुवरि वेयणीए भागो अहिओ दु कारणं किंतु।
पयडिविसेसो कारण णो अण्णं तदणुवलंभादो॥—पु० १०, पृ ५११-१२

कर्मकाण्ड में कुछ परिवर्तित रूप में ये गाथाएँ इस प्रकार उपलब्ध होती हैं—

आउगभागो थोवो णामा-गोदे समो तदो अहियो।
घादितिये वि य तत्तो मोहे तत्तो तदो तदिये ॥१९२॥
सुह-दुक्खणिमित्तादो बहुणिज्जरगो त्ति वेयणीयस्स।
सव्वेहिंतो बहुगं दव्वं होदि त्ति णिद्दिट्ठं ॥१९३॥

१५. महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के अन्तर्गत कृति-वेदनादि पूर्वोक्त २४ अनुयोगद्वारों में १२वाँ 'संक्रम' अनुयोगद्वार है। इसमें धवलाकार आचार्य वीरसेन के द्वारा संक्रम के नामसंक्रम, स्था-पनासंक्रम, द्रव्यसंक्रम, कालसंक्रम और भावसंक्रम इन भेदों का निर्देश करते हुए संक्षेप में उनका स्वरूप स्पष्ट किया गया है। उनमें नोआगमद्रव्यसंक्रम के तीन भेदों में तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्य को कर्मसंक्रम और नोकर्मसंक्रम के भेद से दो प्रकार का बतलाकर कर्मसंक्रम को

---

१ धवला पु० १०,४१४-१७ और कर्मकाण्ड गाथा ४३३-४०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

प्रसंगप्राप्त कहा गया है। यह प्रकृतिसंक्रम आदि के भेद से चार प्रकार का है। इन चारों का धवला में यथाक्रम से स्वामित्व व एक जीव की अपेक्षा काल आदि अनेक अनुयोगद्वारों के आश्रय से विस्तारपूर्वक निरूपण है।

कर्मकाण्ड में तीसरे 'त्रिचूलिका' अधिकार के अन्तर्गत पाँच भागद्वारों की प्ररूपणा की गई है। उस पर धवलागत उपर्युक्त 'संक्रम' अनुयोगद्वार का बहुत कुछ प्रभाव रहा दिखता है। उसे स्पष्ट करने के लिए यहाँ एक दो उदाहरण दिये जाते हैं—

(१) धवला के उस प्रसंग में पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण व समाचारणीय आदि ३६ प्रकृतियों का एकमात्र अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, ऐसा कहा गया है। (पु० १६, पृ० ४१०)

कर्मकाण्ड में इस अभिप्राय को संक्षेप में इस प्रकार प्रकट किया गया है—

सुहुमस्स बंधधादी सादं संजलणलोह-पंचिंदी।
तेज-दु-सम-वण्णचऊ अगुरुग-परघाद-उस्सासं ॥४१६॥
सत्थगदी तसदसयं णिमिणुगुदाले अधापवत्तोदु। ४२० पू०

(२) धवला में मिथ्यात्व और सम्यक्त्व प्रकृतियों के कौन-से संक्रम होते हैं, इसे स्पष्ट करते हुए यह कहा गया है—

"मिच्छत्तस्स विज्झादसंकमो गुणसंकमो सव्वसंकमो चेदि तिण्णि संकमा। × × × वेदग-सम्मत्तस्स चत्तारि संकमा—अधापवत्तसंकमो उव्वेल्लणसंकमो गुणसंकमो सव्वसंकमो चेदि।"

—पु० १६, पृ० ४१५-१६

इस अभिप्राय को कर्मकाण्ड में निश्चित पद्धति के अनुसार संक्षेप में इस प्रकार प्रकट किया गया है—

× × × **मिच्छत्ते। विज्झाद-गुणे सव्वं सम्मे विज्झादपरिहीणा ॥४२३॥**

धवला में प्रसंग के अनुसार बहुत-सी प्राचीन गाथाओं को उद्धृत किया गया है। ऐसी गाथाओं को कर्मकाण्ड में उसी रूप में या थोड़े-से परिवर्तन के साथ आत्मसात् कर लिया गया है। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं—

गाथांश	धवला पु०	धवला पृष्ठ	कर्मकाण्ड गाथा
१. आउअभागो थोवो	१०	५१२	१६२
२. उगुदाल तीस सत्त य	१६	४१०	४१८
३. उदये संकम उदये	६	२६५	४४०
	६	२३६	,,
	१५	२७६	,,
४. उव्वेलण विज्झादो	१६	४०८-६	४०६
	४	१२७	,,
५. एयक्खेत्तोगाढं	१२	२७७	१८५
	१४	४३६	,,
	१५	३५	,,
६. णलया बाहू य तहा	६	४४	२८
७. दस अट्ठारस दसयं	८	२८	७६२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

८. दस चदुरिगि सत्तारस	८	११	२६३
९. पणवण्णा इर वण्णा	८	२४	७८९
१०. बंधे अधापवत्तो	१६	४०९	४१६

उपसंहार

गोम्मटसार के रचियता आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती निःसन्देह अपार सिद्धान्त-समुद्र के पारगामी रहे हैं। उन्होंने अपने समय में उपलब्ध समस्त आगमसाहित्य को—जैसे षट्खण्डागम और उसकी टीका धवला, कषायप्राभृत व उस पर निर्मित चूर्णिसूत्र एवं जयधवला टीका, पंचस्तिकाय, मूलाचार और तत्त्वार्थसूत्र व उसकी व्याख्यारूप सर्वार्थसिद्धि एवं तत्त्वार्थ-वार्तिक आदि का—गम्भीर अध्ययन किया था; जिसका उपयोग प्रकृत ग्रन्थ की रचना में किया गया है। उनकी इस कृति में षट्खण्डागम व कषायप्राभृत में प्ररूपित प्रायः सभी विषय समाविष्ट हैं। यही नहीं, उन्होंने उक्त षट्खण्डागम की टीका धवला और कषायप्राभृत की टीका जयधवला के अन्तर्गत प्राप्त गाथाओं को उसी रूप में या प्रसंगानुरूप यत्किंचित् परिवर्तन के साथ इस ग्रन्थ में सम्मिलित कर लिया है। साथ ही, उन्होंने अपने बुद्धिबल से विवक्षित विषय को प्रसंग के अनुरूप विकसित व वृद्धिगत भी किया है। इस प्रकार यह सर्वांगपूर्ण आ० नेमिचन्द्र की कृति विद्वज्जगत् में सर्वमान्य सिद्ध हुई है।

पर आश्चर्य इस बात का है कि जिस षट्खण्ड को सिद्ध करके उन्होंने अगाध सिद्धान्त विषयक पाण्डित्य को प्राप्त किया उस षट्खण्डागम के मूलाधार आचार्य धरसेन, पुष्पदन्त व भूतबलि तथा गुणधर और यतिवृषभ आदि का कहीं किसी प्रकार से स्मरण नहीं किया। यह आश्चर्य विशेष रूप में इसलिए होता है, जबकि उन्होंने अपनी इस कृति में गौतम स्थविर (जीवकाण्ड गाथा ७०५), इन्द्रनन्दी, कनकनन्दी (क० का० ३९६), वीरनन्दी, अभयनन्दी (क० का० ४३६) और पुनः अभयनन्दी, इन्द्रनन्दी, वीरनन्दी (क० का० ७८५ व ८९६) आदि का स्मरण अनेक बार किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने अजितसेन के शिष्य गोम्मटराय चामुण्डराय श्रावक को महत्त्व देते हुए उसका जयकार भी किया है (जीवकाण्ड ७३३ व क० का० ९६६-६८)।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

षट्खण्डागम पर टीकाएँ

आचार्य इन्द्रनन्दी ने अपने श्रुतावतार में षट्खण्डागम पर निर्मित कुछ टीकाओं का उल्लेख इस प्रकार किया है—

१. पद्मनन्दी विरचित परिकर्म

इन्द्रनन्दी विरचित श्रुतावतार में कहा गया है कि इस प्रकार गुरुपरिपाटी से आते हुए द्रव्यभावपुस्तकगत दोनों प्रकार के सिद्धान्त (षट्खण्डागम व कषायप्राभृत) का ज्ञान कुण्डकुन्दपुर में पद्मनन्दी को प्राप्त हुआ। उन्होंने षट्खण्डागम के प्रथम तीन खण्डों पर बारह हजार प्रमाण ग्रन्थ 'परिकर्म' को रचा। इस प्रकार वे 'परिकर्म' के कर्ता हुए।

यहाँ आचार्य इन्द्रनन्दी का 'पद्मनन्दी' से अभिप्राय सम्भवतः उन्हीं कुन्दकुन्दाचार्य का रहा है, जिन्होंने समयप्राभृत आदि अनेक अध्यात्म-ग्रन्थों की रचना की है। कारण यह कि कुन्दकुन्दाचार्य का दूसरा नाम पद्मनन्दी भी रहा है। यह पद्मनन्दी के साथ कुन्दकुन्दपुर के उल्लेख से भी स्पष्ट प्रतीत होता है, क्योंकि कुन्दकुन्दपुर से सम्बन्ध उन्हीं का रहा है।

यह 'परिकर्म' वर्तमान में उपलब्ध नहीं है, पर वीरसेनाचार्य ने अपनी धवला टीका में उसका उल्लेख बीसों बार किया है। उन उल्लेखों में प्रायः सभी सन्दर्भ गणित से सम्बन्ध रखते हैं। जैसे—

धवला में उसका उल्लेख एक स्थान पर विवक्षित विषय की पुष्टि के लिए किया गया है। जैसे—द्रव्यप्रमाणानुगम में मिथ्यादृष्टियों के द्रव्यप्रमाण के प्रसंग में अनन्तानन्त के ये तीन भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—जघन्य, उत्कृष्ट और मध्यम अनन्तानन्त। इनमें जघन्य और उत्कृष्ट अनन्तानन्त को छोड़कर प्रकृत में अजघन्य-अनुत्कृष्ट अनन्तानन्त विवक्षित है। उसकी पुष्टि में 'परिकर्म' का उल्लेख धवला में इस प्रकार किया गया है—

"जम्हि जम्हि अणंताणंतयं मग्गिज्जदि तम्हि तम्हि अजहण्णमणुक्कस्स अणंताणं तस्सेव,' इदि परियम्मवयणादो जाणिज्जदि अजहण्णमणुक्कस्स अणंताणं तस्सेव गहणं होदि त्ति।"

—पु० ३, पृ० १६

२. एक अन्य स्थल पर उसका उल्लेख असंगत मान्यता के साथ विरोध प्रकट करने के लिए किया गया है। जैसे—

---

१. एवं द्विविधो द्रव्य-भावपुस्तकगतः समागच्छन्।
गुरुपरिपाट्या ज्ञातः सिद्धान्तः कुण्डकुन्दपुरे ॥१६०॥
श्रीपद्मनन्दिना सोऽपि द्वादशसहस्रपरिमाणः [ण-]।
ग्रन्थपरिकर्मकर्त्रा [र्त्ता] षट्खण्डाद्यत्रिखण्डस्य ॥१६१॥

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

एक उपदेश के अनुसार तिर्यग्लोक को एक लाख योजन बाहल्यवाला और एक राजु विस्तृत गोल माना गया है। उसे असंगत ठहराते हुए धवला में कहा गया है कि ऐसा मानने पर लोक के प्रमाण में ३४३ घनराजु की उत्पत्ति घटित नहीं होती। दूसरे, वैसा मानने पर समस्त आचार्यसम्मत **परिकर्मसूत्र** के साथ विरोध का प्रसंग भी प्राप्त होता है, क्योंकि वहाँ ऐसा कहा गया है—

"रज्जु सत्तगुणिदा जगसेढी, सा वग्गिदा जगपदरं, सेढीए गुणिदजगपदरं घणलोगो होदि, त्ति **परियम्मसुत्तेण** सव्वाइरियसम्मदेण विरोहप्पसंगादो च।" —पु० ४, पृ० १८३-८४

यहाँ यह विशेष ध्यान देने योग्य है कि धवलाकार ने उक्त परिकर्म का उल्लेख सूत्र के रूप में किया है। साथ ही, उसे उन्होंने सब आचार्यों से सम्मत भी बतलाया है।

३. अन्यत्र, सूत्र के विरुद्ध होने से धवलाकार ने उसे अप्रमाण भी ठहरा दिया है जैसे—

आचार्य वीरसेन के अभिमतानुसार स्वयम्भूरमण समुद्र के आगे भी राजू के अर्धच्छेद पड़ते हैं। इस मान्यता की पुष्टि में उन्होंने दो सौ छप्पन सूच्यंगुल के वर्ग प्रमाण जगप्रतर का भागहार बतलानेवाले सूत्र[1] को उपस्थित किया है। इस पर शंकाकार ने उक्त मान्यता के साथ परिकर्म का विरोध दिखलाते हुए कहा है कि "जितने द्वीप-सागर रूप हैं तथा जितने जम्बूद्वीप के अर्धच्छेद हैं, रूप (एक) अधिक उतने ही राजू के अर्धच्छेद होते हैं" **इस परिकर्म** के साथ उस व्याख्यान का विरोध क्यों न होगा? इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि उसके साथ अवश्य विरोध होगा, किन्तु सूत्र के साथ नहीं होगा। इसलिए इस व्याख्यान को ग्रहण करना चाहिए, न कि उस **परिकर्म** को, क्योंकि वह सूत्र के विरुद्ध जाता है।[2]

प्रसंगवश यहाँ ये तीन उदाहरण दिये गये हैं। इस सम्बन्ध में विशेष विचार आगे 'ग्रन्थोल्लेख' के अन्तर्गत 'परिकर्म' के प्रसंग में विस्तार से किया जाएगा।

'परिकर्म' का क्या आचार्य कुन्दकुन्द विरचित टीका होना सम्भव है?

'परिकर्म' कुन्दकुन्दाचार्य विरचित षट्खण्डागम की टीका रही है, इस सम्बन्ध में कुछ विचारणीय प्रश्न उत्पन्न होते हैं जो ये हैं—

१. जैसाकि ऊपर कहा जा चुका है, धवला में जहाँ-जहाँ परिकर्म का उल्लेख किया गया है वहाँ सर्वत्र परिकर्म का प्रमुख वर्णनीय विषय गणितप्रधान रहा है। उधर आचार्य कुन्दकुन्द आध्यात्म के मर्मज्ञ रहे हैं, यह उनके द्वारा विरचित समयप्राभृतादि ग्रन्थों से सिद्ध है। ऐसी स्थिति में क्या यह सम्भव है कि वे षट्खण्डागम पर गणितप्रधान परिकर्म नामक टीका लिख सकते हैं?

२. ऊपर परिकर्म से सम्बन्धित जो तीन उदाहरण दिये गये हैं उनमें से दूसरे उदाहरण में परिकर्म का उल्लेख सूत्र के रूप में किया गया है। क्या धवलाकार उस परिकर्म टीका का उल्लेख सूत्र के रूप में कर सकते हैं?

३. आचार्य कुन्दकुन्द विरचित जितने भी समयप्राभृत आदि ग्रन्थ उपलब्ध हैं वे सब गाथाबद्ध ही हैं, कोई भी उनकी कृति गद्यरूप में उपलब्ध नहीं है। तब क्या गाथाबद्ध समय-

---

१. वह सूत्र है—"खेत्तेण पदरस्स बेछप्पण्णंगुलसयवग्गपडिभागेण। —पु० ३, पृ० २६८

२. धवला पु० ४, पृ० १५५-५६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

प्राभृतादि विविध मूल ग्रन्थों के रचियता आचार्य कुन्दकुन्द किसी ग्रन्थ विशेष पर गद्यात्मक टीका भी लिख सकते हैं ?

४ इन्द्रनन्दिश्रुतावतार के अनुसार परिकर्म नाम की यह टीका षट्खण्डागम के प्रथम तीन खण्डों पर लिखी गई है। किन्तु धवला में उसका उल्लेख चौथे वेदनाखण्ड और पाँचवें वर्गणाखण्ड में भी अनेक बार किया गया है।[1] इसके अतिरिक्त उसका तीसरा खण्ड जो 'बन्ध-स्वामित्व विचय' है, जिस पर टीका लिखे जाने का निर्देश इन्द्रनन्दी द्वारा किया गया है, उसमें कहीं भी धवलाकार द्वारा परिकर्म का उल्लेख नहीं किया गया। वह पूरा ही खण्ड गणित से अछूता रहा है, वहाँ ज्ञानावरणादि मूल और उत्तर प्रकृतियों के बन्धक-अबन्धकों का विचार किया गया है।

५. समयसार में वर्ग, वर्गणा, स्पर्धक, अध्यवसानस्थान, अनुभागस्थान, योगस्थान, बन्ध-स्थान, उदयस्थान, मार्गणास्थान, स्थितिबन्धस्थान, संक्लेशस्थान, विशुद्धिस्थान, जीवस्थान और गुणस्थान ये जीव के नहीं हैं, ये सब पुद्गल के परिणाम हैं, ऐसा कहा गया है। (गा० ५०-५५)

आगे इतना मात्र वहाँ स्पष्ट किया गया है कि वर्ण को आदि लेकर गुणस्थानपर्यन्त ये सब भाव निश्चय नय की अपेक्षा जीव के नहीं हैं, व्यवहार की अपेक्षा वे जीव के होते हैं। जीव के साथ इनका सम्बन्ध दूध और पानी के समान है, इसलिए वे जीव के नहीं हैं, क्योंकि जीव उपयोग गुण से अधिक है (गाथा ५६-५७)।

यहाँ यह ध्यातव्य है कि षट्खण्डागम में उपर्युक्त वर्ग-वर्गणादिकों को प्रमुख स्थान प्राप्त है, गुणस्थान और मार्गणास्थानों पर तो वह पूर्णतया आधारित है।

ऐसी परिस्थिति में यदि कुन्दकुन्दाचार्य उस पर टीका लिखते हैं तो क्या वे समयसार में ही या पंचास्तिकाय आदि अपने अन्य किसी ग्रन्थ में यह विशेष स्पष्ट नहीं कर सकते थे कि वे सब भाव भी ज्ञातव्य हैं व प्रथम भूमिका में आश्रयणीय हैं ? अमृतचन्द्र सूरि ने भी 'समयसार-कलश' (१-५) में यही स्पष्ट किया है कि जो पूर्व भूमिका में अवस्थित है उनके लिए व्यवहार-नय हस्तावलम्बन देनेवाला है, पर जो परमार्थ का अनुभव करने लगे हैं उनके लिए व्यवहारनय कुछ भी नहीं है, वह सर्वथा हेय है।

इन प्रश्नों पर विचार करते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि सम्भवतः आचार्य कुन्दकुन्द ने ने षट्खण्डागम पर 'परिकर्म' नाम की कोई टीका नहीं लिखी है। परिकर्म का उल्लेख धवला को छोड़कर अन्यत्र कहीं दृष्टिगोचर नहीं होता।[2] यह भी आश्चर्यजनक है कि धवला में जितने बार भी परिकर्म का उल्लेख किया गया है उनमें कहीं भी उसका उल्लेख षट्खण्डागम की टीका या उसकी व्याख्या के रूप में नहीं किया गया। इसके विपरीत एक-दो बार तो वहाँ उसका उल्लेख सूत्र के रूप में किया गया है। अनेक बार उल्लेख करते हुए भी कहीं भी उसके

---

१. पु० ६, पृ० ४८ व ५६; पु० १०, पृ० ४८३; पु० १२, पृ० १५४; पु० १३, पृ० १८, २६२,२६३ व २६६ तथा पु० १४, पृ० ५४,३७४ व ३७५

२. उसका उल्लेख तिलोयपण्णत्ती के जिस गद्यभाग में किया गया है वह धवला और तिलोयपण्णत्ती में समान रूप से पाया जाता है। वह सम्भवतः धवला से ही किसी के द्वारा पीछे तिलोयपण्णत्ती में योजित किया गया है। देखिए धवला पु० ४, पृ० १५२ और ति० प० २, पृ० ७६४-६६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

कर्ता की ओर वहाँ संकेत नहीं किया गया है, जबकि धवलाकार ने 'वुत्तं च पंचत्थिपाहुडे' ऐसा निर्देश करते हुए कुन्दकुन्दाचार्य विरचित पंचास्तिकाय की १०० व १०७ गाथाओं को धवला में उद्धृत किया है।[1] इसके अतिरिक्त धवला में गुणधर, समन्तभद्र, यतिवृषभ, पूज्यपाद और प्रभाचन्द्र भट्टारक आदि के नामों का उल्लेख करते हुए भी वहाँ परिकर्म के कर्ता के रूप में कहीं किसी का उल्लेख नहीं किया गया है। इससे यही प्रतीत होता है कि धवलाकार ने परिकर्म को षट्खण्डागम की टीका, और वह भी कुन्दकुन्दाचार्य विरचित, नहीं समझा।

धवला के अन्तर्गत परिकर्म के उल्लेखों को देखने से यह निश्चित है कि 'परिकर्म' एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ रहा है और उसका सम्बन्ध गणित से विशेष रहा है। उसे धवला में एक-दो प्रसंग में जो 'सर्व आचार्यसम्मत' कहा गया है उससे भी ज्ञात होता है कि वह पुरातन आचार्यों में एक प्रतिष्ठित ग्रन्थ रहा है। पर वह किसके द्वारा व कब रचा गया है, यह ज्ञात नहीं होता।

'परिकर्म' का उल्लेख अंगश्रुत में किया गया है। अंगों में १२वां दृष्टिवाद अंग है। उसके परिकर्म, सूत्र, प्रथमानुयोग, पूर्वगत और चूलिका इन पाँच अर्थाधिकारों में 'परिकर्म' प्रथम है। उसके ये पाँच भेद हैं—चन्द्रप्रज्ञप्ति, सूर्यप्रज्ञप्ति, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, दीपसागरप्रज्ञप्ति और व्याख्याप्रज्ञप्ति। इन प्रज्ञप्तियों पर गणित का प्रभाव होना चाहिए। वर्तमान में ये चन्द्र-सूर्य-प्रज्ञप्ति आदि श्वे० सम्प्रदाय में उपलब्ध है, पर जैसा उनका पदप्रमाण आदि निर्दिष्ट किया गया है उस रूप में वे नहीं हैं।

इस 'परिकर्म' का धवलाकार के समक्ष रहना सम्भव नहीं है।

२. शामकुण्डकृत पद्धति

श्रुतावतार में आगे कहा गया है कि तत्पश्चात् कुछ काल के बीतने पर शामकुण्ड नामक आचार्य ने पूर्ण रूप से दोनों प्रकार के आगम का ज्ञान प्राप्त किया और तब उन्होंने विशाल महाबन्ध नामक छठे खण्ड के बिना दोनों सिद्धान्त ग्रन्थों पर बारह हजार ग्रन्थ प्रमाण प्राकृत, संस्कृत और कर्नाटक भाषा मिश्रित 'पद्धति' की रचना की।[2]

इस 'पद्धति' का अन्यत्र कहीं कुछ उल्लेख नहीं देखा गया है। वर्तमान में वह भी अनुपलब्ध है।

३. तुम्बुलूराचार्यकृत चूडामणि

श्रुतावतार में आगे कहा गया है कि उपर्युक्त 'पद्धति' की रचना के पश्चात् कितने ही काल के बीतने पर तुम्बुलूर ग्राम में तुम्बुलूर नामक आचार्य हुए। उन्होंने छठे खण्ड के बिना

---

१. धवला पु० ४, पृ० ३१५

२. काले ततः कियत्यपि गते पुनः शामकुण्डसंज्ञेन।
आचार्येण ज्ञात्वा द्विभेदमप्यागमः [मं] कार्त्स्न्यात् ॥१५२॥
द्वादशगुणितसहस्रं ग्रन्थं सिद्धान्तयोरुभयोः।
षष्ठेन विना खण्डेन पृथुमहाबन्धसंज्ञेन ॥१६३॥
प्राकृत-संस्कृत-कर्णाटभाषया पद्धतिः परा रचिता। १६४ पू०।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

दोनों सिद्धान्त ग्रन्थों पर, 'चूडामणि' नाम की विस्तृत व्याख्या लिखी। यह ग्रन्थरचना से चौरासी हजार श्लोक प्रमाण रही है। उसकी भाषा कर्नाटक रही है। इसके अतिरिक्त छठे खण्ड पर उन्होंने सात हजार श्लोक प्रमाण 'पंजिका' की।[1]

यह 'चूडामणि' और 'पंजिका' भी वर्तमान में अनुपलब्ध हैं। उनका कहीं और उल्लेख भी नहीं दिखता।

४. समन्तभद्र विरचित टीका

तत्पश्चात् श्रुतावतार में तार्किकार्क आचार्य समन्तभद्र विरचित संस्कृत टीका का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि तुम्बुलूराचार्य के पश्चात् कालान्तर में **तार्किकार्क समन्तभद्र स्वामी** हुए। उन्होंने उन दोनों प्रकार के सिद्धान्त का अध्ययन करके षट्खण्डागम के पाँच खण्डों पर एक टीका लिखी। ग्रन्थ-रचना से वह अड़तालीस हजार श्लोक प्रमाण थी। भाषा उसकी अतिशय सुन्दर मृदु संस्कृत रही है।[2] 'समन्तभद्र' से अभिप्राय इन्द्रनन्दी का उन स्वामी समन्तभद्र से ही रहा है जिन्होंने तर्कप्रधान देवागम (आप्तमीमांसा), युक्त्यनुशासन और स्वयंभूस्तोत्र आदि स्तुतिपरक ग्रन्थों को रचा है। वे 'स्वामी' के रूप में विशेष प्रसिद्ध रहे हैं। इन्द्रनन्दी ने उन्हें **तार्किकार्क** कहा है। अष्टसहस्री के टिप्पणकार ने भी उनका उल्लेख तार्किकार्क के रूप में किया है (अष्टस० पृ० १ का टिप्पण)।

धवलाकार ने भी उनका उल्लेख समन्तभद्रस्वामी के रूप में किया है।[3] धवला में समन्तभद्राचार्य द्वारा विरचित देवागम, स्वयम्भूस्तोत्र और युक्त्यनुशासन आदि के अन्तर्गत पद्यों के उद्धृत करने पर भी उनके द्वारा विरचित इस टीका का कहीं कोई उल्लेख क्यों नहीं किया गया, यह विचारणीय है।

---

१. तस्मादारात् पुनरपि काले गतवति कियत्यपि च ।। १६४ उत्त० ।।
अथ तुम्बुलूरनामाचार्योऽभूत्तुम्बुलूरसद्ग्रामे ।
षष्ठेन विना खण्डेन सोऽपि सिद्धान्तयोरुभयोः ।।१६५।।
चतुरधिकाशीतिसहस्रग्रन्थरचनया युक्ताम् ।
कर्णाटभाषयाऽकृत महतीं चूडामणिं व्याख्याम् ।।१६६।।
सप्तसहस्रग्रन्थां षष्ठस्य च पञ्जिकां पुनरकार्षीत् ।।१६७ पू० ।।

२. कालान्तरे ततः पुनरासन्ध्यांपलरि (?) तार्किकार्कोऽभूत् ।।१६७ उत्त० ।।
श्रीमान् समन्तभद्रस्वामीत्यथ सोऽप्यधीत्य तं द्विविधम् ।
सिद्धान्तमतः षट्खण्डागममगतखण्डपञ्चकस्य पुनः ।।१६८।।
अष्टौ चत्वारिंशत्सहस्रसद्ग्रन्थरचनया युक्ताम् ।
विरचितवानतिसुन्दरमृदुसंस्कृतभाषया टीकाम् ।।१६९।।

३. क—तहा समंतभद्दसामिणा वि उत्तं—विधिविषक्त·····(स्वयम्भू० ५२)। धवला पु० ७, पृ० ९९
ख—तथा समन्तभद्रस्वामिनाप्युक्तम्—स्याद्वादप्रविभक्तार्थविशेषव्यञ्जको नयः (देवागम १०६) ।।धवला पु० ९, पृ० १६७
ग—उत्तं च—नानात्मतामप्रजहत्·····(युक्त्यनु० ५०) धवला पु० ३, पृ० ६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

यह टीका भी वर्तमान में उपलब्ध नहीं है तथा उसका अन्य कहीं किसी प्रकार का उल्लेख भी नहीं देखा गया है।

इन्द्रनन्दी ने इसी प्रसंग में आगे यह भी कहा है स्वामी समन्तभद्र द्वितीय सिद्धान्तग्रन्थ की व्याख्या लिख रहे थे, किन्तु द्रव्यादिशुद्धि के करने के प्रयत्न से रहित होने के कारण उन्हें अपने सधर्मा ने रोक दिया था।[1]

५. बप्पदेवगुरु विरचित व्याख्या

इन्द्रनन्दिश्रुतावतार में आगे एक व्याख्या का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि इस प्रकार परम गुरुओं की परम्परा से दोनों प्रकार के सिद्धान्त के व्याख्यान का यह क्रम चलता रहा। उसी परम्परा से आते हुए उसे अतिशय तीक्ष्णबुद्धि शुभनन्दी और रविनन्दी मुनियों ने प्राप्त किया। उन दोनों के पास में, भीमरथी और कृष्णमेखा नदियों के मध्यगत देश में रमणीय उत्कलिका ग्राम के समीप प्रसिद्ध मगणवल्ली ग्राम में विशेष रूप से सुनकर बप्पदेव गुरु ने छह खण्डों में से महाबन्ध को अलग कर शेष पाँच खण्डों में छठे खण्ड व्याख्याप्रज्ञप्ति को प्रक्षिप्त किया। इस प्रकार निष्पन्न हुए छह खण्डों और कषायप्राभृत की उन्होंने साठ हजार ग्रन्थ प्रमाण प्राकृत भाषारूप पुरातन व्याख्या लिखी। साथ ही, महाबन्ध पर उन्होंने पाँच अधिक आठ हजार ग्रन्थ प्रमाण व्याख्या लिखी।[2]

ऊपर निर्दिष्ट 'व्याख्याप्रज्ञप्ति' से क्या अभिप्रेत रहा है, यह ज्ञात नहीं होता। श्लोक १७४-७५ के अन्तर्गत "**व्याख्याप्रज्ञप्तिं च षष्ठं खण्डं च तत (?) संक्षिप्य। षण्णां खण्डानामिति निष्पन्नानां**" इन पदों का परस्पर सम्बन्ध भी विचारणीय है। 'तत' यह अशुद्ध भी है, उसके स्थान में 'ततः' रहा है या अन्य ही कुछ पाठ रहा है, यह भी विचारणीय है। इसी प्रकार श्लोक

---

१. विलिखन् द्वितीयसिद्धान्तस्य व्याख्यां सधर्मणा स्वेन।
द्रव्यादिशुद्धिकरणप्रयत्नविरहात् प्रतिनिषिद्धम् ॥१७०॥
(सम्भव है इस प्रतिषेध का कारण भस्मक व्याधि के निमित्त से उनके द्वारा कुछ समय के लिए किया गया जिनलिंग का परित्याग रहा हो।)

२. एवं व्याख्यानक्रममवाप्तवान् परमगुरुपरम्परया।
आगच्छन् सिद्धान्तो द्विविधोऽप्यतिनिश्चितबुद्धिभ्याम् ॥१७१॥
शुभ-रविनन्दिमुनिभ्यां भीमरथि-कृष्णमेखयोः सरितोः।
मध्यमविषये रमणीयोत्कलिकाग्रामसामीप्यम् ॥१७२॥
विख्यातभगणवल्लीग्रामेऽथ विशेषरूपेण।
श्रुत्वा तयोश्च पार्श्वे तमशेषं बप्पदेवगुरुः ॥१७३॥
अपनीय महाबन्धं षट्खण्डाच्छेषपञ्चखण्डे तु।
व्याख्याप्रज्ञप्तिं च षष्ठं खण्डं च तत (?) संक्षिप्य ॥१७४॥
षण्णां खण्डानामिति निष्पन्नानां तथा कषायाख्य-
प्राभृतकस्य च षष्ठिसहस्रग्रन्थप्रमाणयुताम् ॥१७५॥
व्यलिखत् प्राकृतभाषारूपां सम्यक् पुरातनव्याख्याम्।
अष्टसहस्रग्रन्थां व्याख्यां पञ्चाधिकां महाबन्धे ॥१७६॥

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

१७१ के अन्तर्गत 'अवाप्तवान्' का कर्ता कौन है, यह भी ज्ञात नहीं होता। इस प्रकार इस प्रसंग से सम्बद्ध उन १७१-७६ श्लोकों में निहित अभिप्राय को समझना कठिन प्रतीत हो रहा है।

आचार्य वीरसेन ने धवला में 'व्याख्याप्रज्ञप्ति' का उल्लेख दो बार किया है। यथा—

(१) "कम्मि तिरियलोगस्स पज्जवसाणं ? तिण्णं वादवलयाणं बाहिरभागे। तं कधं जाणिज्जदि ? 'लोगो वादपदिट्ठिदो' त्ति **वियाहपण्णत्तिवयणादो**।" —पु० ३, पृ० ३४-३५

यहाँ तिर्यग्लोक का अन्त तीन वातवलयों के बाह्य भाग में है, इस अभिप्राय की पुष्टि में 'व्याख्याप्रज्ञप्ति' के उक्त प्रसंग को प्रस्तुत किया गया है।

(२) "जीवा णं भंते ! कदिभागावसेसयंसि याउगंसि परभवियं आउगं कम्मं णिबंधंता बंधंति ? गोदम ! जीवा दुविहा पण्णत्ता संखेज्जवस्साउआ चेव असंखेज्जवस्साउआ चेव। तत्थ ·····।" एदेण **वियाहपण्णत्तिसुत्तेण** सह कधं ण विरोहो ? ण, एदम्हादो तस्स पुधभूदस्स आइरियभेएण भेदभावण्णस्स एयत्ताभावादो। —पु० १०, पृ० २३७-३८

यहाँ शंकाकार ने 'परभविक आयु के बँध जाने पर भुज्यमान आयु का कदलीघात नहीं होता है' इस अभिमत के विषय में उपर्युक्त व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र के विरुद्ध होने की आशंका प्रकट की है। उसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि यह व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र आचार्यभेद से भिन्नता को प्राप्त है, अतः उसकी इसके साथ एकरूपता नहीं हो सकती।

उपर्युक्त व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र के शब्दविन्यास को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि वह वर्तमान में उपलब्ध व्याख्याप्रज्ञप्ति (भगवतीसूत्र) में कहीं होना चाहिए। पर षटखण्डागम के अन्तर्गत उस प्रसंग का अनुवाद करते समय वहाँ खोजने पर भी वह मुझे उपलब्ध नहीं हुआ था।

आचार्य भट्टाकलंकदेव ने एक प्रसंगप्राप्त शंका के समाधान में अपने तत्त्वार्थवार्तिक मे **व्याख्याप्रज्ञप्तिदण्डकों** का उल्लेख इस प्रकार किया है—

"···इत्यत्रोच्यते—न, अन्यत्रोपदेशात्। **व्याख्याप्रज्ञप्तिदण्डकेषु** शरीरभंगे वायोरौदारिक-वैक्रियिक-तैजस-कार्मणानि चत्वारि शरीराण्युक्तानि मनुष्याणां च। ·····**व्याख्याप्रज्ञप्ति-दण्डकेष्वस्तित्वमात्रमभिप्रेत्योक्तम्**।" —त०वा० २,४९,८

इस प्रकार आचार्य अकलंकदेव के समक्ष कोई व्याख्याप्रज्ञप्ति ग्रन्थ रहा है, ऐसा प्रतीत होता है।

उपर्युक्त व्याख्याप्रज्ञप्तिगत उस प्रसंग के समान प्रज्ञापनासूत्र (६,४५-४६) और बृहत्-संग्रहणीसूत्र (३२७-२८) में भी उसी प्रकार का आयुबन्ध विषयक प्रसंग उपलब्ध होता है। वहाँ गौतम द्वारा पंचेन्द्रिय तिर्यंचों के विषय में प्रश्न किया गया है कि वे आयु के कितने भाग शेष रहने पर परभविक आयु को बाँधते हैं। उसका उत्तर उपर्युक्त व्याख्याप्रज्ञप्ति के ही समान दिया गया है।

यह सुविदित है कि बारह अंगों में पाँचवाँ अंग व्याख्याप्रज्ञप्ति रहा है। इसके अतिरिक्त बारहवें दृष्टिवाद अंग के पाँच भेदों में अन्तिम भेद भी व्याख्याप्रज्ञप्ति रहा है।

पर ऊपर इन्द्रनन्दिश्रुतावतार में निर्दिष्ट व्याख्याप्रज्ञप्ति से वहाँ किसका अभिप्राय रहा है, यह ज्ञात नहीं होता।

जैसा कि आगे 'धवला टीका' के प्रसंग में स्पष्ट किया जाएगा, धवलाकार ने व्याख्या-प्रज्ञप्ति को पाकर आगे के निबन्धनादि अठारह (७-२४) अनुयोगद्वारों के आश्रय से षट्खण्ड

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

नामक छठे खण्ड की रचना की है।[1]

इससे ऐसा प्रतीत होता है कि बप्पदेव गुरु और आचार्य वीरसेन के समक्ष कोई व्याख्याप्रज्ञप्ति ग्रन्थ रहा है, जिसे षट्खण्डागम में छठे खण्ड के रूप में जोड़ा गया है और महाबन्ध को उससे अलग किया गया है। उसी व्याख्याप्रज्ञप्ति के आधार से आचार्य वीरसेन ने संक्षेप में निबन्धन आदि अठारह अनुयोगद्वार में विभक्त 'सत्कर्म' को लिखा व उसे षट्खण्डागम का छठा खण्ड बनाया। वह सत्कर्म प्रस्तुत षट्खण्डागम की १६ जिल्दों में से १५ व १६वीं दो जिल्दों में प्रकाशित है। इस प्रकार षट्खण्डागम को इन १६ जिल्दों में समाप्त समझना चाहिए। छठा खण्ड जो महाबन्ध था वह अलग पड़ गया है।

इन्द्रनन्दिश्रुतावतार के अनुसार वीरसेनाचार्य ने जिस व्याख्याप्रज्ञप्ति के आश्रय से 'सत्कर्म' की रचना की है तथा जिस व्याख्याप्रज्ञप्ति का उल्लेख पीछे आयु के प्रसंग में धवला में किया गया हैं, वे दोनों भिन्न प्रतीत होते हैं। कारण कि आयु के प्रसंग में उल्लखित उस व्याख्याप्रज्ञप्ति को स्वयं धवलाकार ने ही आचार्यभेद से भिन्न घोषित किया है।

श्रुतावतार में निर्दिष्ट बप्पदेवगुरु विरचित वह साठ हजार ग्रन्थ प्रमाण व्याख्या भी उपलब्ध नहीं है और न ही कहीं और उसका उल्लेख भी देखा गया है।

६. आ० वीरसेन विरचित धवला टीका

इन्द्रनन्दी ने आगे अपने श्रुतावतार में प्रस्तुत धवला टीका के सम्बन्ध में यह कहा है कि बप्पदेव विरचित उस व्याख्या के पश्चात् कुछ काल के बीतने पर सिद्धान्त के तत्त्वज्ञ एलाचार्य हुए।[2] उनका निवास चित्रकूटपुर रहा है। उनके समीप में वीरसेनगुरु ने समस्त सिद्धान्त का अध्ययन करके ऊपर के आठ अधिकारों को लिखा। तत्पश्चात् वीरसेन गुरु की अनुज्ञा प्राप्त करके वे चित्रकूटपुर से आकर वाटग्राम में आनतेन्द्रकृत जिनालय में स्थित हो गये। वहाँ उन्होंने पूर्व छह खण्डों में व्याख्याप्रज्ञप्ति को प्राप्त कर उसमें उपरितम बन्धन आदि अठारह अधिकारों से 'सत्कर्म' नामक छठे खण्ड को करके संक्षिप्त किया। इस प्रकार उन्होंने छह खण्डों की बहत्तर हजार ग्रन्थ प्रमाण प्राकृत-संस्कृत मिश्रित धवला नाम की टीका लिखी। साथ ही, उन्होंने कषायप्राभृत की चार विभक्तियों पर बीस हजार प्रमाण समीचीन ग्रन्थ रचना से संयुक्त जयधवला टीका भी लिखी। इस बीच वे स्वर्गवासी हो गये। तब जयसेन (जिनसेन) गुरु नामक उनके शिष्य ने उसके शेष भाग को चालीस हजार ग्रन्थ प्रमाण में समाप्त किया। इस प्रकार जयधवला टीका ग्रन्थ-प्रमाण में साठ हजार हुई।[3]

---

१. इ० श्रुतावतार १८०-८१

२. वीरसेनाचार्य ने अपनी धवला टीका में 'एलाचार्य का वत्स' कहकर स्वयं भी गुरु के रूप में एलाचार्य का उल्लेख किया है। धवला पु० ९, पृ० १२६

३. काले गते कियत्यपि ततः पुनश्चित्रकूटपुरवासी।
श्रीमानेलाचार्यो बभूव सिद्धान्ततत्त्वज्ञः ॥१७७॥
तस्य समीपे सकलं सिद्धान्तमधीत्य वीरसेनगुरुः।
उपरितमनिबन्धनाद्यधिकारानष्ट (?) च लिलेख ॥१७८॥

(शेष पृष्ठ ३४५ पर देखें)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इस प्रकार इन्द्रनन्दी ने अपने श्रुतावतार में षट्खण्डागम पर निर्मित जिन छह टीकाओं का उल्लेख किया है उनमें एक यह धवला टीका ही उपलब्ध है जो प्रकाशित हो चुकी है। यह प्राकृत-संस्कृत मिश्रित भाषा में लिखी गई है।

विचारणीय समस्या

इन्द्रनन्दिश्रुतावतार में निर्दिष्ट 'परिकर्म' आदि षट्खण्डागम की छह टीकाओं में एक यह छठी धवला टीका ही उपलब्ध है, शेष परिकर्म आदि पाँच टीकाओं में से कोई भी वर्तमान में उपलब्ध नहीं हैं। वे कहाँ गयीं व उनका क्या हुआ ?

षट्खण्डागम और कषायप्राभृत मूल तथा उनकी धवला व जयधवला टीकाएँ दक्षिण (मूडबिद्री) में सुरक्षित रहीं हैं। जहाँ तक मैं समझ सका हूँ, दक्षिण में भट्टारकों के नियन्त्रण में इन ग्रन्थों की सुरक्षा रही है, भले ही ये किन्हीं दूसरों के उपयोग में न आ सके हों। ऐसी स्थिति में उन पाँच टीकाओं का लुप्त हो जाना आश्चर्यजनक है। श्रुतावतार में निर्दिष्ट नामों के अनुसार इन टीकाओं के रचियता दक्षिणात्य आचार्य ही रहे दिखते हैं।

ये टीकाएँ आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती के समय में उपलब्ध रही या नहीं, यह भी कुछ कहा नहीं जा सकता। हाँ, धवला व जयधवला टीकाएँ तथा आचार्य यतिवृषभ विरचित चूर्णिसूत्र अवश्य ही उनके समक्ष रहे हैं और उनका उन्होंने अपनी ग्रन्थ-रचना में भरपूर उपयोग भी किया है, यह पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है।

श्रुतावतार के रचियता आचार्य इन्द्रनन्दी के समक्ष भी वे पाँच टीकाएँ रही हैं और उनका अवलोकन करके ही उन्होंने परिचय कराया है, यह भी सन्देहास्पद है। यदि वे उनके समक्ष रही होतीं तो वे, जैसा कि उन्होंने धवला और जयधवला का स्पष्ट रूप में परिचय कराया है, उनका भी विस्तार से परिचय करा सकते थे। पर वैसा नहीं हुआ, उनके परिचय में उन्होंने जिन पद्यों को रचा है उनके अन्तर्गत पदों का विन्यास कुछ असम्बद्ध-सा रहा है। इससे अभिप्राय स्पष्ट नहीं हो सका है। जैसे —

(१) 'परिकर्म' के परिचय के प्रसंग में प्रयुक्त १६१वें पद्य में 'सोऽपि द्वादशसहस्रपरि-

---

आगत्य चित्रकूटात्ततः स भगवान् गुरोरनुज्ञानात्।
वाटग्रामे चात्राऽऽनत्तेन्द्रकृतजिनगृहे स्थित्वा ॥१७९॥
व्याख्याप्रज्ञप्तिमवाप्य पूर्वषट्खण्डतस्ततस्तस्मिन् (?)।
उपरितमबन्धनाद्यधिकारैरष्टादशविकल्पैः ॥१८०॥
सत्कर्मनामधेयं षष्ठं खण्डं विधाय संक्षिप्य।
इति षण्णां खण्डानां ग्रन्थसहस्रैर्द्विसप्तत्या ॥१८१॥
प्राकृत-संस्कृतभाषामिश्रां टीकां विलिख्य धवलाख्याम्।
जयधवलां च कषायप्राभृतके चतसृणां विभक्तीनाम् ॥१८२॥
विंशतिसहस्रसद्ग्रन्थरचनया संयुतां विरच्य दिवम्।
यातस्ततः पुनस्तच्छिष्यो जय [जिन] सेनगुरुनामा ॥१८३॥
तच्छेषं चत्वारिंशता सहस्रैः समापितवान्।
जयधवलैवं षष्टिसहस्रग्रन्थोऽभवट्टीका ॥१८४॥

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

णामः। ग्रन्थपरिकर्मकर्त्रा' यह सन्दर्भ असम्बद्ध प्रतीत हो रहा है। हो सकता है कि लिपि के दोष से 'परिमाणः' के स्थान में 'परिणामः' और 'कर्ता' के स्थान में 'कर्त्रा' हो गया हो। वैसी स्थिति में 'परिमाणः' का सम्बन्ध तीसरे चरण में प्रयुक्त 'ग्रन्थ' के साथ तथा 'कर्ता' का सम्बन्ध 'सोऽपि' के साथ बैठाया जा सकता है। फिर भी अन्तिम क्रियापद की अपेक्षा बनी ही रहती है। 'अपि' शब्द भी कुछ अटपटा-सा दिखता है। यद्यपि पादपूर्ति के लिए ऐसे कुछ शब्दों का उपयोग किया भी जाता है, पर ऐसे प्रसंग में उसका प्रयोग किसी अन्य की भी सूचना करता है। इसके अतिरिक्त 'परिकर्म' के साथ टीका या व्याख्या जैसे किसी शब्द का उपयोग नहीं किया गया है, जिसकी अपेक्षा अधिक थी।

(२) बप्पदेव गुरु के द्वारा लिखी जानेवाली पुरातन (?) व्याख्या के प्रसंग में जिन छह (१७१-७६) पद्यों का उपयोग हुआ है उनमें से प्रथम (१७१) पद्य में प्रयुक्त 'अवाप्तवान्' क्रिया-पद के कर्ता के रूप में सम्बन्ध किससे अपेक्षित रहा है? तृतीयान्त 'शुभ-रविनन्दिमुनिभ्याम्' से सूचित शुभनन्दी और रविनन्दी के साथ तो उसका सम्बन्ध जोड़ना असंगत रहता है (१७२)। इसके अतिरिक्त इन्हीं दोनों के लिए आगे (१७३) 'तयोश्च' इस सर्वनाम पद का भी उपयोग किया गया है। यदि 'अवाप्तवान्' के स्थान में 'अवाप्तः' रहा होता तो उपर्युक्त तृतीयान्त पद से उसका सम्बन्ध घटित हो सकता था। आगे का पद्य (१७४) तो पूरा ही असम्बद्ध दिखता है। छह खण्डों से महाबन्ध को अलग करके व्याख्याप्रज्ञप्ति को छठे खण्ड के रूप में यदि शेष पाँच खण्डों में जोड़ने का अभिप्राय रहा है तो वह 'संक्षिप्य' पद से तो स्पष्ट नहीं होता। इसके अतिरिक्त इसके पूर्व में जो 'तत' है वह स्पष्टतया अशुद्ध है; पर उसके स्थान में क्या पाठ रहा है, इसकी कल्पना करना भी अशक्य दिख रहा है।

(३) शामकुण्ड के द्वारा दोनों सिद्धान्तों पर बारह हजार ग्रन्थप्रमाण 'पद्धति' के लिखे जाने की सूचना की गई है (१६३), पर उसमें षटखण्डागम पर वह कितने प्रमाण में लिखी गई और कषायप्राभृत पर कितने प्रमाण में, यह स्पष्ट नहीं है।

इसी प्रकार तुम्बुलूराचार्य द्वारा दोनों सिद्धान्तों पर चौरासी हजार ग्रन्थप्रमाण 'व्याख्या' के लिखे जाने की सूचना है, पर वह उन दोनों में से किस पर कितने प्रमाण में लिखी गई, यह स्पष्ट नहीं है (१६५-६६)।

(४) श्लोक १७८ में वीरसेन गुरु के द्वारा 'निबन्धन' आदि उपरितम आठ अधिकारों के लिखे जाने की सूचना है, और फिर आगे श्लोक १८० में 'बन्धन' आदि उपरितम अठारह अधिकारों के लिखे जाने की सूचना की गई है। इससे क्या यह समझा जाय कि आ० वीरसेन ने निबन्धन आदि आठ अधिकारों को चित्रकूटपुर में रहते हुए लिखा और आगे के दस अधिकारों को उन्होंने वाटग्राम में आकर लिखा? पर यह अभिप्राय निकालना भी कठिन दिखता है, क्योंकि आगे (१८०) बन्धन आदि उपरितम अठारह अधिकारों का उल्लेख किया गया है, जबकि उनमें 'बन्धन' नाम का कोई अधिकार रहा ही नहीं है। 'बन्धन' अनुयोगद्वार तो मूल षट्खण्डागम में वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत अन्तिम रहा है।

'व्याख्याप्रज्ञप्तिमवाप्य पूर्वषट्खण्डतस्ततस्तस्मिन्' (१८० पू०) का अभिप्राय समझना भी कठिन प्रतीत हो रहा है। क्या बप्पदेव के द्वारा महाबन्ध को अलग करके व छठे खण्ड-स्वरूप व्याख्याप्रज्ञप्ति को जोड़कर बनाये गये पूर्व के छह खण्डों में से, वीरसेनाचार्य द्वारा व्याख्याप्रज्ञप्ति को अलग करके छठे खण्डस्वरूप 'सत्कर्म' को उसमें जोड़ा गया है? पर 'अवाप्य'

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

से 'अलग करके' ऐसा अर्थ तो नहीं निकलता है। 'अवाप्य' का अर्थ तो 'प्राप्त करके' यही सम्भव है। यदि इस अर्थ को भी ग्रहण कर लिया जाय तो वीरसेनाचार्य ने उस व्याख्याप्रज्ञप्ति को पाकर उसका क्या किया, इसे किसी पद के द्वारा स्पष्ट नहीं किया गया। उन्होंने उसके आधार से 'सत्कर्म' की रचना की है, यह अभिप्राय भी उन पदों से स्पष्ट नहीं होता।

इसी पद्यांश में उपयुक्त 'तस्मिन्' पद का सम्बन्ध किसके साथ रहा है, यह भी ज्ञातव्य है। क्या उससे व्याख्याप्रज्ञप्ति को अलग कर शेष रहे पाँच खण्डों की विवक्षा रही है व उसमें छठे खण्डस्वरूप 'सत्कर्म' को जोड़ गया है? यदि यह अभिप्राय रहा है तो उसे स्पष्ट करने के लिए कुछ वैसे ही पदों का उपयोग किया जाना चाहिए था। वहाँ जो यह कहा गया है कि सत्कर्मनामधेयं षष्ठं खण्डं विधाय' उसका तो यही आशय निकलता है कि 'सत्कर्म' को छठा खण्ड किया गया। आगे जो 'संक्षिप्य' पूर्वकालिक क्रिया का उपयोग हुआ है उसका अर्थ 'संक्षिप्त करके' यही हो सकता है, 'प्रक्षेप करके' नहीं। इस अर्थ को भी यदि ग्रहण करें तो भी वाक्य-पूर्ति के लिए अन्तिम किसी क्रियापद की अपेक्षा बनी ही रहती है, जो वहाँ नहीं है।

आगे १८३वें पद्य में 'जिनसेन' के स्थान में 'जयसेन' नाम का उल्लेख कैसे किया गया है, यह भी विचारणीय है। लिपि दोष से भी वैसे परिवर्तन की सम्भावना नहीं है।

जैसी कि पं० नाथूराम जी प्रेमी ने सम्भावना की है, प्रस्तुत श्रुतावतार के कर्ता वे इन्द्रनन्दी सम्भव नहीं दिखते, जिनका उल्लेख नेमिचन्द्राचार्य ने अपने गुरु के रूप में किया है। ये उनके बाद के होना चाहिए। श्रुतावतारगत उस प्रसंग को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता कि श्रुतावतार के रचयिता स्वयं उन टीकाओं से परिचित नहीं रहे और सम्भवतः वे टीकाएँ उनके समय में उपलब्ध भी नहीं रही हैं। लगता है, उन्होंने जो भी उनके परिचय में लिखा है वह अपने समय में वर्तमान कुछेक मुनिजनों से सुनकर लिखा है। उन्होंने गुणधर और धरसेन के पूर्वापरक्रम के विषय में अपनी अजानकारी व्यक्त करते हुए वैसा ही कुछ अभिप्राय इस प्रकार से प्रकट किया है—

गुणधर-धरसेनान्वयगुर्वोः पूर्वापरक्रमोऽस्माभिः।
न ज्ञायते तदन्वयकथकागम-मुनिजनाभावात् ॥१५१॥

वे टीकाएँ आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती के समय में रहीं या नहीं रहीं, यह अन्वेषणीय है। हाँ, धवला और जयधवला टीकाएँ उनके समक्ष अवश्य रही हैं व उन्होंने अपनी ग्रन्थ-रचना में उनका भरपूर उपयोग भी किया है, यह पूर्व में कहा जा चुका है।

वीरसेनाचार्य ने अपनी धवला टीका में बहुत से मतभेदों को प्रकट किया है व उनमें कुछ को असंगत भी ठहराया है। पर उन्होंने उन मतभेदों के प्रसंग में कहीं किसी आचार्य विशेष या व्याख्या विशेष का उल्लेख नहीं किया। ऐसे प्रसंगों पर उन्होंने केवल 'के वि आइरिया' या 'केसिं च' आदि शब्दों का उपयोग किया है। जैसे—

(१) "एदं च केसिंचि आइरियवक्खाणं पंचिंदियतिरिक्खमिच्छाइट्ठिजोणिणी अवहारकाल-पडिबद्धं ण घडदे। कुदो? पुरदो वाणवेंतर देवाणं तिण्णि जोयणसद अंगुलवग्गमेत्त अवहारकालो होदि त्ति वक्खाणदंसणादो।" —पु० ३, पृ० २३१

(२) "के वि आइरिया सलागरासिस्स अद्धे गदे तेउक्काइयरासी उप्पज्जदि त्ति भणंति। के वि तं णेच्छंति।" —पु० ३, पृ० ३३७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

(३) "के वि आइरिया 'देवा णियमेण मूलसरीरं पविसिय मरंति' त्ति भणंति।"

—पु० ४, पृ० १६५

(४) "के वि आइरिया कम्मट्ठिदीदो बादरट्ठिदी परियम्मे उप्पण्णा त्ति कज्जे कारणोवयार-मवलंबिय बादरट्ठिदीए चेय कम्मट्ठिदिसण्णमिच्छंति। तन्न घटते·····।" —पु० ४, पृ० ३२

(५) एत्थ वे उवदेसा। तं जहा—तिरिक्खेसु वेमास-मुहुत्तपुधत्तसुवरि सम्मत्तं संजमासंजमं च जीवो पडिवज्जदि। मणुसेसु गब्भादिअट्ठवस्सेसु अंतोमुहुत्तब्भहिएसु सम्मत्तं संजमं संजमासंजमं च पडिवज्जदि त्ति। एसा दक्खिणपडिवत्ती। × × × तिरिक्खेसु तिण्णिपक्ख-तिण्णिदिवस-अंतोमुहुत्तस्सुवरि सम्मत्तं संजमं संजमासंजमं च पडिवज्जदि। मणुसेसु अट्ठवस्सामुवरि सम्मत्तं संजमं संजमासंजमं च पडिपवज्जदि।···एसा उत्तरपडिवत्ती।"

—पु०५, पृ०३२

(६) "के वि आइरिया सत्तरिसागरोवमकोडाकोडिमावलियाए असंखेज्जदिभागेण गुणिदे बादरपुढविकाइयादीणं कम्मट्ठिदी होत्ति त्ति भणंति।" —पु० ७, पृ० १४५

(७) "जे पुण जोयणलक्खबाहल्लं रज्जुविक्खंभं झल्लरीसमाणं तिरियलोगं ति भणंति तेसिं मारणंतिय-उववादखेत्ताणि तिरियलोगादो सादिरेयाणि होंति। ण चेदं घडदे,·····।"

—पु० ७,३७२

(८) "अण्णेसु सुत्तेसु सव्वाइरियसंमदेसु एत्थेव अप्पाबहुगसमत्ती होदि, पुणो उवरिमअप्पा-बहुगपयारस्स पारंभो। एत्थ पुण सुत्तेसु अप्पाबहुगसमत्ती ण होदि।" —पु० ७, पृ० ५३६

(९) "अण्णे के वि आइरिया पंचहि दिवसेहि अट्ठहि मासेहि य ऊणाणि बाहत्तरिवासाणि त्ति बड्ढमाणजिणिंदाउअं परुवेंति।" —पु० ९, पृ० १२१

(१०) "जो एसो अण्णइरियाण वक्खाणकमो परुविदो सो जुत्तीए ण घडदे।"

—पु० ९, पृ० ३६

यहाँ मतभेदविषयक ये कुछ थोड़े-से उदाहरण दिये गये हैं। ऐसे मतभेद धवला में बहुत पाये जाते हैं। उनके विषय में विशेष विचार आगे 'वीरसेनाचार्य की व्याख्यान पद्धति' के प्रसंग में किया गया है।

आचार्य वीरसेन और उनकी धवला टीका

सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विस्तृत धवला टीका के रचयिता वीरसेनाचार्य हैं। दुर्भाग्य की बात है कि उनके जीवनवृत्त के विषय में कुछ विशेष जानकारी प्राप्त नहीं है। टीका के अन्त में स्वयं वीरसेनाचार्य के द्वारा जो प्रशस्ति लिखी गयी है वह बहुत अशुद्ध है। फिर भी उससे उनके विषय में जो थोड़ी-सी जानकारी प्राप्त होती है वह इस प्रकार है—

गुरु आदि का उल्लेख तथा रचनाकाल

इस प्रशस्ति में उन्होंने सर्वप्रथम अपने विद्यागुरु एलाचार्य का उल्लेख करते हुए यह कहा है कि जिनके पादप्रसाद से मैंने इस सिद्धान्त का ज्ञान प्राप्त किया है वे एलाचार्य मुझ वीरसेन पर प्रसन्न हों।[1]

---

१. जस्स से [प] साएण मए सिद्धंतमिदं हि अहिलहुदं।
महु सो एलाइरिओ पसियउ वरवीरसेणस्स ॥ प्रशस्ति गा० १ ॥

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इससे स्पष्ट है कि वीरसेनाचार्य के विद्यागुरु का नाम एलाचार्य रहा है।

आगे उन्होंने अपने को आर्य आर्यनन्दी का शिष्य और चन्द्रसेन का नातू (प्रशिष्य) बतलाते हुए अपने कुल का नाम 'पंचस्तूपान्वय' प्रकट किया है।[1]

इससे ज्ञात होता है कि उनके गुरु (सम्भवतः दीक्षागुरु) आर्यनन्दी और दादागुरु चन्द्रसेन रहे हैं। उनका कुल पंचस्तूपान्वय रहा है।

तत्पश्चात् इस प्रशस्ति में उन्होंने अपने को (वीरसेन को) इस टीका का लेखक बतलाते हुए सिद्धान्त, छन्द, ज्योतिष, व्याकरण और प्रमाण (न्याय) शास्त्र में निपुण घोषित किया है।[2]

आगे की गाथाओं में, जो बहुत कुछ अशुद्ध हैं, ये पद स्पष्ट हैं—अट्ठत्तीसम्हि, विक्कमरायम्हि, सुतेरसीए, धवलपक्खे, जगतुंगदेवरज्जे, कुंभ, सूर, तुला, गुरु, सुक्क, कत्तियमासे और वोट्टणरायणरिंद।

इनमें अट्ठत्तीस (अड़तीस) के साथ 'शती' का उल्लेख नहीं दिखता। कार्तिक मास, धवल (शुक्ल) पक्ष और त्रयोदशी इनके बोधक शब्द स्पष्ट हैं। कुंभ, सूर व तुला आदि शब्द ज्योतिष से सम्बन्धित हैं।

जैसा कि षट्खण्डागम की पु० १ की प्रस्तावना में विस्तार से विचार किया गया है,[3] तदनुसार 'शती' के लिए 'शक संवत् सात सौ' की कल्पना की गयी है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि वीरसेनाचार्य के द्वारा वह धवला टीका शक संवत् सात सौ अड़तीस में कार्तिक शुक्ला त्रयोदशी के दिन समाप्त की गयी है।

टीका का नाम 'धवला' रहा है व उसे गुरु के प्रसाद से सिद्धान्त का मथन करके वोट्टणराय के शासनकाल में रचकर समाप्त किया गया है, यह भी प्रशस्ति से स्पष्ट है।[4]

यह पूर्व में कहा जा चुका है कि वीरसेनाचार्य के स्वर्गस्थ हो जाने पर उनकी अधूरी जयधवला' टीका की पूर्ति उनके सुयोग्य शिष्य जिनसेनाचार्य ने की है। यह निश्चित है कि वह जयधवला टीका आचार्य जिनसेन द्वारा शक संवत् ७५९ में फाल्गुण शुक्ला दशमी को पूर्ण की गयी है।[5]

यह भी पूर्व में कहा जा चुका है कि जयधवला का ग्रन्थप्रमाण साठ हजार श्लोक रहा है। उसमें बीस हजार श्लोक प्रमाण वीरसेनाचार्य के द्वारा और चालीस हजार श्लोक प्रमाण जिनसेनाचार्य के द्वारा लिखी गयी है। इस सबके लिखने में २०-२२ वर्ष का समय लग सकता है। इससे जैसा कि षटखण्डागम पु० १ की प्रस्तावना (पृ० ४४) में निष्कर्ष निकाला गया है,

---

१. अज्जज्जणंदिसिस्सेणुज्जुवकम्मस्स चंदसेणस्स।
तह णत्तुएण पंचत्थुहण्णयंभाणुणा मुणिणा ।।४।।

२. सिद्धंत-छंद-जोइस-वायरण-पमाणसत्थणिवुणेण।
भट्टारएण टीका लिहिएसा वीरसेणेण ।।

३. पु० १, प्रस्तावना पृ० ३५-४५

४. कत्तियमासे एसा टीका हु समाणिया धवला ।।८ उत्तरार्ध।।
वोट्टणरायणरिंदे णरिंदचूडामणिम्हि भुंजंते।
सिद्धंतगंथ मत्थिय गुरुप्पसाएण विगत्ता (?) सा ।।९।।

५. जयधवला प्रशस्ति, श्लोक ६-९

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

जयधवला से पूर्व लिखी गयी धवला टीका शक संवत् ७३८ में समाप्त हो सकती है।

वीरसेन का व्यक्तित्व

बहुश्रुतशालिता—जैसा कि उपर्युक्त धवला की प्रशस्ति से स्पष्ट है, आचार्य वीरसेन सिद्धान्त, छन्द, ज्योतिष, व्याकरण और न्याय आदि अनेक विषयों के ख्यातिप्राप्त विद्वान् रहे हैं। इसका प्रमाण उनकी यह धवला टीका ही है। इसमें यथाप्रसंग इन सभी विषयों का उपयोग हुआ है, इसे आगे स्पष्ट किया गया है।

आचार्य जिनसेन ने भट्टारक वीरसेन की स्तुति करते हुए जयधवला की प्रशस्ति में उन्हें साक्षात् केवली जैसा कहा है। स्वयं को उनका शिष्य घोषित करते हुए जिनसेन ने कहा है कि समस्त विषयों में संचार करनेवाली उनकी भारती (वाणी) भारती—भरत चक्रवर्ती की आज्ञा—के समान षटखण्ड में—भरतक्षेत्रगत छह खण्डों के समान छह खण्ड स्वरूप षटखण्डागम के विषय में—निर्बाध गति से चलती रही। उनकी सर्वार्थगामिनी प्रज्ञा को देखकर बुद्धिमान् सर्वज्ञ के सद्भाव में निःशंक हो गये थे। विद्वज्जन उनके प्रकाशमान ज्ञान के प्रसार को देखकर उन्हें श्रुतकेवली प्रज्ञाश्रमण[1] कहते थे। वे प्राचीन सूत्रपुस्तकों का गहन अध्ययन करके गुरुभाव को प्राप्त हुए थे, अतएव अन्य पुस्तकपाठी उनके समक्ष शिष्य जैसे प्रतीत होते थे।[2]

महापुराण के प्रारम्भ में भी उनका स्मरण करते हुए आचार्य जिनसेन ने कहा है कि 'जिन वीरसेन भट्टारक में लोकज्ञता और कवित्व दोनों अवस्थित रहे हैं तथा जो वृहस्पति के समान वाग्मिता को प्राप्त थे वे पुण्यात्मा मेरे गुरु वीरसेन मुनि हमें पवित्र करें। सिद्धान्तोपनिबन्धों के विधाता उन गुरु के चरण-कमल मेरे मन रूपी सरोवर में सदा स्थित रहें।' इस प्रकार उनकी प्रशंसा करते हुए अन्त में जिनसेनाचार्य ने उनकी धवला भारती—षट्खण्डागम पर रची गयी धवला नामक टीका—को और समस्त लोक को धवलित करने वाली निर्मल कीर्ति को नमस्कार किया है।[3]

इस प्रकार उनके शिष्य जिनसेनाचार्य द्वारा जो उनकी प्रशंसा की गई है वह कोरी स्तुति ही नहीं रही है, यथार्थता भी उसमें निश्चित रही है। यहाँ हम उनकी उस धवला टीका के आश्रय से ही उनके इन गुणों पर प्रकाश डालना चाहते हैं।

सिद्धान्तपारिगामिता—उन्होंने अपनी इस धवला टीका में अनेक सैद्धान्तिक गूढ विषयों का विश्लेषण कर उन्हें विशद व विकसित किया है। यह उनकी सिद्धान्तविषयक पारगामिता का प्रमाण है। इसकी पुष्टि में यहाँ कुछ उदाहरण दिये जाते हैं ··

(१) आ० वीरसेन ने सत्प्ररूपणासूत्रों की व्याख्या को समाप्त करके उनके विवरणस्वरूप १ गुणस्थान, २ जीवसमास, ३ पर्याप्ति, ४ प्राण, ५ संज्ञा, ६-१९ गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाएँ और २० उपयोग इन बीस प्ररूपणाओं का विस्तार से वर्णन किया है। उसके विस्तार को देखकर उसे एक स्वतन्त्र जिल्द (पु० २) में प्रकाशित किया गया है।

(२) जीवस्थान-चूलिका के अन्तर्गत सम्यक्त्वोत्पत्ति नाम की ८वीं चूलिका में सूत्र १४

---

१. प्रज्ञाश्रमण अथवा प्रश्रवण के लिए धवला पु० ९ में पृ० ८१-८४ द्रष्टव्य हैं।

२. जयधवला की प्रशस्ति, श्लोक १९-२४

३. महापुराण १, ५५-५८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

को देशामर्शक बतलाकर धवलाकार ने यह स्पष्ट किया है कि वह एक देश का प्ररूपक होकर अपने में गर्भित समस्त अर्थ का सूचक है। इतना स्पष्ट करते हुए आगे वहाँ धवला में संयमा-संयम व संयम की प्राप्ति आदि के विधान की विस्तार से प्ररूपणा की गई है।[1]

इसी चूलिका में आगे वहाँ सूत्र १५-१६ को भी देशामर्शक प्रकट करके उनसे सूचित अर्थ की प्ररूपणा धवला में बहुत विस्तार से की गई है। अन्त में यह स्पष्ट किया गया है कि इस प्रकार दो सूत्रों से सूचित अर्थ की प्ररूपणा करने पर सम्पूर्ण चारित्र की प्राप्ति का विधान प्ररूपित होता है। इस प्रकार से धवलाकार ने इस आठवीं चूलिका को महती चूलिका कहा है।[2]

यहाँ ये दो उदाहरण दिये गये हैं। वैसे तो धवला में बीसों सूत्रों को देशामर्शक बतलाकर उनमें गर्भित अर्थ की विस्तार से व्याख्या की गई है। इसका विशेष स्पष्टीकरण आगे 'धवला-गत विषय का परिचय' और 'ग्रन्थोल्लेख' आदि के प्रसंग में किया जायगा। वस्तुतः आचार्य वीरसेन के सैद्धान्तिक ज्ञान के महत्त्व को शब्दों में प्रकट नहीं किया जा सकता है।

ज्योतिर्वित्त्व—आ० वीरसेन का ज्योतिषविषयक ज्ञान कितना बढ़ा चढ़ा रहा है, यह उनके द्वारा धवला की प्रशस्ति में निर्दिष्ट सूर्य-चन्द्रादि ग्रहों के योग की सूचना से स्पष्ट है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कालानुगम के प्रसंग में जो दिन व रात्रिविषयक १५-१६ मुहूर्तों का उल्लेख किया है तथा नन्दा-भद्रा आदि तिथि विशेषों का भी निर्देश किया है वह भी उनके ज्यो-तिष शास्त्रविषयक विशिष्ट ज्ञान का बोधक है।[3]

आगे 'कृति' अनुयोगद्वार में आगमद्रव्य कृति के प्रसंग में वाचना के इन चार भेदों का निर्देश किया गया है—नन्दा, भद्रा, जया और सौम्या। अनन्तर उनके स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि जो तत्त्व का व्याख्यान करते हैं अथवा उसे सुनते हैं उन्हें द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की शुद्धिपूर्वक ही तत्त्व का व्याख्यान अथवा श्रवण करना चाहिए। इन शुद्धियों के स्वरूप को दिखलाते हुए कालशुद्धि के प्रसंग में कब स्वाध्याय करना चाहिए और कब नहीं करना चाहिए, इसका धवला में विस्तार से विचार किया गया है। इसी प्रसंग में आगे 'अत्रोपयोगिश्लोकाः' ऐसी सूचना करते हुए लगभग २५ श्लोकों को कहीं से उद्धृत किया गया है। उक्त शुद्धि के बिना अध्ययन-अध्यापन से क्या हानि होती है, इसे भी वहाँ बताया गया है।[4]

१. पु० ६, पृ० २७०-३४२

२. वही, ३४३-४१८

३. धवला पु० ४, पृ० ३१८-१९; इस प्रसंग में वहाँ धवला में जिन चार श्लोकों को किसी प्राचीन ग्रन्थ से उद्धृत किया गया है वे उसी रूप में वर्तमान लोकविभाग (६, १९७-२००) में उपलब्ध होते हैं। पर वह धवला से पश्चात्कालीन है, यह निश्चित है।

मलयगिरि सूरि ने ज्योतिष करण्डक की टीका (गा० ५२-५३) में 'उक्तं च जम्बू-द्वीपप्रज्ञप्तौ' इस सूचना के साथ तीन गाथाओं को उद्धृत करते हुए ३० मुहूर्तों का उल्लेख किया है, जिनमें कुछ नाम समान और कुछ असमान हैं।

इसी प्रकार मलयगिरि सूरि ने उक्त ज्यो०क० की टीका (१०३-४) में 'तथा चोक्तं चन्द्रप्रज्ञप्तौ' ऐसी सूचना करते हुए नन्दा-भद्रादि तिथियों का उल्लेख किया है। साथ ही वहाँ उग्रवती भोगवती आदि रात्रितिथियों का भी उल्लेख है।

४. धवला पु० ९, २५२-५९

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

यह सब वीरसेनाचार्य के ज्योतिर्वित्त्व का परिचायक है।

गणितज्ञता—आ० वीरसेन जिस प्रकार सिद्धान्त के पारगामी रहे हैं उसी प्रकार वे माने हुए गणितज्ञ भी रहे हैं। यह भी उनकी धवला टीका से ही प्रमाणित होता है। उदाहरण के रूप में यहाँ 'कृति' अनुयोगद्वार को लिया जा सकता है। वहाँ कृति के नाम कृति आदि सात भेदों के अन्तर्गत चौथी गणना कृति के प्रसंग में सूत्र ६६ को देशमर्शक बतलाकर धवला में धन, ऋण और धन-ऋण गणित सबको प्ररूपणीय कहा गया है। तदनुसार आगे उन तीनों के स्वरूप को प्रकट करते हुए संकलना, वर्ग, वर्गावर्ग, घन, घनाघन, कलासवर्ण, त्रैराशिक, पंच-राशिक, व्युत्कलना, भागहार, क्षयक और कुट्टाकार आदि का उल्लेख करते हुए उन तीनों को यहाँ वर्णनीय कहा गया है।

प्रकारान्तर से यहाँ 'अथवा' कहकर यह निर्देश किया गया है कि 'कृति' यह उपलक्षण है, अतः यहाँ गणना, संख्यात और कृति का लक्षण भी कहना चाहिए। तदनुसार एक को आदि लेकर उत्कृष्ट अनन्त तक गणना, दो को आदि लेकर उत्कृष्ट अनन्त तक संख्येय और तीन को आदि लेकर उत्कृष्ट अनन्त तक कृति कहा गया है। आगे 'वुत्तं च' कहकर प्रमाण के रूप में यह गाथा उद्धृत की है—

एयादीया गणणा दोआदीया वि जाव संखे त्ति।
तीयादीया णियमा कदि त्ति सण्णा हु बोद्धव्वा॥

तत्पश्चात् 'यहाँ कृति, नोकृति और अवक्तव्य-कृति इनके उदाहरणों के लिए यह प्ररूपणा की जाती है' ऐसी प्रतिज्ञा करके उसकी प्ररूपणा में ओघानुगम, प्रथमानुगम, चरमानुगम और संचयानुगम इन चार अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है। उनमें ओघानुगम के मूलओघानुगम और आदेशओघानुगम इन दो भेदों का निर्देश और उनके स्वरूप को स्पष्ट किया गया है। पश्चात् प्रसंगप्राप्त चौथे संचयानुगम के विषय में सत्प्ररूपणा व द्रव्यप्रमाणानुगम आदि आठ अनुयोगद्वारों का निर्देश करते हुए यथाक्रम से उनके आश्रय से संचयानुगम की विस्तार-पूर्वक व्याख्या की है।[1]

इसके पूर्व जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत आठ अनुयोगद्वारों में जो दूसरा द्रव्यप्रमाणानुगम अनुयोगद्वार है वह पूरा ही गणित से सम्बद्ध है। उसके अन्तर्गत सूत्रों की व्याख्या दुरूह गणित प्रक्रिया के आश्रय से ही की गई है। उदाहरणस्वरूप, वहाँ मिथ्यादृष्टि जीवराशि की प्ररूपणा द्रव्य, काल, क्षेत्र और भाव की अपेक्षा विस्तार से की गई है। भाव की अपेक्षा उसकी प्ररूपणा करते हुए धवलाकार कहते हैं कि मिथ्यादृष्टि राशि के प्रमाण के विषय में श्रोताओं को निश्चय उत्पन्न कराने के लिए हम मिथ्यादृष्टिराशि के प्रमाण की प्ररूपणा वर्गस्थान में खण्डित भाजित, विरलित, अवहित, प्रमाण, कारण और निरुक्ति इन विकल्पों के आधार से करते हैं।

इस पर वहाँ यह शंका की गई है कि सूत्र के बिना यह प्ररूपणा यहाँ कैसे की जा रही है। समाधान में उन्होंने कहा है कि वह सूत्र से सूचित है।[2]

आगे कृतप्रतिज्ञा के अनुसार वीरसेनाचार्य ने धवला में यथाक्रम से उन खण्डित-भाजित

---

१. धवला पु० ६, पृ० २७६-३२१
२. धवला पु० ३, पृ० ४०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

आदि विकल्पों के आश्रय से मिथ्यादृष्टि राशि के प्रमाण को दिखाया है।[1]

इससे सिद्ध है कि आ० वीरसेन गणित के अधिकारी विद्वान् रहे हैं, क्योंकि गणितविषयक गम्भीर ज्ञान के बिना उक्त प्रकार से विशद प्ररूपणा करना सम्भव नहीं है। उन्होंने गणित से सम्बद्ध अनेक विषयों को स्पष्ट करते हुए प्रसंगानुसार जिन विविध करणसूत्रों व गाथाओं आदि को उद्धृत किया है उनकी अनुक्रमणिका यहाँ दी जाती है—

		धवला	
क्रमांक	अवतरणांश	पु०	पृष्ठ
१.	अच्छेदनस्य राशेः	११	१२४
२.	अर्द्धे शून्यं रूपेषु गुणम्	,,	३६०
३.	अवणयणरासिगुणिदो	३	४८
४.	अवहारवड्ढिरूवाणव-	,,	४६
५.	अवहारविसेसेण य	,,	,,
६.	अवहारेणोवट्टिद	१०	८४
७.	आदिं त्रिगुणं मूलाद-	६	८८
८.	आवलियाए वग्गो	३	३५५
९.	इच्छं विरलिय दुगुणिय	१४	१९६
१०.	इच्छिदणिसेयभत्तो	६	१७३
११.	इट्ठसलागाखुत्तो	४	२०१
१२.	उत्तरगुणिते तु धने	६	८७
१३.	उत्तरगुणिदं इच्छं	१४	१९७
१४.	उत्तरगुणिदं गच्छं	१०	४७५
१५.	उत्तरदलहयगच्छे	३	६४
१६.	एकोत्तरपदवृद्धो	५	१९३
१७.	गच्छकदी मूलजुदा	१३	२५४,२५८
१८.	जगसेढीए वग्गो	३	३५६
१९.	जत्थिच्छसि सेसाणं	१०	४५८
२०.	जे अहिया अवहारे	३	४९
२१.	जे ऊणा अवहारे	,,	,,
२२.	णिक्खित्तु बिदियमेत्तं	७	४५
२३.	दो-दो रूवक्खेवं	१०	४६०
२४.	धणमट्ठुत्तरगुणिदे	,,	१५०

१. धवला पु० ३, पृ० ४०-६६ (प्रकृत 'द्रव्यप्रमाणानुगम' के गणित भाग को आ० वीरसेन द्वारा कितना स्पष्ट किया गया है व उस गणित का कितना महत्त्व रहा है, इसके लिए पु० ४ की प्रस्तावना पृ० १-२४ में 'मैथमेटिक्स ऑफ धवला' शीर्षक लेख द्रष्टव्य है। यह लेख लखनऊ विश्वविद्यालय के गणिताध्यापक डॉ० अवधेशनारायणसिंह के द्वारा लिखा गया है। उसका हिन्दी अनुवाद भी पु० ५ की प्रस्तावना में पृ० १-२८ पर प्रकाशित है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

क्रमांक	अवतरणांश	धवला पु०	धवला पृष्ठ
२५.	पक्खेवरासिगुणिदो	३	४६
२६.	पढमं पयडिपमाणं	७	४५
२७.	पढमिच्छसलागगुणा	१०	४५७
२८.	प्रक्षेपसंक्षेपेण	६	१५८
		१०	४८५
२९.	फालिसलागब्भहिया-	१०	६०
३०.	बाहिरसूईवग्गो	४	१६५
३१.	विदियादिवग्गणा पुण	१०	४५६
३२.	मिश्रश्चने अष्टगुणो	६	८८
३३.	मुह-तलसमास अद्धं	४	२०,५१
३४.	मुह-भूमिविसेसम्हि दु	४	५७
३५.	मुह-भूमीण विसेसो	७	११७
३६.	मूलं मज्झेण गुणं	४	२१,५१
३७.	रासिविसेसेणवहिद	३	३४२
३८.	रूपेषु गुणमर्थेषु वर्गणं	४	२००
३९.	रूपोनमादिसंगुण	४	१५६
		११	३६०
४०.	रूवूणिच्छागुणिदं	१०	६१
४१.	लद्धविसेसच्छिण्णं	३	४६
४२.	लद्धंतरसंगुणिदे	३	४७
४३.	विक्खंभवग्गदसगुण	४	२०६
४४.	विरलिदइच्छं विगुणिय	१०	४७५
४५.	विसमगुणादेगूणं	१०	४६२
४६.	व्यासं तावत् कृत्वा	४	३५
४७.	व्यासं षोडशगुणितं	४	४२,२२१
४८.	व्यासार्धकृतित्रिकं	४	१६६
४९.	सगभाणेण विहत्ते	७	४६
५०.	संकलणरासिमिच्छे	१३	२५६
५१.	संजोगावरणट्ठं	१३	२४८
५२.	संठाविदूण रूवं	७	४६
५३.	सोलह सोलसहिं गुणे	४	१६६
५४.	हारान्तर हितहारा-	३	४७

व्याकरणपटुता—आ० वीरसेन की शब्दशास्त्र में भी अबाध गति रही है। उन्होंने अपनी इस धवला टीका में यथाप्रसंग अनेक शब्दों के निरुक्तार्थ को प्रकट करते हुए आवश्यकतानुसार उन्हें व्याकरणसूत्रों के आश्रय से सिद्ध भी किया है। यथा—

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

(१) सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार के प्रारम्भ में आचार्य पुष्पदन्त द्वारा किये गये पंच-परमेष्ठि-नमस्कारात्मक मंगल के प्रसंग में धवलाकार ने धातु, निक्षेप, नय, निरुक्ति और अनुयोगद्वार के आश्रय से मंगल के निरूपण की प्रतिज्ञा की है। इनमें धातु क्या है, इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि सत्तार्थक 'भू' धातु को आदि लेकर जो समस्त अर्थवस्तुओं के वाचक शब्दों की मूल कारणभूत हैं उन्हें धातु कहा जाता है। प्रकृत में 'मंगल' शब्द को 'मगि' धातु से निष्पन्न कहा गया है। यहाँ यह शंका की गई है कि धातु की प्ररूपणा यहाँ किस लिए की जा रही है। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि जो शिष्य धातुविषयक ज्ञान से रहित होता है उसे उसके बिना अर्थ का बोध होना सम्भव नहीं है। इस प्रकार शिष्य को शब्दार्थ का बोध हो, इसके लिए धातु की प्ररूपणा की जा रही है। आगे अपने अभिप्राय की पुष्टि में इस श्लोक को उद्धृत करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि पदों की सिद्धि शब्दशास्त्र से हुआ करती है[1]—

शब्दात् पदप्रसिद्धिः पदसिद्धेरर्थनिर्णयो भवति।
अर्थात् तत्त्वज्ञानं तत्त्वज्ञानात् परं श्रेयः ॥[2]

अभिप्राय यह है शब्द (व्याकरण) से पदों की सिद्धि होती है, पदों की सिद्धि से अर्थ का निर्णय होता है, अर्थ से वस्तु-स्वरूप का बोध होता है, और वस्तु-स्वरूप का बोध होने से उत्कृष्ट कल्याण होता है। इस प्रकार इस सबका मूल कारण धातु-ज्ञान है जो व्याकरण सापेक्ष है।

आगे धवला में मंगल (पु० १, पृ० ३२-३४), अरिहन्त (पृ० ४२-४४), आचार्य (पृ० ४८) साधु (पृ० ५१), जीवसमास (पृ० १३१) और मार्गणार्थता (पृ० १३१) आदि शब्दों की निरुक्ति की गयी है।

(२) जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत आठ अनुयोगद्वारों में दूसरा 'द्रव्यप्रमाणानुगम' अनुयोग-द्वार है। उसमें उसके शब्दार्थ को स्पष्ट करते हुए धवला में प्रथमतः 'द्रवति, द्रोष्यति, अदुद्रवत्, पर्यायान् इति द्रव्यम्। अथवा द्रूयते, द्रोष्यते, अद्रावि पर्याय इति द्रव्यम्' इस प्रकार 'द्रव्य' शब्द की निरुक्ति की गई है। तत्पश्चात् द्रव्यभेदों को प्रकट करते हुए उनमें जीवद्रव्य को प्रसंगप्राप्त बतलाकर 'प्रमाण' शब्द की निरुक्ति इस प्रकार की गई है—प्रमीयन्ते अनेन अर्थाः इति प्रमाणम्। अनन्तर 'द्रव्य' और 'प्रमाण' इन दोनों शब्दों में 'द्रव्यस्य प्रमाणं द्रव्यप्रमाणम्' इस प्रकार से 'तत्पुरुष' समास किया गया है।

इस पर यहाँ यह शंका उपस्थित हुई है कि 'देवदत्तस्य कम्बलः' ऐसा समास करने पर जिस प्रकार देवदत्त से कम्बल भिन्न रहता है उसी प्रकार 'द्रव्यस्य प्रमाणम्' ऐसा यहाँ तत्पुरुष समास करने पर द्रव्य से प्रमाण के भिन्न होने का प्रसंग प्राप्त होगा।

इस शंका के समाधान में धवलाकार ने कहा है कि ऐसा नहीं है, वह तत्पुरुष समास अभेद में भी देखा जाता है। जैसे—'उत्पलगन्धः' इत्यादि में। यहाँ उत्पल से गन्ध के भिन्न न होने पर भी 'उत्पलस्य गन्धः उत्पलगन्धः' इस प्रकार से तत्पुरुष समास हुआ है। प्रकारान्तर स

---

१. धवला पु० १, पृ० ९-१०

२. यह श्लोक 'शाकटायनन्यास' में उपलब्ध होता है। विशेष इतना है कि वहाँ 'शब्दात् पद-प्रसिद्धिः' के स्थान में 'व्याकरणात् पदसिद्धिः' पाठ भेद है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

यहाँ यह भी कह दिया है कि अथवा प्रमाण द्रव्य से किसी स्वरूप से भिन्न भी है, क्योंकि इसके बिना उनमें विशेषण-विशेष्यभाव घटित नहीं होता है। इसलिए भी उनमें तत्पुरुष समास सम्भव है।

विकल्परूप में उपर्युक्त शंका के समाधान में 'अथवा' कहकर यह भी कहा गया है कि 'दव्वमेव पमाणं दव्वपमाणं' इस प्रकार से उनमें कर्मधारय समास करना चाहिए। इस प्रकार के समास में भी उन द्रव्य और प्रमाण में सर्वथा अभेद नहीं समझना चाहिए, क्योंकि एक अर्थ में (अभेद में) समास का होना सम्भव नहीं है।

आगे पुनः 'अथवा' कहकर वहाँ विकल्प रूप में 'दव्वं च पमाणं दव्वपमाणं' इस द्वन्द्व समास को भी विधेय कहा गया है। इस प्रकार शंका उत्पन्न हुई है कि द्वन्द्व समास में अवयवों की प्रधानता होती है। तदनुसार यहाँ द्वन्द्व समास के करने पर द्रव्य और प्रमाण इन दोनों की प्ररूपणा का प्रसंग प्राप्त होता है। पर सूत्र में उन दोनों की पृथक्-पृथक् प्ररूपणा नहीं की गई है। यदि उस द्वन्द्व समास में समुदाय की प्रधानता को भी स्वीकार किया जाय तो भी अवयवों को छोड़कर समुदाय कुछ शेष रहता नहीं है, इस प्रकार से भी अवयवों की ही प्ररूपणा का प्रसंग प्राप्त है। किन्तु सूत्र में अवयवों की अथवा समुदाय की प्ररूपणा की नहीं गई है इसलिए उनमें द्वन्द्व समास करना उचित नहीं है।

इस शंका में शंकाकार द्वारा उद्भावित दोष का निराकरण करते हुए आगे धवला में स्पष्ट किया गया है कि सूत्र में द्रव्य के प्रमाण की प्ररूपणा करने पर द्रव्य की भी प्ररूपणा हो हो जाती है, क्योंकि द्रव्य को छोड़कर प्रमाण कुछ है ही नहीं। कारण यह कि त्रिकालवर्ती अनन्त पर्यायों का जो परस्पर में एक-दूसरे को न छोड़कर अभेद रूप से अस्तित्व है उसी का नाम द्रव्य है। इस प्रकार द्रव्य और उसकी प्रमाणभूत संख्यारूप पर्याय में पर्याय-पर्यायी रूप में कथंचित् भेद के सम्भव होने पर भी सूत्र में चूंकि द्रव्य के गुणस्वरूप प्रमाण की प्ररूपणा की गई है, अतः उसकी प्ररूपणा से द्रव्य की प्ररूपणा स्वयंसिद्ध है। कारण यह कि गुण की प्ररूपणा से ही द्रव्य की प्ररूपणा सम्भव है, क्योंकि उसके बिना द्रव्य की प्ररूपणा का दूसरा कोई उपाय ही नहीं है।

इस प्रकार उन दोनों में उपर्युक्त रीति से द्वन्द्व समास करने पर भी कुछ विरोध नहीं रहता।

इसी प्रसंग में आगे 'वे सब समास कितने हैं' यह पूछने पर एक श्लोक को उद्धृत करते हुए उसके आश्रय से बहुव्रीहि, अव्ययीभाव, द्वन्द्व, तत्पुरुष, द्विगु और कर्मधारय इन छह समासों का उल्लेख किया गया है। अनन्तर दूसरे एक श्लोक को उद्धृत करते हुए उसके द्वारा इन छह समासों के स्वरूप का भी दिग्दर्शन करा दिया गया है।[1]

(३) धवला में आगे यथाप्रसंग इन समासों का उपयोग भी किया गया है। उदाहरणस्वरूप भावानुगम में यह सूत्र आया है—

"लेस्साणुवादेण किण्हलेस्सिय-णीललेस्सिय-काउलेस्सिएसु चदुट्ठाणी ओघं।"

—सूत्र १,७,५९

---

१. इस सब के लिए धवला पु० ३, पृ० ४-७ द्रष्टव्य हैं। (एवम्भूतनय की दृष्टि में समास और वाक्य सम्भव नहीं हैं, यह प्रसंग भी धवला पु० १, पृ० ९०-९१ में द्रष्टव्य है)।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इसमें प्रयुक्त 'चदुट्ठाणी' पद में 'चदुण्हं ठाणाणं समाहारो चदुट्ठाणी' इस प्रकार से धवला में 'द्विगु' समास का उल्लेख करते हुए सूत्रोक्त कृष्णादि तीन लेश्याओं में से प्रत्येक में ओघ के समान पृथक्-पृथक् चार गुणस्थानों का सद्भाव प्रकट किया गया है।[1]

(४) विभक्तिलोप—सूत्र १,१, ४ (पु० १) में 'गइ' और 'लेस्सा भविय सम्मत्त सण्णि' इन पदों में कोई विभक्ति नहीं है। इस सम्बन्ध में धवला में यह स्पष्ट किया गया है कि **'आईमज्झंतवण्ण-सरलोवो'**[2] सूत्र के अनुसार यहाँ इन पदों में विभक्ति का लोप हो गया है। आगे 'अहवा' कहकर विकल्प के रूप में यह भी कह गया है कि 'लेस्सा-भविय-सम्मत्त-सण्णि-आहारए' यह एक पद है, इसीलिए उसके अवयव पदों में विभक्तियाँ नहीं सुनी जाती हैं।[3]

(५) वेदनाखण्ड के प्रारम्भ में जो विस्तार से मंगल किया गया है उसमें यह एक सूत्र है—**णमो आमोसहिपत्ताणं** (२,१,३०)। इसकी व्याख्या करते हुए धवला में 'आमर्षः औषधत्वं प्राप्तो येषां ते आमर्षौषधप्राप्ताः' इस प्रकार से बहुव्रीहि समास किया है। इस प्रसंग में वहाँ यह शंका उठायी गई है कि सूत्र में सकार क्यों नहीं सुना जाता। इसके उत्तर में कहा गया है कि 'आई-मज्झंतवण्ण-सरलोवो' इस सूत्र के अनुसार यहाँ सकार का लोप हो गया है। पश्चात् वही दूसरी शंका यह की गई कि 'ओसहि' में इकार कहाँ से आ गया। इसके उत्तर में कहा गया है कि **'एए छच्च समाणा'**[4] इस सूत्र के आधार से यहाँ हकारवर्ती अकार के स्थान में इकार हो गया है।[5]

(६) वेदना अधिकार के अन्तर्गत १६ अनुयोगद्वारों में जो दवाँ 'वेदनाप्रत्ययविधान' अनुयोगद्वार है उसमें नैगमादि नयों की अपेक्षा ज्ञानावरणादि वेदनाओं के प्रत्ययों का विचार किया गया है। उस प्रसंग में शब्दनय की अपेक्षा ज्ञानावरणवेदना के प्रत्यय का विचार करते हुए उसे अवक्तव्य कहा गया है। उसका कारण शब्दनय की अपेक्षा समास का अभाव कहा है। समास के अभाव को सिद्ध करते हुए धवला में पदों का समास 'क्या अर्थगत है, क्या पदगत है अथवा उभयगत है' इन तीन विकल्पों को उठाकर क्रमशः उन तीनों में ही समास के अभाव को सिद्ध किया गया है।[6]

(७) वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत 'स्पर्श' अनुयोगद्वार में सर्वस्पर्श का प्ररूपक यह एक सूत्र आया है—

"जं दव्वं सव्वं सव्वेण फुसदि, जहा परमाणुदव्वमिदि, सो सव्वो सव्वफासो णाम।"

—सूत्र ५,३,२२

इसका अभिप्राय यह है कि जिस प्रकार परमाणु द्रव्य सर्वात्मस्वरूप से अन्य परमाणु का स्पर्श करता है उसी प्रकार जो द्रव्य सर्वात्मस्वरूप से अन्य द्रव्य का स्पर्श करता है उसका नाम

---

१. धवला पु० ५, पृ० २२९
२. कीरइ पयाण काण वि आई-मज्झंतवण्ण-सरलोवो।—जयधवला १,१३३
३. धवला पु० १, पृ० १३३
४. एए छच्च समाण दोण्णिय संझक्खरा अट्ठ॥
अण्णोण्णस्स परोप्परमुवेंति सव्वे समावेसं॥—धवला पु० १२, पृ० २८६
५. धवला पु० ९, पृ० ९५-९६
६. धवला पु० १२, पृ० २९०-९१

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

सर्वस्पर्श है।

यहाँ शंकाकार ने एक परमाणु के दूसरे परमाणु में प्रवेश को एकदेश और सर्वात्मस्वरूप से भी असम्भव सिद्ध करते हुए सूत्रोक्त परमाणु के दृष्टान्त को असंगत ठहराया है। उसके द्वारा उद्भावित इस असंगति के प्रसंग का निराकरण करते हुए धवला में शंकाकार से यह पूछा गया कि परमाणु सावयव है या निरवयव। इन दो विकल्पों में परमाणु के सावयव होने का निषेध करते हुए यह कहा गया है कि अवयवी ही अवयव नहीं हो सकता, क्योंकि अन्य पदार्थ के बिना बहुव्रीहि समास सम्भव नहीं है। इसके अतिरिक्त सम्बन्ध के बिना उस सम्बन्ध का कारणभूत 'इन्' प्रत्यय भी घटित नहीं होता है।[1]

(८) यहीं पर 'कर्म' अनुयोगद्वार में 'प्रयोगकर्म' के प्रसंग में संसारस्थ जीवों और सयोग-केवलियों को प्रयोगकर्मस्वरूप से ग्रहण किया गया है। इस स्थिति में यहाँ यह शंका उठायी गई है कि जीवों की 'प्रयोगकर्म' यह संज्ञा कैसे हो सकती है। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि 'पओअं करेदि त्ति पओअकम्मं' इस प्रकार कर्ता कारक में 'प्रयोगकर्म' शब्द सिद्ध हुआ है। इसलिए उसके जीवों की संज्ञा होने में कुछ विरोध नहीं है।

इसी प्रसंग में सूत्र (५,४,१८) में उक्त बहुत से संसारी और केवालियों के ग्रहणार्थ 'तं' इस एकवचनान्त पद का प्रयोग किया गया है। इसके विषय में भी शंका की गई है कि बहुत से संसारस्थ जीवों के लिए सूत्र में 'तं' इस प्रकार से एकवचन का निर्देश कैसे किया गया। उत्तर में कहा गया है कि 'प्रयोगकर्म' इस नामवाले जीवों की जाति के आश्रित एकता को देखकर एकवचन का निर्देश घटित होता है।[2]

(९) यहीं पर आगे 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में यह एक सूत्र आया है—

"तस्सेव सुदणाणावरणीयस्स अण्णं परूवणं कस्सामो।" —५,५,४९

यहाँ यह शंका उत्पन्न हुई है कि आगे प्ररूपणा तो श्रुतज्ञान के समानार्थक शब्दों की की जा रही है और सूत्र में प्रतिज्ञा यह की गई है कि आगे उसी श्रुतज्ञानावरणीय की अन्य प्ररूपणा की जा रही है, इसे कैसे संगत कहा जाय। इस दोष का निराकरण करते हुए धवला में तो यह कहा गया है कि आवरणीय के स्वरूप की प्ररूपणा चूंकि उसके द्वारा आव्रियमाण ज्ञान के स्वरूप की अविनाभाविनी है, इसलिए उक्त प्रकार से प्रतिज्ञा करके भी श्रुतज्ञान के समानार्थक शब्दों की प्ररूपणा करने में कुछ दोष नहीं है।

तत्पश्चात् प्रकारान्तर से भी उस शंका का समाधान करते हुए यह कहा गया है कि अथवा कर्मकारक में 'आवरणीय' शब्द के सिद्ध होने से भी सूत्र में वैसी प्रतिज्ञा करने पर कुछ विरोध नहीं है।[3]

ये जो कुछ ऊपर थोड़े-से उदाहरण दिए गये हैं उनसे सिद्ध है कि आचार्य वीरसेन एक प्रतिष्ठित वैयाकरण भी रहे हैं। कारण यह कि व्याकरणविषयक गम्भीर ज्ञान के बिना शब्दों की सिद्धि और समास आदि के विषय में उपर्युक्त प्रकार से ऊहापोह करना सम्भव नहीं है।

न्यायनिपुणता—धवला में ऐसे अनेक प्रसंग आये हैं जहाँ आचार्य वीरसेन ने प्रसंगप्राप्त

---

१. धवला पु० १३, पृ० २१-२३
२. वही, ४४-४५
३. धवला, पु० १३, पृ० २७९

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

विषय का विचार गम्भीरतापूर्वक युक्ति-प्रयुक्ति के साथ दार्शनिक दृष्टि से किया है। यह उनके मंजे हुए तार्किक होने का भी प्रमाण है। जैसे—

(१) सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में दर्शनमार्गणा के प्रसंग में चक्षुदर्शन के लक्षण का निर्देश करते हुए धवला में कहा गया है कि चक्षु के द्वारा जो सामान्य अर्थ का ग्रहण होता है उसे चक्षुदर्शन करते हैं।

इस पर वादी ने कहा है कि विषय और विषयी के सम्पात के अनन्तर जो प्रथम ग्रहण होता है उसे अवग्रह कहा जाता है। वह बाह्य अर्थगत विधिसामान्य को ग्रहण नहीं करता है, क्योंकि वह अवस्तु रूप है इसलिए वह ज्ञान का विषय नहीं हो सकता है। इसके अतिरिक्त जो ज्ञान प्रतिषेध को विषय नहीं करता है उसके विधि में प्रवृत्त होने का विरोध है। यदि वह विधि को विषय करता है तो वह क्या प्रतिषेध से भिन्न उसे ग्रहण करता है या उससे अभिन्न ? यदि उनमें प्रथम विकल्प को स्वीकार किया जाता है तो वह उचित न होगा, क्योंकि प्रतिषेध के बिना विधिसामान्य का ग्रहण असम्भव है। तब दूसरे विकल्प को स्वीकार कर यदि यह कहा जाए कि वह ज्ञान प्रतिषेध से अभिन्न विधि को ग्रहण करता है तो यह कहना भी संगत नहीं होगा, क्योंकि वैसी अवस्था में विधि-प्रतिषेध दोनों के ग्रहण में अन्तर्भूत होने से वह स्वतन्त्र विधिसामान्य का ग्रहण नहीं हो सकता। आगे वादी पुनः यह कहता है कि उक्त प्रकार से विधिसामान्य के ग्रहण के सम्भव न होने पर यदि बाह्यार्थगत प्रतिषेधसामान्य को उस ज्ञान का विषय माना जाय तो यह भी सम्भव न होगा, क्योंकि जो दोष विधिसामान्य के ग्रहण में दिये गये हैं वे अनिवार्यतः इस पक्ष में भी प्राप्त होनेवाले हैं। इसलिए विधिप्रषेधात्मक बाह्य अर्थ के ग्रहण को अवग्रह कहना चाहिए। सो इस प्रकार के अवग्रह को दर्शन नहीं माना जा सकता, क्योंकि जो सामान्य को ग्रहण करता है उसका नाम दर्शन है, ऐसा उपदेश है। इस प्रकार वादी ने अपने पक्ष को स्थापित कर दर्शन का अभाव सिद्ध करना चाहा है।

वादी के उपर्युक्त पक्ष का निराकरण करते हुए धवलाकार ने कहा है कि दर्शन के विषय में जिन दोषों को उद्भावित किया गया वे उसके विषय में लागू नहीं होते, क्योंकि वह बाह्य पदार्थ को विषय ही नहीं करता है, उसका विषय तो अन्तरंग अर्थ है। वह अन्तरंग अर्थ भी सामान्य-विशेषात्मक है। और चूँकि उपयोग की प्रवृत्ति विधिसामान्य या प्रतिषेधसामान्यों में क्रम से बनती नहीं है, इसलिए उनमें उसकी प्रवृत्ति को एक साथ स्वीकार करना चाहिए।

इस पर वादी पुनः कहता है कि वैसा मानने पर अन्तरंग अर्थ के विषय करनेवाले उस उपयोग को भी दर्शन नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि उसका विषय सामान्य-विशेष माना गया है, जबकि दर्शन सामान्य को ही विषय करनेवाला है।

इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि 'सामान्य' शब्द से सामान्य-विशेषात्मक आत्मा को ही कहा जाता है। आगे सामान्य-विशेषात्मक उस आत्मा को कैसे सामान्य कहा जाता है, इसे स्पष्ट करते हुए में कहा है कि चक्षु इन्द्रिय का क्षयोपशम रूप के विषय में ही नियमित है, क्योंकि उसके द्वारा रूपविशिष्ट पदार्थ का ही ग्रहण देखा जाता है। इस प्रकार रूपविशिष्ट अर्थ के ग्रहण करने में भी वह रूपसामान्य में ही नियमित है, क्योंकि नील-पीतादिकों में किसी एक रूप से ही विशिष्ट अर्थ का ग्रहण नहीं देखा जाता है। इस प्रकार चक्षु-इन्द्रिय का क्षयोपशम रूपविशिष्ट पदार्थ के प्रति समान है, और चूंकि आत्मा को छोड़कर क्षयोपशम कुछ सम्भव है नहीं, इसीलिए आत्मा भी समान है। इस समान आत्मा के भाव

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

को ही सामान्य कहा जाता है। इस प्रकार से दर्शन का विषय सामान्य सिद्ध है।

इसी दार्शनिक पद्धति से आगे भी यहाँ धवला में उस दर्शन के विषय में ऊहापोह किया गया है।[1]

इस दर्शनविषयक तर्कणापूर्ण ऊहापोहात्मक विचार धवला में आगे भी प्रसंगानुसार किया गया है।[2]

(२) धवलाकार ने वेदनाखण्ड के प्रारम्भ में अर्थकर्ता भगवान् महावीर की द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव से प्ररूपणा करते हुए द्रव्यप्ररूपणा के प्रसंग में महावीर के शरीरगत निरायुधत्व आदि रूप विशेषता को प्रकट किया है तथा उसे ग्रन्थ की प्रमाणता का हेतु सिद्ध किया है।[3]

आगे तीर्थ की प्रमाणता को प्रकट करनेवाली क्षेत्रप्ररूपणा के प्रसंग में समवसरण और उसके मध्यगत गन्धकुटी की विशेषता दिखलाते हुए उसे युक्तिप्रत्युक्तिपूर्वक भगवान् महावीर की सर्वज्ञता का हेतु बतलाया है।[4]

इस प्रसंग में यह शंका की गई है कि जिन जीवों ने भगवान् जिनेन्द्र के दिव्य शरीर और समवसरणादिरूप जिनमहिमा को देखा है उनके लिए भले ही वह जिन की सर्वज्ञता का हेतु हो सके, किन्तु जिन जीवों ने उसे नहीं देखा है उनके लिए वह उनकी सर्वज्ञता का अनुमापक हेतु नहीं हो सकती है। और हेतु के बिना सर्वज्ञतारूप साध्य की सिद्धि सम्भव नहीं है। इस शंका को हृदयंगम करते हुए आगे धवला में भावप्ररूपणा की गई है।

इस भावप्ररूपणा में जीव के अस्तित्व को सिद्ध करते हुए उसकी जडस्वभावता का निराकरणपूर्वक उसे सचेतन और ज्ञान-दर्शनादि स्वभाववाला सिद्ध किया गया है। इसी प्रसंग में कर्मों की नित्यता का निराकरण करते हुए उन्हें मिथ्यात्व, असंयम और कषाय के निमित्त से सकारण सिद्ध किया गया है। साथ ही, इनके प्रतिपक्षभूत सम्यक्त्व, संयम और कषाय के अभाव को उन कर्मों के क्षय का कारण सिद्ध किया गया है।

इस प्रसंग में आगे धवला में यह स्पष्ट किया गया है कि जिस प्रकार सुवर्णपाषाण में स्वाभाविक निर्मलता की वृद्धि की तरतमता देखी जाती है व इस प्रकार से अन्त में वह सोलहवें ताव में पूर्णरूप से निर्मलता को प्राप्त हुआ देखा जाता है तथा जिस प्रकार शुक्लपक्ष के चन्द्रमण्डल में वृद्धि की तरतमता को देखते हुए अन्त में पूर्णिमा के दिन वह अपनी सम्पूर्ण कलाओं से वृद्धि को प्राप्त हुआ देखा जाता है उसी प्रकार जीवों के चूंकि स्वाभाविक ज्ञान-दर्शनादि गुणों में वृद्धि की तरतमता देखी जाती है, इससे यह भी सिद्ध होता है कि किन्हीं विशिष्ट जीवों के वे ज्ञानादि गुण काष्ठागत वृद्धि को प्राप्त होते हैं। इस स्वभावोपलब्धि हेतु से जीव की सर्वज्ञता भी सिद्ध होती है।

इसी प्रकार जीवों में चूंकि कषाय की हानि की तरतमता भी देखी जाती है, इसीलिए

---

१. धवला, पु० १,३७६-८२

२. इसके लिए पु० ६ में ३२-३४ पृ० तथा पु० ७ में पृ० ६६-१०२ दृष्टव्य हैं।

३. धवला, पु० ६,पृ० १०७-८

४. वही, १०६-१४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

किसी जीव में उसका पूर्णतया अभाव भी सिद्ध होता है।[1]

(३) पीछे 'व्याकरणविषयक वैदुष्य' के प्रसंग में यह कहा जा चुका है कि सर्वस्पर्श के स्वरूप को प्रकट करते हुए सूत्र (५,३,२२) में परमाणु का दृष्टान्त दिया गया है :

इस प्रसंग में उस परमाणु के दृष्टान्त को असंगत बतलाते हुए वादी ने एक परमाणु के दूसरे परमाणु में प्रविष्ट होने का निषेध किया है। इसके लिए उसने परमाणु क्या दूसरे परमाणु में प्रविष्ट होता हुआ एक देश से उसमें प्रविष्ट होता है या सर्वात्मना, इन दो विकल्पों को उठाकर कहा है कि वह दूसरे परमाणु में एक देश से प्रविष्ट होता है, इस प्रथम पक्ष को तो स्वीकार नहीं किया जा सकता है। कारण यह कि प्रसंगप्राप्त सूत्र में ही सर्वात्मना प्रवेश का विधान है। तब ऐसी परिस्थिति में उस प्रथम पक्ष को स्वीकार करने पर सूत्र से विरोध अनिवार्य है। इसलिए यदि सर्वात्मना प्रवेश रूप दूसरे पक्ष को स्वीकार किया जाता है तो उस अवस्था में द्रव्य का द्रव्य में, गन्ध का गन्ध में, रूप का रूप में, रस का रस में और स्पर्श का स्पर्श में प्रविष्ट होने पर परमाणु द्रव्य कुछ शेष नहीं रहता है, उसके अभाव का प्रसंग प्राप्त होता है। पर परमाणु का अभाव होना सम्भव नहीं है, क्योंकि द्रव्य के अभाव का विरोध है। इत्यादि युक्ति-प्रयुक्ति के साथ वादी ने अपने पक्ष को स्थापित कर परमाणु के दृष्टान्त को असंगत सिद्ध करना चाहा है।

वादी के इस पक्ष का निराकरण करते हुए धवलाकार ने परमाणु क्या सावयव है या निरवयव, इन दो विकल्पों को उठाया है व उनमें उसके सावयव होने का निषेध करते हुए उसे निरवयव सिद्ध किया है। इस प्रकार से उन्होंने यह अभिप्राय प्रकट किया है कि अवयव से रहित अखण्ड परमाणुओं का जो देशस्पर्श है वही द्रव्यार्थिक दृष्टि से उनका सर्वस्पर्श है। कारण यह कि देशरूप से स्पर्श करने योग्य उनके अवयवों का अभाव है। विकल्प के रूप में वहाँ यह भी कहा गया है—अथवा दो परमाणुओं का देशस्पर्श भी होता है, क्योंकि उसके बिना स्थूल स्कन्धों की उत्पत्ति नहीं बनती। साथ ही उनका सर्वस्पर्श भी है, क्योंकि एक परमाणु में दूसरे परमाणु के सर्वात्मस्वरूप से प्रविष्ट होने में कोई विरोध नहीं है। इत्यादि प्रकार से यहाँ धवलाकार ने दार्शनिक पद्धति से ऊहापोह कर सूत्रोक्त परमाणु के दृष्टान्त की असंगति का निराकरण किया है और उसे सार्थक सिद्ध किया है।[2]

(४) इसी वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में ४३वें सूत्र की व्याख्या करते हुए श्रुतज्ञान के दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—शब्दलिंगज और अशब्दलिंगज। इनमें अशब्द-

---

१. धवला पु० ६, पृ० ११४-१८; इसके लिए निम्न पद्य द्रष्टव्य है—

दोषावरणयोर्हानिर्निःशेषास्त्यतिशायनात्।
क्वचिद्यथा स्वहेतुभ्यो बहिरन्तर्मलक्षयः ॥—आ० मी०, ४

धियां तर-तमार्थवद्गतिसमन्वयान्वीक्षणाद्
भवेत् ख-परिमाणवत् क्वचिदिह प्रतिष्ठा परा।
प्रहाणमपि दृश्यते क्षयवतो निमूलात् क्वचित्
तथायमपि युज्यते ज्वलनवत् कषायक्षयः ॥—पात्रकेसरिस्तोत्र, १८

२. धवला पु० १३, पृ० २१-२४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

लिंगज श्रुत के स्वरूप को प्रकट करते हुए कहा गया है कि धूमलिंग से जो अग्नि का ज्ञान होता है वह अशब्दलिंगज श्रुत कहलाता है। शब्दलिंगज श्रुत इससे विपरीत लक्षण वाला है।

इस प्रसंग में लिंग का लक्षण पूछने पर धवला में कहा गया है कि उसका लक्षण अन्यथानुपपत्ति है। यहाँ बौद्धों के द्वारा पक्षधर्मत्व, सपक्ष में सत्त्व और विपक्ष में असत्त्व इन तीन लक्षणों से उपलक्षित वस्तु को जो लिंग माना गया है उसका निराकरण करते हुए उसे अनेक उदाहरणों द्वारा सदोष सिद्ध किया गया है। यथा--

(१) ये आम के फल पके हुए हैं, क्योंकि वे एक शाखा में उत्पन्न हुए हैं; जैसे उपयोग में आये हुए आम के फल।

(२) वह साँवला है, क्योंकि तुम्हारा पुत्र है; जैसे तुम्हारे दूसरे पुत्र।

(३) वह भूमि समस्थल है, क्योंकि भूमि है; जैसे समस्थल रूप से वादी-प्रतिवादी के सिद्ध प्रसिद्ध भूमि।

(४) लोहलेख्य वज्र है, क्योंकि वह पार्थिव है, जैसे घट।

इन उदाहरणों में क्रम से एक शाखा में उत्पन्न होना, तुम्हारा पुत्रत्व, भूमित्व और पार्थिवत्व; ये हेतु (लिंग) उपर्युक्त पक्षधर्मत्व आदि तीन लक्षणों से सहित होकर भी अभीष्ट साध्य की सिद्धि में समर्थ नहीं है, क्योंकि वे व्यभिचरित है।

इसके विपरीत इन अनुमानों में प्रयुक्त सत्त्वादि हेतु उक्त तीन लक्षणों से रहित होकर भी व्यभिचार से रहित होने के कारण अपने अनेकान्तात्मकत्व आदि साध्य के सिद्ध करने में समर्थ हैं—

(१) विश्व अनेकान्तात्मक है, क्योंकि वह सत्स्वरूप है।

(२) समुद्र बढ़ता है, क्योंकि उसके बिना चन्द्र की वृद्धि घटित नहीं होती है।

(३) चन्द्रकान्त पाषाण से जल बहता है, क्योंकि उसके बिना चन्द्र का उदय घटित नहीं होता।

(४) रोहिणी नक्षत्र का उदय होनेवाला है, क्योंकि उसके बिना शकट का उदय सम्भव नहीं है।

(५) राजा की मृत्यु होनेवाली है, क्योंकि उसके बिना रात में इन्द्रधनुष की उत्पत्ति नहीं बनती।

(६) राष्ट्र का विनाश अथवा राष्ट्र के अधिपति का मरण होनेवाला है, क्योंकि उसके बिना प्रतिमा का रुदन घटित नहीं होता।

इस प्रकार पूर्वोक्त उदाहरणों में वादी के द्वारा निर्दिष्ट तीन लक्षणों के रहते हुए भी वहाँ साध्यसिद्धि के लिए प्रयुक्त एकशाखाप्रभवत्व आदि हेतु अपने साध्य की सिद्धि में समर्थ नहीं हैं। इसके विपरीत उपर्युक्त सत्त्व आदि हेतु उन तीन लक्षणों के बिना भी अपने अनेकान्तात्मकता आदि साध्य की सिद्धि में समर्थ हैं।

इस प्रकार धवला में उक्त तीन लक्षणों के रहते हुए भी साध्यसिद्धि की असमर्थता और उन तीन लक्षणों के न रहने पर भी साध्यसिद्धि की समर्थता को दोनों प्रकार के उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करके अन्त में यह कहा गया है कि इसलिए 'इसके (साध्य के) बिना यह (साधन) घटित नहीं होता है' इस प्रकार के अविनाभावरूप 'अन्यथानुपपत्ति' को हेतु का लक्षण स्वीकार करना चाहिए, क्योंकि वही व्यभिचार से रहित होकर अपने साध्य की सिद्धि में सर्वथा ससमर्थ

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

है। आगे वहाँ 'अत्र श्लोकः' ऐसा निर्देश करते हुए इस श्लोक को उद्धृत किया गया है—

अन्यथानुपपन्नत्वं यत्र तत्र त्रयेण किम्।
नान्यथानुपपन्नत्वं यत्र तत्र त्रयेण किम् ॥[1]

इसी प्रसंगमें आगे धवला में तादात्म्य और तदुत्पत्ति में[2] से किसी एक के नियम को भी सदोष बतलाते हुए यह कह दिया गया है कि 'वह सुगम है', इसलिए उसका यहाँ विस्तार नहीं करते हैं। शेष को हेतुवादों—हेतु के प्ररूपक न्यायग्रन्थों—में देखना चाहिए।[3]

(५) इसी 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में आगे गोत्रकर्म के प्रसंग में शंकाकार द्वारा दार्शनिक दृष्टि से गोत्र के अभाव को प्रकट करने पर धवलाकार ने आगमिक दृष्टि से उसका सद्भाव सिद्ध किया है।[4]

(६) धवलाकार का द्वारा प्ररूपित 'प्रक्रम' अनुयोगद्वार में कर्मप्रक्रम के प्रसंग में वादी के द्वारा अकर्म से कर्म की उत्पत्ति को असम्भव बतलाया गया है। उस प्रसंग में आचार्य वीरसेन ने कार्य की सर्वथा कारणानुसारिता का निराकरण कर सत्-असत्कार्यवाद विषयक एकान्तता के विषय में दार्शनिक दृष्टि से विस्तारपूर्वक विचार किया है। वहाँ उन्होंने कार्य कथंचित् सत् उत्पन्न होता है, कथंचित् वह असत् उत्पन्न होता है, इत्यादि रूप से सात भंगों की भी योजना की है तथा प्रसंग के अनुरूप सांख्यकारिका (९) और आप्तमीमांसा की ३७, ३९-४०, ४१,४२, ५७,५९-६०, और ९-१४ इन कारिकाओं को भी उद्धृत किया है।[5]

ऊपर जो दार्शनिक प्रसंग से सम्बद्ध ये कुछ उदाहरण दिये गये हैं उन्हें देखते हुए आ० वीरसेन की न्यायनिपुणता में सन्देह नहीं रहता।

काव्यप्रतिभा—आ० वीरसेन की काव्यविषयक प्रतिभा भी स्तुत्य रही है। प्रस्तुत षट्खण्डागम के सिद्धान्तग्रन्थ होने से उसकी व्याख्या में काव्यविषयक कुशलता के प्रकट करने-वाले प्रसंग प्रायः नहीं रहे हैं, फिर भी जो कहीं पर इस प्रकार का कुछ प्रसंग प्राप्त हुआ है वहाँ धवलाकार ने जिस लम्बे समासोंवाली सुललित संस्कृत व प्राकृत भाषा में विवक्षित विषय का वर्णन किया है उसके देखने से उनकी कार्यकुशलता भी परिलक्षित होती है।[6]

इसके अतिरिक्त, उनकी काव्यपटुता का दर्शन उनके द्वारा धवला के प्रारम्भ में छह गाथाओं द्वारा किये गये मंगल-विधान में भी होता है। वहाँ उपमा, रूपक और अनुप्रास

---

१. इस श्लोक को अनेक न्यायग्रन्थों में उद्धृत किया गया है (देखिए, न्यायदीपिका पृ० ८४-८५ का टिप्पण ६)। इस विषय में विशेष जानकारी 'न्यायकुमुदचन्द्र' की प्रस्तावना में 'पात्र-केसरी और अकलंक' शीर्षक से प्राप्त होती है। भा० १, पृ० ७३-७६।

२. 'तादात्म्य' और 'तदुत्पत्ति' के विषय में प्र०क०मा० पृ० ११०, २ और न्या०कु०च० २, पृ० ४४४-४५ द्रष्टव्य हैं।

३. धवला पु० १३, पृ० २४५-४६

४. वही, पृ० ३८८-८९

५. धवला पु० १५, पृ० १६-३५

६. उदाहरण के रूपमें देखिए पु० १, पृ० ६०-६१ में भगवान् महावीर का वर्णन तथा पु० ९, पृ० १०९-१३ में समवसरण का वर्णन।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अलंकार तो अन्तर्हित हैं ही, साथ ही वहाँ विरोधाभास और यमक अलंकार भी स्पष्ट दिखते हैं। उदाहरणार्थ, विरोधाभास इस मंगलगाथा में निहित है—

सयलगण-पंजम-रविणो विविहद्धिविराइया विणिस्संगा।
णीराया वि कुराया गणहरदेवा पसीयंतु ॥३॥

यहाँ गणधरदेवों की प्रसन्नता की प्रार्थना करते हुए उन्हें नीराग होकर भी कुराग कहा गया है। इसमें आपाततः विरोध का आभास होता है, क्योंकि जो नीराग --रागसे रहित-- होगा वह कुराग—कुत्सित राग से अभिभूत—नहीं हो सकता। परिहार उसका यह है कि वे वीतराग होकर भी कुराग—जनानुरागी—रहे हैं। 'कु' का अर्थ पृथिवी होता है। उससे लोक व जन अपेक्षित है। अभिप्राय यह कि वे धर्मवत्सलता से प्रेरित होकर उन्हें सदुपदेश द्वारा मोक्ष-मार्ग में प्रवृत्त करते हैं। रूपक भी यहाँ है।

यमकालंकार का उदाहरण—

णमह कयभूयबलिं भूयबलिं केसवासपरिभयबलिं।
विणिहयबम्महपसरं वड्ढाविय विमलणाण-बम्महपसरं ॥६॥

यहाँ प्रथम और द्वितीय पदके अन्त में 'भूयबलि' की तथा तृतीय और चतुर्थ पद के अन्त में 'बम्महपसरं' की पुनरावृत्ति हुई है। यमकालंकारमें शब्दश्रुति के समान होने पर भी अर्थ भिन्न हुआ करता है। तदनुसार यहाँ प्रथम 'भूतबलि' का अर्थ भूतों द्वारा पूजा का किया जाना तथा द्वितीय 'भूतबलि' का अर्थ केशपाश के द्वारा बलि का पराभव किया जाना अपेक्षित है। इसी प्रकार 'बम्महपसर' का अर्थ बम्हह अर्थात् मन्मथ (काम) का निग्रह करना तथा निर्मलज्ञान के द्वारा ब्रह्मन् (आत्मा) के प्रसार को बढ़ाना अपेक्षित रहा है।

आ० वीरसेन की बहुश्रुतशालिता को प्रकट करनेवाले जो प्रसंग उनकी धवला टीका से ऊपर दिये गये हैं उनसे उनकी अनुपम सैद्धान्तिक कुशलता के साथ यह भी निश्चित होता है कि उनकी गति ज्योतिष, गणित, व्याकरण, न्यायशास्त्र आदि अनेक विषयों में अस्खलित रही है।

जैसाकि उन्होंने पूर्वोक्त प्रशस्ति में संकेत किया है, छन्दशास्त्रमें भी उन्हें निष्णात होना चाहिए, पर धवला में ऐसा कोई प्रसंग प्राप्त नहीं हुआ है।

यद्यपि धवला और जयधवला टीकाओं के अतिरिक्त वीरसेनाचार्य की अन्य कोई कृति उपलब्ध नहीं है, पर यह सम्भव है कि उनकी 'स्तुति' आदि के रूप में कोई छोटी-मोटी पद्यात्मक कृति रही हो, जिसमें अनेक छन्दों का उपयोग हुआ हो।

धवलागत विषय का परिचय

१. जीवस्थान-सत्प्ररूपणा

मूल ग्रन्थगत विषय का परिचय पूर्व में कराया जा चुका है। अतः यहाँ उन्हीं विषयों का परिचय कराया जाएगा जिनकी प्ररूपणा मूल सूत्रों में नहीं की गई है, फिर भी उनसे सूचित होने के कारण धवलाकार ने अपनी इस टीका में यथाप्रसंग उनका निरूपण विस्तार से किया है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

मंगल आदि छह

मूल ग्रन्थ के प्रारम्भ में आचार्य पुष्पदन्त ने पंचपरमेष्ठि-नमस्कारात्मक जिस मंगल को किया है उसकी उत्थानिका में धवलाकार ने एक प्राचीन गाथा उद्धृत करते हुए कहा है—"आचार्य परम्परागत इस न्याय को मन से अवधारण करके 'पूर्व आचार्यों का अनुसरण रत्नत्रय का हेतु है' ऐसा मानते हुए पुष्पदन्ताचार्य सकारण मंगल आदि छह की प्ररूपणा हेतु सूत्र कहते हैं"।[1]

मंगलादि छह की सूचक वह गाथा इस प्रकार है—

मंगल-णिमित्त-हेऊ परिमाणं णाम तह य कत्तारं।
वागरिय छप्पि पच्छा वक्खाणउ सत्थमाइरियो॥

अर्थात् १ मंगल, २ निमित्त, ३ हेतु, ४ परिमाण, ५ नाम और ६ कर्ता इन छह का व्याख्यान करके तत्पश्चात् आचार्य को अभीष्ट शास्त्र का व्याख्यान करना चाहिए।

—धवला पु० १/पृ० ७

इस प्रसंग में धवला में यह शंका उठायी गयी है कि यह सूत्र ('णमो अरिहंताणं' आदि) सकारण उन मंगल आदि छह का प्ररूपक कैसे है। उसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि वह सूत्र 'तालप्रलम्ब' सूत्र के समान देशामर्शक है—विवक्षित अर्थ के एक देश की प्ररूपणा करके उससे सम्बद्ध शेष समस्त अर्थ का सूचक है।

तालप्रलम्ब सूत्र से क्या अभिप्रेत है, इसका कुछ स्पष्टीकरण यहाँ किया जाता है—

साधु के लिए क्या कल्प्य (ग्राह्य) है और क्या अकल्प्य (अग्राह्य) है, इस प्रकार कल्प्याकल्प्य के प्रसंग में वह सूत्र कहा गया है। 'ताल' शब्द वनस्पति के एक देशभूत वृक्षविशेष का परामर्शक होकर उपलक्षण से वह हरितकाय तृण, औषधि, गुच्छा, लता आदि अन्य सभी वनस्पतियों का बोधक है। जैसे—साधु के लिए जब यह कहा जाता है कि **'तालपलंबं ण कप्पदि'** तब उसका अभिप्राय यह होता है कि ताल के समान समस्त हरितकाय औषधि आदि (अग्रप्रलम्ब) और मूलप्रलम्बरूप कन्दमूलादि अकल्प्य हैं— उनका उपभोग करना निषिद्ध है।

'भगवती आराधना' में इसका उदाहरण इस प्रकार देखा जाता है—

देसामासियसुत्तं आचेलक्कं ति तं खु ठिदिकप्पे।
लुत्तोऽथवाऽऽदिसद्दो जह तालपलंबसुत्तम्मि॥११२३॥

दस प्रकार के स्थितिकल्प में 'आचेलक्य' यह प्रथम है। यहाँ 'अचेलकता' में 'चेल' शब्द से उपलक्षण रूप में समस्त बाह्य परिग्रह का ग्रहण होने से वस्त्रादि समस्त बाह्य परिग्रह का परित्याग अभीष्ट रहा है।

प्रकारान्तर से यह भी कहा गया—अथवा यहाँ 'आदि' शब्द का लोप हो गया समझना चाहिए। इस प्रकार उक्त स्थितिकल्प में चेल (वस्त्र) आदि समस्त बाह्य परिग्रह के परित्याग का विधान है।

इसी प्रकार प्रकृत में धवलाकार ने उस तालप्रलम्बरूप सूत्र को दृष्टान्त के रूप में प्रस्तुत करके उक्त पंचपरमेष्ठि-नमस्कारात्मक मंगलगाथा को देशामर्शक कहा है और उससे सूचित मंगल-निमित्तादि छह को धवला में क्रम से प्ररूपित किया है। यथा—

---

१. धवला पु० १, पृ० ७-८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

(१) धातु—धातु के प्रसंग में धवलाकार ने 'मंगल' शब्द को 'मगि' धातु से निष्पन्न कहा है। आवश्यकसूत्र (पृ० ४) और दशवैकालिक-निर्युक्ति (१, पृ० ३) की हरिभद्र विरचित वृत्ति के अनुसार 'मंगि' धातु का अर्थ अधिगमन अथवा साधन होता है। तदनुसार 'मङ्ग्यते हित-मनेनेति मङ्गलम्, मङ्ग्यतेऽधिगम्यते साध्यते इति यावत्' इस निर्युक्ति के अनुसार अभिप्राय यह हुआ कि जिसके आश्रय से हित का अधिगम अथवा उसकी सिद्धि होती है उसका नाम मंगल है।[1]

(२-३) निक्षेप व नय—निक्षेप के प्रसंग में धवला में मंगल के ये छह भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—नाम, स्थापना, द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव मंगल। इनके विषय में वहाँ प्रथमतः नयकी योजना की गयी है और तत्पश्चात् क्रम से अन्य प्रासंगिक चर्चा के बाद उक्त नामादिस्वरूप छह प्रकार के मंगल की विस्तार से विवेचना की है।[2]

अन्त में एक गाथा उद्धृत कर उसके आश्रय से निक्षेप का प्रयोजन, अप्रकृत का निराकरण, प्रकृत का प्ररूपण, संशय का विनाश और तत्त्वार्थ का अवधारण कहा गया है। निष्कर्ष के रूप में वहाँ यह स्पष्ट कर दिया गया है कि जो वक्ता निक्षेप के बिना सिद्धान्त का व्याख्यान करता है अथवा जो श्रोता उसे सुनता है वह कुमार्ग में प्रस्थित हो सकता है।

(४) एकार्थ—एकार्थ के प्रसंग में मंगल के ये समानार्थक नाम निर्दिष्ट किये गये हैं—पुण्य, पूत, पवित्र, प्रशस्त, शिव, शुभ, कल्याण, भद्र और सौख्य आदि। साथ ही, वहाँ समानार्थक शब्दों के कथन प्रयोजन को भी स्पष्ट कर दिया गया है।[3]

(५) निरुक्ति—निरुक्ति के प्रसंग में 'मंगल' शब्द की निरुक्ति इस प्रकार की गयी है—'मलं गालयति विनाशयति दहति हन्ति विशोधयति विध्वंसयतीति मंगलम्।' इस प्रसंग में मल के अनेक भेदों का उल्लेख किया गया है।[4]

प्रकारान्तर से 'अथवा मङ्गं सुखम्, तल्लाति आदत्ते इति वा मङ्गलम्' इस प्रकार से भी 'मंगल' शब्द की निरुक्ति की गई है।[5]

तीसरे प्रकार से भी उसकी निर्युक्ति इस प्रकार की गई है—'अथवा मंगति गच्छति कार्य-सिद्धिमनेनास्मिन् वेति मंगलम्।'[6]

(६) अनुयोगद्वार—इसी प्रसंग में 'मंगलस्यानुयोग उच्यते' ऐसी सूचना के साथ धवला में यह गाथा उद्धृत है—

किं कस्स केण कत्थ य केवचिरं कदिविधो य भावो त्ति।
छहि अणिओगद्दारेहि सव्वेभा वाणुगंतव्वा॥[7]

---

१. धवला पु० १, पृ० ९-१०
२. वही, १०-३१
३. वही, ३१-३२
४. वही, ३२-३३
५. वही, ३३
६. धवला पु० १; पृ० ३४
७. यह गाथा मूलाचार (८-१५), जीवसमास (४) और आव० नि० (८६४) में भी उपलब्ध होती है। त० सूत्र में इन ६ अनुयोगद्वारों का उल्लेख इस प्रकार से किया गया है—निर्देशस्वामित्व-साधनाधिकरण-स्थिति-विधानतः। (सूत्र १-८)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इसमें जिन प्रश्नों को उठाते हुए यह कहा गया है कि इन छह अनुयोगद्वारों के आश्रय से समस्त पदार्थों का मनन करना चाहिए। उनसे क्रमशः ये छह अनुयोगद्वार फलित होते हैं—१ निर्देश, २ स्वामित्व, ३ साधन (कारण), ४ अधिकरण, ५ काल और ६ विधान (भेद)।

धवला में क्रम से इन छह अनुयोगद्वारों के आधार से उक्त मंगल की व्याख्या की गई है।

मंगल की प्ररूपणा के बाद धवला में प्रकारान्तर से यह कहा गया है—अथवा उस मंगल के विषय में इन छह अधिकारों का कथन करना चाहिए—१ मंगल, २ मंगलकर्ता, ३ मंगल-करणीय, ४ मंगल-उपाय, ५ मंगलविधान ६ मंगलफल। धवला में आगे इन छह के अनुसार भी मंगल का विधान है।[1]

तत्पश्चात् धवला में यह स्पष्ट करते हुए कि मंगल का सूत्र के आदि, अन्त और मध्य में करना चाहिए; आगे 'उत्तं च' के साथ यह गाथा उद्धृत की गई है[2]—

आदीवसाण-मज्झे पण्णत्तं मंगलं जिणिंदेहि।
तो कयमंगलविणओ वि णमोसुत्तं पवक्खामि॥

यह गाथा कहाँ की है, किसके द्वारा रची गयी है तथा उसके उत्तरार्ध में जो यह निर्देश किया गया है कि 'इसलिए मंगलविनय करके मैं नमस्कार-सूत्र कहूँगा' यह अन्वेषणीय है। क्या 'णमोसुत्तं' से यहाँ प्रकृत पंचपरमेष्ठि-नमस्कारात्मक मंगलगाथासूत्र की विवक्षा हो सकती है?

इसी प्रसंग में आगे आदि, अन्त और मध्य में मंगल के करने का प्रयोजन स्पष्ट किया गया है।

इस प्रकार धवला में विस्तार से मंगल की प्ररूपणा करके आगे 'इदाणिं देवदाणमोक्कार-सुत्तस्सत्थो उच्चदे' ऐसी सूचना करते हुए उक्त नमस्कारसूत्र के विषयभूत अरहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु इन पाँचों के स्वरूप आदि का यथाक्रम से विस्तारपूर्वक विचार किया गया है।[3]

पूर्व में शास्त्रव्याख्यान के पूर्व जिन मंगल व निमित्त आदि छह को व्याख्येय कहा गया था उनमें यहाँ तक धवला में प्रथम मंगल के विषय में ही विचार किया गया है। तत्पश्चात् आगे वहाँ निमित्त (पृ० ५४-५५), हेतु (५५-५६), परिमाण (पृ० ६०) और ५ नाम (पृ० ६०) के विषय में भी स्पष्टीकरण है।[4]

प्रसंगवश प्रकारान्तर से भी निमित्त और हेतु को स्पष्ट करते हुए धवला में जिनपालित को निमित्त और मोक्ष को हेतु कहा गया है।[5]

(७) **कर्ता**—आगे कर्ता के प्रसंग में उसके अर्थकर्ता और ग्रन्थकर्ता इन दो भेदों का निर्देश कर अर्थकर्ता भगवान् महावीर की द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के अनुसार प्ररूपणा है।

द्रव्यप्ररूपणा में वहाँ महावीर के दिव्य शरीर की विशेषता को प्रकट किया गया है। क्षेत्र-प्ररूपणा के प्रसंग में कुछ गाथाओं को उद्धृत करते हुए उनके आश्रय से 'राजगृह (पंचशैलपुर)

---

१. धवला पु० १, पृ० ३८
२. वही, पु० १, पृ० ४०
३. वही, पु० १, पृ० ४२-५४
४. वही, ५५-६०
५. वही, पु० १, पृ० ६०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

में अवस्थित विपुलाचल पर महावीर ने भव्यजनों के लिए अर्थ कहा—भावश्रुत के रूप में उपदेश किया', ऐसा अभिप्राय प्रकट किया गया है। पश्चात् ऋषिगिरि, वैभार, विपुलाचल, छिन्न और पाण्डु इन पाँच पर्वतों की स्थिति भी दिखलायी गयी है।

इसी प्रकार कालप्ररूपणा के प्रसंग में भी चार गाथाओं को उद्धृत कर उनके आश्रय से नक्षत्र आदि की कुछ विशेषता को दिखलाते हुए श्रावण कृष्णा प्रतिपदा के दिन पूर्वाह्न में तीर्थ की उत्पत्ति हुई, यह अभिप्राय प्रकट किया गया है। भावकर्ता के रूप में महावीर की प्ररूपणा करते हुए उन्हें ज्ञानावरणीय आदि के क्षय से प्राप्त हुई अनन्तज्ञानादि रूप नौ केवललब्धियों स परिणत कहा गया है। इस प्रसंग में भी तीन गाथाओं को उद्धृत किया गया है।[1]

ग्रन्थकर्ता के प्रसंग में कहा गया है कि केवलज्ञानी उन महावीर द्वारा उपदिष्ट अर्थ का अवधारण उसी क्षेत्र एवं उसी काल में इन्द्रभूति ने किया। गौतमगोत्रीय वह इन्द्रभूति ब्राह्मण समस्त दुःश्रुतियों (चारों वेद आदि) में पारंगत था। उसे जब जीव-अजीव के विषय में सन्देह हुआ तो वह वर्धमान जिनेन्द्र के पादमूल में आया। उसी समय वह विशिष्ट क्षयोपशम के वश बीजबुद्धि आदि चार निर्मल बुद्धि-ऋद्धियों से सम्पन्न हो गया। यहाँ 'उक्तं च' कहकर यह गाथा उद्धृत की गयी है, जिसके द्वारा उस इन्द्रभूति को गोत्र से गौतम, चारों वेदों व षडंग में विशारद, शीलवान् और ब्राह्मणश्रेष्ठ कहा गया है—

गोत्तेण गोदमो विप्पो चाउव्वेय-सडंगवि।
णामेण इंदभूदि त्ति सीलवं बम्हणुत्तमो॥

भावश्रुतपर्याय से परिणत उस इन्द्रभूति ने बारह अंग और चौदह पूर्व रूप ग्रन्थों की रचना क्रम से एक ही मुहूर्त में कर दी। इसलिए भावश्रुत और अर्थपदों के कर्ता तीर्थंकर हैं तथा तीर्थंकर के आश्रय से गौतम श्रुतपर्याय से परिणत हुए, अतः गौतमद्रव्य श्रुत के कर्ता हैं। इस प्रकार गौतम गणधर के द्वारा ग्रन्थरचना हुई।[2]

षट्खण्डागम की रचना कैसे हुई ?

इस प्रकार कर्ता की प्ररूपणा करके आगे धवला में उस श्रुत का प्रवाह किस प्रकार से प्रवाहित हुआ, इसकी चर्चा करते हुए कहा गया है कि उन गौतम गणधर ने दोनों प्रकार के श्रुतज्ञान को लोहार्य (सुधर्म) के लिए और उन लोहार्य ने उसे जम्बूस्वामी के लिए संचारित किया। इस प्रकार परिपाटी क्रम से ये तीनों ही समस्त श्रुत के धारक कहे गये हैं। किन्तु परिपाटी के बिना समस्त श्रुत के धारक संख्यात हजार हुए हैं। गौतमदेव, लोहार्य और जम्बूस्वामी ये तीनों सात प्रकार की ऋद्धि से सम्पन्न होकर समस्त श्रुत के पारंगत हुए और अन्त में केवलज्ञान प्राप्त करके मुक्त हुए हैं।

पश्चात् विष्णु, नन्दिमित्र, अपराजित, गोवर्धन और भद्रबाहु ये परिपाटीक्रम से चौदह पूर्वों के धारक श्रुतकेवली हुए। तत्पश्चात् विशाखाचार्य, प्रोष्ठिल, क्षत्रिय, जयाचार्य, नागाचार्य, सिद्धार्थदेव, धृतिषेण, विजयाचार्य, बुद्धिल, गंगदेव और धर्मसेन ये ग्यारह आचार्य पुरुषपरम्परा के क्रम से ग्यारह अंगों व उत्पादादि दस पूर्वों के धारक हुए। शेष चार पूर्वों के वे एकदेश के

---

१. धवला पु० १, पृ० ६०-६४
२. वही, पु० १, पृ० ६४-६५

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

धारक रहे हैं। अनन्तर नक्षत्राचार्य, जयपाल, पाण्डुस्वामी, ध्रुवसेण और कंसाचार्य ये पाँचों आचार्य परिपाटीक्रम से ग्यारह अंगों के धारक हुए। चौदह पूर्वों के वे एकदेश के धारक रहे हैं। पश्चात् सुभद्र, यशोभद्र, यशोबाहु और लोहार्य ये चार आचार्य आचारांग के धारक हुए। शेष अंग-पूर्वों के वे एक देश के धारक रहे हैं। तत्पश्चात् सभी अंग-पूर्वों का एकदेश आचार्य-परम्परा से होता हुआ धरसेनाचार्य को प्राप्त हुआ।[1]

अष्टांग-महानिमित्त के पारगामी वे धरसेनाचार्य सौराष्ट्र देश के अन्तर्गत गिरिनगर पट्टन की चन्द्रगुफा में स्थित थे। उन्हें 'ग्रन्थ का व्युच्छेद होने वाला है' इस प्रकार का भय उत्पन्न हुआ। इसलिए उन्होंने प्रवचनवत्सलता के वश महिमा (नगरी अथवा कोई महोत्सव) में सम्मिलित हुए दक्षिणापथ के आचार्यों के पास लेख भेजा। लेख में निबद्ध धरसेनाचार्य के वचन का अवधारण कर--उनके अभिप्राय को समझकर उन आचार्यों ने आन्ध्रदेशस्थित वेण्णानदी के तट से दो साधुओं को धरसेनाचार्य के पास भेज दिया। वे दोनों साधु ग्रहण-धारण में समर्थ, विनय से विभूषित, गुरुजनों के द्वारा भेजे जाने से संतुष्ट तथा देश, कुल व जाति से शुद्ध थे। इस प्रकार प्रस्थान कर वे दोनों वहाँ पहुँचनेवाले थे कि तभी रात्रि के पिछले भाग में धरसेनाचार्य ने स्वप्न में देखा कि समस्त लक्षणों से सम्पन्न दो धवलवर्ण बैल तीन प्रदक्षिणा देकर उनके पाँवों में गिर रहे है। स्वप्न से सन्तुष्ट धरसेनाचार्य के मुख से सहसा 'जयउ सुद-देवदा' यह वाक्य निकल पड़ा। पश्चात् उन दोनों के वहाँ पहुँच जाने पर धरसेनाचार्य ने परीक्षापूर्वक उन्हें उत्तम तिथि, नक्षत्र और वार में ग्रन्थ को पढ़ाना प्रारम्भ कर दिया। यह अध्यापन आषाढ़ शुक्ला एकादशी के दिन पूर्वाह्न में समाप्त हुआ। इसकी चर्चा पूर्व में की जा चुकी है।[2]

जीवस्थान का अवतार

आगे 'जीवस्थान' खण्ड के अवतार के कथन की प्रतिज्ञा करते हुए धवला में उसे उपक्रम, निक्षेप, नय और अनुगम के भेद से चार प्रकार का कहा गया है। उनमें से प्रथम उपक्रम के ये पाँच भेद निर्दिष्ट किये गये हैं - आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता और अर्थाधिकार।

(१) **आनुपूर्वी**—यह पूर्वानुपूर्वी, पश्चादानुपूर्वी और यथातथानुपूर्वी के भेद से तीन प्रकार की है।

(२)**नाम**—इसके दस स्थान हैं---गौण्यपद, नोगौण्यपद, आदानपद, प्रतिपक्षपद, अनादि-सिद्धान्तपद, प्राधान्यपद, नामपद, प्रमाणपद, अवयवपद और संयोगपद। धवला में आगे इनके स्वरूप आदि को भी विशद किया गया है। इन दस नामपदों में प्रकृत 'जीवस्थान' को जीवों के स्थानों का प्ररूपक होने से गौण्यपद (गुणसापेक्ष) कहा गया है।[3]

(३) **प्रमाण**—यह द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव और नय के भेद से पाँच प्रकार का है। इनके अन्तर्गत अन्य भेदों का भी निर्देश धवला में कर दिया गया है।

---

१. धवला पु० १, ६५-६७
२. वही, पृ० ६७-७०
३. वही, पृ० ७२-७३
४. धवला पु० १, ७४-७८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

प्रसंगवश वहाँ एक यह शंका की गयी है कि नयों को प्रमाण कैसे कहा जा सकता है। इसके उत्तर में कहा गया है कि प्रमाण के कार्यरूप नयों को उपचार से प्रमाण मानने में कुछ भी विरोध नहीं है। उक्त पाँच प्रकार के प्रमाण में 'जीवस्थान' को भावप्रमाण कहा गया है। वह भावप्रमाण मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय और केवलज्ञान के भेद से पाँच प्रकार का है। उनमें 'जीवस्थान' श्रुतभावप्रमाण के रूप में निर्दिष्ट है।

यहीं पर आगे प्रसंगप्राप्त एक अन्य शंका का समाधान करते हुए प्रकारान्तर से प्रमाण ये छह भेद भी निर्दिष्ट किये गये हैं—नाम, स्थापना, द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावप्रमाण। इनका सामान्य स्पष्टीकरण करते हुए आगे भावप्रमाण के मतिभावप्रमाण आदि उपर्युक्त पाँच भेदों का पुनः उल्लेख किया है एवं जीवस्थान को भाव की अपेक्षा श्रुतभावप्रमाण तथा द्रव्य की अपेक्षा संख्यात, असंख्यात व अनन्तरूप शब्दप्रमाण कहा गया है।[1]

(४) **वक्तव्यता**—यह स्वसमयवक्तव्यता, परसमयवक्तव्यता और तदुभयवक्तव्यता के भेद से तीन प्रकार की है। प्रकृत जीवस्थान में अपने ही समय की प्ररूपणा होने से स्वसमय-वक्तव्यता कही गई है।[2]

(५) **अर्थाधिकार**—यह प्रमाण, प्रमेय और तदुभय के भेद से तीन प्रकार का है। यहाँ जीवस्थान में एकमात्र प्रमेय की प्ररूपणा के होने से एक ही अर्थाधिकार कहा गया है।[3]

इस प्रकार यहाँ पूर्वोक्त चार प्रकार के अवतार में से प्रथम 'उपक्रम' अवतार की चर्चा समाप्त हुई।

२. **निक्षेप**—अवतार के उक्त चार भेदों में यह दूसरा है। यह नामजीवस्थान, स्थापनाजीव-स्थान, द्रव्यजीवस्थान और भावजीवस्थान के भेद से चार प्रकार का है। इनमें भावजीवस्थान के दो भेदों में जो दूसरा नोआगमभावजीवस्थान है उसे यहाँ प्रसंगप्राप्त निर्दिष्ट किया गया है। वह मिथ्यादृष्टि, सासादन आदि चौदह जीवसमास (गुणस्थान) स्वरूप है।[4]

३. **नय**—अवतार का तीसरा भेद नय है। नयों के बिना चूँकि लोकव्यवहार घटित नहीं होता है, इसीलिए धवलाकार ने नयों के निरूपण की प्रतिज्ञा करते हुए प्रथमतः नयसामान्य के लक्षण में यह कहा है कि प्रमाण द्वारा परिगृहीत पदार्थ के एक देश में जो वस्तु का निश्चय होता है उसका नाम नय है। उसके मूल में दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—द्रव्यार्थिकनय और पर्यायार्थिकनय। इनमें द्रव्यार्थिक नैगम, संग्रह और व्यवहार नय के भेद से तीन प्रकार का तथा पर्यायार्थिकनय सामान्य से अर्थनय और व्यंजननय के भेद से दो प्रकार का है।

यहाँ द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक दोनों नयों में भेद को स्पष्ट करते हुए यह बतलाया गया है कि जिन नयों का मूल आधार ऋजुसूत्रवचन का विच्छेद है वे पर्यायार्थिक नय कहलाते हैं। ऋजुसूत्रवचन से अभिप्राय वर्तमानवचन का है। तात्पर्य यह है कि जो नय ऋजुसूत्रवचन के विच्छेद से लेकर एक समय पर्यन्त वस्तु की स्थिति का निश्चय कराते हैं उन्हें पर्यायार्थिक नय

१. वही, पृ० ८०-८२
२. धवला पु० १, पृ० ८८
३. वही, ,,
४. वही, पृ० ८३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

समझना चाहिए।

इन पर्यायार्थिक नयों को छोड़कर दूसरे शुद्ध व अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय हैं।

आगे अर्थनयों का स्वरूप स्पष्ट किया गया है, तदनुसार जो नय अर्थ और व्यंजन पर्यायों से भेद को प्राप्त तथा लिंग, संख्या, काल पुरुष और उपग्रह के भेद से भेद को न प्राप्त होने वाले केवल वर्तमानकालीन पदार्थ का निश्चय कराते हैं उन्हें अर्थनय कहा जाता है। अभिप्राय यह है कि अर्थनयों में शब्द के भेद से अर्थ का भेद नहीं हुआ करता है।

जो शब्द के भेद से वस्तु के भेद को ग्रहण किया करते हैं वे व्यंजननय कहलाते हैं।

प्रकृत में ऋजुसूत्र को अर्थनय कहा गया है। कारण यह है कि वह 'ऋजुं प्रगुणं सूत्रयति सूचयति' इस निरुक्ति के अनुसार वर्तमानकालवर्ती सरल अर्थ का सूचक है। इस प्रसंग में यह शंका की गयी है कि नैगम, संग्रह और व्यवहार ये तीन नय भी तो अर्थनय है। इसके उत्तर में कहा गया है कि अर्थ में व्याप्त होने से वे भले ही अर्थनय हों, किन्तु वे पर्यायार्थिकनय नहीं हो सकते; क्योंकि उनका प्रमुख विषय द्रव्य है।

व्यंजननय शब्द, समभिरूढ और एवम्भूतनय के भेद से तीन प्रकार का है। इनका स्वरूप जिस प्रकार सर्वार्थसिद्धि आदि में प्ररूपित है, लगभग धवला में भी यहाँ उनके स्वरूप की प्ररूपणा उसी प्रकार की गयी है।

एवम्भूतनय के सम्बन्ध में यहाँ यह विशेष स्पष्ट किया गया है कि इस नय की दृष्टि में पदों का समास सम्भव नहीं है, क्योंकि भिन्न कालवर्ती और भिन्न अर्थ के वाचक पदों के एक होने का विरोध है। उनमें परस्पर अपेक्षा भी सम्भव नहीं है, क्योंकि वर्ण, अर्थ, संख्या और काल आदि से भेद को प्राप्त पदों की अन्य पदों के साथ अपेक्षा नहीं हो सकती। इससे सिद्ध है कि इस नय की दृष्टि में पदों का समुदायरूप वाक्य भी नहीं घटित नहीं होता है। अभिप्राय यह हुआ कि एक पद एक ही अर्थ का वाचक है, इस प्रकार से जो निश्चय कराता है उसे एवम्भूतनय समझना चाहिए। इस नय की अपेक्षा एक 'गो' शब्द अनेक अर्थों में वर्तमान नहीं रहता, क्योंकि एक स्वभाववाले एक पद के अनेक अर्थों में वर्तमान [illegible] का विरोध है।

प्रकारान्तर से यहाँ पुनः एवम्भूतनय के लक्षण को प्रकट करते हुए यह कहा गया है कि जो पदगत वर्णों के भेद से अर्थभेद का निश्चायक होता है वह एवम्भूतनय कहलाता है, क्योंकि वह शब्दनिरुक्ति (एवं भेदे भवनादेवम्भूतः) के अनुसार 'इस प्रकार (भेद में) हुआ है' उसी में उत्पन्न है; अर्थात् उसी को विषय करता है।

आगे धवला में नयों के विषय में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि संक्षेप में ये [illegible] हैं, पर अवान्तर भेदों से वे असंख्यात हैं। व्यवहर्ता जनों को उनके विषय में जानकारी अवश्य होना चाहिए, क्योंकि उनके जाने बिना न तो वस्तुस्वरूप का प्रतिपादन किया जा सकता है और न उसे समझा भी जा सकता है। इस अभिप्राय की पुष्टि आगे यहाँ दो गाथाओं को उद्धृत करते हुए उनके आश्रय से की गई है।

इस प्रकार इस प्रसंग में धवलाकार द्वारा नयों के विषय में विशद चर्चा की गयी है।[1]

१. धवला पु० १, पृ० ८३-९१ (धवला में ग्रन्थावतार के प्रसंग में उपक्रम के भेदभूत इन नयों के विषय में पुनः विस्तारपूर्वक विचार किया गया है—देखिए पु० ९, पृ० १९२-८३)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

४. **अनुगम**—नय प्ररूपणा के समाप्त होने पर जीवस्थान के अवतारविषयक उन उपक्रमादि चार भेदों में से चौथा भेद 'अनुगम' शेष रहता है। उसके विषय में धवलाकार ने 'अनुगमं वत्तइस्सामो' ऐसी सूचना करते हुए अवसरप्राप्त "एत्तो इमेसिं चोद्दसण्हं" आदि सूत्र (१,१,२) की ओर संकेत किया है।[1]

इतना संकेत करके यहाँ धवला में उसके स्वरूप को स्पष्ट नहीं किया गया है। पर आगे पुनः प्रसंगप्राप्त उस अनुगम के लक्षण को प्रकट करते हुए धवलाकार ने यह कहा है—"जम्हि जेण वा वत्तव्वं परूविज्जदि सो अणुगमो।" अर्थात् जहाँ पर या जिसके द्वारा विवक्षित विषय की प्ररूपणा की जाती है उसका नाम अनुगम है। निष्कर्ष के रूप में आगे यह बतलाया गया है कि 'अधिकार' संज्ञावाले अनुयोगद्वारों के जो अधिकार होते हैं उन्हें अनुगम कहा जाता है। जैसे—'वेदना' अनुयोगद्वार में 'पदमीमांसा' आदि अधिकार (देखिए पु० १०, पृ० १८ व पु० ११, पृ० १-३, ७५-७७ आदि)। यह अनुगम अनेक प्रकार का है, क्योंकि इसकी संख्या नियत नहीं है।

प्रकारान्तर से वहाँ 'अथवा अनुगम्यन्ते जीवदयः पदार्थाः अनेनेत्यनुगमः' ऐसी निरुक्ति करते हुए यह अभिप्राय प्रकट किया है कि जिसके द्वारा जीवादि पदार्थ जाने जाते हैं उसका नाम अनुगम है।[2]

जीवस्थानगत सत्प्ररूपणादि ८ अनुयोगद्वारों व ९ चूलिकाओं का उद्गम

ऊपर धवलाकार ने 'अनुगम' के प्रसंग में जिस सूत्र की ओर संकेत किया है वह पूरा सूत्र इस प्रकार है—

"एत्तो इमेसिं चोद्दसण्हं जीवसमासाणं मग्गणट्ठदाए तत्थ इमाणि चोद्दस चेय ट्ठाणाणि णादव्वाणि भवंति।" —सूत्र २, पृ० ९१

इस सूत्र की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने सूत्र में प्रयुक्त 'एत्तो' (एतस्मात्) पद से प्रमाण को ग्रहण किया है। इस पर वहाँ यह शंका की है कि यह कैसे जाना जाता है कि 'एत्तो' इस सर्वनाम पद से प्रमाण विवक्षित है। उत्तर में यह कहा गया है कि प्रमाणभूत 'जीवस्थान' का चूंकि अप्रमाण से अवतार होने का विरोध है, इसी से जान लिया जाता है कि सूत्र में प्रयुक्त 'एत्तो' पद से प्रमाण अभीष्ट रहा है। इस प्रसंग में यहाँ प्रमाण के दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—द्रव्यप्रमाण और भावप्रमाण। इनमें द्रव्यप्रमाण से संख्यात, असंख्यात और अनन्तरूप द्रव्य जीवस्थान का अवतार हुआ है।

भावप्रमाण पाँच प्रकार का है—आभिनिबोधिक, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय और केवल भावप्रमाण। इनमें ग्रन्थ की अपेक्षा श्रुतभावप्रमाण को और अर्थ की अपेक्षा केवल भावप्रमाण को प्रकृत कहा गया है।[3]

अर्थाधिकार के प्रसंग में उस (श्रुत) के अंगबाह्य और अंगप्रविष्ट ये दो अर्थाधिकार निर्दिष्ट किये गये हैं। उनमें अंगबाह्य के ये चौदह अर्थाधिकार कहे गये हैं—सामायिक, चतुर्विंशतिस्तव,

---

१. धवला पु० १, पृ० ९१
२. धवला पु० ९, पृ० १४१
३. धवला पु० १, पृ० ९२-९५

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

वन्दना, प्रतिक्रमण, वैनयिक, कृतिकर्म, दशवैकालिक, उत्तराध्ययन, कल्पव्यवहार, कल्पाकल्प्य, महाकल्प्य, पुण्डरीक, महापुण्डरीक और निषेधिका। धवला में आगे इन सबके स्वरूप को भी प्रकट किया गया है।[1]

अंगप्रविष्टका अर्थाधिकार बारह प्रकार का निर्दिष्ट है—आचार, सूत्रकृत, स्थान, समवाय, व्याख्याप्रज्ञप्ति, नाथधर्मकथा, उपासकाध्ययन, अन्तकृतदशा, अनुत्तरौपपादिदशा, प्रश्नव्याकरण, विपाकसूत्र और दृष्टिवाद। आगे इनके स्वरूप को स्पष्ट करते हुए प्रकृत में दृष्टिवाद को प्रयोजनीभूत कहा गया है।

पूर्व पद्धति के समान उक्त दृष्टिवाद के प्रसंग में भी आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता और अर्थाधिकार इन पाँच उपक्रमभेदों का विचार करते हुए नाम के प्रसंग में दृष्टिवाद को गुणनाम कहा गया है, क्योंकि वह दृष्टियों (विविध दर्शनों) का निरूपण करनेवाला है।

अर्थाधिकार के ये पाँच भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—परिकर्म, सूत्र, प्रथमानुयोग, पूर्वगत और चूलिका। इनमें परिकर्म के चन्द्रप्रज्ञप्ति, सूर्यप्रज्ञप्ति, जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, द्वीप-सागरप्रज्ञप्ति और व्याख्याप्रज्ञप्ति इन पाँच उपभेदों का निर्देश कर उनके प्रतिपाद्य विषय का भी क्रमशः विवेचन है।[2]

परिकर्मादि उपर्युक्त पाँच भेदों में चौथा पूर्वगत है। उसे यहाँ प्रसंगप्राप्त कहा गया है।[3] अर्थाधिकार के प्रसंग में उसके ये चौदह भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—उत्पादपूर्व, अग्रायणीयपूर्व, वीर्यानुप्रवाद, अस्ति-नास्तिप्रवाद, ज्ञानप्रवाद, सत्यप्रवाद, आत्मप्रवाद, कर्मप्रवाद, प्रत्याख्यान-नामध्येय, विद्यानुवाद, कल्याणनामध्येय, प्राणावाद, क्रियाविशाल और लोकबिन्दुसार।

इनमें से प्रत्येक में वर्णित विषय का परिचय कराते हुए उनमें कितने 'वस्तु' व 'प्राभृत' नाम के अधिकार हैं तथा प्रत्येक के पदों का प्रमाण कितना है, इस सबका विवेचन है।[4]

इन चौदह पूर्वों में यहाँ दूसरे अग्रायणीयपूर्व को अधिकार प्राप्त बतलाते हुए उसके भी चौदह अर्थाधिकार निर्दिष्ट किये गये हैं—पूर्वान्त, अपरान्त, ध्रुव, अध्रुव, चयनलब्धि, अर्धोपम, प्रणिधिकल्प, अर्थ, भौम, व्रतादि, सर्वार्थ, कल्पनिर्याण, अतीत काल में सिद्ध व बद्ध और अनागत काल में सिद्ध व बद्ध। इन्हें 'वस्तु' नाम का अधिकार कहा गया है। इन चौदह में यहाँ पाँचवाँ चयनलब्धि नाम का वस्तु अधिकार प्रसंगप्राप्त है।

अर्थाधिकार के प्रसंग में प्रकृत चयनलब्धि में बीस अर्थाधिकार निर्दिष्ट किये गये हैं, पर उन के नामों का यहाँ उल्लेख नहीं है। उन बीस को प्राभृत नामक अधिकार समझना चाहिए। उनमें यहाँ चतुर्थ प्राभृत अधिकार प्रसंगप्राप्त है।

नाम के प्रसंग में यहाँ यह कहा गया है कि वह चूंकि कर्मों की प्रकृति-स्वरूप का वर्णन करनेवाला है, इसलिए उसका 'कर्मप्रकृतिप्राभृत' यह गुण नाम (गौण्यपद नाम) है। उसका

---

१. धवला पु० १, पृ० ९६-९८
२. वही, पृ० १०८-१०
३. दृष्टिवाद के ही समान आगे पूर्वगत व अग्रायणीय पूर्व आदि प्रत्येक के विषय में पृथक्-पृथक् उन पाँच उपक्रम भेदों का प्रसंगानुसार विचार किया गया है, व्याख्या की यही पद्धति रही है।
४. धवला पु० १, पृ० ११४-२२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

दूसरा नाम **'वेदनाकृत्स्नप्राभृत'** भी है। वेदना का अर्थ कर्मों का उदय है, उसका वह चूंकि कृत्स्न—पूर्ण रूप से—वर्णन करता है, इसलिए उसका 'वेदनाकृत्स्नप्राभृत' यह दूसरा नाम भी गुणनाम (सार्थक नाम) है।[1]

अर्थाधिकार के प्रसंग में उसके ये चौबीस भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—कृति, वेदना, स्पर्श, कर्म, प्रकृति, **बन्धन**, निबन्धन, प्रक्रम, उपक्रम, उदय, मोक्ष, संक्रम, लेश्या, लेश्याकर्म, लेश्यापरिणाम, सात-असात, दीर्घ-ह्रस्व, भवधारणीय, पुद्गलात्त, निधत्त-अनिधत्त, निकाचित-अनिकाचित, कर्मस्थिति, पश्चिमस्कन्ध और सर्वत्र (पूर्व के सभी अनुयोगद्वारों से सम्बद्ध) अल्पबहुत्व। इन चौबीस अधिकारों में यहाँ छठा 'बन्धन' अनुयोगद्वार प्रसंगप्राप्त है।[2]

प्रसंग में उस बन्धन अनुयोगद्वार को भी चार प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है—बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्धविधान। इनमें से प्रकृत में बन्धक और बन्धविधान ये दो अर्थाधिकार प्रसंगप्राप्त हैं।[3]

इनमें **बन्धक** अर्थाधिकार में ये ग्यारह अनुयोगद्वार हैं एक जीव की अपेक्षा स्वामित्व, एक जीव की अपेक्षा काल, एक जीव की अपेक्षा अन्तर, नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय, **द्रव्यप्रमाणानुगम**, क्षेत्रानुगम, स्पर्शनानुगम, नाना जीवों की अपेक्षा कालानुगम, नाना जीवों की अपेक्षा अन्तरानुगम, भागाभागानुगम और अल्पबहुत्वानुगम। इनमें यहाँ पाँचवाँ द्रव्यप्रमाणानुगम प्रकृत है। उससे पूर्वनिर्दिष्ट जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत सत्प्ररूपणा आदि आठ अनुयोगद्वारों में से दूसरा **द्रव्यप्रमाणानुगम** अनुयोगद्वार निकला है।[4]

बन्धविधान चार प्रकार का है—प्रकृतिबन्ध, स्थितिबन्ध, अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्ध। इनमें प्रकृतिबन्ध मूल और उत्तर प्रकृतिबन्ध के भेद से दो प्रकार का है। उनमें दूसरा उत्तरप्रकृतिबन्ध भी दो प्रकार का है—एक-एक उत्तरप्रकृतिबन्ध और अव्वोगाढ प्रकृतिबन्ध। इनमें भी एक-एक उत्तरप्रकृतिबन्ध के चौबीस अनुयोगद्वार हैं—**समुत्कीर्तना**, **सर्वबन्ध**, नोसर्वबन्ध, उत्कृष्टबन्ध, अनुत्कृष्टबन्ध, जघन्यबन्ध, अजघन्यबन्ध, सादिकबन्ध, अनादिकबन्ध, ध्रुवबन्ध, अध्रुवबन्ध, **बन्धस्वामित्वविचय**, बन्धकाल, बन्धअन्तर, बन्धसंनिकर्ष, नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय, भागाभागानुगम, परिमाणानुगम, क्षेत्रानुगम, स्पर्शनानुगम, कालानुगम, अन्तरानुगम, **भावानुगम** और अल्पबहुत्व।[5]

जीवस्थानगत प्रकृति समुत्कीर्तनादि पाँच चूलिकाओं का उद्गम

उपर्युक्त २४ अनुयोगद्वारों में से प्रथम समुत्कीर्तना अनुयोगद्वार से प्रकृतिसमुत्कीर्तना, स्थानसमुत्कीर्तना और तीन महादण्डक—जीवस्थान की ९ चूलिकाओं में ये पाँच चूलिकाएँ

---

१. धवला पु० १, पृ० १२३-२५
२. वही, पृ० १२५ तथा पु० ९, पृ० २३१-३६ (यहाँ उक्त कृति व वेदना आदि २४ अनुयोगद्वारों में प्ररूपित विषय को भी प्रकट किया गया है।)
३. धवला पु० १, पृ० १२६ (ष० ख० पु० १४, पृ० ५६४ में सूत्र ५, ६, ७९७ भी द्रष्टव्य है)
४. वही, पृ० १२६ (ष०ख० पु० ७, पृ० २४ में सूत्र २,१,१-२ द्रष्टव्य हैं)
५. धवला पु० १, पृ० १२७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

निकली हैं।[1]

जीवस्थानगत भावानुगम

उन्हीं २४ अनुयोगद्वारों में जो २३वाँ भावानुगम अनुयोगद्वार है उससे जीवस्थान के सत्प्ररूपणादि ८ अनुयोगद्वारों में से ७वाँ भावानुगम अनुयोगद्वार निकला है।[2]

जीवस्थानगत शेष छह (१,३-६ व ८) अनुयोगद्वार

अव्वोगाढ-उत्तरप्रकृतिबन्ध दो प्रकार का है—भुजगारबन्ध और प्रकृतिस्थानबन्ध। इनमें से दूसरे प्रकृतिस्थानबन्ध में ये आठ अनुयोगद्वार हैं—सत्प्ररूपणा, द्रव्यप्रमाणानुगम, क्षेत्रानुगम, स्पर्शनानुगम, कालानुगम, अन्तरानुगम, भावानुगम और अल्पबहुत्वानुगम। इन आठ अनुयोगद्वारों में से जीवस्थानगत ये छह अनुयोगद्वार निकले हैं—सत्प्ररूपणा (१), क्षेत्रप्ररूपणा (३), स्पर्शनप्ररूपणा (४), कालप्ररूपणा (५), अन्तरप्ररूपणा (६) और अल्पबहुत्वप्ररूपणा (८)। इन छह में पूर्वोक्त द्रव्यप्रमाणानुगम और भावानुगम इन दो को मिलाने पर जीवस्थान के आठ अनुयोगद्वार हो जाते हैं। प्रकृतिस्थानबन्ध के उक्त आठ अनुयोगद्वारों से जीवस्थानगत छह अनुयोगद्वार कैसे निकले हैं तथा उनसे द्रव्यप्रमाणानुगम और भावानुगम ये दो अनुयोगद्वार क्यों नहीं निकले, इसे भी धवला में शंका-समाधानपूर्वक स्पष्ट किया है।[3]

जघन्यस्थिति (७) व उत्कृष्टस्थिति (९) चूलिकाओं का उद्गम

स्थितिबन्ध दो प्रकार का है—मूलप्रकृतिस्थितिबन्ध और उत्तरप्रकृतिस्थितिबन्ध। इनमें दूसरे उत्तरप्रकृतिस्थितिबन्ध में ये २४ अनुयोगद्वार हैं—अर्धच्छेद, सर्वबन्ध, नोसर्वबन्ध, उत्कृष्टबन्ध, अनुत्कृष्टबन्ध, जघन्यबन्ध, अजघन्यबन्ध, सादिबन्ध, अनादिबन्ध, ध्रुवबन्ध, अध्रुवबन्ध, बन्धस्वामित्वविचय, बन्धकाल, बन्धअन्तर, बन्धसंनिकर्ष, नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय, भागाभागानुगम, परिमाणानुगम, क्षेत्रानुगम, स्पर्शनानुगम, कालानुगम, अन्तरानुगम, भावानुगम और अल्पबहुत्वानुगम। इनमें अर्धच्छेद दो प्रकार का है—जघन्यस्थिति-अर्धच्छेद और उत्कृष्टस्थितिअर्धच्छेद। इनमें जघन्यस्थितिअर्धच्छेद से जीवस्थान की ७वीं जघन्यस्थिति चूलिका और उत्कृष्टस्थितिअर्धच्छेद से उसकी छठी उत्कृष्टस्थिति चूलिका निकली है।[4]

सम्यक्त्वोत्पत्ति (८) व गति-आगति (९) चूलिकाएँ

बारहवें दृष्टिवाद अंग के परिकर्म आदि पाँच भेदों में दूसरा भेद सूत्र है। उससे ८वीं 'सम्यक्त्वोत्पत्ति' चूलिका निकली है। इसी दृष्टिवाद के उन पाँच भेदों में जो प्रथम भेद परिकर्म है वह चन्द्रप्रज्ञप्ति आदि के भेद से पाँच प्रकार का है। उनमें पाँचवें भेदभूत व्याख्याप्रज्ञप्ति

---

१. वही, पृ० १२७
२. वही,
३. वही, पृ० १२७-२९
४. धवला पु० १, पृ० १३०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

से ९वीं 'गति-आगति' चूलिका निकली है।[1]

जैसा कि पूर्व में निर्देश किया जा चुका है, धवलाकार ने 'एत्तो इमेसिं' आदि सूत्र (२) की व्याख्या करते हुए उसमें प्रयुक्त 'एत्तो' पद से प्रमाण को ग्रहण किया है। सूत्रकार भगवान् पुष्पदन्त को उससे क्या अभिप्रेत रहा है, इसे यहाँ तक धवला में विस्तार से स्पष्ट किया गया है।[2]

ऊपर के इस विस्तृत विवेचन से यह स्पष्ट हो चुका है कि प्रस्तुत जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वार और प्रकृतिसमुत्कीर्तनादि (७) चूलिकाएँ बारहवें दृष्टिवाद अंग के अन्तर्गत दूसरे अग्रायणीय पूर्व के कृति-वेदनादि २४ अनुयोगद्वारों में चयन-लब्धि नामक चौथे कर्मप्रकृतिप्राभृत से निकली हैं।

आठवीं 'सम्यक्त्वोत्पत्ति' चूलिका दृष्टिवाद अंग के दूसरे भेदस्वरूप 'सूत्र' से और गति-आगति नाम की ९वीं चूलिका उसी के पाँचवें भेदभूत व्याख्याप्रज्ञप्ति से निकली है।

आगे के क्षुद्रकबन्ध आदि शेष पाँच खण्ड भी उपर्युक्त कर्मप्रकृतिप्राभृत के यथासम्भव भेद-प्रभेदों से निकले हैं।

उन सबके उद्गम स्थानों को संक्षेप से षट्खण्डागम पु० १ की प्रस्तावना पृ० ७२-७४ की तालिकाओं में देखा जा सकता है :

दर्शनविषयक विचार

"गइ इंदिए" आदि सूत्र (१,१,२) में निर्दिष्ट गति व इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं के स्वरूप आदि को स्पष्ट करते हुए धवला में दर्शनमार्गणा के प्रसंग में दर्शनविषयक विशेष विचार किया गया है। वहाँ सर्वप्रथम 'दृश्यते अनेनेति दर्शनम्' इस निरुक्ति के अनुसार 'जिसके द्वारा देखा जाता है उसका नाम दर्शन है', इस प्रकार से दर्शन का स्वरूप निर्दिष्ट किया है।

इस पर यहाँ यह शंका हो सकती थी कि चक्षु इन्द्रिय और प्रकाश के द्वारा भी तो देखा जाता है, अतः उपर्युक्त दर्शन का लक्षण अतिव्याप्ति दोष से दूषित क्यों न होगा। इस प्रकार की शंका को हृदयंगम करते हुए धवलाकार ने यह स्पष्ट किया है कि चक्षु इन्द्रिय और प्रकाश चूँकि आत्मधर्म नहीं है—पुद्गलस्वरूप हैं, जब कि दर्शन आत्मधर्म है; इसलिए उनके साथ प्रकृत लक्षण के अतिव्याप्त होने की सम्भावना नहीं है।

इस पर भी शंकाकार का कहना है कि 'दृश्' धातु का अर्थ जानना-देखना है। तदनुसार 'दृश्यते अनेनेति दर्शनम्' ऐसा दर्शन का लक्षण करने पर ज्ञान और दर्शन इन दोनों में कुछ भी भेद नहीं रहता है। इस शंका का समाधान करते हुए धवला में कहा गया है कि वैसा लक्षण करने पर भी ज्ञान और दर्शन में अभेद का प्रसंग नहीं प्राप्त होता। कारण यह है कि दर्शन जहाँ अन्तर्मुख चित्प्रकाश स्वरूप है, वहाँ ज्ञान बहिर्मुख चित्प्रकाश स्वरूप है। इस प्रकार जब उन दोनों का लक्षण ही भिन्न है तब वे एक कैसे हो सकते हैं—भिन्न ही रहनेवाले हैं। इसके अतिरिक्त 'यह घट है और यह पट है' इस प्रकार की प्रतिकर्मव्यवस्था जिस प्रकार ज्ञान

---

१. धवला पु० १,पृ० १३०

२. एदं सव्वमवि मणेण अवहारिय 'एत्तो' इदि उत्तं भयवदा पुप्फयंतेण। पु० १, पृ० १३० (पृ० ९१-१३० भी द्रष्टव्य हैं।)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

के द्वारा सम्भव है वैसी वह दर्शन के द्वारा सम्भव नहीं है। इससे भी उन दोनों में भिन्नता निश्चित है।

अन्तरंग और बहिरंग सामान्य के ग्रहण को दर्शन तथा अन्तरंग और बहिरंग विशेष के ग्रहण को ज्ञान मानकर यदि उन दोनों में भेद माना जाय तो यह भी सम्भव नहीं है, क्योंकि वस्तु सामान्य-विशेषात्मक है, अतः सामान्य का ग्रहण अलग और विशेष का ग्रहण अलग हो; यह घटित नहीं होता है—दोनों का ग्रहण एक साथ होनेवाला है। ऐसा न मानने पर "दोनों उपयोग एक साथ नहीं होते हैं" इस आगमवचन के साथ विरोध आता है। इससे सिद्ध है कि ज्ञान सामान्य-विशेषात्मक बाह्य पदार्थों को तथा दर्शन सामान्य-विशेषात्मक आत्मस्वरूप को ग्रहण करता है।

इस पर यदि यह कहा जाय कि दर्शन का वैसा लक्षण मानने पर "सामान्य का जो ग्रहण होता है उसे दर्शन कहते हैं"[1] इस आगमवचन के साथ विरोध का प्रसंग प्राप्त होता है, तो यह कहना भी ठीक नहीं है; क्योंकि उक्त आगमवचन में सामान्य ग्रहण से आत्मा का ग्रहण ही विवक्षित है। कारण यह कि वह आत्मा समस्त पदार्थों में साधारण है। उसी आगम वचन में आगे 'बाह्य पदार्थों के आकार को अर्थात् प्रतिकर्मव्यवस्था को न करके' जो यह कहा गया है उससे भी यह स्पष्ट है कि 'सामान्य' शब्द से आत्मा ही अपेक्षित है। आगे उक्त आगम-वचन में 'पदार्थों की विशेषता को न करके' और भी जो यह कहा गया है उससे भी उपर्युक्त अभिप्राय की पुष्टि होती है।

प्रकारान्तर से आगे अवलोकनवृत्ति को जो दर्शन कहा गया है वह भी उपर्युक्त अभिप्राय का पोषक है। कारण यह कि 'आलोकते इति आलोकनम्' इस निरुक्ति के अनुसार आलोकन का अर्थ अवलोकन करनेवाला (आत्मा) होता है, उसके आत्मसंवेदन रूप वर्तन को यहाँ दर्शन कहा है।

आगे जाकर विकल्परूप में प्रकाशवृत्ति को भी दर्शन कहा गया है। यह लक्षण भी उसका पूर्वोक्त लक्षणों से भिन्न नहीं है, क्योंकि प्रकाश का अर्थ ज्ञान है, उसके लिए आत्मा की वृत्ति (प्रवृत्ति या व्यापार) होती है, यह दर्शन का लक्षण है। अभिप्राय यह है कि विषय और विषयी (इन्द्रिय) के सम्बन्ध के पूर्व जो अवस्था होती है उसका नाम दर्शन है। यह विषय और विषयी के सम्पात की पूर्व अवस्था आत्मसंवेदनस्वरूप ही है। अतः इसका अभिप्राय भी पूर्वोक्त लक्षणों से भिन्न नहीं है।[2]

इस प्रकार प्रसंगवश यहाँ दर्शनविषयक कुछ विचार किया गया। अनन्तर क्रमप्राप्त दर्शन मार्गणा में चक्षुदर्शनी आदि चार के अस्तित्व के प्ररूपक सूत्र (१,१,१३१) की व्याख्या करते हुए धवला में दर्शन के विषय में प्रकारान्तर से विचार किया गया है। वहाँ चक्षु-दर्शन के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि चक्षु से जो सामान्य अर्थ का ग्रहण होता

---

१. जं सामण्णं गहणं भावाणं णेव कट्टुमायारं।
अविसेसिऊण अत्थे दंसणमिदि भण्णदे समए॥
धवला पु० १, पृ० १४६ तथा पु० ७, पृ० १०० में उद्धृत। अनुयोगद्वार की हरिभद्र विरचित वृत्ति (पृ० १०३) में भी यह उद्धृत है।

२. इस सबके लिए धवला पु० १, पृ० १४५-४६ द्रष्टव्य हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

है उसे चक्षुदर्शन कहते हैं।

यहाँ शंकाकार ने इस चक्षुदर्शन की असम्भावना को प्रकट करते हुए अपना पक्ष इस प्रकार स्थापित किया है—विषय और विषयी के सम्पात के अनन्तर जो प्रथम ग्रहण होता है उसे अवग्रह माना जाता है। प्रश्न है कि वह अवग्रह विधिसामान्य को ग्रहण करता है या प्रतिषेधसामान्य को? वह बाह्य पदार्थगत विधिसामान्य को तो ग्रहण नहीं करता है, क्योंकि प्रतिषेध से रहित विधिसामान्य अवस्तुरूप है; अतएव वह उसका विषय नहीं हो सकता है। जो ज्ञान प्रतिषेध को विषय नहीं करता है उसकी प्रवृत्ति विधि में सम्भव नहीं है। इसी प्रसंग में आगे प्रतिषेध से उस विधि के भिन्नता-अभिन्नता विषयक विकल्पों को उठाते हुए उसके ग्रहण का निषेध किया गया है। इस प्रकार अवग्रह द्वारा विधिसामान्य के ग्रहण का निराकरण कर आगे वादी ने उसके द्वारा प्रतिषेध सामान्य के ग्रहण का भी निषेध विधिपक्ष में दिये गये दूषणों की सम्भावना के आधार पर किया है। अन्त में निष्कर्ष निकालते हुए उसने कहा है कि इससे निश्चित है कि जो विधि-निषेधरूप बाह्य अर्थ को ग्रहण करता है उसे अवग्रह कहना चाहिए और वह दर्शन नहीं हो सकता, क्योंकि सामान्य ग्रहण का नाम दर्शन है। इसलिए चक्षु-दर्शन घटित नहीं होता है।

इस प्रकार वादी के द्वारा चक्षुदर्शन के अभाव को सिद्ध करने पर उसके इस पक्ष का निराकरण करते हुए धवला में कहा गया है कि दर्शन के विषय में जो दोष दिये गये हैं वे वहाँ चरितार्थ नहीं होते। कारण यह है कि वह दर्शन अन्तरंग पदार्थ को विषय करता है, न कि बाह्य पदार्थ को; जिसके आश्रय से उन दोषों को उद्भावित किया गया है। वह जिस अन्तरंग अर्थ को विषय करता है वह सामान्य-विशेषरूप है, वह न केवल सामान्य रूप है और न केवल विशेष रूप भी है। इस प्रकार जब विधि-सामान्य और प्रतिषेध-सामान्य में उपयोग की प्रवृत्ति क्रम से घटित नहीं होती है तब उन दोनों में उसकी प्रवृत्ति को युगपत् स्वीकार कर लेना चाहिए।

इस पर पुनः यह शंका की गयी है कि वैसा स्वीकार करने पर वह अन्तरंग उपयोग भी दर्शन नहीं ठहरता है, क्योंकि आपके कथनानुसार वह अन्तरंग उपयोग सामान्य-विशेष को विषय करता है, जबकि दर्शन सामान्य को विषय करता है। समाधान में कहा गया है कि 'सामान्य' शब्द से सामान्य-विशेष रूप आत्मा को ही ग्रहण किया जाता है।

'सामान्य' शब्द से आत्मा का ग्रहण कैसे सम्भव है, इसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि चक्षुइन्द्रियावरण का क्षयोपशम रूपसामान्य में नियमित है, क्योंकि उसके आश्रय से रूपविशिष्ट अर्थ का ही ग्रहण होता है। इस प्रकार चक्षुइन्द्रियावरण का वह क्षयोपशम रूप-विशिष्ट अर्थ के प्रति समान है, और चूँकि वह क्षयोपशम आत्मा से भिन्न सम्भव नहीं है, इस-लिए उससे अभिन्न आत्मा भी समान है। इस प्रकार समान के भावरूप वह सामान्य आत्मा ही सम्भव है और चूँकि दर्शन उसे ही विषय करता है, इसलिए अन्तरंग उपयोग के दर्शन होने में कुछ भी विरोध नहीं आता।

इस प्रकार से यहाँ अन्य शंका-समाधान पूर्वक प्रकृत चक्षुदर्शन आदि के विषय में विचार किया गया है।[1]

१. धवला पु० १, पृ० ३७८-८२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

दर्शनविषयक कुछ विचार पीछे 'वीरसेन की न्यायनिपुणता' शीर्षक में भी हम कर आये हैं।

आगे प्रकृति समुत्कीर्तन चूलिका में दर्शनावरणीय के प्रसंग में भी दर्शन के स्वरूप का निर्देश है। तदनुसार ज्ञान के उत्पादक प्रयत्न से अनुविद्ध स्वसंवेदन को दर्शन कहा गया है। वह भी आत्मविषयक उपयोग ही है।

इसे कुछ और भी स्पष्ट करते हुए आगे धवला में उल्लेख है कि चक्षुइन्द्रियजन्य ज्ञान के उत्पादक प्रयत्न से सम्बद्ध आत्मसंवेदन के होने पर 'मैं रूप के देखने में समर्थ हूँ' इस प्रकार की सम्भावना का जो कारण है उसे चक्षुदर्शन समझना चाहिए।

कितने ही विद्वान् बाह्य पदार्थ के सामान्य ग्रहण को दर्शन मानते हैं। उनके इस अभिमत का निराकरण करते हुए पूर्व के समान समस्त पदार्थों में साधारण होने से आत्मा को सामान्य मानकर तद्विषयक उपयोग को ही दर्शन कहा गया है।

अन्य कितने ही आचार्य 'केवलज्ञान ही एक आत्मा और बाह्य पदार्थों का प्रकाशक है' यह कहते हुए केवलदर्शन के अभाव को प्रकट करते हैं। उनके इस अभिप्राय का निराकरण करते हुए यहाँ धवला में यह कहा गया है कि केवलज्ञान पर्याय है, अतः उसके अन्य पर्याय सम्भव नहीं है। इस कारण उसके आत्मा और बाह्य पदार्थ दोनों के ग्रहण रूप दो प्रकार की शक्ति सम्भव नहीं है, अन्यथा अनवस्था दोष का प्रसंग अनिवार्यतः प्राप्त होगा।[1]

प्रस्तुत षट्खण्डागम के द्वितीय क्षुद्रकबन्ध खण्ड के अन्तर्गत ग्यारह अनुयोगद्वारों में प्रथम स्वामित्व अनुयोगद्वार है। उसमें दर्शनमार्गणा के प्रसंग में चक्षुदर्शनी व अचक्षुदर्शनी आदि किस कारण से होते हैं, इस पर विचार किया गया है। उस प्रसंग में वादी ने दर्शन के अभाव को सिद्ध करने के लिए अपने पक्ष को प्रस्तुत करते हुए यह कहा है कि दर्शन है ही नहीं, क्योंकि उसका कुछ भी विषय नहीं है। यदि यह कहा जाय कि वह बाह्य अर्थगत सामान्य को विषय करता है तो यह कहना उचित नहीं है, क्योंकि वैसा स्वीकार करने पर केवलदर्शन के अभाव का प्रसंग प्राप्त होता है। इसे स्पष्ट करते हुए वादी कहता है कि तीनों काल सम्बन्धी अर्थ और व्यंजनपर्यायोंरूप समस्त द्रव्यों को केवलज्ञान जानता है। वैसी अवस्था में केवलदर्शन का कुछ भी विषय शेष नहीं रह जाता। तथा केवलज्ञान द्वारा जाने गये विषय को ही यदि केवलदर्शन ग्रहण करता है तो गृहीत के ग्रहण से कुछ प्रयोजन सिद्ध होनेवाला नहीं। यह कहना भी उचित नहीं कि केवलज्ञान जब समस्त पदार्थगत विशेष मात्र को ग्रहण करता है और केवलदर्शन समस्त पदार्थगत सामान्य को ग्रहण करता है तब केवलदर्शन निर्विषय कहाँ रहा? ऐसा न कह सकने का कारण यह है कि वैसा स्वीकार करने पर संसार अवस्था में आवरण के वश क्रम से प्रवृत्त होनेवाले ज्ञान और दर्शन द्वारा द्रव्य के न जानने का प्रसंग प्राप्त होगा। कारण यह कि आपके ही मतानुसार केवलज्ञान का व्यापार तो सामान्य से रहित केवल विशेषों में है और दर्शन का व्यापार विशेष से रहित केवल सामान्य में है। इस प्रकार वे दोनों ही द्रव्य को नहीं जान सकते। यही नहीं, केवली के द्वारा भी द्रव्य का ग्रहण न हो सकेगा, क्योंकि सर्वथा एकान्तरूप में स्वीकृत सामान्य और विशेष के विषय में क्रम से व्याप्त रहने वाले केवलदर्शन और केवलज्ञान की द्रव्य के विषय में प्रवृत्ति का विरोध है। इसके अति-

---

१. धवला पु० ६, पृ० ३२-३४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

रिक्त एक-दूसरे से सर्वथा निरपेक्ष रहनेवाले उन सामान्य और विशेष का अस्तित्व भी सम्भव नहीं है जिन्हें केवलदर्शन और केवलज्ञान विषय कर सकें। और जो असत् है वह प्रमाण का विषय नहीं हो सकता। इस परिस्थिति में प्रमेय के अभाव में उसको विषय करनेवाला प्रमाण भी सम्भव नहीं है। इससे उस दर्शन का अभाव ही सिद्ध होता है।

इस प्रकार वादी द्वारा प्रस्तुत उपर्युक्त अभिमत का निराकरण करते हुए धवला में कहा गया है कि दर्शन का अभाव नहीं हो सकता। कारण यह कि सूत्र में आठ कर्मों का निर्देश किया गया है। पर आवरणीय (दर्शन) के अभाव में आवरक (दर्शनावरणीय कर्म) का अस्तित्व सम्भव नहीं है। इससे उस दर्शन का अस्तित्व सिद्ध है। इस पर यदि यह कहा जाय कि आवरणीय भी न रहे, तो ऐसा कहना उचित न होगा, क्योंकि "चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी और अवधिदर्शनी क्षयोपशमलब्धि से तथा केवलदर्शनी क्षायिकलब्धि से होते हैं" इस प्रकार उनके अस्तित्व का प्रतिपादक जिनवचन[1] देखा जाता है। आगे वहाँ जीव के लक्षणभूत ज्ञान-दर्शन का निर्देश करनेवाली दो गाथाओं को उद्धृत करते हुए कहा है कि इत्यादि उपसंहार सूत्र भी देखा जाता है।

इस प्रकार धवलाकार द्वारा दर्शन के अभावविषयक उपर्युक्त अभिमत का निराकरण आगम के आधार पर किया गया है। इससे वहाँ यह शंका उठायी गयी है कि भले ही आगम प्रमाण से दर्शन का अस्तित्व सिद्ध होता हो, किन्तु उसका अस्तित्व युक्ति से तो सिद्ध नहीं होता है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि जिस आगमवचन के आश्रय से उस दर्शन के अस्तित्व को सिद्ध किया गया है वह युक्तियों से बाधित नहीं होता। इस पर शंकाकार ने भी कहा है कि यथार्थ युक्ति आगम से भी बाधित नहीं होना चाहिए। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि यह ठीक है, यथार्थ युक्ति आगम से बाधित नहीं होती। पर आपकी वह युक्ति यथार्थ नहीं है, इसलिए वह आगम से अवश्य बाधित है। इसे और स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि ज्ञान केवल विशेष को ग्रहण नहीं करता है, क्योंकि द्रव्य के सामान्य-विशेषात्मक होने से वह जात्यन्तर रूपता को प्राप्त देखा जाता है। ज्ञान जब तक दोनों नयों के विषय को न ग्रहण करे तब तक वह साकार नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति के होते हुए दर्शन का अभाव नहीं हो सकता, क्योंकि उसका व्यापार बाह्य पदार्थ को छोड़कर अन्तरंग अर्थ में है।

धवला में एक बार फिर से यहाँ केवल ज्ञान के द्वारा अन्तरंग और बहिरंग अर्थ के जानने का निषेध करते हुए अन्तरंग उपयोगरूप दर्शनविषयक मान्यता का "जं सामण्णग्गहणं" आदि सूत्र के साथ सम्भावित विरोध का परिहार भी कर दिया गया है।

इसी प्रसंग में आगे शंकाकार ने कहा है कि उक्त प्रकार से सामान्य दर्शन और केवल दर्शन के सिद्ध हो जाने पर भी शेष चक्षुदर्शन आदि का सद्भाव सिद्ध नहीं होता, क्योंकि वे बाह्य अर्थ को ही विषय करते हैं। इसकी पुष्टि शंकाकार ने "चक्खूण जं पयासदि" आदि दो गाथाओं द्वारा की है।

इस पर धवलाकार ने 'इन गाथाओं के परमार्थ को नहीं समझा है' ऐसा कहते हुए पदच्छेद-

---

१. ष०ख० सूत्र २,१,५६-५९ (पु०७, पृ०९६-१०३)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

पूर्वक उन दोनों गाथाओं के यथार्थ अर्थ को प्रकट किया है जो ध्यान देने योग्य है।[1]

इस प्रकार धवलाकार ने अनेक प्रसंगों पर[2] प्रकृत दर्शन उपयोग के विषय में ऊहापोह-पूर्वक विशद विचार किया है और निष्कर्ष के रूप में सर्वत्र स्वरूप संवेदन को दर्शन सिद्ध किया है।

उपशामन-विधि और क्षपण-विधि

प्रकृत सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में मनुष्यगति के आश्रय से मनुष्यों में निर्दिष्ट चौदह गुण-स्थानों के प्रसंग में धवलाकार ने कहा है कि इस सूत्र (१,१,२७) का अर्थ पूर्व में—ओघ के प्रसंग में—कहा जा चुका है। पर पूर्व में कहीं उपशामन-विधि और क्षपण-विधि का प्ररूपण नहीं हुआ है, इसलिए हम यहाँ उससे सम्बद्ध उपशामक और क्षपक के स्वरूप के ज्ञापनार्थ उसकी संक्षेप में प्ररूपणा करते हैं। ऐसी सूचना करते हुए उन्होंने प्रथमतः धवला में उपशामन-विधि की प्ररूपणा इस प्रकार की है—

अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभ तथा सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और मिथ्यात्व इन सात प्रकृतियों को असंयत सम्यग्दृष्टि से लेकर अप्रमत्त संयत तक—इनमें से कोई भी उपशमा सकता है। अपने स्वरूप को छोड़कर अन्य प्रकृति के रूप में रहना, यह अनन्तानुबन्धियों का उपशम है। सम्यक्त्व आदि तीन दर्शनमोह प्रकृतियों का उदय में नहीं रहना, यह उनका उपशम है। इसका कारण यह है कि उनके उपशान्त होने पर भी उनमें अपकर्षण, उत्कर्षण और प्रकृतिसंक्रमण सम्भव है।

अपूर्वकरण में एक भी कर्म का उपशम नहीं होता। किन्तु अपूर्वकरणसंयत प्रत्येक समय में अनन्तगुणी विशुद्धि से वृद्धिगत होता हुआ अन्तर्मुहूर्त-अन्तर्मुहूर्त के क्रम से एक-एक स्थिति-काण्डक का घात करता है। इस प्रकार से वह संख्यात हजार स्थितिखण्डों का घात करता है। वह उतने ही स्थितिबन्धापसरणों को भी करता है। एक-एक स्थितिकाण्डक काल के भीतर वह संख्यात हजार अनुभागखण्डों का घात करता है। प्रत्येक समय में वह असंख्यातगुणित श्रेणि के क्रम से प्रदेश निर्जरा को करता है। वह जिन अप्रशस्त कर्मों को नहीं बाँधता है उनके प्रदेशपिण्ड को असंख्यात गुणित के क्रम से अन्य बँधनेवाली प्रकृतियों में संक्रान्त करता है।

इस प्रकार वह अपूर्वकरणकाल को बिताकर अनिवृत्तिकरण में प्रविष्ट होता हुआ अन्तर्मुहूर्त तक उसी विधि के साथ स्थित रहता है। पश्चात् अन्तर्मुहूर्त में वह अप्रत्याख्यानावरण क्रोधादि बारह कषायों और नौ नोकषायों के अन्तरकरण को[3] करता है। अन्तरकरण के समाप्त होने पर वह प्रथम समय से लेकर आगे अन्तर्मुहूर्त जाकर नपुंसक वेद का उपशम करता

---

१. धवला पु० ७, पृ० ९६-१०२

२. जैसे—पु० १, १४५-४९ व आगे पृ० ३७९-८२; पु० ६, पृ० ३२-३४; पु० ७, पृ० ९६-१०२; और पु० १३, पृ० ३५४-५६

३. अन्तर, विरह और शून्यता ये समानार्थक शब्द हैं; इस प्रकार के अन्तर को करना अन्तर-करण कहलाता है। अभिप्राय यह है कि नीचे और ऊपर की कितनी ही स्थितियों को छोड़कर अन्तर्मुहूर्त प्रमाण बीच की स्थितियों को शून्य या उनका अभाव कर देना, अन्तरकरण कहा जाता है।—पु० १, पृ० २१२ का टिप्पण २

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

है। उपशम का अर्थ है कर्म का उदय, उदीरणा, अपकर्षण, उत्कर्षण, परप्रकृतिसंक्रमण, स्थितिकाण्डक घात और अनुभागकाण्डक घात के बिना सत्ता में स्थित रहना।

तत्पश्चात् वह अन्तर्मुहूर्त जाकर नपुंसकवेद की उपशामन विधि के अनुसार स्त्रीवेद को उपशमाता है। तदनन्तर अन्तर्मुहूर्त जाकर उसी विधि से वह पुरुषवेद के चिरकालीन सत्त्व को और हास्यादि छह नोकषायों को एक साथ उपशमाता है। आगे एक समय कम दो आवलियाँ जाकर वह पुरुषवेद के नवीन बन्ध को उपशमाता है। तत्पश्चात् अन्तर्मुहूर्त जाकर प्रत्येक समय में असंख्यात गुणित श्रेणि के क्रम से संज्वलन क्रोध के चिरसंचित सत्त्व के साथ अप्रत्याख्यानावरण और प्रत्याख्यानावरण दोनों प्रकार के क्रोध को एक साथ उपशमाता है। तत्पश्चात् एक समय कम दो आवलियाँ जाकर संज्वलन-क्रोध के नवीन बन्ध को उपशमाता है। इसी पद्धति से वह आगे दो प्रकार के मान, माया आदि के साथ संज्वलनमान व माया आदि के चिरकालीन सत्त्व को एक साथ व एक समय कम दो आवलियाँ जाकर संज्वलन मान आदि के नवीन बन्ध को उपशमाता है। इस प्रकार यह प्रक्रिया बादर-संज्वलन-लोभ तक चलती है। अनन्तर समय में वह सूक्ष्म कृष्टिरूप संज्वलन लोभ का वेदन करता हुआ अनिवृत्तिकरण गुणस्थान को छोड़ सूक्ष्मसाम्परायिक संयत हो जाता है। तत्पश्चात् वह अपने अन्तिम समय में उस सूक्ष्म कृष्टिरूप संज्वलन लोभ को पूर्ण रूप में उपशमा कर उपशान्तकषाय-वीतराग-छद्मस्थ हो जाता है। इस प्रकार से यहाँ धवला में मोहनीय के उपशमाने की विधि की प्ररूपणा की गई है।[1]

आगे कृतप्रतिज्ञा के अनुसार मोह की क्षपणा के विधान की भी प्ररूपणा करते हुए सर्वप्रथम धवला कार द्वारा क्षपणा के स्वरूप में यह कहा गया है कि जीव से आठों कर्मों का सर्वथा विनष्ट या पृथक् हो जाने का नाम क्षपणा या क्षय है। ये आठों कर्म मूल व प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश के भेद से अनेक प्रकार के हैं। असंयतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत, प्रमत्तसंयत अथवा अप्रमत्तसंयत में से कोई भी तीनों करणों को करके अनिवृत्तिकरण के अन्तिम समय में प्रथमतः अनन्तानुबन्धी क्रोधादि चार का एक साथ क्षय करता है। पश्चात् क्रम से पुनः उन तीन करणों को करके अनिवृत्तिकरण के संख्यात बहुभाग को बिताकर मिथ्यात्व का क्षय करता है। तत्पश्चात् अन्तर्मुहूर्त जाकर सम्यग्मिथ्यात्व का और फिर अन्तर्मुहूर्त जाकर सम्यक्त्व का क्षय करता है। इस प्रकार क्षायिकसम्यग्दृष्टि होकर वह क्रम से अधःकरण को करके अन्तर्मुहूर्त में अपूर्वकरण हो जाता है।

अपूर्वकरणसंयत होकर वह इस गुणस्थान में एक भी कर्म का क्षय नहीं करता है। पर प्रत्येक समय में वह असंख्यात गुणित श्रेणि से प्रदेशनिर्जरा को करता है। तत्पश्चात् पूर्वोक्त क्रम से इस गुणस्थान में स्थितिकाण्डक घात आदि को करता हुआ अनिवृत्तिकरण गुणस्थान में प्रविष्ट होता है। इस अनिवृत्तिकरण के संख्यात बहुभाग को अपूर्वकरण में निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार बिताकर उसका संख्यातवाँ भाग शेष रह जाने पर वह निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि, नरकगति, तिर्यग्गति, एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय व चतुरिन्द्रिय जाति, नरकगति-प्रायोग्यानुपूर्वी, तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण इन सोलह प्रकृतियों का क्षय करता है और तत्पश्चात् अन्तर्मुहूर्त जाकर प्रत्याख्यानावरण और अप्रत्या-

---

१. धवला पु० १, पृ० २१०-१४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

स्त्यानावरण क्रोधादिरूप आठ कषायों का एक साथ क्षय करता है।

इस प्रसंग में यहाँ धवलाकार ने **सत्कर्मप्राभृत** और **कषायप्राभृत** के अनुसार दो भिन्न मतों का उल्लेख किया है और अनेक शंका-समाधानपूर्वक उनके विषय में विचार करते हुए उन दोनों को ही संग्राह्य कहा है। उस सबकी चर्चा आगे 'मतभेद' के प्रसंग में हम करेंगे।

उक्त दोनों उपदेशों के अनुसार आगे-पीछे उन सोलह प्रकृतियों और आठ कषायों के क्षय को प्राप्त हो जाने पर अन्तर्मुहूर्त जाकर वह चार संज्वलन और नौ नोकषायों के अन्तरकरण को करता है। उन चार संज्वलन कषायों में जो भी एक उदय को प्राप्त हो उसकी तथा नौ नोकषायों के अन्तर्गत तीन वेदों में भी जो एक उदय को प्राप्त हो उसकी प्रथम स्थिति को अन्तर्मुहूर्त मात्र तथा शेष ग्यारह प्रकृतियों की प्रथम स्थिति को एक आवली मात्र करता है।

अन्तरकरण करने के पश्चात् अन्तर्मुहूर्त जाकर वह नपुंसकवेद का क्षय करता है। पश्चात् अन्तर्मुहूर्त जाकर स्त्रीवेद का क्षय करता है। फिर अन्तर्मुहूर्त जाकर सवेद रहने के द्विचरम समय में पुरुषवेद के चिरसंचित सत्त्व के साथ छह नोकषायों का एक साथ क्षय करता है। तत्पश्चात् दो आवली मात्र काल जाकर पुरुषवेद का क्षय करता है। तत्पश्चात् अन्तर्मुहूर्त-अन्तर्मुहूर्त जाकर वह क्रम से संज्वलन क्रोध, संज्वलन मान और संज्वलन माया का क्षय करता है। तत्पश्चात् अन्तर्मुहूर्त में वह सूक्ष्मसाम्परायिक गुणस्थान को प्राप्त होता है। वह सूक्ष्मसाम्परायिक संयत भी अपने अन्तिम समय में संज्वलन लोभ का क्षय करता है।

अनन्तर समय में वह क्षीणकषाय होकर अन्तर्मुहूर्त काल के बीतने पर अपने क्षीणकषाय काल के द्विचरम समय में निद्रा और प्रचला इन दोनों ही प्रकृतियों का एक साथ क्षय करता है। इसके बाद के समय में वह पाँच ज्ञानावरणीय, चार दर्शनावरणीय और पाँच अन्तराय इन चौदह प्रकृतियों का क्षय अपने क्षीणकषाय काल के अन्तिम समय में करता है। इन साठ कर्मों के क्षीण हो जाने पर वह सयोगी जिन हो जाता है। वह सयोगकेवली किसी कर्म का क्षय नहीं करता है, वह क्रम से विहार करके योगों का निरोध करता हुआ अयोगकेवली हो जाता है। वह भी अपने द्विचरम समय में अनुदय प्राप्त कोई एक वेदनीय और देवगति आदि बहत्तर प्रकृतियों का क्षय करता है। तत्पश्चात् अनन्तर समय में वह उदयप्राप्त वेदनीय और मनुष्यगति आदि तेरह प्रकृतियों का क्षय करता है। अथवा मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्वी के साथ वह अयोगकेवली द्विचरम समय में तिहत्तर और अन्तिम समय में बारह प्रकृतियों का क्षय करता है।

मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्वी के क्षय के विषय में कुछ मतभेद रहा है। आचार्य पूज्यपाद आदि के मतानुसार अनुदय प्राप्त उस मनुष्यगत्यानुपूर्वी का क्षय अयोगकेवली के अन्तिम समय में होता है[1], किन्तु अन्य आचार्यों के मतानुसार उस का क्षय अयोगकेवली के द्विचरम समय में होता है।[2]

उपर्युक्त विधि से समस्त कर्मों का क्षय हो जाने पर जीव नीरज होता हुआ सिद्ध हो जाता है। इस प्रकार धवला में प्रसंग पाकर मोहनीय कर्म के क्षय की विधि का निरूपण किया गया है।

---

१. स०सि० १०-२

२. कर्मप्रकृति की उपा० यशोवि० टीका पृ० ६४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

एकेन्द्रियादि जीवों की व्यवस्था

इसी सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में आगे इन्द्रियमार्गणा के प्रसंग में एकेन्द्रियादि जीवों के अस्तित्व के प्ररूपक सूत्र (१,१,३३) की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने प्रथमतः 'इन्द्रनात् इन्द्रः आत्मा, तस्य लिंगम् इन्द्रियम्। इन्द्रेण सृष्टमिति वा इन्द्रियम्' इस निरुक्ति के अनुसार इन्द्र का अर्थ आत्मा करके उसके अर्थज्ञान में कारणभूत लिंग को अथवा उसके अस्तित्व के साधक लिंग को इन्द्रिय कहा है। प्रकारान्तर से इन्द्र का अर्थ नामकर्म करके उसके द्वारा जो रची गयी है उसे इन्द्रिय कहा गया है। इसका आधार सम्भवतः सर्वार्थसिद्धि (१-१४) रही है।

तत्पश्चात् मूल में उसके द्रव्येन्द्रिय और भावेन्द्रिय इन दो भेदों का निर्देश करते हुए उनके भेद-प्रभेदों को भी धवला में स्पष्ट किया गया है।

इस प्रसंग में यहाँ यह शंका की गयी है कि चक्षु आदि इन्द्रियों का क्षयोपशम स्पर्शन इन्द्रिय के समान समस्त आत्मप्रदेशों में उत्पन्न होता है अथवा प्रतिनियत आत्मप्रदेशों में। इन दोनों विकल्पों में उस क्षयोपशम की असम्भावना को व्यक्त करते हुए आगे शंकाकार कहता है कि समस्त आत्मप्रदेशों में उनका क्षयोपशम होना सम्भव नहीं है, क्योंकि वैसा होने पर समस्त अवयवों के द्वारा रूप-रसादि की उपलब्धि होना चाहिए, पर वैसा देखा नहीं जाता है। प्रतिनियत आत्मप्रदेशों में भी उनका क्षयोपशम नहीं हो सकता है। इसका कारण यह है कि आगे वेदनासूत्रों में जो कर्मवेदनाओं को यथासम्भव स्थित, अस्थित और स्थित-अस्थित कहा गया है[1] उससे जीवप्रदेशों की परिभ्रमणशीलता निश्चित है। तदनुसार जीवप्रदेशों के संचरमाण होने पर सब जीवों के अन्धता का प्रसंग प्राप्त होता है।

इस शंका के समाधान में धवला में कहा गया है कि उपर्युक्त दोष की सम्भावना नहीं है। कारण यह है कि चक्षुरादि इन्द्रियों का क्षयोपशम तो समस्त जीवप्रदेशों में उत्पन्न होता है, किन्तु उन सब जीवप्रदेशों के द्वारा जो रूपादि की उपलब्धि नहीं होती है उसका कारण उस रूपादि की उपलब्धि में सहायक जो बाह्य निर्वृत्ति है वह समस्त जीवप्रदेशों में व्याप्त नहीं है। इस प्रकार धवलाकार ने अन्य शंका-समाधानपूर्वक इस विषय में पर्याप्त ऊहापोह किया है।

आगे स्वरूप निर्देशपूर्वक धवला में चक्षुरादि बाह्य निर्वृत्ति, इन्द्रियों के आकार और उनके प्रदेश प्रमाण को प्रकट करते हुए उपकरणेन्द्रिय के बाह्य व अभ्यन्तर भेदों के साथ भावेन्द्रिय के लब्धि और उपयोग भेदों को भी स्पष्ट किया गया है। अन्त में एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय आदि जीवों के स्वरूप को दिखलाते हुए उसी सिलसिले में स्पर्शनादि इन्द्रियों के स्वरूप को भी स्पष्ट कर दिया गया है।[2]

इसी प्रकार आगे भी इस सत्प्ररूपणा में कायादि अन्य मार्गणाओं के प्रसंग में भी विवक्षित विषय का आवश्यकतानुसार धवला में विवेचन किया गया है। जैसे—योगमार्गणा के प्रसंग में केवलिसमुद्घात[3] का तथा ज्ञानमार्गणा के प्रसंग में मतिज्ञानादि ज्ञानभेदों का।[4]

---

१. सूत्र ४,२,११,१-१२, पृ० ३६४-६६
२. धवला पु० १, पृ० २३१-४६
३. वही, १,३००-४
४. वही, ३५३-६०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

प्रकृत सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार के अन्तर्गत समस्त (१७७) सूत्रों की व्याख्या कर चुकने पर आगे धवलाकार ने उनकी प्ररूपणा करने की प्रतिज्ञा की है।[1] यहाँ 'प्ररूपणा' से उनका क्या अभिप्राय रहा है, इसे स्पष्ट करते हुए आगे उन्होंने कहा है कि ओघ और आदेश की अपेक्षा गुणस्थानों, जीवसमासों, पर्याप्तियों, प्राणों, संज्ञाओं, गत्यादि चौदह मार्गणाओं और उपयोगों के विषय में पर्याप्त-अपर्याप्त विशेषणों से विशेषित करके जो जीवों की परीक्षा की जाती है उसका नाम प्ररूपणा है।[2] यह कहते हुए उन्होंने आगे 'उक्तं च' निर्देश के साथ इस गाथा को उद्धृत किया है—

गुण जीवा पज्जत्ती पाणा सण्णा य मग्गणाओ य।
उवजोगो वि य कमसो बीसं तु परूवणा भणिया॥

इसके आश्रय से प्ररूपणा के इन बीस भेदों का निर्देश किया है—

१. गुणस्थान, २. जीवसमास, ३. पर्याप्ति, ४. प्राण, ५. संज्ञा, ६-१८. चौदह मार्गणायें और २०. उपयोग।

आगे धवला में यह सूचना की गई है कि शेष प्ररूपणाओं का अर्थ कहा जा चुका है, इससे उनकी पुनः प्ररूपणा न करके यहाँ प्राण, संज्ञा और उपयोग इन प्ररूपणाओं का अर्थ कहा जाता है। तदनुसार आगे धवला में प्राण, संज्ञा और उपयोग इनका स्वरूप स्पष्ट करते हुए उनमें प्राण और संज्ञा के भेदों का भी निर्देश कर दिया गया है।[3]

यहाँ इस प्रसंग में यह शंका की गई है कि गाथा में निर्दिष्ट यह बीस प्रकार की प्ररूपणा सूत्र के द्वारा कही गई है या नहीं। यदि सूत्र द्वारा वह नहीं कही गई है तो यह प्ररूपणा नहीं हो सकती, क्योंकि वह सूत्र में अनुक्त अर्थ का प्रतिपादन करती है। और यदि वह सूत्र में कही गई है तो जीवसमास, प्राण, पर्याप्ति, उपयोग और संज्ञा इनका मार्गणाओं में जैसे अन्तर्भाव होता है वैसा कहना चाहिए।

इस शंका के समाधान में धवलाकार ने 'सूत्र में अनुक्त' रूप दूसरे पक्ष का निषेध करते हुए जीवसमास आदि का मार्गणाओं में जहाँ अन्तर्भाव सम्भव है वहाँ उसे दिखला दिया है।

आगे 'प्ररूपणा से क्या प्रयोजन सिद्ध होता है' यह पूछने पर उसके उत्तर में कहा गया है कि सूत्र के द्वारा जिन अर्थों की सूचना की गई है उनके स्पष्टीकरण के लिए इस प्रकरण के द्वारा वह बीस प्रकार की प्ररूपणा कही जा रही है।[4]

इस प्रकार सूत्र से सूचित होने के कारण धवलाकार ने उन बीस प्ररूपणाओं को वर्णनीय

---

१. संपहि संतसुत्तविवरणसमत्ताणंतरं तेसिं परूवणं भणिस्सामो।—धवला पु० २, पृ० ४११

२. परूवणा णाम किं उत्तं होदि? ओघादेसेहि गुणेसु जीवसमासेसु पज्जत्तीसु पाणेसु सण्णासु गदीसु इंदिएसु काएसु जोगेसु वेदेसु कसाएसु णाणेसु संजमेसु दंसणेसु लेस्सासु भविएसु अभविएसु सम्मत्तेसु सण्णि-असण्णीसु आहारि-अणाहारीसु उवजोगेसु च पज्जत्तापज्जत्त-विसेसणेहि विसेसिऊण जा जीवपरिक्खा सा परूवणा णाम। —धवला पु० २, पृ० ४११

३. धवला पु० २, पृ० ४१२-१३

४. धवला पु० २, पृ० ४१३-१५

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

बतलाकर ओघ और आदेश की अपेक्षा गुणस्थानों और मार्गणाओं में उनके अस्तित्व को प्रकट किया है। यथा—

बीस प्ररूपणाएँ—धवलाकार ने इन बीस प्ररूपणाओं का वर्णन प्रथमतः ओघ (गुणस्थानों) में और तत्पश्चात् आदेश (गति इन्द्रिय आदि मार्गणाओं) में क्रम से सामान्य जीव, पर्याप्त जीव और अपर्याप्त जीव इन तीन के आश्रय से किया है। सर्वप्रथम यहाँ सामान्य से जीवों में उन बीस प्ररूपणाओं के अस्तित्व को प्रकट करते हुए सभी (१४) गुणस्थानों का और सभी (१४) जीवसमासों का अस्तित्व दिखाया गया है। सिद्धों की अपेक्षा अतीत गुणस्थान और अतीत जीवसमास के भी अस्तित्व को प्रकट किया गया है।

पर्याप्तियों में संज्ञी पंचेन्द्रियों में पर्याप्तता की अपेक्षा ६ पर्याप्तियों और अपर्याप्तता की अपेक्षा ६ अपर्याप्तियों के अस्तित्व को दिखाया गया है। असंज्ञी पंचेन्द्रिय आदि द्वीन्द्रिय पर्यन्त पर्याप्त-अपर्याप्तों में क्रम से ५ पर्याप्तियों और ५ अपर्याप्तियों के तथा एकेन्द्रिय पर्याप्त-अपर्याप्तों की अपेक्षा ४ पर्याप्तियों और ४ अपर्याप्तियों के अस्तित्व को प्रकट किया गया है। सिद्धों की अपेक्षा अतीत पर्याप्ति के भी अस्तित्व को दिखलाया गया है। प्राणों में संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तों के १०, अपर्याप्तों के ७; असंज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तों के ९, अपर्याप्तों के ७; चतुरिन्द्रिय पर्याप्तों के ८, अपर्याप्तों के ६; त्रीन्द्रिय पर्याप्तों के ७, अपर्याप्तों के ५; द्वीन्द्रिय पर्याप्तों के ६, अपर्याप्तों के ४; तथा एकेन्द्रिय पर्याप्तों के ४ व अपर्याप्तों के ३ प्राणों के अस्तित्व को प्रकट किया गया है। सिद्धों की अपेक्षा अतीत प्राण को भी दिखलाया गया है।

इसी पद्धति से आगे की प्ररूपणाओं में संज्ञाओं, पृथक्-पृथक् गति इन्द्रियादि १४ मार्गणाओं और उपयोगों के अस्तित्व को बतलाया गया है। उपयोग के प्रसंग में साकार उपयोगयुक्त, अनाकार उपयोगयुक्त और एक साथ साकार-अनाकार उपयोगयुक्त (केवली व सिद्धों की अपेक्षा) जीवों के अस्तित्व को प्रकट किया गया है।[1]

इस प्रकार प्रथमतः धवला में जीवविशेष की विवक्षा न करके ओघ आलाप के रूप में सामान्य से जीवों में उपर्युक्त बीस प्ररूपणाओं के अस्तित्व को दिखलाकर आगे यथाक्रम से वहाँ पर्याप्त ओघआलाप, अपर्याप्त ओघआलाप, मिथ्यादृष्टि ओघआलाप, मिथ्यादृष्टि पर्याप्त ओघआलाप, मिथ्यादृष्टि अपर्याप्त ओघआलाप तथा इसी पद्धति से आगे सासादन सम्यग्दृष्टि आदि अन्य गुणस्थानों में सामान्य, पर्याप्त और अपर्याप्त ओघ आलापों में उक्त बीस प्ररूपणाओं के यथासम्भव अस्तित्व को प्रदर्शित किया गया है। उदाहरण के रूप में यहाँ पर्याप्त व अपर्याप्त ओघआलापों को स्पष्ट किया जाता है। पर्याप्त ओघआलाप जैसे—

सामान्य से पर्याप्त जीवों में (१) गुणस्थान चौदह पर अतीत गुणस्थान का अभाव; (२) जीवसमास सात (पर्याप्त) पर अतीत जीवसमास का अभाव; (३) पर्याप्तियाँ क्रम से संज्ञी असंज्ञी पंचेन्द्रिय आदि के क्रम से छह, पाँच व चार, अतीत पर्याप्ति का अभाव; (४) संज्ञी-असंज्ञी पंचेन्द्रिय आदि के प्राण क्रम से दस, नौ, आठ, सात, छह व चार, अतीतप्राण का अभाव; (५) संज्ञाएँ चार व क्षीणसंज्ञा भी, (६) गतियाँ चार, गति का अभाव; (७) जातियाँ एकेन्द्रिय आदि पाँच, अतीत जाति का अभाव; (८) काय पृथिवी आदि छह, अतीतकाय का

---

१. धवला पु० २, पृ० ४१५-२०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अभाव; (९) योग औदारिक मिश्र, वैक्रियिक मिश्र, आहारक मिश्र और कार्मण इन चार के बिना शेष ग्यारह व अयोग; (१०) वेद तीन, अपगत वेद भी; (११) कषाय चार, अकषाय भी; (१२) ज्ञान आठ (तीन अज्ञान के साथ); (१३) संयम सात (असंयम व संयमासंयम के साथ), संयम-असंयम-संयमासंयम का अभाव (सिद्धों की अपेक्षा); (१४) दर्शन चार, (१५) लेश्या द्रव्य व भाव की अपेक्षा छह, अलेश्य का अभाव; (१६) भव्यसिद्धिक व अभव्यसिद्धिक, न भव्यसिद्धिक न अभव्यसिद्धिकों का अभाव; (१७) सम्यक्त्व छह (मिथ्यादृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि व सासादन सम्यग्दृष्टि के साथ); (१८) संज्ञी व असंज्ञी, न संज्ञी न असंज्ञी का अभाव; (१९) आहारी व अनाहारी, (२०) साकार उपयोग युक्त, अनाकार उपयोग युक्त, तथा युगपत् साकार-अनाकार उपयोग युक्त।[1]

इसे एक दृष्टि में इस प्रकार देखा जा सकता है—

पर्याप्त सामान्य ओघ आलाप

(१) गुणस्थान—मिथ्यादृष्टि आदि १४
(२) जीवसमास—एकेन्द्रिय बादर पर्याप्त आदि ७
(३) पर्याप्ति—संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त ६, असंज्ञी पंचेन्द्रिय आदि पर्याप्त ५ तथा एकेन्द्रिय पर्याप्ति ४
(४) प्राण—संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त १०, असंज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्त ९, चतुरिन्द्रिय प० ८, त्री० प० ७, द्वी० प० ६, एकेन्द्रिय प० ४
(५) संज्ञा—आहार, भय, मैथुन व परिग्रह
(६) गति—चारों गतियाँ
(७) इन्द्रिय—पाँचों इन्द्रियाँ
(८) काय—छहों काय
(९) योग—औ० मिश्र, वै० मिश्र, आ० मिश्र व कार्मण के बिना ११
(१०) वेद—तीनों व अपगत वेद भी
(११) कषाय—चारों व अकषाय भी
(१२) ज्ञान—आठों ज्ञान
(१३) संयम—सामायिक, छेदो०, परि० वि०, सूक्ष्मसा०, यथाख्यात, संयतासंयत व असंयत।
(१४) दर्शन—४ चक्षुदर्शनादि
(१५) लेश्या—६ द्रव्यलेश्या व ६ भावलेश्या
(१६) भव्य—भव्य व अभव्य
(१७) सम्यक्त्व—क्षायिक, वेदक, औप०, सासादन, सम्यग्मिथ्यात्व व मिथ्यात्व
(१८) संज्ञी—संज्ञी व असंज्ञी
(१९) आहार—आहारक व अनाहारक
(२०) उपयोग—साकार, अनाकार, युगपत् साकार-अनाकार

---

१. धवला पु० २, पृ० ४२०-२१

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अपर्याप्त सामान्य ओघ आलाप[1]

(१) गुणस्थान—मिथ्यात्व, सासादन, असंयतस०, प्रमत्तसं०, सयोगकेवली
(२) जीवसमास—७ बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्त आदि
(३) पर्याप्ति—सं०पं० अपर्याप्त ६, असंज्ञी पंचेन्द्रिय आदि द्वीन्द्रिय पर्यन्त अपर्याप्त ५, एकेन्द्रिय अप० ४
(४) प्राण—संज्ञी पं० ७, असंज्ञी पं० ७, चतुरिन्द्रिय ६, त्री० ५, द्वी० ४, एकेन्द्रिय ३
(५) संज्ञा—चारों, अतीतसंज्ञा भी
(६) गति—चारों गतियाँ
(७) इन्द्रिय—एकेन्द्रियादि ५
(८) काय—पृथिवी कायिकादि छहों
(९) योग —४ औ०मिश्र, वै०मिश्र, आ०मिश्र व कार्मण
(१०) वेद—तीनों, अपगत वेद भी
(११) कषाय—क्रोधादि चारों, अकषाय भी
(१२) ज्ञान—६ मनःपर्यय व विभंग के बिना
(१३) संयम—४ सामायिक, छेदो०, यथाख्यात व असंयम
(१४) दर्शन—चक्षुदर्शनादि ४
(१५) लेश्या—द्रव्यलेश्या कापोत व शुक्ल, भावलेश्या छहों
(१६) भव्य—भवसिद्धिक व अभवसिद्धिक
(१७) सम्यक्त्व—सम्यग्मिथ्यात्व के बिना पाँच
(१८) संज्ञी—संज्ञी, असंज्ञी, अनुभय
(१९) आहार—आहारी व अनाहारी
(२०) उपयोग—साकार, अनाकार, युगपत् साकार-अनाकार

इसी पद्धति से आगे मिथ्यादृष्टि व सासादन सम्यग्दृष्टि आदि गुणस्थानों में ओघ आलापों और तत्पश्चात् आदेश की अपेक्षा अवान्तर भेदों के साथ गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं में आलापों का पृथक्-पृथक् विचार किया गया है।

इस विस्तृत आलापाधिकार को षटखण्डागम की सोलह जिल्दों में से दूसरी जिल्द में प्रकाशित किया गया है। यह भी स्मरणीय है कि जिस प्रकार ऊपर दो तालिकाओं द्वारा पर्याप्त व अपर्याप्त सम्बन्धी ओघ आलापों को स्पष्ट किया गया है उसी प्रकार दूसरी जिल्द में सभी आलापों को विविध तालिकाओं द्वारा हिन्दी अनुवाद में स्पष्ट किया गया है। ऐसी सब तालिकायें वहाँ ५४५ हैं।

२. द्रव्यप्रमाणानुगम

द्रव्य-प्रमाणानुगम का स्पष्टीकरण—जीवस्थानगत पूर्वोक्त आठ अनुयोगद्वारों में यह दूसरा अनुयोगद्वार है। यह 'द्रव्यप्रमाणानुगम' पद द्रव्य, प्रमाण और अनुगम इन तीन शब्दों के योग से निष्पन्न हुआ है। उसकी सार्थकता को प्रकट करते हुए धवलाकार ने क्रम से उन तीनों शब्दों की व्याख्या की है। 'द्रव्य' शब्द के निरुक्तार्थ को प्रकट करते हुए धवला में

१. धवला पु० २, पृ० ४२२-२३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

कहा गया है जो पर्यायों को प्राप्त होता है, भविष्य में प्राप्त होनेवाला है, अतीत में प्राप्त होता रहा है उसका नाम द्रव्य है। आगे मूल में उसके जीव और अजीव द्रव्य इन दो भेदों का निर्देश करते हुए उनके भेद-प्रभेदों को स्वरूप निर्देशपूर्वक बतलाया गया है। साथ ही उन भेद-प्रभेदों में यहाँ जीवद्रव्य को प्रसंगप्राप्त कहा गया है, क्योंकि इस अनुयोगद्वार में अन्य द्रव्यों के प्रमाण को न दिखलाकर विभिन्न जीवों के ही प्रमाण को निरूपित किया गया है।

'प्रमाण' शब्द के निरुक्तार्थ को प्रकट करते हुए धवला में कहा गया है कि जिसके द्वारा पदार्थ मापे जाते हैं या जाने जाते हैं उसे प्रमाण कहते हैं। जैसाकि पूर्व में आ० वीरसेन की 'व्याकरणपटुता' के प्रसंग में कहा जा चुका है, कि द्रव्य और प्रमाण इन दोनों शब्दों में तत्पुरुष या कर्मधारय आदि कौन-सा समास अभिप्रेत रहा है, इसका ऊहापोह धवला में शंका-समाधानपूर्वक किया गया है।

वस्तु के अनुरूप जो बोध होता है उसे, अथवा केवली व श्रुतकेवली की परम्परा के अनुसार जो वस्तु स्वरूप का अवगम होता है उसे अनुगम कहते हैं।

अभिप्राय यह हुआ कि जिस अनुयोगद्वार के आश्रय से द्रव्य-क्षेत्रादि के अनुसार विभिन्न जीवों की संख्या का बोध होता है उसे 'द्रव्यप्रमाणानुगम' अनुयोगद्वार कहा जाता है।[1]

ओघ की अपेक्षा द्रव्यप्रमाण

इस अनुयोगद्वार में प्रथमतः ओघ की अपेक्षा— मार्गणा निरपेक्ष सामान्य से—क्रमशः मिथ्यादृष्टि तथा सासादनसम्यग्दृष्टि आदि गुणस्थानों में और तत्पश्चात् आदेश की अपेक्षा—गति-इन्द्रियादि मार्गणाओं से विशेषित—गुणस्थानों में द्रव्य-क्षेत्रादि से भिन्न चार प्रकार के प्रमाण की प्ररूपणा की गयी है।

तदनुसार यहाँ सर्वप्रथम मिथ्यादृष्टि गुणस्थानवर्ती जीवों के द्रव्यप्रमाण का निर्देश करते हुए उसे अनन्त बतलाया गया है। इस प्रसंग में धवला में अनन्त को अनेक प्रकार का बतलाते हुए एक प्राचीन गाथा के आधार से उस के इन भेदों का निर्देश किया है—(१) नामानन्त, (२) स्थापनानन्त, (३) द्रव्यानन्त, (४) शाश्वतानन्त, (५) गणनानन्त, (६) अप्रदेशिकानन्त, (७) एकानन्त, (८) उभयानन्त, (९) विस्तारानन्त, (१०) सर्वानन्त और (११) भावानन्त।

इन सबके स्वरूप का निर्देश करते हुए धवला में उनमें से प्रकृत में गणनानन्त को प्रसंग-प्राप्त कहा गया है। वह गणनानन्त तीन प्रकार का है—परीतानन्त, युक्तानन्त और अनन्तानन्त। इन तीन में यहाँ अनन्तानन्त को ग्रहण किया गया है। अनन्तानन्त भी जघन्य, उत्कृष्ट और मध्यम के भेद से तीन प्रकार का है। इनमें किस अनन्तानन्त की यहाँ अपेक्षा है, इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि "जहाँ-जहाँ अनन्तानन्त का मार्गण किया जाता है वहाँ-वहाँ अजघन्य-अनुत्कृष्ट (मध्यम) अनन्तानन्त का ग्रहण होता है" इस परिकर्मवचन के अनुसार यहाँ अजघन्य-अनुत्कृष्ट अनन्तानन्त का ग्रहण अभिप्रेत है। इस अजघन्य-अनुत्कृष्ट अनन्तानन्त के अनन्त भेद हैं। उनमें से यहाँ उसका कौन-सा भेद अभीष्ट है, इसे स्पष्ट करते हुए आगे धवला में कहा गया है कि जघन्य अनन्तानन्त से अनन्त वर्गस्थान ऊपर जाकर और उत्कृष्ट अनन्तान्त से अनन्त वर्गस्थान नीचे उतरकर मध्य में जिनदेव के द्वारा जो राशि देखी गयी है, उसे ग्रहण करना चाहिए। अथवा, तीन बार वर्गित-संवर्गित राशि से अनन्तगुणी और

---

१. धवला पु० ३, पृ० २-८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

छह द्रव्यप्रक्षिप्त राशि से अनन्तगुणी हीन मध्यम अनन्तानन्त प्रमाण मिथ्यादृष्टि जीवों की राशि होती है। यहाँ धवलाकार ने उस तीन बार वर्गित-संवर्गित राशि को स्पष्ट कर दिया है।[1]

'छह द्रव्यप्रक्षिप्त' राशि को स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि उक्त तीन बार वर्गितसंवर्गित राशि में सिद्ध, निगोदजीव, वनस्पति, काल, पुदगल और समस्त लोकाकाश इन छह अनन्तप्रक्षेपों के मिलाने पर छह द्रव्यप्रक्षिप्त राशि होती है।[2]

मिथ्यादृष्टि जीवों के द्रव्यप्रमाण की प्ररूपणा के पश्चात् कालप्रमाण की प्ररूपणा करते हुए सूत्र (१,२,३) में कहा गया है कि काल की अपेक्षा मिथ्यादृष्टि जीव अनन्तानन्त अवसर्पिणी-उत्सर्पिणियों के द्वारा अपहृत नहीं होते हैं। इसकी व्याख्या के प्रसंग में काल से मिथ्यादृष्टि जीवों का प्रमाण कैसे जाना जाता है, यह पूछने पर धवला में कहा गया है कि अनन्तानन्त अवसर्पिणी-उत्सर्पिणियों के समयों को और मिथ्यादृष्टि जीवराशि को पृथक्-पृथक् स्थापित करके काल में से एक समय को और मिथ्यादृष्टि जीवराशि में से एक जीव को अपहृत करना चाहिए, इस क्रम से उत्तरोत्तर अपहृत करने पर सब समय तो अपहृत हो जाते हैं, किन्तु मिथ्यादृष्टि जीवराशि अपहृत नहीं होती है। अभिप्राय यह है कि उक्त क्रम से उन अनन्तानन्त अवसर्पिणी-उत्सर्पिणियों के समयों के समाप्त हो जाने पर भी मिथ्यादृष्टि जीवों की राशि समाप्त नहीं होती है।

इसके विपरीत यहाँ शंका उठायी गयी है कि मिथ्यादृष्टि राशि समाप्त हो जाये किन्तु सब समय समाप्त नहीं हो सकते हैं, क्योंकि काल की महिमा प्रकट करनेवाला सूत्र देखा जाता है।[3] इसके उत्तर में कहा है कि प्रकृत में अतीतकाल का ग्रहण होने से वह दोष सम्भव नहीं है। उदाहरण देते हुए धवलाकार ने कहा है कि जिस प्रकार लोक में प्रस्थ (माप विशेष) अनागत, वर्तमान और अतीत इन तीन भेदों में विभक्त है। उनमें अनिष्पन्न का नाम अनागत प्रस्थ, निष्पद्यमान का नाम वर्तमान प्रस्थ और निष्पन्न होकर व्यवहार के योग्य हुए प्रस्थ का नाम अतीत प्रस्थ है। इनमें अतीत प्रस्थ से सब बीजों (धान्यकणों) को मापा जाता है। उसी प्रकार काल भी तीन प्रकार का है—अनागत, वर्तमान और अतीत। इनमें अतीत के समयों से सब जीवों का प्रमाण किया जाता है। अभिप्राय यह है कि भले ही अनागत के समय मिथ्यादृष्टि जीवराशि से अधिक हो, किन्तु अतीत के समय मिथ्यादृष्टि जीवराशि से अधिक सम्भव नहीं हैं। इसीलिए मिथ्यादृष्टि जीवराशि समाप्त नहीं होती है और अतीत के सब समय समाप्त हो जाते हैं।[4]

यहाँ धवलाकार ने मिथ्यादृष्टि जीवराशि की अपेक्षा अतीतकाल के समयों की अल्पता सोलह पदवाले अल्पबहुत्व के आधार से की है।[5]

यहाँ धवला में यह शंका की गयी है कि कालप्रमाण की यह प्ररूपणा किस लिए की जा

---

१. धवला पु० ३, पृ० १०-२०
२. वही, २६
३. धम्माधम्मागासा तिण्णि वि तुल्लाणि होंति थोवाणि।
वड्ढीदु जीव-पोग्गल-कालागासा अणंतगुणा॥—पु०३, पृ० २६
४. धवला पु०३, पृ० २७-३०
५. वही, ३०-३२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

रही है। उसके उत्तर में वहाँ कहा गया है कि मोक्ष जानेवाले जीवों की अपेक्षा व्यय के होने पर भी मिथ्यादृष्टि जीवराशि का व्युच्छेद नहीं होता है, यह बतलाने के लिए यह कालप्रमाण की प्ररूपणा अपेक्षित है।[1]

आगे के सूत्र (१,२,४) में जो क्षेत्र की अपेक्षा मिथ्यादृष्टि जीवराशि का प्रमाण अनन्तानन्त लोक बतलाया गया है उसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि जिस प्रकार प्रस्थ द्वारा गेहूँ, जौ आदि धान्य मापा जाता है उसी प्रकार लोक के आश्रय से मिथ्यादृष्टि जीवराशि का भी माप किया जाता है। इस प्रसंग में यह गाथा उद्धृत की गयी है—

पत्थेण कोद्दवेण व जह कोइ मिणेज्ज सव्वबीजाणि।
एवं मिणिज्जमाणे हवंति लोगा अणंता दु॥[2]

इस प्रसंग में यह शंका की गयी है कि प्रस्थ के बाहर स्थित पुरुष उस प्रस्थ के बाहर स्थित बीजों को मापता है, पर लोक के भीतर स्थित पुरुष लोक के भीतर स्थित उस मिथ्यादृष्टि जीवराशि को कैसे माप सकता है। उत्तर में कहा गया है कि चूँकि बुद्धि के द्वारा लोक से मिथ्यादृष्टि जीवों को मापा जाता है, इसलिए यह कोई दोष नहीं है। बुद्धि के द्वारा कैसे मापा जाता है, इसे स्पष्ट करते हुए धवला में पुनः कहा गया है कि एक-एक लोकाकाश के प्रदेश पर एक-एक मिथ्यादृष्टि जीव को रखने पर एक लोक होता है. ऐसी मन से कल्पना करना चाहिए। इस प्रक्रिया को पुनः पुनः करने पर मिथ्यादृष्टि जीवराशि अनन्तलोक प्रमाण हो जाती है। यहाँ भी यह एक गाथा उद्धृत की गयी है—

लोगागासपदेसे एक्कक्के णिक्खिवे वि तह दिट्ठं।
एवं मणिज्जमाणे हवंति लोगा अणंता दु॥

लोकप्रमाण विषयक ऊहापोह

यहाँ लोक को जगश्रेणि के घनप्रमाण और उस जगश्रेणि को सात राजु आयत कहा गया है। इस प्रसंग में राजु के प्रमाण के विषय में पूछने पर उत्तर में यह कहा है कि तिर्यग्लोक का जितना मध्य में विस्तार है उतना प्रमाण राजु का है। इसे स्पष्ट करते हुए आगे धवलाकार ने कहा है कि जितने द्वीप-सागरों के रूप (संख्या) हैं तथा रूप (एक) से अधिक, अथवा मतान्तर से संख्यात रूपों से अधिक, जितने जम्बूद्वीप अर्धच्छेद हैं उनको विरलित करके व प्रत्येक के ऊपर दो (२) का अंक रखकर उन्हें परस्पर गुणित करने पर जो राशि प्राप्त हो उससे छेद करने से शेष रही राशि को गुणित करने पर राजु का प्रमाण प्राप्त होता है। यह श्रेणि के सातवें भाग मात्र ही होता है।

यहाँ तिर्यग्लोक का अन्त कहाँ पर हुआ है, यह पूछे जाने पर उत्तर में कहा गया है कि उसका अन्त तीनों वातवलयों के बाह्य भाग में हुआ है। प्रमाण के रूप में "**लोगो बादपदिट्ठिदो**" **व्याख्याप्रज्ञप्ति** का यह वचन उपस्थित किया गया है। स्वयम्भूरमण समुद्र की बाह्य वेदिका के आगे कितना क्षेत्र जाकर तिर्यग्लोक समाप्त हुआ है, इसे स्पष्ट करते हुए आगे कहा गया है कि असंख्यात द्वीप-समुद्रों के विस्तार से जितने योजन रोके गये हैं उनसे संख्यात गुणे योजन

---

१. धवला पु० ३, पृ० ३२
२. यह गाथा आचारांगनिर्युक्ति (८७) में उपलब्ध होती है। पृ० ६३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

आगे जाकर तिर्यग्लोक समाप्त हुआ है। इस अभिप्राय की सिद्धि में कारणभूत ज्योतिषियों के दो सौ छप्पन अंगुलों के वर्ग मात्र भागहार के प्ररूपक सूत्र[1] के साथ "**दुगुणदुगुणो वुवग्गो**" **तिलोयपण्णत्ति** का यह सूत्र भी उपस्थित किया है और उसका समन्वय **परिकर्मसूत्र** के साथ किया गया है। साथ ही उसके विरुद्ध जानेवाले अन्य आचार्यों के व्याख्यान को सूत्र के विरुद्ध होने से व्याख्यानाभास भी ठहराया गया है।

अन्य आचार्यों के उस व्याख्यान के विरोध में दूसरी यह भी आपत्ति प्रकट की गयी है कि उस व्याख्यान का आश्रय लेने पर श्रेणि के सातवें भाग में आठ शून्य देखे जाते हैं, जिनके अस्तित्व का विधायक कोई सूत्र नहीं है। उन आठ शून्यों को नष्ट करने के लिए कुछ राशि अधिक होना चाहिए। वह अधिक राशि भी असंख्यातवें भाग अधिक अथवा संख्यातवें भाग अधिक नहीं हो सकती है, क्योंकि उसका अनुग्राहक कोई सूत्र उपलब्ध नहीं होता है। इसलिए द्वीप-सागरों से रोके गये क्षेत्र के आयाम से संख्यातगुणा बाहरी क्षेत्र होना चाहिए, अन्यथा पूर्वोक्त सूत्रों के साथ विरोध का प्रसंग अनिवार्यतः प्राप्त होता है।[3]

इस पर यहाँ फिर शंका की गयी है कि वैसा स्वीकार करने पर "एक हजार योजन अवगाहवाला जो मत्स्य स्वयम्भूरमणसमुद्र के बाह्य तट पर वेदनासमुद्घात से युक्त होता हुआ कापोतलेश्या (तनुवातवलय) से संलग्न है" यह जो वेदनासूत्र[4] है उसके साथ विरोध क्यों न होगा। इसके समाधान में वहाँ यह कहा गया है कि स्वयम्भूरमणसमुद्र की बाह्य वेदिका से वहाँ उक्त समुद्र के परभाग में स्थित पृथिवी को बाहरी तट के रूप में ग्रहण किया गया है।

इस प्रकार से धवला में पूर्वनिर्दिष्ट सूत्रों के आधार से विचार करते हुए अन्त में यह कहा गया है कि यह अभिप्राय यद्यपि पूर्वाचार्यों के सम्प्रदाय के विरुद्ध है, फिर भी हमने आगम और युक्ति के बल से उसकी प्ररूपणा की है। इसलिए 'यह इसी प्रकार है' ऐसा यहाँ कदाग्रह नहीं करना चाहिए, क्योंकि अतीन्द्रिय अर्थ के विषय में छद्मस्थों के द्वारा कल्पित युक्तियाँ निर्णय में हेतु नहीं हो सकती हैं। इसीलिए यहाँ उपदेश को प्राप्त करके विशेष निर्णय करना चाहिए।[5]

भावप्रमाण

धवला में "द्रव्यप्रमाण, कालप्रमाण और क्षेत्रप्रमाण इन तीनों का अधिगम भावप्रमाण है" इस सूत्र (१,२,५) की व्याख्या करते हुए 'अधिगम' शब्द को ज्ञान का समानार्थक बतलाकर उसके मतिज्ञानादि पाँच भेदों का निर्देश किया है। उनमें प्रत्येक को द्रव्य, क्षेत्र और काल के भेद से तीन प्रकार का कहा है। इस प्रकार से धवला में प्रकृत सूत्र का यह अभिप्राय प्रकट किया गया है कि द्रव्य के अस्तित्व विषयक ज्ञान को द्रव्यभावप्रमाण, क्षेत्रविशिष्ट द्रव्य के ज्ञान को

---

१. जोदिसिया देवा देवगदिभंगो। खेत्तेण कपदरस्स बेछप्पण्णं गुलसदवग्गपडिभाएण। सूत्र २, ५, ४४ व २, ५, ३३ (पु० ७); (सूत्र १, २, ६५ व १, २, ५५ (पु०३) द्रष्टव्य हैं)

२. यह सूत्र वर्तमान तिलोयपण्णत्ती में नहीं उपलब्ध होता।

३. धवला पु० ३, पृ० ३२-३८

४. ष०ख० सूत्र ४,२,५,८-१० (पु० ११)

५. धवला पु० ३, पृ० ३८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

क्षेत्रभावप्रमाण और कालविशिष्ट द्रव्य के ज्ञान को कालभावप्रमाण जानना चहिए।[1]

यहाँ धवला में यह शंका उठायी गयी है कि सूत्र में भावप्रमाण की प्ररूपणा क्यों नहीं की गयी। इसके उत्तर में कहा गया है कि सूत्र में उसकी प्ररूपणा न करने पर भी वह स्वयं सिद्ध है, क्योंकि भावप्रमाण के बिना उन तीन प्रमाणों की सिद्धि सम्भव नहीं है। कारण यह कि मुख्य प्रमाण के अभाव में गौण प्रमाणों की सम्भावना नहीं रहती है। प्रकारान्तर से यहाँ यह भी कहा गया है — अथवा भावप्रमाण के बहुवर्णनीय होने से हेतुवाद और अहेतुवाद का अवधारण करनेवाले शिष्यों का अभाव होने से उस भावप्रमाण की प्ररूपणा सूत्र में नहीं की गयी है।

अन्य विकल्प के रूप में धवला में यह भी कहा है—अथवा भावप्रमाण की प्ररूपणा में मिथ्यादृष्टि जीवराशि का समस्त पर्यायों में भाग देने पर जो लब्ध हो उसे भागहार मानकर सब पर्यायों के ऊपर खण्डित, भाजित, विरलित और अपहृत का कथन करना चाहिए। आगे इन खण्डित-भाजित आदि को भी धवला में स्पष्ट किया गया है।

इसी प्रसंग में धवलाकार ने "मिथ्यादृष्टि जीवराशि के विषय में श्रोताजनों को निश्चय उत्पन्न कराने के लिए यहाँ हम मिथ्यादृष्टि राशि के प्रमाण की प्ररूपणा खण्डित, भाजित, विरलित, अपहृत, प्रमाण, कारण, निरुक्ति और विकल्प के द्वारा करते हैं"; ऐसी प्रतिज्ञा करते हुए तदनुसार ही आगे प्ररूपणा की गयी है।

यहाँ शंका की गयी है कि सूत्र के न रहते हुए उसका कथन कैसे किया जाता है। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि वह सूत्र से सूचित है।[2]

सासादनसम्यग्दृष्टि आदि का द्रव्यप्रमाण

अगले सूत्र में सासादनसम्यग्दृष्टि से लेकर संयतासंयतपर्यन्त चार गुणस्थानवर्ती जीवों के द्रव्यप्रमाण की प्ररूपणा की गयी है। (सूत्र १,२,६,)

इसकी व्याख्या के प्रसंग में यह शंका उठायी गयी है कि इन चार गुणस्थानवर्ती जीवों की प्ररूपणा क्षेत्रप्रमाण और कालप्रमाण के द्वारा क्यों नहीं की गयी। इसका समाधान करते हुए धवला में कहा गया है कि जिन कारणों से मिथ्यादृष्टियों की प्ररूपणा उन क्षेत्रप्रमाण और कालप्रमाण के द्वारा की गयी है वे कारण यहाँ सम्भव नहीं हैं।

वे कारण कौन से हैं, इसे स्पष्ट करते हुए आगे धवला में कहा गया है कि लोक असंख्यात प्रदेश वाला ही है, उसमें अनन्त जीव कैसे समा सकते हैं; इस प्रकार के सन्देहयुक्त जीवों के उस सन्देह को दूर करने के लिए क्षेत्रप्रमाण की प्ररूपणा की जाती है। इसी प्रकार समस्त जीवराशि आय से तो रहित है, पर सिद्धि को प्राप्त होनेवाले जीवों की अपेक्षा वह व्यय से सहित है। इस परिस्थिति में वह जीवराशि समाप्त क्यों नहीं होती है, इस प्रकार के सन्देह को नष्ट करने के लिए कालप्रमाण की प्ररूपणा की जाती है। इन दो कारणों में से प्रकृत में एक भी कारण सम्भव नहीं है। इसीलिए उपर्युक्त सासादन सम्यग्दृष्टि आदि चार गुणस्थानवर्ती जीवों के क्षेत्रप्रमाण और कालप्रमाण की प्ररूपणा ग्रन्थ में नहीं की गयी है।[3]

---

१. धवला पु० ३, पृ० ३९
२. धवला पु० ३, पृ० ३९-६३
३. वही, ६३-६४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उपर्युक्त सूत्र में उन सासादन सम्यग्दृष्टि आदि के द्रव्यप्रमाण की प्ररूपणा के प्रसंग में भागहार का प्रमाण अन्तर्मुहूर्त कहा गया है। इस प्रसंग में धवलाकार का कहना है कि अन्तर्मुहूर्त तो अनेक प्रकार का है, उसमें यहाँ कितने प्रमाणवाले अन्तर्मुहूर्त की विवक्षा रही है, यह ज्ञात नहीं होता। इसलिए उसका निश्चय कराने के लिए यहाँ हम कुछ काल की प्ररूपणा करते हैं। ऐसी सूचना कर उन्होंने उस काल-प्ररूपणा के प्रसंग में कालविभाग का उल्लेख इस प्रकार किया है—

१. असंख्यात समयों को लेकर एक आवली होती है।

२. तत्प्रायोग्य संख्यात आवलियों का एक उच्छ्वास होता है।

३. सात उच्छ्वासों को लेकर एक स्तोक होता है।

४. सात स्तोकों का एक लव होता है।

५. साढ़े अड़तीस लवों की एक नाली होती है।

धवला में आगे 'उक्तं च' ऐसा निर्देश करते हुए चार गाथाएँ उद्धृत की गयी हैं। उनमें प्रथम दो गाथाओं में उपर्युक्त काल के विभागों का निर्देश है। दूसरी गाथा के उत्तरार्ध में इतना विशेष कहा गया है कि दो नालियों का मुहूर्त होता है। इस मुहूर्त में एक समय कम करने पर भिन्नमुहूर्त होता है।

तीसरी गाथा में कहा गया है कि हृष्ट-पुष्ट व आलस्य से रहित नीरोग पुरुष के उच्छ्वास निःश्वास को एक प्राण कहा जाता है।

चौथी गाथा में निर्देश किया है कि समस्त मनुष्यों के तीन हजार सात सौ तिहत्तर (३७७३) उच्छ्वासों का एक मुहूर्त होता है।

इसी प्रसंग में आगे धवला में यह स्पष्ट किया गया है कि कितने ही आचार्य जो यह कहते हैं कि सात सौ बीस प्राणों का एक मुहूर्त होता है वह घटित नहीं होता, क्योंकि उसका केवली-कथित अर्थ की अपेक्षा प्रमाणभूत अन्य सूत्र के साथ विरोध आता है। धवला में इस प्रसंगप्राप्त विरोध को गणित प्रक्रिया के आधार से स्पष्ट भी कर दिया गया है।[1]

पश्चात् सूत्र-निर्दिष्ट सासादनसम्यग्दृष्टि आदि के यथायोग्य अवहारकाल सिद्ध करते हुए सासादनसम्यग्दृष्टियों के द्रव्यप्रमाण की प्ररूपणा वर्गस्थान में क्रम से खण्डित, भाजित, विरलित, अपहृत, प्रमाण, कारण, निरुक्ति और विकल्प के ही आधार से की गयी है।[2]

आगे यह भी सूचना कर दी है कि सम्यग्मिथ्यादृष्टियों, असंयत सम्यग्दृष्टियों और संयतासंयतों के प्रमाण की प्ररूपणा सासादन-सम्यग्दृष्टियों के समान करना चाहिए। विशेषता इतनी मात्र है कि उक्त खण्डित-विरलित आदि का कथन अपने-अपने अवहार काल के द्वारा करना चाहिए।[3]

आगे धवला में 'हम इनकी संदृष्टि को कहते हैं' ऐसी सूचना करते हुए चार गाथाओं को उद्धृत कर उनके आधार से संदृष्टि के रूप में उनके अवहारकाल आदि की कल्पना इस प्रकार की गयी है—सासादन-सम्यग्दृष्टियों का अवहारकाल ३२, सम्यग्मिथ्यादृष्टियों का

---

१. धवला पु० ३, पृ० ६३-६८

२. धवला पु० ३, पृ० ६८-८७

३. धवला पु० ३, पृ० ८७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

१६, असंयत सम्यग्दृष्टियों का ४, और संयतासंयतों का १२८ है। पल्योपम की कल्पना ६५५३६ की गयी है। इस प्रकार संदृष्टि में सासादन-सम्यग्दृष्टियों आदि का प्रमाण निम्न-लिखित प्राप्त होता है[1]—

१. सासादन सम्यग्दृष्टि ६५५३६ ÷ ३२ = २०४८
२. सम्यग्मिथ्यादृष्टि ६५५३६ ÷ १६ = ४०९६
३. असंयत सम्यग्दृष्टि ६५५३६ ÷ ४ = १६३८४
४. संयतासंयत ६५५३६ ÷ १२८ = ५१२

प्रमत्तसंयतों का द्रव्यप्रमाण सूत्र में (१,२,७) कोटिपृथक्त्व निर्दिष्ट किया गया है। इस प्रसंग में धवला में यह शंका की गयी है कि कोटिपृथक्त्व से तीन करोड़ के ऊपर और नौ करोड़ के नीचे जो संख्या हो उसे ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार इस संख्या के विकल्प बहुत हैं, उनमें यहाँ कौन-सी संख्या अभिप्रेत रही है, यह ज्ञात नहीं होता। इसके समाधान में वहाँ यह कहा गया है कि वह संख्या परमगुरु के उपदेश से ज्ञात हो जाती है। आचार्य परम्परागत जिनोपदेश के अनुसार प्रमत्तसंयत पाँच करोड़ तेरानबे लाख अट्ठानबे हजार दो सौ छह (५९३९८२०६) हैं।[2]

अप्रमत्तसंयतों का प्रमाण सूत्र (१,२,८) में सामान्य से संख्यात कहा है। धवलाकार ने उसे स्पष्ट करते हुए दो करोड़ छयानबे लाख निन्यानबे हजार एक सौ तीन (२९६९९१०३) कहा है। प्रमाण के रूप वहाँ धवला में 'वुत्तं च' कहकर उपर्युक्त प्रमत्तसंयतों और अप्रमत्त-संयतों के निश्चित प्रमाण की सूचक एक गाथा भी उद्धृत कर दी गयी है।[3]

चार उपशामकों का प्रमाण सूत्र (१,२,८) में प्रवेश की अपेक्षा एक, दो, तीन अथवा उत्कर्ष से चौवन निर्दिष्ट किया गया है। इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि इन चार उपशामक गुणस्थानों में से एक-एक गुणस्थान में एक समय में चारित्रमोह का उपशम करनेवाला जघन्य से एक जीव प्रविष्ट होता है तथा उत्कर्ष से चौवन तक जीव प्रविष्ट होते हैं। यह सामान्य स्थिति है। विशेष रूप में आठ समय अधिक वर्षपृथक्त्व के भीतर उपशम श्रेणि के योग्य आठ समय होते हैं। उनमें से आठ प्रथम समय में एक जीव को आदि लेकर उत्कर्ष से सोलह तक जीव उपशमश्रेणि पर आरूढ़ होते हैं। द्वितीय समय मे एक जीव को आदि लेकर चौबीस जीव तक उपशमश्रेणि पर आरूढ़ होते हैं। तृतीय समय में एक जीव को आदि लेकर तीस जीव तक उपशम श्रेणि पर आरूढ़ होते हैं। चतुर्थ समय में एक जीव को आदि लेकर उत्कर्ष से छत्तीस जीव तक उपशम श्रेणि पर आरूढ़ होते हैं। पाँचवें समय में एक जीव को आदि लेकर उत्कर्ष से ब्यालीस जीव तक उपशम श्रेणि पर आरूढ़ होते हैं। छठे समय में एक जीव को आदि लेकर उत्कर्ष से अड़तालीस जीव तक उपशम श्रेणि पर आरूढ़ होते हैं। सातवें व आठवें इन दो समयों में एक जीव को आदि लेकर उत्कर्ष से चौवन-चौवन जीव तक उपशम श्रेणि पर आरूढ़ होते हैं। आगे इस अभिप्राय की पुष्टि हेतु धवला में 'उत्तं च' कहकर एक गाथा उद्धृत कर दी गयी है।

---

२. धवला पु० ३, पृ० ७८-८७
३. वही, ८८-८९
४. वही, ८९-९०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

काल की अपेक्षा उन आठ समयों में एक-एक गुणस्थान में उत्कर्ष से संचय को प्राप्त हुए उन जीवों का समस्त प्रमाण सूत्र (१,२,१०) में संख्यात कहा गया है। वह पूर्वनिर्दिष्ट क्रम के अनुसार तीन सौ चार (१६ + २४ + ३० + ३६ + ४२ + ४८ + ५४ + ५४ = ३०४) होता है।

कुछ आचार्यों के मतानुसार उपर्युक्त उत्कृष्ट प्रमाण में जीवों से सहित सब समय एक साथ नहीं पाये जाते हैं। अतः वे उक्त प्रमाण में पाँच कम करते हैं। धवलाकार ने इस व्याख्यान को आचार्य परम्परा से आने के कारण दक्षिणप्रतिपत्ति कहा है तथा पूर्वोक्त व्याख्यान को आचार्य परम्परागत न होने से उत्तरप्रतिपत्ति कहा है।[1]

आगे के सूत्र (१,२,११) में चार क्षपकों और अयोगिकेवलियों का जो द्रव्यप्रमाण प्रवेश की अपेक्षा एक, दो, तीन अथवा उत्कर्ष से एक सौ आठ कहा गया है उसको स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि आठ समय अधिक छह मास के भीतर क्षपक श्रेणि के योग्य आठ समय होते हैं। उन समयों में विशेष की विवक्षा न करके सामान्य से कथन करने पर जघन्य से एक जीव और और उत्कर्ष से एक सौ आठ जीव तक क्षपक गुणस्थान को प्राप्त होते हैं। विशेष की अपेक्षा प्ररूपणा करने पर प्रथम समय में एक जीव को आदि लेकर उत्कर्ष से बत्तीस जीव तक क्षपक श्रेणि पर आरूढ़ होते हैं। आगे द्वितीयादि समयों में क्षपक श्रेणि पर आरूढ़ होनेवाले क्षपक जीवों के प्रमाण का क्रम पूर्वोक्त उपशामक जीवों के प्रमाण से क्रमशः दूना-दूना जानना चाहिए। यहाँ भी धवला में प्रमाण के रूप में इस अभिप्राय की पोषक एक गाथा उद्धृत की गयी है।

काल की अपेक्षा सूत्र (१,२,१२) में जो उन सब का प्रमाण संख्यात कहा गया है उसे उन आठ समयों में एक-एक गुणस्थान में उत्कर्ष से संचय को प्राप्त हुए सब जीवों को एकत्रित करने पर उपशामकों की अपेक्षा दूना अर्थात् छह सौ आठ (३२ + ४८ + ६० + ७२ + ८४ + ९६ + १०८ + १०८ = ६०८) जानना चाहिए।

अन्य आचार्यों के अभिमतानुसार जहाँ उपशामकों के उस प्रमाण में पाँच कम किया गया था व उस व्याख्यान को धवला में दक्षिणप्रतिपत्ति तथा पूर्व व्याख्यान को उत्तरप्रतिपत्ति कहा गया था वहाँ उक्त आचार्यों के अभिमतानुसार इन क्षपकों के उस समस्त प्रमाण में दस कम किया गया है तथा इस व्याख्यान को दक्षिणप्रतिपत्ति तथा पूर्व व्याख्यान को उत्तरप्रतिपत्ति कहा गया है।

आगे 'एसा उवसमग-खवगपरूवणगाहा' ऐसी सूचना करते हुए धवला में दो गाथाएँ उद्धृत की गई हैं व उनके आश्रय से यह कहा गया है कि कुछ आचार्य उपशामकों का प्रमाण तीन सौ, कुछ आचार्य तीन सौ चार और कुछेक आचार्य उसे पाँच कम तीन सौ (२९५) बतलाते हैं। क्षपकों का उनके मतानुसार उससे दूना (६००, ६०८, ५९०) जानना चाहिए। अन्य कुछ आचार्य उन उपशामकों का प्रमाण तीन सौ चार और कुछ उसी प्रमाण (३०४) को पाँच कम बतलाते है।

तत्पश्चात् धवला में "एगेगगुणट्ठाणम्हि उवसामगखवगाणं पमाणपरूवणगाहा" इस निर्देश के साथ एक अन्य गाथा उद्धृत की गयी है, जिसमें कहा गया है कि एक-एक गुणस्थान में आठ

---

१. धवला पु० ३, पृ० ९०-९१; दक्खिणं उज्जुवं आइरियपरंपरागदमिदि एयट्ठो।...उत्तर-मणुज्जुवं आइरियपरंपराए अणागदमिदि एयट्ठो।—धवला पु० ५, पृ० ३२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

समयों में संचित उपशामकों व क्षपकों का प्रमाण आठ सौ सत्तानबै है ।[1]

इस प्रकार उपशामकों और क्षपकों के प्रमाण के विषय में आचार्यों में परस्पर विशेष मतभेद रहा है ।

आगे सूत्र (१,२,१३) में जो सयोगिकेवलियों का द्रव्यप्रमाण प्रवेश की अपेक्षा एक, दो, तीन अथवा उत्कर्ष से एक सौ आठ कहा गया है उसे क्षपकों के द्रव्यप्रमाण के समान समझना चाहिए ।

काल की अपेक्षा उनका द्रव्यप्रमाण सूत्र (१,२,१४) में लक्षपृथक्त्व प्रमाण निर्दिष्ट किया गया है। उसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि आठ समय अधिक छह मास के भीतर यदि आठ सिद्धसमय प्राप्त होते हैं तो चालीस हजार आठ सौ इकतालीस मात्र आठ समय अधिक छह मास के भीतर कितने सिद्धसमय प्राप्त होंगे, इस प्रकार त्रैराशिक करने पर तीन लाख छब्बीस हजार सात सौ अट्ठाईस मात्र सिद्धसमय प्राप्त होते हैं । इस सिद्धकाल में संचित सयोगि जिनों का प्रमाण लाने के लिए कहा गया है कि उक्त आठ सिद्धसमयों में से छह समयों में तीन-तीन और दो समयों में दो-दो जीव यदि केवलज्ञान को उत्पन्न करते हैं तो आठ समयों में संचित सयोगिजिन बाईस [६ × ३ + (२ × २) = २२] होते हैं । अब आठ समयों में यदि बाईस सयोगिजिन होते हैं तो तीन लाख छब्बीस हजार सात सौ अट्ठाईस समयों में कितने सयोगिजिन होंगे, इस प्रकार त्रैराशिक करने पर वे आठ लाख अट्ठानबे हजार पाँच सौ दो (इच्छा ३२६७२८ × फल २२ ÷ प्रमाण ८ = ८९८५०२) प्राप्त होते हैं ।

आगे धवला में त्रैराशिक प्रक्रिया से प्राप्त सयोगिजिनों के इस प्रमाण को 'वुत्तं च' इस सूचना के साथ उद्धृत की गयी एक गाथा के द्वारा प्रमाणित किया गया है । पश्चात् यह सूचना कर दी गयी है कि इस दिशा के अनुसार कई प्रकार से सयोगि राशि का प्रमाण लाया जा सकता है ।

उदाहरण देकर उसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि जहाँ पर पूर्वोक्त सिद्धकाल का आधा मात्र सिद्धकाल हो वहाँ पर इस प्रकार त्रैराशिक करना चाहिए—आठ सिद्धसमयों में यदि चवालीस मात्र सयोगिजिन होते हैं तो एक लाख तिरेसठ हजार तीन सौ चौसठ सिद्धसमयों में कितने सयोगिजिन होंगे, इस प्रकार त्रैराशिक करने पर पूर्वोक्त सयोगिकेवलियों का प्रमाण (इच्छा १६३३६४ × फल ४४ ÷ प्रमाण ८ = ८९८५०२) प्राप्त होता है ।

एक अन्य उदाहरण इस प्रकार (इच्छा ८१६८२ × फल ८८ ÷ प्रमाण ८ = ८९८५०२) भी वहाँ दिया गया है ।

आगे धवला में 'जहाक्खादसंजदाणं पमाणवण्णणागाहा' ऐसी सूचना करते हुए एक गाथा को उद्धृत कर उसके द्वारा यथाख्यातसंयतों का प्रमाण आठ लाख निन्यानबे हज़ार नौ सौ सत्तानबै (८९९९९७) बतलाया गया है ।

इसी प्रसंग में आगे समस्त संयतों आदि का प्रमाण इस प्रकार निर्दिष्ट किया गया है—

(१) समस्त संयतराशि ८९९९९९७

(२) उपशामक-क्षपक प्रमाण ९०२६८८

---

१. धवला पु० ३, पृ० ९२-९५

२. वही, ९७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इसे समस्त संयतराशि में से घटाकर शेष में तीन का भाग देने पर अप्रमत्तसंयतराशि होती है—

(३) अप्रमत्तसंयत ८९९९९९९७—९०२६८८=८९०९७३०९;

८९०९७३०९ ÷ ३ = २९९९९१०३

इसे दुगुणित करने से प्रमत्तसंयतराशि होती है—

(४) प्रमत्तसंयत २९९९९१०३ × २ = ५९३९८२०६

धवला में एक गाथा को उद्धृत करके उसके द्वारा उपर्युक्त प्रमाण की पुष्टि भी की गई है। प्रमाणों के इस उल्लेख को धवलाकार ने दक्षिण-प्रतिपत्ति कहा है।[1]

यहाँ कितने ही आचार्य ऊपर धवला में उद्धृत संयतों आदि के प्रमाण की प्रतिपादक उस गाथा[2] को युक्ति के बल से असंगत ठहराते हैं। वे यह युक्ति देते हैं कि सब तीर्थंकरों में बड़ा शिष्य परिवार (३३०००० पद्मप्रभ भट्टारक का रहा है। यदि उसे एक सौ सत्तर (पाँच भरत क्षेत्रगत ५, पाँच ऐरावतक्षेत्रगत ५, पाँच विदेहक्षेत्रगत ३२ × ५ = १६०) से गुणित करने पर उन संयतों का प्रमाण पाँच करोड़ इकसठ लाख (३३०००० × १७० = ५६१००००० ही आता है। यह संयतसंख्या उस गाथा में उल्लिखित संयतसंख्या को प्राप्त नहीं होती, इसलिए वह गाथा संगत नहीं है।

इस दोषारोपण का निराकरण करते हुए धवलाकार ने कहा है कि सभी अवसर्पिणियों में हुण्डावसर्पिणी अधम (निकृष्ट) है। उसमें उत्पन्न तीर्थंकरों का शिष्य-परिवार युग के प्रभाव से दीर्घ संख्या से हटकर हीनता को प्राप्त हुआ है। इसलिए उस हीन संख्या को लेकर उक्त गाथासूत्र को दूषित नहीं ठहराया जा सकता है। कारण यह कि शेष अवसर्पिणियों में उत्पन्न तीर्थंकरों का शिष्य-परिवार बहुत पाया जाता है। इसके अतिरिक्त भरत और ऐरावत क्षेत्रों में मनुष्यों की संख्या बहुत नहीं है, इन क्षेत्रों की अपेक्षा विदेह क्षेत्रगत मनुष्यों की संख्या संख्यात गुणी है। इसलिए इन दो क्षेत्रों के एक तीर्थंकर का शिष्य-परिवार विदेहक्षेत्र के एक तीर्थंकर के शिष्य-परिवार के समान नहीं हो सकता। इस प्रसंग में आगे धवला में मनुष्यों के अल्पबहुत्व को भी इस प्रकार प्रकट किया गया है—

अन्तरद्वीपज मनुष्य सबसे स्तोक हैं। उत्तरकुरु तथा देवकुरु के मनुष्य उनसे संख्यातगुणे हैं। हरि व रम्यक क्षेत्रों के मनुष्य उनसे संख्यातगुणे हैं। हैमवत व हैरण्यवत क्षेत्रों के मनुष्य उनसे संख्यातगुणे हैं। भरत व ऐरावत क्षेत्रों के मनुष्य उनसे संख्यातगुणे हैं। विदेह क्षेत्रगत मनुष्य उनसे संख्यातगुणे हैं।

बहुत मनुष्यों में चूँकि संयत बहुत होते हैं, इसीलिए यहाँ के संयतों के प्रमाण को प्रधान करके जो ऊपर दोष दिया गया है, वह वस्तुतः दूषण नहीं है; क्योंकि वह बुद्धिविहीन आचार्यों के मुख से निकला है।[3]

इस प्रकार धवला में प्रथमतः दक्षिणप्रतिपत्ति—आचार्य परम्परागत उपदेश—के अनुसार प्रमत्त संयतादिकों के प्रमाण को दिखाकर तत्पश्चात् उत्तर-प्रतिपत्ति—आचार्य परम्परा

---

१. धवला पु० ३, पृ० ९५-९८
२. धवला पु० ३, पृ० ९८
३. वही, पृ० ९८-९९

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

से अनागत उपदेश--के अनुसार भी उन प्रमत्तसंयतादिकों का प्रमाण बताया गया है। प्रमाण के रूप में यहाँ उस उपदेश की आधारभूत कुछ गाथाओं (५२-५६) को भी उद्धृत किया गया है।[1]

आगे धवला में मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानवर्ती जीवों में तथा सिद्धों में भागाभाग और अल्पबहुत्व की भी प्ररूपणा की गयी है।[2]

आदेश की अपेक्षा द्रव्यप्रमाण

इस प्रकार सामान्य से ओघ की अपेक्षा चौदह गुणस्थानवर्ती जीवों के द्रव्यप्रमाण की प्ररूपणा करके तत्पश्चात् विशेष रूप से गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं में यथाक्रम से जहाँ जितने गुणस्थान सम्भव हैं उनमें जीवों के द्रव्यप्रमाण की प्ररूपणा की गयी है।

तदनुसार यहाँ सर्वप्रथम गति के अनुवाद से नरकगति में वर्तमान मिथ्यादृष्टियों के द्रव्य-प्रमाण को सूत्र (१,२,१५) में असंख्यात कहा गया है। उसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने असंख्यात को अनेक प्रकार का कहकर उसके इन ग्यारह भेदों का उल्लेख किया है—नाम-असंख्यात, स्थापना असंख्यात, द्रव्य असंख्यात, शाश्वत असंख्यात, गणना असंख्यात, अप्रदेशिक असंख्यात, एक असंख्यात, उभय असंख्यात, विस्तार असंख्यात, सर्व असंख्यात और भाव असंख्यात। धवला में इनके स्वरूप का भी पृथक्-पृथक् संक्षेप में निर्देश कर दिया गया है।[3]

इस प्रसंग में नोआगम द्रव्य असंख्यात के ज्ञायकशरीर आदि तीन भेदों में ज्ञायकशरीर नोआगम द्रव्य असंख्यात के स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा गया है कि असंख्यात प्राभृत के ज्ञाता का त्रिकालवर्ती शरीर नोआगम-ज्ञायकशरीर-द्रव्य-असंख्यात कहा जाता है।

यहाँ शंका की गयी है कि आगम से भिन्न शरीर को 'असंख्यात' नाम से कैसे कहा जा सकता है। उत्तर में कहा गया है कि आधार में आधेय के उपचार से वैसा कथन है। जैसे—असि (तलवार) के आधार से असि-धारकों को 'सौ तलवारें दौड़ती हैं' ऐसा कहा जाता है।

इस प्रसंग में धवलाकार ने 'घृतकुम्भ' के दृष्टान्त को असंगत ठहराया है। घृतकुम्भ और मधुकुम्भ इन दो का दृष्टान्त अनुयोगद्वार में उपलब्ध होता है।[4]

गणना-संख्यात के प्रसंग में धवलाकार ने उसके स्वरूप का स्वयं कुछ निर्देश न करके यह कह दिया है कि उसकी प्ररूपणा परिकर्म में की गयी है।

इन असंख्यात के भेदों में गणना-संख्यात को यहाँ प्रसंगप्राप्त कहा गया है। पीछे जिस प्रकार ओघप्ररूपणा में 'गणनानन्त' के प्रसंग में उसके परीतानन्त आदि के भेद-प्रभेदों की

---

१. धवला पु०३, पृ० ९९-१०१

२. वही, १०१-२१

३. धवला पु०३, पृ० २१-२५ (इन्हीं शब्दों में पीछे (पृ०११) अनन्त के भी ११ भेदों का उल्लेख किया गया है। उन अनन्तभेदों की प्ररूपक और इन असंख्यात भेदों की प्ररूपक गाथा समान ही है। विशेष इतना है कि अनन्त के उन भेदों के उल्लेख के प्रसंग में जहाँ गाथा के द्वि० पाद में '—अणंत' पाठ है वहाँ इन असंख्यात के भेदों के प्रसंग में तदनुरूप '—मसंख' पाठभेद है।

४. अनुयोगद्वार, सूत्र १७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

प्ररूपणा है उसी प्रकार यहाँ प्रसंगानुसार गणना-संख्यात के परीतासंख्यात आदि भेद-प्रभेदों का विवेचन है।[1]

सूत्र (१,२,१७) में उपर्युक्त नारक मिथ्यादृष्टियों के क्षेत्रप्रमाण को जगप्रतर के असंख्यातवें भाग मात्र असंख्यात जगश्रेणि कहा गया है तथा उनकी विष्कम्भसूची को अंगुल के द्वितीय वर्गमूल से गुणित उसी अंगुल के वर्गमूल प्रमाण कहा गया है।

उसकी व्याख्या में धवलाकार ने 'सब द्रव्य, क्षेत्र और काल प्रमाणों का निश्चय चूंकि विष्कम्भसूची से ही होता है, इसलिए यहाँ हम उसकी प्ररूपणा करेंगे' ऐसी प्रतिज्ञा कर उसकी प्ररूपणा वर्गस्थान में खण्डित, भाजित, विरलित, अपहृत, प्रमाण, कारण, निरुक्ति और विकल्प द्वारा लगभग उसी प्रकार की है जिस प्रकार कि पूर्व में ओघ के प्रसंग में की गयी है।[2]

नारक मिथ्यादृष्टियों के भागहार के उत्पादन की विधि को दिखलाते हुए धवला में कहा गया है कि जगप्रतर में एक जगश्रेणि का भाग देने पर एक जगश्रेणि आती है। उक्त जगप्रतर में जगश्रेणि के द्वितीय भाग का भाग देने पर दो जगश्रेणियाँ आती हैं। इसी क्रम से उसके तृतीय, चतुर्थ आदि भागों का भाग देने पर तीन, चार आदि जगश्रेणियाँ प्राप्त होती हैं। इस तरह उत्तरोत्तर उसके एक-एक अधिक भागहार को तब तक बढ़ाना चाहिए जब तक कि नारकियों की विष्कम्भसूची का प्रमाण नहीं प्राप्त हो जाता।

अनन्तर उस विष्कम्भसूची से जगश्रेणि के अपवर्तित करने पर जो लब्ध हो उनका जगप्रतर में भाग देने पर विष्कम्भसूची प्रमाण जगश्रेणियाँ आती हैं। इसी प्रकार से अन्यत्र भी विष्कम्भसूची से अवहारकाल के लाने का निर्देश यहाँ कर दिया गया है। भागहार से श्रेणि के ऊपर खण्डित-विरलित आदि पूर्वोक्त विकल्पों के आश्रय से अवहारकाल का कथन करना चाहिए, ऐसा निर्देश कर प्रकृत में उन सबका विस्तार से प्ररूपण किया गया है।[3]

तत्पश्चात् सूत्र (१,२,१८) में सासादन सम्यग्दृष्टियों से लेकर असंयत सम्यग्दृष्टियों तक उनके द्रव्यप्रमाण का, जो ओघ के समान निर्दिष्ट किया गया है, स्पष्टीकरण धवला में विस्तार से मिलता है।[4]

आगे विशेष रूप में पृथिवी क्रम के अनुसार नारक मिथ्यादृष्टियों के प्रमाण की प्ररूपणा करते हुए सूत्रकार ने प्रथम पृथिवी के नारक मिथ्यादृष्टियों का प्रमाण सामान्य नारक मिथ्यादृष्टियों के समान कहा है (१,२,१९)।

इस पर शंका उत्पन्न हुई है कि पूर्व में जो सामान्य नारक मिथ्यादृष्टियों का प्रमाण कहा गया है वही यदि प्रथम पृथिवी के नारक मिथ्यादृष्टियों का है तो उस परिस्थिति में शेष द्वितीयादि पृथिवियों में नारक मिथ्यादृष्टियों के अभाव का प्रसंग प्राप्त होता है। पर ऐसा नहीं है, क्योंकि आगे सूत्रों (१,२,२०-२३) में द्वितीयादि पृथिवियों में स्थित नारक मिथ्यादृष्टियों के प्रमाण का निर्देश किया गया है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि यह समानता केवल असंख्यात जगश्रेणियों, जगप्रतर के असंख्यातवें भाग, द्वितीयादि वर्गमूलों में

---

१. धवला पु० ३, पृ० १२३-२५ व पीछे पृ० ११-१६
२. वही, पृ० १३१-४१ व पीछे पृ० ४०-६३
३. धवला पु० ३, पृ० १४१-५६
४. वही, १५६-६०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

गुणित अंगुल के वर्गमूल मात्र विष्कम्भसूची और पल्योपम के असंख्यातवें भाग की अपेक्षा है। सामान्य मिथ्यादृष्टि नारकों की अपेक्षा प्रथम पृथिवीस्थ मिथ्यादृष्टि नारकों की विष्कम्भसूची और अवहारकाल भिन्न है। धवलाकार ने इस भिन्नता की चर्चा विस्तारपूर्वक की है। इस प्रकार की विशेषता के रहने पर द्वितीयादि पृथिवियों में मिथ्यादृष्टि नारकियों के अभाव का प्रसंग प्राप्त होता है। इस प्रकार धवला में गणित-प्रक्रिया के आश्रय से उसे स्पष्ट करते हुए विविध अंक-संदृष्टियों द्वारा भी प्रथमादि पृथिवियों के मिथ्यादृष्टि नारकों के प्रमाण को स्पष्ट किया गया है।[1]

आगे धवला में इसी प्रकार से द्वितीयादि पृथिवियों के नारकों में सासादन सम्यग्दृष्टियों आदि के भी द्रव्यप्रमाण को स्पष्ट किया गया है।[2]

तत्पश्चात् वहाँ नारकों के इस द्रव्यप्रमाण के निर्णयार्थ भागाभाग और अल्पबहुत्व की भी प्ररूपणा की गयी है।[3]

इसी पद्धति से आगे धवला में तिर्यंच आदि शेष तीन गतियों तथा इन्द्रिय-कायादि अन्य मार्गणाओं में भी प्रकृत द्रव्यप्रमाण को आवश्यकतानुसार धवला में स्पष्ट किया गया है।

३. क्षेत्रानुगम

क्षेत्रानुगम का विशदीकरण—जीवस्थान के अन्तर्गत पूर्वोक्त आठ अनुयोगद्वारों में तीसरा क्षेत्रानुगम अनुयोगद्वार है। यहाँ सर्वप्रथम धवलाकार ने प्रथम सूत्र की व्याख्या करते हुए इस अनुयोगद्वार के प्रयोजन को दिखलाया है। उन्होंने कहा है कि जिन चौदह जीवसमासों के अस्तित्व का ज्ञान सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार के आश्रय से कराया गया है तथा 'द्रव्यप्रमाणानुगम' के द्वारा जिनके द्रव्यप्रमाण का भी बोध कराया जा चुका है उन चौदह जीवसमासों के क्षेत्र का परिज्ञान कराने के लिए इस 'क्षेत्रानुगम' अनुयोगद्वार का अवतार हुआ है। प्रकारान्तर से उन्होंने उसका यह भी प्रयोजन बतलाया है कि जीवराशि तो अनन्त है और लोकाकाश असंख्यात प्रदेशवाला ही है, ऐसी अवस्था में समस्त जीवराशि उस लोक में कैसे समा सकती है, इस प्रकार के सन्देह से व्याकुल शिष्य के उस सन्देह को दूर करने के लिए इस अनुयोगद्वार का अवतार हुआ है।

आगे क्षेत्रविषयक निक्षेप के प्रसंग में उसके स्वरूप को प्रकट करते हुए धवला में कहा गया है कि जो संशय, विपर्यय अथवा अनध्यवसाय में स्थित तत्त्व को उनसे हटाकर निश्चय में रखता है उसे निक्षेप कहते हैं। अथवा बाह्य अर्थ के विकल्प को निक्षेप समझना चाहिए। अथवा जो अप्रकृत अर्थ का निराकरण करके प्रकृत अर्थ की प्ररूपणा करता है उसका नाम निक्षेप है। निक्षेप विषयक इस अभिप्राय की पुष्टि धवला में उद्धृत इस गाथा द्वारा इस प्रकार की गयी है—

अपयदणिवारणट्ठं पयदस्स परूवणाणिमित्तं च।
संशयविणासणट्ठं तच्चत्थवधारणट्ठं च॥

---

१. धवला पु० ३, पृ० १५६-६८
२. वही, १६८-२०७
३. वही, २०७-१४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इस प्रकार सामान्य से निक्षेप का स्वरूप दिखाकर क्षेत्र के विषय में चार प्रकार के निक्षेप को योजित किया गया है, तदनुसार अनेक प्रकार के क्षेत्र में से यहाँ नोआगम द्रव्यक्षेत्र को अधिकारप्राप्त कहा गया है। नोआगम द्रव्यक्षेत्र का अर्थ आकाश है।

इसी सिलसिले में धवलाकार ने क्षेत्रविषयक विचार तत्त्वार्थसूत्र (१-७) में निर्दिष्ट निर्देश, स्वामित्व, साधन, अधिकरण, स्थिति और विधान इन छह अनुयोगद्वारों के आश्रय से भी संक्षेप में किया है। तदनुसार धवला में निर्देश के रूप में क्षेत्र के आकाश, गगन, देवपथ, गुह्यकाचरित, अवगाहन लक्षण, आधेय, व्यापक, आधार और भूमि इन समानार्थक नामों का निर्देश किया गया है। स्वामित्व के प्रसंग में क्षेत्र किसका है, इस भंग को शून्य कहा गया है। इसका अभिप्राय यह है कि क्षेत्र का स्वामी कोई नहीं है। साधन को लक्ष्य में रखकर उसका साधन या कारण पारिणामिक भाव निर्दिष्ट किया गया है, जिसका अभिप्राय यह है कि क्षेत्रकारण अन्य कोई नहीं है—वह स्वभावतः ही है। वह क्षेत्र कहाँ है, इस प्रकार अधिकरण के प्रसंग में कहा गया है कि वह अपने आप में रहता है, अन्य आधार उसका कोई नहीं है। जिस प्रकार स्तम्भ और सार में भेद न होने से परस्पर आधार-आधेयभाव है उसी प्रकार क्षेत्र (आकाश) को भी स्वयं आधार और आधेय समझना चाहिए।

स्थिति या काल के प्रसंग में उसे अनादि-अपर्यवसित कहा गया है। विधान को अधिकृत कर उसे द्रव्यार्थिक नय से एक प्रकार का व प्रयोजनवश लोकाकाश और अलोकाकाश के भेद से दो प्रकार का कहा गया है। अथवा देश के भेद से वह तीन प्रकार का है—अधोलोक, ऊर्ध्वलोक और मध्यलोक। सुमेरु के मूल से नीचे के भाग को अधोलोक, उसकी चूलिका से ऊपर के भाग को ऊर्ध्वलोक और सुमेरु के प्रमाण एक लाख योजन ऊँचे भाग को मध्यलोक कहा जाता है।

आगे 'क्षेत्रानुगम' की सार्थकता को दिखलाते हुए जो वस्तुएँ जिस स्वरूप में अवस्थित हैं उनके उसी प्रकार के अवबोध को अनुगम कहा गया है। इस प्रकार का जो क्षेत्र का अनुगम है उसे क्षेत्रानुगम जानना चाहिए।[1]

ओघ की अपेक्षा क्षेत्र-विचार

इस प्रकार धवला में प्रसंगप्राप्त क्षेत्र का स्वरूपादि विषयक विचार करके तत्पश्चात् सूत्र (१,३,२) में जो ओघ की अपेक्षा मिथ्यादृष्टियों का सर्वलोक क्षेत्र कहा गया है उसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि 'लोक' से यहाँ सात राजुओं के घन की विवक्षा रही है। इस अभिप्राय की पुष्टि में धवलाकार ने गाथा को उद्धृत करते हुए कहा है कि यहाँ क्षेत्रप्रमाण के अधिकार में इस गाथा में निर्दिष्ट लोक को ग्रहण किया जाता है—

पल्लो सायर सूई पदरो य घणंगुलो य जगसेढी।
लोयपदरो य लोगो अट्ठ दु माणा मुणेयव्वा ॥[2]

---

१. धवला पु०४, में पृ०२-६ हैं।

२. यह गाथा मूलाचार (१२-८५) में उसी रूप में उपलब्ध होती है। त्रिलोकसार में (६२) 'अट्ठ दु माणा मुणेयव्वा' के स्थान में 'उवमपमा एवमट्ठविहा' पाठभेद है। तिलोयपण्णत्ती गा० १-६ में भी इन मानभेदों का निर्देश किया गया है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इस पर यहाँ यह शंका उत्पन्न हुई है कि यदि लोक को सात राजुओं के घन प्रमाण ग्रहण किया जाता है तो पाँच द्रव्यों के आधारभूत आकाश का ग्रहण होना सम्भव नहीं है, क्योंकि उसमें उन सात राजुओं के घन प्रमाण क्षेत्र का अभाव है। और यदि उसमें उन सात राजुओं के घन का सद्भाव माना जाता है तो "हेट्ठा मज्झे उवरिं" आदि जिन गाथासूत्रों[1] में लोक के आकार, विस्तार और आयाम आदि का उल्लेख किया गया है वह अप्रमाण ठहरता है।

इस शंका का समाधान करते हुए धवला में कहा है कि पूर्वोक्त सूत्र में निर्दिष्ट उस लोक से पाँच द्रव्यों के आधारभूत आकाश का ही ग्रहण होता है, अन्य का नहीं। क्योंकि "**लोगपूरणगदो केवली केवडिखेत्ते ? सव्वलोगे**"[2] ऐसा वचन है। यदि लोक सात राजुओं के घनप्रमाण न हो तो "**लोगपूरणगदो केवली लोगस्स संखेज्जदिभागे**" ऐसा कहना चाहिए था।

अभिप्राय यह है कि सूत्र में लोकपूरण समुद्घातगत केवली का क्षेत्र जो समस्त लोक बतलाया गया है वह सात राजुओं के घनप्रमाण लोक को स्वीकार करने पर ही सम्भव है। अन्य आचार्यों द्वारा प्ररूपित मृदंगाकार लोक का प्रमाण उसका संख्यातवाँ भाग ही रहता है, न कि सात राजुओं के घन प्रमाण तीन सौ तेतालीस (७×७×७) घन राजु।

मृदंगाकार लोक के प्ररूपक आचार्यों के मतानुसार लोक सर्वत्र गोलाकार है। वह चौदह राजु ऊँचा होकर नीचे सात राजु विस्तृत है। फिर क्रम से हीन होता हुआ सात राजु ऊपर जाकर एक राजु, साढ़े दस राजु ऊपर जाकर पाँच राजु और चौदह राजु ऊपर जाकर पुनः एक राजु विस्तृत रह गया है। आकार में वह नीचे वेत्रासन, मध्य में झालर और ऊपर मृदंग के समान है।

इस प्रसंग में धवलाकार का कहना है कि लोक को यदि इस रूप में माना जाता है तो सूत्र में जो लोकपूरणसमुद्घातगत केवली का क्षेत्र समस्त लोक कहा गया है वह नहीं बनता। वह तो लोक को सात राजु घन (७×७×७=३४३) प्रमाण मानने पर ही घटित होता है।

अन्य आचार्यों द्वारा कल्पित लोक सात राजुओं के घन प्रमाण न होकर उसका संख्यातवाँ भाग ही रहता है। उसका संख्यातवाँ भाग कैसे रहता है, इसे सिद्ध करते हुए धवलाकार ने आगे लोक को अनेक विभागों में विभक्त कर गणित की विधिवत् प्रक्रिया के आधार से उसका क्षेत्रफल और घनफल निकालकर दिखलाया है। तदनुसार, उसका घनफल केवल

$$१६४\frac{३२८}{१३५६} \text{ अर्थात् } \left(\text{अधोलोक } १०६\frac{२६१}{१३५६} + \text{ऊर्ध्वलोक } ५८\frac{६७}{१३५६}\right) \text{घनराजु}$$

प्रमाण ही सिद्ध होता है।

---

१. धवला में शंका के रूप में उद्धृत इन गाथाओं में "हेट्ठा मज्झिम" आदि गाथा मूलाचार (८-२४) में और जं० दी० प० (११-१०६) में उसी रूप में उपलब्ध होती है। "लोगो अकट्टिमो" आदि गाथा भी मूलाचार में ८-२२ गाथांकों में उसी रूप में उपलब्ध है। यह गाथा त्रि०सा० (४) में भी है। वहाँ "तालरुक्ख संठाणो" के स्थान पर "सव्वागासावयवो" पाठभेद है। "लोयस्स य विक्खंभो" आदि गाथा जं०दी०प० में ११-१०७ गाथा के रूप में उपलब्ध होती है।

२. सजोगिकेवली केवडि खेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे असंखेज्जेसु वा भागेसु सव्वलोगे वा। —सूत्र १,३,४ (पु० ४, पृ० ४८; आगे सूत्र २,६,१०-१२ (पु० ७, पृ० ३१०-११) भी द्रष्टव्य हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

लोक के संख्यातवें भाग को सिद्ध करने के बाद धवलाकार कहते हैं कि इसके अतिरिक्त सात राजुओं के घन प्रमाण अन्य कोई लोक नाम का क्षेत्र शेष नहीं रहता, जिसे छह द्रव्यों का आधारभूत प्रमाणलोक कहा जा सके।

धवलाकार ने दूसरी आपत्ति यह भी उठायी है कि सूत्र[1] में प्रतरसमुद्घातगत केवली का क्षेत्र जो असंख्यातवें भाग से हीन लोक (लोक का असंख्यात बहुभाग) कहा गया है वह अधोलोक की अपेक्षा उसके साधिक चतुर्थ भाग से हीन दो अधोलोक १९६ × २ − १९६/४ = ३४३ प्रमाण ऊर्ध्वलोक की अपेक्षा उसके कुछ कम तृतीय भाग से अधिक दो ऊर्ध्वलोक के प्रमाण (१४७ × २ + १४७/३ = ३४३) में कुछ (वातवलयरुद्ध क्षेत्र से) कम है। यह भी सात राजुओं के घन प्रमाण लोक के स्वीकार करने के बिना सम्भव नहीं है। इस प्रकार से धवलाकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रमाणलोक (३४३ घनराजु) आकाशप्रदेशगणना की अपेक्षा छह द्रव्यों के समुदायरूप लोक के समान ही है, उससे भिन्न नहीं है।

लोक सात राजुओं के घन प्रमाण कैसे है, धवला में इस प्रकार से स्पष्ट किया गया है— समस्त आकाश के मध्य में स्थित लोक चौदह राजु आयत है। यह पूर्व और पश्चिम इन दो दिशाओं में मूल में (नीचे) सात राजु, अर्ध भाग में (सात राजु की ऊँचाई पर) एक राजु, तीन चौथाई पर (साढ़े दस राजु की ऊँचाई पर) पाँच राजु और अन्त में एक राजु विस्तारवाला है। उसका बाहल्य उत्तर-दक्षिण में सर्वत्र सात राजुप्रमाण है। वह पूर्व-पश्चिम दोनों पार्श्वभागों में वृद्धि व हानि को प्राप्त है। उसके ठीक बीच में चौदह राजु आयत और एक राजुवर्ग प्रमाण मुखवाली लोकनाली (त्रसनली) है। इसे पिण्डित करने पर वह सात राजुओं के घनप्रमाण होता है।

यह भी कहा गया है कि यदि इस प्रकार के लोक को नहीं ग्रहण किया जाता है तो प्रतरसमुद्घातगत केवली के क्षेत्र को सिद्ध करने के लिए जो दो गाथाएँ[2] कही गयी हैं वे निरर्थक सिद्ध होंगी, क्योंकि इस प्रकार के लोक को स्वीकार करने के बिना उनमें जो घनफल निर्दिष्ट किया गया है वह सम्भव नहीं है। इनमें प्रथम गाथा द्वारा अधोलोक का घनफल इस प्रकार निर्दिष्ट किया गया है—

मुख १ राजु + तल ७ राजु = ८ राजु; उसका आधा ८ ÷ २ = ४; ४ × उत्सेध ७ = २८; २८ × मोटाई ७ = १९६ घनराजु।

ऊर्ध्वलोक का घनफल (दूसरी गाथा)—

मूलविस्तार १ × मध्य विस्तार ५ = ५; ५ + मुखविस्तार १ = ६, उसका आधा ३; ३ × उत्सेध का वर्ग ४९ (७ × ७) = १४७ घनराजु।

समस्त लोक का प्रमाण १९६ + १४७ = ३४३ घनराजु।

शंकाकार द्वारा पूर्व में कहा गया था कि यदि अन्य आचार्यों द्वारा प्ररूपित लोक को ग्रहण न करके उसे सात राजुओं के घन प्रमाण माना जाता है तो पाँच द्रव्यों के आधारभूत लोक का ग्रहण नहीं होगा, क्योंकि उसमें सात राजुओं का घनप्रमाण सम्भव नहीं है। तथा वैसा होने पर जिन तीन गाथासूत्रों को उससे अप्रमाण ठहराया था उनका अपनी उपर्युक्त मान्यता के

---

१. सूत्र १,३,४ व उसकी धवला टीका पु० ४, पृ० ४८-५६

२. पु० ४, पृ० २०-२१

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

साथ धवलाकार ने आगे समन्वय भी किया है।[1]

शंकाकार ने एक शंका यह भी की थी कि जीव तो अनन्त हैं, पर लोक असंख्यात प्रदेश-वाला ही है; ऐसी अवस्था में उस लोक में अनन्त जीवों का अवस्थान कैसे सम्भव है। इसका परिहार भी धवला (पु० ४, पृ० २२-२५)में विस्तार से किया गया है।

क्षेत्रप्ररूपणा के आधारभूत दस पद

धवलाकार ने क्षेत्रप्ररूपणा में जीवों की इन अवस्थाओं को आधार बनाया है—स्वस्थान, समुद्घात और उपपाद। इनमें स्वस्थान दो प्रकार का है—स्वस्थानस्वस्थान और विहार-वत्स्वस्थान। अपने उत्पन्न होने के ग्राम-नगरादि में सोना, बैठना व गमनादि की प्रवृत्तिपूर्वक रहने का नाम स्वस्थानस्वस्थान है। अपने उत्पन्न होने के ग्राम-नगरादि को छोड़कर अन्यत्र सोना, बैठना व गमनादि की प्रवृत्तिपूर्वक रहने को विहारवत्स्वस्थान कहा जाता है। मूलशरीर को न छोड़कर जीवप्रदेशों का शरीर से बाहर निकलकर जाने का नाम समुद्घात है। वह सात प्रकार का है—वेदनासमुद्घात, कषायसमुद्घात, वैक्रियिकसमुद्घात, मारणान्तिकसमुद्घात, तैजसशरीरसमुद्घात, आहारसमुद्घात और केवलीसमुद्घात। धवला में इन सब के स्वरूप का पृथक्-पृथक् विवेचन है।

पूर्व पर्याय को छोड़कर नवीन पर्याय की प्राप्ति के प्रथम समय में जो अवस्था होती है उसे उपपाद कहा जाता है। वह एक ही प्रकार का है।

इस तरह दो प्रकार के स्वस्थान, सात प्रकार के समुद्घात और एक उपपाद इन दस अवस्थाओं से विशेषित मिथ्यादृष्टि आदि चौदह जीवसमासों के क्षेत्र की प्ररूपणाविषयक प्रतिज्ञा कर धवलाकार ने प्रथमतः सूत्रनिर्दिष्ट मिथ्यादृष्टियों के समस्त लोकक्षेत्र को स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा है कि मिथ्यादृष्टि जीव स्वस्थानस्वस्थान, वेदनासमुद्घात, कषाय-समुद्घात, मारणान्तिकसमुद्घात और उपपाद इन पाँच अवस्थाओं के साथ समस्त लोक में रहते हैं। इसका कारण यह है कि समस्त जीवराशि के संख्यातवें भाग से हीन सब जीवराशि स्वस्थानस्वस्थान रूप है। वेदना व कषायसमुद्घातों में वर्तमान जीव भी समस्त जीवराशि के संख्यातवें भाग मात्र है। मारणान्तिकसमुद्घातगत जीव भी सब जीवराशि के संख्यातवें भाग मात्र हैं। इसका भी कारण यह है कि इन तीनों जीवराशियों का समुद्घातकाल अपने जीवित के संख्यातवें भाग मात्र है। उपपादराशि सब जीवराशि के असंख्यातवें भाग है, क्योंकि वह एक-समय संचित है। इस प्रकार ये पाँचों जीवराशियाँ अनन्त हैं, अतएव वे समस्त लोक में स्थित हैं।[2]

विहारवत्स्वस्थान में परिणत मिथ्यादृष्टि लोक के असंख्यातवें भाग में रहते हैं। इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि त्रसपर्याप्तराशि ही विहार करने के योग्य है। इसमें भी उसका संख्यातवाँ भाग ही विहार में परिणत होता है। कारण कि 'यह मेरा है' इस बुद्धि से जो क्षेत्र गृहीत है वह तो स्वस्थान है और उससे बाहर जाकर रहना, इसका नाम विहार-वत्स्वस्थान है। उस विहार में रहने का काल अपने निवासस्थान में रहने के काल के संख्यातवें भाग है।

---

१. धवला पु० ४, पृ० १०-२२

२. धवला पु० ४, पृ० २६-३१

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इस प्रसंग में धवलाकार ने स्वयंप्रभ पर्वत के परभाग में अवस्थित दीर्घ आयु व विशाल अवगाहनावाली पर्याप्त राशि को प्रधान व उनकी अवगाहनाओं के घनांगुल आदि करके गणित प्रक्रिया के आधार से यह प्रकट किया है कि विहारवत्स्वस्थान की अपेक्षा मिथ्यादृष्टियों का क्षेत्र संख्यात सूच्यंगुल से गुणित जगप्रतर प्रमाण है जो लोक का असंख्यातवाँ भाग है। वह अधोलोक व ऊर्ध्वलोक के असंख्यातवें भाग, तिर्यग्लोक के संख्यातवें भाग और अढ़ाई द्वीप से असंख्यातगुणा है।

यहाँ यह स्मरणीय है कि प्रस्तुत क्षेत्रप्रमाण के विशेष स्पष्टीकरण के लिए धवलाकार ने लोक को पाँच प्रकार से ग्रहण किया है— (१) सात राजुओं का घनप्रमाण सामान्यलोक, (२) एक सौ छ्यानवे (१९६) घनराजु प्रमाण अधोलोक, (३) एक सौ सैंतालीस (१४७) घनराजु प्रमाण ऊर्ध्वलोक, (४) पूर्व-पश्चिम में एक राजु विस्तृत, दक्षिण-उत्तर में सात राजु आयत और एक लाख योजन ऊँचा तिर्यग्लोक या मध्यलोक, और (५) पैंतालीस लाख योजन विस्तार-वाला व एक लाख योजन ऊँचा गोल मनुष्यलोक अथवा अढ़ाई द्वीप।[1]

वैक्रियिकसमुद्घातगत मिथ्यादृष्टियों का क्षेत्र पूर्व पद्धति के अनुसार लोक का असंख्यातवाँ भाग, अधोलोक व ऊर्ध्वलोक इन दो लोकों का असंख्यातवाँ भाग, तिर्यग्लोक का संख्यातवाँ भाग और अढ़ाई द्वीप से असंख्यातगुणा कहा गया है। साथ ही यहाँ ज्योतिषी देवों की सात धनुषप्रमाण ऊँचाई प्रधान है।[2]

यद्यपि इस क्षेत्रप्रमाण के प्रसंग में मूल सूत्रों में स्वस्थान, समुद्घात और उपपाद इन तीन अवस्थाओं का ही सामान्य से उल्लेख है; वहाँ स्वस्थान के पूर्वोक्त दो और समुद्घात के सात भेदों का निर्देश नहीं किया गया है, फिर भी धवलाकार ने इन भेदों के साथ दस अवस्थाओं को आधार बनाकर क्षेत्रप्रमाण की जो प्ररूपणा की है वह आचार्यपरम्परागत उपदेश के अनुसार तथा 'मिथ्यादृष्टि' इस सामान्य वचन से सूचित सात मिथ्यादृष्टिविशेषों को लक्ष्य बनाकर की है। इसी प्रकार सूत्रों में अनिर्दिष्ट शेष चार लोकों को भी सूत्रसूचित मानकर उनके आश्रय से प्रस्तुत क्षेत्रप्रमाण को निरूपित किया गया है।[3]

इस ओघ क्षेत्रप्रमाण की प्ररूपणा में सूत्रकार ने एक ही सूत्र (१,३,३) में सासादन-सम्यग्दृष्टि से लेकर अयोगिकेवली पर्यन्त सब का क्षेत्र लोक का असंख्यातवाँ भाग निर्दिष्ट किया है। लेकिन उसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने पूर्वोक्त प्रक्रिया के अनुसार सासादन-सम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और असंयतसम्यग्दृष्टि इन तीन के, संयतासंयतों के तथा प्रमत्त-संयत से लेकर अयोगिकेवली पर्यन्त संयतों के क्षेत्र की पृथक्-पृथक् प्ररूपणा की है।[4]

इसी प्रकार सूत्र (१,३,४) में सयोगिकेवलियों के क्षेत्र का जो सामान्य से उल्लेख किया गया है उसे विशद करते हुए धवलाकार ने विशेष रूप से दण्डसमुद्घातगत, कपाटसमुद्घात,

---

१. धवला पु० ४, पृ० ३१-३८

२. धवला पु० ४, पृ० ३८

३. मिच्छाइट्ठिस्स सत्थाणादी सत्त वि सेसा सुत्तेण अणुद्दिट्ठा अत्थि त्ति कधं णव्वदे? आइरिय-परंपरागदुवदेसादो। किं च × × × सेस चत्तारि वि लोगा सुत्तेण सूचिदा चेव × × × तम्हा सुत्तसंबद्धमेवेदं वक्खाणमिदि।—धवला पु० ४, पृ० ३८-३९

४. धवला पु० ४, पृ० ३९-४७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

प्रतरसमुद्घातगत और लोकपूरणसमुद्घातगत केवलियों के क्षेत्र की प्ररूपणा पूर्व पद्धति के अनुसार पृथक्-पृथक् की है।[1]

प्रतरसमुद्घातगत केवली के क्षेत्रप्रमाण के प्रसंग में उद्धृत दो गाथाओं के आधार से धवला में ऊर्ध्वलोक और अधोलोक का घनफल दिखलाया गया है। इसी प्रसंग में आगे लोकपर्यन्त अवस्थित वातवलयों से रोके गये क्षेत्र के प्रमाण को भी गणित-प्रक्रिया के आश्रय से निकाला गया है। तदनुसार समस्त वातवलयरुद्ध क्षेत्र इतना है—

$$\frac{१०२४१६८३४८७}{१०६७६०} \text{ जगप्रतर}$$

इस वातवलयरुद्ध क्षेत्र को घनलोक में से कम कर देने पर प्रतरसमुद्घात केवली का क्षेत्र कुछ कम लोकप्रमाण सिद्ध होता है। इसे अधोलोक के प्रमाण से करने पर वह साधिक एक अधोलोक के चतुर्थ भाग से कम दो अधोलोक प्रमाण होता है। ऊर्ध्वलोक के प्रमाण से करने पर वह ऊर्ध्वलोक के कुछ कम तृतीय भाग से अधिक दो ऊर्ध्वलोक प्रमाण होता है।

आदेश की अपेक्षा क्षेत्रप्रमाण

इस प्रकार ओघ की अपेक्षा क्षेत्रप्रमाण की प्ररूपणा के समाप्त हो जाने पर, आगे आदेश की अपेक्षा यथाक्रम से गति-इन्द्रिय आदि चौदह मार्गणाओं में जहाँ जितने गुणस्थान सम्भव हैं उनमें प्रस्तुत क्षेत्रप्रमाण की प्ररूपणा की गयी है। प्ररूपणा की पद्धति प्रसंग के अनुसार पूर्ववत् ही रही है। यथा—

सर्वप्रथम गतिमार्गणा के आश्रय से नरकगति में वर्तमान नारकियों में मिथ्यादृष्टि से लेकर असंयतसम्यग्दृष्टि तक प्रत्येक गुणस्थानवर्ती नारकियों का क्षेत्र सूत्र (१,३,५) में लोक का असंख्यातवाँ भाग कहा गया है। उसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने स्वस्थानस्वस्थान व विहारवत्स्वस्थान तथा वेदना, कषाय व वैक्रियिक समुद्घातगत नारकमिथ्यादृष्टियों का सामान्यलोक, अधोलोक, ऊर्ध्वलोक और तिर्यग्लोक इन चार का असंख्यातवाँ भाग तथा अढ़ाईद्वीप से असंख्यातगुणा बतलाया है। इसे विशद करते हुए उन्होंने गणित प्रक्रिया के अनुसार प्रथमादि पृथिवियों में यथाक्रम से सम्भव १३ व ११ आदि पाथडों में वर्तमान नारकियों के शरीरोत्सेध के प्रमाण को निकाला है। तत्पश्चात् अवगाहना में सातवीं पृथिवी को और द्रव्य की अपेक्षा प्रथम पृथिवी को प्रधान करके स्वस्थानस्वस्थान आदि उन पदों में परिणत कितनी जीवराशि सम्भव है, इत्यादि का विचार करते हुए मिथ्यादृष्टि व सासादनसम्यग्दृष्टि आदि चारों गुणस्थानों में क्षेत्रप्रमाण को व्यक्त किया है। विशेषता यह रही है कि सासादनसम्यग्दृष्टि के उपपादपद सम्भव नहीं है और सम्यग्मिथ्यादृष्टि के मारणान्तिकसमुद्घात सम्भव नहीं है।[2]

इस प्रकार सामान्य नारकियों के क्षेत्र को बतलाकर आगे सूत्र (१,३,६) में केवल यह सूचना कर दी है कि इसी प्रकार सातों पृथिवियों में इस क्षेत्रप्रमाण को जानना चाहिए।

इसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने स्पष्ट कर दिया है कि सूत्र में द्रव्यार्थिकनय की

---

१. धवला पु० ४, पृ० ४८-५६

२. वही, पृ० ५६-६५

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अपेक्षा वैसा कहा गया है। पर्यायार्थिकनय की अपेक्षा इन पृथिवियों में विशेषता भी है। धवला में उस विशेषता को भी स्पष्ट किया गया है (पु० ४, पृ० ६५-६६)।

क्षेत्रप्रमाणप्ररूपणा का यही क्रम आगे यथासम्भव तिर्यंच आदि शेष तीन गतियों में और इन्द्रिय आदि शेष तेरह मार्गणाओं में भी रहा है।

४. स्पर्शनानुगम

पूर्वोक्त जीवस्थानगत आठ अनुयोगद्वारों में स्पर्शनानुगम चौथा है। धवलाकार ने यहाँ प्रथम सूत्र की व्याख्या कर सर्वप्रथम स्पर्शन के ये छह भेद निर्दिष्ट किये हैं—नामस्पर्शन, स्थापनास्पर्शन, द्रव्यस्पर्शन, क्षेत्रस्पर्शन, कालस्पर्शन और भावस्पर्शन। आगे उन्होंने इन सब स्पर्शनभेदों के स्वरूप का भी विवेचन किया है। उनमें से यहाँ जीवक्षेत्रस्पर्शन अधिकृत है।[1]

पूर्व पद्धति के अनुसार धवला में इस स्पर्शन की प्ररूपणा भी प्रथमतः ओघ की अपेक्षा और तत्पश्चात् आदेश की अपेक्षा की गयी है।

ओघप्ररूपणा—सूत्रकार ने यहाँ सर्वप्रथम मिथ्यादृष्टियों के स्पर्शनक्षेत्र को समस्त लोक बतलाया है। इस सूत्र की व्याख्या में धवलाकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि क्षेत्रानुयोगद्वार में जहाँ सभी मार्गणाओं का आश्रय लेकर सब गुस्थानों के वर्तमान काल सम्बन्धी क्षेत्र की प्ररूपणा की गयी है वहाँ प्रकृत अनुयोगद्वार में उन सभी मार्गणाओं का आश्रय लेकर सभी गुणस्थानों के अतीत काल से सम्बन्धित क्षेत्र की प्ररूपणा की जाने वाली है। क्षेत्रानुयोगद्वार के समान स्पर्शन अनुयोगद्वार में स्वस्थानस्वस्थान और विहारवत्स्वस्थान तथा वेदनादि सात समुद्घात और उपपाद इन दस पदों के आश्रय से प्रकृत स्पर्शन की भी प्ररूपणा की गयी है तथा लोक से सामान्य लोक आदि वे ही पाँच लोक विवक्षित रहे हैं। लोक का प्रमाण ३४३ घनराजु यहाँ भी अभीष्ट रहा है।[2]

सूत्र (१,४,२) में जो मिथ्यादृष्टियों का स्पर्शनक्षेत्र सर्वलोक कहा गया है वह द्रव्यार्थिकनय की दृष्टि से कहा गया है। पर्यायार्थिक नय की अपेक्षा वह कितना है, इसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा कि स्वस्थानस्वस्थान, वेदना, कषाय व मारणान्तिक समुद्घात तथा उपपाद इन पदों से परिणत मिथ्यादृष्टियों के द्वारा अतीत और वर्तमान काल में समस्त लोक का स्पर्श किया गया है। विहारवत्स्वस्थान व वैक्रियिक समुद्घात से परिणत उनके द्वारा वर्तमान में सामान्यलोक, अधोलोक और ऊर्ध्वलोक इन तीन का असंख्यातवाँ भाग, तिर्यग्लोक का संख्यातवाँ भाग और अढ़ाईद्वीप से असंख्यात गुणा क्षेत्र स्पर्श किया गया है। धवलाकार ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अपवर्तना का क्रम यहाँ क्षेत्र के ही समान है।

अतीत काल में उनके द्वारा चौदह भागों में कुछ कम आठ भाग स्पर्श किये गये हैं। इसका अभिप्राय यह है कि लोक के मध्य में एक राजु के वर्गप्रमाण विस्तृत और चौदह राजु आयत जो त्रसनाली है उसके एक राजु लम्बे-चौड़े चौदह भागों में आठ भागों का उनके द्वारा स्पर्श किया गया है। वे आठ भाग हैं—मेरुतल के नीचे के दो भाग और उससे ऊपर के छह भाग। कारण

---

१. धवला पु० ४, पृ० १४१-४४
२. धवला पु० ४, पृ० १४५-४७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

यह है कि वे मिथ्यादृष्टि नीचे तीसरी पृथिवी तक दो राजु और ऊपर सोलहवें कल्प तक छह राजु इस प्रकार उन चौदह भागों में से आठ भागों में विहार व विक्रिया करते हैं। कुछ कम करने का कारण यह है कि तीसरी पृथिवी के नीचे के एक हजार योजन प्रमाण क्षेत्र में उनका विहार सम्भव नहीं है।[1]

सूत्र (१,४,३) में सासादनसम्यग्दृष्टियों का स्पर्शनक्षेत्र लोक का असंख्यातवाँ भाग कहा गया है। उनके इस क्षेत्रप्रमाण का उल्लेख इसके पूर्व क्षेत्रानुगम अनुयोगद्वार सूत्र (१,३,३) में भी किया जा चुका है। इससे पुनरुक्ति दोष का प्रसंग प्राप्त होता है, इस शंका को हृदयंगम कर इसके परिहारस्वरूप धवलाकार ने कहा है कि प्रस्तुत सूत्र में जो क्षेत्रानुयोगद्वार में प्ररूपित क्षेत्र की पुनः प्ररूपणा की गयी है वह मन्दबुद्धि शिष्यों को स्मरण कराने के लिए है। अथवा चौदह गुणस्थानों से सम्बद्ध अतीत, अनागत और वर्तमान तीनों काल से विशिष्ट क्षेत्र के विषय में पूछने पर शिष्य के सन्देह को दूर करने के लिए अतीत व अनागत इन दो कालों से विशिष्ट उस क्षेत्र की प्ररूपणा की जा रही है। तदनुसार स्वस्थानस्वस्थान, विहारवत्स्वस्थान तथा वेदना, कषाय, वैक्रियिक व मारणान्तिक समुद्घात और उपपादपदों से परिणत उक्त सासादन-सम्यग्दृष्टियों के द्वारा चार लोकों का असंख्यातवाँ भाग और मानुषक्षेत्र से असंख्यातगुणा क्षेत्र स्पर्श किया गया है।

आगे के सूत्र (१,४,४) में सासादनसम्यग्दृष्टियों का स्पर्शनक्षेत्र कुछ कम आठ बटे चौदह भाग अथवा बारह बटे चौदह भाग का भी निर्देश है। उसकी व्याख्या में धवला में स्पष्ट किया गया है कि यह सूत्र अतीत काल से विशिष्ट उनके स्पर्शनक्षेत्र का प्ररूपक है। आगे इस सूत्र को देशामर्शक कहकर पर्यायार्थिक नय की अपेक्षा उसकी प्ररूपणा करते हुए यह स्पष्ट किया है कि स्वस्थानस्वस्थानगत उन सासादनसम्यग्दृष्टियों ने तीन लोकों के असंख्यातवें भाग, तिर्यग्लोक के संख्यातवें भाग और अढाई द्वीप से असंख्यातगुणे क्षेत्र का स्पर्श किया है।

अतीत काल से सम्बद्ध उन सासादनसम्यग्दृष्टियों के इस स्वस्थान क्षेत्र को स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने प्रथमतः तिर्यंच सासादनसम्यग्दृष्टियों के क्षेत्र की प्ररूपणा में कहा है कि त्रसजीव त्रसनाली के भीतर ही होते हैं, इस प्रकार राजुप्रतर के भीतर सर्वत्र सासादनसम्यग्दृष्टियों की सम्भावना है। इस क्षेत्र को तिर्यग्लोक के प्रमाण से करने पर वह उसका संख्यातवाँ भाग होकर संख्यात अंगुल बाहल्यरूप जगप्रतर होता है।

तत्पश्चात् ज्योतिषी सासादनसम्यग्दृष्टियों के स्वस्थानस्वस्थान क्षेत्र के निकालने के लिए धवलाकार ने जम्बूद्वीप व लवणसमुद्र आदि असंख्यात द्वीप-समुद्रों में अवस्थित चन्द्र-सूर्यादि समस्त ज्योतिषी देवों की संख्या को गणित-प्रक्रिया के आधार से निकाला है। उस प्रसंग में धवलाकार ने यह अभिमत व्यक्त किया है कि स्वयम्भूरमण समुद्र के आगे भी राजु के अर्धच्छेद हैं। इसका आधार उन्होंने ज्योतिषियों की संख्या के लाने में कारणभूत दो सौ छप्पन अंगुल के वर्गरूप भागहार के प्ररूपक सूत्र[2] को बतलाया है।

इस पर यह शंका की गयी कि "जितनी द्वीप-समुद्रों की संख्या है तथा जितने जम्बूद्वीप के अर्धच्छेद हैं, एक अधिक उतने ही राजु के अर्धच्छेद हैं" ऐसा जो परिकर्म में कहा गया है

१. धवला पु० ४, पृ० १४८

२. खेत्तेण पदरस्स बेछप्पण्णंगुलसयवग्गपडिभागेण।—सूत्र १,२,५५ (पु० ३)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उससे उक्त कथन का विरोध क्यों न होगा। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि उसके साथ तो विरोध होगा, किन्तु सूत्र के साथ उसका विरोध नहीं होगा। इसलिए उस व्याख्यान को ग्रहण करना चाहिए, न कि परिकर्म के उस कथन को; क्योंकि वह सूत्र के विरुद्ध है। सूत्र के विरुद्ध व्याख्यान नहीं होता है, अन्यथा कुछ व्यवस्था ही नहीं बन सकेगी। तात्पर्य यह है कि स्वयम्भूरमण समुद्र के आगे राजु के अर्धच्छेद हैं, पर वहाँ ज्योतिषी देव नहीं हैं। इससे उक्त भागहार की उत्पत्ति के लिए तत्प्रायोग्य अन्य संख्यात रूपों को भी राजु के अर्धच्छेदों में से कम करना चाहिए।

आगे धवलाकार ने पूर्व निर्दिष्ट सूत्र की प्रामाणिकता को लक्ष्य में रखते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि हम(आ० वीरसेन) ने जो यह राजु के अर्धच्छेदों के प्रमाणविषयक परीक्षा का विधान किया है वह अन्य आचार्यों के उपदेश का अनुसरण न कर केवल तिलोयपण्णत्तिसुत्त का अनुसरण करता है। तदनुसार ज्योतिषी देवों के भागहार के प्ररूपक जिस सूत्र का पूर्व में निर्देश है उस पर आधारित युक्ति के बल से प्रकृत गच्छ के साधनार्थ उसकी प्ररूपणा हमने की है। इसके लिए उन्होंने ये दो उदाहरण भी दिए हैं[1]—

(१) जिस प्रकार सासादनसम्यग्दृष्टि आदि के द्रव्यप्रमाण के प्रसंग में हमने अन्तर्मुहूर्त में प्रयुक्त 'अन्तर' शब्द को समीपार्थक मानकर उसके आधार से अन्तर्मुहूर्त का अर्थ 'मुहूर्त के समीप(मुहूर्त से अधिक)किया है। इससे उपशमसम्यग्दृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्दृष्टि का अवहारकाल असंख्यात आवली प्रमाण बन जाता है। इसके विपरीत यदि अन्तर्मुहूर्त को सर्वत्र संख्यात आवलियों प्रमाण ही माना जाय तो वह घटित नहीं होता है।[2]

(२) कुछेक पूर्व आचार्यों की मान्यता के अनुसार लोक का आकार चारों दिशाओं में गोल है। उसका विस्तार नीचे तलभाग में सात राजु है। पश्चात् वह ऊपर क्रम से हीन होता हुआ सात राजु ऊपर जाने पर एक राजु मात्र रह गया है। फिर क्रम से आगे वृद्धिगत होकर वह साढ़े दस राजु ऊपर जाने पर पाँच राजु हो गया है। तत्पश्चात् पुनः हानि को प्राप्त होता हुआ वह अन्त में चौदह राजु ऊपर जाने पर एक राजु रह गया है।

धवलाकार का कहना है कि यदि आचार्यों द्वारा प्ररूपित लोक को वैसा स्वीकार किया जाय तो जिन दो गाथासूत्रों के आधार से प्रतरसमुद्घातगत केवली का क्षेत्र कुछ कम (वातवलयरुद्ध क्षेत्र से हीन) ३४३ घनराजु प्रमाण कहा गया है वे गाथासूत्र[3] निरर्थक ठहरते हैं, क्योंकि उपर्युक्त लोक का घनफल १६४ $\frac{३२८}{१३५६}$ घनराजु ही आता है, जो ३४३ घनराजुओं से हीन है। इससे धवलाकार वीरसेनाचार्य ने लोक को गोलाकार न मानकर आयत चतुरस्र माना है। तदनुसार उसका आकार इस प्रकार रहता है—पूर्व-पश्चिम में नीचे सात राजु, ऊपर

---

१. धवला पु० ४, पृ० १५७;धवला के अन्तर्गत यह प्रसंगप्राप्त गद्य भाग प्रसंगानुरूप शब्द-परिवर्तन के साथ वर्तमान 'तिलोयपण्णत्ती' में उसी रूप में उपलब्ध होता है। देखिए, धवला पु० ४, पृ० १५२-५६ तथा ति०प० २, पृ० ६४-६६। (ति०प० में सम्भवतः उसे धवला से लिया गया होगा।)

२. धवला पु० ३, पृ० ६६-७०

३. धवला पु० ४, पृ० २०-२१

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

क्रम से हीन होकर सात राजु ऊपर जाने पर एक राजु, फिर वृद्धि को प्राप्त होकर साढ़े दस राजु ऊपर जाने पर पाँच राजु और पुनः हीन होता हुआ अन्त में चौदह राजु ऊपर जाने पर एक राजु मात्र विस्तृत है। दक्षिण-उत्तर में वह सर्वत्र सात राजु बाहल्यवाला है। इस प्रकार के लोक का प्रमाण ३४३ घनराजु प्राप्त हो जाता है। इससे न तो वे दो गाथासूत्र ही निरर्थक होते हैं और न ज्योतिषी देवों के द्रव्यप्रमाण के लाने में कारणभूत दो सौ छप्पन अंगुल के वर्गरूप भागहार का प्ररूपक सूत्र[1] भी असंगत ठहरता है।

इस प्रकार सूत्रों की प्रामाणिकता को सुरक्षित रखते हुए धवलाकार आ० वीरसेन ने उन सूत्रों पर आधारित युक्ति के बल से कुछ पूर्वाचार्यों के उपदेश के विरुद्ध होने पर भी मुहूर्त से अधिक (असंख्यात आवली प्रमाण) अन्तर्मुहूर्त को, आयत चतुरस्र लोक को और स्वयम्भूरमण-समुद्र के बाह्य भाग में तत्प्रायोग्य राजु के संख्यात अर्धच्छेदों को सिद्ध किया है।

उपर्युक्त गणित-प्रक्रिया के आधार से धवलाकार ने समस्त ज्योतिषी देवों की बिम्बशलाकाओं को निकाला है। तदनुसार उन्हें संख्यात घनांगुल से गुणित करने पर ज्योतिषी देवों का स्वस्थान क्षेत्र होता है। उस स्वस्थान क्षेत्र को संख्यात रूपों से गुणित करके संख्यात घनांगुल से अपवर्तित करने पर ज्योतिषी देवों की संख्या आती है। उसे ज्योतिषी देवों के उत्सेध से गुणित विमानों के अभ्यन्तर प्रतरांगुलों से गुणित करने पर ज्योतिषी देवों का स्वस्थान क्षेत्र तिर्यग्लोक के संख्यातवें भाग मात्र निर्धारित होता है।

इसी प्रकार से धवला में सासादनसम्यग्दृष्टि व्यन्तर देवों के भी स्वस्थानक्षेत्र को तिर्यग्-लोक के संख्यातवें भाग मात्र सिद्ध किया गया है।

उन सासादनसम्यग्दृष्टियों के द्वारा विहार, वेदना-समुद्घात, कषाय-समुद्घात और वैक्रियिक-समुद्घात इन पदों की अपेक्षा लोकनाली के चौदह भागों में से कुछ कम (तीसरी पृथिवी के नीचे के हजार योजनों से कम) आठ भागों का स्पर्श किया गया है।

मारणान्तिक समुद्घात से परिणत उनके द्वारा उन चौदह भागों में से कुछ कम बारह भागों का स्पर्श किया गया है जो इस प्रकार सम्भव है—

मेरुमूल से ऊपर ईषत्प्राग्भार पृथिवी तक सात राजु और नीचे छठी पृथिवी तक पाँच राजु, इन दोनों के मिलाने पर सासादनमारणान्तिक क्षेत्र का आयाम बारह (७ + ५) राजु हो जाता है। विशेष इतना है कि उसे छठी पृथिवी के नीचे के हजार योजन से कम समझना चाहिए।

उपपाद से परिणत उनके द्वारा उक्त चौदह भागों में से नीचे छठी पृथिवी तक पाँच राजु और ऊपर आरण-अच्युत कल्प तक छह राजु, इस प्रकार ग्यारह (६ + ५) भागों का स्पर्श किया गया है। यहाँ भी पूर्व के समान हजार योजन से उसे कम समझना चाहिए।

यहाँ मारणान्तिक समुद्घात के प्रसंग में कुछ विशेष ज्ञातव्य है। मारणान्तिक समुद्घात से परिणत सासादनसम्यग्दृष्टियों का स्पर्शन १३ बटे १४ भाग निर्दिष्ट है। इस पर वहाँ शंका उठायी गयी है कि यदि सासादनसम्यग्दृष्टि एकेन्द्रियों में उत्पन्न होते हैं तो उनके दो गुणस्थान होना चाहिए। पर ऐसा है नहीं, क्योंकि सत्प्ररूपणा में उनके एकमात्र मिथ्यादृष्टि गुणस्थान का सद्भाव दिखलाया गया है।[2] आगे द्रव्यप्रमाणानुगम में भी उनमें एक मिथ्यादृष्टि गुण-

---

१. द्रव्यप्रमाणानुगम, सूत्र ५५ व ६५; (पु० ३, पृ० २६८ व २७५)

२. सूत्र १,१,३६ (पु० १, पृ० २६१)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

स्थान से सम्बन्धित द्रव्यप्रमाण की प्ररूपणा की गयी है।[1] इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि कौन यह कहता है कि सासादनसम्यग्दृष्टि एकेन्द्रियों में उत्पन्न होते हैं? वे वहाँ मारणान्तिक समुद्घात को करते हैं ऐसा हमारा निश्चय है। पर वे वहाँ उत्पन्न नहीं होते हैं, क्योंकि आयुकाल के समाप्त होने पर उनके सासादनगुणस्थान नहीं पाया जाता है।

इस पर यह शंका उत्पन्न हुई है कि जहाँ सासादनसम्यग्दृष्टियों की उत्पत्ति सम्भव नहीं है वहाँ भी यदि वे मारणान्तिक समुद्घात करते हैं तो सातवीं पृथिवी के नारकी भी सासादन गुणस्थान के साथ पंचेन्द्रिय तिर्यंचों में मारणान्तिक समुद्घात कर सकते हैं, क्योंकि सासादन गुणस्थान की अपेक्षा दोनों में कुछ विशेषता नहीं है। इसके समाधान में वहाँ यह कहा गया है कि उन दोनों में जातिभेद के कारण उपर्युक्त दोष सम्भव नहीं है। और फिर नारकियों का स्वभाव जहाँ गर्भज पंचेन्द्रिय तिर्यंचों में उत्पन्न होने का है वहाँ देवों का स्वभाव पंचेन्द्रियों में और एकेन्द्रियों में भी उत्पन्न होने का है; इसलिए दोनों समान जातिवाले नहीं हैं।

पुनः यह शंका की गयी है कि एकेन्द्रियों में मारणान्तिक समुद्घात को करनेवाले देव समस्त लोकगत एकेन्द्रियों में उसे क्यों नहीं करते हैं। इसके समाधान में कहा गया है कि ऐसा सम्भव नहीं है, क्योंकि लोकनाली के बाहर उत्पन्न होने का उनका स्वभाव नहीं है, इत्यादि।

इसी प्रकार उनके उपपाद के प्रसंग में भी धवलाकार ने बतलाया है कि कितने ही आचार्य यह कहते हैं कि देव नियम से मूल शरीर में प्रविष्ट होकर ही मरण को प्राप्त होते हैं। तदनुसार उपपाद की अपेक्षा उनका स्पर्शनक्षेत्र कुछ कम १० बटे १४ भाग होता है। इस मत का निराकरण करते हुए धवलाकार कहते हैं कि उनका यह कथन सूत्र के विरुद्ध पड़ता है, क्योंकि यहीं पर कार्मणशरीरवाले सासादनसम्यग्दृष्टियों का उपपाद सम्बन्धी स्पर्शनक्षेत्र ११ बटे १४ भाग कहा गया है।[2] अतः सूत्र के विरुद्ध होने से उनका वह व्याख्यान ग्रहण नहीं करना चाहिए।

इसी प्रकार जो आचार्य यह कहते हैं कि देव सासादनसम्यग्दृष्टि एकेन्द्रियों में उत्पन्न होते हैं उनके अभिमतानुसार उनका उपपाद सम्बन्धी स्पर्शक्षेत्र कुछ कम १२ बटे १४ भाग होता है, यह व्याख्यान भी चूँकि पूर्वोक्त सत्प्ररूपणासूत्र और द्रव्यप्रमाणानुगमसूत्र के विरुद्ध पड़ता है, इसलिए वह भी ग्रहण करने योग्य नहीं है।[3]

आगे इसी पद्धति से ओघ की अपेक्षा सम्यग्मिथ्यादृष्टि आदि शेष गुणस्थानों में तथा आदेश की अपेक्षा गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं में यथाक्रम से प्रस्तुत स्पर्शन की प्ररूपणा की गयी है। इस प्रकार यह अनुयोगद्वार समाप्त हुआ है।

५. कालानुगम

'कालानुगम' यह जीवस्थान का पाँचवाँ अनुयोगद्वार है। यहाँ प्रथम सूत्र की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने काल के इन चार भेदों का निर्देश किया है—नामकाल, स्थापनाकाल, द्रव्य-

---

१. सूत्र १,२,७४-७६ (पु० ३ पृ० ३०५-७)

२. कम्मइयकायजोगीसु मिच्छादिट्ठी ओघं। सासणसम्मादिट्ठीहि केवडियं खेत्तं फासिदं? लोगस्स असंखेज्जदिभागो। एक्कारह चोद्दसभागा देसूणा।
—सूत्र १,४,९६-९८ (पु० ४, पृ० २६९-७०)

३. धवला पु० ४, पृष्ठ १४८-६५ द्रष्टव्य हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

काल और भावकाल। यथाक्रम से उनके स्वरूप बतलाते हुए उन्होंने पल्लवित, अंकुरित, कुलित, करलित, पुष्पित, मुकुलित एवं कोयलों के मधुर आलाप से परिपूर्ण ऐसे वनखण्ड से प्रकाशित चित्र में लिखित वसन्त को सद्भावस्थापनाकाल और मणिभेद व मिट्टी के ठीकरों आदि में 'यह वसन्त है' इस प्रकार की बुद्धि से की जानेवाली स्थापना को असद्भावस्थापना-काल कहा है।

नोआगमद्रव्यकाल के प्रसंग में तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यकाल का स्वरूप बतलाते हुए धवला में उल्लेख है कि दो गन्ध, पाँच रस, आठ स्पर्श और पाँच वर्ण से रहित होकर जो कुम्हार के चाक के नीचे की शिल के समान वर्तनास्वरूप है उसे तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्य-काल कहा जाता है, तथा वह लोकाकाश के प्रमाण है।

उसी प्रसंग में विशेष रूप से यह भी स्पष्ट कर दिया है कि जीवस्थानादि में चूँकि द्रव्यकाल की प्ररूपणा नहीं की गयी है, इसलिए उसका सद्भाव ही नहीं है; ऐसा नहीं कहा जा सकता। जीवस्थानादि में उसकी प्ररूपणा न करने का कारण वहाँ छह द्रव्यों का प्ररूपणाविषयक अधि-कार का न होना है। इसलिए 'द्रव्यकाल का अस्तित्व है', ऐसा ग्रहण करना चाहिए।

नोआगमभावकाल के स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा गया है कि द्रव्यकाल के निमित्त से जो परिणाम (परिणमन) होता है उसे नोआगमभावकाल कहते हैं।

यहाँ नोआगमभावकाल को प्रसंगप्राप्त कहा गया है। यह नोआगमभावकाल समय, आवली व क्षण आदि स्वरूप है। समय के स्वरूप को प्रकट करते हुए कहा गया है कि एक परमाणु जितने काल में दूसरे परमाणु का अतिक्रमण करता है उसका नाम समय है। पुनश्च परमाणु जितने काल में चौदह राजु प्रमाण आकाश प्रदेशों का अतिक्रमण कर सकता है, उतने ही काल में वह मन्दगति से एक परमाणु से दूसरे परमाणु का भी अतिक्रमण करता है। उसके इतने काल को समय कहा गया है।

यहाँ यह शंका की गयी है कि पुद्गलपरिणामस्वरूप इन समय, आवली आदि को काल कैसे कहा जा सकता है। इसके समाधान में 'कल्यन्ते संख्यायन्ते कर्म-भव-कायायुस्थितयोऽनेनेति कालशब्दव्युत्पत्तेः' ऐसी 'काल' शब्द की निरुक्ति के अनुसार कहा गया है कि उसके आश्रय से कर्म, भव, आयुस्थिति आदि की संख्या की जाती है, इसलिए उसे काल कहा जाता है। इसके पूर्व वहाँ यह भी कहा जा चुका है कि कार्य में कारण के उपचार से उसे काल कहा गया है। काल, समय और अद्धा ये समानार्थक शब्द हैं। आगे धवला में कुछ काल विभागों का स्पष्टी-करण इस प्रकार से किया गया है—

असंख्यात समयों की एक **आवली** होती है। तत्प्रायोग्य असंख्यात आवलियों का एक **उच्छ्वास-निःश्वास** होता है। सात उच्छ्वासों का **स्तोक** होता है। सात स्तोकों का **लव** होता है। साढ़े अड़तीस लवों की **नाली** होती है। दो नालियों का **मुहूर्त** होता है। तीस मुहूर्तों का **दिवस** होता है। पन्द्रह दिवसों का **पक्ष** होता है। दो पक्षों का **मास** होता है। बारह मासों का **वर्ष** और पाँच वर्षों का **युग** होता है। धवला में कल्पकाल तक इसी क्रम से काल-विभागों के प्रमाण के कहने की प्रेरणा कर दी गयी है।[1]

---

१. इस सबके लिए देखिए धवला पु०४, पृ०३१३-२०। (जिज्ञासुजन कल्पकाल तक के काल-विभागों को तिलोयपण्णत्ती ४; २८४-३०८ गाथाओं में देख सकते हैं। तुलनात्मक अध्ययन के लिए ति० प० २, की प्रस्तावना पृ० ८० और परिशिष्ट पृ० ९९७-९८ द्रष्टव्य हैं।)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

यहाँ प्रसंगप्राप्त मुहूर्त में दो श्लोकों के आश्रय से ३७७३ उच्छ्वासों का तथा ५११० निमेषों का भी उल्लेख है।

तीस मुहूर्तों का दिवस होता है, यह पहले कहा जा चुका है। वे मुहूर्त कौन से हैं, इसे स्पष्ट करते हुए धवला में किन्हीं प्राचीन श्लोकों के आधार से दिन के १५ और रात्रि के १५ मुहूर्त के नामों का निर्देश इस प्रकार किया गया है[1]—

दिनमुहूर्त—१. रौद्र, २. श्वेत, ३. मैत्र, ४. सारभट, ५. दैत्य, ६. वैरोचन, ७. वैश्वदेव, ८. अभिजित्, ९. रोहण, १०. बल, ११. विजय, १२. नैऋत्य, १३. वारुण, १४. अर्यमन् और १५. भाग्य।

रात्रिमुहूर्त—१. सावित्र, २. धुर्य, ३. दानक, ४ यम, ५. वायु, ६. हुताशन, ८. भानु, ७. वैजयन्त, ९. सिद्धार्थ, १०. सिद्धसेन, ११. विक्षोभ, १२. योग्य, १३. पुष्पदन्त, १४. सुगन्धर्व और १५. अरुण।

आगे एक अन्य श्लोक के आश्रय से यह अभिप्राय व्यक्त किया है कि रात और दिन दोनों का समय और मुहूर्त समान माने गये हैं। पर कभी (उत्तरायण में) छह मुहूर्त दिन को प्राप्त होते हैं और कभी (दक्षिणायन में) वे रात को प्राप्त होते हैं। इस प्रकार उत्तरायण में दिन का प्रमाण अठारह (१२+६) मुहूर्त और रात का प्रमाण बारह मुहूर्त होता है। इसके विपरीत दक्षिणायन में रात का प्रमाण अठारह मुहूर्त और दिन का प्रमाण बारह मुहूर्त हो जाता है। इस प्रकार दिन के तीन मुहूर्त यदि कभी रात्रि में सम्मिलित हो जाते हैं तो कभी रात्रि के तीन मुहूर्त दिन में सम्मिलित हो जाते हैं।

इसी प्रसंग में आगे धवला में 'दिवसानां नामानि' ऐसी सूचनापूर्वक एक अन्य श्लोक के द्वारा तिथियों के इन पाँच नामों का निर्देश है—नन्दा, भद्रा, जया, रिक्ता और पूर्णा। यथाक्रम से इनके ये देवता भी वहाँ निर्दिष्ट हैं—चन्द्र, सूर्य, इन्द्र, आकाश और धर्म। उन तिथियों का प्रारम्भ प्रतिपदा से होता है। जैसे—प्रतिपदा का नाम नन्दा, द्वितीया का नाम भद्रा, तृतीया का नाम जया, चतुर्थी का नाम रिक्ता, पंचमी का नाम पूर्णा, पुनः परिवर्तित होकर षष्ठी का नाम नन्दा, सप्तमी का जया, अष्टमी का भद्रा, इत्यादि। तदनुसार प्रतिपदा, षष्ठी और एकादशी इन तीन तिथियों को नन्दा; द्वितीया, सप्तमी और द्वादशी को भद्रा, तृतीया, अष्टमी और त्रयोदशी इन तीन को जया; चतुर्थी, नवमी और चतुर्दशी को रिक्ता; तथा पंचमी, दशमी और पूर्णिमा को पूर्णा तिथि कहा जाता है।[2]

निर्देश-स्वामित्व आदि के क्रम से कालविषयक विचार

धवलाकार ने प्रसंगप्राप्त विषय का विचार प्रायः निर्देश, स्वामित्व, साधन, अधिकरण,

---

१. ये चारों श्लोक सिंहसूरर्षि विरचित लोकविभाग में प्रायः उसी रूप में उपलब्ध होते हैं। देखिए लो०वि० ६; १९७-२००; ज्योतिष्करण्डक की मलयगिरि विरचित वृत्ति में जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति की तीन गाथाओं को उद्धृत करते हुए ३० मुहूर्तों के नामों का उल्लेख किया गया है, जिनमें कुछ समान हैं। देखिए ज्यो०क०मलय०वृत्ति ५२-५३

२. इस मुहूर्त आदिरूप काल की विशेषता के परिज्ञानार्थ धवला पु० ४, पृ० ३१८-१९ द्रष्टव्य हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

स्थिति और विधान इन छह अधिकारों में किया है। तदनुसार ऊपर जो विवक्षित काल के स्वरूप को बतलाया है वह 'निर्देश' रूप है।

स्वामित्व—काल का स्वामी कौन है, इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा है कि वह जीव और पुद्गलों का है; क्योंकि वह इन दोनों के परिणामस्वरूप है। विकल्प रूप में आगे यह भी कहा गया है -- अथवा वह परिभ्रमशील सूर्यमण्डल का है, क्योंकि उसके उदय और अस्तगमन से दिवस आदि उत्पन्न होते हैं।

साधन--काल किसके द्वारा निरूपित है, इस प्रकार उसके साधन या कारण को प्रकट करते हुए कहा है कि वह परमार्थकाल से उत्पन्न होता है, अर्थात् उसका कारण परमार्थ या निश्चयकाल है।

अधिकरण—वह काल कहाँ पर है, इस प्रकार आधार को स्पष्ट करते हुए कहा है कि वह त्रिकालवर्ती अनन्त पर्यायों से परिपूर्ण मानुषक्षेत्रगत प्रत्येक सूर्यमण्डल में है।

यहाँ यह शंका उत्पन्न हुई कि यदि काल मानुषक्षेत्रगत सूर्यमण्डल में ही अवस्थित है तो तो यव (जौ) राशि के समान समय स्वरूप से अवस्थित और स्व-पर-प्रकाश का कारणभूत वह काल दीपक के समान छह द्रव्यों के परिणामों को कैसे प्रकाशित कर सकता है, जबकि वह समस्त पुद्गलों से अनन्तगुणा है। इस शंका के समाधान में धवलाकार ने कहा है कि जिस प्रकार प्रस्थ (मापविशेष) मापे जानेवाले धान्य आदि से पृथक् रहकर भी उनको मापता है उसी प्रकार काल भी छह द्रव्यों से पृथक् रहकर उनके परिणमन को प्रकाशित करता है। अभिप्राय यह है कि वह स्वयं अपने परिणमन का और अन्य पदार्थों के भी परिणमन का कारण है। जैसे दीपक स्वयं को प्रकाशित करता है और अन्य पदार्थों को भी। इस प्रकार अनवस्था दोष का प्रसंग नहीं प्राप्त होता है,अन्यथा स्व-पर-प्रकाशक दीपक के साथ व्यभिचार अनिवार्य होगा।

देवलोक में काल के न होने पर भी यहीं के काल से वहाँ काल का व्यवहार होता है।

एक शंका वहाँ यह भी की गयी है कि काल जब जीवों और पुद्गलों का परिमाण है तब केवल मानुषक्षेत्रगत सूर्यमण्डल में स्थित न होकर उसे समस्त जीवों और पुद्गलों में स्थित होना चाहिए। इसका समाधान करते हुए कहा गया है कि लोक में व आगम में वैसा व्यवहार नहीं है। काल का व्यवहार केवल अनादिनिधन सूर्यमण्डल की क्रियाजनित द्रव्यों के परिणामों में ही प्रवृत्त है। अतः यहाँ किसी प्रकार के दोष की सम्भावना नहीं है।

स्थिति--काल कितने समय तक रहता है, इसका विचार करते हुए धवला में कहा है कि वह अनादि व अपर्यवसित है। इस प्रसंग में शंकाकार ने काल का काल उससे भिन्न है या अभिन्न, इन दो विकल्पों को उठाते हुए उनके निराकरणपूर्वक काल से काल का निर्देश असंगत ठहराया है। उसके इस अभिमत का निराकरण कर धवला में कहा है कि अन्य सूर्यमण्डल में स्थित काल द्वारा उससे पृथग्भूत सूर्यमण्डल में स्थित काल का निर्देश सम्भव है। अथवा उससे उसके अभिन्न होने पर भी काल से काल का निर्देश सम्भव है। जैसे—'घट का भाव' और 'शिलापुत्रक का शरीर' इन उदाहरणों में घट से अभिन्न उसके भाव में और शिलापुत्रक से अभिन्न उसके शरीर में भेद का व्यवहार देखा जाता है।

विधान--काल कितने प्रकार का है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि सामान्य से काल एक ही प्रकार का है। वही अतीत, अनागत और वर्तमान के भेद से तीन प्रकार का है। अथवा गुणस्थितिकाल, भवस्थितिकाल, कर्मस्थितिकाल, कायस्थितिकाल, उपपादकाल और

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

भावस्थितिकाल के भेद से वह छह प्रकार का भी है। अथवा परिणामों के अनन्त होने से उन से अभिन्न वह अनेक प्रकार भी है (धवला ४, पृ० ३१३-३२२)।

ओघ की अपेक्षा काल-प्ररूपणा

सूत्रकार द्वारा प्रथमतः ओघ की अपेक्षा काल की प्ररूपणा की गयी है। तदनुसार यहाँ सर्वप्रथम मिथ्यादृष्टियों के काल की प्ररूपणा करते हुए नाना जीवों की अपेक्षा उनका काल समस्त काल निर्दिष्ट किया गया है। कारण यह कि नाना जीवों की अपेक्षा वे सदा विद्यमान रहते हैं—उनका कभी अभाव सम्भव नहीं है।

एक जीव की अपेक्षा उनका काल अनादि-अपर्यवसित, अनादि-सपर्यवसित और सादि-सपर्यवसित कहा गया है (सूत्र १,५, २-३)।

इसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने अभव्य मिथ्यादृष्टियों के काल को अनादि-अपर्यवसित बतलाया है, क्योंकि उनके मिथ्यात्व का आदि, अन्त और मध्य नहीं है। भव्य मिथ्यादृष्टियों का मिथ्यात्व अनादि होकर भी विनष्ट हो जानेवाला है। उन्हें लक्ष्य में रखकर सूत्र में उस मिथ्यात्व का काल अनादि-सपर्यवसित भी निर्दिष्ट किया गया है। धवला में इसके लिए वर्धन-कुमार का उदाहरण दिया गया है। अन्य किन्हीं भव्यों के मिथ्यात्व का काल सादि-सपर्यवसित भी कहा गया है; जैसे कृष्ण आदि के मिथ्यात्व का काल।

यह सादि-सपर्यवसित मिथ्यात्व का काल जघन्य और उत्कृष्ट के भेद से दो प्रकार का है। इनमें जघन्य काल उसका अन्तर्मुहूर्त मात्र है। धवला में यह उदाहरण भी दिया है—कोई एक सम्यग्मिथ्यादृष्टि, असंयत सम्यग्दृष्टि, संयतासंयत अथवा प्रमत्तसंयत परिणामवश मिथ्यात्व को प्राप्त हुआ। वह सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्त काल उस मिथ्यात्व के साथ रहकर फिर से सम्यग्मिथ्यात्व, असंयम के साथ सम्यक्त्व, संयमासंयम अथवा अप्रमत्तभाव के साथ संयम को प्राप्त हो गया। इस प्रकार से उस मिथ्यात्व का जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त प्राप्त हो जाता है।[1]

सूत्र (१,५,४) में उस मिथ्यात्व का उत्कृष्ट काल कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तन प्रमाण कहा है। इसकी व्याख्या में धवलाकार ने पुद्गलपरिवर्तन के स्वरूप को बतलाते हुए परिवर्तन के ये पाँच भेद निर्दिष्ट किये हैं—द्रव्यपरिवर्तन, क्षेत्रपरिवर्तन, कालपरिवर्तन भवपरिवर्तन, और भावपरिवर्तन। इनमें द्रव्यपरिवर्तन नोकर्मपुद्गलपरिवर्तन और कर्मपुद्गलपरिवर्तन के भेद से दो प्रकार का है। प्रकृत में इस नोकर्म व कर्मरूप पुद्गलपरिवर्तन की विवक्षा रही है। पुद्गलपरिवर्तनकाल तीन प्रकार का है - अगृहीतग्रहणकाल, गृहीतग्रहणकाल और मिश्रग्रहण-काल। विवक्षित पुद्गलपरिवर्तन के भीतर सर्वथा अगृहीत पुद्गलों के ग्रहण का जो काल है वह अगृहीतकाल कहलाता है। उसी विवक्षित पुद्गलपरिवर्तन के भीतर गृहीत पुद्गलों के ग्रहण-काल को गृहीतग्रहणकाल कहते हैं। यहीं पर कुछ गृहीत और कुछ अगृहीत दोनों प्रकार के पुद्गलों के ग्रहणकाल को मिश्रग्रहणकाल कहा गया है। इस पुद्गलपरिवर्तन को पूरा करने में जीव किस प्रकार से गृहीत, अगृहीत और मिश्र पुद्गलों को ग्रहण किया करता है, इसका धवला में विस्तार से विवेचन है। इसी प्रसंग में वहाँ अगृहीतग्रहणकाल आदि के अल्पबहुत्व का भी निरूपण है।[2]

---

१. धवला पु० ४, पृ० ३२३-२५
२. वही, पृ० ३२५-३२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

क्षेत्रपरिवर्तन आदि शेष चार परिवर्तनों के बाद धवला में कुछ गाथाओं को[1] उद्धृत करते हुए पुद्गलपरिवर्तन आदि के वारों और उनके कालविषयक अल्पबहुत्व का भी निरूपण है। यथा—अतीतकाल में एक जीव के भावपरिवर्तनवार सबसे स्तोक हैं, उनसे भवपरिवर्तनवार अनन्तगुणे है, उनसे कालपरिवर्तनवार अनन्तगुणे हैं, उनसे क्षेत्रपरिवर्तनवार अनन्तगुणे हैं, उनसे पुद्गलपरिवर्तनवार अनन्तगुणे हैं।

पुद्गलपरिवर्तन का काल सब में स्तोक है, क्षेत्रपरिवर्तन का काल उससे अनन्तगुणा है, कालपरिवर्तन का काल उससे अनन्तगुणा है, भवपरिवर्तन का काल उससे अनन्तगुणा है और भावपरिवर्तन का काल उससे अनन्तगुणा है।

उपर्युक्त पुद्गलपरिवर्तन का कुछ कम आधा उस सादि-सपर्यवसित मिथ्यादृष्टि का उत्कृष्ट काल है। उसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा है कि कोई एक अनादि मिथ्यादृष्टि अपरीत (अपरिमित) संसारी जीव अधःप्रवृत्त, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण को करके सम्यक्त्व को प्राप्त हुआ। उस सम्यक्त्व के प्रभाव से उसने उसके ग्रहण करने के प्रथम समय में ही पूर्वोक्त अपरीत संसार को पुद्गलपरिवर्तन के अर्धभाग प्रमाण परिमित संसार कर दिया। अब वह अधिक-से-अधिक इतने काल ही संसारी रहनेवाला है। वैसे उसका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त भी सम्भव है, पर प्रसंग यहाँ उत्कृष्टकाल का है। सम्यक्त्वग्रहण के प्रथम समय में उसका मिथ्यात्व नष्ट हो गया। वह सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्तकाल उपशमसम्यग्दृष्टि रहकर मिथ्यात्व को पुनः प्राप्त हो गया। अब वह सम्यक्त्व पर्याय के नष्ट हो जाने से सादि मिथ्यादृष्टि हो गया। पश्चात् वह इस मिथ्यात्व पर्याय के साथ कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तन प्रमाण परिभ्रमण करके अन्तिम भव में मनुष्यों में उत्पन्न हुआ। अन्तर्मुहूर्तमात्र संसार के शेष रह जाने पर वह पुनः तीन कारणों को करके सम्यक्त्व को प्राप्त हुआ (२)। फिर वेदकसम्यग्दृष्टि हो गया (३)। अन्तर्मुहूर्त में उसने अनन्तानुबन्धी का विसंयोजन किया (४)। तत्पश्चात् दर्शनमोहनीय का क्षय किया (५), अनन्तर वह अप्रमत्तसंयत होकर (६), तथा हजारों बार प्रमत्त-अप्रमत्तसंयत गुणस्थान में परिवर्तन करके (७), क्षपकश्रेणि पर आरूढ़ होता हुआ अप्रमत्तगुणस्थान में अधःप्रवृत्त विशुद्धि से विशुद्ध हुआ (८)। तत्पश्चात् क्रम से अपूर्वकरण (९), अनिवृत्तिकरण, (१०), सूक्ष्मसाम्परायसंयत क्षपक (११), क्षीणकषाय (१२), सयोगिजिन (१३), और अयोगि-जिन होकर मुक्त हो गया (१४)। इस प्रकार सम्यक्त्व से सम्बद्ध इन चौदह अन्तर्मुहूर्तों से कम अर्धपुद्गलपरिवर्तन प्रमाण सादि-सपर्यवसित मिथ्यात्व का उत्कृष्टकाल प्राप्त होता है।[2]

यहाँ यह शंका उठायी गयी है कि 'मिथ्यात्व' यह पर्याय है और पर्याय में उत्पाद और व्यय दो ही होते हैं, स्थिति उसकी सम्भव नहीं है। और यदि उसकी स्थिति को भी स्वीकार किया जाता है तो फिर उस मिथ्यात्व के द्रव्यरूपता का प्रसंग प्राप्त होता है, क्योंकि आगम के अनुसार उपपाद, व्यय और स्थिति इन तीनों का रहना द्रव्य का लक्षण है। इस शंका का समा-धान करते हुए धवलाकार ने कहा है कि जो एक साथ उन तीनों से युक्त होता है वह द्रव्य है,

---

१. धवला पु० ४, पृ० ३३-३४; पाँच परिवर्तनों की प्ररूपक ये गाथाएँ उन परिवर्तनों के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए सर्वार्थसिद्धि (२-१०) में भी उद्धृत की गयी हैं। भव और भाव परिवर्तनों से सम्बद्ध गाथाओं में थोड़ा-सा पाठभेद है।

२. धवला पु० ४, पृ० ३३-३६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

किन्तु जो क्रम से उत्पाद, स्थिति और व्यय से संयुक्त होता है वह पर्याय है। इस पर पुनः यह शंका उत्पन्न हुई है कि ऐसा मानने पर पृथिवी, जल, तेज और वायु के भी पर्यायरूपता का प्रसंग प्राप्त होता है। इसके उत्तर में वहाँ कहा गया है कि वैसा मानने पर यदि उक्त पृथिवी आदि के पर्यायरूपता प्राप्त होती है तो हो, यह तो इष्ट ही है। इस पर यदि यह कहा जाय कि लोक में तो उनके विषय में द्रव्यरूपता का व्यवहार देखा जाता है तो इसमें भी कुछ विरोध नहीं है। कारण यह कि उनमें वैसा व्यवहार शुद्ध-अशुद्ध द्रव्यार्थिकनयों से सापेक्ष नैगमनय के आश्रय से होता है। इसे भी स्पष्ट करते हुए आगे वहाँ कहा गया है कि शुद्ध द्रव्यार्थिकनय का आलम्बन करने पर तो जीवादि छह ही द्रव्य हैं। पर अशुद्ध द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा पृथिवी आदि अनेक द्रव्य हैं, क्योंकि इस नय की विवक्षा में व्यंजन पर्याय को द्रव्य माना गया है। साथ ही, शुद्ध पर्यायार्थिकनय की प्रमुखता में पर्याय के उत्पाद और विनाश ये दो ही लक्षण हैं, पर अशुद्ध पर्यायार्थिकनय का आश्रय लेने पर क्रम से उत्पादादि तीनों भी उसके लक्षण हैं, क्योंकि वज्रशिला और स्तम्भ आदि में जो व्यंजन पर्याय है उसके उत्पाद और विनाश के साथ स्थिति भी पायी जाती है। प्रकृत में मिथ्यात्व भी व्यंजन पर्याय है, इसलिए उसके भी क्रम से उत्पाद, विनाश और स्थिति इन तीनों के रहने में कुछ विरोध नहीं है।

इसी प्रसंग में एक अन्य शंका यह भी उठायी गयी है कि भव्य के लक्षण में जो यह कहा गया है कि जिनके भविष्य में सिद्धि (मुक्तिप्राप्ति) होने वाली है वे भव्य सिद्ध हैं, तदनुसार सब भव्य जीवों का अभाव हो जाना चाहिए। और यदि ऐसा नहीं माना जाता है तो फिर भव्य जीवों का वह लक्षण विरोध को प्राप्त होता है। व्यय से सहित राशि नष्ट नहीं होती है, यह कहना भी शक्य नहीं है, क्योंकि अन्यत्र वैसा देखा नहीं जाता है।

धवलाकार के अनुसार यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि भव्य जीवराशि अनन्त है। अनन्त उसे ही कहा जाता है जो संख्यात व असंख्यात राशि का व्यय होने पर भी, अनन्त काल में भी समाप्त नहीं होता।[1] इस पर दोषोद्भावन करते हुए यह कहा गया है कि यदि व्यय सहित राशि समाप्त नहीं होती है तो व्यय से सहित जो अर्धपुद्गल परिवर्तन आदि राशियाँ हैं उनकी अनन्तरूपता नष्ट होती है। उत्तर में कहा है कि यदि अनन्तरूपता समाप्त होती है तो हो, इसमें कोई दोष नहीं है। इस पर यदि यह कहा जाय कि उनमें सूत्राचार्य के व्याख्यान से प्रसिद्ध अनन्तता का व्यवहार तो उपलब्ध होता है तो यह भी ठीक नहीं है, क्योंकि वह उपचार के आश्रित है—यथार्थ नहीं है। आगे उदाहरण द्वारा स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि जैसे प्रत्यक्ष प्रमाण से उपलब्ध स्तम्भ को ही लोकव्यवहार में उपचार से प्रत्यक्ष कहा जाता है वैसे ही अवधिज्ञान की विषयता का उल्लंघन करके जो राशियाँ हैं उन्हें भी अनन्त केवलज्ञान की विषय होने के कारण उपचार से अनन्त कहा जाता है।

प्रकारान्तर से इस शंका के समाधान में धवलाकार ने यह भी कहा है—अथवा व्यय के होने पर भी कोई राशि अक्षय (न समाप्त होनेवाली) भी है, क्योंकि सबकी उपलब्धि अपने प्रतिपक्ष के साथ ही हुआ करती है। तदनुसार व्यय की उपलब्धि भी अपने प्रतिपक्षभूत अव्यय (अक्षय) के साथ समझना चाहिए। इस प्रकार यह भव्यराशि भी अनन्त है, इसीलिए व्यय के

---

१. सते वए ण णिट्ठदि कालेणाणंतएण वि।
जो रासी सो अणंतो त्ति विणिद्दिट्ठो महेसिणा ॥—धवला पु० ४, पृ० ३३८(उद्धृत)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

होने पर भी वह अनन्त काल में भी समाप्त नहीं होती।[1]

इसी पद्धति से आगे इस ओघप्ररूपणा में सासादनसम्यग्दृष्टि आदि शेष गुणस्थानों में तथा आदेश की अपेक्षा यथाक्रम से गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं में प्रस्तुत काल की प्ररूपणा की गयी है।

६. अन्तरानुगम

अन्तर के छह भेद— यह जीवस्थान का छठा अनुयोगद्वार है। पूर्व पद्धति के अनुसार यहाँ क्रम से ओघ और आदेश की अपेक्षा अन्तर की प्ररूपणा है। यहाँ धवलाकार ने प्रथम सूत्र की व्याख्या करते हुए अन्तर के इन छह भेदों का निर्देश किया है—नाम-अन्तर, स्थापना-अन्तर, द्रव्य-अन्तर, क्षेत्र-अन्तर, काल-अन्तर और भाव-अन्तर। आगे क्रम से इनके स्वरूप और भेदों को बतलाते हुए उनमें यहाँ नोआगम भाव-अन्तर को प्रसंगप्राप्त निर्दिष्ट किया गया है। औपशमिक आदि पाँच भावों में दो भावों के मध्य में स्थित विवक्षित भागों को नोआगम भाव-अन्तर कहा जाता है। अन्तर, उच्छेद, विरह, परिणामान्तरप्राप्ति, नास्तित्वगमन और अन्यभावव्यवधान ये समानार्थक माने गये हैं। अभिप्राय यह है कि विवक्षित गुणस्थानवर्ती जीव गुणस्थानान्तर को प्राप्त होकर जितने समय में पुनः उस गुणस्थान को प्राप्त करता है उतना समय उस विवक्षित गुणस्थान का अन्तर होता है। यह अन्तर कम से कम जितना सम्भव है उसे जघन्य अन्तर और अधिक-से-अधिक जितना संभव है उसे उत्कृष्ट अन्तर कहा जाता है। प्रस्तुत अन्तरानुगम अनुयोगद्वार में इसी दो प्रकार के अन्तर का विचार नाना जीव और एक जीव की अपेक्षा से किया गया है (पु० ५, पृ० १-४)।

ओघ की अपेक्षा अन्तर

ओघ की अपेक्षा अन्तर की प्ररूपणा करते हुए सूत्रकार द्वारा सर्वप्रथम मिथ्यादृष्टियों के अन्तर के प्रसंग में नाना जीवों की अपेक्षा उनके अन्तर का अभाव प्रकट किया गया है (सूत्र १, ६,२)। अभिप्राय यह है कि मिथ्यादृष्टि जीव सदा विद्यमान रहते हैं, उनका कभी अन्तर नहीं होता।

एक जीव की अपेक्षा उनका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त मात्र और उत्कृष्ट कुछ कम दो छ्यासठ सागरोपम प्रमाण कहा गया है (१,६, ३-४)।

इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा है कि कोई एक मिथ्यादृष्टि जीव सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, संयमासंयम और संयम में अनेक बार परिवर्तित होकर परिणाम के वश सम्यक्त्व को प्राप्त हुआ। वहाँ वह सबसे हीन अन्तर्मुहूर्त काल उस सम्यक्त्व के साथ रहकर मिथ्यात्व को प्राप्त हो गया। इस प्रकार मिथ्यात्व का सबसे जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है।

यहाँ शंकाकार मिथ्यात्व के अन्तर को असम्भव बतलाते हुए कहता है कि सम्यक्त्वप्राप्ति के पूर्व जो मिथ्यात्व रहा है वही मिथ्यात्व उस सम्यक्त्व की प्राप्ति के पश्चात् सम्भव नहीं है, वह उससे भिन्न ही रहनेवाला है। अतः इन दोनों मिथ्यात्वों के भिन्न होने से मिथ्यात्व का अन्तर सम्भव नहीं है।

---

१. धवला पु० ४, पृ० ३३६-३६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इस शंका के समाधान में धवलाकार ने कहा है कि यह कहना तब संगत हो सकता था जब शुद्ध पर्यायार्थिक नय का आलम्बन लिया जाता, पर वैसा नहीं है। यहाँ जो यह अन्तर की प्ररूपणा की जा रही है वह नैगमनय के आश्रय से की जा रही है। नैगमनय सामान्य और विशेष दोनों को विषय करता है इसलिए उक्त प्रकार से दोष देना उचित नहीं है। इसे और भी स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा है कि प्रथम और अन्तिम ये दोनों मिथ्यात्व पर्यायरूप हैं जो भिन्न नहीं हैं; क्योंकि वे दोनों ही मिथ्यात्व कर्म के उदय से उत्पन्न होनेवाले आप्त, आगम और पदार्थविषयक विपरीत श्रद्धानस्वरूप हैं तथा दोनों का आधार भी वही एक जीव है। इस प्रकार से उन दोनों में समानता ही है, न कि भिन्नता। इसीलिए सूत्र में जो मिथ्यात्व का अन्तर निर्दिष्ट किया गया है उसमें कोई बाधा नहीं है।

यही अभिप्राय आगे भी इस अन्तर प्ररूपणा में सर्वत्र ग्रहण करना चाहिए।

उक्त मिथ्यात्व का जो उत्कृष्ट अन्तर दो छ्यासठ सागरोपम प्रमाण सूत्र में वर्णित है उसकी व्याख्या में धवलाकार ने उदाहरण देकर कहा है कि कोई एक तिर्यंच अथवा मनुष्य चौदह सागरोपम प्रमाण आयुस्थिति वाले लान्तव अथवा कापिष्ठ कल्पवासी देवों में उत्पन्न हुआ। वहाँ उसने एक सागरोपम काल बिताकर द्वितीय सागरोपम के प्रथम समय में सम्यक्त्व को प्राप्त कर लिया। वहाँ वह शेष तेरह सागरोपम काल तक उस सम्यक्त्व के साथ रहकर वहाँ से च्युत हुआ और मनुष्य उत्पन्न हुआ। वहाँ संयम या संयमासंयम का परिपालन कर अन्त में मनुष्यायु से कम बाईस सागरोपम आयुवाले आरण-अच्युत कल्प के देवों में उत्पन्न हुआ। वहाँ से च्युत होकर मनुष्य उत्पन्न हुआ। वहाँ संयम का परिपालन कर उपरिम ग्रैवेयक के देवों में इस मनुष्यायु से हीन इकतीस सागरोपम प्रमाण आयुस्थिति के साथ उत्पन्न हुआ। पश्चात् वह अन्तर्मुहूर्त कम पूर्वोक्त छ्यासठ (१३ + २२ + ३१ = ६६) सागरोपम के अन्त में परिणाम के वश सम्यग्मिथ्यात्व को प्राप्त हुआ। उसमें अन्तर्मुहूर्त रहकर उसने पुनः सम्यक्त्व को प्राप्त कर लिया व विश्राम के पश्चात् वहाँ से च्युत होकर मनुष्य उत्पन्न हुआ। वहाँ संयम अथवा संयमासंयम का पालन कर वह मनुष्यायु से कम बीस सागरोपम आयुस्थिति वाले देवों में उत्पन्न हुआ। तत्पश्चात् यथाक्रम से वह मनुष्यायु से कम बाईस और चौबीस सागरोपम प्रमाण आयुवाले देवों में उत्पन्न हुआ। इस क्रम से अन्तर्मुहूर्त कम दो छ्यासठ (६६ + २० + २२ + २४ = १३२) सागरोपमों के अन्तिम समय में वह मिथ्यात्व को प्राप्त हुआ। इस प्रकार से मिथ्यात्व का वह उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कम दो छ्यासठ सागरोपम प्रमाण प्राप्त हो जाता है।

धवलाकार ने यहाँ यह स्पष्ट कर दिया है कि यह उत्पत्ति का क्रम अव्युत्पन्न जनों के समझाने के लिए है। यथार्थ में तो जिस किसी भी प्रकार से दो छ्यासठ सागरोपमों को पूरा किया जा सकता है।[1]

इसी पद्धति से आगे इस ओघ प्ररूपणा में सासादनसम्यग्दृष्टि व सम्यग्मिथ्यादृष्टि आदि शेष गुणस्थानों में तथा आदेश की अपेक्षा क्रम से गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं में भी प्रस्तुत अन्तर की प्ररूपणा की गयी है। आवश्यकतानुसार धवला में यथावसर उसका स्पष्टीकरण है।

---

१. धवला पु० ५, पृ० ५-७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

यहाँ यह स्मरणीय है कि प्रस्तुत अन्तरानुगम अनुयोगद्वार में नाना जीवों की अपेक्षा जिन गुणस्थानवर्ती जीवों के अन्तर का अभाव निर्दिष्ट है उनका कभी अन्तर उपलब्ध नहीं होता—उनका सदा सद्भाव बना रहता है। जैसे, नाना जीवों की अपेक्षा उपर्युक्त मिथ्यादृष्टि जीवों के अन्तर का अभाव। ऐसे अन्य गुणस्थान ये भी हैं—असंयतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत, प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत (सूत्र ६) तथा सयोगिकेवली (सूत्र १६)।

मार्गणाओं में ये आठ सान्तर मार्गणाएँ हैं[1], जिनमें नाना जीवों की अपेक्षा अन्तर उपलब्ध होता है—

१. गतिमार्गणा में लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्यों का नाना जीवों की अपेक्षा जघन्य से एक समय और उत्कर्ष से पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्र अन्तर होता है (सूत्र ७८-७९)।

२-४. योगमार्गणा में वैक्रियिकमिश्र (सूत्र १७०-७१) और आहारक-आहारकमिश्र (सूत्र १७४-७५)। नाना जीवों की अपेक्षा इनका जघन्य व उत्कृष्ट अन्तर क्रम से एक समय व बारह मुहूर्त तथा एक समय व वर्षपृथक्त्व मात्र होता है।

५. संयममार्गणा में सूक्ष्मसाम्परायसंयत उपशामक (२७२-७३)। इनका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट वर्षपृथक्त्व मात्र अन्तर होता है।

६. सम्यक्त्व मार्गणा के अन्तर्गत उपशमसम्यग्दृष्टियों में असंयतसम्यग्दृष्टियों का अन्तर जघन्य से एक समय व उत्कर्ष से सात रात-दिन (सूत्र ३५६-५७), संयतासंयतों का यह अन्तर जघन्य से एक समय व उत्कर्ष से चौदह रात-दिन (३६०-६१), प्रमत्त-अप्रमत्तसंयतों का जघन्य से एक समय व उत्कर्ष से पन्द्रह रात-दिन (सूत्र ३६४-६५), तीन उपशामकों का जघन्य से एक समय व उत्कर्ष से वर्षपृथक्त्व (सूत्र ३६८-६९) तथा उपशान्तकषाय-वीतराग-छद्मस्थों का जघन्य से एक समय व उत्कर्ष से वर्षपृथक्त्व (सूत्र ३७२-७३) होता है।

७-८. सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टियों का अन्तर जघन्य से एक समय और उत्कर्ष से पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्र होता है (सूत्र ३७५-७६)।

७. भावानुगम

यह जीवस्थान का सातवाँ अनुयोगद्वार है। जैसाकि नाम से ही जाना जाता है, इसमें औपशमिकादि पाँच भावों की प्ररूपणा की गयी है। प्रथम सूत्र की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने भाव के इन चार भेदों का निर्देश किया है—नामभाव, स्थापनाभाव, द्रव्यभाव और भावभाव। इनके स्वरूप व अवान्तर भेदों का उल्लेख करते हुए धवला में तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्य भाव सचित्त, अचित्त और मिश्र के भेद से तीन प्रकार का कहा गया है। इनमें जीवद्रव्य को सचित्त, पुद्गल आदि पाँच द्रव्यों को अचित्त और कथंचित् जात्यन्तररूपता को प्राप्त पुद्गल व जीव द्रव्यों के संयोग को मिश्रनोआगमद्रव्यभाव कहा है। भावभाव दो प्रकार का है—आगमभावभाव और नोआगमभावभाव। इनमें नोआगमभावभाव पाँच प्रकार का है—औदयिक, औपशमिक,

---

१. उवसम-सुहुमाहारे वेगुव्वियमिस्स-णरअपज्जत्ते।
सासणसम्मे मिस्से सान्तरगा मग्गणा अट्ठ॥
सत्तदिणा छम्मासा वासपुधत्तं च बारस मुहुत्ता।
पल्लासंखं तिण्णं वरमवरं एगसमयो दु॥—गो०जी०, १४२-४३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

क्षायिक, क्षायोपशमिक और पारिणामिक। धवला में क्रम से इन पाँचों भावों के स्वरूप को भी स्पष्ट कर दिया गया है।

उपर्युक्त नामादि चार भावों में यहाँ नोआगमभावभाव प्रसंगप्राप्त है। इस नोआगमभावभाव के जो यहाँ औदयिकादि पाँच भेद निर्दिष्ट किये गये हैं उन्हीं का प्रकृत में प्रयोजन है। कारण यह है कि जीवों में वे पाँचों ही भाव पाये जाते हैं, शेष द्रव्यों में वे पाँच भाव नहीं हैं। इसे स्पष्ट करते हुए आगे कहा है कि शेष द्रव्यों में से पुद्गल द्रव्यों में औदयिक और पारिणामिक ये दो भाव ही उपलब्ध होते हैं। इसके अतिरिक्त धर्म, अधर्म, काल और आकाश इन चार द्रव्यों में एक पारिणामिक भाव ही पाया जाता है।[1]

पूर्व पद्धति के अनुसार धवला में प्रस्तुत भाव का व्याख्यान भी निर्देश-स्वामित्व आदि के क्रम से किया है।

निर्देश—यहाँ भाव के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि द्रव्य के परिणाम को भाव कहते हैं, अथवा पूर्वापर कोटि से भिन्न वर्तमान पर्याय से उपलक्षित द्रव्य को भाव समझना चाहिए।

स्वामित्व—इस प्रसंग में प्रथम तो यह कहा गया है कि भाव के स्वामी छहों द्रव्य हैं। तत्पश्चात् प्रकारान्तर से यह भी कह दिया है—अथवा भाव का स्वामी कोई नहीं है, क्योंकि संग्रहनय की अपेक्षा परिणामी और परिणाम में कोई भेद नहीं है।

साधन—भावों के कारण को स्पष्ट करते हुए कहा गया कि वे कर्मों के उदय, क्षय, क्षयोपशम, उपशम अथवा स्वभाव से उत्पन्न होते हैं। जैसे—जीवद्रव्य के भाव तो उपर्युक्त पाँचों कारणों से उत्पन्न होते हैं, पर पुद्गलद्रव्य के भाव कर्मोदय से अथवा स्वभाव से उत्पन्न होते हैं। शेष धर्मादि चार द्रव्यों के भाव स्वभाव से उत्पन्न होते हैं।

अधिकरण—इसके प्रसंग में कहा गया है कि वे भाव द्रव्य में ही रहते हैं, क्योंकि गुणी को छोड़कर गुणों का अन्यत्र कहीं रहना सम्भव नहीं है।

काल—भावों के काल को स्पष्ट करते हुए उसे अनादि-अपर्यवसित, अनादि-सपर्यवसित, सादि-अपर्यवसित और सादि-सपर्यवसित कहा गया है। जैसे—अभव्य जीवों का असिद्धत्व, धर्मद्रव्य का गतिहेतुत्व, अधर्म द्रव्य का स्थितिहेतुत्व, आकाश का अवगाहन-स्वभाव और काल-द्रव्य का परिणामहेतुत्व इत्यादि भाव अनादि-अपर्यवसित हैं। भव्य जीवों के असिद्धत्व, भव्यत्व, मिथ्यात्व और असंयम इत्यादि भाव अनादि-सपर्यवसित हैं। केवलज्ञान व केवलदर्शन आदि भाव सादि-अपर्यवसित हैं। सम्यक्त्व व संयम को प्राप्त करके पीछे पुनः मिथ्यात्व व असंयम को प्राप्त होनेवाले जीवों का मिथ्यात्व व असंयम भाव सादि-सपर्यवसित है।

विधान—इसके प्रसंग में यहाँ पूर्वोक्त औदयिक आदि पाँच भावों का उल्लेख पुनः किया गया है। आगे इनके अवान्तर भेदों का भी उल्लेख है। यथा—जीवद्रव्य का औदयिक भाव स्थान की अपेक्षा आठ प्रकार का और विकल्प की अपेक्षा इक्कीस प्रकार का है। स्थान का अर्थ उत्पत्ति का हेतु है। इसे स्पष्ट करते हुए धवला में एक गाथा उद्धृत की गयी है, जिसका अभिप्राय यह है—गति, लिंग, कषाय, मिथ्यादर्शन, असिद्धत्व, अज्ञान, लेश्या और असंयम ये आठ उदय के स्थान हैं। इनमें गति चार प्रकार की, लिंग तीन प्रकार का, कषाय चार प्रकार

---

१. धवला पु० ५, पृ० १८३-८६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

की, मिथ्यादर्शन एक प्रकार का, असिद्धत्व एक प्रकार का, अज्ञान एक प्रकार का, लेश्या छह प्रकार की और असंयम एक प्रकार का है। ये सब मिलकर इक्कीस भेद हो जाते हैं।

इसी प्रकार आगे औपशमिक आदि शेष चार जीवभावों के भेदों का निर्देश भी स्थान और विकल्प की अपेक्षा किया गया है, जो प्रायः तत्त्वार्थसूत्र (२,२-७) के समान है। विशेषता यह रही है कि यहाँ स्थान की अपेक्षा भी भावों के निर्देश किया गया है, जबकि तत्त्वार्थसूत्र में सामान्य से ही उनके भेदों का उल्लेख है। यहाँ धवला में स्थान और विकल्प की अपेक्षा जो उन भावभेदों का उल्लेख है उनकी आधार प्राचीन गाथाएँ रही हैं, धवलाकार ने उन्हें यथाप्रसंग उद्धृत भी कर दिया है।

आगे वहाँ 'अथवा' कहकर सांनिपातिक की अपेक्षा छत्तीस भंगों का निर्देश है। सांनिपातिक का स्वरूप स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि जिस गुणस्थान अथवा जीवसमास में जिन बहुत से भावों का संयोग होता है उन भावों का नाम सांनिपातिक है। आगे एक, दो, तीन, चार और पाँच भावों के संयोग से होनेवाले भंगों की प्ररूपणा की जाती है, ऐसी सूचना करते हुए एकसंयोगी भंग को इस प्रकार प्रकट किया गया है—मिथ्यादृष्टि और असंयत यह औदयिकभाव का एक संयोगी भंग है। अभिप्राय यह है कि मिथ्यादृष्टि गुणस्थान में ये दोनों भाव होते हैं। इनमें दर्शनमोहनीय के उदय से मिथ्यात्व होता है और संयमघाती कर्मों के उदय से असंयत भाव होता है। इस प्रकार ये दोनों औदयिक भाव हैं, जिनका संयोग मिथ्यादृष्टि गुणस्थान में देखा जाता है। इस प्रकार यह एकसंयोगी भंग है।

आगे धवला में यह सूचना कर दी गयी है कि इसी क्रम से सब विकल्पों की प्ररूपणा कर लेना चाहिए।[1]

ओघ की अपेक्षा भावप्ररूपणा

प्रस्तुत भावों की ओघ की अपेक्षा प्ररूपणा करते हुए सूत्र (१,७,२) में मिथ्यात्व को औदयिक भाव निर्दिष्ट किया गया है।

इसकी व्याख्या के प्रसंग में यह शंका उठायी गयी है कि मिथ्यादृष्टि के ज्ञान, दर्शन, गति, लिंग, कषाय, भव्यत्व, अभव्यत्व आदि अन्य भी कितने ही भाव होते हैं। उनका उल्लेख सूत्र में नहीं किया गया है, अतः उनके अभाव में संसारी जीवों के अभाव का प्रसंग प्राप्त होता है। शंकाकार ने दो गाथाओं को उद्धृत करते हुए उनके द्वारा मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानों में सम्भव उन भावों के भंगों का भी निर्देश किया है।

इस शंका का समाधान करते हुए धवला में कहा है कि यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि मिथ्यादृष्टि के जो और भी भाव होते हैं सूत्र में उनका प्रतिषेध नहीं किया गया है। किन्तु मिथ्यात्व को छोड़कर जो अन्य गति-लिंग आदि उसके साधारण भाव रहते हैं वे मिथ्यादृष्टित्व के कारण नहीं हैं, मिथ्यात्व का उदय ही एक मिथ्यादृष्टित्व का कारण है, इसीलिए 'मिथ्यादृष्टि' यह औदयिक भाव है, ऐसी सूत्र में प्ररूपणा की गयी है (पु० ६, पृ० १९४-९६)।

आगे के सूत्र (१,७,३) में सासादन सम्यग्दृष्टि भाव को पारिणामिक बतलाया गया है।

---

१. धवला पु० ५,१८७-९३ (सांनिपातिक भावों का स्पष्टीकरण तत्त्वार्थवार्तिक (२,७,२१-२४) में विस्तार से किया गया है।)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इस प्रसंग में धवला में यह शंका उपस्थित हुई है कि भाव को पारिणामिक कहना युक्ति-संगत नहीं है, क्योंकि अन्य कारणों से न उत्पन्न होनेवाले परिणाम के अस्तित्व का विरोध है। और यदि अन्य कारणों से उसकी उत्पत्ति मानी जाती है तो उसे पारिणामिक नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि जो पारिणामिक—कारण से रहित है—उसके सकारण होने का विरोध है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि जो भाव कर्मों के उदय, उपशम, क्षय और क्षयोपशम के बिना अन्य कारणों से उत्पन्न होता है उसे पारिणामिक भाव कहा जाता है, न कि अन्य कारणों से रहित को, क्योंकि कारण के बिना उत्पन्न होनेवाले किसी भी परिणाम की सम्भावना नहीं है।

यहाँ दूसरी शंका यह उठायी गयी है कि सासादनसम्यग्दृष्टिपना भी सम्यक्त्व और चारित्र के विघातक अनन्तानुबन्धिचतुष्क के उदय के बिना नहीं होता, तब वैसी स्थिति में उसे औदयिक क्यों नहीं स्वीकार किया जाता है। इसके उत्तर में धवलाकार ने लिखा है कि यह कहना सत्य है, किन्तु यहाँ वैसी विवक्षा नहीं रही है। आदि के चार गुणस्थानों के भावों की प्ररूपणा में दर्शनमोहनीय को छोड़कर शेष कर्मों की विवक्षा वहाँ नहीं रही है। चूंकि सासादन-सम्यक्त्व दर्शनमोहनीय कर्म के उदय, उपशम, क्षय और क्षयोपशम इनमें से किसी की अपेक्षा नहीं करता है, अतएव वहाँ दर्शनमोहनीय की अपेक्षा निष्कारण है। यही कारण है कि उसे पारिणामिक कहा जाता है।

इस पर यदि यह कहा जाय कि इस न्याय से तो सभी भावों के पारिणामिक होने का प्रसंग प्राप्त होता है तो वैसा कहने में कुछ दोष नहीं है, क्योंकि वह विरोध से रहित है। अन्य भावों में जो पारिणामिकता का व्यवहार नहीं किया गया है उसका कारण यह है कि सासादनसम्यक्त्व को छोड़कर अन्य कोई ऐसा भाव नहीं है जो विवक्षित कर्म से उत्पन्न न हुआ हो।[1]

आगे सूत्र (१,७,४) में क्रमबद्ध सम्यग्मिथ्यात्व को क्षायोपशमिक भाव कहा गया है।

इस प्रसंग में धवला में यह शंका की गयी है कि प्रतिबन्धक कर्म का उदय होने पर भी जो जीवगुण का अंश प्रकट रहता है उसे क्षायोपशमिक कहा जाता है। कारण कि विवक्षित कर्म में जो पूर्णतः या जीवगुण के घात करने की शक्ति है उसके अभाव को क्षय कहा जाता है। इस क्षयरूप उपशम का नाम क्षयोपशम है। इस प्रकार के क्षयोपशम के होने पर जो भाव उत्पन्न होता है उसे क्षायोपशमिक कहना चाहिए। परन्तु सम्यग्मिथ्यात्व का उदय होने पर सम्यक्त्व का लेश भी नहीं पाया जाता है। इसी से तो उस सम्यग्मिथ्यात्व को सर्वघाती कहा जाता है, इसके बिना उसके सर्वघातीपना नहीं बनता है। ऐसी परिस्थिति में उस सम्यग्मिथ्यात्व को क्षायोपशमिक कहना संगत नहीं है।

इस शंका का परिहार करते हुए धवला में कहा गया है कि सम्यग्मिथ्यात्व का उदय होने पर श्रद्धान और अश्रद्धानस्वरूप जात्यन्तरभूत मिश्र परिणाम होता है। उसमें जो श्रद्धानात्मक अंश है वह सम्यक्त्व का अवयव है जिसे सम्यग्मिथ्यात्व का उदय नष्ट नहीं करता है। इसलिए उस सम्यग्मिथ्यात्व को क्षायोपशमिक कहना असंगत नहीं है।

इस पर शंकाकार पुनः कहता है कि अश्रद्धानरूप अंश के बिना केवल श्रद्धानरूप अंश को 'सम्यग्मिथ्यात्व' नाम प्राप्त नहीं है, इसलिए सम्यग्मिथ्यात्व क्षायोपशिक भाव नहीं हो सकता

---

१. धवला पु० ५, १९६-९७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

है। इसके समाधान में यह कहा गया है कि इस प्रकार की विवक्षा में सम्यग्मिथ्यात्व भले ही क्षायोपशमिक न हो, किन्तु पूर्ण सम्यक्त्वरूप अवयवी के निराकरण और अवयवभूत सम्यक्त्वांश के अनिराकरण की अपेक्षा सम्यग्मिथ्यात्व क्षायोपशमिक व सम्यग्मिथ्यारूप द्रव्यकर्म भी सर्वघाती हो सकता है, क्योंकि जात्यन्तरस्वरूप सम्यग्मिथ्यात्व के सम्यक्त्वरूपता सम्भव नहीं है। किन्तु श्रद्धान का भाग कुछ अश्रद्धान का भाग तो नहीं हो सकता, क्योंकि श्रद्धान और अश्रद्धान के एकरूप होने का विरोध है। उसमें जो श्रद्धान का भाग है वह कर्म के उदय से नहीं उत्पन्न हुआ है, क्योंकि उसमें विपरीतता सम्भव नहीं है। उसके विषय में 'सम्यग्मिथ्यात्व' यह नाम भी असंगत नहीं है, क्योंकि जिन नामों का प्रयोग समुदाय में हुआ करता है उनकी प्रवृत्ति उसके एक देश में देखी जाती है। इससे सम्यग्मिथ्यात्व क्षायोपशमिक है, यह सिद्ध है।

किन्हीं आचार्यों का यह भी कहना है कि मिथ्यात्व के सर्वघाती स्पर्धकों के उदय-क्षय व उन्हीं के सदवस्थारूप उपशम से, सम्यक्त्व के देशघाती स्पर्धकों के उदय-क्षय व उन्हीं के सदवस्थारूप उपशम अथवा अनुदयरूप उपशम से और सम्यग्मिथ्यात्व के सर्वघाती स्पर्धकों के उदय से चूंकि वह सम्यग्मिथ्यात्व होता है, इसलिए उस सम्यग्मिथ्यात्व के क्षायोपशमिकरूपता है। इस मत का निराकरण करते हुए धवला में कहा गया है कि उनका उपर्युक्त कथन घटित नहीं होता है, क्योंकि वैसा स्वीकार करने पर मिथ्यात्व के भी क्षायोपशमिकरूपता का प्रसंग प्राप्त होता है। कारण यह है कि सम्यग्मिथ्यात्व के सर्वघाती स्पर्धकों के उदयक्षय व उन्हीं के सदवस्थारूप उपशम से, सम्यक्त्व के देशघाती स्पर्धकों के उदय-क्षय व उन्हीं के सदवस्थारूप उपशम अथवा अनुदयरूप उपशम से तथा मिथ्यात्व के सर्वघाती स्पर्धकों के उदय से मिथ्यात्व भाव की उत्पत्ति उपलब्ध होती है।[1]

इसी प्रकार से आगे सूत्रकार द्वारा जो असंयतसम्यग्दृष्टि आदि शेष गुणस्थानों और गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं में प्रस्तुत भावों की प्ररूपणा की गयी है उन सबका स्पष्टीकरण धवला में प्रसंगानुसार उसी पद्धति से किया गया है।

प्रस्तुत भावानुगम के अनुसार किस गुणस्थान में कौन से भाव सम्भव हैं, इसका दिग्दर्शन यहाँ कराया जाता है—

गुणस्थान	भाव	सूत्र
१. मिथ्यादृष्टि	औदयिक	१,७,२
२. सासादनसम्यग्दृष्टि	पारिणामिक	१,७,३
३. सम्यग्मिथ्यादृष्टि	क्षायोपशमिक	१,७,४
४. असंयतसम्यग्दृष्टि	औपशमिक, क्षायिक, क्षायोप०	१,७,५
उसका असंयतत्व	औदयिक	१,७,६
५. संयतासंयत	क्षायोपशमिक	१,७,७
६. प्रमत्तसंयत	,,	,,
७. अप्रमत्तसंयत	,,	,,
८. अपूर्वकरण उपशामक	औपशमिक	१,७,८
अपूर्वकरण क्षपक	क्षायिक	१,७,९

१. धवला पु० ५, पृ० १९८-९९

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

गुणस्थान	भाव	सूत्र
९. अनिवृत्तिकरण उपशामक	औपशमिक	१,७,८
अनिवृत्तिकरण क्षपक	क्षायिक	१,७,९
१०. सूक्ष्मसाम्परायिक-संयत		
उपशामक	औपशमिक	१,७,८
सूक्ष्मसाम्परायिक-संयत क्षपक	क्षायिक	१,७,९
११. उपशान्तकषाय	औपशमिक	१,७,८
१२. क्षीणकषाय	क्षायिक	१,७,९
१३. सयोगिकेवली	,,	,,
१४. अयोगिकेवली	,,	,,

मार्गणाओं में गतिमार्गणा (नरकगति)

१. मिथ्यादृष्टि	औदयिक	१,७,१०
२. सासादनसम्यग्दृष्टि	पारिणामिक	१,७,११
३. सम्यग्मिथ्यादृष्टि	क्षायोपशमिक	१,७,१२
४. असंयतसम्यग्दृष्टि	औपशमिक, क्षायिक व क्षायोपशमिक	१,७,१३
उसका असंयतत्व	औदयिक	१,७,१४

(द्वितीयादि पृथिवियों में क्षायिकभाव सम्भव नहीं है—सूत्र १,७,१७)

तिर्यंचगति

१. मिथ्यादृष्टि	औदयिक	१,७,१९
२. सासादनसम्यग्दृष्टि	पारिणामिक	,,
३. सम्यग्मिथ्यादृष्टि	क्षायोपशमिक	,,
४. असंयतसम्यग्दृष्टि	औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक	,,
५. संयतासंयत	क्षायोपशमिक	,,

(पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनिमतियों के क्षायिकभाव सम्भव नहीं है।— १,७,२०)

मनुष्यगति

१-१४ गुणस्थान	गुणस्थान सामान्य के समान	१,७,२२

देवगति

१-४ गुणस्थान	गुणस्थान सामान्य के समान	१,७,२३

विशेष—१. भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देव-देवियों तथा सौधर्म-ईशानकल्पवासिनी देवियों के क्षायिकभाव सम्भव नहीं है (सूत्र १,७,२४-२५)।

२. अनुदिशों से लेकर सर्वार्थसिद्धि विमान तक देवों में एक असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थान ही होता है (सूत्र १,७,२८)।

इसी पद्धति से आगे इन्द्रियादि शेष मार्गणाओं में जहाँ जितने गुणस्थान सम्भव हैं उनमें भी भावों को समझा जा सकता है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

८. अल्पबहुत्वानुगम

जीवस्थान का यह अन्तिम (८वाँ) अनुयोगद्वार है। यहाँ प्रथम सूत्र की व्याख्या करते हुए धवला में अल्पबहुत्व के ये चार भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—नामअल्पबहुत्व, स्थापनाअल्पबहुत्व, द्रव्यअल्पबहुत्व और भावअल्पबहुत्व। आगे संक्षेप में इनके स्वरूप और भेद-प्रभेदों को प्रकट करते हुए नोआगमद्रव्यअल्पबहुत्व के तीन भेदों में से तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यअल्पबहुत्व को सचित्त, अचित्त और मिश्रअल्पबहुत्व इन तीन प्रकार का निर्दिष्ट किया है। इनमें जीवद्रव्य के अल्पबहुत्व को सचित्त, शेष पाँच द्रव्यों के अल्पबहुत्व को अचित्त और दोनों के अल्पबहुत्व को मिश्र-नोआगमद्रव्यअल्पबहुत्व कहा है। इन सब में यहाँ सचित्तनोआगमद्रव्यअल्पबहुत्व का अधिकार है।

यहाँ धवलाकार ने पूर्व पद्धति के अनुसार इस अल्पबहुत्व का भी व्याख्यान निर्देश-स्वामित्व आदि के क्रम से किया है। निर्देश के प्रसंग में धवला में कहा गया है कि इसकी अपेक्षा यह तिगुना है या चौगुना, इत्यादि प्रकार की बुद्धि से ग्रहण करने योग्य जो संख्या का धर्म है वह अल्पबहुत्व कहलाता है। इस अल्पबहुत्व का स्वामी जीवद्रव्य है। अल्पबहुत्व का साधन पारिणामिक भाव है। उसका अधिकरण जीवद्रव्य है। उसकी स्थिति अनादि-अपर्यवसित है, क्योंकि सब गुणस्थानों का इसी प्रमाण से सदा अवस्थान रहता है। विधान के प्रसंग में कहा गया है कि मार्गणाओं के भेद से जितने गुणस्थानों के भेद सम्भव हैं उतने भेद अल्पबहुत्व के हैं।[1]

सूत्रकार ने अन्य अनुयोगद्वारों के समान इस अल्पबहुत्व की भी प्ररूपणा प्रथमतः ओघ की अपेक्षा मार्गणानिरपेक्ष गुणस्थानों में और तत्पश्चात् आदेश की अपेक्षा मार्गणाविशिष्ट गुणस्थानों में की है। आवश्यकतानुसार धवलाकार ने यथावसर सूत्रकार का अभिप्राय भी स्पष्ट कर दिया है। विस्तारपूर्वक स्पष्टीकरण की यहाँ आवश्यकता नहीं हुई है। उदाहरण के रूप में ओघ की अपेक्षा इस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा इस प्रकार देखी जा सकती है—

	गुणस्थान	अल्पबहुत्व	सूत्र
उपशामक	अपूर्वकरण	सबसे कम (प्रवेश की अपेक्षा)	१,८,२
	अनिवृत्तिकरण	,, ,,	,,
	सूक्ष्मसाम्पराय	,, ,,	,,
	उपशान्तकषाय	पूर्वोक्तप्रमाण (प्रवेश की अपेक्षा)	१,८,३
क्षपक	अपूर्वकरण	संख्यातगुणित ,,	१,८,४
	अनिवृत्तिकरण	,, ,,	,,
	सूक्ष्मसाम्पराय	,, ,,	,,
	क्षीणकषाय	पूर्वोक्तप्रमाण ,,	१,८,५
	सयोगिकेवली	,, ,,	१,८,६
	अयोगिकेवली	,, ,,	,,
	सयोगिकेवली	संख्यातगुणित (संचय की अपेक्षा)	१,८,७
	अप्रमत्तसंयत (अक्षपक-अनुपशमक)	संख्यातगुणित (पूर्वप्रमाण से)	१,८,८

१. धवला पु० ५, पृ० २४१-४३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

प्रमत्तसंयत	संख्यातगुणित	१,८,९
संयतासंयत	उनसे असंख्यातगुणित	१,८,१०
सासादनसम्यग्दृष्टि	,, ,,	१,८,११
सम्यग्मिथ्यादृष्टि	,, संख्यातगुणित	१,८,१२
असंयतसम्यग्दृष्टि	,, असंख्यातगुणित	१,८,१३
मिथ्यादृष्टि	,, अनन्तगुणित	१,८,१४
	असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थानों में	
उपशमसम्यग्दृष्टि	सबसे कम	१,८,१५
क्षायिकसम्यग्दृष्टि	उनसे असंख्यातगुणित	१,८,१६
वेदकसम्यग्दृष्टि	,, ,,	१,८,१७

आगे संयतासंयत, प्रमत्त-अप्रमत्तसंयत, तीन उपशामक और तीन क्षपक गुणस्थानों में भी सम्यक्त्वविषयक अल्पबहुत्व को दिखाया गया है (सूत्र १,८,१८-२६)।

इसी पद्धति से आगे आदेश की अपेक्षा गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं के आश्रय से भी अल्पबहुत्व की प्ररूपणा हुई है।

जीवस्थान-चूलिका

प्रथम खण्ड जीवस्थान के अन्तर्गत पूर्वोक्त सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों के समाप्त हो जाने पर आगे के सूत्र में सूत्रकार द्वारा ये प्रश्न उठाये गये हैं—

प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जीव कितनी व किन प्रकृतियों को बाँधता है? कितने काल की स्थितिवाले कर्मों के आश्रय से वह सम्यक्त्व को प्राप्त करता है, अथवा नहीं प्राप्त करता है? कितने काल से व कितने भाग मिथ्यात्व के करता है? उपशामना व क्षपणा किन क्षेत्रों में, किसके समीप में व कितना दर्शनमोहनीय कर्म का क्षय करनेवाले के अथवा सम्पूर्ण चारित्र को प्राप्त करनेवाले के होती है?—(सूत्र ९-१,१; पु० ६)

इस प्रकरण की व्याख्या में सर्वप्रथम धवलाकार ने मंगलस्वरूप सिद्धों को नमस्कार कर जीवस्थान की निर्मलगुणवाली **चूलिका** के कहने की प्रतिज्ञा की है।

इस पर यहाँ शंका हुई है कि आठों अनुयोगद्वारों के समाप्त हो जाने पर चूलिका किसलिए आयी है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि वह पूर्वोक्त आठ अनुयोगद्वारों के विषम-स्थलों के विवरण के लिए प्राप्त हुई है। जीवस्थान के अन्तर्गत उन अनुयोगद्वारों में जिन विषयों की प्ररूपणा नहीं गयी है, पर वह उनसे सम्बद्ध है, उसके विषय में निश्चय उत्पन्न हो—इसी अभिप्राय से उसकी प्ररूपणा इस चूलिका[1] में की गयी है। इससे प्रस्तुत चूलिका को इन्हीं आठ अनुयोगद्वारों के अन्तर्गत समझना चाहिए।

प्रस्तुत चूलिका में प्ररूपित अर्थ को स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि क्षेत्र, काल और अन्तर अनुयोगद्वारों में जिन क्षेत्र व काल आदि का प्ररूपण है उनका सम्बन्ध जीवों की

---

१. सुत्तसूइदत्थपयासणं चूलिया णाम। (पु० १०, पृ० ३९५); जाए अत्थपरूवणाए कदाए पुव्व-परूविदत्थम्मि सिस्साणं णिच्छओ उप्पज्जदि सा चूलिया त्ति भणिदं होदि। (पु० ११, पृ० १४०) पु० ७, ५७५ भी द्रष्टव्य है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

गति-आगति से है। इस प्रकार उनमें गति-आगति नामक नौवीं चूलिका की सूचना प्राप्त है। जीवों की यह गति-आगति कर्मप्रकृतियों के बन्ध आदि पर निर्भर है, इसलिए प्रकृतिसमुत्कीर्तन और स्थानसमुत्कीर्तन इन दो (प्रथम व द्वितीय) चूलिकाओं में जो कर्मप्रकृतियों के भेदों और उनके स्थानों की प्ररूपणा है, वह आवश्यक हो जाती है। उक्त प्रकृतिसमुत्कीर्तन और स्थान-समुत्कीर्तन का सम्बन्ध कर्मों की उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति से है, अतएव छठी 'उत्कृष्टस्थिति' और सातवीं 'जघन्यस्थिति' इन दो चूलिकाओं द्वारा क्रम से कर्मप्रकृतियों की उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति का प्ररूपण है।

कालानुगम में सादि-सान्त मिथ्यादृष्टि का उत्कृष्ट काल कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तन प्रमाण कहा गया है।[1] वह प्रथम सम्यक्त्व के ग्रहण का सूचक है, अन्यथा वह मिथ्यादृष्टि का उत्कृष्टकाल घटित नहीं होता। इसके लिए 'सम्यक्त्वोत्पत्ति' नामक आठवीं चूलिका का अवतार हुआ है। प्रथम सस्यक्त्व के ग्रहण से सम्यक्त्व के अभिमुख हुए जीवों के द्वारा बाँधी जाने वाली कर्मप्रकृतियों के प्ररूपक तीन महादण्डकों—तीसरी, चौथी व पाँचवीं चूलिकाओं—की सूचना मिलती है। साथ ही, सम्यक्त्व प्राप्त करनेवाले जीव का अर्धपुद्गल परिवर्तन से अधिक चूंकि संसार में रहना असम्भव है, अतः मोक्ष की सूचना भी उसी से प्राप्त होती है। चूंकि मोक्ष दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीय के क्षय के बिना सम्भव नहीं है, अतः उनके क्षय की विधि की प्ररूपणा आवश्यक हो जाती है, जो उसी 'सम्यक्त्वोत्पत्ति' नामक आठवीं चूलिका में की गयी है। इस प्रकार नौ चूलिकाओं में विभक्त इस 'चूलिका' प्रकरण को जीवस्थान के अन्तर्गत इन आठ अनुयोगद्वारों से भिन्न नहीं कहा जा सकता है। पूर्व में सूत्रकार के द्वारा उठाये गये जिन प्रश्नों का निर्देश किया गया है उनसे भी इन चूलिकाओं की सूचना प्राप्त होती है। यथा—

प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जीव 'कितनी प्रकृतियों को बाँधता है', इस प्रश्न के समाधान में प्रकृतिसमुत्कीर्तन और स्थानसमुत्कीर्तन इन दो चूलिकाओं की प्ररूपणा की गयी है। वह 'किन प्रकृतियों को बाँधता है' इसे स्पष्ट करने के लिए प्रथम(३), द्वितीय(४) और तृतीय(५) इन तीन महादण्डकों (चूलिकाओं) की प्ररूपणा है। 'कितने काल की स्थितिवाले कर्मों के होने पर सम्यक्त्व को प्राप्त करता है अथवा नहीं करता है' इसके समाधान हेतु उत्कृष्ट और जघन्यस्थिति की प्ररूपक दो चूलिकाएँ (६ व ७) दी हैं। 'कितने काल में व मिथ्यात्व के कितने भागों को करता है तथा उपशामना व क्षपणा कहाँ किसके समक्ष होती है', इनका स्पष्टीकरण आठवीं सम्यक्त्वोत्पत्ति चूलिका में किया है। सूत्र में प्रयुक्त 'वा' शब्द की सफलता में 'गति-आगति' चूलिका (९) की प्ररूपणा है (पु० ६, पृ० १०४)।

१. **प्रकृतिसमुत्कीर्तन**—उन नौ चूलिकाओं 'प्रकृतिसमुत्कीर्तन' प्रथम चूलिका है। इसमें सूत्रकार द्वारा प्रथमतः आठ मूलप्रकृतियों के नामों का और तत्पश्चात् यथाक्रम से उनके उत्तर-भेदों के नामों का निर्देश मात्र किया गया है। उनके स्वरूप आदि का स्पष्टीकरण धवला में किया गया है। ज्ञानावरणीय के पाँच उत्तरभेदों के प्रसंग में धवलाकार ने उनके द्वारा क्रम से आविर्भाव आभिनिबोधिक आदि पाँच ज्ञानों व उनके अवान्तर भेदों के स्वरूप आदि के विषय में विस्तार से विचार किया है। इसी प्रकार नामकर्म के भेदों के प्रसंग में भी धवलाकार द्वारा

---

१. उवकस्सेण अद्धपोग्गलपरियट्टं देसूणं।—सूत्र १,५,४ (पु० ४)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

गति-जाति आदि के विषय में पर्याप्त ऊहापोह किया गया है (पु० ६, पृ० १५-३०, ५०-५७)।

२. **स्थानसमुत्कीर्तन**—यह दूसरी चूलिका है। प्रकृतिसमुत्कीर्तन चूलिका में कर्मप्रकृतियों के नामों का निर्देश है। वे एक साथ बँधती हैं अथवा क्रम से बँधती हैं, इसे स्पष्ट करने के लिए इस चूलिका का अवतार हुआ है। जिस संख्या में अथवा अवस्थाविशेष में प्रकृतियाँ अवस्थित रहती हैं उसका नाम स्थान है। वे स्थान हैं—मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि, असंयतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत और संयत। 'संयत' से यहाँ प्रमत्तसंयत से लेकर सयोगिकेवली तक आठ संयत-गुणस्थान अभिप्रेत हैं। अयोगिकेवली को नहीं ग्रहण किया है, क्योंकि वहाँ बन्ध का अभाव हो चुका है। इन स्थानों को स्पष्ट करते हुए प्रथमतः क्रमप्राप्त ज्ञानावरणीय प्रकृतियों के स्थान का स्पष्टीकरण इस प्रकार किया गया है—

ज्ञानावरणीय की जो आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय आदि पाँच प्रकृतियाँ हैं उन्हें बाँधनेवाले जीव का पाँच संख्या से उपलक्षित एक ही अवस्थाविशेष में अवस्थान है। अभिप्राय यह है कि उन पाँचों का बन्ध एक साथ होता है, पृथक्-पृथक् सम्भव नहीं है। इससे उनका एक ही स्थान है। यह बन्धस्थान मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि, असंयतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत और संयत के सम्भव है। संयत से यहाँ प्रमत्तसंयत से लेकर सूक्ष्मसाम्परायसंयत तक पाँच संयतगुणस्थानों का अभिप्राय रहा है, क्योंकि आगे उपशान्तकषायादि संयतों के उनका बन्ध नहीं होता (पु० ६, पृ० ७९-८२)।

कर्मबन्धक दो प्रकार के हैं—ईर्यापथकर्मबन्धक और साम्परायिककर्मबन्धक। इनमें ईर्यापथकर्मबन्धक छद्मस्थ और केवली के भेद से दो प्रकार के तथा इनमें भी छद्मस्थ उपशान्तकषाय और क्षीणकषाय के भेद से दो प्रकार के हैं। साम्परायिक बन्धक भी दो प्रकार के हैं—सूक्ष्मसाम्परायिक बन्धक और बादरसाम्परायिक बन्धक। सूक्ष्मसाम्परायिक बन्धक भी दो प्रकार के हैं—असाम्परायिक आदि बन्धक (उपशमश्रेणि से गिरते हुए) और बादर साम्परायिक आदि बन्धक। बादरसाम्परायिक आदि बन्धक तीन प्रकार के हैं—असाम्परायिक आदि, सूक्ष्मसाम्परायिक आदि और अनादि बादरसाम्परायिक आदि। इनमें अनादि बादर साम्परायिक उपशामक, क्षपक और अक्षपक-अनुपशामक के भेद से तीन प्रकार के हैं। उपशामक दो प्रकार हैं—अपूर्वकरण उपशामक और अनिवृत्तिकरण उपशामक। इसी प्रकार क्षपक भी अपूर्वकरणक्षपक और अनिवृत्तिकरणकपक के भेद से दो प्रकार के है। अक्षपक-अनुपशामक दो प्रकार के हैं—अनादि-अपर्यवसित बन्धक और अनादि-सपर्यवसित बन्धक।

इन सब बन्धकों में यहाँ कर्मबन्धकों का अधिकार है (पु० ७, पृ० १-५)।

बन्धाकरण

यहाँ गतिमार्गणा के प्रसंग में बन्धक-अबन्धकों का विचार करते हुए सूत्रकार ने सिद्धों को अबन्धक कहा है। (सूत्र २,१,७)

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने मिथ्यात्व, असंयम, कषाय और योग को बन्ध का कारण और इनके विपरीत सम्यग्दर्शन, संयम, अकषाय और अयोग को मोक्ष का कारण कहा है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

यहाँ यह शंका उठायी गयी है कि यदि उक्त मिथ्यात्व आदि चार-को ही बन्ध का कारण माना जाता है तो 'ओदइया बंधयरा' गाथासूत्र के साथ विरोध का प्रसंग आता है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि औदयिक भावबन्ध के कारण हैं—इस कथन में सभी औदयिक भावों का ग्रहण नहीं होता, क्योंकि वैसा होने पर अन्य भी जो गति-इन्द्रिय आदि औदयिक भाव हैं उनके भी बन्धकारण होने का प्रसंग प्राप्त होता है। इसलिए 'जिसके अन्वय-व्यतिरेक के साथ नियम से जिसका अन्वय-व्यतिरेक पाया जाता है वह उसका कार्य और दूसरा कारण होता है' इस न्याय के अनुसार जिन मिथ्यात्व आदि औदयिक भावों का अन्वय-व्यतिरेक बन्ध के साथ सम्भव है वे ही बन्ध के कारण सिद्ध होते हैं, न कि सभी औदयिक भाव। उक्त मिथ्यात्व आदि चार को बन्ध का कारण मानने में गाथासूत्र के साथ विरोध नहीं है।

धवला में आगे जिन प्रकृतियों का बन्ध मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धिचतुष्क, अप्रत्याख्यानावरण-चतुष्क और प्रत्याख्यानावरणचतुष्क के उदय से तथा प्रमाद आदि के निमित्त से हुआ करता है उनका यथाक्रम से पृथक्-पृथक् विचार किया गया है। यहाँ प्रसंगप्राप्त प्रमाद के लक्षण का निर्देश करते हुए चार संज्वलन और नौ नोकषायों में तीव्र उदय को प्रमाद कहा है। तदनुसार उस प्रमाद को उपर्युक्त मिथ्यात्वादि चार कारणों में से कषाय के अन्तर्गत निर्दिष्ट किया गया है।

आगे धवला में जिस-जिस कर्म के क्षय से जो-जो गुण सिद्धों के उत्पन्न होता है, उसका उल्लेख नौ गाथाओं को उद्धृत कर उनके आधार से किया गया है।[1]

उदाहरणपूर्वक नयों का लक्षण—'स्वामित्व' अनुयोगद्वार में 'नरकगति में नारकी कैसे होता है' इस पृच्छासूत्र (२,१,४) को नयनिमित्तक बतलाकर धवलाकार ने प्रसंगप्राप्त नयों का स्वरूप बताया है। इसके लिए छह गाथाएँ धवला में उद्धृत की गयी हैं (संग्रहनय से सम्बद्ध गाथा वहाँ त्रुटित हो गयी दिखती है), जिनके आश्रय से 'नारक' को लक्ष्य करके पृथक्-पृथक् नैगमादि नयों का स्वरूप स्पष्ट किया गया है। यथा—

किसी मनुष्य को पापीजन के साथ समागम करते हुए देखकर उसे नैगमनय की अपेक्षा नारकी कहा जाता है। जब वह धनुष-बाण हाथ में लेकर मृग को खोजता हुआ इधर-उधर घूमता है तब वह व्यवहारनय से नारकी होता है। जब वह किसी एक स्थान में स्थित होकर मृग का घात करता है तब वह ऋजुसूत्रनय की अपेक्षा नारकी होता है। जब वह जीव को प्राणों से वियुक्त कर देता है तब हिंसाकर्म से युक्त उसे शब्दनय की अपेक्षा नारकी कहा जाता है। जब वह नारक कर्म को बाँधता है तब नारक कर्म से संयुक्त उसे समभिरुढनय से नारकी कहा जाता है। जब वह नरकगति को प्राप्त होकर नारक दुःख का अनुभव करता है तब एवम्भूतनय से उसे नारकी कहा जाता है।

यहीं पर आगे निक्षेपार्थ के अनुसार नामादि के भेद से चार प्रकार के नारकियों का निर्देश करते हुए उनका स्वरूप प्रदर्शित किया गया है (धवला पु० ७, पृ० २८-३०)।

इसी स्वामित्व अनुयोगद्वार में देव कैसे होता है, इसे स्पष्ट करते हुए सूत्र में कहा गया है कि जीव देवगति में देव देवगतिनामकर्म के उदय से होता है। (सूत्र २,१,१०-११)

इसे स्पष्ट करते हुए प्रसंगवश धवला में कहा है कि नरक, तिर्यंच, मनुष्य और देव ये

---

१. धवला पु० ७, पृ० ८-१५ (इस बन्धप्रक्रिया को व्युच्छित्ति के रूप में गो०क०की ९४-१०२ गाथाओं में देखा जा सकता है।)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

गतियाँ यदि केवल उदय में आती हैं तो नरकगति के उदय से नारकी, तिर्यंचगति के उदय से तिर्यंच, मनुष्यगति के उदय से मनुष्य और देवगति के उदय से देव होता है; यह कहना योग्य है। किन्तु अन्य प्रकृतियाँ भी वहाँ उदय में आती हैं, क्योंकि उनके बिना नरकगति आदि नामकर्मों का उदय नहीं पाया जाता है। इसके स्पष्टीकरण के साथ धवला में आगे नारकियों के २१,२५, २७,२८ व २९ इन पाँच उदयस्थानों को; तिर्यंचगति में २१,२४,२५,२६,२७,२८,२९,३० व ३१ इन नौ उदयस्थानों को; मनुष्यों के सामान्य से २०,२१,२५,२६,२७,२८,२९,३०,३१,९ व ८ इन ग्यारह उदयस्थानों को; और देवगति में २१,२५,२७,२८ व २९ इन पाँच उदयस्थानों को दिखलाया है। यथासम्भव भंगों को भी वहाँ दिखलाया गया है। यथा—

नारकियों के सम्भव उपर्युक्त पाँच स्थानों में से इक्कीस प्रकृतिरूप उदयस्थान के प्रसंग में धवला में कहा गया है कि नरकगति, पंचेन्द्रिय जाति, तैजस व कार्मण शरीर, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, त्रस, बादर, पर्याप्त, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशकीर्ति और निर्माण इन २१ प्रकृतियों को लेकर प्रथम स्थान होता है। यहाँ भंग एक ही रहता है। वह विग्रहगति में वर्तमान नारकी के सम्भव है।

उपर्युक्त २१ प्रकृतियों में से एक आनुपूर्वी को कम करके उनमें वैक्रियिक शरीर, हुण्ड-संस्थान, वैक्रियिक शरीरांगोपांग, उपघात और प्रत्येकशरीर इन पाँच प्रकृतियों के मिला देने पर २५ प्रकृतियों का दूसरा स्थान होता है। वह शरीर को ग्रहण कर लेने वाले नारकी के सम्भव है।

उसका काल शरीर ग्रहण करने के प्रथम समय से लेकर शरीरपर्याप्ति के अपूर्ण रहने के अन्तिम समय तक अन्तर्मुहूर्त है। यहाँ पूर्वोक्त भंग के साथ दो भंग हैं।

उक्त २५ प्रकृतियों में परघात और अप्रशस्त विहायोगति इन दो के मिला देने पर २७ प्रकृतियों का तीसरा स्थान होता है। वह शरीरपर्याप्ति के पूर्ण होने के प्रथम समय से लेकर आनपानपर्याप्ति के अपूर्ण रहने के अन्तिम समय तक रहता है। सब भंग यहाँ ३ होते हैं।

पूर्वोक्त २७ प्रकृतियों में उच्छ्वास को मिला देने पर २८ प्रकृतियों का चौथा स्थान होता है। वह आनप्राणपर्याप्ति से पर्याप्त हो जाने के प्रथम समय से लेकर भाषापर्याप्ति के अपूर्ण रहने के अन्तिम समय तक होता है। यहाँ सब भंग ४ होते हैं।

उन २८ प्रकृतियों में एक दुःस्वर के मिला देने पर २९ प्रकृतियों का पाँचवाँ स्थान होता है। वह भाषापर्याप्ति से पर्याप्त होने के प्रथम समय से लेकर आयुस्थिति के अन्तिम समय तक रहता है। यहाँ सब भंग ५ होते हैं।

इसी प्रकार से आगे यथासम्भव तिर्यंचगति आदि में भी स्थानों को प्रदर्शित किया गया है।

विशेषता यह है कि तिर्यंच एकेन्द्रिय-द्वीन्द्रियादि भेदों में विभक्त हैं। इससे उनमें आतप-उद्योत व यशकीर्ति-अयशकीर्ति आदि कुछ प्रकृतियों के उदय की विशेषता के कारण भंग अधिक सम्भव हैं। इसी प्रकार की विशेषता मनुष्यों में भी रही है।[1]

इन भंगों की प्रक्रिया के परिज्ञापनार्थ धवला में '**एत्थ भंगविसयणिच्छयमुप्पायणट्ठभेदाओ गाहाओ वत्तव्वाओ**' ऐसी सूचना करके ७ गाथाओं को उद्धृत किया गया है (पु० ७, पृ० ४४-४६)। ये गाथाएँ उसी क्रम से मूलाचार के 'शीलगुणाधिकार' १९-२५ गाथांकों में उपलब्ध

१. इस सबके लिए धवला पु० ७, पृ० ३२-६० देखना चाहिए।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

होती हैं।[1] विशेषता यह है कि मूलाचार में जहाँ 'शील' का प्रसंग रहा है वहाँ धवला में उदय प्राप्त कर्मप्रकृतियों का प्रसंग रहा है। इसलिए गाथाओं के अन्तर्गत शब्दों में प्रसंग के अनुरूप परिवर्तन हुआ है। जैसे—'पढमं सीलपमाणं=पढमं पवडिपमाणं' आदि। प्रथम गाथा में शब्द-परिवर्तन विशेष हुआ है, पर अभिप्राय दोनों में समान है।

यहीं पर आगे 'इन्द्रिय' मार्गणा के प्रसंग में धवला में एकेन्द्रियत्व आदि की क्षायोपशमिक रूपता को दिखलाते हुए सर्वघाती व देशघाती कर्मों का स्वरूप भी प्रकट किया है।[2] 'दर्शन' मार्गणा के प्रसंग में दर्शन के विषय में भी विशेष विचार किया गया है (धवला पु० ७, पृ० ९६-१०२)।

स्पर्शनानुगम अनुयोगद्वार (७) में प्रथम पृथिवीस्थ नारकियों के स्पर्शनक्षेत्र के प्रसंग में जो आचार्य तिर्यग्लोक को एक लाख योजन बाहल्यवाला व एक राजु विष्कम्भ से युक्त झालर के समान मानते हैं उनके उस अभिमत को तथा इसके साथ ही जो आचार्य यह कहते हैं कि पाँच द्रव्यों का आधारभूत लोक ३४३ घनराजु प्रमाण उपमालोक से भिन्न है उनके अभिमत को भी यहाँ धवला में असंगत ठहराया गया है (धवला पु० ७, पृ० ३७०-७३)।

भागाभागानुगम अनुयोगद्वार (१०) के प्रसंग में भाग और अभाग के स्वरूप का निर्देश करते हुए धवलाकार ने यह दिखाया है कि अनन्तवें भाग, असंख्यातवें भाग और संख्यातवें भाग को भाग तथा अनन्तबहुभाग, असंख्यातबहुभाग और संख्यातबहुभाग को अभाग कहा जाता है। (धवला पु० ७, पृ० ४९५)।

'अल्पबहुत्व' यह इस खण्ड का अन्तिम (११वाँ) अनुयोगद्वार है। यहाँ काय-मार्गणा के आश्रय से अल्पबहुत्व का विचार करते हुए ५८-५९, ७४-७५ और १०५-६ इन सूत्रों में वनस्पतिकायिकों के निगोदजीवों को विशेष अधिक कहा गया है।

निगोदजीव साधारणतः वनस्पतिकायिकों के अन्तर्गत ही माने गये हैं। तब ऐसी अवस्था में वनस्पतिकायिकों से निगोदजीवों को विशेष अधिक कहना शंकास्पद रहा है। इसलिए सूत्र ७५ की व्याख्या के प्रसंग में धवला में अनेक शंकाएँ उठायी गयी हैं, जिनका समाधान यथा-सम्भव धवलाकार के द्वारा किया गया है। इसका विचार पीछे 'मूलग्रन्थगतविषय-परिचय' में 'बन्धन' अनुयोगद्वार के अन्तर्गत 'बन्धनीय' के प्रसंग में किया जा चुका है।

इसके पूर्व 'भागाभाग' अनुयोगद्वार में भी उसी प्रकार का एक प्रसंग प्राप्त हुआ है। वहाँ सूत्रकार द्वारा 'सूक्ष्मवनस्पतिकायिक और सूक्ष्मनिगोदजीव पर्याप्त सब जीवों के कितनेवें भाग प्रमाण हैं' इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि वे उनके संख्यात बहुभाग प्रमाण हैं (सूत्र २, १०, ३१-३२)।

इसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि सूत्र में जो 'सूक्ष्मवनस्पतिकायिकों' को कह-कर आगे पृथक् से 'निगोदजीवों' का भी उल्लेख किया गया है उससे जाना जाता है कि सब सूक्ष्मवनस्पतिकायिक ही सूक्ष्म जीव नहीं होते—उनसे पृथक् भी वे होते हैं। इस पर यह शंका उत्पन्न हुई है कि यदि ऐसा है तो 'सब सूक्ष्मवनस्पतिकायिक निगोद ही होते हैं' इस कथन

---

१. ये गाथाएं प्रसंगानुरूप शब्दपरिवर्तन के साथ गो० जीवकाण्ड में भी ३५-३८ व ४०-४२ गाथांकों में पायी जाती हैं। प्रकरण वहाँ प्रमाद का रहा है।

२. धवला पु० ७, पृ० ६१-६८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

के साथ विरोध का प्रसंग प्राप्त होता है। समाधान में धवलाकार ने कहा है कि वहाँ 'सूक्ष्म निगोद सूक्ष्मवनस्पतिकायिक ही होते हैं' ऐसा अवधारण नहीं किया गया है, इसीलिए उसके साथ विरोध की सम्भावना नहीं है, इत्यादि।

आगे इसी प्रसंग में धवला में यह भी शंका की गयी है कि 'निगोद सब वनस्पतिकायिक ही होते हैं, अन्य नहीं' इस अभिप्राय से भी इस 'भागाभाग' में कुछ सूत्र अवस्थित हैं, क्योंकि सूक्ष्मवनस्पतिकायिक से सम्बद्ध उस भागाभाग में तीनों (२९,३१ व ३३) ही सूत्रों में 'निगोद जीवों' का निर्देश नहीं किया गया है। इसलिए उनके साथ इन सूत्रों के विरोध का प्रसंग प्राप्त होता है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि यदि ऐसा है तो उपदेश प्राप्त करके 'यह सूत्र है व यह असूत्र है' ऐसा आगम में निपुण कह सकते हैं, हम तो उपदेश प्राप्त न होने से यहाँ कुछ कहने के लिए असमर्थ हैं (धवला पु० ७, पृ० ५०४-७)।

चूलिका

इस क्षुद्रकबन्ध खण्ड के अन्तर्गत ११ अनुयोगद्वारों के समाप्त होने पर 'महादण्डक' नाम से चूलिका प्रकरण भी आया है। यहाँ धवला में यह शंका उठायी गयी है कि ग्यारह अनुयोगद्वारों के समाप्त हो जाने पर इस महादण्डक को क्षुद्रकबन्ध के पूर्वोक्त ग्यारह अनुयोगद्वारों से सम्बद्ध चूलिका के रूप में कहा गया है। धवला में कहा गया है कि ग्यारह अनुयोगद्वारों से सूचित अर्थ की विशेषतापूर्वक प्ररूपणा करना, इस चूलिका का प्रयोजन रहा है। इस पर शंकाकार ने कहा है कि तब तो इस महादण्डक को चूलिका नहीं कहा जा सकता, क्योंकि उसमें 'अल्पबहुत्व' अनुयोगद्वार से सूचित अर्थ को छोड़ अन्य अनुयोगद्वारों में निर्दिष्ट अर्थ की प्ररूपणा नहीं है। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि यह कोई नियम नहीं है कि चूलिका सभी अनुयोग-द्वारों से सूचित अर्थ की प्ररूपक होना चाहिए। एक, दो अथवा सभी अनुयोगद्वारों से सूचित अर्थ की जहाँ विशेष रूप से प्ररूपणा की जाती है उसे चूलिका कहा जाता है। यह महादण्डक भी चूलिका ही है, क्योंकि इसमें अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार से सूचित अर्थ की विशेषता के साथ प्ररूपणा की गई है (पु० ७, पृ० ५७५)।

इस महादण्डक में भी वनस्पतिकायिकों से निगोद जीवों को विशेष रूप से निर्दिष्ट किया गया है (सूत्र ७८-७९)।

तीसरा खण्ड : बन्धस्वामित्वविचय

बन्धस्वामित्वविचय का उद्गम और उसका स्पष्टीकरण

धवलाकार ने यहाँ प्रथम सूत्र "**जो सो बंधसामित्तविचओ णाम**" इत्यादि की व्याख्या में कहा है कि यह सूत्र सम्बन्ध, अभिधेय और प्रयोजन का सूचक है। सम्बन्ध को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि कृति-वेदनादि २४ अनुयोगद्वारों में छठा 'बन्धन' अनुयोगद्वार चार प्रकार का है—बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्धविधान। इनमें 'बन्ध' अधिकार नय के आश्रय से जीव और कर्मों के सम्बन्ध की प्ररूपणा करता है। दूसरा 'बन्धक' अधिकार ग्यारह अनुयोगद्वारों के आश्रय से बन्धकों का प्ररूपक है। तीसरा 'बन्धनीय' अधिकार तेईस प्रकार की वर्गणाओं के आश्रय से बन्ध के योग्य और अयोग्य पुद्गलद्रव्य की प्ररूपणा करनेवाला है। चौथा 'बन्धविधान'

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशबन्ध के भेद से चार प्रकार का है। इनमें प्रकृतिबन्ध दो प्रकार है—मूलप्रकृतिबन्ध और उत्तरप्रकृतिबन्ध। इनमें मूलप्रकृतिबन्ध भी दो प्रकार का है—एक-एक मूलप्रकृतिबन्ध और अब्बोगाढमूलप्रकृतिबन्ध। अब्बोगाढमूलप्रकृतिबन्ध भी भुजगार-बन्ध और प्रकृतिस्थानबन्ध के भेद से दो प्रकार का है। उत्तरप्रकृतिबन्ध के 'समुत्कीर्तना' आदि चौबीस अनुयोगद्वार हैं। उनमें एक बारहवाँ 'बन्धस्वामित्वविचय' नाम का अनुयोगद्वार है।[1] उसी का 'बन्धस्वामित्वविचय' यह नाम है। यह उपर्युक्त 'बन्धन' अनुयोगद्वार के बन्धविधान नामक चौथे अनुयोगद्वार से निकला है, जो प्रवाहरूप से अनादिनिधन है (पु० ८, पृ० १-२)।

बन्धस्वामित्वविचय नाम से ही ज्ञात हो जाता है कि इसमें बन्धक के स्वामियों का विचार किया गया है।

यहाँ प्रारम्भ में मूलग्रन्थकार ने मिथ्यादृष्टि आदि चौदह जीवसमासों (गुणस्थानों) के नाम-निर्देशपूर्वक उनमें प्रकृतियों के बन्धव्युच्छेद के कथन करने की प्रतिज्ञा है (सूत्र ४)।

इस प्रसंग में धवला में यह शंका उठायी गयी है कि यदि इसमें प्रकृतियों के बन्धव्युच्छेद की ही प्ररूपणा करना ग्रन्थकार को अभीष्ट रहा है तो उसकी 'बन्धस्वामित्वविचय' यह संज्ञा घटित नहीं होती है। समाधान में धवलाकार ने कहा है कि यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि इस गुणस्थान में इन प्रकृतियों का बन्धव्युच्छेद होता है, ऐसा कहने पर उससे नीचे के गुणस्थान उन प्रकृतियों के बन्ध के स्वामी हैं, यह स्वयं सिद्ध हो जाता है। इसके अतिरिक्त व्युच्छेद दो प्रकार का है—उत्पादानुच्छेद और अनुत्पादानुच्छेद। उत्पाद का अर्थ सत्त्व तथा अनुच्छेद का अर्थ विनाश या अभाव है। अभिप्राय यह कि भाव ही अभाव है, भाव को छोड़कर अभाव नाम की कोई वस्तु नहीं है। यह व्यवहार द्रव्यार्थिकनय के आश्रित है। इस प्रकार उक्त उत्पादानुच्छेद से यह भी सिद्ध है कि जिस गुणस्थान में विवक्षित प्रकृतियों के बन्ध का व्युच्छेद कहा गया है उसके नीचे के गुणस्थानों में उनका बन्ध होता है। इस प्रकार उनके उक्त प्रकृतियों के बन्ध का स्वामित्व सिद्ध है। अतः इस खण्ड का 'बन्धस्वामित्वविचय' नाम सार्थक है (धवला पु० ८, पृ० ५-७)।

आगे धवला में 'पाँच ज्ञानावरणीय आदि सोलह प्रकृतियों का कौन बन्धक है और कौन अबन्धक है' इस पृच्छासूत्र (५) की व्याख्या में कहा है कि यह पृच्छासूत्र देशामर्शक है। इस-लिए (१) क्या बन्ध पूर्व में व्युच्छिन्न होता है, (२) क्या उदय पूर्व में व्युच्छिन्न होता है, (३) क्या दोनों साथ ही व्युच्छिन्न होते हैं, (४) क्या उनका बन्ध स्वोदय से होता है, (५) क्या वह परोदय से होता है, (६) क्या स्व-परोदय से होता है, (७) क्या सान्तर बन्ध होता है, (८) क्या निरन्तर बन्ध होता है, (९) क्या सान्तर-निरन्तर बन्ध होता है, (१०) क्या सकारण बन्ध होता है, (११) क्या अकारण बन्ध होता है, (१२) क्या गतिसंयुक्त बन्ध होता है, (१३) क्या गतिसंयोग से रहित बन्ध होता है, (१४) कितनी गतियोंवाले उनके बन्ध के स्वामी हैं, (१५) कितनी गतियोंवाले बन्ध के स्वामी नहीं हैं, (१६) बन्धाध्वान कितना है, (१७) क्या उनका बन्ध अन्तिम समय में व्युच्छिन्न होता है, (१८) क्या प्रथम समय में व्युच्छिन्न होता है, (१९) क्या अप्रथम-अचरम समय में व्युच्छिन्न होता है, (२०) क्या बन्ध सादि है, (२१) क्या

---

१. इसकी चर्चा इसके पूर्व धवला पु० १, पृ० १२३-२९ में विस्तार से की जा चुकी है। विशेष के लिए इसी पुस्तक की प्रस्तावना (पृ० ७१-७४) द्रष्टव्य है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अनादि है, (२२) क्या ध्रुव है, और (२३) क्या अध्रुव है; इन २३ पृच्छाओं को उसके अन्तर्गत समझना चाहिए। इस अभिमत की पुष्टि हेतु धवला में वहाँ **'एत्थुवउज्जंतीओ आरिसगाहाओ'** ऐसी सूचना कर चार गाथाओं को उद्धृत किया है (पु० ८, पृ० ७-८)।

तत्पश्चात् वहाँ इन पृच्छाओं में विषम पृच्छाओं के अर्थ की सूचना करते हुए कहा है कि बन्ध का व्युच्छेद तो यहाँ सूत्रों से सिद्ध है, अतएव उसे छोड़कर पहिले उदय के व्युच्छेद को कहते हैं। इस प्रतिज्ञा के साथ धवलाकार ने यहाँ यथाक्रम से मिथ्यात्व व सासादन आदि चौदह गुणस्थानों से क्रमशः उदय से व्युच्छिन्न होनेवाली दस व चार आदि प्रकृतियों का उल्लेख किया है। आगे 'एत्थ उवसंहारगाहा' के रूप में जिस गाथा को वहाँ उद्धृत किया गया है वह कर्मकाण्ड में (२६३ गाथाक के रूप में) ग्रन्थ का अंग बन गयी है (पु० ८, पृ० ६-११)।

यहाँ यह विशेषता रही है कि मिथ्यादृष्टि के अन्तिम समय में उदय से व्युच्छिन्न होनेवाली मिथ्यात्व व एकेन्द्रिय आदि १० प्रकृतियों के नामों का निर्देश करते हुए धवलाकार ने बताया है कि उनका यह उल्लेख **महाकर्मप्रकृतिप्राभृत** के उपदेशानुसार किया गया है। किन्तु **चूर्णिसूत्रकर्ता (यतिवृषभाचार्य)** के उपदेशानुसार उन १० प्रकृतियों में से पाँच का ही उदयव्युच्छेद मिथ्यादृष्टि गुणस्थान में होता है, एकेन्द्रियादि चार जातियों और स्थावर इन पाँच का उदयव्युच्छेद सासादनसम्यग्दृष्टि के होता है। अनन्तानुबन्धी क्रोध आदि चार का उदयव्युच्छेद सासादनसम्यग्दृष्टि के अन्तिम समय में होता है।

गो० कर्मकाण्ड में भी दो मतों के अनुसार उदय से व्युच्छिन्न होनेवाली प्रकृतियों की संख्या का पृथक् पृथक् निर्देश है। पर वहाँ गुणस्थान क्रम से उदय से व्युच्छिन्न होनेवाली उन प्रकृतियों का उल्लेख दूसरे (यतिवृषभाचार्य के) मत के अनुसार किया गया है (गो०क०, गा० २६३-७२), यद्यपि वहाँ यतिवृषभ का नामोल्लेख नहीं है। धवला में दोनों मतों का निर्देश नामोल्लेख के साथ है।

आगे वहाँ किन प्रकृतियों का बन्ध उनके उदय के नष्ट हो जाने पर होता है, किन का उदय बन्ध के नष्ट होने पर होता है और किन का बन्ध और उदय दोनों साथ ही व्युच्छिन्न होते हैं, इस सब का विवेचन धवला में किया गया है (पु० ८, पृ० ११-१३)।

पूर्व सूत्र (५) में जो पाँच ज्ञानावरणीय आदि सोलह प्रकृतियों के बन्धक-अबन्धकों के विषय में पूछा गया था उनके उत्तर में अगले सूत्र (६) में यह कहा गया है कि मिथ्यादृष्टि से लेकर सूक्ष्मसाम्परायिक-शुद्धिसंयत उपशमक व क्षपक तक उनके बन्धक हैं। सूक्ष्मसाम्परायिकसंयतकाल के अन्तिम समय में उनके बन्ध का व्युच्छेद होता है। ये बन्धक हैं, शेष अबन्धक हैं।

इस सूत्र की व्याख्या में धवलाकार ने कहा है कि पूर्व सूत्र में जो यह पूछा गया था कि बन्ध क्या अन्तिम समय में व्युच्छिन्न होता है, प्रथम समय में व्युच्छिन्न होता है अथवा अप्रथम-अचरम समय में व्युच्छिन्न होता है, उसमें सूत्रकार ने प्रथम और अप्रथम-अचरम समय के प्रतिषेधरूप में प्रत्युत्तर दिया है; शेष प्रश्नों का उत्तर सूत्र में नहीं दिया गया है। चूँकि यह सूत्र देशामर्शक है, इसलिए यहाँ सूत्र में अन्तर्हित अर्थों की प्ररूपणा है।

तदनुसार आगे धवला में, क्या बन्ध पूर्व में व्युच्छिन्न होता है, क्या दोनों साथ साथ व्युच्छिन्न होते हैं; इस प्रकार उन तेईस प्रश्नों में से प्रथमतः इन तीन प्रश्नों को स्पष्ट करते हुए कहा है कि उक्त सोलह प्रकृतियों का बन्ध उदय के पूर्व सूक्ष्मसाम्परायिक के अन्तिम समय में नष्ट होता है और फिर उनके उदय का व्युच्छेद होता है। कारण यह कि पाँच ज्ञानावरणीय,

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

चार दर्शनावरणीय और पाँच अन्तराय इन चौदह प्रकृतियों के उदय का व्युच्छेद क्षीणकषाय के अन्तिम समय में तथा यशःकीर्ति और उच्चगोत्र इन दो के उदय का व्युच्छेद अयोगिकेवली के अन्तिम समय में होता है।

आगे धवला में उन तेईस प्रश्नों में से स्वोदय-परोदयादि शेष सभी प्रश्नों का स्पष्टीकरण किया गया है।

प्रत्ययविषयक प्रश्न के प्रसंग में धवला में कहा है कि बन्ध सप्रत्यय (सकारण) ही होता है, अकारण नहीं। यह कह धवलाकार ने प्रथमतः बन्ध के मिथ्यात्व, असंयम, कषाय और योग इन चार मूल प्रत्ययों का निर्देश किया है। तत्पश्चात् उत्तरप्रत्ययों की प्ररूपणा में मिथ्यात्व के एकान्त, अज्ञान, विपरीत, वैनयिक और सांशयिक इन पाँच भेदों का निर्देश और उनके पृथक्-पृथक् स्वरूप को भी वहाँ स्पष्ट किया है।

असंयम मूल में इन्द्रिय-असंयम और प्राण-असंयम के भेद से दो प्रकार का है। इनमें इन्द्रिय-असंयम स्पर्श, रस, रूप, गन्ध, शब्द और नोइन्द्रिय विषयक असंयम के भेद से छह प्रकार का तथा प्राण-असंयम भी पृथिवी-जलादि के भेद से छह प्रकार का है। इस प्रकार असंयम के समस्त भेद बारह होते हैं।

आगे क्रमप्राप्त कषाय के पच्चीस और योग के पन्द्रह भेदों का निर्देश है। इनमें से कषाय के उन भेदों का उल्लेख प्रकृतिसमुत्कीर्तन चूलिका (सूत्र २३-२४) में और योग के भेदों का सत्प्ररूपणा (सूत्र ४६-५६) में किया जा चुका है।

इस प्रकार समस्त बन्धप्रत्यय सत्तावन (५+१२+२५+१५) हैं। मिथ्यादृष्टि आदि गुणस्थानों में वे जहाँ जितने सम्भव है उनके आश्रय से यथासम्भव वहाँ-वहाँ बँधनेवाली सोलह प्रकृतियों का निर्देश धवला में किया गया है (पु० ८, पृ० १३-३०)।

आगे ओघप्ररूपणा में सूत्रकार द्वारा निद्रानिद्रा व प्रचलाप्रचला आदि विभिन्न प्रकृतियों के बन्धक-अबन्धकों का निर्देश है (सूत्र ७-३८)। उन सब सूत्रों को देशामर्शक मानकर धवलाकार ने वहाँ बँधनेवाली उन-उन प्रकृतियों के विषय में पूर्वनिर्दिष्ट तेईस प्रश्नों को स्पष्ट किया है (पु० ८, पृ० ३०-७५)।

तीर्थंकर प्रकृति के बन्धक-अबन्धक

इसी प्रसंग में तीर्थंकर प्रकृति के कौन बन्धक और कौन अबन्धक हैं, इसका विशेष रूप से विचार करते हुए सूत्रकार ने कहा है कि असंयतसम्यग्दृष्टि से लेकर अपूर्वकरणप्रविष्ट उपशमक व क्षपक तक उसके बन्धक हैं, अपूर्वकरण काल का संख्यात बहुभाग जाकर उसके बन्ध का व्युच्छेद होता है। ये बन्धक हैं, शेष सब अबन्धक हैं (सूत्र ३७-३८)।

पूर्व पद्धति के अनुसार इस सूत्र को भी देशामर्शक कहकर धवलाकार ने तीर्थंकर प्रकृति के बन्ध के विषय में भी पूर्वोक्त तेईस प्रश्नों का विवेचन किया है। उनके अनुसार तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध पूर्व में और उदय पश्चात् व्युच्छिन्न होता है। क्योंकि अपूर्वकरण के सात भागों में से छठे भाग में उसका बन्ध नष्ट हो जाता है, पर उसका उदय सयोगिकेवली के प्रथम समय से लेकर अयोगिकेवली तक रहता है व अयोगिकेवली के अन्तिम समय में उसका व्युच्छेद होता है।

उसका बन्ध परोदय से होता है, क्योंकि जिन सयोगिकेवली और अयोगिकेवली गुणस्थानों

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

में उसका उदय सम्भव है वहाँ उसका बन्ध व्युच्छिन्न हो चुका है। बन्ध निरन्तर होता है, क्योंकि अपने बन्धकारण के होने पर कालक्षय से उसका बन्ध विश्रान्त नहीं होता। असंयत-सम्यग्दृष्टि उसे दो गतियों से संयुक्त बाँधते हैं, क्योंकि नरकगति और तिर्यग्गति के बन्ध के साथ उसके बन्ध का विरोध है। ऊपर के गुणस्थानवर्ती जीव उसे एक मात्र देवगति से संयुक्त बाँधते हैं, क्योंकि मनुष्यगति में स्थित जीवों के देवगति को छोड़कर अन्य गतियों के साथ उसके बन्ध का विरोध है। उसके बन्ध के स्वामी तीन गतियों के असंयतसम्यग्दृष्टि हैं, क्योंकि तिर्यंचगति में उसका बन्ध सम्भव नहीं है।

इस प्रसंग में यहाँ यह शंका उठी है कि तिर्यंचगति में तीर्थंकर प्रकृति के बन्ध का प्रारम्भ भले ही न हो, क्योंकि वहाँ जिनों का अभाव है। किन्तु जिन्होंने पूर्व में तिर्यंच आयु को बाँध लिया है वे यदि पीछे सम्यक्त्व आदि गुणों को प्राप्त करके उनके आश्रय से उस तीर्थंकर प्रकृति को बाँधते हुए तिर्यंचों में उत्पन्न होते हैं तो उन्हें उसके बन्ध का स्वामित्व प्राप्त होता है। इस शंका के समाधान में धवलाकार कहते हैं कि वैसा सम्भव नहीं है, क्योंकि जिस प्रकार नारक आयु और देवायु को बाँध लेनेवाले जीवों के उसका बन्ध सम्भव है उस प्रकार तिर्यंच आयु और मनुष्यायु को बाँध लेनेवालों के उसका बन्ध सम्भव नहीं है। यह इसलिए कि जिस भव में तीर्थंकर प्रकृति के बन्ध को प्रारम्भ किया गया है उससे तीसरे भव में उस प्रकृति के सत्त्व से युक्त जीवों के मोक्ष जाने का नियम है। पर तिर्यंच व मनुष्यों में उत्पन्न हुए सम्यग्दृष्टियों का देवों में उत्पन्न होने के बिना मनुष्यों में उत्पन्न होना सम्भव नहीं है, जिससे कि उन्हें उक्त नियम के अनुसार तीसरे भव में मुक्ति प्राप्त हो सके। इसके विपरीत देवायु व नरकायु को बाँधकर देवों व नारकियों में उत्पन्न होनेवालों की तीसरे भव में मुक्ति हो सकती है। इससे सिद्ध है कि तीन गतियों के जीव ही उस तीर्थंकर प्रकृति के बन्ध के स्वामी हैं।

उसका बन्ध सादि व अध्रुव होता है, क्योंकि उसके बन्धकारणों के सादिता व सान्तरता देखी जाती है (पु० ८, पृ० ७३-७५)।

तीर्थंकर प्रकृति के बन्धक कारण

उसके बन्धक प्रत्ययों की प्ररूपणा स्वयं सूत्रकार द्वारा की गयी है। उसके बन्ध के कारण दर्शनविशुद्धता आदि सोलह हैं (सूत्र ३९-४१)।

सूत्र ३९ की व्याख्या में धवला में यह शंका उठायी गयी है कि सूत्रों में शेष कर्मों के बन्ध के प्रत्ययों की प्ररूपणा न कर एक तीर्थंकर प्रकृति के ही बन्ध प्रत्ययों की प्ररूपणा क्यों की जा रही है। इसका समाधान धवलाकार ने दो प्रकार से किया है। प्रथम तो उन्होंने यह कहा कि अन्य कर्मों के बन्धक प्रत्यय युक्ति के बल से जाने जाते हैं। जैसे—मिथ्यात्व व नपुंसकवेद आदि सोलह कर्मों के बन्ध का प्रत्यय मिथ्यात्व है, क्योंकि उसके उदय के बिना उनका बन्ध सम्भव नहीं है। निद्रानिद्रा व प्रचलाप्रचला आदि पच्चीस कर्मों के बन्धक कारण अनन्तानुबन्धी क्रोधादि हैं, क्योंकि उनके उदय के बिना उन पच्चीस कर्मों का बन्ध नहीं पाया जाता है। इसी प्रकार आगे अन्य कर्मों के भी यथासम्भव असंयम आदि प्रत्यय युक्ति के बल से स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने अन्त में कहा है कि इस भाँति उन सभी कर्मों के बन्धक प्रत्यय युक्ति से जाने जाते हैं। इसीलिए सूत्रों में उन-उन कर्मों के बन्ध-प्रत्ययों की प्ररूपणा नहीं की गयी है। परन्तु तीर्थंकर प्रकृति के बन्ध का कारण क्या है, यह युक्ति के बल से नहीं जाना जाता है; यह इसलिए कि

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

पूर्वोक्त बन्ध-कारणों में से मिथ्यात्व तो उसके बन्ध का कारण हो नहीं सकता है, क्योंकि मिथ्यात्व अवस्था में उसका बन्ध नहीं पाया जाता है। असंयम भी उसके बन्ध का कारण सम्भव नहीं, क्योंकि संयतों में भी उसका बन्ध देखा जाता है। इसी प्रकार से आगे धवला में कषाय-सामान्य, उसकी तीव्रता-मन्दता और सम्यक्त्व आदि को भी उसके बन्ध के कारण न हो सकने को स्पष्ट किया गया है। इस प्रकार चूँकि युक्तिबल से प्रकृत तीर्थंकर प्रकृति के बन्ध के प्रत्यय का ज्ञान नहीं होता है, इसीलिए सूत्रों में उसके बन्धक प्रत्ययों का उल्लेख है।

उपर्युक्त शंका के समाधान में धवलाकार ने प्रकारान्तर से यह भी कहा है कि जिस प्रकार असंयत, प्रमत्त और सयोगी ये गुणस्थाननाम अन्तदीपक हैं उसी प्रकार यह सूत्र भी अन्तदीपक के रूप में सब कर्मों के बन्धक प्रत्ययों की प्ररूपणा में आया है—

'तत्थ इमेहि सोलसेहि कारणेहि जीवा तित्थयरणामगोदकम्मं बंधंति।' —सूत्र ४०

इसमें की गयी सोलह कारणों के कथन की सूचना के अनुसार सूत्रकार द्वारा अगले सूत्र ४१ में तीर्थंकर प्रकृति के बन्धक 'दर्शनविशुद्धता' आदि सोलह कारणों का उल्लेख भी कर दिया गया है।

पूर्व पृच्छासूत्र (३९) में यह पूछा गया था कि कितने कारणों से जीव तीर्थंकर नामगोत्रकर्म को बाँधते हैं। उत्तर में 'जीव इन कारणों से उस तीर्थंकर नामगोत्रकर्म को बाँधते हैं' इतना कहना पर्याप्त था। पर सूत्र के प्रारम्भ में 'तत्थ' पद का भी उपयोग किया गया है। उसकी अनुपयोगिता की आशंका को हृदयंगम करते हुए धवलाकार ने स्पष्ट किया है कि सूत्र में 'तत्थ' शब्द यह अभिप्राय प्रकट करता है कि मनुष्यगति में ही तीर्थंकर कर्म का बन्ध होता है, अन्य में नहीं। अन्य गतियों में उसका बन्ध क्यों नहीं होता, इसे स्पष्ट करते हुए आगे कहा है कि तीर्थंकर नामकर्म के बन्ध के प्रारम्भ करने में सहकारी केवलज्ञान से उपलक्षित जीवद्रव्य है, क्योंकि उसके बिना उसकी उत्पत्ति का विरोध है।

प्रकारान्तर से वहाँ यह भी कहा गया है—अथवा उनमें तीर्थंकर नामकर्म के कारणों को कहता हूँ, यह उस 'तत्थ' शब्द से अभिप्राय ग्रहण करना चाहिए (पु० ८, पृ० ७८)।

यहाँ यह भी ज्ञातव्य है कि प्रसंगप्राप्त इन सूत्रों (३८-४०) में 'तीर्थंकरनाम' के साथ 'गोत्र' का भी प्रयोग हुआ है।

यहाँ पुनः यह शंका उठी है कि नामकर्म के अवयवस्वरूप 'तीर्थंकर' की 'गोत्र' संज्ञा कैसे हो सकती है। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि तीर्थंकर कर्म चूँकि उच्चगोत्र के बन्ध का अविनाभावी है, इसलिए 'तीर्थंकर' के गोत्ररूपता सिद्ध है (पु० ८, पृ० ७६)।

धवला में यह भी उल्लेख है कि सूत्र (४०) में शब्द 'सोलह' से जो तीर्थंकर प्रकृति के बन्धक कारणों की संख्या का निर्देश किया है वह पर्यायार्थिकनय की प्रधानता से है। द्रव्यार्थिकनय का अवलम्बन लेने पर उसके बन्ध का कारण एक भी हो सकता है, दो भी हो सकते हैं; इसलिए उसके बन्ध के कारण सोलह ही हैं ऐसा अवधारण नहीं करें (पु० ८, पृ० ७८-७९)।

धवलाकार ने सूत्रनिर्दिष्ट इन सोलह कारणों में से दर्शनविशुद्धता आदि प्रत्येक को तीर्थंकर कर्म के बन्ध का कारण सिद्ध किया है। यथा—दर्शन का अर्थ सम्यग्दर्शन है, उसकी विशुद्धता से जीव तीर्थंकर कर्म बाँधते हैं। तीन मूढताओं और आठ मलों से रहित सम्यग्दर्शन परिणाम का नाम दर्शनविशुद्धता है।

यहाँ यह शंका की गयी है कि एक दर्शनविशुद्धता से ही तीर्थंकर कर्म का बन्ध कैसे हो

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

सकता है, क्योंकि वैसा होने पर सभी सम्यग्दृष्टियों के उसके बन्ध का प्रसंग प्राप्त होता है। समाधान में धवलाकार ने कहा है कि शुद्ध नय के अभिप्राय से केवल तीन मूढताओं और आठ मलों से रहित होने पर ही दर्शनविशुद्धता नहीं होती, किन्तु उन गुणों के द्वारा अपने स्वरूप को पाकर स्थित सम्यग्दृष्टि साधुओं के लिए प्रासुक-परित्याग, साधु-समाधि का संधारण, उनकी वैयावृत्ति, अरहन्तभक्ति, बहुश्रुतभक्ति, प्रवचनभक्ति, प्रवचनवत्सलता, प्रवचनविषयक प्रभावना और निरन्तर ज्ञानोपयोग में युक्तता—इनमें प्रवृत्त कराने का नाम दर्शनविशुद्धता है। इस एक ही दर्शनविशुद्धता से जीव तीर्थंकर कर्म को बाँध लेते हैं।

इसी प्रकार से आगे विनयसम्पन्नता आदि प्रत्येक कारण में अन्य कारणों को गर्भित करके उनमें से पृथक्-पृथक् प्रत्येक को तीर्थंकर कर्म के बन्ध का कारण माना गया है।

अन्त में विकल्प के रूप में धवलाकार ने यह भी कहा है—अथवा सम्यग्दर्शन के होने पर शेष कारणों में से एक-दो आदि के संयोग से उसका बन्ध होता है, ऐसा कहना चाहिए (पु० ८, पृ० ७९-९१)।

इस प्रकार ओघप्ररूपणा के समाप्त होने पर सूत्रकार ने ओघ के समान आदेश की अपेक्षा उसी पद्धति से क्रमशः गति-इन्द्रियादि चौदह मार्गणाओं में विवक्षित कर्मों के बन्धक-अबन्धकों की भी प्ररूपणा की है।

इन सूत्रों की व्याख्या में धवलाकार ने इन्हें देशामर्शक कहकर पूर्व पद्धति के अनुसार यथासम्भव तेईस प्रश्नों का विवेचन किया है।

इस पकार यहाँ 'बन्धस्वामित्व विचय' नाम का तीसरा खण्ड समाप्त हो जाता है।

चतुर्थ खण्ड : वेदना

१. कृति अनुयोगद्वार

जैसाकि पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है, षट्खण्डागम के चौथे खण्ड का नाम 'वेदना' है। इसमें कृति और वेदना नाम के दो अनुयोगद्वार हैं। उनमें कृति अनुयोगद्वार की अपेक्षा वेदना अनुयोगद्वार का अधिक विस्तार होने के कारण यह खण्ड 'वेदना' नाम से प्रसिद्ध हुआ। इसके अन्तर्गत प्रथम कृति-अनुयोद्वार के प्रारम्भ में ग्रन्थकार द्वारा **'णमो जिणाणं'** आदि ४४ सूत्रों में विस्तार से मंगल किया गया है। प्रथम सूत्र 'णमो जिणाणं' की व्याख्या में धवलाकार ने पूर्वसंचित कर्मों के विनाश को मंगल कहा है।

यहाँ यह शंका उत्पन्न हुई है कि यदि पूर्वसंचित कर्मों का विनाश मंगल है तो जिन द्रव्यसूत्रों का या द्रव्यश्रुत का अर्थ जिन भगवान् के मुख से निकला है, जो विसंवाद से रहित होने के कारण केवलज्ञान के समान हैं, तथा जिनकी शब्द-रचना वृषभसेन आदि गणधरों के द्वारा की गयी है उनके अध्ययन-मनन में प्रवृत्त हुए सभी जीवों के प्रतिसमय असंख्यातगुणितश्रेणि से पूर्वसंचित कर्म की निर्जरा होती है; ऐसा विधान है। इस प्रकार पूर्वसंचित कर्म का विनाश जब श्रुत के अध्ययन-मनन से सम्भव है तब तो यह मंगलसूत्र निष्फल ठहरता है और यदि उस मंगलसूत्र को सफल माना जाता है तो उस स्थिति में सूत्र का अध्ययन निष्फल सिद्ध होता है, क्योंकि उससे उत्पन्न होनेवाला कर्मक्षयरूप कार्य इस मंगलसूत्र से ही उपलब्ध हो जाता है?

इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि यह कोई दोष नहीं है। कारण यह है कि सूत्र

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

के अध्ययन से सामान्य कर्मों की निर्जरा होती है, किन्तु प्रकृत मंगल के द्वारा उस सूत्र के अध्ययन में विघ्नों को उत्पन्न करनेवाले विशेष कर्मों का विनाश होता है। इस प्रकार दोनों का भिन्न विषय होने से उस मंगलसूत्र को निष्फल नहीं कहा जा सकता।

इस पर शंकाकार कहता है कि वैसी परिस्थितियों में भी मंगलसूत्र का प्रारम्भ करना निरर्थक ही रहता है, क्योंकि सूत्र के अध्ययन में विघ्नों को उत्पन्न करनेवाले उन विशेष कर्मों का विनाश भी सामान्य कर्मों के विरोधी उसी सूत्र के अभ्यास से सम्भव है। इसके उत्तर में धवला में कहा है कि वैसा सम्भव नहीं है, क्योंकि सूत्र एवं अर्थ के ज्ञान तथा उसके अभ्यास में विघ्न उत्पन्न करनेवाले कर्म जब तक नष्ट नहीं होंगे तब तक सूत्रार्थ का ज्ञान और अभ्यास ही सम्भव नहीं है।

एक अन्य शंका यह भी की गयी कि यदि जिनेन्द्रनमस्कार सूत्र के अध्ययन में आनेवाले विघ्नों का ही विनाश करता है तो जीवित के अन्त में—मरण के समय—उसे नहीं करना चाहिए? इसके परिहार में वहाँ कहा गया है वह जिनेन्द्रनमस्कार केवल विघ्नोत्पादक कर्मों का ही विनाश करता है, ऐसा नियम नहीं है। वह ज्ञान-चारित्र आदि अनेक सहकारी कारणों की सहायता से अनेक कार्यों को कर सकता है। अतः इसमें कुछ विरोध नहीं है। अपने उक्त अभिप्राय की पुष्टि में धवलाकार ने 'उक्तं च' सूचना के साथ इस पद्य को भी उद्धृत किया है—

एसो पंचणमोक्कारो सव्वपावप्पणासओ।
मंगलेसु अ सव्वेसु पढमं होदि मंगलं॥ [मूला० ७-१३]

और भी अनेक शंका-प्रतिशंकाओं का समाधान करते हुए धवलाकार ने विकल्प के रूप में यह भी कहा है—अथवा सूत्र का अभ्यास मोक्ष के लिए किया जाता है। वह मोक्ष कर्मनिर्जरा से होता है और यह कर्मनिर्जरा भी ज्ञान के अविनाभावी ध्यान और चिन्तन से होती है, तथा वह ध्यान और चिन्तन सम्यक्त्व के आश्रय से होता है। क्योंकि सम्यक्त्व से रहित ज्ञान और ध्यान असंख्यातगुणितश्रेणि निर्जरा के कारण नहीं हो सकते। सम्यक्त्व से रहित ज्ञान और ध्यान को यथार्थ में ज्ञान और ध्यान ही नहीं कहा जा सकता है, इसीलिए सम्यग्दृष्टि को सम्यग्दृष्टियों के लिए ही सूत्र का व्याख्यान करना चाहिए। इस सबका परिज्ञान कराने के लिए यहाँ जिननमस्कार किया गया है (पु० ९, पृ० २-६)।

'जिन' विषयक निक्षेपार्थ

आगे धवला में अप्रकृत के निराकरणपूर्वक प्रकृत अर्थ की प्ररूपणा के लिए 'जिन' के विषय में निक्षेप कर जिन के चार भेद निर्दिष्ट किये हैं—नामजिन, स्थापनाजिन, द्रव्यजिन और भावजिन। धवला में इनके अवान्तरभेदों और स्वरूप का भी निर्देश है। पश्चात् वहाँ इन सब जिनों में से किसे नमस्कार किया गया है, इसे बतलाते हुए कहा है कि यहाँ तत्परिणत भावजिन और स्थापनाजिन को नमस्कार किया गया है।

इस प्रसंग में भावजिन के दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—आगमभावजिन और नोआगमभावजिन। इनमें जो जिनप्राभृत का ज्ञाता होकर तद्विषयक उपयोग से युक्त होता है उसे आगमभावजिन कहा जाता है। नोआगमभावजिन उपयुक्त और तत्परिणत के भेद से दो प्रकार का है। जिनस्वरूप के ज्ञापक ज्ञान में जो उपयुक्त होता है वह उपयुक्तभावजिन कहलाता है तथा जो जिनपर्याय से परिणत होता है उसे तत्परिणत भावजिन कहा जाता है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

यहाँ यह शंका उठी है कि अनन्तज्ञान-दर्शन आदि एवं क्षायिकसम्यक्त्व आदि गुणों से परिणत जिन को भले ही नमस्कार किया जाय, क्योंकि उसमें देव का स्वरूप पाया जाता है, किन्तु गुण से रहित स्थापनाजिन को नमस्कार करना उचित नहीं है, क्योंकि उसमें विघ्नोत्पादक कर्मों के विनाश करने की शक्ति नहीं है। इसके समाधान में कहा गया है कि जिन भगवान् अपनी वन्दना में परिणत जीवों के पाप के विनाशक तो है नहीं, क्योंकि वैसा होने पर उनकी वीतरागता के अभाव का प्रसंग प्राप्त होता है। वे किसी भी जीव के पाप को नष्ट नहीं करते हैं, क्योंकि उस परिस्थिति में जिन को किया जानेवाला नमस्कार निरर्थक ठहरता है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि जिनपरिणतभाव और जिनगुणपरिणाम ही पाप का विनाशक है, अन्य प्रकार से कर्म का क्षय घटित नहीं होता है। वह जिनपरिणतभाव अनन्त ज्ञान-दर्शनादि गुणों के अध्यारोप के बल से जिनेन्द्र के समान स्थापनाजिन में भी सम्भव है। कारण यह है कि उन गुणों के अध्यारोप से स्थापनाजिन तत्परिणतभावजिन से एकता को प्राप्त है--उन गुणों का अध्यारोप करने से स्थापनाजिन तत्परिणतजिन से भिन्न नहीं है, इसलिए जिनेन्द्रनमस्कार भी पाप का विनाशक है (पु० ९, पृ० ६-७)।

आगे के सूत्र में अवधिजिनों को नमस्कार किया गया है। इसकी व्याख्या में धवलाकार ने बतलाया है कि यहाँ 'अवधि' से देशावधि की विवक्षा रही है, क्योंकि आगे (सूत्र ३-४) परमावधिजिनों व सर्वावधिजिनों को पृथक् से नमस्कार किया गया है। यह देशावधि जघन्य, उत्कृष्ट और अजघन्य-अनुत्कृष्ट के भेद से तीन प्रकार की है। प्रसंग पाकर धवला में देशावधि के द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा विषय की प्ररूपणा है (पु० ९, पृ० १२-४०)।

इसी प्रकार से परमावधिजिनों के प्रसंग में परमावधि का और सर्वावधिजिनों का प्रसंग में सर्वावधि विषय का भी धवला में विवेचन है (पु० ९, पृ०४१-५३)।

आगे इन मंगलसूत्रों में कोष्ठबुद्धि, बीजबुद्धि, पदानुसारी, संभिन्नश्रोतृ एवं अष्टांगमहानिमित्त आदि जिन अनेक ऋद्धिविशेषों का उल्लेख है उन सभी के स्वरूप का धवला में प्रसंगानुसार प्रतिपादन हुआ है।

अन्तिम मंगलसूत्र (४४) में वर्धमान बुद्ध ऋषि को नमस्कार किया गया है।

निबद्ध-अनिबद्ध मंगल

उक्त सूत्र की व्याख्या करते हुए धवला में यह शंका की गयी है कि मंगल के जो निबद्ध और अनिबद्ध के भेद से दो प्रकार माने गये हैं उनमें से यह निबद्ध मंगल है या अनिबद्ध। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि वह निबद्ध मंगल नहीं है। कारण यह है कि उसकी प्ररूपणा गौतम स्वामी ने कृति-वेदनादि चौबीस अनुयोगद्वारोंस्वरूप महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के प्रारम्भ में की है। वहाँ से लाकर उसे भूतबलि भट्टारक ने वेदनाखण्ड के आदि में स्थापित किया है। और वेदनाखण्ड महाकर्मप्रकृतिप्राभृत तो है नहीं, क्योंकि अवयव के अवयवी होने का विरोध है। इसके अतिरिक्त भूतबलि गौतम भी नहीं हैं, क्योंकि वे विकल श्रुत के धारक होते हुए धरसेन आचार्य के शिष्य रहे हैं; जबकि गौतम सकलश्रुत के धारक होकर वर्धमान जिनेन्द्र के अन्तेवासी रहे हैं। इसके अतिरिक्त उक्त मंगल के निबद्ध होने का अन्य कोई कारण सम्भव नहीं है। इसलिए यह अनिबद्ध मंगल है।

आगे धवलाकार ने प्रकारान्तर से प्रसंगप्राप्त अन्य शंकाओं का समाधान करते हुए

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

वेदनाखण्ड को महाकर्मप्रकृतिप्राभृत, भूतबलि को गौतम और प्रकृत मंगल को निबद्ध मंगल भी सिद्ध कर दिया है।

इसी प्रसंग में यह भी पूछा गया है कि यह मंगल आगे के तीन खण्डों में से किस खण्ड का है। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि यह तीनों खण्डों का मंगल है, क्योंकि वर्गणा और महाबन्ध इन दो खण्डों के प्रारम्भ में मंगल नहीं किया गया है, और भूतबलि भट्टारक मंगल के बिना ग्रन्थ को प्रारम्भ करते नहीं है; क्योंकि वैसा करने पर उनके अनाचार्यत्व का प्रसंग प्राप्त होता है। इस प्रसंग में अन्य जो भी शंकाएँ उठायी गयी हैं उन सबका समाधान धवला में किया है। और यह सब मंगल-दण्डक देशामर्शक है, ऐसा बतलाकर यहाँ मंगल के समान निमित्त व हेतु आदि की प्ररूपणा भी उन्होंने संक्षेप में की है।

प्रमाण के प्रसंग में जीवस्थान के समान यहाँ भी उसे ग्रन्थ और अर्थ के प्रमाण से दो प्रकार का कहा है। उनमें ग्रन्थ की अपेक्षा अर्थात् अक्षर, पद, संघात, प्रतिपत्ति और अनुयोगद्वारों की अपेक्षा वह संख्यात है। अर्थ की अपेक्षा वह अनन्त है। प्रकारान्तर से यह भी कहा गया है—अथवा खण्डग्रन्थ की अपेक्षा वेदना का प्रमाण सोलह हजार पद है, उनको जानकर कहना चाहिए।

अर्थकर्ता महावीर

कर्ता के प्रसंग में यहाँ भी जीवस्थानखण्ड के समान अर्थकर्ता और ग्रन्थकर्ता के भेद से दो प्रकार के कर्ता की प्ररूपणा की गयी है। विशेषता यह रही है कि अर्थकर्ता भगवान् महावीर की प्ररूपणा यहाँ द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा अधिक की गयी है।[1]

यहाँ द्रव्यप्ररूपणा के प्रसंग में भगवान् महावीर के अतिशयित शरीर की और क्षेत्रप्ररूपणा के प्रसंग में समवसरण-मण्डल की प्ररूपणा भी की गयी है (पु० ९, पृ० १०७-१४)।

भावप्ररूपणा के प्रसंग में जीव की जडरूपता का निराकरण करते हुए उसे सचेतन सिद्ध किया गया है। साथ ही उसे ज्ञान, दर्शन, संयम, सम्यक्त्व, क्षमा व मार्दव आदि स्वभाववाला बतलाया गया है।

आगे कर्मों की नित्यता का निराकरण है। उन्हें सकारण सिद्ध किया गया है। तदनुसार मिथ्यात्व, असंयम और कषाय को उनका कारण कहा गया है। इनके विपरीत यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि सम्यक्त्व, संयम और निष्कषायता उक्त कर्मों के विनाश के कारण हैं। इस प्रकार जीव के स्वाभाविक गुणों के रोधक उन मिथ्यात्व आदि में चूँकि हानि की तरतमता देखी जाती है, इससे सिद्ध होता है कि किसी जीव में उनका पूर्णतया विनाश भी सम्भव है। जिस जीव विशेष में उनका पूर्णतया विनाश हो जाता है उसके स्वाभाविक गुण भी पूर्ण रूप में प्रकट हो जाते है। जैसे—सुवर्णपाषाण अथवा शुक्ल पक्ष के चन्द्रमा के उत्तरोत्तर मलिनता की हानि होने पर स्वाभाविक निर्मलता की उपलब्धि।[2]

---

१. धवला पु० १०७-१४; पु० १, पृ० ६०-७२

२. इस अभिप्राय की तुलना इन पद्यों से करने योग्य है—
दोषावरणयोर्हानिर्निःशेषाऽस्त्यतिशायनात्।
क्वचिद्यथा स्वहेतुभ्यो बहिरन्तर्मलक्षयः ॥—आ० मी० ४ (शेष पृ० ४६२ पर देखें)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इस प्रसंग में एक यह भी शंका उठायी गयी है कि जिस प्रकार कषाय अथवा अज्ञान आदि में हानि की तरतमता देखी जाती है उसी प्रकार आवरण की भी तरतमता देखी जाती है, अतः वह आवरण किसी जीव के ज्ञान आदि को पूर्णतया आवृत कर सकता है, जैसे कि राहु द्वारा पूर्णतया चन्द्रमण्डल को आवृत कर लेना। उसके उत्तर में धवलाकार ने यही कहा है कि ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि उस परिस्थिति में यावद्द्रव्यभावी जीव के ज्ञान-दर्शनादि गुणों का अभाव होने पर जीवद्रव्य के भी अभाव का प्रसंग प्राप्त होता है।

उपर्युक्त शंका की असंगति प्रकट कर निष्कर्ष के रूप में धवलाकार ने कहा है कि इस प्रकार से जीव केवलज्ञानावरण के क्षय से केवलज्ञानी, केवलदर्शनावरण के क्षय से केवलदर्शनी, मोहनीय के क्षय से वीतराग और अन्तराय के क्षय से अनन्त बलवाला सिद्ध होता है (पु० ९, पृ० ११४-१८)।

आगे 'उपर्युक्त द्रव्य, क्षेत्र और भाव की प्ररूपणाओं के संस्कारार्थ काल की प्ररूपणा की की जाती है' इस सूचना के साथ धवला में पहले यह निर्देश किया है कि इस भरतक्षेत्र में अवसर्पिणीकाल के चौथे भेदभूत दुःषमासुषमाकाल में नौ दिन और छह मास से अधिक तेतीस वर्ष के शेष रह जाने पर तीर्थ की उत्पत्ति हुई है। धवलाकार ने इसे और स्पष्ट किया है। तदनुसार चौथे काल में पचहत्तर वर्ष आठ मास और पन्द्रह दिन के शेष रह जाने पर आषाढ शुक्ला षष्ठी के दिन भगवान् महावीर पुष्पोत्तर विमान से बहत्तर वर्ष की आयु लेकर गर्भ में अवतीर्ण हुए।[1] इसमें उनका कुमारकाल तीस वर्ष, छद्मस्थकाल बारह वर्ष और केवलीकाल तीस वर्ष रहा है। इन तीनों कालों के योगरूप बहत्तर वर्ष को चतुर्थकाल में शेष रहे उपर्युक्त पचत्तर वर्ष, आठ मास और पन्द्रह दिन में से कम कर देने पर तीन वर्ष, आठ मास और पन्द्रह दिन शेष रहते हैं। यह भगवान् महावीर के मुक्त हो जाने पर चतुर्थ काल में शेष रहे काल का प्रमाण है। इसमें छ्यासठ दिन कम केवलिकाल मिला देने पर नौ दिन और छह मास अधिक तेतीस वर्ष चतुर्थ काल में शेष रहते हैं। चतुर्थ काल में इतने काल के शेष रह जाने पर महावीर जिनेन्द्र के द्वारा तीर्थ की उत्पत्ति हुई। इसे एक दृष्टि में इस प्रकार लिया जा सकता है—

धियां तरतमार्थवद्गतिसमन्वयान्वीक्षणात्
भवेत् खपरिमाणवत् क्वचिदिह प्रतिष्ठा-परा।
प्रहाणमपि दृश्यते क्षयवतो निर्मूलात् क्वचित्
तथायमपि युज्यते ज्वलनवत् कषायक्षयः॥

—पात्रकेसरिस्तोत्र १८

१. भगवान् महावीर के गर्भावतरण का यही काल आचारांग (द्वि० श्रुतस्कन्ध) में भी इसी प्रकार निर्दिष्ट किया गया है। विशेष इतना है कि वहाँ आयुप्रमाण का कुछ उल्लेख नहीं किया गया है यथा—

"× × × दूसमसुसमाए समाए बहु विइक्कंताए पन्नहत्तरीए वासेहि मासेहि य अद्धनवमेहि सेसेहि जे से गिम्हाणं चउत्थे मासे अट्ठमे पक्खे आसाढसुद्धे तस्स णं आसाढसुद्धस्स छट्ठी पक्खेण हत्थुत्तराहि नक्खत्तेणं··· ··· कुच्छिंसि गब्भं वक्कंते।"

—आचा० द्वि० श्रुत० चूलिका ३ (भावना) पृ० ८७७-७८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

		वर्ष	मास	दिन
महावीरजिन के गर्भ में आने के पूर्व शेष चतुर्थ काल		७५	८	१५
महावीर की आयु (कु० ३०+छ० १२+के० ३०)	—	७२	०	०
महावीर के मुक्त होने पर शेष चतुर्थ काल		३	८	१५
केवली काल		३०	०	०
उसमें दिव्यध्वनि ६६ दिन नहीं प्रवृत्त हुई	—	०	२	६
	=	२९	९	२४
मुक्त होने पर शेष रहा चतुर्थ काल		३	८	१५
दिव्यध्वनि से सहित केवलिकाल	+	२९	९	२४
इतने चतुर्थ काल के शेष रहने पर तीर्थ की उत्पत्ति हुई	=	३३	६	९

यहाँ शंका की गयी है कि केवलिकाल में से ६६ दिन (२ मास, ६ दिन) किस लिए कम किये जा रहे हैं। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि केवलज्ञान के उत्पन्न हो जाने पर भी उतने समय तक दिव्यध्वनि के प्रवृत्त न होने से तीर्थ की उत्पत्ति नहीं हुई। इतने काल तक दिव्यध्वनि क्यों नहीं प्रवृत्त हुई, यह पूछे जाने पर कहा गया है कि गणधर के उपलब्ध न होने से उतने काल तक दिव्यध्वनि प्रवृत्त नहीं हुई। इस पर पुनः यह पूछा गया है कि सौधर्म इन्द्र उसी समय गणधर को क्यों नहीं ले आया। उत्तर में कहा गया है कि काललब्धि के बिना वह उसके पूर्व लाने में असमर्थ रहा।[1]

मतान्तर

यह भी स्पष्ट किया गया है कि अन्य कितने ही आचार्य महावीर जिनेन्द्र की आयु बहत्तर वर्ष में पाँच दिन और आठ मास कम (७१ वर्ष, ३ मास, २५ दिन) बतलाते हैं। धवला में गर्भस्थकाल, कुमारकाल, छद्मस्थकाल और केवलिकाल का इस प्रकार भी प्ररूपण है। तदनुसार भगवान् महावीर आषाढ शुक्ला षष्ठी के दिन कुण्डलपुर नगर के अधिपति नाथवंशी राजा सिद्धार्थ की रानी त्रिशलादेवी के गर्भ में आये। वहाँ नौ मास आठ दिन रहकर चैत्र शुक्ला त्रयोदशी के दिन गर्भ से निष्क्रान्त हुए। पश्चात् अट्ठाईस वर्ष, सात मास और बारह दिन कुमार-अवस्था में रहकर वे मगसिर कृष्णा दशमी के दिन दीक्षित हुए। अनन्तर बारह वर्ष, पाँच मास, पन्द्रह दिन छद्मस्थ अवस्था में रहे। पश्चात् उन्हें वैशाख शुक्ला दशमी के दिन जृम्भिका ग्राम के बाहर ऋजुकूला नदी के किनारे षष्ठोपवास के साथ आतापनयोग से शिलापट्ट पर स्थित रहते हुए अपराह्न में केवलज्ञान प्राप्त हुआ। अनन्तर केवलज्ञान के साथ उन तीस वर्ष, पाँच मास और बीस दिन रहकर वे कार्तिक कृष्णा चतुर्दशी के दिन निर्वाण को प्राप्त हुए। समस्त योग-

१. धवला पु० ९, पृ० ११९-२१

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

	वर्ष	मास	दिन
गर्भस्थकाल	०	९	८
कुमारकाल	२८	७	१२
छद्मस्थकाल	१२	५	१५
केवलिकाल	२९	५	२०
समस्त आयु	७१	३	२५

तीर्थंकर महावीर के इस गर्भस्थकाल आदि का विवेचन आचारांग में भी प्रायः इसी प्रकार पाया जाता है जो प्रथम मत के अनुसार दिखाई देता है। तिथियां वे ही हैं। किन्तु वहाँ पृथक्-पृथक् वर्ष, मास और दिनों का योग नहीं प्रकट किया है। समस्त आयु उनकी कितनी रही है इसे भी वहाँ स्पष्ट नहीं किया गया है।[1]

धवला में जो भगवान् महावीर के उपर्युक्त गर्भादि कालों की प्ररूपणा की गयी है उसकी पुष्टि वहाँ पृथक्-पृथक् 'एत्थुवउज्जंतीओ गाहाओ' इस निर्देश के साथ कुछेक प्राचीन गाथाओं को उद्धृत करते हुए की गयी है।

अन्त में वहाँ यह प्रश्न उपस्थित हुआ है कि इन दो उपदेशों में यहाँ यथार्थ कौन है। उत्तर में धवलाकार ने कहा है—"इस विषय में एलाचार्य का बच्चा— उनका शिष्य मैं वीरसेन— अपनी जीभ को नहीं चलाता हूँ, अर्थात् कुछ कह नहीं सकता हूँ।" कारण यह है कि इस सम्बन्ध में कुछ उपदेश प्राप्त नहीं है। इसके अतिरिक्त उन दोनों में से किसी एक में कुछ बाधा भी नहीं दिखती है। किन्तु दोनों में एक कोई यथार्थ होना चाहिए। उसका कथन जानकर ही निर्णय कर लेना चाहिए।[2]

ग्रन्थकर्ता गणधर

सर्वप्रथम यहाँ धवलाकार ने 'संपहि गंथकत्तार परूवणं कस्सामो' कहकर ग्रन्थकर्ता की प्ररूपणा करने की सूचना दी है।

इस प्रसंग में यहाँ यह शंका की गयी है कि वचन के बिना अर्थ का व्याख्यान सम्भव नहीं, क्योंकि सूक्ष्म पदार्थों की प्ररूपणा संकेत से नहीं जा सकती है। अनक्षरात्मक ध्वनि द्वारा भी अर्थ का व्याख्यान घटित नहीं होता है, क्योंकि अनक्षरात्मक भाषा वाले तिर्यंचों को छोड़कर अन्य प्राणियों को उससे अर्थावबोध होना शक्य नहीं है। दूसरे दिव्यध्वनि अनक्षरात्मक ही हो, यह भी नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि वह अठारह भाषाओं और सात सौ कुभाषाओंस्वरूप है। इसलिए जो अर्थकर्ता है वही ग्रन्थ का प्ररूपक है। अतः ग्रन्थकर्ता की प्ररूपणा अलग से करना उचित नहीं।

इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि यह कोई दोष नहीं है। इसके कारण को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा है कि जिसमें शब्दरचना तो संक्षिप्त होती है, पर जो अनन्त अर्थ के अवबोध के कारणभूत अनेक लिंगों से संयुक्त होता है उसका नाम बीजपद है। द्वादशांगात्मक अठारह भाषाओं और सात-सौ कुभाषाओं रूप उन अनेक बीजपदों का जो प्ररूपक होता है वह

---

१. आचारांग द्वि०श्रु० (भावना चूलिका) पृ० ८७७-८८

२. धवला पु० ९, पृ० १२१-२६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अर्थकर्ता कहलाता है। और, जो उन बीजपदों में गर्भित अर्थ के प्ररूपक उन बारह अंगों की रचना करता है वह गणधर होता है, उसे ही ग्रन्थकर्ता माना गया है। तात्पर्य यह है कि बीज-पदों का व्याख्याता ग्रन्थकर्ता कहा जाता है। इस प्रकार अर्थकर्ता से पृथक् ग्रन्थकर्ता की प्ररूपणा करना उचित ही है (पु० ९, पृ० १२६-२७)।

दिव्यध्वनि

प्रसंग के अनुसार यहाँ तुलनात्मक दृष्टि से दिव्यध्वनि के विषय में कुछ विचार कर लेना उचित प्रतीत होता है।

आचार्य **समन्तभद्र** ने अर्हन्त जिनेन्द्र की दिव्यध्वनि की विशेषता को प्रकट करते हुए कहा है—

तव वागमृतं श्रीमत् सर्वभाषास्वभावकम्।
प्रीणयत्यमृतं यद्वत् प्राणिनो व्यापि संसदि ॥—स्वयम्भू० ९६

अर्थात् हे भगवन्! आपका वचनरूप अमृत (दिव्यवाणी) समस्त भाषारूप में परिणत होकर समवसरणसभा में व्याप्त होता हुआ प्राणियों को अमृतपान के समान प्रसन्न करता है।

इस प्रकार आचार्य समन्तभद्र ने अरहन्त की दिव्यवाणी को समस्त भाषा रूप कहा है।[1]

यह दिव्यवाणी इच्छा के बिना ही प्रादुर्भूत होती है, समन्तभद्राचार्य ने इसे भी स्पष्ट किया है—

काय-वाक्य-मनसां प्रवृत्तयो नाभवंस्तव मुनेश्चिकीर्षया।
नासमीक्ष्य भवतः प्रवृत्तयो धीर तावकमचिन्त्यमीहितम् ॥—स्वयम्भू० ७४

अनात्मार्थं विना रागैः शास्ता शास्ति सतो हितम्।
ध्वनन् शिल्पिकरस्पर्शान्मुरजः किमपेक्षते ॥—रत्नकरण्डश्रावकाचार, ८

तदनुसार समस्त भाषास्वरूप परिणत होनेवाली इस दिव्यध्वनि को अतिशयरूप ही समझना चाहिए, जिसे आ० समन्तभद्र ने **'धीर तावकमचिन्त्यमीहितम्'** शब्दों में व्यक्त भी कर दिया है।

तिलोयपण्णत्ती में तो, तीर्थंकरों के केवलज्ञान के उत्पन्न होने पर प्रकट होने वाले ग्यारह अतिशयों के अन्तर्गत ही उसका उल्लेख है। धवला की तरह तिलोयपण्णत्ती में भी यह स्पष्ट किया गया है कि संज्ञी जीवों की जो अक्षर-अनक्षरात्मक समस्त अठारह भाषाएँ और सात सौ क्षुद्र भाषाएँ हुआ करती हैं उनमें यह दिव्यवाणी तालु, दन्त, ओष्ठ और कण्ठ के व्यापार से रहित होकर प्रकृति से—इच्छा के बिना स्वभावतः—तीनों सन्ध्याकालों में नौ मुहूर्त निकलती है, शेष समयों में वह गणधरादि कुछ विशिष्ट जनों के प्रश्नानुरूप भी निकलती है।[2]

विशेषता यहाँ यह रही है कि धवला में जहाँ उन भाषाओं का उल्लेख अठारह **भाषाओं** और सात सौ **कुभाषाओं** के रूप में किया गया है वहाँ तिलोयपण्णत्ती में उनका उल्लेख अठारह

---

१. यही अभिप्राय भक्तामर-स्तोत्र में भी इस प्रकार व्यक्त किया गया है—
स्वर्गापवर्गगममार्गविमार्गणेष्टः सद्धर्मतत्त्वकथनैकपटुस्त्रिलोक्याः।
दिव्यध्वनिर्भवति ते विशदार्थ-सर्वभाषास्वभावपरिणामगुणप्रयोज्यः ॥—भक्तामर, ३५

२. ति० प० ४, ८९९-९०६ (इसके पूर्व गाथा १-७४ भी द्रष्टव्य है)।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

महाभाषाओं और सात सौ क्षुद्रभाषाओं के रूप में किया गया है।

कल्याणमन्दिर-स्तोत्र (२१) में दिव्यवाणी को हृदयरूप समुद्र से उद्भूत अमृत[1] कहा गया है। इसे औपचारिक कथन समझना चाहिए, क्योंकि वह हृदय या अन्तःकरण की प्रेरणा से नहीं उत्पन्न होती।

स्वयं धवलाकार आ० वीरसेन ने 'कषायप्राभृत' की टीका जयधवला (पु० १, पृ० १२६) में दिव्यध्वनि की विशेषता को प्रकट करते हुए उसे समस्त भाषारूप, अक्षर-अनक्षरात्मक, अनन्त अर्थ से गर्भित बीजपदों से निर्मित, तीनों सन्ध्यायों में निरन्तर छह घड़ी तक प्रवृत्त रहने वाली तथा अन्य समयों में संशयादि को प्राप्त गणधर के प्रति स्वभावतः प्रवृत्त होनेवाली कहा है।

यह अभिप्राय प्रायः तिलोयपण्णत्ती के ही समान है। अन्तर मात्र यह है कि तिलोय-पण्णत्ती में जहाँ उसके प्रवर्तन का काल नौ घड़ी कहा गया है वहाँ जयधवला में उसके प्रवर्तने का यह काल छह घड़ी बतलाया है। इसी प्रकार तिलोयपण्णत्ती में गणधर के अतिरिक्त इन्द्र और चक्रवर्ती का भी उल्लेख है, जबकि जयधवला में एकमात्र गणधर का ही निर्देश किया गया है।

वर्धमानजिन के तीर्थ में ग्रन्थकर्ता

सामान्य से ग्रन्थकर्ता की प्ररूपणा में गणधर की अनेक विशेषताओं के उल्लेख[2] के बाद 'संपहि वड्ढमाणतित्थगंथकत्तारो वुच्चदे' सूचनापूर्वक धवला में यह गाथा कही गयी है—

पंचेव अत्थिकाया छज्जीवणिकाया महव्वयापंच।
अट्ठ य पवयणमादा सहेउओ बंध-मोक्खो य॥

इस गाथा को प्रस्तुत कर 'को होदि' सौधर्म इन्द्र के इस प्रश्न से जिसे सन्देह उत्पन्न हुआ है तथा जो पाँच-पाँच सौ शिष्यों से सहित अपने तीन भाईयों से वेष्टित रहा है वह गौतम गोत्रीय इन्द्रभूति ब्राह्मण जब इन्द्र के साथ समवसरण के भीतर प्रविष्ट हुआ तब वहाँ मानस्तम्भ के देखते ही उसका सारा अभिमान नष्ट हो गया। परिणामस्वरूप उसकी आत्मशुद्धि उत्तरोत्तर बढ़ती गयी जिससे असंख्यात भवों में उपार्जित उसका गुरुतर कर्म नष्ट हो गया। उसने तीन प्रदक्षिणा देते हुए जिनेन्द्र की वन्दना की और संयम को ग्रहण कर लिया। तब उसके विशुद्धि के बल से अन्तर्मुहूर्त में ही उसमें गणधर के समस्त लक्षण प्रकट हो गये। उसने जिन भगवान् के मुख से निकले हुए बीजपदों के रहस्य को जान लिया। इस प्रकार श्रावणमास के कृष्णपक्ष में युग के आदिभूत प्रतिपदा के दिन उसने आचारादि बारह अंगों और सामायिक-चतुर्विंशति आदि चौदह प्रकीर्णकों रूप अंगबाह्यों की रचना कर दी। इस भाँति इन्द्रभूति भट्टारक वर्धमान जिन के तीर्थ में ग्रन्थकर्ता हुए।[3]

---

१. पूर्वोक्त स्वयम्भूस्तोत्र (९६) में भी प्रकृत दिव्यवाणी को अमृतस्वरूप ही निर्दिष्ट किया गया है।

२. धवला पु० ९, पृ० १२७-२८

३. धवला पु० ९, पृ० १२९-३०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उत्तरोत्तरतन्त्रकर्ता

धवला में यहाँ उत्तरोत्तरतन्त्रकर्ता की प्ररूपणा करते हुए उस प्रसंग में जो श्रुतावतार की चर्चा की गयी है वह लगभग उसी प्रकार की है जिस प्रकार इसके पूर्व जीवस्थान-खण्ड के अवतार के प्रसंग में की जा चुकी है।[1]

विशेषता यहाँ मात्र इतनी है कि तीर्थंकर महावीर के मुक्त होने पर जो केवली, श्रुतकेवली और अंग-पूर्वधरों की परम्परा चलती आयी है उसकी प्ररूपणा के प्रसंग में यहाँ उनके काल का भी पृथक्-पृथक् उल्लेख है जो कुल मिलाकर ६८३ वर्ष होता है।[2]

शक नरेन्द्र का काल

उपर्युक्त ६८३ वर्षों में ७७ वर्ष व ७ मास (शक राजा का काल) के कम कर देने पर ६०५ वर्ष व ५ मास शेष रहते हैं। वीर जिनेन्द्र के निर्वाण को प्राप्त होने के दिन से यह शक राजा के काल का प्रारम्भ है।

इस विषय में यहाँ दो अन्य मतों का भी उल्लेख किया गया है। प्रथम मत के अनुसार वीर-निर्वाण के पश्चात् १४७९३ वर्षों के बीतने पर शक नृप उत्पन्न हुआ। दूसरे मत के अनुसार वह वीर-निर्वाण से ७९९५ वर्ष और ५ मास के बीतने पर उत्पन्न हुआ। उपर्युक्त तीनों मतों की पुष्टि वहाँ तीन गाथाओं को उद्धृत करते हुए की गयी है।

तिलोयपण्णत्ती में भी शक नृप की उत्पत्ति के विषय में विभिन्न मत पाये जाते हैं। यथा—

(१) वह वीरनिर्वाण के पश्चात् ४६१ वर्षों के बीतने पर उत्पन्न हुआ। (गा० ४-१४९७)

(२) वह वीरनिर्वाण के पश्चात् ९७८५ वर्ष और ५ मास के बीतने पर उत्पन्न हुआ। (गा० ४-१४९७)

(३) वह वीरनिर्वाण के पश्चात् १४७९३ वर्षों के बीतने पर उत्पन्न हुआ। (गा० ४-१४९८)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

'यहाँ गुरु के उपदेशानुसार छह अनुयोगद्वारों के आश्रय से वर्गणाजीवप्रदेशों की प्ररूपणा की जाती है' ऐसी सूचना कर प्ररूपणा, प्रमाण; श्रेणि, अवहार, भागाभाग और अल्पबहुत्व इन छह अनुयोगद्वारों में वर्गणा सम्बन्धी जीवप्रदेशों की प्ररूपणा की है (पु० १०, पृ० ४४२-५१)।

स्थानप्ररूपणा के प्रसंग में एक जघन्य योगस्थान कितने स्पर्धकों का होता है, इसके स्पष्टीकरण में धवलाकार ने इन तीन अनुयोद्वारों का निर्देश किया है—प्ररूपणा, प्रमाण और अल्पबहुत्व। इनमें से दूसरे 'प्रमाण' अनुयोगद्वार में किस वर्गणा में कितने अविभागप्रतिच्छेद होते हैं, इत्यादि का विचार धवला में गणित प्रक्रिया के आधार से विस्तारपूर्वक किया गया है (पृ० ४६३-७६)।

५. वेदनाक्षेत्रविधान

यह 'वेदना' अनुयोगद्वार के अन्तर्गत १६ अनुयोगद्वारों में पाँचवाँ है। पिछले वेदनाद्रव्यविधान के समान इस अनुयोगद्वार के प्रारम्भ में भी सूत्रकार ने पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व इन तीन अनुयोगद्वारों को ज्ञातव्य कहा है (सूत्र ४,२,५,१-२)।

प्रथम सूत्र की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने क्षेत्र के अनेक अर्थों में से प्रसंगानुरूप अर्थ को प्रकट करने के लिए क्षेत्रविषयक निक्षेप किया है। तदनुसार यहाँ नोआगमद्रव्यक्षेत्र के तीसरे भेदभूत तद्व्यतिरिक्तनोआगमद्रव्यक्षेत्र को अधिकारप्राप्त कहा गया है। नोआगमद्रव्यक्षेत्र का अर्थ आकाश है जो लोक और अलोक के भेद से दो प्रकार का है।

पदमीमांसा अनुयोगद्वार के प्रसंग में ज्ञानावरणीयवेदनाक्षेत्र की अपेक्षा क्या उत्कृष्ट है, अनुत्कृष्ट है, जघन्य है या अजघन्य है, इन चार पृच्छाओं को उद्भावित करते हुए उत्तर में उसे सूत्रकार ने उत्कृष्ट आदि चारों प्रकार की कहा है।

इन दोनों सूत्रों को धवलाकार ने देशामर्शक कहकर सूत्रनिर्दिष्ट चार पृच्छाओं के अतिरिक्त सादि-अनादि आदि अन्य नौ पृच्छाओं और उनके समाधान को सूत्रसूचित कहा है। इस प्रकार सूत्रसूचित होने से धवला में उन चार के साथ अन्य नौ पृच्छाओं को भी उठाकर यथाक्रम से उनका समाधान किया गया है (पु० ११, पृ० ४-११)।

यह सब प्ररूपणा यहाँ धवला में ठीक उसी पद्धति से की गयी है जिस पद्धति से वेदनाद्रव्यविधान में की जा चुकी है।

स्वामित्व अनुयोगद्वार के प्रारम्भ में उत्कृष्टपद के आश्रय से क्षेत्र की अपेक्षा ज्ञानावरणीयवेदना उत्कृष्ट किसके होती है, इस पृच्छा को उठाकर उसके उत्तर में कहा गया है कि वह एक हजार योजन अवगाहनावाले उस मत्स्य के होती है जो स्वयम्भूरमण समुद्र के बाह्य तट पर स्थित है। आगे सूत्रकार ने उसकी कुछ अन्य विशेषताओं का भी उल्लेख किया है (सूत्र ४,२,५,७-१२)।

सूत्र आठ की व्याख्या करते हुए धवला में उस प्रसंग में यह पूछा गया है कि उस मत्स्य का आयाम तो एक हजार योजन सूत्र में निर्दिष्ट है, उसका विष्कम्भ और उत्सेध कितना है। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि उसका विष्कम्भ पाँच सौ (५००) योजन और उत्सेध दो सौ पचास (२५०) योजन है। इस पर पुनः यह पूछा गया है कि वह सूत्र के बिना कैसे जाना जाता है। उत्तर में प्रथम तो धवलाकार ने कहा है कि वह आचार्य परम्परागत पवाइज्जंत उपदेश से जाना जाता है। तत्पश्चात् यह भी कहा है कि उस महामत्स्य के विष्कम्भ

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

और उत्सेध का प्ररूपक सूत्र है ही नहीं, यह भी नियम नहीं है; क्योंकि सूत्र में निर्दिष्ट 'हजार योजन' यह देशामर्शक है। उससे उसके वे विष्कम्भ और उत्सेध सूचित हैं।

आगे 'स्वयम्भूरमण समुद्र के बाह्य तटपर स्थित' यह जो सूत्र में निर्दिष्ट किया गया है उसका स्पष्टीकरण है। तदनुसार अपनी बाह्य वेदिका तक स्वयम्भूरमण समुद्र है, उसके बाह्य तट से अभिप्राय उस समुद्र के आगे स्थित पृथिवीप्रदेश से है।

कुछ आचार्य यह कहते हैं कि स्वयम्भूरमण समुद्र के बाह्य तट का अर्थ वहाँ पर स्थित उसकी अवयवभूत बाह्य वेदिका है, यह उसका अभिप्राय है। उनके इस कथन को असंगत बतलाते हुए धवलाकार ने कहा है कि उनका यह कथन घटित नहीं होता है, क्योंकि आगे के सूत्र (१०) में जो उसे काकलेश्या—काक के समान वर्णवाले तनुवातवलय—से संलग्न कहा गया है उसके साथ विरोध का प्रसंग प्राप्त होता है। कारण यह है कि तीनों ही वातवलय स्वयम्भूरमणसमुद्र की उस बाह्य वेदिका से सम्बद्ध नहीं हैं।

आगे प्रसंगप्राप्त अन्य शंकाओं का भी समाधान करते हुए यह पूछने पर कि स्वयम्भूरमण-समुद्र में स्थित जलचर वह महामत्स्य उसके बाह्य तट पर कैसे पहुँचा, धवलाकार ने कहा है कि पूर्व भव के वैरी किसी देव के प्रयोग से वहाँ उसका पहुँचना सम्भव है (पु० ११, पृ० १५-१८)।

आगे सूत्रोक्त उसकी अन्य विशेषताओं को स्पष्ट करते हुए प्रसंगवश यह शंका की गयी है कि उसे सातवीं पृथिवी में न उत्पन्न कराकर सात राजुमात्र अध्वान जाकर नीचे निगोदों में क्यों नहीं उत्पन्न कराया। समाधान में धवलाकार ने कहा है कि निगोदों में उत्पन्न होने पर अतिशय तीव्र वेदना के अभाव में उसके शरीर से तिगुणा वेदनासमुद्घात सम्भव नहीं है।

इसी प्रसंग में आगे यह पूछने पर कि सूक्ष्म निगोदों में उत्पन्न होनेवाले महामत्स्य का विष्कम्भ और उत्सेध तिगुणा नहीं होता है, यह कैसे जाना जाता है। इसके समाधान में धवला-कार ने इतना मात्र कहा है कि वह 'नीचे सातवीं पृथिवी के नारकियों में अनन्तर समय में उत्पन्न होगा' इस सूत्र (४,२,५,१२) से जाना जाता है।

धवला में आगे यहाँ यह स्पष्ट कर दिया गया है कि सत्कर्मप्राभृत में उसे निगोदों में उत्पन्न कराया गया है। पर यह योग्य नहीं है, क्योंकि तीव्र असाता से युक्त सातवीं पृथिवी के नार-कियों में उत्पन्न होनेवाले महामत्स्य की वेदना और कषाय से सूक्ष्म निगोदों में उत्पन्न होनेवाले महामत्स्य की वेदना और कषाय में समानता नहीं हो सकती। इसलिए इसी अर्थ को प्रधान रूप में ग्रहण करना चाहिए।

ज्ञानावरणीय की अनुत्कृष्ट क्षेत्रवेदना

ज्ञानावरणीय की अनुत्कृष्ट क्षेत्रवेदना का दिग्दर्शन कराते हुए सूत्र में कहा गया है कि उसकी उत्कृष्ट क्षेत्रवेदना से भिन्न अनुत्कृष्ट वेदना है (सूत्र ४,२,५,१३)।

इसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने यह कहकर कि अनुत्कृष्ट क्षेत्रवेदना के विकल्प असंख्यात हैं, उसकी विवेचना की है।

इसी प्रसंग में आगे धवला में कहा गया है कि इन क्षेत्रविकल्पों के स्वामी जो जीव हैं उनकी प्ररूपणा में ये छह अनुयोगद्वार हैं—प्ररूपणा, प्रमाण, श्रेणि, अवहार, भागाभाग और अल्पबहुत्व। इनके आश्रय से उनकी क्रम से प्ररूपणा करते हुए धवलाकार ने श्रेणि और अवहार इन दो अनुयोगद्वारों के प्रसंग में यह स्पष्ट कर दिया है कि उनकी प्ररूपणा करना शक्य नहीं

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

है, क्योंकि उनके विषय में उपदेश प्राप्त नहीं है।

वेदनीय की अनुत्कृष्ट क्षेत्रवेदना

क्षेत्र की अपेक्षा वेदनीय की उत्कृष्ट वेदना जो केवली के होती है, उससे भिन्न उसकी अनुत्कृष्ट वेदना है, यह आगे के सूत्र में निर्दिष्ट है (सूत्र ४,२,५,१६-१७)।

यह अनुत्कृष्ट वेदनीय की क्षेत्रवेदना उत्कृष्ट रूप में प्रतरसमुद्घातगत केवली के होती है, क्योंकि उसके अन्य अनुत्कृष्ट क्षेत्र में इससे अधिक क्षेत्र अन्यत्र सम्भव नहीं है। यह अनुत्कृष्ट क्षेत्र पूर्वोक्त उत्कृष्ट क्षेत्र से विशेष हीन है, क्योंकि इसमें वातवलयों के भीतर जीवप्रदेश नहीं रहते, जबकि लोकपूरणसमुद्घात में वातवलयों के भीतर भी जीवप्रदेश रहते हैं। यह वेदनीय की अनुत्कृष्ट क्षेत्रवेदना का प्रथम विकल्प है। इसके अनन्तर अनुत्कृष्ट क्षेत्र का स्वामी वह केवली है जो सबसे विशाल अवगाहना से कपाटसमुद्घात को प्राप्त है। यह उस अनुत्कृष्टक्षेत्रवेदना का दूसरा विकल्प है जो पूर्वोक्त अनुत्कृष्ट क्षेत्र से असंख्यातगुणा हीन है। धवला में वेदनीय की अनुत्कृष्ट क्षेत्रवेदना के तृतीय, चतुर्थ आदि विकल्पों को भी स्पष्ट किया गया है।

आगे धवला में इन क्षेत्रों के स्वामी जीवों की प्ररूपणा पूर्व पद्धति के अनुसार प्ररूपणा, प्रमाण, श्रेणि, अवहार, भागाभाग और अल्पबहुत्व इन छह अनुयोगद्वारों में की गयी है (पु० ११, पृ० ३०-३३)।

ज्ञानावरणीय की जघन्य क्षेत्रवेदना

ज्ञानावरणीय की जघन्य क्षेत्रवेदना सर्वजघन्य अवगाहना में वर्तमान तीन समयवर्ती आहारक व तीन समयवर्ती तद्भवस्थ सूक्ष्मनिगोद जीव अपर्याप्तक के कही गयी है। उसकी अजघन्य क्षेत्रवेदना उससे भिन्न है, यह सूत्र में निर्दिष्ट है (सूत्र ४,२,५,१९-२१)।

इसकी व्याख्या करते हुए धवला में कहा गया है कि ज्ञानावरण की अजघन्य क्षेत्रवेदना अनेक प्रकार की है। उनके स्वामियों की प्ररूपणा करते हुए कहा है कि पल्योपम के असंख्यातवें भाग का विरलन करके, घनांगुल को समखण्ड करने पर एक-एक रूप के प्रति सूक्ष्मनिगोद जीव की जघन्य अवगाहना प्राप्त होती है। इसके आगे एक प्रदेश अधिक के क्रम से वहीं पर स्थित निगोद जीव अजघन्य क्षेत्रवेदना में जघन्य क्षेत्र का स्वामी है। आगे भी इसी पद्धति से धवला में अजघन्य क्षेत्रवेदना के द्वितीयादि विकल्पों का विवेचन है।

प्रसंग के अन्त में यहाँ पूर्वोक्त प्ररूपणा-प्रमाणादि छह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट क्षेत्रों के समान करने की सूचना दी गयी है।

अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार में सूत्रकार द्वारा जो जघन्यपद, उत्कृष्टपद और जघन्य-उत्कृष्टपद इन तीन अनुयोगद्वारों के आश्रय से प्रकृत क्षेत्रवेदनाविषयक अल्पबहुत्व की प्ररूपणा है उसमें विशेष व्याख्येय कुछ नहीं है।

६. वेदनाकालविधान

काल के प्रकार—यहाँ प्रारम्भ में धवला में काल के ये सात भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—नामकाल, स्थापनाकाल, द्रव्यकाल, सामाचारकाल, अद्धाकाल प्रमाणकाल, और भावकाल। आगे क्रम से इन सब के स्वरूप का स्पष्टीकरण है। उस प्रसंग में तद्व्यतिरिक्त नोआगमकाल

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

के ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—प्रधानकाल और अप्रधानकाल। इनमें जो शेष पाँच द्रव्यों के परिणमन का हेतुभूत, रत्नराशि के समान प्रदेशचय से रहित, अमूर्त, अनादिनिधन व लोकाकाश के प्रदेशों का प्रमाण काल है उसे प्रधानकाल कहा गया है। अप्रधानकाल सचित्त, अचित्त और मिश्र के भेद से तीन प्रकार का है। उनमें डांस-मच्छर आदि के काल को सचित्त, धूलिकाल आदि को अचित्त और डांस सहित शीतकाल आदि को मिश्रकाल कहा गया है।

सामाचारकाल लौकिक और लोकोत्तरीय के भेद से दो प्रकार का है। इनमें वन्दनाकाल, नियमकाल, स्वाध्यायकाल, ध्यानकाल आदि को लोकोत्तरीय तथा कर्षणकाल, लुननकाल, वपनकाल आदि को लौकिक काल कहा गया है।

अद्धाकाल अतीत, अनागत और वर्तमान काल के भेद से तीन प्रकार का है। पल्योपम, सागरोपम आदि प्रमाणकाल के अन्तर्गत हैं।

इन सब कालभेदों में यहाँ धवला में प्रमाणकाल प्रसंगप्राप्त है।

पूर्वोक्त वेदनाद्रव्यविधान और वेदनाक्षेत्रविधान के समान यहाँ भी वे ही पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व नाम के तीन अनुयोगद्वार हैं। उसी पद्धति से यहाँ भी पदमीमांसा के प्रसंग में धवलाकार ने पृच्छासूत्र और उत्तरसूत्र इन दोनों को देशामर्शक कहकर उनसे सूचित अन्य नौ पृच्छाओं को उठाकर समस्त तेरह प्रकार की पृच्छाओं का समाधान किया है। पूर्व पद्धति के अनुसार यहाँ दोनों सूत्रों के अन्तर्गत अन्य तेरह सूत्रों का निर्देश करते हुए समस्त १६९ पृच्छाओं का उल्लेख किया गया है (पु० ११, पृ० ७८-८४)।

स्वामित्व के प्रसंग में सूत्रकार ने उसे जघन्यपदविषयक और उत्कृष्टपदविषयक के भेद से दो प्रकार का निर्दिष्ट किया है (सूत्र ४,२,६,६)।

प्रसंग पाकर यहाँ धवला में नाम-स्थापनादि के भेद से जघन्य और उत्कृष्ट के अनेक भेद-प्रभेदों का निर्देश करते हुए पृथक्-पृथक् उनके स्वरूप का विवेचन किया गया है।

काल की अपेक्षा ज्ञानावरणीय की उत्कृष्ट वेदना किसके होती है, इसे स्पष्ट करते हुए सूत्र में कहा गया है कि वह अन्यतर पंचेन्द्रिय, संज्ञी, मिथ्यादृष्टि, सब पर्याप्तियों से पर्याप्त कर्मभूमिज अथवा अकर्मभूमिज आदि के होती है (सूत्र ४,२,६,८)।

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने सूत्रों में प्रयुक्त अनेक पदों का पृथक्-पृथक् विवेचन कर उनकी सार्थकता दिखलायी है। विशेष ज्ञातव्य यहाँ यह है कि प्रकृत सूत्र में प्रयुक्त 'अकर्मभूमिज' शब्द से धवलाकार ने देव-नारकियों को और 'कर्मभूमिप्रतिभाग' से स्वयंप्रभ पर्वत के बाह्य भाग में उत्पन्न होनेवाले जीवों को ग्रहण किया है।

धवलाकार ने कहा है कि इसके पूर्व सूत्र में प्रयुक्त 'कर्मभूमिज' शब्द से यह अभिप्राय था कि पन्द्रह कर्मभूमियों में उत्पन्न जीव ही ज्ञानावरण की उत्कृष्ट स्थिति बाँधते हैं। इस प्रकार देव-नारकियों और स्वयंप्रभ पर्वत के परभागवर्ती जीवों के ज्ञानावरण की उत्कृष्ट स्थिति के बन्ध का निषेध प्रकट होता था। अतः ऐसा अनिष्ट प्रसंग प्राप्त न हो, इसके लिए सूत्र में आगे 'अकर्मभूमिज' और 'कर्मभूमिप्रतिभाग' को ग्रहण किया गया है।

इसी प्रकार सूत्र में प्रयुक्त 'असंख्यातवर्षायुष्क' से एक समय अधिक पूर्वकोटि आदि रूप आगे की आयुवाले तिर्यंच-मनुष्यों को न ग्रहण करके देव-नारकियों को ग्रहण किया गया है।

इस प्रसंग में यह शंका उत्पन्न हुई है कि देव-नारकियों में भी तो संख्यात वर्ष की आयुवाले हैं। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि सचमुच ही वे असंख्यात वर्ष की आयुवाले नहीं हैं,

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

संख्यात वर्ष की आयुवाले ही हैं, पर यहाँ एक समय अधिक पूर्वकोटि आदि आगे की आयु के विकल्पों को असंख्यात वर्षायु माना गया है। आगे उदाहरण देते हुए बतलाया है कि 'असंख्यात वर्ष' शब्द को 'राजवृक्ष' के समान अपने अर्थ को छोड़कर रूढ़ि के बल से आयु विशेष में वर्तमान ग्रहण किया गया है (पु० ११, पृ० ८८-९१)।

ज्ञानावरण की अनुत्कृष्ट कालवेदना

काल की अपेक्षा ज्ञानवरण की अनुत्कृष्ट वेदना उसकी पूर्वोक्त उत्कृष्ट वेदना से भिन्न है, ऐसा सूत्र में निर्देश है (सूत्र ४,२,६,९)।

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने कहा है कि वह अनुत्कृष्ट वेदना अनेक प्रकार की है तथा स्वामी भी उसके अनेक प्रकार के हैं इसलिए हम उनकी प्ररूपणा करेंगे, यह कहते हुए उन्होंने धवला में उनकी प्ररूपणा की है। जैसे—

तीन हजार वर्ष आबाधा करके तीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण उसकी स्थिति के बँधने पर उत्कृष्ट स्थिति होती है। संदृष्टि में यहाँ उसका प्रमाण दो सौ चालीस (२४०) है। उसकी अनुत्कृष्ट स्थिति उत्कृष्ट रूप में दो सौ उनतालीस (२३९) होगी। उसकी अपेक्षा अन्य जीव के दो समय कम उत्कृष्ट स्थिति के बाँधने पर अनुत्कृष्ट स्थिति का दूसरा स्थान २३८ होता है। इस क्रम से आबाधाकाण्डक से हीन उत्कृष्ट स्थिति के बाँधे जाने पर उसका अन्य अनुत्कृष्ट स्थान होता है। यहाँ संदृष्टि में आबाधाकाण्डक का प्रमाण ३० अंक माना गया है। इसे उत्कृष्ट स्थिति में से घटा देने पर २१० (२४०-३०) शेष रहते हैं। वहाँ का स्थान इतना मात्र होता है।

इसी प्रकार से आगे संदृष्टि में ८ को आबाधा का प्रमाण मानकर एक समय अधिक आबाधाकाण्डक (१+३०) से हीन उत्कृष्ट बँधने पर अनुत्कृष्ट स्थिति का अन्य स्थान (२४०—२३१=२०९) होता है।

इसी क्रम से दो आदि आबाधाकाण्डकों से हीन उत्कृष्ट स्थिति के बाँधे जाने पर अनुत्कृष्ट स्थिति के अन्य विकल्पों का धवला में आगे विचार किया गया है।

आगे सूत्रकार द्वारा शेष सात कर्मों की उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट व जघन्य-अजघन्य कालवेदना की जो प्ररूपणा की गयी है उसकी व्याख्या पूर्व पद्धति के अनुसार धवला में यथा प्रसंग की गयी है।

तीसरे अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार में सूत्रकार द्वारा कालवेदना सम्बन्धी अल्पबहुत्व की प्ररूपणा है उसमें विशेष व्याख्येय विषय कुछ नहीं है।

वेदनाकालविधान-चूलिका

अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार की समाप्ति के बाद सूत्रकार ने कहा है कि मूलप्रकृतिस्थितिबन्ध पूर्व में ज्ञातव्य है। उसमें ये चार अनुयोगद्वार हैं—स्थितिबन्धस्थानप्ररूपणा, निषेकप्ररूपणा, आबाधाकाण्डकप्ररूपणा और अल्पबहुत्व (सूत्र ४,२,६,३६)।

इसकी व्याख्या में धवला में यह शंका उठायी गयी है कि सूत्र में जिन पदमीमांसा आदि तीन अनुयोगद्वारों का निर्देश था उनके आश्रय से वेदनाकालविधान की प्ररूपणा की जा चुकी है। इस प्रकार वेदनाकालविधान के समाप्त हो जाने पर अब आगे के सूत्र को प्रारम्भ करना

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

निरर्थक है।

इस शंका का निराकरण करते हुए धवला में कहा गया है कि उक्त तीन अनुयोगद्वारों के द्वारा प्ररूपणा कर देने पर वह वेदनाकालविधान समाप्त हो ही चुका है। किन्तु समाप्त हुए उस कालविधान की आगे ग्रन्थ द्वारा यह चूलिका कही जा रही है। कालविधान से सूचित अर्थों का विवरण देना इस चूलिका का प्रयोजन है। क्योंकि जिस अर्थप्ररूपणा के करने पर पूर्व प्ररूपित अर्थ के विषय में शिष्यों को निश्चय उत्पन्न होता है वह चूलिका कहलाती है। इसलिए यह आगे का ग्रन्थ सम्बद्ध ही है, ऐसा समझना चाहिए (पु० ११, पृ० १४०)।

यहाँ सूत्रकार द्वारा स्थितिबन्ध स्थानों की प्ररूपणा में स्थितिबन्धस्थानों के जिस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा है, धवलाकार ने उसे अव्वोगाढअल्पबहुत्वदण्डक देशामर्शक कहा है, और उसके अन्तर्गत चार प्रकार के अल्पबहुत्व का निरूपण किया है। वहाँ सर्वप्रथम अल्पबहुत्व के इन दो भेदों का निर्देश है—मूलप्रकृतिअल्पबहुत्व और अव्वोगाढअल्पबहुत्व। आगे उनमें से प्रथमतः स्वस्थान और परस्थान के भेद से दो प्रकार के अव्वोगाढअल्पबहुत्व की और तत्पश्चात् स्वस्थान और परस्थान के भेद से दो प्रकार के मूलप्रकृतिअल्पबहुत्व की प्ररूपणा हुई है।[1]

पश्चात् धवला में संक्लेश-विशुद्धिस्थानों के अल्पबहुत्व के प्रसंग में कर्मस्थिति के बन्ध के कारणभूत परिणामों का निरूपण प्ररूपणा, प्रमाण और अल्पबहुत्व इन तीन अनुयोगद्वारों के आश्रय से किया गया है (पु० ११, पृ० २०५-१०)।

सूत्रकार द्वारा यहाँ सूक्ष्म एकेन्द्रिय अपर्याप्तक के संक्लेश-विशुद्धिस्थानों से बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्तक के संक्लेश-विशुद्धिस्थानों को असंख्यातगुणा निर्दिष्ट किया गया है।

(सूत्र ४,२,६,५१-५२)

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने कहा है कि यद्यपि 'असंख्यातगुणत्व' बुद्धिमान शिष्यों के के लिए सुगम है, तो भी मन्दबुद्धि शिष्यों के अनुग्रहार्थ हम यहाँ असंख्यातगुणत्व के साधन को कहते हैं, ऐसी सूचना कर उन्होंने संदृष्टिपूर्वक उसका विस्तार से स्पष्टीकरण किया है।

निषेकप्ररूपणा के प्रसंग में अन्तरोपनिधा और परम्परोपनिधा के समाप्त हो जाने पर धवलाकार ने श्रेणिप्ररूपणा से सूचित अवहार, भागाभाग और अल्पबहुत्व इन तीन अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा की है।

आबाधाकाण्डकप्ररूपणा के प्रसंग में सूत्र में कहा गया है कि पंचेन्द्रिय संज्ञी-असंज्ञी व चतुरिन्द्रिय आदि जीवों की आयु को छोड़कर शेष सात कर्मों की उत्कृष्ट स्थिति से एक-एक समय के क्रम से पल्योपम के असंख्यातवें भागमात्र नीचे जाकर एक आबाधाकाण्डक होता है। यह उनकी जघन्य स्थिति तक चलता है (सूत्र ४,२,६,१२२)।

इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि आबाधा के अन्तिम समय को विवक्षित कर जीव उत्कृष्ट स्थिति को बाँधता है। उसी आबाधा के अन्तिम समय को विवक्षित कर वह एक समय कम उत्कृष्ट स्थिति को भी बाँधता है। इस क्रम से वह उस आबाधा के अन्तिम समय को विवक्षित कर दो समय कम, तीन समय कम इत्यादि के क्रम से पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्र से कम तक उत्कृष्ट स्थिति को बाँधता है। इस प्रकार आबाधा के अन्तिम समय से बन्ध के

---

१. धवला पु० ११, पृ० १४७-२०५ (अव्वो० अल्प० पृ० १४७-८२, मूल प्र० अल्प०, पृ० १८२-२०५)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

योग्य उन स्थितिविशेषों की 'आबाधाकाण्डक' यह संज्ञा होती है।

आबाधा के द्विचरम समय को विवक्षित करके भी उक्त प्रकार से पल्योपम के असंख्यातवें भाग तक हीन स्थिति को बाँधता है। यह दूसरा आबाधाकाण्डक होता है। इसी प्रकार आबाधा के त्रिचरम समय की विवक्षा में पूर्व के समान तीसरा आबाधाकाण्डक होता है। यह क्रम उन सात कर्मों की जघन्य स्थिति के प्राप्त होने तक चलता है।

आयुकर्म की अमुक स्थिति इस आबाधा में बँधती है, ऐसा कुछ नियम नहीं है। पूर्वकोटि के त्रिभाग को आबाधा करके तेतीस सागरोपम प्रमाण स्थिति भी बँधती है। इस क्रम से उसी आबाधा से दो समय कम, तीन समय कम आदि के रूप से क्षुद्रभवग्रहण तक आयु बँधती है। ऐसे ही आयुबन्धक के विकल्प दो समय कम, तीन समय कम आदि उस पूर्वकोटि के त्रिभागरूप आबाधा में चलते हैं। इसलिए सूत्र में आयुकर्म का निषेध किया गया है।[1]

अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार के प्रसंग में भी धवलाकार ने अल्पबहुत्व से सूचित स्वस्थान और परस्थान अल्पबहुत्वों की प्ररूपणा की है।

वेदनाकालविधान-चूलिका २

यहाँ स्थितिबन्धाध्यवसानप्ररूपणा के प्रसंग में इन तीन अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है—जीवसमुदाहार, प्रकृतिसमुदाहार और स्थितिसमुदाहार (सूत्र ४,२,६,१६५)।

धवला में इस दूसरी चूलिका की सार्थकता को प्रकट करते हुए उक्त तीन अनुयोगद्वारों में से प्रथम जीवसमुदाहार में साता व असाता की एक-एक स्थिति में इतने जीव होते हैं और इतने नहीं होते हैं; इसका खुलासा है। अमुक प्रकृति के इतने स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान होते हैं और इतने नहीं होते, इसका परिज्ञान दूसरे प्रकृतिसमुदाहार में कराया गया है। विवक्षित स्थिति में इतने स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान होते हैं और इतने नहीं होते हैं, इसे स्पष्ट करना तीसरे स्थितिसमुदहार का प्रयोजन रहा है (पु० ११, पृ० ३०८-११)।

यहाँ मूल में जो विवक्षित विषय की प्ररूपणा की गयी है उसमें अधिक व्याख्येय प्रायः कुछ विषय नहीं रहा है, इसलिए धवला में प्रसंगप्राप्त सूत्रों के अभिप्राय को ही स्पष्ट किया गया है। कहीं पर देशामर्शक सूत्र से सूचित प्ररूपणा, प्रमाण, अवहार, भागाभाग और अल्पबहुत्व की भी संक्षेप में प्ररूपणा कर दी गयी है।[2]

७. वेदनाभावविधान

धवलाकार ने प्रारम्भ में भाव के ये चार भेद निर्दिष्ट किये हैं—नामभाव, स्थापनाभाव, द्रव्यभाव और भावभाव। इनमें नोआगमद्रव्यभाव के तीन भेदों के अन्तर्गत तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यभाव के इन दो भेदों का निर्देश है—कर्मद्रव्यभाव और नोकर्मद्रव्यभाव। इनमें कर्मद्रव्यभाव के स्वरूप का निर्देश करते हुए धवला में कहा गया है कि ज्ञानावरणादि द्रव्यकर्मों की जो अज्ञानादि को उत्पन्न करने की शक्ति है उसका नाम नोआगमकर्मद्रव्यभाव है। नोआगमनोकर्मद्रव्यभाव सचित्त और अचित्त के भेद से दो प्रकार का है। इनमें केवलज्ञान व केवल-

---

१. धवला पु० ११, पृ० २६७-६९

२. सूत्र १८१, पृ० ३२०-२१ व सूत्र २०३, पृ० ३२८-३२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

दर्शन आदि को सचित्तनोकर्मद्रव्य भाव कहा गया है। अचित्त नोकर्मद्रव्यभाव दो प्रकार का है—मूर्तद्रव्यभाव और अमूर्तद्रव्यभाव। इनमें वर्ण-गन्धादि को मूर्तद्रव्यभाव और अवगाहना आदि को अमूर्तद्रव्यभाव कहा है।

उपर्युक्त भाव के उन भेद-प्रभेदों में यहाँ कर्मद्रव्यभाव को अधिकारप्राप्त कहा गया है, क्योंकि अन्य भावों का वेदना से सम्बन्ध नहीं है (पु० १२, पृ० १-३)।

वेदनाद्रव्यविधान आदि के समान इस अनुयोगद्वार में भी पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्प-बहुत्व इन तीन अनुयोगद्वारों का निर्देश है।

पदमीमांसा के प्रसंग में धवलाकार ने प्रकृत पृच्छासूत्र और उत्तरसूत्र (३-४) दोनों को देशामर्शक कहकर सूत्रनिर्दिष्ट उत्कृष्टादि चार पृच्छाओं के साथ सादि व अनादि आदि अन्य नौ पृच्छाओं को सूत्रसूचित कहा है। इस प्रकार पूर्व पद्धति के अनुसार यहाँ भी उन्होंने समस्त तेरह पृच्छाओं को उद्भावित कर यथाक्रम से उनका समाधान किया है।

स्वामित्व अनुयोगद्वार में सूत्रकार के द्वारा भाव की अपेक्षा जो ज्ञानावरणादि कर्मों की वेदना की प्ररूपणा की गयी है उसमें अधिक कुछ व्याख्येय नहीं रहा है, इसीलिए धवलाकार ने प्रसंगप्राप्त सूत्रों के अन्तर्गत पदों की सार्थकता को प्रकट करते हुए उनका अभिप्राय ही स्पष्ट किया है।

अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार में भी विशेष व्याख्येय विषय न रहने से सूत्रों का अभिप्राय ही स्पष्ट किया गया है। विशेषता यहाँ यह रही है कि सूत्रकार ने जिस अल्पबहुत्व की प्ररूपणा प्रथमतः दुरूह गाथासूत्रों में और तत्पश्चात् उसी को स्पष्ट करते हुए गद्यसूत्रों में भी की है,[1] धवलाकार ने उससे सूचित उत्तरप्रकृतियों के उत्कृष्ट अनुभागविषयक स्वस्थान अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की है।[2]

इसी प्रकार से आगे सूत्रकार ने चौंसठ पदवाले जिस जघन्य परस्थान अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की है,[3] धवलाकार ने उससे सूचित स्वस्थान अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की है (पु० १२, पृ० ७५-७८)।

वेदनाभावविधान-चूलिका १

प्रकृत वेदनाभावविधान में जो तीन चूलिकाएँ हैं उनमें प्रथम चूलिका में सूत्रकार ने प्रथमतः दो गाथासूत्रों द्वारा निर्जीर्यमाण प्रदेश और काल की विशेषतापूर्वक सम्यक्त्वोत्पत्ति आदि ग्यारह गुणश्रेणियों की प्ररूपणा की है (गाथासूत्र ७-८, पु० १२, पृ० ७५-७८)।

इन सूत्रों की व्याख्या के प्रसंग में धवला में प्रथमतः यह शंका उपस्थित हुई है कि भाव-विधान की प्ररूपणा के प्रसंग में ग्यारह गुणश्रेणियों में प्रदेशनिर्जरा और उसके काल की प्ररूपणा किस लिए की जा रही है। समाधान में धवलाकार ने कहा है कि विशुद्धियों के द्वारा जो अनुभाग का क्षय होता है, उससे होनेवाली प्रदेशनिर्जरा का ज्ञापन कराते हुए यह प्रकट किया गया है कि जीव और कर्मों के सम्बन्ध का कारण अनुभाग ही है। इसी अभिप्राय को

१. गाथासूत्र १,२,३ व गद्यसूत्र ६५-११७ (पु० १२, पृ० ४०-५६)
२. धवला पु० १२, पृ० ६०-६२
३. गाथासूत्र ४-६, गद्यसूत्र ११८-७४ (पु० १२, पृ० ६२-७५)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अभिव्यक्त करने के लिए उक्त ग्यारह गुणश्रेणियों की प्ररूपणा की जा रही है।

प्रकारान्तर से इस शंका का समाधान करते हुए धवला में आगे यह भी कहा गया है— अथवा द्रव्यविधान में जघन्य स्वामित्व के प्रसंग में गुणश्रेणिनिर्जरा की सूचना की गयी है।[1] उस गुणश्रेणिनिर्जरा का कारण भाव है, इसलिए यहाँ भावविधान में उसके विकल्पों की प्ररूपणा के लिए उस गुणश्रेणिनिर्जरा और उसके काल की प्ररूपणा की जा रही है।

गाथा में प्रयुक्त 'सम्यक्त्वोत्पत्ति' पद को स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि 'सम्यक्त्वोत्पत्ति' से दर्शनमोह को उपशमाकर प्रथम सम्यक्त्व की उत्पत्ति को ग्रहण करना चाहिए (पु० १२, पृ० ७९)।

इन गाथासूत्रों का स्पष्टीकरण स्वयं मूलग्रन्थकार ने गद्यसूत्रों द्वारा किया है।[2]

ग्यारह गुणश्रेणियों में होनेवाली प्रदेशनिर्जरा के गुणकार को स्पष्ट करते हुए सूत्रों में दर्शनमोह उपशामक के गुणश्रेणिगुणकार को सबसे स्तोक कहा गया है (सूत्र ४,२,७,१७५)।

इसकी व्याख्या में धवला में कहा है कि दर्शनमोह उपशामक के प्रथम समय में निर्जरा को प्राप्त द्रव्य सबसे स्तोक होता है। उसके दूसरे समय में निर्जीर्ण द्रव्य उससे असंख्यातगुणा होता है। तीसरे समय में निर्जीर्ण द्रव्य उससे असंख्यातगुणा होता है। इस क्रम से उस दर्शनमोह उपशामक के अन्तिम समय तक वह उत्तरोत्तर असंख्यातगुणा होता गया है। सूत्र में इस गुणकार की पंक्ति को 'गुणश्रेणि' कहा है। अभिप्राय यह है कि यद्यपि सम्यक्त्वोत्पत्ति का यह गुणश्रेणि गुणकार सबसे महान् है, फिर भी आगे कहे जानेवाले जघन्य गुणकार की अपेक्षा भी वह स्तोक है।

धवलाकार ने आगे भी प्रसंगप्राप्त इन सूत्रों का अभिप्राय स्पष्ट किया है।

वेदनाभावविधान-चूलिका २

इस चूलिका में अविभागप्रतिच्छेदप्ररूपणा आदि बारह अनुयोगद्वारों के आश्रय से अनुभागबन्धाध्यवसानस्थानों के कार्यभूत अनुभागस्थानों की प्ररूपणा की गयी है।

यहाँ अविभागप्रतिच्छेदप्ररूपणा के प्रसंग में धवला में अविभागप्रतिच्छेद, वर्ग, वर्गणा और स्पर्धकों की प्ररूपणा संदृष्टिपूर्वक हुई है। यहीं अविभागप्रतिच्छेदों के आधारभूत परमाणुओं की भी, प्ररूपणाप्ररूपणाप्रमाण, श्रेणि, अवहार, भागाभाग और अल्पबहुत्व इन छह अनुयोगद्वारों के आश्रयसे की गयी है (पु० १२, पृ० ८८-१११)।

क्रमप्राप्त स्थान, प्ररूपणा आदि अन्य अनुयोगद्वारों के विषय का भी आवश्यकतानुसार धवला में निरूपण है।

विशेष रूप से 'षट्स्थानप्ररूपणा' नामक छठे अनुयोगद्वार के प्रसंग में सूत्र में जो यह निर्देश है कि 'अनन्तगुणपरिवृद्धि सब जीवों से वृद्धिगत होती है' (सूत्र ४,२,७,२१३-१४) उसका स्पष्टीकरण धवला में बहुत विस्तार से हुआ है। सर्वप्रथम वहाँ इस सूत्र के द्वारा अन्तरोपनिधा की प्ररूपणा के साथ इसी सूत्र के द्वारा देशामर्शक भाव से परम्परोपनिधा की प्ररूपणा की

---

१. सूत्र ४,२,४,७४ व उसकी धवला टीका (यहाँ धवलाकार ने उन ग्यारह गुणश्रेणियों का पृथक्-पृथक् उल्लेख भी कर दिया है) पु० १०, पृ० २९५-९६

२. सूत्र ४,२,७,१७५-७६; पु० १२, पृ० ८०-८७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

सूचनापूर्वक धवला में प्रसंगवश गणित प्रक्रिया के आधार से संदृष्टियों के साथ अनेक प्रासंगिक विषयों की विस्तार से चर्चा की है।

वेदनाभावविधान-चूलिका ३

इस चूलिका में एकस्थानजीवप्रमाणानुगम आदि आठ अनुयोगद्वार हैं। उनके अन्तर्गत विषय का परिचय 'मूलग्रन्थगत-विषयपरिचय' में संक्षेप में कराया जा चुका है।

प्रसंगानुसार धवला में भी जहाँ-तहाँ उसका विवेचन है।

८. वेदनाप्रत्ययविधान

मूल ग्रन्थ में ज्ञानावरणादि के जिन प्राणातिपात आदि प्रत्ययों का यहाँ निर्देश किया गया है, धवला में उन सूत्रों के प्रसंग में उनके स्वरूप आदि का स्पष्टीकरण है; अधिक व्याख्येय वहाँ कुछ रहा नहीं है।[1]

९. वेदनास्वामित्वविधान

यह 'वेदना' अधिकार के अन्तर्गत सोलह अनुयोगद्वारों में नौवाँ है। यहाँ सर्वप्रथम जिस सूत्र द्वारा इस 'वेदनास्वामित्वविधान' का स्मरण कराया गया है उसकी व्याख्या के प्रसंग में धवला में यह शंका उठायी गयी है कि जिस जीव ने जिस कर्म को बाँधा है उसकी वेदना का स्वामी वही होगा, यह उपदेश के बिना भी जाना जाता है, इसलिए इस वेदनास्वामित्वविधान को प्रारम्भ नहीं करना चाहिए। समाधान में धवलाकार ने स्पष्ट किया है कि कर्मस्कन्ध जिससे उत्पन्न हुआ है वह यदि वहीं स्थित रहता तो वही उसकी वेदना का स्वामी हो सकता था, परन्तु ऐसा नहीं है, क्योंकि कर्मों की उत्पत्ति किसी एक से सम्भव नहीं है। आगे कहा गया है कि कर्मों की उत्पत्ति केवल जीव से ही सम्भव नहीं है, क्योंकि वैसा होने पर कर्मों से रहित सिद्धों से भी उनकी उत्पत्ति का प्रसंग प्राप्त होता है। यदि एक मात्र अजीव से भी उनकी उत्पत्ति स्वीकार की जाय तो यह भी उचित नहीं है, क्योंकि वैसा स्वीकार करने पर जीव से भिन्न काल, पुद्गल और आकाश से भी उनकी उत्पत्ति का प्रसंग प्राप्त होता है। इसी प्रकार परस्पर के समवाय से रहित जीव-अजीवों से भी उनकी उत्पत्ति मानना उचित नहीं है, क्योंकि उस परिस्थिति में समवाय से रहित सिद्ध जीव और पुद्गलों से भी कर्मों के उत्पन्न होने का प्रसंग प्राप्त होता है। परस्पर संयोग को प्राप्त जीव और अजीव से भी वे उत्पन्न नहीं हो सकते, क्योंकि वैसा होने पर संयोग को प्राप्त हुए जीव और पुद्गलों से उनके उत्पन्न होने का प्रसंग प्राप्त होता है। यदि कहा जाय कि समवाय को प्राप्त जीव और अजीव से वे उत्पन्न हो सकते हैं तो यह कथन भी ठीक नहीं है, क्योंकि उस परिस्थिति में अयोगिकेवली के भी कर्मबन्ध का प्रसंग प्राप्त होता है। कारण यह है कि वे कर्म से समवाय को प्राप्त हैं ही। इससे सिद्ध होता है कि मिथ्यात्व, असंयम, कषाय और योग इनके उत्पन्न करने में समर्थ पुद्गलद्रव्य और जीव ये दोनों कर्मबन्ध के कारण हैं।

आगे यह भी कहा गया है कि यह जीव और पुद्गल का बन्ध प्रवाहरूप से अनादि है,

---

१. धवला पु० १२, पृ० २७५-९३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

क्योंकि इसके बिना अमूर्त जीव और मूर्त पुद्गल का बन्ध घटित नहीं होता। इस प्रकार प्रवाह-स्वरूप से अनादि होकर भी वह बन्धविशेष की अपेक्षा सादि व सान्त भी है। कारण यह कि इसके बिना एक ही जीव में उत्पन्न देवादि पर्यायों के सदा अवस्थित रहने का प्रसंग अनिवार्य प्राप्त होनेवाला है। अतः दो, तीन अथवा चार कारणों से उत्पन्न होकर जीव में एक स्वरूप से स्थित वेदना उनमें एक के ही होती है, अन्य के नहीं होती है; यह नहीं कहा जा सकता है। इस प्रकार शिष्य के सन्देह को दूर करने के लिए इस 'वेदनास्वामित्वविधान' को प्रारम्भ करना उचित ही है (पु० १२, पृ० २९४-९५)।

आगे मूल सूत्रों में जो वेदना की स्वामित्वविषयक प्ररूपणा की गयी है उसमें धवलाकार ने सूत्रों के अभिप्राय को ही प्रायः स्पष्ट किया है, विशेष वर्णनीय विषय वहाँ कुछ नहीं है।

१०. वेदनावेदनाविधान

'वेद्यते वेदिष्यते इति वेदना' अर्थात् जिसका वर्तमान में अनुभव किया जा रहा है व भविष्य में अनुभव किया जानेवाला है उसका नाम वेदना है, इस निरुक्ति के अनुसार आठ प्रकार के कर्मपुद्गलस्कन्ध को वेदना कहा गया है। 'वेदनावेदनाविधान' में जो दूसरा वेदना शब्द है उसका अर्थ अनुभवन है। 'विधान' का अर्थ प्ररूपणा है। तदनुसार प्रकृत अनुयोगद्वार में वर्तमान और भविष्य में जो कर्म का वेदन या अनुभवन होता है, इसकी प्ररूपणा की गयी है। इस प्रकार धवला में वेदनावेदनाविधान अनुयोगद्वार की सार्थकता प्रकट की गयी है।

सूत्रकार ने नैगमनय की अपेक्षा समस्त कर्म को 'प्रकृति' कहा है (सूत्र ४,२,१०,२)।

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने कहा है कि बद्ध, उदीर्ण और उपशान्त के भेद से जो तीन प्रकार का समस्त कर्म अवस्थित है वह नैगमनय की अपेक्षा प्रकृति है, क्योंकि 'प्रक्रियते अज्ञानादिकं फलमनया आत्मन इति प्रकृतिः' इस निरुक्ति के अनुसार जो आत्मा के अज्ञानादिरूप फल को किया करता है उसका नाम प्रकृति है।

यहाँ धवला में यह शंका उठायी गयी है कि जो कर्मपुद्गल फलदाता के रूप से परिणत है वह उदीर्ण कहलाता है। जो कार्मण पुद्गलस्कन्ध मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग के आश्रय से कर्मरूपता को प्राप्त हो रहा है उसे बध्यमान कहते हैं। इन दोनों अवस्थाओं से रहित कर्मपुद्गलस्कन्ध को उपशान्त कहा जाता है। इनमें उदीर्ण को 'प्रकृति' नाम से कहना संगत है, क्योंकि वह फलदाता के रूप से परिणत है। किन्तु बध्यमान और उपशान्त तो 'प्रकृति' नहीं हो सकते, क्योंकि वे फलदाता के स्वरूप से परिणत नहीं हैं।

समाधान में धवलाकार ने कहा है कि ऐसी आशंका करना उचित नहीं है, क्योंकि 'प्रकृति' शब्द तीनों कालों में सिद्ध होता है। इस प्रकार जो कर्मस्कन्ध वर्तमान में फल देता है और जो आगे फल देनेवाला है उन दोनों कर्मस्कन्धों की प्रकृतिरूपता सिद्ध है। अथवा जिस तरह उदीर्ण कर्मस्कन्ध वर्तमान में फल देता है उसी तरह बध्यमान और उपशान्त कर्मस्कन्ध भी वर्तमान काल में फल देते हैं; क्योंकि उन दोनों अवस्थाओं के बिना कर्म का उदय सम्भव नहीं है।

इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट स्थितिसत्त्व और उत्कृष्ट अनुभाग के होने पर तथा उत्कृष्ट रूप में उन स्थिति और अनुभाग का बन्ध होने पर भी सम्यक्त्व, संयम और संयमासंयम का ग्रहण सम्भव नहीं है। इससे भी बध्यमान और उपशान्त कर्मस्कन्ध का वर्तमान में फल देना सिद्ध होता है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अन्य प्रकार से भी उपर्युक्त शंका का समाधान करते हुए आगे धवला में कहा गया है—अथवा नैगमनय भूत और भविष्यत् पर्यायों को वर्तमान के रूप में स्वीकार करता है इसलिए इस नय की अपेक्षा उन तीनों प्रकार के कर्मस्कन्धों को 'प्रकृति' कहा गया है।

(पु० १२, पृ० ३०२-४)

इस वेदनावेदनविधान के प्रसंग में सामान्य से सूत्रों में इस प्रकार निर्देश है— (१) नैगमनय की अपेक्षा ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् बध्यमान वेदना है। (२) कथंचित् वह उदीर्णवेदना है। (३) कथंचित् उपशान्त वेदना है। (४) कथंचित् बध्यमान वेदनाएँ हैं। (५) कथंचित् उदीर्ण वेदनाएँ हैं। (६) कथंचित् उपशान्त वेदनाएँ हैं। (७) कथंचित् बध्यमान और उदीर्ण वेदना है। (८) कथंचित् बध्यमान (एक) व उदीर्ण (अनेक) वेदनाएँ हैं। (९) कथंचित् बध्यमान (अनेक) और उदीर्ण (एक) वेदना है। (१०) कथंचित् बध्यमान (अनेक) और उदीर्ण (अनेक) वेदनाएँ हैं। (सूत्र ४,२,१०,३-१२)

धवला में इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार किया गया है—१. एक जीव की एक समय में बाँधी गयी एक प्रकृति कथंचित् बध्यमान वेदना है। २. एक जीव की एक समय में बाँधी गयी एक प्रकृति कथंचित् उदीर्ण वेदना है। ३. एक जीव की एक समय में बाँधी गयी एक प्रकृति कथंचित् उपशान्त वेदना है। ४ (१) एक जीव की एक समय में बाँधी गयी अनेक प्रकृतियाँ कथंचित् बध्यमान वेदनाएँ हैं। ४ (२) अनेक जीवों के द्वारा एक समय में बाँधी गयी एक प्रकृति कथंचित् बध्यमान वेदना है। ४ (३) अनेक जीवों के द्वारा एक समय में बाँधी गयी अनेक प्रकृतियाँ कथंचित् बध्यमान वेदनाएँ है। ५ (१) एक जीव की अनेक समयों में बाँधी गयी एक प्रकृति कथंचित् उदीर्ण वेदना है। ५ (२) एक जीव की एक समय में बाँधी गयी अनेक प्रकृतियाँ कथंचित् उदीर्ण वेदनाएँ हैं। ५ (३) एक जीव की अनेक समयों में बाँधी गयी अनेक प्रकृतियाँ कथंचित् उदीर्ण वेदनाएँ हैं। ५ (४) अनेक जीवों की एक समय में बाँधी गयी एक प्रकृति कथंचित् उदीर्ण वेदना है। ५ (५) अनेक जीवों की अनेक समयों में बाँधी गयी एक प्रकृति कथंचित् उदीर्ण वेदना है। ५ (६) अनेक जीवों की अनेक प्रकृतियाँ एक समय में बाँधी गयी कथंचित् उदीर्ण वेदनाएँ हैं। ५ (७) अनेक जीवों की अनेक प्रकृतियाँ अनेक समयों में बाँधी गयी कथंचित् उदीर्ण वेदनाएँ हैं। इत्यादि।

इस पद्धति से धवलाकार ने जीव, प्रकृति और समय इनकी एक व अनेक की विवक्षा से प्रसंगानुसार एकसंयोगी, द्विसंयोगी और त्रिसंयोगी अनेक भंगों को स्पष्ट किया है तथा प्रस्तारों को प्रकट करके उनके कुछ उच्चारणक्रम को भी व्यक्त किया है।

यह प्ररूपणा यहाँ धवला में सूत्रकार के अभिप्रायानुसार नैगम-व्यवहारादि नयों की विवक्षा से आठों कर्मों के विषय में की गयी है।[1]

११. वेदनागतिविधान

इस अनुयोगद्वार में वेदनास्वरूप ज्ञानावरणादि कर्मों की गति—स्थिर-अस्थिरता—के विषय में विचार हुआ है।

प्रकृत अनुयोगद्वार का स्मरण करानेवाले प्रथम सूत्र की व्याख्या के प्रसंग में धवला में यह

---

१. इसे पीछे 'मूलग्रन्थगत-विषयपरिचय' में देखा जा सकता है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

शंका उठायी गयी है कि कर्म सब जीवप्रदेशों में समवाय को प्राप्त हैं तब वैसी अवस्थाओं में उनके गमन को कैसे योग्य माना जा सकता है।

इस शंका का समाधान करते हुए धवला में कहा गया है कि यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि योग के वश जीवप्रदेशों का संचार होने पर उनसे अपृथग्भूत कर्मस्कन्धों के संचार में किसी प्रकार का विरोध नहीं है।

प्रस्तुत 'वेदनागतिविधान' अनुयोगद्वार की प्ररूपणा की आवश्यकता क्यों हुई, इसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि यदि कर्मप्रदेश स्थित होते हैं तो जीव के देशान्तर को प्राप्त होने पर उसे सिद्धों के समान हो जाना चाहिए, क्योंकि समस्त कर्मों का वहाँ अभाव रहनेवाला है। कारण यह है कि स्थित स्वभाववाले होने से पूर्वसंचित कर्म तो वहीं रह गये हैं जहाँ जीव पूर्व मे था, उनका जीव के साथ यहाँ देशान्तर में आना सम्भव नहीं रहा। वर्तमानकाल में कर्मों का संचय हो सके, यह भी सम्भव नहीं है; क्योंकि कर्मसंचय के कारणभूत जो मिथ्यात्वादि प्रत्यय हैं वे भी कर्मों के साथ वहीं स्थित रह गये, अतः उनकी यहाँ सम्भावना नहीं है। अतः कर्मों को स्थित मानना युक्तिसंगत नहीं है।

यदि उन कर्मस्कन्धों को अनवस्थित माना जाय तो वह भी उचित न होगा, क्योंकि उस परिस्थिति में सब जीवों की मुक्ति का प्रसंग प्राप्त होता है। आगे कहा गया है कि विवक्षित समय के पश्चात् द्वितीय समय में कर्मों का अस्तित्व रहनेवाला नहीं है, क्योंकि अनवस्थित होने के कारण वे प्रथम समय में निर्मूल नष्ट हो चुके हैं। उत्पन्न होने के प्रथम समय में ही वे फल देते हैं, यह भी नहीं कहा जा सकता, क्योंकि बन्ध के प्रथम समय में कर्मों का विपाक सम्भव नहीं है। अथवा यदि बँधते समय उनका विपाक माना जाय तो कर्म और कर्म का फल दोनों का एक समय में सद्भाव रहकर द्वितीयादि समयों में बन्ध की सत्ता नहीं रहेगी, क्योंकि उस समय बन्ध के कारभूत मिथ्यात्व आदि प्रत्ययों का और कर्मों के फल का अभाव है। ऐसी परिस्थिति में सब जीवों की मुक्ति हो जाना चाहिए। पर ऐसा नहीं है, क्योंकि वैसा पाया नहीं जाता। इससे यदि कर्मप्रदेशों को अवस्थित और अनवस्थित उभयस्वरूप स्वीकार किया जाय तो यह भी संगत न होगा, क्योंकि वैसा मानने पर जो पृथक्-पृथक् दोनों पक्षों में दोष दिये गये हैं उनका प्रसंग अनिवार्यतः प्राप्त होगा।

इस प्रकार से पर्यायार्थिक नय का आश्रय लेनेवाले शिष्य के लिए जीव और कर्म के परतन्त्रतारूप सम्बन्ध को तथा जीवप्रदेशों के परिस्पन्द का कारण योग ही है यह जतलाने के लिए 'वेदनागतिविधान' की प्ररूपणा गयी है (पु० १२, पृ० ३६४-६५)।

यहाँ सूत्र में कहा गया है कि नैगम, व्यवहार और संग्रह नय की अपेक्षा ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् [1]अस्थित है (सूत्र ४,२,११,२)।

इसकी व्याख्या में धवला में कहा गया है कि राग, द्वेष व कषाय के वश अथवा वेदना, भय व मार्गश्रम से जीवप्रदेशों का संचार होने पर उनमें समवाय को प्राप्त कर्मप्रदेशों का भी संचार पाया जाता है। पर जीवप्रदेशों में वे कर्मप्रदेश स्थित ही रहते हैं, क्योंकि पूर्व के देश को छोड़कर देशान्तर में स्थित जीवप्रदेशों में समवाय को प्राप्त कर्मस्कन्ध पाये जाते हैं। सूत्र में प्रयुक्त

---

१. सूत्र में यहाँ 'अवट्ठिदा' पाठ है, पर वह प्रसंग व सूत्र की व्याख्या को देखते हुए अशुद्ध हो गया प्रतीत होता है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

'स्यात्' शब्द के उच्चारण से वह जाना जाता है। कारण कि जिस प्रकार वे देश में अस्थित हैं उसी प्रकार यदि उन्हें जीवप्रदेशों में भी अस्थित माना जायेगा तो पूर्वोक्त दोष (मुक्तिप्राप्ति) का प्रसंग प्राप्त होनेवाला है।

इस पर यह शंका उठी है कि मध्यवर्ती आठ जीवप्रदेशों में संकोच-विकोच नहीं होता, ऐसी स्थिति में उनमें स्थित कर्मप्रदेशों की अस्थिरता सम्भव नहीं है। तब फिर सूत्र में जो यह कहा गया है कि किसी भी काल में सब जीवप्रदेश अस्थित रहते हैं, वह घटित नहीं होता। इसके समाधान में वहाँ कहा गया है कि उन मध्यवर्ती आठ जीवप्रदेशों को छोड़कर शेष जीव-प्रदेशों के आश्रय से यह सूत्र प्रवृत्त हुआ है, इसलिए उक्त दोष सम्भव नहीं है। यह विशेष अभिप्राय सूत्र में प्रयुक्त उस 'स्यात्' शब्द से सूचित है।

उपर्युक्त नैगम, व्यवहार और संग्रह इन तीन नयों की अपेक्षा ज्ञानावरणीयवेदना कथंचित् स्थित-अस्थित भी है (सूत्र ४,२,११,३)।

इस सूत्र का अभिप्राय स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि व्याधि, वेदना और भय आदि के क्लेश से रहित छद्मस्थ जीव के जो जीवप्रदेश संचार से रहित होते हैं उनमें स्थित कर्म-प्रदेश भी स्थित (संचार से रहित) ही होते हैं। वहीं पर कुछ जीवप्रदेशों में संचार भी पाया जाता है, इससे उनमें स्थित कर्मस्कन्ध भी संचार को प्राप्त होते हैं, इसलिए उन्हें अस्थित कहा जाता है। और उन दोनों ही प्रकार के कर्मस्कन्धों के समुदाय का नाम वेदना है, इसी कारण उसे स्थित-अस्थित दो स्वभाववाली कहा जाता है।

यहाँ यह शंका उत्पन्न हुई है कि जो जीवप्रदेश अस्थित हैं उनके कर्मबन्ध भले ही हो, क्यों-कि वे योग से सहित होते हैं। किन्तु जो जीवप्रदेश स्थित होते हैं उनके कर्मबन्ध सम्भव नहीं है, क्योंकि उनमें योग का अभाव है। कारण यह कि स्थित जीवप्रदेशों में हलन-चलन नहीं होता है। यदि हलन-चलन से रहित जीवप्रदेशों में योग का सद्भाव स्वीकार किया जाता है तो सिद्धों के भी सयोग होने का प्रसंग प्राप्त होता है।

इस शंका के समाधान में कहा गया है कि मन, वचन और काय की क्रिया उत्पन्न करने में जो जीव का उपयोग होता है उसका नाम योग है और वह कर्मबन्ध का कारण है। वह योग थोड़े से जीवप्रदेशों में नहीं होता है, क्योंकि एक जीव में प्रवृत्त हुए योग के थोड़े से ही अवयवों में रहने का विरोध है, अथवा एक जीव में उसके खण्ड-खण्ड स्वरूप से प्रवृत्त होने का विरोध है। इससे स्थित जीवप्रदेशों में कर्मबन्ध होता है, यह जाना जाता है। इसके अतिरिक्त योग के आश्रय से नियमतः जीवप्रदेशों में परिस्पन्दन होता है ऐसा भी नहीं है; क्योंकि उसकी उत्पत्ति नियत नहीं है। और वैसा नियम हो भी नहीं, ऐसा भी नहीं है। हाँ, यह नियम अवश्य है कि यदि वह परिस्पन्दन होता है तो योग से ही होता है। इसलिए स्थित जीवप्रदेशों में भी योग का सद्भाव रहने से कर्मबन्ध को स्वीकार करना चाहिए (पु० १२, पृ० ३६६-६७)।

इसी पद्धति से सूत्रकार द्वारा आगे उन तीन नैगमादि नयों की अपेक्षा दर्शनावरणीयादि अन्य सात कर्मों का तथा ऋजुसूत्र और शब्द नयों की अपेक्षा ज्ञानावरणीयादि आठों कर्मवेदनाओं की स्थित-अस्थितरूपता का विचार किया गया है, जो 'मूलग्रन्थगत विषय-परिचय' से जाना जा सकता है।

१२. वेदना-अन्तरविधान

इस प्रसंग में धवला में बन्ध के दो भेदों अनन्तरबन्ध और परम्पराबन्ध का निर्देश करते

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

हुए यह बतलाया है कि कार्मण वर्गणारूप से स्थित पुद्गलस्कन्ध मिथ्यात्वादि कारणों से कर्मरूप से परिणत होने के प्रथम समय में अनन्तरबन्धरूप होते हैं। कारण यह है कि कार्मण-वर्गणारूप पर्याय के परित्याग के अनन्तर समय में ही वे कर्मरूप पर्याय से परिणत हो जाते हैं। बन्ध होने के दूसरे समय से लेकर जो कर्मपुद्गलस्कन्धों का और जीवप्रदेशों का बन्ध होता है उसका नाम परम्परबन्ध है (पु० १२, पृ० ३७०)।

आगे तदुभयबन्ध के प्रसंग में धवलाकार ने कहा है कि बन्ध, उदय और सत्त्वरूप से स्थित कर्मपुद्गलों के वेदन की प्ररूपणा 'वेदनावेदनविधान' में की जा चुकी है, इसलिए इन सूत्रों का यह अर्थ नहीं है, अतः इन सूत्रों के अर्थ की प्ररूपणा की जाती है, यह कहते हुए धवलाकार ने यह स्पष्ट किया है कि अनन्तानन्त ज्ञानावरणीयरूप कर्मस्कन्ध परस्पर में सम्बद्ध होकर जो स्थित होते हैं, वह अनन्तरबन्ध है। इसी प्रकार सम्बन्ध से रहित एक-दो आदि परमाणुओं के ज्ञानावरणस्वरूप होने का प्रतिषेध किया गया है। आगे कहा है कि वे ही अनन्तरबद्ध परमाणु जब ज्ञानावरणीयरूपता को प्राप्त हो जाते हैं तब परम्परबन्धरूप ज्ञानावरणीय-वेदना भी होती है, इसके ज्ञापनार्थ दूसरे सूत्र (४,२,१२,३) की प्ररूपणा की गयी है। अनन्तानन्त कर्मपुद्गल-स्कन्ध परस्पर में सम्बद्ध होकर शेष कर्मस्कन्धों से असम्बद्ध रहते हुए जीव के द्वारा जब दूसरों के साथ सम्बन्ध को प्राप्त होते हैं तब उन्हें परम्परबन्ध कहा जाता है। ये भी ज्ञानवरणीय-वेदनारूप होते हैं, यह अभिप्राय समझना चाहिए। एक जीव के आश्रित सभी ज्ञानावरणीयरूप कर्मपुद्गलस्कन्ध परस्पर में समवेत होकर ज्ञानावरणीयवेदना होते हैं; इस एकान्त का निराकरण हो जाता है।

१३. वेदनासंनिकर्षविधान

यहाँ संनिकर्ष का स्वरूप स्पष्ट करते धवला में कहा है कि द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव इन चारों में प्रत्येक पद उत्कृष्ट और जघन्य के भेद से दो प्रकार का है। इनमें से किसी एक को विवक्षित करके शेष पद क्या उत्कृष्ट हैं, अनुत्कृष्ट हैं, जघन्य हैं या अजघन्य हैं, इसकी जो परीक्षा की जाती है उसका नाम संनिकर्ष है। वह स्वस्थानसंनिकर्ष और परस्थानसंनिकर्ष के भेद से दो प्रकार का है। इनमें एक कर्म को विवक्षित करके जो उक्त द्रव्यादि पदों की परीक्षा की जाती है उसे स्वस्थानसंनिकर्ष कहा जाता है। आठों कर्मों के आश्रय से जो उक्त प्रकार से परीक्षा की जाती है वह परस्थानसंनिकर्ष कहलाता है। यथा—

जिसके द्रव्य की अपेक्षा ज्ञानावरणीयवेदना उत्कृष्ट होती है उसके वह ज्ञानावरणीयवेदना-क्षेत्र की अपेक्षा नियम से अनुत्कृष्ट व असंख्यातगुणी हीन होती है। काल की अपेक्षा वह उत्कृष्ट भी होती है और अनुत्कृष्ट भी। इसी प्रकार भाव की अपेक्षा वह उसके उत्कृष्ट भी होती है और अनुत्कृष्ट भी, इत्यादि।[1] यह स्वस्थानसंनिकर्ष का उदाहरण है। परस्थानसंनिकर्ष का उदाहरण—

जिसके ज्ञानावरणीयवेदना द्रव्य की अपेक्षा उत्कृष्ट होती है उसके आयु को छोड़ शेष छह कर्मों की वेदना उत्कृष्ट भी होती है और अनुत्कृष्ट भी होती है, इत्यादि।[2]

---

१. सूत्र ४,२,१३,६-१४ व उनकी धवला टीका।
२. सूत्र ४,२,१३,२२०-२२ व उनकी टीका।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इसी पद्धति से सूत्रकार द्वारा यहाँ अन्य कर्मों के विषय में भी प्रकृत स्वस्थान-परस्थान संनिकर्ष का विचार किया गया है, जिसका स्पष्टीकरण धवलाकार ने यथाप्रसंग किया है।

१४. वेदनापरिमाणविधान

इस अधिकार का स्मरण करानेवाले प्रथम सूत्र की व्याख्या करते हुए धवला में शंकाकार ने कहा है कि इस अनुयोगद्वार से किसी प्रमेय का बोध नहीं होता है, इसलिए इसे प्रारम्भ नहीं करना चाहिए। उससे किसी प्रमेय का बोध क्यों नहीं होता है, इसे स्पष्ट करते हुए शंकाकार ने कहा है कि यह अनुयोगद्वार प्रकृतियों के परिणाम का प्ररूपक तो हो नहीं सकता, क्योंकि ज्ञानावरणीयादि आठ ही कर्मप्रकृतियाँ हैं, यह पहले बतला चुके हैं। स्थितिवेदना के प्रमाण की भी प्ररूपणा उसके द्वारा नहीं की जाती है, क्योंकि पीछे कालविधान में विस्तारपूर्वक उसकी विधिवत् प्ररूपणा की जा चुकी है। वह भाववेदना के प्रमाण की भी प्ररूपणा नहीं करता है, क्योंकि उसकी प्ररूपणा भावविधान में की जा चुकी है। और जिस अर्थ की पूर्व में प्ररूपणा की जा चुकी है उसकी पुनः प्ररूपणा का कुछ फल नहीं है। वह प्रदेश-प्रमाण का भी प्ररूपक नहीं है, क्योंकि द्रव्यविधान के प्रसंग में उसकी प्ररूपणा हो चुकी है। क्षेत्रवेदना के प्रमाण की प्ररूपणा उसके द्वारा की जा रही हो, यह भी सम्भव नहीं है; क्योंकि वेदनाक्षेत्रविधान में उसे दे चुके हैं। इस प्रकार जब इस अनुयोगद्वार का कुछ प्रतिपाद्य विषय शेष है ही नहीं तो उसका प्रारम्भ करना निरर्थक है।

इसका समाधान करते हुए धवलाकार ने कहा है कि पूर्व में द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा आठ ही प्रकृतियाँ होती हैं यह कहा गया है। उन आठों प्रकृतियों के क्षेत्र, काल, भाव आदि के प्रमाण की प्ररूपणा पूर्व में नहीं की गयी है इसलिए इस समय पर्यायार्थिक नय का आश्रय लेकर प्रकृतियों के प्रमाण की प्ररूपणा करने के लिए यह अनुयोगद्वार आया है।

इस अधिकार में ये तीन अनुयोगद्वार हैं—प्रकृत्यर्थता, समयप्रबद्धार्थता और क्षेत्रप्रत्याश्रय या क्षेत्रप्रत्यास।[1]

इनमें से प्रकृत्यर्थता अधिकार में प्रकृति के भेद से कर्मभेदों की प्ररूपणा है। प्रकृति, शील और स्वभाव ये समानार्थक शब्द हैं। दूसरे अनुयोगद्वार में समयप्रबद्धों के भेद से प्रकृतियों के भेदों को प्रकट किया गया है। तीसरे अनुयोगद्वार में क्षेत्र के भेद से प्रकृतियों के भेदों की प्ररूपणा की गयी है, यथा—

प्रकृत्यर्थता के अनुसार ज्ञानावरणीय और दर्शनावरणीय कर्म की कितनी प्रकृतियाँ हैं, इसे स्पष्ट करते हुए सूत्रकार ने उन्हें असंख्यात लोकप्रमाण कहा है (सूत्र ४,२,१४,३-४)।

इसके स्पष्टीकरण में धवलाकार ने कहा है कि इन दोनों कर्मों की प्रकृतियाँ या शक्तियाँ असंख्यात लोकप्रमाण हैं। कारण यह कि उनके द्वारा आच्छादित किये जानेवाले ज्ञान और दर्शन असंख्यात लोकप्रमाण पाये जाते हैं। धवला में आगे कहा है कि सूक्ष्म निगोदजीव का जो जघन्य लब्ध्यक्षरज्ञान है वह निरावरण है, क्योंकि अक्षर का अनन्तवाँ भाग सदा प्रकट रहता

---

१. क्षेत्रं प्रत्याश्रयो यस्याः सा क्षेत्रप्रत्याश्रया अधिकृतिः।—धवला पु० १२, पृ० ४७८; प्रत्यास्यते यस्मिन् इति प्रत्यासः, क्षेत्रं तत्प्रत्यासश्च क्षेत्रप्रत्यासः। जीवेण ओट्ठद्धखेत्तस्स खेत्तपच्चासे त्ति सण्णा।—धवला पु० १२, पृ० ४९७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

है। यह ज्ञान का प्रथम भेद है। इस लब्ध्यक्षरज्ञान को समस्त जीवराशि से खण्डित करने पर जो लब्ध हो उसे उसमें मिला देने पर ज्ञान का दूसरा भेद होता है। फिर इस दूसरे ज्ञान को उस जीवराशि से खण्डित करने पर ज्ञान का तीसरा भेद होता है। इस प्रकार छह वृद्धियों के क्रम से असंख्यात लोकमात्र स्थान जाकर अक्षरज्ञान के उत्पन्न होने तक ले जाना चाहिए। अक्षरज्ञान के आगे उत्तरोत्तर एक-एक अक्षर की वृद्धि से उत्पन्न होनेवाले ज्ञानभेदों की 'अक्षर-समास' संज्ञा है।

यहाँ कुछ आचार्यों का कहना है कि अक्षरज्ञान के आगे छह प्रकार की वृद्धि नहीं है, किन्तु दुगुने-तिगुने आदि के क्रम से अक्षरवृद्धि ही होती है। किन्तु दूसरे कुछ आचार्यों का कहना है कि अक्षरज्ञान से लेकर आगे क्षयोपशमज्ञान में छह प्रकार की वृद्धि होती है। इस प्रकार इन दो उपदेशों के अनुसार पद, पदसमास, संघात व संघातसमास आदि ज्ञानभेदों की प्ररूपणा करना चाहिए।

उक्त प्रकार से श्रुतज्ञान के भेद असंख्यात लोकप्रमाण होते हैं। मतिज्ञान भी इतने ही हैं, क्योंकि श्रुतज्ञान मतिपूर्वक ही होता है। कार्य के भेद से कारण में भेद पाया ही जाता है।

अवधिज्ञान और मनःपर्ययज्ञान के भेदों की प्ररूपणा जैसे मंगलदण्डक में की गयी है वैसे ही यहाँ करना चाहिए। केवलज्ञान एक ही है।

इसी प्रकार दर्शन के भेद भी असंख्यात लोकमात्र जानना चाहिए, क्योंकि सभी ज्ञान दर्शन-पूर्वक ही होते हैं।

जितने ज्ञान और दर्शन हैं उतनी ही ज्ञानावरण और दर्शनावरण की आवरणशक्तियाँ हैं। इस प्रकार ज्ञानावरणीय और दर्शनावरणीय की प्रकृतियाँ असंख्यात लोकमात्र हैं, यह सिद्ध है (पु० १२, पृ० ४७९-८०)।

यहाँ सूत्रकार द्वारा ज्ञानावरणीय और दर्शनावरणीय इन कर्मों के साथ नामकर्म की भी असंख्यात लोकमात्र प्रकृतियाँ निर्दिष्ट की गयी हैं (सूत्र ४,२,१४,१५-१६)। शेष वेदनीय, मोहनीय, आयु, गोत्र और अन्तराय कर्मों की यथाक्रम से दो, अट्ठाईस, चार और पाँच प्रकृतियाँ उसी प्रकार से निर्दिष्ट हैं; जिस प्रकार कि उनका उल्लेख इसके पूर्व 'प्रकृतिसमुत्कीर्तन चूलिका' में और इसके आगे 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में किया जा चुका है।[1]

वेदनीय कर्म के प्रसंग में धवला में यह शंका की गयी है कि सुख और दुःख के अनन्त भेद हैं। तदनुसार वेदनीय की अनन्त शक्तियाँ (प्रकृतिभेद) सूत्रकार द्वारा क्यों नहीं निर्दिष्ट की गयीं। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि यह सच है यदि पर्यायार्थिकनय का अवलम्बन किया गया होता, किन्तु यहाँ द्रव्यार्थिक नय का अवलम्बन किया गया है इसीलिए उसकी अनन्त शक्तियों का निर्देश न करके दो शक्तियों का ही निर्देश है।[2]

जैसा कि अभी ऊपर कहा गया है, सूत्रकार ने मोहनीय की अट्ठाईस प्रकृतियों का ही निर्देश किया है (सूत्र ४,२,१४,९-११)।

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने कहा है कि यह प्ररूपणा अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय का आ-

---

१. प्रकृतिसमुत्कीर्तन चूलिका, सूत्र १७-१८,१९,२५-२६,४५ और ४६ (पु० ६) तथा प्रकृति-अनुयोगद्वार सूत्र ८७-९०,९८-९९,१३४-३५ और १३६-३७ (पु० १३)

२. धवला पु० १२, पृ० ४८१

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

लम्बन लेकर की गयी है। पर्यायार्थिक नय का अवलम्बन करने पर मोहनीय की असंख्यात लोक मात्र प्रकृतियाँ हैं, अन्यथा असंख्यात लोकमात्र उसके उदयस्थान घटित नहीं होते हैं।

लगभग इसी प्रकार का स्पष्टीकरण धवलाकार द्वारा आयुकर्म के प्रसंग में भी किया गया है।[1]

यह पूर्व में कहा जा चुका है कि सूत्रकार द्वारा नामकर्म की असंख्यात लोकमात्र प्रकृतियाँ निर्दिष्ट की गयी हैं (सूत्र ४,२,१४,१५-१७)। इसकी व्याख्या में धवला में यह शंका उठी है कि यहाँ पर्यायार्थिक नय का अवलम्बन क्यों किया गया है। उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि आनुपूर्वी के भेदों के प्रतिपादन के लिए यहाँ पर्यायार्थिकनय का अवलम्बन लिया गया है। उन्होंने आगे क्रम से नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी आदि चारों आनुपूर्वियों की शक्तियों (प्रकृतिभेदों) को स्पष्ट किया है।

यहाँ यह स्मरणीय है कि इन आनुपूर्वी प्रकृतियों के उत्तरभेदों का उल्लेख प्रायः उसी रूप में स्वयं सूत्रकार द्वारा आगे 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में किया गया है।[2]

जैसा कि धवलाकार को अपेक्षा रही है, सूत्रकार ने यहीं पर उन आनुपूर्वी-प्रकृतिभेदों का उल्लेख क्यों नहीं किया, जिनका उल्लेख उन्होंने आगे 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में किया है; यह विचारणीय है।

आगे **समयप्रबद्धार्थता** और **क्षेत्रप्रत्याश्रय** इन दो अनुयोगद्वारों में सूत्रकार द्वारा क्रम से समयप्रबद्धार्थता और क्षेत्रप्रत्यास के आश्रय से जो प्रकृतिभेदों की प्ररूपणा की गयी है, धवलाकार ने यथाप्रसंग उसका स्पष्टीकरण किया है।

आहारकद्विक व तीर्थंकर नामकर्मों के विषय में विशेष ऊहापोह

विशेष इतना है नामकर्म के प्रसंग में सूत्रकार ने सामान्य से यह कहा है कि नामकर्म की एक-एक प्रकृति को बीस, अठारह, सोलह, पन्द्रह, चौदह, बारह और दस कोड़ाकोड़ि सागरोपमों को समयप्रबद्धतार्थता से गुणित करने पर जो प्राप्त हो उतने विवक्षित प्रकृति के भेद होते हैं (सूत्र ४,२,१४,३७-३९)।

उसकी व्याख्या करते हुए धवला में उस प्रसंग में शंका की गयी है कि आहारकद्विक की समयप्रबद्धार्थता संख्यात अन्तर्मुहूर्त मात्र है। यहाँ शंकाकार ने कहा है कि आठ वर्ष और अन्तर्मुहूर्त के ऊपर संयत होकर अन्तर्मुहूर्त काल तक आहारकद्विक को बाँधता है और फिर नियम से थक जाता है। कारण यह है कि प्रमत्तकाल में आहारकद्विक का बन्ध नहीं होता है। इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त तक उसका अबन्धक होकर पुनः अप्रमत्त होने पर उसे अन्तर्मुहूर्त तक बाँधता है। इस क्रम से अप्रमत्त-प्रमत्तकाल में उसका बन्धक-अबन्धक होकर पूर्वकोटि के अन्तिम समय तक रहता है। इन अन्तर्मुहूर्तों को सम्मिलित रूप में ग्रहण करने पर संख्यात अन्तर्मुहूर्त मात्र ही उस आहारकद्विक की समयप्रबद्धार्थता होती है।

आगे शंकाकार तीर्थंकर प्रकृति की समयप्रबद्धार्थता को भी साधिक तेतीस सागरोपम मात्र

---

१. धवला पु० १२, पृ० ४८३

२. पु० १२, पृ० ४८३-८४; इस प्रसंग में सूत्र ५,५,११६-२२ (पु० १३, पृ० ३७१-८३) द्रष्टव्य हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

बतलाकर उसे स्पष्ट करते हुए कहता है कि एक देव अथवा नारकी सम्यग्दृष्टि पूर्वकोटि आयु-वाले मनुष्यों में उत्पन्न हुआ। गर्भ से लेकर आठ वर्ष व अन्तर्मुहूर्त में उसके तीर्थंकर नामकर्म बाँधने में आया। यहाँ से लेकर आगे वह उसे शेष पूर्वकोटि से अधिक तेतीस सागरोपमकाल तक बाँधता रहा है। कारण यह है कि तीर्थंकर कर्म के बन्धक संयत के तेतीस सागरोपम आयु-वाले देवों में उत्पन्न होने पर तेतीस सागरोपम काल तक उसका निरन्तर बन्ध पाया जाता है। फिर वहाँ से च्युत होकर वह पूर्वकोटि आयुवाले मनुष्यों में उत्पन्न होने पर आयु में वर्षपृथक्त्व शेष रह जाने तक उसे निरन्तर बाँधता है। यहाँ उसके अपूर्वकरण संयत होने पर उस अपूर्व-करण के सात भागों में से छठे भाग के अन्तिम समय तक बाँधता है। तत्पश्चात् सातवें भाग के प्रथम समय में उसका बन्ध व्युच्छिन्न हो जाता है। वर्षपृथक्त्व को कम इसलिए किया गया है कि तीर्थंकर का विहार जघन्य रूप में वर्षपृथक्त्व काल तक पाया जाता है। इस प्रकार आदि के तथा अन्त के दो वर्षपृथक्त्वों से कम दो पूर्वकोटियों से अधिक तेतीस सागरोपम तीर्थंकर कर्म की समयप्रबद्धार्थता होती है।

इस प्रकार किन्हीं आचार्यों ने उस आहारकद्विक और तीर्थंकर इन नामकर्मों की समय-प्रबद्धार्थता के विषय में अपना अभिमत प्रकट किया है। उसका निराकरण करते हुए धवलाकार ने कहा है कि उनका वह अभिमत घटित नहीं होता है, क्योंकि आहारकद्विक की संख्यात वर्ष मात्र और तीर्थंकर कर्म की साधिक तेतीस सागरोपममात्र समयप्रबद्धार्थता होती है, इसका प्रतिपादक कोई भी सूत्र नहीं है। और सूत्र के प्रतिकूल व्याख्यान होता नहीं है, वह व्याख्याना-भास ही होता है। युक्ति से भी उसमें बाधा नहीं पहुँचायी जा सकती है, क्योंकि जो समस्त बाधाओं से रहित होता है उसे सूत्र माना गया है।

इस पर यह पूछे जाने पर कि तो फिर इन तीन कर्मों की समयप्रबद्धार्थता कितनी है, धवला-कार ने कहा है कि उन तीनों की समयप्रबद्धार्थता बीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण है।

यहाँ यह शंका की गयी है कि तीनों कर्मों का उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अन्तःकोड़ाकोड़ि प्रमाण ही होता है। और उतने काल भी उनका बन्ध सम्भव नहीं है, क्योंकि उनका बन्ध क्रम से संख्यात वर्ष और साधिक तेतीस सागरोपम मात्र ही पाया जाता है। जिन कर्मों की अन्तः-कोड़ाड़ि मात्र भी समयप्रबद्धार्थता सम्भव नहीं है, उनकी बीस कोड़ाकोड़ि सागरोपममात्र समय-प्रबद्धार्थता कैसे सम्भव है।

इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि यह कुछ दोष नहीं है, क्योंकि इन तीनों कर्मों के बन्ध के चालू रहने पर बीस कोड़ाकोड़ि सागरोपमों में संचित नामकर्मों के समयप्रबद्धों के इन तीनों कर्मों में संक्रान्त होने पर उनकी बीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण समयप्रद्धार्थता पायी जाती है। इत्यादि प्रकार से आगे भी उनके विषय में कुछ ऊहापोह किया गया है।[1]

१५. वेदनाभागाभागविधान

इस अनुयोगद्वार में भी प्रकृत्यर्थता, समयप्रबद्धार्थता और क्षेत्रप्रत्यास वे ही तीन अनुयोग-द्वार हैं। यहाँ इन तीनों अनुयोगद्वारों के आश्रय से विवक्षित कर्मप्रकृतियाँ अन्य सब कर्म-प्रकृतियों के कितनेवें भागप्रमाण हैं, इसे स्पष्ट किया गया है। आवश्यकतानुसार यथाप्रसंग

---

१. इस सब के लिए धवला पु० १२, पृ० ४९२-९६ द्रष्टव्य हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

धवला में उसका स्पष्टीकरण किया गया है।

१६. वेदनाअल्पबहुत्वविधान

प्रकृत्यर्थता, समयप्रबद्धार्थता और क्षेत्रप्रत्यास ये ही तीन अनुयोगद्वार यहाँ भी हैं। इनके आश्रय से उक्त ज्ञानावरणादि कर्मप्रकृतियों के अल्पबहुत्व के विषय में विचार किया गया है। धवला में यहाँ कुछ विशेष व्याख्येय नहीं रहा है।

उपर्युक्त १६ अनुयोगद्वारों के समाप्त हो जाने पर प्रकृत 'वेदना' अनुयोगद्वार समाप्त हुआ है। इस प्रकार से षट्खण्डागम का चौथा 'वेदना' खण्ड समाप्त होता है।

पंचम खण्ड : वर्गणा

जैसाकि 'मूलग्रन्थगत विषय-परिचय' से स्पष्ट हो चुका है, इस खण्ड में **स्पर्श, कर्म** और **प्रकृति** इन तीन अनुयोगद्वारों के साथ चौथे 'बन्धन' अनुयोगद्वार के अन्तर्गत बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्धविधान इन चार अधिकारों में से बन्ध और बन्धनीय ये दो अधिकार भी समाविष्ट हैं।

(१) स्पर्श अनुयोगद्वार

इसमें स्पर्शनिक्षेप व स्पर्शनयविभाषणता आदि १६ अवान्तर अनुयोगद्वार हैं। उनमें से 'स्पर्शनिक्षेप' के प्रसंग में स्पर्श के नामस्पर्श, स्थापनास्पर्श आदि तेरह भेद निर्दिष्ट किये गये हैं। इनके स्वरूप को 'मूलग्रन्थगत विषय-परिचय' में स्पष्ट किया जा चुका है।

नयविभाषणता—यहाँ कौन नय किन स्पर्शों को विषय करता है और किन को नहीं, इसका विचार किया गया है। एक गाथासूत्र द्वारा यहाँ यह भी स्पष्ट किया गया है कि नैगमनय सभी स्पर्शों को विषय करता है। किन्तु व्यवहार और संग्रह ये दो नय बन्धस्पर्श और भव्य-स्पर्श इन दो स्पर्शों को स्वीकार नहीं करते हैं (सूत्र ५,३,७)।

इस प्रसंग में धवला में यह शंका की गई है कि ये दो नय बन्धस्पर्श को क्यों नहीं स्वीकार करते। उत्तर में कहा गया है कि बन्धस्पर्श का अन्तर्भाव कर्मस्पर्श में हो जाता है। यह कर्म-स्पर्श दो प्रकार का है—कर्मस्पर्श और नोकर्मस्पर्श। उपर्युक्त बन्धस्पर्श इन दोनों के अन्तर्गत है, क्योंकि इन दोनों से पृथक् बन्ध सम्भव नहीं है।

प्रकारान्तर से उक्त शंका के समाधान में धवलाकार ने यह भी कहा है—अथवा बन्ध है ही नहीं, क्योंकि बन्ध और स्पर्श इन दोनों शब्दों में अर्थभेद नहीं है। यदि कहा जाय कि बन्ध के बिना भी लोहा और अग्नि का स्पर्श देखा जाता है तो यह भी संगत नहीं है, क्योंकि संयोग अथवा समवाय रूप सम्बन्ध के बिना स्पर्श पाया नहीं जाता। अभिप्राय यह है कि लोहा और अग्नि का जो स्पर्श देखा जाता है वह उनके परस्पर संयोग सम्बन्ध से ही होता है।

आगे व्यवहार और संग्रहनय भव्यस्पर्श को क्यों नहीं विषय करते हैं, इसे भी स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि विष, यंत्र, कूट, पिंजरा आदि का स्पर्श चूँकि वर्तमान में नहीं है—आगे होने वाला है, इसलिए उसे भी इन दोनों नयों की विषयता से अलग रखा गया है। कारण यह कि दोनों के स्पर्श के बिना 'स्पर्श' यह संज्ञा घटित नहीं होती है। इसके अतिरिक्त अस्पृष्टकाल में तो उनका स्पर्श सम्भव नहीं है तथा स्पृष्टकाल में वह कर्म, नोकर्म, सर्व और

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

देश इन स्पर्श-भेदों में प्रविष्ट होता है। इस कारण इस भव्यस्पर्श को भी उनकी विषयता से अलग रखा गया है।

दूसरे, स्थापनास्पर्श के अन्तर्गत होने से भी संग्रहनय उस भव्यस्पर्श को विषय नहीं करता है, क्योंकि 'यह यह है' इस प्रकार के अध्यारोप के बिना वर्तमान में यन्त्र आदिकों में स्पर्श घटित नहीं होता है।

आगे दूसरे गाथासूत्र में जो यह कहा है कि ऋजुसूत्रनय एकक्षेत्रस्पर्श, अनन्तरस्पर्श, बन्धस्पर्श और भव्यस्पर्श को विषय नहीं करते तथा शब्दनय नामस्पर्श, स्पर्शस्पर्श और भावस्पर्श को स्वीकार नहीं करते (५,३,८); इसे भी धवला में स्पष्ट किया गया है (पु० १३ पृ ४०८)।

द्रव्यस्पर्श के स्वरूप को प्रकट करते हुए सूत्रकार ने कहा है कि जो एक द्रव्य दूसरे द्रव्य के साथ स्पर्श करता है, इसका नाम द्रव्यस्पर्श है। (सूत्र ५,३,११-१२)

इस सूत्र के अभिप्राय को स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि परमाणुपुद्गल शेष पुद्गलद्रव्य से स्पर्श करता है, क्योंकि परमाणुपुद्गल की शेष पुद्गलों के साथ पुद्गलद्रव्य-स्वरूप से एकता पायी जाती है। एक पुद्गलद्रव्य का शेष पुद्गलद्रव्यों के साथ जो संयोग अथवा समवाय होता है, इसका नाम द्रव्यस्पर्श है। अथवा, जीवद्रव्य और पुद्गल का जो एक स्वरूप से सम्बन्ध होता है उसे द्रव्यस्पर्श जानना चाहिए।

यहाँ धवला में यह शंका उत्पन्न हुई है कि जीवद्रव्य तो अमूर्त है और पुद्गलद्रव्य मूर्त है, ऐसी अवस्था में इन अमूर्त व मूर्त दो द्रव्यों का एक स्वरूप से सम्बन्ध कैसे हो सकता है। इसके समाधान में वहाँ यह स्पष्ट किया गया है कि संसार-अवस्था में चूंकि जीवों के अमूर्तरूपता नहीं है, इसलिए उसमें कुछ विरोध नहीं है।

इस पर वहाँ यह शंका उठी है कि यदि संसार-अवस्था में जीव मूर्त रहता है तो वह मुक्त होने पर अमूर्तरूपता को कैसे प्राप्त होता है। उत्तर में कहा गया है कि मूर्तता का कारण कर्म है, उसका अभाव हो जाने पर उसके आश्रय से रहनेवाली मूर्तता का भी अभाव हो जाता है। इस प्रकार सिद्ध जीवों के अमूर्तरूपता स्वयंसिद्ध है।

यहीं पर आगे, जीव-पुद्गलों के सम्बन्ध की सादिता-अनादिता का विचार करते हुए उस प्रसंग में यह पूछने पर कि द्रव्य की 'स्पर्श' संज्ञा कैसे सम्भव है, धवलाकार ने कहा है कि 'स्पृश्यते अनेन, स्पृशतीति वा स्पर्शशब्दसिद्धेर्द्रव्यस्य स्पर्शत्वोपपत्तेः' अर्थात् 'जिसके द्वारा स्पर्श किया जाता है अथवा जो स्पर्श करता है' इस निरुक्ति के अनुसार 'स्पर्श' शब्द के सिद्ध होने से द्रव्य के स्पर्शरूपता बन जाती है। छहों द्रव्य सत्त्व, प्रमेयत्व आदि की अपेक्षा परस्पर समान हैं, इसलिए नैगम नय की अपेक्षा उन छहों द्रव्यों के द्रव्यस्पर्श है।

धवलाकार ने यहाँ एक, दो, तीन आदि द्रव्यों के संयोग से सम्भव भंगों के प्रमाण को भी स्पष्ट किया है। एकसंयोगी भंग जैसे—(१) एक जीवद्रव्य दूसरे जीवद्रव्य का स्पर्श करता है, क्योंकि अनन्तानन्त निगोदजीवों का एक निगोदशरीर में परस्पर समवेत होकर अवस्थान पाया जाता है, अथवा जीवस्वरूप से उनमें एकता देखी जाती है। (२) एक पुद्गलद्रव्य दूसरे पुद्गल-द्रव्य के साथ स्पर्श करता है, क्योंकि परस्पर में समवाय को प्राप्त हुए अनन्त पुद्गल परमाणुओं का अवस्थान देखा जाता है, अथवा पुद्गल स्वरूप से उनमें एकता देखी जाती है। (३) धर्मद्रव्य धर्मद्रव्य के साथ स्पर्श करता है, क्योंकि असंग्राही नैगमनय का आश्रय करके 'द्रव्य' नाम को प्राप्त लोकाकाश प्रमाण धर्मद्रव्य के असंख्यात प्रदेशों का परस्पर में स्पर्श देखा जाता है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

(४) अधर्मद्रव्य अधर्मद्रव्य को स्पर्श करता है, क्योंकि असंग्राही नैगमनय की अपेक्षा द्रव्यरूपता को प्राप्त अधर्मद्रव्य के स्कन्ध, देश, प्रदेश और परमाणुओं के एकता देखी जाती है। (५) कालद्रव्य कालद्रव्य का स्पर्श करता है, क्योंकि एक क्षेत्र में स्थित मोतियों के समान समवाय से रहित होकर अवस्थित लोकाकाश प्रमाण काल-परमाणुओं में कालरूप से एकता देखी जाती है, अथवा एक लोकाकाश में अवस्थान की अपेक्षा भी उनमें एकता देखी जाती है। (६) आकाशद्रव्य आकाश द्रव्य से स्पर्श करता है, क्योंकि नैगमनय की अपेक्षा द्रव्यरूपता को प्राप्त आकाश के स्कन्ध, देश, प्रदेश और परमाणु का परस्पर में स्पर्श पाया जाता है। इस प्रकार ये ६ एकसंयोगी भंग होते हैं।

द्विसंयोगी भंग जैसे—(१) जीवद्रव्य पुद्गलद्रव्य का स्पर्श करता है, क्योंकि जीवद्रव्य की अनन्तानन्त कर्म और नोकर्म पुद्गलस्कन्धों के साथ एकता देखी जाती है। (२) जीव और धर्म द्रव्यों का परस्पर में स्पर्श है, क्योंकि सत्त्व, प्रमेयत्व आदि गुणों से लोक मात्र में अवस्थित उन दोनों में एकता देखी जाती है। इसी प्रकार अधर्म आदि द्रव्यों के साथ स्पर्श रहने से १५ द्विसंयोगी भंग होते हैं।

धवला में अन्य भंगों का भी उल्लेख है। इस प्रकार समस्त भंग ६३ (एकसंयोगी ६+द्विसंयोगी १५+त्रिसंयोगी २०+चतुःसंयोगी १५+पंचसंयोगी ६+षट्संयोगी १) होते हैं।

सर्वस्पर्श के स्वरूप का निर्देश करते हुए सूत्र में कहा गया है कि जो द्रव्य परमाणुद्रव्य के समान सर्वात्मस्वरूप से अन्य द्रव्य का स्पर्श करता है, इसका नाम सर्वस्पर्श है।

(सूत्र ५,३,२२)

इस सूत्र का अभिप्राय स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि जिस प्रकार परमाणु द्रव्य सब (सर्वात्मस्वरूप से) अन्य परमाणु का स्पर्श करता है उसी प्रकार का अन्य भी जो स्पर्श होता है उसे सर्वस्पर्श कहा जाता है।

यहाँ शंकाकार ने, एक परमाणु दूसरे परमाणु में प्रविष्ट होता हुआ क्या एक देश से उसमें प्रविष्ट होता है या सर्वात्मरूप से, इत्यादि विकल्पों को उठाकर अन्य प्रासंगिक ऊहापोह के साथ सूत्रोक्त परमाणु के दृष्टान्त को असंगत ठहराया है।

शंकाकार के इस अभिमत का निराकरण करते हुए धवला में, परमाणु क्या सावयव है या निरवयव—इन दो विकल्पों को उठाकर सावयवत्व के निषेधपूर्वक उसे निरवयव सिद्ध किया गया है। आगे वहाँ यह स्पष्ट किया गया है कि जो संयुक्त व असंयुक्त पुद्गलस्कन्ध परमाणु प्रमाण में उपलब्ध होते हैं उनके अभाव के प्रसंग को टालने के लिए द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा अवयवों से रहित परमाणु के देशस्पर्श को ही सर्वस्पर्श कहा गया है। कारण यह कि अखण्ड परमाणुओं के अवयवों का अभाव होने से उनके सर्वस्पर्श की सम्भावना देखी जाती है।

प्रकारान्तर से यहाँ यह भी कहा है—अथवा दो परमाणुओं के देशस्पर्श होता है, क्योंकि इसके बिना स्थूल स्कन्धों की उत्पत्ति नहीं बनती। सर्वस्पर्श भी उनका होता है, क्योंकि एक परमाणु में दूसरे परमाणु के सर्वात्मना प्रविष्ट होने में कुछ विरोध नहीं है, कारण यह कि कोई परमाणु प्रवेश करनेवाले दूसरे परमाणु के प्रवेश में रुकावट डालता हो, यह तो सम्भव नहीं है, क्योंकि सूक्ष्म का अन्य सूक्ष्म या बादर स्कन्ध के द्वारा रोका जाना बनता नहीं है। इस प्रकार से धवलाकार ने शंकाकार द्वारा उद्भावित सूत्रोक्त परमाणु के दृष्टान्त की असंगति का

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

निराकरण किया है (पु० १३, पृ० २१-२४)।

कर्मस्पर्श के प्रसंग में सूत्रकार ने कहा है कि कर्मस्पर्श ज्ञानावरणीयस्पर्श, दर्शनावरणीय-स्पर्श आदि के भेद से आठ प्रकार का है (सूत्र ५,३,२५-२६)।

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने यह बताया है कि आठ कर्मों का जीव, विस्रसोपचय और नोकर्मों के साथ जो स्पर्श होता है वह द्रव्यस्पर्श के अन्तर्गत है इसलिए यहाँ उसे कर्मस्पर्श नहीं कहा जाता है। किन्तु कर्मों का कर्मों के साथ जो स्पर्श होता है वह कर्मस्पर्श है आगे 'अब यहाँ स्पर्श के भंगों की प्ररूपणा की जाती है' ऐसी सूचना कर उन्होंने उसके भंगों को स्पष्ट किया है। कर्मस्पर्श के पुनरुक्त-अपुनरुक्त सभी भंग ६४ होते हैं। इनमें २८ पुनरुक्त भंग कम कर देने पर शेष ३६ भंग अपुनरुक्त रहते हैं। जैसे—

(१) ज्ञानावरणीय ज्ञानावरणीय का स्पर्श करता है। (२) ज्ञानावरणीय दर्शनावरणीय का स्पर्श करता है। इस क्रम से ज्ञानावरणीय के ८ भंग होते हैं।

(१) दर्शनावरणीय दर्शनावरणीय का स्पर्श करता है। (२) दर्शनावरणीय ज्ञानावरणीय का स्पर्श करता है (पुनरुक्त)। (३) दर्शनावरणीय वेदनीय का स्पर्श करता है। इत्यादि क्रम से दर्शनावरणीय के भी ८ भंग होते हैं। इसी प्रकार से वेदनीय आदि शेष छह कर्मों के भी ८-८ भंग निर्दिष्ट किये गये हैं।

बन्धस्पर्श के प्रसंग में भी इसी प्रकार से औदारिकशरीर-बन्धस्पर्श आदि के भेद से बन्ध-स्पर्श के पाँच प्रकार के भंगों को धवला में स्पष्ट किया गया है (पु० १३, पृ० ३०-३४)।

२. कर्म अनुयोगद्वार

इस अनुयोगद्वार में जिन कर्मनिक्षेप आदि १६ अनुयोगद्वारों का नामनिर्देश तथा कर्म के जिन दस भेदों का निर्देश किया गया है उनका परिचय 'मूलग्रन्थगत विषय-परिचय' में कराया जा चुका है। वहीं पर उसे देखना चाहिए।

उन दस कर्मों में **ईर्यापथ** कर्म को स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने 'ईर्या' का अर्थ योग और 'पथ' का अर्थ मार्ग किया है। तदनुसार योग के निमित्त से जो कर्म बँधता है वह ईर्यापथ कर्म कहलाता है।[1] वह उपशान्तकषाय, क्षीणकषाय और सयोगिकेवली इन तीन गुणस्थानों में उपलब्ध होता है (सूत्र ५,४,२४)।

धवला में ईर्यापथ कर्म को विशेष रूप से 'एत्थ ईरियावहकम्मस्स लक्खणं गाहाहि उच्चदे' ऐसा निर्देश कर तीन गाथाओं को उद्धृत किया है और उनके आश्रय से कई विशेषणों द्वारा उसकी विशेषता को व्यक्त किया है। यथा—

वह **अल्प** है, क्योंकि कषाय का अभाव हो जाने से वह स्थितिबन्ध से रहित होकर कर्म-स्वरूप से परिणत होने के दूसरे समय में ही अकर्मरूपता को प्राप्त हो जाता है। इस प्रकार उसके कालनिमित्तक अल्पता देखी जाती है।

वह **बादर** है, क्योंकि ईर्यापथ कर्म सम्बन्धी समयप्रबद्ध के प्रदेश आठ कर्मों के समयप्रबद्ध प्रदेशों से संख्यातगुणे होते हैं। कारण कि उसमें एक सातावेदनीय को छोड़कर अन्य कर्मों के

---

१. ईर्या योगः, स पन्था मार्गः हेतुः यस्य कर्मणः तदीर्यापथकर्म्म। जोगणिमित्तेणेव जं बज्झइ तमीरियावहकम्मं ति भणिदं होदि।—धवला पु० १३, पृ० ४७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

बन्ध का अभाव रहता है। इस प्रकार आनेवाले कर्मप्रदेशों की अपेक्षा उसे बादर कहा गया है।

वह **मृदु** है, क्योंकि उसके स्कन्ध, कर्कश आदि गुणों से रहित होकर मृदुस्पर्श गुण से सहित होते हुए ही बन्ध को प्राप्त होते हैं।

वह **बहुत** है, क्योंकि कषाय सहित जीवों के वेदनीयकर्म के समयप्रबद्ध से ईर्यापथ कर्म का समयप्रबद्ध प्रदेशों की अपेक्षा संख्यातगुणा होता है।

इसी क्रम से आगे धवला में उसे रूक्ष, शुक्ल, मन्द, महाव्यय, साताभ्यधिक, गृहीत-अगृहीत, बद्ध-अबद्ध, स्पृष्ट-अस्पृष्ट, उदित-अनुदित, वेदित-अवेदित, निर्जरित-अनिर्जरित और उदीरित-अनुदीरित विशेषणों से विशिष्ट दिखलाया गया है (पु० १३, पृ० ४७-५४)।

तपःकर्म के प्रसंग में उसके लक्षण का निर्देश करते हुए धवला में कहा है कि रत्नत्रय को प्रकट करने के लिए जो इच्छा का निरोध किया जाता है उसका नाम तप है। वह बाह्य और अभ्यन्तर के भेद से दो प्रकार का है। उनमें बाह्य तप अनेषण (अनशन), अवमौदर्य, वृत्तिपरिसंख्यान, रसपरित्याग, कायक्लेश और विविक्तशय्यासन के भेद से छह प्रकार का है। अभ्यन्तर तप भी प्रायश्चित्त, विनय, वैयावृत्य, स्वाध्याय, ध्यान और कायोत्सर्ग के भेद से छह प्रकार का है।

इस बारह प्रकार के तप को धवला में यथाक्रम से विस्तारपूर्वक स्पष्ट किया गया है (पु० १३, पृ० ५४-८८)।

प्रायश्चित्तविषयक विचार के प्रसंग में यहाँ उसके ये दस भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—आलोचन, प्रतिक्रमण, उभय, विवेक, व्युत्सर्ग, तप, छेद, मूल, परिहार और श्रद्धान।

प्रायश्चित्त के ये दस भेद मूलाचार में उपलब्ध होते हैं। सम्भवतः उसी का अनुसरण यहाँ किया गया है। यथा—

आलोयण पडिकमणं उभय विवेगो तहा विउस्सग्गो।
तव छेदो मूलं चिय परिहारो चेव सद्दहणा[1] ॥—मूला० ५/१६५

धवला में इनका स्वरूप बतलाते हुए, किस प्रकार के अपराध के होने पर कौन-सा प्रायश्चित्त विधेय होता है, इसे भी यथाप्रसंग स्पष्ट किया गया है।

'तत्त्वार्थसूत्र' (९-२२) में प्रायश्चित्त के ये नौ ही भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—आलोचन, प्रतिक्रमण, तदुभय, विवेक, व्युत्सर्ग, तप, छेद, परिहार और उपस्थापना।

इनमें प्रारम्भ के सात भेद दोनों ग्रन्थों में सर्वथा समान हैं। पर 'मूलाचार' और 'धवला' में जहाँ उनमें मूल, परिहार और श्रद्धान इन तीन अन्य भेदों को सम्मिलित करके उसके दस भेद निर्दिष्ट किये गये हैं जबकि तत्त्वार्थसूत्र में परिहार और उपस्थापना इन दो भेदों को सम्मिलित करके उनके नौ ही भेद निर्दिष्ट हैं। इनमें 'परिहार' भी दोनों ग्रन्थों में समान रूप से उपलब्ध होता है, मात्र क्रमव्यत्यय हुआ है।

'तत्त्वार्थसूत्र' की टीका 'सर्वार्थसिद्धि' व 'तत्त्वार्थवार्तिक' में जो उनके स्वरूप का निर्देश है उसमें 'धवला' में कहीं पर साधारण स्वरूपभेद भी हुआ है।

'तत्त्वार्थसूत्र' में 'मूल' प्रायश्चित्त का उल्लेख नहीं है। उसके स्वरूप का निर्देश करते हुए

---

१. यह गाथा धवला में (पु० १३, पृ० ६०) 'एत्थ गाहा' इस निर्देश के साथ उद्धृत भी की गयी है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

धवला में कहा गया है कि समस्त पर्याय को नष्ट करके फिर से दीक्षा देना मूल प्रायश्चित कहलाता है। यह अभिप्राय 'सर्वार्थसिद्धि' और 'तत्त्वार्थवार्तिक' (९,२२,१०) में 'उपस्थापना' प्रायश्चित्त के अन्तर्गत है।[1]

'श्रद्धान' प्रायश्चित का उल्लेख भी तत्त्वार्थसूत्र में नहीं हुआ है। इसका स्वरूप स्पष्ट करते हुए धवला में कहा है कि जो मिथ्यात्व को प्राप्त होकर स्थित है उसके लिए महाव्रतों को ग्रहण करके आप्त, आगम और पदार्थों का श्रद्धान करना—यही प्रायश्चित्त है।[2]

परिहार प्रायश्चित्त अनवस्थाप्य[3] और पारंचिक के भेद से दो प्रकार का है। इनमें अनवस्थाप्य परिहार प्रायश्चित्त जघन्य से छह मास और उत्कर्ष से बारह वर्ष तक किया जाता है। इस प्रायश्चित्त का आचरण करनेवाला अपराधी साधु कायभूमि से परे विहरता है—साधु-संघ से दूर रहता है, प्रतिवन्दना से रहित होता है, गुरु को छोड़कर शेष जनों से मौन रखता है तथा क्षपण (उपवास), आचाम्ल, एकस्थान और निर्विकृति आदि तपों के द्वारा रस, रुधिर व मांस को सुखाता है।

पारंचिक-परिहार प्रायश्चित्त भी इसी प्रकार का है। विशेषता यह है कि उसका आचरण साधर्मिक जन से रहित स्थान में कराया जाता है। इसमें उत्कर्ष से छह मास के उपवास का भी उपदेश किया गया है। ये दोनों प्रायश्चित्त राजा के विरुद्ध आचरण करने पर नौ-दस पूर्वों के धारक आचार्यों के होते हैं।[4]

'चारित्रसार'[5] में अनवस्थान परिहार को निजगण और परगण के भेद से दो प्रकार का कहा है। इनमें से जो मुनि प्रमाद के वश अन्य मुनि सम्बन्धी ऋषि, छात्र, गृहस्थ, दूसरे पाखण्डियों से सम्बद्ध चेतन-अचेतन द्रव्य अथवा पर-स्त्री को चुराता है या मुनियों पर प्रहार करता है, तथा इसी प्रकार अन्य भी विरुद्ध आचरण करता है उसे निजगणानुपस्थापन परिहार प्रायश्चित्त दिया जाता है। इसका आचरण करनेवाला नौ-दस पूर्वों का धारक, आदि के तीन संहननों से सहित, परीषह का जीतनेवाला, धर्म में स्थिर, धीर व संसार से भयभीत होता है। वह ऋषि-आश्रम से बत्तीस धनुष दूर रहता है, बालमुनियों की भी वन्दना करता है, प्रतिवन्दना से रहित होता है, गुरु के पास आलोचना करता है, शेष जनों के विषय में मौन रखता है, पीछी को उलटी रखता है, तथा जघन्य से पाँच-पाँच व उत्कर्ष से छह-छह मास का उपवास करता है।[6]

---

१. पुनर्दीक्षाप्रापणमुपस्थापना। महाव्रतानां मूलोच्छेदं कृत्वा पुनर्दीक्षाप्रापणमुपस्थापनेत्याख्याते।—त०वा० ९,२२,१०

२. धवला पु० १३, पृ० ६३

३. इसके विषय में विविध ग्रन्थों में शब्दभेद या पाठभेद हुआ है। देखिए, 'जैन लक्षणावली' में अनवस्थाप्यता, अनवस्थाप्यार्ह, अनुपस्थान और अनुपस्थापन शब्द।

४. धवला पु० १३, पृ० ५९-६३

५. इस प्रसंग से सम्बद्ध धवला (पु० १३) में जो टिप्पण दिये गये हैं उनमें चारित्रसार के स्थान में 'आचारसार' का उल्लेख है।

६. चारित्रसार पृ० ६३-६४ (इससे शब्दशः समान यही सन्दर्भ 'अनगार धर्मामृत' की स्वो० टीका (७-५६) में भी उपलब्ध होता है)।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

'तत्त्वार्थवार्तिक' में तत्त्वार्थसूत्र में निर्दिष्ट नौ प्रकार के प्रायश्चित्त के स्वरूप आदि को प्रकट करते हुए अन्त में वहाँ किस प्रकार के अपराध में कौन-सा प्रायश्चित्त अनुष्ठेय होता है, इसका विवेचन है। पर यह प्रसंग वहाँ अशुद्ध बहुत हुआ है, जिससे यथार्थता का सरलता से बोध नहीं हो पाता है।

इस प्रसंग में वहाँ अनुपस्थापन और पारंवि[चि]क प्रायश्चित्तों का निर्देश करते हुए कहा है कि अपकृष्ट्य आचार्य के मूल में प्रायश्चित्त ग्रहण करने का नाम अनुपस्थापन प्रायश्चित्त है और एक आचार्य के पास से तीसरे आचार्य तक अन्य आचार्यों के पास भेजना यह पारंवि-[चि]क प्रायश्चित्त है। यहाँ यह स्मरणीय है कि चारित्रसार और आचारसार के अनुसार इस पारंचिक प्रायश्चित्त में अपराधी को एक से दूसरे व दूसरे से तीसरे आदि के क्रम से सातवें आचार्य के पास तक भेजा जाता है।

'तत्त्वार्थवार्तिक' में अन्त में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि यह प्रायश्चित्त नौ प्रकार का है। किन्तु देश, काल, शक्ति और संयम आदि के अविरोधपूर्वक अपराध के अनुसार रोग-चिकित्सा के समान दोषों को दूर करना चाहिए। कारण यह कि जीव के परिणाम असंख्यात लोक प्रमाण हैं तथा अपराध भी उतने ही हैं, उनके लिए उतने भेद रूप प्रायश्चित्त सम्भव नहीं हैं। व्यवहार नय की अपेक्षा समुदित रूप में प्रायश्चित्त का विधान किया गया है।[1]

ध्यान विषयक चार अधिकार

आगे इसी तपःकर्म के प्रसंग में अभ्यन्तर तप के पाँचवें भेदभूत ध्यान की प्ररूपणा करते हुए धवला में तत्त्वार्थसूत्र (९-२६) के अनुसार यह कहा गया है कि उत्तम संहननवाला जीव एक विषय की ओर जो चिन्ता को रोकता है उसे ध्यान कहते हैं। वहाँ एक गाथा[2] उद्धृत की गई है, जिसका अभिप्राय है—

स्थिर जो अध्यवसान—एकाग्रता का आलम्बन लेनेवाला मन—है उसका नाम ध्यान है। चल या अस्थिर अध्यवसान को चित्त कहा जाता है। वह सामान्य से तीन प्रकार का है—भावना, अनुप्रेक्षा और चिन्ता। भावना का अर्थ ध्यानाभ्यास की क्रिया है। स्मृतिरूप ध्यान से भ्रष्ट होने पर जो चित्त की चेष्टा होती है उसका नाम अनुप्रेक्षा है। इन दोनों प्रकारों से रहित जो मन की चेष्टा होती है उसे चिन्ता कहते हैं।[3]

---

१. देखिए, त० वा० ९,२२,१०; विशेष जानकारी के लिए 'जैन लक्षणावली' भाग १ की प्रस्तावना पृ० ७६-७८ में अनुपस्थापन शब्द से सम्बद्ध सन्दर्भ द्रष्टव्य है। इसी 'जैन लक्षणावली' के भाग २ में 'पारंचिक' शब्द के अन्तर्गत सन्दर्भ भी देखने योग्य हैं।

२. जं थिरमज्झवसाणं तं झाणं जं चलं तयं चित्तं।
तं होइ भावणा सा अणुपेहा वा अहव चिंता ॥—पु० १३, पृ० ६४
यह गाथा ध्यानशतक में गाथांक २ के रूप में उपलब्ध होती है। इसी का संस्कृत छायानुवाद जैसा यह श्लोक आदिपुराण में इस प्रकार उपलब्ध होता है—
स्थिर मध्यवसानं यत् तत् ध्यानं पञ्चलाचलम्।
सानुप्रेक्षाथवा चिन्ता भावना चित्तमेव वा ॥ २१-९

३. ध्यानशतक गा० २ की हरिभद्र-वृत्ति द्रष्टव्य है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

१. **ध्याता**—धवला में आगे ध्यान की प्ररूपणा क्रम से इन चार अधिकारों के आश्रय से की गई है—**ध्याता, ध्येय, ध्यान और ध्यानफल**। यहाँ ध्याता उसे कहा गया है जो उत्तम संहनन से सहित, सामान्य से बलवान्, शूर-वीर और चौदह अथवा दस-नौ पूर्वों का धारक होता है। उसे इतने पूर्वों का धारक क्यों होना चाहिए, इसे स्पष्ट करते हुए कहा है कि ज्ञान के विना नौ पदार्थों का बोध न हो सकने से ध्यान घटित नहीं होता है, इसलिए उसे इतने पूर्वों का धारक होना चाहिए।

इस प्रसंग में यहाँ यह शंका उठी है कि यदि नौ पदार्थों विषयक ज्ञान से ही ध्यान सम्भव है तो चौदह, दस अथवा नौ पूर्वों के धारकों को छोड़कर दूसरों के वह ध्यान क्यों नहीं हो सकता है, क्योंकि चौदह दस अथवा नौ पूर्वों के विना थोड़े से भी ग्रन्थ से नौ पदार्थों विषयक बोध पाया जाता है।

इसके समाधान में धवला में कहा गया है कि वैसा सम्भव नहीं है, क्योंकि बीजबुद्धि ऋद्धि के धारकों को छोड़कर, अन्य जनों के थोड़े से ग्रन्थ से समस्त रूप में उन नौ पदार्थों के जान लेने के लिए और कोई उपाय नहीं है। इसे आगे और भी स्पष्ट किया है। तदनुसार जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बन्ध और मोक्ष इन नौ पदार्थों के अतिरिक्त अन्य कुछ भी नहीं है—समस्त विश्व इन्हीं नौ पदार्थों में समाविष्ट है, इसलिए अल्प श्रुतज्ञान के बल पर समस्त रूप में उन नौ पदार्थों का जान लेना शक्य नहीं है। दूसरे, यहाँ द्रव्यश्रुत का अधिकार नहीं है, क्योंकि पुद्गल के विकार रूप जड़ द्रव्यश्रुत को श्रुत होने का विरोध है। वह केवलज्ञान का (भावश्रुत का) साधन है। इसके अतिरिक्त यदि अल्प श्रुत से ध्यान को स्वीकार किया जाता है तो **शिवभूति** आदि, जो बीजबुद्धि के धारक रहे हैं, उनके उस ध्यान के अभाव का प्रसंग प्राप्त होने से मोक्ष के भी अभाव का प्रसंग प्राप्त होता है। पर वैसा नहीं है, क्योंकि द्रव्यश्रुत के अल्प होने पर भी बीजबुद्धि ऋद्धि के बल से भाव रूप में उनको समस्त नौ पदार्थों का ज्ञान प्राप्त था। इसीलिए उन्हें शुक्ल ध्यान के आश्रय से मोक्ष प्राप्त हुआ है।

शिवभूति के द्रव्यश्रुत अल्प रहा है, यह भावप्राभृत की इस गाथा से स्पष्ट है—

तुस-मासं घोसंतो भावविसुद्धो महाणुभावो य।
णामेण य सिवभूई केवलणाणी फुडं जाओ॥—गा० ५३

आगे धवलाकार कहते हैं कि यदि अल्प ज्ञान से ध्यान होता है तो क्षपकश्रेणि और उपशम श्रेणि के अयोग्य धर्मध्यान ही होता है।[1] परन्तु चौदह, दस और नौ पूर्वों के धारकों को धर्म और शुक्ल दोनों ही ध्यानों का स्वामित्व प्राप्त है, क्योंकि इसमें कुछ विरोध नहीं है। इसलिए उनका ही यहाँ निर्देश किया गया है। आगे धवला में ध्याता की विशेषता को प्रकट करनेवाले कुछ अन्य विशेषण भी दिये गये हैं। यथा—

सम्यग्दृष्टि—नौ पदार्थोंविषयक रुचि, प्रत्यय अथवा श्रद्धा के विना ध्यान सम्भव नहीं है, क्योंकि उसकी प्रवृत्ति के कारणभूत संवेग और निर्वेद मिथ्यादृष्टि सम्भव नहीं है इसलिए उसे

---

१. यह स्मरणीय है कि धवला में धर्मध्यान का सद्भाव असंयत सम्यग्दृष्टि से लेकर सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपक व उपशमक तक निर्दिष्ट किया गया है। यथा—असंजदसम्मादिट्ठि-संजदासंजद-पमत्तसंजद-अप्पमत्तसंजद-अपुव्वसंजद-अणियट्टिसंजद - सुहुमसांपराइयखवगोवसामएसु धम्म(?)स्स पवुत्ती होदि त्ति जिणोवएसादो।—पु० १३, पृ० ७४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

सम्यग्दृष्टि होना चाहिए।

ग्रन्थत्यागी—ध्याता को बाह्य और अन्तरङ्ग परिग्रह का त्यागी होना चाहिए क्योंकि क्षेत्र, वास्तु, धन, धान्य, द्विपद, चतुष्पद, यान, शयन, आसन, शिष्य, कुल, गण, संघ इत्यादि बाह्य परिग्रह के आश्रय से मिथ्यात्व व क्रोध-मानादिरूप अन्तरंग परिग्रह उत्पन्न होता है; जिसके वशीभूत होने पर ध्यान नहीं बनता है।

विविक्त-प्रासुकदेशस्थ—ध्यान के लिए जीव-जन्तुओं से रहित एकान्त स्थान होना चाहिए। ऐसे स्थान पर्वत, गुफा, श्मशान उद्यान आदि हो सकते हैं। जहाँ स्त्रियों, पशुओं एवं दुष्ट जनों का आना-जाना होता है उस स्थान में चित्त की निराकुलता नहीं रह सकती। यही कारण है जो ध्यान के लिए योग्य निर्जन्तुक एकान्त स्थान का उपदेश दिया गया है।

सुखासनस्थ—ध्यान के समय कष्टप्रद आसन पर स्थित होने से अंगों को पीड़ा उत्पन्न हो सकती है। इससे चित्त निराकुल नहीं रह सकता। अतएव जिस आसन पर बैठकर सुख-पूर्वक ध्यान किया जा सके ऐसे सुखासन को ध्यान के योग्य आसन कहा गया है।

अनियतकाल—ध्यान के लिए कोई समय नियत नहीं है, किसी भी समय वह किया जा सकता है, क्योंकि शुभ परिणाम सभी समयों में सम्भव हैं।

सालम्बन—जिस प्रकार सीढ़ी आदि के बिना प्रासाद आदि के ऊपर चढ़ा नहीं जा सकता है उसी प्रकार आलम्बन के बिना ध्यान पर भी आरुढ़ नहीं हुआ जा सकता है। इसके विपरीत, मनुष्य जिस प्रकार लाठी अथवा रस्सी आदि का आलम्बन लेकर दुर्गम स्थान पर पहुँच जाता है उसी प्रकार ध्याता सूत्र व वाचना-पृच्छना आदि का आलम्बन लेकर ध्यान पर स्थिरतापूर्वक आरूढ़ हो जाता है।

रत्नत्रयभावितात्मा—ध्यान के योग्य वह ध्याता होता है जिसने ध्यान के पूर्व सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र और वैराग्य आदि विषयक भावनाओं के द्वारा उसका अभ्यास कर लिया हो। जो शंकादि दोषों से रहित होकर प्रशमादि गुणों को प्राप्त कर चुका है वह दर्शनविशुद्धि से विशुद्ध हो जाने के कारण ध्यान के विषय मे मूढ़ता को प्राप्त नही होता है। निरन्तर ज्ञान के अभ्यास से मन की प्रवृत्ति अशुभ व्यापार में नहीं होती है, इसलिए वह निश्चलतापूर्वक ध्यान में निमग्न हो सकता है, चारित्र की भावना से नवीन कर्मों का आस्रव रुककर पुरातन कर्म की निर्जरा होती है। वैराग्यभावना से जगत् के स्वभाव को समझ लेने के कारण ध्याता ध्यान में स्थिर रहता है। इस कारण ध्यान के पूर्व रत्नत्रय की भावना व अनित्यादि बारह भावनाओं के द्वारा मन को स्थिर करना चाहिए।

ध्येय में स्थिरचित्त—पाँचों इन्द्रियों के विषयों की ओर से मन को हटाकर ध्येय के विषय में उसे स्थिर करना चाहिए, क्योंकि विषयों की ओर दृष्टि के रहने से मन की स्थिरता सम्भव नहीं है (धवला पु० १३, पृ० ६४-६६)।

२. **ध्येय**—इस प्रकार ध्याता की प्ररूपणा करके आगे क्रमप्राप्त ध्येय का निरूपण करते हुए धवला में उस प्रसंग में अनेक विशेषणों से विशिष्ट वीतराग जिन को, सिद्धों को, जिनदेव के द्वारा उपदिष्ट नौ पदार्थों को तथा बारह अनुप्रेक्षाओं आदि को ध्येय—ध्यान में चिन्तन के योग्य—कहा गया है।

यहाँ धवला में यह शंका उठायी गयी है कि निर्गुण नौ पदार्थ कर्मक्षय के कारण कैसे हो सकते हैं। इसके उत्तर में वहाँ यह कहा गया है कि उनका चिन्तन करने से राग-द्वेष आदि का

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

निरोध होता है, अतः रागादि के निरोध में निमित्तभूत होने से उनके ध्येय होने में कुछ भी विरोध नहीं है।

आगे इसी प्रसंग में उपशमश्रेणि व क्षपकश्रेणि पर आरूढ़ होने के विधान, तेईस वर्गणाओं, पाँच परिवर्तनों और प्रकृति-स्थिति आदिरूप चार प्रकार के बन्ध को भी ध्यान के योग्य माना गया है।[1]

३. **ध्यान**—तत्पश्चात् अवसरप्राप्त ध्यान की प्ररूपणा में सर्वप्रथम उसके भेदों का निर्देश करते हुए धवलाकार ने उसे धर्मध्यान और शुक्लध्यान के भेद से दो प्रकार का कहा है। इनमें धर्मध्यान ध्येय के भेद से चार प्रकार का है—आज्ञाविचय, अपायविचय, विपाकविचय और संस्थानविचय। इन चारों ही धर्मध्यान के भेदों के स्वरूप आदि का धवला में विस्तार से निरूपण है।[2]

यहाँ यह विचारणीय है कि धवलाकार ने यहाँ ध्यान के उपर्युक्त दो ही भेदों का निर्देश किया है, जबकि तत्त्वार्थसूत्र (९-२८) व मूलाचार (५-१९७) आदि अनेक ग्रन्थों में उसके ये चार भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—आर्त, रौद्र, धर्म और शुक्ल। यदि यह समझा जाय कि तपःकर्म का प्रसंग होने से सम्भवतः धवलाकार ने ध्यान के रूप में उन दो ही भेदों का उल्लेख करना उचित समझा हो, तो ऐसा भी प्रतीत नहीं होता, क्योंकि 'तत्त्वार्थसूत्र' और 'मूलाचार' में भी अभ्यन्तर तप के प्रसंग में ध्यान के इन चार भेदों का भी विधिवत् उल्लेख किया गया है।

'मूलाचार' में विशेषता यह रही है कि वहाँ सामान्य रूप में ध्यान के इन चार भेदों का उल्लेख नहीं किया गया है। किन्तु वहाँ यह कहा गया है कि आर्त और रौद्र ये दो ध्यान अप्रशस्त हैं तथा धर्म और शुक्ल ये दो ध्यान प्रशस्त हैं (५-१९७)। आगे वहाँ और भी यह स्पष्ट कर दिया गया है कि अतिशय भयावह व सुगति के बाधक इन आर्त-रौद्र ध्यानों को छोड़कर धर्म और शुक्ल ध्यान के विषय में बुद्धि को लगाना चाहिए (५-२००)।

'तत्त्वार्थसूत्र' में भी लगभग यही अभिप्राय प्रकट किया गया है। वहाँ सामान्य से आर्त-रौद्र आदि रूप ध्यान के उन चार भेदों का निर्देश करते हुए 'परे मोक्षहेतू' (९-२९) यह कहकर पूर्व के आर्त और रौद्र ध्यानों को संसारपरिभ्रमण का कारण कहा गया है।[3]

'तत्त्वार्थसूत्र' की व्याख्यास्वरूप 'सर्वार्थसिद्धि' में भी कहा गया है कि चार प्रकार का यह ध्यान प्रशस्त और अप्रशस्त रूप से दो भेदों को प्राप्त है।

'ध्यानशतक' में भी, जिसे प्रमुख आधार बनाकर धवलाकार ने प्रस्तुत ध्यान की प्ररूपणा विस्तार से की है, संख्यानिर्देश के बिना ध्यान के उन्हीं आर्त आदि चार भेदों का उल्लेख किया गया है। पर वहाँ भी 'तत्त्वार्थसूत्र' के समान यह स्पष्ट कर दिया गया है कि अन्त के दो (धर्म और शुक्ल) ध्यान निर्वाण के साधन हैं जबकि आर्त और रौद्र ये दो ध्यान संसार के कारण हैं।

---

१. धवला पु० १३, पृ० ६९-७०

२. वही, पृ० ७०-७७

३. परे मोक्षहेतू इति वचनात् पूर्वे आर्त-रौद्रे संसारहेतू इत्युक्तं भवति। कुतः तृतीयस्य साध्यस्याभावात्। —सर्वार्थसिद्धि ९-२९

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

'ध्यानशतक' को धवला में प्ररूपित ध्यान का प्रमुख आधार कहने का कारण यह है कि वहाँ ध्यान के वर्णन में ग्रन्थनामनिर्देश के बिना ध्यानशतक की लगभग ४७ गाथाएँ उद्धृत की गयी हैं।[1]

इस सबसे यही प्रतीत होता है कि धवलाकार ने मोक्ष को प्रमुख लक्ष्य बनाकर प्रस्तुत ध्यान की प्ररूपणा की है, इसलिए उन्होंने ध्यान के धर्म और शुक्ल इन दो ही भेदों का निर्देश किया है। आर्त और रौद्र का कहीं नामनिर्देश भी नहीं किया।

हेमचन्द्र सूरि विरचित 'योगशास्त्र' (४-११५) में भी ध्यान के धर्म और शुक्ल ये ही भेद निर्दिष्ट हैं।

धवला में धर्मध्यान के चतुर्थ भेदभूत संस्थानविचय के प्रसंग में जिन दस (४१-५०) गाथाओं को उद्धृत किया गया है उनमें ४८वीं गाथा का पाठ अस्त-व्यस्त हो गया है। उसके स्थान में शुद्ध दो गाथाएँ इस प्रकार होनी चाहिए—

अण्णाण-मारुएरिय-संजोग-विजोग-वीइसंताणं।
संसार-सागरमणोरपारमसुइं विचिंतेज्जा ॥४८॥

तस्स य संतरणसहं सम्मद्दंसण-सुबंधणमणग्घं।
णाणमयकण्णधारं चारित्तमयं महापोयं ॥४९॥

—ध्यानशतक, ५७-५८

'ध्यानशतक' में आगे ५८वीं गाथा में प्रयुक्त 'चारित्रमय महापोत' से सम्बद्ध ये दो गाथाएँ और भी उपलब्ध होती हैं, जो धवला में नहीं मिलतीं।

संवरकयनिच्छिद्दं तव-पवणाइद्धजइणतरचेगं।
वेरग्ग-मग्गपडियं विसोत्तिया-वीइनिक्खोभं ॥५९॥

आरोहंतु मुणि-वणिया महग्घसीलंग-रयणपडिपुन्नं।
जह तं निव्वाण-पुरं सिग्घमविग्घेण पावंति ॥६०॥

धवला में उद्धृत एक गाथा यह भी है—

किं बहुसो सव्वं चिय जीवादिपयत्थवित्थरोवेयं।
सव्वणयसमूहमयं ज्झायज्जो समयसब्भावं ॥[2] —पु० १३, पृ० ७३

इसमें प्रयुक्त 'समयसब्भाव' को लेकर धवला में यह शंका की गई है कि यदि समस्त सद्भाव—आगमोक्त समस्त पदार्थ—धर्म ध्यान के ही विषयभूत हैं तो फिर शुक्लध्यान का कुछ विषय ही नहीं रह जाता है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि विषय की अपेक्षा इन दोनों ध्यानों में कुछ भेद नहीं है।

इस पर पुनः यह शंका की गई है कि यदि ऐसा है तो उन दोनों ध्यानों में अभेद का प्रसंग प्राप्त होता है। कारण यह कि डाँस-मच्छर व सिंह आदि के द्वारा भक्षण किये जाने पर तथा शीत-उष्ण आदि अन्य अनेक बाधाओं के रहते हुए भी जिस अवस्था में ध्याता ध्येय से विचलित

---

१. 'ध्यानशतक' (वीरसेवा-मन्दिर, दिल्ली) की प्रस्तावना में पृ० ५९-६२ पर 'ध्यानशतक और धवला का ध्यानप्रकरण' शीर्षक।

२. यह गाथा 'ध्यानशतक' में गाथांक ६२ के रूप में उपलब्ध है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

नहीं होता है उसका नाम ध्यान है। यह स्थिरता भी दोनों ध्यानों में समान है, क्योंकि इसके विना ध्यान नहीं बनता।

इसका परिहार करते हुए कहा गया है कि यह ठीक है कि विषय की अभिन्नता और स्थिरता इन दोनों स्वरूपों की अपेक्षा उन दोनों ध्यानों में कुछ भेद नहीं है। किन्तु धर्मध्यान एक वस्तु में थोड़े ही समय अवस्थित रहता है, क्योंकि कषाय सहित परिणाम गर्भालय में स्थित दीपक के समान दीर्घ काल तक अवस्थित नहीं रहता। और वह धर्मध्यान कषाय सहित जीवों के ही होता है, क्योंकि असंयतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत, प्रमत्तसंयत, अप्रमत्तसंयत, अपूर्वकरणसंयत, अनिवृत्तिकरणसंयत और सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपक व उपशामकों में धर्मध्यान की प्रवृत्ति होती है; ऐसा जिन भगवान का उपदेश है। इसके विपरीत शुक्लध्यान एक वस्तु में धर्मध्यान के अवस्थान काल से संख्यातगुणे काल तक अवस्थित रहता है, क्योंकि वीतराग परिणाम मणिशिखा के समान बहुत काल तक चलायमान नहीं होता। इस प्रकार उपर्युक्त स्वरूपों की अपेक्षा समानता के रहने पर भी क्रम से सकषाय और अकषायरूप स्वामियों के भेद से तथा अल्पकाल और दीर्घकाल तक अवस्थित रहने के भेद से दोनों ध्यानों में भेद सिद्ध है।

यद्यपि उपशान्तकषाय के पृथक्त्ववितर्कवीचार नाम का प्रथम शुक्लध्यान अन्तर्मुहूर्त काल ही रहता है, दीर्घकाल तक नहीं रहता है; फिर भी वहाँ उसका विनाश वीतराग परिणाम के विनाश के कारण होता है, अतः वह दोषजनक नहीं है (पु० १३, पृ० ७०-७५)।

यहाँ यह स्मरणीय है कि 'तत्त्वार्थसूत्र' में धर्मध्यान के स्वामियों का उल्लेख नहीं किया गया है, जब कि वहाँ अन्य तीन ध्यान के स्वामियों का उल्लेख (सूत्र ३४,३५,३७ व ३८) है। फिर भी उसकी वृत्ति 'सर्वार्थसिद्धि' में **'आज्ञापाय-विपाक-संस्थानविचयाय धर्म्यम्'** सूत्र (९-३६) की व्याख्या करते हुए अन्त में यह कहा गया है कि वह अविरत, देशविरत, प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत के होता है।

'तत्त्वार्थभाष्य' सम्मत सूत्रपाठ के अनुसार तत्त्वार्थसूत्र में ये दो सूत्र उपलब्ध होते हैं—

आज्ञापाय-विपाक-संस्थानविचयाय धर्ममप्रमत्तसंयतस्य। उपशान्त-क्षीणकषाययोश्च।

—९,३७-३८

तदनुसार उक्त धर्म्यध्यान अप्रमत्तसंयत, उपशान्तकषाय और क्षीणकषाय के होता है।

यह सूत्रपाठभेद सम्भवतः तत्त्वार्थवार्तिककार के समक्ष रहा है। इसलिए वहाँ 'धर्म्यध्यान अप्रमत्तसंयत के होता है' इस शंका का निराकरण करते हुए कहा गया है कि ऐसा कहना ठीक नहीं है, क्योंकि वैसा स्वीकार करने पर सम्यक्त्व के प्रभाव से जो असंयतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत और प्रमत्तसंयत के भी धर्म्यध्यान का सद्भाव स्वीकार किया गया है उससे उनके अभाव का प्रसंग प्राप्त होता है।

आगे 'तत्त्वार्थवार्तिक' में उक्त सूत्रपाठभेद के अनुसार जो उसका सद्भाव उपशान्तकषाय और क्षीणकषाय के स्वीकार किया गया है उसे असंगत ठहराते हुए कहा है कि ऐसा स्वीकार करने पर उक्त दोनों गुणस्थानों में शुक्लध्यान के अभाव का प्रसंग प्राप्त होगा।[1]

'ध्यानशतक' में धर्मध्यान का सद्भाव इसी सूत्रपाठभेद के अनुसार अप्रमत्तसंयत, उपशान्त-

---

१. धर्म्यमप्रमत्तसंयतस्येति चेन्न, पूर्वेषां विनिवृत्तिप्रसंगात्। उपशान्तकषाय-क्षीणकषाययोश्चेति, तन्न शुक्लाभाव प्रसंगात्। —त०व० ९, ३६, १४-१५

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

मोह और क्षीणमोह के कहा गया है (गा० ६३)।

४. **ध्यानफल** —धवला में आगे इस धर्मध्यान में सम्भव पीत, पद्म और शुक्ल इन तीन शुभ लेश्याओं का सद्भाव दिखाकर उसके फल के प्रसंग में कहा है कि उसका फल अक्षपकों में प्रचुर देवसुख की प्राप्ति और गुणश्रेणि के अनुसार होने वाली कर्मनिर्जरा है, परन्तु क्षपकों में उसका फल असंख्यात गुणश्रेणि से कर्मप्रदेशों की निर्जरा और पुण्य कर्मों के उत्कृष्ट अनुभाग का होना है। इस प्रकार धर्मध्यान की प्ररूपणा समाप्त हुई है।

शुक्लध्यान—आगे शुक्लध्यान की प्ररूपणा में उसके पृथक्त्ववितर्कवीचार, एकत्ववितर्क-अवीचार, सूक्ष्मक्रिय-अप्रतिपाती और समुच्छिन्नक्रियाप्रतिपाती इन चार भेदों का निर्देश करते हुए प्रथमतः उनमें अन्य प्रासंगिक चर्चा के साथ पूर्व पहले के दो शुक्लध्यानों के स्वरूप आदि का विचार किया गया है।

इन दोनों शुक्लध्यानों के फल की प्ररूपणा में कहा गया है कि अट्ठाईस प्रकार के मोहनीय कर्म की सर्वोपशामना में अवस्थित रहना पृथक्त्ववितर्कविचार शुक्लध्यान का फल है। परन्तु धर्मध्यान का फल मोह का सर्वोपशम है, क्योंकि सकषाय रूप से धर्मध्यान करनेवाले सूक्ष्मसाम्परायिक संयत के अन्तिम समय में मोहनीय का सर्वोपशम पाया जाता है।

एकत्ववितर्क-अवीचार शुक्लध्यान का फल तीन घातिया कर्मों का निर्मूल विनाश करना है, जबकि धर्मध्यान का फल मोहनीय का विनाश करना है, क्योंकि सूक्ष्मसाम्परायिक के अन्तिम समय में उसका विनाश देखा जाता है।

इस पर यहां यह शंका उठी है कि यदि मोहनीय का उपशम होना धर्मध्यान का फल है तो उसका क्षय उस धर्मध्यान का फल नहीं हो सकता, क्योंकि एक से दो कार्यों के उत्पन्न होने का विरोध है। इसके उत्तर में धवला में कहा गया है कि धर्मध्यान अनेक प्रकार का है, इसलिए उससे अनेक कार्यों के उत्पन्न होने में कुछ विरोध नहीं है।

धवला में एक अन्य शंका यह भी उठायी गयी है कि एकत्ववितर्क-अवीचार शुक्लध्यान के लिए 'अप्रतिपाती' विशेषण से क्यों नहीं विशेषित किया गया। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि उपशान्तकषाय जीव के भव के क्षय से अथवा काल के क्षय से कषायों में पड़ने पर एकत्ववितर्क-अवीचार ध्यान का प्रतिपात पाया जाता है। इसलिए उसे 'अप्रतिपाती' विशेषण से विशिष्ट नहीं किया गया है।

यहां यह स्मरणीय है कि धवलाकार के मतानुसार उपशान्तकषाय गुणस्थान में प्रमुखता से पृथक्त्ववितर्क-वीचार शुक्लध्यान रहता है, साथ ही वहां दूसरा एकत्ववितर्क-अवीचार शुक्ल-ध्यान भी रहता है। इसी प्रकार क्षीणकषाय गुणस्थान में एकत्ववितर्क-अवीचार शुक्लध्यान तो होता ही है, साथ ही वहां योगपरावर्तन की एक समय प्ररूपणा न बन सकने के कारण क्षीण-कषाय काल के प्रारम्भ में पृथक्त्ववितर्कवीचार शुक्लध्यान भी सम्भव है।

इस पर यह शंका उत्पन्न हुई है कि उपशान्तकषाय गुणस्थान में एकत्ववितर्क-अवीचार ध्यान के होने पर '**उवसंतो दु पुधत्तो**'[1] इस आगमवचन से विरोध होता है। इसके समाधान में कहा है कि उक्त आगमवचन में पृथक्त्ववितर्कवीचार ध्यान ही वहां होता है, ऐसा नियम नहीं

---

१. उवसंतो दु पुधत्तं झायदि झाणं विदक्कवीचारं।
खीणकसाओ झायदि एयत्तविदक्कऽवीचारं ॥—मूला० ५-२०७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

हैं। इसलिए वहाँ एकत्ववितर्क-अवीचार ध्यान के भी होने पर उस आगम-वचन क साथ विरोध की सम्भावना नहीं है।[1]

आगे क्रमप्राप्त तीसरे सूक्ष्मक्रिय-अप्रतिपाती शुक्लध्यान की प्ररूपणा के प्रसंग में उसके स्वरूप, दण्ड-कपाटादिरूप केवलिसमुद्घात, स्थितिकाण्डकों और अनुभागकाण्डकों के घात के क्रम, योगनिरोध के क्रम, पूर्वस्पर्धकों व अपूर्वस्पर्धकों के विधान और कृष्टिकरण इन सब के सम्बन्ध में विचार किया गया है।

इस प्रसंग में धवला में यह शंका की गयी है कि केवली के योगनिरोधकाल में जो सूक्ष्मक्रिय-अप्रतिपाती ध्यान का सद्भाव बतलाया गया है वह घटित नहीं होता। कारण यह है कि केवली समस्त द्रव्यों और उनकी पर्यायों को जानते हैं, अपने समस्त काल में एक स्वरूप से अवस्थित रहते हैं तथा इन्द्रियातीत हैं; इसलिए एक वस्तु में उनके मन का निरोध सम्भव नहीं है और मन के निरोध के बिना ध्यान होता नहीं है, क्योंकि अन्यत्र वैसा देखा नहीं जाता।

इस शंका के उत्तर में वहाँ यह कहा गया है कि दोष की सम्भावना तब हो सकती थी, जबकि एक वस्तु में चिन्ता के निरोध को ध्यान मान लिया जाता। पर यहाँ ऐसा नहीं माना गया है। यहाँ तो उपचारतः 'चिन्ता' से योग का अभिप्राय रहा है। इस प्रकार जिस ध्यान में योगस्वरूप चिन्ता का एकाग्रता से निरोध (विनाश) होता है उसे ध्यान माना गया है। इसलिए शंकाकार के द्वारा उद्भावित दोष की सम्भावना नहीं है।[2]

ध्यानशतक में ऐसी ही शंका को हृदयंगम करते हुए यह कहा गया है कि जिस प्रकार छद्मस्थ के अतिशय निश्चल मन को ध्यान कहा जाता है उसी प्रकार केवली के अतिशय निश्चल काय को ध्यान कहा जाता है।[3] योग सामान्य की अपेक्षा मन और काय में कुछ भेद नहीं है।

आगे क्रमप्राप्त चौथे समुच्छिन्नक्रियाप्रतिपाती शुक्लध्यान की प्ररूपणा करते हुए धवला में कहा गया है जिस ध्यान में योगरूप क्रिया नष्ट हो चुकी है तथा जो अविनश्वर है उसे समुच्छिन्नक्रियाप्रतिपाती ध्यान कहा जाता है। यह चौथा शुक्लध्यान श्रुत से रहित होने के कारण अवितर्क और जीवप्रदेशों के परिस्पन्द के अभाव से अथवा अर्थ, व्यंजन और योग के संक्रमण के अभाव से अवीचार है। यहाँ 'एत्थ गाहा' सूचना के साथ यह गाथा उद्धृत की गयी है—

अविदक्कमवीचारं अणियट्टी अकिरियं च सेलेसिं।
झाणं णिरुद्धजोगं अपच्छिमं उत्तमं सुक्कं ॥

अर्थात् वह चौथा उत्तम शुक्लध्यान वितर्क व वीचार से रहित, निवृत्त न होनेवाला, क्रिया से विहीन, शैलेशी अवस्था को प्राप्त और योगों के निरोध से सहित होने के कारण सर्वोत्कृष्ट है।

धवलाकार ने 'एदस्स अत्थो' संकेतपूर्वक यह कहा है कि योग का निरोध हो जाने पर कर्म

---

१. धवला पु० १३, पृ० ७७-८२
२. धवला पु० १३, पृ० ८३-८७
३. जह छउमत्थस्स मणो झाणं भण्णइ सुनिच्चलो संतो।
तह केवलिणो कायो सुनिच्चलो भन्नए झाणं ॥८४॥

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

आयु के समान अन्तर्मुहूर्त मात्र स्थितिवाले होते हैं। अनन्तर समय में वह समुच्छिन्नक्रिया-प्रतिपाती शुक्ल ध्यान का ध्याता शैलेशी अवस्था को प्राप्त होता है।

यहाँ भी यह पूछने पर कि इसे 'ध्यान' संज्ञा कैसे प्राप्त है, धवलाकार ने कहा है कि एकाग्रता से प्रदेशपरिस्पन्द के अभाव स्वरूप चिन्ता के निरोध का नाम ध्यान है; यह जो ध्यान का लक्षण है वह उसमें घटित होता है, इसलिए उसकी 'ध्यान' संज्ञा के होने में कुछ विरोध नहीं है।

फल के प्रसंग में यहाँ तीसरे शुक्लध्यान का फल योगों का निरोध और इस चौथे शुक्ल-ध्यान का फल चार अघातिया कर्मों का विनाश निर्दिष्ट किया गया है (पु० १३, पृ० ८७-८८)।

क्रियाकर्म—सूत्रकार ने क्रियाकर्म के इन छह भेदों का निर्देश किया है— आत्माधीन, प्रदक्षिणा, त्रिःकृत्वा, तीन अवनति, चार सिर और बारह आवर्त (सूत्र ५,४,२७-२८)।

धवला में इनकी विवेचना इस प्रकार की गयी है—

(१) क्रियाकर्म करते समय अपने अधीन रहना, पर के वश नहीं होना; इसका नाम 'आत्माधीन' है। कारण यह कि पराधीन होकर किया जाने वाला क्रियाकर्म कर्मक्षय का कारण नहीं होता। इसके विपरीत वह जिनेन्द्र देव आदि की अत्यासादना का कारण होने से कर्मबन्ध का ही कारण होता है।

(२) वन्दना के समय गुरु, जिन और जिनालय की प्रदक्षिणा करके नमस्कार करना 'प्रदक्षिणा' है।

(३) प्रदक्षिणा, नमस्कार आदिरूप क्रियाओं का तीन बार करना 'त्रिःकृत्वा' है। अथवा एक ही दिन में जिनदेव, गुरु, और ऋषियों की जो तीन बार वन्दना की जाती है; उसे त्रिः-कृत्वा कहा जाता है।

यहाँ प्रसंगप्राप्त एक शंका का समाधान करते हुए धवलाकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वन्दना तीन सन्ध्याकालों में नियम से की जाती है, अन्य समयों में उसके करने का निषेध नहीं है। किन्तु तीन सन्ध्याकालों में उसे अवश्य करना चाहिए, इस नियम को प्रकट करने के लिए 'त्रिःकृत्वा' कहा गया है।

(४) अवनत का अर्थ अवनमन या भूमि पर बैठना है। यह क्रिया तीन बार की जाती है। यथा—पैर धोकर मन की शुद्धिपूर्वक जिनेन्द्रदेव के दर्शन से उत्पन्न हुए हर्ष से रोमांचित होते हुए जिन के आगे बैठना, यह एक (प्रथम) अवनमन हुआ। पश्चात् उठ करके जिनेन्द्र आदि की विज्ञप्ति करते हुए फिर से बैठना, यह दूसरा अवनमन हुआ। तत्पश्चात् पुनः उठ करके सामायिक दण्डक के द्वारा आत्मशुद्धि करते हुए कषाय से रहित होकर शरीर से ममत्व छोड़ना, जिन भगवान् के अनन्त गुणों का ध्यान करना, चौबीस तीर्थंकरों की वन्दना करना तथा जिन, जिनालय और गुरु की स्तुति करके फिर से भूमि पर बैठना है; यह तीसरा अवनमन है। इस प्रकार एक-एक क्रियाकर्म को करते हुए तीन ही अवनमन होते हैं।

(५) समस्त क्रियाकर्म चतुःशिर होता है। दोनों हाथों को मुकुलित करके सिर को झुकाना —नमस्कार करना, यह 'शिर' का अभिप्राय है। सामायिक के प्रारम्भ में जो जिनेन्द्र के प्रति सिर को नमाया जाता है, यह एक 'शिर' हुआ। उस सामायिक के अन्त में जो सिर को नमाया जाता है, यह द्वितीय 'शिर' हुआ। 'थोस्सामि' दण्डक के आदि में जो सिर को नमाया जाता है, यह तृतीय 'शिर' हुआ। उसी के अन्त में जो सिर को नमाया जाता है, यह चतुर्थ 'शिर' हुआ।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इससे यह नहीं समझना चाहिए कि अन्यत्र नमस्कार करने का निषेध किया गया—उसे अन्यत्र भी किया जा सकता है, पर सामायिक व थोस्सामिदण्डक के आदि व अन्त में उसे नियम से करना ही चाहिए, यह उक्त कथन का अभिप्राय है।

विकल्प के रूप में 'चतुःशिर' का अभिप्राय प्रकट करते हुए यह भी कहा गया है—अथवा सभी क्रियाकर्म चतुःशिर—अरहन्त, सिद्ध, साधु और धर्म इन चार को प्रधान करके ही होता है; क्योंकि सभी क्रियाकर्मों की प्रवृत्ति उन चार को प्रधानभूत करके ही देखी जाती है।

(६) सामायिक और थोस्सामिदण्डक के आदि व अन्त में मन-वचन-काय की विशुद्धि के परावर्तनवार बारह होते हैं। इस प्रकार एक क्रियाकर्म बारह आवर्तों से सहित होता है, ऐसा कहा गया है (पु० १३, पृ० ८८-९०)।

मूलाचार के 'षडावश्यक' अधिकार में 'वन्दना' आवश्यक के प्रसंग में (७,७६-११४) उसका विस्तार से विवेचन है। वहाँ 'वन्दना' के कृतिकर्म, चितिकर्म, पूजाकर्म और विनयकर्म ये समानार्थक नाम निर्दिष्ट हैं (मा० ७-७९)।

क्रियाकर्म और कृतिकर्म में कुछ अर्थभेद नहीं है। 'कृत्यते छिद्यते अष्टविधं कर्म येनाक्षरकदम्बकेन परिणामेन क्रियया वा तत् कृतिकर्म पापविनाशनोपायः' इस निरुक्ति के अनुसार जिस अक्षरसमूह, परिणाम अथवा क्रिया के द्वारा आठ प्रकार के कर्म को नष्ट किया जाता है उसका नाम कृतिकर्म है। पाप के विनाश का यह एक उपाय है।[1]

उस कृतिकर्म में कितनी अवनतियाँ व कितने सिर—हाथों को मुकुलित करके सिर से लगाने रूप नमस्कार—किये जाते हैं और वह कितने आवर्तों से शुद्ध व कितने दोषों से मुक्त होता है (७-८०), इसके स्पष्टीकरण में वहाँ यह पद्य भी उपलब्ध होता है—

दोणदं तु जधाजादं बारसावत्तमेव वा।
चदुस्सिरं तिसुद्धं च किदियम्मं पउंजदे[2]॥—मूला० ७-१०४

अर्थात् जिस क्रियाकर्म में यथाजात रूप में स्थित होकर दो अवनतियाँ, बारह आवर्त और

---

१. मूलाचार वृत्ति ७-७९

२. इसे धवला पु०, ९ पृ० १८९ पर 'एत्थुववुज्जंती गाहा' कहते हुए उद्धृत किया जा चुका है। तुलना कीजिए—

(क) चतुरावर्त्तत्रितयश्चतुःप्रणामः स्थितो यथाजातः।
सामयिको द्विनिषद्यस्त्रियोगशुद्धस्त्रिसन्ध्यमभिवन्दी॥
रत्नकरण्डक ५-१८ (सामायिक प्रतिमा के प्रसंग में)। इसकी टीका में आ० प्रभाचन्द्र ने 'यथाजात' का अर्थ 'बाह्य और अभ्यन्तर परिग्रह की चिन्ता से व्यावृत्त' किया है।

(ख) दुओणयं जहाजायं किदिकम्मं बारसावयं।
चउसिरं तिगुत्तं च दुपवेसं एग णिक्खमणं॥—समवायांग सूत्र १२

(ग) चतुःशिरस्त्रि-द्विनतं द्वादशावर्तमेव च।
कृतिकर्माख्यमाचष्टे कृतिकर्मविधि परम्॥—ह० पु० १०-१३३
द्व्यासनया सुविशुद्धा द्वादशवर्ता प्रवृत्तिषु प्राज्ञैः।
सशिरश्चतुरानतिका प्रकीर्तिता वन्दना वन्द्या॥—ह० पु० ३४-१४४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

चार सिर किये जाते हैं ऐसे मन-वचन-काय से शुद्ध कृतिकर्म का प्रयोग करना चाहिए।[1]

सूत्रकार ने नामस्थापनादि के भेद से दस प्रकार के कर्म का निरूपण करके अन्त में उनमें से यहाँ समवदानकर्म को प्रसंगप्राप्त कहा है (सूत्र ५,४,३१)।

समवदान आदि छह कर्म

धवला में इसका हेतु यह दिया गया है कि कर्मअनुयोगद्वार में उस समवदानकर्म की ही विस्तार से प्ररूपणा की गयी है। साथ ही विकल्प के रूप में वहाँ यह भी कथन किया गया है—अथवा मूलग्रन्थकर्ता ने जो यहाँ समवदानकर्म को प्रकृत कहा है, वह संग्रहनय की अपेक्षा से है। इसका कारण बतलाते हुए धवला में कहा गया है कि मूलतंत्र[2] में प्रयोगकर्म, समवदान-कर्म, अधःकर्म, ईर्यापथकर्म, तपःकर्म और क्रियाकर्म की प्रधानता रही है; क्योंकि उनकी वहाँ विस्तार से प्ररूपणा की गयी है।

'इन छह कर्मों को आधारभूत करके यहाँ हम सत्प्ररूपणा, द्रव्य, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव और अल्पबहुत्व इन अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा करते हैं' ऐसी सूचना करते हुए धवलाकार ने यथाक्रम से उनकी विस्तार से प्ररूपणा की है। यथा—

सत्प्ररूपणा के प्रसंग में वहाँ यह कहा गया है कि ओघ की अपेक्षा प्रयोगकर्म आदि छहों कर्म हैं। आदेश की अपेक्षा गतिमार्गणा के अनुवाद से नरकगति के भीतर नारकियों में प्रयोगकर्म, समवदानकर्म और क्रियाकर्म हैं। अधःकर्म, ईर्यापथकर्म और तपःकर्म उनमें नहीं हैं। अधःकर्म उनके इसलिए नहीं है कि वह औदारिकशरीरस्वरूप है,[3] जिसका उदय उनके सम्भव नहीं है। ईर्यापथकर्म और तपःकर्म का सम्बन्ध महाव्रतों से है, जिनका आधार भी वही औदारिकशरीर है; इसलिए ये दोनों कर्म भी उनके सम्भव नहीं हैं। यही अभिप्राय देवों के विषय में भी ग्रहण करना चाहिए।

तिर्यंचगति में तिर्यंचों के प्रयोगकर्म, समवदानकर्म, अधःकर्म और क्रियाकर्म ये चार हैं। महाव्रतों के सम्भव न होने से उनके ईर्यापथकर्म और तपःकर्म नहीं होते।

मनुष्यगति में मनुष्यों, मनुष्यपर्याप्तों और मनुष्यिनियों के ओघ के समान छहों कर्म होते हैं।

द्रव्यप्रमाणानुगम के प्रसंग में प्रथमतः द्रव्यार्थता और प्रदेशार्थता के स्वरूप का विवेचन है। तदनुसार प्रयोगकर्म, तपःकर्म और क्रियाकर्म में जीवों की 'द्रव्यार्थता' संज्ञा है तथा जीवप्रदेशों की संज्ञा 'प्रदेशार्थता' है। समवदानकर्म और ईर्यापथकर्म में जीवों की संज्ञा द्रव्यार्थता और उन्हीं जीवों में स्थित कर्मपरमाणुओं की प्रदेशार्थता संज्ञा है। अधःकर्म में अभव्यसिद्धों से अनन्तगुणे और सिद्धों से अनन्तगुणेहीन औदारिक नोकर्मस्कन्धों की द्रव्यार्थता और उन्हीं

---

१. वसुनन्दिवृत्ति द्रष्टव्य है। 'यथाजात' का अर्थ वृत्ति में 'जातरूपसदृशं क्रोध-मान-माया-संगादिरहितं' किया गया है।

२. धवलाकार को 'मूलतंत्र' से कौन-सा ग्रन्थ अभिप्रेत रहा है, यह स्पष्ट नहीं है। सम्भव है, उनकी दृष्टि महाकर्मप्रकृतिप्राभृत या उसके अन्तर्गत किसी अधिकार की ओर रही हो।

३. जम्हि सरीरे ट्ठिदाणं ओद्दावण-विद्दावण-परिदावण-आरंभाअण्णेहिंतो होंति तं सरीरमाधाकम्मं ति भणिदं होदि।—पु० १३, पृ० ४६-४७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

औदारिकशरीर नोकर्मस्कन्धों में स्थित पूर्वोक्त परमाणुओं की प्रदेशार्थता संज्ञा है।

धवला में द्रव्यप्रमाण को प्रकट करते हुए ओघ की अपेक्षा प्रयोगकर्म, समवदानकर्म और अधःकर्म की द्रव्यार्थता व प्रदेशार्थता का तथा ईर्यापथकर्म की प्रदेशार्थता का द्रव्यप्रमाण अनन्त कहा है। कारण यह कि प्रयोगकर्म और समवदानकर्म के अनन्तवें भाग से हीन सब जीवराशि की द्रव्यार्थता को यहाँ ग्रहण किया गया है। इनकी प्रदेशार्थता भी अनन्त है, क्योंकि इन जीवों को घनलोक से गुणित करने पर प्रयोगकर्म की प्रदेशार्थता का प्रमाण उत्पन्न होता है तथा उन्हीं जीवों को कर्मप्रदेशों से गुणित करने पर समवदानकर्म की प्रदेशार्थता का प्रमाण उत्पन्न होता है।

इसी पद्धति से आगे धवला में ओघ और आदेश की अपेक्षा द्रव्यप्रमाण की तथा क्षेत्र व स्पर्शन आदि अन्य अनुयोगद्वारों की भी प्ररूपणा विस्तार से की गयी है।

(पु० १३, पृ० ६१-१६६)

३. प्रकृति अनुयोगद्वार

यहाँ प्रकृतिनिक्षेप आदि सोलह अनुयोगद्वारों के नामों के निर्देशपूर्वक नयविभाषणता, निक्षेप व उसके भेद-प्रभेदों आदि की जो चर्चा की गयी है उसे 'मूलग्रन्थगत विषय-परिचय' में देखना चाहिए। इसके अतिरिक्त धवला में जो प्रसंगानुरूप विशेष प्ररूपणा की है उसी का परिचय यहाँ कराया जा रहा है।

धवला में यहाँ पाँच ज्ञानावरणीय प्रकृतियों के प्रसंग में आभिनिबोधिक आदि पाँच ज्ञानों के स्वरूप आदि का विचार किया गया है (पु० १३, पृ० २०६-१५)।

इसी प्रकार आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय के प्रसंग में अवग्रह व ईहा आदि आभिनिबोधिक ज्ञान के भेदों को विशद करते हुए प्रसंगानुसार उनके अन्य भेद-प्रभेदों के विषय में भी पर्याप्त विचार किया गया है।

श्रुतज्ञानावरणीय के प्रसंग में श्रुतज्ञान का विचार करते हुए अक्षरसंयोग व उसके आश्रय से उत्पन्न होने वाले भंगों की प्रक्रिया स्पष्ट की गयी है। आगे चलकर अक्षर-अक्षरसमास और पद-पदसमास आदि श्रुतज्ञान के भेदों का निरूपण है। साथ ही सूत्रकार के द्वारा निर्दिष्ट (सूत्र ५,५,५०) प्रावचन, प्रवचनीय व प्रवचनार्थ आदि श्रुतज्ञान के ४८ पर्याय शब्दों को भी स्पष्ट किया गया है।

अवधिज्ञानावरणीय की असंख्यात प्रकृतियों का निर्देश करते हुए सूत्रकार ने अवधिज्ञान के इन दो भेदों का उल्लेख किया है—भवप्रत्ययिक और गुणप्रत्ययिक (सूत्र ५,५,५१-५३)।

अवधिज्ञानावरणीय की प्रकृतियाँ असंख्यात कैसे हैं, इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि चूँकि उसके द्वारा आवियमाण अवधिज्ञान के असंख्यात भेद हैं, इसलिए उनका आवरण करने वाले अवधिज्ञानावरणीय कर्म के भी असंख्यात भेद होते हैं।

आगे धवला में सूत्रनिर्दिष्ट (५,५,५४-५६) भवप्रत्यय, गुणप्रत्यय और देशावधि-परमावधि आदि अनेक अवधिज्ञान के भेदों को स्पष्ट किया गया है। किन्तु देशावधि, परमावधि और सर्वावधि इन तीन अवधिज्ञान-भेदों की विशेष प्ररूपणा न कर यह सूचित कर दिया है कि इनके द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के आश्रय से होनेवाले भेदों की प्ररूपणा जिस प्रकार वेदना-

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

खण्ड में की गयी है, उसी प्रकार से यहाँ करना चाहिए, क्योंकि उसमें कुछ भेद नहीं है।[1]

इसी प्रसंग में यहाँ सूत्रनिर्दिष्ट (५,५,५६) समय, आवली आदि कालभेदों को स्पष्ट करते हुए अनेक गाथासूत्रों (३-१७) के आश्रय से क्षेत्र व काल आदि की अपेक्षा उसके विषय की विस्तार से प्ररूपणा की गयी है।[2]

मनःपर्यय ज्ञानावरणीय के प्रसंग में ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञान किस प्रकार ऋजुमनोगत, ऋजु-वचनगत और ऋजुकायगत अर्थ को तथा विपुलमतिमनःपर्ययज्ञान किस प्रकार ऋजु व अनृजु मन-वचन-कायगत अर्थ को जानता है, इसका स्पष्टीकरण धवला में किया गया है। इसी प्रसंग में यहाँ मनःपर्ययज्ञान मन (मतिज्ञान) से मानस को—दूसरों के मन में स्थित अर्थ को—ग्रहण करके सूत्रनिर्दिष्ट (५,५,६३) जिन संज्ञा, मति, स्मृति, चिन्ता, जीवित, मरण, लाभ-अलाभ, सुख-दुःख, नगरविनाश एवं देशविनाश आदि अनेक विषयों को जानता है, उनको भी स्पष्ट किया गया है।[3]

क्षेत्र की अपेक्षा विपुलमति मनःपर्ययज्ञान के विषय के प्रसंग में सूत्र में यह निर्देश किया गया है कि वह उत्कर्ष से मानुषोत्तर पर्वत के भीतर जानता है, उसके बाहर नहीं जानता है।

(सूत्र ५, ५,७७)

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने कहा है कि 'मानुषोत्तर पर्वत' यहाँ उपलक्षण है, सिद्धान्त नहीं है, इसलिए उसका यह अभिप्राय समझना चाहिए कि पैंतालीस लाख योजन प्रमाण क्षेत्र के भीतर स्थित जीवों के तीनों काल-सम्बन्धी चिन्ता के विषय को जानता है। इससे मानुषोत्तर पर्वत के बाहर भी अपने विषयभूत क्षेत्र के भीतर स्थित रहकर चिन्तन करनेवाले देवों व तिर्यंचों के भी चिन्तित विषय को वह विपुलमतिमनःपर्ययज्ञान जानता है, यह सिद्ध होता है।

यहाँ धवलाकार ने उक्त विपुलमतिमनःपर्ययज्ञान के उत्कृष्ट विषय के सम्बन्ध में उपलब्ध दो भिन्न मतों का उल्लेख करते हुए कहा है कि कितने ही आचार्य यह कहते हैं कि विपुलमति-मनःपर्यय मानुषोत्तर पर्वत के भीतर ही जानता है। तदनुसार उसका यह अभिप्राय हुआ कि वह मानुषोत्तर पर्वत के बहिर्भूत विषय को नहीं जानता।

अन्य कुछ आचार्यों का कहना है कि विपुलमतिमनःपर्ययज्ञानी मानुषोत्तर पर्वत के भीतर ही स्थित रहकर जिस अर्थ का चिन्तन किया गया है, उसे जानता है। इस मत के अनुसार, लोक के अन्त में स्थित अर्थ को भी वह प्रत्यक्ष जानता है।

इन दोनों मतों को असंगत ठहराते हुए धवलाकार ने कहा है कि ये दोनों ही मत ठीक नहीं हैं, क्योंकि इस प्रकार से अपने विषयभूत क्षेत्र के भीतर आये हुए पदार्थ का बोध न हो सके, यह घटित नहीं होता। कारण यह है कि मानुषोत्तर पर्वत के द्वारा उस मनःपर्ययज्ञान का प्रतिघात होता हो, यह तो सम्भव नहीं है, क्योंकि वह पराधीन होने के कारण व्यवधान से

---

१. धवला, पु० १३, पृ० २९३ तथा 'कृति' अनुयोगद्वार (पु० ९) में देशावधि पृ० १४-४०, परमावधि पृ० ४१-४७, सर्वावधि पृ० ४७-५१

२. धवला, पु० १३, पृ० २९८-३२८; यहाँ जिन गाथासूत्रों के आधार से उसके विषयविकल्पों की प्ररूपणा की गई है उनमें अधिकांश वे महाबन्ध (भा० १) में भी उस प्रसंग में उपलब्ध होते हैं, पूर्वोक्त कृति-अनुयोगद्वार में उन्हें उस प्रसंग में उद्धृत किया जा चुका है।

३. धवला पु० १३, पृ० ३२८-४१ (सूत्र ६३ की टीका द्रष्टव्य है—पृ० ३३२-३६)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

रहित है, इसलिए अपने विषयभूत क्षेत्र के भीतर नियत विषय के ग्रहण करने में किसी प्रकार की बाधा सम्भव नहीं है।

दूसरे मत के अनुसार, लोक के अन्त में स्थित अर्थ को जाननेवाला वहाँ स्थित चित्त को नहीं जानता है, यह भी नहीं हो सकता; क्योंकि अपने क्षेत्र के भीतर स्थित अपने विषयभूत अर्थ का न जानना घटित नहीं होता है; इस प्रकार दूसरे मत के अनुसार प्रसंगप्राप्त लोक के अन्त में स्थित चित्त को जानना चाहिए। पर वैसा सम्भव नहीं है, अन्यथा क्षेत्रप्रमाण की प्ररूपणा ही निष्फल ठहरती है।

इससे यही अभिप्राय निकलता है कि पैंतालीस लाख योजन के भीतर स्थित होकर चिन्तन करनेवाले जीवों के द्वारा चिन्त्यमान पदार्थ यदि मनःपर्ययज्ञान के प्रकाश से व्याप्त क्षेत्र के भीतर है तो वह उसे जानता है, नहीं तो नहीं जानता है।[1]

केवलज्ञानावरणीय की प्ररूपणा के प्रसंग में केवलज्ञान की विशेषता को प्रकट करते हुए सूत्र में कहा गया है कि स्वयं उत्पन्न ज्ञान-दर्शनवाले भगवान् देवलोक, असुरलोक व मनुष्यलोक की आगति, गति, चयन, उपपाद, बन्ध, मोक्ष, ऋद्धि, स्थिति, युति, अनुभाग, तर्क, कल, मान (मन) मानसिक, भुक्त, कृत, प्रतिसेवित, आदिकर्म, अरहःकर्म, सर्वलोक, सब जीव और सब भावों को एक साथ जानते हैं, देखते हैं व विहार करते हैं।[2]

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने सूत्रनिर्दिष्ट गति-आगति सभी के स्वरूप को स्पष्ट किया है।[3]

धवला में आगे दर्शनावरणीय आदि शेष मूल प्रकृतियों की भी उत्तर प्रकृतियों को स्पष्ट किया गया है।

४. बन्धन अनुयोगद्वार

यह अनुयोगद्वार बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्धविधान इन चार अधिकारों में विभक्त है। यहाँ मूलग्रन्थकार के द्वारा जो विवक्षित विषय की प्ररूपणा की गयी है, वह अपने आप में बहुत-कुछ स्पष्ट है। इसलिए धवला में प्रसंगप्राप्त अधिकांश सूत्रों के अभिप्राय को ही स्पष्ट किया गया है। जहाँ प्रसंग पाकर धवला में विवक्षित विषय की विस्तार से प्ररूपणा है, उसी का परिचय यहाँ कराया जा रहा है। शेष के लिए 'मूलग्रन्थगत विषय-परिचय' को देखना चाहिए।

प्रत्येकशरीर द्रव्यवर्गणा

'बन्धन' के अन्तर्गत उपर्युक्त चार अधिकारों में जो तीसरा 'बन्धनीय' अधिकार है उसमें २३ वर्गणाओं की प्ररूपणा की गई है। उनमें सत्रहवीं वर्गणा प्रत्येकशरीरद्रव्यवर्गणा है। उसके विषय में धवलाकार ने विशेष प्रकाश डाला है। सर्वप्रथम धवला में उसके लक्षण का निर्देश

---

१. धवला, पु० १३, पृ० ३४३-४४

२. सूत्र ५,५,८२ (इस सन्दर्भ की तुलना आचारांग द्वि० श्रुतचूलिका ३, सूत्र १८; पृ० ८८८ से करने योग्य है।)

३. धवला, पु० १३, पृ० ३४६-५३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

है। तदनुसार एक जीव के एक शरीर में उपचित कर्म और नोकर्मस्कन्धों का नाम प्रत्येक-शरीरद्रव्यवर्गणा है। वह जघन्य, उत्कृष्ट और मध्यवर्ती विकल्पों के अनुसार अनेक प्रकार की है। उनमें सबसे जघन्य वह किसके होती है, इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि जो जीव सूक्ष्मनिगोद अपर्याप्तों में पल्योपम के असंख्यातवें भाग से हीन कर्मस्थितिकाल तक क्षपितकर्मांशिक[1] स्वरूप से रहा है। पश्चात् पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्र संयमा-संयमकाण्ड को और उनसे विशेष अधिक सम्यक्त्व व अनन्तानुबन्धिविसंयोजन काण्डकों को तथा आठ संयमकाण्डकों को करके व चार बार कषायों को उपशमाकर अन्तिम भवग्रहण में पूर्वकोटि प्रमाण आयुवाले मनुष्यों में उत्पन्न हुआ है। पश्चात् गर्भ से निकलने को आदि करके आठ वर्ष व अन्तर्मुहूर्त के ऊपर जो सम्यक्त्व और संयम को एक साथ ग्रहण करके सयोगी जिन हो गया है। अनन्तर कुछ कम पूर्वकोटि काल तक अधःस्थितिगलन द्वारा समस्त औदारिक-शरीर और तैजसशरीर की निर्जरा को तथा कार्मणशरीर की गुणश्रेणिनिर्जरा को करके अन्तिम समयवर्ती भव्यसिद्धिक हुआ है। इस प्रकार के स्वरूप से आये हुए अयोगी के अन्तिम समय में सबसे जघन्य प्रत्येकशरीरद्रव्यवर्गणा होती है, क्योंकि उसके शरीर में निगोदजीवों का अभाव होता है।

आगे धवलाकार ने 'इस वर्गणा के माहात्म्य के ज्ञापनार्थ हम स्थानप्ररूपणा करते हैं' इस सूचना के साथ उसका स्पष्टीकरण इस प्रकार किया है—औदारिक, तैजस और कार्मण इन तीन शरीरों के परमाणुपुंजों को ऊपर रखकर उनके नीचे उन्हीं तीन शरीरों के विस्रसोपचयपुंजों को रक्खे। इन छह जघन्य परमाणुपुंजों के ऊपर परमाणुओं को इस प्रकार बढ़ाना चाहिए—क्षपितकर्मांशिकस्वरूप से आये हुए उस अन्तिम समयवर्ती भव्यसिद्धिक के औदारिकशरीर सम्बन्धी विस्रसोपचयपुंज में एक परमाणु के बढ़ाने पर अन्य अपुनरुक्त स्थान होता है। उसमें दो परमाणुओं के बढ़ाने पर तीसरा अपुनरुक्त स्थान होता है। तीन परमाणुओं के बढ़ाने पर चौथा अपुनरुक्त स्थान होता है। इस प्रकार उक्त औदारिकशरीरगत विस्रसोपचयपुंज में एक एक परमाणु की वृद्धि के क्रम से सब जीवों से अनन्तगुणे मात्र परमाणुओं को बढ़ाना चाहिए। इस प्रकार से बढ़ाने पर औदारिकशरीरगत विस्रसोपचयपुंज में सब जीवों से अनन्तगुणे मात्र अपुनरुक्त स्थान प्राप्त होते हैं।

इस पद्धति से आगे वहाँ अन्य क्षपितकर्मांशिक तथा गुणितकर्मांशिक को विवक्षित करके तैजस, कार्मण व वैक्रियिक शरीर के आधार से भी उन अपुनरुक्त स्थानों की प्ररूपणा की गयी है।

अन्तिम विकल्प को स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि गुणितकर्मांशिक जीव सातवीं पृथिवी में तैजस और कार्मण शरीरों को उत्कृष्ट करके मरण को प्राप्त होता हुआ दो-तीन भवों में तिर्यंचों में उत्पन्न हुआ और तत्पश्चात् पूर्वकोटि आयुवाले मनुष्यों में उत्पन्न हुआ। वहाँ गर्भ से आदि करके आठ वर्ष और अन्तर्मुहूर्त के ऊपर सयोगी जिन होकर कुछ कम पूर्वकोटि तक संयम गुणश्रेणिनिर्जरा करता हुआ अयोगी हो गया। इस प्रकार अयोगी हुए उसके अन्तिम समय में स्थित होने पर प्रत्येकशरीरवर्गणा पूर्वोक्त प्रत्येकशरीरवर्गणा के समान

---

१. क्षपितकर्मांशिक के लक्षण के लिए सूत्र ४, २, ४, ४६-७५ द्रष्टव्य हैं।

—(पु० १०, पृ० २६८-९६)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

होती है। अब यहाँ वृद्धि नहीं है, क्योंकि वह सर्वोत्कृष्टता को प्राप्त हो चुकी है। इस प्रकार अन्य भी प्रासंगिक प्ररूपणा धवला में की गयी है।

जिन जीवों के निगोदजीवों का सम्बन्ध नहीं है उनका उल्लेख इस प्रकार किया गया है—पृथिवी, जल, तेज, वायु, देव, नारक, आहारकशरीरी प्रमत्तसंयत, सयोगिकेवली और अयोगिकेवली। ये सब प्रत्येकशरीर हैं।

बादरनिगोदवर्गणा

यह उन्नीसवीं बादर निगोदवर्गणा सर्वजघन्य रूप में क्षीणकषाय के अन्तिम समय में होती है। उसकी विशेषता को प्रकट करते हुए धवला में कहा गया है कि जो जीव क्षपितकर्मांशिकस्वरूप से आकर पूर्वकोटिप्रमाण आयुवाले मनुष्यों में उत्पन्न हुआ है, वहाँ गर्भ से लेकर आठ वर्ष और अन्तर्मुहूर्त के ऊपर जिसने सम्यक्त्व और संयम दोनों को एक साथ प्राप्त किया है तथा जो कुछ कम पूर्वकोटिकाल तक कर्म की उत्कृष्ट गुणश्रेणिनिर्जरा को करता हुआ सिद्ध होने में अन्तर्मुहूर्त मात्र शेष रह जाने पर क्षपकश्रेणि पर आरूढ़ हुआ; इस प्रकार उत्कृष्ट विशुद्धि द्वारा कर्मनिर्जरा करते हुए उस क्षीणकषाय के प्रथम समय में अनन्त बादर निगोदजीव मरण को प्राप्त होते हैं। द्वितीय समय में उनसे विशेष अधिक जीव मरते हैं। क्षीणकषायकाल के प्रथम समय से लेकर आवलिपृथक्त्व मात्र काल के व्यतीत होने तक तृतीयादि समयों में भी उत्तरोत्तर विशेष अधिक के क्रम से उक्त बादर निगोद जीव मरण को प्राप्त होते हैं। तत्पश्चात् क्षीणकषायकाल में आवली का असंख्यातवाँ भाग शेष रह जाने तक वे उत्तरोत्तर संख्यातवें भाग-संख्यातवें भाग अधिक के क्रम से मरण को प्राप्त होते हैं। पश्चात् अनन्तर समय में वे उनसे असंख्यातगुणे मरते हैं। इस प्रकार क्षीणकषाय के अन्तिम समय तक वे उत्तरोत्तर असंख्यातगुणे-असंख्यातगुणे मरते हैं। गुणकार का प्रमाण यहाँ पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग निर्दिष्ट है।

निगोद कौन होते हैं, इसे स्पष्ट करते हुए कहा है कि पुलवी निगोद कहलाते हैं। यहीं स्कन्ध, अण्डर, आवास, पुलवी और निगोदशरीर इन पाँच का निर्देश है। उनमें मूली, थूहर आदि को स्कन्ध कहा गया है। इसी प्रकार अण्डर आदिकों के स्वरूप का भी निर्देश कर उन्हें उदाहरण द्वारा इस प्रकार समझाया है—जिस प्रकार तीन लोक के भीतर भरत, उसके भीतर जनपद, उनके भीतर ग्राम और उनके भीतर पुर होते हैं, उसी प्रकार स्कन्धों के भीतर अण्डर, उनके भीतर आवास, उनके भीतर पुलवियाँ और उनके भीतर निगोदशरीर होते हैं। ये प्रत्येक असंख्यात लोकप्रमाण होते हैं।

यहाँ क्षीणकषायशरीर को स्कन्ध कहा है, क्योंकि वह असंख्यात लोकप्रमाण अण्डरों का आधारभूत है। वहाँ अण्डरों के भीतर स्थित अनन्तानन्त जीवों के प्रत्येक समय में असंख्यात-गुणित श्रेणि के क्रम से शुक्लध्यान के द्वारा मरण को प्राप्त होने पर क्षीणकषाय के अन्तिम समय में मरने वाले अनन्त जीव होते हैं। अनन्त होकर भी वे द्विचरम समय में मरे हुए जीवों से असंख्यातगुणे होते हैं।

धवला में अन्य किन्हीं आचार्यों के अभिमतानुसार पुलवियों के आश्रय से भी निगोदजीवों के मरने के क्रम की प्ररूपणा की गयी है।

ये जीव वहाँ क्यों मरण को प्राप्त होते हैं, ऐसी शंका के उपस्थित होने पर उसका समाधान करते हुए धवलाकार ने कहा है कि वहाँ ध्यान के द्वारा निगोदजीवों की उत्पत्ति और स्थिति

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

के कारण का निरोध हो जाता है।

इस पर पुनः यह शंका उपस्थित हुई है कि जो ध्यान के द्वारा अनन्तानन्त जीवों का विघात करते हैं उन्हें मुक्ति कैसे प्राप्त हो सकती है? इसके उत्तर में कहा गया है कि अप्रमाद के द्वारा—प्रमाद के न रहने से—उन जीवों के विघात के होने पर भी उनके मुक्त होने में कुछ बाधा नहीं है।

प्रसंग के अनुसार यहाँ अप्रमाद का स्वरूप भी स्पष्ट किया है। तदनुसार पाँच महाव्रत, पाँच समितियाँ, तीन गुप्तियाँ और सम्पूर्ण कषाय के अभाव का नाम अप्रमाद है। अप्रमाद की इस अवस्था में समस्त कषाय से रहित हो जाने के कारण द्रव्यहिंसा के होने पर भी संयत के कर्मबन्ध नहीं होता है। इसके विपरीत प्रमाद की अवस्था में बाह्य हिंसा के न होने पर भी अन्तरंग हिंसा—जीवविघात के परिणामवश सिक्थ मत्स्य के कर्मबन्ध उपलब्ध होता है। इससे सिद्ध है कि शुद्धनय से अन्तरंग हिंसा ही वस्तुतः हिंसा है, न कि बहिरंग हिंसा। वह अन्तरंग हिंसा क्षीणकषाय के सम्भव नहीं है, क्योंकि वहाँ कषाय और असंयम का अभाव हो चुका है। इस अभिमत की पुष्टि धवलाकार ने प्रवचनसार की एक गाथा (३-१७) को उद्धृत करते हुए की है। इसी प्रसंग में मूलाचार की भी दो गाथाएँ (५,१३१-३२) उद्धृत की हैं। क्षीणकषाय के प्रथम समय से लेकर निगोदजीव तब तक उत्पन्न होते हैं जब तक उन्हीं का जघन्य आयुकाल शेष रहता है। तत्पश्चात् वे वहाँ नहीं उत्पन्न होते हैं, क्योंकि उत्पन्न होने पर उनके जीवित रहने का काल शेष नहीं रहता है (पु० १४, पृ० ८४-९१)।

आगे यहाँ धवला में इस जघन्य बादर निगोदद्रव्यवर्गणा के प्रसंग में भी स्थानों की प्ररूपणा लगभग उसी प्रक्रिया से की गयी है जिस प्रक्रिया से पूर्व में प्रत्येकशरीरद्रव्यवर्गणा के प्रसंग में की गयी है (पृ० ९१-११२)।

उत्कृष्ट बादर निगोदद्रव्यवर्गणा किसके होती है, इसे बतलाते हुए धवला में कहा गया है कि पूर्व प्रक्रिया के अनुसार जगश्रेणि के असंख्यातवें भाग मात्र पुलवियों के बढ़ने पर कर्मभूमिप्रतिभागभूत स्वयम्भूरमणद्वीप में स्थित मूली के शरीर में जगश्रेणि के असंख्यातवें भाग मात्र एकबन्धनबद्ध पुलवियों को ग्रहण करके उत्कृष्ट बादरनिगोदवर्गणा होती है। जघन्य से आगे और उत्कृष्ट बादरनिगोदवर्गणा के नीचे उत्पन्न सब विकल्पों को उसके मध्यम विकल्प समझना चाहिए।

सूक्ष्म निगोदद्रव्यवर्गणा

यह तेईस वर्गणाओं में इक्कीसवीं वर्गणा है। वह जल, स्थल और आकाश में सर्वत्र देखी जाती है, क्योंकि उसका बादरनिगोदवर्गणा के समान कोई नियत देश नहीं है। सबसे जघन्य सूक्ष्म निगोदद्रव्यवर्गणा क्षपितकर्मांशिक स्वरूप से और क्षपितघोलमान स्वरूप से आये हुए सूक्ष्म निगोदजीवों के होती है, दूसरे जीवों के नहीं; क्योंकि उनके द्रव्य की जघन्यता सम्भव नहीं है। यहाँ भी आवली के असंख्यातवें भाग मात्र पुलवियाँ होती हैं। उनमें से प्रत्येक पुलवी में असंख्यात लोकमात्र निगोदशरीर और एक-एक निगोदशरीर में अनन्तानन्त जीव होते हैं। उन जीवों में क्षपितकर्मांशिक रूप से आये हुए जीव आवली के असंख्यातवें भाग मात्र ही होते हैं, शेष सब क्षपितघोलमान होते हैं। इन अनन्तानन्त जीवों के औदारिक, तैजस और कार्मणशरीरों के कर्म, नोकर्म और विस्रसोपचय परमाणु-पुद्गलों को ग्रहण करके सबसे जघन्य सूक्ष्म निगोद-

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

द्रव्यवर्गणा होती है। धवला में इसके स्थानों की भी प्ररूपणा की गयी है।

पूर्वोक्त विधान के अनुसार आवली के असंख्यातवें भाग मात्र पुलवियों के बढ़ जाने पर महामत्स्य के शरीर में एकबन्धनबद्ध छह काय के जीवों के संघात में उत्कृष्ट सूक्ष्म निगोदवर्गणा देखी जाती है (धवला, पु० १४, पृ० ११३-१६)।

वर्गणाध्रुवाध्रुवानुगम आदि १२ अनुयोगद्वार

यहाँ वर्गणाद्रव्यसमुदाहार की प्ररूपणा में सूत्रकार ने जिन वर्गणाप्ररूपणा व वर्गणानिरूपणा आदि १४ अनुयोगद्वारों का निर्देश किया है (सूत्र ५,६,७५), उनमें से उन्होंने वर्गणाप्ररूपणा व वर्गणानिरूपणा इन पूर्व के दो अनुयोगद्वारों की ही प्ररूपणा की है, शेष वर्गणाध्रुवाध्रुवानुगम आदि १२ अनुयोगद्वारों की नहीं।

इस स्थिति में 'वर्गणानिरूपणा' अनुयोगद्वार के समाप्त हो जाने पर धवला में यह शंका उठायी गयी है कि सूत्रकार ने पूर्वनिर्दिष्ट १४ अनुयोगद्वारों में पूर्व के दो अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा करके शेष 'वर्गणाध्रुवाध्रुवानुगम' आदि १२ अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा क्यों नहीं की? उनका ज्ञान न होने से उन्होंने उनकी प्ररूपणा न की हो, यह तो सम्भव नहीं है; क्योंकि २४ अनुयोगद्वार रूप 'महाकर्मप्रकृतिप्राभृत' के पारंगत भगवान् भूतबलि के उनकी जानकारी न रहने का विरोध है। यह भी सम्भव नहीं है कि विस्मरणशील हो जाने से वे उनकी प्ररूपणा न कर पाये हों, क्योंकि जो प्रमाद से रहित हो चुका है वह विस्मरणशील नहीं हो सकता।

इसके उत्तर में वहाँ कहा गया है कि यह कुछ दोष नहीं है, क्योंकि पूर्वाचार्यों के व्याख्यानक्रम के जतलाने के लिए सूत्रकार ने उन १२ अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा नहीं की है।

इस पर वहाँ यह पूछा गया है कि अनुयोगद्वारों में वहाँ के समस्त अर्थ की प्ररूपणा संक्षिप्त शब्दसमूह के द्वारा क्यों की जाती है। उत्तर में धवलाकार ने कहा है वचनयोगरूप आस्रव के द्वारा आनेवाले कर्मों को रोकने के लिए वहाँ विवक्षित विषय की प्ररूपणा संक्षिप्त शब्दसमूह के द्वारा कर दी जाती है।

धवलाकार ने इस प्रसंग में सूत्रकार द्वारा की गयी उन दो अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा को देशामर्शक मानकर, जीवसमुदाहार के प्रसंग में निर्दिष्ट उन १४ अनुयोगद्वारों में से सूत्रकार के द्वारा अप्ररूपित वर्गणाध्रुवाध्रुवानुगम, वर्गणासान्तर-निरन्तरानुगम, वर्गणाओज-युग्मानुगम, वर्गणाक्षेत्रानुगम, वर्गणास्पर्शनानुगम, वर्गणाकालानुगम, वर्गणाअन्तरानुगम, वर्गणाभावानुगम, वर्गणाउपनयानुगम, वर्गणापरिमाणानुगम, वर्गणाभागाभागानुगम और वर्गणाअल्पबहुत्वानुगम इन १२ अनुयोगद्वारों की यथाक्रम से विस्तारपूर्वक प्ररूपणा की है।[1]

आगे धवला में यथाक्रम से सूत्र ६६ में निर्दिष्ट आठ अनुयोगद्वारों में से अनन्तरोपनिधा, परम्परोपनिधा, अवहार, यवमध्य, पदमीमांसा और अल्पबहुत्व इन शेष छह अनुयोगद्वारों की की भी प्ररूपणा की गई है।[2]

इस प्रकार पूर्वोक्त वर्गणा व वर्गणाद्रव्यसमुदाहार आदि आठ अनुयोगद्वारों के आधार से

---

१. धवला, पु० १४, पृ० १३५-७६

२. वही—अनन्तरोपनिधा व परम्परोपनिधा पृ० १७६-६०, अवहार पृ० १६०-२०१, यवमध्य पृ० २०१-७, पदमीमांसा पृ० २०७-८ और अल्पबहुत्व पृ० २०८-२३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

एकप्रदेशिक परमाणुपुद्गलद्रव्यवर्गणा आदि तेईस वर्गणाओं की प्ररूपणा के समाप्त हो जाने पर एकश्रेणी और नानाश्रेणी के भेद से दो प्रकार की आभ्यन्तर वर्गणा समाप्त हो जाती है।

बाह्य वर्गणा

बाह्य वर्गणा का सम्बन्ध औदारिकादि पाँच शरीरों से है। इसकी प्ररूपणा में सूत्रकार ने इन चार अनुयोगद्वारों का निर्देश किया है—शरीरिशरीरप्ररूपणा, शरीरप्ररूपणा, शरीरविस्रसोपचयप्ररूपणा और विस्रसोपचयप्ररूपणा (सूत्र ५,६,११७-१८)।

इस प्रसंग में धवला में यह शंका उठायी गयी है कि औदारिकादि पाँच शरीरों की 'बाह्य वर्गणा' संज्ञा कैसे है। इन्द्रिय और मन से ग्रहण के अयोग्य पुद्गलों की 'बाह्य' यह संज्ञा हो, यह तो सम्भव नहीं है, क्योंकि वैसी परिस्थिति में परमाणु आदि वर्गणाओं के भी बाह्य-वर्गणात्व का प्रसंग प्राप्त होता है। कारण यह कि वे भी इन्द्रिय और नोइन्द्रिय से अग्राह्य हैं। पर उन्हें आभ्यन्तरवर्गणा के अन्तर्गत ग्रहण किया गया है। पाँच शरीर जीवप्रदेशों से भिन्न हैं, इसलिए भी उन्हें 'बाह्य' नहीं कहा जा सकता है; क्योंकि दूध और पानी के समान परस्पर में अनुगत होने से जीव और शरीर के आभ्यन्तर और बाह्यरूपता नहीं बनती है। अनन्तानन्त विस्रसोपचयपरमाणुओं के मध्य में पाँच शरीरों के परमाणु स्थित हैं, इसलिए भी उनकी 'बाह्य' संज्ञा नहीं हो सकती; क्योंकि भीतर-स्थित विस्रसोपचयस्कन्धों की 'बाह्य' संज्ञा का विरोध है। इस परिस्थिति में पाँच शरीरों की 'बाह्य वर्गणा' संज्ञा घटित नहीं होती है।

इस शंका का परिहार करते हुए धवला में कहा गया है कि वे पाँच शरीर पूर्वोक्त तेईस वर्गणाओं से भिन्न हैं, इसलिए उनका उल्लेख 'बाह्य' नाम से किया गया है। आगे कहा गया है कि पाँच शरीर अचित्त वर्गणाओं के अन्तर्गत तो नहीं हो सकते, क्योंकि सचित्त शरीरों के अचित्त मानने का विरोध है। इसके विपरीत उन्हें सचित्त वर्गणाओं के अन्तर्गत भी नहीं किया जा सकता है, क्योंकि विस्रसोपचयों के बिना पाँच शरीरों के परमाणुओं को ही ग्रहण किया गया है। इसलिए पाँच शरीरों की 'बाह्य वर्गणा' संज्ञा सिद्ध है (पु० १४, पृ० २२३-२४)।

ऊपर बाह्य वर्गणा के अन्तर्गत जिन चार अनुयोगद्वारों का उल्लेख है उनका परिचय धवलाकार ने संक्षेप में इस प्रकार कराया है—

(१) शरीरिशरीरप्ररूपणा अनुयोगद्वार में प्रत्येक और साधारण इन दो भेदों में विभक्त जीवों के शरीरों की अथवा प्रत्येक और साधारण लक्षणवाले शरीरधारी जीवों के शरीरों की प्ररूपणा की गयी है, इसीलिए उसका 'शरीरिशरीरप्ररूपणा' यह सार्थक नाम है।

(२) शरीरप्ररूपणा अनुयोगद्वार में पाँचों शरीरों के प्रदेशप्रमाण की, उनके प्रदेशों के निषेकक्रम की और प्रदेशों के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गयी है।

(३) शरीरविस्रसोपचयप्ररूपणा अनुयोगद्वार में औदारिक, वैक्रियिक, आहारक, तैजस और कार्मण इन पाँच शरीरों के परमाणुओं से सम्बद्ध उक्त पाँच शरीरों के विस्रसोपचयसम्बन्ध के कारणभूत स्निग्ध और रूक्ष गुणों के अविभागप्रतिच्छेदों की प्ररूपणा की गयी है।

(४) विस्रसोपचयप्ररूपणा अनुयोगद्वार में जीव से छोड़े गये उन परमाणुओं के विस्रसोपचय की प्ररूपणा की गयी है।

शरीरिशरीरप्ररूपणा में ज्ञातव्य

शरीरिशरीरप्ररूपणा के प्रसंग में सूत्रकार ने प्रथमतः सात (१२२-२८) सूत्रों में साधारण

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

जीवों की विशेषता को प्रकट किया है। पश्चात् सूत्र १२६ में प्रस्तुत शरीरिशरीरप्ररूपणा में ज्ञातव्यस्वरूप से सत्प्ररूपणादि आठ अनुयोगद्वारों का निर्देश किया है। उनमें से यहाँ प्रथम सत्प्ररूपणा और अन्तिम अल्पबहुत्व इन दो अनुयोगद्वारों की ही प्ररूपणा की है, शेष द्रव्य-प्रमाणानुगमादि छह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा उन्होंने नहीं की।

इससे यहाँ मूल ग्रन्थ में सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार के समाप्त हो जाने पर धवलाकार ने 'यह सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार चूंकि शेष द्रव्यप्रमाणादि छह अनुयोगद्वारों से सम्बद्ध है, इसलिए यहाँ उनकी प्ररूपणा की जाती है' इस सूचना के साथ आगे यथाक्रम से उनकी प्ररूपणा की है। यथा—ओघ की अपेक्षा से दो शरीर वाले और तीन शरीर वाले जीव द्रव्यप्रमाण से अनन्त हैं। चार शरीरवाले द्रव्यप्रमाण से प्रतर के असंख्यातवें भाग मात्र असंख्यात जगश्रेणि प्रमाण असंख्यात हैं। आदेश की अपेक्षा नरकगति में वर्तमान नारकियों में दो शरीरवाले व तीन शरीर वाले नारकीयों को द्रव्यप्रमाण से प्रतर के असंख्यातवें भाग कहा गया है।

इस प्रकार शेष तिर्यंच आदि तीन गतियों और इन्द्रिय आदि अन्य मार्गणाओं में भी प्रस्तुत द्रव्यप्रमाण की धवला में प्ररूपणा है।

तत्पश्चात् वहाँ क्रम से क्षेत्रानुगम, स्पर्शनानुगम, कालानुगम, अन्तरानुगम और भावानुगम इन अनुयोगद्वारों का भी निर्देश है (पु० १४, पृ० २४८-३०१)।

आहारक-शरीर

शरीरप्ररूपणा के अन्तर्गत छह अनुयोगद्वारों में प्रथम 'नामनिरुक्ति' अनुयोगद्वार है। इसमें औदारिक आदि पाँच शरीरों के नामों की निरुक्तिपूर्वक सार्थकता का प्रकाशन है।

इस प्रसंग में यहाँ धवला में आहारक शरीर की विशेषता को प्रकट करते हुए कहा गया है कि असंयम की प्रचुरता, आज्ञाकनिष्ठता और अपने क्षेत्र में केवली का अभाव, इन तीन कारणों के होने पर साधु आहारक शरीर को प्राप्त होता है।—इनमें से प्रत्येक को वहाँ इस प्रकार स्पष्ट किया गया है—

असंयमप्रचुरता—जब जल, स्थल और आकाश उन सूक्ष्म जीवों से, जिनका परिहार करना अशक्य होता है, व्याप्त हो जाता है तब असंयम की प्रचुरता होती है। उसके परिहार के लिए साधु आहारकशरीर को प्राप्त होते हैं। आहारवर्गणा के स्कन्धों से निर्मित वह आहारक शरीर हंस के समान धवल, प्रतिघात से रहित और एक हाथ प्रमाण उत्सेध से युक्त होता है।

आज्ञाकनिष्ठता—आज्ञा, सिद्धान्त और आगम ये समानार्थक शब्द हैं। अपने क्षेत्र में आज्ञा की अल्पता का नाम आज्ञाकनिष्ठता है।

केवली का अभाव—जिन द्रव्य व पर्यायों का निर्णय आगम को छोड़कर अन्य किसी प्रमाण से नहीं किया जा सकता है, उनके विषय में सन्देह के उत्पन्न होने पर उसे दूर करने के लिए 'मैं अन्य क्षेत्र में स्थित श्रुतकेवली अथवा केवली के पादमूल में जाता हूँ', इस प्रकार विचार करके साधु आहारक शरीर से परिणत होता है। उसके प्रभाव से वह पर्वत, नदी व समुद्र आदि के मध्य से जाकर विनयपूर्वक उनसे उस सन्देहापन्न तत्त्व के विषय में पूछता है। तथा सन्देह से रहित हो वह वापस आ जाता है। इसके अतिरिक्त साधु अन्य क्षेत्र में किन्हीं महामुनियों के केवलज्ञान के उत्पन्न होने अथवा मुक्ति के प्राप्त होने पर तथा तीर्थंकरों के दीक्षाकल्याणक

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

आदि शुभ अवसर पर भी आहारक शरीर से अन्य क्षेत्र में जाते हैं ।

तात्पर्य यह है कि जो साधु विक्रियाऋद्धि से रहित होकर आहारक-ऋद्धि से सम्पन्न होते हैं वे अवधिज्ञान से, श्रुतज्ञान से अथवा देवों के आगमन से केवलज्ञान की उत्पत्ति जानकर, 'हम वन्दना की भावना से जाते हैं' ऐसा विचारकर आहारकशरीर से परिणत होते हुए उस स्थान को जाते हैं और उन केवलियों तथा अन्य जिनों व जिनालयों की वन्दना करके वापस आ जाते हैं।[1]

'सर्वार्थसिद्धि' और 'तत्त्वार्थवार्तिक' में प्रकृत आहारक शरीर-निर्वर्तन का प्रयोजन कदाचित् ऋद्धिविशेष के सद्भाव का ज्ञापन, कदाचित् सूक्ष्म पदार्थ का निर्णय और कदाचित् संयम का परिपालन निर्दिष्ट किया गया है। 'तत्त्वार्थवार्तिक' में 'सर्वार्थसिद्धि' से इतना विशेष कहा गया है कि भरत और ऐरावत क्षेत्र में केवली का अभाव होने पर जिसे संशय उत्पन्न हुआ है, वह उत्पन्न हुए उस संशय के विषय में निर्णय के लिए महाविदेहों में जाने का इच्छुक होकर, 'औदारिकशरीर से जाने पर मेरे लिए महान असंयम होने वाला है', इस सद्भावना से वह आहारकशरीर को उत्पन्न करता है।[2]

इसी प्रसंग में आगे धवला में सूत्रोक्त नामनिरुक्ति के विषय में स्पष्ट करते हुए यह कहा गया है कि सूत्र (५,६,२३६) में प्रयुक्त 'णिउण' का अर्थ निपुण, श्लक्ष्ण व मृदु है। 'णिण्हा' या 'णिण्हा' का अर्थ धवल, सुगन्धित और अतिशय सुन्दर है। 'अप्रतिहत' का अर्थ सूक्ष्म है। तदनुसार आहारवर्गणाद्रव्यों के मध्य में जो स्कन्ध निपुणतर व णिण्णदर (अतिशय निष्णात) होते हैं, उनका चूंकि उस शरीर के निमित्त आहरण या ग्रहण किया जाता है, इसलिए उसका 'आहारक' यह सार्थक नाम है (पु० १४, पृ० ३८६)।

तैजस-शरीर

उपर्युक्त नामनिरुक्ति के प्रसंग में सूत्रकार ने तेजःप्रभागुण-युक्त शरीर को तैजस शरीर कहा है। (सूत्र ५,६,२४०)

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने शरीरस्कन्ध के पद्मराग मणि के समान वर्ण को तेज और शरीर से निकलने वाली किरणकला को प्रभा कहकर उसमें होने वाले शरीर को तैजसशरीर कहा है। वह निःसरणात्मक और अनिःसरणात्मक से भेद के दो प्रकार का है। इनमें निःसरणात्मक तैजस शरीर भी शुभ और अशुभ के भेद से दो प्रकार का है। इनमें उत्कृष्ट चारित्र-वाले दयालु संयत के उसकी इच्छानुसार जो हंस व शंख के समान वर्ण वाला तैजस शरीर दाहिने कन्धे से निकलकर, मारी, व्याधि, वेदना, दुर्भिक्ष व उपसर्ग आदि के शान्त करने में समर्थ होता है और जो समस्त जीवों को व उस संयत को भी सुख उत्पन्न करता है, वह निःसरणात्मक शुभ तैजसशरीर कहलाता है।

---

१. धवला, पु० १४, पृ० ३२६-३७

२. कदाचिल्लब्धिविशेषसद्भावज्ञापनार्थं, कदाचित् सूक्ष्मपदार्थनिर्धारणार्थं संयमपरिपालनार्थं च भरतैरावतेषु केवलिविरहे जातसंशयस्तन्निर्णयार्थं महाविदेहेषु केवलिसकाशं जिगमिषुरौदारिकेण मे महान् संयमो भवतीति विद्वानाहारकं निर्वर्तयति। त०वा० २,४९,४; तुलना के लिए नामनिरुक्ति से सम्बन्धित इसके पूर्व २,३६,६ का सन्दर्भ द्रष्टव्य है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

बारह योजन आयत, नौ योजन विस्तृत, सूच्यंगुल के संख्यातवें भागमात्र बाहुल्य से सहित और जपाकुसुम के समान वर्णवाला जो शरीर क्रोध को प्राप्त बायें कन्धे से निकलकर अपने क्षेत्र के भीतर स्थित जीवों को विनष्ट करके फिर प्रविष्ट होते हुए उस संयत को भी मार डालता है, उसका नाम निःसरणात्मक अशुभ तैजसशरीर है।

अनिःसरणात्मक तैजसशरीर खाये हुए अन्न-पान का पाचक होकर भीतर स्थित रहता है। (पु० १४, पृ० ३२८)

'तत्त्वार्थवार्तिक' में समुद्घात के प्रसंग में तैजस-समुद्घात के स्वरूप के निर्देश में इतना मात्र कहा गया है कि जीवों के अनुग्रह व उपघात में समर्थ ऐसे तैजसशरीर को उत्पन्न करना ही जिसका प्रयोजन होता है, उसे तैजस-समुद्घात कहते हैं।[1]

'बृहद्द्रव्यसंग्रह' की ब्रह्मदेव-विरचित टीका में उसे कुछ अधिक विकसित करते हुए स्पष्ट किया गया है। तदनुसार अपने मन के लिए अनिष्टकर किसी कारण को देखकर जिस संयमी महामुनि को क्रोध उत्पन्न हुआ है उसके मूल शरीर को न छोड़कर जो सिन्दूर के समान वर्ण वाला, बारह योजन दीर्घ, सूच्यंगुल के संख्यातवें भाग प्रमाण मूल विस्तार से व नौ योजन प्रमाण अग्रविस्तार से सहित काहल के समान आकृतिवाला पुरुष बायें कन्धे से निकलकर बायीं ओर प्रदक्षिणापूर्वक हृदय में स्थित विरुद्ध वस्तु को जलाकर उस संयमी के साथ द्वीपायन मुनि के समान स्वयं भी भस्मसात् हो जाता है, उसे अशुभ तैजस-समुद्घात कहा जाता है।

इसके विपरीत लोक को व्याधि व दुर्भिक्ष आदि से पीड़ित देखकर उत्तम संयम के धारक जिस महर्षि के दया का भाव उत्पन्न हुआ है, उसके मूल शरीर को न छोड़कर जो धवल वर्ण-वाला बारह योजन आयत तथा सूच्यंगुल के संख्यातवें भाग मात्र मूलविस्तार से व नौ योजन-प्रमाण अग्रविस्तार से सहित पुरुष दाहिने कन्धे से निकलकर दक्षिण की ओर प्रदक्षिणापूर्वक उस व्याधि व दुर्भिक्ष को नष्ट कर देता है और वापस अपने स्थान में प्रविष्ट हो जाता है, उसे शुभ तेजःसमुद्घात कहते हैं।[2]

धवला से यहाँ यह विशेषता रही है कि अशुभ तैजस के प्रसंग में धवला में जहाँ अपने क्षेत्र में स्थित जीवों के विनाश की स्पष्ट सूचना की गयी है, वहाँ इस 'बृहद्द्रव्यसंग्रह' टीका में "अपने हृदय में निहित विरुद्ध वस्तु को भस्मसात् करके" इतना मात्र कहा गया है।

शुभ तैजस-समुद्घात के प्रसंग में 'बृहद्द्रव्यसंग्रह' टीका में 'दाहिने कन्धे से निकलने' का उल्लेख नहीं है। वह सम्भवतः प्रतिलेखक की असावधानी से लिखने में रह गया है।

शेष १८ (७ से २४) अनुयोगद्वार

यह पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है कि जो 'महाकर्मप्रकृतिप्राभृत' अविच्छिन्न श्रुत-परम्परा से आता हुआ भट्टारक धरसेन को प्राप्त हुआ और जिसे उन्होंने पूर्णरूप से आचार्य पुष्पदन्त व भूतबलि को समर्पित कर दिया, उसमें कृति-वेदनादि २४ अनुयोगद्वार रहे हैं। इनमें से प्रस्तुत षट्खण्डागम में आ० भूतबलि ने कृति, वेदना, स्पर्श, कर्म, प्रकृति और बन्धन इन प्रारम्भ के ६ अनुयोगद्वारों की ही प्ररूपणा की है, शेष निबन्धन आदि १८ अनुयोगद्वारों

---

१. त०वा० १,२०,१२, पृ० ५३; आगे २,४६, ८ (पृ० १०८) भी द्रष्टव्य है।

२. बृहद्० टीका गा०१८, पृ० २२-२३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

की प्ररूपणा उन्होंने इसमें नहीं की है।

उन शेष अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा धवलाकार आचार्य वीरसेन ने की है। उसे प्रारम्भ करते हुए वे कहते हैं कि भूतबलि भट्टारक ने इस सूत्र (५,६,७९७, पु० १४) को देशामर्शक रूप से लिखा है, इसलिए हम इस सूत्र से सूचित शेष अठारह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा कुछ संक्षेप से करते हैं।[1]

तदनुसार उन्होंने यथाक्रम से उन अठारह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा इस प्रकार की है—

७. निबन्धन अनुयोगद्वार

यहाँ 'निबन्धन' की 'निबध्यते तदस्मिन्निति निबन्धनम्' इस प्रकार निरुक्ति करते हुए यह अभिप्राय प्रकट किया गया है जो द्रव्य जिसमें निबद्ध या प्रतिबद्ध है, उसका नाम निबन्धन है। वह छह प्रकार का है—नामनिबन्धन, स्थापनानिबन्धन, द्रव्यनिबन्धन, क्षेत्रनिबन्धन, कालनिबन्धन और भावनिबन्धन। इनमें जिस नाम की वाचक रूप से प्रवृत्ति का जो अर्थ आलम्बन होता है उसे नामनिबन्धन कहते हैं, क्योंकि उसके बिना नाम की प्रवृत्ति सम्भव नहीं है। यह नामनिबन्धन अर्थ, अभिधान और प्रत्यय के भेद से तीस प्रकार का है। इनमें अर्थ एक जीव व बहुत जीव एवं अजीव आदि के भेद से आठ प्रकार का है।[1] इन आठ अर्थों के विषय में जो ज्ञान उत्पन्न होता है उसे प्रत्ययनिबन्धन कहा जाता है। जो नामशब्द प्रवृत्त होकर अपने आपका ही बोधक होता है वह अभिधाननिबन्धन कहलाता है।

विकल्प के रूप में यहाँ धवलाकार ने यह भी कहा है—अथवा यह सब तो द्रव्यादि-निबन्धनों में प्रविष्ट होता है, इसलिए इसे छोड़कर 'निबन्धन' शब्द को ही 'नामनिबन्धन' के रूप में ग्रहण करना चाहिए। ऐसा होने पर पुनरुक्त दोष की सम्भावना नहीं रहती।

द्रव्यनिबन्धन के प्रसंग में कहा गया है कि जो द्रव्य जिन द्रव्यों का आश्रय लेकर परिणमता है, अथवा जिस द्रव्य का स्वभाव द्रव्यान्तर से सम्बद्ध होता है, उसे द्रव्यनिबन्धन जानना चाहिए।

ग्राम-नगरादि को क्षेत्रनिबन्धन कहा गया है, क्योंकि प्रतिनियत क्षेत्र में उनका सम्बन्ध पाया जाता है।

जो अर्थ जिस काल में प्रतिबद्ध है, उसे कालनिबन्धन कहा जाता है। जैसे आम की बौर चैत्र मास से निबद्ध है; इत्यादि।

जो द्रव्य भाव का आधार होता है उसे भावनिबन्धन कहते हैं। जैसे—लोभ का निबन्धन चाँदी-सोना आदि, क्योंकि उनके आश्रय से ही उसकी उत्पत्ति देखी जाती है, अथवा उत्पन्न हुए भी लोभ का वह आलम्बन देखा जाता है। इसी प्रकार क्रोध की उत्पत्ति के निमित्तभूत द्रव्य को अथवा उत्पन्न हुए क्रोध के आलम्बनभूत द्रव्य को भावनिबन्धन जानना चाहिए।

उपर्युक्त छह प्रकार के निबन्धन में नाम और स्थापना इन दो निबन्धनों को छोड़कर शेष चार को यहाँ अधिकृत कहा गया है। आगे स्पष्ट किया गया है कि यद्यपि यह निबन्धन अनुयोग छह द्रव्यों के निबन्धनों की प्ररूपणा करता है, फिर भी यहाँ अध्यात्मविद्या का अधि-

---

१. भूदबलिभडारएण जेणेदं सुत्तं देसामासियभावेण लिहिदं तेणेदेण सुत्तेण सूचिदसेस-अट्ठारस अणियोगद्दाराणं किंचि संखेवेण परूवणं कस्सामो। (धवला, पु० १५, पृ० १)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

कार होने से उसे छोड़कर कर्मनिबन्धन को ही ग्रहण करना चाहिए।

इस अनुयोगद्वार का प्रयोजन कर्मरूपता को प्राप्त हुए कर्मों के व्यापार को प्रकट करना है। इनमें नोआगमकर्मनिबन्धन दो प्रकार का है—मूलकर्मद्रव्यनिबन्धन और उत्तरकर्मद्रव्य-निबन्धन। इनमें यहाँ प्रथमतः आठ मूल कर्मों के निबन्धन की, और तत्पश्चात् संक्षेप में उत्तर कर्मों के निबन्धन की, प्ररूपणा की गयी है। यथा—

ज्ञानावरणकर्म सब द्रव्यों में निबद्ध है, न कि सब पर्यायों में। ज्ञानावरण को जो यहाँ सब द्रव्यों में निबद्ध होने का कथन है वह केवलज्ञानावरण के आश्रय से किया गया है। कारण यह कि वह तीनों कालविषयक अनन्त पर्यायों से परिपूर्ण छहों द्रव्यों को विषय करनेवाले केवलज्ञान का विरोधी है। साथ ही, सब पर्यायों में जो उसकी निबद्धता का निषेध किया गया है वह शेष चार ज्ञानावरणों की अपेक्षा से किया गया है, क्योंकि उनके द्वारा आवियमाण शेष चार ज्ञानों में सब द्रव्यों के ग्रहण की शक्ति नहीं है।

इस प्रसंग में यह शंका उठी है कि मति और श्रुतज्ञान की प्रवृत्ति जब मूर्त व अमूर्त सभी द्रव्यों में उपलब्ध होती है तब उनको सब द्रव्यों को विषय करने वाले क्यों नहीं कहते। इसके समाधान में वहाँ यह कहा गया है कि वे यद्यपि द्रव्यों के तीनों कालविषयक पर्यायों को जानते हैं, पर उन्हें सामान्य से ही जानते हैं, विशेष रूप से उनकी प्रवृत्ति उनके विषय में नहीं है। और यदि विशेष रूप से भी उनकी प्रवृत्ति को उन अनन्त पर्यायों में स्वीकार किया जाता है तो फिर केवलज्ञान से उनकी समानता का प्रसंग प्राप्त होता है। पर वैसा सम्भव नहीं है, अन्यथा पाँच ज्ञानों के उपदेश के अभाव का प्रसंग प्राप्त होता है। इससे सिद्ध है कि मति और श्रुत-ज्ञान की प्रवृत्ति विशेष रूप से द्रव्यों की अनन्त पर्यायों में सम्भव नहीं है।

(धवला, पु० १५, पृ० १-४)

आगे दर्शनावरणीय के निबन्धन की प्ररूपणा के प्रसंग में कहा है कि जिस प्रकार ज्ञाना-वरणीय सब द्रव्यों में निबद्ध है उसी प्रकार दर्शनावरणीय भी सब द्रव्यों में निबद्ध है।

इस पर शंकाकार ने अपना अभिमत प्रकट करते हुए कहा है कि दर्शनावरणीय आत्मा में ही निबद्ध है, न कि सब द्रव्यों में; क्योंकि यदि ऐसा न माना जाय तो ज्ञान और दर्शन में फिर कुछ भेद नहीं रहता है। यदि कहा जाय कि विषय और विषयी के सन्निपात के अनन्तर समय में जो सामान्य ग्रहण होता है, उसका नाम दर्शन है, इस प्रकार ज्ञान से दर्शन की भिन्नता सिद्ध है; तो यह कहना भी ठीक नहीं है। कारण यह कि विषय और विषयी के सन्निपात के अनन्तर जो आद्य ग्रहण होता है, वह तो अवग्रह का लक्षण है जो ज्ञानरूपता को प्राप्त है। इस प्रकार ज्ञानस्वरूप अवग्रह को दर्शन मानने का विरोध है। दूसरे, विशेष के बिना सामान्य का ग्रहण भी सम्भव नहीं है; क्योंकि द्रव्य-क्षेत्रादि की विशेषता के बिना सामान्य का ग्रहण घटित नहीं होता है। आगे शंकाकार ने 'ज्ञान क्या अवस्तु को ग्रहण करता है या वस्तु को' इत्यादि विकल्पों को उठाकर उनकी असम्भावनाएं प्रकट करते हुए अन्त में कहा है कि 'ज्ञानावरण के समान दर्शन सब द्रव्यों में निबद्ध है' यह जो कहा गया है वह घटित नहीं होता है।

इस प्रकार शंकाकार द्वारा उद्भावित दोष का निराकरण करते हुए धवलाकार ने कहा है कि बाह्य अर्थ से सम्बद्ध आत्मस्वरूप के संवेदन का नाम दर्शन है। यह आत्मस्वरूप का संवेदन बाह्य अर्थ के सम्बन्ध के बिना सम्भव नहीं है, क्योंकि ज्ञान, सुख और दुःख—इन सब की प्रवृत्ति बाह्य अर्थ के आलम्बनपूर्वक ही देखी जाती है, इसलिए ज्ञानावरण के समान

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

दर्शनावरण को भी जो सब द्रव्यों में निबद्ध कहा गया है, वह संगत ही है, यह सिद्ध है।

इसी प्रकार से आगे वेदनीय-मोहनीय आदि शेष छह मूलप्रकृतियों के निबन्धनविषयक प्ररूपणा की गयी है (धवला, पु० १५, पृ० ६-७)।

उत्तरप्रकृतियों के प्रसंग में मतिज्ञानावरणीयादि चार ज्ञानावरणीय प्रकृतियों को द्रव्य-पर्यायों के एक देश में निबद्ध कहा गया है। इसे स्पष्ट करते हुए वहाँ कहा गया है कि अवधिज्ञान द्रव्य से मूर्त द्रव्यों को ही जानता है; अमूर्त धर्म, अधर्म, काल, आकाश और सिद्धजीव इन द्रव्यों को वह नहीं जानता; क्योंकि अवधिज्ञान का निबन्ध रूपी द्रव्यों में है, ऐसा सूत्र में कहा गया है।[1] क्षेत्र की अपेक्षा वह घनलोक के भीतर स्थित मूर्त द्रव्यों को ही जानता है, उसके बाहर नहीं। काल की अपेक्षा वह असंख्यात वर्षों के भीतर जो अतीत व अनागत है उसे ही जानता है, उसके बहिर्वर्ती अतीत-अनागत अर्थ को नहीं। भाव की अपेक्षा वह अतीत, अनागत और वर्तमान कालविषयक असंख्यात लोकमात्र द्रव्य-पर्यायों को जानता है। इसलिए अवधिज्ञान सब द्रव्य-पर्यायों को विषय नहीं करता है। इसी कारण अवधिज्ञानावरणीय सब द्रव्यों के एक देश में निबद्ध है, ऐसा कहा गया है।

मनःपर्ययज्ञान भी चूँकि द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अपेक्षा एक देश को ही विषय करनेवाला है इसीलिए मनःपर्ययज्ञानावरणीय भी देश में निबद्ध है। इसी प्रकार मति और श्रुत ज्ञानावरणीयों की देशनिबद्धता की प्ररूपणा करनी चाहिए।

केवलज्ञानावरणीय सब द्रव्यों में निबद्ध है, क्योंकि वह समस्त द्रव्यों को विषय करनेवाले केवलज्ञान की प्रतिबन्धक है (पु० १५, पृ० ७-८)।

आगे दर्शनावरणीय आदि अन्य मूलप्रकृतियों की भी कुछ उत्तरप्रकृतियों के निबन्धनविषयक प्ररूपणा की गयी है।

नामकर्म के प्रसंग में उसे क्षेत्रजीवनिबद्ध, पुद्गलनिबद्ध और क्षेत्रनिबद्ध बतलाकर पुद्गल-विपाकी, जीवविपाकी और क्षेत्रविपाकी प्रकृतियों का उल्लेख गाथासूत्रों के अनुसार कर दिया गया है।

८. प्रक्रम अनुयोगद्वार

पूर्वोक्त निबन्धन के समान यहाँ इस प्रक्रम को भी नाम-स्थापनादि के भेद से छह प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। इस प्रसंग में यहाँ तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यप्रक्रम के कर्मप्रक्रम और नोकर्मप्रक्रम इन दो भेदों में यहाँ कर्मप्रक्रम को प्रसंगप्राप्त कहा गया है। प्रक्रम से यहाँ 'प्रक्रामतीति प्रक्रमः' इस निरुक्ति के अनुसार कार्मणवर्गणारूप पुद्गलस्कन्ध अभिप्रेत रहा है।

कार्य की कारणानुसारिता

इस प्रसंग में यहाँ यह शंका की गयी है कि जिस प्रकार कुम्हार एक मिट्टी के पिण्ड से घट-घटी-शराव आदि अनेक उपकरणों को उत्पन्न करता है उसी प्रकार स्त्री, पुरुष, नपुंसक, स्थावर अथवा त्रस कोई भी जीव एक प्रकार के कर्म को बाँधकर उसे आठ प्रकार का किया करता है, क्योंकि अकर्म से कर्म की उत्पत्ति का विरोध है।

इस का परिहार करते हुए धवला में कहा गया है कि यदि कार्मणवर्गणारूप अकर्म से कर्म

---

१. रूपिष्ववधेः।—त० सू० १-२७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

की उत्पत्ति सम्भव नहीं है तो अकर्म से तुम्हारे द्वारा कल्पित उस एक कर्म की उत्पत्ति भी नहीं हो सकती है, क्योंकि कर्मरूप से दोनों में कुछ विशेषता नहीं है। यदि तुम्हारा अभिप्राय यह हो कि कार्मणवर्गणा से जो एक कर्म उत्पन्न हुआ है वह कर्म नहीं है तो फिर वैसी अवस्था में उससे आठ कर्मों की भी उत्पत्ति नहीं हो सकती है, क्योंकि तुम्हारे अभिमत के अनुसार, अकर्म से कर्म की उत्पत्ति का विरोध है। इसके अतिरिक्त कार्य को कारण का अनुसरण करना ही चाहिए, ऐसा कोई ऐकान्तिक नियम नहीं है, अन्यथा मिट्टी के पिण्ड से मिट्टी के पिण्ड को छोड़कर घट-घटी-शराव आदि के न उत्पन्न हो सकने का प्रसंग प्राप्त होता है।

यदि कहा जाय कि सुवर्ण से चूंकि सुवर्णमय घट की ही उत्पत्ति देखी जाती है, इसलिए कार्य-कारण के अनुसार ही हुआ करता है, ऐसा मानना चाहिए; तो यह कहना भी उचित नहीं है, क्योंकि वैसी परिस्थिति में कठिन सुवर्ण से जो अग्नि आदि के संयोग से सुवर्णमय जल की उत्पत्ति देखी जाती है वह घटित नहीं हो सकेगी। दूसरे, यदि कार्य को सर्वथा कारणस्वरूप ही माना जाता है तो जिस प्रकार कारण नहीं उत्पन्न होता है, उसी प्रकार कार्य को भी नहीं उत्पन्न होना चाहिए।

इस प्रकार से आगे और भी शंका-समाधानपूर्वक दार्शनिक दृष्टि से उस पर ऊहापोह करते हुए यह सिद्ध किया गया है कि कर्म कार्मणवर्गणा से सर्वथा भिन्न नहीं हैं, क्योंकि अचेतनता, मूर्तता और पुद्गलरूपता इनकी अपेक्षा उनमें कार्मणवर्गणा से अभेद पाया जाता है। इसी प्रकार वे उक्त कार्मणवर्गणा से सर्वथा अभिन्न भी नहीं हैं, क्योंकि ज्ञानावरणादिरूप प्रकृति के भेद से, स्थिति के भेद से, अनुभाग के भेद से तथा जीवप्रदेशों के साथ परस्पर में अनुबद्ध होने से उनमें कार्मणवर्गणा से भिन्नता भी पाई जाती है। इससे सिद्ध होता है कि कार्य कथंचित् कारण के अनुसार होता है और कथंचित् अनुसरण न करके उससे भिन्न भी होता है।

सत्-असत् कार्यवाद पर विचार

इसी प्रसंग में कार्य को सर्वथा सत् मानने वाले सांख्यों के अभिमत को प्रकट करते हुए यह कारिका उद्धृत की गयी है--

असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्।
शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत्कार्यम्॥—सांख्य का० ९,

सत्कार्यवादी सांख्य कारण-व्यापार के पूर्व भी कार्य सत् है, इस अपने अभिमत की पुष्टि में ये पाँच हेतु देते हैं—

(१) कार्य पूर्व में भी सत् है, अन्यथा उसे किया नहीं जा सकता है। जैसे तिलों में तेल विद्यमान रहता है तभी यंत्र की सहायता से उसे उत्पन्न किया जाता है, बालू में असत् तेल को कभी किसी भी प्रकार से नहीं निकाला जा सकता है।

(२) उपादानग्रहण—उपादान का अर्थ है नियत कारण से कार्य का सम्बन्ध। घट आदि कार्य मिट्टी आदि अपने नियत कारण से सम्बद्ध रहकर ही अभिव्यक्त होते हैं। कार्य यदि असत् हो तो उसका सम्बन्ध ही नहीं बनता, अन्यथा मिट्टी से जैसे घट उत्पन्न होता है वैसे ही उससे पट भी उत्पन्न हो जाना चाहिए। पर वैसा होना सम्भव नहीं है।

(३) सर्वसम्भव का अभाव—सबसे सब कार्य उत्पन्न नहीं होते, किन्तु प्रतिनियत कारण से प्रतिनियत कार्य ही उत्पन्न होता है। यदि कार्य अपने प्रतिनियत कारण में सत् न हो तो

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

सबसे सबके उत्पन्न होने का प्रसंग प्राप्त होता है।

(४) शक्त का शक्य कार्य का करना—समर्थ कारण में जिस कार्य के करने की शक्ति होती है उसी को वह करता है, अन्य को नहीं। अभिप्राय यह है कि समर्थ कारण में जो शक्य कार्य के करने की शक्ति रहती है वह उसके सत् रहने पर ही सम्भव है, अन्यथा वह असत् आकाशकुसुम के करने में भी होनी चाहिए। पर वैसा सम्भव नहीं है।

(५) कारणभाव—कार्य कारण रूप हुआ करता है, इसलिए जब कारण सत् है तो उससे अभिन्न कार्य असत् कैसे हो सकता है? उसे सत् ही होना चाहिए।

इन पाँच हेतुओं द्वारा जो कारणव्यापार के पूर्व भी कार्य के सत्त्व को सिद्ध किया गया है, उसे असंगत ठहराते हुए धवलाकार कहते हैं कि यदि कार्य सर्वथा सत् ही हो, तो उसके उत्पन्न करने के लिए जो कर्ता की प्रवृत्ति होती है व वह उसके लिए अनुकूल सामग्री को जुटाता है वह सब निष्फल ठहरता है। जो सर्वथा सत् ही है उसकी उत्पत्ति का विरोध है। इसके अतिरिक्त कार्य के सब प्रकार से विद्यमान रहने पर अमुक कार्य का अमुक कारण है, यह जो कार्य-कारणभाव की व्यवस्था है वह बन नहीं सकती है—जिस किसी से जिस किसी भी कार्य की उत्पत्ति हो जानी चाहिए, पर ऐसा सम्भव नहीं है। इत्यादि प्रकार से उपर्युक्त सत्कार्य के साधक उन हेतुओं का यहाँ निराकरण किया गया है।

इसी प्रसंग में नैयायिक व वैशेषिकों के द्वारा जो लगभग उन्हीं पाँच हेतुओं के आश्रय से कार्य के असत्त्व को व्यक्त किया गया है, उसका भी निराकरण धवलाकार ने कर दिया है। उन हेतुओं में सांख्य, जहाँ प्रथम हेतु को 'असत् किया नहीं जा सकता है' के रूप में प्रस्तुत करते हैं, वहाँ नैयायिक उसे 'सत् को किया नहीं जा सकता है' के रूप में प्रस्तुत करते हैं। शेष चार हेतुओं का उपयोग जैसे सत् कार्य की सिद्धि में किया जाता है, वैसे ही उनका उपयोग असत् कार्य की सिद्धि में हो जाता है।

इस प्रकार यहाँ सत्-असत् व नित्य-अनित्य आदि सर्वथा एकान्त का निराकरण करते हुए अन्त में धवलाकार ने 'कार्य कथंचित् सत् भी है, कथंचित् असत् भी है, कथंचित् सत्-असत् भी' इत्यादि रूप में उसके विषय में सप्तभंगी को योजित किया है।

इस प्रसंग में धवलाकार ने प्रकरण के अनुसार आप्तमीमांसा की चौदह (३७,३९-४०, ४२,४१,५९-६०,५७,९ व १०-१४) कारिकाओं को उद्धृत किया है।[1]

प्रकृम के भेद-प्रभेद

आनुषंगिक चर्चा को समाप्त कर आगे धवला में एक से अनेक कर्मों की उत्पत्ति कैसे होती है व मूर्त कर्मों का अमूर्त जीव के साथ कैसे सम्बन्ध होता है, इत्यादि का विचार करते हुए प्रकृत प्रकृम के ये तीन भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—प्रकृतिप्रकृम, स्थितिप्रकृम और अनुभाग-प्रकृम। इनमें प्रकृतिप्रकृम मूल और उत्तर प्रकृतिप्रकृम के भेद से दो प्रकार का है। मूलप्रकृति प्रकृम का निरूपण प्रकृमस्वरूप कार्मणपुद्गलप्रचय द्रव्य के अल्पबहुत्व को इस प्रकार प्रकट

---

१. धवला, पु० १५, पृ० १५-३१ (सत्कार्यवाद व असत्कार्यवाद का विचार प्रमेयकमलमार्तण्ड (पत्र ८०-८३) और न्यायकुमुदचन्द्र (१, पृ० ३५२-५८) आदि में किया गया है। ये ग्रन्थ धवला से बाद के हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

किया गया है—आयु का वह द्रव्य एक समयप्रबद्ध में सबसे स्तोक, नाम व गोत्र इन दोनों कर्मों का वह द्रव्य परस्पर में समान होकर आयु के द्रव्य से विशेष अधिक; ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय इन तीन कर्मों का परस्पर में समान होकर पूर्व से विशेष अधिक; मोहनीय का विशेष अधिक, तथा वेदनीय का उससे विशेष अधिक होता है।

इसी पद्धति से उत्तरप्रकृतिप्रक्रम के प्रसंग में प्रथमतः उत्तरप्रकृतिप्रक्रमद्रव्य की और तत्पश्चात् जघन्य प्रकृतिप्रक्रमद्रव्य के अल्पबहुत्व की भी प्ररूपणा की गयी है।[1]

स्थितिप्रक्रम के प्रसंग में कहा गया है कि चरम स्थिति में प्रक्रमित प्रदेशाग्र सबसे स्तोक, प्रथम स्थिति में उससे असंख्यातगुणा, अप्रथम-अचरम स्थितियों में असंख्यातगुणा, अप्रथम स्थिति में विशेष अधिक, अचरम स्थिति में विशेष अधिक तथा सब स्थितियों में वह प्रक्रमित प्रदेशाग्र विशेष अधिक होता है। यह अल्पबहुत्व स्थितियों में प्रक्रान्त द्रव्य की अपेक्षा है, इसे आगे स्पष्ट किया गया है (पु० १५, पृ० ३६)।

अनुभागप्रक्रम के प्रसंग में कहा गया है कि जघन्य वर्गणा में बहुत प्रदेशाग्र प्रक्रान्त होता है, द्वितीय वर्गणा में वह अनन्तवें भाग से विशेष हीन प्रक्रान्त होता है। इस क्रम से अनन्त स्पर्धक जाकर वह दुगुणा हीन प्रक्रान्त होता है। इस प्रकार उत्कृष्ट वर्गणा तक ले जाना चाहिए। आगे इस प्रक्रान्त द्रव्य के अल्पबहुत्व को स्पष्ट किया गया है।

इस प्रकार आठवाँ प्रक्रम अनुयोगद्वार समाप्त हुआ है।

९. उपक्रम अनुयोगद्वार

पूर्व पद्धति के अनुसार उपक्रम अनुयोगद्वार नाम-स्थापनादि के भेद से छह प्रकार का कहा गया है। उनके अवान्तर भेदों नोआगमद्रव्य कर्मोपक्रम को यहाँ प्रसंगप्राप्त कहा गया है।

यहाँ प्रक्रम और उपक्रम में भेद दिखलाया है। प्रक्रम जहाँ प्रकृति, स्थिति और अनुभाग में आनेवाले प्रदेशपिण्ड की प्ररूपणा करता है, वहाँ उपक्रम बन्ध के द्वितीय समय से लेकर सत्स्वरूप से स्थित कर्मपुद्गलों के व्यापार की प्ररूपणा करता है।

कर्म-उपक्रम चार प्रकार का है—बन्धनउपक्रम, उदीरणाउपक्रम, उपशामनाउपक्रम और विपरिणामनाउपक्रम। इनमें बन्धनउपक्रम भी चार प्रकार का है—प्रकृतिबन्धनउपक्रम, स्थितिबन्धनउपक्रम, अनुभागबन्धनउपक्रम और प्रदेशबन्धनउपक्रम।

(१) बन्धनउपक्रम

दूध और पानी के समान जीव के प्रदेशों के साथ परस्पर में अनुगत प्रकृतियों के बन्ध के क्रम की जहाँ प्ररूपणा की जाती है, उसका नाम प्रकृतिबन्धन उपक्रम है। जो सत्स्वरूप उन कर्मप्रकृतियों के एक समय से लेकर सत्तर कोड़ाकोड़ी सागरोपम काल तक अवस्थित रहने के काल की प्ररूपणा करता है उसे स्थितिबन्धन उपक्रम कहा जाता है। अनुभागबन्धन उपक्रम में जीव के साथ एकरूपता को प्राप्त उन्हीं सत्त्वरूप प्रकृतियों के अनुभाग सम्बन्धी स्पर्धक, वर्ग, वर्गणा, स्थान और अविभागप्रतिच्छेदों आदि की प्ररूपणा की जाती है। क्षपितकर्मांशिक, गुणितकर्मांशिक, क्षपितघोलमानकर्मांशिक और गुणितघोलमानकर्मांशिक का आश्रय करके जो

---

१. धवला, पु० १५, ३२-३६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उन्हीं प्रकृतियों के उत्कृष्ट व अनुत्कृष्ट प्रदेशों की प्ररूपणा की जाती है, उसका नाम प्रदेशबन्धन उपक्रम है।

धवलाकार ने आगे यह सूचना कर दी है कि इन चार उपक्रमों की प्ररूपणा जिस प्रकार 'सत्कर्मप्राभृत' में की गयी है उसी प्रकार से यहाँ भी उनकी प्ररूपणा करनी चाहिए।

यहाँ यह शंका उत्पन्न हुई है कि कि उनकी प्ररूपणा जैसे 'महाबन्ध' में की गयी है वैसे उनकी प्ररूपणा क्यों नहीं की जाती है। उत्तर में कहा गया है कि महाबन्ध का व्यापार प्रथम समय-सम्बन्धी बन्ध की ही प्ररूपणा में रहा है; यहाँ उसका कथन करना योग्य नहीं है, क्योंकि वैसा करने पर पुनरुक्त दोष का प्रसंग प्राप्त होता है। इस प्रकार से यहाँ कर्मोपक्रम का प्रथम भेद बन्धनोपक्रम समाप्त हुआ है।

(२) उदीरणोपक्रम

उदीरणा प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश के भेद से चार प्रकार की है। इनमें प्रकृति-उदीरणा दो प्रकार की है—मूलप्रकृतिउदीरणा और उत्तरप्रकृतिउदीरणा। इनमें प्रथमतः मूलप्रकृतिउदीरणा की प्ररूपणा करते हुए उदीरणा के लक्षण में कहा गया है कि परिपाक को नहीं प्राप्त हुए कर्मों के पकाने का नाम उदीरणा है। अभिप्राय यह है कि आवली से बाहर की स्थिति को आदि करके आगे की स्थितियों के बन्धावलि से अतिक्रान्त प्रदेशपिण्ड को असंख्यात लोक के प्रतिभाग से अथवा पल्योपम के असंख्यातवें भाग प्रतिभाग से अपकर्षित करके जो उदयावलि में दिया जाता है, उसे उदीरणा कहते हैं।

उपर्युक्त दो भेदों में मूलप्रकृतिउदीरणा दो प्रकार की है—एक-एक प्रकृतिउदीरणा और प्रकृतिस्थानउदीरणा। इनमें यहाँ एक-एक प्रकृतिउदीरणा की प्ररूपणा क्रम से स्वामित्व, एक जीव की अपेक्षा काल, एक जीव की अपेक्षा अन्तर, नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवों की अपेक्षा काल और अल्पबहुत्व इन अधिकारों में की गयी है। जैसे—

स्वामित्व की अपेक्षा ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय और अन्तराय इनके उदीरक मिथ्यादृष्टि को आदि लेकर क्षीणकषाय तक होते हैं। विशेष इतना है कि क्षीणकषायकाल में एक समय से अधिक आवली के शेष रह जाने पर इन तीनों प्रकृतियों की उदीरणा व्युच्छिन्न हो जाती है।

इसी प्रकार से आगे मोहनीय आदि शेष मूलप्रकृतियों की उदीरणा के स्वामित्व की प्ररूपणा की गयी है (पु० १५, पृ० ४३)।

एक जीव की अपेक्षा काल की प्ररूपणा करते हुए कहा गया है कि वेदनीय और मोहनीय का उदीरक अनादि-अपर्यवसित, अनादि-सपर्यवसित और सादि-सपर्यवसित होता है। इनमें जो सादि-सपर्यवसित है वह उनकी उदीरणा जघन्य से अन्तर्मुहूर्त करता है। अप्रमत्त से च्युत होकर व अन्तर्मुहूर्त स्थित रहकर जो पुनः अप्रमत्त गुणस्थान को प्राप्त हुआ है उसके वेदनीय की उदीरणा जघन्य से अन्तर्मुहूर्त होती है, तथा उपशान्तकषाय से पतित होकर व अन्तर्मुहूर्त स्थित रहकर जो एक समय अधिक आवलीप्रमाण सूक्ष्म साम्परायिक के अन्तिम समय को नहीं प्राप्त हुआ है उसके मोहनीय की उदीरणा जघन्य से अन्तर्मुहूर्त होती है।

उत्कर्ष से उन दोनों की उदीरणा उपार्धपुद्गलपरिवर्तनकाल तक होती है। अप्रमत्त गुणस्थान से च्युत होकर व उपार्धपुद्गलप्रमाणकाल तक परिभ्रमण करके जो पुनः अप्रमत्त

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

गुणस्थान को प्राप्त हुआ है उसके उदीरणा के व्युच्छिन्न हो जाने पर उत्कर्ष से वेदनीय की उदीरणा उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाणकाल तक होती है। इसी प्रकार उपशान्तकषाय से पतित होकर व उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाणकाल तक परिभ्रमण करके पुनः उपशान्तकषाय गुणस्थान को प्राप्त हुआ है उसके उदीरणा के व्युच्छिन्न हो जाने पर मोहनीय की उदीरणा उत्कर्ष से उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाणकाल तक होती है।

इसी प्रकार से आगे एक जीव की अपेक्षा आयु आदि अन्य मूल प्रकृतियों के जघन्य और उत्कृष्ट उदीरणाकाल की प्ररूपणा की गयी है।

वेदनीय, मोहनीय और आयु को छोड़ शेष मूल प्रकृतियों का उदीरक वह अनादि-अपर्यवसित होता है जो क्षपक श्रेणि पर आरूढ़ नहीं हुआ है। तथा क्षपक श्रेणि पर आरूढ़ हुआ वह उनका उदीरक सादि-सपर्यवसित होता है, क्योंकि वहाँ उनकी उदीरणा का व्युच्छेद हो जाता है (पु० १५, पृ० ४४-४८)।

इसी क्रम से आगे यहाँ एक जीव की अपेक्षा अन्तर, नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवों की अपेक्षा काल और अल्पबहुत्व के आश्रय से भी यथासम्भव उस उदीरणा की प्ररूपणा की गयी है। नाना जीवों की अपेक्षा उसके अन्तर की असम्भावना प्रकट कर दी गयी है।

एक-एक प्रकृति का अधिकार होने से यहाँ भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धि उदीरणा सम्भव नहीं है।

प्रकृतिस्थानसमुत्कीर्तन के प्रसंग में उदीरणा के इन पाँच प्रकृतिस्थानों की सम्भावना व्यक्त की गयी है—आठ प्रकार के, सात प्रकार के, छह प्रकार के, पाँच प्रकार के और दो प्रकार के कर्मों के प्रकृतिस्थान। इनमें सब ही प्रकृतियों की उदीरणा करनेवाले के आठ प्रकार की, आयु के बिना सात प्रकार की, आयु व वेदनीय के बिना अप्रमत्तादि गुणस्थानों में छह प्रकार की तथा मोहनीय, आयु और वेदनीय के बिना क्षीणकषाय और उपशान्तकषाय गुणस्थानों में पाँच प्रकार की उदीरणा होती है। ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु और अन्तराय के बिना सयोगिकेवली गुणस्थान में दो की उदीरणा होती है।

जिस प्रकार पूर्व में एक-एक प्रकृतिउदीरणा की प्ररूपणा स्वामित्व, एक जीव की अपेक्षा काल, एक जीव की अपेक्षा अन्तर, नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवों की अपेक्षा काल, नाना जीवों की अपेक्षा अन्तर और अल्पबहुत्व तीन अधिकारों में की गयी है उसी प्रकार इस प्रकृतिस्थान उदीरणा की भी प्ररूपणा इन्हीं स्वामित्व आदि अधिकारों में की गयी है।

नाना जीवों की अपेक्षा अन्तर के प्रसंग में यहाँ पाँच प्रकृतियों के उदीरकों का जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट छह मास कहा गया है। शेष प्रकृतिस्थानों के उदीरकों का अन्तर नाना जीवों की अपेक्षा सम्भव नहीं है (पु० १५, पृ० ४८-५०)।

भुजाकार के प्रसंग में यहाँ भुजाकार आदि का स्वरूप स्पष्ट करते हुए कहा है कि इस समय जिन प्रकृतियों की उदीरणा कर रहा है उसके अनन्तर पूर्व समय में उनसे कम की उदीरणा करता है, यह भुजाकार उदीरणा है। इस समय जितनी प्रकृतियों की उदीरणा कर रहा है उसके अनन्तर अतिक्रान्त समयों में बहुतर प्रकृतियों की जो उदीरणा की जाती है, यह अल्पतर उदीरणा का लक्षण है। दोनों समयों में उतनी ही प्रकृतियों की उदीरणा करनेवाले के अवस्थित उदीरणा होती है। अनुदीरणा से उदीरणा करनेवाले के अवक्तव्य उदीरणा

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

होती है।

इस प्रकार इन भुजाकारादि के स्वरूप स्पष्ट करके आगे यह सूचना कर दी गयी है कि इस अर्थपद के अनुसार आगे के अधिकारों की प्ररूपणा करनी चाहिए।

आगे इस भुजाकार के विषय में स्वामित्व आदि का विचार करते हुए पदनिक्षेप व वृद्धि उदीरणा को प्रकट किया गया है (पु० १५, पृ० ५०-५४)।

उत्तर प्रकृतिउदीरणा भी एक-एक प्रकृतिउदीरणा और प्रकृतिस्थानउदीरणा के भेद से दो प्रकार की है। इस दो प्रकार की उत्तरप्रकृतिउदीरणा की भी प्ररूपणा मूलप्रकृतिउदीरणा के समान उन्हीं स्वामित्व आदि अधिकारों में विस्तारपूर्वक की गयी है (पृ० ५४-१००)।

इस प्रकार मूलप्रकृतिउदीरणा और उत्तरप्रकृति के समाप्त हो जाने पर प्रकृतिउदीरणा समाप्त हुई है।

इसी पद्धति से आगे यहाँ स्थितिउदीरणा, अनुभागउदीरणा और प्रदेशउदीरणा की भी प्ररूपणा की गयी है (पु० १५, पृ० १००-२७५)।

इस प्रकार से यहाँ कर्मोपक्रम का दूसरा भेद उदीरणोपक्रम समाप्त हो जाता है।

(३) उपशामनोपक्रम

नाम-स्थापना आदि के भेद से उपशामना चार प्रकार की है। इस प्रसंग में नोआगमद्रव्य-उपशामना के ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—कर्मउपशामना और नोकर्मउपशामना। इनमें कर्मउपशामना दो प्रकार की है—करणोपशामना और अकरणोपशामना। अकरणोपशामना का दूसरा नाम अनुदीर्णोपशामना भी है।

अकरणोपशामना के प्रसंग में धवलाकार ने यह कहा है कि इसकी प्ररूपणा कर्मप्रवाद[1] में विस्तारपूर्वक की गयी है।

करणोपशामना दो प्रकार की है—देशकरणोपशामना और सर्वकरणोपशामना। इनमें सर्वकरणोपशामना के अन्य दो नाम हैं—गुणोपशामना और प्रशस्तोपशामना।

सर्वकरणोपशामना के प्रसंग में धवलाकार ने कहा है कि इसकी प्ररूपणा 'कषायप्राभृत' में की जावेगी। सम्भवतः 'कषायप्राभृत' से यहाँ धवलाकार का आशय अपने द्वारा विरचित उसकी टीका जयधवला से रहा है।

देशकरणोपशामना के अन्य ये दो नाम हैं—अगुणोपशामना और अप्रशस्तोपशामना। इसी को यहाँ अधिकृत कहा गया है।

यह उपशामना से सम्बन्धित सन्दर्भ प्रायः 'कषायप्राभृतचूर्णि' से शब्दशः समान है।[2] विशेषता इतनी है कि कषायप्राभृतचूर्णि में 'गुणोपशामना' के स्थान में 'सर्वोपशामना' और 'अगु-

---

१. कम्मपवादो णाम अट्ठमो पुव्वाहियारो जत्थ सव्वेसिं कम्माणं मूलुत्तरपयडिभेयभिण्णाणं दव्व-खेत्त-काल-भावे समस्सियूण विवागपरिणामो अविवागपज्जायो च बहुवित्थरो अणुवण्णिदो। तत्थ एसा अकरणोवसामणा दट्ठव्वा, तत्थेदिस्से पबंधेण परूवणोवलंभादो।
—जयध० (क०पा०सुत्त पृ० ७०७, टि० १)

२. देखिये धवला, पु० १५, पृ० २७५-७६ तथा क०प्रा० चूर्णि २९९-३०६ (क०पा० सुत्त पृ० ७०७-८)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

णोपशामना' के स्थान में 'देशकरणोपशामना' उपलब्ध होता है। सर्वोपशामना और देशकरणोपशामना में दोनों ग्रन्थों में क्रमव्यत्यय भी हुआ है।

देशकरणोपशामना के प्रसंग में आगे कषायप्राभृत में 'एसा कम्मपयडीसु'[1] (चूर्णि ३०४) कहकर यह अभिप्राय व्यक्त किया गया है कि इस देशकरणोपशामना की प्ररूपणा 'कर्मप्रकृतिप्राभृत' में की गयी है।

शिवशर्म सूरि-विरचित 'कर्मप्रकृति' में छठा 'उपशामना' नाम का अधिकार है। वहाँ सर्वप्रथम मंगलस्वरूप यह गाथा कही गयी है—

करणकया अकरणा वि य दुविहा उवसामणत्थ बिइयाए।
अकरण-अणुदिण्णाए अणुओगधरे पणिवयामि ॥—क०प्र०उप० १

इसमें ग्रन्थकर्ता ने उपशामना के करणकृता और अकरणा इन दो भेदों का निर्देश करते हुए उनमें अकरणा और अनुदीर्णा नामवाली दूसरी उपशामना विषयक अनुयोग के धारकों को नमस्कार किया है।

इस गाथा की व्याख्या में टीकाकार मलयगिरि सूरि ने यह अभिप्राय व्यक्त किया है कि 'अनुदीर्णा' अपर नाम वाली अकरणा उपशामना का अनुयोग इस समय नष्ट हो चुका है, इसलिए आचार्य (शिवशर्म सूरि) स्वयं उसके अनुयोग सम्बन्धी ज्ञान से रहित होने के कारण उसके पारंगत विशिष्ट मति-प्रभा से युक्त चतुर्दशपूर्ववेदियों को नमस्कार करते हैं।[2]

उपर्युक्त सब विवेचन से यही प्रतीत होता है कि चूर्णिकार आचार्य यतिवृषभ, शिवशर्म सूरि और धवलाकार वीरसेन स्वामी के समय में अकरणोपशामना के ज्ञाता नहीं रहे थे। यदि चूर्णिकार और धवलाकार को उसका विशेष ज्ञान होता तो वे 'उसकी प्ररूपणा कर्मप्रवाद में विस्तार से की गयी है' ऐसी सूचना न करके उसकी प्ररूपणा कुछ अवश्य करते।

'जयधवला' में उस प्रसंग में 'कर्मप्रवाद' को आठवाँ पूर्व कहकर यह जो कहा गया है कि उसे वहाँ देखना चाहिए, यह विचारणीय है। क्योंकि उसका तो उस समय लोप हो चुका था। वह जयधवलाकार के समक्ष रहा हो और उन्होंने उसका परिशीलन भी किया हो, ऐसा नहीं दिखता। क्या यह सम्भव है कि उस समय उक्त कर्मप्रवाद पूर्व का एकदेश रहा हो और उसके आधार से यतिवृषभ, वीरसेन और जिनसेन ने वैसा संकेत किया हो ?

'कर्मप्रकृति' में इस प्रसंग में करणोपशामना के सर्वोपशामना और देशोपशामना इन दो

---

१. कम्मपयडीओ णाम विदियपुव्वपंचमवत्थुपडिबद्धो चउत्थो पाहुडसण्णिदो अहियारो अत्थि। तत्थेसा देसकरणोवसामणा दट्ठव्वा, सवित्थरमेदिस्से तत्थ पबंधेण परूविदत्तादो। कथमेत्थ एगस्स कम्मपयडिपाहुडस्स 'कम्मपयडीसु' त्ति बहुवयणणिद्देसो त्ति णासंकणिज्जं, एक्कस्स वि तस्स कदि-वेदणादि अवंतराहियारभेदावेक्खाए बहुवयणणिद्देसाविरोहादो।
—जयध० (क०पा०सुत्त पृ० ७०८, टिप्पण ३)

२. अस्माच्चाकरणकृतोपशामनाया नामधेयद्वयम्। तद्यथा—अकरणोपशामना अनुदीर्णोपशामना च। तस्याश्च संप्रत्यनुयोगो व्यवच्छिन्नः। तत आचार्यः स्वयं तस्या अनुयोगमजानानस्तद्वेदितृणां विशिष्टमतिप्रभाकलितचतुर्दशपूर्ववेदिनां नमस्कारमाह—'बिइणाए' इत्यादि।—क०प्र० मलय० वृत्ति उप०क० १, पृ० २५४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

भेदों का निर्देश है। उसमें बतलाया है कि सर्वोपशामना मोह की ही हुआ करती है। उसे सर्वोपशामना क्रिया के योग्य कौन होता है, इसे स्पष्ट करते हुए यह कहा गया है कि उसके योग्य पंचेन्द्रिय, संज्ञी, पर्याप्त, तीन लब्धियों से युक्त—पंचेन्द्रियत्व, संज्ञित्व व पर्याप्तत्व रूप अथवा उपशम, उपदेशश्रवण और तीन करणों के हेतुभूत प्रकृष्ट योगलब्धिरूप तीन लब्धियों से युक्त, करणकाल के पूर्व ही विशुद्धि को प्राप्त होनेवाला, ग्रन्थिकसत्त्वों (अभव्यसिद्धिकों) की विशुद्धि का अतिक्रमण करके अवस्थित, अन्यतर (मति-श्रुत में से किसी एक) साकार उपयोग में तथा विशुद्ध लेश्याओं में से किसी एक लेश्या में वर्तमान होता हुआ जो सात कर्मों की स्थिति को अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण करके, अशुभ कर्मों के चतुःस्थानरूप अनुभाग को द्वि-स्थानरूप और शुभ कर्मों के द्विस्थानरूप अनुभाग को चतुःस्थानरूप करता है, इत्यादि।[1]

लगभग यही अभिप्राय प्रायः उन्हीं शब्दों में षट्खण्डागम और उसकी टीका धवला में प्रकट किया गया है।[2]

इस प्रकार धवला में उपशामना के भेद-प्रभेदों में उल्लेख करते हुए यहाँ देशकरणोपशामना को प्रसंगप्राप्त कहा गया है। अप्रशस्तोपशामना का स्वरूप स्पष्ट करते हुए यहाँ कहा गया है कि अप्रशस्त उपशामना से जो प्रदेशपिण्ड उपशान्त है उसका अपकर्षण भी किया जा सकता है और उत्कर्षण भी, तथा अन्य प्रकृति में उसे संक्रान्त भी किया जा सकता है। किन्तु उसे उदयावली में प्रविष्ट नहीं कराया जा सकता (पु० १५, पृ० २७६)।

पश्चात् पूर्व पद्धति के अनुसार यहाँ क्रम से मूल और उत्तर प्रकृतियों के आश्रय से प्रस्तुत अप्रशस्त उपशामना की प्ररूपणा स्वामित्व, एक जीव की अपेक्षा काल, एक जीव की अपेक्षा अन्तर, नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय और नाना जीवों की अपेक्षा काल आदि अनेक अधिकारों में की गयी है। जैसे स्वामित्व—

अनिवृत्तिकरण के प्रथम समय में प्रविष्ट हुए चारित्रमोह के क्षपक व उपशामक जीव के सब कर्म अप्रशस्त उपशामना से अनुपशान्त होते हैं। अनिवृत्तिकरण के प्रथम समय में प्रविष्ट दर्शनमोह के उपशामक के दर्शनमोहनीय अप्रशस्त उपशामना से अनुपशान्त होता है, शेष सब कर्म उस के उपशान्त और अनुपशान्त होते हैं।

अनन्तानुबन्धी की विसंयोजना में अनिवृत्तिकरण के प्रथम समय में प्रविष्ट होते समय में ही अनन्तानुबन्धिचतुष्क अप्रशस्त उपशामना से अनुपशान्त होता है, शेष सब कर्म उपशान्त और अनुपशान्त होते हैं। किसी भी कर्म का सब प्रदेशाग्र उपशान्त व सब प्रदेशाग्र अनुपशान्त नहीं होता, किन्तु सब उपशान्त-अनुपशान्त होता है।[3]

विशेषता यह रही है कि वहाँ प्रकृति, स्थिति और अनुभागविषयक उपशामना की प्ररूपणा कर प्रदेशउपशामना के विषय में 'प्रदेशउपशामना की प्ररूपणा जानकर करनी चाहिए' इतना

---

१. क०प्र० उप०क० गाथा २-८ द्रष्टव्य हैं।

२. ष०ख० सूत्र १,९-८,४-५ व उनकी धवला टीका (पु० ६, पृ० २०६-३०) तथा सूत्र १, ९-३,१-२; सूत्र १,९-४,१-२; सूत्र १,९-५,१-२ और उनकी टीका (पु०६, पृ० १३३-४४)

३. पदेसउवसामणा जाणियूण परूवदेव्वा। पु० १५, पृ० २८२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

मात्र कहा है।

(४) विपरिणाम उपक्रम

यह भी प्रकृति-स्थिति आदि के भेद से चार प्रकार का है। इनमें प्रकृति विपरिणामना मूल और उत्तर प्रकृति के भेद से दो प्रकार की है। मूल प्रकृतिविपरिणामना भी देशविपरिणामना और सर्वविपरिणामना के भेद से दो प्रकार की है। जिन प्रकृतियों का एकदेश अधःस्थितिगलना के द्वारा निर्जीर्ण होता है, वह देशविपरिणामना है। जो प्रकृति सर्वनिर्जरा से निर्जीर्ण होती है उसे सर्वविपरिणामना कहा जाता है।

आगे यहाँ यह सूचना कर दी गयी है कि इस अर्थपद से मूलप्रकृतिविपरिणामना के विषय में स्वामित्व, काल, अन्तर, नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर, संनिकर्ष और विपरिणामना अल्पबहुत्व को ले जाना चाहिए। भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धि यहाँ भी नहीं है।

उत्तरप्रकृतिविपरिणामना का निरूपण करते हुए कहा गया है कि जो प्रकृति देशनिर्जरा अथवा सर्वनिर्जरा के द्वारा निर्जीर्ण होती है अथवा जो देशसंक्रम या सर्वसंक्रम के द्वारा संक्रम को प्राप्त करायी जाती है, वह उत्तरप्रकृतिविपरिणामना है।

यहाँ भी आगे इस अर्थपद से स्वामित्व आदि की प्ररूपणा करने की सूचना कर दी गयी है। साथ ही प्रकृति स्थानविपरिणामना की प्ररूपणा करने की ओर संकेत भी कर दिया गया है।

आगे क्रमप्राप्त स्थितिविपरिणामना के प्रसंग में उसका स्वरूप निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो स्थिति अपकर्षण व उत्कर्षण को प्राप्त करायी जाती है अथवा अन्य प्रकृति में संक्रान्त करायी जाती है, इसका नाम स्थितिविपरिणामना है। आगे कहा गया है कि इस अर्थपद से स्थितिविपरिणामना की प्ररूपणा स्थितिसंक्रम के समान करनी चाहिए, क्योंकि दोनों की प्ररूपणा की पद्धति समान है।

अनुभागविपरिणामना के प्रसंग में उसका स्वरूप निर्देश करते हुए कहा है कि अपकर्षण को प्राप्त, उत्कर्षण को भी प्राप्त और अन्य प्रकृति में संक्रान्त कराया गया भी अनुभाग विपरिणामित होता है। यहाँ भी यह सूचना कर दी गयी कि इस अर्थपद से प्रकृत अनुभागविपरिणामना की प्ररूपणा उसी प्रकार करनी चाहिए, जिस प्रकार से अनुभागसंक्रम की प्ररूपणा की गयी है।

यही स्थिति प्रदेशविपरिणामना की भी रही है। निर्जरा को तथा अन्य प्रकृति में संक्रम को प्राप्त हुए प्रदेशाग्र का नाम प्रदेशविपरिणामना है। इस अर्थपद से प्रकृत प्रदेशविपरिणामना को प्रदेशसंक्रम के समान जानना चाहिए। विशेष इतना है कि उदय से निर्जरा को प्राप्त होने वाला प्रदेशाग्र प्रदेशसंक्रम की अपेक्षा विपरिणामना में अधिक होता है।[४]

इस प्रकार उपक्रम के बन्धनोपक्रम आदि चारों भेदों की प्ररूपणा के समाप्त हो जाने पर उपक्रम अनुयोगद्वार समाप्त हुआ है।

१०. उदय अनुयोगद्वार

यहाँ सर्वप्रथम नामादि उदयों में कौन-सा उदय प्रसंगप्राप्त है, इस प्रश्न को स्पष्ट करते

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

हुए नोआगमकर्मद्रव्य उदय को प्रसंगप्राप्त कहा गया है। वह प्रकृतिउदय आदि के भेद से चार प्रकार का है। उनमें प्रकृतिउदय दो प्रकार का है—मूलप्रकृतिउदय और उत्तरप्रकृतिउदय। मूलप्रकृतिउदय का कथन विचारकर करना चाहिए, ऐसी यहाँ सूचना भी कर दी गयी है।

उत्तरप्रकृतिउदय के प्रसंग में स्वामित्व का विचार किया गया है। तदनुसार पाँच ज्ञानावरणीय, चार दर्शनावरणीय और पाँच अन्तराय के वेदक सब छद्मस्थ होते हैं।

निद्रा आदि पाँच दर्शनावरणीय प्रकृतियों का वेदक शरीरपर्याप्ति से पर्याप्त होने के दूसरे समय से लेकर आगे का कोई भी जीव होता है, जो उसके वेदन के योग्य हो। विशेष इतना है कि देव, नारक और अप्रमत्तसंयत ये स्त्यानगृद्धि आदि तीन दर्शनावरणीय प्रकृतियों के वेदक नहीं होते हैं। इनके अतिरिक्त जिन प्रमत्तसंयतों ने आहारकशरीर को उत्थापित किया है वे भी इन तीन दर्शनावरणीय प्रकृतियों के अवेदक होते हैं। अन्य आचार्यों के मतानुसार इन सबके अतिरिक्त असंख्यातवर्षायुष्क और उत्तरशरीर की विक्रिया करने वाले तिर्यंच मनुष्य भी उनके अवेदक होते हैं।

साता व असाता में से किसी एक का वेदक कोई भी संसारी जीव, जो उसके वेदन के योग्य हो, होता है।

इसी क्रम से आगे मिथ्यात्व आदि शेष सभी उत्तरप्रकृतियों का वेदन-विषयक विचार किया गया है (पु० १५, पृ० २८५-८८)।

इस प्रकार स्वामित्व के विषय में विचार करने के उपरान्त यह सूचना कर दी गयी है कि एक जीव की अपेक्षा काल, अन्तर, नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर और संनिकर्ष अनुयोगद्वारों का कथन उपर्युक्त स्वामित्व से सिद्ध करके करना चाहिए।

अल्पबहुत्व के संदर्भ में कहा गया है कि उसकी प्ररूपणा, जिस प्रकार उदीरणा के प्रसंग में की गयी है, उसी प्रकार यहाँ भी करना चाहिए। उससे जो कुछ कहीं विशेषता रही है उसे यह स्पष्ट कर दिया गया है। यथा—

मनुष्यगतिनामकर्म के और मनुष्यायु के वेदक समान हैं। इसी प्रकार शेष गतियों और आयुओं के अल्पबहुत्व को जानना चाहिए, इत्यादि (पु० १५, पृ० ८८-८९)।

स्थितिउदय भी मूलप्रकृतिस्थितिउदय और उत्तरप्रकृतिस्थितिउदय के भेद से दो प्रकार का है। मूलप्रकृतिस्थितिउदय भी प्रयोग और स्थितिक्षय से दो प्रकार से होता है। इनमें स्थितिक्षय से होने वाले उदय को सुगम बतलाकर प्रयोग से होने वाले उदय को संपत्ति (संप्रति या संप्राप्ति) और सेचीय (निषेक) की अपेक्षा दो प्रकार का निर्दिष्ट किया है। संपत्ति की अपेक्षा एक स्थिति को उदीर्ण कहा गया है, क्योंकि इस समय जो परमाणु उदय को प्राप्त हैं, उनका अवस्थान एक समय को छोड़कर दो आदि अन्य समयों में नहीं पाया जाता है। सेचीय की अपेक्षा अनेक स्थितियों को उदीर्ण कहा गया है, क्योंकि वर्तमान में जो प्रदेशाग्र उदीर्ण है उसके द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा पूर्व के भाव के साथ उपचार सम्भव है।

आगे कहा है कि इस अर्थपद से स्थितिउदयप्रमाणानुगम चार प्रकार का है—उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य। इनका स्पष्टीकरण यहाँ प्रथमतः मूलप्रकृतियों के आश्रय से और तत्पश्चात् उत्तरप्रकृतियों के आश्रय से पूर्व पद्धति के अनुसार उन्हीं स्वामित्व व एक जीव की अपेक्षा कालानुगम आदि अधिकारों में किया गया है। इस प्रसंग में जहाँ-तहाँ यह भी कथन है कि इसकी प्ररूपणा स्थितिउदीरणा के समान करनी चाहिए (पु० १५, पृ० २९-९५)।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इसी क्रम में अनुभागउदय और प्रदेशउदय की भी प्ररूपणा की गयी है (पु० १५, पृ० २९५-३३६)। इस प्रकार से यह उदयअनुयोगद्वार समाप्त हुआ है।

११. मोक्ष अनुयोगद्वार

यहाँ सर्वप्रथम मोक्ष का निक्षेप करते हुए उसके इन चार भेदों का निर्देश है—नाममोक्ष, स्थापनामोक्ष, द्रव्यमोक्ष और भावमोक्ष। इनमें शेष को सुगम बतलाकर नोआगमद्रव्यमोक्ष के ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—कर्ममोक्ष और नोकर्ममोक्ष। कर्मद्रव्यमोक्ष प्रकृतिमोक्ष आदि के भेद से चार प्रकार का है। प्रकृतिमोक्ष भी मूलप्रकृतिमोक्ष और उत्तरप्रकृतिमोक्ष के भेद से दो प्रकार का है। वे भी देशमोक्ष और सर्वमोक्ष के भेद से दो-दो प्रकार के हैं।

विवक्षित प्रकृति का निर्जरा को प्राप्त होना अथवा अन्य प्रकृति में संक्रान्त होना प्रकृतिमोक्ष है। इसे यहाँ प्रकृतिउदय और प्रकृतिसंक्रम के अन्तर्गत होने से सुगम कह दिया गया है।

स्थितिमोक्ष जघन्य और उत्कृष्ट के भेद से दो प्रकार का है। जो स्थिति अपकर्षण या उत्कर्षण को प्राप्त करायी गयी है अथवा अधःस्तनस्थितिगलना के द्वारा निर्जरा को प्राप्त हुई है, वह स्थितिमोक्ष है। आगे यह कह दिया है कि इस अर्थपद के अनुसार उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य मोक्ष की प्ररूपणा करनी चाहिए।

इसी पद्धति से आगे अनुभागमोक्ष और प्रदेशमोक्ष की भी प्ररूपणा की गयी है।

नोआगममोक्ष को प्रथमतो सुगम कहा गया है, पश्चात् वैकल्पिक रूप से यह भी कहा गया है—अथवा वह मोक्ष, मोक्षकारण और मुक्त के भेद से तीन प्रकार का है। इनमें जीव और कर्म के पृथक् होने का नाम मोक्ष है। ज्ञान, दर्शन और चारित्र ये मोक्ष के कारण हैं। समस्त कर्मों से रहित होकर अनन्त ज्ञान-दर्शनादि गुणों से सम्पन्न होना, यह मुक्त का लक्षण है।

(पु० १६, पृ० ३३७-३८)

इस प्रकार से यह मोक्ष अनुयोगद्वार समाप्त हुआ है।

१२. संक्रम अनुयोगद्वार

इस अनुयोगद्वार में सर्वप्रथम संक्रम के नामसंक्रम आदि छह भेदों और उनके अवान्तर भेदों का उल्लेख है। उनमें से कर्मसंक्रम को यहाँ प्रकृत कहा गया है। वह प्रकृति-स्थिति आदि के भेद से चार प्रकार का है। जो प्रकृति अन्य प्रकृति को प्राप्त करायी जाती है, इसे प्रकृतिसंक्रम कहा जाता है। यह प्रकृतिसंक्रम स्वभावतः परस्पर मूलप्रकृतियों में सम्भव नहीं है।

उत्तरप्रकृतिसंक्रम की प्ररूपणा पूर्व पद्धति के अनुसार स्वामित्व, एक जीव की अपेक्षा काल, एक जीव की अपेक्षा अन्तर, नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवों की अपेक्षा काल और नाना जीवों की अपेक्षा अन्तर और अल्पबहुत्व इन अधिकारों में प्रथमतः सामान्य से और तत्पश्चात् विशेष रूप से नरकगति आदि के आश्रय से की गयी है। जैसे—

स्वामित्व के प्रसंग में प्रथमतः यह सूचना है कि बन्ध के होने पर ही संक्रम होता है, उसके अभाव में नहीं। वह भी विवक्षित मूलप्रकृति की उत्तरप्रकृतियों में ही परस्पर होता है। किन्तु दर्शनमोहनीय चारित्रमोहनीय में और चारित्रमोहनीय दर्शनमोहनीय में संक्रान्त नहीं होती। इसी प्रकार चार आयुओं का भी परस्पर में संक्रमण नहीं होता।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

पाँच ज्ञानावरणीय, नौ दर्शनावरणीय और पाँच अन्तराय प्रकृतियों का संक्रामक कोई भी कषाय-सहित जीव होता है। जो असाता का बन्धक है वह साता का और जो साता का बन्धक है वह असाता का संक्रामक होता है। सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि दर्शनमोहनीय के संक्रामक नहीं होते। सम्यक्त्व प्रकृति का संक्रामक नियम से वह मिथ्यादृष्टि होता है जिसके उसका सत्त्व आवली से बाहर होता है। मिथ्यात्व का संक्रामक वह सम्यग्दृष्टि होता है जिसके उस मिथ्यात्व का सत्त्व आवली से बाहर होता है। सम्यग्मिथ्यात्व का संक्रामक वह सम्यग्दृष्टि अथवा मिथ्यादृष्टि होता है जिसके उस सम्यग्मिथ्यात्व का सत्त्व आवली से बाहर होता है। इसी क्रम से आगे बारह कषाय आदि अन्य उत्तरप्रकृतियों के संक्रमविषयक प्ररूपणा हुई है।

अनन्तर प्रकृतिस्थानसंक्रम को भी संक्षेप में बतलाकर प्रकृतिसंक्रम को समाप्त किया गया है (पु० १६, पृ० ३३६-४७)।

स्थितिसंक्रम के प्रसंग में भी प्रकृतिसंक्रम के समान उसके ये दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं —मूलप्रकृतिस्थितिसंक्रम और उत्तरप्रकृतिस्थितिसंक्रम। जो स्थिति अपकर्षण को प्राप्त करायी गई है, उत्कर्षण को प्राप्त करायी गयी है अथवा अन्य प्रकृति को प्राप्त करायी गयी है उसे स्थितिसंक्रम कहा जाता है।

अपकर्षण और उत्कर्षण का कुछ स्वरूप निरूपण करके प्रकृतस्थितिसंक्रम की प्ररूपणा इन अधिकारों में की गयी है—प्रमाणानुगम, स्वामित्व, एक जीव की अपेक्षा काल, अन्तर, नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवों की अपेक्षा काल, अन्तर और अल्पबहुत्व।

(पु० १६, पृ० ३४६-७४)

अनुभागसंक्रम के प्रसंग में प्रथमतः सब कर्मों के आदि स्पर्धक को गमनीय बतलाकर जो कर्म देशघाती, अघाती और सर्वघाती हैं, उनके नामों का पृथक्-पृथक् उल्लेख किया है। उनमें किनके आदि स्पर्धक समान हैं और वे किस प्रकार प्राप्त होते हैं, इसकी चर्चा है।

अनुभागविषयक अर्थपद को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि अपकर्षण को प्राप्त अनुभाग अनुभागसंक्रम है, उत्कर्षण को प्राप्त अनुभाग अनुभागसंक्रम है, और अन्य प्रकृति को प्राप्त कराया गया भी अनुभाग अनुभागसंक्रम है। आदि स्पर्धक का अपकर्षण नहीं होता। आदि स्पर्धक से जितना जघन्य निक्षेप है इतने मात्र स्पर्धक अपकर्षण को प्राप्त नहीं होते। उनसे ऊपर के स्पर्धक का भी अपकर्षण नहीं होता, क्योंकि अतिस्थापना का अभाव है। जितने जघन्य निक्षेप स्पर्धक हैं और जितने जघन्य अतिस्थापना स्पर्धक हैं, प्रथम स्पर्धक से लेकर, इतने मात्र स्पर्धक ऊपर चढ़कर जो स्पर्धक स्थित है उसका अपकर्षण किया जा सकता है, क्योंकि उसके अतिस्थापनास्पर्धक और निक्षेपस्पर्धक सम्भव हैं (पु० १६, पृ० ३७४-७६)।

इस क्रम से आगे प्रमाणानुगम (पृ० ३७७), स्वामित्व, (पृ० ३७७-८२), एक जीव की अपेक्षा काल, (पृ० ३८२-८७), एक जीव की अपेक्षा अन्तर (पृ० ३८७-८८), नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय (पृ० ३८८-८६), नाना जीवों की अपेक्षा काल (पृ० ३८६-६१), नाना जीवों की अपेक्षा अन्तर (पृ० ३६१-६२) और संनिकर्ष (पृ० ३६२) इन अधिकारों में प्रस्तुत संक्रम की प्ररूपणा की गयी है।

पश्चात् अल्पबहुत्व के प्रसंग में स्वस्थान-परस्थान के भेद से उसकी दो प्रकार से प्ररूपणा करते हुए प्रथमतः ओघ की अपेक्षा और तत्पश्चात् क्रम से नरकादि गतियों में की गयी है (धवला, पु० १६, पृ० ३६३-६७)।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अन्त में भुजाकार के प्रसंग में उसकी प्ररूपणा पूर्वनिर्दिष्ट उन्हीं स्वामित्व व एक जीव की अपेक्षा काल आदि अधिकारों में की गयी है।

अनुभाग संक्रमस्थानों की प्ररूपणा के प्रसंग में यह सूचना कर दी गई है कि उनकी प्ररूपणा सत्कर्मस्थानों की प्ररूपणा के समान है (पृ० ३९८-४०८)।

इस प्रकार से अनुभागसंक्रम समाप्त हुआ है।

प्रदेशसंक्रम का स्वरूप निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो प्रदेशाग्र अन्य प्रकृति में संक्रान्त कराया जाता है उसका नाम प्रदेशसंक्रम है। वह मूल और उत्तर प्रकृतिसंक्रम के भेद से दो प्रकार का है। मूल प्रकृतियों में प्रदेशसंक्रम सम्भव नहीं है। उत्तर प्रकृतिसंक्रम पाँच प्रकार का है—उद्वेलनसंक्रम, विध्यातसंक्रम, अधःप्रवृत्तसंक्रम, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम। इनके स्वरूप-निरूपण के लिए निम्न गाथा को उद्धृत किया गया है—

बंधे अधापवत्तो विज्झाद अबंध अप्पमत्तंतो।
गुणसंकमो दु एत्तो पयडीणं अप्पसत्थाणं॥

अधःप्रवृत्तसंक्रम—जहाँ जिन प्रकृतियों का बन्ध सम्भव है वहाँ उन प्रकृतियों के बन्ध के होने पर और उसके न होने पर भी अधःप्रवृत्त संक्रम होता है। यह नियम बन्ध प्रकृतियों के विषय में है, अबन्ध प्रकृतियों के विषय में नहीं, क्योंकि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन अबन्ध-प्रकृतियों में भी अधःप्रवृत्तसंक्रम पाया जाता है।

विध्यातसंक्रम—जहाँ जिन प्रकृतियों का नियम से बन्ध सम्भव नहीं है, वहाँ उनका विध्यात संक्रम होता है। यह भी नियम मिथ्यादृष्टि से लेकर अप्रमत्तसंयत गुणस्थान तक ध्रुवस्वरूप से है।

गुणसंक्रम—अप्रमत्तसंयत से लेकर आगे के गुणस्थानों बन्ध से रहित प्रकृतियों का गुण-संक्रम और सर्वसंक्रम भी होता है।

यह प्ररूपणा अप्रशस्त प्रकृतियों के विषय में की गई है, प्रशस्त प्रकृतियों के विषय में नहीं; क्योंकि उपशम और क्षपक दोनों ही श्रेणियों में बन्ध से रहित प्रशस्त प्रकृतियों का अधःप्रवृत्तसंक्रम देखा जाता है।

आगे कौन प्रकृतियाँ कितने भागहारों से संक्रान्त होती हैं, इसे अन्य एक गाथा को उद्धृत कर उसके आधार से स्पष्ट किया गया है। साथ ही, वे भागहार उनके कहाँ किस प्रकार से सम्भव हैं, इसे भी स्पष्ट किया है। यथा—

पाँच ज्ञानावरणीय व चार दर्शनावरणीय आदि उनतालीस प्रकृतियों का एकमात्र अधः-प्रवृत्तसंक्रम होता है।

स्त्यानगृद्धि आदि तीन दर्शनावरण, बारह कषाय व स्त्रीवेद आदि तीस प्रकृतियों के उद्वेलन के बिना शेष चार संक्रम होते हैं।

निद्रा, प्रचला, अप्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस और उपघात इन सात प्रकृतियों के अधःप्रवृत्त संक्रम और गुणसंक्रम ये दो होते हैं।

असातावेदनीय व पाँच संस्थान आदि बीस प्रकृतियों के अधःप्रवृत्तसंक्रम, विध्यातसंक्रम और गुणसंक्रम ये तीन होते हैं।

मिथ्यात्व प्रकृति के विध्यातसंक्रम, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम ये तीन होते हैं।

वेदकसम्यक्त्व के अधःप्रवृत्तसंक्रम, उद्वेलनसंक्रम, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम ये चार होते हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

सम्यग्मिथ्यात्व, देवगति, देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, नरकगति, नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिकशरीरांगोपांग, मनुष्यगति, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, आहारकशरीर, आहारकशरीरांगोपांग और उच्चगोत्र—इन बारह प्रकृतियों के पाँचों संक्रम होते हैं।

तीन संज्वलन और पुरुषवेद इन चार प्रकृतियों के अधःप्रवृत्तसंक्रम और सर्वसंक्रम ये दो संक्रम होते हैं।

हास्य, रति, भय और जुगुप्सा इन चार प्रकृतियों के अधःप्रवृत्तसंक्रम, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम ये तीन होते हैं।

औदारिकशरीर, औदारिकशरीरांगोपांग, वज्रर्षभनाराचसंहनन और तीर्थंकर इन चार प्रकृतियों के अधःप्रवृत्तसंक्रम और विध्यातसंक्रम ये दो होते हैं[1]।

उपर्युक्त प्रकृतियों में सम्भव इन संक्रम-भेदों को एक दृष्टि में इस प्रकार देखा जा सकता है—

प्रकृति	३९	३०	७	२०	१	१	१२	४	४	४
संक्रमभेद	१	४	२	३	३	४	५	२	३	२

आगे इन संक्रमों के अवहारकाल के अल्पबहुत्व को दिखाकर उत्कृष्ट व जघन्य प्रदेशसंक्रम के स्वामित्व के विषय में विचार किया गया है (पु० १६, पृ० ४२१-४०)।

तत्पश्चात् एक जीव की अपेक्षा उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम के काल को प्रकट करते हुए यह सूचना कर दी गई है कि एक जीव की अपेक्षा जघन्य प्रदेशसंक्रमकाल व अन्तर तथा नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय, काल और अन्तर का कथन स्वामित्व से सिद्ध करके करना चाहिए (पृ० ४४१-४२)।

अल्पबहुत्व के प्रसंग में प्रथमतः सामान्य से और तत्पश्चात् विशेष रूप से नारक आदि गतियों में उत्कृष्ट और जघन्य प्रदेशसंक्रमविषयक अल्पबहुत्व का विचार किया गया है।
(पृ० ४४२-५३)

भुजाकारसंक्रम के प्रसंग में स्वामित्व व एक जीव की अपेक्षा काल की प्ररूपणा करके आगे यह सूचना कर दी गयी है कि एक जीव की अपेक्षा अन्तर, नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय, काल और अन्तर की प्ररूपणा एक जीव की अपेक्षा स्वामित्व और काल से सिद्ध करके करनी चाहिए। तत्पश्चात् प्रसंगप्राप्त अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गयी है (पृ० ४५३-६१)।

आगे पदनिक्षेप और वृद्धिसंक्रम की प्ररूपणा करते हुए प्रस्तुत संक्रम अनुयोगद्वार को समाप्त किया गया है (पृ० ४६१-८३)।

१३. लेश्या अनुयोगद्वार

यहाँ लेश्या का निक्षेप करके नोआगम द्रव्यलेश्या के अन्तर्गत तद्व्यतिरिक्त नोआगम द्रव्यलेश्या के स्वरूप का निर्देश है। तदनुसार चक्षु इन्द्रिय के द्वारा ग्रहण करने योग्य पुद्गल-स्कन्धों के वर्ण का नाम तद्व्यतिरिक्त द्रव्यलेश्या है। वह कृष्ण-नीलादि के भेद से छह प्रकार की है। वह किनके होती है, इसे कुछ उदाहरणों द्वारा स्पष्ट किया गया है।

---

१. धवला पु० १६, पृ० ४०८-२१

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

नोआगम भावलेश्या के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि कर्मागम की कारणभूत जो मिथ्यात्व, असंयम और कषाय से अनुरंजित योग की प्रवृत्ति होती है उसका नाम नोआगम-भावलेश्या है। अभिप्राय यह है कि मिथ्यात्व, असंयम और कषाय के आश्रय से जो संस्कार उत्पन्न होता है उसे नोआगमभावलेश्या जानना चाहिए। यहाँ नैगमनय की अपेक्षा नोआगम-द्रव्यलेश्या और नोआगमभावलेश्या ये दो प्रसंग प्राप्त हैं।

द्रव्यलेश्या का वर्णन करते हुए आगे कहा गया है कि जीव के द्वारा अप्रतिगृहीत पुद्गल-स्कन्धों में जो कृष्ण, नील आदि वर्ण होते हैं, यही द्रव्यलेश्या है जो कृष्णादि के भेद से छह प्रकार की है। उसके ये छह भेद द्रव्यार्थिकनय की विवक्षा से निर्दिष्ट हैं, पर्यायार्थिकनय की विवक्षा से वह असंख्यात लोकप्रमाण भेदों वाली है।

तत्पश्चात्, शरीर के आश्रित रहनेवाली इन लेश्याओं में कौन-कौन लेश्याएँ किन जीवों के रहती हैं, इसका स्पष्टीकरण है। जैसे तिर्यंचों के शरीर छहों लेश्याओं से युक्त होते हैं—उनमें कितने ही शरीर कृष्णलेश्या वाले, कितने ही नीललेश्यावाले, कितने ही कापोतलेश्या वाले, कितने ही तेजलेश्या वाले, कितने ही पद्मलेश्या वाले और कितने ही शुक्ललेश्या वाले होते हैं। देवों के शरीर मूलनिवर्तन की अपेक्षा तेज, पद्म और शुक्ल इन तीन लेश्यावाले तथा उत्तर-निवर्तना की अपेक्षा वे छहों लेश्याओं वाले होते हैं, इत्यादि।

औदारिक आदि पाँच शरीरों में कौन किन लेश्याओं से युक्त होते हैं, इसकी चर्चा में कहा है कि औदारिक शरीर छहों लेश्याओं से युक्त होते हैं। वैक्रियिक शरीर मूलनिवर्तना की अपेक्षा कृष्ण, पीत, पद्म अथवा शुक्ललेश्या से युक्त होते हैं। तैजस शरीर पीतलेश्या से और कार्मणशरीर शुक्ललेश्या से युक्त होता है।

शरीरगत पुद्गलों में अनेक वर्ण रहते हैं, फिर भी अमुक शरीर का यह वर्ण होता है, यह जो यहाँ कहा गया है वह शरीरगत उन अनेक वर्णों में प्रमुख वर्ण के आश्रय से कहा गया है। जैसे—जिस शरीर में प्रमुखता से कृष्ण वर्ण पाया जाता है उसे कृष्णलेश्यावाला, इत्यादि।

आगे विवक्षित लेश्यावाले द्रव्य में जो अन्य अनेक गुण होते हैं उनका अल्पबहुत्व दिखलाया है। जैसे—कृष्णलेश्यायुक्त द्रव्य में शुक्ल गुण स्तोक, हारिद्र गुण अनन्तगुणे और कृष्ण गुण अनन्तगुणे होते हैं। नीललेश्यादि युक्त द्रव्यों के अन्य गुणों के अल्पबहुत्व को भी यहाँ प्रकट किया गया है।

विशेषता यह रही है कि किसी विवक्षित लेश्या से युक्त द्रव्य के अन्य गुणों के अल्पबहुत्व में अन्य विकल्प भी रहे हैं। जैसे कापोतलेश्या के विषय में उस अल्पबहुत्व को तीन प्रकार से प्रकट किया गया है—(१) शुक्ल गुण स्तोक, हारिद्र गुण अनन्तगुणे, कालक गुण अनन्तगुणे, लोहित अनन्तगुणे और नील अनन्तगुणे। (२) शुक्ल स्तोक, कालक अनन्तगुणे, हारिद्र अनन्तगुणे, नील अनन्तगुणे और लोहित अनन्तगुणे। (३) कालक स्तोक, शुक्ल अनन्तगुणे, नील अनन्तगुणे, हारिद्र अनन्तगुणे और लोहित अनन्तगुणे।

द्रव्यलेश्या की प्ररूपणा के पश्चात् भावलेश्या के प्रसंग में उसके स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा है कि मिथ्यात्व, असंयम, कषाय और योग के आश्रय से जीव के जो संस्कार उत्पन्न होता है उसे भावलेश्या कहते हैं। उसमें तीव्र संस्कार को कापोतलेश्या, तीव्रतर संस्कार को नीललेश्या, तीव्रतम संस्कार को कृष्णलेश्या, मन्द संस्कार को तेजलेश्या या पीतलेश्या, मन्दतर संस्कार को पद्मलेश्या और मन्दतम संस्कार को शुक्ललेश्या कहा जाता है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इन छहों में से प्रत्येक अनन्तभागवृद्धि आदि छह वृद्धियों के क्रम से छह स्थानों में पतित है।

उक्त छह लेश्याओं में से कापोतलेश्या को द्विस्थानिक तथा शेष लेश्याओं को द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक और चतुःस्थानिक निर्दिष्ट करते हुए अन्त में तीव्रता व मन्दता के विषय में उनका अल्पबहुत्व दिखलाया है (धवला, पु० १६, पृ० ४८४-८६)।

इस प्रकार लेश्या अनुयोगद्वार समाप्त हुआ है।

१४. लेश्याकर्म अनुयोगद्वार

कर्म का अर्थ क्रिया या प्रवृत्ति है। छह लेश्याओं के आश्रय से जीव की प्रवृत्ति किस प्रकार की होती है, इसका विचार इस अनुयोगद्वार में किया गया है। यथा—

कृष्णलेश्या से परिणत जीव की प्रवृत्ति कैसी होती है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि वह निर्दय, कलहप्रिय, वैरभाव की वासना से सहित, चोर, असत्यभाषी; मधु-मांस-मद्य में आसक्त, जिनोपदिष्ट तत्त्व के उपदेश को न सुननेवाला और असदाचरण में अडिग रहता है।

आगे यथाक्रम से नील आदि अन्य लेश्याओं से परिणत जीवों की प्रवृत्ति का भी वर्णन किया गया है।

यहाँ पृथक्-पृथक् प्रत्येक लेश्यावाले जीव की प्रवृत्ति को दिखाते हुए, 'वृत्तं च' कहकर जो नौ (१+२+३+१+१+१) गाथाएँ उद्धृत की गयी हैं ये 'गोम्मटसार जीवकाण्ड' (५०८-१६) में उसी रूप में व उसी क्रम से उपलब्ध होती हैं, सम्भवतः वहीं से लेकर इन्हें इस ग्रन्थ का अंग बनाया गया है।

ये गाथाएँ दि० प्रा० 'पंचसंग्रह' (१, १४४-५२) में भी उसी रूप में व उसी क्रम से उपलब्ध होती हैं। इस पंचसंग्रह का रचना-काल अनिश्चित है।

इनमें जो थोड़ा-सा पाठ-भेद उपलब्ध होता है तो वह 'गो० जीवकाण्ड' और 'पंचसंग्रह' में समान है।[1]

ये गाथाएँ इसके पूर्व जीवस्थान-सत्प्ररूपणा (पु० १, पृ० ३८८-९०) में भी लेश्या के प्रसंग में उद्धृत की जा चुकी हैं।

१५. लेश्या-परिणाम अनुयोगद्वार

इस अनुयोगद्वार में कौन लेश्याएँ किस भाँति वृद्धि अथवा हानि को प्राप्त होकर स्वस्थान और परस्थान में परिणत होती हैं, इसे स्पष्ट किया गया है। जैसे—

कृष्णलेश्या वाला जीव संक्लेश को प्राप्त होता हुआ अन्य किसी लेश्या में परिणत नहीं होता, किन्तु स्वस्थान में ही अनन्तभागवृद्धि आदि छह वृद्धियों से वृद्धिगत होकर स्थानसंक्रमण करता हुआ स्थित रहता है। अन्य लेश्या में परिणत वह इसलिए नहीं होता; क्योंकि उससे निकृष्टतर अन्य कोई लेश्या नहीं है। वही यदि विशुद्धि को प्राप्त होता है तो अनन्तभाग हानि आदि छह हानियों से संक्लेश की हानि को प्राप्त हुआ स्वस्थान (कृष्णलेश्या) में स्थानसंक्रमण

---

१. जैसे—फिण्णाए संजुओ जीवो—लक्खणमेयं तु किण्हस्स। णीलाए लेस्साए वसेण जीवो पारंभासे—लक्खणमेयं भणियं समासओ णीललेसस्स॥ इत्यादि।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

करता है। वही अनन्तगुणा संक्लेश हानि से परस्थानस्वरूप नीललेश्या में भी परिणत होता है। इस प्रकार कृष्णलेश्या में संक्लेश की वृद्धि में एक ही विकल्प है, किन्तु विशुद्धि की वृद्धि में दो विकल्प हैं—स्वस्थान में स्थित रहता है और परस्थानरूप नीललेश्या में भी परिणत होता है।

नीललेश्यावाला संक्लेश की छह स्थानपतित वृद्धि के द्वारा स्वस्थान में परिणत होता है और अनन्तगुणी संक्लेशवृद्धि के द्वारा कृष्णलेश्या में भी परिणत होता है। इस प्रकार यहाँ दो विकल्प हैं।

यदि वह विशुद्धि को प्राप्त होता है तो पूर्वोक्त क्रम से स्वस्थान में स्थित रहकर हानि को प्राप्त होता है तथा अनन्तगुणी विशुद्धि के द्वारा वृद्धिगत होकर कापोत लेश्या में भी परिणत होता है। इस प्रकार इसमें भी दो विकल्प हैं।

परिणमन का यही क्रम अन्य लेश्याओं में भी है। विशेष इतना है कि शुक्ललेश्या में संक्लेश की अपेक्षा दो विकल्प हैं, किन्तु विशुद्धि की अपेक्षा उसमें एक ही विकल्प है, क्योंकि यह सर्वोत्कृष्ट विशुद्ध लेश्या है।

आगे क्रम से इन छहों लेश्याओं में तीव्रता और मन्दता के आश्रय से संक्रम और प्रतिग्रह से सम्बद्ध अल्पबहुत्व का निरूपण किया गया है (पु० १६, पृ० ४९३-९७)।

१६. सात-असात अनुयोगद्वार

यहाँ समुत्कीर्तना, अर्थपद, पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व इन पाँच अधिकारों में साता-असाता विषयक विचार किया गया है। यथा—

समुत्कीर्तना में एकान्तसात, अनेकान्तसात, एकान्तअसात और अनेकान्तअसात के अस्तित्व को प्रकट किया गया है।

अर्थपद के प्रसंग में यह दिखलाया गया है कि जो कर्म सात रूप से बाँधा गया है वह संक्षेप व प्रतिक्षेप से रहित होकर सात रूप से ही वेदा जाता है, यह एकान्तसात का लक्षण है। इसके विपरीत अनेकान्तसात है।

जो कर्म असातस्वरूप से बाँधा जाकर संक्षेप व प्रतिक्षेप से रहित होकर असातस्वरूप से ही वेदा जाता है उसे एकान्तअसात कहते हैं। इसके विपरीत अनेकान्त-असात है।

पदमीमांसा में उक्त एकान्त-अनेकान्त सात-असात के उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य पदों के अस्तित्व मात्र का वर्णन है।

स्वामित्व के प्रसंग में उत्कृष्ट एकान्तसात के स्वामी का निर्देश करते हुए कहा गया है कि अभव्यसिद्धिक प्रायोग्य सातवीं पृथिवी का नारक गुणितकर्मांशिक वहाँ से निकलकर सर्वलघु-काल में इकतीस सागरोपमप्रमाण आयुस्थिति वाले देवलोक को प्राप्त होने वाला है, उस सातवीं पृथिवी के अन्तिम समयवर्ती नारक के उत्कृष्ट एकान्तसात होता है। कारण यह कि उसके सातवेदन के काल सबसे महान् और बहुत होंगे। इसी प्रकार आगे उत्कृष्ट अनेकान्त-सात, उत्कृष्ट एकान्तअसात और उत्कृष्ट अनेकान्तअसात के स्वामियों का भी विचार किया गया है।

अल्पबहुत्व में उपर्युक्त एकान्तसात आदि के विषय में अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गयी है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

१७. दीर्घ-ह्रस्व अनुयोगद्वार

इस अनुयोगद्वार में दीर्घ के ये चार भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—प्रकृतिदीर्घ, स्थितिदीर्घ, अनुभागदीर्घ और प्रदेशदीर्घ। इनमें प्रकृतिदीर्घ मूल और उत्तरप्रकृतिदीर्घ के भेद से दो प्रकार का है। मूल प्रकृतिदीर्घ भी दो प्रकार का है—प्रकृतिस्थानदीर्घ और एक-एक प्रकृतिस्थानदीर्घ। इन्हें स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि आठों प्रकृतियों के बँधने पर प्रकृतिदीर्घ और उनसे कम के बँधने पर नोप्रकृतिदीर्घ होता है। यही अभिप्राय सत्त्व और उदय के विषय में भी व्यक्त किया गया है।

उत्तरप्रकृतिदीर्घ—पाँच ज्ञानावरणीय और पाँच अन्तराय में प्रकृतिदीर्घ का प्रतिषेध करते हुए नौ दर्शनावरणीय प्रकृतियों के बाँधनेवाले के प्रकृतिदीर्घ कहा गया है और उनसे कम बाँधने वाले के उसका निषेध किया गया है। यही प्रक्रिया उनके सत्त्व और उदय के विषय में भी व्यक्त की गयी है।

वेदनीय के बन्ध और उदय का आश्रय करके प्रकृतिदीर्घ सम्भव नहीं है, किन्तु सत्त्व की अपेक्षा वह सम्भव है क्योंकि अयोगिकेवली के अन्तिम समय में एक प्रकृति के सत्त्व की अपेक्षा द्विचरम आदि समयों में दो प्रकृतियों के सत्त्व की दीर्घता उपलब्ध होती है।

इसी प्रकार से आगे यथासम्भव मोहनीय, आयु, नामकर्म और गोत्रकर्म के आश्रय से बन्ध, उदय और सत्त्व की अपेक्षा उस प्रकृतिदीर्घता को स्पष्ट किया गया है।

इसी पद्धति से स्थितिदीर्घता और अनुभागदीर्घता के विषय में भी विचार किया गया है। साथ ही, चार प्रकार की प्रकृतिह्रस्वता के विषय में भी चर्चा की गयी है।

१८. भवधारणीय अनुयोगद्वार

इस अनुयोगद्वार के प्रारम्भ में भव के ये तीन भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—ओघभव, आदेशभव और भवग्रहणभव। इनमें आठ कर्मों अथवा उनसे उत्पन्न जीव के परिणाम का नाम ओघभव है। चार गतिनामकर्मों अथवा उनसे उत्पन्न जीव के परिणाम को आदेशभव कहा जाता है। यह आदेशभव नारकभव आदि के भेद से चार प्रकार का है। जिसका भुज्यमान आयुकर्म गल चुका है तथा अपूर्व आयुकर्म उदय को प्राप्त हो चुका है उसके प्रथम समय में जो 'व्यंजन' संज्ञावाला जीवपरिणाम होता है उसे अथवा पूर्व शरीर के परित्यागपूर्वक उत्तर शरीर के ग्रहण को भवग्रहणभव कहते हैं। यही यहाँ प्रसंगप्राप्त है।

भव के इन भेदों और उनके स्वरूप का निर्देश करके, वह किसके द्वारा धारण किया जाता है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा है कि वह मात्र आयुकर्म के द्वारा धारण किया जाता है, शेष सात कर्मों के द्वारा नहीं; क्योंकि उनका व्यापार अन्यत्र उपलब्ध होता है। वह भव इस भव-सम्बन्धी आयु के द्वारा धारण किया जाता है, न कि परभव-सम्बन्धी आयु के।

अन्त में यहाँ यह सूचित कर दिया गया है कि जिस प्रदेशाग्र से भव को धारण करता है उसकी प्ररूपणा जिस प्रकार पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व के आश्रय से वेदना अनुयोगद्वार में की गयी है, उसी प्रकार यहाँ भी करनी चाहिए (पु० १६, पृ० ५१२-१३)।

१९. पुद्गलात्त अनुयोगद्वार

इस अनुयोगद्वार में प्रथमतः पुद्गल के नाम-स्थापनादिरूप चार भेदों का निर्देश करते हुए

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

तद्व्यतिरिक्त नोआगम-द्रव्यपुद्गल को यहाँ प्रकृत कहा गया है।

'पुद्गलात्त' में जो 'आत्त' शब्द है उसका अर्थ गृहीत या ग्रहण है। तदनुसार 'पुद्गलात्त' से ग्रहण किये गये अथवा आत्मसात् किये गये पुद्गल अभिप्रेत हैं। वे पुद्गल छह प्रकार से ग्रहण किये जाते हैं—ग्रहण से, परिणाम से, उपभोग से, आहार से, ममत्व से और परिग्रह से।

हाथ-पाँव आदि से जो दण्ड आदि पुद्गल ग्रहण किये जाते हैं वे ग्रहण से गृहीत पुद्गल हैं। मिथ्यात्व आदि परिणाम द्वारा जो पुद्गल ग्रहण किये जाते हैं वे परिणाम से गृहीत पुद्गल हैं। गन्ध व ताम्बूल आदि उपभोग में आनेवाले पुद्गल उपभोग से गृहीत पुद्गल कहलाते हैं। भोजन-पान आदि रूप जिन पुद्गलों को आहार के रूप में ग्रहण किया जाता है, वे आहार से ग्रहण किये गये पुद्गल माने जाते हैं। अनुरागवश जिन पुद्गलों को ग्रहण किया जाता है, उन्हें ममत्व से आत्त पुद्गल कहा जाता है। जो पुद्गल परिग्रह के रूप में स्वाधीन होते हैं वे परिग्रह से आत्त पुद्गल कहलाते हैं।

आगे विकल्प के रूप में 'आत्त' इस प्राकृत शब्द का अर्थ आत्मा या स्वरूप किया गया है। तदनुसार पुद्गलों का जो रूप-रसादि स्वरूप है उसे पुद्गलात्त समझना चाहिए। उनमें जो अनन्तभागादिरूप छह वृद्धियाँ होती हैं, उनकी प्ररूपणा जैसे भावविधान में की गयी है, वैसे ही यहाँ भी करनी चाहिए, ऐसी सूचना यहाँ कर दी गयी है (पु० १६, पृ० ५१४-१५)।

२०. निधत्त-अनिधत्त अनुयोगद्वार

निधत्त और अनिधत्त ये दोनों प्रकृति-स्थिति आदि के भेद से चार-चार प्रकार के हैं।

जिस प्रदेशाग्र को न उदय में दिया जा सकता है और न अन्य प्रकृतियों में संक्रान्त भी किया जा सकता है, किन्तु जिसका अपकर्षण और उत्कर्षण किया जा सकता है, उसका नाम निधत्त है। अनिवृत्तिकरण में प्रविष्ट हुए उपशामक व क्षपक के सब कर्म अनिधत्तस्वरूप में रहते हैं, क्योंकि उनमें निधत्त के सब लक्षणों का विनाश हो चुका होता है। अनन्तानुबन्धी कषायों की विसंयोजना करनेवाले के अनिवृत्तिकरण में चार अनन्तानुबन्धी तो अनिधत्त हैं, किन्तु शेष कर्म निधत्त और अनिधत्त दोनों प्रकार के होते हैं। दर्शनमोहनीय के उपशामक और क्षपक के अनिवृत्तिकरण में दर्शनमोहनीय कर्म ही अनिधत्त होता है, शेष कर्म निधत्त भी होते हैं और अनिधत्त भी।

आगे यहाँ यह सूचना कर दी गयी है कि इस अर्थपद के अनुसार मूल प्रकृतियों का आश्रय करके चौबीस अनुयोगद्वारों द्वारा इस निधत्त और अनिधत्त की प्ररूपणा करनी चाहिए।

२१. निकाचित-अनिकाचित अनुयोगद्वार

यहाँ प्रकृतिनिकाचित आदि के भेद से चार प्रकार के निकाचित का अस्तित्व दिखाकर उसके स्वरूप का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि जिस प्रदेशाग्र का अपकर्षण, उत्कर्षण और अन्य प्रकृतिरूप संक्रम नहीं किया जा सकता है तथा जिसे उदय में भी नहीं दिया जा सकता है, उसका नाम निकाचित है। आगे यह स्पष्ट किया गया है कि अनिवृत्तिकरण में प्रविष्ट हुए जीव के सब कर्म अनिकाचित और उसके नीचे निकाचित व अनिकाचित भी होते हैं। पूर्व अनुयोगद्वार के समान यहाँ भी यह सूचित किया गया है कि इस अर्थपद के अनुसार निकाचित और अनिकाचित की प्ररूपणा चौबीस अनुयोगद्वारों के आश्रय से करनी चाहिए।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उपशान्त, निधत्त और निकाचित के संनिकर्ष के प्रसंग में कहा गया है कि अप्रशस्त उपशामना से जो प्रदेशाग्र उपशान्त होता है, वह निधत्त और निकाचित नहीं होता। जो प्रदेशाग्र निधत्त होता है वह उपशान्त और निकाचित नहीं होता है। जो प्रदेशाग्र निकाचित होता है वह उपशान्त और निधत्त नहीं होता।

अल्पबहुत्व के प्रसंग में बतलाया है कि जिस किसी भी एक प्रकृति का अधःप्रवृत्त संक्रम स्तोक, उससे उपशान्त प्रदेशाग्र असंख्यातगुणा, निधत्त उससे असंख्यातगुणा और निकाचित उससे असंख्यातगुणा होता है।[1]

२२. कर्मस्थिति अनुयोगद्वार

इस अनुयोगद्वार में भिन्न दो उपदेशों का उल्लेख है। तदनुसार नागहस्ती क्षमाश्रमण जघन्य और उत्कृष्ट स्थितियों के प्रमाण की प्ररूपणा को कर्मस्थितिप्ररूपणा कहते हैं। किन्तु आर्यमंक्षु क्षमाश्रमण कर्मस्थिति में संचित सत्कर्म की प्ररूपणा को कर्मस्थितिप्ररूपणा कहते हैं। इस प्रकार दो उपदेशों से कर्मस्थिति की प्ररूपणा करनी चाहिए (पु० १६, पृ० ५१८)।

इतना स्पष्ट करके इस कर्मस्थिति अनुयोगद्वार को यहीं समाप्त कर दिया गया है।

२३. पश्चिमस्कन्ध अनुयोगद्वार

इस अनुयोगद्वार में पूर्वप्ररूपित भवधारणीय (१८) अनुयोगद्वार के समान भव के ओघभव, आदेशभव और भवग्रहणभव इन तीन भेदों का निर्देश है। उनमें यहाँ भवग्रहणभव प्रसंगप्राप्त है। आगे कहा गया है कि जो अन्तिम भव है उसमें जीव को सब कर्मों की बन्धमार्गणा, उदयमार्गणा, उदीरणामार्गणा, संक्रममार्गणा और सत्कर्ममार्गणा ये पाँच मार्गणाएँ इस पश्चिमस्कन्ध अनुयोगद्वार में की जाती हैं।

आगे यह निर्देश किया गया है कि प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशाग्र इनका आश्रय लेकर इन पाँच प्ररूपणाओं के कर चुकने के बाद अन्तिम भवग्रहण में सिद्ध होनेवाले जीव की यह अन्य प्ररूपणा करनी चाहिए—

आयु के अन्तर्मुहूर्त शेष रह जाने पर जीव आवर्जितकरण[2] को करता है। आवर्जितकरण के कर चुकने पर वह केवलिसमुद्घात को करता है। उसे करते हुए प्रथम समय में दण्ड को करता है। उसमें वह स्थिति के असंख्यात बहुभाग तथा अप्रशस्त कर्मों के अनुभाग के अनन्त बहुभाग को नष्ट करता है। द्वितीय समय में कपाट को करता है। उसमें वह शेष स्थिति के

---

१. धवला, पु० १६, पृ० ५१७

२. केवलिसमुग्घादस्स अहिमुहीभावो आवज्जिदकरणमिदि।—धवला, पु० १०, पृ० ३२५ का टिप्पण ७।

अपरे आवर्जितकरणमित्याहुः। तत्रायं शब्दार्थः— आवर्जितो नाम अभिमुखीकृतः। तथा च लोके वक्तारः आवर्जितो मया, अभिमुखीकृतः इत्यर्थः। ततश्च तथा भव्यत्वेनावर्जितस्य मोक्षगमनं प्रत्यभिमुखीकृतस्य करणं क्रिया शुभोपयोगकारणं आवर्जितकरणम्।—प्रज्ञाप० मलय० वृ० ३६, पृ० ६०४ व पंचसं०मलय०वृत्ति १-१५, पृ० २८ (जैन लक्षणावली १, पृ० २१५) इसे 'आयोजिकाकरण' भी कहा गया है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

असंख्यात बहुभाग को तथा शेष अनुभाग के अनन्त बहुभाग को नष्ट करता है। तीसरे समय में मन्थ को करता है। उसमें भी वह स्थिति और अनुभाग को उसी प्रकार से नष्ट करता है। तत्पश्चात् चौथे समय में लोक को पूर्ण करता है और उसमें भी स्थिति और अनुभाग को उसी प्रकार से नष्ट करता है। उस समय वह स्थितिसत्त्व को आयु से संख्यातगुणे अन्तर्मुहूर्तमात्र स्थापित करता है।[1]

यह प्ररूपणा कषायप्राभृत के चूर्णिसूत्रों पर अधारित है, जो प्रायः शब्दशः समान है।[2]

स्थितिघात व अनुभागघात का क्रम स्पष्ट करते हुए योगनिरोध के प्रसंग में कहा गया है —फिर अन्तर्मुहूर्त जाकर वचन-योग का निरोध करता है, पश्चात् अन्तर्मुहूर्त जाकर मनोयोग का निरोध करता है, पश्चात् अन्तर्मुहूर्त जाकर उच्छ्वास-निःश्वास का निरोध करता है, फिर अन्तर्मुहूर्त जाकर काययोग का निरोध करता है।

इसके पूर्व धवला में इस योगनिरोध के क्रम की प्ररूपणा इस प्रकार की जा चुकी है—

× × × यहाँ से अन्तर्मुहूर्त जाकर बादर काययोग से बादर मनयोग का निरोध करता है, पश्चात् अन्तर्मुहूर्त जाकर बादर काययोग से बादर वचनयोग का निरोध करता है, पश्चात् बादर काययोग से बादर उच्छ्वास-निःश्वास का निरोध करता है, पश्चात् बादरकाययोग से उसी बादर काययोग का निरोध करता है। पश्चात् सूक्ष्म काययोग से सूक्ष्म मनोयोग का निरोध करता है, पश्चात् सूक्ष्म काययोग से सूक्ष्म वचनयोग का निरोध करता है, पश्चात् सूक्ष्म काययोग से सूक्ष्म उच्छ्वास का निरोध करता है, पश्चात् सूक्ष्म काययोग से उसी सूक्ष्म काययोग का निरोध करता है।[3]

योगनिरोध की यह प्ररूपणा[4] व इसके आगे-पीछे का प्रसंग भी प्रायः कषायप्राभृत के चूर्णिसूत्रों पर आधारित है, जो प्रायः शब्दशः समान है।

'सर्वार्थसिद्धि' और 'तत्त्वार्थवार्तिक' में इसका विचार करते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि तीर्थंकर व इतर केवली की जब अन्तर्मुहूर्तमात्र आयु शेष रह जाती है तथा वेदनीय, नाम और गोत्र इन तीन अघाती कर्मों की स्थिति आयु के ही समान रहती है, तब वह सब वचनयोग, मनोयोग और बादर काययोग का निरोध करके सूक्ष्म काययोग का आलम्बन लेता हुआ सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाती ध्यान पर आरूढ़ होने के योग्य होता है। किन्तु जब आयु अन्तर्मुहूर्त शेष रह जाती है और उन तीन अघाती कर्मों की स्थिति उससे अधिक रहती है, तब सयोगी जिन दण्ड, कपाट, प्रतर और लोकपूरण समुद्घात को विसर्पण की अपेक्षा चार समयों में करके तदनन्तर चार समयों में उनका संकोच करते हुए शेष रहे अघाती कर्मों की स्थिति को समान

---

१. इसके पूर्व इस केवलिसमुद्घात की प्ररूपणा धवला में कितने ही प्रसंगों पर की जा चुकी है। देखिए पु० १, पृ० ३०१-४; पु० ४, पृ० २८-२९; पु० ६, पृ० ४१२-१४; पु० १०, पृ० ३२०-२१ (पु० ४ और १० में इन दण्डादि समुद्घातों में फैलने वाले जीवप्रदेशों के आयाम, विष्कम्भ, परिधि और बाहल्य आदि के प्रमाण को भी स्पष्ट किया गया है।)

२. क० प्रा० चूर्णि १-१९ (क० पा० सुत्त पृ० ९००-३)

३. धवला, पु० ६, पृ० ४१४-१५

४. क० प्रा० चूर्णि २०-२८; क० पा० सुत्त, पृ० ९०४ ('पश्चिमस्कन्ध' का यह अधिकांश भाग कषायप्राभृत चूर्णि से शब्दशः समान है)।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

करते है व पूर्व शरीर के प्रमाण हो जाते हैं, उस समय वे सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाती ध्यान को ध्याते हैं।[1]

धवला में आगे इस प्रसंग में उक्त प्रकार से काययोग का निरोध करता हुआ वह जिन अपूर्वस्पर्धक आदि करणों को करता है, उन्हें स्पष्ट किया गया है। आगे कहा गया है कि कृष्टिकरण के समाप्त होने पर अनन्तर समयों में अपूर्वस्पर्धकों और पूर्वस्पर्धकों को नष्ट करता है व अन्तर्मुहूर्त कृष्टिगतयोग होकर सूक्ष्मक्रिया-अप्रतिपाती ध्यान को ध्याता है। कृष्टियों के अन्तिम समय में असंख्यात बहुभाग को नष्ट करता है। योग का निरोध हो जाने पर आयु के समान कर्मों को करता है। पश्चात् अन्तर्मुहूर्त शैलेश्य[2] अवस्थान को प्राप्त होकर समुच्छिन्न-क्रिया-अनिवृत्ति ध्यान को ध्याता है। शैलेश्य काल के क्षीण हो जाने पर वह समस्त कर्मों से रहित होकर एक समय में सिद्धि को प्राप्त करता है।[3]

यह सब प्ररूपणा भी प्रायः पूर्वोक्त कषायप्राभृतचूर्णि से शब्दशः समान है—चूर्णि २७-५१ (क०पा० सुत्त, पृ० ६०४-६)।

इस प्रकार यह पश्चिमस्कन्ध अनुयोगद्वार समाप्त हुआ है।

२४. अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार

यहाँ सर्वप्रथम यह सूचना की गयी है कि **नागहस्ती भट्टारक** अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार में सत्कर्म का मार्गण करते हैं और यही उपदेश परम्परागत है। तत्पश्चात् उस सत्कर्म के ये चार भेद निर्दिष्ट किए गए है—प्रकृतिसत्कर्म, स्थितिसत्कर्म, अनुभागसत्कर्म और प्रदेशसत्कर्म। इनमें प्रकृतिसत्कर्म मूल और उत्तरप्रकृतिसत्कर्म के भेद से दो प्रकार का है। मूल प्रकृतियों के साथ स्वामित्व को ले जाकर उत्तरप्रकृतियों के सत्कर्म-सम्बन्धी स्वामित्व की प्ररूपणा की

---

१. स०सि० ६-४४ व त०वा० ६-४४; यह प्रसंग ज्ञानार्णव (३६, ३७-४६ या २१८४-६४) में भी द्रष्टव्य है।

२. 'शीलानामीशः शैलेशः, तस्य भावः शैलेश्यम्' इस निरुक्ति के अनुसार शैलेश्य का अर्थ है समस्त (१८०००) शीलों का स्वामित्व। जयध० (पश्चिमस्कन्ध)।

अन्यत्र सर्वसंवरस्वरूप चारित्र के स्वामी को शैलेश और उसकी अवस्था को शैलेषी कहा गया है। प्रकारान्तर से शैलेश का अर्थ मेरु करके उसके समान स्थिरता को शैलेषी कहा गया है। व्याख्याप्रज्ञप्ति अभय-वृत्ति १,८,७२ (जैन लक्षणावली ३, पृ० १०६६)।

सेलेसो किर मेरु सेलेसी होई जा तहाऽचलया।
होइ च असेलेसो सेलेसी होइ थिरयाए ॥७॥
अहवा सेलुव्व इसी सेलेसी होइ सोउ थिरयाए।
सेव अलेसी होई सेलेसी हो आलोवाओ ॥८॥
सीलं व समाहाणं निच्छयओ सव्वसंवरो सो य।
तस्सेसो सीलेसो सीलेसी होइ तयवत्थो ॥

—ध्यानश० गा० ७६, हरि० वृत्ति में उद्धृत

३. धवला पु० १६, पृ०५१६-२१

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

जाती है, ऐसी सूचना कर आगे कहा है कि पाँच ज्ञानावरणीय, चार दर्शनावरणीय और पाँच अन्तराय इन प्रकृतियों से सम्बन्धित सत्कर्म के स्वामी सभी छद्मस्थ हैं। निद्रा और प्रचला के सत्कर्म के भी ये ही स्वामी हैं। विशेष इतना है कि **अन्तिम समयवर्ती छद्मस्थ के इनका सत्कर्म नहीं रहता। स्त्यानगृद्धि आदि तीन दर्शनावरण प्रकृतियों के सत्कर्म के भी स्वामी सभी छद्मस्थ हैं। विशेष इतना है** कि अनिवृत्तिकरण में प्रविष्ट होने पर अन्तर्मुहूर्त में उनका सत्कर्म व्युच्छिन्न हो जाता है। इस कारण आगे के छद्मस्थों के उनका सत्कर्म नहीं रहता है।

साता-असाता के सत्कर्म के स्वामी सभी संसारी जीव निर्दिष्ट किये गये हैं। विशेषता यह प्रकट की गयी है कि अन्तिमसमयवर्ती भव्यसिद्धि के जिसका उदय नहीं रहता, उसका सत्त्व नहीं रहता।

मोहनीय के सत्कर्म के विषय में यह सूचना कर दी गयी है कि उसके स्वामी की प्ररूपणा जिस प्रकार 'कषायप्राभृत' में की गयी है, उसी प्रकार से यहाँ करनी चाहिए।

नारकायु का सत्कर्म नारकी, मनुष्य और तिर्यंच के तथा मनुष्यायु और तिर्यंच आयु का सत्कर्म देव, नारकी, तिर्यंच और मनुष्य इनमें से किसी के भी रहता है। देवायु का सरकर्म देव, मनुष्य और तिर्यंच के रहता है।

इसी प्रकार से आगे गति-जाति आदि शेष सभी प्रकृतियों के सत्कर्म के स्वामियों का विचार किया गया है।

तत्पश्चात् एक जीव की अपेक्षा काल, अन्तर, नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर और संनिकर्ष के विषय में यह सूचना कर दी गयी है कि इनका कथन स्वामित्व से सिद्ध करके करना चाहिए (पु० १६, पृ० ५२२-२४)।

आगे स्वस्थान और परस्थान के भेद से दो प्रकार के अल्पबहुत्व का निर्देश करते हुए यहाँ परस्थान अल्पबहुत्व की प्ररूपणा प्रथमतः ओघ से और तत्पश्चात् नरकादि गतियों के आश्रय से की गयी है।

भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धि की असम्भावना प्रकट कर दी गयी है।

मोहनीय के प्रकृतिस्थानसत्कर्म के विषय में यह सूचना कर दी गयी है कि जिस प्रकार 'कषायप्राभृत' में मोहनीय के प्रकृतिस्थानसत्कर्म की प्ररूपणा की गयी है, उसी प्रकार से उसकी प्ररूपणा यहाँ करनी चाहिए।

शेष कर्मों के प्रकृतिस्थान की मार्गणा को सुगम बतलाकर प्रकृतिसत्कर्म की मार्गणा को समाप्त किया गया है।

स्थितिसत्कर्म के प्रसंग में उसके मूलप्रकृतिस्थितिसत्कर्म और उत्तरप्रकृतिस्थितिसत्कर्म इन दो भेदों का निर्देश है। उनमें मूलप्रकृतिस्थितिसत्कर्म को सुगम कहकर आगे उत्तरप्रकृतिसत्कर्म के प्रसंग में प्रथमतः उत्कृष्टस्थितिसत्कर्म की और तत्पश्चात् जघन्यस्थितिसत्कर्म की प्ररूपणा की गयी है। इस प्रकार स्थितिसत्कर्म के प्रमाणानुगम को समाप्त किया गया है।

(पु० १६, पृ० ५२८-३१)

आगे क्रम से उत्कृष्टस्थितिसत्कर्म और जघन्यस्थितिसत्कर्म के स्वामियों का विचार किया गया है। जैसे—

पाँच ज्ञानावरणीय प्रकृतियों का उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म किसके होता है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा है कि जो नियम से उनकी उत्कृष्ट स्थिति बाँधने वाला है उसके उनका उत्कृष्ट स्थिति-

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

सत्कर्म होता है। इसी प्रकार से चार दर्शनावरणीय आदि अन्य प्रकृतियों के उत्कृष्टस्थिति-सत्कर्म के स्वामियों का विचार किया गया है।

जघन्यस्थितिकर्म—जैसे पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तराय इनका जघन्य स्थितिसत्कर्म किसके होता है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि उनका जघन्य स्थिति सत्कर्म अन्तिम समयवर्ती छद्मस्थ के होता है। निद्रा और प्रचला का जघन्य स्थितिसत्कर्म द्विचरमवर्ती छद्मस्थ के होता है। स्त्यानगृद्धि आदि तीन दर्शनावरण प्रकृतियों का जघन्य स्थिति-सत्कर्म उस अनिवृत्तिकरण में वर्तमान जीव के होता है जो उन तीन का निक्षेप करके एक समय कम आवलीकाल को बिता चुका है।

इसी क्रम से साता-असाता आदि अन्य प्रकृतियों के जघन्य स्थितिसत्कर्म के स्वामियों के विषय में भी विचार किया गया है।

एक जीव की अपेक्षा काल, अन्तर, नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर और संनिकर्ष के विषय में यह सूचना कर दी गयी है कि इनका कथन स्वामित्व से जान करके करना चाहिए (धवला, पु० १६, पृ० ३३१-३८)।

अनुभागसत्कर्म के प्रसंग में प्रथमतः आदिस्पर्धकों की प्ररूपणा करते हुए 'घाती' और 'स्थान' संज्ञाओं को स्पष्ट किया गया है। पश्चात् उत्कृष्ट व जघन्य अनुभागसत्कर्म विषयक स्वामित्व का विचार करते हुए प्रथमतः उसका विचार ओघ से और तत्पश्चात् नरकादि गतियों के आश्रय से किया गया है (पु० १६, पृ० ५३८-४३)।

तत्पश्चात् नरकगति, तिर्यंचगति, मनुष्यगति, देवगति और एकेन्द्रिय-विकलेन्द्रियों में उत्कृष्ट अनुभागसत्कर्म के अल्पबहुत्व का स्पष्टीकरण है (पृ० ५४४-४७)।

जघन्य अनुभागसत्कर्म के प्रसंग में अल्पबहुत्व का विचार करते हुए प्रथमतः उसकी प्ररूपणा ओघ से की गयी है। तत्पश्चात् उसकी प्ररूपणा नरकादि चार गतियों और एकेन्द्रियों में की गयी है। इस प्रकार अनुभागउदीरणा समाप्त हुई है।

प्रदेशउदीरणा के प्रसंग में मूलप्रकृतियों के आश्रय से कहा गया है कि उत्कर्ष से जो उत्कृष्ट प्रदेशाग्र उदीर्ण होता है वह आयु में स्तोक, वेदनीय में असंख्यातगुणा, मोहनीय में असंख्यातगुणा; ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय इनमें समान होकर असंख्यातगुणा; तथा नाम व गोत्र में वह समान होकर असंख्यातगुणा होता है। आगे इन मूलप्रकृतियों में जघन्य प्रदेशाग्र विषयक अल्पबहुत्व को भी प्रकट किया गया है।

आगे मनुष्यगति के आश्रय से उदीयमान प्रदेशाग्र के अल्पबहुत्व को प्रकट करते हुए उसके अनन्तर एकेन्द्रियों के आश्रय से इसी अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गयी है (पृ० ५५३-५५)।

तत्पश्चात् विपरिणामना उपक्रम से जो मार्गणा है वही मोक्ष अनुयोगद्वार में करने योग्य है, ऐसी सूचना करते हुए संक्रम के आश्रय से प्रकृत अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गयी है।[1]

आगे लेश्या (पृ० ५७१), लेश्यापरिणाम (५७२), लेश्याकर्म (५७२-७४), सात-असात (५७४-७५), दीर्घ-ह्रस्व (५७५), भवधारण (५७५), पुद्गलात्त (५७५-७६), निधत्त-अनिधत्त

---

१. धवला, पु० १६, पृ० ५५५-७१ (यह संक्रमविषयक अल्पबहुत्व की प्ररूपणा प्रकृतिसंक्रम (पृ० ५५५-५६), स्थितिसंक्रम (५५६-५७), अनुभागसंक्रम (५५७-५९) और प्रदेशसंक्रम (५५९-७१) के आश्रय से की गयी है।)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

(५७६), निकाचित-अनिकाचित (५७६-७७), कर्मस्थिति (५७७) और पश्चिमस्कन्ध (५७७-७९) इन पूर्वोक्त अनुयोगद्वारों का निर्देश करते हुए पृथक्-पृथक् कुछेक पदों आदि के उल्लेख के साथ कुछ विवेचन किया गया है, जो अधिकांश पुनरुक्त है।

अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार के प्रसंग में प्रथमतः यह सूचना है कि यहाँ महावाचक क्षमाश्रमण (सम्भवतः नागहस्ती) सत्कर्म का मार्गण करते हैं। आगे उत्तरप्रकृतिसत्कर्म से दण्डक किया जाता है, ऐसा निर्देश कर उत्तरप्रकृतियों के आश्रय से प्रकृतिसत्कर्म (पृ० ५७९-८०), केवल मोहनीय के आधार से प्रकृतिस्थानसत्कर्म (५८०-८१), स्थितिसत्कर्म (५८१), अनुभागसत्कर्म (५८१-८२) और प्रदेशाग्र (५८३-९३) को आधार बनाकर पृथक्-पृथक् प्रायः ओघ से नरकादि चारों गतियों में तथा एकेन्द्रियों में अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गयी है।

इस प्रकार अन्तिम अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार समाप्त हुआ है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

संतकम्मपंजिया (सत्कर्मपंजिका)

परिचय

जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, आचार्य भूतबलि ने मूल 'षट्खण्डागम' में 'महाकर्म-प्रकृतिप्राभृत' के अन्तर्गत २४ अनुयोगद्वारों में से प्रारम्भ के कृति, वेदना, स्पर्श, कर्म, प्रकृति और बन्धन इन छह अनुयोगद्वारों की ही प्ररूपणा की है; शेष निबन्धनादि १८ अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा उन्होंने नहीं की। उनकी प्ररूपणा षट्खण्डागम के टीकाकार आचार्य वीरसेन ने अन्तिम सूत्र को देशामर्शक कहकर अपनी धवला टीका में की है।[1]

उन १८ अनुयोगद्वारों में निबन्धन (७), प्रक्रम (८), उपक्रम (९) और उदय (१०) इन चार अनुयोगद्वारों पर 'सत्कर्मपंजिका' नाम की एक पंजिका उपलब्ध होती है।[2] वह किसके द्वारा और कब लिखी गयी है, इसका संकेत वहाँ कहीं कुछ नहीं देखा जाता है। इस पंजिका को षट्खण्डागम की १५वीं पुस्तक में परिशिष्ट के रूप में प्रकाशित किया गया है।

सम्पादन के समय उसकी जो हस्तलिखित प्रति[3] मूडबिद्री से प्राप्त हुई थी वह बहुत अशुद्ध और बीच-बीच में कुछ स्खलित भी रही है। उसके प्रारम्भ में पंजिकाकार के द्वारा जिस गाथा में मंगल किया गया है उसका पूर्वार्द्ध भाग स्खलित है। उत्तरार्द्ध उसका इस प्रकार है—

वोच्छामि संतकम्मे पंचि[जि]यरूवेण विवरणं सुमहत्थं ॥

इसमें पंजिकाकार ने 'सत्कर्म' के ऊपर पंजिका के रूप में महान् अर्थ से परिपूर्ण 'विवरण' के लिखने की प्रतिज्ञा की है। गाथा के पूर्वार्ध में उन्होंने क्या कहा है, यह ज्ञात नहीं हो सका। सम्भव है, वहाँ उन्होंने मंगल के रूप में किसी तीर्थंकर या विशिष्ट आचार्य आदि का स्मरण किया हो। अन्तिम पुष्पिकावाक्य इस प्रकार है—

॥ एवमुवयाणिओगद्दारं गदं ॥

॥ समाप्तोऽयमुद्ग्रन्थः ॥

श्रीमन्माधनंदिसिद्धान्तदेवर्गे सत्कर्मवपंजियं श्रीमदुदयादित्यं वरेवं । मंगलमहः ।

आगे 'अस्यांत्यप्रशस्ति' के रूप में और कुछ कनाड़ी में लिखा गया उपलब्ध होता है।

---

१. धवला, पु० १५, पृ० १

२. सम्भव है, वह सभी (१८) अनुयोगद्वारों पर लिखी गयी है, किन्तु उपलब्ध वह निबन्धन आदि चार अनुयोगद्वारों पर ही है।

३. यह प्रति पं० लोकनाथजी शास्त्री के शिष्य पं० देवकुमारजी के द्वारा मूडबिद्री के 'वीर-वाणीविलास, जैन सिद्धान्त भवन' की प्रति पर से लिखी गयी है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उत्थानिका

पंजिका के प्रारम्भ में उत्थानिका के रूप में यह उल्लेख है—'महाकर्मप्रकृतिप्राभृत' के चौबीस अनुयोगद्वारों से कृति (१) और वेदना (२) अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा वेदना-खण्ड में की गयी है। आगे [(३) स्पर्श, (४) कर्म, (५) प्रकृति और (६) बन्धन] अनुयोगद्वारों में से बन्धन अनुयोगद्वार के अन्तर्गत बन्ध और बन्धनीय इन दो अनुयोगद्वारों के साथ स्पर्श, कर्म और प्रकृति की प्ररूपणा वर्गणा-खण्ड में की गयी है। बन्धनविधान नामक अनुयोगद्वार की प्ररूपणा महाबन्ध (छठे खण्ड) में और बन्धक अनुयोगद्वार की प्ररूपणा क्षुद्रकबन्ध खण्ड में विस्तार से की गयी है। शेष अठारह अनुयोगद्वारों (७-२४) की प्ररूपणा सत्कर्म में की गयी है। तो भी उसके अतिशय गम्भीर होने से अर्थविषयक पदों के अर्थों को यहां हम हीनाधिकता के साथ पंजिका के रूप से कहेंगे।[1]

अर्थविवरणपद्धति

भूमिका के रूप में इतना स्पष्ट करके आगे वहाँ यह कहा गया है कि इन अठारह अनुयोग-द्वारों में प्रथम निबन्धन अनुयोगद्वार की प्ररूपणा सुगम है। विशेष इतना है कि उसके निक्षेप की जो छह प्रकार से प्ररूपणा की गयी है उसमें तीसरे निक्षेप द्रव्यनिक्षेप के स्वरूप की प्ररूपणा के लिए आचार्य[2] इस प्रकार से कहते हैं—

"जं दव्वं जाणि दव्वाणि अस्सिदूण परिणमदि जस्स वा दव्वस्स सहावो दव्वंतरपडिबद्धो तं दव्वणिबंधणमिदि।"—निबन्धन अनु०, पृ० २ (धवला पु० १५)।

इसका अभिप्राय स्पष्ट करते हुए पंजिका में कहा गया है कि मिथ्यात्व, असंयम, कषाय और योग से परिणत संसारी जीव जीवविपाकी, पुद्गलविपाकी, भवविपाकी और क्षेत्रविपाकी स्वरूप कर्मपुद्गलों को बाँधता है व उनके आश्रय से चार प्रकार के फलस्वरूप अनेक प्रकार की पर्यायों को प्राप्त करता हुआ संसार में परिभ्रमण करता है। इन पर्यायों का परिणमन पुद्गल-निबन्धन है। मुक्त जीव के इस प्रकार का निबन्धन नहीं है, वह स्वस्थान से पर्यायान्तर को प्राप्त होता है।

आगे **'जस्स वा दव्वस्स सहावो दव्वंतरपडिबद्धो'** का अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि जीवद्रव्य का स्वभाव ज्ञान-दर्शन है। दो प्रकार के जीवों का वह ज्ञान-स्वभाव विवक्षित जीवों से भिन्न जीव व पुद्गल आदि सब द्रव्यों के जानने रूप से पर्यायान्तर-प्राप्ति का निबन्धन है। इसी प्रकार दर्शन के विषय में भी कहना चाहिए।

पश्चात् 'जीवद्रव्य का धर्मास्तिकाय के आश्रय से होनेवाले परिणमन का विधान कहा जाता है' ऐसा कहते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि संसार में परिभ्रमण करने वाले जीवों का आनुपूर्वी कर्म के उदय से, विहायोगति कर्म के उदय से, और मरणान्तिकसमुद्घात के वश

---

१. संतकम्मपंजिया (परिशिष्ट), पृ० २

२. यहाँ आचार्य के नाम का निर्देश नहीं किया गया है। उत्थानिका में यह कहा गया है—
"...पुणो तेहिंतो सेसट्ठारसाणियोगद्दाराणि संतकम्मे सव्वाणि परूविदाणि। तो वि तस्साइगंभीरत्तादो अत्थविसमपदाणमत्थे थोसत्थयेण पंजियसरूवेण भणिस्सामो।
—पंजिका पृ० १ (पु० १५ का परिशिष्ट)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

गतिपर्याय से परिणत होने पर गमन सम्भव है, कर्म से रहित (मुक्त) जीवों का भी ऊर्ध्वगमन परिणाम सम्भव है; यह धर्मास्तिकाय के स्वभाव की सहायता रूप निमित्तभेद से होता है, क्योंकि वह पृथक्-पृथक् पर्याय से परिणत संसारी जीवों के पृथक्-पृथक् क्षेत्रों में गमन का हेतु है। धर्मास्तिकाय से रहित क्षेत्रों में पूर्वोक्त गमन की सम्भावना भी नहीं है।

इसी प्रकार से आगे अधर्मास्तिकाय आदि शेष द्रव्यों के आश्रय से प्रकृत निबन्ध का निरूपण है।

'निबन्धन' अनुयोगद्वार के अन्तर्गत केवल उपर्युक्त एक प्रसंग को बतलाकर उससे सम्बद्ध पंजिका को समाप्त कर दिया गया है।[1]

आगे 'अब प्रक्रम अधिकार के उत्कृष्ट प्रक्रमद्रव्य सम्बन्धी उक्त अल्पबहुत्व के विषय में हम विवरण देंगे' इस सूचना के साथ प्रक्रम अनुयोगद्वार में प्ररूपित अल्पबहुत्व में से कुछ प्रसंगों को लेकर उनका विवेचन है। बीच-बीच में यहाँ व आगे भी कुछ अंक-संदृष्टियाँ दी गयी हैं, पर उनके विषय में कुछ काल्पनिक सूचना नहीं है। इसके अतिरिक्त वे कुछ अव्यवस्थित और अशुद्ध भी हैं। इससे उनका समझना कठिन रहा है।[2]

पंजिकाकार के द्वारा इस पंजिका में प्रसंगप्राप्त अल्पबहुत्व के अतिरिक्त प्रायः अन्य किसी विषय का स्पष्टीकरण नहीं किया गया है। उक्त अल्पबहुत्व से सम्बद्ध पंजिका को 'एवं पक्क-माणियोगो गदो' इस सूचना के साथ समाप्त कर दिया गया है।

संतकम्मपाहुड

उपक्रम अनुयोगद्वार को प्रारम्भ करते हुए मूलग्रन्थकार ने उपक्रम के भेद-प्रभेदों का निर्देश करके यह सूचना की है कि बन्धनोपक्रम के प्रकृतिबन्धनोपक्रम, स्थितिबन्धनोपक्रम, अनुभाग-बन्धनोपक्रम और प्रदेशबन्धनोपक्रम इन चार भेदों की प्ररूपणा जैसे 'सत्कर्मप्रकृतिप्राभृत' में की गयी है वैसे ही यहाँ करनी चाहिए।[3]

यहाँ जो 'सत्कर्मप्राभृत' का उल्लेख है उसके स्पष्टीकरण में पंजिकाकार कहते हैं कि महा-कर्मप्रकृतिप्राभृत के चौबीस अनुयोगद्वारों में दूसरा 'वेदना' नाम का अनुयोगद्वार है। उसके सोलह अनुयोगद्वारों में चौथा, छठा और सातवाँ ये तीन अनुयोगद्वार क्रम से द्रव्यविधान, काल-विधान और भावविधान नामवाले हैं। उस महाकर्मप्रकृतिप्राभृत का पाँचवाँ 'प्रकृति' नाम का अधिकार है। वहाँ चार अनुयोगद्वारों में आठ कर्मों के प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशसत्त्व की प्ररूपणा करके उत्तरप्रकृतियों के सत्त्व की सूचना की गयी है। इससे ये 'सत्कर्मप्राभृत' हैं। मोहनीय की अपेक्षा कषायप्राभृत भी है।[4]

यहाँ पंजिकाकार का अभिप्राय स्पष्ट नहीं है। वे 'सत्कर्मप्राभृत' किसे कहना चाहते हैं, यह उनकी भाषा से स्पष्ट नहीं होता। सन्दर्भ इस प्रकार है—

"संतकम्मपाहुडं तं कध(द)मं? महाकम्मपयडिपाहुडस्स चउवीसअणियोगद्दारेसु विदिया-

---

१. संतकम्मपंजिया (पु० १५, परिशिष्ट), पृ० १-३
२. वही, पृ० ३-१७
३. संतकम्मपंजिया, धवला, पु० १५, पृ० ४३
४. देखिये पंजिका, पृ० १८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

हियारो वेदणा णाम। तस्स सोलसअणियोगद्दारेसु चउत्थ-छट्ठम-सत्तमाणि योगद्दाराणि दव्व-काल-भावविहाणणामधेयाणि। पुणो तहा महाकम्मपयडिपाहुडस्स पंचमो पयडीणामहियारो। तत्थ चत्तारि अणियोगद्दाराणि अट्ठकम्माणं पयडि-ट्ठिदि-अणुभागप्पदेससत्ताणि परूविय सूचि-दुत्तरपयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-प्पदेससत्तादो (?) एदाणि सत्त (संत ?) कम्मपाहुडं णाम। मोहणीयं पडुच्च कसायपाहुडं पि होदि।" —संतकम्मपंजिया, पृ० १८ (पु० १५, परिशिष्ट)।

यहाँ 'तत्थ चत्तारि अणियोगद्दाराणि' से पंजिकाकार को क्या अभीष्ट है, यह ज्ञात नहीं होता। क्या वे इससे उपर्युक्त 'वेदना' के अन्तर्गत चौथे, छठे और सातवें इन तीन अनुयोगद्वारों में 'महाकर्मप्रकृतिप्राभृत' के पाँचवें प्रकृतिअनुयोगद्वार को सम्मिलित कर चार अनुयोगद्वारों को ग्रहण करना चाहते हैं या 'तत्थ' से प्रकृति अनुयोगद्वार को लेकर उसमें चार अनुयोगद्वारों को दिखलाना चाहते हैं ? ऐसा कुछ भी स्पष्ट नहीं होता।

ऊपर-निर्दिष्ट 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में कोई चार अनुयोगद्वार नहीं हैं। वहाँ मूल व उनकी उत्तर प्रकृतियों का उल्लेख मात्र है। वहाँ स्थिति, अनुभाग और प्रदेश के सत्त्व का भी विचार नहीं किया गया है।[1]

'वेदना' के अन्तर्गत चौथे वेदना द्रव्यविधान, छठे वेदनाकालविधान और सातवें वेदन भावविधान में यथाक्रम से द्रव्य, काल और भाव की अपेक्षा आठों की वेदना का विचार किया गया है। स्थिति आदि पर कुछ भी विचार नहीं किया गया[2]; जैसा कि पंजिकाकार ने निर्देश किया है।

निष्कर्ष यह है कि आचार्य वीरसेन ने जिस 'सत्कर्मप्रकृतिप्राभृत' का उल्लेख किया है, वस्तुतः पंजिकाकार उससे परिचित नहीं रहे। उन्होंने जो उसका परिचय कराया है वह अस्पष्ट व काल्पनिक है।

'संतकम्मपाहुड' और 'संतकम्मपयडिपाहुड' इन ग्रन्थनामों का उल्लेख धवला में चार बार हुआ है।[3] ये दो नाम पृथक्-पृथक् दो ग्रन्थों के रहे हैं या एक ही किसी ग्रन्थ के रहे हैं, यह अभी अन्वेषणीय ही बना हुआ है।

यदि आचार्य भूतबलि के द्वारा 'सत्कर्मप्राभृत' या 'सत्कर्मप्रकृतिप्राभृत' जैसे किसी खण्ड-ग्रन्थ की भी रचना की गयी हो तो यह असम्भव नहीं दिखता। अथवा महाकर्मप्रकृतिप्राभृत में ही कोई ऐसा प्रकरण रहा हो, जिसका उल्लेख सत्कर्मप्राभृत के नाम से किया गया हो। कारण यह कि धवलाकार ने 'सत्कर्मप्राभृत' और 'कषायप्राभृत' के मध्य में जिन मतभेदों का उल्लेख किया उनका सम्बन्ध 'महाकर्मप्रकृतिप्राभृत' और आ० भूतबलि के साथ अधिक रहा है।

आगे, इसी प्रकार से प्रकृत उपक्रम अनुयोगद्वार में उदीरणा (पृ० १८-७३), उपशामना (पृ० ७३-७४) व विपरिणामणा (पृ० ७४) के प्रसंग में तथा उदयानुयोगद्वारगत उदय के प्रसंग

१. यह प्रकृति अनुयोगद्वार ष०ख० पु० १३ में द्रष्टव्य है।
२. वेदनाद्रव्यविधान (पु० १०) में वेदनाकालविधान (पु० ११) में और वेदनाभावविधान (पु० १२) में समाविष्ट हैं।
३. धवला, पु० १, पृ० २१७ (संतकम्मपाहुड), पु० ६, पृ० ३१८ (संतकम्मपयडिपाहुड), पु० ११, पृ० २१ (संतकम्मपाहुड) और पु० १५, पृ० ४३ (संतकम्मपयडिपाहुड)।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

(पृ० ७५-११४) में जो भी स्पष्टीकरण पंजिकाकार के द्वारा किया गया है वह प्रायः अल्पबहुत्व को लेकर ही किया गया है जो दुरूह व अस्पष्ट है।

समीक्षा

इस सम्पूर्ण स्थिति पर विचार करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि पंजिकाकार का भाषा पर कुछ अधिकार नहीं रहा है। उन्होंने अपने अभिप्राय को प्रकट करने के लिए जिन पदों व वाक्यों का प्रयोग किया है वे असम्बद्ध व अव्यवस्थित रहे हैं। साथ ही, वे सिद्धान्त के कितने मर्मज्ञ रहे हैं, यह भी कुछ कहा नहीं जा सकता। इसके अतिरिक्त उन्होंने वीरसेनाचार्य के मन्तव्यों व वाक्यों का प्रचुरता से उपयोग किया है, पर इससे वे वीरसेनाचार्य जैसे गम्भीर विद्वान् तो सिद्ध नहीं होते। इस सब का स्पष्टीकरण यहाँ कुछेक उदाहरणों द्वारा किया जाता है—

भाषा

(१) धर्मास्तिकाय के निमित्त से जीवों का परिणमन कैसा होता है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है—

"संसारे भमंतजीवाणं आणुपुव्विकम्मोदय-विहायगदिकम्मोदयवसेण मुक्कमारणंतियवसेण च गदिपज्जायेण परिणदाणं **गमणस्स संभवो** पुणो कम्मविरहिदजीवाणं **उड्ढगमणपरिणामसंभवो** च धम्मत्थिकायस्स **सहावसहायसरूवणिमित्तभेवेण** होदि। तं कथं जाणिज्जदे? पुह-पुह पज्जाय-परिणद-संसारिजीवाणं पुह पुह खेत्तेसु **णिबंधणातिविहसरूवगमणाणं** हेदुत्तादो **धम्मत्थियविरहिदखेत्तेसु** पुव्वुत्तचउव्विहसरूवगमणाभावादो च।"

—पंजिका, पृ० १ (पु० १५ का परिशिष्ट)।

वैसे तो उपर्युक्त सभी सन्दर्भ भाषा की दृष्टि से विचारणीय हैं, पर रेखांकित पद विशेष ध्यान देने योग्य हैं।

(२) कालनिबन्धन के विषय में यह कहा गया है—

"पुणो कालदव्वस्स **सहावणिबंधणं** जीव-पोग्गल-धम्माधम्मागासदव्वाणमत्थवंजणपज्जायेसु गच्छंताणं सहायसरूवेण **णिबंधणं** होदि **जहा** कुंभारहेट्ठिमसिलो **व्व**।"—पृ० ३

(३) एक सौ बीस बन्धप्रकृतियों की संख्या के विषय में—

"पुणो वण्ण-रस-गंध-फासाणं दव्वट्ठियणयेण सामण्णसरूवेण एत्थ गहणादो। तेसिं **संखम्मि** चत्तारि-एग-चत्तारि-सत्त चेव **संखाणि अवणिदा**।"—पृ० ६

(४) "**एदेसिं दोण्हमुवदेसेसु कधमविसिट्ठमिदि** चे णेवं जाणिज्जदे, तं **सुदकेवली जाणिज्जदि**। किं तु पढमंतर-परूवणाए विदियंतरपरूवणं **अत्थविवरणमिदि** मम मइणा पडिभासदि।"

—पृ० २४

सैद्धान्तिक ज्ञान

पंजिकाकार का सिद्धान्तविषयक ज्ञान कितना कैसा रहा है, यह समझना कठिन है, क्योंकि उन्होंने जिस किसी भी प्रसंग को स्पष्ट किया है वह कुछ समझ में नहीं आ रहा है। इसके लिए भी यहाँ एक-दो उदाहरण दिये जाते हैं, जिन्हें समझने का प्रयत्न किया जाना चाहिए—

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

(१) 'प्रक्रम' अनुयोगद्वार में उत्तरप्रकृतियों में उत्कृष्ट रूप से प्रक्रम को प्राप्त होनेवाले प्रदेशाग्रविषयक अल्पबहुत्व की प्ररूपणा करते हुए उस प्रसंग में वीरसेनाचार्य ने केवलज्ञानावरण के प्रक्रमद्रव्य से आहारशरीर नामकर्म के प्रक्रमद्रव्य को अनन्तगुणा कहा है।[1] इसका स्पष्टीकरण पंजिकाकार ने इस प्रकार किया है—

"आहारसरीरपक्कमदव्वमणंतगुणं।

कुदो? सत्तविहबंधगुक्कस्सदव्वस्स छव्वीसदिमभागस्स चउब्भागत्तादो। तं पि कुदो? अप्पमत्तापुव्वकरणसंजदाणं तीसबंधएण बद्धुक्कस्सणामकम्मसमयपबद्धं विभंजमाणे तहोवलंभादो। कथं विभंजिज्जदि? उच्चदे—सव्वुक्कस्ससमयपबद्धमावलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडेदूणेगखंडरहिदबहुखंडाणि बज्झमाणतीसपयडीसु चत्तारि सरीराणि एगभागं दोण्णि अंगोवंगाणि एगभागं लहंति त्ति छप्पयडीओ अवणिय सेसचउवीसपयडीसु दोपयडिसंखे पक्खित्ते छव्वीसाओ होंति। तेहि खंडिय छव्वीसट्ठाणेसु ठविय सेसेयखंडं पुव्वविहाणेण (?) पक्खियव्वं जाव चरिमखंडादो पड[ढ]मखंडे त्ति। तत्थ पढमखंडो गदिभागो होदि, विदियखंडं जादिभागो विसेसाहिओ होदि, एवं विसेसाहियकमेण णेदव्वं जाव णिमिणो त्ति। पुणो एत्थ विसेसाहियं होदि त्ति कथं णव्वदे? तिरिक्खगदीदो उवरि अजसकित्ती विसेसाहिया त्ति उत्तप्पाबहुगादो (?)। पुणो तत्थ सरीरभागे घेत्तूण आवलि० असं० भागेण खंडेदूणेगखंडरहिदबहुखंडाणि चत्तारि खंडाणि कादूण सेसकिरियं पुव्वं कदे तत्थ सव्वत्थोवं वेगुव्विय०। आहारसरीर० विसे०। तेउ० विसे०। कम्म० विसे०। पुणो एत्थतण आहारसरीरं उक्कस्सं होदि। एवमुवरि वि विभंजविहाणं जाणिय वत्तव्वं।"—पंजिका, पृ० ७

इसका अभिप्राय यह दिखता है कि आहारकशरीर का प्रक्रमद्रव्य केवलज्ञानावरण के प्रक्रमद्रव्य की अपेक्षा अनन्तगुणा है, क्योंकि वह सात प्रकृतियों के बन्धक जीव के छब्बीसवें भाग का चौथा भाग है। हेतु यह दिया गया है कि अप्रमत्त और अपूर्वकरण संयतों के (?) तीस प्रकृतियों (अपूर्वकरण के छठे भाग से सम्बद्ध) के बन्धक के द्वारा बाँधे गये उत्कृष्ट नामकर्म के समयप्रबद्ध का विभाग करने पर वैसा ही पाया जाता है। कैसे विभाग किया जाता है, इसे स्पष्ट करते हुए आगे कहा गया है कि सर्वोत्कृष्ट समयप्रबद्ध को आवली के असंख्यातवें भाग से भाजित करके जो लब्ध हो, उसमें एक भाग से रहित बहुभाग को बँधनेवाली तीस प्रकृतियों में चार शरीर (आहारक को छोड़कर) एक भाग को और दो अंगोपांग (आहारकअंगोपांग को छोड़कर) एक भाग को प्राप्त करते हैं। इसलिए छह (चार शरीर व दो अंगोपांग) प्रकृतियों को कम करके शेष चौबीस प्रकृतियों में दो प्रकृतियों की संख्या के मिलाने पर छब्बीस होती हैं। उनसे (?) भाजित करके छब्बीस स्थानों में रखकर शेष एक खण्ड को पूर्वोक्त विधान से अन्तिम खण्ड से लेकर प्रथम खण्ड तक प्रक्षिप्त करना चाहिए। उसमें प्रथम खण्ड गति का भाग होता है; द्वितीय खण्ड जाति का भाग विशेष अधिक होता है, इस प्रकार विशेष अधिक के क्रम से निर्माण तक ले जाना चाहिए। फिर यहाँ विशेष अधिक है, यह कैसे जाना जाता है; इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि वह 'तिर्यंचगति के आगे अयशकीर्ति विशेष अधिक है' इस उक्त अल्पबहुत्व से जाना जाता है (?)। फिर उसमें शरीरभाग को लेकर आवलि के असंख्यातवें भाग

१. धवला, पु० १५, पृ० ३६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

से भाजित कर एक खण्ड से रहित बहुत खण्डों के चार भाग करके शेष क्रिया को पूर्व के समान करने पर उसमें सबसे स्तोक वैक्रियिकशरीर का, आहारकशरीर का विशेष अधिक, तैजसशरीर का विशेष अधिक और कार्मणशरीर का प्रक्रमद्रव्य विशेष अधिक होता है। फिर यहाँ का आहारकशरीर उत्कृष्ट होता है। इस प्रकार आगे भी जानकर विभाजन के विभाग को करना चाहिए।

इस सब विवरण का प्रकृत के विवरण से क्या सम्बन्ध है व उसकी क्या वासना रही है, यह एक विचारणीय तत्त्व है। प्रकृत में तो केवलज्ञानावरण के प्रक्रमद्रव्य से आहारकशरीर का प्रक्रमद्रव्य अनन्तगुणा है, इसे स्पष्ट करना था, जो उक्त विवरण से तो स्पष्ट नहीं हुआ है। यही नहीं, उक्त विवरण प्रकृत से असम्बद्ध भी दिखता है।

(२) दूसरा एक उदाहरण लीजिए —आचार्य वीरसेन के द्वारा सातावेदनीय की उदीरणा का काल उत्कर्ष से छह मास कहा गया है (पु० १५, पृ० ६२)।

इसे स्पष्ट करते हुए पंजिकाकार कहते हैं कि इन्द्रिय-सुख की अपेक्षा संसारी जीवों में सुखी देव ही हैं। उनमें भी शतार-सहस्रार स्वर्ग के देव ही अतिशय सुखी हैं, क्योंकि उससे ऊपर के कल्पों में स्थित देव शुक्ललेश्या वाले हैं, इसलिए वीतरागसुख में अनुरक्त रहने से उनके साता के उदय से उत्पन्न हुए दिव्य सुख का अभाव है। और नीचे के देवों के वैसा पुण्य सम्भव नहीं है। इसलिए शतार-सहस्रार कल्प के इन्द्र ही सुखी हैं। इस प्रकार उनके माहात्म्य को प्रकट करते हुए इसी प्रसंग में आगे पंजिका में कहा गया है कि सचित्त और अचित्त के भेद से द्रव्य दो प्रकार का है। इनमें सचित्त सम्पादित द्रव्य कैसे अवस्थित है, इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया कि प्रतीन्द्र, सामानिक, तेतीस (३३) संख्या वाले त्रायस्त्रिंश, लोकपाल, पारिषद, अंगरक्ष, सात (७) अनीक, किल्विष, पदाति, आठ (८) महादेवियाँ और शेष सब देवियों व देवों का समूह। तीर्थंकर प्रकृतिसत्त्व से संयुक्त होने के कारण अपने कल्प से, इनके अतिरिक्त नीचे-ऊपर के देव पूजा के निमित्त आगत। अचेतनों का एक और विक्रिया आदि पर्यायों का एक, इस प्रकार सब साठ होते हैं। आगे इनके द्वारा सन्दोषदान आदि प्रकट करते हुए कहा गया है कि इन ६० को पाँच प्रकार के क्षयोपशम से गुणित करने पर ३०० होते हैं। इनको छह इन्द्रियों से गुणित करने पर १८०० होते हैं। इन्हें मन-वचन-काय तीन से गुणित करने पर वे ५४०० होते हैं। इनमें ९०० का भाग देने पर छह मास प्राप्त होते हैं, इस प्रकार नियम किया गया है।

आगे इससे ऊपर के देवों के संधाण नहीं पाया जाता है, यह कहाँ से जाना जाता है, इस शंका के उत्तर में कहा गया है कि वह **इसी आर्ष वचन** (?) से जाना जाता है।

आगे पंजिकाकार और भी अपना मन्तव्य प्रकट करते हैं कि यह जो छह मास के साधन के लिए प्ररूपणा की गयी है, यह उदाहरण मात्र है। इसलिए इसी प्रकार ही है, ऐसा आग्रह नहीं करना चाहिए।

इसी प्रसंग में आगे प्रकारान्तर से भी साठ (६०) संख्या को अन्तर्मुहूर्त के रूप में स्पष्ट किया गया है (पृ० २४-२५)।

यहाँ यह विचारणीय है कि धवलाकार आ० वीरसेन के उपर्युक्त कथन का क्या ऐसा अभिप्राय रह सकता है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

वीरसेनाचार्य के पद-वाक्यों का उपयोग

आ० वीरसेन ने मतभेदों के प्रसंग में कुछ विशेष पद-वाक्यों का उपयोग करते हुए धवला में अपने अभिप्राय को प्रकट किया है। पंजिकाकार ने प्रसंग की गम्भीरता को न समझते हुए भी उनके व्याख्यान की पद्धति को अपनाकर जहाँ-तहाँ वैसे पद-वाक्यों का उपयोग किया है जो यथार्थता से दूर रहा है। जैसे—

(१) "केइं एवं भणंति—आवलियाए असंखेज्जदिभागे (?) ण होदि, किंतु पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागं खंडणभागहारमिति भणंति। तदो उवदेसं लद्धूण दोण्हमेक्कदरणिण्णओ कायव्वो।"—पंजिका, पृ० ४

आ० वीरसेन कृतिसंचित और नोकृतिसंचित आदि के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा करते हुए उस प्रसंग में कहते हैं—

"एदमप्पाबहुगं सोलसवदियअप्पाबहुएण सह विरुज्झदे, सिद्धकालादो सिद्धाणं संखेज्जगुणत्तं फिट्टिदूण विसेसाहियत्तप्पसंगादो। तेणेत्थ उवएसं लद्धिय एगदर णिण्णओ कायव्वो।"

—धवला, पु० ६, पृ० ३१८

(२) प्रकृम अनुयोगद्वार में उत्तरप्रकृतिप्रक्रम के प्रसंग में जो वीरसेनाचार्य के द्वारा अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गयी है उसमें ६४ प्रकृतियों का ही उल्लेख हुआ है।[1]

पंजिकाकार ने उनमें से पृथक्-पृथक् कुछ प्रकृतियों के संग में 'एत्थ सूचिदपयडीणं अप्पाबहुगमुच्चदे' इत्यादि सूचना करते हुए शेष रही कुछ अन्य प्रकृतियों के अल्पबहुत्व को प्रकट किया है।[2]

अन्त में उन्होंने यह कहा है—"····चउसट्ठिपयडीणं अप्पाबहुगं गंथयारेहि परूविदं। अम्हेहि पुणो सूचिदपयडीणमप्पाबहुगं गंथउत्तप्पाबहुगबलेण परूविदं। कुदो? वीसुत्तरसयबंधयडीओ इदि विवक्खादो[3]।"

यह वीरसेनाचार्य के निम्न वाक्यों का अनुसरण किया गया दिखता है—

"संपहि एदेण अप्पाबहुगसुत्तेण सूचिदाणं सत्थाणपरत्थाणअप्पाबहुआणं परूवणं कस्सामो।"

—धवला पु० ११, पृ० २७६-८०

"संपहि सुत्तंतोणिलीणस्स एदस्स अप्पाबहुगस्स विसमपदाणं भंजणप्पिया पंजिया उच्चदे।"

—धवला पु० ११, पृ० ३०३

पंजिकाकार ने ग्रन्थोक्त अल्पबहुत्व के बल पर किस आधार से सूचित उन-उन प्रकृतियों के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की है, यह विचारणीय है। तद्विषयक जो परम्परागत उपदेश वीरसेनाचार्य को प्राप्त रहा है उसमें यदि वे प्रकृतियाँ सम्मिलित रही होतीं तो उनका उल्लेख वे स्वयं कर सकते थे या वैसी सूचना सकते थे। यही उनकी पद्धति रही है।

बन्धप्रकृतियाँ चूंकि १२० हैं, जिनमें ६४ प्रकृतियों के ही अल्पबहुत्व की प्ररूपणा 'प्रक्रम'

---

१. धवला, पु० १५, पृ० ३६-३७

२. देखिए पंजिका पृ० ७-८ में तैजस शरीर, नरक गति, मनुष्य गति व तिर्यंच गति का प्रसंग।

३. पंजिका, पृ० ६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अनुयोगद्वार में की गयी है, इसीलिए सम्भवतः पंजिकाकार को शेष ५६ प्रकृतियों को उसमें सम्मिलित करना आवश्यक दिखा है। इसी कारण उन्होंने अपनी कल्पना के आधार पर उनके भी अल्पबहुत्व को दिखला दिया है, ऐसा प्रतीत होता है।

(३) आ० वीरसेन ने इसी प्रकृम अनुयोगद्वार में उत्कृष्ट आदि वर्गणाओं में प्रकृमित द्रव्य के व अनुभाग के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा करते हुए यह कहा है कि **यह निक्षेपाचार्य का उपदेश है** (पु० १५, पृ० ४०)।

पंजिकाकार **निक्षेपाचार्य** का उल्लेख इस प्रकार करते हैं—

स्थिति और अनुभाग में प्रकृमित द्रव्यविषयक अल्पबहुत्व ग्रन्थसिद्ध सुगम है, इसलिए उसकी प्ररूपणा न करके स्थितिनिषेक आदि में प्रकृमित अनुभाग की प्ररूपणा **निक्षेपाचार्य** ने इस प्रकार की है, यह कहते हुए उन्होंने उस अल्पबहुत्व का कुछ उल्लेख किया है व आगे **'एदस्स कारणं किंचि वत्तइस्सामो'** ऐसी सूचना करते हुए उनके द्वारा जो स्पष्टीकरण किया गया है वह प्रसंग से असम्बद्ध ही दिखता है और उस के स्पष्टीकरण में सहायक नहीं है।

इसी प्रसंग में आगे संज्वलन-लोभ आदि के अनुभागोदय सम्बन्धी अल्पबहुत्व को दिखलाते हुए वे कहते हैं कि उनसे जघन्य अतिस्थापना मात्र नीचे उतरकर स्थित अनुभाग का उदय अपनी-अपनी प्रथम कषाय का उदय होता है, क्योंकि **'उदय के अनुसार उदीरणा होती है' ऐसा गुरु का उपदेश है।**[1]

यहाँ हेतु के रूप में गुरु के उपदेशानुसार उदीरणा को उदयानुसारी बतलाने का क्या प्रसंग रहा है तथा उसकी वह उदयानुसारिता कहाँ कितनी है, यह विचारणीय है।

आगे और भी जो इस प्रसंग में स्पष्टीकरण किया गया है, जैसे—**'···आरिसावो', '··· त्ति णिक्खेवाइरिय वयणं सिद्धं व सेसाइरियाणमभिप्पाएण···', 'णवं पि, सुत्तविरुद्धत्तादो', 'सेसाइरियाणमभिप्पाएण'**; इत्यादि वह सब विचारणीय है।[2]

(४) पंजिकाकार के द्वारा किए गये ये अन्य उल्लेख भी ध्यान देने के योग्य हैं—

"एदस्स अत्थो तत्थ गंथे आइरियाणमभिप्पायंतरमिदिमुत्तकंठं भणिदो।"—पृ० १८

"एवं संते एदं **जीवट्ठाणस्स कालाहियारेण**···तं पि कधं णव्वदे? एदेण **कसायपाहुडसुत्तेण** (गा० १५-१७) संजदाणं जहण्णद्धा अंतोमुहुत्तमिदि परूवयेण। तंजहा···परूवयसुत्तादो, आइरियाणं संखेज्जावलियमंतोमुहुत्तमिदि···इदि **आइरिये हि परुविदत्तादो**···सच्चं विरोहो चेव, **किंतु अभिप्पायंतरेण परूविज्जमाणे विरोहो णत्थि।**[3]—पृ० १८-१९

"····ण, **सिया ठिया सिया अट्ठिया सिया ट्ठियाट्ठिया त्ति आरिसादो**" (ष०ख० का 'वेदना-गतिविधान' द्रष्टव्य है—पु० १२, पृ० ३६४-६९।) पंजिका पृ० २१

"सादस्स उदीरणंतरं गदिं पडुच्च भण्णमाणे दुविहमुवदेसं होदि। **तत्थेक्कुवदेसेण**····· **अण्णेक्कुवदेसेण**···एदेसिं दोण्हमुवदेसेसु कधमवसिट्ठमिदि चे णेवं घेत्तव्वं, **सुदकेवली**

---

१. पंजिका, पृ० १४-१५

२. वही, पृ० १५-१७

३. ···त्ति वुत्ते सच्चं विरुज्झइ, किंतु एयंतग्गहो एत्थ ण कायव्वो इदमेव तं चेव सच्चमिदि, सुदकेवलीहि पच्चक्खणाणीहि वा विणा अवहारिज्जमाणे मिच्छत्तप्पसंगादो।

—धवला पु० ८, पृ० ५६-५७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

जाणिज्जदि।[1] किंतु पढमारंभपरूवणाए विदियारंभपरूवणं अत्थविवरणमिदि मम मइणा पडिभासदि[2]।"—पंजिका पृ० २४

"कुदो णव्वदे ? एदम्हादो (?) चेव आरिसवयणादो। एदं परूवणमुदाहरणमेत्तं छम्मासंसाहणट्ठं परूविदं। तदो एवं चेव होदि त्ति णाग्गहो कायव्वो।·····एवमण्णेहि वि पयारेहि जाणिय वत्तव्वं[3]।"—पृ० २५

"एदमंगाभिप्पायं अण्णेकाभिप्पायेण णिरय-तिरिक्ख-मणुस्सगदीए···।"—पृ० २६

"ण केवलमेदं वयणमेत्तं चेव, किंतु सुहुमदिट्ठीए जोइज्जमाणे···जहा देवाणं तित्थयरकुमाराणं च सुरभिगंधो णेरइएसु दुरभिगंधो आगमभेदेण दिस्सदि"।—पृ० २८

"एदं पि सुगमं, आइरियाणमुवदेसत्तादो। जुत्तीए वा ण केवलं उवदेसेण विसेसाहियत्तं, किंतु जुत्तीए विसेसाहियत्तं असंखेज्जभागाहियत्तं णव्वदे जाणाविज्जदे।—पृ० ७४-७५

उपसंहार

पंजिकाकार ने वीरसेनाचार्य द्वारा विरचित निबन्धनादि १८ अनुयोगद्वारों को सत्कर्म कहा है व प्रारम्भ में उसके विवरण करने की प्रतिज्ञा की है। पर उन्होंने पंजिका में कहीं वीरसेन के नाम का उल्लेख नहीं किया है, ग्रन्थकार के रूप में ही जहाँ-तहाँ उनका निर्देश देखा जाता है। उधर धवलाकार आचार्य वीरसेन ने प्रारम्भ में तथा आगे भी कहीं-कहीं आचार्य धरसेन, पुष्पदन्त और भूतबलि का बहुत आदर के साथ स्मरण किया है।

यह पंजिका निबन्धन, प्रक्रम, उपक्रम और उदय इन प्रारम्भ के चार अनुयोगद्वारों पर रची गयी है। ग्रन्थगत विषम स्थलों को जो पदच्छेदपूर्वक स्पष्ट किया जाता है उसका नाम पंजिका है।[4] तदनुसार इस पंजिका के द्वारा इन अनुयोगद्वारों में निहित दुर्बोध प्रसंगों को स्पष्ट किया जाना चाहिए था; पर जैसा कि उसके अनुशीलन से हम समझ सके हैं, उसके द्वारा प्रसंगप्राप्त विषय का स्पष्टीकरण हुआ नहीं है। पंजिका में प्रसंगप्राप्त अनेक प्रकरणों को 'सुगम' कहकर छोड़ दिया गया है, जबकि यथार्थ में वे सुगम नहीं प्रतीत होते। इसके अतिरिक्त प्रसंगप्राप्त विषय के स्पष्टीकरण में जिनका विवक्षित विषय के साथ सम्बन्ध नहीं रहा है, उनका विवेचन वहाँ अधिक किया गया है, यह ऊपर दिये गये उदाहरण से स्पष्ट है।

---

१. दोण्हं वयणाणं मज्झे कं वयणं सच्चमिदि चे सुदकेवली केवली वा जाणदि, ण अण्णो, तहा णिण्णयाभावादो।—धवला पु० १, पृ० २२२
सो एवं भणदि जो चोद्दसपुव्वधरो केवलणाणी वा।—धवला पु० ७, पृ० ५४०

२. अम्हाणं पुण एसो अहिप्पाओ जहा पढमपरूविदअत्थो चेव भद्दओ ण बिदियो त्ति।
—धवला पु० १३, पृ० ३८२

३. ···तदो इदमित्थं चेवेत्ति णेहासग्गाहो कायव्वो। धवला पु० ३, पृ० ३८ (पिछले पृष्ठ का टिप्पण १ भी द्रष्टव्य है।
एसो उप्पत्तिकमो अउप्पण्णउप्पायणट्ठं उत्तो। परमत्थदो पुण जेण केण वि पयारेण छावट्ठी पूरेदव्वा।—धवला पु० ५, पृ० ७

४. ···विसमपदाणं भंजणट्ठियो पंजिया उच्चदे।
—धवला पु० ११, पृ० ३०३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

पंजिकाकार द्वारा विषय के स्पष्टीकरण में वीरसेनाचार्य की व्याख्यापद्धति को तो अपनाया गया है, पर निर्वाह उसका नहीं किया जा सका है।

पंजिका में विषय के स्पष्टीकरण का लक्ष्य प्रायः अल्पबहुत्व से सम्बन्धित प्रसंग रहे हैं। उनके स्पष्टीकरण में अंकसंदृष्टियाँ बहुत दी गयी हैं, पर वे सुबोध नहीं हैं। उनके विषय में कुछ संकेत भी नहीं किया गया है। इन संदृष्टियों की पद्धति को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि प्रस्तुत पंजिका की रचना गोम्मटसार की 'जीवतत्त्व-प्रदीपिका' टीका के पश्चात् हुई है। उसके रचयिता सम्भवतः दक्षिण के कोई विद्वान् रहे हैं।

पंजिकाकार की भाषा भी सुबोध व व्यवस्थित नहीं दिखती।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

ग्रन्थोल्लेख

यह पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है कि आचार्य वीरसेन सिद्धान्त, न्याय, व्याकरण, गणित, मंत्र-तंत्र, क्रियाकाण्ड और ज्योतिष आदि अनेक विषयों में पारंगत होकर एक प्रामाणिक टीकाकार रहे हैं। यह इससे स्पष्ट है कि उन्होंने अपनी इस महत्त्वपूर्ण धवला टीका में उपर्युक्त विषयों से सम्बद्ध ग्रन्थों के अवतरणों को यथाप्रसंग प्रमाण के रूप में उद्धृत किया है। इनमें कुछ ग्रन्थगत अवतरणों को तो उन्होंने ग्रन्थ के नामनिर्देशपूर्वक उद्धृत किया है। यहाँ हम प्रथमतः उन ग्रन्थों का उल्लेख करेंगे जिनका उपयोग उन्होंने नामनिर्देश के साथ किया है। वे इस प्रकार हैं—

१ आचारांग, २ उच्चारणा, ३ कम्मपवाद, ४ करणाणिओगसुत्त, ५ कसायपाहुड, ६ चुण्णिसुत्त, ७ छेदसुत्त, ८ जीवसमास, ९ जोणिपाहुड, १० णिरयाउबंधसुत्त, ११ तच्चट्ठ, तच्चत्थसुत्त, तत्त्वार्थसूत्र; १२ तत्त्वार्थभाष्य, १३ तिलोयपण्णत्तिसुत्त, १४ परियम्म, १५ पंचत्थिपाहुड, १६ पाहुडसुत्त, १७ पाहुडचुण्णिसुत्त, १८ पिंडिया, १९ पेज्जदोस, २० महाकम्मपयडिपाहुड, २१ मूलतंत, २२ वियाहपण्णत्तिसुत्त, २३ सम्मइसुत्त, २४ संतकम्मपयडिपाहुड, २५ संतकम्मपाहुड, २६ सारसंगह और २७ सिद्धिविनिश्चय। इनमें से यहाँ कुछ का परिचय प्रसंग के अनुसार कराया जा रहा है—

१. आचारांग—यहाँ आचारांग से अभिप्राय वट्टकेराचार्य-विरचित 'मूलाचार' का रहा है। वह मा० दि० जैन ग्रन्थमाला से आचारवृत्ति के साथ दो भागों में प्रकाशित हो चुका है।

धवलाकार ने आज्ञाविचय धर्मध्यान से सम्बद्ध उसकी एक गाथा (५-२०२) को 'तह आयारंगे वि वुत्तं' इस निर्देश के साथ कालानुगम के प्रसंग में उद्धृत किया है।[1]

२. उच्चारणा—यह कोई स्वतंत्र ग्रन्थ रहा है, यह तो प्रतीत नहीं होता। पं० हीरालालजी सिद्धान्तशास्त्री के द्वारा लिखी गयी 'कसायपाहुडसुत्त' की प्रस्तावना[2] से ज्ञात होता है कि जयधवला में उच्चारणा, मूल उच्चारणा, लिखित उच्चारणा, वप्पदेवाचार्य-विरचित उच्चारणा और स्वलिखित उच्चारणा का उल्लेख किया गया है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि श्रुतकेवलियों के पश्चात् जो श्रुत की परम्परा चलती रही है उसमें कुछ ऐसे विशिष्ट आचार्य होते रहे हैं जो परम्परागत सूत्रों के शुद्ध उच्चारण के साथ शिष्यों को उनके अर्थ का व्याख्यान किया करते थे। ऐसे आचार्यों को उच्चारणाचार्य व व्याख्यानाचार्य कहा जाता है। ऐसे

---

१. धवला पु० ४, पृ० ३१६ और मूलाचार गाथा ५-२०२

२. क० पा० सुत्त, प्रस्तावना, पृ० २६-२७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उच्चारणाचार्यों में एक 'वप्पदेव'[1] नामक आचार्य भी हुए हैं, जिन्होंने कसायपाहुड के चूर्णिसूत्रों पर बारह हजार श्लोक-प्रमाण उच्चारणावृत्ति लिखी है। इस उच्चारणावृत्ति का एक उल्लेख जयधवला में इस प्रकार किया गया है—

"चुण्णिसुत्तम्मि वप्पदेवाइरियलिहिदुच्चारणाए च अंतोमुहुत्तमिदि भणिदो। अम्हेहि लिहिदुच्चारणाए पुण जहण्णेण एगसमओ उक्कस्सेण संखेज्जा समया इदि परूविदो।"

धवला में वेदनाद्रव्यविधान के प्रसंग में तीव्र संक्लेश को विलोमप्रदेशविन्यास का कारण और मन्दसंक्लेश को अनुलोमप्रदेशविन्यास का कारण बतलाते हुए उस उच्चारणाचार्य का अभिप्राय निर्दिष्ट किया गया है।

इसी प्रसंग में आगे वहाँ भूतबलिपाद के अभिप्राय को प्रकट करते हुए कहा गया है कि उनके अभिमतानुसार विलोमविन्यास का कारण गुणितकर्मांशिकत्व और अनुलोमविन्यास का कारण क्षपितकर्मांशिकत्व है, न कि संक्लेश और विशुद्धि।[2]

यहीं पर आगे एक शंका के रूप में कहा गया है कि उच्चारणा के समान भुजाकार काल के भीतर ही गुणितत्व को क्यों नहीं कहा जाता है। इसके समाधान में कहा गया है कि ऐसा सम्भव नहीं है, क्योंकि अल्पतर काल की अपेक्षा गुणितभुजाकार काल बहुत है, इस उपदेश का आलम्बन लेकर यह सूत्र प्रवृत्त हुआ है (पु० १० पृ० ४५)।

३. **कर्मप्रवाद**—उपक्रम अनुयोगद्वार के अन्तर्गत उपशामना के प्रसंग में उसके भेद-प्रभेदों का निर्देश करते हुए धवलाकार ने यह सूचना की है कि अकरणोपशामना की प्ररूपणा कर्मप्रवाद में विस्तार से की गयी है (पु० १५, पृ० २७५)।

इसी प्रकार की सूचना कषायप्राभृतचूर्णि में भी की गयी है।[3] उसे स्पष्ट करते हुए जयधवला में तो आठवें पूर्वस्वरूप कर्मप्रवाद में देख लेने की भी प्रेरणा की गयी है।[4]

जैसा कि धवला और जयधवला में प्ररूपित 'श्रुतावतार' से स्पष्ट है, आचार्य धरसेन और गुणधर के पूर्व ही अंगश्रुत लुप्त हो चुका था, उसका एक देश ही आचार्य-परम्परा से आता हुआ धरसेन और गुणधर को प्राप्त हुआ था। ऐसी परिस्थिति में यह विचारणीय है कि जयधवलाकार के समक्ष क्या कर्मप्रवाद का कोई संक्षिप्त रूप रहा है, जिसमें उन्होंने उस अकरणोपशामना के देख लेने की प्रेरणा की है। दूसरा एक यह भी प्रश्न उठता है कि यदि उनके सामने वह कर्मप्रवाद रहा है तो उन्होंने उसके आश्रय से स्वयं ही उस उपशामना की प्ररूपणा क्यों नहीं की। धवलाकार ने तो देशामर्शक सूत्रों के आधार पर धवला में अनेक गम्भीर विषयों की प्ररूपणा विस्तार से की है।

---

१. ष०ख० के प्रथम पाँच खण्डों व कषायप्राभृत पर वप्पदेवगुरु द्वारा लिखी गयी प्राकृत भाषा रूप साठ हजार ग्रन्थप्रमाण पुरातन व्याख्या का तथा महाबन्ध के ऊपर लिखी आठ हजार ग्रन्थप्रमाण व्याख्या का उल्लेख इन्द्रनन्दिश्रुतावतार (१७१-७६) में किया गया है।

२. धवला, पु० १०, पृ० ४४

३. जा सा अकरणोवसामणा तिस्से दुवे णामधेयाणि अकरणोवसामणा त्ति वि अणुदिण्णोवसामणा त्ति वि। एसा कम्मपवादे।—क० पा० सुत्त, पृ० ७०७ (चूर्णि ३००-१)

४. कम्मपवादो णाम अट्ठमो पुव्वाहियारो·····तत्थ एसा अकरणोवसामणा दट्ठव्वा, तत्थेदिस्से पबंधेण परूवणोवलंभादो।—जयध० (क०पा० सुत्त, पृ० ७०७ का टिप्पण १)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

शिवशर्म-विरचित कर्मप्रकृति में एक उपशामनाविषयक स्वतन्त्र अधिकार है। उसमें भी उपशामना के उपर्युक्त भेदों का निर्देश किया गया है। जैसी कि टीकाकार मलयगिरि सूरि ने सूचना की है, अकरणोपशामना का अनुयोग विच्छिन्न हो चुका था। इसी से शिवशर्मसूरि ने उस अनुयोग के पारगामियों को मंगल के रूप में नमस्कार किया है व तद्विषयक ज्ञान के न रहने से स्वयं उसकी कुछ प्ररूपणा नहीं की है—यह पूर्व में कहा ही जा चुका है।

४. **करणाणिओगसुत्त**—यह कोई स्वतन्त्र ग्रन्थ रहा है या लोकानुयोग के किसी प्रसंग से सम्बद्ध है, यह अन्वेषणीय है।

प्रकृत में इसका उल्लेख धवलाकार ने क्षेत्रानुगम के प्रसंग में मिथ्यादृष्टियों के क्षेत्रप्रमाण की प्ररूपणा करते हुए किया है। वहाँ सूत्र में मिथ्यादृष्टियों का क्षेत्र सर्वलोक निर्दिष्ट किया गया है। उसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने सूत्र में निर्दिष्ट लोक को सात राजुओं के घन (७×७×७=३४३) स्वरूप ग्रहण किया है। पूर्व मान्यता के अनुसार, लोक नीचे सात राजु, मध्य में एक राजु, ब्रह्मकल्प के पार्श्व भागों में पाँच राजु और ऊपर एक राजु विस्तृत सर्वत्र गोलाकार रहा है। इस मान्यता के अनुसार सूत्र (२,३,४) में जो लोकपूरण समुद्घातगत केवली का क्षेत्र सर्वलोक कहा गया है वह घटित नहीं होता। इसलिए धवलाकार ने लोक को गोलाकार न मानकर आयत चतुरस्र के रूप में उत्तर-दक्षिण में सर्वत्र सात राजु बाहल्यवाला माना है। इस मान्यता के अनुसार वह गणितप्रक्रिया के आधार पर ३४३ घनराजु प्रमाण बन जाता है।

इस प्रसंग में शंकाकार ने आ० वीरसेन के द्वारा प्रतिष्ठापित उक्त लोकप्रमाण के विरुद्ध जो तीन सूत्रों की अप्रमाणता का प्रसंग उपस्थित किया था, उसका निराकरण करते हुए धवलाकार ने अपनी उक्त मान्यता में उन गाथासूत्रों के साथ संगति बैठायी है। आगे उन्होंने इस प्रसंग में यह भी स्पष्ट कर दिया है कि हमने जो लोक का बाहल्य उत्तर-दक्षिण में सर्वत्र सात राजु माना है, वह **करणाणिओगसुत्त** के विरुद्ध भी नहीं है, क्योंकि वहाँ उसके विधि और प्रतिषेध का अभाव है।[1]

५. **कसायपाहुड**—गुणधराचार्य-विरचित कसायपाहुडसुत्त आचार्य यतिवृषभ-विरचित चूर्णिसूत्रों के साथ 'श्री वीरशासनसंघ, कलकत्ता' से प्रकाशित हो चुका है।

प्रकृत में धवलाकार ने यद्यपि कुछ प्रसंगों पर उसके कुछ मूल गाथासूत्रों को भी धवला में उद्धृत किया है, फिर भी अधिकतर उन्होंने उसके ऊपर यतिवृषभाचार्य-विरचित चूर्णि का उल्लेख कहीं पर **कसायपाहुड** के नाम से, कहीं पर **चुण्णिसुत्त** के नाम से, कहीं **पाहुडसुत्त** के नाम से और कहीं **पाहुडचुण्णिसुत्त** के नाम से भी किया है। जैसे—

(१) सत्प्ररूपणा में मनुष्यों में चौदह गुणस्थानों के सद्भाव के प्ररूपक सूत्र (१,१,२७) की व्याख्या करते हुए धवला में उपशामनाविधि और क्षपणाविधि की प्ररूपणा की गयी है। उस प्रसंग में अनिवृत्तिकरण गुणस्थान में तीन स्त्यानगृद्धि आदि सोलह प्रकृतियों और अप्रत्याख्यानावरण व प्रत्याख्यानावरण इन आठ कषायों का क्षय आगे-पीछे कब होता है, इस विषय में धवलाकार ने दो भिन्न उपदेशों का उल्लेख किया है। उनमें **सत्कर्मप्राभृत** के उपदेशानुसार

---

१. इस सबके लिए देखिए धवला, पु० ४, पृ० १०-२२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अनिवृत्तिकरणकाल का संख्यातवाँ भाग शेष रह जाने पर स्त्यानगृद्धि आदि तीन, नरकगति, तिर्यंचगति, एकेन्द्रिय आदि चार जातियाँ, नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण इन सोलह प्रकृतियों का क्षय किया जाता है। तत्पश्चात् अन्तर्मुहूर्त जाकर प्रत्याख्यानावरण चार और अप्रत्याख्यानावरण चार इन आठ कषायों का क्षय किया जाता है। दूसरे कषायप्राभृत के उपदेशानुसार उक्त आठ कषायों का क्षय हो जाने पर, तत्पश्चात् अन्तर्मुहूर्त जाकर स्त्यानगृद्धि आदि उन सोलह कर्मप्रकृतियों का क्षय किया जाता है (पु० १, पृ० २१७)।

कसायपाहुड के नाम पर धवला में जो उपर्युक्त अभिप्राय प्रकट किया गया है, वह उसी प्रकार से कसायपाहुड पर निर्मित चूर्णि में उपलब्ध होता है।[1]

(२) क्षुद्रक-बन्ध में अन्तरानुगम के प्रसंग में सूत्रकार द्वारा सासादनसम्यग्दृष्टियों का जघन्य अन्तर पल्योपम का असंख्यातवाँ भाग निर्दिष्ट किया गया है। उसके स्पष्टीकरण के प्रसंग में धवला में यह शंका उठायी गई है कि उपशमश्रेणि से पतित होता हुआ सासादन गुण-स्थान को प्राप्त होकर अन्तर्मुहूर्त में यदि पुनः उपशम श्रेणि पर आरूढ़ होता है और उससे पतित होकर फिर से यदि सासादन गुणस्थान को प्राप्त होता है तो इस प्रकार से उस सासादन सम्यक्त्व का अन्तर जघन्य से अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है। उसकी प्ररूपणा यहाँ सूत्रकार ने क्यों नहीं की। उपशम श्रेणि से उतरते हुए उपशमसम्यग्दृष्टि सासादन गुणस्थान को न प्राप्त होते हों, ऐसा तो कुछ नियम है नहीं, क्योंकि 'आसाणं पि गच्छेज्ज' अर्थात् वह सासादनगुणस्थान को भी प्राप्त हो सकता है, ऐसा चूर्णिसूत्र देखा जाता है।[2]

इसके पूर्व जीवस्थान-चूलिका में उपशमश्रेणि से प्रतिपतन के विधान के प्रसंग में भी यह विचार किया गया है। वहाँ धवला में यह स्पष्ट किया गया है कि उपशमकाल के भीतर जीव असंयम को भी प्राप्त हो सकता है, संयमासंयम को भी हो सकता है तथा छह आवलियों के शेष रह जाने पर सासादन को भी प्राप्त हो सकता है। पर सासादन को प्राप्त होकर यदि वह मरण को प्राप्त होता है तो नरक, तिर्यंच और मनुष्य इन तीन गतियों में से किसी में भी नहीं जाता है—किन्तु तब वह नियम से देवगति को प्राप्त होता है। यह प्राभृतचूर्णि सूत्र का अभिप्राय है। भूतबलि भगवान् के उपदेशानुसार उपशम श्रेणि से उतरता हुआ सासादन गुणस्थान को नहीं प्राप्त होता है। कारण यह कि तीन आयुओं में से किसी एक के बँध जाने पर वह कषायों को नहीं उपशमा सकता है। इसीलिए वह नरक, तिर्यंच और मनुष्य गति को नहीं प्राप्त होता है।[3]

(३) बन्धस्वामित्वविचय में संज्वलन मान और माया के बन्धव्युच्छेद के प्रसंग में धवला में प्ररूपित उन बन्धव्युच्छित्ति के क्रम के विषय में यह शंका उठायी गई है कि इस प्रकार का यह व्याख्यान 'कषायप्राभृतसूत्र' के विरुद्ध जाता है। इसके समाधान में धवलाकार ने यह स्पष्ट

---

१. देखिए क०पा० सुत्त, पृ० ७५१ में चूर्णि १९५-९९

२. देखिए धवला पु० ७, पृ० २३३ तथा कषायप्राभृत चूर्णि का वह प्रसंग—छसु आवलियासु सेसासु आसाणं पि गच्छेज्ज। --क०पा० सुत्त, पृ० ७२६-२७; चूर्णिसूत्र ५४३

३. देखिए धवला पु० ६, पृ० ३३१ तथा क०पा० सुत्त पृ० ७२६-२७, चूर्णि ५४२-४६। दोनों ग्रन्थगत यह सन्दर्भ प्रायः शब्दशः समान है (क०प्रा० चूर्णि में मात्र 'संजमासंजमंपि गच्छेज्ज' के आगे 'दो वि गच्छेज्ज' इतना पाठ अधिक उपलब्ध होता है।)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

किया है कि यथार्थ में यह व्याख्यान उसके विरुद्ध है, किन्तु यहाँ 'यही सत्य है या वही सत्य है' ऐसा एकान्तग्रह नहीं करना चाहिए, क्योंकि श्रुतकेवलियों अथवा प्रत्यक्षज्ञानियों के बिना वैसा अवधारण करने पर मिथ्यात्व का प्रसंग प्राप्त होता है (पु० ८, पृ० ५६)।

(४) वेदनाद्रव्यविधान में स्वामित्व के प्रसंग में ज्ञानावरणीयवेदना द्रव्य की अपेक्षा उत्कृष्ट किस के होती है, इसका विस्तार से विचार करते हुए सूत्रकार ने कहा है कि गुणितकर्मांशिक स्वरूप से परिभ्रमण करता हुआ जो जीव अन्तिम भव में सातवीं पृथिवी के नारकियों में उत्पन्न हुआ है, वह उस अन्तिम समयवर्ती नारकी के होती है।

यहाँ सूत्र ३२ की धवला टीका में निर्दिष्ट भागहारप्रमाण के प्रसंग में यह शंका उठायी गयी है कि यह कैसे जाना जाता है। इसके समाधान में वहाँ यह कहा गया है कि वह **पाहुड-सुत्त** में जो उसकी प्ररूपणा की गयी है उससे जाना जाता है। आगे **कसायपाहुड** में जिस प्रकार से उसकी प्ररूपणा की गयी है उसे स्पष्ट करते हुए अन्त में वहाँ कहा गया है कि इस प्रकार 'कसायपाहुड' में कहा गया है।[1]

(५) इसी वेदनाद्रव्यविधान के प्रसंग में आगे धवला में कर्मस्थिति के आद्य समयप्रबद्ध सम्बन्धी संचय के भागहार प्रमाण को सिद्ध करते हुए सूचित किया गया है कि **पाहुड** में अग्रस्थितिप्राप्त द्रव्य की जो प्ररूपणा की गयी; उसके प्रसंग में यह कहा गया है कि एक समयप्रबद्ध सम्बन्धी कर्मस्थिति में निषिक्त द्रव्य का काल दो प्रकार से जाता है—सान्तरवेदककाल के रूप से और निरन्तरवेदककाल के रूप से; इत्यादि।[2]

(६) इसी प्रसंग में आगे धवला में कसायपाहुड की ओर संकेत करते हुए यह कहा गया है कि चारित्रमोहनीय की क्षपणा में जो आठवीं मूल गाथा है उसकी चार भाष्यगाथाएँ हैं। उनमें से तीसरी भाष्यगाथा में भी इसी अर्थ की प्ररूपणा की गयी है। यथा—असामान्यस्थितियाँ एक, दो व तीन इस प्रकार निरन्तर उत्कर्ष से पल्योपम के असंख्यातवें भाग तक जाती हैं।

—पु० १०, पृ० १४३

कसायपाहुड में चारित्रमोह की क्षपणा के प्रसंग में आयी हुई आठवीं मूलगाथा है। उसकी चार भाष्यगाथाओं का उल्लेख चूर्णिकार ने किया है। उनमें तीसरी भाष्यगाथा के अर्थ को स्पष्ट करते हुए चूर्णि में कहा गया है कि अब तीसरी भाष्यगाथा का अर्थ कहते हैं। असामान्य स्थितियाँ एक, दो व तीन इस प्रकार अनुक्रम से उत्कृष्ट रूप में पल्योपम के असंख्यातवें भाग हैं। इस प्रकार तीसरी गाथा का अर्थ समाप्त हुआ।[3]

(७) इसी वेदनाद्रव्यविधान में द्रव्य की अपेक्षा ज्ञानावरणीय की जघन्य वेदना किसके होती है, इसे स्पष्ट करते हुए (सूत्र ४८-७५) सूत्रकार ने कहा है कि वह क्षपितकर्मांशिकस्वरूप से आते हुए अन्तिम समयवर्ती छद्मस्थ के होती है।

इस प्रसंग में अन्तिम सूत्र (७५) की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने उपसंहार के रूप में प्ररूपणा और प्रमाण इन दो अनुयोगद्वारों का उल्लेख किया है। इनमें 'प्ररूपणा' के प्रसंग में

---

१. धवला पु० १०, पृ० ११३-१४ तथा क०पा० सुत्त, पृ० २३५-३६ चूर्णि १-१३ (यह सन्दर्भ दोनों ग्रन्थों में प्रायः शब्दशः समान है)।

२. धवला पु० १०, पृ० १४२ और क०पा०.....

३. क०पा० सुत्त पृ० ८३२, चूर्णि ६२२; पृ० ८३३, चू० ६४३ तथा पृ० ८४२, चूर्णि ६६२-६४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि कर्मस्थिति के प्रथम व द्वितीय आदि समयों में बाँधे गये कर्म का क्षीणकषाय के अन्तिम समय में एक भी परमाणु नहीं रहता है। यह क्रम पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्र निर्लेपनस्थानों के प्रथम विकल्प तक चलता है।

इस प्रसंग में यह पूछने पर कि निर्लेपनस्थान पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्र ही होते हैं, यह कहाँ से जाना जाता है; उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि वह **कसायपाहुडचुण्णिसुत्त** से जाना जाता है। आगे कसायपाहुडचुण्णिसुत्तगत उस प्रसंग को यहाँ स्पष्ट भी कर दिया है, जो 'कसायपाहुड' में उपलब्ध भी होता है।[1]

(८) इसी वेदनाद्रव्यविधान में पूर्वोक्त ज्ञानावरणीय की उत्कृष्ट द्रव्यवेदना के स्वामी के प्रसंग में प्राप्त सूत्र ३२ की व्याख्या में यह पूछने पर कि कर्मस्थिति के आदि समयप्रबद्ध का संचय अन्तिम निषेक-प्रमाण होता है, यह कैसे जाना जाता है, उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक उत्कृष्ट योग और उत्कृष्ट संक्लेश के आश्रय से उत्कृष्ट स्थिति को बाँधता हुआ जितने परमाणुओं को कर्मस्थिति के अन्तिम समय में निषिक्त करता है उतने मात्र अग्रस्थितिप्राप्त होते हैं, ऐसा जो **कसायपाहुड** में उपदेश किया गया है उससे वह जाना जाता है।[2]

उक्त वेदनाद्रव्यविधान में ज्ञानावरणीय की जघन्य द्रव्यवेदना के ही प्रसंग में दूसरे 'प्रमाण' अनुयोगद्वार की प्ररूपणा करते हुए धवला में यह शंका उठायी गयी है कि **कसायपाहुड** में मोहनीय के जिन निर्लेपनस्थानों का उल्लेख किया है उन्हें ज्ञानावरण के निर्लेपनस्थान कैसे कहा जा सकता है। इसके उत्तर में धवलाकार ने इतना मात्र कहा है कि उसमें कुछ विरोध नहीं है (धवला, पु० १०, पृ० २६८-६६)।

(९) उक्त वेदनाद्रव्यविधान की चूलिका में वर्ग-वर्गणाओं के स्वरूप को प्रकट किया गया है। उस प्रसंग में धवला में यह शंका उठायी गयी है कि सूत्र (४,२,१८०) में असंख्यात लोक मात्र अविभाग प्रतिच्छेदों की एक वर्गणा होती है, यह सामान्य से कहा गया है। इसीलिए उससे समान धनवाले नाना जीवप्रदेशों को ग्रहण करके एक वर्गणा होती है, यह नहीं जाना जाता है।

इसके उत्तर में धवला में कहा गया है कि सूत्र में समान धनवाली एक पंक्ति को ही वर्गणा कहा गया है, क्योंकि इसके बिना अविभागप्रतिच्छेदों की प्ररूपणा और वर्गणा की प्ररूपणा में भिन्नता न रहने का प्रसंग प्राप्त होता है तथा वर्गणाओं के असंख्यात प्रतर मात्र प्ररूपणा का भी प्रसंग प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त **कसायपाहुड के पश्चिमस्कन्ध सूत्र से**

---

१. धवला पु० १०, पृ० २६७; तत्थ पुव्वं गमणिज्जा णिल्लेवणट्ठाणाणमुवदेसपरूवणा। एत्थ दुविहो उवएसो। एक्केण उवदेसेण कम्मट्ठिदीए असंखेज्जा भागा णिल्लेवणट्ठाणाणि। एक्केण उवएसेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। जो पवाइज्जइ उवएसो तेण उवदेसेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो, असंखेज्जाणि वग्गमूलाणि णिल्लेवणाट्ठाणाणि।

—क० पा० सुत्त, पृ० ८१८, चूर्णि ६६४-६८

२. कम्मट्ठिदिआदिसमयपबद्धसंचओ चरिमणिसेयपमाणमेत्तो होदि त्ति कधं णव्वदे? सण्णिपंचिंदियपज्जत्तएण उक्कस्सजोगेण उक्कस्ससंकिलिट्ठेण उक्कास्सियं ट्ठिदिं बंधमाणेण जेत्तिया परमाणू कम्मट्ठिचरिमसमएणिसित्ता तेत्तियमेत्तमग्गट्ठिदिपत्तयं होदि त्ति **कसायपाहुडे** उवदिट्ठत्तादो।—धवला, पु० १०, पृ० २०८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

भी जाना जाता है कि समान धनवाले सब जीवप्रदेशों की वर्गणा होती है। वह सूत्र इस प्रकार है—केवलिसमुद्घात में केवली चौथे समय में लोक को पूर्ण करते हैं। लोक के पूर्ण होने पर योग की एक वर्गणा होती है।[1] अभिप्राय यह है कि लोक के पूर्ण होने पर लोकप्रमाण जीव-प्रदेशों का समयोग होता है।[2]

(१०) वेदनाभावविधान की दूसरी चूलिका में प्रसंगप्राप्त एक शंका का समाधान करते हुए धवला में कहा गया है कि लोकपूरणसमुद्घात में वर्तमान केवली का क्षेत्र उत्कृष्ट होता है, भाव भी जो सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपक के द्वारा प्राप्त हुआ, वह लोक को पूर्ण करनेवाले केवली के उत्कृष्ट अथवा अनुत्कृष्ट होता है, ऐसा न कहकर उत्कृष्ट ही होता है, यह जो कहा गया है, उसका अभिप्राय यही है कि योग की हानि-वृद्धि अनुभाग की हानि-वृद्धि का कारण नहीं है। अथवा **कसायपाहुड** में जो यह कहा गया है कि दर्शनमोह के क्षपक को छोड़कर सर्वत्र सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व का अनुभाग उत्कृष्ट होता है उससे भी जाना जाता है कि योग की हानि-वृद्धि अनुभाग की हानि-वृद्धि का कारण नहीं है। धवला में निर्दिष्ट वह प्रसंग कसायपाहुड में भी उसी रूप में उपलब्ध होता है।[3]

(११) इसी भावविधान-चूलिका में आगे काण्डकप्ररूपणा में प्रसंगप्राप्त सूत्र २०२ की व्याख्या करते हुए उस प्रसंग में धवला में यह कहा गया है कि यह सूक्ष्म निगोदजीव का जघन्य अनुभागसत्त्वस्थान बन्धस्थान के समान है। इस पर शंका उत्पन्न हुई है कि यह कहाँ से जाना जाता है।

इसका समाधान करते हुए धवला में कहा गया है कि इसके ऊपर एक प्रक्षेप अधिक करके बन्ध के होने पर अनुभाग की जघन्य वृद्धि होती है और उसी का अन्तर्मुहूर्त में काण्डकघात के द्वारा घात करने पर जघन्य हानि होती है, यह जो कसायपाहुड में प्ररूपणा की गयी है, उससे वह जाना जाता है।[4]

(१२) इसी भावविधान-चूलिका में आगे प्रसंगवश सत्कर्मस्थाननिबन्धन और बन्धस्थान-निबन्धन इन दो प्रकार के घातपरिणामों का उल्लेख करते हुए धवला में यह कहा गया है कि उनमें जो सत्कर्मस्थाननिबन्धन परिणाम हैं, उनसे अष्टांक और ऊर्वंक के मध्य में सत्कर्मस्थान ही उत्पन्न होते हैं, क्योंकि वहाँ अनन्तगुणहानि को छोड़कर अन्य हानियाँ सम्भव नहीं हैं।

इस पर वहाँ यह शंका उत्पन्न हुई है कि सत्त्वस्थान अष्टांक और ऊर्वंक के मध्य में ही होते हैं; चतुरंक, पंचांक, षडंक और सप्तांक के मध्य में नहीं होते हैं, यह कैसे जाना जाता है।

इसके समाधान में वहाँ कहा गया है कि वह "उत्कृष्ट अनुभागबन्धस्थान में एक बन्ध-

---

१. तदो चउत्थसमये लोगं पूरेदि। लोगे पुण्णे एक्का वग्गणा जोगस्स त्ति समजोगो त्ति णायव्वो।—क० पा० सुत्त, पृ० ६०२, चू० ११-१२

२. धवला, पु० १०, पृ० ४५१

३. देखिए धवला, पु० १२, पृ० १६० तथा क०पा० का निम्न प्रसंग—
सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्साणुभागसंतकम्मं कस्स ?
दंसणमोहक्खवगं मोत्तूण सव्वस्स उक्कस्सयं।—क०पा० सुत्त, पृ० १६०, चूर्णि ३३-३४

४. धवला पु० १२, पृ० १२९-३०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

स्थान है। वही सत्कर्मस्थान है। यही क्रम द्विचरम अनुभागबन्धस्थान में है। इस प्रकार पश्चादानुपूर्वी से तब तक ले जाना चाहिए जब तक प्रथम अनन्तगुणाहीन बन्धस्थान नहीं प्राप्त होता है। पूर्वानुपूर्वी से गणना करने पर जो अनन्तगुणा बन्धस्थान है उसके नीचे अनन्तगुणा हीन अनन्तर स्थान है। इस अन्तर में असंख्यात लोकमात्र घात-स्थान हैं। वे ही सत्कर्मस्थान हैं" यह इस पाहुडसुत्त से जाना जाता है।[1]

(१३) इसी वेदनाभावविधान की तीसरी चूलिका में सूत्रकार द्वारा निरन्तरस्थान जीव-प्रमाणानुगम के प्रसंग में जीवों से सहित स्थान एक, दो, तीन इत्यादि क्रम से उत्कृष्ट रूप में आवली के असंख्यातवें भाग मात्र निर्दिष्ट किये गए हैं।—सूत्र ४,२,७; २७०

इस प्रसंग में यहाँ धवला में यह शंका की गई है कि कसायपाहुड में 'उपयोग' नाम का अर्थाधिकार है। वहाँ कहा गया है कि कषायोदयस्थान असंख्यात लोक मात्र हैं। उनमें वर्तमान काल में जितने त्रस हैं उतने मात्र उनसे पूर्ण हैं। ऐसा कषायपाहुडसुत्त में कहा गया है।[2] इस लिए यह वेदनासूत्र का अर्थ घटित नहीं होता है।

इस शंका का समाधान करते हुए धवला में कहा गया है कि ऐसा कहना उचित नहीं है, क्योंकि जिन भगवान् के मुख से निकले हुए व अविरुद्ध आचार्य-परम्परा से आये हुए सूत्र की अप्रमाणता का विरोध है। आगे वहाँ प्रकृत दोनों सूत्रों में समन्वय करते हुए यह स्पष्ट कर दिया गया है कि यहाँ (वेदनाभावविधान में) अनुभागबन्धाध्यवसानस्थानों में जीवसमुदाहार की प्ररूपणा की गयी है, पर कसायपाहुड में कषायउदयस्थानों में उसकी प्ररूपणा की गयी है, इसलिए दोनों सूत्रों में परस्पर विरोध नहीं है (धवला पु० १२, पृ० २४४-४५)।

(१४) उपक्रम अनुयोगद्वार में उपशामना उपक्रम के प्रसंग में धवलाकार ने कहा है कि करणोपशामना दो प्रकार की है—देशकरणोपशामना और सर्वकरणोपशामना। इनमें सर्व-करणोपशामना के अन्य दो नाम ये हैं—गुणोपशामना और प्रशस्तोपशामना। इस सर्वोपशामना की प्ररूपणा कसायपाहुड में की जावेगी।[3]

(१५) संक्रम अनुयोगद्वार में प्रकृतिस्थानसंक्रम के प्रसंग में स्थानसमुत्कीर्तना की प्ररूपणा करते हुए धवला में यह सूचना की गयी है कि मोहनीय की स्थानसमुत्कीर्तना जैसे कषायपाहुड में की गयी है वैसे ही उसे यहाँ भी करनी चाहिए।[4]

(१६) इसी प्रकार से आगे अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार में भी सत्कर्मप्ररूपणा के प्रसंग में

---

१. देखिए धवला पु० १२, पृ० २२१ तथा क०पा० सुत्त, पृ० ३९२-९३, चूर्णि ५२६-३०

२. कसायपाहुड में यह प्रसंग उसी रूप में इस प्रकार उपलब्ध होता है—
कसायुदयट्ठाणाणि असंखेज्जा लोगा। तेसु जत्तिया तसा तत्तियमेत्ताणि आवुण्णाणि।
—क०पा० सुत्त पृ० ५९३, चूर्णि २९१-९२

३. देखिए धवला पु० १५, पृ० २७५ तथा क० पा० सुत्त पृ० ७०७-८, चूर्णि २९९-३०६ (उपशामना की यह प्ररूपणा दोनों ग्रन्थों में प्रायः शब्दशः समान है। विशेषता यहाँ यह रही है कि धवलाकार ने जहाँ सर्वकरणोपशामना के प्रसंग में 'एसा सव्वकरणुवसामणा कसायपाहुडे परूविज्जिहिदि' ऐसी सूचना की है वहाँ कसायपाहुड में देशकरणोपशामना के प्रसंग में 'एसा कम्मपयडीसु' (चूर्णि ३०४) ऐसी सूचना की गयी है।)

४. धवला, पु० १६, पृ० ३४७ तथा क०पा० सुत्त, पृ० २८८-३०९

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

धवलाकार ने यह सूचना की है कि मोहनीय कर्म के सत्कर्मविषयक स्वामित्व की प्ररूपणा जैसे कसायपाहुड में की गयी है वैसे ही उसकी प्ररूपणा यहाँ भी करनी चाहिए।[1]

(१७) यहीं पर आगे भी धवलाकार ने यह सूचना की है कि मोहनीय के प्रकृतिस्थान-सत्कर्म की प्ररूपणा जैसे कसायपाहुड में की गयी है वैसे उसकी प्ररूपणा यहाँ करनी चाहिए।[2]

इस प्रकार धवलाकार ने कषायप्राभृतचूर्णि का उल्लेख कहीं **कसायपाहुडसुत्त**, कहीं **पाहुड-सुत्त**, कहीं **चुण्णिसुत्त** और कहीं **पाहुडचुण्णिसुत्त** इन नामों से किया है। इनमें से अधिकांश के उदाहरण ऊपर दिये जा चुके हैं। **चुण्णिसुत्त** जैसे—

(१८) बन्धस्वामित्वविचय में उदयव्युच्छेद की प्ररूपणा करते हुए धवला में महाकर्म-प्रकृतिप्राभृत के उपदेशानुसार मिथ्यादृष्टिगुणस्थान में इन दस प्रकृतियों के उदयव्युच्छेद का निर्देश किया गया है—मिथ्यात्व, एकेन्द्रिय आदि चार जातियाँ, आताप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण।

इसी प्रसंग में आगे **चूर्णिसूत्रकर्ता** के उपदेशानुसार उक्त मिथ्यादृष्टि गुणस्थान में उपर्युक्त दस प्रकृतियों में से मिथ्यात्व, आताप, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इन पाँच का ही उदय-व्युच्छेद कहा गया है, क्योंकि उनके उपदेशानुसार चार जातियों और स्थावर इन पाँच का उदय व्युच्छेद सासादनगुणस्थान में होता है।[3]

(१९) **पाहुडसुत्त** जैसे—जीवस्थान-अन्तरानुगम में सूत्र २२३ में क्रोधादि चार कषायवाले जीवों का अन्तर मिथ्यादृष्टि से लेकर सूक्ष्मसाम्परायिक उपशामक-क्षपक तक मनोयोगियों के समान कहा गया है।

इस पर धवला में यह शंका उठायी गयी है कि तीन क्षपकों का नाना जीवों की अपेक्षा वह उत्कृष्ट अन्तर मनोयोगियों के समान छह मास घटित नहीं होता, क्योंकि विवक्षित कषाय से भिन्न एक, दो और तीन के संयोग के क्रम से क्षपकश्रेणि पर आरूढ़ होने वाले क्षपकों का अन्तर छह मास से अधिक उपलब्ध होता है।

इस शंका के उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि ओघ से जो चार मनोयोगी क्षपकों का उत्कृष्ट अन्तर छह मास कहा गया है, वह इसके बिना बनता नहीं है (देखिए सूत्र १,६,१६-१७ व १५६)। इससे चार कषायवाले क्षपकों का वह उत्कृष्ट अन्तर छह मास ही सिद्ध होता है। आगे वे कहते हैं कि ऐसा मानने पर पाहुडसूत्र के साथ व्यभिचार भी नहीं आता है, क्योंकि उसका उपदेश भिन्न है (धवला पु० ५, पृ० १११-१२)।

कषायप्राभृत में जघन्य अनुभागसत्कर्म से युक्त तीन संज्वलनकषाय वाले और पुरुषवेदियों का उत्कृष्ट अन्तर नाना जीवों की अपेक्षा साधिक वर्ष प्रमाण कहा गया है।[4]

प्रकृत जीवस्थान-अन्तरानुगम में वेदमार्गणा के प्रसंग में पुरुषवेदी दो क्षपकों का उत्कृष्ट अन्तर नाना जीवों की अपेक्षा साधिक वर्ष प्रमाण कहा गया है। —सूत्र १,६,२०४-५

---

१. धवला, पु० १६, पृ० ५२३; क०पा० सुत्त पृ० १८४-९७ आदि
२. वही, पृ० ५२७-२८; क०पा० सुत्त, पृ० ७५-७६
३. धवला, पु० ८, पृ० ९
४. तिसंजलण-पुरिसवेदाणं जहण्णाणुभागसंतकम्मियाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एगसमओ। उक्कस्सेण वस्सं सादिरेयं।—क०पा० सुत्त, पृ० १७०, चूर्णि १४५-४७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इस सूत्र की व्याख्या में धवलाकार ने इस साधिक वर्ष प्रमाण उत्कृष्ट अन्तर को स्पष्ट किया है व निरन्तर छह मास प्रमाण अन्तर को असम्भव बतलाया है। अन्त में उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि **किन्हीं सूत्र पुस्तकों में पुरुषवेद का अन्तर छह मास भी उपलब्ध होता है।**[1]

(२०) **पाहुडसुत्त**—जीवस्थान-चूलिका में प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जीव मिथ्यात्व के तीन भाग कैसे करता है, इसे स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि जिस मिथ्यात्व का पूर्व में स्थिति, अनुभाग और प्रदेश की अपेक्षा घात किया जा चुका है उसके वह अनुभाग से पुनः घात करके तीन भाग करता है, क्योंकि "मिथ्यात्व के अनुभाग से सम्यग्मिथ्यात्व का अनुभाग अनन्तगुणाहीन और उससे सम्यक्त्व का अनुभाग अनन्तगुणा हीन होता है" ऐसा **पाहुडसुत्त** में कहा गया है।[2]

(२१) **पाहुडचुण्णिसुत्त**—इसी जीवस्थान-चूलिका में सूत्रकार द्वारा आहारकशरीर, आहारकअंगोपांग और तीर्थंकर प्रकृति का उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण निर्दिष्ट किया गया है। —सूत्र १,९-६,३३

इसकी व्याख्या में उसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि अपूर्वकरण के प्रथम समय सम्बन्धी स्थितिबन्ध को सागरोपमकोटि लक्षपृथक्त्व प्रमाण प्ररूपित करने वाले **पाहुडचुण्णिसुत्त** के साथ वह विरोध को प्राप्त होगा, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि वह दूसरा सिद्धान्त है। आगे विकल्प के रूप में उसके साथ समन्वय भी कर दिया गया है।[3]

(२२) **पाहुडसुत्त**—इसी जीवस्थान-चूलिका में आगे नारक आदि जीव विवक्षित गति में किस गुणस्थान के साथ प्रविष्ट होते हैं व किस गुणस्थान के साथ वहाँ से निकलते हैं, इसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने उस प्रसंग में आगे कहा है कि इसी प्रकार से सासादन गुणस्थान के साथ मनुष्यों में प्रविष्ट होकर उसी सासादन गुणस्थान के साथ उनके वहाँ से निकलने के विषय में भी कहना चाहिए, क्योंकि इसके बिना पल्योपम के असंख्यातवें भाग मात्र काल के बिना सासादनगुणस्थान बनता नहीं है। आगे उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह कथन **पाहुडसुत्त** के अभिप्राय के अनुसार किया गया है। किन्तु **जीवस्थान** के अभिप्रायानुसार संख्यात वर्ष की आयुवाले मनुष्यों में सासादनगुणस्थान के साथ वहाँ से निकलना सम्भव नहीं है, क्योंकि उपशम श्रेणि से पतित हुए जीव का सासादनगुणस्थान को प्राप्त होना असम्भव है। पर प्रकृत में संख्यात व असंख्यात वर्ष की आयुवालों की विवक्षा न करके सामान्य से वैसा कहा गया है, इसलिए उपर्युक्त कथन घटित हो जाता है।[4]

---

१. धवला पु० ५, पृ० १०५-६

२. धवला पु० ६, पृ० २३४-३५; णवरि सव्वपच्छा सम्मामिच्छत्तमणंतगुणहीणं। सम्मत्तमणंतगुणहीणं।—क०पा० सुत्त, पृ० १७१, चूर्णि १४९-५०

३. धवला, पु० ६, पृ० १७७

४. धवला, पु० ६, पृ० ४४४-४४५; एदिस्से उवसमसम्मत्तद्धाए अब्भंतरदो असंजमं पि गच्छेज्ज, संजमासंजमं पि गच्छेज्ज, दो वि गच्छेज्ज, छसु आवलियासु सेसासु आसाणं पि गच्छेज्ज। आसाणं पुण गदो जदि मरदि ण सक्को णिरयगदिं तिरिक्खगदिं मणुस्सगदिं वा गंतु, णियमा देवगदिं गच्छदि। हंदि तिसु आउएसु एक्केण वि बद्धेण आउगेण ण सक्को कसाए उवसामेदुं।—क०पा० सुत्त, पृ० ७२६-२७, चूर्णि ५४२-४५

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

(२३) **कसायपाहुड**—पूर्वोक्त भावविधान की दूसरी चूलिका में परम्परोपनिधा की प्ररूपणा के प्रसंग में धवला में यह एक शंका उठायी गई है कि अधस्तन संख्यात अष्टांक और ऊर्वक के अन्तरालों में हतसमुत्पत्तिक स्थान नहीं उत्पन्न होते हैं, यह कहाँ से जाना जाता है। इसके समाधान में वहाँ कहा गया है कि वह आचार्य के उपदेश से अथवा अनुभाग की वृद्धि-हानिविषयक "हानि सबसे स्तोक है; वृद्धि उससे विशेष अधिक है" इस अल्पबहुत्व से जाना जाता है।

इसी प्रसंग में आगे प्रकारान्तर से वहाँ यह भी कहा गया है कि अथवा वह **कसायपाहुड** के अनुभागसंक्रमविषयक सूत्र के व्याख्यान से जाना जाता है कि वे हतसमुत्पत्तिक स्थान सर्वत्र नहीं उत्पन्न होते हैं। इसे आगे कसायपाहुडगत उस सन्दर्भ से स्पष्ट भी कर दिया गया है।[1]

इन सब परिस्थितियों को देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता है कि वर्तमान तिलोयपण्णत्ती में यह गद्यभाग धवला से लेकर आत्मसात् किया गया है।

तिलोयपण्णत्ती का स्वरूप

उपलब्ध तिलोयपण्णत्ती एक महत्त्वपूर्ण प्रामाणिक ग्रन्थ है। उसकी विषयविवेचन की पद्धति आगम-परम्परा पर आधारित, अतिशय व्यवस्थित और योजनाबद्ध है। वहाँ सर्वप्रथम मंगल के पश्चात् जो विस्तार से मंगल-निमित्तादि उन छह के विषय में चर्चा की गयी है, वह परम्परागत व्याख्यान के क्रम के आश्रय से की गयी है। ऐसी सैकड़ों गाथाओं का परम्परागत प्रवाह बहुत समय तक चलता रहा है, जिसका उपयोग आवश्यकतानुसार पीछे के ग्रन्थकारों ने यथाप्रसंग अपनी स्मृति के आधार पर किया है। इससे यह कहना संगत नहीं होगा कि तिलोयपण्णत्ती में जो उन मंगलादि छह का विवेचन किया गया है, वह धवला के आश्रय से किया गया है। प्रत्युत इसके विपरीत यदि यह कहा जाय कि धवलाकार ने ही तिलोयपण्णत्तीगत उस प्रसंग का अनुसरण किया है, तो उसे असम्भव नहीं कहा जा सकता।

उक्त मंगलादि छह के विवेचन के पश्चात् ग्रन्थकार ने यह प्रतिज्ञा की है कि जिनेन्द्र के मुख से निर्गत व गणधरों के द्वारा पदसमूह में ग्रथित आचार्य-परम्परा से चली आ रही तिलोयपण्णत्ती (त्रिलोकप्रज्ञप्ति) को कहता हूँ (गा० १,८५-८७)। ठीक इसके बाद उन्होंने उसमें वर्णनीय सामान्यलोक व नारकलोक आदि नौ महाधिकारों का उल्लेख कर दिया है।

—१,८८-९०

इस प्रकार जिस क्रम से उन्होंने उन महाधिकारों का निर्देश किया है, उसी क्रम से उनकी प्ररूपणा करते हुए प्रत्येक महाधिकार के प्रारम्भ में उन अन्तराधिकारों का उल्लेख भी कर दिया है[1] जिनके आश्रय से वहाँ प्रतिपाद्य विषय का विवेचन करना अभीष्ट रहा है। पश्चात् तदनुसार ही उन्होंने योजनाबद्ध विषय का विचार किया है।

---

१. प्रथम 'सामान्य लोक' भूमिका रूप होने से वहाँ अवान्तर अधिकारों की सम्भावना नहीं रही।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इस प्रकार निर्दिष्ट क्रम से प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा करते हुए उनके समक्ष विवक्षित विषय के सम्बन्ध में जहाँ कहीं जो कुछ भी मतभेद रहा है, उसे उन्होंने ग्रन्थ के नामनिर्देशपूर्वक आचार्यविशेष के उल्लेख के साथ, अथवा 'पाठान्तर' के रूप में, स्पष्ट कर दिया है।[1] इस प्रकार से ग्रन्थकार ने अपनी प्रामाणिकता को पूर्णतया सुरक्षित रखा है।

जिन गद्यांशों की ऊपर चर्चा की गयी है, अवान्तर अधिकारों के निर्देशानुसार उनमें प्ररूपित विषय की प्ररूपणा करनी ही चाहिए थी, भले ही वह गाथाओं में की जाती या गद्य में। तदनुसार ही प्रत्येक महाधिकार में विवक्षित विषय की प्ररूपणा वहाँ की गयी है।

प्रथम महाधिकार में गाथा २८२ में लोक के पर्यन्त भाग में वायुमण्डल से रोके गये क्षेत्र के घनफल, आठ पृथिवियों के नीचे वायुरुद्ध-क्षेत्र के घनफल और आठ पृथिवियों के घनफल के कथन की प्रतिज्ञा की गयी है। तदनुसार आगे गद्य में उक्त घनफलों के प्रमाण को स्पष्ट किया गया है।[2]

जिस गद्यभाग में उस तीन प्रकार के घनफल को निकाला गया है, उसमें केवल लोक के पर्यन्त भाग में अवस्थित वायु से रोके गये क्षेत्र के घनफल का प्ररूपक गद्यांश ही ऐसा है जो धवला में भी उसी रूप में उपलब्ध होता है।[3] उसको छोड़कर आठ पृथिवियों के नीचे वायुरुद्ध क्षेत्र के घनफल का प्ररूपक और आठ पृथिवियों के घनफल का प्ररूपक गद्यभाग[4] धवला में नहीं पाया जाता है। तब ऐसी स्थिति में यह विचारणीय है कि आगे के शेष गद्यभाग की रचना जब तिलोयपण्णत्तिकार स्वयं करते हैं, तब उसमें से प्रारम्भ के थोड़े से गद्यांश को वे धवला से क्यों लेंगे? इससे यही फलित होता है कि या तो वह पूरा गद्यभाग ग्रन्थकार के द्वारा ही लिखा गया है या फिर पूरा ही वह उसमें कहीं से पीछे प्रक्षिप्त हुआ है।

राजु के अर्धच्छेद प्रमाण के प्ररूपक दूसरे गद्यभाग के विषय में पीछे विचार किया ही जा चुका है।

एक अन्य प्रश्न

तिलोयपण्णत्ती के रचयिता कौन हैं, इसका ग्रन्थ में कहीं कुछ संकेत नहीं मिलता है। उसके अन्त में ये दो गाथाएँ उपलब्ध होती हैं—

पणमह जिणवरवसहं गणहरवसहं तहेव गुणवसहं।
दट्ठूण परिसहवसहं जदिवसहं धम्मसुत्तपाठए वसहं॥
चुण्णिसरूवत्थ[च्छ]करणसरूवपमाण होइ किंजत्तं[जंतं]।
अट्ठसहस्सपमाणं तिलोयपण्णत्तिणामाए॥—ति०प० ८,७६-७७

इनके अन्तर्गत अभिप्राय को समझना कठिन दिखता है, फिर भी ऐसा प्रतीत होता है कि इनमें से प्रथम गाथा में उस जिनेन्द्र को प्रणाम करने की प्रेरणा की गयी है, जो गणधरों में श्रेष्ठ, उत्कृष्ट गुणों से सम्पन्न, परीषहों के विजेता, यतिजनों में सर्वश्रेष्ठ और धर्मसूत्र के ज्ञापन

---

१. ति०प०, भा० २, परिशिष्ट पृ० ९६५ व ९८७-८८
२. ति०प०, भा० १, पृ० ४३-५०
३. वही, पृ० ४३-४६ व धवला पु० ४, पृ० ५१-५५
४. वही, ४६-५०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

में कुशल हैं। अप्रकट रूप में यहाँ 'जदिवसहं' द्वारा 'यतिवृषभ' इस नाम को भी सम्भवतः सूचित किया गया है। गुण से नाम के एकदेश के रूप में आचार्य 'गुणधर' का भी स्मरण करना सम्भव है।

दूसरी गाथा का अर्थ बैठाना कुछ कठिन है। पर जैसी कसायपाहुडसुत्त की प्रस्तावना में पं० हीरालाल जी सिद्धान्तशास्त्री ने कल्पना की है, तदनुसार 'चुण्णिसरूवत्थ[ट्ठ] करणसरूवपमाणं' इस पाठ को लेकर यह अभिप्राय प्रकट किया गया है कि आठ करणस्वरूप कम्मपयडि या कर्मप्रकृति की चूर्णि का जितना प्रमाण है, उतना ही आठ हजार ग्रन्थप्रमाण तिलोयपण्णत्ती का है।

इस सम्बन्ध में पं० हीरालाल जी ने यह अभिप्राय प्रकट किया है कि बन्धन व संक्रमण आदि आठ करणस्वरूप जो शिवशर्मसूरि-विरचित कम्मपयडि है उस पर एक चूर्णि उपलब्ध है जो अनिर्दिष्ट नाम से प्रकाशित भी हो चुकी है। उसके रचयिता वे ही यतिवृषभाचार्य हैं, जिन्होंने कसायपाहुड पर चूर्णिसूत्र लिखे हैं। इसके स्पष्टीकरण में पं० हीरालाल जी ने कसायपाहुडचूर्णि और कम्मपयडिचूर्णि दोनों से कुछ उद्धरणों को लेकर उनमें शब्दार्थ से समानता को प्रकट किया है। उनके उपर्युक्त स्पष्टीकरण में कुछ बल तो है, पर यथार्थ स्थिति वैसी रही है, यह सन्देह से रहित नहीं है।[1]

इससे भी तिलोयपण्णत्ती के रचयिता आ० यतिवृषभ हैं, यह सिद्ध नहीं होता।

आ० यतिवृषभ के द्वारा कसायपाहुड पर चूर्णि लिखी गयी है, यह निश्चित है। आ० वीरसेन ने धवला और जयधवला दोनों में यह स्पष्ट किया है कि गुणधराचार्य द्वारा विरचित कसायपाहुड आचार्य-परम्परा से आकर आर्यमंक्षु और नागहस्ति भट्टारक को प्राप्त हुआ। इन दोनों ने क्रम से उसका व्याख्यान यतिवृषभ भट्टारक को किया और उन यतिवृषभ ने उसे चूर्णिसूत्र में लिखा।[2]

यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि चूर्णिसूत्रों को रचते हुए यतिवृषभाचार्य ने उनके प्रारम्भ में, मध्य में या अन्त में कहीं कुछ मंगल नहीं किया है। किन्तु उपलब्ध तिलोयपण्णत्ती के प्रारम्भ में सिद्ध व अरहन्त आदि पाँच गुरुओं को और अन्त में ऋषभ जिनेन्द्र को नमस्कार किया गया है। तत्पश्चात् प्रत्येक महाधिकार के आदि व अन्त में क्रम से अजितादि जिनेन्द्रों में से एक-एक को नमस्कार किया गया है। अन्तिम नौवें अधिकार के अन्त में शेष रहे कुंथु आदि आठ जिनेन्द्रों को नमस्कार किया गया है।

इस मंगल की स्थिति को देखते हुए चूर्णिसूत्रों के रचयिता यतिवृषभाचार्य ही तिलोयपण्णत्ती के रचयिता हैं, यह सन्देहास्पद है।

इस प्रकार तिलोयपण्णत्ती के कर्तृत्व के विषय में अन्तिम किसी निर्णय के न होने पर भी

---

१. 'कसायपाहुडसुत्त', प्रस्तावना, पृ० ३८-४६

२. गुणहरवयणविणिग्गयगाहाणत्थोऽवहारियो सव्वो।
जेणज्जमंखुणा सो सणागहत्थी वरं देऊ॥
जो अज्जमंखुसीसो अंतेवासी वि णागहत्थिस्स।
सो वित्तिसुत्तकत्ता जइवसहो मे वरं देऊ॥—जयध०, प्रारम्भिक मंगल, गा० ७-८
(धवला पु० १२, पृ० २३१-३२ का प्रसंग भी द्रष्टव्य है।)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उसकी अतिशय व्यवस्थित प्रामाणिक रचना को देखते हुए उसे धवला के बाद का नहीं कहा जा सकता है।

१४. **दशवैकालिक**—इसके रचयिता शय्यम्भव सूरि हैं। साधारणतः ग्रन्थ-रचना और उसके अध्ययन-अध्यापन का काल रात्रि की व दिन की प्रथम और अन्तिम पौरुषी माना गया है। पर अपने पुत्र 'मनक' की आयु को अल्प (छह मास मात्र) जानकर उसके निमित्त यह ग्रन्थ विकाल (विगतपौरुषी) में रचा गया है[1], इसलिए इसका नाम 'दशवैकालिक' प्रसिद्ध हुआ है। उसकी टीका में हरिभद्र सूरि ने शय्यम्भव सूरि को चतुर्दशपूर्ववित् कहा है। उनके विषय में जो कथानक प्रचलित है, उसमें भी उनके चतुर्दशपूर्ववित् होने का उल्लेख है।

उसमें ये दस अध्ययन हैं—द्रुमपुष्पिका, श्रामण्यपूर्विका, क्षुल्लिकाचारकथा, षड्जीवनिकाय, पिण्डैषणा, भट्टाचारकथा, वाक्यशुद्धि, आचारप्रणिधि, विनयसमाधि और सभिक्षु। अन्त में रतिवाक्यचूलिका और विविक्तचर्याचूलिका ये दो चूलिकाएँ हैं।

उन दस अध्ययनों में चौथा जो 'षड्जीवनिकाय' है, उसमें ये अर्थाधिकार हैं—जीवाजीवाभिगम, चारित्रधर्म, उपदेश, यातना और धर्मफल।

धवला में जो कुछ समानता इस दशवैकालिक के साथ दृष्टिगोचर होती है, उसे यहाँ स्पष्ट किया जाता है—

(१) उपर्युक्त 'षड्जीवनिकाय' अध्ययन के अन्तर्गत जीवाभिगम नामक अर्थाधिकार में पृथिवीकायिक, अप्कायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक और त्रसकायिक इन छह काय के जीवों की प्ररूपणा की गयी है।[2]

प्रस्तुत षट्खण्डागम में इन छह काय वाले जीवों का उल्लेख किया गया है। विशेषता यहाँ यह रही है कि उक्त छह कायवाले जीवों के साथ प्रसंगवश अकायिक (कायातीत—सिद्ध) जीवों का भी उल्लेख किया गया है।[3]

दशवैकालिक के उस प्रसंगप्राप्त सूत्र में आगे अनेक वनस्पति-भेदों में कुछ का उल्लेख इस प्रकार किया गया है—अग्रबीज, मूलबीज, पोरबीज, स्कन्धबीज, बीजरुह, संमूछिम और तृणलता।

षट्खण्डागम की धवला टीका में इन वनस्पति-भेदों की प्ररूपक एक गाथा इस प्रकार उद्धृत रूप में उपलब्ध होती है—

मूलग्ग-पोरबीया कंदा तह खंधबीय-बीयरुहा।
सम्मुच्छिमा य भणिया पत्तेयाणंतकाया य ॥[4]

इसके समकक्ष एक गाथा आचारांगनिर्युक्ति में इस प्रकार उपलब्ध होती है—

---

१. छहि मासेहि अहि [ही]अं अज्झयणमिणं तु अज्जमणगेणं।
छम्मासा परिआओ अह कालगओ समाहीए ॥—दशवै० नि० ३७०

२. दशवै० सूत्र १, पृ० २७४-७५

३. ष०ख० सूत्र १,१,३९ (पु० १)

४. धवला पु० १, पृ० २७३ (यह गाथा मूलाचार (५-१६), दि०पंचसंग्रह (१-८१), जीवसमास (३४) और गो०जीवकाण्ड (१८६) में उपलब्ध होती है।)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अग्गबीया मूलबीया खंधबीया चेव पोरबीया य ।
बीयरुहा सम्मुच्छिम समासओ वणस्सई जीवा ॥१३०॥

इस प्रकार ये वनस्पतिभेद दोनों ग्रन्थों में प्रायः समान हैं ।

(२) दशवैकालिक में आगे इसी चौथे अध्ययन के अन्तर्गत 'चारित्र' अर्थाधिकार में छठे रात्रिभोजन-विरमण के साथ क्रम से पांच महाव्रतों के स्वरूप को प्रकट किया गया है ।

तत्पश्चात् उसके 'यतना' नामक चौथे अर्थाधिकार में भिक्षु व भिक्षुणी के द्वारा मन, वचन, काय और कृत, कारित, अनुमत रूप नौ प्रकार से क्रमशः पृथिवीकायिकादि जीवों को पीड़ा न पहुँचाने की प्रतिज्ञापूर्वक प्रतिक्रम व निन्दा-गर्हा आदि की भावना व्यक्त की गयी है ।[1]

इस प्रसंग में वहाँ जलकायिक जीवों को पीड़ा न पहुँचाने की प्रेरणा करते हुए इन जलकायिक जीवों का उल्लेख किया गया है—

उदक, ओस, हिम, महिका, करक, हरतणु और शुद्ध उदक ।

धवला में इन जीवभेदों की निर्देशक एक गाथा इस प्रकार उद्धृत की गयी है—

ओसा य हिमो धूमरि हरधणु सुद्धोदओ घणोदो य ।
एवे हु आउकाया जीवा जिणसासणुद्दिट्ठा ॥[2]

दोनों ग्रन्थों में पर्याप्त शब्दसाम्य है ।

(३) दशवैकालिक में अग्निकायिक जीवों के प्रसंग में उनके ये नाम निर्दिष्ट किये गये हैं—

अग्नि, इंगाल, मुर्मुर, अर्चि, ज्वाला, अलात, शुद्ध अग्नि और उल्का ।

धवला में उद्धृत गाथा द्वारा उक्त अग्निकायिक जीवों के ये भेद प्रकट किये गये हैं[2]—

इंगाल, ज्वाला, अर्चि, मुर्मुर और शुद्ध अग्नि ।

इन जीवभेदों की प्ररूपक गाथाएं मूलाचार (५,१३-१५), जीवसमास (३१-३३), दि० प्रा० पंचसंग्रह (१,७८-८०) और आचारांगनिर्युक्ति (गा० १०८,११८ व १६६) में भी उपलब्ध होती हैं । इन भेदों का संग्राहक पूर्वार्ध सबका समान है, किन्तु उत्तरार्ध परिवर्तित है ।

(४) इस 'षड्जीवनिकाय' अध्ययन के अन्तर्गत पाँचवें 'उपदेश' अर्थाधिकार में कहा गया है कि जो अयत्नपूर्वक—प्रमाद के वश होकर— चलता है, स्थित होता है, बैठता है, भोजन करता है और भाषण करता है, वह त्रस-स्थावर जीवों को पीड़ा पहुँचाता हुआ जिस पापकर्म को बाँधता है उसका कटुक फल होता है ।

इस प्रसंग में वहाँ यह पूछा गया है कि यदि ऐसा है तो फिर किस प्रकार से गमनादि में प्रवृत्ति करे, जिससे पापकर्म का बन्ध न हो । उत्तर में यह कहा गया है कि प्रयत्नपूर्वक (सावधान होकर) जिनाज्ञा के अनुसार गमनादि-प्रवृत्ति करने पर पाप का बन्ध नहीं होता है । इस प्रसंग से सम्बद्ध वे पद्य इस प्रकार हैं—

कहं चरे कहं चिट्ठे कह मासे कहं सए ।
कहं भुंजंतो भासंतो पावं कम्मं न बंधइ ॥

---

१. सूत्र ३-१५, पृ० २८६-३१४

२. ओसा य हिमग महिगा हरदणु सुद्धोदगे घणुदगे य ।
ते जाण आउजीवा जाणित्ता परिहरेदव्वा ॥—मूला० ५-१३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

जयं चरे जयं चिट्ठे जयमासे जयं सए ।
जयं भुंजंतो भासंतो पावं कम्मं न बंधइ ।।[1]

धवला में जीवस्थान के अवतार की प्ररूपणा करते हुए प्रसंगप्राप्त अंगश्रुत का निरूपण किया गया है । उस प्रसंग में धवलाकार ने आचारांग के स्वरूप को प्रकट करते हुए वहाँ इन पद्यों को उद्धृत किया है और यह कहा है कि आचारांग अठारह हजार पदों के द्वारा इत्यादि (पद्यों में निर्दिष्ट) प्रकार के मुनियों के आचार का वर्णन करता है[2]—

वट्टकेराचार्य-रचित मूलाचार के अन्तर्गत 'समयसार' नामक दशम अधिकार में मुनियों के आचरण को दिखलाते हुए आगमानुसार प्रवृत्ति करने वाले साधु की प्रशंसा और विपरीत प्रवृत्ति करने वाले की निन्दा की गयी है । वहाँ प्रसंग को समाप्त करते हुए यह कहा गया है कि पृथिवीकायिक जीव पृथिवी के आश्रित रहते हैं, इसलिए पृथिवी के आरम्भ में निश्चित ही उनकी विराधना होती है । इस कारण जिन-मार्गानुगामियों को जीवन-पर्यन्त उस पृथिवी का आरम्भ करना योग्य नहीं है । जो जिनाज्ञा के अनुसार उन पृथिवीकायिक जीवों का श्रद्धान नहीं करता है वह जिन-वचन से दूरस्थ होता है, उसके उपस्थापना नहीं है । इसके विपरीत जो श्रद्धान करता है वह पुण्य-पाप के स्वरूप को समझता है, अतः उसके उपस्थापना है । उक्त पृथिवीकायिक जीवों का श्रद्धान न करने वाला जिन-लिंग को धारण करता हुआ भी दीर्घसंसारी होता है ।[3]

यहाँ वृत्तिकार कहते हैं कि इस प्रकार के जीवों के संरक्षण के इच्छुक गणधर देव तीर्थंकर परमदेव से पूछते हैं । उनके प्रश्न का स्वरूप इस प्रकार है—

उन जीवों की रक्षा में उद्यत साधु कैसे गमन करे, कैसे बैठे, कैसे शयन करे, कैसे भोजन करे और कैसे सम्भाषण करे, जिससे पाप का बन्ध न हो । इन प्रश्नों के उत्तर में वहाँ यह कहा गया है—

उन जीवों की रक्षा में उद्यत साधु प्रयत्नपूर्वक —ईर्यासमिति से—गमन करे, सावधानी से बैठे, सावधान रहकर शयन करे, प्रमाद को छोड़ भोजन करे और भाषासमिति के अनुसार सम्भाषण करे; इस प्रकार से उसके पाप का बन्ध होनेवाला नहीं है ।[4]

इस प्रकार मूलाचारगत इन पद्यों में और पूर्वोक्त दशवैकालिक के उन पद्यों में 'कहं' व 'कधं' जैसे भाषाभेद को छोड़कर अन्य कुछ शब्द व अर्थ की अपेक्षा विशेषता नहीं है, सर्वथा वे समान हैं । धवला में उद्धृत वे पद्य भाषा की दृष्टि से मूलाचार के समान हैं ।

(५) दशवैकालिक के अन्तर्गत नौवें 'विनयसमाधि' अध्ययन में गुरु के प्रति की जानेवाली अविनय से होनेवाली हानि और उसके प्रति की गयी विनय से होनेवाले लाभ का विचार करते

---

१. सूत्र ७-८, पृ० ३१६
२. धवला पु० १, पृ० ९९
३. मूलाचार १०,११६-२०
४. कधं चरे कधं चिट्ठे कधमासे कधं सये ।
कधं भुंजेज्ज भासेज्ज कधं पावं ण बज्झदि ।।
जदं चरे जदं चिट्ठे जदमासे जदं सये ।
जदं भुंजेज्ज भासेज्ज एव पावं ण बज्झइ ।।—मूला० १०,१२१-२२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

हुए उस प्रसंग में यह एक सूत्र उपलब्ध होता है—

जस्संतिए धम्मपयाइं सिक्खे
तस्संतिए वेणइयं पउंजे।
सक्कारए सिरसा पंजलीओ
कायग्गिरा भो मणसा अ निच्चं ॥—दशवै० ६,१,१२ (पृ ४८६)

धवला में मंगलप्ररूपणा के प्रसंग में यह एक शंका उठायी गयी है कि समस्त कर्मफल से निर्मुक्त हुए सिद्धों को पूर्व में नमस्कार न करके चार अघाती कर्मों से सहित अरहन्तों को प्रथमतः क्यों नमस्कार किया गया है। इसके उत्तर में वहाँ यह कहा गया है कि अरहन्त के न होने पर हमें आप्त, आगम और पदार्थों का बोध होना सम्भव नहीं है, इसलिए चूंकि अरहन्त के आश्रय से उन गुणाधिक सिद्धों में श्रद्धा अधिक होनेवाली है इसीलिए उक्त उपकारी की दृष्टि से सिद्धों के पूर्व में अरहन्तों को नमस्कार किया गया है। अतएव उसमें कुछ दोष नहीं है। इसके आगे वहाँ 'उक्तं च' ऐसा निर्देश करते हुए इस पद्य को उद्धृत किया गया है[1]—

जस्संतियं धम्मवहं णिगच्छे
तस्संतियं वेणइयं पउंजे।
सक्कारए तं सिरपंचमेण
काएण वाया मणसा वि णिच्चं ॥

इन दोनों ग्रन्थों में उपर्युक्त इस पद्य में पर्याप्त समानता है। जो कुछ पाठभेद हुआ है उसमें कुछ लिपिदोष से भी सम्भव है। दशवैकालिक में व्यवहृत उसके तृतीय चरण में छन्दोभंग दिखता है। अभिप्राय उन दोनों का समान ही है।

१५. **धनंजय अनेकार्थनाममाला**—इसके रचयिता वे ही कवि धनंजय हैं, जिनके द्वारा 'द्विसन्धानकाव्य' और 'विषापहार स्तोत्र' रचा गया है।

धवला में प्रसंगवश इस अनेकार्थनाममाला के "हेतावेवं प्रकारादौ" आदि पद्य को उद्धृत किया गया है।[2]

१६. **ध्यानशतक**—यह कब और किसके द्वारा रचा गया है, यह निर्णीत नहीं है। फिर भी उस पर सुप्रसिद्ध हरिभद्र सूरि के द्वारा टीका लिखी गयी है। हरिभद्र सूरि का समय आठवीं शताब्दी माना जाता है। अतएव वह आठवीं शताब्दी के पूर्व रचा जा चुका है, यह निश्चित है।

षट्खण्डागम में वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत 'कर्म' अनुयोगद्वार में कर्म के नामकर्म व स्थापनाकर्म आदि दस भेदों की प्ररूपणा की गयी है। उनमें आठवाँ तपःकर्म है। ग्रन्थकार ने उसे अभ्यन्तर के साथ बाह्य तप को लेकर बारह प्रकार का कहा है।—सूत्र ५,४,२५-२६

उसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने अनेषण (अनशन) आदि रूप छह प्रकार के बाह्य तप की और प्रायश्चित्त आदि रूप छह प्रकार के अभ्यन्तर तप की प्ररूपणा की है। उस प्रसंग में उन्होंने अभ्यन्तर तप के प्रायश्चित्त, विनय, वैयावृत्त्य, स्वाध्याय, ध्यान और कायोत्सर्ग इन

---

१. धवला, पु० १, पृ० ५३-५४
२. धवला, पु० ६, पृ० १४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

छह की प्ररूपणा में पाँचवें ध्यान की प्ररूपणा ध्याता, ध्येय, ध्यान और ध्यानफल इन चार अधिकारों में विस्तार से की है।[1]

इस प्रसंग में धवलाकार ने यथावसर ग्रन्थ या ग्रन्थकार का नामनिर्देश न करके 'एत्थ गाहा' व 'एत्थ गाहाओ' इस सूचना के साथ धवला में लगभग ६६ पद्यों को उद्धृत किया है, जिनमें ४६-४७ पद्य प्रस्तुत ध्यानशतक में उपलब्ध होते हैं।

		धवला पु० १३		ध्यानशतक
संख्या	गाथांश	पृष्ठ	गाथांक	गाथांक
१	जं थिरमज्झवसाणं	६४	१२	२
२	जच्चिय देहावत्था	६६	१४	३६
३	सव्वासु वट्टमाणा	,,	१५	४०
४	तो जत्थ समाहाणं	,,	१६	३७
५	णिच्चं चिय जुवइ-पसू	,,	१७	३५
६	थिरकयजोगाणं पुण	६७	१८	३६
७	कालो वि सोच्चिय	,,	१९	३८
८	तो देस-काल-चेट्ठा	,,	२०	४१
९	आलंबणाणि वायण	,,	२१	४२
१०	विसमं हि समारोहइ	,,	२२	४३
११	पुव्वकयब्भासो	६८	२३	३०
१२	णाणे णिच्चब्भासो	,,	२४	३१
१३	संकाइसल्लरहियो	,,	२५	३२
१४	णवकम्माणादाणं	,,	२६	३३
१५	सुविदियजयस्सहावो	,,	२७	३४
१६	सुणिउणमणाइणिहणं	७१	३३	४५
१७	ज्झाएज्जो णिरवज्जं	,,	३४	४६
१८	तत्थ मइदुब्बलेण	,,	३५	४७
१९	टेट्ठदाहरणासंभवे	,,	३६	४८
२०	अणुवगयपराणुग्गह	,,	३७	४९
२१	रागद्दोस-कसाया	७२	३९	५०
२२	पयडिट्ठिदिप्पदेसाणु	,,	४१	५१
२३	जिणदेसियाइ लक्खण	७३	४३	५२
२४	पंचत्थिकायमइयं	,,	४४	५३
२५	खिदिवलयदीव-सायर	,,	४५	५४
२६	उवजोगलक्खणमणाइ	,,	४६	५५
२७	तस्स य सकम्मजणियं	,,	४७	५६

१. धवला, पु० १३, पृ० ६४-८८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

संख्या	गाथांश	धवला पु० १३ पृष्ठ	धवला पु० १३ गाथांक	ध्यानशतक गाथांक
२८	णाणमयकण्णहारं	७३	४८	५८ उ०
२९	किं बहुसो सव्वं चि य	,,	४९	६२पू. बहुलो =
३०	जह णोवरमे वि मुणी	,,	५०	६५ बहुणा
३१	अंतोमुहुत्तमेत्तं	७६	५१	३
३२	अंतोमुहुत्तपरदो	,,	५२	४
३३	होंति कमविसुद्धाओ	,,	५३	६६
३४	आगमउवदेसाणा	,,	५४	६७
३५	जिण-साहुगुणक्कित्तण	,,	५५	६८
३६	होंति सुहासव-संवर	७७	५६	९३
३७	जह वा घणसंघाया	,,	५७	१०२
३८	अह खंति-मद्दवज्जव	८०	६४	६९
३९	जह चिरसंचियमिंधण	८२	६५	१०१
४०	जह रोगासयसमणं	,,	६६	१००
४१	अभयासंमोहविवेग	,,	६७	९० ध्या० 'अवहा
४२	चालिज्जइ बीहेइ व	,,	६८	९१
४३	देहविचित्तं पेच्छइ	,,	६९	९२
४४	ण कसायसमुत्थेहि	,,	७०	१०३
४५	सीयायवादिएहि हि	,,	७१	१०४ पू०

क्रमव्यत्यय

धवला में पृ० ७३ पर गाथा ४८ के पाठ में कुछ क्रमभंग हुआ है तथा पाठ कुछ स्खलित भी हो गया है। यहाँ धवला के अन्तर्गत उस ४८वीं गाथा को देकर ध्यानशतक के अनुसार उसके स्थान में जैसा शुद्ध पाठ होना चाहिए, उसे स्पष्ट किया जाता है[1]—

णाणमयकण्णहारं वरचारित्तमयमहापोयं ।
संसार-सागरमणोरपारमसुहं विचिंतेज्जो ॥—धवला पृ० ७३, गा० ४८

अण्णाण-मारुएरियसंजोग-विजोग-वीइसंताणं ।
संसार-सागरमणोरपारमसुहं विचिंतेज्जा ॥५७

तस्स य संतरणसहं सम्मद्दंसण-सुबंधणमणग्घं ।
णाणमयकण्णधारं चारित्तमयं महापोयं ॥५८

संवरकयनिच्छिद्दं तव-पवणाइद्धजइणतरवेगं ।
वेरग्गमग्गपडियं विसोइया-वीइनिक्खोभं ॥५९

---

१. विशेष जानकारी के लिए 'ध्यानशतक' की प्रस्तावना पृ० ५९-६२ में 'ध्यानशतक और धवला का 'ध्यान प्रकरण' शीर्षक द्रष्टव्य है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

आरोढुं मुणि-वणिया महग्घसीलंग-रयणपडिपुण्णं ।
जह तं निव्वाणपुरं सिग्घमविग्घेण पावंति ॥६०॥—ध्यानशतक

यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि ध्यानशतक के अनुसार जो 'णाणमयकण्णधारं' विशेषण संसार-सागर से पार कराने वाली चारित्ररूपी विशाल नौका का रहा है, वह ऊपर निर्दिष्ट धवलागत पाठ के अनुसार संसार-सागर का विशेषण बन गया है। साथ ही 'चारित्रमय महा-पोत' भी उसी संसार-सागर का विशेषण बन गया है। इस प्रकार का उपर्युक्त गाथागत वह असंगत पाठ धवलाकार के द्वारा कभी प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है। वह सम्भवतः किसी प्रतिलेखक की असावधानी से हुआ है।

ध्यानशतक से विशेषता

(१) ध्यानशतक में तत्त्वार्थसूत्र और स्थानांग आदि के समान ध्यान के ये चार भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—आर्त, रौद्र, धर्म्य और शुक्ल। वहाँ यह स्पष्ट कर दिया गया है कि इनमें अन्त के दो ध्यान निर्वाण के साधन हैं तथा आर्त व रौद्र ये दो ध्यान भी संसार के कारण हैं।[1]

परन्तु धवला में ध्यान के ये केवल दो ही भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—धर्मध्यान और शुक्ल-ध्यान।[2]

हेमचन्द्र सूरि-विरचित योगशास्त्र में भी ध्यान के ये ही दो भेद निर्दिष्ट किये गये हैं।[3]

(२) धवलाकार ने स्पष्ट रूप में तो धर्मध्यान के स्वामियों का उल्लेख नहीं किया है, किन्तु उस प्रसंग में यह शंका धवला में उठायी गयी है कि धर्मध्यान सकषाय जीवों के होता है, यह कैसे जाना जाता है। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि वह 'असंयतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत, प्रमत्तसंयत, अप्रमत्तसंयत, अपूर्वकरणसंयत, अनिवृत्तिकरणसंयत और सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपक व उपशामकों में धर्मध्यान की प्रवृत्ति होती है' इस जिनदेव के उपदेश से जाना जाता है।

इस शंका-समाधान से यह स्पष्ट है कि धवलाकार के अभिमतानुसार धर्मध्यान के स्वामी असंयतसम्यग्दृष्टि से लेकर सूक्ष्मसाम्परायिक उपशामक और क्षपक तक हैं।[4]

ध्यानशतक में इस प्रसंग में यह कहा गया है कि सब प्रमादों से रहित हुए मुनिजन तथा क्षीणमोह और उपशान्तमोह ये धर्मध्यान के ध्याता निर्दिष्ट किये गये हैं।[5]

इस कथन से यह स्पष्ट होता है कि ध्यानशतक के कर्ता असंयतसम्यग्दृष्टि, संयतासंयत और प्रमत्तसंयत को धर्मध्यान का अधिकारी स्वीकार नहीं करते हैं।

(३) धवला में पूर्व दो शुक्लध्यानों के प्रसंग में यह शंका उठायी गयी है कि एक वितर्क-

---

१. त०सू० ९, २८-२९ व स्थानांगसूत्र २४७, पृ० १८७ तथा ध्या०श०, गाथा ४
२. झाणं दुविहं—धम्मज्झाणं सुक्कज्झाणमिदि।—धवला पु० १३, पृ० ७०
३. मुहूर्त्तान्तरमनःस्थैर्यं ध्यानं छद्मस्थयोगिनाम्।
धर्म्यं शुक्लं च तद् द्वेधा योगरोधस्त्वयोगिनाम् ॥—यो०श० ४-११५
४. धवला पु० १३, ७४
५. ध्यानशतक, गा० ६३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अवीचार ध्यान के लिए 'अप्रतिपाति विशेषण क्यों नहीं दिया गया। इसका समाधान करते हुए धवला में कहा गया है कि उपशान्तकषाय संयत का भवक्षय से और काल के क्षय से कषायों में पड़ने पर पतन देखा जाता है, इसलिए एकत्ववितर्क-अवीचार ध्यान को 'अप्रतिपाति' विशेषण से विशेषित नहीं किया गया है।

इस पर पुनः यह शंका उठी है कि उपशान्तकषाय गुणस्थान में एकत्ववितर्क-अवीचार ध्यान के न होने पर "उपशान्तकषाय संयत पृथक्त्ववितर्क-वीचार ध्यान को ध्याता है" इस आगमवचन[1] के साथ विरोध का प्रसंग प्राप्त होता है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि वह पृथक्त्ववितर्क-वीचार ध्यान को ही ध्याता है, ऐसा नियम वहाँ नहीं किया गया है। इसी प्रकार क्षीणकषाय गुणस्थान में सदा-सर्वत्र एकत्ववितर्क-अवीचार ध्यान ही रहता हो, ऐसा भी नियम नहीं है, क्योंकि वहाँ इसके बिना योगपरावर्तन की एक समय प्ररूपणा घटित नहीं होती है; इसलिए क्षीणकषायकाल के प्रारम्भ में पृथक्त्ववितर्क-अवीचार ध्यान की भी सम्भावना सिद्ध है।[2]

इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि धवलाकार के अभिमतानुसार उपशान्तकषाय गुणस्थान में पृथक्त्ववितर्कवीचार के अतिरिक्त एकत्ववितर्क-अवीचार ध्यान भी होता है तथा क्षीणकषाय गुणस्थान में एकत्ववितर्क-अवीचार के अतिरिक्त पृथक्त्ववितर्क-वीचार ध्यान भी होता है।

ध्यानशतक में इस प्रसंग में इस प्रकार का कुछ स्पष्टीकरण नहीं किया गया है। वहाँ इतना मात्र कहा गया है कि जो धर्मध्यान के ध्याता हैं, वे ही पूर्व दो शुक्लध्यानों के ध्याता होते हैं। विशेष इतना है कि उन्हें प्रशस्त संहनन से सहित और पूर्वश्रुत के वेत्ता होना चाहिए।[3]

इस प्रकार की कुछ विशेषताओं के होते हुए भी यह सुनिश्चित है कि धवला में जो ध्यान की प्ररूपणा की गयी है उसका आधार ध्यानशतक रहा है। साथ ही वहाँ यथाप्रसंग 'भगवती-आराधना' और 'मूलाचार' का भी अनुसरण किया गया है। धवला में वहाँ उस प्रसंग में भगवती-आराधना की इन गाथाओं को उद्धृत किया गया है—

	धवला पृ०	भगवती आ० गाथा
१ किंचिद्दिट्ठिमुपा-	६८	१७०६
२ पच्चाहरित्तु विसएहि	६९	१७०७
३ अकसायमवेदत्तं	७०	२१५७
४ आलंबणेहि भरियो	,,	१८७६
५ कल्लाणपावए जे[4]	७२	१७११
६ एगाणेगभवगयं	,,	१७१३

१. उवसंतो दु पुधत्तं झायदि झाणं विदक्कवीचारं।
खीणकसाओ झायदि एयत्तविदक्कवीचारं॥—मूला० ५-२०७
(यही अभिप्राय स०सि० (९-४४), तत्त्वार्थवार्तिक (९-४४) में भी प्रकट किया गया है।)

२. धवला, पु० १३, पृ० ८१

३. ध्यानशतक ६४

४. नं० ५ व ६ की दो गाथाएं मूलाचार (५,२०३-४) में भी उपलब्ध होती हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

	धवला पु०	भगवती आ० गाथा
७ जम्हा सुदं विदक्कं	७८	१८८१
८ अत्थाण वंजणाण य	,,	१८८२
९ जेणेगमेव दव्वं	७९	१८८३
१० जम्हा सुदं विदक्कं	,,	१८८४
११ अत्थाण वंजणाण य	,,	१८८५
१२ अविदक्कमवीचारं सुहुम	८३	१८८६
१३ सुहुमम्मि कायजोगे	,,	१८८७
१४ अविदक्कमवीचारं अणियट्टी	८७	१८८८

१७. **नन्दिसूत्र**—पीछे 'षट्खण्डागम व नन्दिसूत्र' शीर्षक में यह स्पष्ट किया जा चुका है कि धवला में 'अनेकक्षेत्र' अवधिज्ञान के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उस प्रसंग में 'वुत्तं च' के निर्देशपूर्वक "**णेरइय-देवतित्थयरोहि**" इत्यादि गाथा को उद्धृत किया गया है। यह गाथा नन्दि-सूत्र में उपलब्ध होती है।

१८. **पंचास्तिकाय**—ग्रन्थनामनिर्देश के बिना भी जो धवला में इसकी गाथाओं को उद्धृत किया गया है उसका भी स्पष्टीकरण पीछे 'ग्रन्थोल्लेख' में **पंचत्थिपाहुड** के प्रसंग में किया जा चुका है।

१९. **प्रज्ञापना**—जैसा कि पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है, जीवस्थान-सत्प्ररूपणा अनुयोग-द्वार के अन्तर्गत कायमार्गणा के प्रसंग में धवलाकार द्वारा अप्कायिक, तेजस्कायिक और वायु-कायिक जीवों के कुछ भेदों का निर्देश किया गया है। वे भेद जिस प्रकार मूलाचार, उत्तराध्ययन, जीवसमास और आचारांगनिर्युक्ति में उपलब्ध होते हैं उसी प्रकार वे प्रज्ञापना में भी उपलब्ध होते हैं।[1]

२०. **प्रमाणवार्तिक**—यह ग्रन्थ प्रसिद्ध बौद्ध दार्शनिक विद्वान् धर्मकीर्ति (प्रायः ७वीं शती) के द्वारा रचा गया है।

वेदनाकालविधान अनुयोगद्वार में स्थित बन्धाध्यवसान प्ररूपणा में प्रसंगप्राप्त अयोग-व्यवच्छेद के स्वरूप को प्रकट करते हुए धवला में प्रमाणवार्तिक के इस श्लोक को उद्धृत किया गया है[2]—

अयोगमपरैर्योगमत्यन्तायोगमेव च।
व्यवच्छिनत्ति धर्मस्य निपातो व्यतिरेचकः ॥४-१९०॥

२१. **प्रवचनसार**—इसके रचयिता सुप्रसिद्ध आचार्य कुन्दकुन्द (लगभग प्रथम शताब्दी) हैं। जीवस्थान खण्ड के प्रारम्भ में आचार्य पुष्पदन्त के द्वारा जो मंगल किया गया है उस पंच-नमस्कारात्मक मंगल की प्ररूपणा में प्रसंगप्राप्त नैःश्रेयस सुख के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए धवला में प्रकृत प्रवचनसार की "आदिसयमादसमुत्थं" आदि गाथा (१-१३) को उद्धृत किया गया है। गाथा के चौथे चरण में प्रवचनसार में जहाँ 'सुद्धुवओगप्पसिद्धाणं' ऐसा पाठ है,

---

१. देखिए प्रज्ञापना (पण्णवणा) गाथा १-२०, १-२३ और १-२६ आदि।
२. धवला, पु० ११, पृ० ३१७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

वहाँ धवला में उसके स्थान में 'सुद्धवओगो य सिद्धाणं' पाठ है जो लिपिदोष से हुआ मालूम होता है।

(२) जीवस्थान-द्रव्यप्रमाणानुगम में द्रव्यभेदों का निर्देश करते हुए धवला में जीव-अजीव के स्वरूप को स्पष्ट किया गया है। वहाँ जीव के साधारण लक्षण का निर्देश करते हुए यह कहा है कि जो पाँच वर्ण, पाँच रस, दो गन्ध व आठ प्रकार के स्पर्श से रहित, सूक्ष्म, अमूर्तिक, गुरुता व लघुता से रहित, असंख्यात प्रदेशवाला और आकार से रहित हो, उसे जीव जानना चाहिए। यह जीव का साधारण लक्षण है। प्रमाण के रूप में वहाँ 'वुत्तं च' कहकर "अरसमरूवमगंधं" आदि गाथा को उद्धृत किया गया है।[1]

यह गाथा प्रवचनसार (२-८०) और पंचास्तिकाय (१२७) में उपलब्ध होती है।

(३) आगे बन्धस्वामित्वविचय में वेदमार्गणा के प्रसंग में अपगतवेदियों को लक्ष्य करके पाँच ज्ञानावरणीय आदि सोलह प्रकृतियों के बन्धक-अबन्धकों का विचार किया गया है। उस प्रसंग में धवलाकार ने उन सोलह प्रकृतियों का पूर्व में बन्ध और तत्पश्चात् उदय व्युच्छिन्न होता है, यह स्पष्ट करते हुए 'एत्थुवउज्जंती गाहा" ऐसा निर्देश करके इस गाथा को उद्धृत किया है[2]—

आगमचक्खू साहू इंदियचक्खू असेसजीवा जे।
देवा य ओहिचक्खू केवलचक्खू जिणा सव्वे ॥

यह गाथा कुछ पाठभेद के साथ प्रवचनसार में इस प्रकार उपलब्ध होती है—

आगमचक्खू साहू इंदियचक्खूणि सव्वभूदाणि।
देवा य ओहिचक्खू सिद्धा पुण सव्वदोचक्खू ॥३-३४॥

(४) 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में श्रुतज्ञान के पर्याय-शब्दों का स्पष्टीकरण करते हुए धवला में प्रवचनसार की "जं अण्णाणी कम्मं" आदि गाथा को उद्धृत किया गया है।[3]

२१. **भगवती आराधना**—यह शिवार्य (आचार्य शिवकोटि) के द्वारा रची गयी है। जीवस्थान-सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में कार्मण काययोग के प्रतिपादक सूत्र (१,१,६०) की व्याख्या के प्रसंग में शंकाकार ने, केवलिसमुद्घात सहेतुक है या निर्हेतुक, इन दो विकल्पों को उठाते हुए उन दोनों की ही असम्भावना प्रकट की है। उसके अभिमत का निराकरण करते हुए धवलाकार ने कहा है कि यतिवृषभ के उपदेशानुसार क्षीणकषाय के अन्तिम समय में सब कर्मों (अघातियों) की स्थिति समान नहीं होती, इसलिए सभी केवली समुद्घात करते हुए ही मुक्ति को प्राप्त होते हैं। किन्तु जिन आचार्यों के मतानुसार लोकपूरण समुद्घातगत केवलियों में बीस संख्या का नियम है, उनके मत से उनमें कुछ समुद्घात को करते हैं और कुछ उसे नहीं भी करते हैं।

आगे प्रसंगप्राप्त कुछ अन्य शंकाओं का समाधान करते हुए उस संदर्भ में इन दो गाथाओं का उपयोग हुआ है—

छम्मासाउवसेसे उप्पण्णं जस्स केवलं णाणं।
ससमुग्घाओ सिज्झइ सेसा भज्जा समुग्घाए ॥

---

१. धवला, पु० ३, पृ० २
२. वही, पु० ८, पृ० २६४
३. देखिए धवला पु० १३, पृ० २८१ और प्रवचनसार गाथा ३-३८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

जेसिं आउसमाइं णामा-गोदाणि वेयणीयं च ।
ते अकयसमुग्घाया वच्चंतियरे समुग्घाए ।।

कुछ पाठभेद के साथ ऐसी ही ये तीन गाथाएँ भगवती-आराधना में इस प्रकार उपलब्ध होती हैं—

उक्कस्सएण छम्मासाउगसेसम्मि केवली जादा ।
वच्चंति समुग्घादं सेसा भज्जा समुग्घादे ।।२१०५।।

जेसिं आउसमाइं णामा-गोदाणि वेयणीयं च ।
ते अकयसमुग्घाया जिणा उवणमंति सेलेसिं ।।२१०६।।

जेसिं हवंति विसमाणि णामा-गोदाइं वेयणीयाणि ।
ते अकदसमुग्घादा जिणा उवणमंति सेलेसिं ।।२१०७।।

—भ० आ० २१०५-७

धवला में उद्धृत उपर्युक्त दो गाथाओं में प्रथम गाथा का और 'भगवती-आराधना' की इस २१०५वीं गाथा का अभिप्राय सर्वथा समान है । यही नहीं, इन दोनों गाथाओं का चौथा चरण (सेसा भज्जा समुग्घाए) शब्दों से भी समान है ।

धवला में उद्धृत दूसरी गाथा और 'भगवती-आराधना' की २१०६वी गाथा शब्द व अर्थ दोनों से समान है। विशेष इतना है कि चतुर्थ चरण दोनों का शब्दों से भिन्न होकर भी अर्थ की अपेक्षा समान ही है। कारण यह कि मुक्ति को प्राप्त करना और शैलेश्य (अयोगि-केवली) अवस्था को प्राप्त करना, इसमें कुछ विशेष अन्तर नहीं है ।

'भगवती आराधना' की जो तीसरी २१०७वीं गाथा है, वह धवला में उद्धृत प्रथम गाथा के और 'भ०आ०' की २१०५वीं गाथा के 'सेसा भज्जा समुग्घाए' इस चतुर्थ चरण के स्पष्टी-करण स्वरूप है।

प्रकृत में शंकाकार का अभिप्राय यह रहा है कि यतिवृषभाचार्य के उपदेशानुसार जो धवला में यह कहा गया है कि सभी केवली समुद्घातपूर्वक मुक्ति को प्राप्त करते हैं, यह व्याख्यान सूत्र के विरुद्ध है। किन्तु उपर्युक्त गाथा में जो यह कहा गया है कि छह मास आयु के शेष रह जाने पर जिनके केवलज्ञान उत्पन्न हुआ है, वे तो समुद्घात को प्राप्त करके मुक्ति को प्राप्त करते हैं, शेष के लिए कुछ नियम नहीं है—वे समुद्घात को करें और न भी करें; यह गाथोक्त अभिप्राय सूत्र के विरुद्ध नहीं है, इसलिए इस अभिप्राय को क्यों न ग्रहण किया जाय ।

इस पर धवलाकार ने कहा है कि उन गाथाओं की आगमरूपता निर्णीत नहीं है, और यदि उनकी आगमरूपता निश्चित है तो उन्हें ही ग्रहण करना चाहिए ।

उन दो गाथाओं को धवलाकार ने सम्भवतः कुछ पाठभेद के साथ 'भगवती-आराधना' से उद्धृत किया है, या फिर उससे भी प्राचीन किसी अन्य ग्रन्थ से लेकर उन्हें धवला में उद्धृत किया है ।[1]

(२) जैसा कि पीछे ध्यानशतक के प्रसंग में कहा जा चुका है, धवलाकार ने 'कर्म' अनु-

१. इस सबके लिए देखिए धवला, पु० १, पृ० ३०१-४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

योगद्वार के अन्तर्गत ध्यान की प्ररूपणा में **'भगवती-आराधना'** की १४ गाथाओं को धवला में उद्धृत किया है।

(३) **'प्रकृति'** अनुयोगद्वार में श्रुतज्ञान के पर्याय-शब्दों को स्पष्ट करते हुए धवला में **'प्रवचनीय'** के प्रसंग में 'उक्तं च' के निर्देशपूर्वक "सज्झायं कुव्वंतो" आदि तीन गाथाएँ उद्धृत की गयी हैं।[1] उनमें पूर्व की दो गाथाएँ **'भगवती-आराधना'** में १०४ व १०५ गाथासंख्या में उपलब्ध होती हैं।

पूर्व की गाथा **मूलाचार** (५-२१३) में भी उपलब्ध होती है। तीसरी **'जं अण्णाणी कम्मं'** आदि गाथा **प्रवचनसार** (३-३८) में उपलब्ध होती है।

२३. **भावप्राभृत**—जीवस्थान-चूलिका के अन्तर्गत प्रथम 'प्रकृतिसमुत्कीर्तन' चूलिका में दर्शनावरणीय के प्रसंग में जीव के ज्ञान-दर्शन लक्षण को प्रकट करते हुए धवलाकार ने आ० कुन्दकुन्द-विरचित **'भावप्राभृत'** के **'एगो मे सस्सदो अप्पा'** आदि पद्य को उद्धृत किया है।[2]

२४. **मूलाचार**—यह पीछे (पृ० ५७२ पर) कहा जा चुका है कि धवलाकार ने वट्टकेराचार्य-विरचित **मूलाचार** का उल्लेख **आचारांग** के नाम से किया है। उन्होंने ग्रन्थनामनिर्देश के बिना भी उसकी कुछ गाथाओं को यथाप्रसंग धवला में उद्धृत किया है। उनमें कछ का उल्लेख **'ध्यानशतक'** और **'भगवती आराधना'** के प्रसंग में किया जा चुका है। अन्य कुछ इस प्रकार हैं—

(१) जीवस्थान-सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार में इन्द्रिय-मार्गणा के प्रसंग में श्रोत्र आदि इन्द्रियों के आकार को प्रकट करते हुए धवला में जो **"जवणालिया मसूरी"** आदि गाथा को उद्धृत किया गया है वह कुछ पाठभेद के साथ मूलाचार में उपलब्ध होती है।[3]

(२) यहीं पर आगे कायमार्गणा के प्रसंग में निगोद जीवों की विशेषता को प्रकट करने वाली चार गाथाएँ 'उक्तं च' के निर्देशपूर्वक उद्धृत की गयी हैं। ये चारों गाथाएँ आगे मूल षट्खण्डागम में सूत्र के रूप में अवस्थित हैं।[4] उनमें तीसरी (१४७) और चौथी (१४८) ये दो गाथाएँ मूलाचार में भी उपलब्ध होती हैं।[5]

(३) वेदनाकालविधान अनुयोगद्वार में आयुकर्म की उत्कृष्ट वेदना के स्वामी की प्ररूपणा के प्रसंग में सूत्र ४,२,६,१२ की व्याख्या करते हुए धवलाकार द्वारा उसमें प्रयुक्त पदों की सफलता प्रकट की गयी है। इस प्रसंग में धवलाकार ने कहा है कि सूत्र में जो तीनों में से किसी भी वेद के साथ उत्कृष्ट आयु के बन्ध का अविरोध प्रकट किया गया है, उसमें सूत्रकार का अभिप्राय भाववेद से रहा है, क्योंकि इसके बिना स्त्रीवेद के साथ भी नारकियों की उत्कृष्ट आयु के बन्ध का प्रसंग प्राप्त होता है। किन्तु स्त्रीवेद के साथ उत्कृष्ट नरकायु का बन्ध नहीं होता है, कारण यह कि स्त्रीवेद के साथ उत्कृष्ट आयुबन्ध के स्वीकार करने

---

१. धवला, पु० १३, पृ० २८१
२. धवला, पु० ६, पृ० ६ और भावप्राभृत गाथा ५६
३. धवला, पु० १, पृ० २२६ और मूलाचार गाथा १२-५०
४. ष०ख० सूत्र २२६,२३०,२३४ और २३३ (पु० १४)
५. धवला, पु० १ पृ० २७०-७१ और मूलाचार गाथा १२-१६३ व १२-१६२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

पर "पाँचवीं पृथिवी तक सिंह और छठी पृथिवी तक स्त्रियाँ जाती हैं" इस सूत्र[1] के साथ विरोध प्राप्त होता है।[2]

वह गाथासूत्र मूलाचार (१२-११३) में उपलब्ध होता है। धवलाकार ने सूत्र के रूप में उल्लेख करके उसको महत्त्व दिया है। सम्भव है वह उसके पूर्व अन्यत्र भी कहीं रहा हो।

(४) 'कर्म' अनुयोगद्वार में प्रायश्चित्त के दस भेदों का उल्लेख करते हुए धवला में 'एत्थ गाहा' कहकर "आलोयण-पडिकमणे" आदि गाथा को उद्धृत किया गया है। यह गाथा मूलाचार में उपलब्ध होती है।[3]

(५) 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में मनुष्यगति प्रायोग्यानुपूर्वी नामकर्म के भेदों के प्ररूपक सूत्र (५,५,१२०) की व्याख्या में ऊर्ध्वकपाटच्छेदन से सम्बद्ध गणित-प्रक्रिया के प्रसंग में धवलाकार ने दो भिन्न मतों का उल्लेख करते हुए यह कहा है कि यहाँ उपदेश प्राप्त करके यही व्याख्यान सत्य है, दूसरा असत्य है; इसका निश्चय करना चाहिए। ये दोनों ही उपदेश सूत्र-सिद्ध हैं, क्योंकि आगे दोनों ही उपदेशों के आश्रय से अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गयी है।

इस पर वहाँ यह शंका की गयी है कि विरुद्ध दो अर्थों की प्ररूपणा को सूत्र कैसे कहा जा सकता है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि यह सत्य है, जो सूत्र होता है वह अविरुद्ध अर्थ का ही प्ररूपक होता है। किन्तु यह सूत्र नहीं है। सूत्र के समान होने से उसे उपचार से सूत्र स्वीकार किया गया है। इस प्रसंग में सूत्र का स्वरूप क्या है, यह पूछने पर उसके स्पष्टीकरण में वहाँ यह गाथा उद्धृत की गयी है--

सुत्तं गणधरकहियं तहेव पत्तेयबुद्धकहियं च।
सुदकेवलिणा कहियं अभिण्णदसपुव्विकहियं च॥

इसी प्रसंग में आगे धवलाकार ने कहा है कि भूतबलि भट्टारक न गणधर हैं, न प्रत्येकबुद्ध हैं, न श्रुतकेवली हैं और न अभिन्नदशपूर्वी भी हैं जिससे यह सूत्र हो सके।[4]

(६) 'बन्धन' अनुयोगद्वार में बादर-निगोद वर्गणाओं के प्रसंग में धवला में क्षीणकषाय के प्रथमादि समयों में मरनेवाले निगोद जीवों की मरणसंख्या के क्रम की प्ररूपणा की गयी है।

इस प्रसंग में वहाँ यह शंका उठायी गयी है कि वहाँ ये निगोदजीव क्यों मरते हैं। उत्तर में यह स्पष्ट किया गया है कि ध्यान के द्वारा निगोद जीवों की उत्पत्ति और स्थिति के कारणों का निरोध हो जाने से वे क्षीणकषाय के मरण को प्राप्त होते हैं। आगे वहाँ पुनः यह शंका की गयी है कि ध्यान के द्वारा अनन्तानन्त जीवराशि का विघात करनेवालों को मुक्ति कैसे प्राप्त होती है। उत्तर में कहा गया है कि वह उन्हें प्रमाद से रहित हो जाने के कारण प्राप्त होती है। साथ ही, वहाँ प्रमाद के स्वरूप को प्रकट करते हुए कहा गया है कि पाँच महाव्रतों, पाँच समितियों, तीन गुप्तियों का तथा समस्त कषायों के अभाव का नाम अप्रमाद है। आगे वहाँ

---

१. आ० पंचमि त्ति सीहा इत्थीओ जंति छट्ठिपुढवि त्ति।
गच्छंति माघवी त्ति य मच्छा मणुया य ये पावा॥—मूला० १२-१२३
२. धवला, पु० ११, पृ० ११३-१४ (ति०प० गाथा ८, ५५६-६१ भी द्रष्टव्य हैं)।
३. धवला, पु० १३, पृ० ६० और मूलाचार गा० ५-१६५
४. धवला, पु० १३, पृ० ३८१ व मूलाचार गाथा ५-८०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

हिंसा-अहिंसा का विचार करते हुए शुद्ध नय से अन्तरंग हिंसा को ही यथार्थ हिंसा सिद्ध किया गया है। इसकी पुष्टि में 'उक्तं च' कहकर वहाँ तीन गाथाओं को उद्धृत किया गया है। उनमें प्रथम गाथा **प्रवचनसार** की और आगे की दो गाथाएँ **मूलाचार** की हैं।[1]

२५. **युक्त्यनुशासन**—जीवस्थान-द्रव्यप्रमाणानुगम के प्रसंग में धवलाकार ने 'द्रव्य-प्रमाणानुगम' के शब्दार्थ पर विचार किया है। इस प्रसंग में 'द्रव्य' और 'प्रमाण' शब्दों में अनेक समासों के आश्रय से पारस्परिक सम्बन्ध का विचार करते हुए धवला में कहा गया है कि संख्या (प्रमाण) द्रव्य की एक पर्याय है, इसलिए दोनों (द्रव्य और प्रमाण) में एकता या अभेद नहीं हो सकता है। इस प्रकार उनमें भेद के रहने पर भी द्रव्य की प्ररूपणा उसके गुणों के द्वारा ही होती है, इसके बिना द्रव्य की प्ररूपणा का अन्य कोई उपाय नहीं है। इसे स्पष्ट करते हुए आगे धवला में 'उक्तं च' के निर्देशपूर्वक "**नानात्मतामप्रजहत्तदेक**" पद्य को उद्धृत किया है। यह पद्य आ० समन्तभद्र द्वारा विरचित युक्त्यनुशासन में यथास्थान अवस्थित है।[2]

२६. **लघीयस्त्रय**—उपर्युक्त द्रव्यप्रमाणानुगम में मिथ्यादृष्टियों के प्रमाणस्वरूप अनेक प्रकार के अनन्त को स्पष्ट करते हुए धवला में उनमें से गणनानन्त को अधिकृत कहा गया है। इस पर वहाँ शंका उठी है कि यदि गणनानन्त प्रकृत है तो अनन्त के नामानन्त आदि अन्य दस भेदों की प्ररूपणा यहाँ किसलिए की जा रही है। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि वह अप्रकृत के निराकरण व प्रकृत की प्ररूपणा करने, संशय का निवारण करने और तत्त्व का निश्चय करने के लिए की जा रही है। इसी प्रसंग में आगे उन्होंने यह भी कहा है कि अथवा निक्षेप से विशिष्ट अर्थ की प्ररूपणा वक्ता को उन्मार्ग से बचाती है, इसलिए निक्षेप किया जाता है। आगे 'तथा चोक्तं' ऐसी सूचना करते हुए उन्होंने "**ज्ञानप्रमाणमित्याहुः**" इत्यादि श्लोक को उद्धृत किया है। यह श्लोक भट्टाकलंकदेव-विरचित लघीयस्त्रय में उपलब्ध होता है। विशेष इतना है कि यहाँ '-मात्मादेः' के स्थान में '-मित्याहुः' और 'इष्यते' के स्थान में 'उच्यते' पाठभेद है।[3]

२७. **लोकविभाग**—जीवस्थान-कालानुगम में नोआगम-भावकाल के अन्तर्गत समय व आवली आदि के स्वरूप को प्रकट करते हुए उस प्रसंग में 'मुहूर्तानां नामानि' इस सूचना के साथ धवला में ये चार श्लोक उद्धृत किये गये हैं—

रौद्रः श्वेतश्च मैत्रश्च ततः सारभटोऽपि च।
दैत्यो वैरोचनश्चान्यो वैश्वदेवोऽभिजित्तथा॥

रोहणो बलनामा विजयो नैऋतोऽपि च।
वारुणश्चार्यमा स्युर्भाग्यः पंचदशो दिने॥

सावित्रो धुर्यसंज्ञश्च दात्रको यम एव च।
वायुर्हुताशनो भानुर्वैजयंतोऽष्टमो निशि॥

---

१. धवला, पु० १४, पृ० ८८-८९ तथा प्र०सा० गाथा ३-१७ व मूलाचार गाथा ५,१३१-३२
२. धवला, पु० ३, पृ० ६ और युक्त्यनु० ५०
३. देखिए धवला, पु० ३, पृ० १७-१८ और लघीयस्त्रय ६-२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

मित्रार्यः सिद्धसेनश्च विक्षोभो योग्य एव च ।
पुष्पदन्तः सुगन्धर्वो मुहूर्तोऽन्योऽरुणो मतः ॥

ये चारों श्लोक वर्तमान **लोकविभाग** में कुछ थोड़े से पाठभेद के साथ उपलब्ध होते हैं।[1]

सिंहसूरर्षि-विरचित यह 'लोकविभाग' धवला के बाद रचा गया है। इसका कारण यह है कि 'उक्तं चार्षे' कहकर उसमें जिनसेनाचार्य (९वीं शती) विरचित आदिपुराण के १५०-२०० श्लोकों का एक पूरा ही प्रकरण ग्रन्थ का अंग बना लिया गया है।[2]

इसके अतिरिक्त 'उक्तं च त्रिलोकसारे' इस सूचना के साथ आ० नेमिचन्द्र (११वीं शती) विरचित **त्रिलोकसार** की अनेक गाथाओं को वहाँ उद्धृत किया गया है।[3]

इस प्रकार से उपलब्ध लोकविभाग यद्यपि धवला के बाद लिखा गया है, फिर भी जैसी कि सूचना ग्रन्थकर्ता ने उसकी प्रशस्ति में की है, तदनुसार वह मुनि **सर्वनन्दी** द्वारा विरचित (शक सं० ३८०) शास्त्र के आधार से भाषा के परिवर्तनपूर्वक सिंहसूरर्षि के द्वारा रचा गया है।[4]

इससे यह सम्भावना हो सकती है कि सर्वनन्दी-विरचित उस शास्त्र में ऐसी कुछ गाथाएं आदि रही हों जिनका इस लोकविभाग में संस्कृत श्लोकों में अनुवाद कर दिया गया हो। अथवा ज्योतिषविषयक किसी अन्य प्राचीन ग्रन्थ के आधार से उन श्लोकों में प्रथमतः दिन के १५ मुहूर्तों का और तत्पश्चात् रात्रि के १५ मुहूर्तों का निर्देश कर दिया गया हो।[5]

ज्योतिष्करण्डक की मलयगिरि सूरि-विरचित वृत्ति में उन मुहूर्तों के नाम इस प्रकार निर्दिष्ट किये गये हैं—

१ रुद्र, २ श्रेयान्, ३ मित्र, ४ वायु, ५ सुपीत, ६ अभिचन्द्र, ७ महेन्द्र, ८ बलवान्, ९ पद्म, १० बहुसत्य, ११ ईशान, १२ त्वष्टा, १३ भावितात्मा, १४ वैश्रवण, १५ वारुण, १६ आनन्द, १७ विजय, १८ विश्वासन, १९ प्राजापत्य, २० उपशम, २१ गान्धर्व, २२ अग्निवैश्य, २३ शतवृषभ, २४ आतपवान्, २५ असम, २६ अरुणवान्, २७ भौम, २८ वृषभ, २९ सर्वार्थ और ३० राक्षस। प्रमाण के रूप में वहाँ **'उक्तं च जम्बूद्वीपप्रज्ञप्तौ'** इस निर्देश के साथ ये गाथाएँ उद्धृत की गयी हैं—

रुद्दे सेए मित्ते वायू पीए तहेव अभिचंदे ।
माहिंदे बलवं पम्हे बहुसच्चे चेव ईसाणे ॥
तट्ठे व भावियप्पे वेसवणे वारुणे य आणंदे ।
विजए य वीससेणे पायावच्चे तह य उवसमे य ॥

---

१. धवला, पु० ४, पृ० ३१८-१९ और लोकविभाग श्लोक ६, १९७-२००
२. देखिए लो० वि०, पृ० ८७, श्लोक ६ आदि (विशेष जानकारी के लिए लो० वि० की प्रस्तावना पृ० ३५ की तालिका भी द्रष्टव्य है।)
३. देखिए लो०वि०, पृ० ४२,७३,८६ और १०१
४. वही, पृ० २२५, श्लोक ५१-५३
५. तिलोयपण्णत्ती में ७वाँ 'ज्योतिर्लोक' नाम का एक स्वतन्त्र महाधिकार है, किन्तु वहाँ ये मुहूर्तों के नाम नहीं उपलब्ध होते हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

गंधव्व अग्गिवेसा सयसिहे आयवं च असमं च।
अणवं भोमे रिसहे सव्वट्ठे रक्खसे ईया ।।—ज्यो० क०, पृ० २७-२८

यहाँ और धवला में इन मुहूर्तनामों का जो निर्देश किया गया है, उसमें भिन्नता बहुत है।

दिवसनाम

इसी प्रसंग में आगे धवला में, पन्द्रह दिनों का पक्ष होता है, यह स्पष्ट करते हुए 'दिवसानां नामानि' सूचना के साथ यह श्लोक उद्धृत किया गया है[1]—

नन्दा भद्रा जया रिक्ता पूर्णा च नियमः क्रमात्।
देवताश्चन्द्र-सूर्येन्द्रा आकाशो धर्म एव च ।।

पूर्वोक्त **ज्योतिष्करण्डक** की वृत्ति में 'तथा चोक्तं चन्द्रप्रज्ञप्तौ' इस सूचना के साथ इन तिथियों के नाम इस प्रकार निर्दिष्ट किये गये हैं—

"नन्दा, भद्रा, जया, तुच्छा, पुण्णा पक्खस्स पन्नरसी, एवं तिगुणा तिगुणा तिहीओ" यास्तु रात्रितिथयस्तासामेतानि नामानि— ····'उक्तं च चन्द्रप्रज्ञप्तावेव'·····पन्नरस राईतिही पण्णत्ता। तं जहा—"उग्गवई भोगवई जसोमई सव्वसिद्धा सुहनामा, पुणरवि उग्गवई भोगवई जसवई सव्वसिद्धा सुहनामा। एवं तिगुणा एता तिहीओ सव्वसि राईणं" इति।[2]

ज्योतिष्करण्डक के टीकाकार मलयगिरि सूरि ने पूर्वांग व पूर्व आदि संख्याभेदों के प्रसंग में उत्पन्न मतभेदों की चर्चा करते हुए यह स्पष्ट किया है कि स्कन्दिलाचार्य की प्रवृत्ति में दुषमा-काल के प्रभाव से दुर्भिक्ष के प्रवृत्त होने पर साधुओं का पठन-गुणन आदि सब नष्ट हो गया था। पश्चात् दुर्भिक्ष के समाप्त हो जाने पर व सुभिक्ष के प्रवृत्त हो जाने पर दो संघों का मिलाप हुआ—एक वलभी में और दूसरा मथुरा में। उसमें सूत्र व अर्थ की संघटना से परस्पर में वाचनाभेद हो गया। सो ठीक भी है, क्योंकि विस्मृत सूत्र और अर्थ का स्मरण कर-करके संघटना करने पर अवश्य ही वाचनाभेद होने वाला है, इसमें अनुपपत्ति (असंगति) नहीं है। इस प्रकार इस समय जो **अनुयोगद्वार** आदि प्रवर्तमान हैं वे माथुर वाचना का अनुसरण करने वाले हैं तथा **ज्योतिष्करण्डक** सूत्र के कर्ता आचार्य वलभी-वाचना के अनुयायी रहे हैं। इस कारण इसमें जो संख्यास्थानों का प्रतिपादन किया गया है वह वलभीवाचना के अनुसार हैं, इसलिए **अनुयोगद्वार** में प्रतिपादित संख्यास्थानों के साथ विषमता को देखकर घृणा नहीं करनी चाहिए।[3]

मलयगिरि सूरि के इस स्पष्टीकरण को केवल संख्याभेदों के विषय में ही नहीं समझना चाहिए। यही परिस्थिति अन्य मतभेदों के विषय में भी रह सकती है।

२८. विशेषावश्यक भाष्य—यह भाष्य जिनभद्र क्षमाश्रमण (७वीं शती) के द्वारा आवश्यक सूत्र के प्रथम अध्ययनस्वरूप 'सामायिक' पर लिखा गया है। इसमें आ० भद्रबाहु (द्वितीय) द्वारा उस 'सामायिक' अध्ययन पर निर्मित निर्युक्तियों की विशेष व्याख्या की गयी है।

---

१. धवला, पु० ४, पृ० ३१६
२. ज्यो०क० मलय० वृत्ति गा० १०३-४, पृ० ६१
३. देखिए ज्योतिष्क० मलय० वृत्ति २-७१, पृ० ४१

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

'कृति' अनुयोगद्वार में बीजबुद्धि ऋद्धि की प्ररूपणा के प्रसंग में धवला में एक यह शंका उठाई गयी है कि यदि श्रुतज्ञानी का विषय 'अनन्त' संख्या है तो 'परिकर्म' में जो चतुर्दशपूर्वी का 'उत्कृष्ट संख्यात' विषय कहा गया है वह कैसे घटित होगा। इसके उत्तर में वहाँ कहा गया है कि वह उत्कृष्ट संख्यात को ही जानता है, ऐसा 'परिकर्म' में नियम निर्धारित नहीं किया गया है।

इस प्रसंग में शंकाकार ने कहा है कि श्रुतज्ञान समस्त पदार्थों को नहीं जानता है, क्योंकि ऐसा वचन है[1]—

पण्णवणिज्जा भावा अणंतभागो दु अणभिलप्पाणं।
पण्णवणिज्जाणं पुण अणंतभागो सुदणिबद्धो॥

इस प्रकार से शंका के रूप में उद्धृत यह गाथा **विशेषावश्यक भाष्य** में १४१ गाथासंख्या के रूप में उपलब्ध होती है। गो० जीवकाण्ड में भी वह गाथासंख्या ३३४ के रूप में उपलब्ध होती है, पर वहाँ उसे सम्भवतः धवला से ही लेकर ग्रन्थ का अंग बनाया गया है।

२९. **सन्मतिसूत्र**—इसके विषय में पीछे (पृ० ५९९ पर) 'ग्रन्थोल्लेख' के प्रसंग में पर्याप्त विचार किया जा चुका है। प्रसंगवश धवला में नामनिर्देश के बिना भी उसकी जो गाथाएँ उद्धृत की गयी हैं उनका भी उल्लेख वहाँ किया जा चुका है।

३०. **सर्वार्थसिद्धि**—जीवस्थान-कालानुगम में मिथ्यादृष्टियों के उत्कृष्ट कालप्रमाण के प्ररूपक सूत्र (१,५,४) में निर्दिष्ट अर्धपुद्गलपरिवर्तनकाल को स्पष्ट करते हुए धवला में पाँच परिवर्तनों के स्वरूप को प्रकट किया गया है। इस प्रसंग में वहाँ द्रव्यपरिवर्तन के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए यह कहा गया है कि सब जीवों ने अतीत काल में सब जीवराशि से अनन्तगुणे पुद्गलों के अनन्तवें भाग ही भोगकर छोड़ा है। कारण यह कि अभव्य जीवों से अनन्तगुणे और सिद्धों के अनन्तवें भाग से गुणित अतीत काल मात्र सब जीवराशि के समान भोग करके छोड़े गये पुद्गलों का प्रमाण पाया जाता है।

(१) इस पर वहाँ यह शंका की गयी है कि समस्त जीवों ने अतीत काल में उक्त प्रकार से सब पुद्गलों के अनन्तवें भाग को ही भोगकर छोड़ा है और शेष अनन्त बहुभाग अभुक्त रूप में विद्यमान है तो ऐसी स्थिति के होने पर—"जीव ने एक-एक करके सब पुद्गलों को अनन्तवार भोगकर छोड़ा है।[2]" इस सूत्रगाथा के साथ विरोध क्यों न होगा। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि उक्त गाथासूत्र के साथ कुछ विरोध नहीं होगा, क्योंकि उस गाथा-सूत्र में प्रयुक्त 'सर्व' शब्द 'सबके एकदेश' रूप अर्थ में प्रवृत्त है, न कि 'सामस्त्य' रूप अर्थ में। जैसे 'सारा गाँव जल गया' इत्यादि वाक्यों में 'सारा' शब्द का प्रयोग गाँव आदि के एकदेश में देखा जाता है।[3]

आगे इसी प्रसंग में क्रम से क्षेत्र, काल, भव और भाव-परिवर्तनों की प्ररूपणा करने की

---

१. देखिए धवला, पु० ९, पृ० ५६-५७
२. देखिए स०सि० २-१० (वहाँ 'एगे' स्थान में 'कमसो'; 'हु' के स्थान में 'य' और 'असइं' के स्थान में 'अच्छइ' पाठ है।
३. देखिए धवला, पु० ४, पृ० ३२६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

सूचना करते हुए धवला में 'तेसिं गाहाओ' ऐसा कहकर अन्य कुछ गाथाओं को उद्धृत किया गया है।

ये गाथाएँ **सर्वार्थसिद्धि** में 'उक्तं च' के साथ उद्धृत की गयी हैं।[1]

(२) **वर्गणाखण्ड** के अन्तर्गत 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में 'एकक्षेत्र' अवधिज्ञान की प्ररूपणा के प्रसंग में क्षण-लव आदि कालभेदों की प्ररूपणा करते हुए धवला में 'वुत्तं च' कहकर "**पुव्वस्स दु परिमाणं**" इत्यादि एक गाथा को उद्धृत किया गया है। यह गाथा **सर्वार्थसिद्धि** में 'तस्याश्च (स्थितेश्च) सम्बन्धे गाथां पठन्ति' ऐसी सूचना करते हुए उद्धृत की गयी है।[2]

उक्त गाथा 'बृहत्संग्रहिणी (३१६), ज्योतिष्करण्डक (६३) और जीवसमास (११३) में भी कुछ पाठभेद के साथ उपलब्ध होती है।

३१. **सौन्दरानन्द महाकाव्य**—जीवस्थान-चूलिका के अन्तर्गत 'गति-आगति' चूलिका (९) में भवनवासी आदि देवों में से आकर मनुष्यों में उत्पन्न हुए मनुष्य कितने गुणों को उत्पन्न कर सकते हैं, इसे स्पष्ट करते हुए उस प्रसंग में "**दीपो यथा निर्वृतिमभ्युपेतो**" आदि दो पद्यों को धवला में उद्धृत करके यह कहा गया है कि इस प्रकार स्वरूप के विनाश को जो बौद्धों ने मोक्ष माना है, उनके मत के निरासार्थ सूत्र (९,९-९,२३३) में 'सिद्ध्यन्ति' ऐसा कहा गया है।

ये दोनों पद्य **सौन्दरानन्द महाकाव्य** में पाये जाते हैं। विशेष इतना है कि वहाँ 'जीवस्तथा' के स्थान में 'एवं कृती' पाठभेद है।[3]

३२. **स्थानांग**—जीवस्थान-सत्प्ररूपणा में प्रसंगप्राप्त गति-इन्द्रियादि मार्गणाओं के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए धवला में योग के स्वरूप का निर्देश तीन प्रकार से किया गया है और अन्त में 'उक्तं च' कहकर इस गाथा को उद्धृत किया गया है[4]—

मणसा वचसा काएण वापि जुत्तस्स विरियपरिणामो।
जीवस्सप्पणियोओ जोगो त्ति जिणेहि णिद्दिट्ठो॥

यह गाथा कुछ थोड़े से परिवर्तन के साथ **स्थानांग** में इस प्रकार उपलब्ध होती है—

मणसा वयसा काएण वावि जुत्तस्स विरियपरिणामो।
जीवस्स अप्पणिज्जो स जोगसन्नो जिणक्खाओ॥[5]

उक्त दोनों गाथाएँ शब्द व अर्थ से प्रायः समान हैं। उनमें जो थोड़ा सा शब्द-परिवर्तन हुआ है वह लिपिदोष से भी सम्भव है। जैसे—'चावि' व 'वावि' तथा 'प्पणियोओ' व 'अप्पणिज्जो'।

३३. **स्वयम्भूस्तोत्र**—'कृति' अनुयोगद्वार में नयप्ररूपणा का उपसंहार करते हुए धवला में कहा गया है कि ये सभी नय वस्तुस्वरूप का एकान्तरूप में अवधारण न करने पर सम्यग्दृष्टि—समीचीन नय—होते हैं, क्योंकि वैसी अवस्था में उनके द्वारा प्रतिपक्ष का निराकरण नहीं किया जाता है। इसके विपरीत वे ही दुराग्रहपूर्वक वस्तु का अवधारण करने पर मिथ्यादृष्टि

---

१. देखिए धवला, पु० ४, पृ० ३३३ और स०सि० २-१०
२. देखिए धवला, पु० १३, पृ० ३०० और स०सि० ३-३१
३. देखिए धवला, पु० ६, पृ० ४९७ और सौन्दरा० १६, २८-२९
४. देखिए धवला, पु० १, पृ० १४०
५. स्थानांग, पृ० १०१

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

(दुर्नय) होते हैं—ऐसा कहते हुए वहाँ 'अत्रोपयोगिनः श्लोकाः' निर्देश करके तीन श्लोकों को उद्धृत किया गया है। उनमें प्रथम दो श्लोक समन्तभद्राचार्य-विरचित **'स्वयम्भूस्तोत्र'** में और तीसरा उन्हीं के द्वारा विरचित 'आप्तमीमांसा' में उपलब्ध होता है। यहाँ धवला में उन्हें विपरीत क्रम से उद्धृत किया गया है।[1]

३४. हरिवंशपुराण—पूर्वोक्त 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में उन्हीं कालभेदों की प्ररूपणा करते हुए आगे धवला में कहा गया है कि एक 'पूर्व' के प्रमाण वर्षों को स्थापित करके उन्हें एक लाख से गुणित चौरासी के वर्ग से गुणित करने पर 'पर्व' का प्रमाण होता है। इसी प्रसंग में आगे कहा गया है कि असंख्यात वर्षों का पल्योपम होता है।

पल्य-विचार

इसी प्रसंग में आगे शंकाकार ने **"योजनं विस्तृतं पल्यं"** इत्यादि दो श्लोकों को उद्धृत करते हुए यह कहा है कि इस वचन के अनुसार संख्यात वर्षों का भी व्यवहार-पल्य होता है, उसे यहाँ क्यों नहीं ग्रहण किया जाता है। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि उक्त वचन में जो 'वर्षशत' शब्द है वह विपुलता का वाचक है, इससे उसका अभिप्राय यह है कि असंख्यात सौ वर्षों के बीतने पर एक-एक रोम के निकालने से असंख्यात वर्षों का ही पल्योपम होता है।

यहाँ धवला में जो उक्त दो श्लोक उद्धृत किये गये हैं वे उसी अभिप्राय के प्ररूपक पुन्नाटकसंघीय आ० जिनसेन-विरचित हरिवंशपुराण के "प्रमाणयोजनव्यास-" इत्यादि तीन श्लोकों के समान हैं।[2]

हरिवंशपुराणगत वे तीन श्लोक धवला में उद्धृत उक्त दो श्लोकों से अधिक विकसित हैं। जैसे— उन दो श्लोकों में सामान्य से 'योजन' शब्द का उपयोग किया गया है तथा परिधि के प्रमाण का वहाँ कुछ निर्देश नहीं किया गया है, जब कि हरिवंशपुराण के उन श्लोकों में विशेष रूप से प्रमाण योजन का उपयोग किया गया है तथा परिधि के प्रमाण का भी उल्लेख किया गया है।

इससे ऐसा प्रतीत होता है कि धवलाकार के सामने लोकस्वरूप का प्ररूपक कोई प्राचीन ग्रन्थ रहा है। उसी से सम्भवतः उन्होंने उन दो श्लोकों को उद्धृत किया है।

सर्वार्थसिद्धि में प्रसंगवश पल्य की प्ररूपणा करते हुए उसके ये तीन भेद निर्दिष्ट किये हैं— व्यवहारपल्य, उद्धारपल्य और अद्धापल्य। वहाँ इन तीन पल्यों और उनसे निष्पन्न होने वाले व्यवहार-पल्योपम, उद्धार-पल्योपम और अद्धापल्योपम के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उनके प्रयोजन को भी प्रकट किया गया है।[3] अन्त में वहाँ 'उक्तं च संग्रहगाथा' इस सूचना के साथ यह एक गाथा उद्धृत की गयी है[4]—

---

१. देखिए धवला, पु० ६, पृ० १८२ और स्वयम्भूस्तोत्र श्लोक ६२,६१ तथा आप्तमीमांसा श्लोक १०८

२. देखिए धवला, पु० १३, पृ० ३०० और ह०पु० श्लोक ७,४७-४६

३. ऐसी कुछ विशेषता हरिवंशपुराण में दृष्टिगोचर नहीं होती।

४. देखिए स०सि० ३-३८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

ववहारुद्धारद्धा पल्ला तिण्णेव होंति बोद्धव्वा ।
संखादी च समुद्दा कम्मट्ठिदि वण्णिदा तदिये ।।—स० सि० ३-३८

यह गाथा प्रायः इसी रूप में जम्बूदीवपण्णत्ती में उपलब्ध होती है (देखिए ज०दी०गा० १३-३६)। यहाँ 'बोद्धव्वा' के स्थान में उसका समानार्थक 'णायव्वा' शब्द है। तीसरा पाद यहाँ 'संखादीव-समुद्दा' ऐसा है। सर्वार्थसिद्धि में उसके स्थान में जो 'संखादी च समुद्दा' ऐसा पाठ उपलब्ध होता है वह निश्चित ही अशुद्ध हो गया प्रतीत होता है, क्योंकि 'च' और 'व' की लिखावट में विशेष अन्तर नहीं है। इस प्रकार स०सि० में सम्भवतः 'संखादी च समुद्दा' के स्थान में 'संखादीव-समुद्दा' ऐसा ही पाठ रहा है, ऐसा प्रतीत होता है।

इसी अभिप्राय की प्ररूपक एक गाथा तिलोयपण्णत्ती में इस प्रकार उपलब्ध होती है—

ववहारुद्धारद्धा तियपल्ला पढमयम्मि संखाओ ।
विदिए दीव-समुद्दा तदिए मिज्जेदि कम्मठिदी ।।१-१४।।

इस परिस्थिति को देखते हुए यह निश्चित प्रतीत होता है कि इन ग्रन्थों के पूर्व लोकानुयोग विषयक दो-चार प्राचीन ग्रन्थ अवश्य रहने चाहिए, जिनके आधार से इन ग्रन्थों में विविध प्रकार से लोक की प्ररूपणा की गयी है।

तिलोयपण्णत्ती में अनेक बार ऐसे कुछ ग्रन्थों का उल्लेख भी किया गया है। यथा—

मग्गायणी (४-१९८२), लोकविनिश्चय (४-१८६६ आदि), लोकविभाग (१-२८२ व ४-२४४८ आदि), लोकायनी (८-५३०), लोकायिनी (४-२४४४), सग्गायणी (४-२१७), संगाइणी (४-२४४८), संगायणी (८-२७२), संगाहणी (८-३८७) और संगोयणी (४-२१६)।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

ग्रन्थकारोल्लेख

धवलाकार ने जिस प्रकार अपनी इस विशाल धवला टीका में कुछ ग्रन्थों के नामों का उल्लेख करते हुए उनके अवतरणवाक्यों को लिया है तथा जैसा कि ऊपर के विवेचन से स्पष्ट हो चुका है, ग्रन्थनामनिर्देश के बिना भी उन्होंने प्रचुर ग्रन्थों के अन्तर्गत बहुत-सी गाथाओं व श्लोकों आदि को इस टीका में उद्धृत किया है, उसी प्रकार कुछ ग्रन्थकारों के भी नाम का निर्देश करते हुए उन्होंने उनके द्वारा विरचित ग्रन्थों से प्रसंगानुरूप गाथाओं आदि को लेकर धवला में उद्धृत किया है। कहीं-कहीं उन्होंने मतभेद के प्रसंग में भी किसी किसी ग्रन्थकार के नाम का उल्लेख किया है। यथा—

१. **आर्यनन्दी**—महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के अन्तर्गत चौबीस अनुयोगद्वारों में अन्तिम 'अल्पबहुत्व' अनुयोगद्वार है। वहाँ 'कर्मस्थिति' अनुयोगद्वार के आश्रय से धवलाकार ने कहा है कि **महावाचक आर्यनन्दी** 'कर्मस्थिति' अनुयोगद्वार में सत्कर्म को करते हैं।[1] इसका अभिप्राय यह दिखता है कि आर्यनन्दी के मतानुसार २२वें 'कर्मस्थिति' अनुयोगद्वार में सत्कर्म की प्ररूपणा की गयी है।

इसके पूर्व उस 'कर्मस्थिति' अनुयोगद्वार के प्रसंग में धवला में यह कहा गया है कि यहाँ दो उपदेश हैं—**नागहस्ती क्षमाश्रमण** जघन्य और उत्कृष्ट स्थितियों के प्रमाण की प्ररूपणा को कर्मस्थिति प्ररूपणा कहते हैं, किन्तु **आर्यमंक्षु क्षमाश्रमण** कर्मस्थितिसंचित सत्कर्म की प्ररूपणा को कर्मस्थिति प्ररूपणा कहते हैं।[2]

इन दो उल्लेखों में से प्रथम में जिस सत्कर्म की प्ररूपणा का अभिमत आर्यनन्दी का कहा गया है, उसी सत्कर्म की प्ररूपणा का अभिमत दूसरे उल्लेख में आर्यमंक्षु का कहा गया है।

इससे यह सन्देह उत्पन्न होता है कि क्या आर्यनन्दी और आर्यमंक्षु दोनों एक ही हैं या भिन्न हैं।

धवला में आगे आर्यनन्दी का दूसरी बार उल्लेख आर्यमंक्षु के साथ इस प्रकार हुआ है—

"महावाचयाणमज्जमंखुखमणाणमुवदेसेण लोगे पुण्णे आउसमं करेदि। महावाचयाण-

---

१. कम्मट्ठिदि अणियोगद्दारे तत्थ महावाचया अज्जणंदिणो संतकम्मं करेंति। महावाचया (?) पुण ट्ठिदिसंतकम्मं पयासंति।—धवला, पु० १६, पृ० ५७७

२. ·····जहण्णुक्कस्सट्ठिदीणं पमाणपरूवणा कम्मट्ठिदिपरूवणे त्ति णागहत्थिखमासमणा भणंति। अज्जमंखुखमासमणा पुण कम्मट्ठिदिसंचिदसंतकम्मपरूवणा कम्मट्ठिदिपरूवणे त्ति भणंति।—धवला, पु० १६, पृ० ५१८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अज्जमंखूणं उपदेसेण अंतोमुहुत्तं ट्ठवेदि संखेज्जगुणमाउआदो।"—पु० १६, पृ० ५७८

इसका अभिप्राय यह है कि आर्यमंक्षु के मतानुसार, लोकपूरणसमुद्घात के होने पर चार अघातिया कर्मों की स्थिति आयु के समान अन्तर्मुहूर्त प्रमाण हो जाती है। किन्तु आर्यनन्दी के मतानुसार, तीन अघातिया कर्मों की स्थिति अन्तर्मुहूर्त होकर भी वह आयु से संख्यातगुणी होती है।

जैसाकि जयधवला, भाग १ की प्रस्तावना (पृ० ४३) में जयधवला का उद्धरण देते हुए स्पष्ट किया गया है, तदनुसार उपर्युक्त आर्यनन्दी का वह मत महावाचक नागहस्ती के समान ठहरता है। यह सब चिन्तनीय है।

आर्यनन्दी कब और कहाँ हुए हैं, उनके दीक्षा-गुरु और विद्यागुरु कौन थे, तथा उन्होंने किन ग्रन्थों की रचना की है; इत्यादि बातों के सम्बन्ध में कुछ भी जानकारी प्राप्त नहीं है।

देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण (वि०सं० ५२३ के आसपास) विरचित नन्दिसूत्र स्थविरावली में आर्यनन्दिल क्षपण का उल्लेख आर्यमंक्षु के शिष्य के रूप में किया गया है।[1] क्या आर्यनन्दी और आर्यनन्दिल एक हो सकते हैं? यह अन्वेषणीय है।

२. **आर्यमंक्षु और नागहस्ती**—ये दोनों आचार्य विशिष्ट श्रुत के धारक रहे हैं। कषाय-प्राभृत के उद्गम को प्रकट करते हुए जयधवला में कहा गया है कि श्रुत के उत्तरोत्तर क्षीण होने पर अंग-पूर्वों का एकदेश ही आचार्य-परम्परा से आकर गुणधर आचार्य को प्राप्त हुआ। ये गुणधर भट्टारक पाँचवें ज्ञानप्रवाद पूर्व के 'वस्तु' नामक दसवें अधिकार के अन्तर्गत बीस प्राभृतों में तीसरे कषायप्राभृत के पारंगत थे। उन्होंने प्रवचनवत्सलता के वश ग्रन्थव्युच्छेद के भय से प्रेयोद्वेषप्राभृत (कषायप्राभृत) का, जो ग्रन्थप्रमाण में सोलह हजार पदप्रमाण था, केवल एक सौ अस्सी गाथाओं में उपसंहार किया। ये ही सूत्रगाथाएँ आचार्य-परम्परा से आकर आर्यमंक्षु और नागहस्ती को प्राप्त हुईं। इन दोनों ही के पादमूल में गुणधर आचार्य के मुख-कमल से निकली हुई उन एक सौ अस्सी गाथाओं के अर्थ को भली-भाँति सुनकर यतिवृषभ भट्टारक ने चूर्णिसूत्रों को रचा।[2]

लगभग इसी अभिप्राय को धवला में भी अनुभाग-संक्रम के प्रसंग में इस प्रकार व्यक्त किया गया है—

"·····एसो अत्थो विउलगिरिमत्थयत्थेण पच्चक्खीकयतिकालगोयरछदव्वेण वड्ढमाण-भडारएण गोदमथेरस्स कहिदो। पुणो सो वि अत्थो आइरियपरंपराए आगंतूण गुणहरभडारयं संपत्तो। पुणो तत्तो आइरियपरंपराए आगंतूण अज्जमंखु-णागहत्थिभडारयाणं मूलं पत्तो। पुणो तेहि दोहि वि कमेण जदिवसहभडारस्स वक्खाणिदो। तेण वि अणुभागसंकमे सिस्साणुग्गहट्ठं

---

१. यहाँ 'आर्यमंक्षु' के स्थान में 'आर्यमंगु' नाम है। यथा—
भणगं करगं झरगं पभावगं णाण-दंसणगुणाणं।
वंदामि अज्जमंगुं सुय-सायर-पारगं धीरं॥—न०सू० २८
णाणम्मि दंसणंमि य तव विणए णिच्चकालमुज्जुत्तं।
अज्जाणंदिलखमणं सिरसा वंदे पसण्णमणं॥—न०सू० २९

२. देखिए जयधवला १, पृ० ८७-८८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

चुण्णिसुत्ते लिहिदो । तेण जाणिज्जदि जहा सव्वट्ठ कुव्वंकाणं विच्चालेसु धादट्ठाणाणि णत्थित्ति ।
—पु० १३, पृ० २३१-३२

जयधवला में भी उपर्युक्त अनुभागसंक्रम के ही प्रसंग में उसी प्रकार की शंका उठायी गयी है व उसके समाधान में धवला के समान ही उपर्युक्त अभिप्राय को प्रायः उन्हीं शब्दों में प्रकट किया गया है ।[1]

विशेषता यह रही है कि धवला में जहाँ प्रसंगप्राप्त उस शंका के समाधान में 'वह कषाय-प्राभृत के अनुभागसंक्रमसूत्र के व्याख्यान से जाना जाता है' यह कहकर उस प्रसंग को उद्धृत करते हुए उपर्युक्त अभिप्राय को प्रकट किया गया है वहाँ जयधवला में 'वह इस दिव्यध्वनि-रूप किरण से जाना जाता है' यह कहकर उसी अभिप्राय को प्रकट किया गया है ।

इस विवेचन से यह स्पष्ट है कि गुणधर भट्टारक ने सोलह हजार पद प्रमाण प्रेयोद्वेष-प्राभृत (कषायप्राभृत) का जिन १८० गाथासूत्रों में उपसंहार किया था, गम्भीर व अपरिमित अर्थ से गर्भित उन गाथासूत्रों के मर्म को समझकर आर्यमंक्षु और नागहस्ती ने उनका व्याख्यान यतिवृषभाचार्य को किया था ।

इससे आर्यमंक्षु और नागहस्ती इन दोनों आचार्यों के महान् श्रुतधर होने में कुछ सन्देह नहीं रहता । विशिष्ट श्रुतधर होने के कारण ही धवला और जयधवला में उनका उल्लेख **क्षमाश्रमण, क्षमण** और **महावाचक** जैसी अपरिमित पाण्डित्य की सूचक उपाधियों के साथ किया गया है ।

कषायप्राभृत की टीका 'जयधवला' को प्रारम्भ करते हुए वीरसेनाचार्य ने आर्यमंक्षु और नागहस्ती के साथ वृत्ति-सूत्रकर्ता यतिवृषभ का भी स्मरण करके उनसे वर देने की प्रार्थना की है ।[2]

श्वेताम्बर सम्प्रदाय में उल्लेख

जैसाकि पीछे 'आर्यनन्दी' के प्रसंग में कुछ संकेत किया जा चुका है, इन दोनों लब्ध-प्रतिष्ठ आचार्यों को श्वेताम्बर सम्प्रदाय में भी महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है ।

नन्दिसूत्र की स्थविरावली में आचार्य आर्यमंगु (आर्यमंक्षु) को सूत्रार्थ के व्याख्याता, साधु के योग्य क्रियाकाण्ड के अनुष्ठाता, विशिष्ट ध्यान के ध्याता और ज्ञान-दर्शन के प्रभावक कहकर श्रुत-समुद्र के पारगामी कहा गया है व उनकी वन्दना की गयी है ।[3]

---

१. वही, भाग ५, पृ० ३८७-८८

२. गुणहर-वयण-विणिग्गयगाहाणत्थोऽवहारियो सव्वो ।
जेणज्जमंखुणा सो सणागहत्थी वरं देऊ ।।
जो अज्जमंखुसीसो अंतेवासी वि णागहत्थिस्स ।
सो वित्तिसुत्तकत्ता जइवसहो मे वरं देऊ ।।—मंगल के पश्चात् गा० ७-८
(यह स्मरणीय है कि यतिवृषभाचार्य ने स्वयं चूर्णिसूत्रों में या अन्यत्र भी कहीं इन दोनों आचार्यों का उल्लेख नहीं किया है ।)

३. भणगं करगं झरगं पहावगं णाण-दंसणगुणाणं ।
वंदामि अज्जमंगुं सुय-सायरपारगं धीरं ।।—गा० २८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इसी प्रकार वहाँ आचार्य नागहस्ती के विषय में भी कहा गया है कि वे व्याकरण में कुशल होकर पिण्डशुद्धि, समिति, भावना, प्रतिमा, इन्द्रियनिरोध, प्रतिलेखन और गुप्ति आदि अभिग्रहस्वरूप करण के ज्ञाता एवं कर्मप्रकृतियों के प्रमुख व्याख्याता थे। इस प्रकार उनके महत्त्व को प्रकट करते हुए उनके वाचकवंश की वृद्धि की प्रार्थना की गयी है।[1]

इस स्थविरावली में आर्यमंगु के उल्लेख के पूर्व में क्षोभ से रहित समुद्र के समान आर्यसमुद्र की वन्दना की गयी है (गाथा २७)।

इससे यह ध्वनित होता है कि आर्यमंगु आर्यसमुद्र के शिष्य रहे हैं।

इसी प्रकार वहाँ नागहस्ती के उल्लेख के पूर्व में ज्ञान व दर्शन आदि में निरन्तर उद्युक्त रहनेवाले आर्यनन्दिल क्षमण की वन्दना की गयी है (गा० २९)।

इससे यह प्रकट होता है कि नागहस्ती आर्यनन्दिल के शिष्य रहे हैं।

हरिभद्रसूरि-विरचित वृत्ति में स्पष्टतया आर्यनन्दिल को आर्यमंगु का शिष्य और नागहस्ती को आर्यनन्दिल का शिष्य कहा गया है।[2]

इस स्थविरावली के अनुसार इनमें गुरु-शिष्य-परम्परा इस प्रकार फलित होती है—

१. आर्यसमुद्र
२. आर्यमंगु
३. आर्यनन्दिल
४. आर्यनागहस्ती

इस गुरु-शिष्य परम्परा में यह एक बाधा उपस्थित होती है कि जयधवला के अनुसार आचार्य गुणधर ने कषायप्राभृत के उपसंहारस्वरूप जिन १८० गाथाओं को रचा था वे आचार्य-परम्परा से आकर आर्यमंक्षु और नागहस्ती को प्राप्त हुईं तथा उन दोनों ने यतिवृषभ को उनके गम्भीर अर्थ का व्याख्यान किया। ये यतिवृषभ आर्यमंक्षु के शिष्य और नागहस्ती के अन्तेवासी रहे हैं।[3]

इस प्रकार यहाँ आर्यमंक्षु और नागहस्ती को समान समयवर्ती और यतिवृषभ के गुरु कहा गया है। इसकी संगति उक्त गुरु-शिष्य-परम्परा से नहीं बैठती है, क्योंकि उक्त गुरु-शिष्य-परम्परा के अनुसार नागहस्ती आर्यमंक्षु के प्रशिष्य ठहरते हैं, इससे उन दोनों के मध्य में समय का कुछ अन्तर अवश्यंभावी हो जाता है।

इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार में यह कहा गया है कि गुणधर मुनीन्द्र ने एक सौ तेरासी (?) मूल गाथासूत्रों और तिरेपन विवरण-गाथाओं की कषायप्राभृत, अपरनाम प्रेयोद्वेषप्राभृत, के नाम से रचना की व उन्हें पन्द्रह महाधिकारों में विभक्त कर उन्होंने उनका व्याख्यान नागहस्ती और आर्यमंक्षु के लिए किया। यतिवृषभ ने उन दोनों के पास उन गाथासूत्रों को पढ़कर उनके ऊपर

---

१. वड्ढउ वायगवंसो जसवंसो अज्जणागहत्थीणं।
वागरण-करणभंगिय कम्मप्पयडीपहाणाणं ॥—गा० ३०

२. आर्यमंगुशिष्यं आर्यनन्दिलक्षपणं शिरसा वन्दे। × × × आर्यनन्दिलक्षपणशिष्याणां आर्यनागहस्तीनां·····।—हरि० वृत्ति०

३. देखिए जयधवला १, मंगल के पश्चात् गा० ७-८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

वृत्तिसूत्रों के रूप में छह हजार प्रमाण चूर्णिसूत्रों को रचा।[1]

इस श्रुतावतार के उल्लेख से भी आर्यमंक्षु और नागहस्ती, ये दोनों समकालीन ही सिद्ध होते हैं।

यहाँ श्रुतावतार में जो यह कहा गया है कि गुणधर ने इन गाथासूत्रों का व्याख्यान नागहस्ती और आर्यमंक्षु के लिए किया, यह अवश्य विचारणीय है; क्योंकि धवला और जयधवला दोनों में ही यह स्पष्ट कहा गया है कि वे गाथासूत्र उन दोनों को गुणधर के पास से आचार्य-परम्परा से आते हुए प्राप्त हुए थे। इससे इन्द्रनन्दी के कथनानुसार जहाँ वे दोनों गुणधर के समकालीन सिद्ध होते हैं वहाँ धवला और जयधवला के कर्ता वीरसेन स्वामी के उपर्युक्त उल्लेख के अनुसार वे गुणधर के कुछ समय बाद हुए प्रतीत होते हैं। इससे इन्द्रनन्दी के उक्त कथन में कहाँ तक प्रामाणिकता है, यह विचारणीय हो जाता है।

इसी प्रकार इन्द्रनन्दी ने कषायप्राभृतगत उन गाथाओं की संख्या १८३ कही है जब कि स्वयं गुणधराचार्य उनकी संख्या का निर्देश १८० कर रहे हैं।[2]

समय की समस्या

ऊपर जो कुछ विचार प्रकट किया गया है, उससे आचार्य गुणधर, आर्यमंक्षु, नागहस्ती और यतिवृषभ के समय की समस्या सुलझती नहीं है। उनके समय के सम्बन्ध में विद्वानों द्वारा जो विचार किया गया है उसके लिए कषायप्राभृत (जयधवला) प्रथम भाग की प्रस्तावना (पृ० ३८-५४) देखनी चाहिए।

धवला और जयधवला में उनका उल्लेख

(१) कृति-वेदनादि २४ अनुयोगद्वारों में से दसवें उदयानुयोगद्वार में भुजाकार प्रदेशोदय की प्ररूपणा करते हुए धवला में एक जीव की अपेक्षा काल की प्ररूपणा के अन्त में यह सूचना की गयी है कि यह नागहस्ती श्रमण का उपदेश है। यथा—

एसुवदेसो णागहत्थिखमणाणं।—पु० १५, पृ० ३२७

ठीक इसके आगे 'अण्णेण उवएसेण' ऐसी सूचना करते हुए उसकी प्ररूपणा प्रकारान्तर से पुनः की गयी है।

यह अन्य उपदेश किस आचार्य का रहा है; इसकी सूचना धवला में नहीं की गयी है। सम्भव है वह आर्यमंक्षु क्षमाश्रमण का रहा हो।

(२) उक्त २४ अनुयोगद्वारों में २२वाँ 'कर्मस्थिति' अनुयोगद्वार है। वहाँ धवलाकार ने कहा है कि इस विषय में दो उपदेश हैं—१. नागहस्ती क्षमाश्रमण जघन्य और उत्कृष्ट स्थितियों के प्रमाण की प्ररूपणा को 'कर्मस्थिति प्ररूपणा' कहते हैं, २. पर आर्यमंक्षु क्षमाश्रमण कर्मस्थिति में संचित सत्कर्म की प्ररूपणा को 'कर्मस्थिति प्ररूपणा' कहते हैं।

इतना स्पष्ट करके आगे वहाँ यह सूचना कर दी गयी है कि इस प्रकार इन दो उपदेशों के

---

१. इ० श्रुतावतार १५२-५६

२. गाहासदे असीदे अत्थे पण्णरसधा विहत्तम्मि।
बोच्छामि सुत्तगाहा जयि गाहा जम्मि अत्थम्मि ॥—क०पा०, गा० २

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अनुसार कर्मस्थिति की प्ररूपणा करनी चाहिए। इस सूचना के साथ ही उस 'कर्मस्थिति' अनुयोगद्वार को समाप्त कर दिया गया है।[1]

सम्भवतः धवलाकार को इसके विषय में कुछ अधिक उपदेश नहीं प्राप्त हुआ है।

(३) उन २४ अनुयोगद्वारों में अन्तिम 'अल्पबहुत्व' अनुयोगद्वार है, जिसे पिछले सभी अनुयोगद्वारों से सम्बद्ध कहा गया है।[2] इसको प्रारम्भ करते हुए धवला में कहा गया है कि **नागहस्ती भट्टारक** अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार में सत्कर्म का मार्गण करते हैं और यही उपदेश **प्रवाह्यमान—आचार्यपरम्परागत** है। इतना कहकर आगे धवला में प्रकृतिसत्कर्म व स्थितिसत्कर्म आदि की प्ररूपणा स्वामित्व व एक जीव की अपेक्षा काल आदि अनेक अवान्तर अनुयोगद्वारों में की गयी है।[3]

इसके विपरीत अन्य किसी मत का उल्लेख धवलाकार ने नहीं किया है।

(४) आगे निकाचित-अनिकाचित अनुयोगद्वार (२१) से सम्बद्ध इसी 'अल्पबहुत्व' अनुयोगद्वार के प्रसंग में धवलाकार ने **महावाचक क्षमाश्रमण** के उपदेशानुसार कषायोदयस्थान, स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान, प्रदेशउदीरक अध्यवसानस्थान, प्रदेशसंक्रमण अध्यवसानस्थान, उपशामक अध्यवसानस्थान, निधत्त अध्यवसानस्थान और निकाचन अध्यवसानस्थान—इनमें **महावाचक क्षमाश्रमण** के उपदेशानुसार अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की है।[4]

महावाचक क्षमाश्रमण से किसका अभिप्राय रहा है, यह धवला में स्पष्ट नहीं है। सम्भवतः उससे धवलाकार का अभिप्राय **नागहस्ती** से रहा है।

इसके विपरीत दूसरे किसी उपदेश के अनुसार उसकी प्ररूपणा वहाँ नहीं की गयी है। वह उपदेश कदाचित् आर्यमंक्षु का हो सकता है। जैसा कि पाठक आगे देखेंगे, आर्यमंक्षु के उपदेश की प्रायः उपेक्षा की गयी है।

(५) जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, यहीं पर आगे 'कर्मस्थिति' अनुयोगद्वार (२२) से सम्बद्ध इसी अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार में धवला में कहा गया है कि 'कर्मस्थिति' अनुयोगद्वार में **महावाचक आर्यनन्दी** सत्कर्म को करते हैं, पर **महावाचक** (?) स्थितिसत्कर्म को प्रकाशित करते हैं।

इतना कहकर आगे धवला में 'एवं कम्मट्ठिदि त्ति समत्तमणियोगद्दारं' यह सूचना करते हुए उस कर्मस्थिति से सम्बद्ध अल्पबहुत्व को समाप्त कर दिया गया है, व उसके विषय में कुछ विशेष प्रकाश नहीं डाला गया है।[5]

यहाँ भी 'महावाचक' से किसका अभिप्राय रहा है, यह स्पष्ट नहीं है।

यह सब प्ररूपणा अपूर्ण व अस्पष्ट है। इस स्थिति को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि धवलाकार को इससे सम्बन्धित व्यवस्थित अधिक उपदेश नहीं प्राप्त हुआ है।

---

१. धवला, पु० १६, पृ० ५१८

२. अग्गेणियस्स पुव्वस्स पंचमस्स वत्थुस्स·····अप्पाबहुगं च सव्वत्थ।—सूत्र ४,१,४५ (पु० ९, पृ० १३४)।

३. धवला, पु० १६, पृ० ५२२ आदि।

४. धवला, पु० १६, पृ० ५७७

५. वही, ,, ,,

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

यहाँ यह विशेष ध्यान देने योग्य है कि पूर्व में उस कर्मस्थिति के प्रसंग में **आर्यमंक्षु** के नाम से जिस मत का उल्लेख किया गया है, उसी मत का उल्लेख यहाँ **आर्यनन्दी** के नाम से किया गया है।[1] आर्यनन्दी और आर्यमंक्षु ये दो अभिन्न रहे हैं या उक्त मत के अनुयायी वे दोनों पृथक्-पृथक् रहे हैं, यह अन्वेषणीय है।

(६) यहीं पर आगे 'पश्चिमस्कन्ध' (२३) से सम्बद्ध उस अल्पबहुत्व में धवलाकार ने 'पश्चिमस्कन्ध अनुयोगद्वार में वहाँ यह मार्गणा है' इस प्रकार सूचना करते हुए आवर्जितकरण और केवलिसमुद्घात का विचार किया है। इसी प्रसंग में, वहाँ यह भी कहा गया है कि **महावाचक आर्यमंक्षु** श्रमण के उपदेशानुसार लोकपूरण समुद्घात के होने पर केवलीजिन शेष तीन अघातिया कर्मों की स्थिति को आयु के समान करते हैं। किन्तु **महावाचक आर्यनन्दी** के उपदेशानुसार शेष तीन अघातिया कर्मों की स्थिति को अन्तर्मुहूर्त प्रमाण करते हैं जो आयु से संख्यातगुणी रहती है।[2]

इस प्रकार यह आर्यनन्दी का मत आर्यमंक्षु के मत से विपरीत है।

इसके पूर्व धवला में पश्चिमस्कन्ध में जो प्ररूपणा की जा चुकी है, वही प्ररूपणा लगभग उसी रूप में यहाँ (अल्पबहुत्व में) पुनः की गयी है।[3] विशेषता यह रही कि पूर्व में की गयी उस प्ररूपणा के प्रसंग में अघातिया कर्मों की उस स्थिति के विषय में किसी प्रकार के मतभेद को नहीं प्रकट किया गया है। किन्तु उसके विषय में यहाँ उपर्युक्त आर्यमंक्षु और आर्यनन्दी के दो भिन्न मतों का उल्लेख किया गया है।

यह प्ररूपणा कषायप्राभृत के अन्तर्गत 'पश्चिमस्कन्ध' में की गयी है।[4] धवलाकार ने सम्भवतः उसी का अनुसरण किया है।[5]

कषायप्राभृतचूर्णि में की गयी उस प्ररूपणा के प्रसंग में उपर्युक्त अघातिया कर्मों की स्थिति विषयक कोई मतभेद नहीं प्रकट किया गया है। वहाँ इतना मात्र कहा गया है कि लोकपूरण

---

१. यथा—**अज्जमंखुखमासमणा** पुण कम्मट्ठिदिसंचिदसंतकम्मपरूवणा कम्मट्ठिदिपरूवणे त्ति भणंति।—धवला, पु० १६, पृ० ५१८

कम्मट्ठिदि त्ति अणियोगद्दारे एत्थ **महावाचया अज्जणंदिणो संतकम्मं करेंति**।

—धवला, पु० १६, पृ० ५७७

(सम्भवतः धवलाकार भी इन मतभेदों के विषय में असन्दिग्ध नहीं रहे, इसी से स्पष्टतया वह प्ररूपणा नहीं की जा सकी है। कहीं-कहीं इस प्रसंग में नामनिर्देश के बिना केवल 'महावाचमाणं खमासमणाणं उवदेसेण'···'महावाचया ट्ठिदिसंतकम्मं पयासंति' इन उपाधि-परक पदों का ही प्रयोग किया है, जब कि आर्यनन्दी, आर्यमंक्षु और नागहस्ती तीनों ही 'महावाचक क्षमाश्रमण' रहे हैं।

२. धवला, पु० १६, पृ० ५७८

३. वही, पृ० ५१९-२१ व आगे पृ० ५७७-७९

४. देखिए क०प्रा० चूर्णि ३६-५१ (क०पा० सुत्त पृ० ९००-९०६)

५. प्रसंगवश यह कुछ प्ररूपणा धवला में इसके पूर्व 'वेदनाद्रव्यविधान' में भी की गयी है। वहाँ भी अघातिया कर्मों की स्थिति के विषय में कुछ मतभेद नहीं प्रकट किया गया है। देखिए पु० १०, पृ० ३२०-२६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

समुद्घात के होने पर अघातिया कर्मों की स्थिति को अन्तर्मुहूर्त मात्र स्थापित करता है। अन्य तीन अघातिया कर्मों की यह अन्तर्मुहूर्त स्थिति आयुस्थिति से संख्यातगुणी होती है।[1]

उक्त मतभेद को उसकी टीका जयधवला में धवला के ही समान प्रकट किया गया है। यथा—

"एत्थ दुहे उवएसा अत्थि त्ति के वि भणंति। तं कथं? **महावाचयाणमज्जमंखुखवणाणमुवदेसेण** लोगे पूरिदे आउगसमं णामा-गोद-वेदणीयाणं ट्ठिदिसंतकम्मं ठवेदि। **महावाचयाणं णागहत्थिखवणाणमुवएसेण** लोगे पूरिदे णामा-गोद-वेदणीयाणं ट्ठिदिसंतकम्ममंतोमुहुत्तपमाणं होदि। होंतं वि आउगादो संखेज्जगुणमेत्तं ठवेदि त्ति। णवरि एसो वक्खाणसंपदाओ चुण्णिसुत्तविरुद्धो, चुण्णिसुत्ते मुत्तकंठमेव संखेज्जगुणमाउआदो त्ति णिद्दिट्ठत्तादो। तदो पवाइज्जंतोवएसो एसो चेव पहाणभावेणावलंबेयव्वो।"—जयध० १, प्रस्तावना पृ० ४३

यहाँ यह विशेष ध्यान देने योग्य है कि ऊपर धवला में जिस मत का उल्लेख **महावाचक आर्यनन्दी** के नाम से किया गया है उसी मत का उल्लेख ऊपर जयधवला में महावाचक नागहस्ती के नाम से किया गया है।

(७) धवला से इसी अल्पबहुत्व के प्रसंग में आगे कहा गया है कि अल्पबहुत्व अनुयोगद्वार में **महावाचक क्षमाश्रमण** (?) सत्कर्म का मार्गण करते हैं। इसे स्पष्ट करते हुए आगे वहाँ कहा गया है—आहारसत्कर्मिक सबसे स्तोक हैं, उनसे सम्यक्त्व के सत्कर्मिक असंख्यातगुणे हैं, इत्यादि।[2]

यहाँ भी **महावाचक क्षमाश्रमण** से धवलाकार का अभिप्राय आर्यमंक्षु का, नागहस्ती का अथवा अन्य ही किसी का रहा है; यह स्पष्ट नहीं है।

इसके पूर्व इसी अभिमत को धवला में **नागहस्ती भट्टारक** के नाम से प्रकट किया जा चुका है तथा उसे ही प्रवाह्यमान या आचार्य-परम्परागत भी इस प्रकार कहा गया है—

"अप्पाबहुगअणियोगद्दारे **णागहत्थिभडारओ** संतकम्ममग्गणं करेदि। एसो च उवदेसो पवाइज्जदि।"—धवला, पु० १६, पृ० ५२२

पवाइज्जंत-अप्पवाइज्जंत उपदेश

'पवाइज्जंत' का अर्थ आचार्यपरम्परागत और 'अप्पवाइज्जंत' का अर्थ आचार्यपरम्परा से अनागत है। ऊपर के उल्लेख में धवलाकार ने **नागहस्ती भट्टारक** के उपदेश को **'पवाइज्जदि'** कहकर आचार्यपरम्परागत कहा है।

इसके पूर्व अघातिया कर्मों की स्थिति से सम्बन्धित जयधवला के जिस प्रसंग को उद्धृत किया गया है उसमें धवलाकार ने महावाचक आर्यमंक्षु के उपदेश को चूर्णिसूत्र के विरुद्ध कहकर अग्राह्य प्रकट करते हुए **महावाचक नागहस्ती** के उपदेश को 'पवाइज्जंत' कहकर आश्रयणीय कहा है।

जयधवलाकार ने दीर्घकाल से अविच्छिन्न परम्परा से आने वाले समस्त आचार्यसम्मत उपदेश को पवाइज्जंत उपदेश कहा है। प्रकारान्तर से आगे उन्होंने यह भी कहा है—अथवा **आर्यमंक्षु** भगवान का उपदेश यहाँ (अघातिया कर्मों की स्थिति के प्रसंग में) अप्पवाइज्जमाण है

१. लोगे पुण्णे अंतोमुहुत्तं ट्ठिदिं ठवेदि। संखेज्जगुणमाउआदो।
—क०पा० सुत्त पृ० ६०२, चूर्णि १३-१४

२. देखिए धवला, पु० १६, पृ० ५७६ आदि।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

और नागहस्ती क्षपण का उपदेश पवाइज्जंत है, इसलिए इसे ही ग्रहण करना चाहिए। यथा—

"को पुण पवाइज्जंतोवएसो णाम वुत्तमेदं ? सव्वाइरियसम्मदो चिरकालमव्वच्छिण्णसंपदाय-कमेणागच्छमाणो जो सिस्सपरंपराए पवाइज्जदे पण्णविज्जदे सो पवाइज्जंतोवएसो त्ति भण्णदे। अथवा अज्जमंखुभयवंताणमुवएसो एत्थापवाइज्जमाणो णाम। णागहत्थिखवणाणमुवएसो पवाइज्जंतओ त्ति घेत्तव्वं।"[1]

धवला में भी प्रायः पवाइज्जंत-अप्पवाइज्जंत उपदेश का स्वरूप इसी प्रकार का कहा गया है। वहाँ नामान्तर से उसे दक्षिणप्रतिपत्ति व उत्तरप्रतिपत्ति भी कहा गया है।[2]

यद्यपि धवलाकार ने उक्त प्रसंग में नागहस्ती क्षमाश्रमण के उपदेश को पवाइज्जमाण और आर्यमंक्षु के उपदेश को अपवाइज्जमाण नहीं कहा है, फिर भी अन्यत्र उन्होंने भी नागहस्ती भट्टारक के उपदेश को पवाइज्जमाण कहा है। यथा—

"अप्पाबहुगअणियोगद्दारे णागहत्थिभडारओ संतकम्ममग्गणं करेदि। एसो च उवदेसो पवाइज्जदि।"—पु० १६, पृ० ५२३

इसका अभिप्राय यह समझना चाहिए कि विवक्षित विषय के प्रसंग में जहाँ आचार्य आर्यमंक्षु और नागहस्ती के बीच में कुछ मतभेद रहा है, वहाँ आ० नागहस्ती के उपदेश को आचार्य-परम्परागत मानकर प्रमाणभूत माना गया है और आर्यमंक्षु के उपदेश की उपेक्षा की गयी है। किन्तु जिस विषय में उन दोनों के मध्य में किसी प्रकार का मतभेद नहीं रहा है—एकरूपता रही है—उसका उल्लेख उन दोनों के ही नाम पर आदरपूर्वक किया गया है। यथा—

"पवाइज्जंतेण पुण उवएसेण सव्वाइरियसम्मदेण अज्जमंखु-णागहत्थिमहावाचयमूह-कमल-विणिग्गयेण सम्मत्तस्स अट्ठवस्साणि।"[3]

श्वेताम्बर परम्परा में आर्यमंगु के विषय मे यह प्रसिद्धि है कि वे विहार करते हुए किसी समय मथुरा पहुँचे। वहाँ कुछ भक्तों की सेवासुश्रूषा पर मुग्ध होकर वे रसगारव आदि के वशीभूत होते हुए वहीं रह गये। इस प्रकार श्रामण्य धर्म से भ्रष्ट हुए उनका मरण वहीं पर हुआ।[4]

यदि इसमें कुछ तथ्यांश है तो सम्भव है कि इस कारण भी आर्यमंक्षु या आर्यमंगु के उपदेश की उपेक्षा की गयी हो।

उपसंहार

(१) गुणधराचार्य ने सोलह हजार पद-प्रमाण कषायप्राभृत का जिन एक सौ अस्सी या दो सौ तेतीस सूत्रगाथाओं में उपसंहार किया था वे आचार्य-परम्परा से आकर महावाचक आर्यमंक्षु और महावाचक नागहस्ती को प्राप्त हुई थीं। उन दोनों ने उनके अन्तर्गत अपरिमित गम्भीर अर्थ का व्याख्यान यतिवृषभाचार्य को किया था।

(२) यतिवृषभाचार्य ने आर्यमंक्षु और नागहस्ती से उन सूत्रगाथाओं के रहस्य को सुनकर

---

१. क० पा० सुत्त प्रस्तावना, पृ० २४-२५
२. धवला, पु० ३, पृ० ६२,६४,६८ व ६६ तथा पु० ५, पृ० ३२
३. क० प्रा० (जयधवला) भा० १ की प्रस्तावना, पृ० ४१
४. देखिए 'अभिधान-राजेन्द्र' कोश में 'आर्यमंगु' शब्द।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उनके ऊपर छह हजार ग्रन्थप्रमाण चूर्णिसूत्रों को रचा। इससे आर्यमंक्षु, नागहस्ती और यतिवृषभ इन तीनों श्रुतधरों की कर्मसिद्धान्तविषयक अगाध विद्वत्ता प्रकट होती है।

(३) उक्त सूत्रगाथाओं और चूर्णिसूत्रों में निहित अर्थ के स्पष्टीकरणार्थ वीरसेनाचार्य और उनके शिष्य जिनसेनाचार्य ने क्रम से बीस और चालीस हजार (समस्त ६००००) ग्रन्थ प्रमाण जयधवला नाम की टीका लिखी।

(४) आर्यमंक्षु (आर्यमंगु) और नागहस्ती क्षमाश्रमण इन दोनों श्रुतधरों को श्वेताम्बर सम्प्रदाय में भी महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। नन्दिसूत्रंगत स्थविरावली के अनुसार उनकी गुरु-शिष्य परम्परा इस प्रकार रही—(१) आर्यसमुद्र, (२) आर्यमंक्षु (या आर्यमंगु), (३) आर्य-नन्दिल और नागहस्ती।

(५) मुनि कल्याणविजयजी के अभिमतानुसार आर्यमंगु और नागहस्ती इन दोनों के मध्य में लगभग १५० वर्ष का अन्तर रहता है, जबकि धवला और जयधवला के उल्लेखानुसार वे दोनों यतिवृषभाचार्य के गुरु के रूप में समकालीन ठहरते हैं। उनके यह समय की समस्या विचारणीय है।

(६) इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार के अनुसार ये दोनों आचार्य गुणधराचार्य के समकालीन सिद्ध होते हैं।

(७) धवलाकार ने मतभेद के प्रसंग में आर्यमंक्षु और नागहस्ती महावाचक के साथ आर्यनन्दी का भी दो बार उल्लेख किया है। ये आर्यनन्दी क्या नन्दिसूत्र की स्थविरावली में निर्दिष्ट आर्यनन्दिल सम्भव हैं?

(८) धवला और विशेषकर जयधवला में कहीं-कहीं आर्यमंक्षु के उपदेश को आचार्य-परम्परागत न होने से 'अपवाइज्जमाण' और नागहस्ती के उपदेश को आचार्यपरम्परागत होने से 'पवाइज्जमाण' कहा गया है।

३. उच्चारणाचार्य

यह किसी आचार्यविशेष का नाम नहीं है। आचार्यपरम्परागत सूत्रों व गाथाओं आदि का आम्नाय के अनुसार जो विधिपूर्वक शुद्ध उच्चारण कराते और अर्थ का व्याख्यान किया करते थे, उन्हें उच्चारणाचार्य कहा जाता था। ऐसे उच्चारणाचार्य समय-समय पर अनेक हुए हैं।

वेदनाद्रव्यविधान अनुयोगद्वार में ज्ञानावरणीय की उत्कृष्ट द्रव्यवेदना किसके होती है, इसे स्पष्ट करते हुए गुणितकर्मांशिक की, जिसके उसकी वह उत्कृष्ट द्रव्यवेदना होती है, अनेक विशेषताओं को प्रकट किया गया है। उनमें उसकी एक विशेषता यह भी है कि उसके उपरिम स्थितियों के निषेक का उत्कृष्ट पद और अधस्तन स्थितियों के निषेक का जघन्य पद होता है (सूत्र ४,२,४,११)।

इसकी व्याख्या के प्रसंग में धवला में कहा गया है कि तीव्रसंक्लेश विलोम प्रदेशविन्यास का कारण और मन्दसंक्लेश अनुलोम प्रदेशविन्यास का कारण होता है। इस प्रसंग में धवलाकार ने कहा है कि यह **उच्चारणाचार्य** के अभिमतानुसार प्ररूपणा की गयी है।

किन्तु **भूतबलिपाद** का अभिप्राय यह है कि विलोम विन्यास का कारण गुणितकर्मांशिकत्व और अनुलोम विन्यास का कारण क्षपितकर्मांशिकत्व है, न कि संक्लेश और विशुद्धि।[1]

---

१. देखिए धवला, पु० १०, पृ० ४४-४५

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इस प्रकार निषेक-रचना के प्रसंग में अनेक शंका-समाधानपूर्वक आचार्य **भूतबलि** के मत से **उच्चारणाचार्य** के भिन्न मत को प्रकट करते हुए धवला में **उच्चारणाचार्य** का उल्लेख है।

४. एलाचार्य

इनके विषय में कुछ विशेष ज्ञात नहीं है। वेदनाखण्ड के अन्तर्गत दो अनुयोगद्वारों में प्रथम 'कृति' अनुयोगद्वार की प्ररूपणा करते हुए धवला में अर्थकर्ता के रूप में वर्धमान जिनेन्द्र की प्ररूपणा की गयी है। वहाँ एक मत के अनुसार वर्धमान जिन की ७२ वर्ष और दूसरे मत के अनुसार उनकी आयु ७१ वर्ष, ३ मास और २५ दिन प्रमाण निर्दिष्ट की गयी है व तदनुसार ही उनके कुमारकाल आदि की पृथक्-पृथक् प्ररूपणा की गयी है।

इस प्रसंग में यह पूछने पर कि इन दो उपदेशों में यथार्थ कौन है, धवलाकार ने कहा है कि **एलाचार्य** का वत्स (मैं वीरसेन) कुछ कहना नहीं चाहता, क्योंकि इस विषय में कुछ उपदेश प्राप्त नहीं है।[1] इस प्रकार धवलाकार वीरसेनाचार्य ने 'एलाचार्य का वत्स' कहकर अपने को एलाचार्य का शिष्य प्रकट किया है।

यद्यपि धवला की अन्तिम प्रशस्ति में उन्होंने एलाचार्य के अतिरिक्त अपने को आर्यनन्दी का शिष्य और चन्द्रसेन का नातू (प्रशिष्य) प्रकट किया है[2], पर उसका अभिप्राय यह समझना चाहिए कि उनके विद्यागुरु एलाचार्य और दीक्षागुरु आर्यनन्दी रहे हैं।

इन्द्रनन्दि-श्रुतावतार में भी वीरसेनाचार्य को एलाचार्य का शिष्य कहा गया है। विशेष इतना है कि वहाँ एलाचार्य को चित्रकूटपुरवासी निर्दिष्ट किया गया है।[3]

इसके अतिरिक्त अन्य कुछ जानकारी एलाचार्य के विषय में प्राप्त नहीं है।

५. गिद्धि-पिच्छाइरिय (गृद्धपिच्छाचार्य)

गृद्धपिच्छाचार्य अपरनाम **उमास्वाति** के द्वारा विरचित तत्त्वार्थसूत्र एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है, जो दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों ही सम्प्रदायों में प्रतिष्ठित है।

जीवस्थान-कालानुगम अनुयोगद्वार में नोआगमद्रव्यकाल के स्वरूप को प्रकट करते हुए धवलाकार ने "**वर्तना-परिणाम-क्रियापरत्वापरत्वे च कालस्य**" इस सूत्र (५-२२) को **गृद्धपिच्छा-**

---

१. दोसुवि उवएसेसु को एत्थ समंजसो ? एत्थ ण वाहइ जिब्भमेलाइरियवच्छओ, अलद्धोवदेसत्तादो दोण्णमेक्कस्स बाहाणुवलंभादो। किंतु दोसु एक्केण होदव्वं। तं जाणिय वत्तव्वं।
—धवला, पु० ९, पृ० १२६

२. जस्स से [प] साएण मए सिद्धन्तमिदं हि अहिलहुदी।
महु सो **एलाइरियो** पसियउ वरवीरसेणस्स ॥—गा० १
अज्जज्जणंदिसिस्सेणुज्जवकम्मस्स चंदसेणस्स।
तह णत्तुवेण पंचत्थुहण्यंभाणुणा मुणिणा ॥—गा० ४

३. काले गते कियत्यपि ततः पुनश्चित्रकूटपुरवासी।
श्रीमानेलाचार्यो बभूव सिद्धान्ततत्त्वज्ञः ॥—१७७
तस्य समीपे सकलं सिद्धान्तमधीत्य वीरसेनगुरुः।
उपरितमनिबन्धनाद्यधिकारानष्ट (?) च लिलेख ॥—१७८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

चार्य-विरचित तत्त्वार्थसूत्र के नाम से उद्धृत किया है।[1]

यहाँ धवलाकार ने सुप्रसिद्ध 'तत्त्वार्थसूत्र' के उस सूत्र को ग्रन्थकर्ता 'गृद्धपिच्छाचार्य' के नाम के साथ उद्धृत किया है। इससे निश्चित है कि तत्त्वार्थसूत्र के रचयिता गृद्धपिच्छाचार्य रहे हैं। उनके उमास्वाति और उमास्वामी ये नामान्तर भी प्रचलित हैं। शिलालेखों में उन्हें कुन्दकुन्दाचार्य की वंश-परम्परा का कहा गया है। शिलालेख के अनुसार समस्त पदार्थों के वेत्ता उन मुनीन्द्र ने जिनोपदिष्ट पदार्थसमूह को सूत्र के रूप में निबद्ध किया है जो तत्त्वार्थ[2], तत्त्वार्थ-शास्त्र[3] व तत्त्वार्थसूत्र[4] इन नामों से प्रसिद्ध हुआ। श्वेता० सम्प्रदाय में उसका उल्लेख 'तत्त्वार्था-धिगमसूत्र' के नाम से हुआ है। वे योगीन्द्र प्राणियों के संरक्षण में सावधान रहते हुए गृद्ध (गीध) के पंखों को धारण करते थे, इसीलिए विद्वज्जन उन्हें तभी से 'गृद्धपिच्छाचार्य' कहने लगे थे। यथा—

अभूदुमास्वातिमुनिः पवित्रे वंशे तदीये सकलार्थवेदी।
सूत्रीकृतं येन जिनप्रणीतं शास्त्रार्थजातं मुनिपुंगवेन॥

स प्राणिसंरक्षणसावधानो बभार योगी किल गृध्रपिच्छान्।
तदा प्रभृत्येव बुधा यमाहुराचार्यशब्दोत्तरगृद्धपिच्छम्॥[5]

जैसाकि ऊपर शिलालेख में भी निर्देश किया गया है, उनकी इस महत्त्वपूर्ण कृति में आगमग्रन्थों में बिखरे हुए मोक्षोपयोगी जीवादि तत्त्वों का अतिशय कुशलता के साथ संक्षेप में संग्रह कर लिया गया है व आवश्यक कोई तत्त्व छूटा नहीं है।

आचार्य गृद्धपिच्छ कब हुए, उनके दीक्षागुरु व विद्यागुरु कौन रहे हैं और प्रकृत तत्त्वार्थ-सूत्र के अतिरिक्त अन्य भी कोई कृति उनकी रही है; इस विषय में कुछ भी जानकारी प्राप्त नहीं है।[6]

---

१. तह गिद्धपिच्छाइरियप्पयासिद सिद्धिच्चत्थसुत्ते वि "वर्तना-परिणाम-क्रिया परत्वापरत्वे च कालस्य" इदि दव्वकालो परूविदो।—धवला, पु० ४, पृ० ३१६

२. आ० पूज्यपाद-विरचित तत्त्वार्थवृत्ति (सर्वार्थसिद्धि), भट्टाकलंकदेव-विरचित तत्त्वार्थ-वार्तिक और आ० विद्यानन्द-विरचित तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक 'तत्त्वार्थ' के नाम पर ही लिखी गयी हैं।

३. आ० विद्यानन्द ने उसका उल्लेख 'तत्त्वार्थशास्त्र' के नाम से भी किया है। देखिए आप्त-परीक्षा-श्लोक १२३-२४।

४. धवलाकार ने पूर्वोक्त सूत्र को 'तत्त्वार्थसूत्र' नाम से उद्धृत किया है।

५. जैन शिलालेखसंग्रह प्र० भाग, नं० १०८, पृ० २१०-११

६. श्वेता० सम्प्रदाय में तत्त्वार्थाधिगमभाष्य को स्वोपज्ञ माना जाता है। वहाँ उसकी प्रशस्ति में वाचक उमास्वाति को वाचकमुख्य शिवश्री के प्रशिष्य और एकादशांगवित् घोषनन्दी का शिष्य कहा गया है। वाचना से—विद्याध्ययन की अपेक्षा—वे महावाचक क्षमण मुण्डपाद के शिष्यस्वरूप मूल नामक वाचकाचार्य के शिष्य रहे हैं। उनका जन्म न्यग्रोधिका में हुआ था, पिता का नाम स्वाति और माता का नाम वात्सी था। गोत्र उनका कौभीषणी था

(शेष पृ० ६५८ पर देखें)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उनके प्रकृत तत्त्वार्थसूत्र पर आ० पुष्पदन्त-भूतबलि-विरचित षट्खण्डागम, कुन्दकुन्दाचार्य-विरचित पंचास्तिकाय व प्रवचनसार आदि का तथा वट्टकेराचार्य-विरचित मूलाचार का प्रभाव परिलक्षित होता है। इससे इन आचार्यों के पश्चात् ही उनका होना सम्भव है। यथा—

(१) **षट्खण्डागम**—तत्त्वार्थसूत्र में तत्त्वार्थाधिगम के हेतुभूत प्रमाण-नय और निर्देशादि का उल्लेख करने के पश्चात् अन्य सदादि अनुयोगद्वारों का प्ररूपक यह सूत्र उपलब्ध होता है—

"सत्-संख्या-क्षेत्र-स्पर्शन-कालान्तर-भावाल्पबहुत्वैश्च।"—त०सू०, १-८

यह सूत्र षट्खण्डागम के इस सूत्र पर आधारित है—

"संतपरूवणा दव्वपमाणाणुगमो खेत्ताणुगमो फोसणाणुगमो कालाणुगमो अंतराणुगमो भावाणुगमो अप्पाब्बहुगाणुगमो चेदि।"—सूत्र १,१,७ (पु० १, पृ० १५५)

ष०ख० में जहाँ सूत्रोक्त आठ अनुयोगद्वारों में प्रथम अनुयोगद्वार का उल्लेख 'सत्प्ररूपणा' के नाम से किया गया है वहाँ त०सू० में उसका उल्लेख 'सत्' के नाम से कर दिया गया है। इसी प्रकार दूसरे अनुयोगद्वार को जहाँ ष०ख० में 'द्रव्यप्रमाणानुगम' कहा गया है वहाँ त०सू० में उसे 'संख्या' कहा गया है, अर्थभेद कुछ नहीं है। ष०ख० में प्रत्येक अनुयोगद्वार का पृथक्-पृथक् उल्लेख करते हुए उनके साथ 'अनुगम' शब्द को योजित किया गया है, पर तत्त्वार्थसूत्र में अनुयोगद्वार के सूचक उन सत्-संख्या आदि शब्दों के मध्य में 'द्वन्द्व' समास किया गया है। वहाँ पिछले '**प्रमाणनयैरधिगमः**' सूत्र (१-६) के अन्तर्गत 'अधिगम' शब्द की अनुवृत्ति रहने से तृतीयान्त बहुवचन के द्वारा यह सूचित कर दिया गया है कि इन सत्-संख्या आदि आठ अनुयोगद्वारों के आश्रय से जीवादि तत्त्वों का ज्ञान होता है। इसीलिए वहाँ 'अनुगम' जैसे किसी शब्द को प्रत्येक पद के साथ योजित नहीं करना पड़ा। इस प्रकार सूत्र में जो लाघव होना चाहिए वह यहाँ तत्त्वार्थसूत्र में रहा है व अभिप्राय कुछ छूटा नहीं है।

यहाँ यह विशेष स्मरणीय है कि षट्खण्डागम की रचना आगमपद्धति पर शिष्यों के सम्बोधनार्थ प्रायः प्रश्नोत्तर शैली में की गयी है, इसलिए वहाँ विस्तार भी अधिक हुआ है तथा पुनरुक्ति भी हुई है। पर तत्त्वार्थसूत्र की रचना मुमुक्षु भव्य जीवों को लक्ष्य में रखकर की गई है, इसलिए उसमें उन्हीं तत्त्वों का समावेश हुआ है जो मोक्ष-प्राप्ति में उपयोगी रहे हैं। उसकी संरचना में इसका विशेष ध्यान रखा गया है कि कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक अभिप्राय को प्रकट किया जा सके। यह उपर्युक्त उदाहरण से स्पष्ट है।

(२) ष०ख० में वर्गणाखण्ड के अन्तर्गत 'बन्धन' अनुयोगद्वार में प्रसंगप्राप्त नोआगम-भावबन्ध की प्ररूपणा करते हुए उस प्रसंग में नोआगम जीवभावबन्ध के ये तीन भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—विपाक प्रत्ययिक, अविपाक प्रत्ययिक और तदुभय प्रत्ययिक नोआगम भावबन्ध। यहाँ विपाक का अर्थ उदय, अविपाक का अर्थ विपाक के अभावभूत उपशम और क्षय तथा तदुभय का अर्थ क्षयोपशम है। तदनुसार फलित यह हुआ कि नोआगमजीवभावबन्ध चार प्रकार का है—औदयिक, औपशमिक, क्षायिक और क्षायोपशमिक। आगे के सूत्र में अविपाकप्रत्ययिक

वे वाचक उच्चनागर शाखा के थे। उमास्वाति विहार करते हुए कुसुमपुर पहुँचे। वहाँ उन्होंने गुरुपरिपाटी के क्रम से आये हुए जिनवचन (जिनागम) का भली-भाँति अवधारण करके दुःख से पीड़ित जीवों के लिए अनुकम्पावश तत्त्वार्थाधिगम शास्त्र को रचा।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

जीवभावबन्ध के औपशमिक और क्षायिक ये दो भेद निर्दिष्ट भी कर दिये गये हैं। इनमें विपाकप्रत्ययिक जीवभावबन्ध के यहाँ संख्यानिर्देश के बिना चौबीस; औपशमिक भाव के उपशान्त क्रोध-मानादि के साथ औपशमिक सम्यक्त्व व औपशमिक चारित्र इत्यादि; क्षायिकभाव के क्षीण क्रोध-मानादि के साथ क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायिक चारित्र, क्षायिक दानादि पाँच लब्धियाँ तथा केवलज्ञान व केवलदर्शन आदि इसी प्रकार के अन्य कितने ही भाव; तथा तदुभय (क्षायोपशमिक) भाव के क्षायोपशमिक एकेन्द्रियत्व आदि के साथ मति-अज्ञान आदि तीन मिथ्याज्ञान, आभिनिबोधिक आदि चार सम्यग्ज्ञान, चक्षुदर्शनादि तीन दर्शन इत्यादि अनेक भेद प्रकट किये गये हैं।—सूत्र ५,६,१४-१६ (पु० १४)

इस सबको दृष्टि में लेते हुए तत्त्वार्थसूत्र में जीव के 'स्वतत्त्व' के रूप में इन पाँच भावों का निर्देश किया गया है— औपशमिक, क्षायिक, मिश्र (तदुभय या क्षायोपशमिक), औदयिक और पारिणामिक। इनमें से वहाँ औपशमिक के दो, क्षायिक के नौ, मिश्र के अठारह, औदयिक के इक्कीस और पारिणामिक के तीन भेदों का निर्देश करते हुए उनको पृथक्-पृथक् स्पष्ट भी कर दिया गया है।—सूत्र २,१-७

उदाहरणस्वरूप यहाँ औदयिक भाव के भेदों के प्ररूपक सूत्रों को दोनों ग्रन्थों से उद्धत किया जाता है—

"जो सो विवागपच्चइयो जीवभावबन्धो णाम तस्स इमो णिद्देसो—देवे त्ति वा मणुस्से त्ति तिरिक्खेत्ति वा णेरइए त्ति वा इत्थिवेदे त्ति वा पुरिसवेदे त्ति वा णउंसयवेदे त्ति वा कोहवेदे त्ति वा माणवेदे त्ति वा मायवेदेत्ति वा लोहवेदे त्ति वा रागवेदे त्ति वा दोसवेदे त्ति वा मोहवेदे त्ति वा किण्हलेस्से त्ति वा णीललेस्से त्ति वा काउलेस्से त्ति वा तेउलेस्से त्ति वा पम्मलेस्से त्ति वा सुक्कलेस्से त्ति वा असंजदे त्ति वा अविरदे त्ति वा अण्णाणे त्ति वा मिच्छादिट्ठि त्ति वा जे चामण्णे एवमादिया कम्मोदयपच्चइया उदयविवागणिप्पण्णा भावा सो सव्वो विवागपच्चइयो जीवभावबन्धो णाम।"—सूत्र १५

अब इस सम्पूर्ण अभिप्राय को अन्तर्हित करने वाला तत्त्वार्थसूत्र का यह सूत्र देखिए—

"गति-कषाय-लिंग-मिथ्यादर्शनाज्ञानासंयतासिद्धलेश्याश्चतुश्चतुस्त्र्येकैकैकैक-षड्भेदाः।"

—सूत्र २-६

इस प्रकार ष०ख० में जहाँ उपर्युक्त उतने विस्तृत सूत्र में औदयिक भाव के उन भेदों को प्रकट किया गया है वहाँ उसी के आधार से त०सू० में उन सब भावों को बहुत संक्षेप में ग्रहण कर लिया गया है।

यह पूर्व में कहा जा चुका है कि ष०ख० में जो तत्त्व का विचार किया गया है वह प्राचीन आगमपद्धति के अनुसार किया गया है, इसीलिए उसमें विस्तार व पुनरुक्ति अधिक हुई है। यह ऊपर के उदाहरण से भी स्पष्ट है—

त०सू० के उपर्युक्त सूत्र में प्रथमतः गति, कषाय, लिंग (वेद), मिथ्यादर्शन, अज्ञान, असंयत, असिद्धत्व और लेश्या इन भावों का निर्देश एक ही समस्यन्त पद में करके आगे यथाक्रम से उनकी संख्या का निर्देश चार, चार, तीन, एक, एक, एक, एक और छह के रूप में कर दिया गया है। इस प्रकार सूत्र में जो लाघव रहना चाहिए वह रह गया है और अभिप्राय कुछ छूटा नहीं है।

पर ष०ख० के सूत्र में गति-कषाय आदि के उन अवान्तर भेदों का उल्लेख पृथक्-पृथक्

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

किया गया है व प्रत्येक के साथ 'इति वा' का भी प्रयोग किया गया है। इस प्रकार से उसमें लाघव नहीं रह सका है।

इसका अभिप्राय यह नहीं है कि षट्खण्डागम सूत्रग्रन्थ नहीं है, उसे सूत्रग्रन्थ ही माना गया है। पर वह "सुत्तं गणहरकहियं" इत्यादि सूत्रलक्षण[1] के आधार पर सूत्रग्रन्थ है, न कि "अल्पाक्षरमसंदिग्धं" इत्यादि सूत्रलक्षण[2] के आधार पर।

प्रकृत औदयिकभाव के ष०ख० में जहाँ २४ भेद कहे गये हैं वहाँ त०सू० में वे २१ ही निर्दिष्ट किये गये हैं। इसका कारण यह है कि त०सू० की अपेक्षा ष०ख० में राग, द्वेष, मोह और अविरति इन चार अतिरिक्त भावों को ग्रहण किया गया है तथा त० सू० में निर्दिष्ट असिद्धत्व को वहाँ ग्रहण नहीं किया गया है।

इनमें राग और द्वेष ये कषायस्वरूप ही हैं, इसी कारण त० सू० में कषाय के अन्तर्गत होने से उन्हें अलग से नहीं ग्रहण किया गया है।

'मोह' से धवलाकार ने पाँच प्रकार के मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सासादनसम्यक्त्व को ग्रहण किया है। इस प्रकार के मोह को मिथ्यात्व के अन्तर्गत ही समझना चाहिए। इसी-लिए सम्भवतः त० सू० में अलग से उसे नहीं ग्रहण किया गया है।[3]

ष०ख० में उपर्युक्त भावों के अन्तर्गत असंयत भी है और अविरति भी है। सामान्य से इन दोनों में कुछ और भेद नहीं है। इसीलिए त०सू० में अविरति को असंयत से पृथक् रूप में नहीं ग्रहण किया गया है।

इस प्रसंग में वहाँ धवला में यह शंका उठायी गयी है कि संयम और विरति में क्या भेद है। इसके उत्तर में धवलाकार ने यह स्पष्ट किया है कि समितियों से संहित महाव्रतों और अणुव्रतों को संयम तथा उनसे रहित उन महाव्रतों और अणुव्रतों को विरति कहा जाता है।

ष०ख० से त०सू० में विशेषता यह रही है वहाँ इन भावों में असिद्धत्व को भी सम्मिलित किया गया है, जिसे ष० ख० में नहीं ग्रहण किया गया है। फिर भी ष०ख० के उस सूत्र में जो अन्त में 'एवमादिया' कहा गया है, उससे असिद्धत्व का भी ग्रहण वहाँ हो जाता है।

त०सू० में जो असिद्धत्व को विशेष रूप से ग्रहण किया गया है, उसे संसार व मोक्ष की प्रधानता होने के कारण ग्रहण किया गया है। इस प्रकार दोनों ग्रन्थों में निर्दिष्ट उन २४ और २१ भेदों में कुछ विरोध नहीं रहता है।

यहाँ उपर्युक्त दो उदाहरण दिये गये हैं। वैसे तत्त्वार्थसूत्र के अनेक सूत्र प्रस्तुत षट्खण्डा-गम से प्रभावित हैं। इसे ग्रन्थारम्भ में 'षट्खण्डागम व तत्त्वार्थसूत्र' शीर्षक में विस्तार से स्पष्ट किया जा चुका है।

इससे प्रायः यह निश्चित है गृद्धपिच्छाचार्य षट्खण्डागमकार आ० पुष्पदन्त-भूतबलि (प्रायः प्रथम शताब्दि) के पश्चात् हुए हैं।

(२) **पंचास्तिकायादि**—जिस प्रकार तत्त्वार्थसूत्र के अनेक सूत्रों पर षट्खण्डागम का प्रभाव रहा है, उसी प्रकार उसके कुछ सूत्रों पर आ० कुन्दकुन्द-विरचित पंचास्तिकाय और

---

१. देखिए धवला, पु० १३, पृ० ३८१

२. वही, पु० ९, पृ० २५९, श्लोक ११७

३. इस सबके लिए सूत्र १५ की धवला टीका (पु० १४, पृ० ११-१२) द्रष्टव्य है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

प्रवचनसार आदि का भी प्रभाव रहा है। यथा—

प्रवचनसार—तत्त्वार्थसूत्र में पदार्थावबोधक के हेतुभूत प्रमाण और नयों का विचार करते हुए उस प्रसंग में मति-श्रुतादि पाँच प्रकार के सम्यग्ज्ञान को प्रमाण कहा गया है व उसे परोक्ष और प्रत्यक्ष इन भेदों में विभक्त किया गया है। उनमें इन्द्रियसापेक्ष मति और श्रुत इन दो ज्ञानों को परोक्ष और अवधिज्ञानादि शेष तीन अतीन्द्रिय ज्ञानों को प्रत्यक्ष कहा गया है।[1]

तत्त्वार्थसूत्र का यह विवेचन **प्रवचनसार** के इस प्रसंग पर आधारित रहा है—वहाँ आत्म-स्वभाव से भिन्न इन्द्रियों को पर बतलाते हुए उनके आश्रय से होने वाले ज्ञान की प्रत्यक्षरूपता का प्रतिषेध किया गया है तथा आगे परोक्ष और प्रत्यक्ष का यह लक्षण प्रकट किया गया है—

जं परदो विण्णाणं तं तु परोक्ख त्ति भणिदमत्थेसु।
जदि केवलेण णादं हवदि हि जीवेण पच्चक्खं ॥[2]—गाथा १-५८

इसका अभिप्राय यही है कि जो ज्ञान इन्द्रियादि पर की सहायता से होता है उसे परोक्ष, तथा परनिरपेक्ष केवल आत्मा के आश्रय से होनेवाले ज्ञान को प्रत्यक्ष कहा जाता है। इसी अभिप्राय को तत्त्वार्थसूत्र में प्रकृत सूत्रों के द्वारा अभिव्यक्त किया गया है।

पंचास्तिकाय—तत्त्वार्थसूत्र में अजीव द्रव्यों का निरूपण करते हुए सर्वप्रथम वहाँ धर्म, अधर्म, आकाश और पुद्गल इन चार अजीव द्रव्यों को अजीव होते हुए काय (अस्तिकाय) कहा गया है। आगे इन्हें द्रव्य कहते हुए जीवों को भी इससे सम्बद्ध कर दिया गया है, अर्थात् जीव भी द्रव्य होकर अस्तिकाय स्वरूप हैं, इस अभिप्राय को प्रकट कर दिया गया है।[3]

क—त०सू० का यह विवेचन **पंचास्तिकाय** की इस गाथा पर आधारित रहा है—

जीवा पुग्गलकाया धम्माधम्मा तहेव आयासं।
अत्थित्तम्हि य णियदा अणण्णमइया अणुमहंता ॥[4]—गा० ४

ख—यहीं पर आगे त०सू० में 'सत्' को द्रव्य का लक्षण बतलाकर उस 'सत्' के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि जो उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य से युक्त होता है, उसे 'सत्' कहा जाता है।[5]

आगे चलकर प्रकारान्तर से द्रव्य के लक्षण में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो गुण और पर्यायों से सहित होता है, वह द्रव्य कहलाता है।[6]

त०सू० का यह कथन **पंचास्तिकाय** की इस गाथा से पूर्णतया प्रभावित है, जिसमें द्रव्य के उन दोनों लक्षणों को एक साथ उन्हीं शब्दों में अभिव्यक्त कर दिया गया है—

दव्वं सल्लक्खणियं उप्पाद-व्वय-धुवत्तसंजुत्तं।
गुण-पज्जयासयं वा जं तं भण्णंति सव्वण्हू ॥—गा० १०

---

१. मति-श्रुतावधि-मनःपर्यय-केवलानि ज्ञानम्। तत्प्रमाणे। आद्ये परोक्षम्। प्रत्यक्षमन्यत्।
—त०सू० १,९-१२

२. इसकी पूर्व की गाथा ५६-५७ भी द्रष्टव्य हैं।

३. अजीवकाया धर्माधर्माकाश-पुद्गलाः। द्रव्याणि। जीवाश्च।—त०सू० ५,१-३

४. इससे आगे की गाथाएँ ५,६ और २२ भी द्रष्टव्य हैं।

५. सद् द्रव्यलक्षणम्। उत्पाद-व्यय-ध्रौव्ययुक्तं सत्।—त०सू० ५,२९-३०

६. गुण-पर्ययवद्-द्रव्यम्।—त०सू० ५-३८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

ग—इसके पूर्व त०सू० में जीव का लक्षण उपयोग बतलाकर उसे ज्ञान और दर्शन के भेद से दो प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। आगे इनमें से ज्ञान को आठ प्रकार का और दर्शन को चार प्रकार का कहा गया है।[1]

त०सू० का यह विवरण पंचास्तिकाय की इन तीन गाथाओं के आश्रित है—

उवओगो खलु दुविहो णाणेण य दंसणेण संजुत्तो।
जीवस्स सव्वकालं अणण्णभूदं वियाणाहि ॥४०॥
आभिणि-सुदोधि-मण-केवलाणि णाणाणि पंचभेयाणि।
कुमदि-सुद-विभंगाणि य तिण्णि वि णाणेहि संजुत्ते ॥४१॥
दंसणमवि चक्खुजुदं अचक्खुजुदमवि य ओहिणा सहियं।
अणिधणमणंतविसयं केवलियं चावि पण्णत्तं ॥४२॥

इसी प्रकार से और भी कितने ही उदाहरण दिए जा सकते हैं। जैसे—

त०सू० १-१ व पंचास्तिकाय गा० १६४; त०सू० २-१ व पंचास्तिकाय गाथा ५६; तथा त०सू० ६-३ व ८,२५-२६ और पंचास्तिकाय गाथा १३२; इत्यादि।

इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि आचार्य गृद्धपिच्छ आ० कुन्दकुन्द (लगभग प्रथम शती) के पश्चात् हुए हैं।

(३) **मूलाचार**—षट्खण्डागम व पंचास्तिकाय आदि के समान मूलाचार का भी प्रभाव तत्त्वार्थसूत्र पर अधिक दिखता है। यथा—

क—त०सू० में जीवादि तत्त्वों के अधिगम के उपायभूत प्रमाण और नय के उल्लेख (१-६) के पश्चात् निर्देश, स्वामित्व, साधन, अधिकरण, स्थिति और विधान इन छह अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है।[2] तत्त्वार्थसूत्र का यह कथन मूलाचार की इस गाथा पर आधारित है—

किं केण कस्स कत्थ व केवचिरं कदिविधो य भावो य।
छहि अणिओगद्दारे सव्वे भावाणुगंतव्वा ॥—गा० ८-१५

इस गाथा में प्रश्न के रूप में जिन निर्देश-स्वामित्व आदि को अभिव्यक्त किया गया है, उन्हीं का उल्लेख त०सू० में स्पष्ट शब्दों द्वारा कर दिया गया है।

यहाँ यह विशेष ध्यातव्य है कि उपर्युक्त गाथा **जीवसमास** में भी गाथांक ४ के रूप में उपलब्ध होती है। सम्भव है मूलाचार में उसे जीवसमास से ही आत्मसात् किया गया हो। कारण यह है कि जीवसमास में वह जिस प्रकार प्रसंग के अनुरूप दिखती है उस प्रकार से वह मूलाचार में प्रसंग के अनुरूप नहीं दिखती है। इसका भी कारण यह है कि वहाँ संसारानुप्रेक्षा का प्रसंग रहा है। इस गाथा से पूर्व की गाथा (८-१४) में स्पष्ट शब्दों द्वारा द्रव्य-क्षेत्रादि के भेद से चार प्रकार के संसार के जानने की प्रेरणा की गयी है। पर इस गाथा में संसार का कहीं किसी प्रकार से उल्लेख नहीं किया गया है। इससे वह संसारानुप्रेक्षा के अनुरूप नहीं दिखती।

---

१. उपयोगो लक्षणम्। स द्विविधोऽष्टचतुर्भेदः।—त०सू० २,८-९; इसके पूर्व के सूत्र १-९ और १-३१ भी द्रष्टव्य हैं।

२. निर्देश-स्वामित्व-साधनाधिकरण-स्थिति-विधानतः।—त०सू० १-७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

वृत्तिकार वसुनन्दी ने यद्यपि 'किं केण कस्स' आदि पदों के आश्रय से छह प्रकार के संसार को अभिव्यक्त किया है, पर वह प्रसंग को देखते हुए अस्वाभाविक-सा दिखता है। अन्त में उन्हें भी गाथा के चतुर्थ चरण (सव्वे भावाणुगंतव्वा) को लेकर यह कहना पड़ा है कि इन छह अनुयोगद्वारों के द्वारा केवल संसार का अनुगमन नहीं करना चाहिए, किन्तु सभी पदार्थों का उन के आश्रय से अनुगमन करना चाहिए। अब जरा जीवसमास को देखिए, वहाँ उसको प्रसंग के अनुरूप कितना महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है—

जीवसमास में इससे पूर्व की गाथा (२) में निक्षेप, निरुक्ति तथा छह और आठ अनुयोग-द्वारों के द्वारा गति आदि मार्गणाओं में जीवसमासों के जान लेने के लिए कहा गया है[1] और तदनुसार ही आगे वहाँ क्रम से निक्षेप, निरुक्ति तथा उक्त निर्देशादि रूप छह और सत्प्ररूपणा आदि रूप आठ अनुयोगद्वारों को स्पष्ट किया गया है। इस प्रकार प्रसंग के अनुसार वहाँ उस गाथा की स्थिति दृढ़ है।

ख—त०सू० के ७वें अध्याय में व्रत के स्वरूप और उसके भेदों का निर्देश करते हुए उनकी स्थिरता के लिए यथाक्रम से अहिंसादि पाँच व्रतों की पाँच-पाँच भावनाओं का उल्लेख किया गया है।[2]

मूलाचार के पंचाचाराधिकार में उनका उल्लेख प्रायः उसी क्रम से व उन्हीं शब्दों में किया गया है।[3] उदाहरणस्वरूप द्वितीय व्रत की भावनाओं को उक्त दोनों ग्रन्थों में देखिए—

"क्रोध-लोभ-भीरुत्व-हास्य-प्रत्याख्यानान्यनुवीचिभाषणं च पञ्च।"—त०सू० ७-५

कोह-भय-लोह-हासपइण्णा अणुवीचिभासणं चेव।
बिदियस्स भावणाओ वदस्स पंचेव ता होंति॥—मूला० ५-१४१

इस प्रकार यह निश्चित-सा प्रतीत होता है कि उन भावनाओं का वर्णन त०सू० में मूलाचार के आधार से ही किया गया है।

ग—त० सू० में संवर और निर्जरा के कारणों को स्पष्ट करते हुए उस प्रसंग में नवम अध्याय में बाह्य और आभ्यन्तर तप के छह-छह भेदों का निर्देश किया गया है।[4]

मूलाचार के उक्त पंचाचाराधिकार में 'तप' आचार के प्रसंग में उन दोनों तपों के भेदों का उल्लेख किया गया है।[5]

इतना विशेष है कि त०सू० में जहाँ उनके केवल नामों का ही उल्लेख किया गया है वहाँ मुख्य प्रकरण होने से मूलाचार में तप के उन भेदों के स्वरूप आदि को भी पृथक्-पृथक् स्पष्ट कर दिया गया है।[6]

---

१. णिक्खेव-णिरुत्तीहिं य छहिं अट्ठहिं अणुओगदारेहिं।
गइ आइमग्गणाहि य जीवसमासाऽणुगंतव्वा॥—जी०स०, गा० २
२. देखिए त०सू० ७,४-८
३. मूलाचार, ५,१४०-४४
४. त०सू०, ९,१९-२०
५. मूलाचार, ५-१४९ व ५-१६३
६. मलाचार, बाह्य तप ५,१४९-६२ (अभ्यन्तर तप का विशेष विस्तार वहाँ पर नहीं किया गया है।)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इस प्रसंग में दोनों ग्रन्थगत इन अन्य प्रसंगों को भी देखा जा सकता है—

	विषय	त० सू०	मूलाचार
१.	विनय के भेद	९-२३	५-१९७
२.	वैयावृत्य	९-२४	५-१९२
३.	स्वाध्याय	९-२५	५-१९६
४.	व्युत्सर्ग	९-२६	५-२०९
	(व्युत्सर्ग और ध्यान में दोनों ग्रन्थों मे क्रमव्यत्यय हुआ है)		
५.	ध्यानभेद आदि	९,२८-४४	५,१९७-२०८

अन्य प्रसंग भी देखिए—

(१) "मिथ्यादर्शनाविरति-प्रमाद-कषाय-योगा बन्धहेतवः ।"—त०सू० ८-१

मिच्छादंसण-अविरदि-कसाय-जोगा हवंति बंधस्स ।
आऊसज्झवसाणं हेदव्वो तेदु णायव्वा ।।—मूलाचार १२-१८२

(२) "सकषायत्वाज्जीवः कर्मणो योग्यान् पुद्गलानादत्ते स बन्धः ।"—त०सू० ८-२

जीवो कसायजुत्तो जोगादो कम्मणो दु जे जोग्गा ।
गेण्हइ पोग्गलदव्वे बंधो सो होदि णायव्वो ।।—मूला १२-१८३

(शब्द-साम्य भी यहाँ द्रष्टव्य है)

तत्त्वार्थसूत्र (८वाँ अध्याय) के अन्तर्गत कर्म का यह प्रसंग भी अन्य कार्मिक ग्रन्थ पर आधारित न होकर प्रायः इस मूलाचार पर आधारित रहा दिखता है ।[1]

दोनों ग्रन्थगत और भी शब्दार्थ-सादृश्य देखिए—

"मोहक्षयात् ज्ञान-दर्शनावरणान्तरायक्षयाच्च केवलम् ।"—त०सू० १०-१

मोहस्सावरणाणं खयेण अह अंतरायस्स य एव ।
उप्पज्जइ केवलयं पयासयं सव्वभावाणं ।।—मूला० १२-२०५

इस स्थिति को देखते हुए इसमें सन्देह नहीं रहता कि तत्त्वार्थसूत्र पर मूलाचार का सर्वाधिक प्रभाव रहा है। यद्यपि उसके रचयिता और रचनाकाल के विषय में विशेष कुछ ज्ञात नहीं है, फिर भी उसकी विषयवस्तु और उसके विवेचन की क्रमबद्ध अतिशय व्यवस्थित पद्धति को देखते हुए वह एक साधुाचार का प्ररूपक प्राचीन ग्रन्थ ही प्रतीत होता है ।

उसकी कुछ हस्तलिखित प्रतियों में उसके कुन्दकुन्दाचार्य-विरचित होने का संकेत मिलता है तथा उसकी वसुनन्दी-विरचित वृत्ति की अन्तिम पुष्पिका में यह सूचना भी की गयी है—

"इति मूलाचारविवृतौ द्वादशोऽध्यायः । कुन्दकुन्दाचार्य-प्रणीत मूलाचाराख्यविवृतिः । कृतिरियं वसुनन्दिनः श्रीश्रमणस्य ।"

इससे कुछ विद्वानों का यह मत बन गया है कि वह कुन्दकुन्दाचार्य के द्वारा रचा गया है। उनका कहना है कि प्रतियों में उसके रचयिता के रूप में जिन 'वट्टकेराचार्य, वट्टकेर्याचार्य और वट्टकेरकाचार्य' नामों का उल्लेख किया गया है, वे नाम कहीं गुर्वावलियों व पट्टावलियों आदि

---

१. मूलाचार के १२वें 'पर्याप्ति' अधिकार में जिस क्रम से व जिस रूप में प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशबन्ध की प्ररूपणा की गयी है, त०सू० के ८वें अध्याय में उसी क्रम से व उसी रूप में उन चारों बन्धों की प्ररूपणा की गयी है, जिसमें शब्दसाम्य भी अधिक रहा है ।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

में नहीं पाये जाते हैं।[1]

किन्तु आचार्य कुन्दकुन्द और वट्टकेराचार्य ये दो भिन्न ही प्रतीत होते हैं। यद्यपि कुन्दकुन्द-विरचित ग्रन्थगत कुछ गाथाएँ मूलाचार में प्रायः उसी रूप में उपलब्ध होती हैं,[2] पर दोनों की विवेचन-पद्धति में भिन्नता देखी जाती है। उदाहरणस्वरूप द्वादशानुप्रेक्षाओं को ले लीजिए—

(१) संसारानुप्रेक्षा के प्रसंग में आ० कुन्दकुन्द ने संसार को पाँच प्रकार का बतलाकर आगे द्रव्यादि पाँच परिवर्तनों के स्वरूप को भी स्पष्ट किया है।[3]

पर मूलाचार में द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के भेद से ही संसार का निर्देश किया गया है तथा वहाँ किसी भी परिवर्तन के स्वरूप को नहीं दिखलाया गया है।

इसी प्रसंग में मूलाचार में 'किं केण कस्स कत्थ वि' आदि गाथा का (देखिए पीछे पृ० ६६२-६३) उपयोग किया गया है जो सम्भवतः कुन्दकुन्दाचार्य के समक्ष ही नहीं रही।[4]

(२) सातवीं अनुप्रेक्षा के प्रसंग में कुन्दकुन्द ने शरीर की अशुचिता को दिखलाया है, पर मूलाचार में वहाँ प्रायः अशुभरूपता को प्रकट किया है।[5]

(३) आस्रवानुप्रेक्षा के प्रसंग में आ० कुन्दकुन्द ने मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योगों को आस्रव बतलाकर उनके भेद का निर्देश करते हुए उन सबके स्वरूप को स्पष्ट भी किया है।[6]

परन्तु मूलाचार में राग, द्वेष, मोह, इन्द्रियाँ, संज्ञाएँ, गारव, कषाय, मन, वचन और काय इनको कर्म के आस्रव बतलाकर उसी क्रम से उनमें से प्रत्येक को (योगों को छोड़कर) विशद भी किया है।[7]

मूलाचार में यहाँ यह विशेषता रही है कि आ० कुन्दकुन्द ने जिन मिथ्यात्वादि का उल्लेख आस्रव के प्रसंग में किया है, उनका उल्लेख वहाँ संवर के प्रसंग में किया गया है (गा० ५२)।

(४) निर्जरानुप्रेक्षा के प्रसंग में आ० कुन्दकुन्द ने निर्जरा के स्वकालपक्व (सविपाक) और तप से क्रियमाण (अविपाक) इन दो भेदों का निर्देश किया है, पर मूलाचार में तप की प्रमुखता से उसके देशनिर्जरा और सर्वनिर्जरा ये दो भेद निर्दिष्ट किए गये हैं।[8]

(५) धर्मानुप्रेक्षा के प्रसंग में आ० कुन्दकुन्द ने सम्यक्त्वपूर्वक ग्यारह प्रकार के सागारधर्म

---

प्रभाचन्द्र नाम के अनेक आचार्य हुए हैं। उनमें से प्रस्तुत नय का लक्षण किस प्रभाचन्द्र के द्वारा और किस ग्रन्थ में निर्दिष्ट किया गया है, यह ज्ञात नहीं होता। इस लक्षण का निर्देश करनेवाले सुप्रसिद्ध दार्शनिक विद्वान् वे प्रभाचन्द्राचार्य तो सम्भव नहीं हैं, जिन्होंने परीक्षामुख-सूत्रों पर विस्तृत 'प्रमेयकमल-मार्तण्ड' नाम की टीका और लघीयस्त्रय पर 'न्यायकुमुद-चन्द्र' नाम की विस्तृत टीका लिखी है। कारण यह कि वे प्रभाचन्द्र तो धवलाकार वीरसेनाचार्य के पश्चात् हुए हैं। स्व० पं० महेन्द्रकुमार जी न्यायाचार्य ने उनका समय ई० सन् ९६० से १०८५ निर्धारित किया है।[1] किन्तु धवला टीका इसके पूर्व शक संवत् ७३८ (ई० सन् ८१६) में रची जा चुकी थी।

महापुराण (आदिपुराण) की उत्थानिका में आ० जिनसेन ने अपने पूर्ववर्ती कुछ ग्रन्थकारों का स्मरण किया है। उनमें एक 'चन्द्रोदय' काव्य के कर्ता प्रभाचन्द्र भी हैं। सम्भव है, उपर्युक्त नय का लक्षण उन्हीं प्रभाचन्द्र के द्वारा निबद्ध किया गया हो। वह लक्षण धवला से अन्यत्र कहीं दृष्टिगोचर नहीं हुआ।

१४. भूतबलि

ये प्रस्तुत षट्खण्डागम के प्रथम जीवस्थान खण्ड के अन्तर्गत 'सत्प्ररूपणा' अनुयोगद्वार को छोड़कर उस जीवस्थान के द्रव्यप्रमाणानुगम को आदि लेकर आगे के समस्त ग्रन्थ के रचयिता हैं। वह सत्प्ररूपणा अनुयोगद्वार आचार्य पुष्पदन्त द्वारा रचा गया है। इनका साधारण परिचय पीछे आचार्य पुष्पदन्त के साथ कराया जा चुका है। इससे अधिक उनके विषय में और कुछ ज्ञात नहीं है।

इनका उल्लेख धवला में अनेक बार किया गया है। जैसे—पु० १, पृ० ७१,७२ व २२६। पु० ३, पृ० १०३,१३३ व २४३। पु० १०, पृ० २०,४४,२४२ व २७४। पु० १३, पृ० ३६ व ३८१। पु० १४, पृ० १३४, ५४१ व ५६४। पु० १५, पृ० १।

१५. महावाचय, महावाचयखमासमण

ये किसी आचार्य-विशेष के नाम तो नहीं रहे दिखते हैं। महावाचक या महावाचकक्षमा-श्रमण के रूप में अतिशय प्रसिद्ध होने के कारण किसी ख्यातनामा आचार्य के नाम का उल्लेख न करके धवलाकार ने उनका इस रूप में उल्लेख किया है—

"महावाचया ट्ठिदिसंतकम्मं पयासंति।"—धवला, पु० १६, पृ० ५७७

---

१. न्यायकुमुदचन्द्र २, प्रस्तावना, पृ० ४८-५८ द्रष्टव्य हैं।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

"महावाचयाणं खमासमणाणं उवदेसेण सव्वत्थोवाणि कसाउदयट्ठाणाणि।"

—धवला, पु० १६, पृ० ४७७

"महावाचयखमासमणा संतकम्ममग्गणं करेंति।"—धवला, पु० १६, पृ० ४७६

सम्भव है धवलाकार ने 'महावाचक' और 'महावाचक क्षमाश्रमण' के रूप में यहाँ आचार्य आर्यमंक्षु का उल्लेख किया हो।

१६. यतिवृषभ

धवला में आचार्य यतिवृषभ का उल्लेख दो-तीन बार इस प्रकार किया गया है—

(१) केवलिसमुद्घात के प्रसंग में एक शंका का समाधान करते हुए धवलाकार ने कहा है कि **यतिवृषभ** के उपदेशानुसार क्षीणकषाय के अन्तिम समय में सभी अघातिया कर्मों की स्थिति समान नहीं रहती है, इसलिए सब केवली समुद्घात करके ही मुक्ति को प्राप्त करते हैं।[1]

(२) जीवस्थान-चूलिका में प्रसंगप्राप्त एक शंका के समाधान में धवलाकार ने कहा है कि 'उपशामक' को मध्यदीपक मानकर शिष्यों के प्रतिबोधनार्थ 'यह (अन्तरकरण करने में प्रवृत्त अनिवृत्तिकरणसंयत) दर्शनमोहनीय का उपशामक है' ऐसा **यतिवृषभ** ने कहा है।[2]

(३) वेदनाभावविधान में प्रसंगप्राप्त एक शंका के समाधान में '**कसायपाहुड**' का उल्लेख करते हुए धवला में कहा गया है कि—'इस अर्थ को वर्धमान भट्टारक ने गौतम स्थविर को कहा। गौतम के पास वह अर्थ आचार्य-परम्परा से आकर गुणधर भट्टारक को प्राप्त हुआ। उनके पास से वही अर्थ आचार्यपरम्परा से आता हुआ आर्यमंक्षु और नागहस्ती के पास आया। इन दोनों ने उसका व्याख्यान **यतिवृषभ** भट्टारक को किया। यतिवृषभ ने उसे अनुभाग-संक्रम के प्रसंग में चूर्णिसूत्र में लिखा'।[3]

यतिवृषभ का व्यक्तित्व

ऊपर के इन उल्लेखों से स्पष्ट है कि आचार्य **यतिवृषभ** कर्मसिद्धान्त के गम्भीर ज्ञाता रहे हैं। जयधवला टीका को प्रारम्भ करते हुए आ० वीरसेन ने उनकी स्तुति में उन्हें वृत्तिसूत्रों (चूर्णिसूत्रों) का कर्ता कहकर उनसे वर की याचना की है तथा यह भी स्पष्ट किया है कि वे आर्यमंक्षु के शिष्य और नागहस्ती के अन्तेवासी रहे हैं। यथा—

जो अज्जमंखुसीसो अंतेवासी वि णागहत्थिस्स।
सो वित्तिसुत्तकत्ता जइवसहो मे वरं देऊ॥—गाथा ८

वृत्तिसूत्र के लक्षण का निर्देश करते हुए जयधवला में कहा गया है कि सूत्र की जिस व्याख्या में शब्द-रचना तो संक्षिप्त हो, पर जो सूत्र में अन्तर्हित समस्त अर्थ की संग्राहक हो, उसका नाम वृत्तिसूत्र है।[4]

धवलाकार ने अनेक प्रसंगों पर **यतिवृषभ**-विरचित उन वृत्तिसूत्र या चूर्णिसूत्रों का उल्लेख

---

१. धवला, पु० १, पृ० ३०२
२. धवला, पु० ६, पृ० २३३
३. वही, पु० १२, पृ० २३०-३२
४. सुत्तस्सेव विवरणाए संखित्तसद्दरयणाए संगहियसुत्तासेसत्थाए वित्तिसुत्तवयएसादो।

—क०पा० सुत्त, प्रस्तावना, पृ० १५

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

कसायपाहुड, पाहुडसुत्त आदि अनेक नामों से किया है—यह पीछे विस्तार से स्पष्ट किया जा चुका है ।

धवलाकार का आ० यतिवृषभ और उनके चूर्णिसूत्रों के प्रति अतिशय आदरभाव रहा है। उनके समक्ष जहाँ कहीं भी चूर्णिसूत्रों के साथ मतभेद या विरोध का प्रसंग उपस्थित हुआ है, धवलाकार ने उनके शंका-समाधानपूर्वक उनकी सूत्ररूपता को षट्खण्डागम सूत्रों के ही समान, अखण्डनीय सिद्ध किया है।[1] इस सबको 'ग्रन्थोल्लेख' में **कसायपाहुड** के प्रसंग में देखा जा सकता है।

कृतियाँ

प्रस्तुत कषायप्राभृतचूर्णि के अतिरिक्त **'तिलोयपण्णत्ती'** को भी आ० यतिवृषभ-विरचित माना जाता है। तिलोयपण्णत्ती में लोक के अन्तर्गत विविध विभागों की अतिशय व्यवस्थित प्ररूपणा के अतिरिक्त अन्य भी अनेक प्रासंगिक विषयों की प्ररूपणा की गयी है। जैसे—पौराणिक व बीस प्ररूपणाओं आदि सैद्धान्तिक विषयों का विवेचन। इन विषयों का विवेचन वहाँ अतिशय प्रामाणिकता के साथ **लोकविभाग** व **लोकविनिश्चय** आदि कितने ही प्राचीनतम ग्रन्थों के आश्रय से किया गया है तथा व्याख्यात विषय की उनके द्वारा पुष्टि की गयी है। इससे ग्रन्थकार यतिवृषभ की बहुश्रुतशालिता का परिचय प्राप्त होता है।

समय

यतिवृषभाचार्य के समय के विषय में विद्वानों में एक मत नहीं है। कुछ तथ्यों के आधार पर यतिवृषभ के समय की कल्पना ४७३-६०९ ईस्वी के मध्य की गयी है।[2]

१७. व्याख्यानाचार्य

जो प्रसंगप्राप्त प्रतिपाद्य विषय का व्याख्यान अतिशय कुशलतापूर्वक किया करते थे उन व्याख्यानकुशल आचार्यों की प्रसिद्धि व्याख्यानाचार्य के रूप में रही है। धवला में व्याख्यानाचार्य का उल्लेख दो बार हुआ है। यथा—

(१) जीवस्थान-अन्तरानुगम में अवधिज्ञानियों के अन्तर की प्ररूपणा के प्रसंग में अन्य कुछ शंकाओं के साथ एक यह भी शंका उठायी गयी है कि जिन्होंने गर्भोपक्रान्तिक जीवों में अड़तालीस पूर्वकोटि वर्षों को बिता दिया है उन जीवों में अवधिज्ञान को उत्पन्न कराकर अन्तर को क्यों नहीं प्राप्त कराया। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि उनमें अवधिज्ञान की सम्भावना के प्ररूपक **व्याख्यानाचार्यों** का अभाव है। (पु० ५ पृ० ११९)

(२) एक अन्य उल्लेख धवला में देशावधि के द्रव्य-क्षेत्रादि-विषयक विकल्पों के प्रसंग में इस प्रकार किया गया है—

"सण्णि सण्णिमव्वामोहो अणाउलो समचित्तो सोदारे संबोहेंतो अंगुलस्स असंखेज्जदिभाग-मेत्तदव्वभावविसए उप्पाइय **वक्खाणाइरिओ** (?) खेत्तस्स चउत्थ-पंचम-छट्ठ-सत्तम-पहुडि जाव

---

१. उदाहरण के रूप में क०पा० सुत्त पृ० ७५१, चूर्णि १९५-९९ और धवला पु० १, पृ० २१७-२२, में आठ कषायों और स्त्यानगृद्धित्रय आदि सोलह प्रकृतियों के क्षय के पूर्वापरक्रमविषयक प्रसंग को देखा जा सकता है।

२. देखिए ति०प०, भाग २ की प्रस्तावना, पृ० १५-२०

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

अंगुलस्स असंखेज्जदिभागमेत्ते ओहिखेत्तवियप्पे उप्पाइय तदो जहण्णकालस्सुवरि एगो समओ वड्ढावेदव्वो ।"—पु० ६, पृ० ६० (पाठ कुछ स्खलित हुआ दिखता है)

१८. आचार्य समन्तभद्र

षट्खण्डागम के चतुर्थ खण्डभूत 'वेदना' के प्रारम्भ (कृति अनुयोगद्वार) में ग्रन्थावतार विषयक प्ररूपणा करते हुए धवलाकार ने नय-प्ररूपणा के प्रसंग में **'तथा समन्तभद्रस्वामिनाप्युक्तम्'** इस सूचना के साथ आचार्य समन्तभद्र-विरचित आप्तमीमांसा की इस कारिका को उद्धृत किया है[1]—

स्याद्वादप्रविभक्तार्थविशेषव्यञ्जको नयः ।।[2]

इसके पूर्व में वहाँ 'क्षुद्रकबन्ध' खण्ड के अन्तर्गत ग्यारह अनुयोगद्वारों में से प्रथम 'स्वामित्वानुगम' में दर्शन के अस्तित्व को सिद्ध करते हुए धवलाकार ने उस प्रसंग से **'तहा समंतभद्द सामिणा वि उत्तं'** ऐसा निर्देश करके स्वयम्भूस्तोत्र के **"विधिर्विवक्षितप्रतिषेधरूपः"** इत्यादि पद्य को उद्धृत किया है।[3]

समन्तभद्र-परिचय

आचार्य समन्तभद्र एक महान् प्रतिभाशाली तार्किक विद्वान् रहे हैं। उन्होंने तर्कपूर्ण अनेक स्तुतिपरक ग्रन्थों को रचा है। ये ग्रन्थ शब्द-रचना में अतिशय संक्षिप्त होकर भी अपरिमित अर्थ से गर्भित, गम्भीर व दुरूह रहे हैं। इन ग्रन्थों में केवल ११४ श्लोकस्वरूप 'देवागमस्तोत्र' (आप्तमीमांसा) पर भट्टाकलंकदेव ने 'अष्टशती' नाम की टीका और आचार्य विद्यानन्द ने 'अष्टसहस्री' नाम की विस्तृत टीका को रचा है। इस प्रकार १६५ पद्यात्मक 'युक्त्यनुशासन' पर भी आ० विद्यानन्द ने टीका रची है। टीकाकार आचार्य अकलंकदेव और विद्यानन्द बहुमान्य विख्यात दार्शनिक विद्वान् रहे हैं। इन टीकाओं के बिना उन स्तुत्यात्मक ग्रन्थों के रहस्य को समझना भी कठिन रहा है।

समन्तभद्र केवल तार्किक विद्वान् ही नहीं रहे हैं, अपितु कवियों के शिरोमणि भी वे रहे हैं। इसका ज्वलन्त उदाहरण उनके द्वारा विरचित 'स्तुतिविद्या' (जिनशतक) है। यह उनका चित्रबन्ध काव्य मुरजबन्ध आदि अनेक चित्रों से अलंकृत है, श्लेषालंकार व यमकालंकार आदि शब्दालंकारों का इसमें अधिक उपयोग हुआ है। अनेक एकाक्षरी पद्य भी इसमें समाविष्ट हैं। यह कवि की अनुपम काव्यकुशलता का परिचायक है।

इस चित्रमय काव्य की रचना-शैली को देखते हुए यह भी निश्चित है कि उनकी व्याकरण में भी अस्खलित गति रही है। जैनेन्द्रव्याकरण में **'चतुष्टयं समन्तभद्रस्य'** इस सूत्र (५,४,१६८) के द्वारा जो समन्तभद्र के मत को प्रकट किया गया है वह भी उनकी व्याकरणविषयक विद्वत्ता का अनुमापक है। जैनेन्द्रप्रक्रिया (सूत्र १,१-४३, पृ० १४) में **'आर्येभ्यः (आ आर्येभ्यः) यशोगतं**

---

१. धवला, पु० ६, पृ० १६७

२. पूरी कारिका इस प्रकार है—

सधर्मणैव साध्यस्य साधर्म्यादविरोधतः।
स्याद्वादप्रविभक्तार्थविशेषव्यञ्जको नयः ।।—आ० मी० १०६

३. देखिए धवला, पु० ७, पृ० ६६ व स्वयम्भूस्तोत्र, ५२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

समन्तभद्रीयम्' यह जो उदाहरण दिया गया है वह भी यश के प्रसार की कारणभूत उनकी अनेक विषयोन्मुखी प्रतिभा का द्योतक है।

जीवन-वृत्त

आचार्य समन्तभद्र के जन्म-स्थान, माता-पिता और शिक्षा-दीक्षा आदि के विषय में कुछ भी परिचय प्राप्त नहीं है। स्वयं समन्तभद्र ने अपनी किसी कृति में श्लेष-रूप में नामनिर्देश[1] के सिवाय कुछ भी परिचय नहीं दिया।

श्रवणबेलगोल के दौर्बलि जिनदास शास्त्री के भण्डार में ताडपत्रों पर लिखित आप्त-मीमांसा की एक प्रति पायी जाती है। उसके अन्त में यह सूचना दी गयी है—

"इति फणिमण्डलालंकारस्योरगपुराधिपसूनोः श्रीस्वामिसमन्तभद्रमुनेः कृतौ आप्तमीमांसायाम्।"

इससे इतना मात्र परिचय मिलता है कि समन्तभद्र मुनि जन्म से क्षत्रिय थे, उनका जन्म-स्थान फणिमण्डल के अन्तर्गत उरगपुर था तथा पिता इस नगर के अधिपति रहे। इससे यह भी ज्ञात होता है कि स्वामी समन्तभद्र राजपुत्र रहे हैं। पर उपर्युक्त पुष्पिका-वाक्य में कितनी प्रामाणिकता है, यह कहा नहीं जा सकता।

समन्तभद्र-विरचित 'स्तुतिविद्या' का ११६वाँ पद्य चक्रवृत्तस्वरूप है। उसकी चक्राकृति में बाहर की ओर से चौथे वलय में 'जिनस्तुतिशतं' स्तुति-विद्या का यह दूसरा नाम उपलब्ध होता है। इसी प्रकार उसके सातवें वलय में 'शान्तिवर्मकृतं' यह ग्रन्थकार का नाम उपलब्ध होता है।

इससे ज्ञात होता है कि स्तुतिविद्या अपरनाम जिनस्तुतिशतक के रचयिता आ० समन्तभद्र का 'शान्तिवर्मा' नाम जिन-दीक्षा लेने से पूर्व प्रचलित रहा है।

'राजावलीकथे' में उनका जन्म-स्थान 'उत्कलिका' ग्राम कहा गया है।[2]

आचार्य समन्तभद्र के जीवन से सम्बन्धित इससे कुछ अधिक प्रामाणिक परिचय प्राप्त नहीं है।

गुणस्तुति

आ० समन्तभद्र आस्थावान् जिनभक्त, परीक्षाप्रधानी, जैनदर्शन के अतिरिक्त बौद्ध व नैयायिक-वैशेषिक आदि अन्य दर्शनों के भी गम्भीर अध्येता, जैनशासन के महान् प्रभावक, वादविजेता और विशिष्ट संयमी रहे हैं; यह उनकी कृतियों से ही सिद्ध होता है। यथा—

जिनभक्त—उनकी सभी कृतियाँ प्रायः (रत्नकरण्डक श्रावकाचार को छोड़कर) जिनभक्ति-प्रधान हैं, जिनमें जिनस्तुति के रूप में नयविवक्षा के अनुसार जिन-प्रणीत तत्त्वों का विचार करते हुए इतर दर्शनसम्मत तत्त्वों का सयुक्तिक निराकरण किया गया है। यही उनके जिन-भक्त होने का प्रमाण है। उनकी जिन-भक्ति का नमूना देखिए—

---

१. यथा—(१) तव देवमतं समन्तभद्रं सकलम् ॥—स्वयम्भूस्तोत्र १४३
(२) त्वयि ध्रुवं खण्डितमानशृंगो भवत्यभद्रोऽपि समन्तभद्रः॥
—युक्त्यनुशासन, ६३

२. देखिए 'स्वामी समन्तभद्र' पृ० ४-५

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

स्तुतिः स्तोतुः साधोः कुशलपरिणामाय स सदा
भवेन्मा वा स्तुत्यः फलमपि ततस्तस्य च सतः ।
किमेवं स्वाधीन्याज्जगति सुलभे श्रेयसपथे
स्तुयान्न त्वा विद्वान् सततमभिपूज्यं नमिजिनम् ।।

—स्वयम्भू०, ११६

वे कहते हैं—हे नमि जिन ! स्तुति के योग्य (जिन-आदि) समक्ष हों, न भी हों; उनके रहते हुए फल भी प्राप्त हो, न भी हो; किन्तु स्तोता के द्वारा अन्तःकरण से की गयी स्तुति निर्मल परिणामों की कारणभूत होने से पुण्यवर्धक ही होती है। इस प्रकार कल्याणकर मार्ग के अनायास सुलभ होने पर कौन-सा ऐसा विद्वान् है जो सतत पूज्य आप नमिजिन की स्तुति न करे ? आत्महितैषी विवेकी जन ऐसे वीतराग प्रभु की स्तुति किया ही करते हैं।

इसके पूर्व भगवान् वासुपूज्य जिन की स्तुति (५७) में भी उन्होंने अपना यही अभिप्राय अभिव्यक्त किया है।

आस्थावान्—उनके दृढ़ श्रद्धानी होने का भी प्रमाण द्रष्टव्य है—

सुश्रद्धा मम ते मते स्मृतिरपि त्वय्यर्चनं चापि ते
हस्तावञ्जलये कथाश्रुतिरतः कर्णोऽक्षि संप्रेक्षते ।
सुस्तुत्यां व्यसनं शिरो नतिपरं सेवेदृशी येन ते
तेजस्वी सुजनोऽहमेव सुकृती तेनैव तेजःपते ।।

—स्तुतिविद्या, ११४

समन्तभद्र की वीतराग जिनदेव पर कितनी आस्था—दृढ़ श्रद्धा—थी, यह इस पद्य से सुस्पष्ट है। वे कहते हैं—हे भगवन् ! मेरी समीचीन या अतिशयित श्रद्धा आपके मत पर—आपके द्वारा उपदिष्ट तत्त्वों पर है, स्मरण भी मैं सदा आपका करता हूँ, पूजा भी आपकी ही करता हूँ, मेरे दोनों हाथ आपको नमस्कार करने में व्यापृत रहते हैं, कान मेरे आपकी कथा-वार्ता में निरत रहते हैं, नेत्र आपके दर्शन के लिए उत्सुक रहते हैं, आपकी स्तुति के रचने की मेरी आदत बन गयी है, तथा मेरा सिर आपके लिए नमस्कार करने में तत्पर रहता है; इस प्रकार से चूँकि मैं आपकी सेवा (आराधना)कर रहा हूँ, इसलिए हे केवलिज्ञान रूप तेज से सुशोभित देवाधिदेव ! मैं तेजस्वी, सुजन और पुण्यशाली हूँ।

तात्पर्य यह है कि आचार्य समन्तभद्र ने जिनदेव पर निश्चल श्रद्धा व गुणानुराग होने से उनके आराधन में अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया था। यह यहाँ विशेष ध्यान देने योग्य है कि स्वामी समन्तभद्र ने जिन भगवान् के प्रति अपनी सामान्य श्रद्धा को नहीं, अपितु 'सुश्रद्धा' को व्यक्त किया है; जिसका अभिप्राय शंका आदि पच्चीस दोषों से रहित निर्मल श्रद्धान है। इसी का नाम है दर्शन-विशुद्धि। इसी अभिप्राय को उन्होंने अपने रत्नकरण्डक में इस प्रकार से व्यक्त कर दिया है—

भयाशा-स्नेह-लोभाच्च कुदेवागम-लिंगिनाम् ।
प्रणामं विनयं चैव न कुर्युः शुद्धदृष्टयः ।।—र०क० ३०

वे दूसरों को भी इस ओर प्रेरित करते हुए कहते हैं कि जो निर्मल सम्यग्दृष्टि हैं उन्हें भय, धनादि की आशा, स्नेह और लोभ के वश होकर कभी भी कुदेव, कुशास्त्र और कुगुरु को प्रणाम

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

तथा उनकी विनय-पूजा आदि नहीं करनी चाहिए।

इसके उदाहरण भी स्वयं समन्तभद्र ही हैं। यह स्मरणीय है कि जिन-दीक्षा लेकर मुनि समन्तभद्र निरतिचार अट्ठाईस मूलगुणों का परिपालन करते हुए ज्ञान व संयम के आराधन में उद्यत रहते थे। इस बीच उन्हें अशुभकर्म के उदय से भस्मक रोग उत्पन्न हो गया था। यह एक ऐसा भयानक रोग है कि इससे पीड़ित प्राणी प्रचुर मात्रा में भी नीरस भोजन को लेता हुआ उसे शान्त नहीं कर सकता है। उसकी शान्ति के लिए प्रचुर मात्रा में कफ को बढ़ानेवाला गरिष्ठ भोजन मिलना चाहिए। पर मुनि-धर्म का पालन करते हुए समन्तभद्र के लिए वह शक्य नहीं था। इससे उन्होंने सल्लेखना ग्रहण करने का विचार किया। पर गुरु ने उसके लिए उन्हें आज्ञा नहीं दी। उन्हें उनकी अविचल तत्त्वश्रद्धा पर विश्वास था, तथा यह भी वे समझते थे कि भविष्य में इसके द्वारा जैन शासन को विशेष लाभ हो सकेगा। इसी से उन्होंने सल्लेखना न देकर यह कह दिया कि जिस किसी भी प्रकार से तुम इस रोग को शान्त कर लो और तब फिर से दीक्षा लेना।

इस पर समन्तभद्र ने सोचा कि इस जिनलिंग में रहते हुए एषणासमिति के विरुद्ध घृणित उपायों से गरिष्ठ भोजन को प्राप्त कर रोग को शान्त करना उचित न होगा। इसी सद्भावना से उन्होंने मुनि-वेष को छोड़कर तापस का वेष धारण कर लिया और उस वेष में 'कांची' जाकर 'भीमलिंग' नामक शिवालय में जा पहुँचे। इस शिवालय में प्रतिदिन विपुल भोजन का उपयोग होता था। यह भोजन शिव के लिए अर्पित किया जा सकता है, ऐसा भक्तजनों को आश्वासन देकर गर्भालय का द्वार बन्द करके समन्तभद्र उसे स्वयं ग्रहण करने लगे। इस प्रकार उत्तरोत्तर रोग के शान्त होने पर जब भोजन बचने लगा तब राजा शिवकोटि को सन्देह उत्पन्न हो गया। इससे उन्हें भयभीत किया गया। पर दृढ़ श्रद्धालु समन्तभद्र भयभीत होकर स्थिर श्रद्धा से विचलित नहीं हुए। उन्होंने तब स्वयम्भूस्तोत्र की रचना की। इस प्रकार धर्म के प्रभाव से शिवमूर्ति के स्थान में चन्द्रप्रभ जिन की मूर्ति प्रकट हुई। जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, उन्हें 'स्तुति' का ऐसा ही व्यसन रहा है।[1]

इस प्रकार से राजा और अन्य दर्शक उससे प्रभावित होकर यथार्थ धर्म की ओर आकृष्ट हुए। समन्तभद्र पुनः दीक्षा लेकर स्व-पर के कल्याणकारक मुनिधर्म का पूर्ववत् निर्दोष रीति से पालन करने लगे।

परीक्षाप्रधानी—समन्तभद्राचार्य की कृतियों से यह भी स्पष्ट है कि उन्होंने जो भी यथार्थ धर्म का आचरण किया है व जिनेन्द्र की भक्ति की है वह प्रचलित विभिन्न दर्शनों के अध्ययन-पूर्वक उनकी परीक्षा करके आश्वस्त होकर ही की है, अन्धविश्वास से नहीं।

उनका 'देवागमस्तोत्र' (आप्तमीमांसा) इसी परीक्षाप्रधानता की दृष्टि से रचा गया है। इसमें उन्होंने भगवान् महावीर के महत्त्वविषयक देवागमादि रूप प्रश्नों को उठाकर उनसे प्राप्त होनेवाले महत्त्व का निराकरण किया है। अन्त में उन्होंने उनकी वीतरागता और सर्वज्ञता पर आश्वस्त होकर उन्हें निर्दोष व युक्ति एवं आगम से अविरुद्ध वक्ता स्वीकार करते हुए प्रचलित

---

१. विशेष जानकारी के लिए देखिए 'स्वामी समन्तभद्र' में 'मुनिजीवन और आपत्काल' शीर्षक, पृ० ७३-११४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

विविध एकान्तवादों की समीक्षा की है।[1]

अन्त में उन्होंने वहाँ यह स्पष्ट कर दिया है कि यह जो मैंने आप्त की परीक्षा की है वह आत्महितैषियों के लिए समीचीन और मिथ्या उपदेश के अर्थ (रहस्य) का विशेष रूप से बोध हो जाय, इसी अभिप्राय से की है। यथा—

इतीयमाप्तमीमांसा विहिता हितमिच्छताम् ।
सम्यग्मिथ्योपदेशार्थविशेषप्रतिपत्तये ॥११४॥

इस प्रकार से समन्तभद्र जब वीर जिन (आप्त) की परीक्षा कर चुके, तब उन्होंने आप्त माने जानेवाले अन्यों में असम्भव वीर जिन की वीतरागता व सर्वज्ञता पर मुग्ध होकर 'युक्त्यनुशासन' के रूप में उनकी स्तुति को प्रारम्भ कर दिया। उसे प्रारम्भ करते हुए वे कहते हैं[2]—

कीर्त्या महत्या भुवि वर्धमानं त्वां वर्धमानं स्तुतिगोचरत्वम् ।
निनीषवः स्मो वयमद्य वीरं विशीर्णदोषाशय-पाशबन्धम् ॥

—युक्त्यनुशासन, १

इसमें वे भगवान् महावीर को लक्ष्य करके कहते हैं कि हे वीर जिन ! आपने अज्ञानादि दोषों (भावकर्म) और उनके आधारभूत ज्ञानावरणादि रूप आशयों (द्रव्यकर्म) स्वरूप पाश के बन्धन को तोड़ दिया है, इसीलिए आपका मान—केवलज्ञानरूप प्रमाण—वृद्धिगत हुआ है, उस केवलज्ञान के प्रभाव से आप समवसरणभूमि में महती कीर्ति से—युक्ति और आगम से अविरुद्ध दिव्य वाणी के द्वारा—समस्त प्राणियों के मन को व्याप्त करते हैं; इसीसे हम उत्कण्ठित होकर आपकी स्तुति में प्रवृत्त हुए हैं।

अभिप्राय यह है कि आचार्य समन्तभद्र ने मुमुक्षु भव्यजनों के लिए प्रथमतः आप्त-अनाप्त की परीक्षा करके यथार्थ उपदेष्टा का बोध कराया है और तत्पश्चात् वे उसे ही स्तुत्य बताकर उसकी स्तुति में प्रवृत्त हुए हैं। इस प्रकार आप्त-अनाप्त के गुण-दोषों का विचार करते हुए आप्त की स्तुति में प्रवृत्त होकर भी स्वामी समन्तभद्र राग-द्वेष से कलुषित नहीं हुए, इसे भी उन्होंने स्तुति के अन्त में इस प्रकार अभिव्यक्त कर दिया है—

न रागान्नः स्तोत्रं भवति भव-पाशच्छिदि मुनौ
न चान्येषु द्वेषादपगुणकथाभ्यासस्खलता ।
किमु न्यायान्यायप्रकृतगुणदोषज्ञमनसां
हितान्वेषोपायस्तव गुणकथासंगगदितः ॥—युक्त्यनु०, ६४

वे अपने इस स्तुतिविषयक अभिप्राय को प्रकट करते हुए कहते हैं—आपने संसाररूप पाश को छेद दिया है, इसलिए हमने उसी संसाररूप पाश के छेदने की इच्छा से प्रेरित होकर यह आपका स्तवन किया है, न कि राग के वशीभूत होकर। इसी प्रकार आप्त के लक्षण से रहित अन्य आप्ताभासों के अपगुणों का जो विचार किया है वह भी द्वेष के वशीभूत होकर खलभाव से नहीं किया। किन्तु जो मुमुक्षु जन अन्तःकरण से न्याय-अन्याय और गुण-दोषों को

---

१. देखिए आप्तमीमांसा (देवागमस्तोत्र) १-८

२. इसकी आ० विद्यानन्द-विरचित उत्थानिका द्रष्टव्य है—श्रीसमन्तस्वामिभिराप्तमीमांसायामन्ययोगव्यवच्छेदाद् व्यवस्थापितेन भगवता श्रीमदार्हताऽन्त्यतीर्थंकर-परमदेवेन मां परीक्ष्य किं चिकीर्षवो भवन्तः इति पृष्टा इव प्राहुः।—युक्त्यनु० (सटीक), पृ० १

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

जान लेना चाहते हैं उनके लिए आपके इस गुण-कीर्तन के आश्रय से हित के खोजने का उपाय बता दिया है।

इतर दर्शनों के अध्येता—पूर्वनिर्दिष्ट आप्तमीमांसा में आगे आ० समन्तभद्र ने भाव-अभाव, भेद-अभेद, नित्य-अनित्य तथा कार्य-कारण आदि के भेद-अभेद-विषयक एकान्त का जिस बुद्धिमत्ता से निराकरण किया है व अनेकान्तरूपता को प्रस्थापित किया है,[1] वह उन सर्वथैकान्तवादों के गम्भीर अध्ययन के बिना सम्भव नहीं था। इससे सिद्ध है कि वे इतर दर्शनों के भी गम्भीर अध्येता रहे हैं।

जैनशासनप्रभावक—आ० समन्तभद्र ने अपने उत्कृष्ट ज्ञान, तप और संयम आदि के द्वारा जैनशासन की उल्लेखनीय प्रभावना की है। भस्मक रोग से आक्रान्त होने पर उन्होंने जिस साहस के साथ उसे सहन किया तथा जैनशासन पर अडिग श्रद्धा रखते हुए उसे जिस कुशलता से शान्त किया और उपद्रव के निर्मित होने पर जिनभक्ति के बल से उसे दूर करते हुए अनेक कुमार्गगामियों के लिए सन्मार्ग की ओर आकर्षित किया; यह सब जैनशासन की प्रभावना का ही कारण हुआ है। इसके अतिरिक्त उनकी देवागमस्तोत्र आदि कृतियाँ भी जैनशासन की प्रभावक बनी हुई हैं। समन्तभद्र ने जैनशासन की प्रभावना के लक्षण में स्वयं भी यह कहा है कि जैनशासन-विषयक अज्ञानरूप अन्धकार को हटाकर जिन-शासन की महिमा को प्रकाश में लाना, यह प्रभावना का लक्षण है।[2]

वाद-विजेता—जिन-शासन पर अकाट्य श्रद्धा रहने के कारण समन्तभद्राचार्य ने अपने गम्भीर ज्ञान के बल पर अनेक वादों में विजय प्राप्त की है। समीचीन मार्ग के प्रकाशन के हेतु वे वाद के लिए भी उद्यत रहते थे। इसके लिए वे अनेक नगरों में पहुँचे थे व वाद करके उसमें विजय प्राप्त की थी। इसके लिए यहाँ केवल एक उदाहरण दिया जाता है। श्रवणबेलगोल के एक शिलालेख (५४) के अनुसार करहाटक (करहाड) पहुँचने पर समन्तभद्र ने वहाँ के राजा को अपना परिचय इस प्रकार दिया है—

पूर्वं पाटलिपुत्रमध्यनगरे भेरी मया ताडिता
पश्चान्मालव-सिन्धु-ठक्कविषये कांचीपुरे वैदिशे।
प्राप्तोऽहं करहाटकं बहुभटं विद्योत्कटं संकटं
वादार्थी विचराम्यहं नरपते शार्दूलविक्रीडितम्॥

तदनुसार वे वाद के लिए उत्सुक होकर पाटलिपुत्र (पटना), मालवा, सिन्धु, ठक्कदेश, कांचीपुर, वैदिश (विदिशा) और करहाटक में पहुँचे थे। उनके लिए वाद करना सिंह के खेल के समान रहा है। यथार्थ तत्त्व के वेत्ता होने से उन्हें वाद में कहीं संकट उपस्थित नहीं हुआ, सर्वत्र उन्होंने उसमें विजय ही प्राप्त की। उन्हें वाद में रुचि रही है, यह उनके इन स्तुति-वाक्यों से भी ध्वनित है—

पुनातु चेतो मम नाभिनन्दनो जिनो जितक्षुल्लकवादिशासनः॥—स्वयम्भू०, ५
स्वपक्षसौस्थित्यमदावलिप्ता वाक्-सिंहनादैर्विमदा बभूवुः।
प्रवादिनो यस्य मदार्द्रगण्डा गजा यथा केशरिणो निनादैः॥—स्वयम्भू० ३८

---

१. आप्तमीमांसा कारिका ६ आदि अन्त तक।
२. रत्नकरण्डश्रावकाचार, १८

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

यस्य पुरस्ताद् विगलितमाना न प्रतितीर्थ्या भुवि विवदन्ते ॥१०८॥

त्वयि ज्ञानज्योतिर्विभवकिरणैर्भाति भगव-
न्नभूवन् खद्योता इव शुचिरवावन्यमतयः ॥—स्वयम्भू०, ११७

गुण-कीर्तन

समन्तभद्र के पश्चाद्वर्ती अनेक ग्रन्थकारों ने उनके विविध गुणों की प्रशंसा की है। यथा—

(१) आठवीं शती के प्रख्यात विद्वान् आ० अकलंकदेव ने आ० समन्तभद्र-विरचित देवागमस्तोत्र की वृत्ति (अष्टशती) को प्रारम्भ करते समय उन्हें नमस्कार करते हुए उसकी व्याख्या करने की प्रतिज्ञा की है व उनकी विशेषता को प्रकट करते हुए उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि आ० समन्तभद्र यति ने इस कलिकाल में भी भव्य जीवों की निष्कलंकता के लिए—उनके कर्मकालुष्य को दूर करने के लिए—समस्त पदार्थों को विषय करनेवाले स्याद्वादरूप पवित्रतीर्थ को प्रभावित किया है। वह पद्य इस प्रकार है—

तीर्थं सर्वपदार्थतत्त्वविषयस्याद्वादपुण्योदधे-
र्भव्यानामकलंकभावकृतये प्राभावि काले कलौ।
येनाचार्यसमन्तभद्रयतिना तस्मै नमः सन्ततं
कृत्वा विवियते स्तवो भगवतां देवागमस्तत्कृतिः ॥

(२) इसी 'देवागमस्तोत्र' पर उपर्युक्त 'अष्टशती' से गर्भित 'अष्टसहस्री' नाम की टीका के रचयिता आचार्य विद्यानन्द ने समन्तभद्र की वाणी को विशिष्ट विद्वानों के द्वारा पूज्य, सूर्य-किरणों को तिरस्कृत करनेवाली सप्तभंगी के विधान से प्रकाशमान, भाव-अभावादि विषयक एकान्तरूप मनोगत अन्धकार को नष्ट करनेवाली और निर्मल ज्ञान के प्रकाश को फैलानेवाली कहा है। साथ ही, उन्होंने आशीर्वाद के रूप में यह भी कहा है कि वह समन्तभद्र की वाणी आप सबके निर्मल गुणों के समूह से प्रादुर्भूत कीर्ति, समीचीन विद्या (केवलज्ञान) और सुख की वृद्धि एवं समस्त क्लेशों के विनाश के लिए हो। यथा—

प्रज्ञाधीशप्रपूज्योज्ज्वलगुणनिकरोद्भूतसत्कीर्तिसम्पद्-
विद्यानन्दोदयायानवरतमखिलक्लेशनिर्णाशनाय।
स्तात् गोः सामन्तभद्री दिनकररुचिजित्सप्तभंगीविधीद्धा
भावाद्यैकान्तवेतस्तिमिरनिरसनी वोऽकलंकप्रकाशा ॥

इसमें आ० विद्यानन्द ने श्लेषरूप में अपने नाम के साथ 'अष्टशती' के रचयिता भट्टाकलंकदेव के नाम को व्यक्त कर दिया है।

(३) हरिवंशपुराण के कर्ता जिनसेनाचार्य ने जीवसिद्धि के विधायक और असिद्ध-विरुद्धादि दोषों से रहित युक्तियुक्त समन्तभद्र के वचन को वीर जिन के वचन के समान प्रकाशमान बतलाया है। यथा—

जीवसिद्धिविधायीह कृतयुक्त्यनुशासनम्।
वचः समन्तभद्रस्य वीरस्येव विजृम्भते ॥१-२९॥

यहाँ 'जीवसिद्धिविधायी' से ऐसा प्रतीत होता है कि समन्तभद्र के द्वारा जीव के अस्तित्व

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

का साधक कोई ग्रन्थ रचा गया है जो वर्तमान में अनुपलब्ध है। दूसरे, 'युक्त्यनुशासनस्तोत्र' की भी सूचना की गयी जो वर्तमान में उपलब्ध है व जिसपर विद्यानन्दाचार्य के द्वारा टीका भी लिखी गयी है। इस टीका को प्रारम्भ करते हुए आ० विद्यानन्द ने मंगल के रूप में समन्तभद्र-विरचित उस युक्त्यनुशासनस्तोत्र को प्रमाण व नय के आश्रय से वस्तुस्वरूप का निर्णय करनेवाला होने से अबाधित कहा है व इस प्रकार से उसका जयकार भी किया है—

प्रमाण-नयनिर्णीतवस्तुतत्त्वमबाधितम्।
जीयात् समन्तभद्रस्य स्तोत्रं युक्त्यनुशासनम्॥

(४) आदिपुराण के कर्ता आ० जिनसेन ने कहा है कि समन्तभद्राचार्य का यश कवि, गमक, वादी और वाग्मी जनों के सिर पर चूड़ामणि के समान सुशोभित होता था। अभिप्राय यह कि आचार्य समन्तभद्र के कवित्व, गमकत्व, वादित्व और वाग्मित्व ये चार गुण प्रकर्ष को प्राप्त थे।

आगे उन जिनसेनाचार्य ने समन्तभद्र को 'कविवेधा'—कवियों का स्रष्टा—कहकर उन्हें नमस्कार करते हुए यह भी कहा है कि उनके वचनरूप वज्र के पड़ने से कुमतरूप पर्वत ढह जाते थे। इससे उनके कवित्व और वादित्व गुण प्रकट हैं।[1]

(५) लगभग इसी अभिप्राय को प्रकट करते हुए कवि वादीभसिंह ने भी 'गद्यचिन्तामणि' में कहा है कि समन्तभद्र आदि मुनीश्वर सरस्वती के स्वच्छन्द विहार की भूमि रहे हैं। उनके वचनरूप वज्र के गिरने पर मिथ्यावादरूप पर्वत खण्ड-खण्ड हो जाते थे।

(६) आचार्य वीरनन्दी ने अपने 'चन्द्रप्रभचरित' में आ० समन्तभद्र आदि की वाणी को मोतियों के हार के समान दुर्लभ बतलाया है।[2]

(७) वादिराज मुनि ने स्वामी समन्तभद्र का चरित सभी के लिए आश्चर्यजनक बतलाते हुए कहा है, कि उनके 'देवागमस्तोत्र' द्वारा आज भी सर्वज्ञ दृष्टिगोचर हो रहा है।[3]

(८) आचार्य वसुनन्दी सैद्धान्तिक ने 'देवागमस्तोत्र' की वृत्ति को प्रारम्भ करते हुए समन्तभद्र के मत की वन्दना की है और अनेक विशेषणविशिष्ट उसे कालदोष से भी रहित बतलाया है—इस कलिकाल में भी उन्होंने जैनशासन को प्रभावशाली किया है, इस प्रकार की उनकी विशेषता को प्रकट किया है।

(९) 'ज्ञानार्णव' के कर्ता शुभचन्द्राचार्य ने उन्हें कवीन्द्रों में सूर्य बतलाकर यह कहा है कि उनकी सूक्तिरूपी किरणों के प्रकाश में अन्य कवि जुगनू के समान हँसी के पात्र बनते थे।[4]

इसी प्रकार से वादिराज सूरि ने 'यशोधरचरित' में, वर्धमानसूरि ने 'वरांगचरित' में और अजितसेन ने 'अलंकार-चिन्तामणि' में; तथा अन्य अनेक ग्रन्थकारों ने समन्तभद्र के महत्त्व को प्रकट किया है। अनेक शिलालेखों में भी उनके प्रशस्त गुणों की श्लाघा की गयी है।

समन्तभद्र का समय

आचार्य समन्तभद्र की कृतियों में कहीं भी उनके समय का संकेत नहीं किया गया है।

---

१. आदिपुराण १,४३-४४
२. चन्द्रप्रभचरित, १-६
३. पार्श्वनाथचरित, १-१७
४. ज्ञानार्णव, १-१४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

शिलालेख क्र० ४०(६४) से इतना ज्ञात होता है कि समन्तभद्र श्रुतकेवली भद्रबाहु, उनके शिष्य चन्द्रगुप्त, उनके वंशज पद्मनन्दी (कुन्दकुन्द), उनके वंशज उमास्वाति (गृद्धपिच्छाचार्य) और उनके शिष्य बलाकपिच्छ; इस आचार्यपरम्परा में हुए हैं। इनमें उमास्वाति का भी समय निर्णीत नहीं है, फिर भी सम्भवतः वे दूसरी-तीसरी शताब्दी के विद्वान् रहे हैं। यदि यह ठीक है तो यह कहा जा सकता है कि समन्तभद्र इसके पूर्व नहीं हुए हैं।

इसके पश्चात् वे कब हुए हैं, इसका विचार करते हुए उस प्रसंग में 'चतुष्टयं समन्तभद्रस्य' यह पूज्यपादाचार्य-विरचित जैनेन्द्रव्याकरण का सूत्र (५,४,१६८) प्राप्त होता है। इसमें इसके पूर्व के चार सूत्रों[1] का उल्लेख आचार्य समन्तभद्र के मतानुसार किया गया है। यथा—

"झयो हः इत्यादि सूत्रचतुष्टयं समन्तभद्राचार्यमतेन भवति, नान्येषामिति विकल्पः, तथा चोदाहृतम्।"—वृत्तिसूत्र ५,४,१६८

पूज्यपाद आचार्य प्रायः छठी शताब्दी के विद्वान् रहे हैं, यह हम पीछे (पृ० ६८२-८३ पर) लिख आये हैं।

इससे समन्तभद्राचार्य के सम्बन्ध में इतना ही कहा जा सकता है कि वे तीसरी से छठी शताब्दी के मध्य में किसी समय हुए हैं।[2]

विद्यावारिधि डॉ० ज्योतिप्रसाद के मतानुसार आचार्य समन्तभद्र का समय १२०-८५ ई० निश्चित है।[3]

१६. सूत्राचार्य

जो विवक्षित विषय की प्ररूपणा संक्षेप से सूत्ररूप में करते रहे हैं उन्हें सम्भवतः सूत्राचार्य कहा जाता था। अथवा जो सूत्र में अन्तर्हित अर्थ के व्याख्यान में कुशल होते थे, उन्हें सूत्राचार्य समझना चाहिए।

धवला में उनका एक उल्लेख जीवस्थान-कालानुगम के प्रसंग में किया गया है। वहाँ मिथ्यादृष्टियों के काल की प्ररूपणा करते हुए उस प्रसंग में यह एक शंका उठायी गयी है कि व्यय के होने पर भी जो राशि समाप्त नहीं होती है उसे यदि अनन्त माना जाता है तो वैसी स्थिति में अर्धपुद्गल परिवर्तन आदि रूप व्ययसहित राशियों की अनन्तता के नष्ट होने का प्रसंग प्राप्त होता है। इसके समाधान में वहाँ यह कहा गया है कि यदि उनकी अनन्तता समाप्त होती है तो हो जावे, इसमें कुछ दोष नहीं है। इस पर वहाँ शंकाकार ने कहा है कि उनमें सूत्राचार्य के व्याख्यान से अनन्तता तो प्रसिद्ध है, तब उसकी संगति कैसे होगी। इस पर धवलाकार ने कहा है कि सूत्राचार्य के द्वारा जो उनमें अनन्तता का व्यवहार किया गया है, उसका कारण उपचार है। जैसे प्रत्यक्ष प्रमाण से जाने गये स्तम्भ को लोक में उपचार से प्रत्यक्ष कहा जाता है वैसे ही अवधिज्ञान की विषयता को लाँघकर स्थित राशियाँ चूँकि अनन्त केवलज्ञान

---

१. झयो हः। शश्छोऽटि। हलो यमां यमि लम्। झरो झरि सवे।—जैनेन्द्र-सूत्र ५,४,१६४-६७

२. आचार्य जुगलकिशोर मुख्तार ने समन्तभद्र के समय से सम्बन्धित विविध मतों पर विचार करते हुए उसके विषय में पर्याप्त ऊहापोह किया है। उससे सम्बन्धित चर्चा 'स्वामी समन्तभद्र' में 'समय-निर्णय' शीर्षक में द्रष्टव्य है (पृ० ११५-६६)।

३. देखिए 'तीर्थंकर महावीर और उनकी आचार्य-परम्परा' भा० २, पृ० १८३-८४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

की विषय हैं, इसलिए उपचार से उन्हें 'अनन्त' कहा जाता है। इस कारण उनमें सूत्राचार्य के व्याख्यान से जो अनन्तता का व्यवहार प्रसिद्ध है, उससे इस व्याख्यान का कुछ भी विरोध नहीं है।[1]

दूसरा उल्लेख उनका वेदनापरिमाणविधान अनुयोगद्वार में किया गया है। वहाँ तीर्थंकर प्रकृति की साधिक तेतीस सागरोपम मात्र समयप्रबद्धार्थता के प्रसंग में कहा गया है कि तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध अपूर्वकरण के सातवें भाग के प्रथम समय से आगे नहीं होता है, क्योंकि अपूर्वकरण के अन्तिम सातवें भाग के प्रथम समय में उसके बन्ध का व्युच्छेद हो जाता है, ऐसा सूत्राचार्य का वचन उपलब्ध होता है।[2]

२०. सेचीय व्याख्यानाचार्य

वर्गणाखण्ड के अन्तर्गत 'बन्धन' अनुयोगद्वार में बादर निगोदवर्गणा के प्रसंग में धवलाकार ने कहा है कि हम अन्तिम समयवर्ती क्षीणकषाय क्षपक को छोड़कर व इस द्विचरम समयवर्ती क्षीणकषाय क्षपक को ग्रहण करके यहाँ रहने वाले सब जीवों के औदारिक, तैजस और कार्मण शरीरों के छह पुंजों को पृथक्-पृथक् स्थापित करके **सेचीय व्याख्यानाचार्य** द्वारा प्ररूपित स्थान-प्ररूपणा को कहते हैं।[3]

यहाँ व्याख्यानाचार्य के विशेषणभूत 'सेचीय'[4] शब्द से क्या अभिप्रेत रहा है, यह ज्ञात नहीं होता।

कषायप्राभृत में 'चारित्रमोहक्षपणा' अधिकार के प्रसंग में यह एक चूर्णिसूत्र उपलब्ध होता है—

"णवरि **सेचीयादो** जदिबादरसांपराइयकिट्टीओ करेदि तत्थ पदेसग्गं विसेसहीणं होज्ज।"

—क०पा० सुत्त, पृ० ८६६-६७

जयधवलाकार ने 'सेचीय' का अर्थ सम्भवसत्य किया है। यथा—"सेचीयादो सेचीयं संभवमस्सियूणसंभवसच्चमस्सियूण।"

---

१. धवला, पु० ४, पृ० ३३८-३९

२. वही, पु० १२, पृ० ४९४

३. वही, पु० १४, पृ० १०१

४. यह शब्द इसके पूर्व पु० १५, पृ० २८९ पर भी उपलब्ध होता है। यथा—
उदओदुविहो पओअसा **सेचीयादो** च।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

वीरसेनाचार्य की व्याख्यान-पद्धति

आ० वीरसेन एक लब्धप्रतिष्ठ प्रामाणिक टीकाकार रहे हैं। वे प्रतिभाशाली बहुश्रुत विद्वान् थे। उनके सामने पूर्ववर्ती विशाल साहित्य रहा है, जिसका उन्होंने गम्भीर अध्ययन किया था व यथावसर उसका उपयोग अपनी इस धवला टीका की रचना में किया—यह पीछे 'ग्रन्थोल्लेख' और 'ग्रन्थकारोल्लेख' शीर्षकों से स्पष्ट हो चुका है।

वीरसेनाचार्य की प्रामाणिकता (सूत्र को महत्त्व)

प्रतिपाद्य विषय का स्पष्टीकरण व उसका विस्तार करते हुए भी धवलाकार ने अपनी ओर से कुछ नहीं लिखा; जो कुछ भी उन्होंने लिखा है वह परम्परागत श्रुत के आधार से ही लिखा है। इस प्रकार से उन्होंने अपनी प्रामाणिकता को सुरक्षित रक्खा है। मतभेद का प्रसंग उपस्थित होने पर उन्होंने सर्वप्रथम सूत्र को महत्त्व दिया है। यथा—

(१) जीवस्थान-चूलिका के अन्तर्गत 'सम्यक्त्वोत्पत्ति' चूलिका में चारित्रप्राप्ति के विधान की प्ररूपणा करते हुए उस प्रसंग में धवलाकार ने कहा है कि जो मिथ्यादृष्टि जीव वेदक-सम्यक्त्व और संयमासंयम दोनों को एक साथ प्राप्त कर रहा है उसके अनिवृत्तिकरण के बिना दो ही करण होते हैं। कारण यह है कि अपूर्वकरण के अन्तिम समय में वर्तमान इस मिथ्यादृष्टि का स्थितिसत्त्व प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुए अनिवृत्तिकरण के अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि के स्थितिसत्त्व से संख्यातगुणा हीन होता है। इसे स्पष्ट करते हुए इसी प्रसंग में आगे धवला में कहा गया है कि अपूर्वकरण परिणाम सभी अनिवृत्तिकरण परिणामों से अनन्त गुणे हीन होते हैं, यह कहना योग्य नहीं है, क्योंकि उसका प्रतिपादक कोई सूत्र नहीं है। इसके विपरीत उपर्युक्त संख्यातगुणे हीन स्थितिसत्त्व की सिद्धि इसी सूत्र (१,९-८,१४) से हो जाती है।[1]

इस प्रकार यहाँ उपर्युक्त सूत्र के बल पर धवला में यह सिद्ध किया है कि जो मिथ्यादृष्टि वेदकसम्यक्त्व और संयमासंयम दोनों को एक साथ प्राप्त करने के अभिमुख है उसका स्थिति-सत्त्व प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुए अनिवृत्तिकरण के अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि की अपेक्षा संख्यातगुणा हीन होता है, अनन्तगुणा हीन नहीं।

(२) इसके पूर्व जीवस्थान-कालानुगम में एक जीव की अपेक्षा बादर एकेन्द्रिय का उत्कृष्ट

---

१. धवला, पु० ६, पृ० २६८-६९

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

काल अंगुल के असंख्यातवें भागमात्र असंख्यातासंख्यात अवसर्पिणी-उत्सर्पिणी प्रमाण कहा गया है।[1]

इसका स्पष्टीकरण करने पर धवला में यह शंका उठायी गयी है कि 'कर्मस्थिति को आवली के असंख्यातवें भाग से गुणित करने पर बादर की स्थिति होती है' इस परिकर्मवचन के साथ इस सूत्र के विरोध का प्रसंग प्राप्त होता है, इसलिए यह सूत्र संगत नहीं है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि परिकर्म का कथन सूत्र का अनुसरण नहीं करता है, इसलिए वही असंगत है; न कि प्रकृत सूत्र।[2]

इस प्रकार यहाँ उपर्युक्त कालानुगमसूत्र को महत्त्व देकर धवलाकार ने उसके विरुद्ध जाने-वाले परिकर्म के कथन को असंगत होने से अग्राह्य ठहराया है।

(३) जीवस्थान-द्रव्यप्रमाणानुगम में क्षेत्र की अपेक्षा पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनिमती मिथ्या-दृष्टियों के द्रव्यप्रमाण के प्रसंग में यह कहा गया है कि क्षेत्र की अपेक्षा उनके द्वारा देवों के अवहारकाल से संख्यातगुणे अवहारकाल से जगप्रतर अपहृत होता है।—सूत्र १,२,३५

इस सूत्र की व्याख्या के प्रसंग में धवलाकार ने भिन्न दो व्याख्यानों का उल्लेख किया है। उनकी सत्यता व असत्यता के विषय में शंका-समाधानपूर्वक धवलाकार ने प्रथम तो यह कहा है कि उनमें यह व्याख्यान सत्य है और दूसरा असत्य है, ऐसा हमारा कोई एकान्त मत नहीं है, किन्तु उन दोनों व्याख्यानों में एक असत्य होना चाहिए। तत्पश्चात् प्रकारान्तर से उन्होंने यह भी दृढ़तापूर्वक कहा है—अथवा वे दोनों ही व्याख्यान असत्य हैं, यह हमारी प्रतिज्ञा है। इस पर यह पूछे जाने पर कि यह कैसे जाना जाता है, उत्तर में उन्होंने कहा है कि वह "पंचेन्द्रिय तिर्यंच योनिमतियों से वानव्यंतरदेव संख्यातगुणे हैं और वहीं पर देवियाँ उनसे संख्यातगुणी हैं" इस खुद्दाबंधसूत्र[3] से जाना जाता है। और सूत्र को अप्रमाण करके व्याख्यान प्रमाण है, यह कहना शक्य नहीं है अथवा अव्यवस्था का प्रसंग प्राप्त होता है।[4]

इस प्रकार उपर्युक्त खुद्दाबंधसूत्र के विरुद्ध होने से धवलाकार ने उन दोनों ही व्याख्यानों को असत्य घोषित कर दिया है।

(४) जीवस्थान-अन्तरानुगम में एक जीव की अपेक्षा संयतासंयतों के उत्कृष्टकाल के प्ररूपक सूत्र (१,६,२३५-३७) की व्याख्या के प्रसंग में धवला में यह शंका उठायी गयी है कि इस प्रकार जो इस सूत्र का व्याख्यान किया जा रहा है वह ठीक नहीं है, क्योंकि उसमें कम अन्तर प्ररूपित है, जबकि उससे उनका अधिक अन्तर सम्भव है। शंकाकार ने उस अधिक अन्तर को अपनी दृष्टि से वहाँ स्पष्ट भी किया है।

इस शंका को असंगत बतलाते हुए धवला में कहा गया है कि संज्ञी सम्मूर्च्छन पर्याप्त जीवों में संयमासंयम के समान अवधिज्ञान और उपशम-सम्यक्त्व की सम्भावना नहीं है। अतएव

१. उक्कस्सेण अंगुलस्स असंखेज्जदिभागो असंखेज्जासंखेज्जाओ ओसप्पिणि-उस्सप्पिणीओ।
—सूत्र १,५,११२ (पु० ४, पृ० ३८६)

२. धवला, पु० ४, पृ० ३८६-६०

३. पंचिंदियतिरिक्खजोणिणीओ असंखेज्जगुणाओ। वाणवेंतरदेवा संखेज्जगुणा। देवीओ संखे-ज्जगुणाओ।—सूत्र २,११-२,३६-४१ (पु० ७, पृ० ५८५)

४. धवला, पु० ३,२३०-३२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

उनके आश्रय से जो अन्तर दिखलाया गया है वह घटित नहीं होता।

इस पर यह पूछने पर कि उनमें अवधिज्ञान और उपशमसम्यक्त्व सम्भव नहीं है यह कहाँ से जाना जाता है, धवलाकार ने कहा है कि वह "पंचेन्द्रियों में उपशमाता हुआ गर्भोपक्रान्तिकों में उपशमाता है, सम्मूर्च्छनों में नहीं" इस चूलिकासूत्र[1] से जाना जाता है।

इस प्रकार यहाँ उपर्युक्त चूलिकासूत्र के आश्रय से धवलाकार ने यह अभिप्राय प्रकट किया है कि सम्मूर्च्छन जीवों में उपशमसम्यक्त्व सम्भव नहीं है।[2]

(५) जीवस्थान-अल्पबहुत्वानुगम में ओघअल्पबहुत्व के प्रसंग में संयतासंयत गुणस्थान में क्षायिक सम्यग्दृष्टि सबसे स्तोक निर्दिष्ट किये गये हैं।—सूत्र १,८,१८

धवला में इसके कारण का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि अणुव्रत सहित क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीव अतिशय दुर्लभ हैं। इसका भी कारण यह है कि तिर्यंचों में क्षायिकसम्यक्त्व के साथ संयमासंयम नहीं पाया जाता है, क्योंकि उनमें दर्शनमोहनीय की क्षपणा सम्भव नहीं है, इस पर तिर्यंचों में दर्शनमोहनीय की क्षपणा सम्भव नहीं है, यह कहाँ से जाना जाता है, यह पूछने पर धवलाकार ने कहा है कि 'दर्शनमोहनीय की क्षपणा को नियम से मनुष्यगति में किया जाता है' इस सूत्र[3] से जाना जाता है।[4]

इस प्रकार तिर्यंचों में दर्शनमोहनीय की क्षपणा को प्रारम्भ नहीं किया जा सकता है, यह अभिप्राय धवला में उपर्युक्त सूत्र (कषायप्राभृत) के आश्रय से प्रकट किया गया है।

यहाँ सूत्र के महत्त्व को प्रकट करने वाले ये पाँच उदाहरण दिये गये हैं। वैसे समस्त धवला में ऐसे प्रचुर उदाहरण उपलब्ध होते हैं।

सूत्र-प्रतिष्ठा (पुनरुक्ति दोष का निराकरण)

मूल सूत्रों में कहीं-कहीं पुनरुक्ति भी हुई है। इसके लिए शंकाकार द्वारा जहाँ-तहाँ पुनरुक्ति दोष को उद्भावित किया गया है। किन्तु धवलाकार वीरसेन स्वामी ने उसे दोषजनक न मानकर उस तरह के अनेक सूत्रों को सुव्यवस्थित व निर्दोष सिद्ध किया है। इसके लिए यहाँ कुछ उदाहरण दिये जाते हैं—

(१) 'प्रकृतिसमुत्कीर्तन' चूलिका (१) में सूत्र १३-१४ के द्वारा प्रश्नोत्तर रूप में ज्ञानावरणीय की पाँच प्रकृतियों का उल्लेख किया जा चुका था। फिर भी आगे 'स्थानसमुत्कीर्तन' चूलिका (२) में उनका पुनः उल्लेख किया गया है।—सूत्र १,९-२,४

इसकी व्याख्या करते हुए उस प्रसंग में यह आशंका प्रकट की गयी है कि पुनरुक्त होने से इस सूत्र को नहीं कहना चाहिए। इसके समाधान में धवलाकार कहते हैं कि ऐसी आशंका करना उचित नहीं है, क्योंकि सब जीवों के धारणावरणीय (आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय

---

१. उवसामेंतो कम्हि उवसामेदि ? × × × सण्णीसु उवसामेंतो गब्भोवक्कंतिएसु उवसामेदि, णो सम्मुच्छिमेसु। × × × —सूत्र १,९-८,८-९ (पु० ६, पृ० २३८)

२. धवला, पु० ५, पृ० ११६-१९

३. दंसणमोहक्खवणापट्ठवगो कम्मभूमिजादो य।
णियमा मणुसगदीए णिट्ठवगो चावि सव्वत्थ ॥—क०पा०, गा० ११० (५७)

४. धवला, पु० ५, पृ० २५६-५७ (सूत्र १८ की धवला टीका द्रष्टव्य है।)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

विशेष) कर्म का क्षयोपशम समान नहीं होता। यदि सब जीवों के द्वारा ग्रहण किया गया अर्थ टाँकी से उकेरे गये अक्षर के समान विनष्ट नहीं होता तो पुनरुक्त दोष हो सकता था, पर वैसा सम्भव नहीं है; क्योंकि किन्हीं जीवों में जल में लिखे गये अक्षर के समान उस गृहीत अर्थ का विनाश उपलब्ध होता है। इसलिए भ्रष्ट संस्कार वाले शिष्यों को स्मरण कराने के लिए इस सूत्र का कथन करना उचित ही है।[1]

इस प्रकार प्रकृत सूत्र के पुनरुक्त होने पर भी धवलाकार ने उसकी विधिवत् संगति बैठा दी है।

(२) इसी 'स्थानसमुत्कीर्तन' चूलिका में सूत्र २४ के द्वारा पृथक्-पृथक् मोहनीय की २१ प्रकृतियों के नामों का निर्देश किया जा चुका है। पर ठीक इसके आगे सूत्र २६ में कहा गया है कि उपर्युक्त २१ प्रकृतियों में से अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभ इन चार प्रकृतियों को छोड़कर १७ प्रकृतियों का स्थान होता है—इस कथन से ही उन १७ प्रकृतियों का बोध हो जाता है। फिर भी आगे सूत्र २७ में उन १७ प्रकृतियों का भी नामोल्लेख किया गया है।

इस प्रसंग में धवलाकार ने सूत्र २६ की व्याख्या में कहा है कि—'इक्कीस प्रकृतियों में से अनन्तानुबन्धि-चतुष्क के कम कर देने पर सत्तरह प्रकृतियाँ होती हैं' यह सूत्र व्यतिरेकनय की अपेक्षा रखने वालों के अनुग्रहार्थ रचा गया है तथा वे कौन-सी हैं, इस प्रकार पूछने वाले मन्द-बुद्धि शिष्यों के अनुग्रहार्थ आगे का सूत्र कहा जाता है।[2]

इस प्रकार से धवलाकार ने यहाँ २७वें सूत्र की पुनरुक्ति का निराकरण स्वयं ही कर दिया है।

(३) इसी जीवस्थान-चूलिका में 'सम्यक्त्वोत्पत्ति' चूलिका (८) के प्रसंग में यह एक सूत्र प्राप्त हुआ है—

"उवसामेंतो कम्हि उवसामेदि ? चदुसु वि गदुसु उवसामेदि। **चदुसु वि गदीसु उवसामेंतो पंचिंदिएसु उवसामेदि, णो एइंदिय-विगलिंदएसु। पंचिंदिएसु उवसामेंतो सण्णीसु उवसामेदि, णो असण्णीसु। सण्णीसु उवसामेंतो गब्भोवक्कंतिएसु उवसामेदि, णो सम्मुच्छिमेसु। गब्भोवक्कंतिएसु उवसामेंतो** पज्जत्तएसु उवसामेदि, **णो अपज्जत्तएसु**। पज्जत्तएसु उवसामेंतो संखेज्जवस्साउगेसु वि उवसामेदि असंखेज्जवस्साउगेसु वि।"—सूत्र १,९-८,९ (पु० ६, पृ० २३८)

इस सूत्र में विशेष सांकेतिक पदों की पुनरुक्ति हुई है। इस समस्त सूत्रगत अभिप्राय को संक्षेप में इस रूप में प्रकट किया जा सकता था—

"उवसामेंतो चदुस वि गदीसु, पंचिंदिएसु, सण्णीसु, गब्भोवक्कंतिएसु, पज्जत्तएसु उवसामेदि। पज्जत्तएसु उवसामेंतो संखेज्जवस्साउगेसु वि असंखेज्जवस्साउगेसु वि उवसामेदि।"

लगभग इसी अभिप्राय का सूचक एक अन्य सूत्र पीछे इस प्रकार का हो आ भी चुका है—

"सो पुण पंचिंदिओ सण्णी मिच्छाइट्ठी पज्जत्तओ सव्वविसुद्धो।"

—१,९-८,४ (पु० ६, पृ० २०६)

---

१. धवला, पु० ६, पृ० ८१
२. वही, पृ० ९२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इस स्थिति को देखते हुए वह पूरा ही सूत्र पुनरुक्त है।[1]

(४) 'गति-आगति' चूलिका (९) में ये दो सूत्र आये हैं—

"अधो सत्तमाए पुढवीए णेरइया **मिच्छाइट्ठी** णिरयादो उव्वट्टिदसमाणा कदि गदीओ आगच्छंति ॥९३॥ एक्कं तिरिक्खगदिं चेव आगच्छंति ॥९४॥"—पु० ६, पृ० ४५२

ये ही दो सूत्र आगे पुनः प्रायः उसी रूप में इस प्रकार प्राप्त होते हैं—

"अधो सत्तमाए पुढवीए **णेरइया** णिरयादो **णेरइया** उव्वट्टिदसमाणा कदि गदीओ आगच्छंति ॥२०३॥ एक्कं हि चेव तिरिक्खगदिं आगच्छंति **त्ति** ॥२०४॥"—पु० ६, पृ० ४८४

विशेषता इतनी रही है कि पूर्व सूत्र (९३) में '**मिच्छाइट्ठी**' पद अधिक है तथा आगे के सूत्र (२०३) में '**णेरइया**' पद की पुनरावृत्ति की गयी है। अभिप्राय में कुछ भेद नहीं हुआ। 'मिथ्यादृष्टि' पद के रहने न रहने से अभिप्राय में कुछ भेद नहीं होता, क्योंकि सातवीं पृथिवी से जीव नियमतः मिथ्यात्व के साथ ही निकलता है।

यहाँ सूत्र २०४ की धवला टीका में शंकाकार ने कहा है कि पुनरुक्त होने से इस सूत्र को नहीं कहना चाहिए। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि उसे अतिशय जडबुद्धि शिष्यों के हेतु कहा गया है।

इस प्रकार से प्रसंगप्राप्त पुनरुक्ति का निराकरण करके धवलाकार ने उन सूत्रों को निर्दोष बतलाया है।

प्रकृत में यद्यपि धवलाकार ने 'णेरइया' पद की पुनरावृत्ति के विषय में कुछ स्पष्टीकरण नहीं किया है, पर आगे (सूत्र २०६ में) छठी पृथिवी के आश्रय से भी ऐसा ही प्रसंग पुनः प्राप्त होने पर धवलाकार ने वहाँ प्रसंगप्राप्त शंका के उत्तर में इस प्रकार का स्पष्टीकरण करके पुनरुक्ति दोष को टाल दिया है—"**णिरयादो णिरयपज्जायादो**, उव्वट्टिदसमाणा विणट्ठा संता, **णेरइया दव्वट्ठियणयावलंबणेण णेरइया होदण**·····।"—पु० ६, पृ० ४८५-८६

इस परिस्थिति में यही समझा जा सकता है कि ग्रन्थ-रचना व व्याख्यान की आचार्य-परम्परागत पद्धति प्रायः ऐसी ही रही है, भले ही उसमें सूत्र का यह लक्षण घटित न हो—

अल्पाक्षरमसंदिग्धं सारवद् गूढनिर्णयम्।
निर्दोषं हेतुमत्तथ्यं सूत्रमित्युच्यते बुधैः ॥[2]—पु० ९, पृ० २५९

प्रकरण से सम्बन्धित पुनरुक्ति

जीवस्थान-चूलिका के अन्तर्गत प्रथम प्रकृतिसमुत्कीर्तन चूलिका है तथा आगे वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत एक 'प्रकृति' अनुयोगद्वार भी है। इन दोनों प्रकरणों में बहुत से सूत्रों की पुनरावृत्ति हुई है। विशेषता यह रही है कि कहीं एक सूत्र के दो हो गये हैं, तो कहीं दो सूत्रों का एक हो गया है। दोनों प्रकरणगत सूत्रों का मिलान इस प्रकार किया जा सकता है—

---

१. धवलाकार ने सूत्र ८ (पु० ६, पृ० २३८) की व्याख्या में 'एदेण पुव्वुत्तपयारेण दंसणमोहणीय उवसामेदि त्ति पुव्वुत्तो चेव एदेण सुत्तेण संभालिदो' कहकर उस पुनरुक्ति को स्पष्ट भी कर दिया है।

२. सूत्र का यह लक्षण कषायप्राभृत के गाथासूत्रों में घटित होता है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

	प्रकृतिभेद	प्रकृति स० चूलिका (सूत्र)	प्रकृति अनु० (सूत्र)
१	ज्ञानावरणीय	१३-१४	२०-२१
२	दर्शनावरणीय	१५-१६	८४-८६
३	वेदनीय	१७-१८	८७-८८
४	मोहनीय	१९-२४	८९-९७
५	आयु	२५-२६	९८-९९
६	नाम (आनुपूर्वी तक)	२७-४१	१००-१४
	नाम अगुरुलघु आदि	४२-४४	१३३
७	गोत्र	४५	१३४-३५
८	अन्तराय	४६	१३६-३७

विशेषता

ज्ञानावरणीय से सम्बद्ध सूत्रसंख्या की विषमता का कारण यह रहा है कि 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय (सूत्र २२-४२), श्रुतज्ञानावरणीय[1] (४३-५०), अवधिज्ञानावरणीय (५१-५९) और मनःपर्ययज्ञानावरणीय (६०-७८) के अवान्तरभेदों की भी प्ररूपणा की गयी है। केवलज्ञानावरणीय की एक ही प्रकृति का उल्लेख करके उस प्रसंग में केवलज्ञान के महत्त्व को विशेष रूप से प्रकट किया गया है (७०-८३)।

इसी प्रकार 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में नरकगति प्रायोग्यानुपूर्वी आदि चार आनुपूर्वी प्रकृतियों के अवान्तर भेदों की भी पृथक्-पृथक् प्ररूपणा की गयी है व उनके अल्पबहुत्व को भी दिखलाया गया है (११५-३२)।

इस पुनरुक्ति के प्रसंग में धवला में कुछ स्पष्टीकरण नहीं किया गया है।

सूत्रसूचित विषय की अप्ररूपणा

इस प्रकार ऊपर सूत्रों से सम्बन्धित पुनरुक्ति की कुछ चर्चा की गयी है। अब आगे हम यह भी दिखलाना चाहते है कि मूल ग्रन्थ में कुछ ऐसे भी प्रसंग प्राप्त होते हैं जिनके प्रारम्भ में प्रतिपाद्य विषय की प्ररूपणा का संकेत करके भी सूत्रकार द्वारा उनकी प्ररूपणा की नहीं गयी है। सूत्रकार द्वारा अप्ररूपित ऐसे विषयों की प्ररूपणा धवलाकार ने की है। उदाहरण के लिए—

(१) वर्गणाखण्ड के अन्तर्गत 'स्पर्श' अनुयोगद्वार को प्रारम्भ करते हुए उसकी प्ररूपणा में सूत्रकार द्वारा 'स्पर्शनिक्षेप' व 'स्पर्शनयविभाषणता' आदि १६ अनुयोगद्वारों का निर्देश करके 'स्पर्शनिक्षेप' के प्रसंग में नामस्पर्शन आदि तेरह स्पर्शभेदों का नामनिर्देश किया गया है।[2]

---

१. अवधिज्ञानावरणीय के और मनःपर्ययज्ञानावरणीय के प्रसंग में उन ज्ञानों के भेद-प्रभेद व उनके विषयभेद की भी कुछ प्ररूपणा की गयी है।

२. धवला, पु० १३, पृ० १-३; सूत्र १-४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

तत्पश्चात् सूत्रकार ने उन तेरह स्पर्शभेदों के स्वरूप और यथासम्भव उनके अवान्तरभेदों को भी स्पष्ट किया है।[1]

अन्त में सूत्रकार ने 'इन स्पर्शभेदों में यहाँ कौन-सा स्पर्श प्रसंगप्राप्त है', इस प्रश्न के साथ 'कर्मस्पर्श' को प्रकृत कहा है (सूत्र ५,३,३३)।

इसकी व्याख्या करते हुए धवलाकार ने यह स्पष्ट किया है कि यह खण्डग्रन्थ अध्यात्म-विषयक है, इस अपेक्षा से यहाँ कर्मस्पर्श को प्रकृत कहा गया है। किन्तु **महाकर्मप्रकृतिप्राभृत** में द्रव्यस्पर्श, सर्वस्पर्श और कर्मस्पर्श ये तीन प्रकृत रहे हैं। इस पर वहाँ यह पूछे जाने पर कि महाकर्मप्रकृतिप्राभृत में ये तीन स्पर्श प्रकृत रहे हैं, यह कैसे जाना जाता है; धवलाकार ने कहा है कि दिगन्तरशुद्धि में द्रव्यस्पर्श की प्ररूपणा के बिना वहाँ स्पर्श अनुयोगद्वार का महत्त्व घटित नहीं होता, इसलिए उसे वहाँ प्रसंगप्राप्त कहा गया है।

तत्पश्चात् यह दूसरी शंका उठायी गयी है कि यदि यहाँ कर्मस्पर्श प्रसंगप्राप्त है तो **भूतबलि भगवान्** ने यहाँ उस कर्मस्पर्श की प्ररूपणा शेष कर्मस्पर्शनयविभाषणता आदि पन्द्रह अनुयोगद्वारों के आश्रय से क्यों नहीं की। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि यह कुछ दोष नहीं है, क्योंकि 'स्पर्श' नाम वाले कर्मस्पर्श की उन शेष अनुयोगद्वारों के आश्रय से की जाने वाली प्ररूपणा में **'वेदना' अनुयोगद्वार में प्ररूपित अर्थ से कुछ विशेषता रहने वाली नहीं है, इसी अभिप्राय से भूतबलि भट्टारक ने यहाँ उन शेष पन्द्रह अनुयोगद्वारों के आश्रय से उसकी प्ररूपणा नहीं की है।**[2]

इस पर शंकाकार ने कहा है कि यदि ऐसा है तो अपुनरुक्त द्रव्यस्पर्श और सर्वस्पर्श की प्ररूपणा यहाँ क्यों नहीं की गयी है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि अध्यात्मविद्या के प्रकृत होने पर अनेक नयों की विषयभूत अनध्यात्मविद्या की प्ररूपणा घटित नहीं होती है।[3]

इस प्रकार से धवलाकार ने प्रसंगप्राप्त उन पन्द्रह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा न करने के विषय में उद्भावित दोष का निराकरण कर दिया है।

(२) आगे इसी वर्गणाखण्ड के अन्तर्गत 'कर्म' अनुयोगद्वार को प्रारम्भ करते हुए सूत्रकार ने उसकी प्ररूपणा में कर्मनिक्षेप व कर्मनयविभाषणता आदि वैसे ही १६ अनुयोगद्वारों को ज्ञातव्य कहा है। तत्पश्चात् अवसरप्राप्त कर्मनिक्षेप के प्रसंग में उसके इन दस भेदों का निर्देश किया है—नामकर्म, स्थापनाकर्म, द्रव्यकर्म, प्रयोगकर्म, समवदानकर्म, आधाकर्म, ईर्यापथकर्म, तपःकर्म, क्रियाकर्म और भावकर्म।

आगे यथाक्रम से इन कर्मों के स्वरूप को प्रकट करते हुए अन्त में उनमें से समवदान कर्म को प्रसंगप्राप्त कहा गया है।[4]

---

१. धवला, पु० ८-३५; सूत्र ९-३२

२. पूर्वोक्त प्रकृतिसमुत्कीर्तन चूलिका और 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में जो अधिकांश सूत्रों की पुनरुक्ति हुई है, वह यदि न होती तो इसी प्रकार का समाधान वहाँ भी किया जा सकता था।

३. धवला, पु० १३, पृ० ३६

४. सूत्र ५,४,३१ (पु० १३, पृ० ९०)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

समवदान कर्म यहाँ प्रकृत क्यों है, इसका कारण स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि कर्मानुयोगद्वार में उसी समवदान कर्म की विस्तार से प्ररूपणा की गयी है। प्रकारान्तर से आगे वहाँ यह भी कहा गया है—अथवा संग्रहनय की अपेक्षा यहाँ उस समवदानकर्म को प्रकृत कहा गया है। किन्तु मूलतन्त्र[1] में प्रयोगकर्म, समवदानकर्म, आधाकर्म, ईर्यापथकर्म, तपःकर्म और क्रियाकर्म इन छह कर्मों की प्रधानता रही है, क्योंकि वहाँ उनकी विस्तार से प्ररूपणा की गयी है।

इतना स्पष्ट करते हुए आगे धवलाकार ने उक्त छह कर्मों को आधारभूत करके क्रम से सत्, द्रव्य, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव और अल्पबहुत्व इन आठ अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा की है।[2]

प्रसंग के अन्त में वहाँ धवला में यह शंका की गयी है कि सूत्र (५,४,२) में कर्म की प्ररूपणा के विषय में जिन कर्मनिक्षेप आदि सोलह अनुयोगद्वारों को ज्ञातव्य कहा गया है, उनमें से यहाँ कर्मनिक्षेप और कर्मनयविभाषणता इन दो ही अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा की गयी है, शेष चौदह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा उपसंहारकर्ता (भूतबलि) ने क्यों नहीं की, उनकी प्ररूपणा करनी चाहिए थी।

इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि **उन चौदह अनुयोगद्वारों के आश्रय से कर्म की प्ररूपणा करने पर पुनरुक्त दोष का प्रसंग प्राप्त होता था, इसलिए उनके आश्रय से कर्म की प्ररूपणा नहीं की गयी है।**

इस पर पुनः शंका हुई है कि यदि ऐसा है तो फिर महाकर्मप्रकृतिप्राभृत में उन अनुयोगद्वारों के आश्रय से उसकी प्ररूपणा किसलिए की गयी है। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि **मन्दबुद्धि जनों के अनुग्रह के लिए प्रकृत प्ररूपणा करने में पुनरुक्त दोष नहीं होता।** इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि कहीं भी अपुनरुक्त अर्थ की प्ररूपणा नहीं है, सर्वत्र पुनरुक्त और अपुनरुक्त की ही प्ररूपणा उपलब्ध होती है।[3]

इस प्रकार धवलाकार ने इधर तो यह भी कह दिया है कि षट्खण्डागम में जो उन अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा नहीं की गयी है वह पुनरुक्त दोष की सम्भावना से नहीं की गयी है, और उधर महाकर्मप्रकृतिप्राभृत में जो उन्हीं अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा की गयी है वहाँ उसके करने में उसी पुनरुक्त दोष की असम्भावना को भी उन्होंने व्यक्त कर दिया है। यदि मन्दबुद्धि जनों के अनुग्रहार्थ महाकर्मप्रकृतिप्राभृत में उनकी प्ररूपणा की गयी है तो फिर उन्हीं मन्दबुद्धि जनों के अनुग्रहार्थ उनकी प्ररूपणा इस षट्खण्डागम में भी की जा सकती थी।

जैसा कि पूर्व में कहा जा चुका है, जीवस्थान के अन्तर्गत प्रकृतिसमुत्कीर्तन चूलिका और वर्गणाखण्डगत 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में पुनरुक्त दोष को कुछ महत्त्व नहीं दिया गया है।

(३) इसी वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत 'बन्धन' अनुयोगद्वार में बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्धविधान इन चार अधिकारों की प्ररूपणा करते हुए प्रसंगप्राप्त बन्धनीय (वर्गणा) अधिकार में वर्गणाओं के अनुगमनार्थ सूत्र में ये आठ अनुयोगद्वार ज्ञातव्य रूप में निर्दिष्ट किये गये हैं—

१. 'मूलतन्त्र' से सम्भवतः महाकर्मप्रकृतिप्राभृत का अभिप्राय रहा है।
२. देखिए धवला, पु० १३, पृ० ६१-१६५
३. वही, ,, पृ० १६६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

वर्गणा, वर्गणासमुदाहार, अनन्तरोपनिधा, परम्परोपनिधा, अवहार, यवमध्य, पदमीमांसा और अल्पबहुत्व (५,६,६६)।

इनमें 'वर्गणा' अनुयोगद्वार में वर्गणानिक्षेप व वर्गणानयविभाषणता आदि जिन १६ अनुयोगद्वारों का निर्देश किया गया है (सूत्र ५,६,७०) उनमें से मूलग्रन्थकार के द्वारा वर्गणानिक्षेप और वर्गणानयविभाषणता इन दो ही अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा की गयी है।

तत्पश्चात् पूर्वोक्त वर्गणा व वर्गणाद्रव्यसमुदाहार आदि आठ अनुयोगद्वारों में से वर्गणाद्रव्यसमुदाहार में वर्गणाप्ररूपणा व वर्गणानिरूपणा आदि जिन चौदह अनुयोगद्वारों को ज्ञातव्य कहा गया है (५,६,७५) उनमें सूत्रकार ने यहाँ वर्गणाप्ररूपणा और वर्गणानिरूपणा इन दो ही अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा की है, शेष वर्गणाध्रुवाध्रुवानुगम व वर्गणासान्तरनिरन्तरानुगम आदि बारह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा नहीं की है।[1]

इस पर धवला में यह शंका उठायी गयी है कि उपर्युक्त चौदह अनुयोगद्वारों में मात्र दो अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा करके सूत्रकार ने शेष बारह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा क्यों नहीं की है। उन्होंने उनसे अनभिज्ञ रहकर उनकी प्ररूपणा न की हो, यह तो सम्भव नहीं है, क्योंकि वे चौबीस अनुयोगद्वारस्वरूप महाकर्मप्रकृतिप्राभृत के पारंगत रहे हैं। इससे यह तो नहीं कहा जा सकता है कि उन्हें उन अनुयोगद्वारों का ज्ञान न रहा हो। इसके अतिरिक्त यह भी सम्भव नहीं है कि विस्मरणशील होने से उन्होंने उनकी प्ररूपणा न की हो, क्योंकि वे प्रमाद से रहित थे, अतः उनका विस्मरणशील होना भी सम्भव नहीं है।

इसके समाधान में धवलाकार कहते हैं कि यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि पूर्वाचार्यों के व्याख्यानक्रम का परिज्ञान करने के लिए सूत्रकार ने उन बारह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा नहीं की है।

इस पर पुनः यह शंका उपस्थित हुई है कि अनुयोद्वार—अनुयोगद्वारों के मर्मज्ञ महर्षि—उसी प्रसंग में वहाँ के समस्त अर्थ की प्ररूपणा संक्षिप्त वचनकलाप के द्वारा किसलिए करते हैं। इसके समाधान में वहाँ धवला में यह कहा गया है कि वचन योगस्वरूप आस्रव के द्वारा आनेवाले कर्मों के रोकने के लिए वे प्रसंगप्राप्त समस्त अर्थ की प्ररूपणा संक्षिप्त शब्दकलाप के द्वारा किया करते हैं।[2]

इस प्रकार से धवलाकार ने सूत्रकार के प्रति आस्था रखते हुए सूत्रप्रतिष्ठा को महत्त्व देकर जो सूत्रगत पुनरुक्ति और सूत्रनिर्दिष्ट विषय की अप्ररूपणा के विषय में प्रसंगप्राप्त शंकाओं का समाधान किया है, उसमें कुछ बल नहीं रहा है।

प्रकृत में जो धवलाकार ने उपर्युक्त शंका के समाधान में यह कहा है कि पूर्वाचार्यों के व्याख्यानक्रम को दिखलाने के लिए और वचनयोगरूप आस्रव से आनेवाले कर्मों के निरोध के लिए उन बारह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा वहाँ नहीं की गयी है उसमें पूर्वाचार्यों के व्याख्यान की पद्धति वैसी रही है, यह कषायप्राभृत के चूर्णिसूत्रों के देखने से भी स्पष्ट प्रतीत होता है। पर ऐसे अप्ररूपित विषयों की प्ररूपणा का भार प्रायः व्याख्यानाचार्यों आदि के ऊपर छोड़ दिया जाता था। पर यहाँ ऐसा कुछ संकेत नहीं किया गया है।

---

१. ष०ख० सूत्र ५,६,७५-११६ (पु० १४, पृ० ५३-१३५)

२. धवला, पु० १४, पृ० १३४-३५

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

यह भी यहाँ ध्यातव्य है कि धवलाकार ने उपर्युक्त शंका-समाधान में मूलग्रन्थकार को तो वचनयोगास्रवजनित कर्मों के आगमन से बचाया है, पर वे स्वयं उस कर्मास्रव से नहीं बच सके हैं। कारण यह है कि मूल ग्रन्थकार के द्वारा अप्ररूपित उन बारह अनुयोगद्वारों की प्ररूपणा उन्होंने सूत्रकार द्वारा प्ररूपित दो अनुयोगद्वारों को देशामर्शक कहकर स्वयं ही बहुत विस्तार से की है।[1]

इस प्रकार पुनरुक्ति और सूत्रसूचित विषय की प्ररूपणा के न करने से सम्बन्धित कुछ शंकाओं का धवलाकार द्वारा जो समाधान किया गया है, भले ही उसमें अधिक बल न रहा हो, पर उससे धवलाकार आचार्य वीरसेन का सूत्रकार के प्रति बहुमान व आगमनिष्ठा प्रकट है। आठ प्रकार के ज्ञानाचार में चौथा 'बहुमान' है। इसके लक्षण में मूलाचार में यह कहा गया है—

सुत्तत्थं जप्पंतो वाचंतो चावि णिज्जराहेदुं।
आसादणं ण कुज्जा तेण किदं होदि बहुमाणं ॥५-८६॥

अर्थात् सूत्रार्थ का जो अध्ययन, अध्यापन और व्याख्यान आदि किया जाता है वह निर्जरा का कारण है। इसके लिए कभी सूत्र व आचार्य आदि की आसादना नहीं करनी चाहिए।

सूत्रासादना से बचने के लिए धवलाकार ने अनेक प्रसंगों पर वज्रभीरु आचार्यों[2] को सावधान भी किया है, यह पीछे अनेक उदाहरणों से स्पष्ट भी हो चुका है। जैसे—धवला, पु० १, पृ० २१७-२२ आदि के कितने ही प्रसंग।

जैसा कि ऊपर के विवेचन से स्पष्ट है, इसका निर्वाह धवलाकार ने पूर्ण रूप से किया है। इसके पूर्व के काल-विनयादिरूप ज्ञानाचार (मूलाचार ५,६९-९०) के अनुष्ठान में भी वे तत्पर रहे हैं। कालाचार में उनके उद्यत रहने का प्रमाण उनके द्वारा आगमद्रव्यकृति के प्रसंग में प्ररूपित कालशुद्धिकरणविधान है। देखिए धवला, पु० ९, पृ० २५३-५९

सूत्र-विरुद्ध व्याख्यान का निषेध

जीवस्थान-स्पर्शनानुगम में ज्योतिषी देव सासादनसम्यग्दृष्टियों के स्पर्शन की प्ररूपणा करते हुए उनके स्वस्थान क्षेत्र के प्रसंग में धवलाकार को ज्योतिषी देवों के भागहार के प्ररूपक सूत्र (१,२,५५) के साथ संगति बैठाने के लिए स्वयम्भूरमणसमुद्र के आगे राजु के अर्धच्छेद मानना पड़े हैं। इस पर शंकाकार ने कहा है कि ऐसा स्वीकार करने पर "जितने द्वीप-समुद्र हैं तथा जितने जम्बूद्वीप के अर्धच्छेद हैं, एक अधिक उतने ही राजु के अर्धच्छेद होते हैं" इस परिकर्म के साथ यह व्याख्यान क्यों न विरोध को प्राप्त होगा। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है—हाँ, यह व्याख्यान उस परिकर्म के साथ तो विरोध को प्राप्त होगा, किन्तु सूत्र[3] के साथ विरोध को नहीं प्राप्त होता है, इसलिए इस व्याख्या को ग्रहण करना चाहिए, न कि उस परिकर्म के कथन को; क्योंकि वह सूत्र के विरुद्ध है। और सूत्र के विरुद्ध व्याख्यान होता नहीं

---

१. तम्हा दोण्णमणियोगद्दाराणं पुव्विल्लाणं परूवणा देसामासिय त्ति काऊण सेसबारसण्णमणियोगद्दाराणं [परूवणं] कस्सामो। धवला, पु० १४, पृ० १३५ (उनकी यह प्ररूपणा धवला में पृ० १३५-२२३ में की गयी है)।

२. खेत्तेण पदरस्स बेछप्पण्णंगुलसयवग्गपडिभागेण।—सूत्र १,२,५५ (पु० ४ पृ० १६८)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

है, क्योंकि वैसा होने पर अव्यवस्था का प्रसंग प्राप्त होता है।[1]

इस प्रकार यहाँ धवलाकार ने सूत्र के विरुद्ध जाने से उपर्युक्त परिकर्म के कथन को अग्राह्य घोषित किया है।

यहीं पर आगे धवला में उपपादगत सासादनसम्यग्दृष्टियों के स्पर्शन का प्रमाण कुछ कम ग्यारह बटे चौदह (११/१४) भाग कहा है। उसे स्पष्ट करते हुए आगे धवलाकार ने कहा है कि नीचे छठी पृथिवी तक पाँच राजु और ऊपर आरण-अच्युत कल्प तक छह राजु तथा आयाम व विस्तार एक राजु—यह उनके उपपादक्षेत्र का प्रमाण है।

इसके आगे धवला में यह कहा गया है कि कुछ आचार्य कहते हैं कि देव नियम से मूल शरीर में प्रविष्ट होकर ही मरते हैं। उनके इस अभिप्राय के अनुसार प्रकृत उपपादक्षेत्र का प्रमाण कुछ कम दस बटे चौदह राजु होता है। उनका यह व्याख्यान यहीं पर आगे सूत्र में जो कार्मणकाययोगी सासासनसम्यग्दृष्टियों के स्पर्शनक्षेत्र का प्रमाण ग्यारह बटे चौदह भाग कहा गया है[2] उसके विरुद्ध जाता है, इसलिए उसे नहीं ग्रहण करना चाहिए।

इसी प्रसंग में आगे यह भी कहा है कि जो आचार्य देव सासादनसम्यग्दृष्टि एकेन्द्रियों में उत्पन्न होते हैं, वे ऐसा कहते हैं। उनके अभिमतानुसार वह उपपादस्पर्शनक्षेत्र बारह बटे चौदह भाग प्रमाण होता है। यह व्याख्यान भी सत्प्ररूपणा[3] और द्रव्यप्रमाणानुगम[4] सूत्र के विरुद्ध है, इसलिए उसे भी नहीं ग्रहण करना चाहिए।[5]

इस प्रकार धवलाकार ने सूत्रविरुद्ध होने से इन दोनों अभिमतों का निराकरण किया है।

(४) वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी के प्रकृति-विकल्पों की प्ररूपणा के प्रसंग में कहा गया है कि कुछ आचार्य यह कहते हैं कि तिर्यक्प्रतर से गुणित घनलोक प्रमाण तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी के विकल्प एक-एक अवगाहना के होते हैं। इस सम्बन्ध में धवलाकार ने कहा है कि उनका यह व्याख्यान घटित नहीं होता है, क्योंकि यह प्रकृत सूत्र[6] के विरुद्ध है। कारण यह कि इस सूत्र में 'राजुप्रतर से गुणित घनलोक' का निर्देश नहीं है, जिससे उनका उपर्युक्त व्याख्यान सत्य हो सके।

---

१. धवला, पु० ४, पृ० १५५-५६; ऐसा ही प्रसंग जीवस्थान-द्रव्यप्रमाणानुगम में भी प्राप्त हुआ है। पर वहाँ धवलाकार ने 'रूवाहियाणि' में 'रूवेण अहियाणि रूवाहियाणि' ऐसा समास न करके 'रूवेहि अहियाणि रूवाहियाणि' ऐसा समास करते हुए उक्त परिकर्मसूत्र के साथ विरोध का परिहार भी कर दिया है। देखिए पु० ३, पृ० ३६

२. (कम्मइयकायजोगीसु) सासणसम्मादिट्ठीहि केवडियं खेत्तं फोसिदं? लोगस्स असंखेज्जदि-भागो। एक्कारह चोद्दसभागा देसूणा।—सूत्र १,४,९७-९८ (पु० ४, पृ० २७०)

३. एइंदिया बीइंदिया तीइंदिया चउरिंदिया असण्णि पंचिंदिया एक्कम्मि चेव मिच्छाइट्ठि ट्ठाणे।—सूत्र १,१,३६ (पु० १, पृ० २६१)

४. सूत्र १,२,७४-७६ (पु० ३, पृ० ३०५-०७)

५. देखिए धवला, पु० ४, पृ० १६५

६. तिरिक्खगइ पाओग्गाणुपुव्विणामाए पयडीओ लोओ सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तेहि ओगा-हणवियप्पेहि गुणिदाओ। एवडियाओ पयडीओ।

—सूत्र ५,५,११८; पु० १३, पृ० ३७५-७७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इस प्रकार धवलाकार ने प्रकृत सूत्र के ही विरुद्ध होने से उपर्युक्त आचार्य के उस व्याख्यान को असंगत ठहराया है।

(५) इसी वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत 'बन्धन' अनुयोगद्वार में बादरनिगोद द्रव्यवर्गणा की प्ररूपणा के प्रसंग में वह किस क्रम से वृद्धिगत होकर जघन्य से उत्कृष्ट होती है, इसे धवला में स्पष्ट किया गया है व उसे जघन्य से उत्कृष्ट असंख्यातगुणी कहा गया है। गुणकार का प्रमाण पूछने पर उसे जगश्रेणि के असंख्यातवें भाग मात्र निर्दिष्ट किया गया है।

इसी प्रसंग में आगे धवला में कहा गया है कि कुछ आचार्य गुणकार के प्रमाण को आवली का असंख्यातवाँ भाग कहते हैं, पर वह घटित नहीं होता है। कारण यह है कि आगे यहीं पर चूलिकासूत्र[1] में उत्कृष्ट बादर निगोदवर्गणा में अवस्थित निगोदों का प्रमाण जगश्रेणि के असंख्यातवें भाग मात्र कहा गया है। इस प्रकार आचार्यों का वह कथन उस चूलिकासूत्र के विरुद्ध पड़ता है। और सूत्र के विरुद्ध आचार्यों का कथन प्रमाण नहीं होता है, अन्यथा अव्यवस्था का प्रसंग अनिवार्य होगा।[2]

इस प्रकार यहाँ धवलाकार ने चूलिकासूत्र के विरुद्ध होने से किन्हीं आचार्यों के द्वारा निर्दिष्ट आवली के असंख्यातवें भाग प्रमाण गुणकार सम्बन्धी अभिमत का निराकरण करते हुए जगश्रेणि के असंख्यातवें भाग प्रमाण ही गुणकार को मान्य किया है।

इसी प्रकार के अन्य भी कितने ही प्रसंग धवला में पाये जाते हैं जिनका धवलाकार ने सूत्र के विरुद्ध होने से निराकरण किया है।

परस्पर-विरुद्ध सूत्रों के सद्भाव में धवलाकार का दृष्टिकोण

धवलाकार के समक्ष ऐसे भी अनेक प्रसंग उपस्थित हुए हैं जहाँ सूत्रों में परस्पर कुछ अभिप्रायभेद रहा है। ऐसे प्रसंगों पर धवलाकार ने कहीं दोनों ही सूत्रों को प्रमाणभूत मानने की प्रेरणा की है, तो कहीं पर उपदेश प्राप्त कर उनकी सत्यता-असत्यता के निर्णय करने की प्रेरणा की है। कहीं उनमें समन्वय करने का प्रयत्न किया है, तथा कहीं पर आगमानुसारिणी युक्ति के बल पर अपना स्वतंत्र अभिप्राय भी व्यक्त कर दिया है। यथा—

(१) जीवस्थान-सत्प्ररूपणा में मनुष्यगति के प्रसंग में क्षपण विधि की प्ररूपणा करते हुए धवला में कहा गया है कि अनिवृत्तिकरणकाल में संख्यातवें भाग के शेष रह जाने पर स्त्यानगृद्धि आदि सोलह प्रकृतियों का क्षय करता है। तत्पश्चात् अन्तर्मुहूर्त जाकर प्रत्याख्यानावरण-अप्रत्याख्यानावरण क्रोधादि रूप आठ कषायों का क्षय करता है। **यह सत्कर्मप्रकृतिप्राभृत का उपदेश है।**

किन्तु **कषायप्राभृत के उपदेशानुसार** आठ कषायों के क्षय को पूर्व में और तत्पश्चात् अन्तर्मुहूर्त जाकर स्त्यानगृद्धि आदि सोलह प्रकृतियों का क्षय करता है।

इस प्रसंग में धवलाकार ने अवसरप्राप्त जिन अनेक शंकाओं का समाधान किया है उनमें एक यह भी शंका रही है कि **आचार्यकथित सत्कर्मप्रकृतिप्राभृत और कषायप्राभृत की सूत्ररूपता कैसे सम्भव है।**

---

१. बादरणिगोदवग्गणाए उक्कस्सियाए सेडीए असंखेज्जदिभागमेत्तो णिगोदाणं।
—५,६,६३६ (पु० १४, पृ० ४६३-६४)

२. देखिए, धवला, पु० १४, पृ० १११

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है जिन बारह अंगों का कथन अर्थरूप से तीर्थंकरों ने किया है और जिनकी ग्रन्थरूप से रचना गणधरों ने की है वे बारह अंग अविच्छिन्न आचार्य-परम्परा से निरन्तर चले आये हैं। किन्तु काल के प्रभाव से बुद्धि के उत्तरोत्तर हीन होते जाने पर पात्र के अभाव में वे ही अंगहीन रूप में प्राप्त हुए। इस परिस्थिति में अतिशयित बुद्धि के धारकों की उत्तरोत्तर होती हुई कमी को देखकर जो गृहीतार्थ आचार्य-परम्परा से प्राप्त विशिष्ट श्रुत के धारक—वज्रभीरु आचार्य तीर्थव्युच्छेद के भय से अतिशय भयभीत रहे हैं, उन आचार्यों ने उन्हीं बारह अंगों को पोथियों में चढ़ा दिया है—पुस्तकों के रूप में निबद्ध कर दिया है। इसलिए उनके सूत्ररूप न होने का विरोध है।

इस पर शंकाकार कहता है कि यदि ऐसा है तो इन वचनों के—सत्कर्मप्रकृतिप्राभृत और कषायप्राभृत के उपर्युक्त विरुद्ध कथनों के—भी उक्त बारह अंगों के अवयवस्वरूप होने से सूत्ररूपता का प्रसंग प्राप्त होता है। इसके समाधान में धवलाकार ने स्पष्ट किया है कि उन दोनों कथनों में से एक के सूत्ररूपता हो सकती है, दोनों के नहीं; क्योंकि दोनों में परस्पर विरोध है।

इसी प्रसंग में आगे शंकाकार पूछता है कि उत्सूत्र—सूत्र के विरुद्ध लिखने वाले वज्रभीरु आचार्य—पाप से अतिशय भयभीत—कैसे हो सकते हैं। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि यह कुछ दोष नहीं है, क्योंकि उन दोनों में से किसी एक का संग्रह करने पर वज्रभीरुता नष्ट होती है। कारण यह है कि उन दोनों वचनों में कौन-सा सत्य है, इसे केवली व श्रुत-केवली ही जानते हैं, अन्य कोई नहीं जानता है; क्योंकि अन्य को उसका निर्णय करना शक्य नहीं है। इसलिए वर्तमान में वज्रभीरु आचार्यों को उन दोनों का ही संग्रह करना चाहिए, अन्यथा उनकी वज्रभीरुता नष्ट होती है।[1]

इस प्रकार उपर्युक्त दोनों प्रकार के कथनों में कौन सत्य है और कौन असत्य है, इसका निर्णय करना छद्मस्थ के लिए शक्य न होने से सूत्रासादना से भयभीत धवलाकार ने उन दोनों के ही संग्रह करने की प्रेरणा की है।

(२) यहीं पर आगे दूसरा भी एक इसी प्रकार का प्रसंग धवलाकार के समक्ष उपस्थित हुआ है। वहाँ कार्मणकाययोग किनके होता है, इसे स्पष्ट करते हुए सूत्रकार ने कहा है कि वह विग्रहगति को प्राप्त हुए जीवों के और समुद्घातगत केवलियों के होता है।

—सूत्र १, १, ६०

इस प्रसंग में धवला में शंकाकार ने केवलिसमुद्घात सहेतुक है या अहेतुक, इन दो विकल्पों को उठाकर उन दोनों ही विकल्पों में उसकी असम्भावना प्रकट की है। शंकाकार के इस अभिमत का निराकरण करते हुए धवलाकार ने कहा है कि आचार्य यतिवृषभ के उपदेशानुसार क्षीणकषाय के अन्तिम समय में सब अघातिया कर्मों की स्थिति समान नहीं रहती है, इसलिए सभी केवली समुद्घात करते हुए ही मुक्ति को प्राप्त होते हैं। किन्तु जिन आचार्यों के मतानुसार लोकपूरणसमुद्घातगत केवलियों की बीस संख्या का नियम है[2] उनके मतानुसार कितने ही

---

१. देखिए धवला, पु० १, पृ० २१७-२२

२. सजोगिकेवली दव्वपमाणेण केवडिया? संखेज्जा।—सूत्र १,२,१२३ (पु० ३, पृ० ४०४) इसकी टीका भी द्रष्टव्य है।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

समुद्घात को करते हैं और कितने ही उसे नहीं भी करते हैं।

इसी प्रसंग में आगे अवसरप्राप्त कुछ शंका-समाधान के पश्चात् शंकाकार कहता है कि अन्य आचार्यों के द्वारा जिस अर्थ का व्याख्यान नहीं किया गया है, उसका कथन करते हुए आपको सूत्र के प्रतिकूल चलने वाले क्यों न समझा जाय। इसका समाधान करते हुए धवलाकार ने कहा है कि जो आचार्य वर्षपृथक्त्व प्रमाण अन्तर के प्रतिपादक सूत्र के[1] वशवर्ती हैं उन्हीं के द्वारा उसका विरोध सम्भव है।

आगे एक गाथासूत्र के[2] आधार पर यह शंका की गयी है कि "छह मास आयु के शेष रह जाने पर जिन्हें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ है, वे समुद्घातपूर्वक सिद्ध होते हैं, शेष के लिए उस समुद्घात के विषय में नियम नहीं है—उनमें कुछ उसे करते हैं और कुछ नहीं भी करते हैं" इस गाथा के उपदेश को क्यों नहीं ग्रहण किया जाता है। इसके समाधान में वहाँ कहा गया है कि विकल्परूपता में कोई कारण उपलब्ध नहीं होता।

यदि कहा जाय कि "जिनके नाम, गोत्र और वेदनीय कर्म आयु के समान होते हैं, वे समुद्घात को न करते हुए मुक्ति को प्राप्त होते हैं, इसके विपरीत दूसरे समुद्घातपूर्वक मुक्त होते हैं"[3] यह आगमवचन ही उस विकल्परूपता का कारण है तो यह कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि सब जीवों में समान अनिवृत्तिकरण परिणामों के द्वारा घात को प्राप्त हुई स्थितियों के आयु के समान होने का विरोध है। इसके अतिरिक्त क्षीणकषाय के अन्तिम समय में तीन अघातिया कर्मों की जघन्य स्थिति भी पल्योपम के असंख्यातवें भाग प्रमाण ही उपलब्ध होती है।

इस पर शंकाकार के द्वारा यह कहने पर कि आगम तर्क का गोचर नहीं होता है, धवलाकार ने कहा है कि उक्त दोनों गाथाओं की आगमरूपता निर्णीत नहीं है। और यदि उनके आगमरूप होने का निर्णय हो सकता है तो उन गाथाओं को ही ग्रहण किया जाय।[4]

इस प्रकार धवलाकार ने यहाँ प्रथम तो यतिवृषभाचार्य के उपदेश को प्रधानता देकर यह कहा है कि सभी केवली समुद्घातपूर्वक मुक्ति को प्राप्त करते हैं। तत्पश्चात् शंकाकार के द्वारा प्रस्तुत की गयी उन दो गाथाओं को लक्ष्य में रखकर यह भी उन्होंने कह दिया है कि यदि उन दोनों गाथाओं की आगमरूपता निर्णीत है तो उनको ही ग्रहण किया जाय।

ये दोनों गाथाएँ अभिप्राय में प्रायः 'भगवती आराधना' की २१०५-७ गाथाओं के समान हैं, शब्दसाम्य भी उनमें बहुत-कुछ है।

विशेष चिन्तन

धवलाकार यतिवृषभाचार्य के उपदेश को प्रस्तुत करते हुए धवला में कहा गया है कि क्षीणकषाय

---

१. सजोगिकेवलीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि? णाणाजीवं पडुच्च जहण्णेण एगसमयं। उक्कस्सेण वास पुधत्तं।—सूत्र १,६,१६६-६७ व १७७ (पु० ५, पृ० ६१ व ६३)
(यहाँ मूल में पाठ कुछ अव्यवस्थित सा दिखता है।)

२. छम्मासाउवसेसे उप्पण्णं जस्स केवलं णाणं।
स-समुग्घाओ सिज्झइ सेसा भज्जा समुग्घाए॥—पु० १, पृ० ३०३

३. जेसिं आउसमाइं णामा-गोदाणि वेयणीयं च।
ते अकयसमुग्घाया वच्चंतियरे समुग्घाए॥—पु० १, पृ० ३०४

४. देखिए धवला पु० १, पृ० ३०१-०४

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

के अन्तिम समय में अघातिया कर्मों की स्थिति समान नहीं रहती, इससे सभी केवली समुद्-घात को करते हुए मुक्ति को प्राप्त होते हैं।

इसे हमने कषायप्राभृत-चूर्णि में खोजने का प्रयत्न किया है, पर उनका वह मत उस प्रकार के स्पष्ट शब्दों में तो उपलब्ध नहीं हुआ, फिर भी प्रसंग के अनुसार जो कुछ वहाँ विवे-चन किया गया है उससे यतिवृषभाचार्य का वह अभिप्राय प्रायः स्पष्ट हो जाता है। वहाँ चारित्रमोह की क्षपणा के प्रसंग में यह कहा गया है—

जब वह अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक होता है, तब उसके नाम व गोत्र कर्मों का स्थितिबन्ध आठ मुहूर्त और वेदनीय का बारह मुहूर्त प्रमाण होता है। नाम, गोत्र और वेदनीय का स्थितिसत्कर्म असंख्यातवर्ष रहता है। इस क्रम से चलकर वह अनन्तर समय में प्रथम समय-वर्ती क्षीणकषाय हो जाता है। तब वह स्थिति, अनुभाग और प्रदेश का अबन्धक हो जाता है।[1]

आगे 'पश्चिमस्कन्ध' को प्रारम्भ करते हुए यह कहा गया है कि आयु के अन्तर्मुहूर्त शेष रह जाने पर आवर्जितकरण को करता है और तत्पश्चात् केवलीसमुद्घात को करता है।

इसी प्रसंग में वहाँ आगे कहा गया है कि लोकपूरणसमुद्घात के करने पर तीन अघातिया कर्मों की स्थिति को आयु से संख्यातगुणी स्थापित करता है।[2]

यहाँ 'पश्चिमस्कन्ध' में जो यह कहा गया है कि आयु के अन्तर्मुहूर्त शेष रह जाने पर आवर्जितकरण के पश्चात् केवलीसमुद्घात को करता है, उसमें केवलिसमुद्घात के न करने का कोई विकल्प नहीं प्रकट किया गया है। इससे यही प्रतीत होता है कि सभी केवली अनिवार्य रूप से उस केवलिसमुद्घात को किया करते हैं।

आगे वहाँ यह भी स्पष्ट किया गया है कि चौथे समय में किये जानेवाले लोकपूरण समुद्-घात के सम्पन्न होने पर नाम, गोत्र और वेदनीय इन तीन अघातिया कर्मों की स्थिति को आयु से संख्यातगुणी स्थापित करता है। इन तीन अघातिया कर्मों की स्थिति योग का निरोध हो जाने पर आयु के समान होती है। तत्पश्चात् वह शैलेश्य अवस्था को प्राप्त कर अयोगिकेवली हो जाता है।[3]

यहाँ यह कहा गया है कि लोकपूरण समुद्घात के होने पर तीन अघातिया कर्मों की स्थिति को आयु से संख्यातगुणी स्थापित करता है, इससे स्पष्ट है कि पूर्व में उन अघातिया कर्मों की स्थिति समान नहीं होती है।

इस विवेचन से यही निश्चित प्रतीत होता है कि यतिवृषभाचार्य को सभी केवलियों के

---

१. ताधे चरिमसमयसुहुमसांपराइयो जादो ताधे णामा-गोदाणं ट्ठिदिबंधो अट्ठमुहुत्ता। वेदणी-यस्स ट्ठिदिबंधो बारस मुहुत्ता। × × × णामा-गोद-वेदणीयाणं ट्ठिदिसंतकम्ममसंखेज्जाणि वस्साणि।—क० पा० सुत्त, पृ० ८६४, चूर्णि १५५७-५८ व १५६०

२. पच्छिमक्खंधेत्ति अणियोगद्दारे इमा मग्गणा। अंतोमुहुत्ते आउगे सेसे तदो आवज्जिदकरणे कदे तदो केवलिसमुग्घादं करोदि। × × × तदो चउत्थसमये लोगं पूरेदि। लोगे पुण्णे एक्का वग्गणा जोगस्स त्ति समजोगो त्ति णायव्वो। लोगे पुण्णे अंतोमुहुत्तं ट्ठिदिं ठवेदि। संखेज्जगुणमाउआदो।—क०पा० सुत्त, पृ० ६००-०२, चूर्णि १-२ व ११-१४

३. जोगम्हि णिरुद्धम्हि आउअसमाणि कम्माणि होंति। तदो अंतोमुहुत्तं सेलेसिं य पडि-वज्जदि।—क०पा०सुत्त, पृ० ६०५, चूर्णि ४८-४६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

द्वारा केवलिसमुद्घात का करना अभिप्रेत रहा है।

वह केवलिसमुद्घातविषयक विकल्प 'भगवती आराधना' (२१०५-७) के समान सर्वार्थसिद्धि (९-४४) और तत्त्वार्थवार्तिक (९-४४) में भी उपलब्ध होता है। वहाँ भी कहा गया है कि जब केवली की आयु अन्तर्मुहूर्त शेष रह जाती है तथा नाम, गोत्र और वेदनीय की स्थिति आयु के समान रहती है, तब वे समस्त वचनयोग और मनोयोग का तथा बादर काययोग का निरोध करके सूक्ष्म काययोग का आलम्बन लेते हुए सूक्ष्मक्रिया-प्रतिपाती ध्यान पर आरूढ़ होने के योग्य होते हैं। किन्तु जब उनकी आयु तो अन्तर्मुहूर्त शेष रहती है, पर शेष तीन अघातिया कर्मों की स्थिति उससे अधिक होती है तब सयोगि-जिन चार समयों में आत्मप्रदेशों के विसर्पण रूप में दण्ड, कपाट, प्रतर और लोकपूरण समुद्घात करके आत्मप्रदेशों का संकोच करते हुए शेष रहे चार अघातिया कर्मों की स्थिति को समान कर लेते हैं और पूर्व शरीर के प्रमाण सूक्ष्म काययोग से सूक्ष्म-क्रियाप्रतिपाती ध्यान को ध्याते हैं। तत्पश्चात् समुच्छिन्न क्रियानिवर्ति ध्यान पर आरूढ़ होते हैं।

समुद्घात विषयक यह दूसरा मत सम्भवतः मूल में कर्मप्रकृतिप्राभृत या षट्खण्डागम के कर्ता का रहा है। कारण यह है कि धवलाकार ने इस मत का आधार लोकपूरण-समुद्घात में बीस संख्या का नियम बतलाया है। यथा—

"शेषामाचार्याणां लोकव्यापिकेवलिषु विंशतिसंख्यानिर्भस्तेषां मतेन केचित् समुद्घातयन्ति, केचिन्न समुद्घातयन्ति।"—पु० १, पृ० ३०२

यह बीस संख्या का नियम षट्खण्डागम में कार्मणकाययोगियों के प्रसंग में उपलब्ध होता है। वहाँ यह एक सूत्र देखा जाता है—

"सजोगिकेवली दव्वपमाणेण केवडिया? संखेज्जा।"

—सूत्र १,२,१२३ (पु० ३, पृ० ४०४)

यद्यपि सूत्र में स्पष्टतया बीस संख्या का निर्देश नहीं किया गया है, पर उसकी व्याख्या में धवलाकार ने यह स्पष्ट किया है कि पूर्व आचार्यों के उपदेशानुसार साठ जीव होते हैं—प्रतर में बीस, लोकपूरण में बीस और फिर उतरते हुए प्रतर में बीस ही होते हैं। इस प्रकार यहाँ लोकपूरण में बीस संख्या का ही उल्लेख किया गया है।[1]

इसके अतिरिक्त सर्वप्रथम प्रसंगप्राप्त शंका में द्वितीय विकल्प (निर्हेतुक) की असम्भावना को व्यक्त करते हुए शंकाकार ने यह कहा था कि यदि समुद्घात को निर्हेतुक माना जाता है तो उस परिस्थिति में सभी के समुद्घात को प्राप्त होते हुए मुक्ति का प्रसंग प्राप्त होता है। पर वैसा सम्भव नहीं है, क्योंकि उस स्थिति में लोकपूरणसमुद्घातगत केवलियों की बीस संख्या और वर्षपृथक्त्व प्रमाण अन्तर का नियम नहीं घटित होता है।[2]

यह वर्षपृथक्त्व प्रमाण अन्तर भी षट्खण्डागम में उपलब्ध होता है। वहाँ कार्मणकाययोग

---

१. एत्थ पुव्वाइरियोवएसेण सट्ठी जीवा हवंति। कुदो? पदरे बीस, लोगपूरणे बीस, पुणरवि ओदरमाणा पदरे बीस चेव भवंति त्ति।—पु० ३, पृ० ४०४

२. न द्वितीयविकल्पः, सर्वेषां समुद्घातगमनपूर्वकं मुक्तिप्रसंगात्। अस्तु चेन्न, लोकव्यापिनां केवलिनां विंशतिसंख्या-वर्षपृथक्त्वानन्तर (?) नियमानुपपत्तेः।—पु० १, पृ० ३०१ (पाठ कुछ अशुद्ध हुआ प्रतीत होता है।)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

के प्रसंग में सयोगिकेवलियों के अन्तर को औदारिकमिश्रकाययोगियों के अन्तर के समान कहा गया है (सूत्र १,६,१७७)। औदारिकमिश्रकाययोगियों में सयोगिकेवलियों के अन्तर के प्ररूपक ये सूत्र उपलब्ध होते हैं—

"सजोगिकेवलीणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ? णाणाजीवं पडुच्च जहण्णेण एगसमयं। उक्कस्सेण वासपुधत्तं। एगजीवं पडुच्च णत्थि अंतरं, णिरंतरं।"

—सूत्र १,६,१६६-६८ (पु० ५, पृ० ९१)

इस विवेचन से ऐसा प्रतीत होता है कि धवलाकार ने यतिवृषभाचार्य के मत को प्रधानता देकर दूसरे मत को प्रसंगप्राप्त उन दो गाथाओं के आधार पर सन्दिग्धावस्था में छोड़ दिया है।

(३) क्षुद्रकबन्ध खण्ड के अन्तर्गत 'भागाभाग' अनुयोगद्वार में सामान्य, पर्याप्त व अपर्याप्त अवस्था-युक्त सूक्ष्मवनस्पतिकायिक और सूक्ष्मनिगोद जीवों के भागाभाग के प्ररूपक तीन सूत्र उपलब्ध होते हैं।

"सुहुमवणप्फदिकाइया सुहुमणिगोदजीवा सव्वजीवाणं केवडिओ भागो ? ॥२९॥"

"सुहुमवणप्फदिकाइय-सुहुमणिगोदजीवपज्जत्ता सव्वजीवाणं केवडिओ भागो ? ॥३१॥"

"सुहुमवणप्फादिकाइय-सुहुमणिगोदजीवअपज्जत्ता सव्वजीवाणं केवडिओ भागो ? ॥३३॥"

इन तीन सूत्रों में सूक्ष्म वनस्पतिकायिकों से सूक्ष्म निगोद जीवों का पृथक् उल्लेख किया गया है। इस प्रसंग में धवलाकार ने सूत्र ३२ की व्याख्या करते हुए यह कहा है कि यहाँ सूक्ष्म वनस्पतिकायिकों को कहकर आगे सूक्ष्म निगोद जीवों का उल्लेख पृथक् से किया गया है। इससे जाना जाता है कि सब सूक्ष्म वनस्पतिकायिक ही सूक्ष्म निगोदजीव नहीं होते हैं।

इस पर वहाँ यह शंका उत्पन्न हुई है कि यदि ऐसा है तो "सब सूक्ष्म वनस्पतिकायिक निगोद ही होते हैं" यह जो कहा गया है, उसके साथ विरोध का प्रसंग प्राप्त होता है। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि उसके साथ कुछ विरोध नहीं होगा, क्योंकि सूक्ष्म निगोद सूक्ष्म वनस्पतिकायिक ही होते हैं, ऐसा यहाँ अवधारण नहीं किया गया है। इसे धवला में आगे अन्यत्र भी शंका-समाधानपूर्वक स्पष्ट किया गया है।[1]

यह ध्यान रहे कि आगे 'बन्धन' अनुयोगद्वार में शरीरिशरीर-प्ररूपणा के प्रसंग में यह एक सूत्र उपलब्ध होता है—

"तत्थ जे ते साधारणसरीरा ते णियमा वणप्फदिकाइया [चेवे त्ति]। अवसेसा पत्तेयसरीरा।"

—सूत्र १२०, (पु० १४, पृ० २२५)

जैसाकि ऊपर शंकाकार ने कहा है, इस सूत्र का भी यही अभिप्राय है कि साधारणशरीर (निगोदजीव) सब वनस्पतिकायिक ही होते हैं, उनसे पृथक् नहीं होते।

आगे सूत्र ३४ की व्याख्या के प्रसंग में पुनः शंका उठाते हुए यह कहा गया है कि 'निगोद सब वनस्पतिकायिक ही होते हैं, अन्य नहीं' इस अभिप्राय को व्यक्त करने वाले कुछ भागाभाग सूत्र स्थित हैं। सूक्ष्म वनस्पतिकायिक भागाभाग सम्बन्धी उन तीनों ही सूत्रों में निगोद जीवों का निर्देश नहीं किया गया है। इसलिए उन सूत्रों के साथ इन सूत्रों (२९,३१ व ३३) का विरोध होने वाला है।

इसके समाधान में धवलाकार कहते हैं कि यदि ऐसा है तो उपदेश को प्राप्त कर 'यह सूत्र

---

१. देखिए धवला, पु० ७, पृ० ५०४-६

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

है और यह असूत्र है' ऐसा, आगम में जो निपुण हैं वे कहें, किन्तु हम इस विषय में कुछ कहने के लिए समर्थ नहीं हैं, क्योंकि हमें इस प्रकार का उपदेश प्राप्त नहीं है।[1]

इस प्रकार धवलाकार ने आगम पर निष्ठा रखते हुए यह अभिप्राय प्रकट कर दिया है कि जिन्हें परम्परागत श्रुत से यह ज्ञात है कि अमुक सूत्र है और इसके विपरीत सूत्र नहीं है, वे अधिकारपूर्वक वैसा कह सकते हैं; पर उपदेश के अभाव में हम वैसा निर्णय करके आगम की अवहेलना नहीं कर सकते।

(४) यही प्रसंग यहीं पर आगे चलकर अल्पबहुत्वानुगम में पुनः प्राप्त हुआ है। वहाँ प्रसंग के अनुसार ये सूत्र प्राप्त होते हैं—

"सुहुमवणप्फदिकाइया असंखेज्जगुणा। वणप्फदिकाइया विसेसाहिया। णिगोदजीवा विसेसाहिया।"[2]—सूत्र २,११,७३-७५

यहाँ सूत्र ७५ की व्याख्या के प्रसंग में शंकाकार कहता है कि यह सूत्र निरर्थक है, क्योंकि वनस्पतिकायिकों से भिन्न निगोदजीव नहीं पाये जाते। दूसरे, वनस्पतिकायिकों से पृथग्भूत पृथिवीकायिक आदिकों में निगोद जीव हैं, ऐसा आचार्यों का उपदेश भी नहीं है; जिससे इस वचन की सूत्ररूपता का प्रसंग प्राप्त हो सके।

इस शंका का निराकरण करते हुए धवलाकार कहते हैं कि तुम्हारा कहना सत्य हो सकता है, क्योंकि बहुत से सूत्रों में वनस्पतिकायिकों के आगे 'निगोद' पद नहीं पाया जाता तथा बहुत से आचार्यों को वह अभीष्ट भी है। किन्तु यह सूत्र ही नहीं है, ऐसा अवधारण करना योग्य नहीं है। **ऐसा तो वह कह सकता है जो चौदह पूर्वों का पारंगत हो अथवा केवलज्ञानी हो। परन्तु वर्तमान काल में वे नहीं हैं तथा उनके पास में सुनकर आने वाले भी इस समय नहीं प्राप्त होते। इसलिए सूत्र की आसादना से भयभीत आचार्यों को दोनों ही सूत्रों का व्याख्यान करना चाहिए।**

इसी प्रसंग में कुछ अन्य शंका-समाधानों के पश्चात् यह भी एक शंका की गयी है कि सूत्र में वनस्पतिनामकर्म के उदय से युक्त सब जीवों के 'वनस्पति' संज्ञा दिखती है, तब फिर बादर निगोदजीवों से प्रतिष्ठित-अप्रतिष्ठित जीवों के यहाँ 'वनस्पति' संज्ञा का निर्देश सूत्र में क्यों नहीं किया गया। इस विषय में धवलाकार को यह कहना पड़ा है कि यह गौतम से पूछना चाहिए, गौतम को बादर निगोद जीवों से प्रतिष्ठित-अप्रतिष्ठित जीवों की 'वनस्पति' संज्ञा अभीष्ट नहीं है, यह हमने उनका अभिप्राय कह दिया है।[3]

यहाँ धवलाकार ने परस्पर भिन्न उपलब्ध दोनों प्रकार के सूत्रों में सूत्ररूपता का निर्णय करना शक्य न होने से सूत्रासादना से भीत आचार्यों को दोनों ही विभिन्न सूत्रों का व्याख्यान करने की प्रेरणा की है।

(५) बन्धस्वामित्वविचय में संज्वलनमान और माया इन दो प्रकृतियों के बन्धक-अबन्धकों के प्रसंग में धवला में कहा गया है कि संज्वलन क्रोध के विनष्ट होने पर जो अनिवृत्तिकरण

---

१. धवला, पु० ७, पृ० ५०६-७

२. यहाँ पीछे इसी प्रकार के सूत्र २,११,५७-५९, आगे सूत्र २,११,१०२-६ तथा २,११-२, ७७-७९ भी द्रष्टव्य हैं।

३. धवला, पु० ७, पृ० ५३९-४१

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

काल का संख्यातवाँ भाग शेष रहता है उसके संख्यात खण्ड करने पर उनमें से बहुभाग को बिताकर एक खण्ड के शेष रहने पर संज्वलनमान के बन्ध का व्युच्छेद होता है। पश्चात् उस एक खण्ड के भी संख्यात खण्ड करने पर, उनमें से बहुत खण्ड जाकर एक खण्ड रहने पर, संज्वलनमाया के बन्ध का व्युच्छेद होता है।

इस पर यह पूछने पर कि यह कैसे जाना जाता है, धवलाकार ने कहा है कि वह सूत्र में जो "सेसे सेसे संखेज्जे भागे गंतूण" इस प्रकार से 'सेसे' शब्द की पुनरावृत्ति की गयी है, उससे जाना जाता है।

इस पर शंकाकार कहता है कि यह सूत्र कषायप्राभृतसूत्र के साथ विरोध को प्राप्त होता है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि यथार्थ में वह कषायप्राभृत के साथ विरोध को प्राप्त होता है, किन्तु 'यही सत्य है, वही सत्य है' इस प्रकार से एकान्ताग्रह नहीं करना चाहिए, क्योंकि श्रुतकेवलियों अथवा प्रत्यक्षज्ञानियों के बिना वैसा अवधारण करने पर मिथ्यात्व का प्रसंग प्राप्त होता है।

आगे फिर यह शंका उठायी गयी है कि सूत्रों में परस्पर विरोध कैसे होता है। इसके उत्तर में कहा गया है कि सूत्रों के उपसंहार अल्पश्रुत के धारक आचार्यों के आधीन रहे हैं, इसलिए उनमें विरोध की सम्भावना देखी जाती है। फिर भी जिस प्रकार अमृतसमुद्र के जल को घड़े आदि में भरने पर भी उसमें अमृतपना बना रहता है, उसी प्रकार इन विरुद्ध प्रतिभासित होने वाले सूत्रों में भी सूत्ररूपता समझनी चाहिए।[1]

इस प्रकार धवलाकार ने यह अभिप्राय प्रकट किया है कि जिस प्रकार अमृतसमुद्र के जल को किसी छोटे घड़े आदि में भरने पर भी उसका अमृतपना नष्ट नहीं होता है, उसी प्रकार विशाल सूत्रस्वरूप श्रुत का संक्षेप में उपसंहार करने पर भी उसकी सूत्ररूपता नष्ट नहीं होती है। यह अवश्य है कि अल्पज्ञों के द्वारा किए गये उपसंहार में क्वचित् विरोध की सम्भावना रह सकती है। पर केवली व श्रुतकेवली के बिना चूँकि उसकी यथार्थता व अयथार्थता का निर्णय करना शक्य नहीं है, इसलिए उसके विषय में 'यह सत्य है और वह असत्य है' ऐसा कदाग्रह नहीं करना चाहिए, क्योंकि वैसा करने पर मिथ्यात्व का प्रसंग प्राप्त होता है।

(६) वेदनाखण्ड के अन्तर्गत 'कृति' अनुयोगद्वार में प्रसंग प्राप्त होने पर धवलाकार ने कृति-संचित व नोकृतिसंचित आदिकों के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की है। इस प्रसंग में सिद्धों में प्रकृत अल्पबहुत्व की कुछ विशेषता को प्रकट करते हुए धवला में यह स्पष्ट किया गया है कि यह अल्प-बहुत्व सोलह पदवाले अल्पबहुत्व के साथ विरोध को प्राप्त होता है, क्योंकि इसमें सिद्धकाल से सिद्धों का संख्यातगुणत्व नष्ट होकर विशेष अधिकता का प्रसंग प्राप्त होता है। इस प्रकार इस विषय में उपदेश प्राप्त करके किसी एक का निर्णय करना चाहिए।

इसी प्रसंग में आगे धवलाकार ने सत्कर्मप्रकृतिप्राभृत को छोड़कर[2] सोलह पद वाले उस अल्पबहुत्वदण्डक को प्रधान करके उसकी प्ररूपणा की है।[3]

---

१. देखिए धवला, पु० ८, पृ० ५६-५७

२. सम्भवतः पूर्वोक्त अल्पबहुत्व सत्कर्मप्रकृतिप्राभृत के अनुसार रहा है।

३. देखिए धवला, पु० ९, पृ० ३१८-२१ (सोलह पद वाला अल्पबहुत्व धवला, पु० ३, पृ० ३०-३१ में देखा जा सकता है।)

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

(७) वर्गणा खण्ड के अन्तर्गत 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी के विकल्पों के प्ररूपक सूत्र (५,५,१२०) की व्याख्या करते हुए धवलाकार ने उस प्रसंग में दो भिन्न मतों का उल्लेख किया है और आगे यह भी कह दिया है कि ये दोनों मत सूत्रसिद्ध हैं, क्योंकि आगे उन दोनों उपदेशों के अनुसार पृथक्-पृथक् अल्पबहुत्व की वहाँ प्ररूपणा की गयी है।

इस पर वहाँ धवला में यह शंका उठायी गयी है कि विरुद्ध दो अर्थों का प्ररूपक सूत्र कैसे हो सकता है। इसके समाधान में धवलाकार ने कहा है कि यह सत्य है, जो सूत्र है वह अविरुद्ध अर्थ का ही प्ररूपक होता है। किन्तु यह सूत्र नहीं है, सूत्र के समान होने से उसे उपचार से सूत्र माना गया है। इस प्रसंग में आगे उन्होंने सूत्र के स्वरूप की प्ररूपक "सुत्तं गणधर कहियं" इत्यादि गाथा को उद्धृत करते हुए यह कहा है कि भूतबलि भट्टारक गणधर, प्रत्येकबुद्ध, श्रुतकेवली अथवा अभिन्नदशपूर्वी नहीं हैं, जिससे यह सूत्र हो सके।

इस पर उसके अप्रमाणत्व की आशंका को हृदयंगम करते हुए आगे धवलाकार ने कहा है कि राग, द्वेष और मोह से रहित होने के कारण चूँकि वह प्रमाणीभूत पुरुषों की परम्परा से प्राप्त है, इसलिए उसे अप्रमाण नहीं कहा जा सकता है।

यहाँ यह विशेषता रही है कि धवलाकार ने इस विषय में अपने अभिप्राय को व्यक्त करते हुए अन्त में यह भी कहा है कि हमारा तो यह अभिप्राय है कि प्रकृत सूत्र का प्रथम प्ररूपित अर्थ ही समीचीन है, दूसरा समीचीन नहीं है। इसके कारण को भी उन्होंने स्पष्ट कर दिया है। इसकी पुष्टि में आगे उन्होंने यह भी कहा है कि कुछ सूत्रपोथियों में दूसरे अर्थ के आश्रय से प्ररूपित अल्पबहुत्व का अभाव भी है।[1]

यहाँ धवलाकार ने प्रथम तो प्रकृत सूत्र के दोनों व्याख्यानों को सूत्रसिद्ध मान लिया है, क्योंकि उन दोनों व्याख्यानों के अनुसार प्रकृत आनुपूर्वीविकल्पों में मूल सूत्रों में ही दो प्रकार से अल्पबहुत्व की प्ररूपणा की गयी है।—देखिए सूत्र १२३-२७ व १२८-३२

अन्त में उन्होंने अपने स्वतन्त्र अभिप्राय के अनुसार प्रथम व्याख्यान को यथार्थ और दूसरे व्याख्यान को अयथार्थ बतलाया है। उसका एक कारण यह भी रहा है कि कुछ सूत्रपोथियों में दूसरे प्रकार के अल्पबहुत्व की प्ररूपणा नहीं उपलब्ध होती है।

सूत्र के अभाव में आचार्य-परम्परागत व गुरु के उपदेश को महत्त्व

यह पूर्व में कहा जा चुका है कि धवलाकार के समक्ष जहाँ तक विवक्षित विषय से सम्बन्धित सूत्र रहा है, उन्होंने उसे ही महत्त्व दिया है। किन्तु जब उनके समक्ष विवक्षित विषय से सम्बद्ध सूत्र नहीं रहा है तब उन्होंने आचार्यपरम्परागत उपदेश या गुरूपदेश को भी महत्त्व दिया है। इसके लिए यहाँ कुछ उदाहरण दिए जाते हैं—

(१) जीवस्थान-द्रव्यप्रमाणानुगम में सूत्रकार द्वारा प्रमत्तसंयतों का प्रमाण कोटिपृथक्त्व निर्दिष्ट किया गया है।—सूत्र १,२,७

इसकी व्याख्या के प्रसंग में धवला में यह शंका की गयी है कि 'कोटिपृथक्त्व' से तीन करोड़ के नीचे की संख्या को ग्रहण करना चाहिए। पर उसके अनेक विकल्प होने से उनमें से प्रकृत में कौन सी संख्या अभिप्रेत रही है, यह नहीं जाना जाता। इसके स्पष्टीकरण में धवलाकार

---

१. धवला, पु० १३, पृ० ३७७-८२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

ने कहा है कि वह परमगुरु के उपदेश से जानी जाती है। तदनुसार उन प्रमत्तसंयतों का प्रमाण पाँच करोड़ तेरानवै लाख अट्ठानवै हजार दो सौ छह (५९३९८२०६) है। इस पर पुनः यह पूछा गया है कि वह संख्या इतनी मात्र ही है, यह कैसे जाना जाता है। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि वह आचार्यपरम्परागत जिनोपदेश से जाना जाता है।[1]

यही प्ररूपणा का क्रम अप्रमत्तसंयतों की संख्या के विषय में भी रहा है।[2]

इस प्रकार सूत्र में प्रमत्तसंयतों और अप्रमत्तसंयतों की निश्चित संख्या का उल्लेख न होने पर भी धवलाकार ने उसका उल्लेख परमगुरु के उपदेश और आचार्य-परम्परागत जिनदेव के उपदेश के अनुसार किया है।

(२) यहीं पर आगे नरकगति के आश्रय से द्वितीयादि छह पृथिवियों के मिथ्यादृष्टि नारकियों की संख्या को स्पष्ट करते हुए धवला में कहा गया है कि जगश्रेणि के प्रथम वर्गमूल को आदि करके नीचे के बारह वर्गमूलों को परस्पर गुणित करने से जो राशि प्राप्त हो, उतना दूसरी पृथिवी के मिथ्यादृष्टि नारकियों का द्रव्यप्रमाण है। इसी क्रम से आगे दस, आठ, छह, तीन और दो वर्गमूलों को परस्पर गुणित करने से क्रमशः तीसरी, चौथी, पाँचवीं, छठी और सातवीं पृथिवी के मिथ्यादृष्टि नारकियों का द्रव्यप्रमाण प्राप्त होता है।

इस पर वहाँ यह पूछा गया है कि इतने वर्गमूलों का परस्पर संवर्ग करने पर द्वितीयादि पृथिवियों के नारकियों का द्रव्यप्रमाण होता है, यह कैसे जाना जाता है। उत्तर में कहा गया है कि वह आचार्यपरम्परागत अविरुद्ध उपदेश से जाना जाता है।[3]

यहाँ सूत्र (१,२,२२) में सामान्य से द्वितीयादि पृथिवियों के मिथ्यादृष्टि नारकियों का प्रमाण क्षेत्र की अपेक्षा जगश्रेणि के असंख्यातवें भाग मात्र बतलाकर उसका आयाम प्रथमादि संख्यात वर्गमूलों के परस्पर गुणित करने से प्राप्त असंख्यात कोटि योजन प्रमाण निर्दिष्ट किया गया है। इसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने जो विशेष रूप से जगश्रेणि के बारह व दस आदि वर्गमूलों को ग्रहण किया है, उन्हें आचार्यपरम्परागत उपदेश के अनुसार ग्रहण किया है।

(३) जीवस्थान-कालानुगम में सूत्रकार द्वारा बादर पृथिवीकायिकादिकों का उत्कृष्ट काल कर्मस्थिति प्रमाण कहा गया है।—सूत्र १,५,१४४

यहाँ धवला में यह शंका उठायी गयी है कि सूत्र में निर्दिष्ट 'कर्मस्थिति' से क्या सब कर्मों की स्थितियों को ग्रहण किया जाता है या एक ही कर्म की स्थिति को ग्रहण किया जाता है। इसके उत्तर में धवलाकार ने कहा है कि सब कर्मों की स्थितियों को न ग्रहण करके एक ही कर्म की स्थिति को ग्रहण किया गया है, उसमें भी दर्शनमोहनीय की ही सत्तर कोडाकोड़ी सागरोपम प्रमाण उत्कृष्ट स्थिति को ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि वही प्रधान है। इसका भी कारण यह है कि उसमें समस्त कर्मस्थितियाँ संगृहीत हैं। इस प्रसंग में यह पूछे जाने पर कि यह कैसे जाना जाता है, धवलाकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह स्पष्टीकरण हमने गुरु के उपदेश के अनुसार किया है।[4]

---

१. धवला, पु० २३, पृ० ८८-८९
२. वही, पृ० ८९
३. धवला, पु० ३, पृ० १९९-२०१
४. धवला, पु० ४, पृ० ४०२-३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

(४) जीवस्थान-अन्तरानुगम में प्रसंगप्राप्त तिर्यंचगति में तिर्यंचमिथ्यादृष्टियों का अन्तर एक जीव की अपेक्षा कुछ कम तीन पल्योपम प्रमाण कहा गया है।—सूत्र १,६,३५-३७

इसे स्पष्ट करते हुए धवलाकार ने कहा है कि इस विषय में दो उपदेश हैं—एक उपदेश के अनुसार जीव तिर्यंचों में दो मास और मुहूर्तपृथक्त्व के ऊपर सम्यक्त्व और संयमासंयम ग्रहण करता है। मनुष्यों में वह अन्तर्मुहूर्त से अधिक आठ वर्ष का होने पर सम्यक्त्व, संयम और संयमासंयम को ग्रहण करता है। यह दक्षिण प्रतिपत्ति है। दक्षिण, ऋजु और आचार्य-परम्परागत—ये समान अर्थ के वाचक हैं।

यहाँ यह स्पष्ट किया गया है कि जो जीव (मनुष्य) आठ वर्ष व अन्तर्मुहूर्त का होकर सम्यक्त्व, संयम व संयमासंयम को ग्रहण करता है वह गर्भ से लेकर आठ वर्ष का होने पर उन्हें ग्रहण करता है। इसे दक्षिण प्रतिपत्ति कहा गया है। उत्तर प्रतिपत्ति के अनुसार वह आठ वर्षों के ऊपर उन्हें ग्रहण करता है।

इसी प्रकार का एक प्रसंग प्रत्येक शरीरद्रव्यवर्गणा की प्ररूपणा करते समय भी प्राप्त हुआ है। वहाँ धवलाकार ने प्रथमतः गर्भनिष्क्रमण से लेकर आठ वर्ष कहा है और तत्पश्चात् वहीं पर आगे गर्भ से लेकर आठ वर्ष कहा है। इस प्रकार इन दोनों कथनों में भिन्नता हो गयी है।
—पु० १४, पृ० ६६ व ७१

दूसरे उपदेश के अनुसार तिर्यंचों में उत्पन्न हुआ जीव तीन पक्ष, तीन दिन और अन्तर्मुहूर्त के ऊपर सम्यक्त्व और संयमासंयम को प्राप्त करता है। मनुष्यों में उत्पन्न हुआ जीव आठ वर्षों के ऊपर सम्यक्त्व, संयम और संयमासंयम को प्राप्त करता है। यह उत्तरप्रतिपत्ति है। उत्तर, अनृजु और आचार्यपरम्परा से अनागत—इनका एक ही अर्थ है।[1]

इस प्रकार धवलाकार ने तिर्यंच मिथ्यादृष्टियों के सूत्रनिर्दिष्ट कुछ कम तीन पल्योपम प्रमाण उत्कृष्ट अन्तर को स्पष्ट करते हुए सम्यक्त्व व संयमासंयम के ग्रहण का प्रसंग पाकर उससे सम्बन्धित उपर्युक्त दो उपदेशों का उल्लेख किया है। इसमें उन्होंने आचार्यपरम्परागत उपदेश को दक्षिणप्रतिपत्ति और आचार्यपरम्परा से अनागत उपदेश को उत्तरप्रतिपत्ति कहा है। प्रकृत में धवलाकार ने आचार्यपरम्परागत प्रथम उपदेश के अनुसार ही उपर्युक्त अन्तर की प्ररूपणा की है व दूसरे उपदेश की उपेक्षा की है।

(५) वेदनाद्रव्यविधान में ज्ञानावरणीय की अनुत्कृष्ट द्रव्यवेदना के स्वामी की प्ररूपणा करते हुए प्रसंगवश धवला में कहा गया है कि विवक्षित अनुत्कृष्ट प्रदेशस्थानों का स्वामी गुणितकर्मांशिक होता है।

इस प्रसंग में वहाँ यह शंका उठायी गयी है कि गुणितकर्मांशिक जीव के इनसे अधिक स्थान क्यों नहीं होते। इसके उत्तर में वहाँ कहा गया है कि गुणितकर्मांशिक के उत्कर्ष से एक ही समयप्रबद्ध बँधता व हानि को प्राप्त होता है ऐसा आचार्यपरम्परागत उपदेश है।

आगे वहाँ कहा गया है कि गुणितकर्मांशिक के इस अनुत्कृष्ट जघन्य प्रदेशस्थान से गुणित-घोलमान का उत्कृष्ट प्रदेशस्थान विशेष अधिक होता है। इसको छोड़कर और गुणितकर्मांशिक के जघन्य प्रदेशस्थान प्रमाण गुणितघोलमान के अनुत्कृष्ट प्रदेशस्थान को ग्रहण करके एक परमाणुहीन व दो परमाणुहीन आदि के क्रम से हीन करते हुए गुणितघोलमान के उत्कृष्ट

---

१. धवला, पु० ५, पृ० ३१-३२

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

प्रदेशस्थान से असंख्यातगुणा हीन उसी का जघन्य प्रदेशस्थान होता है। गुणितकर्मांशिक के जघन्य प्रदेशस्थान के समान गुणितघोलमान के प्रदेशस्थान से अनन्तभागहीन, असंख्यातभागहीन, संख्यातभागहीन, संख्यातगुणहीन और असंख्यातगुणहीन स्वरूप से हानि को प्राप्त होनेवाले अपने इन स्थानों का गुणितघोलमान स्वामी होता है। कारण यह कि गुणितघोलमान के स्थानों के पाँच वृद्धियाँ और पाँच हानियाँ होती हैं, ऐसा गुरु का उपदेश है।[1]

इस प्रकार से धवलाकार ने प्रसंगप्राप्त ज्ञानावरणीय के अनुत्कृष्ट द्रव्यवेदनास्थानों के यथासम्भव स्वामियों का उल्लेख आचार्यपरम्परागत उपदेश और गुरु के उपदेश के आधार से किया है।

(६) आगे इसी वेदनाद्रव्यविधान की चूलिका में सूत्रकार के द्वारा वर्गणाओं का प्रमाण श्रेणि के असंख्यातवें भागमात्र असंख्यात निर्दिष्ट किया गया है।— सूत्र ४,२,४,१८१

इसकी व्याख्या करते हुए उस प्रसंग में धवलाकार ने कहा है कि सभी वर्गणाओं की दीर्घता समान नहीं है, क्योंकि वे आदिमवर्गणा से लेकर उत्तरोत्तर विशेष हीन स्वरूप से अवस्थित हैं। इस पर यह पूछने पर कि वह कैसे जाना जाता है, धवलाकार ने कहा है कि वह आचार्य-परम्परागत उपदेश से जाना जाता है।[2]

यहीं पर आगे धवलाकार ने गुरु के उपदेश के बल से प्ररूपणा, प्रमाण, श्रेणि, अवहार, भागाभाग और अल्पबहुत्व इन छह अनुयोगद्वारों में वर्गणा-सम्बन्धी जीवप्रदेशों की प्ररूपणा करने की प्रतिज्ञा करते हुए यथाक्रम से उनकी प्ररूपणा की है।[3]

(७) इसके पूर्व इस वेदनाद्रव्यविधान में ज्ञानावरणीय की अनुत्कृष्ट द्रव्यवेदना के स्वामी की प्ररूपणा के प्रसंग में "संजमं पडिवण्णो" सूत्र (४,२,४,६०) की व्याख्या में यह पूछा गया है कि यहाँ असंख्यातगुणित श्रेणि के रूप में कर्मनिर्जरा होती है, यह कैसे जाना जाता है। उत्तर में धवलाकार ने "सम्मत्तुप्पत्ती वि य" आदि दो गाथाओं को उद्धृत करते हुए यह कहा है कि वह इन गाथासूत्रों के द्वारा जाना जाता है।

इसी प्रसंग में आगे यह भी शंका उठी है कि यहाँ जो द्रव्य निर्जरा को प्राप्त हुआ है, वह बादर एकेन्द्रियादिकों में संचित द्रव्य से असंख्यातगुणा है, यह कैसे जाना जाता है। इसके उत्तर में प्रथम तो धवला में यह कहा गया है कि सूत्र में 'संजमं पडिवज्जिय' ऐसा न कहकर 'संजमं पडिवण्णो' यह जो कहा गया है उससे जाना जाता है कि यहाँ निर्जीर्ण द्रव्य त्रस व बादर-कायिकों में संचित द्रव्य से असंख्यातगुणा है, क्योंकि आचार्य प्रयोजन के बिना क्रिया की समाप्ति को नहीं कहते हैं। इससे यह अभिप्राय ग्रहण करना चाहिए कि त्रस-स्थावरकायिकों में संचित द्रव्य से असंख्यातगुणे द्रव्य की निर्जरा करके संयम को प्राप्त हुआ है।

इसी शंका के समाधान में प्रकारान्तर से वहाँ यह भी कहा गया है—अथवा 'गुणश्रेणि की जघन्य स्थिति में प्रथम बार निषिक्त द्रव्य असंख्यात आवलियों के समयप्रमाण समयप्रबद्धों से युक्त होता है' इस प्रकार का जो आचार्य-परम्परागत उपदेश है उससे जाना जाता है कि यहाँ निर्जराप्राप्त द्रव्य असंख्यातगुणा है।[4]

---

१. धवला, पु० १०, पृ० २१४-१५
२. धवला, पु० १०, पृ० ४४४
३. वही, पृ० २४४-४६
४. धवला, पु० १०, पृ० २७८-८३

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

(८) 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में व्यंजनावग्रहावरणीय के प्रसंग में तत-वितत आदि शब्दों और भाषा-कुभाषा के विषय में कुछ विचार किया गया है। इस प्रसंग में धवला में यह कहा गया है कि शब्दपुद्गल अपने उत्पत्ति-क्षेत्र से उछलकर दस दिशाओं में जाते हुए उत्कृष्ट रूप से लोक के अन्त तक जाते हैं।

इस पर, यह कहाँ से जाना जाता है—ऐसा पूछने पर धवलाकार ने कहा है कि वह सूत्र से अविरुद्ध आचार्य-वचन से जाना जाता है।[1]

(९) इसी 'प्रकृति' अनुयोगद्वार में आगे अवधिज्ञानावरणीय के प्रसंग में अवधिज्ञान के भेद-प्रभेदों का विचार करते हुए उनमें एकक्षेत्र अवधिज्ञान के श्रीवत्स, कलश व शंख आदि कुछ विशिष्ट स्थानों को ज्ञातव्य कहा गया है।—सूत्र ५,५,५८

इसकी व्याख्या में धवलाकार ने कहा है कि ये संस्थान तिर्यंच व मनुष्यों के नाभि के उपरिम भाग में होते हैं, नाभि के नीचे वे नहीं होते हैं; क्योंकि शुभ संस्थानों का शरीर के अधोभाग के साथ विरोध है। तिर्यंच व मनुष्य विभंगज्ञानियों के नाभि के नीचे गिरगिट आदि अशुभ संस्थान होते हैं। आगे उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि इस विषय में कोई सूत्र उपलब्ध नहीं है, गुरु के उपदेशानुसार यह व्याख्यान किया गया है। विभंगज्ञानियों के सम्यक्त्व आदि के फलस्वरूप अवधिज्ञान के उत्पन्न हो जाने पर, वे गिरगिट आदि रूप अशुभ संस्थान नष्ट होकर नाभि के ऊपर शंख आदि शुभ संस्थान हो जाते हैं। इसी प्रकार अवधिज्ञान से पीछे आये हुए विभंगज्ञानियों के भी शुभ संस्थान हटकर अशुभ संस्थान हो जाते हैं, यह अभिप्राय ग्रहण करना चाहिए।[2]

(१०) यहीं पर उक्त अवधिज्ञान की प्ररूपणा के प्रसंग में "कालो चदुण्ण वुड्ढी" इत्यादि गाथासूत्र प्राप्त हुआ है। धवला में यहाँ इसके शब्दार्थ को स्पष्ट करते हुए आगे यह कहा गया है कि इस गाथा की प्ररूपणा जिस प्रकार वेदनाखण्ड में की गयी है (पु० ९, पृ० २८-४०) उसी प्रकार उसकी प्ररूपणा पूर्ण रूप से यहाँ करनी चाहिए। आगे वहाँ यह सूचना की गयी है कि इस गाथा के अर्थ का सम्बन्ध देशावधि के साथ जोड़ना चाहिए, परमावधि के साथ नहीं।

इस पर यह पूछने पर कि वह कहाँ से जाना जाता है, धवलाकार ने कहा है कि वह आचार्यपरम्परागत सूत्र से अविरुद्ध व्याख्यान से जाना जाता है। आगे कहा गया है कि परमावधिज्ञान में द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की वृद्धि एक साथ होती है, ऐसा कथन करना चाहिए, क्योंकि ऐसा अविरुद्ध आचार्यों का कथन है।[3]

यहीं पर आगे धवला में मनःपर्ययज्ञान के विषय की प्ररूपणा के प्रसंग में यह सूचना की गयी है कि इस प्रकार के ऋजुमतिमनःपर्ययज्ञान के विषयभूत जघन्य उत्कृष्ट द्रव्य के ये विकल्प सूत्र में नहीं हैं, फिर भी हमने उनकी प्ररूपणा पूर्वाचार्यों के उपदेशानुसार की है।[4]

---

१. वही, पु० १३, पृ० २२१-२२
२. धवला, पु० १३, पृ० २९७-९८
३. ,, पृ० ३०९-१०
४. धवला, पु० १३, पृ० ३३७

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

आचार्यपरम्परागत उपदेश और गुरूपदेश के कुछ अन्य प्रसंग इस प्रकार देखे जा सकते हैं—

	पु०	पृष्ठ	प्रसंग
१.	३	३३६	···त्ति घेत्तव्वं, आइरियपरंपरागओएसत्तादो ।
२.	,,	४०२	एत्थ आइरियपरंपरागदोवएसेण···
३.	,,	४०६	**णत्थि सुत्तं वक्खाणं वा,** किंतु आइरियवयणमेव केवलमत्थि ।
४.	५	३१	कधमेदं णव्वदे ? आइरियपरंपरागदुवदेसादो ।
५.	६	१०३	···णियमस्स आइरियपरंपरागयस्स पदुप्पायणट्ठं कदो ।
६.	११	१५-१६	सुत्तेण विणा कधमेदं णव्वदे ? आइरियपरंपरागयपवाइज्जंतुवदेसादो ।
७.	१२	४३	कधमेदेसिं तुल्लत्तं णव्वदे ? ण, आइरियोवदेसादो ।
८.	,,	६४	कुदो ? आइरियोवदेसादो ।
९.	,,	२२१	कुदो णव्वदे ? आइरियोवदेसादो ।
१०.	१३	२२२	कुदो एदं णव्वदे ? सुत्ताविरुद्धाइरियवयणादो ।
११.	,,	३०२	···आइरियपरंपरागदअविरुद्धुवदेसादो ।
१२.	,,	३२०	···त्ति कुदो णव्वदे ? अविरुद्धाइरियवयणादो ।
१३.	,,	३८५	···त्ति कुदो णव्वदे ? अविरुद्धाइरियवयणादो ।
१४.	१४	५९	कधमेदं णव्वदे ? अविरुद्धाइरियवयणादो ।
१५.	,,	६१	···त्ति कुदो णव्वदे ? अविरुद्धाइरियवयणादो ।
१६.	,,	८१	···त्ति अविरुद्धाइरियवयणेण अवगदत्तादो ।
१७.	,,	८३	···त्ति कथं णव्वदे ? अविरुद्धाइरियवयणादो ।
१८.	१४	९९-१००	कुदो एदं णव्वदे ? अविरुद्धाइरियवयणादो ।
१९.	,,	१०७	···त्ति कुदो णव्वदे ? अविरुद्धाइरियवयणादो ।
२०.	,,	१४८	कुदो एदं णव्वदे ? आइरियपरंपरागद**सुत्ताविरुद्धगुरूवदेसादो** ।
२१.	,,	१६८-६९	कुदो एदमवगम्मदे ? अविरुद्धाइरियवयणादो ।
२२.	,,	१७०	कुदो एदं णव्वदे ? अविरुद्धाइरियवयणादो सुत्तसमाणादो ।
२३.	,,	२०८	···त्ति कुदो णव्वदे ? अविरुद्धाइरियवयणादो जुत्तीए च ।
२४.	,,	५१५	कुदो णव्वदे ? अविरुद्धाइरियवयणादो ।

गुरूपदेश

१.	३	८९	···त्ति ण जाणिज्जदे । ण, परमगुरूवदेसादो जाणिज्जदे ।
२.	,,	,,	···त्ति कधं णव्वदे ? आइरियपरंपरागदजिणोवदेसादो ।
३.	४	१७५	···आणुपुव्वीए विवागो होदि त्ति गुरूवएसादो ।
४.	,,	४०३	कुदो ? गुरूवदेसादो ।
५.	७	३७१	जोयणलक्खबाहल्लो तिरियलोगो त्ति गुरूवएसादो ।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

	पु०	पृष्ठ	प्रसंग
६.	६	६४	इदमेव इंदियं घेप्पदि त्ति कथं णव्वदे ? गुरूवदेसा०।
७.	१०	६५	···वग्गणाओ होंति त्ति गुरूवदेसादो।
८.	,,	७४	कुदो णव्वदे ? परमगुरूवदेसादो।
९.	,,	१०६	···होंति त्ति परमगुरूवदेसादो।
१०.	,,	२१५	···होंति त्ति गुरूवएसादो।
११.	,,	३०४	···समयपबद्धो वड्ढदि त्ति गुरूवएसादो।
१२.	,,	३०६	···समयपबद्धो वड्ढदि त्ति गुरूवदेसादो।
१३.	,,	३८६-८७	···एइंदियसमयपबद्धा अत्थित्ति गुरूवदेसादो।
१४.	,,	४५५	···दुगुणो चेव होदि त्ति गुरूवएसादो।
१५.	,,	४८२	···होंति त्ति गुरूवएसादो णव्वदे।
१६.	११	३५	होदि त्ति कुदो णव्वदे ? परमगुरूवदेसादो।
१७.	,,	२४२	कथमेदं णव्वदे ? परमगुरूवदेसादो।
१८.	१२	४३	कथं तुल्लत्तं णव्वदे ? परमगुरूवएसादो।
१९.	,,	४४६-४७	···तो एगसमयपबद्धो चेव झिज्जदि त्ति गुरूवदेसादो।
२०.	१३	२९८	···होंति त्ति गुरूवदेसो, ण सुत्तमत्थि।
२१.	,,	३०४-५	···पमाणंगुलादीणं गहणं कायव्वमिदि गुरूवदेसादो।
२२.	,,	३१४	·· कुदो णव्वदे ? गुरूवदेसादो।
२३.	,,	३१६	कुदो एदमवगम्मदे ? गुरूवदेसादो।
२४.	,,	३२०-२१	एसो वि गुरूवएसो चेव, वट्टमाणकाले सुत्ताभावादो।
२५.	१४	१४८	कुदो एदं णव्वदे ? आइरियपरंपरागदसुत्ताविरुद्धगुरूवदेसादो।
२६.	,,	१६४	कुदो एदं णव्वदे ? गुरूवदेसादो।
२७.	,,	२१२	···कुदो णव्वदे ? गुरूवदेसादो।
सुत्ताभाव			
१.	१	२१९	···तेसिं णिरूवयसुत्ताभावादो।
२.	,,	२२०	···तहा पडिवाययसुत्ताभावादो।
३.	३	३६	···तदत्थित्तविहाययसुत्ताणुवलंभादो।
४.	,,	३७	···तदणुग्गहकारिसुत्ताणुवलंभादो।
५.	,,	४०६	णत्थि सुत्तं वक्खाणं वा, किंतु आइरियवयणमेव केवलमत्थि।
६.	६	२६९	···त्ति लोत्तुं जुत्तं, तप्पदुप्पायणसुत्ताभावा।
७.	११	१६	···परूवयसुत्त-वक्खाणाणमणुवलंभादो।
८.	,,	३२८	एदं ण जाणिज्जदे। कुदो ? सुत्ताभावादो।
९.	१२	४९४	···समयपबद्धट्ठदा होंति त्ति सुत्ताभावादो।
१०.	१३	१९५	असंबद्धमिदमप्पाबहुअं, सुत्ताभावादो।
११.	,,	२९८	···त्ति गुरूवदेसो, ण सुत्तमत्थि।

Www.jinaagamsaar.com For Private & Personal Use Only jinaagamsaar

	पु०	पृष्ठ	प्रसंग
१२.	१३	३२०-२१	एसो वि गुरूवएसो चेव, वट्टमाणकाले सुत्ताभावादो ।
१३.	,,	३२२	सुत्तेण विणा कधमेदं णव्वदे ? अविरुद्धाइरियवयणादो ।
१४.	१४	४९२	सुत्तेण विणा···कुदो णव्वदे ? सुत्ताविरुद्धाइरियवयणादो ।

इस प्रकार धवलाकार ने सूत्र के अभाव में विवक्षित विषय की प्ररूपणा में आचार्य-परम्परागत उपदेश और गुरूपदेश का भी आश्रय लिया है । कुछ प्रसंगों पर उन्होंने विवक्षित विषय का व्याख्यान करते हुए उपदेश के अभाव में प्रायः उसकी प्ररूपणा नहीं की है । यथा—

(१) णत्थि संपहियकाले उवएसो ।—पु० ३, पृ० २३९
(२) तधोवदेसाभावा ।—पु० ६, पृ० २३५
(३) विसिट्ठुवएसाभावादो ।—पु० ७, पृ० ३६९
(४) अलद्धोवदेसत्तादो ।—पु० ७, पृ० ५०७
(५) अलद्धोवदेसत्तादो ।—पु० ९, १२६
(६) तत्थ अणंतरोवणिधा ण सक्कदे णेदुं,···त्ति उवदेसाभावादो ।—पु० १०, पृ० २२१
(७) तत्थ अणंतरोवणिधा ण सक्कदे णेदुं,···त्ति उवदेसाभावादो ।—पु० १० पृ० २२३
(८) ण च एवं, तहाविहोवदेसाभावादो ।—पु० १० पृ० ५०१
(९) ···ण सक्कदे णेदुमुवदेसाभावादो ।—पु० ११, पृ० २७
(१०) णत्थि एत्थ उवदेसो ।—पु० १३, पृ० ३०३
(११) ···त्ति ण णव्वदे, उवएसाभावादो ।

दक्षिण-उत्तर प्रतिपत्ति व पवाइज्जंत-अपवाइज्जंत उपदेश

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, धवलाकार के समक्ष आचार्यपरम्परा से चला आया उपदेश रहा है, जिसके बल पर उन्होंने विवक्षित विषय का स्पष्टीकरण किया है । धवला में ऐसे उपदेश का उल्लेख कहीं पर दक्षिणप्रतिपत्ति और कहीं पर पवाइज्जंत (प्रवाह्यमान) के नाम से भी किया गया है ।[1] यथा—

